प्राकृत भाषाओं का व्याकरण

लेखक
आर० पिशल

अनुवादक
डॉ० हेमचंद्र जोशी

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना-३

समर्पण

सर्वश्री बीम्स, ब्यूलर, हॉर्नले, पिशल, ग्रियर्सन,
डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डॉ० एस्०
एम्० कात्रे आदि भाषा-शास्त्र के
आचार्यों को
परम श्रद्धावनत हृदय से

—हेमचन्द्र जोशी

वक्तव्य

प्राकृत भाषाओं के पाणिनि कहे जानेवाले रिचार्ड पिशल महोदय के जर्मन-भाषा में लिखे ग्रन्थ (कम्पेरेटिव ग्रामर ऑफ् दि प्राकृत लैंग्वेजेज) का यह हिन्दी-अनुवाद पहले-पहल हिन्दी-जगत् में प्रकट हो रहा है। यह हिन्दी-अनुवाद मूल जर्मन-भाषा से कराया गया है। अनुवादक महाशय जर्मन-भाषा के पण्डित एक सुप्रसिद्ध हिन्दी-साहित्य-सेवी हैं।

जर्मन से हिन्दी में उल्था करना कितना कठिन काम है, यह सहज ही अनुमेय है। व्याकरण स्वभावतः बड़ा कठोर विषय है। जर्मन-भाषा की पारिभाषिक शैली को हिन्दी-पाठकों के लिए सुबोध बनाने का प्रयत्न उससे भी अधिक कठोर है। ऐसी स्थिति में यदि कहीं कुछ त्रुटि रह गई हो, तो आश्चर्य की बात नहीं। अनुवाद के गुण-दोष की परख तो जर्मन और हिन्दी के विद्वान् ही कर सकते हैं। हम तो इतनी ही आशा करते हैं कि प्राकृत-शब्दशास्त्र और भाषाशास्त्र का अध्ययन-अनुशीलन करनेवाले सज्जनों के लिए यह ग्रन्थ उपयोगी सिद्ध होगा।

बिहार के एक भाषा तत्त्वज्ञ विद्वान् डॉ० सुभद्र झा ने पिशल साहब के मूल जर्मन-ग्रन्थ का अनुवाद अँगरेजी में किया है, जो प्रकाशित[1] हो चुका है। किन्तु जिस समय मूल जर्मन-ग्रन्थ से यह हिन्दी-अनुवाद तैयार कराया गया था, उस समय तक किसी भाषा में भी मूल जर्मन-ग्रन्थ का अनुवाद सुलभ नहीं था। यदि इस हिन्दी-अनुवाद के प्रकाशन में अनेक अनिवार्य कठिनाइयाँ बाधा न पहुँचातीं, तो यह हिन्दी-अनुवाद उक्त अँगरेजी-अनुवाद से बहुत पहले ही प्रकाशित हो गया होता।

डॉ० हेमचन्द्र जोशी से मूल जर्मन-ग्रन्थ का हिन्दी-अनुवाद कराने का निश्चय बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् ने सन् १९५१-५२ ई० के सरकारी आर्थिक वर्ष में किया था। सन् १९५३-५४ ई० के आर्थिक वर्ष में इस अनुवाद की पाण्डुलिपि प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुई थी। सन् १९५४ ई० में श्री जोशीजी ने पटना में कई सप्ताह रहकर अपनी पाण्डुलिपि की अन्तिम आवृत्ति पूरी की थी। तत्पश्चात् मुद्रण-कार्य का श्रीगणेश हुआ।

दुर्भाग्यवश, कुछ ही दिनों बाद श्रीजोशीजी बहुत अस्वस्थ हो गये। विवश होकर प्रूफ-संशोधन की नई व्यवस्था करनी पड़ी। पर जब श्रीजोशीजी कुछ स्वस्थ हुए और छपे पृष्ठों को देखने लगे, तब उन्हें कितनी ही अशुद्धियाँ सूझ पड़ीं। पूर्ण स्वस्थ न होने पर भी उन्होंने स्वयं शुद्धि-पत्र तैयार किया। वह ग्रन्थ के अन्त में संलग्न है।

अशुद्धियों के कारण श्रीजोशीजी को बड़ा खेद हुआ है। उन्होंने अपनी भूमिका के अन्त में अपना खेद सूचित किया है। सम्भवतः पाठकों के मन में भी खेद हुए बिना नहीं रहेगा। पर समझ में नहीं आता कि हम अपना खेद-निर्वेद कैसे प्रकट करें।

श्रीजोशीजी ने अपने ३–९–'५८ के कृपा-पत्र में लिखा था—"कितने ही ध्यान से प्रूफ देखा जाय, जो प्राकृत, संस्कृत आदि भारोपा ग्रीक, वैदिक, खत्ति, मितन्नि,

---

१. प्रकाशक—मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली; मूल्य पचास रुपये।

लैटिन, जर्मन, स्लाविक, ग्रॉथिक, लिथुआनियन, ईरानी, अवेस्ता की फारसी आदि-आदि भाषाओं को न जानेगा, वह प्रूफ देखने की धृष्टता करेगा, तो प्रशंसा का ही पात्र है !"

श्रीजोशीजी ने ठीक ही लिखा है। पर हम तो अपनी असमर्थता पर खिन्न हैं कि ऐसे बहुभाषाभिज्ञ प्रूफशोधक की व्यवस्था हम वहाँ नहीं कर सके, जहाँ ग्रन्थ यन्त्रस्थ था। सरकारी संस्था के वैधानिक प्रतिबन्धों का ध्यान रखते हुए जो कुछ करना शक्य और सम्भव था, हमने सब किया; तब भी ग्रन्थ में ग्रन्थियाँ रह ही गईं। अब तो सहृदय पाठक ही उन्हें सुलझा सकते हैं।

इस विशाल ग्रन्थ के प्रकाशन में जो कर्कश कठिनाइयाँ हमें झेलनी पड़ी हैं, वे अब हिन्दी-संसार के सामने प्रकट न होकर हमारे मन में ही गोई रहें, तो अच्छा होगा। मुद्रण-सम्बन्धी त्रुटियों के लिए हम दूसरों पर दोष थोपने की अपेक्षा उसे अपने ही ऊपर ओढ़ लेना उचित समझते हैं। अतः उदाराशय पाठकों से ही क्षमा-प्रार्थना करते हुए हम आशा करते हैं कि वे शुद्धि-पत्र के अनुसार ग्रन्थ को शोधने-बोधने का कष्ट करेंगे। अब तो दूसरे संस्करण का सुअवसर मिलने पर ही छापे की भूलें सुधर सकेंगी। अन्यान्य दोषों के परिमार्जन की सहानुभूतिपूर्ण सूचनाएँ सधन्यवाद स्वीकृत की जायँगी।

ग्रन्थ के अनुवादक श्रीजोशीजी से साहित्य-संसार भलीभाँति परिचित है। आजकल वे काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा के कोष-विभाग में सम्पादक हैं। हम पहले-पहल सन् १९२० ई० में उनसे कलकत्ता में परिचित हुए थे। सन् १९२५-२६ ई० के लगभग लखनऊ की सुप्रसिद्ध मासिक पत्रिका 'माधुरी' में उनकी विदेश यात्रा-सम्बन्धी सचित्र लेखमाला छपती थी। उस समय हम वहाँ सम्पादकीय विभाग में काम करते थे। अन्यान्य प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में भी उनके विद्वत्तापूर्ण लेख प्रकाशित होते रहे हैं। उन्होंने 'विश्ववाणी'-नामक पत्रिका का सम्पादन और सञ्चालन कई साल तक किया था। उनके अनुज श्रीइलाचन्द्र जोशी भी हिन्दी के यशस्वी साहित्यकार हैं। यह ग्रन्थ स्वयं ही डॉ० जोशी की विद्वत्ता का प्रमाण है।

मूलग्रन्थकार पिशलसाहब का सचित्र जीवन-परिचय इस ग्रन्थ में यथास्थान संलग्न है। उसे प्राप्त करने में जिन सज्जनों और संस्थाओं से हमें सहायता मिली है, उनके नाम और पते उक्त जीवन-परिचय के अन्त में, पाद-टिप्पणी के रूप में, प्रकाशित हैं। हम यहाँ उनके प्रति, सहयोग और साहाय्य के लिए, सधन्यवाद कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

आवश्यक सूचना—इस ग्रन्थ की पृ०-सं० २२७, २२८, २२९, २३०, २३१, २३२ और २३३ में जो १३४, १३५, १३६, १३७, १३८, १३९ और १४० अनुच्छेद हैं, उनमें कुछ छूट रह गई थी, जिसकी पूर्ति अन्त की पृ०-सं० ५६, ५७, ५८, ५९, ६०, ६१, ६२, ६३ और ६४ में कर दी गई है।

विजयादशमी
शकाब्द १८८०

शिवपूजनसहाय
(संचालक)

प्राकृत भाषाओं का व्याकरण

डॉ० आर० पिशल

डॉ० रिचार्ड पिशल

आपकी गणना विश्वविख्यात विद्वानों में होती है। श्री एल० डी० बार्नेट (L. D. Barnett) ने आपके विषय में लिखा है—

"........Few scholars have been more deeply and widely admired than he.. ...In his knowledge of classical languages of India he was equalled by few and surpassed only by Keilhorn."—Journal of the Royal Asiatic Society, 1909–Page 537.

विद्वत्ता के साथ अत्यधिक सरलता एवं विनम्रता आपकी विशेषता थी।

आपके पिता का नाम ई० पिशल था।

आपका जन्म आज से १०१ वर्ष पूर्व, सन् १८४९ ई० की १८ जनवरी को जर्मनी (Germany) के ब्रेजला (Breslau) नामक स्थान में हुआ था। वहीं आपने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की। प्रारम्भिक शिक्षा-काल में ही आप संस्कृत के अध्ययन की ओर आकृष्ट हुए। विख्यात विद्वान् स्टेन्ज़लर (Stenzler) से आपने संस्कृत का अध्ययन प्रारम्भ किया। सन् १८७० ई० में ब्रेजला-विश्वविद्यालय (Breslau University) से आपको 'De Kalidasse Cakuntali Recensionibus' नामक कृति पर 'डाक्टरेट' की उपाधि मिली। फ्रांस के युद्ध (French War) से आपके अध्ययन में बड़ी बाधा पहुँची थी, जिसे पूरा करने के लिए आपने अपना कुछ समय इङ्गलैण्ड (England) के विभिन्न पुस्तकालयों में बिताया।

सन् १८७४ ई० में आप ब्रेजला-विश्वविद्यालय में पुनः भारतीय विद्या-विभाग (Deptt. of Indology) के रीडर (Reader) पद पर नियुक्त होकर चले आये। सन् १८७५ ई० में वहाँ से आप कील-विश्वविद्यालय (Kiel University) में संस्कृत तथा तुलनात्मक भाषाशास्त्र-विभाग (Department of Sanskrit and comparative Philology) में प्राध्यापक (professor) के पद पर बुला लिये गये और ठीक दो वर्षों के पश्चात्, अर्थात् सन् १८७७ ई० में उक्त विश्वविद्यालय में ही भारतीय विद्या-विभाग के अध्यक्ष हो गये। सन् १८८५ ई० में आप हेली-विश्वविद्यालय (Halle University) में आये। इसके बाद सन् १९०२ ई० में अल्ब्रेच वेबर (Albrecht Weber) का देहान्त हो जाने पर आप उनके रिक्त पद पर बर्लिन-विश्वविद्यालय (Berlin University) में चले आये। सन् १९०८ ई० की ३० अप्रैल के Sitzungsherichte (एकेडमी ऑफ सायन्सेज की पत्रिका) में आपने 'Ins. Gras berssen and its analogues in Indian literature' शीर्षक से एक अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण निबन्ध लिखा। यही आपकी अन्तिम कृति थी।

सन् १९०९ ई० मे कलकत्ता-विश्वविद्यालय मे प्राकृत-भाषाओं पर भाषण देने के लिए आप आमन्त्रित किये गये। नवम्बर मास मे आप उक्त निमत्रण पर जर्मनी से भारत के लिए चले। रास्ते मे ही आप बहुत अस्वस्थ हो गये। जब लंका पहुँचे, तो आपने अपने को कुछ स्वस्थ पाया और बहुत आशा के साथ आप उत्तर की ओर बढ़े। किन्तु, मद्रास आते-आते आपका स्वास्थ्य पुनः बिगड गया तथा २६ दिसम्बर को क्रिस्मस (Christmas) के दिन वहीं आपका शरीरान्त हो गया, और इस प्रकार भारतीय साहित्य-संस्कृति मे अपार श्रद्धा रखनेवाले विदेशी विद्वान् का शरीर भारत की मिट्टी में ही मिला।

अपने जीवन-काल मे आप कितनी ही विश्वविख्यात सस्थाओं के सदस्य रहे। ऐसी संस्थाओं मे प्रमुख है—एकेडमीज ऑफ सायन्सेज, बर्लिन, गोटिंगेन, म्युनिक, पेटर्सबर्ग (Academies of Sciences, Berlin, Goettingen, Munich, Petersburg), इन्स्टिट्यूट डी फ्रांस (Institute de France), रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ् ब्रिटेन (Royal Asiatic Society of Britain), अमेरिकन ओरिएण्टल सोसाइटी (American Oriental Society)। इनके अतिरिक्त मध्यएशिया के तुरफान (Turfan) के अनुसन्धान-अभियान का सचालन तथा नेतृत्व भी आपने किया था।

आपकी निम्नलिखित रचनाएँ प्रसिद्ध है —

1. Kalidasa's Shakuntala, The Bengali Recension with critical notes, Kiel 1877, 2nd Edition 1886.

2. Hemchandra's Grammatik der Prakritsprachen (Hemachandra's Grammar of the Prakrit languages), Halle a. s. 1877-1880, 2 vols.

3. Grammatik der Prakritsprachen (Grammar of the Prakrit Languages), Strassburg, 1900.

4. Pischel-Geldner: Vedische Studien (Vedic Studies), Stuttgart, 1889-1897, 2 vols.

5. Leben und Lehre des Buddha (Life and Teaching of the Buddha), Leipzig, 1906.

2nd Edition 1910, edited by Heinrich Lueders.
3rd " 1916, " " "
4th " 1926, " Johannes Nobel.

6. Stenzler—Pischel, Elementarbuch der Sanskritsprache (Elementary Grammar of the Sanskrit Language), Breslau, 1872, 1885 & 1892, Munich, 1902.

7. Various Treatises of the Prussian Academy of Sciences, f.i. "Der Ursprung des christlichen

Fischsymbols" (The Origin of the Christian Fish-symbol) and "Ins Gras beissen" (To Bite the Dust).

8. Vice-chancellor's Address : "Heimat des Puppenspiels" (Home of the Puppet-play).

9. Beitraege Zur Kenntnis der deutschen Zigeuner (Contributions towards the Study of German Gipsies), 1894.

इनमें प्राकृत भाषाओं की व्याकरण-सम्बन्धी रचना आपकी सर्वश्रेष्ठ कृति कही जाती है। भाषाशास्त्र पर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कृति होने के कारण इसी पर आपको 'इन्स्टिट्यूट डी फ्रांस' से भोल्नी-पुरस्कार (Volney Prize) प्राप्त हुआ था। इस कृति का अभी हाल ही में डॉ० सुभद्र झा ने 'कम्पेरेटिव ग्रामर ऑफ् द प्राकृत लैंग्वेजेज' (Comparative Grammar of the Prakrit Languages) के नाम से अंगरेजी में अनुवाद किया है। किन्तु, बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् से मूल-जर्मन-ग्रन्थ का यह हिन्दी अनुवाद प्रकाशित किया गया है।*

---

* इस परिचय के तैयार करने में निम्नलिखित सामग्रियों का उपयोग किया गया है—

(क) जर्नल ऑफ् द रायल एसियाटिक सोसाइटी (१९००) में प्रकाशित पिशल पर डॉ० एल्० डी० बार्नेट का लेख।

(ख) डिक्शनरी ऑफ् इण्डियन बायोग्राफी (बकलैण्ड) में प्रकाशित पिशल का परिचय।

(ग) डा० पिशल के पुत्र श्री डब्ल्यू० पिशल द्वारा जर्मन-दूतावास (दिल्ली) के अनुरोध पर परिषद् को प्रेषित जीवन-परिचय।

इसके अतिरिक्त डेकान कॉलेज (पूना) के निर्देशक श्री एल्० डी० शंकालिया, भण्डारकर-ओरिएण्टल रिसर्च-इन्स्टिट्यूट (पूना) के क्यूरेटर श्री पी० के० गोरे तथा जर्मन-गणतंत्र-दूतावास (दिल्ली) के सांस्कृतिक-पार्षद डॉ० के० फौतर ने भी उक्त परिचय तैयार करने में अपना बहुमूल्य सहयोग देकर हमें अनुगृहीत किया है।

आमुख

पिशल का यह 'प्राकृत भाषाओं का व्याकरण' पाठकों के सामने है। इस ग्रन्थ की महत्ता जगत् के भाषाशास्त्री मानते हैं। भारतीय मध्यकालीन या नवीन भाषाओं पर शायद ही कोई पुस्तक लिखी गई हो, जिसमें इससे सहायता न ली गई हो। इसका आधार प्रामाणिक माना जाता है। कारण यह है कि पिशल ने प्राकृतों का पूरा ज्ञान प्राप्त करने और उसके समय में प्राप्य सब व्याकरणों तथा नाना प्राकृतों के प्राप्य हस्तलिखित और छपे ग्रन्थों को गम्भीर और विस्तृत अध्ययन करने के बाद यह परम उपादेय ग्रन्थ लिखा। इसमें प्राकृत का कोई व्याकरणकार छूटा नहीं है। सबके नियम शृंखलाबद्ध दिये गये हैं। इन वैयाकरणों में समय की प्राचीनता तथा नवीनता के हिसाब से बहुत फेर फार पाया जाता है। देश-भेद से भी ध्वनि का हेर-फेर पाया जाता है; और कई अशुद्धियाँ भी लिपिकारों के कारण आ गई हैं। इससे छपे ग्रन्थ भी दूषित हो गये हैं। इन सबका निराकरण, अर्थात् इनका नीरक्षीर-विवेक पिशल ने अपने प्रगाढ़ पाण्डित्य से किया है। नाना प्राकृतों की ध्वनियों और बोलने के नियमों में भेद था। उन विभिन्नताओं का प्रभाव आज भी भारतीय नवीन आर्य-भाषाओं में वर्त्तमान है। उदाहरणार्थ, हिन्दी का **सो** और बँगला का **से** पर क्रमशः महाराष्ट्री और मागधी का प्रभाव है। मागधी मे संज्ञा और सर्वनामों के अन्त मे **एकार** आता था और वह पूर्वी बिहार तथा पश्चिमी बगाल मे बोली जाती थी। पिशल ने सब प्राकृतों के नियम बाँध दिये है। भारत मे व्याकरण रटा जाता है, भले ही उसमें बीसियों अशुद्धियाँ हों। गुरु और चेला—किसी को यह नहीं सूझती कि 'दोषास्त्याज्या गुरोरपि', अर्थात् गुरु के दोष त्याज्य याने सशोधनीय हैं। लिपिकार की मोटी अशुद्धियाँ भी पाणिनि, वररुचि आदि के सर मढी जाती हैं। इस विषय पर यूरोपियन पण्डित सत्य की शोध में प्राचीनता को आदर-योग्य नहीं मानते। वे कालिदास की भाँति कहते है—

पुराणमित्येव न साधु सर्वं
न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम्।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद्भजन्ते
मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः ॥

सत्य और शुद्ध बात का आविष्कार आज ही क्यों न हो, वह अवश्य ग्रहणीय है, असत्य चाहे अनादि काल से प्रचलित हो, शुद्ध रूप सामने आते ही छोड़ दिया जाना चाहिए। इस कारण ही कभी भारतीय आर्यों ने प्रार्थना की थी—

असत्यान्मा सत्यं गमय।

बात यह है कि सत्य-मार्ग पर चलने पर ही, तथ्य की ही शोध करने पर, मानव मृत्यु को पार करके अमरत्व प्राप्त करता है। इस कारण ही भारतीय आर्यों ने सत्य को सबसे अधिक महत्त्व दिया। पश्चियूमी रप के निवासी असत्य को प्रत्येक क्षेत्र से

भगाने में कटिबद्ध हैं। इस कारण, वहाँ के भाषाशास्त्र के विद्वानों ने संस्कृत, पाली, प्राकृत आदि पर जो भी लिखा, उस पर कलम तोड़ दी। प्राकृतों के विषय में पिशल ने वही काम किया है। यह देख आश्चर्य होता है कि उसने प्राकृत के सब व्याकरण और सारा प्राप्य साहित्य मथकर यह ग्रंथ ऐसा रचा कि प्राकृत के अधिकांश नियम पक्के कर दिये। कई तथ्य उसने नये और महत्त्व के ऐसे बताये हैं कि लेखक का अगाध पांडित्य देखकर वराहमिहिर के निम्न श्लोक की याद आती है —

म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यग्शास्त्रमिदं स्थितम्।
ऋषिवत् तेऽपि पूज्यन्ते........................॥

इन ऋषियों के सामने भारतीय विद्वत्ता पानी भरती है। हमारे विद्वान् प्राकृताचार्यों ने सदा **खंभा** की व्युत्पत्ति **स्तंभ** दी, किसी ने यह न देखा कि प्राकृत का एक स्रोत वैदिक भाषा है। सबने लिखा कि प्राकृत की प्रकृति संस्कृत है। **प्रकृतिः संस्कृतम्** (सब व्याकरणकार)। वह यही समझते रहे और इसी समझ पर काम करते रहे कि प्राकृत संस्कृत से निकली है। इसीलिए परम पंडित हेमचंद्र ने **खंभा** को **स्तंभ** से व्युत्पन्न किया। उसने संस्कृत का कोश अभिधान-चिन्तामणि लिखा, पाणिनि के टक्कर का संस्कृत व्याकरण लिखा और उसके आठवें पाद में प्राकृतों का व्याकरण जोड़ा, पर यह न जाना कि ऋग्वेद में **स्कम्भ** शब्द **खम्भ** के अर्थ में कई बार आया है। यह तथ्य वैदिक भाषा, संस्कृत, पाली और प्राकृतों के परम विद्वान पिशल ने बताया। ऐसे बीसियों शब्दों की ठीक व्युत्पत्ति इस ऋषिवत् म्लेच्छ यवन ने हमें दी है। **क्षाम** का **झाम** और **क्षर** का **झर** किस रीति से हुआ, इस तथ्य का पता भी अवेस्ता की भाषा के इस विद्वान ने इसी ग्रंथ में खोज निकाला है। प्राकृत के नियमों में जहाँ अनस्थिरता या अस्थिरता थी, उन्हें इसने सकारण स्थिर नियमों के भीतर बाँध दिया। हमारे नाटकों या प्राकृत के ग्रंथों में जहाँ-जहाँ नाना अशुद्धियाँ आई हैं, उन्हें पिशल ने शुद्ध किया है और नियम स्थिर कर दिये हैं कि प्राकृत शब्दों का रूप किस प्राकृत भाषा में क्या होना चाहिए, और यह सब असंख्य प्रमाण दे कर। अपनी मनमानी उसने कहीं नहीं की है। जो लिखा है, सब साधार, सप्रमाण। यह है विशाल विद्वत्ता का प्रताप। पाठक इस ग्रंथ में देखेंगे कि भारत की किसी आर्यभाषा और विशेष कर नवीन भारतीय आर्यभाषाओं पर कुछ लिखने के लिए केवल भारत की ही प्राचीन, मध्यकालीन और नवीन आर्यभाषाओं के ज्ञान की ही नहीं, अपितु ग्रीक, लैटिन, गौथिक, प्राचीन स्लैविक, ईरानी, आरमिनियन आदि कम-से-कम बीस-पचीस भाषाओं के भाषाशास्त्रीय ज्ञान की भी आवश्यकता है। अन्यथा स्वयं हिंदी-शब्दों के ठीक अर्थ का निर्णय करना दुष्कर है।

नवीन भारतीय आर्यभाषाओं के लिए प्राकृतों का क्या महत्त्व है और किस प्रकार हिंदी मध्यकालीन आर्यभाषाओं की परंपरा से प्रभावित है, इसका परिचय पाठक उन नोटों से पायेंगे, जो अनुवादक ने स्थान-स्थान पर दे रखे हैं और मूलभारोपा से हिंदी तक का प्राकृतीकरण का कार्य किस क्रम से एक ही परंपरा में आया है, यह भी ज्ञातव्य है। पिशल के प्राकृत व्याकरण की आलोचना देखने में नहीं आती।

इधर ही बीस-बाईस वर्ष पहले डौल्ची निति महोदय ने अपनी पुस्तक Les Grammariens Prakrit में पिशल पर कुछ लिखा है। पाठकों को उससे अवश्य लाभ मिलेगा, इसलिए हम यहाँ उसे उद्धृत करते हैं। डौल्ची निति का दृष्टिकोण प्राकृत भाषा के प्रकांड ज्ञान के आधार पर है, इस कारण उस पर ध्यानपूर्वक विचार करना प्रत्येक प्राकृत विद्वान या विद्या के जिज्ञासु का कर्त्तव्य है। पिशल के व्याकरण पर इधर जो भी लिखा गया है, उसका ज्ञान होने पर ही पिशल के व्याकरण का सम्यक् ज्ञान निर्भर है। इस कारण उसके उद्धरण यहाँ दिये जाते हैं—

"यदि हम पिशल के प्राकृत भाषाओं के व्याकरण का दूसरे पाराग्राफ को जाँचे और पड़तालें तो और इसकी लास्सन के ग्रन्थ 'इन्स्टिट्यूत्सिओने प्राकृतिकाए' के वर्णन से तुलना करें तो हमे स्वीकार करना पड़ेगा कि लास्सन ने इस सम्बन्ध में सभी पहलुओं से विचार किया है और उसके निदान तथा मत पिशल से अधिक सुनिश्चित हैं।

कई कारणों से आज कल केवल पिशल की पुस्तक ही पढ़ी जाती है, इसलिए हम अति आवश्यक समझते हैं कि सबसे पहले, अर्थात् अपने मुख्य विषय पर कुछ लिखने से पहले, उन कुछ मतों की अस्पष्टता दूर कर दी जाय, जिनके विषय में पिशल साहब अपने विशेष विचार या पक्षपात रखते हैं।

अब देखिए जब कोई ग्रन्थकार दंडिन् का काव्यादर्श (१।२४) वाला श्लोक उद्धृत करता है और महाराष्ट्री की चर्चा करता है, तो उसे उक्त श्लोक के पहले पाद को ही उद्धृत न करना चाहिए। क्योंकि यह बात दूसरे पाद में स्पष्ट की गई है। श्लोक यों है—

महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥

इसका अर्थ है—'महाराष्ट्र में बोली जानेवाली भाषा को लोग प्रकृष्ट प्राकृत समझते हैं। इसमें सूक्ति-रूपी रत्नों का सागर है और इसी में 'सेतुबन्ध' लिखा गया है।'

इस श्लोक में दंडिन् का विचार यह नहीं था कि वह प्राकृत भाषाओं का वर्गीकरण करें। वह तो केवल यह एक तथ्य बताता है कि महाराष्ट्री इसलिए प्रकृष्ट है कि उसका साहित्य सबसे अधिक भरा-पूरा है।

अब यदि कोई यह दावा करे कि महाराष्ट्री सबसे उत्तम प्राकृत है; क्योंकि वह संस्कृत के सबसे अधिक निकट है, तो यह मत स्पष्ट ही अस्वीकार्य है और इस प्रकार की उल्टी बात भारत के किसी व्याकरणकार ने कभी नहीं व्यक्त की। उनके लिए तो संस्कृत के निकटतम शौरसेनी रही है। हम भी इसी निदान पर पहुँचे हैं। उदाहरणार्थ, मार्कण्डेय (प्राकृतसर्वस्व, ९।१) का निदान भी ऐसा ही है—

शौरसेनी महाराष्ट्र्याः संस्कृतानुगमात् क्वचित्।

यह भी ठीक नहीं है कि हम व्याकरणकारों की प्राचीनता तथा नवीनता की पहचान या वर्गीकरण इस सिद्धांत पर करें कि पुराने व्याकरणों में प्राकृत के कम भेद गिनाये गये हैं तथा नयों में उनकी संख्या बढ़ती गई है। कम या अधिक प्राकृत

भाषाओं का व्याकरण देना अथवा उल्लेख करना प्राकृत भाषा के किसी व्याकरण की प्राचीनता वा नवीनता से कुछ संबंध नहीं रखता।

मेरी पुस्तक (प्राकृत के व्याकरणकार = ले ग्रामैरिआँ प्राकृत, अनु०) में इस तथ्य के प्रमाण कई स्थलों पर हैं। यहाँ पर मैं केवल एक बात की याद दिलाना चाहता हूँ कि अभिनवगुप्तवाला नाट्यशास्त्र प्राकृत भाषाओं के सब व्याकरणकारों के ग्रन्थों से पुराना है। केवल वररुचि इसका अपवाद है। उक्त नाट्यशास्त्र में नवीनतम प्राकृत व्याकरणकार से भी अधिक संख्यक प्राकृत भाषाएँ दी गई हैं।

साधारण बात तो यह है कि उन व्याकरणकारों ने, जिन्होंने नाट्यशास्त्र पर लिखा है, अनेक प्राकृत भाषाओं को अपने ग्रन्थ में लिया है, पुरुषोत्तम ने भी ऐसा ही किया है और पुरुषोत्तम तेरहवीं सदी से पहले का है।

महाराष्ट्री के व्याकरणकारों ने केवल महाराष्ट्री का विशेष अध्ययन किया है और उस पर जोर दिया है। हाल-हाल तक भी वे ऐसा ही करते रहे हैं। प्राकृत-प्रकाश में अन्य प्राकृत भाषाओं पर जो अध्याय जोड़े गये हैं, वे भामह अथवा अन्य टीकाकारों ने जोड़े हैं। किन्तु प्राकृत-सजीवनी और प्राकृत-मंजरी में केवल महाराष्ट्री का ही वर्णन है।

इन सबको पढ़कर जो निदान निकलता है, वह लास्सन और पिशल के इस मत के विरुद्ध पाया जाता है कि नये व्याकरणकार अधिकाधिक भाषाओं का उल्लेख करते हैं। वास्तव में पाया यह जाता है कि जितना नया व्याकरणकार है, वह उतनी कम प्राकृत भाषाओं का उल्लेख करता है। यह दशा विशेषकर जैन व्याकरण-कारों की है, जो प्राकृत को अपनी धार्मिक भाषा मानते हैं, और जिन्हें नाटकों की भाषा में किसी प्रकार का रस नहीं मिलता, उनके व्याकरणों में केवल मुख्य प्राकृत के ही नियम मिलते हैं और ये भी किसी बड़े ग्रन्थ में उद्धृत करके दिये जाते हैं, जिनमें अन्य प्राकृत भाषाओं पर भी विचार रहता है। इसका एक बहुत अच्छा उदाहरण मद्रास की सरकारी लाइब्रेरी में सुरक्षित 'वाल्मीकिसूत्र' है।

पिशल (प्राकृत भाषाओं का व्याकरण § २) के साथ यह भी नहीं कहा जा सकता कि वररुचि, महाराष्ट्री छोड़, अन्य प्राकृत भाषाओं के बारे में बहुत कम सूत्र देता है। इस प्रकार वह वररुचि के व्याकरण पर भ्रम पैदा करता है। अभी इस तथ्य का भली भाँति निर्णय नहीं हो पाया है कि प्राकृतप्रकाश का अंतिम अध्याय क्षेपक है या स्वयं वररुचि ने लिखा है, तो भी यहाँ भारतीय व्याकरणकारों की पद्धति को समझना बहुत जरूरी है। भारतीय व्याकरणों में विशेष यत्न किया गया है कि कोई सूत्र या बात दुहराई न जाय। अब भली भाँति समझने का स्थल है कि जब प्राकृत-प्रकाश का लेखक उदाहरणार्थ पैशाची पर लिखना आरंभ करता है, तो उसके मन में स्वभावतः यह बात है कि आरंभ में मुख्य प्राकृत (महाराष्ट्री, अनु०) पर जो कुछ लिखा गया है, विशेष बातों को छोड़, वह सब नई प्राकृत भाषा पर भी लागू होगा। इस प्रकार हमें यह न मान लेना चाहिए कि वररुचि ने पैशाची पर केवल चौदह सूत्र ही दिये हैं, बल्कि पैशाची पर महाराष्ट्री पर दिये गये ४२४ सूत्र भी लागू हैं तथा इनके

साथ पैशाची से संबंधित चौदह विशेष सूत्र भी हैं। ये चौदह विशेष सूत्र तो पैशाची में महाराष्ट्री से अधिक हैं और पैशाची की स्पष्ट विशेषताएँ हैं तथा उन्हें बताने दिये गये हैं। इसी प्रकार अन्य प्राकृत भाषाओं पर जो विशेष सूत्र दिये गये हैं, उनकी दशा समझिए।"

—डौल्ची निति के ग्रंथ, पृ० १,२ और ३

"मुख्य प्राकृत के सिवा अन्य प्राकृत भाषाओं को निकाल देने और प्राकृतप्रकाश के भामह-कौवेल-संस्करण में पाँचवें और छठे परिच्छेदों को मिला देने का कारण और आधार वररुचि की टीकाएँ और विशेषतः वसतराज की प्राकृत संजीवनी है।

× × ×

कौवेल ने भामह की टीका का सपादन किया है। इसके अतिरिक्त इधर इस ग्रंथ की चार टीकाएँ और मिली हैं, जो सभी प्रकाशित कर दी गई हैं।

वसंतराज की प्राकृत संजीवनी का पता बहुत पहले-से लग चुका है। कर्पूर-मंजरी के टीकाकार वसुदेव ने इसका उल्लेख किया है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में लिखा है कि उसने इसका उपयोग किया है। कौवेल और ऑफरेष्ट ने प्राकृत के संबंध में इसका भी अध्ययन किया है। पिशल ने तो यहाँ तक कहा है कि प्राकृत-संजीवनी कौवेल के भामह की टीकावाले संस्करण से कुछ ऐसा भ्रम पैदा होता है कि प्राकृत-संजीवनी एक मौलिक और स्वतंत्र ग्रंथ है। इस टीका की अंतिम पंक्ति में लिखा है —'इति वसन्तराजविरचिताया प्राकृतसंजीवनीवृत्तौ निपातविधिः अष्टमः परिच्छेदः समाप्तः।' रचयिता ने प्राकृत संजीवनी को इसमें 'वृत्ति' अर्थात् टीका बताया है।

पिशल ने अपने ग्रन्थ (प्राकृत भाषाओं का व्याकरण §४०) में इस लेखक का परिचय दिया है। यदि हम पिशल की विचारधारा स्वीकार करें तो प्राकृत-संजीवनी का काल चौदहवीं सदी का अंत-काल और पन्द्रहवीं का आरंभ-काल माना जाना चाहिए।

× × ×

यह टीका भामह-कौवेल-संस्करण की भूलों को शुद्ध करने के लिए बहुत अच्छी और उपयुक्त है। कुछ उदाहरणों से ही मालूम पड़ जाता है कि इससे कितना लाभ उठाया जा सकता है ! इसमें अनेक उदाहरण हैं और वे पुराने लगते हैं। बहुसंख्यक कारिकाएँ उद्धृत की गई हैं। इनमें से कुछ स्वयं भामह ने उद्धृत की हैं। इनसे पता लगता है कि वररुचि की परंपरा में बड़ी जान थी। इसकी सहायता से वररुचि के पाठ में जो कमी है, वह पूरी की जा सकती है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि बसंतराज ने वररुचि के सूत्रों की पुष्टि में अपना कोई वाक्य नहीं दिया है। कहीं-कहीं छीन-छूट, एक-दो शब्द या वाक्य इस प्रकार के मिलते हैं, वे भी बहुत साधारण ढंग के। वसंतराज ने किसी प्राकृतव्याकरणकार के नाम

का उल्लेख नहीं किया है। वह ग्रन्थ के अंत में (८, १९) में कहता है—'वह सब, जिसके लिए कोई विशेष नियम नहीं दिया गया है, प्राकृत में भी उसी प्रकार कहा जा सकता है, जिस प्रकार संस्कृत में। इनपर व्याकरणकार शाकटायन, चंद्र (–गोमिन्, अनु०) पाणिनि और सर्ववर्मन् के लिखे नियम चलेंगे।

प्राकृतसर्वस्व की सदानन्द-कृत प्राकृतसुबोधिनी टीका भी सम्पादित हो चुकी है। यह प्राकृत-सजीवनी के साथ ही छपी है। इसमें विशेष दिलचस्पी की कोई बात नहीं है। यह प्राकृतसंजीवनी का सार है और उसी पर आधारित है। यह न भी छपती, तो कोई हानि न होती। किन्तु इससे एक लाभ भी है। इसमें कुछ ऐसे सूत्र हैं, जो प्राकृत-संजीवनी से लुप्त हो गये है। मैं इसके रचयिता के विषय में कुछ नहीं जानता हूँ और न ही मुझे इसके समय का कुछ पता है।

तीसरी टीका का नाम प्राकृत-मञ्जरी है। इसकी विशेषता यह है कि यह सारी की सारी श्लोकों में है। इसकी एक हस्तलिपि पिशल के पास थी, जो अधूरी थी। यह मलयालम-वर्णमाला में लिखी थी। यह लन्दन की रॉयल एशियॅटिक सोसाइटी में थी। पिशल का कहना है कि इसका रचयिता दक्षिण-भारत का कोई भारतीय था। इसका नाम और काल का पता नहीं है। उसे कभी कात्यायन नाम दिया गया है, किन्तु यह स्पष्ट भूल है; क्योंकि इसके आरम्भ के श्लोक में कात्यायन का जो नाम दिया गया है, वह वररुचि के स्थानपर दिया गया है, जिसके सूत्रों पर इस टीका के लेखक ने टीका दी है (पिशल का प्राकृत भाषाओं का व्याकरण, पृष्ठ १०–११)।

मैंने इसके उस संस्करण का प्रयोग किया है, जिसका सम्पादन मुकुन्दशर्मन् ने किया है और जो १९०३ ई० में निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, से छपा था। इसकी भूमिका संस्कृत में है, लेकिन उसमें लेखक तथा उसके समय के विषय में कुछ भी नहीं लिखा गया है। पी० एल० वैद्य (प्राकृतप्रकाश की भूमिका, पृ० ८) के अनुसार प्राकृत-मंजरी कलकत्ते से भी छपी थी। इसे श्रीवसन्तकुमार चट्टोपाध्याय ने अपने प्राकृतप्रकाश के साथ छपवाया था (प्रकाशक थे एस० के० लाहिड़ी एण्ड कं०, कलकत्ता)। निर्णय-सागरवाले संस्करण के अन्त में परिशिष्ट में उक्त तीनों टीकाओं में वररुचि के सूत्रों में क्या-क्या अन्तर आ गया है, इसकी तालिका भी दे दी गई है। उसे देखकर कोई पिशल के मत के साथ अपना मत नहीं मिला सकता कि प्राकृत-मंजरी के रचयिता को भामह का परिचय था (पिशल का प्राकृत भाषाओं का व्याकरण § ३३)।"

—डौल्ची निित्ति : ले ग्रामैरियाँ प्राकृत, पृ० २१–२३

"हेमचन्द्र को सौभाग्य प्राप्त हुआ कि वह भारत की अस्वस्थ जलवायु में भी, चौरासी वर्ष की लंबी आयु में मरा। इस बीच वह जो काम कर गया, उसके मरने के बाद भी उसका प्रचार हुआ।

जैनों में धर्म का उत्साह बहुत होता है और उनमें अपने धर्म का प्रचार करने की बड़ी प्रतिभा है। इस पर हेमचन्द्र का दूसरा सौभाग्य यह रहा कि उसका संपादन

रिचार्ड पिशल ने किया। और, ऐसे समय किया, जब उसके प्राकृत व्याकरण की बहुत माँग थी। उन्नीसवीं सदी के दूसरे अर्द्धांश में प्राकृत भाषाओं के अध्ययन का उत्साह बहुत बढ़ गया था। कौवेल ने वररुचि का जो संस्करण निकाला था, वह हाथों-हाथ बिक गया और कुछ ही वर्षों में उसका दूसरा संस्करण प्रकाशित हो गया। सिद्धहेमचन्द्र के आठवें अध्याय के सामने वह फीका लग रहा था। इससे हेमचन्द्र की महिमा बढ़ रही थी। वह मानों प्रातःकाल की ऊषा की तुलना में दक्षिण दिशा के सूर्य की भाँति तप रहा था। × × ×

पिशल के लिए किसी व्याकरण का इतना बड़ा महत्त्व नहीं है, जितना सिद्ध-हेमचन्द्र का (दे० डे० ग्रामाटिका प्राकृतिका, पेज २७)। इस विषय पर वह नाम-मात्र वादविवाद करना नहीं चाहता। उसे भय था कि कहीं यह वादविवाद लम्बा न हो जाय...। सिद्ध हेमचन्द्र के संपादन और प्राकृत भाषाओं के व्याकरण लिखने के बाद उक्त भय ने उसका पीछा न छोड़ा; क्योंकि उसने अपने थीसिस में इस विषय पर जो मत दिया था, उसे उक्त पुस्तकों में उसने नाम मात्र न बदला। (दे० सिद्धहेमचन्द्र का संस्करण और प्राकृत भाषाओं का व्याकरण § ३६)।

यदि पिशल अधिक विनयशील होता, तो वह समझ जाता कि जो ग्रन्थ वास्तव में 'विशाल कार्य' था, वह सिद्धहेमचन्द्र का आठवाँ अध्याय नहीं, किन्तु इस ग्रन्थ का वह संस्करण था, जिसका संपादन स्वयं पिशल ने किया था। इस ग्रन्थ की क्या सज-धज है, इसकी छपाई में क्या चमत्कार है, इसकी संपादन की सावधानी अपूर्व है, परिशिष्ट की महान् महिमा है। थोड़े में यही कहा जा सकता है कि इसमें विद्वानों को कोई कमी दिखाई नहीं देती। इसे देख लोग यही समझते हैं कि प्राकृत के व्याकरण की शोध के लिए इससे सभी काम चल जाते हैं। × × ×

यदि आप सचमुच में हेमचन्द्र का ठीक मूल्य आँकना चाहते हों और उसकी तुलना प्राकृत के अन्य व्याकरणकारों से करना चाहते हों, तो यह इसलिए कठिन हो गया है कि, क्या हिन्दू, क्या यूरोपियन, सबने जैनों के प्रचार-कार्य तथा पिशल के प्रमाण-पत्र के प्रभाव से उसका महत्त्व बहुत बढ़ा दिया है।

प्राकृत के सभी व्याकरणकारों की कड़ी आलोचना की जा सकती है, और टौमस ब्लौख ने की भी है। किन्तु मैं ऐसी आलोचना के पक्ष में नहीं हूँ। × × × मैं, अवश्य, इतना कहूँगा कि मेरी सम्मति में प्राकृत भाषाओं के वैयाकरणों में हेमचन्द्र में लेशमात्र भी किसी विशेष प्रतिभा के दर्शन नहीं मिलते। खास कर उसने प्राकृत व्याकरण की पूर्णता और प्रौढ़ता प्राप्त नहीं की। × × × पिशल ने ठीक ही देख लिया था कि उससे पहले प्राकृत के अनेक वैयाकरण हुए थे, जिनके व्याकरणों से उसने बहुत लिया है! उसका (हेमचन्द्र का) ग्रंथ पढ़कर मेरे ऊपर तो ऐसा प्रभाव पड़ा है कि उसमें मौलिकता नाम-मात्र को नहीं है और थोड़ा यत्न करने पर उसने कहाँ से क्या लिया है, इसका पता लगाया जा सकता है; क्योंकि उसके व्याकरण का प्रत्येक विषय अलग किया जा सकता है और उससे पहले के व्याकरणों से उसका मूल खोजा

जा सकता है। भारतीय परम्परा यही बताती है और नाना स्थलों पर हेमचन्द्र ने स्वयं यह माना है।

हेमचन्द्र ११४५ विक्रम संवत् में कार्त्तिक पूर्णिमा (= १०८८ या १०८९ ई० का नवम्बर-दिसम्बर) को अहमदाबाद के निकट धंदूक गाँव में पैदा हुआ। उसके माँ-बाप वैश्य या बनिया जाति के थे और दोनों ही जैन थे। उसने राजा जयसिंह की इच्छा को संतुष्ट करने के लिए अपना व्याकरण लिखा। एक अच्छे दरबारी की भाँति आरम्भ में उसने राजा की प्रशस्ति कही है, जिसमें तैतीस श्लोक हैं। इसमें सभी चालुक्यों का वर्णन है, अर्थात् मूलराज से लेकर उसके संरक्षक जयसिंह तक की विरुदावली है। जयसिंह के विषय में उसने कहा है—

सम्यङ् निषेव्य चतुरश् चतुरोप्युपायान्
जित्वोपभुज्य च भुवं चतुरब्धिकाञ्चीम्।
विद्याचतुष्टयविनीतमतिर् जितात्मा
काष्ठाम् अवाप पुरुषार्थ चतुष्टये यः ॥ ३४ ॥
तेनातिविस्तृतदुरागमविप्रकीर्ण—
शब्दानुशासनसमूहकदर्थितेन ।
अभ्यर्थितो निरवमं विधिवद् व्यधत्त
शब्दानुशासनमिदं मुनिहेमचन्द्रः ॥ ३५ ॥

अर्थात्, उस चतुर ने भली भाँति अथवा पूर्णतया चारों उपायों (साम, दाम, दण्ड, भेद) का उपयोग करके चारों सागरों से घिरी पृथ्वी का उपभोग किया। चारों विद्याओं के उपार्जन से उसकी मति विनीत हो गई और वह जितात्मा बन गया और इस प्रकार चारों पुरुषार्थों को (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) प्राप्त कर उसने सफल जीवन की चरम सीमा प्राप्त की ॥ ३४ ॥

जो अनेकानेक कठिन और नाना विषयों के शास्त्रों और अनादर पाये हुए शब्दानुशासनों के ढेर से घिरे, उसके प्रार्थना करने पर मुनि हेमचन्द्र ने यह शब्दानुशासन नियमानुसार रच दिया ॥ ३५ ॥

प्रभावक चरित्र के अनुसार (इस ग्रंथ में बाईस जैन मुनियों के जीवन-चरित हैं), जो प्रभाचंद्र और प्रद्युम्नसूरि ने तेरहवीं सदी में लिखा है, हेमचन्द्र ने राजा जयसिंह से निवेदन किया कि सब से पुराने आठ व्याकरणों की एक-एक प्रति मेरे लिए प्राप्त की जायँ। इनकी बहुत खोज की गई। ये व्याकरण कहीं भी एक ठौर में एकत्र नहीं मिले। फिर पता लगा कि ये काश्मीर में सरस्वती के मन्दिर में हैं। इससे हेमचद्र को संतोष हुआ। इस प्रकार उसका शब्दानुशासन प्राचीन व्याकरणों का सार है। इस विषय की सिद्धहेमचद्र पढ़ने से पुष्टि ही होती है। किन्तु हेमचद्र के व्याकरण के मूल स्रोतों की खोज अभी तक पूर्ण सफल नहीं हुई है।

इस विषय पर व्याकरणकार स्वयं, हमारी बहुत कम सहायता करता है। अपने विशाल ग्रंथ में ग्रन्थकार कहीं भी अपने से पहले के वैयाकरणों का नाम नहीं लेता।

केवल एक शब्द के सिलसिले में उसने हुग्ग का नाम दिया है। यह नाम विचित्र है और अति अज्ञात है। यह उल्लेख वहाँ हुआ है, जहाँ यह बताया गया है कि कहीं-कहीं **क** का **ह** हो जाता है—जैसे, सं० **चिकुर**->प्रा० **चिहुर** (हेमचंद्र १, १८६; वररुचि २, ४)। टीका में हेमचंद्र ने स्वयं बताया है कि **चिहुर** का प्रयोग सं० में भी है। लिखा है—'**चिहुरशब्दः संस्कृतेऽपीति हुग्गः।**' पिशल ने इसका अनुवाद किया है—'हुग्ग (§ ३६) कहता है कि **चिहुर** शब्द संस्कृत में भी पाया जाता है। किन्तु इस विषय पर हुग्ग के अतिरिक्त किसी दूसरे वैयाकरण का प्रमाण नहीं दे सका। हेमचंद्र के ग्रन्थ की हस्तलिपियों में इस नाम के नाना रूप पाये जाते हैं—कहीं **हुग्गः** है, तो कहीं **दुर्गः** पाया जाता है। त्रिविक्रम ने १, ३, १७ में **डुंगाचार्यः** लिखा है। त्रिविक्रम की दूसरी हस्तलिपि में इस स्थान पर **आहुर् आचार्याः** पाया जाता है। लक्ष्मीधर की छपी षड्भाषा-चन्द्रिका की प्रति में (पृ० ७४) इसके स्थान पर **भृङ्गाचार्यः** (हस्तलिपि में भृङ्ग्याचार्यः है)। इन पाठांतरों से प्रमाणित होता है कि लिपिकार हुग्ग को जानते ही न थे तथा हेमचन्द्र के चेले भी उससे अपरिचित थे।

हुग्ग की समस्या पिशल के समय से अभी तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी। पिशल के समय यह जहाँ थी, अभी वहीं है। मुझे लगता है कि यह समस्या हुग्ग के नाम से कभी सुलझेगी भी नहीं। हुग्गः सम्भवतः सिद्धः के स्थान पर अशुद्ध लिखा गया है। यह अशुद्धि एक बहुत पुरानी हस्तलिपि में पाई जाती है, जो हेमचंद्र के बाद ही लिखी गई थी। इस स्थान पर होना चाहिए—**चिहुरशब्दः संस्कृतेऽपि सिद्धः, चिहुर** शब्द संस्कृत में भी सिद्ध होता है। इससे थोड़े ही पहले ऐसे ही अवसर पर (हेमचंद्र १,१७१) आया है—**मोरो मऊरो इति तु मोरमयूरशब्दाभ्याम् सिद्धम्**, इसका अनुवाद पिशल साहब ने किया है—**मोर** और **मऊर** शब्द **मोर** और **मयूर** से सिद्ध होते हैं। '(इससे मालूम पड़ता है कि हेमचंद्र **मोर** को भी संस्कृत शब्द मानता है, किंतु अब तक यह संस्कृत में मिला नहीं है।)'

यदि हुग्ग ही भ्रमपूर्ण पाठ है, तो यह बहुत ही कठिन है कि जो आचार्य बिना नाम के उद्धृत किये गये हैं, उनका परिचय प्राप्त करना असंभव ही है। इति अन्ये, इति कश्चित्, इति कश्चित् आदि का क्या पता लग सकता है?"

—डौल्ची नित्तिः ले ग्रामैरियाँ प्राकृत, पृ० १४७-१५०

ऊपर के उद्धरणों से पिशल से, प्राकृत भाषाओं के विद्वान् डौल्ची नित्ति का मतभेद प्रकट होता है। साथ साथ तथाकथित आचार्य हुग्ग के नाम का कुछ खुलासा भी हो जाता है। मतभेद या आलोचना सत्य की शोध में मुख्य स्थान रखती है। हमारे विद्वानों ने कहा है—

शत्रोरपि गुणा वाच्या दोषास्त्याज्या गुरोरपि।

यह महान् सत्य है। इसके अनुसार चलने से ज्ञान-विज्ञान आगे बढ़ते हैं। इस कारण ही प्राकृत भाषाओं के इस व्याकरण के भीतर देखेंगे कि पिशल ने कई

आलोचनाओं का स्वागत किया है, याने अपने विरुद्ध लिखित सत्य को माना है। अपनी भूल न मानने के दुराग्रह से ज्ञान बढ़ने या शुद्ध होने नहीं पाता। इस दृष्टि से ऊपर की आलोचनाएँ जोड़ दी गई हैं। इससे 'प्राकृत भाषाओं के व्याकरण' में नवीनतम संशोधन भी जुड़ जाता है और यह सस्करण आधुनिकतम बन जाता है। इस प्रकार हिंदी के एक महान् अभाव की पूर्त्ति होगी। हिंदी भाषा में प्राकृत परंपरा का शुद्ध ज्ञान का प्रचार होगा। मध्यभारतीय आर्य तथा नवीन भारतीय आर्य-भाषाओं पर संसार का जो भी विद्वान् कुछ लिखता है, पिशल के इस व्याकरण की सहायता के विना उसका लेख या ग्रंथ पूरा नहीं होता। इससे इसके माहात्म्य पर उत्तमता और प्रमाणिकता की छाप लग जाती है। हिंदी में यह व्याकरण प्राप्त होने पर हिंदी-भाषा की शोध का मार्ग प्रशस्त हो जायगा, यह आशा है।

वाराणसी
जन्माष्टमी, संवत् २०१५

—हेमचंद्र जोशी

अत्यावश्यक सूचना

मेरा विचार था कि पिशल के इस 'प्राकृत भाषाओं के व्याकरण' का प्रूफ मैं स्वय देखूँ, जिससे इसमें भूल न रहने पायें। किन्तु वास्तव में ऐसा न हो पाया। कई ऐसे कारण आ गये कि मैं इस ग्रन्थ के प्रूफ देख ही नहीं पाया। जिन ५, ७ फर्मों के प्रूफ मैंने शुद्ध भी किये, तो वे शुद्धियाँ अशुद्ध ही छप गईं। पाठक आरम्भ के प्रायः १२५ पृष्ठों में 'प्राकृत', दशरूप', 'वाग्भटालंकार' आदि शब्द उलटे कौमाओं में बन्द देखेंगे तथा बहुत-से शब्दों के आगे—० चिह्न का प्रयोग * के लिए किया गया है। यह अशुद्ध है और मेरी हस्तलिपि में इसका पता नहीं है। यह प्रूफ-रीडर महोदय की कृपा है कि उन्होंने अपने मन से मेरी हिन्दी शुद्ध करने के लिए ये चिह्न जोड दिये। यह व्याकरण का ग्रन्थ है, इस कारण एक शुद्धि-पत्र जोड़ दिया गया है। उसे देख और उसके अनुसार शुद्ध करके यह पुस्तक पढ़ी जानी चाहिए।

पिशल ने गौण **य** को **य़** रूप मे दिया है। प्राकृतों मे गौण **य़** का ही जोर है **कृत** का **कय़**, **गणित** का **गणिय़** आदि आदि रूप मिलते हैं। अतः उसका थोड़ा-बहुत महत्त्व होनेपर भी सर्वत्र इस **य़** की बहुलता देख, अनुवाद में यह रूप उड़ा देना उचित समझा गया। उससे कुछ बनता-बिगड़ता नही। मुझे प्रूफ देखने का अवसर न मिलने के कारण इसमे जो अशुद्धियाँ शेप रह गई हों, उसके लिये मै क्षमा चाहता हूँ। स्वयं प्रूफ न देख सकना, मेरा महान् दुर्भाग्य रहा। यदि मैं प्रूफ देख पाता, तो अशुद्धियाँ अवश्य ही कम रह पातीं।

विशेष ध्यान देने की बात यह है कि संस्कृत मे चाहे **कार्य्य** लिखा जाय या **कार्य**, दोनों रूप शुद्ध माने जाते हैं, किन्तु विद्वान वैयाकरण व्यर्थ को आधी मात्रा भी बढाने मे सकुचाते हैं। इसलिए मै **कार्य** लिखना उचित समझता हूँ, पाश्चात्य विद्वान् भी ऐसा ही करते हैं। संस्कृत मे हर वर्ण के साथ उसके वर्ग का अनुनासिक **ङ, ञ, ण, न, म** जोडा जाता है। मध्य-भारतीय आर्य-भाषाओं के समय से इनका महत्त्व कम होने लगा। अब हिन्दी में अनुस्वार का महत्त्व बढ़ गया है, जो अनुचित नहीं कहा जा सकता। इससे लिखने की सुविधा और शीघ्रता होती है। किन्तु पिशल साहब ने अनुनासिकवाले रूप अधिक दिये हैं। ग्रन्थ मे यदि कहीं, इस विषय की कोई गड़बड़ी हो, तो पाठक, पिशल के शुद्ध रूप विषयानुक्रमणिका तथा शब्दानुक्रमणिका को देखकर शुद्ध कर लें। उनका प्रूफ मैंने देखा है, सो उनकी लेखन-शैली पिशल की शैली ही रखी है। पिशल के मूल जर्मन-ग्रन्थ में प्रूफ देखने में बहुत-सी भूलें रह गई हैं। इस ग्रन्थ का ढंग ही ऐसा है कि एक मात्रा टूटी, या छूटी तो रूप कुछ-का-कुछ हो गया। संस्कृत **कार्य** का रेफ टूटा या छूटा तो उसका रूप **काय** हो गया और ध्यान देने का स्थान है कि **कार्य**, **काय** में परिणत होकर 'शरीर' का अर्थ देने लगता है। यह महान् अनर्थ है। किन्तु राष्ट्रभाषा हिन्दी के मूल्यवान् ग्रन्थों और पत्रों

तथा पत्रिकाओं मे हजारों अशुद्धियाँ देखने मे आती हैं, जिसे हिन्दी का दुर्भाग्य ही कहना चाहिए। यह दुर्दशा बँगला, मराठी, गुजराती-ग्रन्थों और छापाखानों की नहीं है। इसका कारण क्या है? उसे ढूँढ़ हमें उसका कुछ इलाज करना चाहिए। क्या कारण है कि यूरप मे भारतीय भाषाओं पर जो ग्रन्थ निकलते हैं, उनमे नाम-मात्र भूल भी कम देखने में आती है और राष्ट्रभाषा में यह भूलों की भरमार! इसका शीघ्र उपाय होना चाहिए, अन्यथा हिन्दी पर चारों ओर से जो प्रहार हो रहे हैं, उनकी सार्थकता ही सिद्ध होगी और राष्ट्रभाषा, भले ही बहुजन प्रचलित होने के कारण, अपना पद बचाये रहे, किन्तु आज कल की ही भाँति अन्य नवीन-भारतीय-आर्य तथा अनार्य-भाषा-भाषी उसका आदर न कर सकेंगे। अतः आवश्यक है कि हमारी पुस्तकें ज्ञान, छपाई, सफाई, शुद्धि आदि में अन्य भाषाओं से बढ़-चढ़कर हों। इसीमें हिन्दी का कल्याण है।

निवेदक
हेमचन्द्र जोशी

जन्माष्टमी, संवत् २०१५

विषयानुक्रमणिका

(पिशल के अनुसार)

विषय		पारा
अ		
अंत में—अ वाली संज्ञाओं का मा वाला करण का रूप	...	३६४
अंशक्रिया	...	५६०—५९४
अंश-स्वर	...	१३१—१४०
–अ में समाप्त होनेवाले वर्ग की रूपावली	...	३६३
–अ में समाप्त होनेवाले वर्ग की रूपावली मे परिवर्त्तन	...	३५७
–अन में ,, ,, ,, ,, ,,	...	३५८
अनियमित समास (= शब्दक्रम)	...	६०३
अनुनासिक	...	१७९—१८०
अनुनासिक और अंतस्थों का महाप्राणीकरण	...	२१०
अनुनासिक स्वर	...	१७८—१८३
अनुस्वार	...	१७८—१८३
अनुस्वार का दीर्घीकरण (शब्दांत मे)	...	७५
अनुस्वार का बहुधा लोप (शब्दांत मे)	...	३५०
अनुस्वार-युक्त दीर्घ स्वरों के अनुस्वार का लोप	...	८९
अपभ्रंश मे स्वर	...	१००
अपूर्णभूत (तथाकथित)	...	५१५
अर्धचंद्र		१७९, १८०, ३५०
–अस् मे समाप्त होनेवाले नपुंसक शब्दो का पुल्लिंग मे परिवर्त्तन	...	३५६
आज्ञावाचक	...	४६७—४७१
आत्मनेपद	...	४५२—४५७
आत्मनेपद का सामान्य रूप	...	४५७—४५८
आत्मनेपदी अंशक्रिया	...	५६१—५६३
आरंभ के वर्णों का मध्यम वर्ण में बदलना (क्, त्, प्, का ग्, द्, ब्, होना)		१९२—१९८—२००—२०२
आरंभिक वर्ण—**श-ष-स-कार**	...	३१६
इच्छावाचक	...	४५९—५५५
उपसर्गों के पहले स्वर का दीर्घीकरण	...	७७—७८
कंठ्य के स्थान पर ओष्ठ्य और व-कार		२१५, २३०, २३१, २६६, २८६

विषय		पारा
कर्त्तव्यवाचक अंशक्रिया	...	५७०—५७२
कर्मवाच्य	...	५३५—५५०
कर्मवाच्य का पूर्णभूत	...	५४९
कर्मवाच्य की भूतकालिक अंशक्रिया	...	५६४—५६८
कृदन्त (–त्वा और –य वाले रूप)	...	५८१—५९४
कृत्रिम प्राकृत भाषाएँ	...	५, ६
केवल संस्कृत ही प्राकृत का मूल नहीं है	...	६
क्रिया	...	४५२—५९४
घनत्ववाचक	...	५५६
चार भाषाएँ	...	४
छ भाषाएँ	...	४
जैन महाराष्ट्री और जैन प्राकृत	...	१६
–तर और –तम के रूप	...	४१४
तालव्य के स्थान पर दंत्य	...	२१५
तीन भाषाएँ	...	४
दंत्य के स्थान पर तालव्य	...	२१६
दंत्य के स्थान पर मूर्धन्य	...	२१८—२२४
दंत्य के स्थान पर मूर्धन्य		२८९—२९४, ३०८, ३०९, ३३३
दीर्घ स्वरों के बाद संयुक्त व्यंजनों का सरलीकरण	...	८७
दीर्घ स्वरों के स्थान पर अनुस्वार	...	८६
दीर्घ स्वरों का ह्रस्वीकरण	...	७९ - ८५
दीर्घीकरण, (उपसर्गों के पहले स्वर का)	...	७३—७८
देश्य या देशी	...	९
दो संयुक्त व्यंजन	...	२६८—३३४
दो ह्-कार युक्त वर्णों के द्विकार की अप्रवृत्ति	...	२१४
द्वि-कार, (व्यंजनों का)	...	९०, १९३—१९७
द्विवचन का लोप	...	३६०
नपुंसकलिंग का स्त्रीलिंग में परिवर्त्तन	...	३५८
नपुंसकलिंग तथा पुंलिंग के साथ सर्वनाम का संबंध	...	३५७
नामधातु		४९०, ४९१, ५५७—५५९
नासिक के स्थान पर अनुनासिक		२६९, ३४८, ३४९
नासिक के स्थान पर अनुस्वार	...	२६९
परस्मैपद का सामान्य रूप	...	४३—४७१
परस्मैपद के स्थान पर कर्मवाच्य	...	५५०
परस्मैपद भविष्यत्-काल के स्थान पर कर्मवाच्य	...	५५०

विषय		पारा
परस्मैपदी भूतकालिक अंशक्रिया	...	५६९
परस्मैपदी वर्तमानकालिक अंशक्रिया	...	५६०
परिवर्त्तन, (लिंग का)	...	३५६—३५९
पुंलिंग का नपुंसकलिंग में परिवर्त्तन	...	३५८
पुंलिंग का स्त्रीलिंग में परिवर्त्तन	...	३५८
पुरुषों द्वारा भी प्राकृत का उपयोग	...	३०
पूर्णभूत	...	५१६, ५१७
पृथक्करण का नियम	...	५४
प्रकृष्ट या श्रेष्ठ प्राकृत	...	२
प्राकृत और वैदिक	...	६
प्राकृत और संस्कृत	...	३०
प्राकृत कवयित्रियाँ	...	१४
प्राकृत का ध्वनिबल	...	४६
प्राकृत की व्यापकता	...	३
प्राकृत की शब्द-संपत्ति	...	८
प्राकृत के भारतीय वैयाकरणों का महत्त्व	...	४२
प्राकृत के शिलालेख	...	१०
प्राकृत तथा मध्य और नवीन भारतीय आर्य-भाषाएँ	...	७-८
प्राकृत भाषाएँ	...	१
प्राकृत भाषाओं के चार प्रकार	...	३
प्राकृत में लिंग-परिवर्त्तन	...	३५६—३५९
प्राकृत में सप्रदान	...	३६१, ३६४
प्रार्थना—और—आशीर्वाचक रूप	...	४६६
प्रेरणार्थक रूप		४९०, ४९१, ५५१—५५४
भविष्यत्काल	...	५२०—५३४
भविष्यत्-काल (कर्मवाच्य)	...	५४९
भ्वादिगण की तुदादिगण में परिणति	...	४८२
मध्यम वर्णों का आरंभिक वर्णों में परिवर्त्तन	...	१९०—१९१
महाप्राण, (अन्य शब्द)		३०१ और उसके बाद
महाप्राणों का ह् में बदलना	...	१८८
महाप्राणों (ह्-युक्त वर्णों) का द्वि-कार	...	१९३
मूर्धन्य के स्थान पर दंत्य	...	२२५
लेण बोली	...	७
वर्णविच्युति (= वर्णलोप)	...	१४९
वर्णों का स्थान-परिवर्त्तन	...	३५४

विषय		पारा
वर्त्तमान काल	...	४५३—५१४
विंदु	...	१७९—१८०
विंदु वाला स्वर = दीर्घ स्वर के	...	२४८
वेश्याएँ	...	३०
व्यंजनांत शब्दों की रूपावली के अवशेष	...	३५५
व्यंजनों का आगम और लोप	...	३३५—३३८
व्यंजनों का द्विकार		९०, ९२, १९३—१९७
व्यंजनों का द्विकार, शब्द-मध्य में	...	१८७—१९२
व्यंजनों का द्विकार, शब्दारंभ में	...	१८४—१८५
व्यंजनों का द्विकार, शब्दांत में	...	३३९—३५२
व्यंजनों के स्थान मे स्वर का आगमन	...	१८६
शब्दांत के दो व्यंजनों की संधि मे पहले व्यंजन का लोप	...	२७०
शब्दमध्य में वर्ण का आगम	...	१७६
शब्द, संख्या	...	४३५—४५१
श-**ष**-और **स**-कार + अंतस्थ	...	३१५
श-**ष**-और **स**-कार+अनुनासिक	...	३१२
श-**ष**-और **स**-कार + आरंभिक व्यंजन	...	३०१—३११
श-**ष**-और **स**-कार = **ह**	...	३५३
शेष व्यंजनवर्गों की रूपावली	...	४१३
श्वेतांबर जैनों के धर्मशास्त्र	...	१९
संख्याशब्दों की रूपावली	...	४३५—४४९
संज्ञा की रूपावली	...	३३५—४१३
संधि के नियम	...	५४
संधि-व्यंजन	...	३५३
संप्रसारण	...	१५१—१५५
सर्वनामों की रूपावली	...	४१५—४३५
स-**श**-**ष**-कार का महाप्राणीकरण	...	२११
सादे व्यंजनों का महाप्राण में परिवर्त्तन	...	२०९
साधारण विशेषण के स्थान पर तर वाला रूप	...	४१४
साधारण व्यंजनों में **ह**-कार का आगमन	...	२०५—२११
सामान्य क्रिया	...	५७३—५८०
सामान्यक्रिया (कर्मवाच्य)	...	५८०
सामान्यक्रिया (कृदंत के रूप में)	...	५७६, ५७७, ५७९
सामान्यक्रिया के अर्थ में कृदंत	...	५८५, ५८८, ५९०
स्त्रियाँ कभी संस्कृत और कभी प्राकृत बोलती हैं	...	३०

विषय		पारा
स्त्रियों की प्राकृत	...	३०
स्वर, (अपभ्रंश में)	...	१००
स्वर का आगम	...	१४७
स्वर-भक्ति	...	१३१—१४०
स्वर-भक्ति की सहायता से व्यजनों का पृथक्करण	...	१३१
स्वरलोप	...	१४८
स्वरविच्युति (अक्षरों की)	...	१५०
स्वरविच्युति (लोप)	...	१४१—१४६
स्वरविच्युति, (स्वरों की)		१४१—१४६, १७१, १७५
स्वरविच्युति (= स्वरलोप)	...	१४८
स्वर-संधि	...	१५६—१७५
स्वर (दीर्घ) संयुक्त व्यजनों के पहले	...	८७
स्वरों में समानता का आगमन	...	१७७
स्वरों (दीर्घ) का ह्रस्वीकरण	...	७८—१००
स्वरों (ह्रस्व) का दीर्घीकरण	...	७७—७८
ह्र कार का आगम	...	२१२
ह्रस्व स्वरों का दीर्घीकरण	...	६२—७६
ह्रस्व-स्वरों का दीर्घीकरण और अनुस्वार का लोप	...	७६

आ

विषय या नाम	पारा	विषय या नाम	पारा
अ		आ का उ में परिवर्तन	१११
-ं-म्मि = -स्मिन्	३१३	आ का अ ,, ,,	११३
-ं-स्सिं = -स्मिन	३१२	आ का अं ,, ,,	११४
-ं-स्सि= -स्मिन्	३१३	आ उपसर्ग	८८
अ का इ मे परिवर्तन	१०१-१०३	आ में समास होनेवाले सज्ञा शब्दों की	
अ का उ मे परिवर्तन	१०४-११६	रूपावली	३७४-३७६
अ में समास होनेवाली सज्ञाओं की		आ में समास होनेवाली धातुओं की	
रूपावली	३६३-३७३	रूपावली	४८७, ४९२
-अ= -क	५९८	-आप	५९३
अ, अम् का उ मे परिवर्तन	३५१	आनन्दवर्धन	१४
अड, अडी	५९९	आर्षम्	१६,१७
अणअ	६०२	-आल -आलअ	३९५
-अण, -अणहा, -अणही	५७९	-आलु, -आलुअ	५९५
अपभ्रंश	३-५, २८, २९	आवन्ती	२६
अपभ्रंश, नागर, ब्राचड, उपनागर	२८	**इ**	
अपराजित	१३	-इ का -उ में परिवर्तन	११७,११८
अप्पयज्वन	४१	इ में समास होनेवाले संज्ञा-शब्दों की	
अप्पयदीक्षित	४१	रूपावली	३७७-३८८
अभिमान	१३	इ मे समास होनेवाली धातुओं की	
अभिमानचिह्न	१३, ३६	रूपावली	४७३
अर्, अह् = ओ	३४२, ३४३	-इ	५९४
अर्धमागधी	१६-१९	इएँव्वउँ	५७०
अवन्तिसुन्दरी	३६	-इक	५९८
अवहट्टभासा	२८	-इत्त, -इत्तअ	६००
अस, अह् = ओ	३४५, ३४७	-इत्तए	५७८
,, ,, = ए	३४५	-इत्तु	५७७
,, ,, = अ	३४७	-इत्थ, -इत्था	५१७
,, ,, = उ	३४६	-इम	६०२
आ		-इय	५९८
आ का इ में परिवर्तन	१०८, १०९	-इर	५९६
आ का ई ,, ,,	११०	-इरे	४५८

विषय या नाम	पारा
-इल्ल, -इल्लअ	५९५
ई	
ई का ए में परिवर्तन	१२१
ई का ऍ, ए मे परिवर्तन	१२२
ई मे समास होनेवाले संज्ञा-शब्दों की रूपावली	३७७-३८८
ई में समास होनेवाली धातुओं की रूपावली	४७४
उ	
उ का अ मे परिवर्तन	१२३
उ का इ ,,	१२४
उ का ओं ,,	१२५
उ का अं, अम् ,,	३५१
उ मे समास होनेवाले संज्ञाशब्दों की रूपावली	३७७-३८८
उ मे समास होनेवाली धातुओं की रूपावली	४७३, ४९४
-उअ, -उय	११८
-उआण	५८८
-उं, -उ = -कम्	३५२
उदयसौभाग्यगणिन	२९, ३६
उद्धृत	१६४ नोटसंख्या १
उद्वृत्त	१६४
उपनागर, अपभ्रंश	२८
-उल्ल, -उल्लअ	५९५
-उल्लड, उल्लडअ	५९९
ऊ का ओं मे परिवर्तन	१२७
ऊ मे समास होनेवाले संज्ञा शब्दों की रूपावली	३७७-३८८
ऊ में समास होनेवाली धातुओं की रूपावली	४७३, ४९४
-ऊण	५८४, ५८६
-ऊणं	५८४, ५८५
ऋ	
ऋ ज्यों का त्यों बना रह गया है	४७
ऋ का अ, इ, उ मे परिवर्तन	४७-५५
ऋ का रि ,,	५६
ऋ का लि ,,	५६
ऋ मे समास हनेवाली संज्ञाओं की रूपावली	३८९-३९२
ऋ मे समास होनेवाली धातुओं की रूपावली	४७७, ४७८
ॠ	
ॠ का ई, ऊ में परिवर्तन	५८
ॠ मे समास होनेवाली धातुओं की रूपावली	४७७, ४७८
ए	
ए का ऍ मे परिवर्तन	८५, ९४, ९५
ए का इ ,,	७९-८२, ८५
ए का ऍ, इ ,,	८४, ८५, १२८
ए = अइ जो अनि से निकला	१६६
ए = अ	१२९
ए = अर्, अस्, अद्,	३४४, ३४५
ऍ	८५
ऍ, दो संयुक्त व्यंजनों से पहले अइ का ऍ हो जाता है	६०
ऍ, ए मे	८४, ८५
ऍ, ई मे	१२२
ऍ का ए मे परिवर्तन	६६, १२२
ए मे समास होने वाली क्रियाएँ	४७२
-एवा	५७०
-एवा	५७१
एव्वउँ (=एव)	५७०
ऐ	
अइ (=ऐ) का ए, ऍ मे परिवर्तन	६०, ६१
ऐ का अइ मे परिवर्तन	६१
ऐ का इ ,,	८४
ओ	
ओ का उ मे परिवर्तन	८५
ओ का ओं ,,	८५, ९४, ९५
ओ का उ, ओं ,,	८४, ८५, १३०, ३४६

विषय या नाम	पारा
ओ = अर्, अः	३४२, ३४३
ओ = अस्, अः	३४५, ३४७
ओँ	४१
ओँ, ओ का ओ संयुक्तव्यंजनों से पहले ओँ बन जाता है	६१ अ
ओँ, ओ का परिवर्तन	८४
ओँ का दीर्घीकरण	६६, १२७
ओँ का उ में परिवर्तन	८४
ओ में समाप्त होनेवाली संज्ञाओं की रूपावली	३९३
औ	
औ ज्यों का त्यों बना रहता है	६१ अ
औ का ओँ, ओ, औ में परिवर्तन	६१ अ
औ का उ में परिवर्तन	८४
औ में समाप्त होनेवाली संज्ञाओं की रूपावली	३९४
औदार्यचिन्तामणि	४१
क	
क का ख में परिवर्तन	२०६
क का ग ,, ,,	२०२
क का च ,, ,,	२३०
क का व ,,	२३०
-क	५९८
कक्कुक शिलालेख	१०
कम् का उं उँ में परिवर्तन	३५२
कात्यायन	३२
कालापाः	३६
कृष्णपण्डित	४१
कैकेयपैशाच	२७
कोहल	३१
क = ष्क	३०२
क = स्क	३०६
क = :क	३२९
क्ख = ष्क, ष्ख	३०२
क्ख = स्क, स्ख	३०६
क्ख = :क, :ख	३२९
क्ख देखो क्ष, ख	
क्म का प्प में परिवर्तन	२७७
क्रमदीश्वर	३७
क्ष का क्ख, च्छ में परिवर्तन	३१७–३२२
क्ष का ह में परिवर्तन	३२३
क्ष का स्क, :क में परिवर्तन	३२४
क्ष का ज्झ ,, ,,	३२६
क्ष्ण का ण्ह ,, ,,	३१२
क्ष्म का म्ह ,, ,,	३१२
ख	
ख का घ में परिवर्तन	२०२
ख = ग	२६५
ख = क्ष	३१७, ३१९, ३२०, ३२१
-ख	२०६, ५९८
ग	
ग का घ में परिवर्तन	२०९
ग का व ,, ,,	२३१
ग का म ,, ,,	२३१
ग, च से निकला हुआ	२३१
ग, ज के स्थान पर	२३४
ग, य के स्थान पर	२५४
-ग = -क	५९८
गउडवहो	१५
गाहा	१२
गीतगोविन्द	३२
गुणाढ्य	२७
गोपाल	३६
ग्म का ग्ग में परिवर्तन	२७७
ग्म का म्म ,, ,,	२७७
ग्राम्यभाषा	२७
च	
च के स्थान में ज	२०२
च का च्च में परिवर्तन	२१७
चण्ड	३४
चण्डीदेवशर्मन्	३७

विषय या नाम	पारा
चन्द्र	३४
चन्द्रशेखर	४१
चम्पअराअ	१३
चस्क (?)	२७
चाण्डाली	२४
चूलिकापैशाची	२७
च्च = त्य	२८०
च्च = त्व	२९९
च्च = श्च	३०१
–च्चा, च्चाणं, च्चाण	५८७
च्छ = क्ष	३१७, ३१८, ३२०, ३२१
च्छ = त्स	३२७
च्छ = थ्य	२८०
च्छ = थ्व	२९९
च्छ = प्स	३२८
च्छ = श्च, श्छ	३०१
छ	
छ = श	२११
छ का श्च में परिवर्तन	२३३
छ देखो च्छ	
छेकोक्तिविचारलीला	१३
ज	
ज का ग में परिवर्तन	२३४
ज का च ,, ,,	२०२
ज का द्य ,, ,,	२०९
ज का य्ज ,, ,,	२१७
ज का य ,, ,,	२३६
जअवल्लहं	१४
जयदेव	३२
जयवल्लभ	१२, १४
जूमरनन्दिन्	३७
जैन प्राकृत	१६
जैन महाराष्ट्री	१६, २०
जैन शौरसेनी	२१
जैन सौराष्ट्री	२०
ज्ज = द्य	२८०

विषय या नाम	पारा
ज = द्ध	२९९
ज = द्य	२८४
ज = र्य	२८४
ज्झ = क्ष	३२६
ज्झ = ध्य	२८०
ज्झ = ध्व	२९९
ज्झ = ह्य	३३१
ज्ञ का ज्ज में परिवर्तन	२७६
ज्ञ का ञ ,, ,,	२७६
ज्ञ का ञ्ञ ,, ,,	२७६
ज्ञ का ण्ण ,, ,,	२७६
झ	
झ देखो ज्झ	
झ का य्ह में परिवर्तन	२३४
झ का ह्य ,, ,,	३३१
ञ	
ञ	२३७
ञ्ञ का ण्ण में परिवर्तन	२७३
ञ्ज का ञ्ञ ,, ,,	२७४
ट	
ट का ड में परिवर्तन	१९८
ट का ढ ,, ,,	२०७
ट का ठ ,, ,,	२३८
ट्ट = र्त	२८९
ट्ट = त्र	२९२
ट = ट्ट	५७७
ट्ट का श्ट ,, ,,	२७१
ट का स्ट	२७१
ठ्ठ = र्थ	२९०
ठ्ठ = ष्ठ, ष्ट	३०३
ठ्ठ = स्त, स्थ	३०८, ३०९
ठ	
ठ का ढ में परिवर्तन	१९८, २३९
ठ का ह्व ,, ,,	२३९
ठ देखो ठ्ठ ,, ,,	

विषय या नाम — पारा

ड

ड का ट में परिवर्तन — २४०
ड का ड़ ,, ,, — ५९९
ड का र ,, ,, — २४१
ड्ड = र्द — २९१
ड्ड = द्र — २९४
ड्ड = र्ध — २९१

ढ

ढ ज्यों का त्यों रह जाता है — २४२
ढ (गौण) का ठ हो जाता है — २४२
ढक्की — २५

ण

ण का ञ में परिवर्तन — २४३
ण का न ,, ,, — २२५, २४३
ण का ळ ,, ,, — २४३
णन्दिउड्ड — १३
ण्ह = क्ष्ण — ३१२
ण्ह = श्न, ष्न, स्न — ३१२, ३१३
ण्ह = ह्र, ह्न — ३३०

त

त् में समाप्त होने वाले संज्ञाओं की रूपावली — ३९५ ३९८
त, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में त का ट में परिवर्तन — २१८
त का ड ,, ,, — २१८, २१९
त का थ ,, ,, — २०७
त का द ,, ,, — १८५, १९२, २०३, २०४
त का र ,, ,, — २४५
त का ळ ,, ,, — २४४
तज्ज — ८
तत्तुल्य — ८
तत्सम — ८
तद्भव — ८
–तुआण — ५८४
–तुआणं — ५८४

विषय या नाम — पारा

–तूण — ५८४, ५८६
–तूणं — ५८४, ५८५, ५८६
त्त = त्य — २८१
त्त = त्र, र्त — २८८
त्त = त्व — २९८, ५९७
त्त = स्त — ३०७
–त्तए — ५७८
–त्तण = त्वन — ५९७
–त्ताणं — ५८३
त्थ = त्र — २९३
त्थ = स्त, स्थ — ३०७
त्रिविक्रम — ३८
त्श, त्स का स्स, स में परिवर्तन ३२७अ

थ

थ का ढ मे परिवर्तन — २२१
थ का ध ,, ,, — २०३
–थ — २०७
–थि — २०७

द

द का ड मे परिवर्तन — २२२
द का त ,, ,, — १९०, १९१
द का ध ,, ,, — २०९
द का र ,, ,, — २४५
द का ळ ,, ,, — २४४
द का ल ,, ,, — २४४, २४५
दहमुहवओ — १५
दाक्षिणात्या — २६
दिगम्बरों के धार्मिक-नियम — २१
–दूण — ५८४
देवराज — १३, ३३, ३६
देशभाषा — ४, ५
देशी — ८, ९
देशीनाममाला — ३६
देशीप्रकाश — ४१
देशीप्रसिद्ध — ८
देशीमत — ८

विषय या नाम	पारा
देशीशब्दसंग्रह	३६
देश्य	८, ९
द्रोण	३६
द्रोणाचार्य	३६
ध	
ध का **ढ** में परिवर्तन	२२३
ध का **थ** ,, ,,	१९१
धनपाल	३५, ३६
धात्वादेश	९
न	
न का अनुस्वार होता है	३४८
न में समाप्त होनेवाली संज्ञाओं की रूपावली	३९९
न का **ञ** में परिवर्तन	२४३
न का **ण** ,, ,,	२२४
न का **न** ,, ,,	२२४
न का **ल** ,, ,,	२४७
न-, अ-, अन्- के स्थान पर	१७१
नक्षत्र की व्युत्पत्ति	२७० नोटसंख्या ३
नन्दिवृद्ध	१३
नरसिंह	४१
नरेन्द्रचन्द्रसूरि	३६
नागर अपभ्रंश	२८
नागोय	३९
नारायण विद्याविनोदाचार्य	३७
नृसिंह	४१
न्त का **न्द** में परिवर्तन	२७५
प	
प का **फ** में परिवर्तन	२०८
प का **व** ,,	१९२
प का **भ** ,,	२०८, २०९
प का **म** ,,	२४८
प का **य** ,,	१९९
पञ्चबाणलीला	१४
पाइयलच्छी	३५
पाञ्चाल पैशाचिक	२७
पाटलिपुत्र	२३८ नोटसंख्या २, २९२
पाणिनि	३१
पादलिप्त	३६
पादलिप्ताचार्य	१३
पालित्त, पालित्तअ	१३
–पि	५८८
पिङ्गलछन्दःसूत्र	२९
–पिणु	५८८
पुष्पवननाथ	४१
पूर्वनिपातानियम	६०३ नोट संख्या १
पैशाचिक, पैशाचिकी	२७
पैशाची	३, २७
पैशाची के ग्यारह प्रकार	२७
,, ,, तीन ,,	२७
पॉट्टिंग	१३
प्प = त्म	२७७
प्प = त्व	३००
प्प = :प	३२९
प्प = ष्प	३०५
–प्पण = त्वन	३००, ५९७
–प्पि = –त्वी	३००, ५८८
–प्पिणु = –त्वीनम्	,, ,,
प्फ = ष्प, ष्फ	३०५
प्फ = स्प, स्फ	३११
प्फ = :प, :फ	३२९
प्रकाशिका	३६
प्रतापसेन	१३, १५
प्राकृत की व्युत्पत्ति	१, ९, १६, ३०
प्राकृतकल्पतरु	४१
प्राकृतकल्पलतिका	४३
प्राकृतकामधेनु	४१
प्राकृतकौमुदी	,,
प्राकृतचन्द्रिका	,,
प्राकृतदीपिका	३७
प्राकृतपाद	,,
प्राकृतपादटीका	,,
प्राकृतप्रकाश	३३

विषय या नाम	पारा
प्राकृतप्रबोध	३६
प्राकृतभाषान्तरविधान	३४
प्राकृतमञ्जरी	३३
प्राकृतमणिदीप	४१
प्राकृतरूपावतार	३९
प्राकृतलक्षण	३१, ३४
प्राकृतलंकेश्वर रावण	४१
प्राकृतव्याकरण	३८, ,,
प्राकृतशब्दप्रदीपिका	,,
प्राकृतसंजीवनी	४०
प्राकृतसर्वस्व	,,
प्राकृतसारोद्धारवृत्ति	३४
प्राकृतसाहित्यरत्नाकर	४१
प्राकृतानन्द	३९
प्राच्या	२२
फ	
फ का भ में परिवर्तन	२००
फ का ह में ,,	१८८, ,,
ब	
ब का भ में परिवर्तन	२०९
ब का म ,, ,,	२८०
ब का व ,, ,,	२०१
वप्पइराअ	१५
वाह्लीकी	२४
बृहत्कथा	२७
ब्व = ह्व	३००
ब्भ = ह्म	३३२
भ	
भ, **ब** से निकला	२०९
भ = ह्म	३३२
भट्टेन्दुराज	१४
भरत	३१, ३६
भामह	३३, ,,
भाषाः	३, ४
भाषाभेद	४१
भाषार्णव	,,
भाषाविवेचन	४०
भुवनपाल	१३
भूतभाषा	२७
भूतभाषित	,,
भूतवचन	,,
भौतिक	,,
म	
म के स्थान पर अनुस्वार	३४८
म, स्वर से पहले ज्यों का त्यों रह जाता है, यदि ह्रस्व वर्णों की आवश्यता पड़े	,,
म् का ं के स्थान पर अशुद्ध प्रयोग	३४९
म्, सन्धिव्यंजन के रूप में	३५३
म का **वँ** में परिवर्तन	२५१
म का **व** ,, ,,	,,
म = श्म, ष्म	३१२
मधुमथनविजय	१३, १४
मनोरमा	३३
-मन्त	६०१
मल्लअसेहर	१३
महाराष्ट्री	२, १२-१५, १८
महुमहविअअ (§ १५ में महुमहविजअ पाठ है अनु०)	,, , १५
मागध पैशाचिक	२७
मागधी	१७, १८, २३
मार्कण्डेय कवीन्द्र	४०
-मीण	५९२
मृगाङ्कलेखाकथा	१३
-म्मि = -स्मिन्	३१३
-म्ह = क्ष्म, श्म, ष्म, स्म	३१२, ,,
म्ह = ह्म	३३०
य	
य्, व्यंजनों और अन्तस्थों के साथ संयुक्त	२७९-२८६
य्, **ई ऊ** के अनन्तर **र्** के परे लुप्त हो जाता है	२८४

विषय या नाम	पारा
य्, सन्धि-व्यंजन के रूप मे	३५३
य का ज में परिवर्तन	२५२
य का र ,, ,,	२५५
य का ल ,, ,,	,,
य ज्यो का त्यों बना रहता है	२५२
य, पल्लव- तथा विजयबुद्धवर्मन्-दानपत्रों मे	२५३
-य् = -क	५९८
यश्रुति	१८७
-याण, -याणं	५९९
य्च = च	२१७
य्ज = ज	,,
र्य = य्य	२८०
र्य = र्य	२८४
र्ह = ह्र	३३१
र्यह् = य्य	२८०
र	
र का ड मे परिवर्तन	२५८
र का ल ,, ,,	२८५
र, व्यजनो के बाद रह जाता है	२६८
र, व्यजनो और अतस्थो मे सयुक्त	२८७-२९५
र, शब्दात मे	३४१ ३४४
र, सधि-व्यजन रूप मे	३५३
र का ल मे परिवर्तन	२५६-२५७
रघुनाथशर्मन्	३९
रत्नदेव	१४
रयणावलि	३६
रसवती	३७
राजशेखर	१३, २२
रामतर्कवागीश	४१
रामदास	१५
रावण	४१
रावणवहो	१५
राहुलक	३६
ल	
ल का ह्लि और लि मे परिवर्तन	५९
ल का ट मे परिवर्तन	२२६
ल का ड ,, ,,	२२६
ल का ण ,, ,,	२२६
ळ, ल के स्थान पर	२४०
ल का ण मे परिवर्तन	२६०
ल का न ,, ,,	२६०, २९६
ल, व्यजनों और अतस्थों से सयुक्त	२९५
ल का ळ मे परिवर्तन	२६०
ल, र के स्थान पर	२५९
ल, ळ के ,, ,,	२२६
लक्ष्मीधर	१८७
लघुप्रयत्नतरयकार	
लङ्केश्वर	४१
ललितविग्रहराजनाटक	१०, ११
ल्ह = ह्ल = ळ्ह	२९४
ल्ह = ह्ल	३३०
व	
व, इ, उ, ऊ के स्थान पर (अन्दारम मे)	३३७
व, व्यजनो और अतस्थो से सयुक्त	२९७-३००
व का ग मे परिवर्तन	२३१
व, ग के स्थान पर	२३१
व का व मे परिवर्तन	२६१
व का म मे परिवर्तन	२६१
व, म के स्थान पर	२५१, २७७, ३१२
व, य ,, ,,	२५४
वज्जालग्ग	१२, १४
-वन्त	६०१
वररुचि	३२
वसतराज	४०
वाक्पतिराज	१३, १५
वामनाचार्य	४१
वारेन्द्री भाषा	२८

विषय या नाम	पारा
वार्त्तिकार्णवभाष्य	३२, ४१
–वि	५८८
विजयबुद्धवर्मन की रानी का शिलालेख	१०
–विणु	५८८
विद्याविनोदाचार्य	३७
विभाषाः	३, ४, ५
विभ्रष्ट	८
विषमबाणलीला	१४
विष्णुनाथ	३३
व्युत्पत्तिदीपिका	२९, ३६
व्राचड अपभ्रंश	२८
व्राचड पैशाचिक	२७
श	
श ज्यों का त्यों रह जाता है	२२८, २२९
श का **छ** में परिवर्तन	२११
श का **स** ,, ,,	२२७
श का **ह** में परिवर्तन	२६२
शकी	३, २८
शब्दचिन्तामणि	४१
शाकल्य	३१
शाकारी	२४
शाबरी	,,
शिवस्कन्दवर्मन का शिलालेख	१०
शीलाङ्क	३६
शुभचन्द्र	४१
शेष	१६४ नोटसंख्या १
शेषकृष्ण	४१
शौरसेन पैशाचिक	२७
शौरसेनी	२१, २२
श्क = ष्क	३०२
श्ख = ष्ख	३०३
श्च का प्रयोग मागधी में	३०१
श्ट = ष्ट, ष्ठ (?)	३०३
श्त = स्त	३१०
श्वेताम्बर जैनों के धार्मिक नियम	१९

विषय या नाम	पारा
ष	
ष का **छ** में परिवर्तन	२११
ष का **व** में ,,	२६५
ष का **श** में ,,	२२९
ष का **स** में ,,	२२७
ष का **ह** में ,,	२६३
षड्भाषाचन्द्रिका	३९
षड्भाषासुबन्तरूपादर्श	,,
स	
स का **छ** में परिवर्तन	२११
स का **व** में ,,	२६५
स का **श** में ,,	२२९
स् में समाप्त होनेवाली संज्ञाओं की रूपावली	४०७–४१२
स = त्श	३२७ अ
स = त्स	,,
स = ह्श	३२९
स = ह्ष	,,
स = ह्स	,,
संक्षिप्तसार	३७
संस्कृतभव	८
संस्कृतयोनि	,,
संस्कृतसम	,,
सत्तसई	१२, १३
सत्यभामासंवाद	१४
समन्तभद्र	४१
समानशब्द	८
सर्वसेन	१३, १४
–सा, अ में समाप्त होनेवाली संज्ञाओं का करण कारक का चिन्ह	३६४
सातवाहन	१३, ३६
साध्यमानसंस्कृतभव	८
सिंहराज	३९
सिद्धसंस्कृतभव	८
सिद्धहेमचन्द्र	३६
सेतुबन्ध	१५

विषय या नाम	पारा
सोमदेव	११, २२
स्क = क्ष	३२४
स्क = ष्क	,,
स्क मे समाप्त होनेवाली प्राचीन धातुओ की रूपावली	४८०
स्ख = ष्ख	३०२
स्ट = ष्ट	३०३
स्ट = ष्ठ	,,
स्ण = ष्ण	३१४
स्ण = स्न	,,
स्त = र्थ	२९०
स्त = स्त	३१०
स्त = स्थ	,,
स्प = ष्प	३०५
स्फ = ष्फ	,,
स्म = ष्म	३१४
स्म = स्म	,,
स्स = र्श	३२७ अ
स्स = त्स	,,
स्स = :श	३२९
स्स = :ष	,,
स्स = :स	,,
-स्सिं = स्मिन्	३१३

ह

विषय या नाम	पारा
हृ की विच्युति नहीं होती	२६६
हृ का आगम, शब्दारंभ मे	३३८
हृ + अनुनासिक और अन्तस्थ	३३०–३३३
ह = क्ष	३२३
ह का घ मे परिवर्तन	२६७
ह का स ,, ,,	२६४, ३१५
ह का ह-कार युक्त व्यंजनों (महाप्राण) मे परिवर्तन	,,
-ह	२०६, ५९८
हरकेलिनाटक	११
हरिउड्ड	१३
हरिपाल	१५
हरिविजय	१३, १४
हरिवृद्ध	,,
हलायुध	३६
हाल	१२, १३
हिँ-=-ष्मिन्	३१२
-हिँ = -स्मिन्	३१३
-हिं = -ष्मिन्	३१२
-हिं = -स्मिन्	३१३
हुग्ग	२६
हेमचन्द्र	३६
- : क = -क्क	३२९
- : क = -क्न	,,
- : क = -क्ष	३२४
- : प = -प्प	३२९
- : प = -प्फ	,,

विषय-सूची

(अनुवादक के अनुसार)

विषय-प्रवेश		पृष्ठ
(अ) प्राकृत भाषाएँ	...	१
(आ) प्राकृत व्याकरणकार	...	६५
अध्याय १		
ध्वनि-शिक्षा	...	९५
'अ' ध्वनित और स्वर		
१. ध्वनित	...	९६
अध्याय २		
स्वर		
(अ) द्विस्वर ऐ और औ	...	११६
(आ) ह्रस्व स्वरों का दीर्घीकरण	...	१२१
दीर्घ स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर का प्रयोग	...	१४९
(ए) स्वरों का लोप और दर्शन (आगम)	...	२२६
(ऐ) स्वर-लोप	...	२३३
(ओ) वर्णों का लोप और विकृति (अवपतन)	...	२३६
(औ) सप्रसारण	...	२३८
(अ) स्वर सधि	...	२४५
(अः) अनुस्वार और अनुनासिक स्वर	...	२७३
ब. व्यंजन		
(एक) युक्त स्थलों पर व्यंजन	...	२८०
२. सरल व्यजनों के सबंध में	...	३३९
(दो) सयुक्त व्यंजन	...	३८४
(तीन) शब्दों के आदि मे व्यजनों की विच्युति का आगमन	...	४७६
शब्द के अंत में व्यंजन	...	४८०
(पाँच) सधि-व्यंजन	...	४९७
(छह) वर्णों का स्थान परिवर्तन (व्यत्यय)	...	५००
तीसरा खंड : रूपावली-शिक्षा		
(अ) संज्ञा	...	५०३
(१) अ में समाप्त होनेवाला वर्ग	...	५१५
(अ) पुंलिंग तथा नपुंसक लिंग	...	५१५

(आ) आ-वर्ग के स्त्रीलिंग की रूपावली ... ५३८
(२) —इ, —ई और —उ, —ऊ वर्ग ... ५४४
(अ) पुलिंग और नपुंसक लिंग ... ५४४
(आ) स्त्रीलिंग ... ५५७
(३) शब्द के अंत में —ऋ-वाला वर्ग ... ५६३
(४) ओ और औ वर्ग ... ५७०
(५) अंत में—त् लगनेवाले मूल संज्ञा शब्द ... ५७१
(६) —न् में समाप्त होनेवाला वर्ग ... ५८०
(७) शेष व्यंजनों के वर्ग ... ६०४
(८) —तर और —तम के रूप ... ६०७
आ—सर्वनाम ... ६०८
(इ) संख्या शब्द ... ६४४
(ई) क्रिया शब्द ... ६७०
(अ) वर्तमान काल ... ६७१
(१) परस्मैपद का सामान्य रूप ... ६७१
(२) आत्मनेपद का वर्त्तमानकाल ... ६७६
(३) ऐच्छिक रूप ... ६७८
(४) आज्ञावाचक ... ६८९
अपूर्णभूत ... ७४९
पूर्णभूत (सबल) ... ७५१
पूर्णभूत ... ७५४
भविष्यत्काल ... ७५६
कर्मवाच्य ... ७७२
इच्छावाचक ... ७९२
घनत्ववाचक ... ७९३
नामधातु ... ७९४
धातुसंधित संज्ञा ... ७९९
(अ) अंशक्रिया ... ७९९
सामान्य क्रिया ... ८१४
कृदन्त (—त्वा और—य वाले रूप) ... ८२१
(चौथा खंड) शब्द रचना ... ८४१
शुद्धि-पत्र ... १
१३३वें पारा के बाद के छूटे हुए पारा ... ५६
प्राकृत शब्दों की वर्ण क्रम-सूची ... ६५
सहायक ग्रंथों और शब्दों के संक्षिप्त रूपों की सूची ... १

प्राकृत भाषाओं का व्याकरण

विषय-प्रवेश

अ. प्राकृत भाषाएँ

§ १—भारतीय वैयाकरणों और अलंकार शास्त्र के लेखकों ने कई साहित्यिक भाषाओं के समूह का नाम 'प्राकृत' रखा है और इन सब की विशेषता यह बताई है कि इनका मूल संस्कृत है। इसलिए वे नियमित रूप से यह लिखते है कि **प्राकृत** प्रकृति अथवा एक मूल तत्त्व या आधारभूत भाषा से निकली है तथा यह आधारभूत भाषा उनके लिए संस्कृत है। इस विषय पर 'हेमचन्द्र' आदि मे ही कहता है—

प्रकृतिःसंस्कृतम्। तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्। १।१

अर्थात् 'आधारभूत भाषा संस्कृत है और इस संस्कृत से जो भाषा निकली है या आई है, वह प्राकृत कहलाती है।' इसी प्रकार 'मार्कण्डेय' ने भी अपने 'प्राकृत सर्वस्वम्' के आरम्भ में ही लिखा है—

प्रकृतिःसंस्कृतम्। तत्रभवं प्राकृतम् उच्यते। १

'दशरूप' की टीका में 'धनिक' ने २–६० मे लिखा है—

प्रकृतेर् आगतं प्राकृतम्। प्रकृतिःसंस्कृतम्।

'वाग्भटालंकार' २–२ की टीका मे 'सिंहदेवगणिन्' ने लिखा है—

प्रकृतेःसंस्कृताद् आगतं प्राकृतम्।

पीटर्सन की तीसरी रिपोर्ट के ३४३–७ मे 'प्राकृत चन्द्रिका' में आया है—

प्रकृतिःसंस्कृतम्। तत्र भवत्वात् प्राकृतम् स्मृतम्।

'नरसिंह' ने 'प्राकृत शब्द-प्रदीपिका' के आरम्भ मे ही कहा है। उसकी तुलना कीजिए—

प्रकृतेःसंस्कृतायास् तु विकृतिः प्राकृती मता।

कर्पूरमंजरी के बम्बई-संस्करण में वासुदेव की जो संजीवनी टीका दी गई है, उसमें लिखा है—

प्राकृतस्य तु सर्वम् एव संस्कृतम् योनिः । ९।२

अन्य व्युत्पत्तियों के लिए सोलहवां पारााग्राफ देखिए।

§ २—गीतगोविन्द ५-२ की नारायण द्वारा जो 'रसिकसर्वस्व' टीका लिखी गई है, उसमें कहा गया है—

संस्कृतात् प्राकृतम् इष्टम् ततोऽपभ्रंश भाषणम् ।

अर्थात् 'ऐसा माना जाता है कि संस्कृत से प्राकृत निकली है और प्राकृत से अपभ्रंश भाषा जनमी है'*। शकुन्तला ९-१०^५ की टीका करते हुए 'शंकर' ने साफ लिखा है—

संस्कृतात् प्राकृतम् श्रेष्ठम् ततोऽपभ्रंश भाषणम् ।

अर्थात् 'संस्कृत से श्रेष्ठ (भाषा) प्राकृत आई है और प्राकृत से अपभ्रंश भाषा निकली है।'†

दण्डिन् के काव्यादर्श १-३४ के अनुसार महाराष्ट्री श्रेष्ठ प्राकृत है (§ १२)—

महाराष्ट्राश्रयाम् भाषाम् प्रकृष्टम् प्राकृतं विदुः ।

इसका कारण यह है कि ये भारतीय विद्वान् ऐसा समझते थे कि संस्कृत महाराष्ट्री प्राकृत के बहुत निकट है। भारतीय जब कभी साधारण रूप से प्राकृत का जिक्र करते हैं तब उनका प्रयोजन प्रायः सर्वदा महाराष्ट्री प्राकृत से होता है। ऐसा माना जाता है कि महाराष्ट्री वह भाषा है जो दूसरी प्राकृत भाषाओं का आधार है, और वह देशी वैयाकरणों द्वारा लिखे गये प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों में सर्वप्रथम स्थान पाती है। सबसे पुराने वैयाकरण 'वररुचि' ने ९ अध्याय और ४२४ सूत्र में महाराष्ट्री का व्याकरण दिया है तथा उसने जो अन्य तीन प्राकृत भाषाओं के व्याकरण दिये हैं, उनके नियम एक-एक अध्याय में, जिनमें क्रमशः १४, १७ और ३२ नियम हैं, समाप्त कर दिये हैं। वररुचि ने अन्त में (१२, ३२) लिखा है कि जिन जिन प्राकृत भाषाओं के विषय में जो बात विशेष रूप से न कही गई हो, वह महाराष्ट्री के समान ही मानी जानी चाहिए—

शेषम् महाराष्ट्रीवत् ।

अन्य वैयाकरण भी ऐसी ही बात लिखते हैं।

* पिशल साहब का यह अर्थ ठीक नहीं जंचता; क्योंकि 'इष्टम' का अर्थ 'निकलना' नहीं होता, इष्टम् का अर्थ स्पष्ट है। यहां यह तात्पर्य है कि संस्कृत से प्राकृत मनोहर और प्रिय है और प्राकृत से भी प्यारी बोली अपभ्रंश भाषा है। प्राकृत कवि 'स्वयंभू' ने साफ लिखा है— "देसी भासा उमय तडुज्जल" अर्थात् अपभ्रंश भाषा संस्कृत और प्राकृत से भी उज्ज्वल है।—अनु०

† इस पद का अर्थ भी 'पिशल' ने ठीक नहीं दिया है। इसका तात्पर्य स्पष्ट है कि संस्कृत से प्राकृत श्रेष्ठ है और प्राकृत से भी उत्तम अपभ्रंश है।—अनु०

१. पिशल द्वारा लिखे गये डी ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज, १—२. लास्सन इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए पेज, ७। म्यूर ओरिजिनल संस्कृत टेक्स्टस्. २, २, पेज ४३ और आगे—३. मार्कण्डेय पन्ना ४। ४ वररुचि ने १०,२;११,२ में इससे भिन्न मत दिया है। म्यूर के उक्त स्थल की तुलना करें।

§ ३—प्राकृत के रूप के विषय में व्यापक रूप से हमें क्या समझना चाहिए? इस विषय पर भारतीय आचार्यों के विचार भिन्न-भिन्न और कभी-कभी परस्पर विरोधी भी हैं। वररुचि के मत से महाराष्ट्री, पैशाची, मागधी और शौरसेनी प्राकृत भाषाएँ हैं। हेमचन्द्र इनके अलावा आर्य, चूलिका, पैशाचिक और अपभ्रंश को भी प्राकृत भाषाएँ मानता है। त्रिविक्रम, सिंहराज, नरसिंह और लक्ष्मीधर भी उक्त भाषाओं को प्राकृत समझते हैं: पर त्रिविक्रम आर्षम् भाषा को प्राकृत भाषा नहीं मानता। सिंहराज, नरसिंह और लक्ष्मीधर इस भाषा का उल्लेख ही नहीं करते। मार्कण्डेय का कहना है कि प्राकृत भाषाएँ चार प्रकार की हैं—भाषा, विभाषा, अपभ्रंश और पैशाच। वह भाषाओं में निम्नलिखित प्राकृत भाषाओं को गिनता है—महाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, अवन्ती और मागधी। वह एक स्थान पर किसी नामहीन लेखक[1] के विरुद्ध लिखते हुए यह बात बताता है कि अर्द्धमागधी शौरसेनी से दूर न रहनेवाली मागधी ही है। दाक्षिणात्या प्राकृत के विशेष लक्षणवाली 'प्राकृत' भाषा नहीं है और बाह्लीकी भी ऐसी ही है। ये दोनों भाषाएँ मागधी के भीतर शामिल हैं। वह विभाषाओं में शाकारी, चाण्डाली, शाबरी, आभीरिकी, शाक्की आदि सत्ताइस प्रकार की अपभ्रंश भाषाओं के केवल तीन भेद करता है अर्थात् नागर, व्राचड और उपनागर। वह ग्यारह प्रकार की पैशाची बोलियों को तीन प्रकार की नागर भाषाओं के भीतर शामिल कर लेता है—कैकेय, शौरसेन और पांचाल[2]। रामतर्कवागीश[3] भी प्राकृत भाषाओं और अपभ्रंश के इसी प्रकार के भेद करता है; किन्तु सब वैयाकरण महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी और पैशाची को प्राकृत भाषाएँ मानते हैं।

१. जैसा कई विद्वान समझते हैं कि यह नामहीन लेखक 'भरत' है, मुझे ठीक नहीं जँचता। यद्यपि विभाषा पर उक्त श्लोक भारतीय नाट्यशास्त्र १७–४९ से बिलकुल मिलता-जुलता है; पर और सूत्र 'भरत' से भिन्न हैं। यह उद्धरण पीटर्सन की तीसरी रिपोर्ट के ३४६ और उसके बाद के पन्नों में छपी हुई कृष्ण पण्डित की 'प्राकृतचंद्रिका' में भी आया है। इस विषय पर लास्सन की इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए पेज २१ में रामतर्कवागीश की पुस्तक से इसकी तुलना करने योग्य है—२. यह, इस पुस्तक का कुछ अंश जो औफरेष्ट ने औक्सफोर्ड से प्रकाशित अपने काटालोगुस काटालोगोरुम के पेज १८१ में प्रकाशित किया है, उससे लिया गया है—३. लास्सन इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए, पेज १९ से २३; इस विषय पर क्रमदीश्वर ५,९९ और भारतीय नाट्यशास्त्र १७,४८ तथा उसके बाद के पेज तुलना करने योग्य हैं।

§ ४—'वररुचि' अपभ्रंश का नाम नहीं लेता (§ ३); पर इससे लास्सन[1] की भाँति इस निदान पर पहुँचना कि अपभ्रंश भाषा वररुचि[2] के बाद चली है, भ्रमपूर्ण है। वररुचि ने अपभ्रंश का उल्लेख नहीं किया है, इसलिए ब्लौख[3] की भाँति 'वररुचि' पर यह दोष मढ़ना कि उसके ग्रंथ में छिछलापन और तथ्यों के विपरीत बातें लिखी गई हैं, भूल है। वररुचि के ऐसा लिखने का कारण यह है कि वह अन्य वैयाकरणों के साथ-साथ यह मत रखता है कि अपभ्रंश भाषा प्राकृत नहीं है, जैसा कि 'रुद्रट' के 'काव्यालंकार' २–११ पर टीका करते हुए 'नमिसाधु' ने स्पष्ट लिखा है कि कुछ लोग तीन भाषाएँ मानते थे—प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश—

यद् उक्तम् कैश्चिद् यथा। प्राकृतम् संस्कृतम् चैतद् अपभ्रंश इति त्रिधा।

इन विद्वानों में एक दण्डिन भी है जो अपने 'काव्यादर्श' के १–३२ में चार प्रकार की साहित्यिक कृतियों का उल्लेख करके, उनके भेद बताता है। ये कृतियाँ संस्कृत अथवा प्राकृत या अपभ्रंश में लिखी गई हैं और ये ग्रन्थ एक से अधिक भाषाओं में निर्मित किये गये। ऐसे ग्रंथों को दंडिन मिश्र[4] भाषा में लिखे गये, बताता है। काव्यादर्श के १–३६ के अनुसार दंडिन यह मानता है कि आभीर आदि भाषाएँ अपभ्रंश हैं और केवल उस दशा में इन्हें अपभ्रंश भाषा कहना चाहिए जब कि ये काव्यों के काम में लाई जाती हों; पर शास्त्रों में अपभ्रंश भाषा वह है जो संस्कृत से भिन्न हो। मार्कण्डेय अपनी पुस्तक के (पन्ना २) एक उद्धरण में आभीरों की भाषा को विभाषाओं (§ ३) में गिनता है और साथ ही उसे अपभ्रंश भाषाओं की पंक्ति में भी रखता है। उसने पाञ्चाल, मालव, गौड़, ओड्र, कालिङ्ग, कार्णाटक, द्राविड़, गुर्जर आदि २६ प्रकार की अपभ्रंश भाषाओं का उल्लेख किया है। उसके अनुसार अपभ्रंश भाषाओं का तात्पर्य जनता की भाषाओं से है, भले ही वे आर्य या अनार्य व्युत्पत्ति की हों। इस मत के विरुद्ध 'रामतर्कवागीश' यह लिखता है कि विभाषाओं को अपभ्रंश नाम से न कहना चाहिए, विशेषकर उस दशा में जब कि वह नाटक आदि के काम में लाई जायँ। अपभ्रंश तो वे भाषाएँ हैं जो जनता द्वारा वास्तव में बोली जाती रही होंगी*। बौल्लेनसेन द्वारा १८४६ में सेन्ट पीटर्सबुर्ग से प्रकाशित 'विक्रमोर्वशी' के पृष्ठ ५०९ में 'रविकर' का जो मत उद्धृत किया गया है। उसमें दो प्रकार के अपभ्रंशों का भेद बताया गया है। उसमें यह कहा गया है कि एक ढंग की अपभ्रंश भाषा प्राकृत से निकली है और वह प्राकृत भाषा के शब्दों और धातुरूपों से बहुत कम भेद रखती है तथा दूसरी भाँति की भाषा देशभाषा[5] है जिसे जनता बोलती है। एक ओर संस्कृत और प्राकृत में व्याकरण के नियमों का पूरा-

* हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि सब प्रकार की जो प्राकृत भाषाएँ जनता द्वारा नाना प्रान्तों में बोली जाती थीं, हमारी हिन्दी उनकी उपज है; किंतु प्राकृत ग्रंथों की 'साधु भाषा' में बोली जानेवाली भाषा कम मिलती है। स्वयं अपभ्रंश भाषा के ग्रंथों में प्रचलित भाषा को व्याकरण-सम्मत बनाने के प्रयत्न में लेखकों ने साहित्यिक भाषा का रूप देकर उसे इतना सँवारा कि 'साधु' और 'प्रचलित' दो भिन्न भाषाएँ बन गईं, जिनमें बहुत कम साम्य रह गया। इसपर भी प्राकृत तथा अपभ्रंश में हिंदी के व्याकरण का इतिहास स्पष्ट रूप से मिलता

पूरा पालन किया जाता है। दूसरे प्रकार की अपभ्रंश भाषा में जनता की बोली और मुहावरों का प्रयोग रहता है। पुराने 'वाग्भट' ने भी अपभ्रंश के इन दो भेदों का वर्णन किया है। 'वाग्भटालंकार' के २-१ में उसने लिखा है कि चार प्रकार की भाषाएँ हैं अर्थात् संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और भूतभाषित अथवा पैशाची तथा २-३ में लिखा है कि भिन्न-भिन्न देशों की विशुद्ध भाषा वहाँ की अपभ्रंश भाषा है।

अपभ्रंशस् तुयच् छुद्धम्तत्तद्देशेषु भाषितम्।

नया वाग्भट अलंकारतिलक के १५-३ में संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और ग्राम्य-भाषा के भेद बताता है। वलभी की एक प्रस्तरलिपि में 'गुहसेन' की यह प्रशस्ति गाई गई है कि वह संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश—इन तीन भाषाओं में अनायास ही ग्रन्थों का निर्माण कर सकता था (इण्डियन ऐण्टीक्वैरी १०,२८४)। 'रुद्रट' ने 'काव्यालंकार' के २-१२ में ६ भाषाओं का उल्लेख किया है—प्राकृत, संस्कृत, मागधभाषा, पिशाचभाषा, शौरसेनी और अपभ्रंश। इस अपभ्रंश भाषा के बारे में उसने कहा है कि देश-भेद से इसके नाना रूप हो जाते हैं—

षष्ठोऽत्र भूरि भेदो देशविशेषाद् अपभ्रंशः।

अमरचन्द्र ने 'काव्यकल्पलता' की वृत्ति के पृष्ठ ८ में छः प्रकार की भाषाओं का यही भेद बताया है।

१ इण्डिशे आल्टरटूम्सकुण्डे दूसरा वर्ष, दूसरा खंड, पृष्ठ ११६९—२. वेबर, इण्डिशे स्टूडिएन २,५७; पिशल, कून्स बाइत्रैगे ८,१४५—३. वररुचि उण्ट हेमचन्द्र नामक ग्रन्थ के पृष्ठ १४ और उसके बाद के पृष्ठ जो कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३३,३२९ पृष्ठ और उसके बाद के पृष्ठों में छापा गया था—यह पुस्तक जर्मनी के ग्यूटर्सलोह नामक स्थान से १८९३ में प्रकाशित हुई थी—४. दण्डिन का अनुसरण कविचन्द्र ने अपनी 'काव्यचंद्रिका' में किया है। यह पुस्तक लास्सन के इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए के पेज ३२ से छपी है। भाषाओं की यह संख्या भोजदेव के सरस्वती-कंठाभरण २-७ पेज ५६ में बहुत अस्पष्ट है—५. लास्सन इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लि० प्रा० के २१ तथा उसके बाद के पृष्ठों में छपी है। इस संबंध में म्यूर के ओरिजिनल सैंस्कृत टेक्सटस्, दूसरे खंड के दूसरे भाग का पृष्ठ ४६ देखिए—६. संस्कृतम्, प्राकृतम् और देशभाषा सोमदेव के लिए (कथासरित्सागर ६,१४८) मनुष्य जाति की तीन भाषाएँ हैं। उसने लिखा है **भाषात्रयम् यन्मनुष्येषु संभवेत्।** इस संबंध में 'क्षेमेन्द्र' की 'बृहत्कथामंजरी' ६–४७ और ५२ देखें।

है और विशुद्ध हिंदी शब्दों की व्युत्पत्ति भी उनमें मिलती है; क्योंकि जो शब्द वैदिक रूप में तथा संस्कृत से घिसते-मँजते प्राकृत यानी जनता की बोली के काम में आने लगे, उनका रूप बहुत बदल गया और कुछ का रूप ऐसा हो गया है कि पता नहीं लगता कि ये देशज थे या संस्कृत। इनका शोध संस्कृत द्वारा नहीं, प्राकृतों के अध्ययन और ज्ञान से सरल हो जाता है।—अनु०

§ ५—इन मतों के अनुसार अपभ्रंश का तात्पर्य उन बोलियों से है, जिन्हें भारत की जनता अपनी बोलचाल के काम में लाती थी। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि इन अपभ्रंश बोलियों में बहुत प्राचीन समय से ही नाना प्रकार की साहित्यिक कृतियाँ लिखी जाती थीं। इन बोलियों में नाटक लिखे जाते होंगे, इस बात का प्रमाण भारतीय नाट्यशास्त्र १७–४६ से मिलता है। इसमें नाटक के पात्रों को यह आज्ञा दी गई है कि नाटकों की भाषा, शौरसेनी के साथ-साथ, अपनी इच्छा के अनुसार वे अन्य कोई भी प्रान्तीय भाषा काम में लावें—

शौरसेनम् समाश्रित्य भाषा कार्या तु नाटके।
अथवा छन्दतः कार्या देश भाषा प्रयोक्तृभिः॥

यहाँ कालिदास, भवभूति आदि महाकवियों के समय के नाट्यशास्त्र के नियमों से सर्वांगसुसज्जित नाटकों के विषय में नहीं लिखा गया है; बल्कि जनता द्वारा खेले जानेवाले उन नाटकों का उल्लेख है, जिन्हें बंगाल में 'जात्रा' और उत्तर भारत में रास आदि कहा जाता है। ये वही नाटक हैं जो अल्मोड़ा* और नेपाल में भी जनता द्वारा जनता के आमोद-प्रमोद के लिए खेले जाते हैं और जिनका एक नमूना 'हरिश्चन्द्र नृत्यम्' के रूप में जर्मनी में प्रकाशित हुआ है। इस अपभ्रंश को कभी किसी ने प्राकृत नहीं बताया है। यह वह अपभ्रंश भाषा है जो 'दण्डिन्' के अनुसार काव्य के काम में लाई जाती थी; और जो 'रविकर' के मतानुसार प्राकृत से नाम मात्र को भिन्न होती थी (§ ४) तथा जिसका सम्बन्ध प्राकृत के साथ रहता था (§ २)। यह वह अपभ्रंश है जिसे पिंगल और दूसरे व्याकरणों में प्राकृत वैयाकरणों ने उल्लिखित किया है (§ २९)। भारतीय विद्वान् प्राकृत भाषाओं को केवल साहित्यिक भाषाएँ समझते हैं। 'मृच्छकटिक' की टीका की भूमिका में 'पृथ्वीधर' (गौडबोले द्वारा सम्पादित बम्बई में छपे संस्करण के पृष्ठ ४९३ में) स्पष्ट शब्दों में कहता है—

महाराष्ट्र्यादयः काव्य एव प्रयुज्यन्ते।

हेमचन्द्र ने २–१७४ पृष्ठ ६८ में उन शब्दों का वर्णन किया है, जिनका प्रयोग प्राचीन कवियों ने नहीं किया था (पूर्वैः कविभिः) और जिनका प्रयोग कवियों को न करना चाहिए। दण्डिन् ने 'काव्यादर्श' के १–३५ में लिखा है कि नाटक के पात्रों की बातचीत में शौरसेनी, गौडी, लाटी और इस प्रकार की अन्य भाषाएँ प्रयोग में लाई जा सकती हैं, और 'रामतर्कवागीश' ने लिखा है कि जब नाटक के आदि में विभाषाएँ काम में लाई जायँ तब उन्हें अपभ्रंश भाषा न कहना चाहिए। इस प्रकार हमें एक भाषा शौरसेनी-अपभ्रंश के रूप में मिलती है जो शूरसेन प्रदेश में जनता की बोली रही थी। आजकल इसकी परम्परा में गुजराती

* अल्मोड़े में आज भी गाँव-गाँव में रामलीला नाटक खेला जाता है। प्रायः सौ वर्ष पहले यह स्थानीय बोली में किया जाता था, किंतु इस समय इसकी बोली हिंदी हो गई है। फिर भी नवरात्र के अवसर पर आश्विन मास में कुमाऊँ भर में इसकी जो धूम रहती है और जनता इसमें जो रस लेती है, वह देखने योग्य है। अनु०

और मारवाड़ी[*] भाषाएँ हैं और एक शौरसेनी प्राकृत भी मिलती है, जो कृत्रिम भाषा थी और नाटकों के गद्य में काम में लाई जाती थी। इसकी सारी रूपरेखा संस्कृत से मिलती है; किन्तु शौरसेनी-अपभ्रंश में भी आत्म-संवेदनामय कविता लिखी जाती थी और आत्म-संवेदनामय कविता की मुख्य प्राकृत भाषा में—महाराष्ट्री के ढंग पर—गीत, वीर रस की कविताएँ आदि रची जाती थीं; पर इसमें बोली के मुहावरे आदि मुख्य अंग वैसे ही रहते थे जैसे जनता में प्रचलित थे। हेमचन्द्र ने ४,४४६ में इसका एक उदाहरण दिया है—

कंठि पालम्बु किदु रदिए,*

शौरसेनी प्राकृत में इसका रूप—

कंठे पालंबं किदं रदीए,

पर महाराष्ट्री में इसका रूप होता है—

कंठे पालंबं कअम् रईए।

इसमें 'द' के स्थान पर 'अ' आ जाता है। 'हेमचन्द्र' ने भूल से अपभ्रंश में भी शौरसेनी के नियम लागू कर दिये हैं (§ २८)। इसी तरह एक महाराष्ट्र-अपभ्रंश[†] भाषा भी थी। इसकी परम्परा में आजकल की बोली जानेवाली मराठी[८] है और एक महाराष्ट्र-प्राकृत भी थी; जिसे वैयाकरण महाराष्ट्री कहते हैं। एक भाषा मागध-अपभ्रंश भी थी जो लाट बोली के द्वारा धीमे-धीमे आजकल के बिहार और पश्चिमी बंगाल की[९] भाषा बन गई है और एक मागध-प्राकृत भी थी जिसे वैयाकरण मागधी[१०] कहते हैं। पैशाची भाषा के विषय में २७ वाँ पाराग्राफ देखिए और आर्ष भाषा के सम्बन्ध में १६ वाँ।

१. विल्सन की 'सीलेक्ट स्पीसिमेन्स ऑफ द थियेटर ऑफ द हिन्दूज' खण्ड २ भाग ३, पेज ४१२ और उसके बाद के पेज; निशिकान्त चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित 'इंडिशे एसेज' (ज्यूरिच १८८३) पृष्ठ १ और उसके बाद—२. एफ० रोजन द्वारा लिखित 'डी इन्द्रसभा डेस अमानत' (लाइपत्सिख १८९२), भूमिका—३. ओल्डनबुर्ग, 'जापिस्की वौस्तोच्नागो ओतदेलेनिया इम्पराटोरस्कागो रुस्कागो आरकेओलोजिचेस्कागो ओब्श्चैस्था' ५,२९० और

* रति ने गले में (अभी-अभी फिर) लम्बी माला डाल दी। —अनु०

† जो प्राकृत, महाराष्ट्री नाम से है, वह सारे भारत-राष्ट्र में गाथाओं में काम में लाई जाती थी। भले ही लेखक कश्मीर का हो अथवा दक्षिण का, गाथाओं में काम में यह प्राकृत लाता था। इसलिए महाराष्ट्री को महाराष्ट्र तक सीमित रखना या यह समझना कि यह महाराष्ट्र की जनता या साहित्यिकों की ही बोली रही होगी, भ्रामक है। महाराष्ट्र का पुराना नाम महरयाड़ा था जिसका रूप आज भी मराठा है। इसकी स्थानीय बोली भिन्न थी, जो कई स्थानीय प्रयोग के मराठी शब्दों से आज भी प्रमाणित होती है। मराठी में जो आँख को डोला, कमरे को खोली, निचले भाग को खाली आदि कहते हैं, वे शब्द मराठी देशी प्राकृत के हैं जिसे यहाँ पिशल ने देशी अपभ्रंश कहा है। तुलसीदास ने मुह या वचन को 'बयन' कहा है, यह महाराष्ट्री प्राकृत 'वअन' का रूप है। —अनु०

बाद के पेज—४. क्लास—'दे ब्रेवेन्तिस चाणक्याये पोएटाए इण्डिचि सेंटेंटिइस' (हाल्ले, १८७३) पृष्ठ १ और उसके बाद; पिशल, 'काटालोग डेर बिब्लिओटेक डेर डी० एम० जी०' (लाइपत्सिख १८८१) २,५ वाँ और उसके बाद—५. डास हरिश्चन्द्रनृत्यम्। आइन आल्टनेपालेर्जाशेस तान्त्सस्पील। (लाइपत्सिख १८९१ में आ० कोन्राडी द्वारा प्रकाशित)—६. इसमें ललित दीक्षित का वह उद्धरण आया है जो गौडबोले द्वारा सम्पादित पुस्तक के पृष्ठ १ में दिया गया है—७. आकाडेमी १८७३ के पृष्ठ ३९८ में पिशल का लेख; होएर्नले का 'कौम्पैरेटिव ग्रैमर' की भूमिका का पृष्ठ २५—८. गार्रेज का 'जूर्नाल आशियाटीक' ६,२० पेज २०३ और उसके बाद का लेख (पैरिस १८७२); यह बात होएर्नले ने अपने 'कौम्पैरेटिव ग्रैमर' में अशुद्ध दी है—९. होएर्नले की 'कौम्पैरेटिव-ग्रैमर' की भूमिका पेज २४। मैंने ऊपर दी गई 'आकाडेमी' पत्रिका में भूल से लिखा था कि पाली मागध की अपभ्रंश है, इसके विरुद्ध कून ने अपने 'बाइत्रैगे त्सूर पाली ग्रामाटीक' (बर्लिन १८७५) के पृष्ठ ८ में ठीक ही लिखा था। यह भूल मैंने १८७५ के 'येनाएर लीतेरातूर त्साइटुंग' के पेज ३१६ में स्वीकार की है—१०. 'आकाडेमी', १८७३ के पृष्ठ ३७९ और उसके बाद के पृष्ठों में जो सिद्धान्त मैंने स्थिर किया था, उसको मैंने कई प्रकार से और भी पुष्ट कर दिया है। मेरा ही जैसा मत होएर्नले ने भी अपने 'कौम्पैरेटिव ग्रैमर' की भूमिका के १७ वें और उसके बाद के पृष्ठों में प्रकट किया है। किन्तु मैं कई छोटी-छोटी बातों में उससे मतभेद रखता हूँ जैसा कि नीचे लिखे गये पारापाओं से स्पष्ट है। 'गौडवहो' की भूमिका के पृष्ठ ५५ और उसके बाद के पृष्ठों में शंकर पांडुरंग पंडित ने अपभ्रंश और प्राकृत को अदल-बदल दिया है।

§ ६—प्राकृत भाषाएँ वास्तव में कृत्रिम और काव्य की भाषाएँ हैं, क्योंकि इन भाषाओं को कवियों ने अपने काव्यों के काम में लाने के प्रयोजन से, बहुत तोड़-मरोड़ और बदल दिया। किन्तु वह इस अर्थ में तोड़ी-मरोड़ी हुई या कृत्रिम भाषाएँ नहीं हैं कि हम यह समझें कि वे कवियों की कल्पना की उपज हों[1]। इनका ठीक वही हिसाब है जो संस्कृत का है, जो शिक्षित भारतीयों की सामान्य बोलचाल की भाषा नहीं है और न इसमें बोलचाल की भाषा का पूरा आधार[2] मिलता है; किन्तु अवश्य ही यह जनता के द्वारा बोली गई किसी 'भाषा' के आधार पर बनी थी और राजनीतिक या धार्मिक इतिहास की परम्परा के कारण यह भारत की सामान्य साहित्यिक भाषा बन गई[3]। भेद इतना है कि यह पूर्णतया असंभव है कि सब प्राकृत भाषाओं को संस्कृत की भाँति एक मूल भाषा तक पहुँचाया जाय। केवल संस्कृत को ही इसका मूल समझना, जैसा कि कई विद्वान समझते हैं और इन विद्वानों में होएफर[4], लास्सन[5], भंडारकर[6], याकोबी[7] भी शामिल हैं, भ्रमपूर्ण है। सब प्राकृत भाषाओं का वैदिक व्याकरण और शब्दों का नानास्थलों में साम्य है और ये बातें संस्कृत में नहीं पाई जातीं। ऐसे स्थल निम्नलिखित हैं—संधि के नियम बिलकुल भिन्न हैं। स्वरों के बीच के ड और ढ का ळ और ळ्ह हो जाता है; —सण का वैदिक

रूप -त्वन´ होता है;* स्वर-भक्ति। स्त्रीलिंग का षष्ठी एकवचन का रूप -आए होता है; जो वैदिक -आयै से निकला है। तृतीया बहुवचन का रूप-एहिं वैदिक-एभिः से निकला है। आज्ञावाचक होहि = वैदिक बोधि है। ता, जा, एत्थ = वैदिक तात्, यात्, इत्था; कर्मणि ते, मे वैदिक हैं; अम्हे = वैदिक अस्मे के; प्राकृत पास्तो(आँख) = वैदिक पश्´ के; अर्धमागधी वग्गूहिं = वैदिक वग्नुभिः; सद्धिं =वैदिक सध्रीम् के; अपभ्रंश दिवें दिवे˘ = वैदिक दिवे, दिवे; जैन शौरसेनी और अपभ्रंश किध, अर्धमागधी और अपभ्रंश किह = वैदिक कथा के; माइं = वैदिक माकीम्; णाइम् = वैदिक नाकीम्; अर्धमागधी विऊ = वैदिक विदुः[10]; मागधी -आहो, -आहु;अपभ्रंश आहों = वैदिक आसः; मागधी, जैन-महाराष्ट्री, अपभ्रंश कुणइ, जैन-शौरसेनी कुणदि = वै० कृणोति के; अर्धमागधी, जैन-महाराष्ट्री सक्का = वैदिक शक्यात् के; अपभ्रंश साहु = वैदिक शाश्वत् के; अर्धमागधी घिंसु = वैदिक घ्रंस के; खं-भ = वै० स्कं-भ, मागधी, अर्धमागधी जैन-महाराष्ट्री, और शौरसेनी रुक्ख (रूक्ख)=वैदिक रुक्ष के हैं; भविष्यकाल वाचक सोच्छं का संबंध वैदिक श्रुष् से है। अर्धमागधी सामान्य रूप (intnitive) जिसके अन्त में -अए, -त्तए = वैदिक -तवै; अर्धमागधी शब्द जिनका अर्थ 'करके' होता है; जैसे- -प्पि, -पि,-वि = वैदिक -त्वी = वे शब्द -प्पिणु में समाप्त होते हैं, वे = वैदिक -त्वीनं आदि-आदि, जो इस व्याकरण में प्रासंगिक स्थलों पर दिये गये हैं। केवल एक यह बात सिद्ध करती है कि प्राकृत का मूल संस्कृत को बताना संभव नहीं है और भ्रमपूर्ण है[11]।

१. बीम्स का 'कम्पैरेटिव ग्रैमर ऑफ द मौडर्न एरियन लैंग्वेजेज', खण्ड १, पेज २०१; २२३; सौरेन्सेन कृत 'औम सांस्कृत्स स्टिलिङ्ग इ डेन आलमिंडे-लिगे स्प्रोगउडविक्लिङ्ग इ इण्डियन' (प्योबनहाम [कोपनहागन] १८९४), पेज २१० और उसके बाद के पृष्ठ— २. फ्रांके 'बेत्सेनबर्गर्स बाइत्रैगे त्सूर कुंडे डेर इंडोगर्मानिशन स्प्राखन' १७, ७१। मुझे इस बात पर सन्देह है कि सारे आर्यावर्त में कभी कोई ऐसी भाषा रही होगी, जिसे सभी शिक्षित भारतवासी बोलते होंगे। इस विषय पर वाकरनागल की 'आल्टइंडिशे ग्रामाटीक' की भूमिका के पृष्ठ ४२ का नोट नं० ७ देखने योग्य है— ३. मैंने 'गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन' १८८४ के पेज ५१२ में अपना यह निदान प्रकट किया है कि साहित्यिक संस्कृत का आधार ब्रह्मावर्त की बोली है— ४.'डे प्राकृत डिआ-लेक्टो' पाराग्राफ ८— ५. लास्सन कृत 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस०' पृष्ठ २५ और इसके बाद; इंडिशे आल्टरटूम्स कुंडे २, २, ११६२, नोट पाँचवाँ— ६. जोर्नाल ऑफ द बौम्बे ब्रांच ऑफ द एशियैटिक सोसाइटी १६, ३१५— ७. 'कुन्स त्साइटश्रिफ्ट' २४, ६१४ जिसमें लिखा गया है कि 'पाली और प्राकृत मोटे

* इस त्वन का त्तण बनकर हिंदी में पन या प्पन बन गया। जैसे-छुटपन, बड़प्पन आदि। अतः हिंदी का आधार केवल संस्कृत या मुख्यतः संस्कृत मानना भूल है। हिंदी के अनेक शब्द प्राकृतों और देशी-अपभ्रंशों द्वारा वैदिक बोलियों से आये हैं। इसका प्रमाण इस ग्रंथ में नाना स्थलों पर दिया गया है।—अनु०

हिसाब से संस्कृत के नये रूप हैं'— ८. फौन ब्राडके, 'त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शन मौर्गेनलैण्डिशन गेजैलशाफ्ट ४०, ६७२— ९. पिशल और गेल्डनर 'वेदिशे स्टूडियन' १, भूमिका के पृष्ठ ३१ का नोट २— १०. 'वेदिशे स्टूडियन' २, २३५ और उसके बाद के पृष्ठ— ११ इस विषय पर वेबर ने 'इंडिशे स्टूडियन' १११ में जो लिखा है कि प्राकृत भाषाएँ प्राचीन वैदिक बोली का विकास नहीं हैं, इसका तात्पर्य है कि वह अपनी भूल में बहुत आगे बढ़ गया है। § ९ देखिए।

§ ७. जितना घना सम्बन्ध प्राकृत भाषाओं का वैदिक बोली के साथ है, उतना ही घना सम्बन्ध इनका मध्यकालीन और नवीन भारतीय जनता की बोलियों से है। ईसा के जन्म से पूर्व दूसरी सदी से लेकर ईसवी सन् की तीसरी सदी तक जो प्रस्तर-लेख गुफाओं, स्तूपों, स्तम्भों आदि में मिलते हैं, उनसे सिद्ध होता है कि उस समय जनता की एक भाषा ऐसी थी जो भारत के सुदूर प्रान्तों में भी समान रूप से समझी जाती थी। फ्रेंच विद्वान् 'सेनार' ने इन प्रस्तरलेखों की भाषा को 'स्मृतिस्तम्भों की प्राकृत' कहा है[१]। यह नाम भ्रमपूर्ण है; क्योंकि इससे यह अर्थ निकलता है कि यह भाषा सोलह आने कृत्रिम भाषा रही होगी। इस मत को मानने के लिए उतने ही कम प्रमाण मिलते हैं जितने कि डच विद्वान् 'कर्न' के इस मत के लिए कि पाली में कृत्रिम भाषा का रूप देखना चाहिए। चूँकि गुफाओं में अधिकांश प्रस्तर-लेख इस बोली में पाये जाते हैं, इसलिए मेरा सुझाव है कि इस बोली का नाम 'लेण' बोली रखा जाय। 'लेण' का अर्थ गुफा है। यह शब्द संस्कृत **लयन** से निकला है जो इन प्रस्तर-लेखों में बहुधा पाया जाता है। ऐसा ही एक शब्द **लाट** है जो प्राकृत में **लट्ठी** कहा जाता है और संस्कृत में **यष्टि** (स्तम) है। ये बोलियाँ संस्कृत की परंपरा में नहीं हैं, बल्कि संस्कृत की 'बहन-बोलियों से निकली हैं', और इनकी विशेषताएँ प्राकृतों में बहुतायत से देखने में आती हैं। अशोक के पहले स्तम्भ में से कुछ उदाहरण यहाँ देता हूँ। 'गिरनार' के इस प्रस्तर-लेख में **लिख्** धातु से बना हुआ रूप **लेखापिता** मिलता है और शाहबाजगढी में **लिखापितु**, जौगड़ में **लिखापिता** तथा मनशेरा में (**ल्**) **इखरित है**। व्यञ्जनों में समाप्त होनेवाले धातुओं के ऐसे ही रूप 'लेण' बोली में मिलते हैं—ब (ँ) **धापयति, कीडापयति, पीडापयति,** ब (˙) **दापयति** (हाथी गुंफा के प्रस्तर-लेख पृष्ठ १५५, १५८, १६०, १६३)[१]; इसी प्रकार पाली **लिखापेति** और **लिहाविय** ६३, ३१'औसगेवैल्ते एर्सेलुंगन इन महाराष्ट्री, इसका प्रयोग प्राकृत में बहुत किया जाता है। (§५५२); अशोक का **लिखापित** जैन-महाराष्ट्री **लिहाविय** का प्रतिशब्द है। संपादक हरमान याकोबी, लाइप्त्सिख १८८६), अशोक के स्तम्भों का **लिखापइस्सं** (गिरनार १४, ३), मागधी **लिहावइस्साम** (मृच्छकटिक १३६, २१)। **हु** (हवन करना) से **प्र** के साथ **प्रजूहितव्यम्** से मालूम होता है कि इसमें पाली और प्राकृत में प्रचलित रीति के अनुसार वर्तमान काल के धातु का विस्तार हो गया है। 'गिरनार' के स्तम्भ में **समाजम्हि और महानसम्हि** सप्तमी में है जिसमें सर्वनामों के अंत में लगनेवाला सप्तमी बतानेवाला पद **म्हि** संज्ञा के साथ जोड़ दिया गया है। शाहबाजगढ़ी और खालसी के स्तम्भों में यह रूप **महनशसि, महानशसि** अर्थात् **महानशंसि** दिया गया है।

'लेण' बोली में ज (ं) बुधिपम्हि (कार्ले के प्रस्तर-लेख, संख्या १)[5], **थुबम्हि, स्तूपे**[6] के स्थान में आया है। **अनुगामिम्हि** (नासिक के प्रस्तर-लेख संख्या ६)[7], **तिरण्हुम्हि** (नासिक संख्या ११–१९)[8], इसमें **तिरण्हुमि** अर्थात् **तिरण्हुम्मि**[9] भी आया है। मागधी, जैन-महाराष्ट्री, जैन-शौरसेनी और अर्धमागधी भाषाओं में यह सप्तमी वाचक रूप **म्मि** और अर्धमागधी में ंसि लिखा जाता है। इसके अतिरिक्त **अस्ति** का बहुवचन में प्रयोग भी ध्यान देने योग्य है; क्योंकि प्राकृत में भी **अत्थि** बहुवचन में भी काम में आता है (देखो § ४९८); **से** शब्द के विषय में भी यही बात है। यह अर्धमागधी में आता है और वैदिक है। 'लेण' बोली के विषय में यह बात विशेष ध्यान देने योग्य है कि इसमें इ और उ में अन्त होनेवाले शब्दों के रूप षष्ठी में ध्यान देने योग्य हैं। इनका षष्ठी एकवचन **नो** और **स** अर्थात् **स्स** बोला जाता है जैसा कि प्राकृत में भी होता है। इन बातों तथा और बहुत-सी बातों में प्राकृत भाषाएँ मध्यकालीन भारतीय जनता की बोलियों से मिलती-जुलती हैं, और ये सब बातें संस्कृत में बिलकुल नहीं मिलतीं।

१. पियदासी के प्रस्तर-लेख २, ४८८ सोसेन्सन ने पेज १८७ में इसके अनुसार ही लिखा है— २. 'ओषर डे यारटेक्गि डेर शुद्धेलिके बुधिस्टन', आम्सटरडाम १८७३, पेज १४ और उसके बाद— ३. आक्ट यू सीज़ीएम कौंग्रैस ऑतरनास्सिओनाल देओरीऑतालिस्त', (लाइडन १८८५) ३, २— ४. पिशल, 'गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगन' १८८१, १३२१ पेज १३२१ और उसके बाद— ५. जेम्स बर्गेस और भगवान्लाल इन्द्रजी कृत इन्सक्रिप्शन्स फ्रौम द केव-टेम्पल्स औफ़ वेस्टर्न इंडिया', (बंबई १८८१) पेज २८— ६. सेनार की ऊपर उद्धृत पुस्तक २, ४७२— ७. 'आर्किओलौजिकल सर्वे औफ़ वेस्टर्न इंडिया, ४, १०१, १५४— ८. 'आर्किओलौजिकल सर्वे औफ वेस्टर्न इंडिया,' ४, १०६, ११४— ९.'आर्किओलौजिकल सर्वे औफ़ वेस्टर्न इंडिया' ४, ९९।

§ ८—आधुनिक भारतीय भाषाओं का सन्धिहीन रूप या पृथक्-करणशीलता की प्रवृत्ति देखकर प्राकृत और हिन्दी की विभक्तियों में, प्राकृत में विभक्तियाँ जुड़ी रहने और हिन्दी में अलग हो जाने के कारण, संज्ञा के इन रूपों में समानता दिखाना बहुत कठिन है। इसके विपरीत ध्वनि के नियमों और शब्द-सम्पत्ति में समानता बहुत साफ और स्पष्ट दिखाई पड़ती है। पतञ्जलि अपने व्याकरण-महाभाष्य १, पेज ५ और २१ तथा उसके बाद यह बताता है कि प्रत्येक शब्द के कई अशुद्ध रूप होते हैं। इन्हें उसने अपभ्रंश कहा है। उदाहरणार्थ—उसने **गौ** शब्द दिया है जिसके अपभ्रंश रूप **गावी, गोणी, गोता** और **गोपोतालिका** दिये हैं[1]। इनमें से **गावी** शब्द प्राकृत में बहुत प्रचलित है। जैन महाराष्ट्री में **गोणी** शब्द प्रचलित है और इसका पुँल्लिंग **गोणो** भी काम में आता है (§ ३९३)। पाणिनीय व्याकरण १, ३, १ की अपनी टीका में 'कात्यायन' **आणपयति** का उल्लेख करता है। इसमें 'पतञ्जलि' ने **वट्टति, वड्ढति** दो शब्द और जोड़े हैं। पाणिनि के ३, १, ९१ (२, ७४) सूत्र पर 'पतञ्जलि' ने **सुपति** शब्द दिया है जिसे 'कैयट' ने अस्पष्ट शब्दों में अपभ्रंश शब्द बताया है[2]। अशोक के प्रस्तर-लेखों में **आनपयति** शब्द आया है

(सेनार २, ५५९) और यही शब्द 'लेण' बोली में भी मिलता है (आर्किओलौजिकल सर्वे औफ वैस्टर्न इण्डिया ४,१०४;१२०); शौरसेनी और मागधी में इसके स्थान पर **आणवेदि** शब्द प्रचलित है और पाली में **आणपेति** शब्द चलता है। **वड्ढति, वड्ढति, सुपति** के लिए पाली में भी यही शब्द हैं। यह बात 'कीलहौर्न' ने पहले ही सूचित कर दी थी। प्राकृत भाषाओं में महाराष्ट्री, अर्ध-मागधी और जैन-महाराष्ट्री में **वड्ढइ**, जैन-शौरसेनी और शौरसेनी में **वड्ढदि** तथा महाराष्ट्री, अर्ध-मागधी और जैन-महाराष्ट्री में **वड्ढइ**, शौरसेनी में **वड्ढदि** (§ २८९ और २९१), महाराष्ट्री में **सुवई, सुअइ** और जैन-महाराष्ट्री में **सुयइ** (§ ४९७) होता है। भारतीय वैयाकरण और अलंकार-शास्त्र के लेखक प्राकृत की शब्द-सम्पत्ति को तीन वर्गों में बाँटते हैं (१) —**संस्कृतसम** अर्थात् ये शब्द संस्कृत शब्दों के समान ही होते हैं (चंड १,१, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस्, पेज ८०)। इन शब्दों को **तत्सम** यानी उसके समान भी कहते हैं। प्रयोजन यह है कि ये शब्द संस्कृत और प्राकृत में एक ही होते हैं (पिशल द्वारा सम्पादित त्रिविक्रम पेज २९; मार्कण्डेय पन्ना २; दण्डिन के काव्यादर्श १,३३२; धनिक के दशरूप २,६०), और वाग्भटालंकार २,२ में **तत्तुल्य** शब्द काम में लाया गया है और भारतीय 'नाट्यशास्त्रम्' में **समान** शब्द काम में आया है। सिंहराज **संस्कृतभव** यानी 'संस्कृत से निकला हुआ' शब्द काम में लाया है। इस शब्द को त्रिविक्रम, मार्कण्डेय, दण्डिन् और धनिक **तद्भव** कहते हैं। हेमचन्द्र ने १, १ में तथा चण्ड ने **तद्भव** के स्थान पर **संस्कृतयोनि** शब्द का व्यवहार किया है। 'वाग्भट' ने इसे **तज्ज** कहा है और 'भारतीय नाट्यशास्त्र' ने १७, ३ में **विभ्रष्ट** शब्द दिया है। हेमचन्द्र, त्रिविक्रम, सिंहराज, मार्कण्डेय और वाग्भट ने **देश्य** या **देशी** शब्द (देशी नाममाला, पेज १, २ दण्डिन् और धनिक), तथा चण्ड ने इसे **देशी प्रसिद्ध** कहा है और भारतीय नाट्यशास्त्रम १७,३[१] ने इसे **देशी मत** नाम दिया है। **तत्सम** वे शब्द हैं जो प्राकृत में उसी रूप में आते हैं जिसमें वे संस्कृत में लिखे जाते हैं; जैसे—**कर, कोमल, जल, सोम** आदि। तद्भव के दो वर्ग किये गये हैं—**साध्यमान संस्कृतभवाः** और **सिद्ध संस्कृतभवाः**। पहले वर्ग में वे प्राकृत शब्द आते हैं जो उन संस्कृत शब्दों का, जिनसे वे प्राकृत शब्द निकले हैं, बिना उपसर्ग या प्रत्यय के मूल रूप बताते हैं। इनमें विशेषकर शब्द-रूपावली और विभक्तियाँ आती हैं जिनमें वह शब्द व्याकरण के नियमों के अनुसार बनाया जाता है और जिसे साध्यमान कहते हैं। बीम्स ने इन शब्दों को **आदि तद्भव** (Early tadbhavas[२]) कहा है। ये प्राकृत के वे अंश हैं, जो स्वयं सर्वांगपूर्ण हैं। दूसरे वर्ग में प्राकृत के वे शब्द शामिल हैं, जो व्याकरण से सिद्ध संस्कृत रूपों से निकले हैं; जैसे—अर्धमागधी **वन्दित्ता** जो संस्कृत **वन्दित्वा** का विकृत रूप है। चूँकि आधुनिक भारतीय भाषाओं में अधिकांश शब्द **तत्सम** और **तद्भव** हैं, इसलिए यह मानना भ्रमपूर्ण है कि इस प्रकार के सभी शब्द संस्कृत से निकले हैं। अब हम लोग यह बात भी अच्छी तरह जानते हैं कि आधुनिक भारत की सब भाषाएँ संस्कृत से ही नहीं निकली हैं।

१. वेबर, 'इंडिशे स्टूडियन' १३, ३६५— २. कीलहौर्न 'त्साइटश्रिफ्ट

डेर डौयत्सन मौर्गेन लैण्डिशन गेजैलशाफ्ट' ३९, ३२७ लोरेन्सन— ३. बीम्स 'कम्पैरेटिव ग्रैमर', पेज १, ११ और उसके बाद के पेजों से तुलना कीजिए; होएर्नले, 'कम्पैरेटिव ग्रैमर' भूमिका का ३८ वाँ और उसके बाद के पेज के ऊपर आये ग्रंथ के पेज १८० से तुलना कीजिए। वेबर, 'इण्डिशे स्टूडियन' १६, ५९ में भुवनपाल के ये शब्द उद्धृत हैं कि एक चौथा वर्ग भी है जिसके शब्द सामान्य भाषा से लिये गये हैं— ४. 'कम्पैरेटिव ग्रैमर' १, १७— ५. पिशल की हेमचन्द्र के १, १ सूत्र पर टीका।

§ ९—**देश्य** अथवा **देशी** वर्ग में भारतीय विद्वान् परस्पर विरोधी तत्व सम्मिलित करते हैं। वे इन शब्दों के भीतर वे सब शब्द रख लेते हैं जिनका मूल उनकी समझ में संस्कृत में नहीं मिलता। संस्कृत भाषा के अपने-अपने ज्ञान की सीमा के भीतर या शब्दों की व्युत्पत्ति निकालने में अपनी कम या अधिक चतुराई के हिसाब से देश्य शब्दों के चुनाव में नाना मुनियों के नाना मत हैं। कोई विद्वान् एक शब्द को देशी बताता है तो दूसरा उसे **तद्भव** या **तत्सम** श्रेणी में रखता है। इस प्रकार देशी शब्दों में ऐसे शब्द आ गये हैं जो स्पष्टतया संस्कृत मूल तक पहुँचते हैं। किन्तु जिनका संस्कृत में कोई ठीक-ठाक अनुरूप शब्द नहीं मिलता, जैसे—**पासा** (= आँख, त्रिविक्रम का ग्रन्थ जो 'बेत्सेनबर्गेर्स बाइत्रैगे त्सूर कुण्डे डेर इण्डोगर्मानिशन स्प्राखन' ६,१०४ में छपा है) या **पासम** (देशी० ६,७५) जो अर्धमागधी **पासइ = पश्यति** (देखता है) का एक रूप है; अथवा **सिव्वी** (= सूई; देशी० ७,२९; अथवा बेत्सेनबर्गर की ऊपर लिखी पुस्तक के ३,२६० में छपा है) जो संस्कृत **सीव्यति** से निकला है। देशी भाषा में कुछ ऐसे सामासिक और सन्धियुक्त शब्द भी रख दिये गये हैं, जिनके सब शब्द अलग-अलग तो संस्कृत में मिलते हैं; किन्तु सारा सन्धियुक्त शब्द संस्कृत में नहीं मिलता; जैसे—**अच्छिवडणम्** (= आँख बन्द करना; देशी० १, ३९; बेत्सेनबर्गर की ऊपर लिखी पुस्तक में त्रिविक्रम, १३, ५)। असल में यह शब्द **अक्षि + पतन** से बना है; पर संस्कृत में **अक्षिपतन** शब्द इस काम में नहीं आता; अथवा **सत्तावीसंजोअणो**, जिसका अर्थ चाँद है। (देशी० ८, २२; चंड १, १ पेज ३९ और 'वाग्भटालंकार' की 'सिंहदेवगणिन्' की टीका २, २ में भी आया है) **सप्तविंशति + द्योतन** है[१] जो इस रूप में और इस अर्थ में संस्कृत में नहीं मिलता। देश्य या देशी में ऐसे शब्द भी रख दिये गये हैं जिनका मूल संस्कृत में नहीं मिलता। जैसा—**जोडम्** (= कपाल; देशी ३, ४९), **जोडो** (बेत्सेनबर्गर की ऊपर लिखी गई पुस्तक में त्रिविक्रम १३, १७ और उसके बाद); अथवा **तुप्पो***(= चुपड़ा हुआ; **पाइयलच्छी** २३३; देशी० ५, २२; हाल २२, २८९, ५२०), जिसको आजकल मराठी में तूप कहते हैं और जिसका अर्थ शुद्ध किया हुआ मक्खन या घी है[२]। देश्य या देशी में वह शब्द भी शामिल किये गये हैं जो ध्वनि के नियमों की विचित्रता दिखाते हैं; जैसे—

* 'तुप्प' शब्द कुमाऊनी बोली में 'तोपो' हो गया है। कभी इसका अर्थ 'घी' रहा होगा और बाद को घी महँगा होने से तथा निर्धन लोगों में एक-दो पैसे का कम घी मिलने के कारण इस शब्द का अर्थ 'कम मात्रा' हो गया। अब कम घी को 'तोपो घी' कहते हैं।—अनु०

गद्दरो (= गिद्ध; पाइयलच्छी १२६; देशी० २, ८४; बेत्सेनबर्गर की पुस्तक में त्रिविक्रम ६, ९३)। त्रिविक्रम ने इस शब्द का मूल 'गृध्र' ठीक ही बताया है; अथवा **विहुण्डुओ** (= राहु; देशी० ७, ६५; बेत्सेनबर्गर की पुस्तक में त्रिविक्रम ३, २५२) शब्द बराबर है—**विधुन्तुदः**[1] के। इन देशी शब्दों में क्रिया-वाचक शब्दों की बहुतायत है। इन क्रिया-वाचक शब्दों को वैयाकरण धात्वादेश, अर्थात् संस्कृत धातुओं के स्थान पर बोलचाल के प्राकृत धातु, कहते हैं (वररुचि ८, १ और उसके बाद; हेमचन्द्र ४, १ और उसके बाद; क्रमदीश्वर ४, ४६ और उसके बाद; मार्कण्डेय पन्ना ५३ और उसके बाद)। इन क्रिया-वाचक शब्दों अर्थात् धातुओं का मूल रूप संस्कृत में बहुधा नहीं मिलता; पर आधुनिक भारतीय भाषाओं के धातु इनसे पूरे मिलते-जुलते हैं[2]; जैसा कि देशी शब्द के नाम से ही प्रकट है। ये शब्द प्रादेशिक शब्द रहे होंगे और बाद को सार्वदेशिक प्राकृत में सम्मिलित कर लिये गये होंगे। इन शब्दों का जो सबसे बड़ा संग्रह है, वह हेमचन्द्र की 'रयणावली' है। ऐसे बहुत से देशी शब्द प्राकृत या अपभ्रंश से संस्कृत कोशों[3] और धातु-पाठ[4] में ले लिये गये। यह सम्भव है कि देशी शब्दों में कुछ अनार्य शब्द भी आ गये हों; किन्तु बहुत अधिक शब्द मूल आर्य भाषा * के शब्द-भंडार से हैं, जिन्हें हम व्यर्थ ही संस्कृत के भीतर ढूँढ़ते हैं। 'रुद्रट' के 'काव्यालंकार' २, १२ की अपनी टीका में 'नमिसाधु' ने प्राकृत की एक व्युत्पत्ति दी है जिसमें उसने बताया है कि प्राकृत और संस्कृत की आधारभूत भाषा प्रकृति अर्थात् मानव जाति की सहज बोल-चाल की भाषा है, जिसका व्याकरण के नियमों से बहुत कम सम्बन्ध है अथवा यह प्राकृत ही स्वयं यह बोल-चाल की भाषा हो सकती है, जैसा कि हम पहले लिख चुके हैं, यह मत भ्रमपूर्ण है। बात यह है कि कई प्राकृत भाषाओं का मुख्य भाग संस्कृत शब्दों से बना है, विशेषतः महाराष्ट्री का जो काव्यों और नाटकों में मुख्यतया प्रयोग में आती है। 'गउडवहो' और 'रावणवहो' में महाराष्ट्री प्राकृत भाषा का बोलबाला है, तथा ये काव्य संस्कृत काव्यों की ही रूपरेखा के अनुसार रचे गये हैं। इन काव्यों में इसलिए देशी शब्दों की संख्या नाममात्र की है[5],जब कि जैन-महाराष्ट्री में देशी शब्दों की भरमार है। मेरा मत 'सेनार'[6] से बिलकुल मिलता है कि प्राकृत भाषाओं की जड़ें जनता की बोलियों के भीतर जमी हुई हैं और इनके मुख्य तत्त्व आदि काल में जीती-जागती और बोली जानेवाली भाषा से लिये गये हैं; किन्तु बोलचाल की ये भाषाएँ, जो बाद को साहित्यिक भाषाओं के पद पर चढ़ गईं, संस्कृत की भाँति ही बहुत ठोकी-पीटी गईं, ताकि उनका एक सुगठित रूप बन जाय।

१. इसका अर्थ २७ नक्षत्र हैं— २. वेबर, त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शन मौर्गेनलैण्डिशन गेजैलशाफ्ट २८, ३५५— ३. देखिए देशी० १, ३; ब्यूलर, पाइयलच्छी, पेज ११ और उसके बाद— ४ इसके बीसियों उदाहरण हेमचन्द्र

* मूल अथवा आदि-आर्य भाषा वह भाषा है जिसके कुछ रूप आर्ष बताये जानेवाले वैदिक शब्दों में मिलते हैं और जिन्हें वास्तव में आदि-आर्य अपने मूल देश में, वहाँ से इधर उधर बिखरने के पहले, व्यवहार में लाते होंगे। —अनु०

के अनुवाद और 'हाक' की 'सप्तशती' में वेबर ने जो टिप्पणियाँ दी हैं, उनमें मिलते हैं — ५. साखारिआए की पुस्तक 'बाइत्रैगे त्सूर इण्डिशन लेक्सीकोग्राफी' (बर्लिन १८८३), पेज ५३ और उसके बाद; वाकरनागल की आल्ट इण्डिशे ग्रामाटीक, भूमिका के पेज ५१ और उसके बाद— ६. बेन्फे, फौलस्टैण्डीगे ग्रामाटीक, पाराग्राफ १४०, २; पिशल, ब्यूलर, फ्रांके आदि सब विद्वान् इस मत का समर्थन करते हैं— ७. पिशल, गोएटिंगीशे गेलैर्ते आन्त्साइगन १८८०, पेज ३२६ जिसमें यह बताया गया है कि रावणवहो की टिप्पणियों में इस विषय पर बहुत सामग्री प्राप्य है; शंकर पाण्डुरंग पण्डित, गउडवहो, भूमिका का पेज ५६—८. लेपिग्राफी ए लिस्तार लांगिस्तीक द लांद, एक्सत्रैदे कौत रोंदूयू दे सेआंस द लाकादेमी देज़ांस्क्रूपसिओं ए बैललैत्र (पैरिस १८८६) पेज १७ और उसके बाद; लेज़ांस्क्रिप्सिओं द पियदासी, २, पेज ५३० और उसके बाद।

§ १०—प्रस्तर-लेखों में प्राकृत भाषा का प्रयोग निम्नलिखित लेखों में हुआ है—पल्लव राजा 'शिवस्कन्दवर्मन्'[1] और पल्लव युवराज 'विजयबुद्धवर्मन्' की रानी के दान-पत्रों में, कक्कुक का घटयाल प्रस्तर-लेख तथा सोमदेव के 'ललित विग्रहराज' नाटक के अंशों में। पहले प्रस्तर-लेखों का प्रकाशन ब्यूलर ने एपिग्राफिका इण्डिका १, पेज २ और उसके बाद के पेजों मे प्रकाशित किया है। 'लॉयमान' ने एपिग्राफिका इंडिका के २,४८३ और उसके बाद के पेजों में ब्यूलर के पाठ मे कुछ संशोधन किये है। पिशल ने भी १८९५ ई० मे ब्यूलर के पाठ की कुछ भूलें शुद्ध की है। मैंने इन दान पत्रो को 'पल्लवग्राण्ट' नाम दिया है। ब्यूलर ने विद्वानों का ध्यान इस तथ्य की तरफ खींचा है कि इन प्रस्तर-लेखों मे कुछ बाते ऐसी हैं जो स्पष्ट बताती है कि इनपर प्राकृत का बहुत प्रभाव पड़ा है और ये विशेषताएँ केवल साहित्यिक प्राकृत मे ही मिलती है; उदाहरणार्थ इन लेखों में **य** **ज** में परिवर्तित हो गया है। इसके उदाहरण है—**कारवेज्जा, वट्टेज, होज, जो, संजुत्तो**। **न** बहुधा **ण** में परिणत हो गया है। **प** **व** लिखा जाने लगा है; जैसे—**कस्सव, अणुवट्टावेति, वि,भड, कड** आदि; व्यञ्जनो के द्वित्व का प्रयोग होने लगा है; जैसे—**अग्निष्टोम** का **अग्गिट्टोम, अश्वमेध** का **अस्समेध, धर्म** का **धम्म सर्वत्र** का **सवत्थ, राष्ट्रिक** का **रट्ठिक** आदि[2]। ये विशेषताएँ 'लेण'[1] बोली के किसी-न किसी प्रस्तर-लेख में मिलती ही हैं। यद्यपि दूसरे प्रस्तर-लेखों में यह विशेषता इतनी अधिक नही मिलती और इस कारण इस भाषा को हम प्राकृत मान सकते हैं; तथापि यह सर्वत्र विशुद्ध प्राकृत नहीं है। इनमें कहीं **य** के स्थान पर **ज** हो गया है और कहीं वह संस्कृत **य** के रूप में ही दिखाई देता है। **न** बहुधा **न** ही रह गया है और **प** का **व** नहीं हुआ है। प्राकृत के दुहरे व्यञ्जनों के स्थान में इकहरे काम में लाये गये हैं; जैसे—शिव खंधवमो, गुम्मिके, वधनिके[3] आदि। प्राकृत भाषा के नियमों के बिलकुल विपरीत शब्द भी काम में लाये गये हैं; जैसे— **काँचीपुरा** जो प्राकृत में **कंचीपुरा** होता है; **आत्ते°** (६,१३) जो प्राकृत में **अत्ते°** होता है; **वत्स°** (६,२२) प्राकृत **वच्छ°** के लिये; **चात्तारि** (६,३९) प्राकृत **चत्तारि** के लिए। कुछ शब्दों का प्रयोग असाधारण हुआ है; जैसे—प्राकृत **वितरामो** (५,७) के स्थान

पर **चितराम** और **दुद्ध** के स्थान पर **दूध** (६,११) का प्रयोग; °**विण्णम्** के स्थान पर °**वत्तम्** (६,१२) और **दिण्णा** के स्थान पर **दता** (७,४८) अर्थात् **दत्ता** का प्रयोग। इन प्रयोगों से स्पष्ट पता चलता है कि इस भाषा में कृत्रिमता आ गई थी*। प्राकृत के इतिहास के लिए प्रस्तर-लेख भी महत्त्व के हैं, और वे इसलिए इस व्याकरण में सर्वत्र काम में लाये गये हैं। 'लेण' बोली और 'गाथा'[१] की बोली हमारे विषय से बहुत दूर हैं और इसलिए हमने प्राकृत भाषाओं के इस व्याकरण में उन भाषाओं का प्रयोग नहीं किया। कक्कुक प्रस्तर-लेख मुन्शी देवीप्रसाद ने सन् १८९५ के जोर्नल ऑफ द रौयल एशियैटिक सोसाइटी के पेज ५१३ और उसके बाद के पेजों में प्रकाशित कराया है। वह जैन-महाराष्ट्री में लिखा गया है।

१. फ्लीट द्वारा इण्डियन एण्टीक्वेरी, ९, पेज १०० और उसके बाद के पेजों में प्रकाशित। इसके साथ एपिग्राफिका इण्डिका १,२ में प्रकाशित ब्यूलर के लेख में उसके नोट भी देखिए— २. ब्यूलर के उक्त लेख का पेज २ और उसके बाद— ३. सेनार, पियदसी २, पेज ४८९ और उसके बाद तथा पेज ५१८ और उसके बाद— ४. ब्यूलर, एपिग्राफिका इण्डिका में छपे उक्त निबन्ध का पेज २ और उसके बाद— ५. यह बात 'सेनार' ने अपनी उपर्युक्त पुस्तक के २, ४९४ पेज में 'लेण' बोली के बारे में और भी जोर देकर कही है— ६. सेनार का मत है कि नाम उचित नहीं है; देखो उसकी उपर्युक्त पुस्तक २, पेज ४६९; उसका वह प्रस्ताव कि इस भाषा को 'संस्कृत मिश्रित' कहना चाहिए, बहुत कमजोर है। इस विषय पर 'वाकरनागल' ने अपने ग्रन्थ 'आल्टइण्डिशे ग्रामाटीक' की भूमिका के पेज ३९ और उसके बाद विस्तार से लिखा है।

§ ११—सोमदेव के 'ललितविग्रहराज'नाटक के अंश काले पत्थर की दो पट्टियों में खुदे हैं जो 'अजमेर' में पाये गये थे। वे कीलहोर्न द्वारा इण्डियन एण्टीक्वेरी २०, २२१ पेज और उसके बाद के पेजों में प्रकाशित किये गये थे। उनमें तीन प्राकृत बोलियाँ मिलती हैं। महाराष्ट्री, शौरसेनी और मागधी। कोनो ने[१] यह सिद्ध कर दिया है कि इन भाषाओं के प्राकृत रूप, मोटे तौर पर, हेमचन्द्र के व्याकरण के नियमों से मिलते हैं; किन्तु जिन नियमों के अनुसार 'सोमदेव' ने अपना नाटक लिखा है, उनका आधार हेमचन्द्र नहीं, कोई दूसरा लेखक होना चाहिए (यह बात मैंने इन प्रस्तर लेखों के प्रकाशित होते ही समझ ली थी[२])। हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण के ३, २७१ में इस बात का अधिकार दिया है कि शौरसेनी प्राकृत के लेखक हिंदी शब्द **'करके'** के स्थान पर **'दूण'** लिख सकते हैं; पर सोमदेव ने **इसके स्थान पर ऊण** लिखा है जो महाराष्ट्री-प्राकृत का रूप है। हेमचन्द्र ने ४, २८० में बताया है कि **य्येव** होना चाहिए; पर सोमदेव ने इसके स्थान पर **य्जेव** लिखा है। सोमदेव ने मागधी के संयुक्त व्यञ्जनों में **श्** का प्रयोग किया है; किन्तु हेमचन्द्र ४, २८९ में इस

* 'दुद्ध' के स्थान पर 'दूध' का प्रयोग बताता है कि इस बोली में जनता की बोलचाल की भाषा से सम्पर्क का परिचय मिलता है और यह भी सिद्ध होता है कि दूध शब्द बहुत पुराना है।—अनु०

श के स्थान पर स् का प्रयोग उचित बताता है; सोमदेव ने र्थ के स्थान पर स्त का प्रयोग किया है जिसके स्थान पर हेमचन्द्र ४,२९१ में स्त को उचित समझता है और वह ᳲक के स्थान पर श्क का प्रयोग करता है जिसके लिए हेमचन्द्र ४,२९६; २९७[1] में स्क का प्रयोग ठीक समझता है। हिन्दी 'करके' के स्थान पर ऊण का प्रयोग अशुद्ध भी माना जा सकता है और यह सम्भव है कि स्वयं सोमदेव ने यह अशुद्धि की हो; इसके स्थान पर -ङ्ण शब्द भी अशुद्ध है (§ ५८४); स्त के स्थान पर स्त आदि नकल करनेवाले अर्थात् लिखनेवाले की भूल हो सकती है, जिस भूल की परम्परा ही चल गई, क्योंकि ऐसी एक और गलती ५६६, ९ में यथार्थम् के स्थान पर यहस्तं रह गई है। किन्तु ᳲक के स्थान पर श्क के लिए 'कोनो'' के मत से मत मिलाना पड़ता है कि स्क पत्थर पर खोदनेवाले की भूल नहीं मानी जा सकती, क्योंकि इसके कई उदाहरण मिलते हैं। इस प्रस्तर-लेख की लिपि के बारे मे यह बात स्पष्ट है कि यह एक ही लेखक द्वारा लिखी गई है। इन लेख में बहुत बड़ी-बड़ी अशुद्धियाँ हैं जो उस समय की बोलचाल की भाषा के नियमों के विरुद्ध जाती हैं और जो अशुद्धियाँ उस समय के नाटकों की हस्तलिपियों में भी मिलती हैं। कोनो द्वारा बताई गई ऊपर लिखी भूलों (पेज ४७९) के अतिरिक्त मे इस प्रस्तर-लेख की कुछ और अशुद्धियाँ यहाँ देता हूँ—शौरसेनी तुज्झ (५५४, १३; § ४२१); ज्जेव (५५४, ४; ५५५, १८)। यह शब्द अनुस्वार के बाद जेव हो जाता है; णिम्माय (५५४, १३ देखो § ५९१); कर्मवाच्य विलोइज्जन्ति, पॅक्खिज्जन्ति (५५४, २१,२२); किज्जदु (५६२, २४); जम्पिज्जदि (५६८,६) आये हैं, जिन्हें हेमचन्द्र विलोईअन्ति, पेक्खीअन्ति, करिअदु, जम्पीअदि के स्थान पर स्वीकार करता है (देखो § ५३५); किंति के लिए (५५५, ४) किंत्ति शब्द काम मे आया है, रदणाइं के स्थान पर रयणाइं (५५५,१५) रदण के स्थान पर रअण (५६०,१९) आया है और गहिद के स्थान पर गिर्हीद (५६०, २०) और एदारिसम् के स्थान पर एआरिसम् खोदा गया है। मागधी प्राकृत मे भी बोली की अशुद्धियाँ हैं—पॅश्किय्यन्दि (५६५, १३) पॅश्कीअन्ति के स्थान पर लिखा गया है; पॅक्कीअसि के स्थान पर पॅश्किय्यसि (५६५, १५) आया है; याणीअदि के स्थान पर याणिय्यदि (५६६, १) खोदा गया है; पश्चश्की कदं के स्थान पर पश्चक्खी कदं (५६६,१) लिखा गया है; यदृहस्तम् के स्थान पर यहस्तम् (५६६, ९) का प्रयोग किया गया है। णिय्यहल, युय्झ के स्थान पर निज्झल और युज्झ (५६६,९;११) का प्रयोग है (§ २८०; २८४ देखिए); येव के लिए एव (५६७, १) शब्द है। ये सब वे अशुद्धियाँ हैं जो हस्तलिखित पुस्तकों मे भी सदा देखी जाती हैं जैसा कि समपसर (५५५, ११), पश्चक्खाइं (५५५,१४) इशाल्हुवं (५६५, ९)। जो हस्तलिखित नाटक हमें आजकल प्राप्त हैं, उनके लिखे जाने से पहले इन प्रयोगों का लोप हो गया था, इनमें से कुछ अशुद्धियाँ जैसा कि ऊण शौरसेनी और इक्ष- मागधी रूप-हृदय-लेखकों की अशुद्धियाँ समझी जा सकती हैं। राजशेखर (देखो § २२) और उसके बाद के कवियों ने भी नाना प्रान्तीय

बोलियों को आपस मे मिला दिया है। ण के स्थान पर न और अन्य शब्दों में य[1] का आगम बताता है कि यह भाषा जैन है। 'हरकेलि नाटक' का एक अंश जो अजमेर में मिला है, 'विग्रहराज देव' का लिखा हुआ बताया जाता है और यह पता चलता है कि इसमें २२ नवम्बर, ११५३ की तिथि पड़ी है[2]। इससे ज्ञात होता है कि हेमचन्द्र का व्याकरण अधिक-से-अधिक विक्रम संवत् ११९७ के अन्त में तैयार किया गया था[3] अर्थात् यह ११४० ई० मे लिखा गया था। साथ-साथ यह बात भी जान लेना चाहिए कि 'सोमदेव' और 'हेमचन्द्र' समकालीन थे। 'हरकेलि' नाटक में यद्यपि बहुत अशुद्धियाँ पाई जाती है तथापि मागधी प्राकृत के लिए ये अत्यन्त महत्त्व की हैं। मागधी प्राकृत केवल इन अंशो में ही उस रूप में मिलती है, जो पूर्णतया व्याकरण के नियमों के अनुकूल है।

१. गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन १८९४ पेज ४७८ और उसके बाद— २. इंडियन ऐंटिक्वेरी २०, २०४— ३. कोनो की उपर्युक्त पुस्तक पेज ४८१— ४. उक्त पुस्तक पेज ४८२— ५. उक्त पुस्तक पेज ४८०—६. इण्डियन ऐंटिक्वेरी में कीलहौर्न का लेख २०, २०१— ७. ब्यूलर की पुस्तक; 'इ. यूबर डास लेबन डेस् जैन मोएंशेस् हेमचंद्रा, विएना १८८९, पे. १८।

§ १२—प्राकृत भाषाओ में महाराष्ट्री प्राकृत (§ २) सर्वोत्तम गिनी जाती है, जो महाराष्ट्र देश के नाम पर, जहाँ मराठे रहते है, महाराष्ट्री कही जाती है और जैसा कि गारेंज ने (§ ५) बताया है कि वर्तमान मराठी के साथ निःसन्देह और स्पष्ट सम्बन्ध सिद्ध करती है[1]। न कोई दूसरी प्राकृत साहित्य में कविता और नाटकों के प्रयोग मे इतनी अधिक लाई गई है और न किसी दूसरी प्राकृत के शब्दों में इतना अधिक फेर-फार हुआ है। महाराष्ट्री प्राकृत मे संस्कृत शब्दों के व्यंजन इतने अधिक और इस प्रकार से निकाल दिये गये हैं कि अन्यत्र कहीं यह बात देखने मे नहीं आती। इसका फल यह हुआ है कि इस प्राकृत का एक शब्द कई संस्कृत शब्दों का अर्थ देता है और उनके स्थान पर प्रयोग में आता है। महाराष्ट्री **कअ** शब्द = **कच** और **कृतके; कइ** = **कति, कपि, कवि, कृति; काअ** = **काक, काच, काय; गआ** = **गता, गदा, गजाः; मअ** = **मत, मद, मय, मृग, मृत; वअ** = **वचस्, वयस्, व्रत, पद–; सुअ** = **शुक, सुत, श्रुत** आदि-आदि[2]। इसलिए बीम्स[3] साहब ने ठीक ही बात कही है कि महाराष्ट्री 'Emasculated stuff' अर्थात् पुंसत्वहीन भाषा है। जैसा कि विद्वान् लोग पहले से मानते आ रहे हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत से व्यंजन इसलिए भगा दिये गये कि इस प्राकृत का प्रयोग सबसे अधिक गीतों में किया जाता था तथा इसमें अधिकाधिक लालित्य लाने के लिए यह भाषा श्रुतिमधुर बनाई गई। ऐसे पद **गाहा** = संस्कृत **गाथा** हैं। ये **गाहा** हमें 'हाल' की **सत्तसई** और 'जयवल्लभ'[4] के 'वज्जालग्ग' में संगृहीत मिलती हैं; ये **गाहाएँ** पुराने कवियों के संग्रहों में भी कई स्थानों पर रख दी गई हैं। इनका नाम स्पष्ट रूप में **गाहा** रखा गया है और ये गाये जानेवाले गीत हैं (देखिए हाल ३, ५००, ६००, ६९८, ७०८, ७०९, ८१५; वज्जालग्ग ३, ४, ९,

१०)। 'मुद्राराक्षस' ८३,२;३ में दिया गया पद जो विशुद्ध महाराष्ट्री में है और जो एक संपेरे तथा प्राकृत कवि के रूप में पार्ट खेलनेवाले पात्र 'विराधगुप्त' ने मन्त्री 'राक्षस' के पास भेजा था, वह **गाथा** बताया गया है। 'विश्वनाथ' ने भी 'साहित्यदर्पण' ४३२ में बताया है कि नाटक में कुलीन महिलाएँ शौरसेनी प्राकृत में बोलती हैं; किन्तु अपने गीतों में (**आसाम् एव तु गाथासु**) इनको महाराष्ट्री काम में लानी चाहिए। 'शकुन्तला नाटक' में ५५, १५ और १६ में ५४, ८ को 'प्रियंवदा' **गीदअम्** = **गीतकम्** बताती है और ५५, ८ को **गीजिआ** = **गीतिका** कहती है। मुद्राराक्षस ३४, ६ और उसके बाद के पद्य ३५, १ के अनुसार **गीदाइं** यानी **गीतानि** अर्थात् गीत हैं। नाटक की पात्री अपने पदों को महाराष्ट्री में गाती है (**गायति**), उदाहरणार्थ देखो 'शकुन्तला नाटक' २, १३; 'मल्लिका मारुतम्' १९, १; 'कालेय कुतूहलम्' १२, ६ (**वीणाम् वादयन्ती गायति**); 'उन्मत्त' 'राघव' २, १७; तुलना कीजिए 'मुकुन्दानन्द भाण' ४, २० और उसके बाद; महाराष्ट्री भाषा में लिखे गये उन पदों के विषय में, जो कि रंगमंच के भीतर से गाये जाते थे, लिखा गया है कि '**नेपथ्ये-गीयते**'। उदाहरणार्थ—'शकुन्तला' नाटक ९५, १७; 'विद्धशालभंजिका' ६, १; कालेयकुतूहलम् ३, ६; कर्णसुन्दरी ३, ४ गीतों अथवा गाये जाने के लिए लिखी गई कविता में महाराष्ट्री प्राकृत का प्रयोग निस्सन्देह बहुत प्राचीन काल से है और मुख्यतया इस एक कारण से ही, श्रोताओं के आगे 'कोमलकान्तपदावली' गाने के लिए अधिकांश व्यञ्जन संस्कृत शब्दों से खदेड़ कर ही महाराष्ट्री कर्णमधुर बनाई गई[१]।

१. ई. कून ने कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३३,४७८ में यह मत दिया है कि महाराष्ट्री प्राकृत का सबसे प्राचीन रूप पालों में देखा जाना चाहिए; मैं इस मत को भ्रमपूर्ण समझता हूँ— २. इसके कुछ उदाहरण शंकर पाण्डुरंग पण्डित द्वारा सम्पादित 'गउडवहो' की भूमिका के पेज ५६ और ५८ में मिलते हैं— ३. कम्पैरेटिव ग्रैमर १, २२३— ४. भण्डारकर, रिपोर्ट १८८३ और १८८४ (बम्बई १८८७), पेज १७ और ३२४ तथा उसके बाद; इसका शुद्ध नाम वज्जालग्ग है (३ और ४ तथा ५; पेज ३२६,९), जिससे वज्जालय (पेज ३२६,५) शब्द निकला है; यह शब्द वज्जा=व्रज्या (बोएटलिंक और रोट का पीटर्सबुर्गर कोश; वेबर, हाल की भूमिका का पेज ३८; पिशल, डी होफडिश्टर डेस, लक्ष्मण सेन (गोएटिंगन १८९३) पेज ३०; और लग्ग (=लक्षण चिह्न; देशी० ७,१७)। इस शब्द का संस्कृत रूप 'लग्न' है। इस शब्द का संस्कृत अनुवाद पद्यालय अशुद्ध है— ५. वेबर, इण्डिशे स्टूडिएन ३, १५९; २७९; हाल' की भूमिका का पेज २०।

§ १३—महाराष्ट्री प्राकृत का ज्ञान प्राप्त करने के लिए सबसे अधिक महत्त्व-पूर्ण पुस्तक 'हाल' की 'सत्तसई' है। इसके आरम्भ के ३७० पद वेबर ने १८७० में ही प्रकाशित करवा दिये थे और अपनी इस पुस्तक का नाम रक्खा था; 'इ. यूबर डास सप्तशतकम् डेस हाल, लाइप्त्सिख १८७०' अर्थात् 'हाल' की सप्तशती के विषय

में, लाइप्त्सिख १८७०[१]। वेबर ने इस विषय पर जर्मन पौर्वात्य विद्वत्-समिति की पत्रिका के २६ वें वर्ष के ७३५ पेज और उसके बाद के पेजों में अपने नये विचार और पुराने विचारों में सुधार प्रकाशित किये है। इसके बाद उसने १८८१ ई० में लाइप्त्सिख से 'हाल' की सत्तसई का सम्पूर्ण संस्करण निकाला, जिसमें उसका जर्मन अनुवाद और शब्द-सूची भी दी है। वेबर ने, 'हाल' की सप्तशती पर 'भुवनपाल' ने 'छेकोक्ति विचारलीला' नाम से जो टीका लिखी है, उसके विषय में अपने इण्डिशे स्टूडिएन के १६ वें भाग में विचार प्रकट किये हैं। इस ग्रन्थ का एक उत्तम संस्करण दुर्गाप्रसाद और काशीनाथ पाण्डुरंग परब ने निकाला है, जिसका पाठ कई स्थानों पर बहुत अच्छा सुधारा गया है और जिसमें एक उत्तम टीका भी दी गई है। 'सातवाहन' की यह 'गाथा सत्तसई' बम्बई के निर्णय सागर प्रेस से 'गंगाधर भट्ट' की टीका सहित काव्य-माला के २१ वें भाग के रूप में निकली है। वेबर का मत है कि यह सत्तसई अधिक-से-अधिक ईसा की तीसरी सदी से पुरानी नहीं है; किन्तु यह सातवीं सदी से पहले लिखी गई होगी। उसने अपनी भूमिका में इस ग्रन्थ की अन्य छः हस्तलिपियों पर बहुत-कुछ लिखा है और फिर 'भुवनपाल' की सातवीं हस्तलिपि पर विस्तार के साथ विचार किया है। सत्तसई को देखने से यह पता चलता है कि महाराष्ट्री प्राकृत में बहुत ही अधिक समृद्ध साहित्य रचा गया होगा। आरम्भ में सत्तसई के प्रत्येक पद के लेखक का नाम उसके पद के साथ दिया जाता रहा होगा (देखो, हाल ७०९)। खेद है कि इन नामों में से कुछ इने-गिने नाम ही हम तक पहुँचे है और उनमें से भी बहुत-से नाम विकृत रूप में मिल रहे हैं। कुछ टीकाकारों ने ११२ नाम दिये है। 'भुवनपाल' ने ३८४ नाम दिये हैं जिनमें से सातवाहन, शालिवाहन, शालाहण और हाल एक ही कवि के नाम हैं। इनमें से दो कवि 'हरिवृद्ध' (हरिउड्ढ) और 'पोट्टिस' के नाम 'राजशेखर' ने अपनी 'कर्पूरमंजरी' में दिये है। इस ग्रन्थ में कुछ और नाम भी आये हैं जैसे णन्दिउड्ढ (नन्दिवृद्ध), हाल, पालित्तअ, चम्पअराअ और मलअसेहर। इनमें से 'पालित्तअ' के नाम पर 'भुवनपाल' ने सत्तसई के दस पद लिखे हैं। यदि 'पालित्तअ' वही कवि हो, जिसे वेबर' ने 'पादलिप्त' बताया है तो वह वही पादलिप्ताचार्य होगा, जिसे हेमचन्द्र ने 'देशी नाम माला' के १,२ में 'देशीशास्त्र' नामक ग्रन्थ के एक लेखक के नाम में लिखा है। 'मलअसेहर' पर 'कोनो' ने जो लेख लिखा है, उसमें उक्त लेखक के नाम के विषय में (भुवनपाल ने मलयशेखर को मलयशेसर लिखा है) अब किसी प्रकार का सन्देह नहीं रह गया है। 'भुवनपाल' के अनुसार 'अभिमान', जिसका पद 'हाल' ५१८ है, 'अभिमानचिह्न' के नाम से विदित था। 'पादलिप्त' के सूत्र में किसी अन्य लेखक ने वृत्ति जोड रक्खी है, पर 'अभिमान' ने अपने ग्रन्थ में अपने ही उदाहरण दे रक्खे हैं (देखो देशीनाममाला १,१४४; ६,९३; ७,१; ८,१२ और १७)। भुवनपाल के अनुसार हाल, २२० और ३६९ के कवि 'देवराज' के बारे में भी यही बात कही जा सकती है। 'देशीनाममाला' ६,५८ और ७२; ८,१७ के अनुसार 'देवराज' देसी भाषा का लेखक था। 'अपराजित' जिसे भुवनपाल सत्तसई के ७५६ पद

का लेखक मानता है, उस 'अपराजित' से भिन्न है जिसके विषय में 'कर्पूरमंजरी' ६,१ में लिखा गया है कि उसने 'मृगांकलेखाकथा' नामक ग्रन्थ लिखा और यह 'अपराजित' 'राजशेखर' का समकालीन था। इस बात का कुछ पता नहीं चलता कि यह दूसरा 'अपराजित' संस्कृत का प्रयोग बिल्कुल नहीं करता था; क्योंकि यह भी हो सकता है कि ऊपर लिखा हुआ प्राकृत पद स्वयं 'राजशेखर' ने संस्कृत से प्राकृत में कर दिया हो। 'सुभाषितावली' का १०२४ वाँ संस्कृत श्लोक 'अपराजित' के नाम से दिया गया है। 'भुवनपाल' के अनुसार 'हाल' की सत्तसई के श्लोक २१७ और २३४ 'सर्वसेन' ने लिखे हैं और इस सर्वसेन के विषय में 'आनन्दवर्द्धन' के 'ध्वन्यालोक' १४८,९ में लिखा गया है कि इसने 'हरिविजय' नामक ग्रन्थ लिखा है और १२७,७ में उसके एक पद को उद्धृत भी किया गया है। हेमचन्द्र ने 'अलंकार चूडामणि' में भी यह पद दिया है (कीलहौर्न की हस्तलिखित प्रतियों की रिपोर्ट, पेज १०२, संख्या २६५। यह रिपोर्ट बम्बई में १८८१ ई० में छपी थी[४])। नामी कवियों में भुवनपाल ने 'प्रवरसेन' का नाम 'वाक्पतिराज' भी लिखा है: पर 'रावणवहो' और 'गउडवहो' में ये पद नहीं मिलते। 'गउडवहो' के अनुसार वाक्पतिराज ने 'महुमहविअअ' नाम का एक और काव्य लिखा था। आनन्दवर्द्धन के ध्वन्यालोक १५२,२, 'सोमेश्वर' के 'काव्यादर्श' के पेज ३१ (कीलहौर्न की हस्तलिखित प्रतियों की रिपोर्ट पेज ८७ संख्या ६६) और हेमचन्द्र के 'अलंकारचूडामणि' के पेज ७ के अनुसार उसने 'मधुमथन-विजय' रचा है, इसलिए उसके नाम पर दिये गये श्लोक उक्त ग्रन्थों में मिलने चाहिए; किन्तु इस विषय पर भी मतभेद है और कोई विश्वसनीय बात उनमें नहीं पाई जाती। यह सब होने पर भी यह बात तो पक्की है और सत्तसई से इस बात का प्रमाण मिलता है कि प्राकृत में उससे पहले भी यथेष्ट समृद्ध साहित्य रहा होगा और इस साहित्य में महिलाओं ने भी पूरा-पूरा भाग लिया था[५]।

१. इसकी एक महत्त्वपूर्ण सूचना गारेंज ने जूरनाल आशियातीक के खण्ड ४,२०,१९७ और उसके बाद छपवाई है— २. पिशल, गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन १८९१,३६५; कर्पूरमंजरी १९,२ भी देखिए— ३. इण्डिशे स्टूडिएन १६,२४, नोट १— ४. पिशल, त्साइटुङ्-डेर, मौरगेन लैण्डिशन गेज़ेलशाफ्ट ३९, ३१६— ५. वेबर के दोनों संस्करण हाल[१] और हाल[२] छापकर उनमें भेद दिखा दिया है, जो आवश्यक है। बिना संख्या के केवल 'हाल' से दूसरे संस्करण का बोध होता है।

§ १४—प्राकृत में समृद्ध साहित्य के विषय में दूसरा संग्रह अर्थात् 'जयवल्लभ' का 'वज्जालग्ग' भी (देखो § १२) प्रमाण देता है। 'जयवल्लभ' श्वेताम्बर सम्प्रदाय का जैन था। हस्तलिखित पुस्तकों की उक्त रिपोर्ट में भण्डारकर ने बताया है कि इस पुस्तक में ४८ खण्ड हैं, जो ३२५ पृष्ठों में पूरे हुए हैं और इसमें ७०४ श्लोक हैं जिनके लेखक, दुर्भाग्य से इनमें नहीं बताये गये हैं। इसका दूसरा श्लोक 'हाल' की सत्तसई का दूसरा श्लोक है। ३२५ पेज में छपे हुए ६ से १० तक श्लोक 'हाल' के नाम पर दिये गये हैं; पर सत्तसई में ये देखने को नहीं मिलते। यह वांछनीय है कि

'जयवल्लभ' का 'वज्जालग्ग' शीघ्र प्रकाशित किया जाय। 'वज्जालग्ग' के ऊपर १३९३ संवत् में (१३३६ ई०) 'रत्नदेव' ने छाया लिखी थी। इसके पेज ३२४,२६ के अनुसार इस संग्रह का नाम 'जअवल्लहम्' है। इसके अतिरिक्त अन्य कई कवियों ने महाराष्ट्री के बहुत से पद बनाये हैं। वेबर ने हाल की सत्तसई के परिशिष्ट में (पेज २०२ और उसके बाद) 'दशरूप' की 'धनिक' द्वारा की गई टीका, 'काव्यप्रकाश' और 'साहित्यदर्पण' से ६७ पद एकत्र किये हैं और उसने ३२ पद ऐसे दिये हैं, जो सत्तसई की नाना हस्तलिखित प्रतिलिपियों के अलग-अलग स्थान में मिलते हैं। इनमें से ९६८वॉ पद, जिसके आरम्भ मे दे आ पसिअ है,'ध्वन्यालोक' २२,२ में पाया जाता है। यह 'अलकारचूडामणि' के चौथे पृष्ठ मे भी मिलता है तथा अन्यत्र कई जगह उद्‌धृत किया गया है; ९६९ वॉ पद जो अण्णम् लडहत्तणअम् से आरंभ होता है, 'रुय्यक' के 'अलंकार-सर्वस्व' के ६७,२ में पाया जाता है और 'अलंकारचूडामणि' के १७ वे पेज में भी है: यह श्लोक अन्यत्र भी कई जगह मिलता है। ९७० वॉ श्लोक 'जयरथ' की 'अलंकार-विमर्षिणी' के २४ वे पेज में पाया जाता है (यह ग्रन्थ हस्तलिखित है जो ब्यूलर द्वारा लिखी गई डिटेल्ड रिपोर्ट सख्या २२७ मे मिलता है)। इस संग्रह के अन्य पद भी नाना लेखों ने उद्‌धृत किये है। ९७१ वॉ पद, जो जोपरिहरिउँ शब्दों से आरम्भ होता है, ९८८ वॉ श्लोक जो तं ताण से आरम्भ होता है, ९८९ वॉ पद जिसके प्रारम्भ मे ताला जाअन्ति है और ९९१ वॉ पद जो हांमि वहत्थिअरेहो से आरम्भ होता है, आनन्दवर्द्धन की कविता 'विषमबाणलीला' से लिये गये हैं। इन पदो को स्वयं 'आनन्दवर्द्धन' ने ध्वन्यालोक ६२,३; १११,४; १५२,३; २४१,१२ और २० मे उद्‌धृत किया है और 'आनन्दवर्द्धन' के अनुसार ये कवियों की शिक्षा के लिए (कविव्युत्पत्तये) लिखे गये थे। इस विषय पर ध्वन्यालोक २२२,१२ पर अभिनव गुप्त की टीका देखिए। ९७१ वे पद के बारे मे 'सोमेश्वर' के काव्यादर्श के ५२ वें पेज (कीलहौर्न की हस्तलिखित प्रतियों की रिपोर्ट १८८०,८१, पेज ८७, सख्या ६६) और जयन्त की 'काव्यप्रकाशदीपिका' के पेज ६५ में (ब्यूलर की हस्तलिखित प्रतियों की डिटेल्ड रिपोर्ट सख्या २४४) प्रमाण मिलते है कि ये पद उद्‌धृत है। उक्त दोनों कवियों ने इसे 'पंचबाणलीला' से लिया हुआ बताया है। ९८८ और ९८९ संख्या के पद स्वयं 'आनन्दवर्द्धन' ने ध्वन्यालोक में उद्‌धृत किये हैं और ९९१ वॉ पद अभिनवगुप्त ने १५२, १८ की टीका करते हुए उद्‌धृत किया है। ये पद 'विषमबाणलीला' के हैं, यह बात सोमेश्वर (उपर्युक्त ग्रन्थ पेज ६२) और जयन्त ने (जयन्त का ऊपर दिया गया ग्रन्थ, पेज ७९) बताई है। इस 'वज्जालग्ग' ग्रन्थ से 'आनन्दवर्द्धन' ने ण अ ताण घडइ से आरम्भ होनेवाला पद 'ध्वन्यालोक' २४१,१३ मे उद्‌धृत किया है। २४३ पेज का २० वॉ पद यह प्रमाणित करता है कि कवि अपभ्रंश भाषा मे भी कविता करता था। 'ध्वन्यालोक' की टीका के पेज २२३ के १३ वें पद के विषय मे 'अभिनवगुप्त' लिखता है कि यह श्लोक मैंने अपने गुरु 'भट्टेन्दुराज' की प्राकृत कविता से लिया है; और इस भट्टेन्दुराज को हम बहुत पहले से संस्कृत कवि के रूप में जानते हैं। इसमें से अधिकाश प्राकृत पद 'भोजदेव' के

'सरस्वतीकण्ठाभरण' में मिलते हैं। 'साखारिआए'[1] के मत से इसमें ३५० पद उद्धृत मिलते हैं, जिनमें से १५० (जेकब[2] के अनुसार केवल ११३) सत्तसई.के पद हैं, प्रायः ३०[3] पद 'रावणवहो' से लिये गये हैं; महाराष्ट्री प्राकृत के और पद कालिदास, श्रीहर्ष, राजशेखर आदि से लिये गये हैं और बहुत-से पद उन कवियों से उद्धृत किये गये हैं जिनका अभीतक कुछ पता नहीं चल सका। 'बरुवा'[7] का यह मत कि इन पदों में एक कविता 'सत्यभामासवाद' या इसी विषय पर कोई इसी भाँति की किसी कविता से उद्धृत है, **कुविआ च सच्चहामा** (३२२,१५) और **सुरकुसुमेहि कलुसिअम्** (३२७,२५) इन दो पदों पर आधारित है। कहा जाता है कि ये पद 'सत्यभामा' ने 'रुक्मिणी' से कहे थे, इस विषय पर इस ग्रन्थ के ३४०,९; ३६९,२१; ३७१,८ पद तुलना करने योग्य हैं। इस विषय पर मुझे जो कुछ ज्ञात हुआ है, उससे तो मालूम पड़ता है कि ये पद 'सर्वसेन' के 'हरिविजय' या 'वाक्पतिराज' के 'मधुमथन-विजय' से लिये गये हैं। इनमें महाराष्ट्री प्राकृत के नाटक और गाथाएँ हैं।

१. बेत्सेनबैर्गर्स, बाइत्रैगे १६,१७२ में पिशल का लेख देखिए—२. काव्यमाला में इसका जो संस्करण छपा है, उसमें बहुत लीपा-पोती की गई है। हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर यह इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए—**महु महु त्ति, भणंत्तिअहो वज्जइकालु जणस्सु। तो वि ण देउ जणद्दणऊ गोअरिहोइ मणस्सु**— ३. औफरेष्ट, काटालोगुस, काटालोगोरुम १,५९— ४. गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगन १८८४, पेज ३०९— ५. जोरनल ऑफ द रॉयल एशियाटिक सोसाइटी १८९७, पेज ३०४; वेबर के हाल[2] की भूमिका के पेज ४३ नोट १ में औफरेष्ट ने ७८ की पहचान दी है— ६. साखारिआए की उपरिलिखित पुस्तक— ७. बरुवा का संस्करण (कलकत्ता १८८३), भूमिका का पेज ४।

§ १५—महाराष्ट्री प्राकृत, महाकाव्यों की भाषा भी है, जिनमें से दो काव्य अभी तक प्रकाशित हो चुके हैं। इनके नाम हैं, 'रावणवहो' और 'गउडवहो'। रावणवहो का कवि अज्ञात है। 'रावणवहो' को 'दहमुहवहो' भी कहते हैं तथा यह ग्रन्थ अपने संस्कृत नाम 'सेतुबन्ध' से भी विख्यात है। साहित्यिक परम्परा के अनुसार इसका लेखक प्रवरसेन है। सम्भवतः यह कश्मीर का राजा 'प्रवरसेन' द्वितीय हो[1], जिसके कहने पर यह काव्य ग्रन्थ लिखा गया हो। 'बाण' के समय में अर्थात् ईसा की ७वीं सदी में यह ग्रन्थ ख्याति पा चुका था; क्योंकि 'हर्षचरित' की भूमिका में इसका उल्लेख है। दण्डिन् के 'काव्यादर्श' १,३४ में इसका जो उल्लेख है, उससे पता चलता है कि यह 'बाण' के समय से भी कुछ पहले का हो। 'रावणवहो' के तीन पाठ अभी तक मिले हैं; एक चौथा पाठ भी मिला है जिससे यह ज्ञात होता है कि इसका कभी संस्कृत में भी अनुवाद हुआ था जिसका नाम 'सेतुसरणि'[2] था। इसका एक प्राकृत संस्करण 'अकबर' के समय मे 'रामदास' ने टीका सहित लिखा था; पर उसने मूल का अर्थ ठीक-ठीक नहीं समझा। इस विषय पर आधुनिक काल में सबसे पहले 'होएफर' ने काम किया जिसका १८४६ ई० में यह विचार था[1] कि 'रावणवहो'

का एक संस्करण प्रकाशित किया जाय, पर उसे सफलता न मिली। इस काव्य में १५ 'आश्वास' हैं। इनके पहले १५ वें 'आश्वास' के दोनों अंश पौल गोल्डश्मित्त ने १८७३ ई० में प्रकाशित करवाये। इस पुस्तक का नाम पड़ा—'स्पिसिमैन डेस् सेतुबन्ध'। यह पुस्तक गोएटिंगन से १८७३ ई० में निकली। स्ट्रासबुर्ग से १८८० ई० में 'रावण-वह ओडर सेतुबन्ध' नाम से जीगफ्रीड गोल्डस्मित्त ने सारा ग्रन्थ प्रकाशित करवाया तथा मूल के साथ उसका जर्मन अनुवाद भी दिया और वह अनुवाद १८८३ ई० में प्रकाशित हुआ[४]। इसका एक नया संस्करण जो वास्तव में 'गोल्डोश्मित्त' के आधार पर है, बम्बई से 'शिवदत्त' और 'परब' ने निकाला। इसमें रामदास की टीका भी दे दी गई है। इस ग्रन्थ का नाम है 'द सेतुबन्ध औफ प्रवरसेन' बम्बई १८९५ (काव्यमाला संख्या ४७)। 'गउडवहो' का लेखक 'बप्पइराअ' (संस्कृत-वाक्पतिराज) है। वह कान्यकुब्ज के राजा 'यशोवर्मन्' के दरबार में रहता था अर्थात् वह ईसा की ७वीं सदी के अन्त या ८ वीं सदी के आरम्भकाल का कवि है[१]। उसने अपनेसे पहले के कुछ कवियों के नाम गिनाये हैं, जो ये हैं—भवभूति, भास, ज्वलनमित्र, कान्तिदेव, कालिदास, सुबन्धु और हरिचन्द्र। अन्य महाकाव्यों से 'गउडवहो' में यह भेद है कि इसमें सर्ग, काण्ड आदि नहीं हैं। इसमें केवल श्लोक हैं, जिनकी संख्या १२०९ है और यह 'आर्या' छन्द में है। इस महाकाव्य के भी बहुत पाठ मिलते हैं, जिनमें श्लोकों में तो कम भेद दीख पड़ता है; किन्तु श्लोकों की संख्या और उनके क्रम में प्रत्येक पाठ में बहुत भेद पाया जाता है[१]। इस ग्रन्थ पर 'हरिपाल' ने जो टीका लिखी है, उसमें इस महाकाव्य के विषय पर मुख्य-मुख्य बातें ही कही गई हैं। इसलिए 'हरिपाल' ने अपनी टीका का नाम 'गौडवध सार' टीका रक्खा है। इस टीका में विशेष कुछ नहीं है, प्राकृत शब्दों का संस्कृत अर्थ दे दिया गया है। 'गउडवहो' महाकाव्य 'हरिपाल' की टीका सहित और शब्द-सूची के साथ शंकरपाण्डुरंग पंडित ने प्रकाशित करवाया है। इसका नाम है—"द गउडवहो ए हिस्टोरिकल पोयम इन प्राकृत, बाइ वाक्पति,' बम्बई १८८७ (बम्बई संस्कृत सिरीज संख्या ३४)। यह बात हम पहले ही (§ १३) बता चुके हैं कि 'वाक्पतिराज' ने प्राकृत में एक दूसरा महाकाव्य भी लिखा है, जिसका नाम 'महुमहविजअ' है। इसका एक श्लोक 'अभिनवगुप्त' ने 'ध्वन्यालोक' १५२, १५ की टीका में उद्धृत किया है तथा दो और श्लोक सम्भवतः 'सरस्वती कण्ठाभरण' ३२२, १५; ३२७, २५ में उद्धृत हैं। पंडित के संस्करण में, हेमचन्द्र की भाँति ही श्लोकों की लिखावट है अर्थात् इसमें जैन लिपि का प्रयोग किया गया है जिसमें आरम्भ में न लिखा जाता है और यश्रुति रहती है। बात यह है कि इस ग्रन्थ की हस्तलिखित प्रतियाँ जैनों की लिखी हैं और जैनलिपि में हैं। 'भुवनपाल' की टीका सहित सत्तसई की जो हस्तलिखित प्रति मिली है, उसका मूल ग्रन्थ भी जैन लिपि में मिलता है। 'रावणवहो' और 'गउडवहो' पर उनसे पहले लिखी गई उन संस्कृत की पुस्तकों का बहुत प्रभाव पड़ा है जो भारी भरकम और कृत्रिम भाषा में लिखी गई थीं। भवभूति के नाटकों में और कहीं-कहीं 'मृच्छकटिक' में भी ऐसी भाषा का प्रयोग किया गया है[१]। गउडवहो, 'हाल' की सत्तसई और रावणवहो—

ये तीनों ग्रन्थ महाराष्ट्री प्राकृत का ज्ञान प्राप्त करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण साधन हैं। चूँकि इन ग्रन्थों में महाराष्ट्री के उत्तम-उत्तम शब्द आये हैं, इसलिए मैंने 'ध्वनि-शिक्षा' नामक अध्याय में ऐसे शब्दों को गउड०, हाल और रावण० संक्षिप्त नाम से दिया है। वेबर ने 'हाल' की सत्तसई के पहले संस्करण में महाराष्ट्री प्राकृत के व्याकरण की रूपरेखा दी है; पर यह उस समय तक प्रकाशित सत्तसई के अंशों तक ही सिमित है।

१. मैक्सम्यूलर, इंडिया व्हाट कैन इट टीच अस (लाइप्त्सिख १८८४) पेज २७२ और उसके बाद; यह मत कि कालिदास रावणवहो का लेखक है, उस सामग्री पर आधारित है जो कालिदास के समय से बहुत बाद की है—२. एस गोल्डस्मित्त, रावणवहो, भूमिका का पेज ५ और उसके बाद—३. डौयत्शन् मौर्गेन लैण्डिशन गेजेलशाफ्ट की १८४५ की वार्षिक रिपोर्ट (लाइप्त्सिख १८४६) पेज १७६; त्साइटश्रिफ्ट फ्यूर डी विस्सन् शाफ्ट डेर स्प्राखे २,४८८ और उसके बाद—४. इसके साथ गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन १८८०, पेज ३८० और उसके बाद के छपे पेजों में पिशल का लेख देखिए—५. पण्डित, गउडवहो, भूमिका के पेज ६४ और उसके बाद—६. पण्डित, गउडवहो भूमिका का पेज ८ और ग्रन्थ के पेज ३४५ तथा उसके बाद—७. पण्डित, गउडवहो, भूमिका के पेज ७ में इस विषय पर कई अन्य बातें बताई गई हैं; याकोबी, गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन १८८८, पेज ६३—८. गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन १८८०, पेज ६१ और उसके बाद के पेजों में याकोबी का लेख—९. पण्डित ने गउडवहो की भूमिका के पेज ५२ और उसके बाद के पेजों में वाक्पतिराज को आसमान पर चढ़ा दिया है; इस विषय पर गोएटिंगिशे गेलैर्तें आन्त्साइगन १८८८, पेज ६५ में याकोबी का लेख देखिए।

§ १६—महाराष्ट्री के साथ-साथ लोग जैनों के द्वारा काम में लाई गई दोनों बोलियों का निकट सम्बन्ध मानते हैं। इन दोनों बोलियों को हरमान याकोबी[1] जैन-महाराष्ट्री और जैन-प्राकृत के नाम से अलग अलग करता है। वह जैन-महाराष्ट्री नाम से टीकाकारों और कवियों[2] की भाषा का अर्थ समझता है और जैन-प्राकृत, उस भाषा का नाम निर्दिष्ट करता है जिसमें जैनों के शास्त्र[3] और जैन-सूत्र[4] लिखे गये हैं। जैन-प्राकृत नाम जो 'ई. म्यूलर[5]' ने अपनाया है, अनुचित है और उसका यह दावा कि जैन-प्राकृत पुरानी या अतिप्राचीन महाराष्ट्री है, भ्रामक है[6]। भारतीय वैयाकरण पुराने जैन-सूत्रों की भाषा को आर्षम् अर्थात् 'ऋषियों की भाषा' का नाम देते हैं। हेमचन्द्र ने १,३ में बताया है कि उसके व्याकरण के सब नियम आर्ष भाषा में लागू नहीं होते; क्योंकि आर्ष भाषा में इसके बहुत-से अपवाद हैं और वह २,१७४ में बताता है कि ऊपर लिखे गये नियम और अपवाद आर्ष भाषा में लागू नहीं होते; उसमें मनमाने नियम काम में लाये जाते हैं। त्रिविक्रम अपने व्याकरण में आर्ष और देश्य भाषाओं को व्याकरण के बाहर ही रखता है; क्योंकि इनकी

उत्पत्ति स्वतन्त्र है जो जनता में रूढ़ि बन गई थीं; (**रूढत्वात्**)। इसका अर्थ यह है कि आर्षभाषा की प्रकृति या मूल संस्कृत नहीं है और यह बहुधा अपने स्वतन्त्र नियमों का पालन करती है (**स्वतन्त्रत्वाच् च भूयसा**)। प्रेमचन्द्र तर्कवागीश ने दण्डिन् के काव्यादर्श १,३३ की टीका करते हुए एक उद्धरण दिया है जिसमें प्राकृत का दो प्रकारों से भेद किया गया है। एक प्रकार की प्राकृत वह बताई गई है जो आर्षभाषा से निकली है और दूसरी प्राकृत वह है जो आर्ष के समान है— **आर्षोत्थम् आर्षतुल्यम् च द्विविधम् प्राकृतम् विदुः**। 'रुद्रट' के काव्यालंकार २,१२ पर टीका करते हुए 'नमिसाधु' ने प्राकृत नाम की व्युत्पत्ति यों बताई है कि प्राकृत भाषा की प्रकृति अर्थात् आधारभूत भाषा वह है जो प्राकृतिक है और जो सब प्राणियों की बोलचाल की भाषा है तथा जिसे व्याकरण आदि के नियम नियन्त्रित नहीं करते; चूँकि वह प्राकृत से पैदा हुई है अथवा प्राकृत जन की बोली है, इसलिए इसे प्राकृत भाषा कहते है। अथवा इसका यह भी अर्थ हो सकता है कि **प्राकृत प्राक्कृत** शब्दों से बनी हो। इसका तात्पर्य हुआ कि वह भाषा जो बहुत पुराने समय से चली आई हो। साथ ही यह भी कहा जाता है कि वह प्राकृत जो आर्ष शास्त्रों में पाई जाती है अर्थात् अर्द्धमागध वह भाषा है, जिसे देवता बोलते हैं— **आरिसवयणे सिद्धम् देवाणम् अद्धमागहा वाणी**। इस लेखक के अनुसार प्राकृत वह भाषा है जिसे स्त्रियाँ, बच्चे आदि बिना कष्ट के समझ लेते हैं; इसलिए यह भाषा सब भाषाओं की जड़ है। बरसाती पानी की तरह प्रारम्भ मे इसका एक ही रूप था; किन्तु नाना देशों मे और नाना जातियों मे बोली जाने के कारण (उनके व्याकरण के नियमों मे भिन्नता आ जाने के कारण) तथा नियमों मे समय-समय पर सुधार चलते रहने से भाषा के रूप मे भिन्नता आ गई। इसका फल यह हुआ कि संस्कृत और अन्य भाषाओं के अपभ्रंश रूप बन गये, जो 'रुद्रट' ने २,१२ मे गिनाये हैं (देखो § ४)। यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि 'नमिसाधु' के मतानुसार संस्कृत की आधारभूत भाषा अथवा कहिए कि संस्कृत की व्युत्पत्ति प्राकृत से है। यह बात इस तरह स्पष्ट होती है कि बौद्धों ने जिस प्रकार मागधी[८] को सब भाषाओं के मूल में माना है, उसी प्रकार जैनों ने अर्धमागधी को अथवा वैयाकरणों द्वारा वर्णित आर्ष भाषा को वह मूल भाषा माना है जिससे अन्य बोलियाँ और भाषाएँ निकली हैं। इसका कारण यह है कि 'महावीर' ने इस भाषा में अपने धर्म का प्रचार किया। इसलिए समवायंगसुत्त ९८[९] में कहा गया है—**भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्मं आइक्खइ। सा वि य णं अद्धमागही भासा भासिज्जमाणी तेसिं सव्वेसिं आरियं-अणारियाणम् दुप्पय चौप्पयमियपसुपक्खिसरी सिवाणं अप्पणो हियसिवसुहदाय भासत्ताए परिणमइ** अर्थात् 'भगवान यह धर्म (जैनधर्म) अर्द्धमागधी भाषा में प्रचारित करता है और यह अर्द्धमागधी भाषा जब बोली जाती है तब आर्य और अनार्य, दोपाये और चौपाये, जंगली और घरेलू जानवर, पक्षी, सरीसृप (साँप, कंचुआ) आदि सब प्रकार के कीड़े इसी में बोलते हैं और यह सबका हित करती है, उनका कल्याण करती है और उन्हें सुख देती है।'

वाग्भट ने 'अलंकार-तिलक' १,१ में कहा है—**सर्वार्धमागधीम् सर्वभाषासु परिणामिनीम्। सार्वीयाम्**[१०] **सर्वतोवाचम् सार्वज्ञीम् प्रणिदध्महे।** अर्थात् हम उस वाच का प्रणिधान करते हैं जो विश्वभर की अर्द्धमागधी है, जो विश्व की सब भाषाओं में अपना परिणाम दिखाती है, जो सब प्रकार से परिपूर्ण है और जिसके द्वारा सब-कुछ जाना जा सकता है। 'पण्णवणासुत्त' ५९ में आर्यों की ९ श्रेणियाँ की गई हैं जिनमें से छठी श्रेणी **भाषार्या**, अर्थात् वह आर्य जो आर्य भाषा बोलते हैं, उनकी है। ६२ वें[११] पेज में उनके विषय में यह बात कही गई है—**से किं तं भासारिया। भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासन्ति : जत्थ वि य णं बम्भी लिवी पवत्तइ** अर्थात् '**भासारिया**' (भाषा के अनुसार आर्य) कौन कहलाते हैं? भाषा के अनुसार आर्य वे लोग हैं जो अर्द्धमागधी भाषा में बातचीत करते और लिखते-पढ़ते हैं और जिनमें ब्राह्मी लिपि काम में लाई जाती है'। महावीर ने अर्द्धमागधी भाषा में ही अपने धर्म का प्रचार किया, इस बात का उल्लेख ऊपर बताये गये 'समवायंगसुत्त' के अतिरिक्त 'अयवाइअसुत्त' के पारा ५६ में भी है : **तए णं समणे भगवं महावीरे... अद्धमागहाए भासाए भासइ। अरिहा धम्मं परिकहेइ। तेसिं सव्वेसिं आर्य-अणारियाणं अगिलाए धम्मं आइक्खइ। सवियणं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियं-अणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ** अर्थात् 'भगवान महावीर इन श्रमणों से...अर्द्धमागधी भाषा में (अपने धर्म का व्याख्यान करता है)। अर्हत् धर्म को भलीभाँति फिर-फिर समझाता है। वह उन सब आर्यों और अनार्यों के आगे धर्म की शिक्षा देता है। वे सब लोग भी इस अर्धमागधी भाषा से सब आर्य और अनार्यों के बीच अपनी-अपनी बोली में अनुवाद करके इस धर्म का प्रचार करते हैं।' इस तथ्य का उल्लेख 'उवासगदसाओ' के पेज ४६ में 'अभयदेव' ने किया है और वेबर द्वारा प्रकाशित 'सुरियपन्नति' की टीका में मलयगिरि ने भी किया है (देखो भगवती २,२४५); हेमचन्द्र की 'अभिधान-चिन्तामणि' ५,९ की टीका भी तुलना करने योग्य है। हेमचन्द्र ने ४,२८७ में एक उद्धरण में कहा है कि जैनधर्म के प्राचीन सूत्र अद्धमागह भाषा में रचे गये थे"—' **पोराणं अद्धमागह भासा निययं हवइ सुत्तं।** इसपर हेमचन्द्र कहता है कि यद्यपि इस विषय पर बहुत प्राचीन परम्परा चली आई है तो भी इसके अपने विशेष नियम हैं; यह मागधी व्याकरण के नियमों पर नहीं चलती[१२]। इस विषय पर उसने एक उदाहरण दिया है कि **से तारिसे दुक्खसहे जिइन्दिये** (दसवेयालियसुत्त ६३३,१९) मागधी भाषा में अपना रूप परिवर्तन करके **तालिशे दुक्खशहे यिविंदिए** हो जायगा।

१. कप्पसुत्र पेज १७, ओसगेवैल्ते एर्स्लेंलुंगन, इन महाराष्ट्री (लाइप्त्सिख १८८६), भूमिका का पेज ११—२. कप्पसुत्र पेज १७—३. एर्स्लेंलुंगन भूमिका का पेज १२—४. कप्पसुत्र पेज १७—५. वाइत्रैगे त्सूर ग्रामाटीक डेस जैन प्राकृत (बर्लिन, १८७६)—६. § १८ देखिए—७. पिशल, दे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज २९—८. हाजिबन्स, ऐन इन्ट्रोडक्शन टु कच्चाय-

माला ग्रैमर औफ द पाली लैंग्वेज (कोलम्बो १८६३), भूमिका का पेज १०७; म्यूर, ओरिजिनल सैंस्कृत टैक्स्टस् २, ५४; फ्रॉयर, प्रोसीडिंगस औफ द एशियाटिक सोसाइटी औफ बैंगाल १८७९, १५५—९.इसका पाठ वेबर ने अपनी फ़ैरसाइशनिस २, २, ४०६ में भी छापा है; अववाइअसुत्त से आगे के पाराग्राफों से उद्धृत वाक्यों से भी तुलना कीजिए—१०.हस्तलिखित प्रतियों में ऐसा पाया जाता है; बम्बई १८९४ में प्रकाशित काव्यमाला संख्या ४३ में छपे संस्करण में सर्वपाम् छपा है—११.इसका पाठ वेबर ने इण्डिशे स्टूडियन १६, ३९९ और फैरत्साइशनिस २, ५६२ में छापा है—१२.लौयमान ने औपपातिक सूत्र (लाइप्त्सिख़ १८८३) पेज ९६ में नियग्रम् बताया है, अर्द्ध मागधी भाषा में यह निजक (बाँधना) के समान है; किन्तु हेमचन्द्र स्वयं इसका अर्थ नियत देता है, जो ठीक है—१३.होएर्नले ने अपने ग्रन्थ द प्राकृत—लक्षणम् और चण्डाज ग्रामर औफ द एन्शण्ट आर्ष प्राकृत (कलकत्ता १८८०) भूमिका का पेज १९ और उसका नोट।

§ १७—उक्त बातों से यह पता लगता है कि आर्ष और अर्धमागधी भाषाएँ एक ही है और जैन-परम्परा के अनुसार प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी थी[1]। इन तथ्यों से एक बात का और भी बोध होता है कि 'दसवेयालियसुत्त' से हेमचन्द्र ने जो उद्धरण लिया है, उससे प्रमाण मिलता है कि अर्धमागधी में गद्य ही गद्य नहीं लिखा गया; बल्कि इसमें कविता भी की गई। किन्तु गद्य और पद्य की भाषा में जितनी अधिक समानता देखी जाती हो, साथ ही एक बहुत बड़ा भेद भी है। मागधी की एक बड़ी पहचान यह है कि र का ल हो जाता है और स का श तथा अ में समाप्त होनेवाले अथवा व्यजनों में अन्त होनेवाले ऐसे शब्दों का कर्ता कारक एक वचन, जिनके व्यंजन अ में समाप्त होते हों, ए में बदल जाते हैं*और ओ के स्थान में ए हो जाता है। अर्धमागधी में र और स बने रहते हैं; पर कर्त्ता कारक एकवचन में ओ का ए हो जाता है। समवायंगसुत्त पेज ९८[2] और 'उवासगदसाओ' पेज ४६ की टीका में अभयदेव इन कारणों से ही इस भाषा का नाम अर्धमागधी पड़ा, यह बात बताता है—अर्धमागधी भाषा यस्याम् रसोर् लशौ मागध्याम्[3] इत्यादिकं मागधभाषा लक्षणं परिपूर्णं नास्ति। स्टीवेनसन[4] ने यह तथ्य सुझाया है और वेबर[5] ने शब्दों के उदाहरण देकर प्रमाणित किया है कि अर्धमागधी और मागधी का सम्बन्ध अत्यन्त निकट का नहीं है। कर्त्तावाचक एकवचन के अन्त में ए लगने के साथ-साथ, अर्धमागधी और मागधी में एक और समानता है, वह यह कि क्त में समाप्त होनेवाले धातु के त के स्थान में ड हो जाता है†। किन्तु मागधी में यह नियम भी सर्वत्र लागू नहीं होता (देखो § २१९)। इन दोनों भाषाओं में एक और समानता देखी जाती है कि इन दोनों में य का बहुत प्राबल्य है; लेकिन इस बात में भी दोनों भाषाओं के नियम भिन्न-भिन्न हैं। इसके अतिरिक्त क का ग हो जाता है

* जैसे सः का रूप 'से' हो जाता है।—अनु०

† जैसे मृत का 'मड', कृत का 'कड' आदि।—अनु०

(दे० § २०२) जो मागधी में कहीं-कहीं होता है। सम्बोधन के एकवचन में अ में समाप्त होनेवाले शब्दों में बहुधा प्लुति आ जाती है; किन्तु प्लुति का यह नियम ढक्की और अपभ्रंश भाषा में भी चलता है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि अर्धमागधी और मागधी में बहुत-से सम्बन्ध प्रमाणित किये जा सकते, यदि मागधी में बहुत-से स्मृति-स्तम्भ वर्त्तमान होते और वे अच्छी दशा में रक्षित मिलते। वर्तमान स्थिति में तो इनकी समानता के प्रमाण मिलना किसी सुअवसर और सौभाग्य पर ही निर्भर है। ऐसा संयोग से प्राप्त एक शब्द अर्धमागधी **उसिण है** (= संस्कृत **उष्ण**) जो मागधी **कोशिण** (= संस्कृत **कोष्ण**) की रीति पर है, (दे० § १३३)। यह बात भी विशेष ध्यान देने योग्य है कि अर्धमागधी और मागधी संस्कृत षष्ठी एकवचन **सब** का ही रूप व्यवहार में लाते हैं और यह रूप अन्य प्राकृत भाषाओं में नहीं मिलता (§ ४२१)। अर्धमागधी में लाटी प्राकृत से अ में समाप्त होनेवाले शब्दों का सप्तमी एकवचन के अन्त में '**सि**' लगने की रीति चली है। अर्धमागधी में बहुधा यह देखने में आता है कि प्रथमा के एकवचन के अन्त में **ए** के स्थान पर **ओ** का भी प्रयोग होता है। मेरे पास जो पुस्तकें हैं, उनमें अगर एक स्थान मे प्रथमा एकवचन के लिए शब्द के अन्त में **ए** का प्रयोग हुआ है, तो उसके एकदम पास में **ओ** भी काम में लाया गया है। 'आयारांगसुत्त', पेज ४१ पंक्ति १ में **अभिवायमीणे** आया है; पर पंक्ति २ में **हयपुव्वो है** और ३ मे **लसियपुव्वो** है। पेज ४५ की पंक्ति १९ में **नाओ** है; किंतु २० में **से महावीरे** पाठ है। २२ में फिर **अलद्धपुव्वो** आया है और **गामो** भी है। पेज ४६, ३ में **दुक्खसहे, अपडिन्ने**; ४ में **सूरो**, ५ मे **संवुडे**, ६ मे **पडिसेवमाणो**, ७ में **अचले**, १४ में **अपुट्ठे** और उसी के नीचे १५ मे **पुट्ठो, अपुट्ठो** पाठ है। ऐसे स्थलों पर लिपिकारों की भूल भी हो सकती है जो प्रकाशकों को शुद्ध कर देनी चाहिए थी। कलकत्ते के संस्करण में ४५ पेज की लाइन २२ में **गामे** शब्द हैं और ४६, ६ में **पडिसेवमाने** छपा है। एक स्थान पर **ओ** भी है। उक्त सब शब्दों के अन्त में **ए** लिखा जाना चाहिए। कविता में लिखे गये अन्य ग्रंथों मे, जैसा कि 'आयारांगसुत्त' पेज १२७ और उसके बाद, के पेजों में १ पेज १२८, ३ में **मउडे** के स्थान पर हस्तलिखित प्रति बी. के अनुसार, **मउडो** ही होना चाहिए। यह बात कविता में लिखे गये अन्य ग्रंथों में भी पाई जाती है। 'सूयगडंगसुत्त,' 'उत्तरज्झयणसुत्त', 'दसवेयालियसुत्त' आदि में ऐसे उदाहरणों का बाहुल्य है। कविता की भाषा गद्य की भाषा से ध्वनि तथा रूप के नियमों में बहुत भिन्न है और महाराष्ट्री और जैनों की दूसरी बोली जैन-महाराष्ट्री से बहुत कुछ मिलती है; किन्तु पूर्णतया उसके समान भी नहीं है। उदाहरणार्थ संस्कृत शब्द **म्लेच्छ** अर्धमागधी के गद्य मे **मिलक्खु** हो जाता है; पर पद्य में महाराष्ट्री, जैन महाराष्ट्री, शौरसेनी, अपभ्रंश की भाँति में **च्छ** (§ ८४) होता है। केवल काव्य ग्रन्थों में, महाराष्ट्री, और जैन-महाराष्ट्री की भाँति, अर्धमागधी में **कृ** धातु (§ ५०८) का रूप **कुणइ*** होता है। साथ ही

* यह 'कुणइ' शब्द कुमाऊँ की बोली में आज भी चलता है। 'तुम क्या करते हो' के लिए कुमाऊँनी बोली में 'तुमके कणौ छा' का व्यवहार होता है। उत्तर-भारत के कई स्थानों में यह शब्द मिल सकता है।—अनु०

केवल कविता में, महाराष्ट्री और जैन-महाराष्ट्री की तरह, संस्कृत—त्वा के स्थान में —तूण या ऊण होता है (§ ५८४ और उसके बाद)। संधि के नियमों, संज्ञा और धातु के रूपों और शब्दसंपत्ति में पद्य में लिखे गये ग्रन्थों और गद्य की पुस्तकों में महान् भेद मिलता है। इसके ढेर-के-ढेर उदाहरण आप 'दसवेयालियसुत्त', 'उत्तरज्झय-णसुत्त' और 'सूयगडंगसुत्त' में देख सकते हैं। काव्यग्रंथों की इस भाषा पर ही 'क्रमदी-श्वर' की (५, ९८) यह बात ठीक बैठती है कि अर्धमागधी, महाराष्ट्री और मागधी के मेल से बनी भाषा है—**महाराष्ट्री मिश्रार्ध मागधी**। इस दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि अर्धमागधी जैनियों की प्राचीन प्राकृतों का तीसरा भेद है। पाली भाषा में भी कविता की भाषा में बहुत पुराने रूप और विशेषता पाई जाती हैं जो गद्य में नहीं मिलतीं; किंतु इस कारण किसी ने यह नहीं कहा कि गद्य और पद्य की भाषाएँ दो विभिन्न बोलियाँ हैं। इसलिए, चूँकि, अर्धमागधी के गद्य और पद्य की भाषा का आधार निस्सन्देह एक ही है, इसलिए मैंने इन दोनों प्रकार की भाषाओं को, परम्परा से चला आया हुआ एक ही नाम अर्धमागधी दिया है। 'भारतीय नाट्यशास्त्र' १७, ४८ में मागधी, आवंती, प्राच्या, शौरसेनी, बाह्लीका और दाक्षिणात्या के साथ अर्ध-मागधी को भी सात भाषाओं के भीतर एक भाषा माना है और १७, ५० में (= साहित्य-दर्पण, पेज १७३, ३) कहा है कि यह नाटकों में नौकरों, राजपूतों और श्रेष्ठियों द्वारा बोली जानी चाहिए—**चेटानाम् राजपुत्राणाम् श्रेष्ठिनाम् चार्ध-मागधी**। किन्तु संस्कृत नाटकों में यह बात नहीं मिलती तथा मार्कण्डेय (§ ३) का मत है कि अर्धमागधी और मागधी शौरसेनी की ही बोलियाँ हैं जो आपस में निकट संबंधी हैं। ऐसी आशा करना स्वाभाविक है कि नाटकों में जब जैन पात्र आते होंगे तब उनके मुँह में अर्धमागधी भाषा की बातचीत रखी जाती होगी। लास्सन ने अपनी पुस्तक 'इंस्टिट्यूत्सिओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए' में 'प्रबोधचन्द्रो-दय' और 'मुद्राराक्षस' नाटकों से उदाहरण देकर अर्धमागधी की विशेषताएँ दिखाने का प्रयत्न किया है और उसका मत है कि 'धूर्तसमागम' नाटक में नाई अर्धमागधी बोलता है। 'मुद्राराक्षस' नाटक के पेज १७४-१७८, १८३-१८७ और १९०-१९४ में 'जीवसिद्धि क्षपणक' पात्र आता है। इसके विषय में टीकाकार 'ढुंढिराज' ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है—**क्षपणको जैनाकृतिः**; अर्थात् भीख माँगनेवाला साधु जीवसिद्धि जैन के रूप में है। इस क्षपणक की भाषा अर्धमागधी से मिलती है और उसने ओ के स्थान पर ए का प्रयोग किया है; उदाहरणार्थ—**कुविदे, भदंते** (१७८, ४)। उसने नपुंसक लिंग में भी ए का प्रयोग किया है; जैसे—**अदृष्खणे णक्खत्ते** (१७६, १ और २)। इसके अतिरिक्त उसकी भाषा में क ग में परिणत हो गया है। यह बात विशेषकर **शावगाणं** (१७५,१; १८५,१; १९०,१०) सम्बोधन का एक वचन **शावगा** (१७५,३; १७७,२; १८३,५ आदि) से प्रमाणित होती है। यहाँ यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि इसका अन्तिम स्वर भी लम्बा कर दिया गया है (§ ७१)। कर्ता एकवचन में ए जोड़ दिया गया है; जैसे—**शावगे** (१७८,२; १९३,१) और अहक° का हगे हो गया है (§ १४२; १९४ और ४१७)। उसकी

और बातें मागधी भाषा में लिखी गई हैं, इसलिए स्वयं हेमचन्द्र अपने प्राकृत व्याकरण के ४,३०२ में 'क्षपणक' की भाषा के शब्द मागधी भाषा के उदाहरण के रूप में देता है। 'प्रबोधचन्द्रोदय' के पेज ४६ से ६४ तक एक क्षपणक आया है जो दिगम्बर जैन साधु बताया गया है। रामदास ठीक ही कहता है कि उसकी भाषा मागधी है और वह यह भी निर्देश करता है कि भिक्षु, क्षपणक, राक्षस और अन्तःपुर के भीतर महिलाओं की नौकरानियाँ मागधी प्राकृत में बातचीत करती हैं। 'लटक मेलक' के पेज १२–१५ और २५ से २८ में भी एक दिगम्बर पात्र नाटक में खेल करता है, जो मागधी बोलता है। यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि नाटकों में सर्वत्र ये 'क्षपणक' दिगम्बर होते हैं। इसकी बोली मुख्य-मुख्य बातों में श्वेताम्बर जैनियों की बोली से थोड़ी ही भिन्न है और काफी मिलती-जुलती है और ध्वनि के महत्त्वपूर्ण नियमों के अनुसार मागधी के समान ही है (§ २१)। नाटकों में अर्धमागधी काम में बिलकुल नहीं लाई गई है। उनमें इसका कहीं पता नहीं मिलता।

१. विलसन, सिलेक्ट वर्क्स १,२८९; वेबर, भगवती, १,३९२—२. वेबर ने फैर्सलाइशनिस २,२,४०६ में यह पाठ छापा है; इसका नोट संख्या ८ भी देखिए—३. वेबर अपने उपर्युक्त ग्रन्थ में सत्य लिखता है कि यह उद्धरण किसी अज्ञातनामा व्याकरण से लिया गया है। यह 'रुद्रट' के काव्यालंकार २;१२ की टीका में 'नमिसाधु' ने भी दिया है। उसमें उसने मागध्याम् के स्थान पर मागधिकायाम् शब्द का उपयोग किया है। चण्ड ३,३९ में लिखा गया है— मागधिकायाम् रसयोर् लशौ। वेबर का यह मत (फैर्त्साइशनिस २,३ भूमिका का पेज की नोट-संख्या ७), कि यह नाम 'अद्धमागहा भाषा' इसलिए पड़ा कि इसका अर्थ 'एक छोटी-सी भाषा अर्थात् इस भाषा में बहुत कम गुण है' इस तात्पर्य से रखा गया, अशुद्ध है—४. व कल्पसूत्र पृष्ठ नवतरव (लण्डन १८४८), पेज १३७ तथा उसके बाद—५. भगवती १,३९३ और उसके बाद—६. ई० ग्यूलर, बाइत्रैगे पेज ३; ग्यूलर ने इस भाषा का सम्बन्ध दिखाने के लिए साम्य की जो और बातें बताई हैं, वे और बोलियों में भी मिलती हैं—७. होएर्नले ने चण्ड की भूमिका के पेज १९ में जो लिखा है कि अर्धमागधी + महाराष्ट्री=आर्ष, यह बात भ्रमपूर्ण है।

§ १८—कोलब्रुक[1] का मत था कि जैनों के शास्त्र मागधी प्राकृत में लिखे गये हैं और साथ ही उसका यह विचार था कि यह प्राकृत उस भाषा से विशेष विभिन्नता नहीं रखती, जिसका व्यवहार नाटककार अपने ग्रन्थों में करते हैं और जो बोली वे महिलाओं के मुख में रखते हैं। उसका यह भी मत था कि मागधी प्राकृत संस्कृत से निकली है और वैसी ही भाषा है जैसी कि सिंहल देश की पाली भाषा। लास्सन[2] का विचार था कि मागधी प्राकृत और महाराष्ट्री एक ही भाषाएँ हैं।

होएफर[1] इस मत पर डटा था कि जैन शास्त्रों की प्राकृत भाषाएँ कुछ भिन्नताएँ और विशेषताएँ अवश्य हैं, जो अन्य प्राकृतों में साधारणतया देखी नहीं जातीं। लेकिन जब हम व्यापक दृष्टि से इस भाषा पर विचार करते हैं तब स्पष्ट पता चल जाता है कि यह भी वही प्राकृत है। याकोबी इस सिद्धान्त पर पहुँचा है कि जैन शास्त्रों की भाषा बहुत प्राचीन महाराष्ट्री[2] है; किन्तु इस मत के साथ ही वह यह भी लिखता है कि यदि हम जैन प्राकृत को अर्थात् जैन शास्त्रों के सबसे पुराने उस रूप को देखें, जो इस समय हमें मिलता है* और उसकी तुलना एक ओर पाली और दूसरी ओर हाल, सेतुबन्ध आदि ग्रन्थों में मिलनेवाली प्राकृत से करें तो साफ दिखाई देता है कि यह उत्तरकालीन प्राकृतों[3] से पाली भाषा के निकटतर है; यह एक पुरानी भारतीय बोली है जो पाली से घना सम्बन्ध रखती है; पर इससे[4] नवीनतर है। इस मत के विरुद्ध वेबर[5] का कहना है कि अर्धमागधी और महाराष्ट्री के बीच कोई निकटतर सम्बन्ध नहीं है और पाली के साथ भी इसका सम्बन्ध सीमित है तथा जैसा कि वेबर से पहले स्पीगल[6] बता चुका था और उसके बाद इसकी पुष्टि याकोबी[7] ने भी की है कि अर्धमागधी पाली से बहुत बाद की भाषा है। अर्धमागधी ध्वनितत्त्व, संज्ञा और धातु की रूपावलियों तथा अपनी शब्द-सम्पत्ति में महाराष्ट्री से इतना अधिक भेद रखती है कि यह सोलह आने असम्भव है कि इसके भीतर अति प्राचीन महाराष्ट्री का रूप देखा जाय। स्वयं याकोबी ने इन दोनों भाषाओं में जो अनगिनत भेद हैं, वे एकत्र किये हैं और इन महत्त्वपूर्ण भेदों का उससे भी बड़ा संग्रह ई. म्यूलर[10] ने किया है। ई. म्यूलर स्पष्ट तथा ओजस्वी शब्दों में यह अस्वीकार करता है कि अर्धमागधी प्राचीन महाराष्ट्री से निकली है। वह अर्धमागधी को प्रस्तर-लेखों की मागधी से सम्बन्धित करता है। प्रथमा एकवचन का—ए इस बात का पक्का प्रमाण है कि अर्धमागधी और महाराष्ट्री दो भिन्न भिन्न भाषाएँ हैं। यह ऐसा ध्वनि-परिवर्तन नहीं है जिसके लिए यह कहा जाय कि यह समय बदलने के साथ-साथ घिस-मज कर इस रूप में आ गया; बल्कि यह स्थानीय भेद है जो भारतीय भाषा के इतिहास से स्पष्ट है। भारतीय भाषा का इतिहास बताता है कि भारत के पूर्वी प्रदेश में अर्धमागधी बहुत व्यापक रूप में फैली थी और महाराष्ट्री का प्रचलन उधर कम था। यह सम्भव है कि देवर्धिगणिन् की अध्यक्षता में 'वलभी' में जो सभा जैनशास्त्रों को एकत्र करने के लिए बैठी थी या 'स्कन्दिलाचार्य'[11] की अध्यक्षता में मथुरा में जो सभा हुई थी, उसने मूल अर्धमागधी भाषा पर पश्चिमी प्राकृत भाषा महाराष्ट्री का रंग चढ़ा दिया हो। यह बहुत सम्भव है कि अर्धमागधी पर महाराष्ट्री का रंग वलभी में गहरा जम

* इस रूप का प्रचार संज्ञा-शब्दों के षष्ठी बहुवचन में हिन्दी में विभक्तियों के प्रयोग के बाद कम हो गया है; फिर भी सुदूर प्रान्तों में, जहाँ भाषा के रूप में, प्राचीनता के कुछ अवशेष बचे हैं, ऐसे प्रयोग मिल सकते हैं। इन्हें ढूँढ़ने का काम विश्वविद्यालयों और कालेजों के हिन्दी के अध्यापकों और शोध में रस लेनेवाले छात्रों का है। कुमाऊँ की बोली में आज भी ऐसा प्रयोग मिलता है। वहाँ **बामणाम कण दियौ** का अर्थ है—**ब्राह्मणों को दो; बानराम** का अर्थ है—**बन्दरों को** आदि।—अनु०

गया हो[१८]। ऐसा नहीं मालूम होता कि महाराष्ट्री का प्रभाव विशेष महत्त्वपूर्ण रहा होगा; क्योंकि अर्धमागधी का जो मूल रूप है, वह इसके द्वारा अछूता बचा रह गया।

अर्धमागधी की ध्वनि के नियम जैसा कि **एव** से पहले **अम्** का **आं** हो जाना (§ ६८), **इति** का **ई** हो जाना (§ ९३), उपसर्ग **प्रति** से **इ** का उड़ जाना; विशेषकर इन शब्दों में—**पडुच्च**, **पडुप्पन्न**, **पडोयारय**, आदि (§ १६३); तालव्य के स्थान पर दन्त्य अक्षरों का आ जाना (§ २१५), **अहा** (= **यथा**) में से **य** का छूट जाना (§ ३३५), संधि-व्यंजनों का प्रयोग (§ ३५३), इसके अतिरिक्त संप्रदान कारक के अन्त में-**त्ताए** (§ ३६४) का व्यवहार, तृतीया विभक्ति का-**सा** में समाप्त होना (§ ३६४), **कम्म** और **धम्म** का तृतीया का रूप **कम्मुणा** और **धम्मुणा** (§ ४०४), उसके विचित्र प्रकार के संख्यावाचक शब्द, अनेक धातुओं के रूप जैसे कि **ख्या** धातु से **आइक्खइ** रूप (§ ४९२), **आप्** धातु में **प्र** उपसर्ग जोड़कर उसका **पाउणइ** रूप (§ ५०४), **कृ** धातु का **कुव्वइ** रूप (§ ५०८),-**इ** और-**इत्तु** और **त्ताए** में समाप्त होनेवाला सामान्य रूप (Infinitive) (§ ५०७), संस्कृत **त्या** और हिन्दी **करके** के स्थान पर-**त्ता** (§ ५८२), -**त्ताणं** (§ ५८३),-**च्चा**, -**च्चाणं**, -**च्चाण** (§ ५८७), -**याणं**, -**याण** (§ ५९२) आदि महाराष्ट्री भाषा में कहीं भी नहीं मिलते। अर्धमागधी में महाराष्ट्री से भी अधिक व्यापक रूप से मूर्धन्य वर्णों का प्रयोग किया गया है (§ २१९, २२२, २८९ और ३३३); इसी प्रकार अर्धमागधी में **ल** के स्थान पर **र** हो गया है। (§ २५७)। ध्वनि के वे नियम जो अर्धमागधी में चलते है, महाराष्ट्री में कभी-कभी और कहीं-कहीं दिखाई पड़ते हैं। इसके उदाहरण है, अंशस्वर* **अ** का प्रयोग (§ १३२) दीर्घ स्वरों का व्यवहार और-**त्र** (§ ८७) प्रत्यय और **क्ष** (§ ३२३) व्यंजन को सरल कर देना, **क** का **ग** में परिणत हो जाना (§ २०२), **प** का **म** हो जाना (§ २४८) आदि। **य** श्रुति (§ १८७) जो बहुधा शब्द-सम्पत्ति के भिन्न-भिन्न रूप दिखाती है और कई अन्य बातें अकाट्य रूप से सिद्ध करती हैं कि अर्धमागधी और महाराष्ट्री मूल से अलग होते ही अलग-अलग भाषाएँ बन गईं। साहित्यिक भाषा के पद पर बिठाई जाने के बाद इसमें से भी व्यंजन खदेड़ दिये गये और यह अन्य प्राकृत बोलियों की भाँति ही इस एक घटना से बहुत बदल गई। इसमें कर्त्ता कारक के अन्त में जो **ए** जोड़ा जाता है, उससे यह बात स्पष्ट हो जाती है

* अंश-स्वर या आंशिक स्वर **अ** का मतलब है कि **अ** बोलने में कम समय लगता है अर्थात् उसका कालमान या काल की मात्रा घट जाती है। 'प्रमाण' का आज भी गाँवों में 'परमाण' बोला जाता है; किन्तु प्रमाण में प हलंत है और उसका स्वर अंश-स्वर है; किन्तु परमाण बोलने में समय की मात्रा समान ही रह जाती है और र में जो अकार है, उसे बोलने में आधा या आंशिक समय लगता है। यही बात **प्रसन्न** का **परसन्न**, **श्लाघा** का **सलाहा** (= सराहना) होने पर घटती है। यहाँ **सलाहा** में **स** पहले हलंत था, अब इसका अंश **अ** बन गया है। **प्रमाण** में **प** हलंत है; पर **परमाण** में **प** में **अ** जुड़ गया है अर्थात् इसका अंश बन गया है। इस शब्दप्रक्रिया में जो **अ** आता है, उसे अंश-स्वर कहते हैं। —अनु०

कि अर्धमागधी भाषा का क्षेत्र शायद ही 'प्रयाग' के बाहर पश्चिम की ओर गया होगा। इस समय तक इस विषय पर हमें जो कुछ तथ्य ज्ञात हैं, उनके आधार पर इस विषय पर कुछ अधिक नहीं लिखा जा सकता।

१. मिसलेनिअस एसेज ३१, २१३— २. इन्स्टीट्यूत्सीओनेस पेज १ और ४२ तथा ४३— ३. त्साइटश्रिफ्ट फ्यूर डी विस्सनशाफ्ट डेर स्प्राखे ३, ३७१— ४. कल्पसूत्र पेज १८; इस ग्रन्थ का पेज १९ और एत्सेंलुंगन की भूमिका के पेज १२ से भी तुलना कीजिए; वेबर, फैरत्साइशनिस २, ३ भूमिका के पेज १४ का नोट संख्या ७ — ५. सेक्रेड बुक्स औफ द ईस्ट खंड २२ की भूमिका का पेज ४१— ६. आयारंग सुत्त की भूमिका का पेज ८—७. भगवती १, ३९६— ८. म्युन्शनर गेलैर्ते आन्त्साइगन १८४९, पेज ९१२— ९. कल्पसूत्र पेज १७; एर्त्सेलुंगन, भूमिका का पेज १२— १०. बाइत्रैगे पेज ३ और उसके बाद— ११. याकोबी, कल्पसूत्र पेज १५ और उसके बाद; सेक्रेड बुक्स औफ द ईस्ट १२ वाँ खंड, भूमिका का पेज ३७ और उसके बाद; वेबर इण्डिशे स्टूडिएन १६, २१८— १२. एर्त्सेलुंगन की भूमिका के पेज १२ में याकोबी की स्वीकारोक्ति इस विषय पर § २४ भी देखिए।

§ १९—वेबर ने अपने इण्डिशेस्टुडिएन के १६ वे खंड (पेज २११-४७९) और १७ वे खण्ड (पेज १-९० तक) में अर्धमागधी में रचे गये श्वेताम्बरों के धर्मशास्त्रों पर विस्तारपूर्वक विचार किया है। उसका यह लेख उन उत्तम और चुनिन्दा उद्धरणों से सब तरह सम्पूर्ण हो गया है जो उसने बर्लिन के सरकारी पुस्तकालय के संस्कृत और प्राकृत की हस्तलिखित प्रतियों की सूचीपत्र के खंड २, भाग २ में, पेज ३५५ से ८२३ तक मे दिये हैं। इसी सूची के भीतर उन ग्रन्थों के उद्धरण भी है जो भारत और यूरोप में अबतक प्रकाशित हो चुके हैं[1]। अबतक व्याकरण-साहित्य के बारे में जो कुछ भी लिखा जा चुका है, वे सब उपयोग में लाये जा चुके हैं। अत्यन्त खेद है कि अभी तक इन ग्रन्थों के आलोचनात्मक संस्करण नहीं निकल पाये हैं। जो मूल पाठ प्रकाशित भी हो पाये हैं, वे अर्धमागधी के व्याकरण का अध्ययन करने की दृष्टि से बिलकुल निकम्मे हैं। इस भाषा के गद्य-साहित्य का अध्ययन करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण पाठ पहले अंग अर्थात् 'आयाँणसुत्त'[2] है। इसमें अन्य, सब ग्रन्थों से अधिक पुरानी अर्धमागधी मिलती है। इसके बाद महत्त्व में विशेष स्थान दूसरे अंग का है अर्थात् 'सूयगडंगसुत्त' का, जिसका पहला भाग, जो अधिकांशतः छंद में है, भाषा के अध्ययन के लिए बड़े महत्त्व का है। जो स्थान 'आयारंगसुत्त' का गद्य के लिए है, वही स्थान 'सूयगडंग-सुत्त' का छन्द की भाषा के लिए है। चौथा अंग अर्थात् 'समवायंग' संख्या-वाचक शब्दों के अध्ययन के लिए महत्त्व रखता है। छठा अंग 'नयाधम्मकहाओ' सतवाँ 'उवासगदसाओ'[3], ग्यारहवाँ 'विवागसुय' और पाँचवें अंग अथवा 'विवाहपन्नत्ति' के कई अंश एक के बाद एक कहानियों से भरे हैं और अपनी भाषा के द्वारा अन्य सब ग्रन्थों से अधिक संज्ञा और धातु के रूपों पर प्रकाश डालते हैं। यही बात दूसरे

उपांग अर्थात् 'ओववाइयसुत्त' और 'निरयावलियाओ' और छेदसूत्रों में से 'कप्पसुय' के पहले भाग के विषय में कही जा सकती है। मूल सूत्रों में से बहुत ही अधिक महत्त्व का 'उत्तरज्झयण सुत्त' है, जो प्रायः सम्पूर्ण छन्दों में लिखा गया है। इसके भीतर अति प्राचीन और चित्र-विचित्र रूपों का ताँता बँधा हुआ है। 'दशवेयालियसुत्त' भी महत्त्व का है; किन्तु कई स्थलों पर उसकी भाषा में विकृति आ गई है। एक ही शब्द और कथोपकथन सैकड़ों बार दुहराये जाने के कारण बुरे-से-बुरे पाठ की जाँच-पड़ताल पक्की कर देता है; पर सर्वत्र यह जाँच-पड़ताल नहीं हो सकती। कई स्थलों पर पाठ इतना अशुद्ध है कि लाख जतन करने पर भी दीवार से सर टकराना पड़ता है। यह सब होने पर भी वर्तमान स्थिति में अर्धमागधी भाषा का शुद्ध और स्पष्ट रूप सामने आ गया है; क्योंकि यह अर्धमागधी भाषा विशुद्ध रूप से रक्षित परंपरा से चली आ रही है और यही सब प्राकृत बोलियों में से सर्वथा भरपूर बोली है।" अर्धमागधी प्राकृत पर सबसे पहले 'स्टीवेनसन' ने कल्पसूत्र (पृ० १३१ और उसके बाद) में बहुत अशुद्ध और बहुत कम बातें बताईं। इससे कुछ अधिक तथ्य 'होएफर' ने 'त्साइटुंग डेर विस्सनशाफ्ट डेर स्प्राख' में दिये (३रे खंड पेज २६४ और उसके बाद)। 'होएफर' ने विद्वानों का ध्यान अर्धमागधी की मुख्य विशेषताओं की ओर खींचा, जिनमें विशेष उल्लेखनीय य श्रुति, स्वरभक्ति और क का ग में परिवर्तन आदि हैं। इस भाषा के विषय में इसके अध्ययन की जड़ जमा देनेवाला काम वेबर ने किया। 'भगवती के एक भाग पर' नामक पुस्तक के खंड १ और २ में, जो बर्लिन से १८६६ और १८६७ में पुस्तक-रूप में प्रकाशित हुए थे और जो बर्लिन की 'कोएनिगलिशे आकोडमी डेर विस्सनशाफ्टन' के कार्यक्रम की रिपोर्ट देनेवाली पत्रिका के पृष्ठ ३६७-४४४ तक में १८६५ में और उसी रिपोर्ट की १८६६ की संख्या के पेज १५३-३५२ तक में निकले थे। वेबर ने इसके आरम्भ में जैनों की हस्तलिखित पुस्तकों की लिपि की रूपरेखा पर लिखा है और यह प्रयत्न किया है कि जैन-लिपि में जो चिह्न काम में लाये जाते हैं, उनकी निश्चित ध्वनि क्या है, इसका निर्णय हो जाय; भले ही इस विषय पर उसने भ्रामक विचार प्रकट किये हों। अपने इस ग्रन्थ में उसने व्याकरण का सारांश दिया है जो आज भी बड़े काम का है तथा अन्त में इस भाषा के नमूनों के बहुत-से उद्धरण दिये हैं। यहाँ यह बता देना उचित होगा कि 'भगवती' ग्रन्थ श्वेताम्बर जैनों का पाँचवाँ अंग है और उसका शास्त्रीय नाम 'विवाहपन्नत्ति' है और वेबर के व्याकरण में केवल 'भगवती' नाम से ही इस ग्रन्थ के उद्धरण दिये गये हैं। ई. म्युलर ने इस विषय पर जो शोध की है, वह इस प्राकृत के ज्ञान को बहुत आगे नहीं बढ़ाती। ई. म्युलर की पुस्तक का नाम 'बाइत्रैगे त्सूर ग्रामाटीक डेस जैन-प्राकृत' (जैन प्राकृत के व्याकरण पर कुछ निबन्ध) है; जो बर्लिन में १८७६ ई० में छपी थी। इस पुस्तक में जैन प्राकृत के ध्वनि-तत्त्व के विषय में वेबर की कई भूलें सुधार दी गई हैं। हरमान याकोबी ने 'आयारंगसुत्त' की भूमिका पृष्ठ ८-१४ के भीतर जैन-प्राकृत का बहुत छोटा व्याकरण दिया है, जिसमें उसकी तुलना पाली भाषा के व्याकरण से की गई है।

१. इस ग्रन्थ में जो-जो संस्करण उल्लिखित किये गये हैं, उसकी सूची

और ग्रन्थसूचक संक्षिप्त नामों की तालिका इस व्याकरण के परिशिष्ट में देखिए। —२. यह बात उस बुरी परम्परा के कारण हुई है जो कुछ विद्वानों ने जैन-ग्रन्थों के नाम संस्कृत में देकर चलाई है। इन ग्रन्थों के नाम कल्पसूत्र, औपपातिकसूत्र, दशवैकालिकसूत्र, भगवती, जीतकल्प आदि रखे गये हैं। केवल हयर्नले ने बहुत अच्छा अपवाद किया है और अपने संस्करण का नाम 'उवासगदसाओ' ही रखा है। इस व्याकरण में मैंने ये संस्कृत नाम इसलिए दिये हैं कि पाठकों को नाना संस्करणों के सम्पादकों के दिये गये नाम पुस्तक ढूँढने की सुविधा प्रदान करें और किसी प्रकार का भ्रम न होने पाये। —३. होयर्नले का संस्करण, जो विबलिओटेका इण्डिका में कलकत्ते से १८९० ई०में छपा है, जैन ग्रन्थों का केवल एकमात्र संस्करण है, जिसके पाठ और टीका की आलोचनात्मक दृष्टि से शोध की गई है। ये पाठ बहुधा नाममात्र भी समझ में नहीं आते, जब तक कि इनकी टीका से लाभ न उठाया जाय।—४. पिशल, त्साइटुंग डेर मौर्गेन लैण्डीशन गेजेलशाफ्ट ५२, पृष्ठ ९५।

§ २०—श्वेताम्बरों के जो ग्रन्थ धर्मशास्त्र से बाहर के हैं, उनकी भाषा अर्धमागधी से बहुत भिन्नता रखती है। याकोबी ने, जैसा कि हम पहले (§ १६ में) उल्लेख कर चुके हैं, इस प्राकृत को 'जैन महाराष्ट्री' नाम से संबोधित किया है। इस से भी अच्छा नाम, संभवतः, जैन सौराष्ट्री होता और इसके पहले याकोबी ने इस भाषा का यह नाम रखना उचित समझा था[१]। यह नाम तभी ठीक बैठता है जब हम यह मान लें कि महाराष्ट्री और सौराष्ट्री ऐसी प्राकृत बोलियाँ थीं, जो बहुत निकट से संबन्धित थीं; पर इस बात के प्रमाण अभी तक नहीं मिले हैं। इसलिए हमें जैन महाराष्ट्री नाम ही स्वीकार करना पड़ेगा; क्योंकि इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह बोली महाराष्ट्री से बहुत अधिक मिलती-जुलती है, भले ही उसकी महाराष्ट्री से सोलहों आने समानता न हो। याकोबी[२] का यह कहना पूर्णतया भ्रामक है कि हेमचन्द्र द्वारा वर्णित महाराष्ट्री जैन-महाराष्ट्री है और वह हाल, सेतुबन्ध आदि काव्यों तथा अन्य नाटकों में व्यवहार में लाई गई महाराष्ट्री से नहीं मिलती-जुलती। हेमचन्द्र के ग्रन्थों में दिये गये उन सब उद्धरणों से, जो उन प्राचीन ग्रन्थों से मिलाये जा सकते हैं और जिनसे कि वे लिये गये हैं, यह स्पष्ट हो जाता है कि ये उद्धरण हाल, रावणवहो, गउडवहो, विषमबाणलीला और कर्पूरमंजरी से उद्धृत किये गये हैं। हेमचन्द्र ने तो केवल यही फेर-फार किया है कि जैनों की हस्तलिखित प्रतियों में, जो जैन लिपि काम में लाई जाती थी (§ १५), उसका व्यवहार अपने ग्रन्थों में भी किया है। हाँ, इसमें कोई सन्देह नहीं कि हेमचन्द्र ने जैनों के अर्धमागधी भाषा में लिखे गये ग्रन्थों के अलावा वे विशेष जैन कृतियाँ भी देखी थीं जो जैन महाराष्ट्री में लिखी गई थीं। कम-से-कम, इतना तो हम सब जानते हैं कि हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण में जो नियम बताये हैं, उनका पूरा समाधान जैन-महाराष्ट्री से नहीं होता और न वे उसपर पूरी तरह लागू ही होते हैं। एक और बात पर भी ध्यान देना उचित है, वह यह कि जैन-महाराष्ट्री पर अर्धमागधी अपना प्रभाव डाले बिना न रही। ऊपर

(§ १८ में) अर्धमागधी की जो विशेषताएँ बताई गई हैं, उनमें से अधिकांश जैन-महाराष्ट्री में भी मिलती हैं। उदाहरणार्थ, सन्धि-व्यंजन, त में समास होनेवाले संज्ञा-शब्दों के कर्त्ताकारक में म्, साधारण क्रिया-रूपों की-इत्तु में समाप्ति, त्त्वा (करके) के स्थान पर त्ता, क के स्थान पर ग का हो जाना आदि। विशुद्ध महाराष्ट्री-प्राकृत और जैन-महाराष्ट्री एक नहीं है; किन्तु ये दोनों भाषाएँ सब प्रकार से एक दूसरे के बहुत निकट हैं। इसलिए विद्वान् लोग इन दोनों भाषाओं को महाराष्ट्री नाम से सम्बोधित करते हैं। जैन-महाराष्ट्री में सबसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ 'आवश्यक कथाएँ' है। इस ग्रन्थ का पहला भाग एर्नेस्ट लौयमान ने सन् १८९७ ई० में लाइप्त्सिख से प्रकाशित करवाया था। इस पुस्तक में कोई टीका न होने से समझने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके बहुत-से भाग अन्धकारमय लगते हैं। इसपर भी इस पुस्तक के थोड़े से पन्ने यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि हमें जैन-महाराष्ट्री प्राकृत की पुस्तकों से बहुत-कुछ नई और महत्त्वपूर्ण सामग्री की आशा करनी चाहिए। विशेषकर शब्द-सम्पत्ति के क्षेत्र में; क्योंकि शब्द-सम्पत्ति के विषय में बहुत-से नये-नये और चुनिन्दा तथा उपयुक्त प्रयोग इसमें किये गये हैं। जैन-महाराष्ट्री के उत्तरकालीन ग्रन्थों का समावेश 'हरमान याकोबी' द्वारा प्रकाशित—'औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन इन महाराष्ट्री, त्सुर आइनफ्यूरुग इन डास स्टूडिउम डेस प्राकृत ग्रामाटीक टैक्स्ट, वोएरतरबुख' (महाराष्ट्री से चुनी हुई कहानियाँ) प्राकृत के अध्ययन में प्रवेश कराने के लिए हुआ है। व्याकरण, मूल पाठ और शब्दकोष जो १८८६ ई० मे लाइप्त्सिख से छपा था और इसके आरम्भ मे जो व्याकरण-प्रवेशिका है, उसमें वाक्य-रचना पर भी प्रकाश डाला गया है। पर यह व्याकरण के उन्हीं रूपों तक सीमित है, जो पुस्तक में दी हुई प्राकृत कहानियों में आये हुए हैं। जैन-महाराष्ट्री के अध्ययन के लिए कुछ प्रस्तर-लेखों (§ १०) और कुछ छोटे-छोटे ग्रन्थों का जैसे कि कालकाचार्यकथानक, जो 'त्साइट्ट्रग डेर डौयत्शन मौर्गेनलैण्डिशन गेजेल्शाफ्ट (जर्मन प्राच्य विद्या-समिति की पत्रिका) के ३४ वें खण्ड में २४७ वे पृष्ठ और ३५ वे में ६७५ और ३७ वें में ४९३ पृष्ठ से छपा है; द्वारावती के पतन की कथा, जो उक्त पत्रिका के ४२ वें खण्ड में ४९३ पृष्ठ से छपी है; और मथुरा का स्तूप जिसके बारे में वियना की सरकारी एकेडेमी की रिपोर्ट में लेख छपा है; 'ऋषभपञ्चाशिका', जो जर्मन प्राच्यविद्यासमिति की पत्रिका के ३३ वें खण्ड मे ४४३ पृष्ठ और उसके आगे छपा है तथा १८९० ई० में बम्बई से प्रकाशित 'काव्यमाला' के ७ वें भाग में पृष्ठ १२४ से छपा है। इस भाषा के कुछ उद्धरण कई रिपोर्टों में भी छपे हैं। जैन-महाराष्ट्री में एक अलंकार ग्रन्थ भी लिखा गया था, जिसके लेखक का नाम 'हरि' था और जिसमें से 'रुद्रट' के 'काव्यालंकार' २,१९ की टीका में 'नमिसाधु' ने एक श्लोक उद्धृत किया है[1]।

१. कल्पसूत्र पृष्ठ १८।—२. कल्पसूत्र पृष्ठ १९।—३. पिशल त्साइट्टुंग डेर मौर्गेन लैण्डिशन गेजेलशाफ्ट ३९, पृष्ठ ३१४। इस ग्रन्थ की १,२ की टीका में 'रुद्र' के स्थान पर 'हरि' पढ़ा जाना चाहिए।

§ २१—दिगम्बर जैनों के धर्म-शास्त्रों की भाषा के विषय में, जो श्वेताम्बर

जैनों की भाषा से बहुत भिन्न[1] नहीं है, हमें अधिक ज्ञान प्राप्त नहीं हो पाया है। यदि हम इसके विषय में धर्म-शास्त्रों को छोड़ अन्य ऋषियों के ग्रन्थों की भाषा पर विचार करते हैं, तो इसकी ध्वनि के नियमों का जो पता चलता है, वह यह है कि इसमें त के स्थान पर द और थ के स्थान पर ध हो जाता है। यह भाषा श्वेताम्बर जैनों की अर्धमागधी की अपेक्षा मागधी के अधिक निकट है। दिगम्बर जैनों के उत्तरकालीन ग्रन्थ उक्त तथ्य को सिद्ध करते हैं। याकोबी द्वारा वर्णित 'गुरुवावलि'[2] की गाथाएँ' और भण्डारकर[3] द्वारा प्रकाशित 'कुन्दकुन्दाचार्य' के 'पवयणसार' और 'कार्तिकेय स्वामिन्' की 'कत्तिगेयाणुप्पेक्खा' से यह स्पष्ट हो जाता है। ध्वनि के ये नियम शौरसेनी में भी मिलते हैं और अ में समाप्त होनेवाले संज्ञा-शब्दों के कर्त्ता एकवचन का रूप दिगम्बर जैनों की उत्तरकालीन भाषा में ओ में समाप्त होता है। इसलिए हम इस भाषा को जैन-शौरसेनी कह सकते हैं। जिस प्रकार ऊपर यह बताया जा चुका है कि जैन महाराष्ट्री नाम का चुनाव समुचित न होने पर भी काम चलाऊ है, वही बात जैन शौरसेनी के बारे में और भी जोर से कही जा सकती है। इस विषय पर अभी तक जो थोड़ी-सी शोध हुई है, उससे यह बात विदित हुई है कि इस भाषा में ऐसे रूप और शब्द हैं, जो शौरसेनी में बिलकुल नहीं मिलते; बल्कि इसके विपरीत वे रूप और शब्द कुछ महाराष्ट्री में और कुछ अर्धमागधी में व्यवहृत होते हैं। ऐसा एक प्रयोग महाराष्ट्री की सप्तमी (अधिकरण) का है। महाराष्ट्री में अ में समाप्त होनेवाले संज्ञा-शब्दों का सप्तमी का रूप-म्मि जोड़ने से बनता है; जैसा कि **दाणम्मि, सुहम्मि, असुहम्मि, णाणम्मि, दंसणमुहम्मि** (पवण० ३८३, ६९; ३८५, ६१; ३८७, १३); **कालम्मि** (कत्तिगे ४००, ३२२); और संस्कृत **इव** के स्थान पर **व्व** का प्रयोग (पवयण० ३८३, ४४)। कृ धातु के रूप भी महाराष्ट्री से मिलते हैं और कहीं-कहीं इसमें नहीं मिलते। 'कत्तिगेयाणुप्पेक्खा' ३९९, ३१० और ३१९; ४०२, ३५९।३६७।३७० और ३७१; ४०३, ३८५; ४०४, ३८८, ३८९ और ३९१ में महाराष्ट्री के अनुसार **कुणदि** आया है और कहीं-कहीं कृ धातु के रूप अर्धमागधी के अनुसार **कुघदि** होता है जैसा कि कत्तिगेयाणुपेक्खा ३९९, ३१३; ४००, ३२९; ४०१, ३४० में दिया गया है और ४०३, ३८४ में **कुघदे** रूप है। इन रूपों के साथ-साथ शौरसेनी के अनुसार कृ धातु का **करेदि** भी हो गया है (पवयण० ३८४, ५९; कत्तिगे० ४००, ३२४; ४०२, ३६९; ४०३, ३७७।३७८। ३८३ और महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री तथा अर्धमागधी **करदि** भी आया है (४००, ३३२)। इस धातु का कर्मवाच्य **कीरदि** मिलता है जो महाराष्ट्री और जैन-महाराष्ट्री रूप है (कत्तिगे० ३९९, ३२०; ४०१, ३४२।३५०)। सं० **क्त्वा** (करके) के स्थान में **त्ता** आता है, जो अर्धमागधी रूप है। उदाहरणार्थ सं०-क्त्वा के स्थान पर-त्ता हो जाता है। (पवयण० ३८५, ६४; कत्तिगे० ४००, ३७४); **जाणित्ता** (पवयण० ३८५, ६८; कत्तिगे० ४०१, ३४०।३४२ और ३५०); **वियाणित्ता** (पवयण० ३८७,२१); **णयसित्ता, णिरुंभित्ता** (पवयण० ३८६,६ और ७०); **णिहणित्ता** (कत्तिगे० ४०१, ३३९); संस्कृत **क्त्वा** (करके) के स्थान में कभी-कभी **-य**

भी होता है; जैसे—भवियँ (पवयण० ३८०, १२; ३८७, १२); आपिच्छ संस्कृत आपृच्छ के स्थान पर आया है (पवयण० ३८६, १); आसिज, आसेज्ज जो संस्कृत आसाद्य के स्थान पर आया है (पवयण० ३८६, १ और ११); समासिज (पवयण० ३७९, ५); गहियँ (कत्तिगे० ४०३, ३७३); पप्प (पवयण० ३८४, ४९) और यही क्त्वा (करके), शब्द के अन्त में—त्ता से भी व्यक्त किया जाता है, जैसे—किच्चा (पवयण० ३७९, ४); (कत्तिगे० ४०२, ३५६।३५७।३५८।३७५। ३७६); ठिच्चा (कत्तिगे० ४०२, ३५५); सोच्चा (पवयण० ३८६, ६)। उक्त रूपों के अतिरिक्त क्त्वा के स्थान में—तूण, कादूण, णेदूण काम में आते हैं (कत्तिगे० ४०३, ३७४ और ३७५), अशुद्ध रूपों में इसी के लिए—ऊण भी काम में लाया जाता है। जैसे—जाइऊण, गमिऊण, गहिऊण, भुञ्जाविऊण (कत्तिगे० ४०३, ३७३।३७४।३७५ और ३७६)। हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण में इस प्रयोग के लिए जो—त्ता और तूण आदि प्रत्यय दिये हैं, जो नाटकों की शौरसेनी में कहीं नहीं पाये जाते हैं, उनके कारण दिगम्बर ग्रन्थों के ऐसे प्रयोग रहे होंगे (§ २२,२६६,३६५, ४७५, ५८२ और ५८४)। इस भाषा में अर्धमागधी पप्पोदि (= संस्कृत प्राप्नोति) (पवयण० ३८९, ५) के साथ-साथ साधारण रूप पावदि भी मिलता है (पवयण० ३८०, ११); (कत्तिगे० ४००, ३२६; ४०३, ३७०); शौरसेनी जाणादि (पवयण० ३८२, २५) के साथ-साथ जाणदि भी आया है (कत्तिगे० ३९८, ३०२ और ३०३; ४००, ३२३) और इसी अर्थ में णादि भी है (पवयण० ३८२, २५)। उक्त शब्दों के साथ मुणदि भी काम में लाया गया है (कत्तिगे० ३९८, ३०३; ३९९, ३१३।३१६ और ३२७) मुणेदव्वो भी आया है (हस्तलिखित प्रति में ०एव० है; पवयण० ३८०, ८)। यह बात विचित्र है कि इसमें महाराष्ट्री, अर्धमागधी और शौरसेनी के रूप एक दूसरे के पास-पास आये हैं। इस विषय पर जो सामग्री अभी तक प्राप्त हुई है, उससे यही निदान निकलता है कि जैन महाराष्ट्री से जैन-शौरसेनी का अर्धमागधी से अधिक मेल है और जैन-शौरसेनी आंशिक रूप से जैन महाराष्ट्री से अधिक पुरानी है। इन दोनों भाषाओं के ग्रन्थ छन्दों में हैं।

१. भण्डारकर, रिपोर्ट औन द सर्च फौर सैंस्कृत मैन्युस्क्रिप्टस् इन द बौम्बे प्रेजीडेंसी ड्यूरिंग द ईयर १८८३–८४ (बौम्बे १८८७), पेज १०६ और उसके बाद : वेबर, फैर्त्साइशनिस २, २, ८२३— २.कल्पसूत्र पेज ३०— ३.इसी ग्रन्थ के पेज ३७९ से ३८९ तक और ३९८ से ४०४ तक। ये उद्धरण पेजों और पदों के अनुसार दिये गये हैं। इस विषय पर पीटर्सन की फोर्थ रिपोर्ट के पेज १४२ और उसके बाद के पेजों की भी तुलना कीजिए— ४.हस्तलिखित प्रतियों में शौरसेनी रूप के स्थान पर बहुधा महाराष्ट्री रूप दिया गया है।

§ २२—प्राकृत बोलियों में जो बोलचाल की भाषाएँ व्यवहार मे लाई जाती हैं, उनमें सबसे प्रथम स्थान शौरसेनी[1] का है। जैसा कि उसका नाम स्वयं बताता है, इस प्राकृत के मूल में शौरसेन में बोली जानेवाली बोली है। इस शौरसेन की राजधानी मथुरा थी[2]। भारतीय नाट्यशास्त्र १७,४६ के अनुसार नाटकों की बोलचाल में शौरसेनी

भाषा का आश्रय लेना चाहिए और इसी ग्रन्थ के १७,५१ के अनुसार नाटकों में महिलाओं और उनकी सहेलियों की बोली शौरसेनी होनी चाहिए। 'साहित्यदर्पण' के पृष्ठ १७२,२१ के अनुसार शिक्षित स्त्रियों की बातचीत, नाटकों के भीतर शौरसेनी प्राकृत में रक्खी जानी चाहिए, न कि नीच जाति की स्त्रियों की और इसी ग्रन्थ के पृष्ठ १७३,११ के अनुसार उन दासियों की बातचीत, जो छोटी नौकरियों मे नहीं हैं, तथा बच्चों, हिजड़ों, छोटे-मोटे ज्योतिषियों, पागलों और रोगियों की बोलचाल भी इसी भाषा में कराई जानी चाहिए। 'दशरूप' २,६०मे बताया गया है कि स्त्रियों का वार्तालाप इसी प्राकृत में कराया जाना चाहिए। 'भरत' १७,५१; 'साहित्यदर्पण' १७३,४; (स्टेन्ससलर-द्वारा सम्पादित 'मृच्छकटिक'की भूमिका के पृष्ठ ५ के अनुसार जो गौड-बोले द्वारा सम्पादित और बम्बई से प्रकाशित 'मृच्छकटिक'के पृष्ठ ४९३ के बराबर है, उसमे पृथ्वीधर की टीका में बताया गया है कि विदूषक तथा अन्य हँसोड़ व्यक्तियों को प्राच्या मे वार्तालाप[1] करना चाहिए। 'मार्कण्डेय' ने लिखा है कि प्राच्या का व्याकरण शौरसेनी के समान ही है और उससे निकला है—**प्राच्याः सिद्धिः शौरसेन्याः**। मार्कण्डेय ने ऊपर लिखा मत भरत से लिया है। मार्कण्डेय की हस्तलिखित प्रतियाँ इतनी अस्पष्ट और न पढ़ी जाने लायक हैं कि उसने प्राच्या की विशेषताओं के विषय मे जो कुछ लिखा है, उसका कुछ अर्थ निकालना कठिन ही नहीं, असम्भव है। दूसरी बात यह है कि इस विषय पर उसने बहुत कम लिखा है और जो कुछ लिखा है, उसमे भी अधिकांश शब्दों का संग्रह ही है। प्राच्या बोली में **मूर्ख** के स्थान पर **मुरुक्ख** व्यवहार मे लाया जाना चाहिए; सम्बोधन एक वचन **भवती** का **भोदि** होना चाहिए; **वक्र** के लिए एक ऐसा रूप+ बताया गया है जो शौरसेनी मे बहुत भिन्न है*। अ मे समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दो के सम्बोधन एक वचन में प्लुति होनी चाहिए; अपना सन्तोष प्रकट करने के लिए विदूषक को **ही ही भो** कहना चाहिए, कोई अद्भुत बात या घटना होनेपर (अद्भुते†) **ही माणहे** कहना चाहिए और गिरने-पड़ने की हालत मे **अविद** का व्यवहार करना चाहिए। ऐसा भी आभास मिलता है कि **णम्**, **एव** और सम्भवतः भविष्यकाल के विषय में भी उसने एक एक नियम दिये है। पृथ्वीधर ने इस प्राकृत की विशेष पहिचान यह बताई है कि इसमे **बहुधा कः स्वार्थे** का प्राबल्य है। हेमचन्द्र ४,२८५ में **ही ही विदूषकस्य** सूत्र में बताता है कि विदूषक शौरसेनी प्राकृत बोलचाल के व्यवहार मे लाता है और ४,२८२ मे **ही माणहे विस्मय निर्वेदे** में बताता है कि **ही माणहे** भी शौरसेनी है और उसकी यह बात बहुत पक्की है। विदूषक की भाषा भी शौरसेनी है, इसी प्रकार नाटकों में आनेवाले

+ मार्कण्डेय ने लिखा है–'**वङ्कुभंकेचिदिच्छन्ति**' अर्थात् प्राच्या मे कोई लोग वङ्कुभ बोलते है। और '**वक्रे तु वक्नुचः**' वक्र के स्थान पर **वक्नु** शब्द आता है। **वक्नु** का वैदिक रूप **वग्नु** है, जिसका अर्थ बकनेवाला है। —अनु०

* दीर्घ से भी एक मात्रा अधिक। —अनु०

† मेरे पास मार्कण्डेय की जो छपी प्रति है, उसमें '**अद्भुते(तु)ही माणहे**' पाठ है। और उदाहरण दिया गया है—'**हीमाणहे ! अदिट्ठपुव्वं अस्सुदपुव्वं खु ईदिसं रूव।**' मृ—अनु०

अनेक पात्र इसी प्राकृत मे बातचीत करते हैं। प्राचीन काल के व्याकरणकार शौरसेनी प्राकृत पर बहुत थोड़ा लिख गये हैं। वररुचि ने १२,२ में कहा है कि इसकी प्रकृति संस्कृत है अर्थात् इसकी आधारभूत भाषा संस्कृत है। वह अपने ग्रन्थ में शौरसेनी के विषय में केवल २९ नियम देता है, जो इस ग्रन्थ की सभी हस्तलिखित प्रतियों में एक ही प्रकार के पाये जाते हैं और १२,३२ में उसने यह कह दिया है कि शौरसेनी प्राकृत के और सब नियम महाराष्ट्री-प्राकृत के समान ही हैं—**शेषम् महाराष्ट्रीवत्**। हेमचन्द्र ने ४,२६०से २८६ तक इस प्राकृत के विषय में २७ नियम दिये हैं, इनमें से अन्तिम अर्थात् २७ वाँ नियम **शेषम् प्राकृतवत्** है, जो वररुचि के १२,३२ से मिलता है; क्योंकि प्राकृत भाषाओं में महाराष्ट्री ही श्रेष्ठ और विशुद्ध प्राकृत मानी गई है। अन्य नियमों में वररुचि और हेमचन्द्र बिलकुल अलग-अलग मत देते हैं, जिसका मुख्य कारण यह मालूम पड़ता है कि हेमचन्द्र की दृष्टि के सामने दिगम्बर जैनों की शौरसेनी भी थी (§ २१), जिसकी विशेषताओं को भी जैनियों ने नाटकों की शौरसेनी के भीतर घुसेड़ दिया। इस कारण शुद्ध शौरसेनी का रूप अस्पष्ट हो गया और इससे उत्तरकालीन लेखकों पर भ्रामक प्रभाव पड़ा[१]। 'क्रमदीश्वर' ५,७१–८५ मे शौरसेनी के विषय में बहुत कम बताया गया है, इसके विपरीत उत्तरकालीन व्याकरणकार शौरसेनी पर अधिक विस्तार के साथ लिखते हैं। पृष्ठ ६९–७२ तक मे 'मार्कण्डेय' ने इस विषय पर लिखा है और ३४ वे पन्ने के बाद 'रामतर्कवागीश' ने भी इसपर लिखा है। यूरोप में उक्त दोनों लेखकों के ग्रन्थों की जो हस्तलिखित प्रतियाँ पाई जाती है, वे इतनी बुरी हैं कि उन्होंने जो कुछ लिखा है, उनके केवल एक अशमात्र का अर्थ समझ मे आ पाया है। इन नियमों की जाँच-पड़ताल बहुत कठिन हो जाती है, क्योंकि सस्कृत-नाटकों के जो संकरण छपे हैं, उनमे से अधिकाश में आलोचना-प्रत्यालोचना का नाम नहीं है। जो संस्करण भारत में छपे हैं, उनमें से बहुत कम ऐसे हैं जो किसी काम मे आ सकते हों। हाँ, भण्डारकर ने १८७६ मे बम्बई से 'मालती-माधव' का जो संस्करण निकाला है, वह आलोचनात्मक है। यूरोप में इन नाटकों के जो पाठ प्रकाशित हुए हैं, वे भाषाओं के अध्ययन की दृष्टि से नाममात्र का महत्त्व रखते हैं। इन नाटकों के हाल में जो सस्करण प्रकाशित हुए है, उनमें भी कोई प्रगति नहीं दिखाई देती। तैलंग के १८८४ ई० में बम्बई से प्रकाशित 'मुद्राराक्षस' के सस्करण से संवत् १९२६ (= सन् १८६९ ई०) में कलकत्ते से प्रकाशित मजुमदार सिरीज मे जो 'मुद्रा-राक्षस' तारानाथ तर्कवाचस्पति ने सम्पादित किया है, वह अच्छा है और बौल्लें नसें न ने १८७९ ई० में लाइप्सिख से 'मालविकाग्निमित्र' का जो सस्करण निकलवाया है, वह दुर्भाग्य से बहुत बुरा है। जो हो, मैंने छपे हुए ग्रन्थों और हस्तलिखित प्रतियों इन दोनों से ही लाभ उठाया है। कहीं-कहीं हस्तलिखित प्रतियों के पाठ में बहुत शुद्धता देखने में आती है, इसलिए उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जाता है। अनेक स्थलों पर तो एक ही नाटक के अधिक-से-अधिक पाठों को देखने से ही यह सम्भव हो सका कि किसी निदान पर पहुँचा जाय[१]। कई संस्करण भाषाओं के मिश्रण का विचित्र नमूना दिखाते हैं। अब देखिए कि 'कालेयकुतूहल' के प्रारम्भ में ही ये प्राकृत-

शब्द आये हैं—भो किं ति तुप हक्कारिदो हगे। मं खु पणिह। (पाठ पहणि है) छुट्टा वाहेइ। इस वाक्य में तीन बोलियाँ है—हक्कारिदो शौरसेनी है, हगे मागधी, और पणिह तथा वाहेइ महाराष्ट्र हैं। मुकुन्दानन्द भाण ५८, १४ और १५ में जो पाठ है, वह महाराष्ट्री और शौरसेनी का मिश्रण है। उसमें शौरसेनी कदुअ की बगल में ही महाराष्ट्री शब्द काऊण आया है। इस सम्बन्ध में अधिक सम्भव यह मालूम पड़ता है कि यह इन सस्करणों की भूल है। अन्य कई स्थलों मे स्वय कवि लोग यह बात न समझ पाये कि भाषाओं को मिलाकर खिचड़ी भाषा में लिखने से कैसे बचा जाय। इसका मुख्य कारण यह था कि वे भाषाओं में भेद न कर सके। 'सामदेव' (§ ११) और 'राजशेखर' मे यह भूल स्पष्ट देखने मे आती है। 'कर्पूरमंजरी' का जो आलोचनात्मक सस्करण कोनो ने निकाला है, उससे यह ज्ञात होता है कि राजशेखर की पुस्तकों में भाषा की जो अशुद्धियाँ है, उनका सारा दोष हस्तलिखित प्रतियों के लेखकों के सर पर ही नहीं मढ़ा जा सकता, बल्कि ये ही अशुद्धियाँ उसके दूसरे ग्रथ 'बाल रामायण' और 'विद्धशाल-भंजिका' मे भी दुहराई गई है। कोनो द्वारा सम्पादित कर्पूरमजरी ७,६ मे जो बम्बइया सस्करण का ११,२ है, सब हस्तलिखित प्रतियाँ घेॅत्तूण लिखती हैं जो शौरसेनी भाषा में एक ही शुद्ध रूप मे अर्थात् गेॅण्हिय लिखा जाता है। यह भूल कई बार दुहराई गई है (§ ५८४); कोनो (९,५ = बम्बइया संस्करण १३,५) मे सम्प्रदान मे सुहाअ दिया गया है। यह अशुद्ध, शौरसेनी है (§ ३६१)। शौरसेनी भाषा पर चोट पहुँचानेवाला प्रयोग तुज्झ है (कोनो १०९=ब० स० १४,७; और कोनो १०,१० = ब० सं० १४,८) तथा मुज्झ भी इसी श्रेणी में आता है (§ ४२१ और ४१८ क्रमशः), विय (§ १४३) के स्थान पर व्व (कोनो १४,३ = ब० स० १७,५) लिखा गया है। सप्तमी रूप मज्झम्मि* (कोनो ६,१ = ब० स० ९, ५) मज्झे के लिए आया है और कव्वम्मि (कोनो १६,८=ब० सं० १९,१०) कव्वे के लिए आया है (§ ३६६ अ)। अपादान रूप पामराहिंतो† (कोनो २०,६ = ब० स० २२,९) पामरादो (§ ३६५) के लिए आया है, आदि। राजशेखर ने अपने ग्रन्थों में देशी शब्दों का बहुत प्रयोग किया है; उसकी महाराष्ट्री मे कई गलतियाँ है, जिनकी ओर 'मार्कण्डेय' ने ध्यान खींचा है—**राजशेखरस्य महाराष्ट्र्याः प्रयोगे श्लोकेषु अपि दृश्यत इति केचित्**; जिसका अर्थ यह मालूम पड़ता है कि इसमे द् के स्थान पर त कहीं-कहीं छूट गया है। उसके नाटकों की हस्तलिखित प्रतियों में, बहुधा शौरसेनी द के स्थान पर त मिलता है। शकुन्तला नाटक के देवनागरी और दक्षिण भारतीय पाठों मे नाना प्राकृत भाषाएँ परस्पर में मिल गई हैं और इस कारण इन भाषाओं का घोर जंगल-सा

* मज्झम्मि में म्मि का अर्थ में है। पुरानी हिंदी-रूप माँहि म्हि का रूपान्तर है। वेदों का स्मिन और म्मि, म्हि तथा म्सि रूपों में प्राकृत भाषाओं मे आया है। इससे 'माँहि' और 'में' दोनों रूप निकले। खेद है कि हिन्दी के विद्वानों ने इस क्षेत्र में नहीं के बराबर खोज की है।—अनु०

† यह प्रयोग हिन्दी-भाषा के प्राचीन रूपों में मिलता है और कुमाऊँ में जहाँ आज भी अधिकांश प्राकृत रूप बोलचाल में वर्तमान है, इसका प्रचलन है।—अनु०

बन गया है; यही हाल दक्षिण भारतीय 'विक्रमोर्वशी'[1] का भी है जो किसी प्रकार की आलोचना के लिए सर्वथा अनुपयुक्त है। इन सब कठिनाइयों के होते हुए भी यह संभव हो गया है कि शौरसेनी प्राकृत का रूप पूर्णतया निश्चित किया जाय। ध्वनि-तत्त्व के विषय में सबसे बड़ी विशेषता यह है कि त के स्थान पर द और थ के स्थान पर ध हो जाता है (§ २०३)। संज्ञा और धातु के रूपों का जहाँ तक सम्बन्ध है, इसमें रूपों की वह पूर्णता नहीं है जो महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैन महाराष्ट्री और जैन-शौरसेनी में है। इस कारण अ में समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दों में केवल अपादान एकवचन में दो और अधिकरण (सप्तमी) एकवचन में ए लगाया जाता है। बहुवचन में सभी संज्ञा शब्दों के अन्त में करण कारक (तृतीया), सम्बन्ध (षष्ठी) और अधिकरण में भी अनुनासिकों का प्रयोग होता है। इ और उ में समाप्त होने वाले संज्ञा शब्दों के सम्बन्ध कारक एकवचन के अन्त में केवल णो आता है -स्स नहीं आता। क्रिया में आत्मनेपद का नाम मात्र का चिह्न भी नहीं रह गया है। इच्छार्थक धातुओं के रूपों के अन्त में एअ और ए रहता है। बहुत सी क्रियाओं के रूप महाराष्ट्री रूपों से भिन्न होते हैं। भविष्य काल के रूपों के अन्त में इ लगता है, कर्मवाच्य के अन्त में ईअ जोड़ा जाता है। संस्कृत आदि के स्थान पर महाराष्ट्री भाषा के नियमों के विपरीत, धातु के रूप के अन्त में इय लगाया जाता है (= संस्कृत य) आदि[10]। शौरसेनी भाषा धातु और शब्द-रूपावली तथा शब्द-सम्पत्ति में संस्कृत के बहुत निकट है और महाराष्ट्री प्राकृत से बहुत दूर जा पड़ी है। यह तथ्य 'वररुचि' ने बहुत पहले ताड़ लिया था।

१. उसे कई विद्वान सूरसेनी भी कहते हैं। वह बहुधा सूरसेनी नाम से लिखी गई है जो अशुद्ध है— २. लास्सन, इन्डिशे आल्टेरटूम्स कुण्डे १[2], १५८ नोट २; ७९६ नोट २ : २[1], ५१२; कनिंहम, द एन्सेण्ट जिओग्रैफी औफ़ इण्डिया (लण्डन १८७१) १, ३७४— ३. पिशल, डी रेसेन्सीओनन डेर शकुन्तला (ब्रासलौ १८७५) पृष्ठ १६— ४. पिशल द्वारा सम्पादित हेमचन्द्र १,२६ में पिशल की सम्मति— ५. पिशल कून्सबाइत्रैगे ८,१२९ और उसके बाद— ६. लौयमान, इन्डिशे स्टूडिएन १७,१२३ के नोट संख्या १ से स्पष्ट हो जाता है कि यद्यपि हेमचन्द्र स्वयं श्वेताम्बर जैन था। उसने दिगम्बर जैनों के ग्रन्थों से काम लिया है— ७. पिशल, हेमचन्द्र की भूमिका १,११। खेद है कि १८७७ ई० से अब तक किसी विद्वान् ने उस मत का संशोधन नहीं किया। व्याकरण के रूपों के प्रतिपादन के लिए प्रमुख ग्रन्थ स्टेन्सलर द्वारा सम्पादित मृच्छकटिक, पिशल द्वारा सम्पादित शकुन्तला और बौल्लें नसें न द्वारा सम्पादित विक्रमोर्वशी से सहायता ली गई है; इसके बाद सहायता लेने योग्य ग्रन्थ कापेलर द्वारा सम्पादित रत्नावली है, जो वास्तव में इस संस्कृत नाटक का सर्वोत्तम संस्करण है; किन्तु खेद है कि इसमें पाठ-भेद नहीं दिये गये हैं और इसका सम्पादन रूखे ढंग से किया गया है। कोनो ने कर्पूरमंजरी का जो उत्तम संस्करण निकाला है, उसके प्रूफों से ही मैंने सहायता ली है। जैसा कि मैं ऊपर बता चुका हूँ राज-

शेखर शौरसेनी का प्रामाणिक ग्रन्थ नहीं है— ८. जिन पाठों से मैंने इस ग्रन्थ में सहायता ली है, उनकी सूची इस व्याकरण के अन्त में दी गई है— ९. पिशल, कून्स बाइत्रैगे ८२९ और उसके बाद डी रेसेन्सीओनन डेर शकुन्तला पृष्ठ १९ और उसके बाद, मोनाट्सबेरिष्टे, डेर कोएनिगलिशे आकाडेमी डेर विस्सनशाफ्टन त्सुबर्लिन १८७५, पृष्ठ ६१३ और उसके बाद। बुर्कहार्ड, फिलेक्सि ओनेस प्राकृतिकाए क्वास एडिसिओनि, सुआए शाकुन्तलि प्रो सुप्लीमेन्टो आर्डजेसिट। (व्राग्स्लाविआए १८७४)— १०. पिशल येनाएर लिटेराटूरत्साइटुंग १८७५, पृष्ठ ७९४ और उसके बाद; याकोबी, एर्सेलुंगन भूमिका के पृष्ठ ७० और उसके बाद इस विषय पर इस व्याकरण के अनेक पाराओं में विस्तारपूर्वक लिखा गया है।

§ २३—शौरसेनी से भी अधिक अस्पष्ट दशा में मागधी की हस्तलिखित प्रतियाँ हमारे पास तक पहुँची हैं। मार्कण्डेय के ग्रन्थ के ७४वें पन्ने में कोहल का मत है कि यह प्राकृत राक्षसों, भिक्षुओं, क्षपणकों, दासों आदि द्वारा बोली जाती है*। 'भरत' १७,५० और 'साहित्यदर्पण' पृष्ठ १७३,२ में बताया गया है कि राजाओं के अन्तःपुर में रहनेवाले आदमियों द्वारा मागधी व्यवहार में लाई जाती है। 'दशरूप' का भी यही मत है। 'साहित्यदर्पण' ८१ के अनुसार मागधी नपुंसकों, किरातों, बौनों, म्लेच्छों, आभीरों, शकारों, कुबड़ों आदि द्वारा बोली जाती है। 'भरत' २४,५०-५९ तक में बताया गया है कि मागधी नपुंसकों, स्नातकों और प्रतिहारियों द्वारा बोली जाती है। 'दशरूप' २,६० में लिखा गया है कि पिशाच और नीच जातियाँ मागधी बोलती हैं और 'सरस्वतीकण्ठाभरण' का मत है कि नीच स्थिति के लोग मागधी प्राकृत काम में लाते हैं। संस्कृत नाटकों में प्रतिहारी हमेशा संस्कृत बोलता है (शकुन्तला नाटक ९२ पृष्ठ और उसके बाद; विक्रमोर्वशी पृष्ठ ३७ और उसके बाद; वेणीसंहार पृष्ठ १७ और उसके बाद; नागानन्द पृष्ठ ६१ और उसके बाद; मुद्राराक्षस पृष्ठ ११० और उसके बाद; अनर्घराघव पृष्ठ १०९ और उसके बाद; पार्वतीपरिणय पृष्ठ ३६ और उसके बाद; प्रियदर्शिका पृष्ठ २ और पृष्ठ २८ तथा उसके बाद; प्रतापरुद्रीय पृष्ठ ११२ और उसके बाद)। 'मृच्छकटिक' में शकार, उसका सेवक स्थावरक, मालिश करनेवाला जो बाद को भिक्षु बन जाता है; बसन्तसेना का नौकर कुम्भीलक, वर्द्धमानक जो चारुदत्त का सेवक है, दोनों चाण्डाल, रोहसेन और चारुदत्त का छोटा लड़का मागधी में बात करते हैं। शकुन्तला नाटक में पृष्ठ ११३ और उसके बाद, दोनों प्रहरी, और धीवर, पृष्ठ १५४ और उसके बाद शकुन्तला का छोटा बेटा 'सर्वदमन' इस प्राकृत में वार्तालाप करते हैं। 'प्रबोधचन्द्रोदय' के पेज २८ से ३२ के भीतर चार्वाक का चेला और उड़ीसा से आया हुआ दूत, पृष्ठ ४६ से ६४ के भीतर दिगम्बर जैन-मागधी बोलते हैं। 'मुद्राराक्षस' में पृष्ठ १५३ में, वह नौकर जो स्थान बनाता है, पृष्ठ १७४-१७८, १८३-१८७ और १९० से १९४ के भीतर जैन साधु इस प्राकृत में बातचीत करते हैं तथा पृष्ठ १९७ में दूत[१] भी मागधी बोलता है। पृष्ठ २५६-२६९ के

* 'राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः' इति कोहलः। —अनु०

भीतर सिद्धार्थक और समिद्धार्थक, जो चाण्डाल के वेश में अपना पार्ट खेलते हैं, मागधी बोलते हैं और ये ही दो पात्र जब पृष्ठ २२४ और उसके बाद के पृष्ठों में दूसरे पात्र का पार्ट खेलते हैं तब शौरसेनी प्राकृत में बातचीत करने लगते हैं। 'ललित-विग्रहराज' नाटक में ५६५ से ५६७ के भीतर भाट और चर, ५६७ पृष्ठ में मागधी बोलते हैं और ५६७ तथा उसके बाद के पृष्ठ में ये एकाएक शौरसेनी भी बोलने लगते हैं। 'वेणीसंहार' नाटक में पृष्ठ ३३ से ३६ के भीतर राक्षस और उसकी स्त्री; 'मल्लिकामारुतम्' के पृष्ठ १४३ और १४४ में महावत; 'नागानन्द' नाटक में पृष्ठ ६७ और ६८ में और 'चैतन्यचन्द्रोदय' में पृष्ठ १४९ में सेवक और 'चण्डकौशिकम्' में पृष्ठ ४२ और ४३ में धूर्त; पृष्ठ ६०-७२ के भीतर चाण्डाल; 'धूर्तसमागम' के १६ वें पृष्ठ में नाई, 'हास्यार्णव' के पृष्ठ ३१ में साधुहिंसक; 'लटकमेलक' के पृष्ठ १२ और २५ तथा उनके बाद दिगम्बर जैन, 'कंसवध' के पृष्ठ ४८-५२ में कुबड़ा और 'अमृतोदय' पृष्ठ ६६ में जैन साधु मागधी बोलते हैं। 'मृच्छकटिक' के अतिरिक्त मागधी में कुछ छोटे-छोटे खण्ड लिखे हुए मिलते हैं और इनके भारतीय संस्करणों की यह दुर्दशा है कि इनमें मागधी भाषा का रूप पहचाना ही नहीं जा सकता। खेद है कि बम्बई की संस्कृत सिरीज में 'प्रबोधचन्द्रोदय' छापने की चर्चा बहुत दिनों से सुनने में आ रही है; पर वह अभी तक प्रकाशित न हो सका। ब्रौकहाउस ने इसका जो संस्करण प्रकाशित किया है, वह निकम्मा है। पूना, मद्रास और बम्बई के संस्करण इससे अच्छे हैं। इसलिए मैंने सदा इनकी सहायता ली है। इन सब ग्रन्थों से 'ललितविग्रहराज' नाटक में जो मागधी काम में लाई गई है, वह व्याकरणकारों के नियमों के साथ अधिक मिलती है। अन्य ग्रन्थों में मृच्छकटिक और शकुन्तला नाटक की हस्तलिखित प्रतियाँ स्पष्टतया कुछ दूसरे नियमों के अनुसार लिखी गई हैं। मोटे तौर पर ये ग्रन्थ शौरसेनी प्राकृत से जो वररुचि ११,२ के अनुसार मागधी की आधारभूत भाषा है और हेमचन्द्र ४,३०२ के अनुसार अधिकांश स्थलों में मागधी से पूरी समानता दिखाती है, इतनी अधिक प्रभावित हुई है कि इस बोली का रूप लीपापोती के कारण बहुत अस्पष्ट हो गया है। सबसे अधिक सचाई के साथ हेमचन्द्र के ४,२८८ वें नियम रसोर्लशौ का पालन किया गया है। दूसरे नियम ४,२८७ का भी बहुत पालन हुआ है। इसके अनुसार जिन सज्ञा शब्दों की समाप्ति अ में होती है, मागधी के कर्ता एकवचन में इस अ के स्थान में ए हो जाता है। वररुचि ११,९ तथा हेमचन्द्र ४,३०१ के अनुसार अहं के स्थान पर हगे हो जाता है और कभी-कभी वयं के स्थान पर भी हगे ही होता है। इसके विपरीत, जैसा कि वररुचि ११,४ और ७ तथा हेमचन्द्र ४,२९२ में बताया गया है, य जैसे का तैसा रहता है और ज के स्थान पर भी य हो जाता है। द्य, र्य और र्ज के स्थान पर य्य होता है, जो 'ललितविग्रहराज' के सिवा और किसी ग्रन्थ में नहीं मिलता। किन्तु इसमें नाममात्र का सन्देह नहीं है कि यह नियम व्याकरणकारों के अन्य सब नियमों के साथ-साथ कभी चलता रहा होगा और यह हमें मानना ही पड़ेगा; भले ही हमें जो हस्तलिखित प्रतियाँ इस समय प्राप्त हैं, उनमें इनके उदाहरण न मिलें। वररुचि से लेकर सभी प्राकृत व्याकरणकार

मुख्य-मुख्य नियमों के विषय में एक मत है[1]। हेमचन्द्र ने ४,३०२ के अनुसार ये विशेषताएँ मुद्राराक्षस, शकुन्तला और वेणीसंहार में देखीं, जो उन हस्तलिखित प्रतियों में, जो हमें आजकल प्राप्य हैं, बहुत कम मिलती हैं और हेमचन्द्र के ग्रन्थों की जो हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्य हैं, उनमें तो ये विशेषताएँ पाई ही नहीं जातीं। जितनी अधिक हस्तलिखित प्रतियाँ मिलती जाएँगी, उनमें उतने भिन्न-भिन्न पाठ मिलेंगे, जो अभी तक प्राप्य हस्तलिखित प्रतियों के विरुद्ध जायँगे। 'मृच्छकटिक' के स्टेन्त्सलरवाले संस्करण के २२,४ में जो गौडबोले द्वारा प्रकाशित संस्करण के ६१,५ से मिलता है (और गौडबोले ने स्टेन्त्सलर के पाठ का ही अनुकरण किया है) यह पाठ है - तवज्जे व्व हश्ते चिश्टदु। व्याकरणकारों के नियमों के अनुसार यह पाठ यों होना चाहिए—तव य्ये व्व हस्ते चिष्ठदु। गौडबोले की (D. H.) हस्तलिखित प्रति में ऍव्व है और (C) में ज्जे व्व है; सब हस्तलिखित प्रतियों में हस्ते और चिष्ठदु अर्थात् चिष्ठदु है। चिष्ठदु जे (J) हस्तलिखित प्रति में है। ऐसे पाठ बराबर मिलते रहते हैं। मुद्राराक्षस १५४,३ में हेमचन्द्र के ४,३०२ के अनुसार य्ये व्व पाठ मिलता है (E हस्तलिखित प्रति में) और इसी ग्रन्थ के २६४,१ में अधिकांश हस्तलिखित प्रतियाँ ऍव्व पाठ देती हैं। वेणीसंहार ३५,७ और ३६,५ में भी ऍव्व पाठ है। हेमचन्द्र का नियम ४,२९५ जिसमें कहा गया है कि यदि संस्कृत शब्द के बीच में छ रहे तो उसके स्थान पर श्च हो जाता है। मैंने शकुन्तला की हस्तलिपियों से उदाहरण देकर प्रमाणित किया है और मृच्छकटिक की हस्तलिखित प्रतियाँ उक्त नियम की पुष्टि करती हैं (§ २३३)। उन्हीं हस्तलिखित प्रतियों में हेमचन्द्र ४,२९१ वाले नियम कि स्थ और र्थ के स्थान पर स्त हो जाता है, के उदाहरण मिलते हैं (§ ३१० और २९०)। मागधी के ध्वनितत्त्व के विषय में विशेष मार्के की बातें ये हैं; र के स्थान पर ल हो जाता है, स के स्थान पर श हो जाता है, य जैसे का तैसा बना रहता है, ज बदल कर य हो जाता है; द्य, र्ज, र्य का य्य हो जाता है; ण्य, न्य, ञ, का ञ्ञ हो जाता है, च्छ का श्च बन जाता है, ट्ट और ष्ट का स्ट हो जाता है आदि (§ २४)। शब्द के रूपों में इसका विशेष लक्षण यह है कि अ में समाप्त होनेवाले सब शब्दों के अन्त में ए लगता है। शब्दों के अन्य रूपों में यह प्राकृत शौरसेनी से पूर्णतया मिलती है (§ २२) और यह शौरसेनी के अनुसार ही त के स्थान पर द और थ के स्थान पर ध कर देती है।

१. आपस्थायिक (भरत नाट्यशास्त्र) निमुण्डाः का क्या अर्थ है, यह अस्पष्ट है—२. यह बात स्टेंत्सलर की भूमिका के पृष्ठ ५ और गौडबोले के ग्रन्थ पृष्ठ ४९३ में पृथ्वीधर ने बताई है। इन संस्करणों में वह शौरसेनी बोलता है, किन्तु हस्तलिखित प्रतियों में इन स्थानों में सर्वत्र मागधी का प्रयोग किया गया है। १६१,९ अले अले १६१,१६ में मालेध, १६५-२५ में अले गौडबोले के पृष्ठ ४४९,९ में मालेध भी आया है। जो दृश्य यहाँ दिखाया गया है, उसमें ३२७,१० जो गौडबोले के संस्करण के ४८४,१२ में है, उसमें

आउन्ते रूप मिलता है। ब्लौख में वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा के पृष्ठ ४ के विषय में भ्रामक सम्मति दी है। पारा ४२ से भी तुलना कीजिए— ३. हिल्लेब्रान्त, त्साइटुंश्रेर, मौर्गेन लैण्डिशन गेजेलशाफ्ट ३९,१३० से तुलना करें— ४. इस विषय पर पारा २४ और इस व्याकरण के वे पाराग्राफ भी देखिए, जिनमें इस विषय पर लिखा गया है।

§ २४—स्टेन्त्सलर द्वारा सम्पादित 'मृच्छकटिक' की भूमिका के पृष्ठ ५ और गौडबोले के संस्करण के पृष्ठ ४९४ में जो संवाद है, वह राजा शाकारी और उसके दामाद का है और यह 'पृथ्वीधर' के अनुसार अपभ्रंश नामक बोली में हुआ है। इस अपभ्रंश बोली का उल्लेख 'क्रमदीश्वर' ने ५,९९, लास्सन के इन्स्टिट्यूसिओनेस लिंगुआए प्राकृतिकाए मे पृष्ठ २१ में, 'रामतर्कवागीश' के ग्रन्थ में, मार्कण्डेय के पन्ने ७६ में, भरत के १७,५३, साहित्यदर्पण पृष्ठ १७३,६ में है। लास्सन ने अपने इन्टीट्यूसिओनेस के पृष्ठ ४२२ और उसके आगे के पृष्ठों में यह प्रयत्न किया है कि इस अपभ्रंश बोली के विशेष लक्षण निश्चित कर दिये जायँ और वह अपने इस ग्रन्थ के पृष्ठ ४३५ में इस निदान पर पहुँचा है कि शाकारी मागधी की एक बोली है। इसमें सन्देह नहीं कि उसका यह मत ठीक है। यही मत मार्कण्डेय का भी है, जिसने अपने ग्रन्थ के ७६ वे पन्ने में बताया है कि शाकारी बोली मागधी से निकली है— मागध्याः शाकारी, साध्यतीति शेषः। 'मृच्छकटिक' के स्टेन्त्सलरवाले संस्करण के ९,२२ (पृष्ठ २४०) से, जो गौडबोले के संस्करण के पृष्ठ ५०० के समान है, यह तथ्य मालूम होता है कि इस बोली में तालव्य वर्णों से पहले य बोलने का प्रचलन था अर्थात् संस्कृत तिष्ठ के स्थान पर यचिष्ठ बोला जाता था (§ २१७)। यह य इतनी हल्की तरह से बोला जाता था कि कविता में इसकी मात्रा की गिनती ही नहीं की जाती थी। 'मार्कण्डेय' के अनुसार यही नियम मागधी और व्राचड अपभ्रंश में भी बरता जाता था (§ २८) और विशेषताएँ जैसे कि त के स्थान पर द का प्रयोग (§ २१९), अ में समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दों के षष्ठी एकवचन के अन्त में—अश्श के साथ साथ आह का प्रयोग (§ ३६६), अन्य पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं; किन्तु सप्तमी के अन्त में—आहिं (§ ३६६अ) और सम्बोधन बहुवचन के अन्त में आहो का प्रयोग (§ ३७२) शकार की बोली में ही पाये जाते हैं। ऊपर कहे हुए अन्तिम तीन रूपों में शाकारी बोली अपभ्रंश भाषा से मिलती है। इसलिए 'पृथ्वीधर' का इस बोली को अपभ्रंश बताना अकारण नहीं है। ऊपर लिखे गये व्याकरणकार और अलंकारशास्त्री एक बोली चाण्डाली भी बताते हैं। 'मार्कण्डेय' के ग्रन्थ के पन्ने ८१ के अनुसार यह चाण्डाली बोली मागधी और शौरसेनी के मिश्रण से निकली थी। लास्सन ने अपने इन्स्टिट्यूत्सिओनेस के पेज ४२० में ठीक ही कहा है कि यह बोली एक प्रकार की मागधी समझी जाती थी। 'मार्कण्डेय' ने पन्ने ८१ में चाण्डाली से शाबरी बोली का निकलना बताया है। इसकी आधारभूत भाषाएँ शौरसेनी, मागधी और शाकारी हैं (इस विषय पर लास्सन के इन्स्टिट्यूत्सिओनेस के § १६२ को भी देखिए)। 'मार्कण्डेय' के अनुसार मागधी की एक बोली

बाह्लीकी भी है जो भरत १७,५२ और साहित्यदर्पण पेज १७३, मे नाटक के कुछ पात्रों की बोली बतलाई गई है तथा कुछ लेखकों के अनुसार बाह्लीकी पिशाचभूमि मे बोली जाती है (§ २७)। इसमें नाममात्र का भी संशय नहीं कि मागधी एक भाषा नहीं थी; बल्कि इसकी भिन्न भिन्न बोलियाँ स्थान-स्थान में बोली जाती थी। यही कारण है कि क्ष के स्थान पर कहीं ह्क और कहीं श्क, र्थ के स्थान पर कहीं स्त और श्त, एक के स्थान पर कहीं स्क और कहीं श्क लिखा मिलता है। हमें मागधी में वे सब बोलियाँ सम्मिलित करनी चाहिए, जिनमें ज के स्थान पर य, र के स्थान पर ल, स के स्थान पर श लिखा जाता है और जिनके अ में समाप्त होनेवाले सज्ञाशब्दो के अन्त मे अ के स्थान पर ए जोड़ा जाता है। मैंने (§ १७ और १८ मे) यह बताया है कि कर्ता एकवचन के अन्त में ए जोडनेवाली बोलियों का प्रवेश सारे मगध में व्याप्त था। भरत ने १७,५८ मे यह बात कही है कि गंगा और समुद्र के बीच के देशों मे कर्ता एकवचन के अन्त में ए लगाये जानेवाली भाषाएँ बोली जाती है। इससे उसका क्या अर्थ है, यह समझना टेढी खीर है। होएर्नले ने[१] सब प्राकृत बोलियो को दो वर्गो मे बाँटा है, एक को उसने शौरसेनी प्राकृत बोली कहा है और दूसरी को मागधी प्राकृत बोली तथा इन बोलियों के क्षेत्रों के बीचोंबीच मे उसने इस प्रकार की एक रेखा खींची है, जो उत्तर मे खालसी से लेकर बैराट, इलाहाबाद और फिर वहाँ से दक्षिण को रामगढ़ होते हुए जौगढ़ तक[२] गई है। ग्रियर्सन[३] होएर्नले के मत से अपना मत मिलाता है और उसका विचार यह भी है कि उक्त रेखा के पास आते-आते धीमे-धीमे ये दोनों प्राकृत भाषाएँ आपस मे मिल गई और इसका फल यह हुआ कि इनके मेल से एक तीसरी बोली निकल आई, जिसका नाम अर्धमागधी पड़ा। उसने बताया है कि यह बोली इलाहाबाद के आस-पास और महाराष्ट्र म बोली जाती होगी। मेरा विश्वास है कि इन बातों में कुछ धरा नहीं है। एक छोटे से प्रदेश मे बोली जानेवाली लाट बोली में भी कई बोलियों के अवशेष मिलते हैं, बल्कि धौली और जौगढ़ के बीच, जो बहुत ही सकीर्ण क्षेत्र है, उस लाट भाषा में भी कई बोलियो का मेल हुआ था; किन्तु मोटे तौर पर देखने से ऐसा लगता है कि किसी समय लाट भाषा सारे राष्ट्र की भाषा थी और इसलिए वह भारत के उत्तर, पश्चिम और दक्षिण मे बोली और समझी जाती रही होगी। खालसी, दिल्ली और मेरठ के अशोक के प्रस्तर-लेख, बैराट के प्रस्तर-लेख तथा दूसरे लेख इस तथ्य पर कुछ प्रकाश नहीं डालते कि इन स्थानों में कौन-सी बोलियाँ बोली जाती रही होगी। इसमें सन्देह नहीं कि प्राचीन समय में और आज भी एक ही प्रवृत्ति काम करती थी और कर रही है अर्थात् अड़ोस-पड़ोस की बोलियों के शब्द धीरे-धीरे आपस में एक दूसरे की बोली मे घुल-मिल जाते है तथा उन बोलियो के भीतर इतना अधिक घर कर जाते है कि बोलनेवाले नहीं समझते कि हम किसी दूसरी बोली का शब्द काम में लाते है* (प्राचीन समय में जो बोलियाँ

* हिंदी में प्रचलित आमारी, चेष्टा, व्यापार, उपन्यास, गल्प आदि शब्द यद्यपि मराठी और बगला से आये है; किन्तु बोलनेवाले इनको हिंदी ही समझते है। रेल, लालटेन, आलमारी, गमला आदि भी ऐसे ही शब्द है। —अनु०

इस प्रकार आपस में मिल गई थीं, उन्हें हम प्राकृत नहीं कह सकते)। इसके लिए अर्धमागधी एक प्रबल प्रमाण है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि आज की मागधी[1] और पुरानी मागधी में कोई सम्बन्ध दिखाई नहीं देता।

१. कम्पैरेटिव ग्रैमर, भूमिका के पेज १७ और उसके बाद के पेज— २. खण्ड की भूमिका का पेज २१— ३. सेवन ग्रैमर्स ऑफ द डाएलैक्टस एण्ड सब-डाएलैक्स ऑफ द बिहारी लैंग्वेज; खण्ड १ (कलकत्ता १८८३) पेज ५ और उसके बाद— ४. सेनार, पियदसी २, ४३२— ५. सेनार पियदसी २, ४३३ और उसके बाद— ६. ग्रियर्सन, सेवन ग्रैमर्स, भाग ३ (कलकत्ता १८८३)।

§ २५—पूर्व बंगाल में स्थित 'ढक' प्रदेश के नाम पर एक प्रकार की प्राकृत बोली का नाम ढक्की है। 'मृच्छकटिक' के पृष्ठ २९–३९ तक में जुआ-घर का मालिक और उसके साथी जुआरी जिस बोली में बातचीत करते हैं, वह ढक्की है। मार्कण्डेय पन्ना ८१, लास्सन के इन्स्टीट्यूत्सीओनेस पृष्ठ ५ में 'रामतर्कवागीश' और स्टैन्सलर द्वारा प्रकाशित 'मृच्छकटिक' की भूमिका के पृष्ठ ५ में, जो गौडबोले के संस्करण में पृष्ठ ४९३ है, 'पृथ्वीधर' का भी मत है कि शाकारी, चाण्डाली और शाबरी के साथ-साथ ढक्की भी अपभ्रंश की बोलियों में से एक है। उसकी भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार यह वह बोली है, जो मागधी और अपभ्रंश बोली बोलनेवाले देशों के बीच में रही होगी। पृथ्वीधर के अनुसार इसकी ध्वनि की यह विशेषता है कि इसमें लकार का जोर है और तालव्य शकार और दन्त्य सकार की भी बहुतायत है—लकार प्रायो ढक्कविभाषा, संस्कृत प्रायत्वे दन्त्यतालव्य सशकारद्वययुक्ता' च। इसका तात्पर्य इस प्रकार है कि जैसे मागधी में र के स्थान पर ल हो जाता है, ष स में बदल जाता है, स और श अपने संस्कृत शब्दों की भाँति स्थान पर रह जाते हैं, ऐसे ही नियम ढक्की के भी हैं। इस प्राकृत की जो हस्तलिखित प्रतियाँ मिली हैं, उनकी लिपि कहीं व्याकरण-सम्मत और कहीं उसके विपरीत है; पर अधिकांश में पाठ जैसा चाहिए, वैसा है। स्टैन्सलर ने २९,१५;३०, १ में अरेरे पाठ दिया है, ३०, ७ में रे और ३०, ११ में अरे पाठ दिया है; किन्तु गौडबोले ने ८२, १; ८४,४;८६, १ में अले और ८५,५ में ले दिया है, जो उसे मिली हुई हस्तलिखित प्रतियों में से अधिकांश का पाठ है। इस प्रकार का पाठ स्टैन्सलर की हस्तलिखित प्रतियों में भी, ऊपर लिखे अपवादों को छोड़ अन्य सब स्थानों पर मिलता है (३०,१६;३१, ४।९ और १६;३५,७ और १२;३६,१५; और ३९,१६)। इस भाषा के नियम यह बताते हैं कि रुद्रः के स्थान पर लुद्दु हो जाता है (२९,१५ और ३०,१) परिक्षेपित के स्थान पर पलिवेविद होता है (३०,७), कुरुकुरु के स्थान पर कुलुकुलु का प्रयोग किया जाता है (३१,१६), धारयति का धालेदि होता है (३४,९ और ३९,१३), पुरुषः पुलिसो बन जाता है (३४,१२); किन्तु अधिकांश स्थलों में इन ग्रन्थों और हस्तलिखित प्रतियों में र ल नहीं हुआ है, र ही रह गया है। इस प्रकार सर्वत्र जूदिअर ही मिलता है (२९,१५;३०,१ और १२,३१,१२ और ३६,१८), केवल ३६,१८ में जो खल गौडबोले के संस्करण में १०६,४ है, वहाँ ल का प्रयोग

किया गया है। 'मृच्छकटिक' के कलकत्तावाले संस्करण में जो शाके १७९२ में प्रकाशित हुआ था, पृष्ठ ८५,३ में **जूवकलस्स** शब्द का प्रयोग किया गया है और कलकत्ता से १८२९ ई० में प्रकाशित इसी ग्रन्थ के पेज ७४,३ में अन्य संस्करणों में छपे हुए **मुट्ठिप्पहारेण** के स्थान पर **मुट्ठिप्पहालेण** छापा गया है; जब कि इसकी दूसरी ही पंक्ति में **रुहिरपहम् अणुसरेम्ह** मिलता है, यद्यपि हमें आशा करनी चाहिए थी कि इस स्थान पर **लुहिलपधम् अणुसलेय** होगा। ३०,४ और ५ के श्लोक में **सलणम्** शब्द आया है, जिसके स्थान पर शाके १७९२ वाले कलकत्ता के संस्करण में शुद्ध शब्द **शलणम्** है और **रुद्दो रक्खिदुं तरइ** आया है, जिसके स्थान पर **लुद्दो लक्खिदुं तलीद** होना चाहिए था। ऐसे अन्य स्थल ३०,१३ है जिसमें **अनुसरे ँम्ह** आया है, ३२,३ और ३४,२५ में **माथुरु** शब्द का व्यवहार किया गया है, ३२,१० और १२ में **पिदरम्** और **मादरम्** का व्यवहार किया गया है, ३२, १६ में **पसरु**, ३४,११ में **जज्जर** (इसके बगल में ही पुलिसो शब्द है) ३६,२४ में **उअरोधेण** और ३९,८ में **अहरेण रइ** लिखा गया है, जो सब शब्द ढक्की के नियमों के अनुसार शुद्ध नहीं है, क्योंकि जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, ढक्की बोली में **र** के स्थान में **ल** होना चाहिए। ये हस्तलिखित प्रतियाँ बहुधा **स** के स्थान पर **श** और **श** का **स** लिख देती है। शुद्ध शब्द **दशसुवण्णाह** (२९,१५ और ३०,१) के पास में ही **दशसुवण्णम्** (३१,४;३२,३;३४,९ और १२ इत्यादि), **शुण्णु** (३०, ११), **शेल** (३०,१७) के पास में ही **जंस** (३०,९) आया है, जो अशुद्ध है। **आदंसआमि** (३४,२५) **पडिस्सुदिय** (३५,५) प्रयोग भी किये गये है। कई स्थलों पर तालव्य **शकार** का अशुद्ध प्रयोग हुआ है जैसे **शमविशयं**, **सकलुशअम्** (३०,८ और ९)। इस स्थान पर गौडबोले ने (८५,६ और ७) **समविसयं** पाठ दिया है जो शुद्ध है, और **अइ कसण** (**अइ** के स्थान पर अदि होना चाहिए), इसके विपरीत ११४, ९ में **कश्श** शब्द अशुद्ध आया है, इसके स्थान पर स्टेन्त्सलर के संस्करण के पेज ३९,८ में **कस्स** शब्द आया है, जो शुद्ध है। लकार और शकार का प्रयोग ढक्की को मागधी से मिलाता है, इसी प्रकार सज्ञा शब्दों के अन्त में—उ जो संस्कृत के—अः के काम मे आता है और—**अम्** का प्रयोग तथा आज्ञाकारक के द्विवचन का रूप इसे अपभ्रंश से सम्बन्धित करता है। इस विषय पर भी हस्तलिखित प्रतियों के पाठ पर भरोसा नहीं किया जा सकता। **देउलु** (३०,११) शब्द के नीचे ही **देउलम्** (३०,१२) का उपयोग किया गया है। **एसु** (३०,१२;३४, १७ और ३५,१५) उसके निकट ही **एसो** (३०,१०) का प्रयोग हुआ है। संस्कृत शब्द **प्रसर** के लिए **पसलु** (३२,१६) शब्द आया है और उसके पास ही **गेण्ह** (२९, १६ और ३०,२) काम मे लाया गया है, **प्रयच्छ** के लिए **पअच्छ** लिखा गया है (३१,४;७;९;३२,८;१२;१४;३४,२४;३५,७)। अनेक स्थानों पर कर्त्ता कारक के लिए—उ आया है जैसे **रुद्धः** के स्थान मे **लुद्ध** (२९,१५ और ३०,१), **विप्पदीउपादु** जो संस्कृत **विप्रतीपः पादः** (३०,११) के लिए आया है, **धुत्तु** **माधुलु** और **निउणु** (३२,७) **विहवु** (३४,१७) उकारान्त हैं। इनके साथ-

साथ बच्चो (३१,१२) प्पाउड्डो, पुलिशो संस्कृत प्रावृत्तः, पुरुषः के लिए आये हैं (३४,१२)। आवक्कमन्तो (पारा ४९९) है और बुत्तो संस्कृत वृत्तः के लिए लिखा गया है। कर्त्ताकारक के अन्त में कहीं-कहीं ए का प्रयोग भी किया गया है जैसे, संस्कृत पाठः के लिए पाढे (३०,२५ और ३१,१) का पाठ, लब्धः पुरुषः के स्थान पर लद्धे गोहे का प्रयोग मिलता है। इन अशुद्धियों का कारण लेखकों की भूल ही हो सकती है और इनमें बोलियों की कोई विशेषताएँ नहीं हैं, इसका पता स्पष्ट रूप से इस बात से चलता है कि मागधी प्रयोग बच्चे के स्थान पर (३१,१४ में) बच्चो लिखा मिलता है, जो किसी दूसरे संस्करण में नहीं मिलता। माथुर (३२,७ और ३४,२५) का प्रयोग भी अशुद्ध है, इसमें थ के स्थान पर घ होना चाहिए। इसका शुद्ध पाठ माधुलु है। सब संस्करणों के पाटे के स्थान पर भी (३०,२५ और ३१,१) और स्वयं मागधी में भी (३१,२) गौडबोले के डी० तथा एच० संस्करणों के अनुसार, जिसका उल्लेख उसकी पुस्तक के पेज ८८ में है, पाडे होना चाहिए। के० हस्तलिखित प्रति में पाढे पाठ है; ढक्की प्राकृत में यही पाठ शुद्ध है। इस प्रकार ३०,१६ में भी कथम् का रूप कधम् दिया गया है, जो ठीक है; किन्तु ३६,१९ में रुधिरपथम् के लिए रुहिरपहम् आया है, जो अशुद्ध है। शुद्ध रूप लुधिलपधम् होना चाहिए। जैसा मैंने ऊपर शौरसेनी और मागधी के विषय में कहा है, वही बात ढक्की के बारे में भी कही जा सकती है कि इस बोली में जो हस्तलिखित प्रतियाँ मिलती हैं, उनपर भी कोई भरोसा नहीं किया जा सकता और चूँकि इस बोली का उल्लेख और इस बोली के ग्रन्थ बहुत कम मिलते हैं तथा ऐसी आशा भी नहीं है कि भविष्य में भी इसके अधिक ग्रन्थ मिलेंगे। इसलिए इस बोली पर भविष्य में अधिक प्रकाश पड़ेगा, यह भी नहीं कहा जा सकता[3]। इस विषय पर § २०३ भी देखिए।

१. स्टैन्सलर ने इस शब्द का पाठ शुद्ध दिया है; पृष्ठ २ और ४९४ में गौडबोले ने इसका रूप चकार प्राया लिखा है— २. यह पाठ गौडबोले ने शुद्ध दिया है— ३. लास्सन, इन्स्टीट्यूत्सीओनेस पृष्ठ ४१४ और उसके बाद में लिखता है कि जुआरी दाक्षिणात्या, माथुर और आवन्ती में बातचीत करता है। इस विषय पर § २६ भी देखिए, वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा पेज ४ में ब्लौख़ की सम्मति भ्रमपूर्ण है।

§ २६—व्याकरणकारों द्वारा वर्णित अन्य प्राकृत बोलियों के विषय में यही कहा जाना चाहिए कि ढक्की बोली के समान ही, इनपर अधिक प्रकाश पड़ने की, बहुत कम आशा है। 'पृथ्वीधर' के मतानुसार 'मृच्छकटिक' नाटक में वीरक और चन्दनक नाम के दोनों कोतवाल पृष्ठ ९९-१०६ में आवन्ती भाषा बोलते हैं। पृथ्वीधर ने यह भी बताया है कि आवन्ती भाषा में स, र तथा मुहावरों की भरमार है—तथा शौरसेन्य् अवन्तिजा प्राच्या। एतासु दन्त्यसकारता। तत्रावन्तिजा रेफवती लोकोक्ति बहुला। पृथ्वीधर का यह उद्धरण भरत के नाट्यशास्त्र के १७,४८ से मिलता है। भरत १७,५१ और 'साहित्यदर्पण' पृष्ठ १७३,४ के अनुसार नाटकों में

धूर्ताः को अवन्तिजा बोली बोलनी चाहिए। लास्सन के इन्स्टीट्यूत्सीओनेस पेज **१६** में कई प्राचीन टीकाकारों का मत दिया गया है कि **धूर्ताः** का तात्पर्य जुआरियों से है। इस कारण लास्सन ने पृष्ठ ४१७-४१९ में माथुर की बोली को आवन्ती बताया है; पर यह मत भ्रामक है। मार्कण्डेय के ग्रन्थ के ३ रे पन्ने और 'क्रमदीश्वर' ५,९९ में कहा गया है कि आवन्ती भाषाः मे गिनी जाती है और मार्कण्डेय ने पन्ना ७३ में कहा है कि आवन्ती शौरसेनी और महाराष्ट्री के मेल से बनी है और यह मेल एक ही वाक्य के भीतर दिखाई देता है—**आवन्ती स्यान् महाराष्ट्री सौरसेन्यास् तु संकरात्। अनयोः संकराद् आवन्ती भाषा सिद्धा स्यात्। संकरश् चैकस्मिन्नेव वाक्ये बोद्धव्यः।** इस बोली में **भवति** के स्थान पर **होइ**, **प्रेक्षते** की जगह **पेच्छदि** और **दर्शयति** के लिए **दरिसेदि** आता है। हस्तलिखित प्रतियों में दोनों कोतवालों का जो वार्तालाप मिलता है, उससे ऊपर लिखे वर्णन का पूरा साम्य है, उस श्लोक में, जो ९९,१६ और १७ मे आया है, शौरसेनी **अच्छध** के पास में ही महाराष्ट्री में **पुण** और **वच्चइ** है; ९९,२४ और २५ में शौरसेनी **आअच्छध** और महाराष्ट्री **तुरियम्**, **जस्सेह**, **करे जाइ** और **पहवइ** एक ही श्लोक में आये हैं। **दरिसेसि** शब्द १००,४ में आया है और १००,१२ में महाराष्ट्री **जइ** आया है, जिसके एकदम बगल में शौरसेनी शब्द **खुड्डिदो** है; १००, १९;१०१,७ और १०५,९ मे **वच्चदि** शब्द आया है जो महाराष्ट्री **वच्चइ** (९९,१७) और शौरसेनी **वज्जदि** का वर्णसंकर है और तमाशा देखिए कि १००,१५ में **वज्जइ** शब्द आया है, जो उक्त दोनों भाषाओं का मिश्रण है; १०३,१५ मे **कहिज्जदि** शब्द आया है और उसी के नीचे की लाइन १६ मे **सासिज्जइ** आया है। यह दूसरा शब्द विशुद्ध महाराष्ट्री है और पहला शब्द महाराष्ट्री **कहिज्जइ** और शौरसेनी **कधीअदि** की खिचड़ी है। गद्य और पद्य में ऐसे दसियो उदाहरण मिलते हैं। इन सब उदाहरणों से यह जान पड़ता है कि 'पृथ्वीधर' का मत ठीक ही है। किन्तु चन्दनक की बोली के विषय मे स्वयं चन्दनक ने पृथ्वीधर के मत का खण्डन किया है। उसने १०३,५ में कहा है— **वअम् दक्खिणत्ता अव्वत्त भासिणो...म्लेच्छ-जातीनाम् अनेकदेशभाषाविज्ञा यथेष्टम् मंत्रयामः...**, अर्थात् "हम दाक्षिणात्य अस्पष्टभाषी हैं। चूँकि हम म्लेच्छ जातियों की अनेक भाषाएँ जानते हैं, इसलिए जो बोली मन में आई, बोलते हैं..."। चन्दनक अपनेको दाक्षिणात्य अर्थात् दकन का बताता है। इस विषय पर उसने १०३,१६ मे भी कहा है—**कन्नड कलहप्पओअम् करेमि**। अर्थात् मैं कन्नड देश के ढंग से झगड़ा प्रारम्भ करता हूँ। इसलिए इसपर सन्देह करने का सबल कारण है कि उसने आवन्ती भाषा में बातचीत की होगी; वरन् यह मानना अधिक संगत प्रतीत होता है कि उसकी बोली **दाक्षिणात्या** रही होगी। इस बोली को 'भरत' ने १७,४८ में सात भाषाः के नामों के साथ गिनाया है और 'भरत' के 'नाट्यशास्त्र' के १७,५२ और 'साहित्यदर्पण' पृष्ठ १७३५ में इस बोली के विषय में कहा गया है कि इसे नाटकों में शिकारी और कोतवाल बोलते हैं। 'मार्कण्डेय' ने अपने 'प्राकृतसर्वस्व' में इसे भाषा मानना अस्वीकार किया है, क्योंकि

इसमें भाषा के कोई विशेष लक्षण नहीं पाये जाते (लक्षणाकरणात्)। लास्सन ने अपने इन्स्टीट्यूत्सीओनेस के पृष्ठ ४१४-४१६ में 'मृच्छकटिक' के अज्ञातनामा जुआरी को दाक्षिणात्या बोलनेवाला बताया है और कोतवाल की बोली में भी इसी भाषा के लक्षण पाये हैं (शकुन्तला पेज ११३-११७)। ये दोनों मत भ्रमपूर्ण हैं। जुआरी की बोली ढक्की है (§ २५) और शकुन्तला में कोतवाल की जो भाषा पाई जाती है, वह साधारण शौरसेनी से कुछ भी भिन्नता नहीं रखती। यह बात 'बोएटलिंक' ने[1] पहले ही ताड़ ली थी। शकुन्तला नाटक की जो हस्तलिखित प्रतियाँ बंगाल में पाई गई हैं, उनमें से कुछ में महाप्राण वर्णों का द्वित्त किया गया है। पहले[2] मेरा ऐसा विचार था कि यह विशेषता दाक्षिणात्या प्राकृत के एक लक्षण के रूप में देखी जानी चाहिए। किन्तु उसके बाद मुझे मागधी की हस्तलिखित एक ऐसी प्रति मिली, जिसमें महाप्राण वर्णों का द्वित्त किया गया है। यह लिपि का लक्षण है न कि भाषा का (§ १९३)। अबतक के मिले हुए प्रमाणों से हम इस विषय पर जो कुछ निदान निकाल सकते हैं, वह यह है कि दक्खिणात्ता बोली उस आवन्ती बोली से, जिसे वीरक बोलता है, बहुत घनिष्ठ रूप में सम्बद्ध है और ये दोनों बोलियाँ शौरसेनी के बहुत निकट हैं। इसमें बोलियों का मिश्रण तो हो ही गया है; किन्तु अम्हे के स्थान मे वअम्, हो के स्थान पर दो का प्रयोग शौरसेनी भाषा के व्यवहार के विरुद्ध है तथा बड़े मार्के की बात है। दक्खिणत्ता में त्थ के स्थान पर च्च का प्रयोग (§ २८१) तथा दरिसअन्ति भी, जो 'मृच्छकटिक' ७०,२५ में शौरसेनी भाषा मे भी काम में लाया गया है, बहुत खटकते हैं।

१. शकुन्तला के अपने संस्करण के पृष्ठ २४० में— २. नाख़रिख़्टन फौन डेर कोयेनिगलिशे गेज़ेलशाफ्ट डेर विस्सनशाफ्टन त्सु गोएटिंगन १८७३, पेज २१२ और उसके बाद।

§ २७—एक बहुत प्राचीन प्राकृत बोली पैशाची है। 'वररुचि' १०,१ तथा उसके बाद इस नाम की एक ही बोली का उल्लेख करता है। 'क्रमदीश्वर' के ५,९६ में भी इसका नाम आया है। 'वाग्भटालकार' २,३ की टीका मे 'सिंहदेव गणिन्' ने इसका उल्लेख पैशाचिक नाम से किया है। 'रुद्रट' के 'काव्यालंकार' २,१२ की टीका में 'नमिसाधु' ने भी इसे पैशाचिक ही बताया है और किसी व्याकरणकार का एक उद्धरण देकर इसका नाम पैशाचिकी दिया है। हेमचन्द्र ने ४,३०३ से ३२४ में पैशाची के नियमों का वर्णन किया है और उसके बाद ३२५-३२८ में चूलिका पैशाचिक के नियम बताये हैं, उसके बाद 'त्रिविक्रम' ३,२,४३,'सिंहराज' पृष्ठ ६३ और उसके बाद इसका उल्लेख करते हैं। उन्होंने चूलिका पैचाशिक के स्थान पर चूलिका पैशाची के नियम बताये हैं। एक अज्ञातनामा लेखक द्वारा (§ ३ नोट १) जिसका उल्लेख मार्कण्डेय के 'प्राकृतसर्वस्व' में है, ११ प्रकार की प्राकृत भाषाओं के नाम गिनाये गये हैं—कांचिदेशीयपाण्ड्ये च पांचालगौडमागधम्। व्राचडम् दाक्षिणात्यम् च शौरसेनम् च कैकयम्। शाबरम् द्राविणम् चैव एकादश पिशाचकाः। किन्तु स्वयं 'मार्कण्डेय' ने केवल तीन प्रकार की पैशाची बोलियों

का उल्लेख किया है—कैकेय, शौरसेन और पांचाल। ऐसा मालूम पड़ता है कि मार्कण्डेय के समय में ये तीन ही साहित्यिक पैशाचिक बोलियाँ रही होंगी। उसने लिखा है—**कैकेयम् शौरसेनम् च पांचालम् इति च त्रिधा। पैशाच्यो नागरा यस्मात् तेनाप्यन्या न लक्षिताः।** 'मार्कण्डेय' के मतानुसार कैकेय-पैशाची संस्कृत भाषा पर आधारित है और शौरसेनपैशाची शौरसेनी पर। पांचाल और शौरसेनी पैशाची में केवल एक नियम में भेद है। यह भिन्नता इसी में है कि र के स्थान पर ल हो जाता है। लास्सन के इन्स्टीट्यूत्सीओनेस के पृष्ठ २२ में उद्धृत 'रामतर्क वागीश' ने दो वर्ग गिनाये हैं। एक का नाम 'कैकेयपैशाचम्' है और दूसरी पैशाचीका नाम लेखकों ने अक्षर बिगाड़-बिगाड़ कर ऐसा बना दिया है कि अब पहचाना ही नहीं जाता। वह नाम हस्तलिखित प्रतियों में 'चस्क' पढ़ा जाता है, जिसका क्या अर्थ है, समझ में नहीं आता। न्यूनाधिक विशुद्धता की दृष्टि से इनके और भी छोटे छोटे भेद किये गये हैं। लास्सन के इन्स्टीट्यूत्सीओनेस के परिशिष्ट के पृष्ठ ६ में मागध और व्राचड (हस्तलिखित प्रतियों में यह शब्द व्राब्ड लिखा गया है) पैशाचिका, ये दो नाम आये है। लास्सन के इन्स्टीट्यूत्सीओनेसके पृष्ठ १३ में उद्धृत लक्ष्मीधर के ग्रन्थ में यह लिखा पाया जाता है कि पैशाची भाषा का नाम पिशाच देशों से पड़ा है, जहाँ यह बोली जाती है। प्राचीन व्याकरणकारों के मत के अनुसार उसने इसके निम्नलिखित भेद दिये है—पाण्ड्य, कैकय, वाह्लीक, सह्य*, नेपाल, कुन्तल, गान्धार। अन्य चारों के नाम विकृत हो गये हैं और हस्तलिखित प्रतियों में इस प्रकार मिलते हैं—सुदेश, भोट, हैव और कनोजन। इन नामों से पता चलता है कि पैशाची प्राकृत की बोलियाँ भारत के उत्तर और पश्चिमी भागों में बोली जाती रही होंगी। एक पैशाच जाति का उल्लेख महाभारत ७,१२१,१४ में मिलता है। भारतीय लोग पिशाच का अर्थ भूत करते हैं (कथासरित्सागर ७,२६ और २७)। इसलिए वररुचि १०,१ की टीका में 'भामह' ने कहा है—**पिशाचानाम् भाषा पैशाची** और इस कारण ही यह बोली **भूतभाषा** अर्थात् भूतों की बोली कही जाती है (दंडिन् का 'काव्यादर्श' १,३८; 'सरस्वती-कण्ठाभरण' ९५,११ और १३; 'कथासरित्सागर' ७,२९ और ८,३०; हॉल द्वारा सम्पादित 'वासवदत्ता' पृष्ठ २२ का नोट) अथवा यह भूतभाषित और भौतिक भी कही जाती है (वाग्भटालंकार २,१ और ३), भूत वचन (बालरामायण ८,५ और 'सरस्वती-कण्ठाभरण' ५७,११)। भारतीय जनता का विश्वास है कि भूतों की बोली की एक अचूक पहचान यह है कि भूत जब बोलते हैं तब उनका जोर नाक के भीतर से बोलने में लगता है और 'कुक' ने इसलिए यह अनुमान लगाया है कि यह भाषा आजकल की अंगरेजी की भाँति पिशाच भाषा कही गई। इस लक्षण का उल्लेख प्राकृत व्याकरणकारों में कहीं नहीं मिलता। मैं यह बात अधिक संगत समझता हूँ कि आरम्भ में इस भाषा का नाम पैशाची इसलिए पड़ा होगा कि यह महाराष्ट्री, शौरसेनी और मागधी की भाँति ही पिशाच जनता द्वारा या पिशाच देश में

* सह्य महाराष्ट्र में सह्याद्रि प्रदेश का नाम है।—अनु०

बोली जाती होगी और बाद को पिशाच कहे जानेवाले भूतों की भाषा पिशाच नाम के कारण भूल से पैशाची कही गई होगी। इसका अर्थ यह है कि पिशाच एक जाति का नाम रहा होगा और बाद को भूत भी पिशाच कहे जाने लगे तो जनता और व्याकरणकार इसे भूतभाषा कहने लगे। पिशाच जनता या पैशाच लोगों का उल्लेख 'महाभारत' के ऊपर दिये गये स्थल के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं नहीं मिलता; किन्तु इस जाति की उपजातियों के नाम बहुधा देखने में आते हैं, जैसे कैकेय या कैकय और बाह्लीक। इनके बारे में 'मार्कण्डेय' का कहना है कि ये मागधी बोलते हैं (§२४) तथा कुन्तल और गान्धार। 'दशरूप' २,६० के अनुसार पिशाच और बहुत नीची जाति के लोग पैशाच या मागध प्राकृत बोलते हैं। 'सरस्वतीकण्ठाभरण' ५६,१९ और 'साहित्यदर्पण' पृष्ठ १७३,१० के अनुसार पैशाची पिशाचों की भाषा है। 'सरस्वतीकण्ठाभरण' ५०,२५ में भोजदेव ने उच्च जाति के लोगों को विशुद्ध पैशाची बोलने से रोका है— **नात्युत्तमपात्रप्रयोज्या पैशाची शुद्धा**। उसने जो उदाहरण दिया है, वह हेमचन्द्र ४,३२६ में मिलता है; किन्तु हेमचन्द्र ने इसे 'चूलिकापैशाचिक' का उदाहरण बताया है। 'सरस्वतीकण्ठाभरण' ५८,१५ में यह कहा गया है कि उत्तम मनुष्यों को, जो ऊँचे पात्रों का पार्ट नहीं खेलते, ऐसी भाषा बोलनी चाहिए जो एक साथ संस्कृत और पैशाची हो। बात यह है कि पैशाची में भाषाश्लेष की चातुरी दिखाने की बहुत सुविधा है; क्योंकि सब प्राकृत भाषाओं में पैशाची संस्कृत से सबसे अधिक मिलती-जुलती है। 'वररुचि' १०,२ में शौरसेनी को पैशाची की आधारभूत भाषा बताता है और इस मत से हेमचन्द्र अपने प्राकृत व्याकरण के ४,३२३ मे पूर्णतया सहमत है। पर पैशाची अपनी ध्वनि-सम्पत्ति के अनुसार—जैसा कि हेमचन्द्र ने ४,३२४ मे बताया है—संस्कृत, पाली और पल्लववंश के दानपत्रों की भाषा से मिलती है। पैशाची और इससे भी अधिक चूलपैशाचिक, जिन दोनों भाषाओं को व्याकरणकार विशेष रूप से अलग-अलग नहीं समझते (§ १९१), मे मध्यवर्ण बदल कर प्रथमवर्ण हो जाते है, जैसा पैशाची और चूलपैशाचिक में **मदन** का **मतन**, **दामोदर** का **तामोतर**, पैशाची में **प्रदेश** का **पतेश**, चूलिकापैशाचिक में **नगर** का **नकर**,* **गिरि** का **किरि**, **मेघ** का **मेख**, **घर्म** का **खम्म**, **राजा** का **राचा**, **जीमूत** का **चीमूत** आदि हो जाता है (§ १९०, १९१)। इसका एक विशेष लक्षण यह भी है कि इसमें अधिकांश व्यंजन वैसे ही बने रहते है और न भी जैसे का तैसा ही रह जाता है, बल्कि **ण** बदल कर **न** हो जाता है और इसके विपरीत **ल** बदल कर **ळ** हो जाता है। मध्यवर्णों का प्रथमवर्ण में बदल जाने, **ण** का **न** हो जाने और **ळ** के स्थान पर **ल्ह** हो जाने के कारण होएर्नले इस निदान पर पहुँचा है कि पैशाची आर्यभाषा का वह रूप है जो द्राविड़ भाषाभाषियों के मुँह से निकली थी जब

---

* कुमाऊँ के विशेष स्थानों और विशेषकर पिठौरागढ़ (= पिथौरागढ़) की बोली में पैशाची के कई लक्षण वर्तमान समय में भी मिलते हैं। वहाँ नगरी का नकरी बोला जाता होगा जो आजकल 'नाकुरी' कहा जाता है। —अनु०

कि वे आरम्भ में आर्यभाषा बोलने लगे होंगे। इसके विरुद्ध 'सेनार'[1] ने पूरे अधिकार के साथ अपना मत दिया है। होएर्नले के इस मत के विरुद्ध कि भारत की किसी भी अन्य आर्य बोली में मध्यमवर्ण बदल कर प्रथमवर्ण नहीं बनते, यह प्रमाण दिया जा सकता है कि ऐसा शाहबाजगढ़ी,[4] लाट[5] तथा लेण[6] के प्रस्तरलेखों में पाया जाता है और नई बोलियों में से दरदू, काफिर और जिप्सियों[7] की भाषा में महाप्राणवर्ण बदल जाते हैं। इन तथ्यों से इस बात का पता चलता है कि पैशाची का घर भारत के उत्तरपश्चिम में रहा होगा[8]। पैशाची ऐसे विशेष लक्षणों से युक्त और आत्मनिर्भर तथा स्वतन्त्र भाषा है कि वह संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश के साथ, अलग भाषा गिनी जा सकती है (कथासरित्सागर ७,२९ और साथ ही ६,१४८ की तुलना भी कीजिए; बृहत्कथामंजरी ६,५२; बालरामायण ८,४ और ५; वाग्भटालंकार २,१)। सम्भवतः ग्राम्यभाषा का तात्पर्य पैशाची भाषा ही रहा होगा जिसमें 'वाग्भट' के 'अलंकारतिलक' १५,१३ के अनुसार 'भीम' काव्य रचा गया था। ये सब बातें देखकर खेद और भी बढ़ जाता है कि हमें इस भाषा के ज्ञान और इसकी पहचान के लिए व्याकरणकारों के बहुत ही कम नियमों पर अवलम्बित रहना पड़ता है। 'गुणाढ्य' की 'बृहत्कथा' पैशाची में ही रची गयी थी[10] और ब्यूलर के अनुसार यह ग्रन्थ ईसा की दूसरी शताब्दी में लिखा गया था। एक दूसरे से सम्बद्ध इस भाषा के कुछ टुकड़े हेमचन्द्र ४,३१०। ३१६। ३२०। ३२२। और ३२३[11] में मिलते हैं और सम्भवतः हेमचन्द्र के ४,३२६ में भी इस भाषा के ही उदाहरण दिये गये हैं। उत्तराखण्ड के बौद्ध धर्मावलम्बियों की विवरणपत्रिकाओं में यह बात लिखी गई है कि बुद्ध के निर्वाण ११६ वर्ष बाद चार स्थविर आपस में मिले थे जो संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और पैशाची भाषाएँ बोलते थे*। ये स्थविर भिन्न-भिन्न वर्णों के थे। इन स्थविरों ने, जो वैभाषिक की एक मुख्य शाखा के थे, आपस में पैशाची में बातचीत की।

१. एन इंट्रोडक्शन टु द पौपुलर रिलीजन एण्ड फोकलोर ऑफ नौर्दर्न इण्डिया (इलाहाबाद १८९४) पेज १४९— २. कम्पैरेटिव ग्रैमर की भूमिका का पेज १९— ३. पियदसी २,१०१ (सेनार) नोट संख्या १— ४. योहान्सोन, शाहबाजगढ़ी १,१७२— ५. सेनार, पियदसी २,३७५ (कम्बोच); ३७६ पतिपातय्छम् आदि; ३९७ (तुफे आदि)— ६. हुल्त्श, त्साइटुं डेर मौर्गेन लैण्डिशन गेजेलशाफ्ट ३७,५४९; ४०,६६ नोट संख्या ५— ७. मिक्लोजिश, बाइत्रैगे त्सूर केण्टनिस डेर त्सीगौयनर युण्डआर्टेन एक और दो (विएना, १८७४) पेज १५ और उसके बाद; चार (विएना १८७८) पेज ५१। पिशल, बाइत्रैगे त्सूर केण्टनिस डेर डौयत्शन त्सीगौयनर (हाल्ले आम जार १८९४) पेज २४ से तुलना कीजिए। जिप्सियों का खूल शब्द हिन्दी के

* पाली का प्रभाव कुमाऊँ की बोलियों में बहुत अधिक पड़ा है। अशोक के समय से ही कुमाऊँ में बौद्धधर्म की धूम रही, इसलिए बहुत सम्भव है कि एक स्थविर कुमाऊँ का भी रहा हो। —अनु०

छुर शब्द के समान है, कलश का खास शब्द जिप्सियों के खस शब्द के समान है जो हिन्दी में घास् के समान और संस्कृत में घास है।— ८. पिशल, डौयत्से एण्डशौ ३५ (बर्लिन १८८१), पेज १९८ इस मासिक पत्रिका में यह मत अशुद्ध है कि गुणाढ्य कश्मीरी था। वह दक्षिणी था; किन्तु उसका ग्रन्थ कश्मीर में बहुत प्रसिद्ध था जैसे कि सोमदेव और क्षेमेन्द्र के ग्रन्थ। —९. हौल, वासवदत्ता (कलकत्ता १८५९) पेज २२ का नोट; ब्यूलर, इण्डियन एण्टीक्वैरी १,३०२ और उसके बाद: लेवि, जूरनाल आशिआटीक १८८५, ४,४१२ और उसके बाद; रुद्रट के काव्यालंकार के २,१२ की टीका में नमिसाधु का मत देखिए।— १०. डिटेल्ड रिपोर्ट पेज ४७।— ११. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज ३१, मैं यह प्रमाण नहीं दे सकता हूँ कि यह वाक्य सोमदेव ने कहाँ लिखा है। कथासरित्सागर ११,४८ और ४९ उससे कुछ मिलता-जुलता है; किन्तु पूरा नहीं। बेन्फे द्वारा रूसी से अनूदित वास्सिलिएफ का ग्रन्थ, डेर बुधिज्मुस, जाइने डौगमन, गेशिष्ट उण्ट लिटेराटूर, १,२४८ नोट ३; २९५ (सेण्टपीटर्सबुर्ग १८६०)।

§ २८—मोटे तौर पर देखने से पता चलता है कि प्रामाणिक संस्कृत से जो बोली थोड़ा-बहुत भी भेद दिखाती है, वह अपभ्रंश है। इसलिए भारत की जनता द्वारा बोली जानेवाली भाषाओं का नाम अपभ्रंश पड़ा (§ ४) और बहुत बाद को प्राकृत भाषाओं में से एक बोली का नाम भी अपभ्रंश रखा गया। यह भाषा जनता के रात-दिन के व्यवहार में आनेवाली बोलियों से उपजी और प्राकृत की अन्य भाषाओं की तरह थोड़ा-बहुत फेर-फार के साथ साहित्यिक भाषा बन गई (§ ५)। हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण के ४,३२९ से ४४६ सूत्रों तक एक स्वतन्त्र भाषा के रूप में अपभ्रंश के नियम बताये हैं। किन्तु उसके नियमों को ध्यान से देखते ही यह निदान निकलता है कि अपभ्रंश नाम के भीतर उसने कई बोलियों के नियम दे दिये हैं। भ्रुम्, त्रम् (४,३६०), तुध्र (४,३७२), प्रस्सदि (४,३९३), ब्रोॅप्पिणु, ब्रोॅप्पि (४,३९१), गृहन्ति, गृण्हेप्पिणु (४,३४१; ३९४ और ४३८) और ब्रासु (४, ३९९); जो कभी र और कभी ऋ से लिखे जाते हैं। ये दूसरी दूसरी बोलियों के शब्द हैं और हेमचन्द्र ने इनके विषय में अपने अन्य दूसरे सूत्रों में भी बहुत लिखा है। उसका नियम ४,३९६, जिसके अनुसार अपभ्रंश भाषा में क, ख, त, थ, प, फ क्रमशः ग, घ, द, ध, ब और भ में बहुधा बदल जाते हैं, यह अन्य अनेक नियमों और उदाहरणों के विरुद्ध जाता है। नियम ४,४४६ भी, जिसमें यह कहा गया है कि अपभ्रंश के अधिकांश नियम शौरसेनी के समान ही हैं[1], हेमचन्द्र के अन्य नियमों के विरुद्ध है। पिंगल की भाषा अक्षरों के सरलीकरण की प्रक्रिया में कालिदास की 'विक्रमोर्वशी' हेमचन्द्र के प्राकृत में दी हुई अपभ्रंश भाषा से बहुत आगे बढ़ गई है। हेमचन्द्र के पन्ना २ में एक अज्ञातनामा लेखक ने २७ प्रकार की भिन्न-भिन्न अपभ्रंश बोलियों के नाम गिनाये हैं। इनमें से अधिकांश ही नहीं; बल्कि प्रायः सभी नाम पैशाची भाषा के विषय पर लिखते हुए

मैंने § २७ में दे दिये हैं। 'मार्कण्डेय' ने लिखा है कि थोड़े-थोड़े भेद के कारण (**सूक्ष्मभेदत्वात्**) अपभ्रंश भाषा के तीन भेद हैं—नागर, ब्राचड और उपनागर। यही भेद 'क्रमदीश्वर' ने भी ५,६९ और ७० में बताये हैं। पर 'क्रमदीश्वर' ने दूसरे उपप्रकार का नाम ब्राचट बताया है। मुख्य अपभ्रंश भाषा नागर है। 'मार्कण्डेय' के मतानुसार पिंगल की भाषा नागर है और उसने इस भाषा के जो उदाहरण दिये हैं, वे पिंगल से ही लिये गये है। ब्राचड, नागर अपभ्रंश से निकली हुई बताई गई है जो 'मार्कण्डेय' के मतानुसार सिन्ध देश की बोली है —**सिन्धुदेशोद्भवो ब्राचडोऽपभ्रंशः**। इसके विशेष लक्षणों में से 'मार्कण्डेय' ने दो बताये हैं—१. च और ज के आगे इसमे य लगाया जाता है और ष तथा स का रूप श में बदल जाता है। ध्वनि के वे नियम, जो मागधी में व्यवहार मे लाये जाते हैं और जिन्हे पृथ्वीधर सकार की भाषा के ध्वनि-नियम बताता है (§ २४), अपभ्रंश में लागू बताये गये है। इसके अतिरिक्त आरम्भ के त और द वर्ण को इच्छा के अनुसार ट और ड मे बदल देना और जैसा कि कई उदाहरणो से आभास मिलता है, भृत्य आदि शब्दों को छोड़कर ऋ कार को जैसे-का-तैसा रहने देना इसके विशेष लक्षण है। इस भाषा में लिखे गये ग्रन्थो या ग्रन्थखण्डों की हस्तलिखित प्रतियाँ बहुत विकृत रूप में मिलती है। नागर और ब्राचड भाषाओं के मिश्रण से उपनागर निकली है। इस विषय पर 'क्रमदीश्वर' ने ५,७० में जो लिखा है, वह बहुत अस्पष्ट है। 'मार्कण्डेय' के पन्ना ८१ के अनुसार 'हरिश्चन्द्र' ने 'शाक्की' या 'ढक्की' को भी अपभ्रंश भाषा में सम्मिलित किया है जिसे मार्कण्डेय संस्कृत और शौरसेनी का मिश्रण समझता है और पन्ना ३ में इसे एक प्रकार की विभाषा मानता है। इस भाषा का एक शब्द है **'एहुट्ठे***', जो सस्कृत शब्द **एव यदि** के स्थान पर आया है। यह शब्द 'पिंगल १, ४ मे आया है। 'रविकर' के मतानुसार, जो 'बौल्लें नसेन' द्वारा सम्पादित 'विक्रमोर्वशी' के पेज ५२७ की टीका मे मिलता है, यह शब्द बांगेन्द्री भाषा का है जिससे पता चलता है कि वह बंगाल[1] मे बोली जाती होगी। इस विषय पर § २५ मे ढक्की भाषा का रूप भी देखिए। इन बातों से कुछ इस प्रकार का निदान निकल सकता है कि अपभ्रंश भाषा की बोलियाँ सिन्ध से लेकर बंगाल तक बोली जाती रही होंगी; चूँकि अपभ्रंश भाषा जनता की भाषा रही होगी, इस दृष्टि से यह बात जँचती है। अपभ्रंश भाषा का एक बहुत छोटा हिस्सा प्राकृत ग्रन्थों में प्राकृत भाषा के रूप में बदल कर ले लिया गया है, पिंगल १, १; २९ और ६१ मे 'लक्ष्मीधर भट्ट' ने कहा है कि पिंगल की भाषा **अवहट्ठ** भाषा है, जिसका सस्कृत रूप **अपभ्रष्ट है**। किन्तु पेज २२, १५ में यही 'लक्ष्मीधर भट्ट' कहता है कि वह वर्णमर्कटी को, जिसे पिंगल और अन्य लेखकों ने छोड़ दिया था, सक्षेप में **शब्दैः प्राकृतैर् अवहट्ठकैः**' वर्णन करना चाहता है। हेमचन्द्र ने देशीनाममाला १, ३७ में कहा है **अवज्झाओ** (= उपाध्यायः) उसने अपने ग्रन्थ मे नहीं रखा है; क्योंकि इसका **प्राकृतं**

---

* यह शब्द अपभ्रंश भाषा के काव्यों में एव के स्थान पर बार-बार आया है। जैसे 'धाहिल' विरचित 'पउमसिरीचरिउ' में एँह भी है और एँहु भी (२,१०६, १०८, १०९)—अनु०

अपभ्रष्ट इस रूप है। इसी ग्रन्थ के १, ६७ में उसने कुछ विद्वानों के मत उद्धृत किये हैं जिनके अनुसार आलिअओ आयसिकः का अपभ्रंश है और १७, १४१, में विशुद्ध महाराष्ट्री शब्द 'पसो ठिओ खखु मज्जाए'[1] अपभ्रष्ट भाषा के शब्द हैं। साहित्यिक अपभ्रंश प्राकृतोऽपभ्रंशः अर्थात् प्राकृत अपभ्रंश है। इसकी ध्वनि के अनुसार स्वरों को दीर्घ और ह्रस्व करने की पूरी स्वतन्त्रता रहती है जिसके कारण कवि महोदय चाहे तो किसी स्थान पर और अपनी इच्छा के अनुसार स्वरों को उलट-पलट दें, चाहें तो अन्तिम स्वर को उड़ा ही दें, शब्दों के वर्णों को खा जायँ, लिंग, विभक्ति, एकवचन, बहुवचन आदि में उथलपुथल कर दें और कर्तृ तथा कर्मवाच्य को एक दूसरे से बदल दे आदि-आदि बातें अपभ्रंश को असाधारण रूप से महत्त्व-पूर्ण और सरस बना देती हैं। अपभ्रंश भाषा की विशेषता यह भी है कि इसका सम्बन्ध वैदिक भाषा से है (§ ६)।*

१. पिशल, हेमचन्द्र १, भूमिका का पेज ९। — २. बौल्लें नसें न के पाठ में एंहो रूप है, किन्तु टीका में एंह शब्द है; बम्बई के संस्करण के पाठ में एंओ आया है।— ३. बोएटलिंक और रोट के संस्कृत-जर्मन कोश में वरेन्द्र और वारेन्द्र देखिए।— ४. बम्बई के संस्करण में सर्वत्र—हट्ट—आया है, इस सम्बन्ध में सरस्वतीकंठाभरण ५९, ९ देखिए।— ५. औफ्रेक्ट ने अशुद्ध रूप मज्जाओ दिया है। दुर्गाप्रसाद और परब ने ठीक ही रूप दिया है। उन्होंने केवल खु रूप दिया है।

§ २९—अबतक जो सामग्री प्राप्त हुई है, उसमें से, हमारे अपभ्रंश के ज्ञान के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण के अध्याय ४ के सूत्र ३२९ से ४४६ तक हैं। त्रिविक्रम ३,२ और १ तथा उसके बाद के पेजों में हेमचन्द्र का ही अनुसरण किया गया है। मेरे द्वारा सम्पादित हेमचन्द्र के संस्करण में मैंने जो सामग्री एकत्र की है, उसके अतिरिक्त इस व्याकरण मे मैंने उदय सौभाग्यगणिन् की 'व्युत्पत्तिदीपिका' ग्रन्थ की पूना से प्राप्त दोनों हस्तलिखित प्रतियों का प्रयोग किया है। इस ग्रन्थ में इसका नाम हैमप्राकृतवृत्तिढुंढिका लिखा हुआ है तथा इसमें हेमचन्द्र के नियमों के आधार पर कुछ शब्दों की व्युत्पत्ति भी दी गई है। इसलिए

* इस अपभ्रंश भाषा से भारत की वर्तमान आर्यभाषाओं का निकट सम्बन्ध है। अपभ्रंश साहित्य का अध्ययन करने से ऐसा लगता है कि कभी यह भाषा भारत-भर में व्याप्त थी—विशेषतः उस क्षेत्र में जहाँ आजकल नवीन आर्यभाषाएँ बोली जाती हैं। इसलिए इसमें सन्देह नहीं कि अपभ्रंश कभी उत्तरभारत में बंगाल से सिन्ध तक और कश्मीर से महाराष्ट्र तक फैली थी। साहित्य की भाषा हमें आज भी मिलती है, जिसमें जनता की बोली के शब्दों के साथ उच्च साहित्यिक भाषा के प्रयोग मिलते हैं। किन्तु अपभ्रंश से स्पष्ट हो जाता है कि अपभ्रंश-काल हिन्दी का आरम्भ-काल था। प्रायः १२०० वर्ष पुराना एक उदाहरण पाठक पढ़ें—जलइ मरइ उपज्जइ बज्झइ तज्झइ परम महासुह सिज्झइ। इसमें वर्तमान धातु का एक रूप, जले, मरे, उपजे, बंधे, सीझे स्पष्ट है। पुरानी हिन्दी में जो लइइ, सोहइ आदि रूप हैं, उनकी उत्पत्ति भी अपभ्रंश में दिखाई देती है, पाता है, सोहता है, लेता है आदि रूप जो आजकल हिन्दी में चलते हैं, शौरसेनी प्राकृत से प्रभावित अपभ्रंश के रूप हैं जो ब्रजभाषा और मेरठी बोली से आये हैं। इस विषय पर भूमिका देखिए। —अनु०

अधिकांश में यह ग्रन्थ सर्वथा अनुपयोगी है। इसका पाठ दो हस्तलिखित प्रतियाँ मिलने पर भी नहीं सुधारा जा सका है, क्योंकि इसमें वे ही सब दोष हैं जो उन हस्तलिखित प्रतियों में हैं, जिनका मैंने इससे पहले उपयोग किया। किन्तु 'उदय सौभाग्यगणिन्'ने, 'त्रिविक्रम' के समान ही अपभ्रंश के उदाहरणों के साथ-साथ संस्कृत अनुवाद भी दे दिया है और इस एक कारण से ही इसे समझने में बड़ी सुविधा हो जाती है तथा मेरा तो इससे बहुत काम निकला है। इसका अभी तक कुछ पता नहीं चला है कि हेमचन्द्र ने अपने उदाहरण किस ग्रन्थ से लिये। उन्हें देखकर कुछ ऐसा लगता है कि वे किसी ऐसे संग्रह से लिये गये है, जो सत्तसई के ढंग का है जैसा कि 'त्साखारिआए'[१] ने बताया है। हेमचन्द्र के पद ४,३५७,२ और ३, 'सरस्वतीकंठाभरण' के पेज ७६ में मिलते हैं, जिसमें इनकी सविस्तर व्याख्या दी गई है; इसके अतिरिक्त हेमचन्द्र ४,३५३ चण्ड १,११ अ (पेज ३६) में मिलता है, ४,३३०,२, भी चण्ड २,२७ (पेज ४७) में मिलता है। इस ग्रन्थ के २,२७ में (पेज ४७) एक स्वतन्त्र अपभ्रंश पद भी है; § ३४ नोट ४ हेमचन्द्र ४,४२०,५ 'सरस्वतीकंठाभरण' के ९८ में मिलता है और ४,३६७,५ शुकसप्तति के पेज १६० में आया है। 'हेमचन्द्र' के बाद, महत्त्वपूर्ण पद 'विक्रमोर्वशी' पेज ५५ से ७२ तक में मिलते हैं। शंकर परब पण्डित[२] और ब्लौख[३] का मत है कि ये मौलिक नहीं, क्षेपक हैं; किन्तु ये उन सभी हस्तलिखित प्रतियों में मिलते हैं जो दक्षिण में नहीं लिखी गई है। यह बात हम जानते हैं कि दक्षिण में लिखी गई पुस्तकों में पूरे पाठ का संक्षेप दिया गया है और अंश-के-अंश निकाल दिये गये हैं[४]। इन पदों की मौलिकता के विरुद्ध जो कारण दिये गये है, वे ठहर नहीं सकते, जैसा कि कोनो[५] ने प्रमाणित कर दिया है। यदि 'पिंगल छन्दःसूत्र' का हमारे पास कोई आलोचनात्मक संस्करण होता तो उसमें अपभ्रंश की सामग्री का जो खजाना है उसमें बहुत कुछ देखने को मिलता। इस शोध का आरम्भ 'बौल्लें नसेन' ने 'विक्रमोर्वशी' के अपने संस्करण के पेज ५२० और उसके बाद के पेजों में किया है। उसकी सामग्री जीगफ्रीद गौल्दस्मित्त बर्लिन[६] ले आया था; क्योंकि उसका विचार एक नया संस्करण निकालने का था। और सामग्री बहुत समृद्ध रूप में भारतवर्ष[७] में है। इस संस्करण का नाम 'श्रीमद्वाग्भटविरचित प्राकृत पिंगलसूत्राणि, लक्ष्मीनाथ भट्ट विरचितया व्याख्ययानुगतानि' है। यह ग्रन्थ शिवदत्त और काशिनाथ पांडुरंग परब द्वारा सम्पादित किया गया है और बम्बई से १८९४ में निकली है। यह 'काव्यमाला' का ४१ वाँ ग्रन्थ है और अधिक काम का नहीं है। मैंने इस ग्रन्थ को एस० द गौल्दस्मित्त द्वारा संशोधित पिंगल २,१४० तक के पाठ से मिलाया है। कुछ स्थलों में गौल्दस्मित्त का पाठ मेरे काम का निकला; किन्तु अधिकांश स्थलों में यह बम्बई के संस्करण से स्वयं अशुद्धियों में भी मिलता है, जिससे यह बात साफ हो जाती है कि यूरोप में इस विषय पर पर्याप्त सामग्री नहीं है। निश्चय ही गौल्द-स्मित्त का पाठ, प्रकाशित किये जाने के लिए संशोधित नहीं किया गया था, यह उसने अपने काम के लिए ही ठीक किया था। इस क्षेत्र में अभी बहुत काम करना

बाकी है। जबतक कोई ऐसा संस्करण नहीं निकलता जिसमें आलोचनापूर्ण सामग्री हो तथा सबसे पुराने और श्रेष्ठ टीकाकारों की टीका भी साथ हो, तबतक अपभ्रंश के ज्ञान के बारे में विशेष उन्नति नहीं हो सकती। अपभ्रंश के कुछ पद इधर-उधर बिखरे भी मिलते हैं। 'याकोबी' द्वारा प्रकाशित एर्सेलुंगन पेज १५७ और उसके बाद; कालकाचार्य कथानक २६०,४३ और उसके बाद के पेजों में; २७२, ३४ से ३८ तक; द्वारावती ५०४, २६-३२; सरस्वतीकंठाभरण पेज ३४; ५९; १३०; १३९; १४०; १६५; १६०; १६८; १७७; २१४; २१६; २१७; २१९; २५४; २६०; दशरूप १३९, ११ और १६२, ३ की टीका में ध्वन्यालोक २४३, २० में और शुकसप्तति में अपभ्रंश के पद मिलते हैं। रिचार्ड स्मित्त (लाइप्स्सिख् १८९३) में प्रकाशित शुकसप्तति के पेज ३२; ४९; ७६; १२२; १३६; १९२ का नोट; १६० नोट सहित; १७० नोट; १८२ नोट; १९९; ऊले द्वारा सम्पादित 'वेतालपंचविंशति' के पेज २१७ की संख्या १३; २२० संख्या २०; इंडिशेस्टुडिएन १५,३९४ में प्रकाशित 'सिंहासनद्वात्रिंशिका' में; बम्बई से १८८० में प्रकाशित 'प्रबन्धचिन्तामणि' के पेज १७; ४६; ५६; ५९; ६१; ६२; ६३; ७०; ८०; १०९; ११२; १२१; १४१; १५७; १५८; १५९; २०४; २२८; २३६; २३८; २४८; बीम्स के कम्पेरेटिव ग्रैमर २,२८४ में मिलते हैं। इन पदों में से अधिकांश इतने विकृत हैं कि उनमें से एक-दो शब्द ही काम के मिलते हैं। वाग्भट्ट ने 'अलंकारतिलक' १५,१३ में 'अब्धिमथन'[१०] नाम से एक ग्रन्थ का उल्लेख किया है, जो अपभ्रंश में था।

१. श्रीधर आर० भण्डारकर, ए कैटलौग औफ द कलेक्शन्स औफ मैन्युस्क्रिप्टस डिपौज़िटेड इन द डेकन कालेज इन (बम्बई १८८८) पेज ६८ संख्या २७६; पेज ११८ संख्या ७८८।— २. हेमचन्द्र १, भूमिका का पेज ९।— ३. गोएटिंगिशो गेलेर्ते आन्त्साइगेन १८८४, पेज ३०९।— ४. विक्रमोर्वशीयम् (बम्बई १८८९) पेज ९ और उसके बाद।— ५. वररुचि उण्ट हेमचन्द्र, पेज १५ और उसके बाद।— ६. पिशल नाखरिख्टन फौन डेर कोएनिग्लिशो गेजेलशाफ्ट डेर विस्सनशाफ्टन त्सु गोएटिंगन १८७४, २१४; मोनाट्स बेरिष्टे डेर आकाडेमी त्सु बर्लिन १८७५, ६१३। पंचतंत्र और महाभारत के दक्षिणी संस्करण संक्षिप्त हैं; किन्तु सबसे प्राचीन नहीं हैं।— ७. गोएटिंगिशो गेलेर्ते आन्त्साइगेन १८९४, ४७५।— ८. वेबर, फैर्त्साइशनिस २,१,२६९ और उसके बाद।— ९. औफरेष्ट, काटालोगुस काटालोगोरुम १,३३६ और उसके बाद; २, ७५; इसमें ठीक ही लिखा गया है कि इन ग्रन्थों में बाहर से ली गई बहुत-सी सामग्री मिलती है; उदाहरणार्थ कर्पूरमंजरी पेज १९९; २०० और २११ के उद्धरण।— १०. वेबर, फैर्त्साइशनिस २,१, २७० संख्या १७११।

§ ३०—'भारतीय नाट्यशास्त्र' १७, ३१–४४; दशरूप २, ५९ तथा ६० और 'साहित्यदर्पण' ४३२ में यह बताया गया है कि उच्चकोटि के पुरुष, महिलाओं में तपस्विनियों, पटरानियों, मन्त्री की कन्याओं और मंगलामुखियों को संस्कृत में बोलने का अधिकार है। 'भरत' के अनुसार नाना कलाओं में पारंगत महिलाएँ संस्कृत बोल

सकती हैं। अन्य स्त्रियाँ प्राकृत बोलती हैं। इस संसार में आने पर अप्सराएँ संस्कृत या प्राकृत, जो मन में आये, बोल सकती हैं। संस्कृत नाटकों को देखने पर पता चलता है कि उनमें भाषा के इन नियमों के अनुसार ही पात्रों से बातचीत कराई जाती है। इन नियमों के अनुसार यह बात पाई जाती है कि पटरानियाँ यानी महिषियाँ प्राकृत में बोलती हैं। 'मालतीमाधव' में मंत्री की बेटी मालती और 'मदयंत्रिका' प्राकृत बोलती हैं। 'मृच्छकटिक' में वेश्या 'वसन्तसेना' की अधिकांश बातचीत प्राकृत में ही हुई है; किन्तु पेज ८३-८६ तक में उसके मुँह से जो पद्य निकले हैं, वे सब संस्कृत में हैं। वेश्याओं के विषय में यह बात सरलता से समझ में आ जाती है कि वे प्राकृत और संस्कृत दोनों भाषाएँ साधिकार बोलती रही होंगी। एक सर्वगुणसम्पन्न वेश्या का यह लक्षण होता था कि वह चौसठ गुणों की खान होती रही होगी और उसका जनता की १८ प्रकार की बोलियों से भी परिचय रहता होगा—**गणिया ...चौसट्ठि कलापंडिया चौसट्ठि गणियागुणोववेया...अट्ठारसदेशीभाषा विसारया** (नायाधम्मकहा ४८०; विवागसुय ५५ और उसके बाद)। व्यवसाय में विशेष लाभ करने के लिए उक्त बातों का गणिका में रहना जरूरी समझा जाता रहा होगा, जो स्वाभाविक है। 'कुमारसम्भव' ७,९० में नवविवाहित दम्पती की प्रशंसा करते समय सरस्वती शिव के बारे में संस्कृत में श्लोक पढ़ती है और पार्वती की जो स्तुति करती है, वह सरलता से समझ में आनेवाली भाषा में अर्थात् प्राकृत में करती है। 'कर्पूरमंजरी' ५,३ और ४ में 'राजशेखर' ने अपना मत व्यक्त किया है कि संस्कृत के ग्रन्थों की भाषा कठोर होती है तथा प्राकृत पुस्तकों की कान्त और कोमल; इनमें उतना ही भेद है जितना कि पुरुष और स्त्री में। 'मृच्छकटिक' के ४४,१ में विदूषक कहता है कि उसे दो बातों पर बहुत हँसी आती है: उस स्त्री को देखकर जो संस्कृत बोलती है और उस पुरुष को देखकर, जो बड़ी धीमी आवाज में गाता है; वह स्त्री जो संस्कृत बोलती है उस सुअर की भाँति जोर-जोर से **सु सु** करती है जिसकी नाक में नकेल डाल दी गई हो और वह आदमी, जो धीमे स्वर में गाता है, उस बूढ़े पुरोहित के समान है जो हाथ में सूखे फूलों का गुच्छा लेकर अपने यजमान के सर पर आशीर्वाद के श्लोक गुनगुनाता है। 'मृच्छकटिक' का सूत्रधार, जो बाद को विदूषक का पार्ट खेलता है, प्रारम्भ में संस्कृत बोलता है; किन्तु जैसे ही वह स्त्री से सम्भाषण करने की तैयारी करता है, वैसे ही वह कहता है (२,१४) कि 'परिस्थिति और परम्परा के अनुसार' मैं प्राकृत में बोलना चाहता हूँ। पृथ्वीधर (४९५,१३) ने इस स्थान पर उद्धरण दिया है जिसके मतानुसार पुरुष को स्त्री से बातचीत करते समय प्राकृत बोली का उपयोग करना चाहिए—**स्त्रीषु नाप्राकृतम् वदेत्**। उक्त सब मतों के अनुसार प्राकृत भाषा विशेषकर स्त्रियों की भाषा मान ली गई है और यही बात अलंकारशास्त्रों के सब लेखक भी कहते हैं। किन्तु नाटकों में स्त्रियाँ संस्कृत भलीभाँति समझती ही नहीं, बल्कि अवसर पड़ने पर संस्कृत बोलती भी हैं विशेषकर श्लोक संस्कृत में ही वे पढ़ती हैं। 'विद्धशालभंजिका' पेज ७५ और ७६ में विचक्षणा; मालतीमाधव पेज ८१ और

८४ में मालती, पेज २५३ में लवंगिका; 'प्रसन्नराघव' के पेज ११६–११८ तक में गद्य वर्तालाप में भी सीता और पेज १२०, १२१ और १५५ में श्लोकों में; 'अनर्घराघव' के पेज ११३ में कलहंसिका; कर्णसुन्दरी के पेज ३० में नायिका की सहेली और पेज ३२ में स्वयं नायिका;'बालरामायण'के पेज १२० और १२१ में सिन्दूरिका;'जीवानन्दन' के पेज २० में छर्दि; 'सुभद्राहरण' नाटक के पेज २ में नाटक खेलनेवाली और पेज १३ में सुभद्रा; 'मल्लिकामारुतम्' के ७१,१७ और ७५,४में मल्लिका; ७२,८में और ७५,१० में नवमालिका; ७८,१४ और २५१,३ में सारसिका; ८२,२४; ८४, १० और ९१,१५ में कालिन्दी; धूर्तसमागम के पेज ११ में अनंगसेना वार्तालाप में भी प्राकृत का ही प्रयोग करती हैं। 'चैतन्यचन्द्रोदय' में भी स्त्रियाँ प्राकृत बोलती हैं। बुद्धरक्षिता ने इस विषय पर 'मालतीमाधव' पेज २४२ और 'कामसूत्र' १९९,२७ के उद्धरण दिये हैं। वे पुरुष, जो साधारण रूप से प्राकृत बोलते हैं, श्लोक पढ़ते समय संस्कृत का प्रयोग करते हैं ऐसा एक उदाहरण 'विद्धशालभंजिका' के पेज २५ में विदूषक है जो अपने ही मुँह से यह बात कहता है कि उस जैसे जनों के लिए व्यवहार की उपयुक्त भाषा प्राकृत है – अम्हारिसजणजोग्गो पाउडमग्गो। 'कर्णसुन्दरी' के पेज १४ और 'जीवानन्दन' के पेज ५३ और ८३ ऐसे ही स्थल हैं। 'कंसवध'के पेज १२ का द्वारपाल;'धूर्तसमागम' के पेज ७ का स्नातक और 'हास्यार्णव'के पेज २३,३३ और ३८ के स्थल तथा पेज २८ में नाऊ भी ऐसे अवसरों पर संस्कृत का प्रयोग करते हैं; 'जीवानन्द' के पेज ६ और उसके बाद के पेजों में 'धारणा' वैसे तो अपनी साधारण बातचीत में प्राकृत का प्रयोग करती है, परन्तु जब वह तपस्विनी के वेष में मन्त्री से बातचीत करती है तब संस्कृत में बोलती है; 'मुद्राराक्षस' के ७० और उसके बाद के पेजों में विराधगुप्त वेष बदल कर सँपेरे का रूप धारण करता है तो प्राकृत में बोलने लगता है; किन्तु जब वह अपने असली रूप में आ जाता है और मन्त्री राक्षस से बातें करता है तब (पेज ७३,८८ और ८५) साधारण भाषा संस्कृत बोलता है। 'मुद्राराक्षस' २८,२ में वह अपनेको प्राकृत भाषा का कवि भी बताता है। एक अज्ञातनामा कवि को यह शिकायत है कि उसके समय में ऐसे बहुतेरे लोग थे जो प्राकृत कविता पढ़ना नहीं जानते थे और एक दूसरे कवि ने ('हाल' की सत्तसई २ और वज्जालग्ग ३२४,२०) यह प्रश्न उठाया है कि क्या ऐसे लोगों को लाज नहीं आती जो अमृतरूपी प्राकृत काव्य को नहीं पढ़ते और न उसे समझ ही सकते हैं, साथ ही वे यह भी कहते हैं कि वे प्रेम के रस में पगे हैं। 'सरस्वतीकण्ठाभरण' ५७,८ में नाट्यराजस्य शुद्ध पाठ है और उससे किसका प्रयोजन है, यह अभी तक अस्पष्ट ही रह गया है और इसी प्रकार 'साहसांक' ५७,९ का किससे सम्बन्ध है,इसका भी परदा नहीं खुला है। ऊपर लिखे हुए 'सरस्वती-कण्ठाभरण' के उद्धरण से यह पता लगता है कि उक्त राजा के राज्य में एक भी मनुष्य ऐसा नहीं था जो प्राकृत बोलता था और साहसांक के उक्त वाक्य से मालूम होता है कि उस समय में एक भी आदमी ऐसा नहीं था जो संस्कृत न बोलता हो[४]। यद्यपि कहीं-कहीं प्राकृत भाषा की बहुत प्रशंसा की गई है, तथापि ऐसा आभास मिलता है कि संस्कृत की तुलना में प्राकृत का पद नीचा ही माना जाता होगा और इस कारण

ही इस भाषा का नाम प्राकृत पड़ने से भी प्राकृत का तात्पर्य, जैसा कि अन्य स्थलों पर इसका अर्थ होता है, 'साधारण'; 'सामान्य', 'नीच' रहा होगा। प्राकृत की बोलियों की प्राचीनता और ये बोलियाँ एक दूसरे के बाद किस क्रम से उपजीं, इन विषयों पर शोध करना व्यर्थ ही है (§ ३२)।

१. भरत ने बहुतेरी विशेषताएँ दी हैं जिनके बारे में मैं बहुत कम लिख रहा हूँ; क्योंकि पाठ कई प्रकार से अनिश्चित हैं।— २. जनता की बोलियों की संख्या १८ थी, इसका उल्लेख ओववाइयसुत्त § १०९ में; नायाधम्मकहा § १२१ और रायपसेणसुत्त, २९१ में भी उदाहरण मिलते हैं। कामसूत्र ३३,९ में देशी भाषाओं का उल्लेख मोटे तौर पर किया गया है।— ३. पिशल, हेमचन्द्र २ पेज ४४, जिसमें हेमचन्द्र १,२१ की टीका है। — ४. दोनों पद ५७,१० और ११ बालरामायण ८,४ और १३ का शब्द-प्रतिशब्द नकल हैं और पद ५७,१३ बालरामायण ८,७ से मिलता-जुलता है। चूँकि राजशेखर भोज से सौ वर्ष पहले वर्तमान था, इसलिए सरस्वतीकण्ठाभरण के लेखक ने ये पद उद्धृत किये हैं।

आ. प्राकृत व्याकरणकार

§ ३१—प्राकृत के विषय में जिन भारतीय लेखकों ने अपने विचार प्रकट किये हैं, उनमें सब से श्रेष्ठ 'भरत' को मानना चाहिए। यदि हम इस नाम से प्राचीन भारत के विद्वानों के साथ उस लेखक को लें जो भारतीय नाट्यशास्त्र का, देवताओं के तुल्य, एक आदि लेखक और स्रष्टा माना जाता है। 'मार्कण्डेय' ने अपने 'प्राकृतसर्वस्व' के आरम्भ में ही† 'भरत' का नाम उन लेखकों में दिया है जिनके ग्रन्थों से उसने अपनी सामग्री ली है। मेरी हस्तलिखित प्रति में भारतीय नाट्यशास्त्र के अध्याय १७ में भाषाओं के ऊपर लिखा गया है और ६-२३ तक श्लोकों में प्राकृत-व्याकरण का एक विकृत रूप भी सार रूप में दिया गया है। भारतीय नाट्यशास्त्र में उन विद्वानों के भी नाम मिलते हैं, जिनका उल्लेख 'मार्कण्डेय' ने अपनी पुस्तक में किया है। इसके अतिरिक्त अध्याय ३२ में प्राकृत के बहुत-से उदाहरण मिलते हैं जिनका कुछ अर्थ नहीं लगता और वे कहाँ से लिये गये हैं, इसका भी कुछ पता नहीं चलता। ऐसा कहा जाता है कि 'भरत' ने एक और ग्रन्थ भी लिखा था जिसका नाम 'संगीतनृत्याकर' था। 'देवीप्रसाद'[१] के कथनानुसार यह एक अद्भुत ग्रन्थ है जिसके विशेष उद्धरण नहीं मिलते; बल्कि नाट्यशास्त्र के एक दूसरे पाठ के उद्धरण मिलते हैं। 'मार्कण्डेय' ने 'भरत' के साथ-साथ 'शाकल्य' और 'कोहल' के नाम प्राकृत व्याकरणकारों में गिनाये हैं। मार्कण्डेय के 'प्राकृतसर्वस्व' के पन्ना ४८ में यह लिखा पाया जाता है कि **तुज्झेसु, तुम्भेसु** के साथ-साथ **तुज्झिसुं, तुम्भिसुं** रूप भी होते हैं; पर इन रूपों को अनेक विद्वान् स्वीकार नहीं करते (**एतत् तु न बहुसंमतम्।**) और पन्ना ७१ में शौरसेनी प्राकृत में भोदि के साथ होदि रूप भी होता है। 'कोहल' से § २२ में उल्लिखित उदाहरण दिया गया है। यह नहीं कहा जा सकता कि ये दोनों व्याकरणकार[२] वे ही हैं, जो प्राचीन समय में अन्य विषयों के भी लेखक थे। पाणिनि के विषय में भी बहुत कम सामग्री मिलती है जिससे उसने प्राकृत पर क्या लिखा है, इस विषय में कुछ निदान निकाला जाय। 'केदारभट्ट' ने 'कविकण्ठपाश'[३] में और 'मलयगिरि'[४] ने भी बताया है कि पाणिनि ने 'प्राकृत-लक्षण'* नामक ग्रन्थ लिखा था।

---

† शाकल्यभरतकोहलवररुचिभामहवसन्तराजाद्यैः।
प्रोक्तान् ग्रन्थाञ्ज्ञानालक्ष्याणि च निपुणमालोक्य॥
व्याख्याकीर्णं विशदसारं स्वल्पाक्षरग्रथितपद्यम्।
मार्कण्डेयकवीन्द्रः प्राकृतसर्वस्वमारभते॥

* पाणिनि के समय में जनता प्राकृत ही बोलती थी, इसके प्रमाण उस समय के प्रस्तर-लेखों की भाषा है। पाणिनि ने धातुपाठ में भी कई धातु ऐसे दिये हैं, जिनके विषय में सन्देह नहीं रहता कि ये प्राकृत धातु हैं; जैसे—अड्ड अभियोगे; इससे हिन्दी अड़ना निकला है; कड्ड कार्कश्ये; इससे कड़ा (=कठिन) निकला है; कुट्ट शब्दे; यह धातु नेपाल और कुमाऊँ में कीरा और कीड़ा (=बात) के मूल में आज भी प्रयोग में आता है; घिणि ग्रहणे;

यह भी कहा जाता है कि पाणिनि ने प्राकृत में दो काव्य लिखे थे। एक का नाम था 'पातालविजय' और दूसरे का 'जाम्बवतीविजय'[९]। यद्यपि 'पातालविजय' से **गृह्य** और **पश्यती** रूप उद्धृत किये गये हैं, तथापि पाणिनि के अपने सूत्र ७,१,३७ और ८१ इन रूपों के विरुद्ध मत देते हैं। इसलिए 'कीलहौर्न'[१०] और 'भण्डारकर'[११] 'पातालविजय' और 'जाम्बवतीविजय' के कवि और व्याकरणकार पाणिनि को एक नहीं समझते और इस मत को सन्देह की दृष्टि से देखते हैं। इधर शोधों से पता चला है कि उक्त दो काव्यों की प्राचीनता उससे और भी अधिक है, जितनी कि आजतक मानी जाती थी।[१२] **गृह्य** शब्द रामायण और महाभारत में बार बार आया है और इसी प्रकार **अन्ती** के स्थान पर **अती** में अन्त होनेवाले कृदन्त रूप भी उक्त ग्रन्थों में कम बार[१३] नहीं आये हैं। यह असम्भव है कि पाणिनि ने महाभारत से परिचय प्राप्त न किया हो। उसका व्याकरण कविता की भाषा की शिक्षा नहीं देता, बल्कि ब्राह्मणों और सूत्रों में काम में लाई गई विशुद्ध संस्कृत[१४] के नियम बताता है और चूँकि उसने अपने ग्रन्थ में ब्राह्मणों और सूत्रों के बहुत-से रूपों का उल्लेख नहीं किया है, इस बात से यह निदान निकालना अनुचित है कि ये रूप उसके समय में न रहे होंगे और कवि के रूप में वह इनका प्रयोग न कर सका होगा। भारतीय परम्परा, व्याकरणकार और कवि पाणिनि को एक ही व्यक्ति[१५] समझती है तथा मुझे कोई कारण दिखाई नहीं देता कि इस परम्परा पर सन्देह किया जाय। पाणिनि प्राकृत के व्याकरण पर भी बहुत-कुछ लिख सकता था। सम्भवतः उसने अपने संस्कृत व्याकरण के परिशिष्ट रूप में प्राकृत व्याकरण लिखा हो। किन्तु पाणिनि का प्राकृत व्याकरण न तो मिलता है न उसके उद्धरण ही कहीं पाये जाते हैं। पुराने व्याकरणकारों के नामों में मार्कण्डेय के ग्रन्थ के पन्ना ७१ में 'कपिल' भी उद्धृत किया गया है।

१. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १।---२ मैंने इस विषय पर काव्यमाला संख्या ४२ में प्रकाशित शिवदत्त और परब द्वारा सम्पादित संस्करण के साथ-साथ पूना की दोनों हस्तलिखित प्रतियों से सहायता ली है। इनकी जो प्रतिलिपियाँ मेरे पास आई हैं, वे बहुत पुरानी हैं और यह संस्करण

जिसका प्राकृत में **गेण्हइ, घेण्णइ** रूप होते हैं; **घुण् भ्रमणे** जिससे **घूर्ण** धातु के मेल और नकल पर हिन्दी **घूमना** निकला है; **चक तृप्तौ** जिससे **छकना, चकाचक** आदि शब्द आये हैं; **चप सान्त्वने** जो हिंदी **चुप** का मूल है; **चुंट छेदने** जिससे **च्यूंटी** शब्द आया है; **जम् अदने** से **जमना** और **जीमना** निकले हैं; **जुड् बंधने, जुड़ा** और **जोड़ने** के मूल में है; **टंक् बँधने** जिससे **टाँका लगाना, टाँकना** आदि निकले हैं; **टंग गत्यर्थे टाँग, टाँगन** आये हैं; **दंस् दर्शन** दशनयोः जिससे प्राकृत **दंसण** बना है, **धोर् गतिचातुर्ये** जिससे **दौड़ना** निकला है; **पट् ग्रन्थे** धातु **पटवा** की जड़ में है, पाट शब्द इससे ही आया है; **पीड् अवगाहने** से **बूड़ना** निकला है; **पेल् गतौ** से **पेलना (रेल), पेल** आये हैं; **बाड् आप्लाव्ये** से **बाढ़** निकला है; **मंक् मंडने** से **माँग** शब्द चला है; **मस्क् गत्यर्थे (टस से–) मस** की जड़ में है; **हिंड् गत्यर्थे** जो बंगाली **हाँटा** और कुमाऊनी **हिटणों** के मूल में है; **हल् चलने** से **हल-चल** की व्युत्पत्ति मिलती है आदि। इन धातुओं का व्यवहार संस्कृत में नहीं मिलता और रूप भी स्पष्टतः प्राकृत है।—अनु०

इनके आधार पर ही निकाला गया है। ग्रोस्से का संस्करण, जो १८९७ में फ्रांस के लीओं नगर से प्रकाशित हुआ था, केवल चौथे अध्याय तक है।—३. औफरेष्ट, काटालोगुस काटालोगोरुम १, ३९६ और ६८६।—४. अ कैटैलोग औफ संस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स एक्जिस्टिंग इन अवध फौर द इयर १८८३ (इलाहाबाद १८८४) पेज १००।—५. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, पेज २ और ३।—६. औफरेष्ट, काटालोगुस काटालोगोरुम १, १३० में किसी कोहल का उल्लेख करता है, जो संगीतशास्त्र का लेखक था। हो सकता है कि यह लेखक प्राकृत का व्याकरणकार भी हो। इस सम्बन्ध में वेबर, इण्डिशे स्टूडिएन ८, २७२; इण्डिशे स्ट्राइफेन २, ५९ और बोएटलिंक तथा रोट का पीटर्सबुर्गर कोश भी देखिए।—७. इस नाम के एक ग्रन्थ का उल्लेख कई बार आया है; किन्तु इसके लेखक का नाम कहीं नहीं दिया गया (औफरेष्ट, काटालोगुस काटालोगोरुम १, ८६; २, १६)। दाल्विश का मत है कि इस ग्रन्थ का लेखक केदार भट्ट होगा। यह बात उसने अपनी पुस्तक एन इन्ट्रोडक्शन टू कच्चायनाज़ ग्रैमर औफ द पाली लैंग्वेज (कोलम्बो १८६३)की भूमिका के पेज २५ में दी है। इस विषय पर वेबर, इण्डिशे स्ट्राइफेन २, ३२५ का नोट संख्या २ देखिए।—८. वेबर, इण्डिशे स्ट्राइफेन २, ३२५ नोट संख्या २; इण्डिशे स्टूडिएन १०,२७७, नोट संख्या १; क्लास, त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शन मौरगेनलैण्डिशन गेजेलशाफ्ट ३३, ४७२; लौयमन, आक्ट दु सेजीयम कौंग्रेस आंतरनासिओनाल दे ओरिआंतालीस्त (लाइडन १८८५) ३, २, ५५७।—९. औफरेष्ट, त्साइटश्रिफ्ट डेर मौरगेनलैण्डिशन गेजेलशाफ्ट १४, ५८१; २८, ११३; ३६, ३३६ और उसके बाद; हलायुधकोश में श्रिक्वन शब्द मिलता है (२, ३६५); पीटर्सन, सुभाषितावलि (बम्बई १८८६) पेज ५४ और उसके बाद, पीटर्सन ने ठीक ही लिखा है कि दोनों नामों से सम्भवतः एक ही पक्ष से तात्पर्य हो; पिशल, त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शन मौरगेनलैण्डिशन गेजेलशाफ्ट ३९, ९५ और उसके बाद तथा ३१६।— १० नाखरिख्टन फौन डेर कोयनिगलिशे गेजेलशाफ्ट डेर विस्सनशाफ्टन त्सु गोएटिंगन १८८५, १८५ और उसके बाद।—११. जोरनल औफ द बौम्बे एशियाटिक सोसाइटी १६, ३४३ और उसके बाद।—१२. ब्यूलर, डी इण्डिशन इनश्रिफ्टन उण्ट डास आल्टर डेर इण्डिशन कुन्स्टपोएज़ी (वियना १८९०)।—१३. होल्त्समान्, ग्रामाटीशेस औस डेम महाभारत (लाइप्त्सिख १८८४)।—१४. लीबिश, पाणिनि (लाइप्त्सिख १८९१) पेज ४७ तथा उसके बाद।—१५. औफरेष्ट, त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शन मौरगेनलैण्डिशन गेजेलशाफ्ट ३६, ३६५; पिशल, वही पत्रिका ३९, ९७।

§ ३२—सबसे पुराना प्राकृत व्याकरण, जो हमें मिलता है, वह 'वररुचि' का 'प्राकृतप्रकाश' है। इसी नाम[१] के बहुत-से व्यक्तियों में से यह व्याकरणकार अपनेको अलग करने के लिए, अपने नाम के साथ, अपना गोत्र कात्यायन भी जोड़ता है। 'प्राकृतप्रकाश' की 'प्राकृतमंजरी' टीका में जिसे किसी अज्ञातनामा[२] लेखक ने लिखा है

यह नाम बहुत बार आया है और अपनी भूमिका में इस लेखक ने 'कात्यायन' और 'वररुचि' नाम में बड़ी गड़बड़ी की है तथा 'प्राकृतप्रकाश' के २, २ में उसने वररुचि के स्थान पर कात्यायन नाम का प्रयोग किया है[१]। वार्तिककार कात्यायन के नाम के विषय में भी ऐसी ही गड़बड़ी दिखाई देती है। सोमदेव ने 'कथासरित्सागर' २, १ और क्षेमेन्द्र ने 'बृहत्कथामंजरी' १, ६८ और २, १५ में यह बताया है कि कात्यायन का नाम वररुचि भी था। यह परम्परा प्राचीनता में 'गुणाढ्य' तक पहुँचती है[४] और 'सायण'[५] तक चली आई है तथा सब कोशकारों[६] ने इसको लगातार पुष्ट किया है। सुभाषितों के एक सग्रह 'सदुक्तिकर्णामृत' में एक श्लोक लिया गया है जो वार्तिककार[७] का बताया गया है। इस नाम से केवल 'कात्यायन' का ही बोध हो सकता है[८]; किन्तु पाणिनि के सूत्र ४३,१०१ (जो कीलहौर्न के सस्करण २, ३१५ में है) की टीका में पतंजलि ने किसी वाररौचं[९] काव्यं का उल्लेख किया है। इससे यह सम्भावना होती है कि वार्तिककार कात्यायन केवल व्याकरणकार नहीं था; बल्कि कवि भी था, जैसा कि उससे पहले पाणिनि रहा होगा (§ ३१) और उसके बाद पतंजलि[१०] हुआ होगा। इससे यह मालूम होता है कि कात्यायन, वररुचि के नाम से बदला जा सकता था और यह वररुचि परम्परा से चली हुई लोककथा के अनुसार कालिदास का समकालीन था तथा विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक था[११]। वेबर[१२] ने बताया है कि 'प्राकृतमंजरी' के लेखक ने भी इस विषय पर गड़बड़ी की है और वेबर[१३], वेस्टरगार्ड[१४] तथा ब्लौख[१५] ने कौवेल[१६], मैक्सम्यूलर[१७], पिशल[१८] और कोनो[१९] के मत के विरुद्ध यह बात कही है कि वार्तिककार और प्राकृतवैयाकरण एक ही व्यक्ति होने चाहिए। यदि वररुचि को हेमचन्द्र तथा दक्षिण के अन्य प्राकृत वैयाकरणों ने आलोचना के क्षेत्र में कुछ पीछे छोड दिया तो इसका अर्थ यह नहीं होता कि 'आलोचनात्मक ज्ञान में बहुत ऊँचा उठा हुआ वार्तिककार' 'पाणिनि के व्याकरण का निर्दय चीर-फाड़ करनेवाला'[२०] कात्यायन उससे अलग करने योग्य है। हेमचन्द्र के समय में प्राकृत व्याकरण ने बहुत उन्नति कर ली थी। यह बात वररुचि के समय में नहीं हुई थी, उसके समय में प्राकृत व्याकरण का श्रीगणेश किया जा रहा था। यह बात दूसरी है कि सामने पड़े हुए ग्रन्थों का संशोधन और उनमें सग्रह किया जाय किन्तु किसी विषय की नींव डालना महान् कठिन उद्योग है। पतंजलि ने कात्यायन के वार्तिक की धज्जियाँ उड़ाई हैं; पर इसका अर्थ यह नहीं है कि वररुचि ने जिन प्राकृत भाषाओं की शिक्षा दी है और जिनमें विशेष उल्लेखनीय महाराष्ट्री प्राकृत है, अशोक और नासिक[२१] के प्रस्तर-लेखों से ध्वनि-तत्व की दृष्टि से नई हैं। चूँकि प्राकृत भाषाओं का प्रयोग काव्यों में कृत्रिम भी हुआ है और ये प्राकृत बोलियाँ जनता और राज्य की भाषा के साथ साथ चल रही थीं, इसलिए यह विपरीत क्रम होगा कि हम इन प्रस्तर-लेखों से प्राकृत भाषाओं के विषय में ऐसे निदान निकालें, जिनसे उनके काल क्रम का ज्ञान हो। याकोबी और ब्लौख का मत है कि महाराष्ट्री ईसवी तीसरी सदी के प्रारम्भ से पहले व्यापक रूप से काम में नहीं आने लगी थी; परन्तु यह मत भ्रमपूर्ण है। यह इससे प्रमाणित होता है कि यदि सत्तसई एक ही लेखक द्वारा लिखी

गई होती, तो भी वह पुरानी है। किन्तु ३८४ कवि, जिनके नाम हमें स्वयं सत्तसई में मिलते हैं, यह सिद्ध कर देते हैं कि इस ग्रन्थ से पहले भी प्राकृत भाषाओं का साहित्य समृद्ध रहा होगा (§ १३)। यह भाषा ईसा की बारहवीं शताब्दी अर्थात् 'गोवर्धनाचार्य' के समय तक कविता की एकमात्र भाषा थी, विशेषकर शृंगाररस की कविता की आर्या छन्द में लिखे गये, उन गाने योग्य पदों की भाषा थी, जो संग्रहों के रूप में पदों को एकत्र करके तैयार किये जाते थे[१३]। 'जयदेव' का 'गीतगोविन्द' का मूल अपभ्रंश[१] में लिखा गया था और बहुत-से संस्कृत ग्रन्थ प्राचीन प्राकृत काव्यों के अनुकरणमात्र हैं[१४]। ब्लोख का मत कि वररुचि ईसा की ५ वीं सदी से पहले न जनमा होगा, भाषातत्त्व की दृष्टि से पूर्णतया अनावश्यक है। दूसरी ओर यह सम्भावना है कि शायद उक्त समय में 'प्राकृतमंजरी' का लेखक जीवित रहा हो। इस लेखक ने दोनों वररुचियों में बड़ी गड़बड़ी मचाई है और उसके ग्रन्थ में व्याकरणकार 'वररुचि' का रूप स्पष्ट नहीं दिखाई देता जैसा कि तिब्बतीय लेखक तारानाथ के ग्रन्थ में दिखाई देता है। भारतीय परम्परा की किंवदन्ती है कि 'कात्यायन' ने एक प्राकृत व्याकरण भी लिखा। मुझे ऐसा लगता है कि इसकी पुष्टि 'वार्तिकार्णवभाष्य' के नाम से होती है जिसके अन्त में एक प्राकृत व्याकरण भी जोड़ दिया गया था। इस ग्रन्थ का नाम 'अप्पय दीक्षित' ने 'प्राकृतमणिदीप' में **वाररुचा ग्रन्थाः** के ठीक बाद में दिया है। ये सब प्रमाण मिलने पर भी यह कहना कठिन है कि 'कात्यायन' और 'वररुचि' एक ही व्यक्ति थे।

१. औफरेष्ट, काटालोगुस काटालोगोरुम १,५५१।— २. लिस्टस् औफ सैंस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स् इन प्राइवेट लाइब्रेरीज़ औफ़ सदर्न इण्डिया (मद्रास, १८८० और १८८५) १,२९० संख्या ३४२६ और २,३३१ संख्या ६,३४१ में लेखक का नाम कात्यायन दिया गया है।— ३. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १०।— ४. कोनो, गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८९४,४७३ ।—५. कौवेल, द प्राकृतप्रकाश दूसरे संस्करण की प्रस्तावना; पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज ९; भंडारकर की रिपोर्ट १८८३–८४ पेज ३६२,१८ में प्रक्रियाकौमुदीप्रसाद में भी तुलना कीजिए।— ६. पीटर्सबुर्गर कोश में कात्यायन देखिए।— ७. औफरेष्ट, त्साइटुंग डेर डौयत्शन मौरगेनलैण्डिशन गेजेलशाफ्ट, ३६, ५२४।— ८. पिशल, यही पत्रिका ३९,९८। प्राकृतमंजरी में महाकवि कात्यायन का उल्लेख है।—९. वेबर ने इण्डिशे स्टूडिएन ३,२७७ में लिखा है कि जिस प्रकार इस काव्यम् का महाभाष्य में उल्लेख किया गया है, उससे इस बात का कहाँ तक निश्चय होता है कि इस काव्य का लेखक महाभाष्यकार का भगवान् कात्यः अथवा वररुचि नहीं हो सकता है—यह मैं नहीं जानता।— १०. औफरेष्ट, बर्लिन की प्राच्य विद्वत्सभा की पत्रिका ३६,३७०।— ११. कोनो, गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८९४,४७१।—१२. इण्डिशे स्टूडिएन ३,१७८। —१३. इण्डिशे स्टूडिएन २,५३ और उसके बाद; ३,२७७ और उसके बाद।— १४. इ यूबर डेन एल्टेस्टे'न त्साइटरौम आदि (ब्रेस्लौ १८६२) पेज ८६।—

१५. वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा पेज ९ और उसके बाद।—१६. द प्राकृतप्रकाश २ पेज ४ भूमिका।—१७.हारत्यार्णव पेज १४८ और २३९।—१८.डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज ९ और उसके बाद।— १९. गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८९४,४७३।— २०. वेबर, इण्डिशे स्ट्राइफेन, ३,२७८।— २१. याकोबी, एर्सेलुंगन भूमिका का पेज १४; वररुचि और हेमचन्द्र पेज १२।— २२. पिशल, हॉफडिस्टर पेज ३०।— २३. पिशल, उपर्युक्त ग्रन्थ पेज २२।—२४. पिशल, रुद्रराज शृंगारतिलक का पेज (कील १८८६) पेज १२ नोट १।

§ ३३—वररुचि हर प्रकार से, यदि प्राचीनतम नहीं तो प्राचीनतम प्राकृत-व्याकरणकारों में से एक है। उसके व्याकरण का नाम प्राकृतप्रकाश है और इसे कौवेल ने अपनी टिप्पणियों और अनुवाद के साथ प्रकाशित कराया है जिसका नाम रखा गया है—'द प्राकृतप्रकाश' और, 'द प्राकृत ग्रैमर ऑफ वररुचि विथ द कमेंटरी (मनोरमा) ऑफ भामह', सेकड इश्यू। लदन १८६८ (पहला संस्करण हर्टफोर्ड से १८५४ ई. मे छपा था)। इसका एक नया संस्करण रामशास्त्री तैलग ने १८९९ ई. मे बनारस से निकाला है जिसमे केवल मूलपाठ है। वररुचि १-९ तक परिच्छेदों मे महाराष्ट्री का वर्णन करता है, दसवे मे पैशाची, ग्यारहवे मे मागधी और बारहवे में शौरसेनी के नियम बताता है। हमारे पास तक जो पाठ पहुँचा है, वह अशुद्धिपूर्ण है और उसकी अनेक प्रतियाँ मिलती हैं जो परस्पर एक दूसरे से बहुत भिन्न हैं।[१] इससे निदान निकलता है कि यह ग्रन्थ पुराना है। इस ग्रंथ का सब से पुराना टीकाकर 'भामह' है जो कश्मीर का निवासी था और स्वय अलकारशास्त्र का रचयिता और कवि था।[२] इसके समय का केवल इतना ही निर्णय किया जा सकता है कि यह (भामह) 'उद्भट' से पुराना है। 'उद्भट' कश्मीर के 'जयापीड' राजा के राज्यकाल(७७९-८१३ ई.)मे जीवित था और इसने भामह के अलकारशास्त्र की टीका लिखी।[३] 'भामह' की टीका का नाम 'मनोरमा'[४] है। पर बारहवे परिच्छेद की टीका नहीं मिलती। इसमे सदेह नहीं कि और अशुद्धियों के साथ-साथ 'भामह' ने 'वररुचि' को गलत ढंग से समझा है। ठीक नहीं समझा, इसका ज्वलत प्रमाण ४, १४[५] है। यह भी अनिश्चित है कि उसने 'वररुचि' की समझ के अनुसार गणों[६] का समाधान किया हो। इस कारण से पाठक को सूत्र और टीका का अर्थ भिन्न भिन्न लगाना चाहिए और यह बात सारे व्याकरण मे सर्वत्र पाई जाती है। 'भामह' ने कहाँ-कहाँ से अपनी सामग्री एकत्र की है, इस पर सूत्रों से सबध रखनेवाले उद्धरण प्रकाश डालते हैं। ऐसे उद्धरण वह वररुचि के निम्नलिखित सूत्रों की टीका में देता है—८, ९; ९, २ और ४ से ७ तक, ९ से १७ तक; १०, ४ और १४;११, ६। इनमें से ९, २ हुं साहसु[७] सब्भावय हेमचन्द्र के ४५१ के समान है; पर हेमचन्द्र की किसी हस्तलिपि में हु नहीं मिलता। 'भुवनपाल' के अनुसार (इडिशे स्टुडियन १६, १२०) इस पद का कवि 'विष्णुनाथ' है। ९, ९ किणो धुवसि हेमचन्द्र के ३६९ के समान है और यह पद हेमचंद्र ने २, २१६ में भी उद्धृत किया है। 'भुवनपाल' का मत है कि यह पद 'देवराज' का है (इंडिशे स्टुडियन १६, १२०)। शेष उद्धरणों के प्रमाण में नहीं दे सकता। १०, ४ और १४ के उद्धरण 'बृहत्कथा' से लिये

गये होंगे। ९, ४ में सभी उद्धरणों के विषय में गाथाओं की ओर संकेत किया गया है। एक नई टीका 'प्राकृतमंजरी' है। इसका अज्ञातनामा लेखक पद्यों में टीका लिखता है और स्पष्ट ही यह दक्षिण भारतीय है। इसकी जिस हस्तलिखित प्रति से मैं काम ले रहा हूँ, वह लंदन की रौयल एशियाटिक सोसाइटी[८] की है। यह भ्रष्ट है और इसमें कई स्थल छूट गये हैं। यह टीका वररुचि के ६, १८ तक की ही प्राप्त है। यह साफ है कि इस टीकाकार को 'भामह' का परिचय था। जहाँ तक दृष्टांतों का संबंध है, ये दोनों टीकाकारों के प्रायः एक ही हैं, किंतु अज्ञातनामा टीकाकार 'भामह' से कम दृष्टांत देता है। साथ ही एक-दो नये दृष्टांत भी जोड़ देता है। उसका 'वररुचि का पाठ 'कौवेल' द्वारा संपादित पाठ से बहुत स्थलों पर भिन्न है।[९] यह टीका विशेष महत्त्व की नहीं है।

१. कौवेल पेज ९७; पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १०और १३; ब्यूलर, डिटेल्ड रिपोर्ट पेज ७५; होएर्नले, प्रोसीडिंग्स औफ द एशियाटिक सोसाइटी औफ बैंगाल १८७९, ७९ और बाद का पेज।— २. इण्डिशे स्टुडिएन १६, २०७ और बाद के पेज में औफरेष्ट का लेख; काटालोगुस काटालोगोरुम १, ४०५ और बाद का पेज; पीटर्सन, सुभाषितावली पेज ७९; पिशल, रुद्रट पेज ६ और बाद का पेज।— ३. पिशल, रुद्रट पेज १३।— ४. औफरेष्ट अपने काटालोगुस काटालोगोरुम में इसे भूल से प्राकृतमनोरमा नाम देता है। उसका यह कथन भी असत्य है कि इसका एक नाम प्राकृतचंद्रिका भी था। इन दोनों अशुद्धियों का आधार कीलहौर्न की पुस्तक अ कैटेलौग औफ सैंस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स एक्जिस्टिंग इन द सेंट्रल प्रौविन्सेज (नागपुर १८७४) पेज ८४ संख्या ४४ है। औफरेष्ट ने जिन-जिन अन्य मूलस्रोतों का उल्लेख किया है उन सबमें केवल मनोरमा है। होएर्नले ने भी प्रोसीडिंग्स औफ द एशियाटिक सोसाइटी औफ बैंगाल १८७९, ७९ और बाद के पेज में जिस हस्तलिखित प्रति का उल्लेख किया है, उसमें इसके लेखक रूप में वररुचि का नाम दिया गया है।—५. ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज २८१।— ६. यह बिलकुल निश्चित नहीं है कि ब्लौख की 'वररुचि उण्ट हेमचंद्रा' ग्रन्थ में दिया मत, कि गणों का कभी निश्चित ध्वनिरूप नहीं था, ठीक है। जैसा संस्कृत में वैसा ही प्राकृत में नाना विद्वानों में इस विषय पर मतभेद रहा होगा।— ७. इस प्रकार कौवेलके के साहुसु के स्थान ५१ तैलंग का कधेहि साहुसु पढ़ना चाहिए और इसका अनुवाद साधुषु किया जाना चाहिए।— ८. यह तथा औफरेष्ट के काटालोगुस काटालोगोरुम १, ३६० में दृष्टि से चूक गया है।— ९. इस विषय पर और भी महत्त्वपूर्ण तथ्य पिशल के ग्रन्थ 'द ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस' के पेज १०-१६ में दिये गये हैं।

§ ३४— चंड के विषय में विद्वानों में बहुत मतभेद है। इसका ग्रन्थ 'प्राकृत-लक्षण' होएर्नले ने प्रकाशित किया है। इसका नाम उसने रखा है—'द प्राकृत-लक्षणम् और चंडाज ग्रैमर औफ द एन्शेण्ट (आर्ष) प्राकृत', भाग १, टेक्स्ट विथ-अ क्रिटिकल

इण्ट्रोडक्शन एण्ड इंडेक्सेज कलकत्ता १८८० । होएर्नले का दृष्टिकोण है कि चंड ने आर्ष भाषा का व्याकरण लिखा है (§ १६ और १७)। उसके संस्करण के आधार 'ए' और 'बी' हस्तलिखित प्रतियाँ हैं। इनका पाठ सबसे संक्षिप्त है। उसका यह भी विचार है कि 'सी' 'डी' हस्तलिखित प्रतियाँ बाद को लिखी गई और उनमें क्षेपक भी है। उसके मत से चंड, वररुचि और हेमचन्द्र से पुराना है। इस हिसाब से चंड आजतक के हमें प्राप्त प्राकृत व्याकरणकारों में सबसे प्राचीन हुआ। इसके विपरीत ब्लौख' का मत है कि चड का व्याकरण 'और ग्रन्थों से लिया गया है और वह अशुद्ध तथा छीछला है। उसमे बाहरी सामान्य नियम हैं। सम्भवतः उसमें हेमचन्द्र के उद्धरण भी लिये गये हो।' दोनों विद्वानों का मत असत्य है। चंड उतना प्राचीन नहीं है जितना होएर्नले मानता है। इसी एक तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि पहले ही श्लोक में चड ने साफ बताया है कि मै इस ग्रन्थ को पुराने आचार्यों के मत के अनुसार (**वृद्धमतात्**) तैयार करना चाहता हूँ। प्रारम्भ का यह श्लोक होएर्नले की सभी हस्तलिखित प्रतियो मे मिलता है। यह श्लोक पीटर्सन की थर्ड रिपोर्ट (बम्बई १८८७) पेज २६५ और भण्डारकर के लिस्टस् ऑफ संस्कृत मैन्युस्क्रिप्टम् इन प्राइवेट लाइब्रेरीज इन द बम्बे प्रेजिडेन्सी; भाग १ (बम्बई १८९३) पेज ५८ मे वर्णित चण्ड-व्याकरण में भी मिलता है। इसलिए होएर्नले के पेज १ के नोट में दिया गया मत कि यह श्लोक क्षेपककारों का है, तर्क के लिए भी नहीं माना जा सकता। बात तो सच यह है कि क्षेपक के प्रश्न को मानना ही सन्दिग्ध है। सब दृष्टियों से देखने में 'सी' हस्तलिखित प्रति की टीका मे मालूम पड़ता है कि टीका में क्षेपकों का जोर है। 'सी डी' में दिये गये सभी नियम नहीं, बल्कि 'बी सी डी' में एक समान मिलनेवाले नियम और भी कम मात्रा मे मूल-पुस्तक में क्षेपक माने जा सकते है। चड ने स्पष्ट ही महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री, अर्ध-मागधी और जैनशौरसेनी का वर्णन किया है जो एक के बाद एक है। इसके प्रमाण नियम जैसे १,५ है जिसमें षष्ठी के दो रूप—**आणम्** और **आहम्** साथ-साथ दिये गये हैं, २,१० है जिसमें प्रथमा का रूप 'ए' और साथ ही 'ओ' मे समाप्त होता है, करके सिखाया गया है; २,१९ जिसमें संस्कृत 'कृत्वा' के महाराष्ट्री, अर्ध-मागधी, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी तथा स्वयं अपभ्रंश के रूप तक (३,११ और १२ मे) गड्डमगड्ड मिला दिये गये हैं। 'सी डी' हस्तलिखित प्रतियों मे यह विशेषता बहुत अधिक बढ़ाई गई है। १,२६ ए में (पेज ४२) ऐसा ही हुआ है; क्योंकि यहाँ अपभ्रंश रूप **हउं** के साथ-साथ **हं** और **अहं** रूप भी दे दिये गये हैं; २,१९ में महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और अपभ्रंश के 'कृत्वा' के रूपों के साथ-साथ महाराष्ट्री और अपभ्रंश के कुछ और रूप भी दे दिये गये हैं; २,२७ ई-१ में अधिकांश अपभ्रंश के कई अतिरिक्त शब्द भी दे दिये गये हैं, २७ आइ-के में अधिकांश जैनशौरसेनी के; ३,६ में (पेज ४८) जैनशौरसेनी, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री के रूप मिला दिये गये हैं; ३-११ ए में चूलिकापैशाचिक के सम्बन्ध में ३,११ और १२ का परिशिष्ट दिया गया है। इनमें ३,६ (पेज ४८) ग्रन्थ का

साधारण रूप का प्रतिनिधि है। कहीं-कहीं हेमचन्द्र के व्याकरण से अतिरिक्त नियम लिये गये हैं, ऐसा मालूम पड़ता है। इस प्रकार चण्ड के १,१ में प्राकृत की जो व्याख्या की गई है, वह वही है जो हेमचन्द्र १,१ में दी गई है; किन्तु केवल आरम्भिक भाग १,११ ए (पेज ३६) हेमचन्द्र के ४,३५३ के समान है। २-१ सी (पेज ३७) हेमचन्द्र के १,६ के समान, पर उससे कुछ छोटा है। ३,११ ए (पेज ४८) हेमचन्द्र के ४,३२५ से मिलता है; किन्तु और भी छोटा है। इस प्रकार चण्ड सर्वत्र संक्षिप्त है और कहीं-कहीं जैसे ३,३४ में (पेज ५१), जो हेमचन्द्र के १, १७७ के समान है, चण्ड सब प्रकार से मिलान करने पर इतना विस्तृत है कि वह हेमचन्द्र से नियम नहीं ले सकता। इसके विपरीत हेमचन्द्र का सूत्र ३, ८१ चण्ड के १,१७ पर आधारित मालूम पड़ता है। यह बात होएर्नले ने अपने ग्रन्थ की भूमिका के पेज १२ में उठाई है। चण्ड ने वहाँ पर बताया है कि षष्ठी बहुवचन में **से** भी आता है और हेमचन्द्र ने ३,८१ में बताया है कि कोई विद्वान षष्ठी बहुवचन में **से** प्रत्यय का प्रयोग चाहते हैं—**इदंतदोर् आमापि से आदेशम् कश्चिद् इच्छति**। अवश्य ही ब्लौख[1] का मत है कि हेमचन्द्र ने एकवचन **कश्चित्** पर कुछ जोर नहीं दिया है। किन्तु हेमचन्द्र के उद्धृत करने के सारे ढग पर ब्लौख का सारा दृष्टिकोण भ्रमपूर्ण है और वास्तव में इस विषय पर सभी भारतीय व्याकरणकारों का सारा दृष्टिकोण दोषपूर्ण है। हेमचन्द्र ने जो **कश्चित्** कहा है, उसका तात्पर्य एक व्याकरणकार से है। अभी तक चण्ड के अतिरिक्त किसी व्याकरणकार का पता नहीं लगा है जिसने यह नियम दिया हो। इसलिए सबसे अधिक सम्भावना इसी बात की जान पड़ती है कि जिन-जिन स्थानों पर चण्ड और हेमचन्द्र एक समान नियम देते है, वहाँ चण्ड ने नहीं, बल्कि हेमचन्द्र ने उससे सामग्री ली है। होएर्नले ने अपने ग्रन्थ की भूमिका के पेज १२ और उसके बाद के पेजों में इस विषय पर बहुत सामग्री एकत्र की है[2]। मुझे इस विषय पर इतना और जोड़ना है कि चण्ड के पेज ४४ में २,१२ अ में उदाहरण के रूप पर **चऊ-वीसम् पि** उदाहरण दिया गया है, वह हेमचन्द्र के ३,१३७ में भी है; पर चण्ड ने इसे बहुत विस्तार के साथ दिया है। दोनों व्याकरणकारों की परिभाषा की शब्दावली सर्वत्र समान नहीं है। उदाहरणार्थ, चण्ड ने अपने ग्रन्थ के पेज ३७ के २,१ बी-में

व्यंजनों के लुप्त होने पर जो स्वर शब्द में शेष रह जाता है, उसे **उद्धृत** कहा है और हेमचन्द्र ने १, ८ में उसी का नाम **उद्वृत्त** रखा है। चण्ड २,१० में **विसर्जनीय** शब्द आया है, किन्तु हेमचन्द्र १,३७ में **विसर्ग** शब्द काम में लाया गया है। चण्ड २,१५ में (जो पेज ४५ में है) **अर्धानुस्वार** शब्द का व्यवहार किया गया है; किन्तु हेमचन्द्र ने १,७ में इस शब्द के स्थान पर ही **अनुनासिक** शब्द का प्रयोग किया है; आदि। इन बातों के अतिरिक्त चण्ड ने बहुत-से ऐसे उदाहरण दिये हैं जो हेम-चन्द्र के व्याकरण में नहीं मिलते। ऐसे उदाहरण २, २१।२२ और २४; ३, ३८ और ३९ हैं। पेज ३९ के १,१ में वाग्भटालंकार २, २ पर सिंहदेवगणिन् की जो टीका है, उसका उदाहरण दिया गया है (§ ९)। पेज ४६ के २, २४; २, २७ बी और २, २७ आइ (पेज ४७) में ऐसे उदाहरण हैं। चण्ड ने कहीं यह इच्छा प्रकट नहीं

की है कि वह केवल आर्षभाषा का व्याकरण बताना चाहता है। तथाकथित प्राचीन रूपों और शब्दों का व्यवहार, जैसा कि संस्कृत त और थ को प्राकृत में भी जैसे का तैसा रखना, शब्दों के अन्त में काम में लाये जानेवाले वर्ण–आम्, –ईम्, –ऊम् को दीर्घ करना आदि हस्तलिखित प्रतियों के लेखकों की भूलें हैं। ऐसी भूलें जैन हस्तलिखित प्रतियों में बहुत अधिक मिलती हैं। बल्कि यह कहा जा सकता है कि चण्ड के ग्रन्थ की हस्तलिखित प्रतियों में ये अशुद्धियाँ अन्य ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रतियों की तुलना में कम पाई जाती हैं। चण्ड ने मुख्यतया जिस भाषा का व्याकरण लिखा है, वह महाराष्ट्री है; किन्तु इसके साथ-साथ वह स्वयं ३, ३७ में अपभ्रंश ३, ३८ में पैशाचिकी ३, ३९ में मागधिका का उल्लेख करता है, पेज ४४ के २, १३ ए और बी में आर्षभाषा का, जिसके बारे में हम पहले ही लिख चुके हैं, ए और बी पाठों में इस विषय पर भी बहुत विस्तार के साथ लिखा गया है। ३, ३९ ए (पेज ५२) में शौरसेनी का उल्लेख भी है। डी पाठ में पेज ३७ के २, १ सी में जो उदाहरण दिया गया है, वह गउडवहो का २२० वाँ श्लोक है और हेमचन्द्र १, ६ में भी उद्धृत किया गया है। सी और डी पाठों में दूसरा उदाहरण जो पेज ४२ के १, २६ ए में तेण अहम् विद्धो हाल की सत्तसई ४४१[१] से लिया गया है। चूँकि सभी हस्तलिखित प्रतियों में ये उदाहरण नहीं मिलते, इसलिए यह उचित नहीं है कि हम इनका उपयोग चण्ड का कालनिर्णय करने के विषय में करें। इस ग्रन्थ का मूल पाठ बहुत दुर्दशा में हमारे पास तक पहुँचा है, इसलिए यह बड़ी सावधानी के साथ और इसके भिन्न-भिन्न पाठों की यथेष्ट जाँच-पड़ताल हो जाने के बाद में काम में लाया जाना चाहिए। किन्तु इतनी बात पक्की मालूम पड़ती है कि चण्ड प्राकृत का हेमचन्द्र से पुराना व्याकरणकार है और हेमचन्द्र ने जिन-जिन प्राचीन व्याकरणों से अपनी सामग्री एकत्र की है, उनमें से एक यह भी है। इसकी अतिप्राचीनता का एक प्रमाण यह भी है कि इसके नाना प्रकार के पाठ मिलते हैं। चण्ड संज्ञा और सर्वनाम के रूपों से (**विभक्तिविधान**) अपना व्याकरण आरम्भ करता है। इसके दूसरे परिच्छेद में स्वरों के बारे में लिखा गया है (**स्वरविधान**) और तीसरे परिच्छेद में व्यजनों के विषय में नियम बताये गये हैं (**व्यंजनविधान**)। सी तथा डी पाठों में यह परिच्छेद ३,३६ के साथ समाप्त हो जाता है और ३,३७—३९ ए तक चौथा परिच्छेद है जिसका नाम (**भाषान्तरविधान**) अर्थात् 'अन्य भाषाओं के नियम' दिया गया है। इस नाम का अनुसरण करके इस परिच्छेद में महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और जैन शौरसेनी को छोड़कर अन्य प्राकृत भाषाओं के नियमों और विशेषताओं के बारे में लिखा गया है। इस कारण ब्यूलर (त्साइटश्रिफ्ट डेर मौरगेन लैण्डिशन गेज़ेलशाफ्ट ४२,५५६) और भण्डारकर ने (लिस्ट, पेज ५८) इस सारे ग्रन्थ का नाम ही प्राकृत भाषान्तरविधान रख दिया था। ब्यूलर और भण्डारकर इस लेखक का नाम चन्द्र* बताते हैं। यह लेखक चण्ड ही है, इसका पता भण्डारकर द्वारा दिये गये उद्धरणों से चलता है। सी और डी पाठों में इस ग्रन्थ के जो विभाग किये गये हैं, वे निश्चय ही ठीक हैं। इसमें बहुत कम सन्देह इसलिए होता है कि भण्डारकर की हस्तलिखित प्रति

का अन्त वहीं होता है, जहाँ ए और श्री पाठों का होता है। चण्ड ने क्रियाओं के रूपों पर कुछ भी नहीं लिखा है, सम्भवतः यह भाग हम तक नहीं पहुँच पाया है। यह व्याकरण बहुत संक्षेप में था, इसका पता—थर्ड रिपोर्ट पेज २६५ में दिये गये पीटर्सन की हस्तलिखित प्रति के नाम से लगता है जो 'प्राकृत सोराद्धारवृत्तिः' दिया गया है।

१. वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज ८। —२. जैनशौरसेनी के स्थान पर शौरसेनी भी लिखा जा सकता है, किंतु इस व्याकरण का सारा रूप विशेषतः 'सी डी' हस्तलिखित प्रतियों में ३,६ (पेज ४८) बताता है कि यह जैनशौरसेनी है। —३. वररुचि उण्ट हेमचंद्रा, पेज ८। — ४. होएर्नले ने अपनी भूमिका के पेज १३ में जो मत दिया है कि चंड के व्याकरण के २-२७१ (पेज ४७) में जो रूप हैं, वे साधारण प्राकृत के माने जा सकते हैं, वह भ्रामक है। यह पद विशुद्ध अपभ्रंश में लिखा गया है। पद इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए—कालु लहेविणु जोइया जिँव जिँव मोहु गलेइ। तिँव तिँव दंसणु लहइ जो णिअमें अप्पु मुणेइ। अर्थात् समय पाकर जैसे-जैसे योगी का मोह नष्ट होता है वैसे-वैसे जो नियमानुसार आत्मा का चिंतन करता है, वह (आत्मा) के दर्शन पाता है। जोइया का अर्थ जायायाः नहीं है; बल्कि योगिकः = योगी अर्थात् योगिन् है। — ५. त के विषय में § २०३ देखिए। — ६. § ४१७ के नोट १ की तुलना कीजिए। — ७. इस नाम का सर्वोत्तम रूप चंड है। किसी को इस संबंध में चंद्र अर्थात् चंद्रगोमिन् (लीबिश का 'पाणिनि' पेज ११) का आभास न हो, इस कारण यहाँ यह बताना आवश्यक है कि इंडियन ऐंटिक्वेरी १५,१८४ में छपे कीलहॉर्न के लेख से स्पष्ट हो जाता है कि चंद्र का शब्दसमूह चंड से पूर्णतया भिन्न है।

§ ३५—प्राकृत का कोशकार 'धनपाल' रहा है जिसका समानार्थी शब्दकोश पाइयलच्छी अर्थात् 'प्राकृतलक्ष्मी' ब्यूलर ने प्रकाशित कराया है। इसका नाम रखा गया है—'द पाइयलच्छी नाममाला', अ प्राकृत कोश बाइ धनपाल। इसका सम्पादन गेओर्ग ब्यूलर ने किया है जिसमें आलोचनात्मक टिप्पणियाँ दी गई हैं, भूमिका लिखी गई है और अन्त में शब्द-सूची दे दी गई है। आरम्भ में यह पुस्तक बेत्सन्-बेर्गेर्स बाइ त्रैगे त्सूर कुण्डे डेर इण्डोगर्मानिशन् स्प्राखन ४,७० से १६६ ए तक में प्रकाशित हुई थी। इसके बाद गोएटिंगन से १८७८ में पुस्तक रूप में छपी। 'धनपाल' ने श्लोक २७६–२७८ तक में अपने ही शब्दों में बताया है कि उसने अपना ग्रन्थ विक्रम-संवत् १०२९ अर्थात् ई० सन् ९७२ में उस समय लिखा जब 'मालवराज' ने मान्यखेट पर आक्रमण किया। यह ग्रन्थ उसने अपनी छोटी बहन 'सुन्दरी'[1] को पढ़ाने के लिए 'धारा' नगरी में तैयार किया। उसने यह भी कहा है कि यह नाममाला है (श्लोक १) और श्लोक २७८ में इसे देसी (देशी) बताया है। ब्यूलर ने पेज ११ में बताया है कि 'पाइयलच्छी' में देशी शब्द कुल चौथाई है,

बाकी शब्द तत्सम और तद्भव हैं* (§ ८)। इस कारण यह ग्रन्थ विशेष महत्त्व[2] का नहीं है। इसमें आर्याछन्द के २७९ श्लोक हैं, जिनमें से पहला श्लोक मंगलाचरण का है और अन्तिम ४ श्लोक इस पुस्तक के तैयार करने के विषय मे स्वीकारोक्तियाँ हैं। १-१९ तक के श्लोकों मे एक-एक पदार्थ के पर्यायवाची शब्द दिये गये हैं। २०-९४ तक के श्लोकों में ये पर्यायवाची शब्द एक एक पद मे आये हैं, ९५-२०२ तक में आधे पद में आये हैं और २०३-२७५ तक छुट्टे शब्द आये हैं जो एक-एक पर्याय देकर अधिक-से-अधिक आधे पद में आ गये हैं। हेमचन्द्र ने अपने देशी नाममाला के १, १४१; ३, २२; ४, ३०; ६,१०१ और ८,१७ में बताया है कि उसने धनपाल से भी बहुत-कुछ सामग्री ली है। उसने जो उद्धरण दिये हैं, वे 'पाइय-लच्छी' ३, २२; ४, ३० और ८, १७ से बिलकुल नहीं मिलते और आंशिक रूप में १, ४१ और ६, १०१ मे हेमचन्द्र ने जो बातें कही हैं, उनसे भी नहीं मिलते। इस-लिए ब्यूलर ने ठीक ही अनुमान लगाया है कि (पेज १९) 'धनपाल' ने प्राकृत में इसी प्रकार का एक और ग्रन्थ भी लिखा होगा, जिसमें से हेमचन्द्र ने उक्त सामग्री ली होगी। जैनधर्म ग्रहण करने के बाद 'धनपाल' ने 'ऋषभपञ्चाशिका' नाम की एक और पुस्तक लिखी थी।

१. इस विषय पर अधिक बातें ब्यूलर के ग्रन्थ के पेज ५ तथा इसके बाद के पेजों में दी गई हैं। — २. ब्यूलर का उक्त ग्रन्थ के पेज १२ और उसके बाद—§ २० देखिए; ब्यूलर का ग्रंथ पेज ९; त्साइटुङ्ग डेर मोरगेन लैण्डि-शन गेजेलशाफ्ट खंड ३३, ४४५ में क्लाप्त का लेख। धनपाल की अन्य साहि-त्यिक कृतियों के संबंध में ब्यूलर के ग्रन्थ का पेज १० देखिए; त्साइटश्रिफ्ट डेर मोरगेन लैण्डिशन गेज़ेलशाफ्ट के खंड २७, ४ में औफरेष्ट का लेख, काटालोगुस काटालोगोरुम १, २६७।

§ ३६—आजतक के प्रकाशित सभी प्राकृत व्याकरणों स सर्वोत्तम और महत्त्वपूर्ण ग्रंथ हेमचन्द्र (ई. सन् १०८८-११७२ तक) का प्राकृतभाषा का व्याकरण है। यह प्राकृत व्याकरण सिद्ध हेमचन्द्र नामक ग्रन्थ का ८ वाँ अध्याय है। उक्त नाम का अर्थ यह है कि यह व्याकरण 'सिद्धराज' को अर्पित किया गया और 'हेमचन्द्र' द्वारा रचा गया है[1]। इसके १-७ अध्याय संस्कृत व्याकरण के नियमों पर हैं। हेमचन्द्र ने स्वयं अपने व्याकरण की दो टीकाएँ भी की हैं। एक का नाम है—'बृहती-वृत्ति', दूसरी का 'लघु-वृत्ति'[2]। लघु-वृत्ति का नाम 'प्रकाशिका' भी है; बम्बई से संवत् १९२९ में प्रकाशित महाबल-कृष्ण के संस्करण और जर्मनी मे ईस्वी १८७७ मे हाल्ले आम जार से प्रकाशित पिशल के हेमचन्द्राज ग्रामाटीक डेर प्राकृत स्प्राखन (सिद्ध हेमचन्द्रम् अध्याय ८) से मालूम होता है जिसके भाग १ और २ स्वयं पिशल ने अनूदित और संशोधित किये हैं। 'उदयसौभाग्यगणिन्' ने इस वृत्ति की एक टीका लिखी है जिसमें

* मध्यकाल में वे सब शब्द देसी या देशी मान लिये गये थे जो वास्तव में संस्कृत से निकले थे; पर उनका रूप इतना अधिक विकृत हो गया था कि बहुत कम पहचान रह गई थी। —अनु०

विशेष कर शब्दों की व्युत्पत्ति दी गई है। इस टीका का नाम 'हैमप्राकृत-वृत्ति-दुंढिका' है और पूरी पुस्तक का नाम 'व्युत्पत्तिदीपिका' (§ २९) है। और केवल ८ वें अध्याय की टीका 'नरेन्द्रचन्द्र सूर्य' ने की है जिसका नाम 'प्राकृतप्रबोध' है। हेमचन्द्र ने अपना व्याकरण चार पादों में विभाजित किया है जिनमें से पहिले दो पादों में मुख्यतया ध्वनिशास्त्र की बातें हैं, तीसरे पाद में शब्दरूपावलि पर लिखा गया है और चौथे पाद में सूत्र १ २५८ तक धात्वादेश हैं * और धातु के वे गण बताये गये हैं जो संस्कृत से भिन्न हैं तथा कर्मवाच्य धातु के कुछ नियम हैं। २५९ में धातुओं के अर्थ पर कुछ लिखा गया है। २६०-२६६ तक सूत्रों में शौरसेनी प्राकृत, २८७-३०२ तक मागधी, ३०३-३२४ तक पैशाची, ३२५-३२८ तक चूलिका पैशाचिक और ३२९-४४६ सूत्र तक अपभ्रंश भाषा के नियम बताये गये हैं। ४४७ और ४४८ वें सूत्रों में साधारण बातें बताई गई हैं। जो भाषा हेमचन्द्र १, १ से ४, २५९ तक सिखाता है, वह प्रधानतया महाराष्ट्री है। किन्तु उसके साथ-साथ उसने जैनमहाराष्ट्री से बहुत-कुछ लिया है और कहीं-कहीं अर्धमागधी से भी लिया है। पर सर्वत्र यह नहीं लिखा है कि यह अन्य भाषाओं से भिन्न अर्धमागधी भाषा है। २६०-२८६ तक के नियमों में उसने जैन शौरसेनी के नियमों पर विचार किया है (§ २१)। हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में अपनेसे पहले के किन-किन लेखकों से लाभ उठाया है, वह बताने का समय अभी तक नहीं आया है। उसने स्वयं एक ही नाम उद्धृत किया है। १, १८६ में उसने 'हुग्ग' का नाम दिया है; पर इस 'हुग्ग' को व्याकरणकार नहीं;बल्कि कोशकार बताया है और वह भी संस्कृत भाषा का। अन्य स्थलों पर उसने किसी का नाम नहीं दिया है। साधारण और अस्पष्ट सर्वनाम दे दिये हैं जैसे २, ८० और ३, ८१ मे किसी व्याकरणकार के लिए लिखा है—कश्चित् १, ६७ और २०९; २, ८०; १२८।१३८।१४५ और १८८ में केचित् दिया है; ३, १०३ और ११७ में अन्यः; १, ३५ और ८८; २, १६३; १७४ और २०७ में तथा ३, १७७ में अन्येः; ४, २ में अन्यैः; ४, ३२७ में अन्येषाम् और १, ३५ मे अपनेसे पहले के प्राकृत व्याकरणकारों और कोशकारों के लिए एके दिया है। याकोबी का मत है कि हेमचन्द्र ने वररुचि के सूत्रों के आधार पर उसी प्रकार अपना व्याकरण तैयार किया है जिस प्रकार 'भट्टोजी दीक्षित' ने पाणिनि के आधार पर अपनी 'सिद्धान्तकौमुदी' तैयार की। मध्ययुग मे वररुचि के सूत्र अकाट्य माने जाते थे और प्राकृत व्याकरण-कारों का मुख्य काम उनकी विस्तृत व्याख्या करना तथा उनमें क्या कहा गया है, इसकी सीमा निर्धारित करना ही था। 'हेमचन्द्र का वररुचि से वही सम्बन्ध है जो कात्यायन का पाणिनि से है।' याकोबी का यह मत भ्रमपूर्ण है जैसा कि ब्लौख ने विशेष विशेष बातों का अलग-अलग खण्डन करके सिद्ध कर दिया है। यह बात भी हम अधिकार के साथ और निश्चयपूर्वक नहीं कह सकते कि हेमचन्द्र ने वररुचि से नाममात्र भी लाभ उठाया हो। सम्भवतः उसने लाभ उठाया हो, किन्तु यह बात

* धात्वादेश उन धातुओं को कहते हैं, जो जनता की बोली में काम में आते थे और प्राकृत भाषाओं में ले लिये गये थे। चूकना, बोलना आदि ऐसे धात्वादेश हैं।—अनु०

प्रमाण देकर किसी प्रकार भी सिद्ध नहीं की जा सकती। हेमचन्द्र की दृष्टि में चंड का ग्रन्थ रहा होगा, इस विषय का § ३४ में उल्लेख किया जा चुका है। व्याकरण के अतिरिक्त हेमचन्द्र ने 'देशी नाममाला' या देशी शब्दसंग्रह नाम से एक कोश भी लिखा है। इस कोश का नाम स्वयं हेमचन्द्र के शब्दों में 'रयणावलि' अर्थात् 'रत्नावलि' (८, ७७) है। पेज १, ४ और उसके बाद हेमचन्द्र ने लिखा है कि यह कोश प्राकृत व्याकरण के बाद लिखा गया और १, ३ के अनुसार यह व्याकरण के परिशिष्ट के रूप में लिखा गया है। यह पुस्तक पिशल ने बम्बई से १८८८ ई० में प्रकाशित कराई थी। इसका नाम है—'द देशी नाममाला ऑफ हेमचन्द्र पार्ट वन् टैक्स्ट ऐण्ड क्रिटिकल नोट्स।' धनपाल की भाँति (§ ३५) हेमचन्द्र ने भी देशी शब्दों के भीतर संस्कृत के तत्सम और तद्भव रूप भी दे दिये है; पर उसके ग्रन्थ मे, ग्रन्थ का आकार देखकर यह कहा जा सकता है कि ऐसे शब्दो की संख्या बहुत कम है और प्राकृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह ग्रन्थ असाधारणतया महत्त्वपूर्ण है। देशीनाममाला मे आठ वर्ग हैं जिनमे वर्णमाला के क्रम से शब्द सजाये गये है। शब्द दो प्रकार से रखे गये हैं। आरम्भ में अक्षरों की सख्या के अनुसार सजाये गये वे शब्द हैं जिनसे केवल एक अर्थ (एकार्थाः) निकलता है। ऐसे शब्दों के बाद वे शब्द सजाये गये हैं जिनके कई अर्थ (अनेकार्थाः) निकलते है। पहले वर्ग मे शब्दों पर प्रकाश डालने के लिए कविताओं के उदाहरण दिये गये है जो कविताएँ स्वयं हेमचन्द्र ने बनाई हैं, जो बहुत साधारण हैं और कुछ विशेष अर्थ नहीं रखतीं। इसका कारण यह है कि उदाहरण देने के लिए हेमचन्द्र को विवश होकर नाना अर्थों के द्योतक कई शब्द इस कविता मे भर्ती करने पडे। ये पद्य केवल इसलिए दिये गये हैं कि पाठकों को हेमचन्द्र के कोश मे दिये गये देशी शब्द जल्दी मे याद हो जायँ। इन पद्यों में देशी शब्दों के साथ-साथ कुछ ऐसे प्राकृत शब्द और रूप ठूँस गये हैं जिनके लिए कोई प्रमाण नहीं मिलता कि ये कब और किन ग्रन्थों में काम में लाये गये। इन पद्यों मे रखे गये बहुत से देशी शब्दों के अर्थ भी ठीक खुलते नहीं। हेमचन्द्र ने देशीनाममाला की एक टीका भी स्वयं लिखी है। हेमचन्द्र ने धोखे से भी यह बात नहीं कही है कि उसका ग्रन्थ मौलिक है और उसमे प्राचीन ग्रन्थों से कोई सामग्री नहीं ली गई है; बल्कि उसने स्पष्ट शब्दों मे बताया है कि 'देशीनाममाला' इसी प्रकार के पुराने ग्रन्थों से संगृहीत की गई है। उसने १,३७ मे इस बात का निर्णय कि **अम्बसमी** या **अम्बमसी** इन दोनों में से कौन सा रूप शुद्ध है, विद्वानों पर छोड़ा है...**अम्बमसीति केचित् पठन्ति। तत्र केषाम् चिद्भ्रमोऽभ्रमो वेति बहुदृश्वान एव प्रमाणम्।** वह १,४१ में अच्छिरुल्लो के रूप और अर्थ के विषय में कुछ अन्धकार मे है, इसलिए उसने लिखा है कि चूँकि इस विषय पर पुराने लेखकों में मतभेद रहा है, इसलिए इसके ठीक रूप और अर्थ का निर्णय बहुश्रुत विद्वान् ही कर सकते हैं; **तद् एवं ग्रन्थकृद्विप्रतिपत्तौ बहुश्रुता प्रमाणम्।** १,४७ मे उसने **अवडाक्किय** और **अवडक्किय** इन दो शब्दों को अलग-अलग किया है। पहले के लेखकों ने इन दोनों शब्दों को समानार्थी बताया था; पर हेमचन्द्र ने इन

शब्दों के विषय पर उत्तम ग्रन्थों की छानबीन करके अपना निर्णय दिया—**अस्माभिस्तु सारदेशीनिरीक्षणेन विवेकः कृतः**। वह १, १०५ में बहुत विचार-विमर्श करने के बाद यह निश्चय करता है कि **उत्तुहिअ** शब्द के स्थान पर पुरानी हस्तलिखित प्रतियों की प्रतिलिपि करनेवालों ने भूल से **उड्डुहिअ** लिखा है, इसी प्रकार ६, ८ में उसने बताया है कि **चोर** के स्थान पर **बोर** हो गया है। उसने २, २८ का निर्णय करने के लिए देशीभाषा के कई ग्रन्थों का उल्लेख किया है और ३, १२ और ३३ में अपना मत देने से पहले इस विषय पर सर्वोत्तम ग्रन्थों का मत भी दिया है। जब उसने ८,१२ पर विचार किया है तब देशी ग्रन्थों के नवीनतम लेखकों और उनके टीकाकारों का पूरा-पूरा हवाला दिया है; ८, १३ का निर्णय वह सहृदयों अर्थात् सज्जन समझदारों पर छोड़ता है—**केवलम् सहृदयाः प्रमाणम्**। उसने १, २ में बताया है, इस ग्रन्थ में उसने जो विशेषता रखी है, वह वर्णक्रम के अनुसार शब्दों की सजावट है और १, ४९ में उसने लिखा है कि उसने यह ग्रन्थ विद्यार्थियों के लिए लिखा है। जिन लेखकों के नाम उसने दिये हैं, वे हैं—अभिमानचिह्न। (१, १४४; ६, ९३; ७, १; ८, १२ और १७); अवन्तिसुन्दरी (१, ८१ और १५७); देवराज (६, ५८ और ७२; ८,१७); द्रोण अथवा द्रोणाचार्य (१, १८ और ५०; ६, ६०, ८, १७); धनपाल (१, १४१; ३, २२; ४, ३०, ६, १०१, ८, १७); गोपाल (१, २५। ३१ और ४५; २, ८२; ३, ४७; ६, २६। ५८ और ७२; ७, २ और ७६; ८, १। १७ और ६७); पादलिप्त (१, २); राहुलक (४,४); शीलांक (२, २०; ६, ९६; ८, ४०); सातवाहन (३, ४१; ५, ११; ६, १५। १८। १९। ११२ और १२५)। इनमें से अभिमानचिह्न, देवराज, पादलिप्त और सातवाहन सत्तसई में (§ १३) प्राकृत भाषा के कवियों के रूप में भी मिलते हैं। 'अवन्तिसुन्दरी'[१०] के बारे में ब्यूलर का अनुमान है कि वह वही सुन्दरी है जो धनपाल की छोटी बहन है और जिसके लिए उसने 'पाइयलच्छी' नाम का देशी भाषा का कोश लिखा था। पर ब्यूलर ने यह कहीं नहीं बताया कि सुन्दरी ने स्वयं भी देशी भाषा में कुछ लिखा था, यह बात असम्भव लगती है। हेमचन्द्र ने जिस अवन्तिसुन्दरी का उल्लेख किया है, उसका 'राजशेखर' की स्त्री 'अवन्तिसुंदरी' होना अधिक सम्भव है। 'कर्पूरमंजरी' ७, १ के कथनानुसार इस अवन्तिसुन्दरी के कहने पर ही प्राकृतभाषा में लिखा हुआ कर्पूरमंजरी नामक नाटक का अभिनय किया गया था और हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत व्याकरण में उक्त नाटक से कई वाक्य उद्धृत किये हैं। 'शारंगधर-पद्धति' और 'सुभाषितावलि' में राहुलक का नाम संस्कृत कवि के रूप में दिया गया है। हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण में संस्कृत ग्रन्थकारों के निम्नलिखित नाम आये हैं—कालापाः (१, ६), भरत (८, ७२), भामह (८, ३९) और बिना नाम बताये उसने हलायुध से भी (१, ५ और २, ९८) में उद्धरण लिये हैं। उसने अधिकतर लेखकों का उल्लेख बिना नाम दिये साधारण तौर पर किया है। उदाहरणार्थ—**अन्ये** (१, ३।२०।२२।३५।४७।५२,६२।६३।६५।६६,७०।७२।७५,७८। ८७।८९।९९।१००।१०२।१०७।११२।१५१।१६० और १६३; २,११।१२।१८।२४।२६।

२९।३६।४५।४७।५०।५१।६६।६७।६९।७७।७९।८९ और ९८; ३,३।६।८।२८।४०।४१।५८ और ५९; ४, ३।४।५।६।७।१८।२२।२३।२६।३३।४४ और ४७; ५, १।३०।३३।३६।४०।४५।५० और ६१; ६, १४।१५।१६।२१।२४।२५।२६।२८।४२।४८।५३।५४।६१।६३।७५।८१।८६।८८।९१।९३।९४।९७।९९।१०५।१०६।११६। १२१। १३२। १३४। १४० और १४५; ७, २।१६।१७।१८।२१।३१।३३।३७।४४।४५।४८।६२।६८।६९।७४।७५।७६।८८ और ९१; ८, १०।१५।१८।२२।२७।३५।३६।३८।४४।४५।५९ और ६७; **एके** (२,८९; ४,५ और १२; ६,११; ७,३५; ८,७); **कश्चित्** (१, ४३; २, १८; ३,५१; ५,१३; ८,७५); **केचित्** (१, ५।२६।३४।३७।४१।४६।४७।६७।७९।१०३।१०५।११७।१२०।१२९।१३१ और १५३; २, १३।१५।१६।१७।२०।२९।३३।३८।५८।८७ और ८९; ३, १०।१२।२२।२३।३३।३४।३५।३६।४४ और ५५; ४, ४।१०।१५ और ४५; ५,१२।२१।४४ और ५८; ६, ४।५५।८०।९०।९१।९२।९३।९५।९६।११० और १११; ७, २।३।६।४७।५८।६५।७५।८१ और ९३; ८,४।५१।६९ और ७०); **पूर्वाचार्याः** (१,११ और १३); **यदाह** (यद् आह) (१, ४ और ५) (**हलायुध**) ३७।७५।१२१।१७१; २,३३।४८।९८ (**हलायुध**) ३, २३।५४ (**संस्कृत**); ४, ४।१० २१।२४ और ४५; ५, १ और ६३; ६, १५।४२।७८।८१।९३।१४० और १४२; ७, ४६।५८ और ८४; ८,१।१३।४३ और ६८); **यदाहुः** (१,५; ३,६ और ६,१५); **ऐसे ही अन्य सर्वनामों के साथ**। १, १८।९४।१४४ और १७४; ३३३; ४, ३७; ६, ८।५८ और ९३; ८, १२।१७ और २८)। इतने अधिक अपने से पहले के विद्वानों के ग्रन्थों से बहुत सावधानी के साथ उनमें सहायता लेने पर भी हेमचन्द्र बड़ी मोटी-मोटी अशुद्धियों से अपनेको बचा न सका। इसका कारण कुछ ऐसा लगता है कि मूल शुद्ध ग्रन्थ उसके हाथ में नहीं लगे; बल्कि दूसरे-तीसरे के हाथ से लिखे तथा अशुद्धियों से भरे ग्रन्थों से उसने सहायता ली। इसलिए वह २, २४ में लिखता है कि **कंठदीणार** 'सगुनवाली माला के सिक्के' में एक छेद है (= **वृत्तिविवर**); ६,६७ में उसने बताया है कि **पएरो** अन्य अर्थों के साथ-साथ माला के सिक्के में छेद का अर्थ भी देता है (**वृत्तिविवर**) और एक तरह का गहने का नाम है जिसे **कंठदीणार** कहते हैं। इसका कारण स्पष्ट हो है कि उसने ६, ६७ से मिलते जुलते किसी पद्य में सप्तमी **र** के स्थान पर कर्ता एकवचन **कंठदीणारो** पढ़ा होगा और उसे देख उसने २, २४ वाला रूप बना दिया। बाद को उसने ६, ६७ में शुद्ध पाठ दे दिया ; पर वह अपनी पुरानी भूल ठीक करना भूल गया। निश्चय ही **कंठदीणार** गले में पहनने का एक गहना है जिसे दीणार नामक सिक्कों की माला कहना चाहिए। **पोआलो** जिसका अर्थ बैल है और जो ६, ६२ में आया है अवश्य ही ७, ७९ में आनेवाले **वोआलो** शब्द का ही रूप है, यह सन्धि में उत्तर पद में आनेवाला रूप रहा होगा[१]। चाहे जो हो, 'देशीनाममाला' 'उत्तम श्रेणी की सामग्री देनेवाला एक ग्रन्थ है'[२]। इस ग्रन्थ से पता चलता है कि इससे भारतीय भाषाओं पर बहुत महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है और यह मालूम होता है कि प्राकृत भाषा में अभी और भी अधिक सम्पन्न साहित्य मिलने की आशा है।

१. ब्यूलर की पुस्तक 'इयूबर डास लेबन डेस जैन मोएन्शेस हेमचन्द्रा' (विएना १८८९) पेज १५। — २.ब्यूलर का उपर्युक्त ग्रन्थ, पेज ७२ नोट ३४। — ३.औफरेष्ट के ग्रन्थ काटालोगुस काटालोगोरुम १, ३६० में इसके लेखक का नाम नरेन्द्रचन्द्र सूर्य दिया गया है। पीटर्सन द्वारा सम्पादित 'डिटेल्ड रिपोर्ट' के पेज १२७ की संख्या ३०० और भण्डारकर द्वारा सम्पादित 'ए कैटैलौग ऑफ द कलेक्शन्स ऑफ द मैनुस्क्रिप्टस् डिपौजिटेड इन द डेकान कॉलेज' (बम्बई १८८८) के पेज ३२८ की संख्या ३०० में इस लेखक का नाम 'नरेन्द्रचन्द्रसूरि' दिया गया है। मैं इस हस्तलिखित ग्रन्थ को देखना और काम में लाना चाहता था; पर यह लाइब्रेरी से किसी को दी गयी थी। — ४. पिशल की हेमचन्द्रसम्बन्धी पुस्तक १, १८६; गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८८६, ९०६ नोट १ तथा डी इण्डिशन व्योर्टरब्यूशर (कोश) स्ट्रासबुर्ग १८९७; ग्रुण्डरिस १, ३ बी पेज ७; 'मेखकोश' के संस्करण की भूमिका (विएना १८९९) पेज १७ और उसके बाद। — ५. येनायेर लिटेराटूरत्साइटुंग १८७६, ७९७। — ६. पिशल की हेमचन्द्र-सम्बन्धी पुस्तक २, १४५। — ७. वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा पेज २१ तथा उसके बाद। यह ग्रन्थ ब्यूलर ने खोज निकाला था। देखिए 'इण्डियन एण्टिक्वेरी' २, १७ और उसके बाद के पेज। — ८. इसका दूसरा खण्ड, जिसमें कोश है, ब्यूलर प्रकाशित करना चाहता था, पर प्रकाशित न कर सका। — ९. पिशल द्वारा सम्पादित 'देशीनाममाला' पेज ८। — १०. पाइयलच्छी पेज ७ और उसके बाद। — ११. जीगफ्रीड गौल्दश्मित्त ने डौयत्शे लिटेराटूरत्साइटुंग २, ११०९में कई दूसरे उदाहरण दिये हैं। — १२.जीगफ्रीड गौल्डश्मित्त की उपर्युक्त पुस्तक।

§ ३७—'क्रमदीश्वर' के समय का अभी तक कोई निर्णय नहीं हो सका। अधिकतर विद्वानों का मत है कि वह हेमचन्द्र के बाद और बोपदेव के पहले जीवित रहा होगा। ल्साखारिआए[1] का मत है, और यह मत ठीक ही है कि प्रमाणों से यह सिद्ध नहीं किया जा सकता कि क्रमदीश्वर हेमचन्द्र के बाद पनपा होगा। साथ ही, बहुत कम ऐसे प्रमाण इकट्ठे किये जा सकते हैं जिनसे यह प्रायः असम्भव मत सिद्ध हो सके कि क्रमदीश्वर ने हेमचन्द्र से भी पहले अपना व्याकरण लिखा होगा। क्रमदीश्वर ने अपना व्याकरण, जिसका नाम 'संक्षिप्तसार' है, हेमचन्द्र की ही भाँति ८ भागों में बाँटा है जिसके अन्तिम अध्याय का नाम 'प्राकृत-पाद' है और इस पाद में ही प्राकृत व्याकरण के नियम दिये गये हैं। इस विषय में वह हेमचन्द्र से मिलता है; और बातों में दोनों व्याकरणकारों का नाममात्र भी मेल नहीं है। सामग्री की सजावट, पारिभाषिक शब्दों के नाम आदि दोनों में भिन्न भिन्न हैं[2]। क्रमदीश्वर की प्राचीनता का इससे पता चलता है कि उसने अपने संस्कृत व्याकरण में जो श्लोक उद्धृत किये हैं वे ईसा की आठवीं शताब्दि के अन्तिम भाग और नवीं शताब्दी के प्रारम्भ काल से अधिक पुराने नहीं हैं। सबसे नवीन लेखक, जिसका उद्धरण उसने अपने ग्रन्थ में दिया है, मुरारि[3] है। मुरारि के विषय में हम इतना जानते हैं कि वह 'हरविजय'[4] के कवि 'रत्नाकर' से पुराना है, जो ईसा की

नवीं शताब्दी के मध्यकाल में जीवित था। 'क्रमदीश्वर' हेमचन्द्र के बाद जनमा। इसका प्रमाण इससे मिलता है कि उसने उत्तरकालीन व्याकरणकारों की भाँति प्राकृत की बहुत अधिक बोलियों का जिक्र किया है जो हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण में नहीं मिलता। 'क्रमदीश्वर' पर सब से पहले 'लास्सन' ने अपने इन्स्टीट्यूत्सीओनेस में विस्तारपूर्वक लिखा है। इसके व्याकरण का वह भाग, जिसमें धातुओं के रूप, धात्वादेश आदि पर लिखा गया है, डेलिउस द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है। इसका नाम है— 'राडिचेसप्राकृतिकाए' (बौनाएआडेरनुम् १८,३९)। 'प्राकृतपाद' का सम्पूर्ण संस्करण राजेन्द्रलाल मित्र ने 'बिब्लिओटेका इण्डिका' में प्रकाशित कराया था[७]। मैं यह ग्रन्थ प्राप्त न कर सका। मेरे पास 'क्रमदीश्वर' की पुस्तक के मूल पाठ के पेज पर १७-२४ तक और शब्दसूची के पेज १४१–१७२ तक जिनमे भादुको से सद्वाविअदि तक शब्द हैं[८] तथा अंग्रेजी अनुवाद के पेज १–८ तक हैं। इन थोड़े से पेजों से कुछ निदान निकालना इसलिए और भी कठिन हो जाता है कि यह संस्करण अच्छा नहीं है। क्रमदीश्वर के 'प्राकृतव्याकरण' अर्थात् 'संक्षिप्तसार' के ८ वे पाद का एक नया संस्करण सन् १८८९ ई० में कलकत्ते से प्रकाशित हुआ था।'ब्लौख्' की कृपा से यह ग्रन्थ मुझे मिला है और मैंने इस ग्रन्थ मे जो उद्धरण दिये हैं वे उसी पुस्तक से ही दिये गये हैं। इस पुस्तक में भी बहुत-सी अशुद्धियाँ हैं और मैने जो उद्धरण दिये है वे 'लास्सन' की पुस्तक में जो उद्धरण दिये गये हैं उनसे मिलाकर ही दिये है। क्रमदीश्वर ने वररुचि को ही अपना आधार माना है और 'प्राकृत-प्रकाश' तथा 'संक्षिप्तसार' में बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध दिखाई देता है, किन्तु जैसा लास्सन ने अपने 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस' के परिशिष्ट के पेज ४० और उसके बाद के पेजों में उत्तम रीति से दिखाया है कि वह कई स्थलों पर वररुचि के नियमों से बहुत दूर चला गया है। इन स्थलों से यह पता लगता है कि इन नियमों और उदाहरणों की सामग्री उसने किसी दूसरे लेखक से ली होगी। क्रमदीश्वर ने अपभ्रंश पर भी लिखा है, पर वररुचि में इस प्राकृत भाषा का उल्लेख नहीं मिलता। क्रमदीश्वर ने 'संक्षिप्तसार' पर स्वयं एक टीका लिखी है। इसी टीका की व्याख्या और विस्तार जूयरनन्दिन्[९] ने 'रसवती' में किया है। केवल 'प्राकृतपाद' की टीका चण्डीदेव[८] शर्मन ने 'प्राकृतदीपिका' नाम से की है। राजेन्द्रलाल मित्रने 'प्राकृतपाद टीका' नाम की तीसरी टीका का भी नाम दिया है। इसका लेखक 'विद्याविनोद' है जो 'जटाधर'[९] का प्रपौत्र, 'वाणेश्वर' का पौत्र और 'नारायण' का पुत्र है। इस टीका का उल्लेख औफरेष्ट[१०] ने भी किया है, जिसने बहुत पहले[११] इसके लेखकका नाम 'नारायण विद्याविनोदाचार्य' दिया है। मैंने औक्सफोर्ड की इस हस्तलिखित प्रति से काम लिया है, किन्तु उस समय, जब छपा हुआ 'संक्षिप्तसार' न मिलता था[१२]। राजेन्द्रलाल मित्र ने जिस हस्तलिखित प्रति को छपाया है वह औफरेष्ट की प्रति से अच्छी है। उसकी भूमिका और प्रत्येक पाद के अन्त में जो समाप्तिसूचक पद हैं उनमें हस्तलिखित प्रति के लेखक ने जो वर्णन किया है, उससे विदित होता है कि लेखक का नाम 'विद्याविनोदाचार्य' है और उसने जटाधर के पौत्र तथा वाणेश्वर के पुत्र 'नारायण' के किसी पुराने ग्रंथ को सुधार कर यह पुस्तक तैयार की थी। शायद इसी नारायण के

भाई का नाम 'सुमेरु' था। 'नारायण' ने इससे भी बड़ा एक ग्रन्थ तैयार किया था जिसे किसी दुष्ट व्यक्ति ने नष्ट कर दिया। प्रस्तुत ग्रन्थ 'विद्याविनोद'[११] ने बनाया जिसमें 'नारायण' के बड़े ग्रन्थ के उद्धरण हैं। 'प्राकृतपाद' क्रमदीश्वर की टीका है। उसमें इस पुस्तक का कहीं उल्लेख नहीं है। समाप्तिसूचक वाक्य में लेखक का नाम 'विद्याविनोदाचार्य' दिया गया है और पुस्तक का नाम 'प्राकृतपाद' है। इसलिए मुझे यह बात सन्देहजनक लग रही है कि राजेन्द्रलाल मित्र का संस्करण ठीक है या नहीं। इस ग्रन्थ के लेखक ने हर बात में वररुचि का ही अनुकरण किया है और इस पुस्तक का विशेष मूल्य नहीं है।

१.बेत्सनबेर्गर्स बाइत्रैगे ५,२६। — २.बेत्सनबेर्गर्स बाइत्रैगे में त्साखारिआए का लेख ५,२६; आठवें पाद के अंत में क्रमदीश्वर ने संक्षेप में छंद और अलंकार पर विचार किया है। — ३. बेत्सनबेर्गर्स बाइत्रैगे ५,५८ में त्साखारिआए का लेख। — ४. पीटर्सन द्वारा संपादित 'सुभाषितावलि' पेज ९१। — ५. राजेन्द्रलाल मित्र के 'अ डेस्क्रिप्टिव कैटेलौग ऑफ सैंस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स इन द लाइब्रेरी ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बैंगौल, प्रथम भाग' ग्रैमर (कलकत्ता १८७७), पेज ७५; जौर्नल औफ द बौंबे एशियाटिक सोसाइटी १६, २५० में भंडारकर का लेख। — ६.यह सूची पुस्तक का अंग नहीं है, किंतु इसमें बहुत से प्राकृत शब्दों के प्रमाण वररुचि, मृच्छकटिक, शकुंतला, विक्रमोर्वशी, मालविकाग्निमित्र, रत्नावली, वेणीसंहार, मालतीमाधव, उत्तररामचरित, महावीरचरित, चैतन्यचंद्रोदय, पिंगल और साहित्यदर्पण से उद्धरण दिये गये हैं। — ७. लास्सन, इन्स्टीट्यूत्सीओनेस, पेज १५; बेत्सनबेर्गर्स बाइत्रैगे ५,२२ और उसके बाद के पेजों में त्साखारिआए का लेख; औफरेष्ट का काटालोगुस काटालोगोरुम १,६८४। — ८.लास्सन, इन्स्टीट्यूत्सीओनेस, पेज १६; औफरेष्ट का काटालोगुस काटालोगोरुम १,६८४। — ९.नोटिसेज औफ सैंस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स ४,१६२ तथा बाद के पेज (कलकत्ता १८७८)। — १०. काटालोगुस काटालोगोरुम १,६८४। — ११.औक्सफोर्ड का कैटेलौग पेज १८१। — १२.डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, (व्रातिस्लाविआए १८७४,पेज १९)। —१३. इसकी भूमिका बहुत अस्पष्ट है, और यह संदेहास्पद है कि ऊपर दिया हुआ स्पष्टीकरण ठीक हो; इस विषय पर औफरेष्ट द्वारा संपादित औक्सफोर्ड का कैटेलौग से तुलना करें, पेज १८१। काटालोगुस काटालोगोरुम में ८,२१८ में औफरेष्ट ने पीटर्सन के अलवर कैटेलौग के साथ मेरी सम्मति (व्याख्या) दी है। पुस्तक अब नहीं मिलती। इनमें इस ग्रंथ का नाम स्पष्ट ही 'प्राकृत-व्याकरण' दिया गया है।

§ ३८—'आदित्य वर्मन' के पौत्र और 'मल्लिनाथ' के पुत्र 'त्रिविक्रम देव' ने प्राकृत-व्याकरण की टीका में हेमचन्द्र को ही अपना सम्पूर्ण आधार माना है। मैंने इस पुस्तक की दो हस्तलिखित प्रतियों से लाभ उठाया है। इण्डिया औफिस लाइब्रेरी के 'बुर्नेल कलेक्शन' संख्या ८४ वाली हस्तलिखित प्रति तंजौर की एक हस्तलिखित प्रति की नकल है और ग्रन्थ लिपि में है। दूसरी हस्तलिखित प्रति १०००६ संख्यावाली तंजौर की हस्तलिखित प्रति की नागरी में नकल है तथा जिसके सूत्र

भाग की हस्तलिखित प्रति की संख्या १०००४[१] है। ये दोनों नकलें बुर्नेल ने मेरे लिए तैयार करा दी थीं। इसके अतिरिक्त ग्रन्थ-प्रदर्शनी-पुस्तकमाला की संख्या १–३१ में, जो प्राचीन ग्रन्थों के पाठों का संग्रह छपा है, छपे इस ग्रन्थ के संस्करण का भी मैंने उपयोग किया है, किन्तु यह ग्रन्थ केवल पहले अध्याय के अन्त तक ही छपा है। 'त्रिविक्रम देव' ने अपने व्याकरण[२] के सूत्रों में एक विचित्र पारिभाषिक शब्दावलि का प्रयोग किया है। उसने इन शब्दों को अपने ग्रन्थ के आरम्भ में अर्थ देकर समझाया है[३]। सूत्रों में लिखी हुई अपनी वृत्ति में उसने १, १, १७ से आगे प्रायः सर्वत्र हेमचन्द्र के शब्दों को ही दुहराया है, इसलिए मैंने उसमें से बहुत कम उद्धरण लिये हैं। 'त्रिविक्रम देव' ने अपनी प्रस्तावना में यह उल्लेख किया है कि उसने अपनी सामग्री हेमचन्द्र से ली है। मैंने हेमचन्द्र के व्याकरण का जो संस्करण प्रकाशित किया है उसके पेज की किनारी में 'त्रिविक्रम देव' से मिलते-जुलते नियम भी दे दिये हैं। उसने जो कुछ अपनी ओर से लिखा है वह १, ३, १०६; १, ४, १२१; २, १, ३०, ३, १, १३२ और ३, ४, ७१ में है। इन स्थलों में ऐसे शब्दों का संग्रह एक स्थान पर दिया गया है जो व्याकरण के नियमों के भीतर पकड़ में नहीं आते और जिनमें से अधिकतर ऐसे शब्द हैं जो देशी शब्द द्वारा व्यक्त किये जा सकते हैं। ३, ४, ७१ मे दिये गये शब्दों के विषय में तो स्वयं ग्रन्थकार ने लिखा है कि ये देशी अर्थात् देश्याः हैं। इसके प्रारम्भ के दो अध्यायों को मैंने प्रकाशित कराया है और बेत्सनबेर्गर्स बाइत्रैगेत्सूर कुण्डेडेर इण्डोगरयानिशन श्प्राखन के ३, २३५ और उसके बाद के पेजों में; ६, ८४ और उसके बाद के पेजों मे तथा १३, १ और उसके बाद के पेजों में इस ग्रन्थ की आलोचना भी की है। क्रमदीश्वर के काल का निर्णय इस प्रकार किया जा सकता है कि वह हेमचन्द्र के बाद का लेखक है और हेमचन्द्र की मृत्यु सन् ११७२ ई० मे हुई है। वह 'कोलाचल मल्लिनाथ' के पुत्र कुमार स्वामिन् से पहिले जीवित रहा होगा, क्योंकि विद्यानाथ के 'प्रतापरुद्रीय' ग्रन्थ की टीका में, जो सन् १८६८ ई० मे मद्रास से छपा है, २१८, २१ मे वह नाम के साथ उद्धृत किया गया है। इसके अतिरिक्त ६२, १९ और उसके बाद के पेजों में; २०१, २१ और २१४, ४ में 'त्रिविक्रम देव' बिना नाम के उद्धृत किया गया है[४]। द्वितीय प्रतापरुद्र, जिसको विद्यानाथ ने अपना ग्रन्थ अर्पित किया है, ईसवी सन् १२९५–१३२३[५] तक राज्य करता था। कुमार स्वामिन ने १२३, १ और उसके बाद लिखा है कि पुरानी बात है (पुराकिल) कि प्रतापरुद्र सिंहासन पर बैठा था। उसके पिता कोलाचल मल्लिनाथ ने वोपदेव[६] से उद्धरण लिये हैं जो देवगिरि[७] के राजा महादेव के दरबार मे रहता था। महाराज महादेव ने ईसवी सन् १२६०-१२७१ तक राज्य किया[८]। इससे औफरेष्ट के इस मत की पुष्टि होती है कि 'मल्लिनाथ' का समय ईसा की १४ वीं सदी से पहले का नहीं माना जा सकता।[९] इस गणना के अनुसार त्रिविक्रम का काल १३ वीं शताब्दी में रखा जाना चाहिये।

१. बुर्नेल का 'क्लैसिफाइड इण्डेक्स' १,४३। — २. त्रिविक्रम सूत्र का रचयिता भी है; दे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १९ में निजसूत्रमार्गम् के

जिज को, जो त्रिविक्रम से सम्बद्ध है, गलत समझा है। इस ग्रन्थ का नाम 'प्राकृतव्याकरण' है, 'वृत्ति' नहीं। यह वृत्ति उपनाम है और इसका सम्बन्ध टीका से है। — ३.इसका उल्लेख पिशल ने अपने 'डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस' के पेज ३४–३७ तक में किया है। — ४. डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज ३८। — ५. सेवेल की पुस्तक 'अ स्केच ऑफ द डाइनैस्टीज ऑफ सदर्न इण्डिया' (मद्रास १८८३), पेज ३३। — ६. औफरेष्ट द्वारा सम्पादित ऑक्सफोर्ड का कैटेलौग, पेज ११३। — ७. औफरेष्ट का काटालोगुस काटालोगोरुम १, ६१६। — ८. सेवेल की ऊपर लिखी पुस्तक पेज ११४। — ९. ऑक्सफोर्ड का कैटेलौग पेज ११३।

§ ३९—'त्रिविक्रम देव' के व्याकरण को आधार मान कर 'सिंहराज' ने अपना 'प्राकृतरूपावतार' लिखा। यह सिंहराज 'समुद्रबन्धयज्वन्' का पुत्र था। मैंने लन्दन की रौयल एशियैटिक सोसाइटी की दो हस्तलिखित प्रतियों का उपयोग किया है। इनमें से १५९ संख्यावाली प्रति ताड के पत्रों पर मलयालम् अक्षरों में लिखी हुई है और दूसरी हस्तलिखित प्रति ५७ संख्यावाली है जो कागज पर मलयालम् अक्षरों में लिखी गयी है। वास्तव में यह संख्या १५९ वाले की प्रतिलिपि है। सिंहराज ने 'त्रिविक्रम देव' के व्याकरण को कौमुदी के ढंग से तैयार किया। ग्रन्थ के प्रारम्भ में उसने संज्ञा विभाग और परिभाषा विभाग में पारिभाषिक शब्दों पर सार रूप से लिखा है और संहिता विभाग में उसने सन्धि और लोप के नियम बताये हैं। इसके बाद ही उसने सुबन्त विभाग दिया है जिसमें रूपावलि और अव्ययों के नियम दिये हैं; जिसके बाद तिङन्त विभाग आरम्भ होता है जिसमें धातुओं के रूपों के नियम हैं और जिसके भीतर धात्वादेश (धात्वादेशाः) भी शामिल हैं। इसके अनन्तर शौरसेन्यादि विभाग है जिसमें शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाचिक और अपभ्रंश के नियम दिये गये हैं। प्रत्येक प्रकार की संज्ञा के लिए उसने अलग अलग रूपावलियाँ दे दी हैं। 'अ' में अन्त होनेवाली संज्ञा की रूपावली के नमूने के तौर पर उसने वृक्ष शब्द की रूपावली दी है। 'इ' में अन्त होनेवाली संज्ञा का नमूना उसने अग्नि लिया है। 'उ' के लिए तरु, 'ऊ' के लिए खलपू* और 'ऋ' के लिए भर्तृ दिया है। उसने बताया है कि इन संस्कृत शब्दों से प्राकृत शब्द किन नियमों के अनुसार बनते हैं। उसके बाद वह बताता है कि शब्दों के नाना रूपों के अन्त में अमुक अमुक स्वर और व्यंजन लगते हैं तथा वे अमुक प्रकार से जोड़े जाते हैं। इसी प्रकार उसने स्वरान्त स्त्री और नपुंसक-लिंग, व्यंजनान्त संज्ञा, युष्मद् और अस्मद् सर्वनाम तथा धातुओं पर लिखा है। धातुओं के लिए उसने नमूने के तौर पर हस् और सह् धातुओं के रूप दे दिये हैं। संज्ञा और क्रियापदों की रूपावली के ज्ञान के लिए 'प्राकृतरूपावतार' कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। कहीं कहीं सिंहराज ने हेमचन्द्र और त्रिविक्रम देव से भी अधिक

* पूखक का अर्थ मेहतर या खलिहान साफ करनेवाला है। —अनु०

रूप दिये हैं। इसमें सन्देह नहीं कि इनमें से अधिकतर रूप उसने नियमों के अनुसार गढ़ लिये हैं; पर इस प्रकार के नये-नये रूप व्याकरण के अनुसार गढ़ने की किसी दूसरे को नहीं सूझी, इसलिए उसका यह विषय बहुत ही सरस है। ठीक जिस प्रकार 'सिंहराज' ने 'त्रिविक्रम देव' के सूत्रों को बड़े ढंग से सजाया है, उसी प्रकार 'रघुनाथ शर्मन्'[2] ने वररुचि के सूत्रों को अपने 'प्राकृतानन्द' में सजाया[3] है। 'लक्ष्मीधर' ने भी अपनी 'षड्भाषा चन्द्रिका'[1] में सूत्रों का क्रम इस तरह से ही रखा है। प्राकृत के सबसे नये ग्रन्थ 'षड्भाषा सुबन्त रूपादर्श' में 'नागोबा' ने भी यही ढंग रखा है। यह ग्रन्थ गम्भीर ज्ञान का नहीं बल्कि चलतू ज्ञान का परिचय[4] देता है। नागोबा की पुस्तक प्राकृत की 'शब्दरूपावलि' है।

१. इस विषय में पिशल के 'डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस' में पेज ३९-४३ तक सविस्तर वर्णन दिया गया है। — २. प्रोसीडिङ्ग ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बैंगौल, १८८० के पेज ११० और उसके बाद के पेजों में होएर्नले का लेख। — ३. बुर्नेल द्वारा संपादित 'क्लैसिफाइड इंडेक्स' पेज ४३; लास्सन के 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस...' के पेज ११-१५ तक की तुलना भी करें।— ४. बुर्नेल की उपर्युक्त पुस्तक, पेज ४४।

§ ४०—महाराष्ट्री, जैन महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैन शौरसेनी के अतिरिक्त अन्य प्राकृत बोलियों के नियमों का ज्ञान प्राप्त करने के लिए 'मार्कण्डेय कवीन्द्र' का 'प्राकृतसर्वस्वम्' बहुत मूल्यवान है। मैंने इस पुस्तक की दो हस्तलिखित प्रतियों का उपयोग किया है। एक ताड़पत्र पर लिखी हुई है और इण्डिया आफिस में है। मैकंजी की हस्तलिखित प्रतियों में इसकी संख्या ७० है और यह नागरी लिपि में लिखी गयी है। इसे सुरक्षित रखने के लिए इसके बाहर लकड़ी के दो टुकड़े रखे गये हैं। उनमें से ऊपर की लकड़ी के टुकड़े पर नागरी अक्षरों में लिखा है—'पिंगल व्याकरण' और रोमन अक्षरों में लिखा है—'पेंगल, प्रौक्रोत, सुर्व, भाषा व्याकरनम्।' अब यह शीर्षक मिट गया है और नीचे के तख्ते में लिखा है—'पंगल प्रौक्रोत सुर्व भौषा व्याकरणम्।' पहले ही पन्ने में नागरी में लिखा है—'श्री रामः, पिंगलप्राकृत-सर्वस्व भाषाव्याकरणम्। दूसरी हस्तलिखित प्रति औक्सफोर्डकी है जिसका वर्णन औफरेष्ट के काटालोगुस काटालोगुरुम के पेज १८१ संख्या ४१२ में है। ये दोनों हस्तलिखित प्रतियाँ एक ही मूल पाठ से उतारी गयी है और इतनी विकृत हैं कि इनका अर्थ लगाना कठिन हो जाता है। इसलिए इसके कुछ अंश ही मैं काम में ला पाया हूँ। इस ग्रन्थ के अन्त में इस ग्रंथ की नकल करनेवाले का नाम, ग्रन्थकार का नाम और जो समय दिया गया है, उससे ज्ञात होता है कि 'मार्कण्डेय' उड़ीसा का निवासी था और उसने 'मुकुन्ददेव' के राज्य में अपना यह ग्रन्थ लिखा। औफरेष्ट का अनुमान है कि यह 'मुकुन्ददेव' वही राजा है जिसने 'स्टर्लिंग' के मतानुसार सन् १६६४ ई० में राज्य किया, किन्तु निश्चित रूप से यह बात नहीं कही जा सकती। 'मार्कण्डेय' ने जिन-जिन लेखकों के ग्रन्थों से अपनी सामग्री ली है उनके नाम हैं—शाकल्य, भरत, कोहल, वररुचि, भामह (§ ३१ से ३३ तक) और वसन्तराज।

वसन्तराज वह है जिसने 'प्राकृतसंजीवनी' बनायी है। कौवेल्[1] और औफरेष्ट[2] यह मानते हैं कि 'प्राकृतसंजीवनी' वररुचि की टीका है। किन्तु यह बात नहीं है। यद्यपि वसन्तराज ने अपना ग्रन्थ वररुचि के आधार पर लिखा तथापि उसका ग्रन्थ सब भाँति से स्वतंत्र है। यह ग्रंथ कर्पूरमंजरी ९, ११ में (बम्बई संस्करण) उद्धृत किया गया है : 'तद् उक्तम् प्राकृतसंजीविन्याम्। प्राकृतस्य तु सर्वम् एव संस्कृतम् योनिः' (§ १)। मुझे अधिक सम्भव[3] यह मालूम पड़ता है कि यह वसन्तराज राजा कुमारगिरि वसन्तराज है, जो काटयवेम[4] का दामाद है, क्योंकि काटयवेम ने यह बात कही है कि वसन्तराज ने एक नाट्यशास्त्र लिखा, जो उसने वसन्तराजीयम्[5] बताया है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि उसे स्वभावतः प्राकृतभाषा से प्रेम और उसका ज्ञान रहा होगा। काटयवेम के शिलालेख ईसवी[6] सन् १३९१, १४१४ और १४१६ के मिलते हैं। यदि मेरे अनुमान के अनुसार नाट्यकार और महाराजकुमार वसन्तराज एक ही हों तो 'मार्कण्डेय' का काल १५ वीं सदी की पहली चौथाई में होना चाहिए। वह वसन्तराज, जिसने शाकुन ग्रंथ लिखा है, हुल्त्श[7] के मतानुसार प्राकृत व्याकरणकार से भिन्न है। अपने ग्रंथ में मार्कण्डेय ने अनिरुद्धभट्ट, भट्टिकाव्य, भोजदेव, दण्डिन्, हरिश्चन्द्र, कपिल, पिंगल, राजशेखर, वाक्पतिराज, सप्तशती और सेतुबन्ध[8] का उल्लेख किया है। इनमें सबसे बाद का लेखक 'भोजदेव' है जिसने अपना करण ग्रंथ 'राजमृगाङ्क' शक संवत् ९६४ (ईसवी सन् १०४२-४३) में रचा[10] है। विषय-प्रवेश के बाद मार्कण्डेय ने प्राकृत भाषाओं का विभाजन किया है। इसी विभाजन के अनुसार उसने पुस्तक में प्राकृत भाषाओं का साररूप से व्याकरण दिया है। सबसे पहले उसने महाराष्ट्री प्राकृत के नियम बताये हैं, जो आठ पादों में पूरे हुए हैं। पुस्तक का यह सबसे बड़ा खंड वररुचि के आधार पर है और हेमचन्द्र के व्याकरण से बहुत छोटा है, जिसमें कई बातें छूट गयी हैं और कई स्वतन्त्र नियम जोड़ दिये गये हैं। इसके अनन्तर ९वाँ पाद है, जिसके ९वें प्रकरण में शौरसेनी के नियम हैं। १०वें पाद में प्राच्य भाषा के विषय में सूत्र हैं। ११वें में आवन्ती और बाल्हीकी का वर्णन है और १२वें पाद में मागधी के नियम बताये गये हैं, जिनमें अर्धमागधी का उल्लेख है (§ ३)। ९ से १२ तक के पाद एक अलग खण्ड सा है और इसका नाम है 'भाषाविवेचनम्'। १३ से १६वें पाद तक में विभाषाः (§ ३) का वर्णन है। १७ और १८ वें में अपभ्रंश भाषा का तथा १९ और २० वे पाद मे पैशाची के नियम बताये गये हैं। शौरसेनी के बाद अपभ्रंश भाषा का वर्णन बहुत शुद्ध और ठीक-ठीक है। हस्तलिखित प्रतियों की स्थिति बहुत दुर्दशाग्रस्त होने के कारण इसमें जो बहुमूल्य सामग्री है उससे यथेष्ट लाभ उठाना असम्भव है।

१. 'वररुचि' की भूमिका का पेज १० और बाद के पेज। — २. काटालोगुस काटलोगोरुम १, ३६०। — ३. राजा का नाम 'कुमारगिरि' और उसका उपनाम 'वसन्तराज' है, 'एपिग्राफिका इण्डिका' ४, ३१८ पेज तथा बाद के पेजों से प्रमाण मिलता है। हुल्श पेज ३२७ से भी तुलना करें। — ४. काटयवेम नाम

मैंने पहले-पहल जी० एन० पत्रिका १८७३ में पेज २०१ और बादके पेजों में सप्रमाण दिया है। औफरेष्ट ने इस नाम को अपने 'काटलोगुस काटालोगोरुम' में फिर से अशुद्ध 'काटयवेम' कर दिया है। 'एपिग्राफिका इण्डिका' ४,३१८ तथा बाद के पेजों के शिलालेख इस नाम के विषय में नाममात्र सन्देह की गुंजाइश नहीं रखते। — ५. डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १८। इस तथ्य से कि काटयवेम ने नाटकों की जो टीकाएँ लिखी हैं उनमें 'प्राकृतसंजीवनी' का उल्लेख नहीं किया है। यदि ये दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हों तो हम यह निदान निकाल सकते हैं कि ये टीकाएँ वसन्तराज ने अपने अलंकारशास्त्र की पुस्तकों के बाद और 'काटयवेम' नाम से लिखी होंगी। — ६. डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १८; एपिग्राफिका इण्डिका ४, ३२७, पद १७। — ७. हुल्श, एपिग्राफिका इण्डिका ४, ३१८। — ८. वसन्तराज शाकुन 'नेक्स्ट टेक्स्टप्रोलन' नामक ग्रन्थ की भूमिका (लाइप्सिख १८७९) पेज २९। — ९. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, पेज १७। — १०. थीबो, आस्ट्रोनोमी, आस्ट्रोलोजी उण्ट मार्थेमाटीक (स्ट्रासबुर्ग १८९९; ग्रुंडरिस, भाग ३, ९), § ३७।

§ ४१—'मार्कण्डेय' के व्याकरण से बहुत कुछ मिलता जुलता, विशेषतः महाराष्ट्री को छोड़ अन्य प्राकृत भाषाओं के विषय में मेल खानेवाला एक और ग्रन्थ रामतर्कवागीश का 'प्राकृतकल्पतरु' है, जिसकी एकमात्र हस्तलिखित प्रति बंगाला लिपि मे इण्डिया आफिस में ११०६ संख्या देकर रखी गयी है। यह बहुत दुर्दशाग्रस्त है इसलिए इसका बहुत कम उपयोग किया जा सकता है। 'रामतर्कवागीश' पर 'लास्सन' ने अपने 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस' के पेज १९ से २३ तक मे विचार किया है। पेज २० से यह पता चलता है कि 'रामतर्कवागीश' ने 'लंकेश्वर' द्वारा लिखे गये किसी प्राचीन ग्रन्थ के आधार पर अपनी पुस्तक लिखी। यह पुस्तक रावण द्वारा लिखी गयी 'प्राकृत कामधेनु' है। इसका दूसरा नाम 'प्राकृत लंकेश्वर-रावण' भी है और कई लोग इसे केवल 'लंकेश्वर' भी कहते[१] है। अभीतक 'प्राकृतकामधेनु' के खण्ड-खण्ड ही मिले है, पूरी पुस्तक प्राप्त नही हुई है[२]। यदि यह लंकेश्वर वही है जिसने 'काव्य माला-खण्ड' मे पेज ६ से ७ तक मे छपी शिवस्तुति लिखी है तो वह 'अप्पयदीक्षित' से पुराना है, क्योंकि बनारस से सवत् १९२८ मे प्रकाशित 'कुवलयानन्द' के श्लोक ५ की टीका मे अप्पयदीक्षित ने इसका उद्धरण[३] दिया है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि यह ईसवी सन् की १६ वीं सदी[४] के अन्त मे पहले का है। 'रामतर्कवागीश' उसके बाद के हैं। नरसिंह की 'प्राकृतशब्दप्रदीपिका' त्रिविक्रम के ग्रंथ का महत्त्वहीन अवतरण है। इसका प्रारम्भिक भाग[५] 'ग्रंथ-प्रदर्शनी' नामक पुस्तक-सग्रह की सख्या ३ और ४ में प्रकाशित किया गया है। ऊपर दिये गये ग्रन्थों के अतिरिक्त अनेक लेखकों के नाम हस्तलिखित प्रतियों मे पाये जाते हैं, इनमें से अधिकांश के विषय मे हम इनके लेखकों और ग्रन्थों के नामों को छोड़कर और कुछ नहीं जानते और किसी किसी लेखक और ग्रन्थ का यह हाल है कि कहीं-कही केवल रचयिता का और कहीं-कहीं केवल ग्रन्थ का नाम मिलता है। शुभचन्द्र ने 'शब्दचिन्तामणि'

नाम का ग्रन्थ लिखा। होएर्नले[7] के कथनानुसार इस ग्रन्थ में चार-चार पादों के दो अध्याय हैं। यह पुस्तक हेमचन्द्र के व्याकरण का अनुसरण करती है। दक्षिण के लेखक 'त्रिविक्रम देव' और 'सिंहराज' (§ ३८ और ३९) की भाँति 'शुभचन्द्र' इसका प्रारम्भ कई संज्ञासूत्रों से करता है। संभवतः राजेन्द्रलाल मित्र[8] ने जिस 'औदार्यचिन्तामणि' का उल्लेख किया है और जिसके विषय में उसने लिखा है कि इसका लेखक कोई 'शुभसागर'[9] है, वह यही ग्रन्थ है। 'कृष्णपंडित' अथवा 'शेषकृष्ण' की 'प्राकृतचन्द्रिका' श्लोकों में लिखा गया दोषपूर्ण ग्रन्थ है। पीटर्सन ने थर्ड रिपोर्ट के पेज ३४२ से ३४८ तक में उसके उद्धरण दिये हैं। ३४३, ५ से ज्ञात होता है कि उसका गुरु 'नृसिंह' था और ३४८, २१ में इस गुरु का नाम 'नरसिंह' बताया गया है। सम्भवतः 'प्राकृत-शब्दप्रदीपिका' का रचयिता इसीको समझना चाहिए। इस ग्रंथ के ३४६, ६ के अनुसार यह पुस्तक बच्चों के लिए लिखी गयी थी (शिशुहितां कुर्वे प्राकृतचन्द्रिकाम्)। ३४३, १९ के अनुसार ऐसा भान होता है कि वह महाराष्ट्री और आर्षम् को एक ही मानता है, क्योंकि वह वहाँ पर उसका उल्लेख नहीं करता यद्यपि केवल इस बोली पर उसने अन्यत्र लिखा है। जैसा उसके उदाहरणों से पता चलता है, उसने हेमचन्द्र के ग्रन्थ का बहुत अधिक उपयोग किया है। नाना प्राकृतों का विवरण और उनके विभाग, जो विशेष व्यक्तियों के नाम पर किये गये हैं (पेज ३४६-३४८), शब्द प्रतिशब्द 'भरत' और 'भोजदेव' जैसे प्राचीन लेखकों से ले लिये गये हैं। इनमें पेज ३४८ में 'भारद्वाज' नया है। एक 'प्राकृतचन्द्रिका' वामनाचार्य ने भी लिखी है, जो अपना नाम 'करञ्जकविसार्वभौम' बताता है और 'प्राकृतपिंगल' (§ २९) की टीका का भी रचयिता है[1]। प्राकृत-शिक्षा प्रारम्भ करनेवालों के लिए एक संक्षिप्त पुस्तक प्रार्थितनामा अप्पयदीक्षित[10] का 'प्राकृतमणिदीप' है। यह लेखक सोलहवीं शताब्दि के उत्तरार्ध में हुआ है। जिन-जिन ग्रन्थों से उसने अपनी सामग्री एकत्र की है उनका उल्लेख करते हुए वह त्रिविक्रम, हेमचन्द्र, लक्ष्मीधर, भोज, पुष्पवननाथ, वररुचि तथा अप्पयज्वन् के नाम गिनाता है (§ ३२)। 'वार्त्तिकार्णवभाष्य', जिसका कर्ता या स्वतन्त्र लेखक 'अप्पयज्वन्' ही है, किन्तु वास्तव में उसका ग्रन्थ त्रिविक्रम की पुस्तक में से संक्षिप्त और अशुद्ध उद्धरणमात्र है जिसका कोई मूल्य नहीं है। इसका बहुत छोटा भाग 'ग्रन्थप्रदर्शिनी' की संख्याएँ ३, ५, ६, ८-१० और १३ में छपा है। एक प्राकृतकौमुदी[11] और समन्तभद्र[12] आदि के प्राकृतव्याकरण का उल्लेख और करना है। 'साहित्यदर्पण' १७४, २ के अनुसार 'विश्वनाथ' के पिता 'चन्द्रशेखर' ने 'भाषार्णव' नाम का ग्रन्थ लिखा था। पिशल द्वारा सम्पादित शकुन्तला के १७५, २४ में 'चन्द्रशेखर' ने अपनी टीका में 'प्राकृत साहित्य-रत्नाकर' नाम के ग्रन्थ का उल्लेख किया है और इसी ग्रन्थ के १८०, ५ में भाषाभेद से एक उद्धरण दिया गया है, जो सम्भवतः प्राकृत पर कोई ग्रन्थ रहा होगा। 'मृच्छकटिक' १४, ५ पेज २४४ (स्टैन्सलर का एक संस्करण जो गौडबोले के ४०, ५ पेज ५०१ में है) की टीका में 'पृथ्वीधर' ने 'देशीप्रकाश' नाम के किसी ग्रन्थ से काणेली कन्यका माता उद्धृत किया है। टीकाकारों ने स्थान-स्थान पर प्राकृत सूत्र

दिये हैं जिनके बारेमें यह पता नहीं चलता कि वे किन ग्रन्थों से लिये गये हैं।

१. यही स्वीकारोक्ति संभव है। राजेन्द्रलाल मित्र द्वारा संपादित 'नोटिसेज ९, २३९, संख्या ३,१५७' में उसके ग्रंथों की भूमिका में स्पष्ट शब्दों में ग्रंथकर्ता का नाम 'रावण' दिया गया है और समाप्तिसूचक पंक्तियाँ हैं—इति रावणकृता प्राकृतकामधेनुः समाप्ता। संख्या ३१५८ की समाप्तिसूचक पंक्ति में रचयिता का नाम 'प्राकृतलंकेश्वर रावण' दिया गया है। 'लास्सन' ने अपने ग्रंथ 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस···' में 'कोलब्रुक' के मतानुसार ग्रन्थ का नाम 'प्राकृत-लंकेश्वर' दिया है। उसका यह भी मत है कि यह ग्रन्थ 'प्राकृतकामधेनु' से भिन्न है और 'लाइडन' के साथ उसका भी यह मत है कि इसका कर्ता 'विद्या-विनोद' है। रामतर्कवागीश ने (लास्सन : इन्स्टीट्यूत्सीओनेस···पेज २०) ग्रन्थ-कर्ता का नाम 'लंकेश्वर' बताया है। यही नाम 'शिवस्तुति' और 'कालाग्निरुद्रो-पनिषद्' के रचयिता का भी है (औफरेष्ट : काटालोगुस काटालोगोरुम १,५४२)। यह स्पष्ट ही रावण का पर्याय है। राजेन्द्रलाल मित्र की इस सम्मति पर विश्वास हो जाता है कि राक्षस दशमुख रावण से यह 'रावण' भिन्न है। — २. नोटिसेज ९, २३८ और उसके बाद के पेज में संख्या ३१५७ और ३१५८ में स्पष्टतः इस ग्रन्थ के कई भागों के उद्धरण दिये गये हैं। संभावना यही है। पहले खंड में ऐसा मालूम होता है कि पिंगल के अपभ्रंश पर लिखा गया है। — ३. दुर्गा-प्रसाद और परब : काव्यमाला १, ७ में नोट १। — ४. काव्यमाला १, ९१ नोट १; एपिग्राफिका इण्डिका ४, २७१। — ५. औफरेष्ट के काटालोगुस काटालोगो-रुम २, ८१ के अनुसार ऐसा मत बन सकता है कि यह ग्रन्थ संपूर्ण प्राप्त है, पर केवल आठ ही पन्ने छपे हैं। — ६. एपिग्राफिका इण्डिका २, २९। — ७. प्रोसीडिङ्गस ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बैंगाल १८७५, ७७। — ८. इस सम्बन्ध में औफरेष्ट के काटालोगुस काटालोगोरुम १,६५९ की तुलना कीजिए। — ९. औफरेष्ट : काटालोगुस काटालोगोरुम १, ३३७; ३६०; ५६४, 'राजेन्द्रलाल' मित्र के 'नोटिसेज ४,१७२की संख्या १६०८'से पता चलता है कि 'प्राकृतचंद्रिका' इससे पुराना और विस्तृत ग्रन्थ है। — १०. औफरेष्ट : काटालोगुस काटालोगो-रुम १,२२; २,५ में समयसम्बन्धी भूल है। हुल्श की 'रिपोर्टस् ऑन सँस्कृत मैन्युस्क्रिप्ट्स् इन सदर्न इण्डिया' १,६७ की संख्या २६५ में बताया गया है कि इस ग्रन्थ का रचयिता 'चिनभोम्मभूपाल' है। यही बात समाप्तिसूचक पद में भी है। इस संस्करण के पेज २१ और २७ से भी तुलना करें। — ११. औफरेष्ट : काटालोगुस काटालोगोरुम १, ३६०। —१२. औफरेष्ट : काटालोगुस कोटालोगोरुम १,३६१।

§ ४२—भारत के प्राकृत व्याकरणकारों के विषय में 'ब्लौख' ने विशेष प्रतिष्ठासूचक सम्मति नहीं दी है। उसकी यह सम्मति चार वाक्यों में आ गयी है'— '(१) प्राकृत व्याकरणकारों का हमारे लिए केवल इसलिए महत्त्व है कि इसमें प्राचीन समय की एक भी हस्तलिखित प्रति हमारे पास नहीं है और न मिलने

की आशा है। (२) उनकी लिखी बातों की शुद्धि के विषय में उन्हीं की हस्तलिखित प्रतियों से छानबीन की जा सकती है। (३) हमारे पास जो हस्तलिखित प्रतियाँ हैं उनमें कहीं-कहीं जो मतभेद दिखाई देता है उसे तबतक असत्य मानना पड़ेगा जबतक कोई अच्छी हस्तलिखित प्रति प्राप्त न हो और उसके द्वारा इसके मतभेद की पुष्टि न मिले। (४) हमें यह न मानना चाहिये कि हमारी हस्तलिखित प्रतियों की ये बातें, जिनके विषय में उन्होंने मौन धारण कर रखा हो, वे न जानते थे और इससे भी बड़ी बात यह है कि ये बातें या रूप उनके समय में विद्यमान न थे। प्राकृत व्याकरणकारों के विषय में यह दलील गलत है कि उन्होंने जो बात न लिखी हो उसे वे न जानते हों।' इन चार बातों में से चौथी बात अंशतः ठीक है। अन्य तीन बातें मूलतः गलत हैं। हमें हस्तलिखित प्रतियों के अनुसार व्याकरणकारों को शुद्ध करना नहीं है, बल्कि व्याकरणकारों के अनुसार हस्तलिपियाँ सुधारनी हैं[१]। इस विषय पर मैं यह संकेत करके संतोष कर लूँगा कि पाठक २२ से २५ § तक शौरसेनी, मागधी, शाकारी और ढक्की के विषय में पढ़कर उनपर इस दृष्टि से विचार करें। इन बोलियों का चित्र व्याकरणकारों के नियमों को पढ़कर ही हम बहुत-कुछ तैयार कर सकते हैं; हस्तलिखित प्रतियों में बहुत-सी बातें मिलती ही नहीं। उदाहरणार्थ 'ब्लौख'[१] के मतानुसार 'मृच्छकटिक' की 'पृथ्वीधर' की टीका में पृथ्वीधर के मत से 'चारुचन्द्र' का पुत्र 'रोहसेन' मागधी प्राकृत में बातचीत करता है, किन्तु 'स्टेन्त्सलर' के मतानुसार वह शौरसेनी बोलता है। इन दो भिन्न-भिन्न मतों से यह पता चलता है कि इन विद्वान टीकाकारों पर कितना भरोसा किया जा सकता है। जैसा § २३ के नोट, संख्या २ में दिखाया गया है कि हस्तलिखित प्रतियों में ऐसे लक्षण विद्यमान हैं जिनसे ज्ञात होता है कि यह दोष हस्तलिखित प्रतियों के सिर पर मढ़ा जाना चाहिए न कि विद्वानों के। मेरे द्वारा सम्पादित शकुन्तला का संस्करण प्रकाशित होने के पहले विद्वानों को यह मानना पड़ा कि 'सर्वदमन' (पेज १५४ से १६२ तक) शौरसेनी प्राकृत में बोलता होगा। मेरे संस्करण में जो आलोचना की गई है उससे ज्ञात होता है कि मागधी के चिह्न कितने कम मिलते हैं। ऐसी स्थिति में आज भी किसी विद्वान को यह कहने में कोई हिचक नहीं हो सकती कि भले ही अधिकांश हस्तलिखित प्रतियों में इसके बहुत कम चिह्न मिलते हैं जिनसे कि मागधी नियम स्पष्ट रूप से समझ में आयें तो भी मागधी का शुद्ध रूप हमें खड़ा करना होगा। इसलिए 'कापेलर'[२] की बात बिल्कुल ठीक है कि 'सर्वदमन' और 'रोहसेन' एक ही भाषा बोलते होंगे। इस बात में सन्देह नहीं कि व्याकरणकारों ने इस विषय में जो नियम बनाये हैं उनकी उचित रीति से छानबीन और पूर्ति की जानी चाहिए। मुझे कोई कारण नहीं दीखता कि हेमचन्द्र[३] के बारे में जो सम्मति मैं दे चुका हूँ उसे बदलूँ। हमें यह न भूलना चाहिए कि प्राचीन काल के व्याकरणकारों के सामने जो-जो सामग्री प्रस्तुत थी हमें अभी तक उस साहित्य का केवल एक छोटा-सा भाग प्राप्त हुआ है*। हेमचन्द्र के व्याकरण

* अपभ्रंश, जैन महाराष्ट्री आदि पर इधर बहुत सामग्री प्रकाशित हुई है। उसका लाभ उठाया जाना चाहिए। —अनु०

के ग्रन्थ के समान ग्रन्थ बहुत प्राचीन साहित्य के आधार पर लिखे गये हैं। जैन शौरसेनी के (§ २१) थोड़े-से नमूने इस बात पर बहुत प्रकाश डालते हैं कि शौरसेनी के नियमों पर लिखते हुए हेमचन्द्र ने ऐसे रूप दिये हैं जो प्राचीन व्याकरणकारों के ग्रन्थों और नाटकों मे नहीं मिलते। 'लास्सन' ने १८३७ ई० में व्याकरणकारों के ग्रन्थों से बहुत से रूपों की पुष्टि की थी और आज कई ग्रन्थों में उनके उदाहरण मिल रहे हैं। इसी प्रकार हम भी नये-नये ग्रन्थ प्राप्त होने पर यही अनुभव प्राप्त करेंगे। व्याकरणकारों की अवहेलना करना उसी प्रकार की भयंकर भूल होगी जिस प्रकार की भूल विद्वानों ने वेद की टीका करते समय इस विषय की भारतीय परम्परा की अवहेलना करके की है। इनका निरादर न कर हमें इनके आलोचनात्मक संस्करण प्रकाशित करने चाहिए।

१.वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा पेज ४८। — २.उपर्युक्त ग्रन्थ पेज ४। — ३. येनायेर लिटराटूरत्साइटुंग १८७७, १२४। — ४.याकोबी गे० गे० आ १८८८, ७१। — ५. हेमचन्द्र २, भूमिका पेज ४।

§ ४३–प्राकृत व्याकरण पर सबसे पहले 'होएफर' ने अपनी पुस्तक 'डे प्राकृत डिआलेक्टो लिब्रि दुओ' मे, जो बर्लिन से सन् १८३६ ई० में प्रकाशित हुई थी, अपने विचार प्रकट किये। प्रायः उसी समय 'लास्सन' ने अपनी पुस्तक 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस लिंगुआए, प्राकृतिकाए' प्रकाशित की। इसमे उसने प्राकृत की प्रचुर सामग्री एकत्र की। यह पुस्तक बौन से सन् १८३९ ई० में प्रकाशित हुई। 'लास्सन' की उक्त पुस्तक निकलनेके समय तक भारतीय व्याकरणकारों की एक भी पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई थी। प्राकृत में जो साहित्य है उसमें से नाटकों का कुछ हिस्सा छप सका था। 'मृच्छकटिक', 'शकुन्तला', 'विक्रमोर्वशी', 'रत्नावली', 'प्रबन्धचन्द्रोदय', 'मालतीमाधव', 'उत्तररामचरित' और 'मुद्राराक्षस' छप चुके थे, किन्तु इनके संस्करण अति दुर्दशाग्रस्त तथा बिना आलोचना के छपे थे। यही दशा 'काव्यप्रकाश' और 'साहित्यदर्पण' की थी जिनमें अनेक भूलें ज्यों की त्यों छोड दी गयी थीं। ऐसी अवस्था में 'लास्सन' ने मुख्यतया केवल शौरसेनी पर लिखा। महाराष्ट्री पर उसने जो कुछ लिखा उसमें व्याकरणकारों के मतों की कुछ चर्चा कर दी तथा 'मृच्छकटिक', 'शकुन्तला' और 'प्रबन्धचन्द्रोदय' से उद्धरण लेकर मागधी प्राकृत पर भी विचार किया। ऐसी स्थिति में, जब कोई प्राकृत-व्याकरण प्रकाशित नहीं हुआ था तथा संस्कृत नाटकों के भी अच्छे संस्करण नहीं निकल सके थे, अपर्याप्त सामग्री की सहायता से प्राकृत पर एक बड़ा ग्रन्थ लिखना 'लास्सन' का ही काम था। उसकी इस कृति को देखकर इस समय भी आश्चर्य होता है। अत्यन्त कुशाग्र बुद्धि और उत्तम ढंग से उसने बिगड़े हुए असंख्य स्थलों पर विकृत तथा अशुद्ध पाठों को सुधारा तथा उसका ठीक-ठीक संशोधन किया। उसकी बुनियाद पर बाद में संस्कृत और प्राकृत पाठोंके संशोधन का भवन निर्माण किया गया। फिर भी उसके आधार पर काम करनेवाला अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ। 'वेबर' ने महाराष्ट्री और अर्धमागधी पर काम किया। 'एडवर्ड म्यूलर' ने अर्धमागधी पर शोध की। 'याकोबी' ने जैन महाराष्ट्री बोली पर बहुत कुछ लिखा।

इन विद्वानों का उल्लेख यथास्थान किया गया है। 'कौवेल' ने 'ए शौर्ट इण्ट्रोडक्शन टू द औडनरी प्राकृत औफ द संस्कृत ड्रामाज् विथ ए लिस्ट औफ कौमन् इरेगुलर प्राकृत वर्डस्' पुस्तक लिखी, जो लन्दन से सन् १८७५ ईसवी में प्रकाशित हुई। यह ग्रन्थ वररुचि के आधार पर लिखा गया है। इसमें प्राकृत पर कुछ मोटी-मोटी बातें हैं। इसके प्रकाशन से कोई विशेष उद्देश्य पूरा न हो सका[१]। रिशीकेश शास्त्री ने (जिनका शुद्ध नाम 'हृषीकेश' होना चाहिए) सन् १८८३ ई० में कलकत्ता से 'ए प्राकृत ग्रैमर विथ इङ्गलिश ट्रांसलेशन' पुस्तक प्रकाशित की थी। इसमें भारतीय प्राकृत व्याकरणकारों के विचारों को यूरोपियन ढंग से सजाने का उसने प्रयास किया है। उसने उन हस्तलिपियों का उपयोग किया जिनका पाठ बहुत अशुद्ध था। आलोचनात्मक दृष्टि से पाठों को उसने देखा तक नहीं इसलिए उसका व्याकरण निकम्मा है। बहुधा प्राकृत के मोटे-मोटे नियम देने में ही वह अपने व्याकरण की सफलता समझता है। उसने केवल एक नयी बात बतायी है; एक अज्ञात-नामा पुस्तक 'प्राकृतकल्पलतिका' की सूचना उसने पहले पहल अपनी पुस्तक में दी है। 'हौग' ने सन् १८६९ई० में बर्लिन से 'फैरग्लाइशुङ्ग डेस प्राकृता मित डेन रोमानिशन श्प्राखन' पुस्तक प्रकाशित करायी। इसमें उसने प्राकृत और स्पैनिश, पोर्तुगीज, फ्रेञ्च, इटालियन आदि रोमन भाषाओं के रूपों में, जो समान ध्वनि-परिवर्तन के नियम लागू हुए हैं, तुलना की है। प्राकृत व्युत्पत्ति-शास्त्र के इतिहास पर होएर्नले[२] ने भी लिखा है। इस विषय पर सन् १८७०-८१ ई० तक जो-जो पुस्तकें निकली हैं या जो कुछ लिखा गया है, उनपर वेबर[४] ने अपने विचार प्रकट किये हैं।

१. येनारी द्वारा सम्पादित 'यारव्यूशर फ्यूर विस्सनशाफ्टलिशे क्रिटीक १८३६', ८६३ और उसके बाद के पेज। — २. येनाएर, लिटराट्रर्त्साइटुंग १८७५ के ७९४ और उसके बाद के पेजों में पिशल के लेख की तुलना कीजिए। — ३. 'कलकत्ता रिव्यू' सन् १८८० के अक्तूबर अंक में 'अ स्केच ऑफ द हिस्ट्री ऑफ प्राकृत फाइलोलौजी' शीर्षक लेख। 'सेंटिनरी रिव्यू ऑफ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बैंगौल (कलकत्ता १८८५)' खण्ड २ पेज १५७ और उसके बाद के पेज। — ४. हाल २ (लाइपत्सिख १८८१) भूमिका के पेज ७ और उसके बाद, नोट सहित।

§ ४४—इस व्याकरण में पहली बार मैंने यह प्रयत्न किया है कि सभी प्राकृत बोलियाँ एक साथ रख कर उन पर विचार किया जाय तथा जो कुछ सामग्री आज तक प्राप्त हुई है उसका पूरा-पूरा उपयोग किया जाय। 'लास्सन' के बाद इस समय तक अर्धमागधी, जैन महाराष्ट्री और महाराष्ट्री का प्रायः नब्बे प्रतिशत नया ज्ञान प्राप्त हुआ है। ये प्राकृत बोलियाँ बड़े महत्त्व की है, क्योंकि इनमें प्रचुर साहित्य रहा है। मैंने इस पुस्तक में ढक्की, दाक्षिणात्या, आवन्ती और जैन शौरसेनी प्राकृत बोलियों पर बिलकुल नयी सामग्री दी है। ये वे बोलियाँ हैं जिन-पर विचार प्रकट करने के लिए अभी तक बहुत कम पाठ मिल पाये हैं। शौरसेनी और मागधी पर मैंने फिर से विचार किया तथा उसका संशोधन किया है, जैसा

मैं पहले लिख चुका हूँ (§ १९, २२ और २३)। अधिकांश ग्रन्थों के पाठ, जो अर्ध मागधी, शौरसेनी और मागधी में मिलते हैं, छपे संस्करणों मे आलोचनात्मक दृष्टि से सम्पादित नही किये गये है, इसलिए इनमें से ९९ प्रतिशत ग्रंथ व्याकरण की दृष्टि से निरर्थक हैं। इस कारण मेरे लिए एक बहुत बड़ा काम यह आ गया कि कम से कम शौरसेनी और मागधी पर कुछ ऐसी सामग्री इकट्ठी की जाय जो भरोसे के योग्य हो, और मैंने इसलिए अनेक नाटकों के तीन या चार संस्करणों की तुलना करके उनका उपयोग किया है। इस काम मे मुझे बहुत समय लगा और खेद इस बात का है कि इतना करने पर भी मुझे सफलता नही मिली। अर्ध-मागधी के लिए ऐसा करना सम्भव न हो सका। इस भाषा के ग्रन्थों का आलोचनात्मक दृष्टि से सम्पादन करने पर इनमें बहुत संशोधन किया जा सकता है। यद्यपि मै पहले कह चुका हूँ कि प्राकृत भाषा के मूल में केवल एक संस्कृत भाषा ही नहीं अन्य बोलियाँ भी है, तथापि यह स्वयंसिद्ध है कि संस्कृत भाषा ही प्राकृत की आधारशिला है। यद्यपि मेरे पास अन्य भाषाओं की सामग्री बहुत है तथापि मैंने पाली, अशोक के शिलालेखों की भाषा, लेण प्रस्तर लेखों की बोली और भारतीय नयी बोलियों से बहुत सीमित रूप मे सहायता ली और तुलना की है। यदि मैं इस सामग्री से अधिक लाभ उठाता तो इस ग्रंथ का आकार, जो वैसे ही अपनी सीमा से बहुत बढ़ चुका है, और भी अधिक बढ जाता। अतः मैंने भाषासम्बन्धी कल्पित विचारों को इस ग्रन्थ में स्थान नहीं दिया। मेरी दृष्टि में यह बात रही कि भाषा-शास्त्र की पक्की बुनियाद डाली जाय और मैंने अधिकांश प्राकृत भाषाओं के भाषा-शास्त्र की नीव डालने मे सफलता प्राप्त की। जितने उद्धरणों की आवश्यकता समझी जा सकी, उनसे भी अधिक उद्धरण मैंने इस ग्रन्थ में दिये। प्राकृत भाषाओं और उनके साहित्य का ज्ञान अति संकीर्ण दायरे में सीमित है। इसलिए मैंने यह उचित समझा कि प्राकृत भाषाओं के नियमों का उदारता से प्रयोग किया जाय और साथ ही इनके शब्द-संग्रह का आरम्भ किया जाय।

अध्याय दो

ध्वनिशिक्षा

§ ४५—प्राकृत की ध्वनिसम्पत्ति का प्राचीन संस्कृत से यह भेद है कि प्राकृत में ऍ ओ[1] ळ (§ २२६) बोलियों में और स्वतन्त्र ञ (§ २३७), ल्ह (§ २४२) और संयुक्त ध्वनियाँ ञ्ज (§ २८२), ञ्च, ञ्ज (§ २१७), ह्ह (§ ३३१), ल्ह (§ ३३०), श्क, श्ख, ह्क (§ ३०२, ३२४), श्त (§ ३१०), ष्ट (ष्ट = श्ट), श्ठ, स्ट (§ ३०३) संस्कृत से भिन्न हैं। इसके विपरीत सभी प्राकृत बोलियों में ऋ, ऌ, ऐ, औ[2] और ष नहीं होते। केवल मागधी में ष कभी आता है[3] जैसे तिष्ठति का मागधी रूप चिष्ठदि है। (§ ३०३) विसर्ग (:) और विना स्वर के व्यंजन नहीं मिलते[1]। अधिकाश प्राकृतों में ऋ, न, य और श भी नहीं मिलते। अस्वर व्यंजन अर्थात् हलन्त्य अक्षर प्राकृत में नहीं होते। ङ, ञ स्ववर्ग के साथ संयुक्त होते हैं, जो व्यजन शब्द के भीतर स्वरों के बीच में होने से लुप्त हो जाते हैं और उनके स्थान पर हलके य की ध्वनि बोली जाती है। जैन हस्तलिपियों में यह य लिखा मिलता है (§ १८७)।

१. एस० गौल्डश्मित्त ऍ और ओ को अस्वीकार करता है। देखिए उसकी पुस्तक 'प्राकृतिका' पेज २८ से। याकोबी और पिशल इस मत के विरुद्ध हैं। — २. प्राकृत में केवल विस्मयबोधक ऐ रह गया है। देखिए § ६०। — ३. चण्ड २, १४ पेज १८ और ४४; हेच १, १; त्रिवि० और सिंह० पिशल की पुस्तक के ग्रामाटिकिस पेज ३४ और बाद के पेज में; पीटर्सन की थर्ड रिपोर्ट ३४४, १ में; कृष्णपण्डित, आव० एर्त्से० के पेज ६ के नोट ४ में; कल्पचूर्णी : पिंगल १, २ पेज ३, ४ और बाद के पेज, जिसमें ५ पंक्तियों में म के स्थान में भ पढ़ना चाहिए। लाइन ६ है सआदपुट्टे दि बे वि। पादवे ण दुअंति के स्थान पर कुछ ऐसा पाठ होना चाहिए पाउए णत्थि अत्थि; इसमें अत्थि, जैसा बहुधा होता है (§ ४९८) बहुवचन सन्ति के लिए आया है। इस छन्द में न तो हवन्ति और न होंति=भवन्ति ही मात्रा के हिसाब से ठीक बैठता है। छठी पंक्ति में भी म के स्थान में भ पढ़ा जाना चाहिए और सातवीं पंक्ति में अङ अः ङ य। इस उक्ति के अनुसार प्राकृत में ङ भी नहीं होता। इस विषय पर § २०१ देखिए।

§ ४६—महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री का ध्वनिबल (ऐक्सेंट) तथा अपभ्रंश कविता और अधिकांश में जैन शौरसेनी का भी वैदिक से मिलता है। चूँकि ध्वनिबल पर स्वरों का निबल (अशक्त) पड़ना और उतार-चढ़ाव निर्भर करता है और कहीं-कहीं निश्चित स्थिति में व्यंजनों को द्विज करना भी इसी पर

अवलम्बित करता है, इसलिए यह केवल संगीतमय अर्थात् ताल-लय की ही दृष्टि से नहीं बल्कि यह प्रधानतया गले से निकालनेवाले निःश्वास-प्रश्वास से सम्बन्ध रखता होगा। शौरसेनी, मागधी और ढक्की में प्राचीन संस्कृत का ध्वनिबल प्रमाणित किया जा सकता है। यह ध्वनिबल (ऐक्सेंट) लैटिन से बिलकुल मिलता है। पाराग्राफों में इस पर सविस्तर लिखा गया है। पिशल के इस मत का विरोध 'याकोबी' और 'ग्रियर्सन' करते हैं।

अ। ध्वनित और स्वर

१ ध्वनित

§ ४७—अपभ्रंश प्राकृत में ऋ बोली में (§ २८) रह गया है। (हेमचन्द्र ४, ३२९; क्रमदीश्वर ५, १६; नमिसाधु की टीका, जो उसने रुद्रट के 'काव्यालंकार' पर २, १२ और पेज १५९ में की है): तृणु = तृणम् (हेमचन्द्र ४, ३२९; नमिसाधु उपयुक्त स्थान पर): सुकृदु (हेमचन्द्र ४, ३२९), सुकृदम् (क्रमदीश्वर ५, १६) = सुकृतम्; गृण्हइ=गृह्णाति, गृहन्ति=गृह्णान्ति, गृण्हेप्पिणु=गृह्णित्वीनम् (§ ५८८)=गृहीत्वा (हेमचन्द्र ४, ३३६ और ३४१, २)। कृदन्त हों=कृतान्तस्य(हेमचन्द्र ४,३७०,४) अधिकांश अपभ्रंश बोलियों में, जैसा सभी प्राकृत भाषाओं का नियम है, 'ऋ' नहीं होता। चूली पैशाचिक खृत= घृत, यह शब्द क्रमदीश्वर ५,१०२ में आया है और ऐसा लगता है कि इसका पाठ ग्वत* होना चाहिए जैसा कि इसी ग्रन्थ के ५,११२ में दृढ़हृदयक के लिए त ठ हितपक दिया गया है। यह उदाहरण 'लास्सन' के 'इन्स्टीट्यूत्सीओनेस' के पेज ४४१ में नहीं पाया जाता। ध्वनित अक्षर के रूप में 'ऋ' ह्रस्व 'अ' 'इ' और 'उ' के रूप में बोला जाता है। जैसा व्यञ्जन र कार (§ २८७ से २९५) वैसे ही ध्वनित ऋ-कार भी अपने पहले आये हुए व्यजन से मिल जाता है जिसके कारण केवल स्वर ही स्वर (अर्थात् अ या इ) शेष रह जाता है। इस नियम के अनुसार प्राकृत और अपभ्रंश में व्यञ्जनों के बाद का ऋ, अ, इ, उ, में परिणत हो जाता है।[1] शब्दों के आरम्भ में आनेवाले ऋ के विषय में § ५६ और ५७ देखिए। ऋ के लिए ए कहाँ पर आता है इस विषय पर § ५३ देखिए।

१. मालौव : आन्त्साइगर फ्यूर डौयत्शेश आल्टाटूम उण्ट डौयत्शे लिटेराटूर २४,१०। योहान्नेस श्मित्त लिखित 'त्सूर गेशिष्टे डेस इण्डोगर्मानिशन वोकालिज्मुस' २,२ और बाद के पेज; क्रिटीक डेर सोनांटन थेओरी पेज १७५ और बाद के पेज; वेष्टल : 'डी हौपृप्रौब्लेमेडेर इण्डोगर्मानिशन लौटलेरे जाइट इलाइहार' पेज १२८ और उसके बाद के पेज। इस विषय का विस्तृत साहित्य 'वाकरनागल' के 'आल्टइण्डिशे ग्रामाटीक' § २८ और उसके आगे मिलता है। 'वाकरनागल' के मत से इसका मूल र स्वर था।

§ ४८—'ऋ' के साथ कौन स्वर बोला जाता है, यह अनिश्चित होने के कारण

* घृत का प्राकृतों में घत भी होता है। चूलीपैशाचिक में साधारणतया घ का ख हो जाता है। —अनु०

वइसाल रूप दिये हैं। भामह, हेमचन्द्र, मार्कण्डेय और प्राकृतकल्पलता **स्वैर के** स्थान पर **सइर** बतलाते हैं। यह रूप 'पाइयलच्छी' ने भी दिया है। भामह, हेमचन्द्र और मार्कण्डेय **वैदेश** के लिए **वइएस** रूप देते हैं। भामह, हेमचन्द्र, मार्कण्डेय और प्राकृतकल्पलता **कैतव** के स्थान पर महाराष्ट्री रूप **कइअव** देते हैं (गउड०; हाल)। यह शब्द जैनमहाराष्ट्री में **कइयव** पाया जाता है (पाइय० १५७; एत्सें०)। 'क्रमदीश्वर' और 'प्राकृतकल्पलता' में **वैदय** का प्राकृत रूप **वइस्स है** (विवाग० १५२; उत्तर० ७५४), इसके साथ साथ अर्धमागधी में **वेस्स** रूप भी चलता है (सूय० ३७३), इसके अतिरिक्त **वैदेश्य** का **वइदेसिअ** हो जाता है और **वैषयिक का वेसइय**। केवल क्रमदीश्वर में **वैषम्य** का **वइसम्म** रूप मिलता है। केवल 'प्राकृतकल्पलता' में **क्षैत्र** का **खइत्त** बताया गया है। अन्य शब्दों के रूपों के विषय में मतभेद है। वररुचि १,३७ और क्रमदीश्वर १,३८ केवल **दैव** शब्द में इस बात की अनुमति देते हैं कि इसमें लेखक की इच्छा के अनुसार ऐ या **ए** लगाया जा सकता है। इस शब्द के विषय में हेमचन्द्र ने १,१५३ में एक विशेष नियम दिया है यद्यपि वह इस प्रकार अपने स्वर बदलनेवाले अन्य कई शब्दों से भलीभाँति परिचित है। 'प्राकृतकल्पलता' पेज ३७ और 'त्रिविक्रम' १,२,१०२ में यह शब्द **वैरादि** गण में शामिल किया गया है। मार्कण्डेय पन्ना १२ में इस शब्द को **दैवादि** गण में शामिल किया गया है। वररुचि १,३७ की टीका में भामह का मत है कि यह शब्द **दइव** बोला जाता है; किन्तु जब **व** का द्वित्व हो जाता है तब अइ के स्थान पर **ए** आ जाता है। वररुचि ने इसका उदाहरण **दें व्व** दिया है (३,५२)। क्रमदीश्वर ने भी ये दोनों रूप दिये हैं, किन्तु हेमचन्द्र ने तीन रूप दिये हैं—दें व्व, दइव्व और दइव, मार्कण्डेय ने **देव्व, दें व** रूप सिखाये हैं। यह दें व्व और **दइव** संस्कृत दैव्य के रूप हैं। अपभ्रंश **दइव** (हेमचन्द्र ४, ३३१; ३४०,१; ३८९) होता है। मार्कण्डेय पन्ना ६६ के और 'रामतर्कवागीश' के अनुसार (हेमचन्द्र १,१५३ पर पिशल की टीका देखिए) शौरसेनी प्राकृत में इस शब्द में अइ का प्रयोग नहीं किया जाता और 'रामतर्कवागीश' का मत है कि शौरसेनी में अइ स्वरों का प्रयोग बिलकुल नहीं होता। सच बात यह है कि जो सबसे उत्तम हस्तलिखित प्रतियाँ पायी जाती हैं (हेमचन्द्र १,१४८ पर पिशल की टीका देखिए) उनमें शौरसेनी और मागधी भाषा के ग्रन्थों में ऐकार का एकार दिया गया है और जिन शब्दों में अन्य प्राकृत भाषाओं में केवल **अइ** स्वरों का प्रयोग होता है उनमें भी उपर्युक्त प्राकृतों में अइ काम में नहीं आता। इस कारण शौरसेनी में **कैतव** का **केढव** हो जाता है (शकु० १०६, ६), **वैशाख** का **वेसाह** होता है (विद्ध० ७७,७) और **स्वैर** का **सेर** होता है (मृच्छ० १४३, १५; मुकुन्द० १७,१८ और १९)। जिन शब्दों में कभी **अइ** और कभी **ए** होता है उनमें शौरसेनी और मागधी में सदा **ए** का प्रयोग किया जाता है। इसलिए शौरसेनी और मागधी में **दें व्व** शब्द आता है (मृच्छ० २०,२४; शकु० ६०,१७; ७१,४; १६१,१२; मालवि० ५७,१९; रत्ना० ३१७,३२; मृच्छ० १४०,१०)।—भामह १,३५ के अनुसार **कैलास** शब्द का **केलास**

हो जाता है और हेमचन्द्र, मार्कण्डेय तथा प्राकृतकल्पलता के अनुसार **कइलास*** अथवा **केलास** होता है; पाइयलच्छी ९७ में **कइलास** शब्द है, महाराष्ट्री (गउड०; रावण०; बाल० १८१,१४) और शौरसेनी (विक्रमो० ४१,३; ५२,५; विद्ध० २५,९) में **केलास** मिलता है। —भामह १,३६ और चण्ड० २,६ के अनुसार **वैर** शब्द का प्राकृत रूप **वइर** होता है और हेमचन्द्र, मार्कण्डेय तथा प्राकृतकल्पलता का मत है कि इसका दूसरा रूप **वेर** भी होता है। इस प्रकार जैन-महाराष्ट्री में **वइर** (एर्त्से०), **वइरि** (एर्त्से०; कालेयक०), इसके साथ-साथ महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **वेर** शब्द काम मे लाया जाता है (रावण०; सूय० १६, ३५९, ३७५, ४०६, ८७२ और ८९१; आयार० १,२,५,५; भग०; एर्त्से०; कालेयक०; मृच्छ० २४,४; १४८,१; महावीर० ५२, १८ और १९; प्रबन्ध० ९,१६); मागधी मे **वइर** के लिए **वेल** शब्द है (मृच्छ० २१,१५ और १९; १३३,९, १६५,२); महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **वेरि** शब्द मिलता है (गउड०; एर्त्से०; कालेय०); जैनमहाराष्ट्री में **वैरिक** के लिए **वेरिय** शब्द आया है (कालेय०), अपभ्रंश **वेरिअ** है (हेमचन्द्र ४,४३९,१), मागधी में **वेलिय** लिखा जाता है (मृच्छ० १२६,६)।—क्रमदीश्वर के अनुसार **कैरव** का प्राकृत रूप **कइरव** होता है, किन्तु हेमचन्द्र, मार्कण्डेय और प्राकृतकल्पलता के अनुसार **केरव** भी इसका एक रूप है। क्रमदीश्वर ने बताया है कि **चैत्र** शब्द का प्राकृत रूप **चइत्त** है, किन्तु हेमचन्द्र, मार्कण्डेय और प्राकृतकल्पलता कहते हैं कि इसका एक रूप **चेत्त** भी होता है और महाराष्ट्री, अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री में (§ ६०) इसके लिए **जाइत्र** शब्द है। मार्कण्डेय ने इसे **जइत्त** और **जैत्त** लिखा है। भामह, हेमचन्द्र और क्रमदीश्वर भैरव शब्द के स्थान पर प्राकृत मे **भइरव** लिखते हैं, किन्तु मार्कण्डेय और प्राकृत-कल्पलता का मत है कि इसका दूसरा रूप **भेरव** भी है। महाराष्ट्री मे **भइरवी** का प्रयोग हुआ है (गउड०), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **भेरव** पाया जाता है (सूय० १२९ और १३०; आयार० १,६,२,३; १,७,६,५; २,१५,१५; ओव०; कप्प०; एर्त्से०), शौरसेनी मे **महाभेरवी** शब्द मिलता है (प्रबन्ध० ६५,४; ६६,१० [यहाँ **महाभेरवी** पाठ ही पढा जाना चाहिए क्योंकि यही शुद्ध है]), मागधी में **महाभेलव** का प्रयोग होता है (प्रबन्ध० ५८,१८ [यहाँ भी **महाभेलवी** पढ़ा जाना चाहिए])। —व्यक्तिवाचक नामों में जैसे **भैरवानन्द**, जो 'कर्पूरमंजरी' २४, २ में मिलता है, इसके स्थान पर हस्तलिखित प्रतियों में तथा 'कर्पूरमजरी' के बम्बइया सस्करण के २५, ४ तथा उसके बाद अधिकतर **भैरव** का प्रयोग ही मिलता है, किन्तु कोनो ने इस शब्द का शुद्ध रूप **भेरव** दिया है जैसा 'कालेयकुतूहलम्' के १६, १४ मे मिलता है। भामह, क्रमदीश्वर, मार्कण्डेय और 'प्राकृतकल्पलता' के अनुसार **वैशम्पायन** का **वइसम्पाअण** होता है और हेमचन्द्र ने बताया है कि इसका दूसरा रूप **वेसम्पाअण** भी होता है। हेमचन्द्र ने बताया है कि **वैश्रवण** के **वइसवण** और **वेसवण** दो रूप होते है। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में

* हिंदी, विशेष कर अवधी में इसकी परिणति **कबिलास** में हुई। —अनु०

इसका रूप **वेसमण** ही चलता है (नायाध० ८५२ और ८५३; उत्तर० ६७७; भग०; ओव०; कप्प०; एर्त्सें०)। इन शब्दों के अतिरिक्त हेमचन्द्र ने लिखा है कि **वैतालिक** तथा **वैशिक** शब्दों में भी **अइ** और **ए** बदलते रहते हैं। इस स्थान पर भामह के मत से केवल **अइ** होना चाहिए। अर्धमागधी में इस शब्द का एक ही रूप **वेसिय** पाया जाता है (अणुओग०)। व्याकरणकारों के सब गण आकृतिगण हैं; यह प्राकृत साहित्य की नयी-नयी पुस्तकें निकलने के साथ साथ संख्या में बढ़ते जाते हैं। ऐसे उदाहरण अर्धमागधी में **वैरोचन** के स्थान पर **वइरोयण** मिला है (सूय० ३०६; भग०) और **वैकुण्ठ** के लिए **वइकुण्ठ** आदि आदि।

§ ६१ अ—जैसा ऐकार के विषय में लिखा गया है उसी प्रकार हेमचन्द्र १,१; प्राकृतचन्द्रिका ३४४,५; और चण्ड २, १४ पेज ३७ में बताया गया है कि कुछ शब्दों में **औ** ही रहता है; **सौंदर्य्य** का **सौअरिय**, **कौरव** का **कौरव**, **कौलव** (चण्ड) होता है, हस्तलिखित प्रतियों में ऐसी अशुद्धियाँ बहुधा देखने में आती हैं। साधारण नियम यह है कि **औ** का **ओ** हो जाता है (वररुचि १,४१; चण्ड० २,८; हेमचन्द्र १,१५९; क्रमदीश्वर १,३९; मार्कण्डेय पन्ना १३), और मिले हुए दो व्यंजनों के पहले आने पर **ओ** के स्थान पर **ओँ** हो जाता है; पल्लवदानपत्र में **कौलिकाः** के स्थान पर **कोलिका** आया है (६,३९), **कौशिक** के स्थान पर **कोसिक** है (६, १६); महाराष्ट्री में इस शब्द के लिए **कोसिअ** आया है (हेमचन्द्र ; गउड० ३०६), शौरसेनी में भी **कोसिअ** रूप ही मिलता है (शकु० २०,१२)। —**औरस** शब्द के लिए शौरसेनी में **ओरस** पाया जाता है (विक्रमो० ८०,४)।—**औपम्य** के लिए अर्धमागधी में **ओवम्म** चलता है (ओव०)। —**औषध** के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी में **ओसह** शब्द काम में लाया जाता है (§ २२३)।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **कौतुक** के लिए **कोउय** और **कोउग** चलता है (पाइय० १५६; सूय० ७३०; ओव०; कप्प०; एर्त्सें०)। — महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **कौमुदी** के लिए **कोमुई** आता है (भामह १,४१; हेमचन्द्र; क्रमदीश्वर; हाल; ओव०; एर्त्सें०), शौरसेनी में **कोमुदी** शब्दका प्रचार है (विक्रमो० २३,२०; प्रिय० १९,११; ४०,५)। —शौरसेनी में **कौशाम्बी** के लिए **कोसम्बी** शब्द आता है (भामह; हेमचन्द्र; रत्ना० ३१०, २१). किन्तु शौरसेनी में **कौशाम्बिका** के लिए **कोसंबिआ** आया है। —**कौतूहल** शब्द महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **कोउहल** हो जाता है (गउड०; उत्तर० ६११; एर्त्सें०; कालेय०) और शौरसेनी में इसका रूप **कोदूहल** मिलता है (मृच्छ० ६८,१४; शकु० १९,३ ; १२१,१०; १२९,१; विक्रमो० १९,७; मालती० २५७,१; मुद्रा० ४३,५; विद्ध० १५,२; प्रसन्न० ११,४; चैतन्य० ४२,१ और ४४,१२); शौरसेनी में **कोदूहलिल्ल** भी पाया जाता है (बाल० १६८, ३); महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **कौतूहल्य** के लिए **कोउहल्ल** शब्द मिलता है (हेमचन्द्र १,११७ और १७१; २,९९; पाइय० १५६, गउड०; हाल; कर्पूर० ५७,१; विवाह० ११,१२ और ८१२)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **कोऊहल्ल** भी मिलता है

(ओव० ; कालेय०) । कोहल के विषय में § १२३ देखिए । —द्यौ शब्द का महाराष्ट्री अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, दाक्षिणात्या और अपभ्रंश में दो हो जाता है (§ ४३६) । —जैनमहाराष्ट्री में द्यौष्पति के लिए दोवइ शब्द चलता है (कालका०) । —अर्धमागधी में द्रौपदी का प्राकृत रूप दोवई है (नायाध० १२२८), मागधी में दोवदी होता है (मृच्छ० ११,७; १६, २३; १२८,१४ [यह पाठ अधिकतर हस्तलिखित प्रतियों में सर्वत्र पढ़ा जाना चाहिए; इस ग्रन्थ के १२९,६ में द्रौपदी के लिए दों प्पदी पाठ आया है जो अशुद्ध है बल्कि यह दों प्पदी दुष्पतिः के स्थान पर आया है ।]) ।—जैनशौरसेनी में धौत शब्द के लिए धोद मिलता है (पव० ३७९,१) । —पौराण के लिए महाराष्ट्री और अर्धमागधी में पोराण चलता है (हाल; ओव०; कप्प० राय० ७४ और १३९; हेमचन्द्र ४, २८७), जैनमहाराष्ट्री में इसका प्राकृत रूप पोराणय है (एत्सें०) । —सौभाग्य के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में सोहग्ग है (गउड०; हाल; रावण०; ओव०; एत्सें०; मृच्छ० ६८,१७; शकु० ७१,८; विक्रमो० ३२,१७; महावी० ३४,११; प्रबन्ध० ३७,१६; ३८,१; ३९,६) । —कौस्तुभ के लिए महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में कों त्थुअ* होता है (भाम०; हेमचन्द्र; गउड०; हाल; रावण०; एत्सें०) । —यौवन (§ ९०) के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश में जों व्वण मिलता है । —महाराष्ट्री में दौत्य के स्थान पर दों च्च होता है (हाल ८४) ।—दौर्बल्य के लिए महाराष्ट्री और शौरसेनी में दों ब्बल होता है (गउड०; हाल; रावण०; शकु० ६३,१) । —जैनमहाराष्ट्री में प्रपौत्र के लिए पवों त्त होता है (आव०; एत्सें० ८,३१) । —मौक्तिक शब्द के लिए महाराष्ट्री और शौरसेनी में मों त्तिअ तथा जैनमहाराष्ट्री में मों त्तिय काम में आता है (गउड०; हाल; रावण०; मृच्छ० ७०,२५; ७१,३; कर्पूर० ७३,५; ८२,८; विद्ध० १०८,२; एत्सें०) ।—सौख्य शब्द के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी, शौरसेनी और अपभ्रंश में सों क्ख होता है (मार्क०; गउड०; हाल; रावण०; ओव०; कप्प०; एत्सें०; और कक्कुक शिलालेख ९; पव० ३८१,१९ और २०;३८३,७५; ३८५,६९; कत्तिगे० ४०२, ३६१, ३६२ और ३६९; मालती० ८२, ३; उत्तर० १,२१, ४; हेमचन्द्र ४, ३३२, १) और मागधी में शों क्ख होता है (प्रबन्ध० २८, १५; ५६, १; ५८, १६) । — सौम्य शब्द महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी से सों म्म हो जाता है (गउड०; रावण०; कक्कुक शिलालेख ७; रत्ना० ३१७,३१; महावी० ६,८; उत्तर० ३१,२० ; ६२,८; ७१,८; ९२, ८; अनर्घ० १४९,९; कस० ९,२), इस रूप के साथ-साथ अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में सोम शब्द भी चलता है (नायाध०; कप्प०; एत्सें०) । जैसा संस्कृत ऐ का प्राकृत में अइ हो जाता है वैसे ही अनेक शब्दों में औकार अउकार में परिणत हो जाता है । व्याकरणकारों ने ऐसे शब्दों को आकृतिगण पौरादि में संगृहीत किया है (वररुचि १,४२; हेमचन्द्र १,१६२; क्रम० १,४१; मार्क० पन्ना १३; प्राकृत० पेज ३८) । किन्तु जहाँ वे ऐकार

* शौरसेनी में यह कोत्थु पाया जाता है (कसवहो) —अनु०

वाले बहुत से शब्दों में **अइ** के साथ-साथ **ए** लिखने की भी अनुमति देते हैं, वहाँ **अउ** के साथ साथ **ओ** वाले शब्दों की अनुमति बहुत थोड़ी दी गयी है। वररुचि के १,४२ पर टीका करते हुए भामह ने लिखा है कि **कउसल** के साथ-साथ **कोसल** भी इच्छानुसार लिखा जा सकता है। हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, मार्कण्डेय और प्राकृत-लता में केवल **कउसल** शब्द आया है। हेमचन्द्र १,१६१ और १६२ में **कउच्छेअय** के साथ साथ **को`च्छेअय** दिया गया है। मार्कण्डेय पन्ना ११ में **मउण** के साथ साथ **मोण** लिखने की अनुमति दी गयी है और हेमचन्द्र का भी यही मत है। मार्कण्डेय ने **मउलि** के साथ-साथ **मोलि** लिखने की भी आज्ञा दी है क्योंकि उसका आधार कर्पूरमंजरी ६,९ है जहाँ यह शब्द मिलता है। हेमचन्द्र और प्राकृतकल्पलता ने भी यही अनुमति दी है। मार्कण्डेय के मतानुसार **कौरव** और **गौरव** में शौरसेनी में **अउ** नहीं लगता और प्राकृतकल्पलता में बताया गया है कि शौरसेनी मे **पौर** और **कौरव** में **अउ** नहीं लगाया जाता। भामह, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, प्राकृत-कल्पलता और मार्कण्डेय में बताया गया है कि **पौर** शब्द मे प्राकृत में **ओ** नहीं बल्कि **अउ** लगाया जाता है और इन व्याकरणकारों के मत से **कौरव** में भी **अउ** लगना चाहिए। इस विषय पर चण्ड का भी यही मत है। चण्ड और क्रमदीश्वर को छोड़कर सब व्याकरणकार **पौरुष** में भी **अउ** लगाना उचित समझते हैं। हेमचन्द्र और चण्ड **सौर** और **कौल** के लिए भी यही नियम ठीक समझते हैं। हेमचन्द्र और प्राकृत-कल्पलता **गौड़** के लिए (अर्धमागधी, अपभ्रंश रूप **गोड**), मार्कण्डेय और प्राकृत-कल्पलता **क्षौरित** के लिए, हेमचन्द्र **शौध** के लिए, मार्कण्डेय **क्षौर** के लिए और प्राकृतकल्पलता **औचित्य** के लिए **अउ** का प्रयोग ठीक समझते हैं। महाराष्ट्री मे **कौल** का (गउड०) **कउल** और **कोल** होता है (कर्पूर० २५,२. काले़य० १६,२१ [पाठ में **कौ** है जो **कउ** होना चाहिए।])। —महाराष्ट्री मे **गउड** (गउड़०) मिलता है, किन्तु अर्धमागधी और अपभ्रंश मे **गोड़** आया है (पण्हा० ४१ [पाठ मे **गौ** है किन्तु इस विषय पर वेबर, फैरत्साइशनिश २, २, ५१० देखिए], पिंगल० २, ११२ और १३८)। —महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **पौर** के लिए **पउर** होता है (गउड० ; कक्कुक शिलालेख १२; एर्त्से०: ऋषभ०), किन्तु शौरसेनी मे **पोर** होता है (शकु० १३८, ११; मुद्रा० ४२, १० [मूल पाठ में **पौ** छपा हुआ है]; १६१, १ ; मालती० २८८,३; उत्तर० २७,३; बाल० १४९, २१; काले़य० २५, ५); मागधी में **पौर** का **पोल** हो जाता है (मृच्छ० १६७, १ और २ [ग्रन्थ में **पौ** छपा है]), इसलिए मृच्छकटिक १६०, ११ में **पौला** शब्द सुधार कर **पोल** पढ़ा जाना चाहिए। —भामह, हेमचन्द्र, मार्कण्डेय और प्राकृतकल्पलता के अनुसार **पौरुष** का **पौरिस** होना चाहिए; किन्तु जैनमहाराष्ट्री मे **पोरिस** आता है (एर्त्से०) और अर्धमागधी में **पोरिसी** मिलता है (आयार० १, ८, १, ४: नम० ७४; उवास०; कप्प०), **पोरिसीय** भी मिलता है (सूय० २८१), **अपोरिसीय** (विवाह० ४४७, नायाध० ११९३) शब्द भी मिलता है। इस विषय पर § १२४ भी देखिए। —**मौन** शब्द के लिए हेमचन्द्र और मार्कण्डेय ने **मउण** रूप दिया है और शौरसेनी में भी यही रूप

मिलता है (विद्ध० ४६, ११), पर यह रूप अशुद्ध है; इस स्थान पर **मोण** रूप होना चाहिए, जैसा महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और अर्धमागधी में होता है (मार्क०; हाल; आयार० १, २, ४, ४; १, २, ६, ३; सूय० १२०, १२३, ४९५ और ५०२; पण्हा० ४०३; एर्त्से०; ऋषभ०)।—**मौलि** शब्द के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री मे **मउलि** होता है (गउड० कर्पूर० २, ५; सूय० ७३० और ७६६; ठाणंग० ४८०; ओव० § ३३; कालका०) और महाराष्ट्री में **मोलि** होता है (कर्पूर० ६,९)। शौरसेनी में भी **मोलि** आता है (कर्पूर० ११२, ३; मल्लिका० १८३,५; प्रसन्न० ३३,६ [पाठ में **मौ है**]), किन्तु **मउलि** भी मिलता है (विक्रमो० ७५, ११; मालती० २१८, १)। विक्रमोर्वशी के सन् १८८८ ई० मे छपे बम्बई-संस्करण १२२, १ और शंकर परब पण्डित की इसी पुस्तक के १३१, ४ के तथा 'मालतीमाधव' की एक हस्तलिखित प्रति और मद्रास के संस्करण में **मोलि** मिलता है और सन् १८९२ ई० के बम्बई के संस्करण १६७, २ मे **मउलि** मिलता है। नियम के अनुसार इन दोनों स्थानों पर **मोलि** शब्द होना चाहिए।—हेमचन्द्र के अनुसार **शौध** के लिए प्राकृत में **सउह** होना चाहिए, किन्तु शौरसेनी मे **सोध** रूप पाया जाता है (मालती० २९२, ४)। इन सब उदाहरणों मे यह पता चलता है कि बोली-बोली मे शब्दों के उलटफेर अधिक है, किन्तु व्याकरण-कारो मे इतना अधिक मतभेद नहीं है। शौरसेनी और मागधी के लिए शुद्ध रूप **ओ** वाला होना चाहिए। **गौरव** के लिए वररुचि १, ४३; हेमचन्द्र १, १६३; क्रमदीश्वर १,४२ मे बताया गया है कि **गउरव** के साथ साथ **गारव** भी चलता है और मार्कण्डेय पन्ना १३ के अनुसार इन रूपों के अतिरिक्त **गोरव** भी चलता है जो केवल शौरसेनी मे काम मे लाया जा सकता है, जैनमहाराष्ट्री में **गउरव** है (एर्त्से०), महाराष्ट्री और शौरसेनी मे **गोरव** भी पाया जाता है (हाल; अद्भुत द० ५४, १०), महाराष्ट्री, अर्ध-मागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **गारव** भी पाया जाता है (गउड०; हाल; रावण०; दस० ६३५, ३८; पण्हा० ३०७; उत्तर० ९०२; एर्त्से०); जैनमहाराष्ट्री मे **गारविय** भी मिलता है (कक्कुक शिलालेख ६)। **गारव** शब्द पाली **गरु** और प्राकृत **गरुअ** और **गरुय** से सम्बन्ध रखता है जो संस्कृत शब्द **गुरुक** § १२३, **गरीयस** और **गरिष्ठ** से सम्बन्ध रखते हैं। **औ** से निकले हुए **ओ** के स्थान पर कहीं **'उ'** हो जाता है, इस विषय पर § ८४ देखिए।

(आ) ह्रस्व स्वरों का दीर्घीकरण

§ ६२—**र** के साथ दूसरा व्यंजन मिलने पर विशेषतः **श ष** और **सकार** (उष्म वर्ण) मिलने से और **श ष** और **सकार** तथा **य र** और **व** (अंतस्थ) मिलने से अथवा तीनों प्रकार के **सकार** (श, ष, स) आपस मे मिलने से दीर्घ हो जाते हैं और उसके बाद संयुक्त व्यंजन सरल बना दिये जाते हैं। यह दीर्घीकरण महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में शौरसेनी और मागधी से बहुत अधिक मिलता है। शौरसेनी और मागधी में ह्रस्व स्वर ज्यों-के-त्यों बने रहते है और व्यंजन उनमे मिल जाते हैं। **र** के साथ मिले हुए व्यंजन के उदाहरण 'पल्लवदान-पत्र' मे **कात्र्थानम्** के

लिए **कातूणम्**; पैशाची में **कातूनम्** और अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री मे **काऊणम्** हैं (§ ५८५ और ५८६); 'विजयबुद्ध वर्मन' के दानपत्र मे **कातूण** मिलता है। जैनशौरसेनी मे **कादूण** आया है (§ २१)। महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **काऊण** रूप भी मिलता है जो सम्भवतः °**कर्त्वान** से निकला है (§ ५८६) ; महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **काउं**, शौरसेनी और मागधी मे **कादुं** मिलता है जो **कर्तुम्** के रूप है (§ ५७४)। महाराष्ट्री में **काअव्व**, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **कायव्व**; जैनशौरसेनी, शौरसेनी मे **कादव्व** रूप मिलते है जो **कर्तव्य** शब्द के प्राकृत भेद है (§ ५७०)। संस्कृत **गर्गरी** (देशी० २, ८९) के **गायरी** (जो °**गागरी** के समान है) और **गग्गरी*** रूप मिलते है।—महाराष्ट्री मे **दुर्भग** के लिए **दूहव** रूप मिलता है (हेमचद्र १, ११५ और १९२; कर्पूर० ८६, २)। इस रूप की समानता के प्रभाव से शौरसेनी मे **सुभग** का **सूहव** हो जाता है (हेमचद्र १, ११३ और १९२; मल्लिका० १२६, २)।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **निर्णयति** का **नीणेइ** होता है (निरया० § १७, उत्तर० ५७८; एर्त्से०); जैनमहाराष्ट्री मे **निर्णयत** का **नीणेह** हो जाता है (द्वारा० ४९६, ५), **निर्णीयमान** का **नीणिज्जन्त** और **नीणिज्जमाण** रूप है (आव०; एर्त्से० २४, ४; २५, ३४), **निर्णेष्यति** का **नीणेहिइ** होता है और **निर्णीय** का **णीणेऊण** होता है (एर्त्से०), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **निर्णीत** का **णीणिय** होता है (नायाध० ५१६; एर्त्से०)।—अपभ्रंश मे **सर्व** का **साव** हो जाता है (हेमचद्र ४, ४२०, ५; सरस्वती० १५८,२२)।—**र** के साथ अतिम ध्वनि अथवा अनुस्वार या अनुनासिक लगने से स्वर नियमित रूप मे ह्रस्व ही रह जाता है और व्यञ्जन शब्द मे मिल जाता है।—अर्धमागधी मे **परिमर्शिन्** के लिए **परिमासि** रूप है (ठाणंग० ३१३)।—अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी मे **स्पर्श** के लिए **फास**† शब्द है (हेमचद्र २, ९२ ; आयार० १, २, ३, २; १, ४, २, २ और ३, २; १, ५, ४, ५; १, ६, ३, २ सूय० १७०, १७२, २५७ और ३३७; पण्णव० ८, १०, ३६०; अणुओग० २६८; ओव०, कप्प०; एर्त्से०; पव० ३८४, ४७)।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री मे **वर्ष** का **वास** होता है (हेमचंद्र १, ४३; हाल; सूय० १४८; विवाह० ४२७, ४७९ और १२४३; उत्तर० ६७३; दस० ६३२, ४२; सम० १६६ ; उवास०, एर्त्से०)। अर्धमागधी मे **वर्षति** के लिए **वासइ** चलता है (दस०; नि० ६४८, ७ और १३ तथा १४), **वर्षितुकाम** के लिए **वासिउकाम** होता है (ठाणग० १५५); किन्तु शौरसेनी मे **वर्षतु** के लिए **वस्सारिदु** मिलता है (विद्ध० ९९, १; [इसी ग्रन्थ मे एक पाठ **वासारिदु** भी है])। मागधी मे **वस्सदि** रूप मिलता है (मृच्छ० ७९, ९)।—**सर्षप** शब्द के लिए अर्धमागधी रूप **सासव** है (आयार० २, १, ८, ३)।—अर्धमागधी मे कहीं-कहीं **'ल'** के साथ संयुक्त व्यञ्जन से पहले ह्रस्व स्वर का रूप दीर्घ हो

---

* हिंदी में 'गगरी' और कुमाउनी मे 'गागरि' रूप आज भी वर्तमान हैं। —अनु०

† हिंदी फांस, फांसी आदि से तुलना कीजिए। ये शब्द स्पर्श=फास और फंस के ही विकार है। —अनु०

जाता है; अर्धमागधी मे **फल्गुन** शब्द **फागुण*** हो जाता है (विवाह० १४२६), इसके साथ-साथ **फग्गुण** शब्द भी चलता है, **फग्गुमित्त** (कप्प०), **फग्गुणी** (उवास०) भी मिलते हैं। महाराष्ट्री मे **फग्गु*** शब्द आया है (हाल), शौरसेनी में **उत्तरफग्गुणी** और **फग्गुण** रूप मिलते हैं (कर्पूर० १८, ६; २०, ६; धनजय० ११, ७)। अर्धमागधी में **वल्कल** के लिए **वागल** रूप है (नायाध० १२७५; निरया० ५४), **वल्क** के लिए **वाग** आता है (ओव० § ७४; [पाठ में वाक् है]), किन्तु महाराष्ट्री और शौरसेनी में **वक्कल** आता है (गउड०; शकु० १०, १२; २७, १०; विक्रमो० ८४, २०; अनर्घ० ५८, ११), महाराष्ट्रीमें **अपवक्कल** के लिए **अववक्कल** शब्द आया है (गउड०) तथा मागधी मे **निरवल्कल** के लिए **णिव्वक्कल** मिलता है (मृच्छ० २२, ७)।

§ ६३—इस स्थान पर **श-ष-स**-कार और **य** के मेल से बने द्वित्व व्यञ्जन का प्राकृत मे क्या रूप होता है उसके उदाहरण दिये जाते हैं; अर्धमागधी मे **नश्यसि** का रूप **नाससि** होता है (उत्तर० ७१२); महाराष्ट्री में **णासइ, णासन्ति** और **णाससु** रूप मिलते हैं (हाल; रावण०); जैनमहाराष्ट्री मे **नासइ** और **नासन्ति** रूप पाये जाते हैं (एर्त्से०); अर्धमागधी मे **नस्सामि** रूप भी मिलता है (उत्तर० ७१३); अर्धमागधी मे **नस्सइ** (हेमचन्द्र ४, १७८ और २३०; आयार० १,२,३,५ [ऊपर लिखा **नासइ** देखिए]), **नस्समाण** (उवास०), **विणसइ** (आयार० १, २, ३, ५) रूप भी काम मे आये हैं; जैनमहाराष्ट्री मे **नस्सामो, णस्स** है (एर्त्से०)। शौरसेनी मे **णस्सदि** (शकु० ९५, ८) और मागधी मे **विणश्शदु** (मृच्छ० ११८,१९) रूप मिलते हैं।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **पश्यति** का रूप **पासइ** चलता है (आयार० १,१,५,२; सूय० ९१; विवाह० १५६, २३१, २७४, २७५, २८४ और १३२५; विवाग० १३९; नन्दी० ३६३ और ३७१; राय० २१ और २४०; जीवा० ३३९ और उसके बाद; दस० ६४३, १३ आदि-आदि; एर्त्से०)। अर्धमागधी मे एक वाक्य है; **पासियव्वं न पासइ, पासिउ कामे न पासइ, पासित्ता वि न पासइ** (पण्णव० ६६७)। इस प्राकृत में **अणुपस्सिया** भी है (सूय० १२२); **पास** आया है (इस शब्द का अर्थ ऑख है; देशी० ६,७५; त्रिविक्रम मे जो बेत्सेनबर्गर्स बाइत्रैगे ६, १०४ मे छपा है, ये रूप आते हैं)।—अर्धमागधी में **क्लिश्यन्ते** शब्द के लिए **कीसन्ति** (उत्तर० ५७६) रूप मिलता है, किन्तु जैनमहाराष्ट्री में **कीलिस्सइ** हो जाता है (एर्त्से०), शौरसेनी मे **अदिकिलिस्सदि** रूप पाया जाता है (आलवि० ७, १७)।—**शिष्य** के लिए अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **सीस**† शब्द का प्रचलन है (हेमचन्द्र १, ४३; ४, २६५; पाइय० १०१; दस० नि० ६४५, १२ और १३; कप्प०; आव०; एर्त्से० ४०,८ और उसके बाद; ४१, ११; द्वारा० ४९९,१३; एर्त्से०)। **शिष्यक** के लिए **सीसग** रूप मिलता है (आव०; एर्त्से० ४०,२२; द्वारा० ४९८,१३); इस शब्द के साथ-साथ जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **सिस्स** रूप भी मिलता है

---

* यह रूप 'फागुन' और 'फाग' रूप में हिंदी में वर्तमान है।—अनु०

† यह सीस प्राचीन हिंदी कवियों ने धड़ल्ले से व्यवहृत किया है—अनु०।

(आव०; एत्सें० ३३, २१; प्रिय० ३५, ५; हास्य० ३५, १३; २७, १९; ३४, ३ और ६, १०; मल्लिका० १५६, २३; कालेय० १८, ३ और ९; १९, १३; २४, १४; १६, ८ [इस स्थान पर अशुद्ध शब्द **सीस** आया है]) ; शौरसेनी में **सुशिष्य** के लिए **सुसिस्स** है (शकु० ७७, ११) और **शिष्या** के स्थान पर **सिस्सा** रूप आया है (मल्लिका० २१९, २०) ; इस शब्द के लिए अर्धमागधी में **सिस्सणी** का प्रयोग मिलता है (विवाह० ३४२ [पाठ में **सिसिणी** आया है] ; नायाध० १४९८; सम० २४१) ।—महाराष्ट्री में **तूसइ** (वररुचि ८, ४६ ; हेमचन्द्र ४, २३६ ; क्रमदीश्वर ४, ६८; हाल) आया है । जैनशौरसेनी में **तूसेदि** (कत्तिगे० ४००,३३५), किन्तु शौरसेनी रूप **तुस्सदि** मिलता है (मालवि० ८,३) ।—**मनुष्य** के लिए अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **मणूस** आया है (हेमचन्द्र १, ४३; सूय० १८०; विवाह० ७९, ३४१,३६१ और ४२५; उत्तर० १०५, पण्णव ७०६; दस० नि० ६५३, ११; ओव०; आव०; एर्सें० २६, ३४. एत्सें०), अर्धमागधी में **मणुसी*** (पण्णव० ७०६), किंतु साथ-साथ **मणुस्स** शब्द भी मिलता है (विवाह० ३६२ और ७१७ ; पण्णव ३६७; उवास०), यही शब्द जैनशौरसेनी में भी मिलता है (कत्तिगे० ३९९, ३०८) और महाराष्ट्री तथा शौरसेनी में सदा **मणुस्स**† का प्रयोग होता है (चण्ड० २, २६ पेज ४२; पाइय० ६०; हाल; मृच्छ० ४४, २ और ३, ७१, ९, ११७, १८, १३६, ७), मागधी में **मणुश्श** (मृच्छ० ११, २८; १३, ४, १७, १७; ३०, २१; १२५, २१ और १६४, ६) । **मणुश्शअ** (मृच्छ० १३१, १०) और **मणुश्शक** (मृच्छ० ११३, २१) मिलते हैं ।—मागधी के सम्बन्धकारक में भी दीर्घीकरणका यही नियम लागू होता है । **कामस्य** के स्थान पर उसमें कभी °**कामास** रूप चलता होगा, इस रूपका फिर **कामाह** हो गया, इसी प्रकार **चारित्रस्य** का **चालित्ताह** हो गया और **शरीरस्य** शब्द का **शलीलाह** रूप चला । अपभ्रंश में भी **कनकस्य** शब्द का **कणअह** रूप बन गया और **चण्डालस्य** का **चण्डालह** हो गया । बाद को **आ** ह्रस्व होकर **अ** बन गया ; इसके उदाहरण § २६४, ३१५ और ३६६ में देखिए और **कस्य, यस्य** तथा **तस्य** का सम्बन्धकारक अपभ्रंश में कैसे **कासु, जासु** और **तासु** रूप हो गये उसके लिए § ४२५ देखिए । अपभ्रंश में **करिष्यामि** का **करिष्यम्** (= **करिष्यामि**) और उससे **करीसु** तथा **प्राप्स्यामि** का **प्रापिष्यम्**‡ और उससे **पावीसु, प्रेक्षिष्ये** का **प्रेक्षिष्यामि** और उससे **पेक्खीहिमि, सहिष्ये** का **सहीहिमि** तथा **करिष्यसि** से **करीहिसि** बना, इसके लिए § ३१५, ५२०, ५२५, ५३१ और ५३३ देखिए ।

§ ६४—**श ष** और **स**कार से **र** मिले हुए द्वित्व व्यंजनवाले संस्कृत शब्दों से व्युत्पन्न प्राकृत शब्दों के उदाहरण इस § में दिये जाते हैं ; महाराष्ट्री में **श्वश्रू** शब्द का

* यह रूप नेपाली शब्द **मानुसि** (= **मनुष्य**) में पाया जाता है । —अनु०

† इसकी तुलना पाठक बँगला रूप **मानुष** से करें । —अनु०

‡ इन प्राकृत रूपों का प्रभाव आज भी मारवाड़ी **करस्यूं, पास्यूं** और गुजराती **करसी, जासी** आदि भविष्यकालसूचक धातुओं के रूपों में स्पष्ट है ।—अनु०

सासू होता है (हाल) और शौरसेनी में **सासुए** होता है जो सम्भवतः किसी स्थान-विशेष मे बोले जानेवाले संस्कृत रूप **श्वश्रुके** से निकला हुआ प्रतीत होता है (बाल० १५३, २०)।—संस्कृत शब्द **मिश्र** का महाराष्ट्री में **मीस** हो जाता है (हेमचंद्र १, ४३; २, १७०; हाल)। अर्धमागधी में **मिश्रजात** का **मीसजाय** होता है (ओव०); **मिश्रक** का **मीसय** होता है (ठाणग० १२९ और उसके बाद; कप्प०); **मीसिज्जइ** (उवास०), **मीसिय** (कप्प०), **मीसालिय** भी अर्धमागधी में मिलते हैं, साथ ही हेमचन्द्र ४, २८ में **मिस्सइ*** शब्द भी मिलता है ; शौरसेनी में **मिस्स** (मृच्छ० ६९, १२; शकु० १८, ३) ; **मिश्रिका** के लिए **मिस्सिया**† (शकु० १४२, १०) और **मिस्सिद** (प्रबन्ध० २९, ८) मिलते हैं। मागधी मे **मिश्श** चलता है (मृच्छ० ११, ६; ११७, ८)।—अर्धमागधी मे **विस्र** शब्द के लिए **वीस** आता है (सूय० ७५३)।—**विश्रामयति** के लिए महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **वीसमइ** मिलता है और शौरसेनी मे **विस्समीअदु** आया है (§ ४८९)।—**विस्रम्भ** के लिए महाराष्ट्री मे **वीसम्भ** होता है (हेमचंद्र १,४३;हाल; रावण०) किन्तु शौरसेनी मे **विस्सम्भ** होता है (मृच्छ० ७४,८;शकु०१९,४;मालती० १०५,१[A और D हस्तलिखित मे यह पाठ है]; २१०,७) ।—शौरसेनी मे **उस्रा** शब्द का **ऊसा** हो जाता है (ललित० ५५५,१) ।—**उच्छ्रूपयत** शब्द का अर्धमागधी मे **ऊसघेह** होता है;**उच्छ्रूपयत** शब्द सम्भवतः °**उत्श्रपयत** से निकला है (विवाह० ९५७); °**उच्छ्रूपित** से **ऊसविय** हुआ है (ओव०; कप्प०); अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **उच्छ्रूत** शब्द का **ऊसिय** हो जाता है (सूय० ७७१ और ९५८ [पाठ मे दीर्घ **ऊ** के स्थान पर ह्रस्व **उ** लिखा गया है]: पण्हा० २८७: नायाध० ४८१; उत्तर० ६६४; नन्दी० ६३ और ६८; ओव०; कप्प०; एर्त्से०), किन्तु अर्धमागधी मे **ऊसिय** के साथ-साथ **उस्सिय** (सूय० ३०९) और **समुस्सिय** (सूय० २७५) तथा **उस्सविय** (आयार० २, १, ७, १) भी मिलते है, शौरसेनी मे **उच्छ्रापयति** के लिए **उस्सावेदि** होता है (उत्तर० ६१, २)।—**श-ष-**और **स**—कार के साथ **व** मिले हुए द्वित्व व्यञ्जनवाले संस्कृत शब्दो के प्राकृत रूपोंके उदाहरण नीचे दिये जाते है: **अश्व** शब्द का प्राकृत रूप महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **आस** हो जाता है (भामह १, २: हेमचद्र १, ४३; रावण०; आयार० २, १, ५, ३; विवाह० ५०३: विवाग० ६१; उत्तर० १९५, २१७, ३३६, ५००, ५०१; नायाध० ७३१, ७८०, १२३३ १२६६, १३८८ और १४५६; पण्णव० ३६७; अणुओग० ५०७; निरया० ; ओव०; आव० एर्त्से० ३५, १२ और १३, १६, २१ और २४; एर्त्से०; कालका०), इस शब्द के साथ-साथ **अस्स** भी चलता है (भामह १, २; आयार० २, १०, १२; २, ११, ११ और १२; २, १५, २०; सूय० १८२; उत्तर० ६१७; आव० एर्त्से० ११, १८ और उसके बाद), **अस्स** शब्द शौरसेनी में सदा ही चलता है (मृच्छ० ६९, १०; बाल० २३८, ८)।—संस्कृत **निः-**

---

* हिंदी की एक बोली कुमाउनी में इन प्राकृत रूपों का आज भी प्रचलन है। मिसणें, मिसाल आदि रूप मराठी में चलते हैं। स्वयं हिंदी में इन रूपों का बाहुल्य है। —अनु०

† इससे **मिस्सा मिस्सी** शब्द बने हैं। हिंदी में इनका अर्थ है—अनेक दालों का मिलाकर बनाया हुआ आटा।—अनु०

श्वस्य के लिए महाराष्ट्री में **नीससइ**; अर्धमागधी मे **नीससन्ति** और जैनमहाराष्ट्री में **नीससिऊण*** रूप मिलते है (एर्से०); शौरसेनी मे **णीससदि**, मागधी मे **णीशशदु** आता है। **उत्श्वस्** धातु के रूप प्राकृत में, महाराष्ट्रीमें **ऊससइ**, अर्धमागधी में **ऊससन्ति** और मागधी में **ऊशशदु** मिलते है।† **श्वस्** धातु के पहले **नि, उद्** और **वि** लगने से (§ ३२७ अ और ४९६) नाना रूप महाराष्ट्री मे **वीससइ**, अर्धमागधी में **वीससे**, शौरसेनी मे **वीससदि**; अर्धमागधी मे **उस्ससइ, निस्ससइ** मिलते हैं (§ ३२७ अ और ४९६) ।—**विश्वस्त** शब्द का अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी मे **वीसत्थ** होता है (ओव०; कप्प०; एर्से०; मृच्छ० ९९, २४; १००, ४; १०५, १; शकु० ७०, ९; विक्रमो० ८, ८; २३, ६ और ४७, १) ।—अपभ्रंश मे **शश्वत** शब्द का **साहु** हो जाता है (हेमचन्द्र ४,३६६ और ४२२, २२), हेमचन्द्र ने **शश्वत** शब्द का पर्याय **सर्व** लिखा है। –संस्कृत **'त्स'** का प्राकृत मे **'स्स'** हो जाता है; **उत्सव** शब्द का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी मे **ऊसव** और **ऊसअ** हो जाता है। अधिक सम्भव यह लगता है कि पहले इन शब्दो का रूप °**उस्सव** और °**उस्सअ** रहा होगा (§ ३२७ अ) ।—**उत्सुक** शब्द का महाराष्ट्री मे **ऊसुअ**, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **उस्सुय** तथा शौरसेनी मे **उस्सुव** होता है (§ ३२७ अ) । —**विस्मृत** शब्द का महाराष्ट्री में **वीसरिअ**, जैनशौरसेनी मे **वीसरिद** और जैनमहाराष्ट्री मे **विस्सरिय**× होता है (§ ४७८) । **निःशंक** का महाराष्ट्री मे **णीसंक** (गउड०; हाल), अर्धमागधी मे **नीसंक** (आयार० १, ५, ५, २) और अपभ्रंश मे पद्यों मे लघु मात्रा ठीक बैठने के कारण **णिसंक** (हेमचन्द्र ४, ३९६, १; ४०१, २) और जैनमहाराष्ट्री मे **निस्संक**‡ रूप मिलते है (एर्से०) ।—**निःसह** के लिए महाराष्ट्री और शौरसेनी मे **णीसह** आता है (हेमचन्द्र १,४३; गउड०; हाल; रावण०; उत्तर० ९२, १०) और **निस्सह** रूप भी चलता है (हेमचन्द्र १, १३) ।—**दुःस्सह** के लिए महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश मे **दूसह** रूप मिलता है (हेमचन्द्र १, १३ और ११५; क्रम० २.११३; पाइय० २३४; हाल; रावण०; आव० एर्से० १२, ३१; कर्पूर० ८२, ७; मालती० ७९, २; विक्रमो० ६०, १८), शौरसेनी मे **दुःसहत्व** का **दूसहत्तण** मिलता है (मालती० ८१,२) और इसके साथ-साथ **दुस्सह** शब्द भी चलता है (हेमचन्द्र १, १३ और ११५; क्रमदीश्वर २, ११३; प्रबन्ध० ४४, १) तथा महाराष्ट्री मे कविता मे ह्रस्व रूप **दुसह** भी आता है (हेमचन्द्र १, ११५; गउड० और हाल) । —**तेजःकर्मन्** के लिए अर्धमागधी मे **तेयाकम्म** मिलता है (ओव०) । --**मनःशिला** के लिए **मणसिला** होता है

* **निसासीण, निसासणो** आदि रूप कुमाउनी में वर्तमान है, प्राचीन हिंदी मे **निसास**=गहरी या ठडी सास ; *नीसासी*=जिसका श्वास न चलता हो ।—अनु०

† हिंदी में इसके वर्तमान रूप **उसास** और **उसासी** चलते हैं ।–अनु०

× इसका हिन्दी रूप विसारना है । —अनु०

‡ हिन्दी में 'निशंक' शब्द देखने में आया। ध्यान रखना चाहिए कि संस्कृत रूप 'निश्शंक' **या** 'निःशंक' है और तद्भव रूप 'निसक' होना चाहिए । —अनु०

(हेमचन्द्र १, २६ और ४३), इसके साथ-साथ **मणोसिला**, **मणसिला** (§ ३४७) और **मणंसिला** भी चलते हैं (§ ७४)।

§ ६५—अन्य शब्दों के सम्बन्ध मे यह कहा जा सकता है कि स्वरों का दीर्घीकरण अपवाद रूप से मिलता है और आंशिक रूप से यह स्थान-विशेष की बोलियों का प्रभाव है। **गव्यूत** शब्द का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **गाउय** हो जाता है (§ ८०)।—**जिह्वा** शब्द का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी मे **जीहा** होता है (वररुचि १, १७; हेमचन्द्र १, ९२; २, ५७; क्रम० १, १७; मार्क० पन्ना ७; पाइय० २५१; गउड०; हाल; रावण०; आयार० पेज १३७, ७ और ९; विवाह० ९४३; पण्णव० १०१; जीवा० ८८३; उत्तर० ९४३ [इस ग्रन्थमे **जीहा** के साथ साथ **जिब्भा** रूप भी आया है; देखिए § ३३२]; उवास०; ओव०; कप्प०; एर्त्से०; कालका०; कत्तिगे० ४०३,३८१; विक्रमो० १५, ३; १६,१२; १८,१०; कर्पूर० ६६, ५; वृषभ० २०, ९; चण्ड० १७, ३; मल्लिका० ९०, २३; कस० ७, १७); मागधी मे **यीहा** मिलता है (मृच्छ० १६७, ३)।—**दक्षिण** शब्द का, जो सम्भवतः कहीं की बोली मे °**दाखिण** रूप मे बोला जाता होगा, महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैन-महाराष्ट्री और शौरसेनी में **दाहिण** रूप होता है (हेमचन्द्र १, ४५; २, ७२; गउड०; हाल; रावण०, मल्ला० २९३, ३; आयार० १, ७, ६, २; २, १, २, ६; जीवा० ३४५; भग०; ओव०; कप्प०; एर्त्से०; मृच्छ० ९७, १५; ११७, १८; वेणी० ६१, ६; बाल० २४९, ७), अर्धमागधी मे **दाहिणिल्ल** शब्द मिलता है (ठाणग० २६४ और उसके बाद; ३५८ ; विवाग० १८०; पण्णव० १०२ और उसके बाद; विवाह० २१८; २८०, १२८८ और उसके बाद, ३३१ और उसके बाद और १८७४; नायाध० ३३३, ३३५, ८६७ और १३४९; जीवा० २२७ और उसके बाद तथा ३४५; राय० ७२ और ७३); अर्धमागधी मे **आदक्षिण** और **प्रदक्षिण** के लिए **आयाहिण** और **पायाहिण** रूप मिलते है (सूय० १०१७; विवाह० १६१ और १६२; निरया० § ४ ; उवास०; ओव०; [पाठ मे **आदाहिण** है जो **आयाहिण** होना चाहिए]), **पायाहिण** (उत्तर० ३०२) मे आया है ; पल्लवदानपत्रमें **दखिण** शब्द आया है (६, २८), मागधी, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और आवन्ती मे **दक्खिण*** रूप मिलता है (हेमचन्द्र १, ४५; २, ७२; गउड०; हाल; रावण०; प्रताप० २१५, १९; सूय० ५७४; एर्त्से०; मृच्छ० ९, ९; १५५, ४; विक्रमो० २०, २; ३१, ५; ४५, २ और ७६, १७; बाल० २६४,४; २७८, १९; मृच्छ० ९९, १९), शौरसेनी मे **दक्खिण** शब्द मिलता है (चण्ड० ३,१६), अर्धमागधी में **दाहिणिल्ल** के साथ साथ **दक्खिणिल्ल** भी मिलता है (सम० १४४; नायाध० ८६६, ९२१, ९२९, ९३० और १३५०)।—पल्लवदानपत्र में **दुग्ध** के स्थान

* यह रूप हिंदी की कई बोलियों में इस समय भी वर्तमान है और अँगरेजों द्वारा सुना गया रूप भी यही रहा होगा क्योंकि उन्होंने **दक्खिन** का Deccan बनाया। यदि इस शब्द में क्ख या दक्षिण हिंदी (हिंदवी) (जिसका नाम उर्दू लिपि में लिखी जाने के कारण उर्दू बना दिया गया है) क्ख न रहता तो उक्त अँगरेजी रूप में दो cc न होतीं, एक ही रखी जाती। —अनु०

पर **दूध*** रूप मिलता है (६,३१) ।—**धुक्ता, धूता** शब्दों के लिए महाराष्ट्री में **धूआ,** अर्धमागधी में **धूया,** शौरसेनी और मागधी में **धूदा** होता है। इसके रूप **आ** में समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दों के समान होते है (§ २१२ और ३९२)।—**भस्मन्** शब्द के लिए अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **भास** शब्द है (ठाणग० ५८९; पण्हा० ५०७; अन्तगड० ६८; विवाह० १७१, १०३३, १२३२, १२४७, १२५४, १२८१ और १२८२; कप्प०; सगर० ४, ९), किन्तु शौरसेनी में **भस्स** रूप है (हास्य० २७, १९; ४१, ४) ।—°**रक्तगति** अथवा °**रातगति** से **रायगइ**† हो गया है (देशी० ७, ५) ।

§ ६६—**एँ** और **ओँ** जो § ११९, १२२ और १२५ के अनुसार संयुक्त स्वरों से पहले आते हैं और जो मूल में **ऋ**कार से निकले हैं अथवा **ऋ** से निकले हुए **इ, उ, ई ऊ** से आये हों। उनका कई प्राकृत बोलियों में दीर्घीकरण और इनके साथ के संयुक्त व्यंजन का सरलीकरण हो जाता है। **कुष्ट** शब्द का °**कुट्ठ** उससे **कोँट्ठ** और उससे अर्धमागधी में **कोढ**‡ हो जाता है (नायाध० १०४६, १०४७ और ११७७; उवास० § १४८; विवाग० ३३, ३४ [पाठ में **कोँढ** शब्द मिलता है] और १९८), **कुष्टिन्** शब्द से **कुट्ठि** बना (आयार० २, ४, २, १) और इससे **कोँट्ठि** हुआ (आयार० १, ६, १, ३) और फिर **कोँढि** हो गया (पण्हा० ५२३) तथा °**कुष्टिक** का **कोढिय** हो गया (विवाग० १७७) ।—अर्धमागधी में **गृद्धी** (आयार० १,६,२,२, सूय० ९७; ३२१ और ३४८; पण्हा० १४७, १८८ और ३२३; सम० ८३ और ११३; विवाह० १०२६; उत्तर० २१७) से **गिद्धि** बना (§ ५०) और **गिद्धि** से **गेद्धि** और उससे **गेहि** आया। **गेहि** का मतलब **गिद्ध** है। संस्कृत शब्द **निर्लक्ष** से किसी समय °**णिल्लच्छ** हुआ होगा और उससे °**णेँल्लच्छ** हुआ और उससे **णेलच्छ** बना (पाइय० २३५; हेमचन्द्र १, १७४, देशी० ४, ४४)। इस **णेलच्छ** का अर्थ **नपुंसक** है। **लक्ष** का अर्थ यहाँ **लक्षण** से है अर्थात् इससे 'नपुंसक लिंग' का बोध होता है।—अर्धमागधी में **देहइ** का अर्थ 'देखता है' होता है; ऐसा अनुमान होता है कि किसी दृक्षति (§ ५५४) रूप से प्राकृत रूप **दिक्खइ** बना होगा और इससे **देक्खइ** रूप निकला। इस **देक्खइ** से यह **देहइ** आया (उत्तर० ५७१)। इसी प्रकार °**दृक्षेँत्** का **देहे** बन गया (दश० ६३१, २२), **दृक्षते** का **देहए** बन गया (सूय० ५२), **देहयाणि** शब्द भी मिलता है (विवाह० ७९४ और उसके बाद)। अपभ्रंश में **दृष्टि** के लिए **द्रेहि** शब्द मिलता है (हेमचंद्र ४, ४२२, ६)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **शिलष्टि** शब्द का **सेढि** (पंक्ति, सीढ़ी) रूप होता है। **शिलष्टि** से कभी °**सिट्ठि** बना होगा और इससे °**सेट्ठि** रूप बना

* उस समय की जनता की बोली का यह शब्द आज भी हिंदी में ज्यों-का-त्यों चला आ रहा है।—अनु०

† संभव यह भी है कि देशी भाषा में सैकड़ों शब्द जनता द्वारा इसी से रख दिये गये थे, जैसे 'गधे' का नाम कुरूप होने के कारण 'कामकिशोर' रख दिया गया। ऐसे ही जोंक नाम उसकी धीमी और मंद चाल के कारण **रायगइ** अर्थात् **राजगति** रखा गया हो।—अनु०

‡ हिंदी रूप आज भी वही है।—अनु०

जिससे **सेढि** बना (ठाणंग० ४६६, ५४६ और ५८८; पण्हा० २७१ और २७२; सम० २२०; विवाह० ४१०, ४८१, ९११, १३०८, १६६९, १६७५, १८७० और १८७५; राय० ४९, ९० और २५८; जीवा० ३५१, ४५६, ७०७ और ७०९; अणुओग० २१८, २२१, २४५, ३८१ आदि आदि; पण्णव० ३९६, ३९८, ४०१, ७२७ और ८४७; नन्दी० १६५ और ३७१; उत्तर० ८२९, ८८२ और ८८७; ओव० एत्सें०); अर्धमागधी मे **सेढीय** शब्द भी मिलता है (पण्णव० ८४६; ओव०), **अणुसेढि** (विवाह० १६८० और १८७७), **पसेढि** (राय० ४९, ९०) और **विसेढि** (विवाह० १६८०, १८७७; नन्दी० ३७३[१]) रूप भी पाये जाते हैं।—**स्वर्णकार** शब्द से **सुण्णार*** हुआ (हाल १०१) और उससे कभी **सोण्णार** बना होगा। इस शब्द से महाराष्ट्री **सोणार** बना।—**ओक्खल** शब्द से (वररुचि १, २१; हेमचंद्र १, १७१; क्रमदीश्वर १, २४) **ओहल** बन गया (हेमचंद्र १, १७१ ; मार्क० पन्ना ८)। अर्धमागधी मे **उक्खल** मिलता है (देशी० १, ३०; मार्क० पन्ना ९; पण्हा० ३४), अर्धमागधी में **उक्खलग** रूप भी आया है (सूय० २५०)।—यह **उक्खल**† **उदूखल** के समान है; मागधी में इसका रूप **उदूहल** भी है (आयार० २,१,७,१), महाराष्ट्री मे **उऊहल** होना चाहिए (हेमचन्द्र १, १७१)।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **क्षुब्ध** का दीर्घ होकर **छूढ**‡ हो जाता है (हेमचन्द्र २, १९, ९२ और १२७; हाल; रावण०; पण्हा० २०१, १०; ६४१, १५; उत्तर० ७५८; आव० एर्त्से० १४, १८; १८, १३; २५, ४, ४१, ७; एर्त्से०) और महाराष्ट्री तथा अर्धमागधी मे उपसर्गवाला रूप **उच्छूढ** (हेमचन्द्र २, १२७; हाल; पण्हा० २६८; नायाध० § ४ और ४६; उवास०; ओव०) मिलता है। अर्धमागधी मे **पर्युत्क्षुब्ध** के लिए **पलिउच्छूढ** शब्द आया है (ओव० पेज ३०, ३)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **विच्छूढ** मिलता है (विवाग० ८४ और १४३; नायाध० ८२५, ८३३, ११७४, १३१३ और १४११; पण्णव० ८२८ और ८३५; नन्दी० ३८०; पण्हा० १५१; आव० एर्त्से० १६, १ और २१, ५ [यह शब्द हस्तलिखित प्रतियों में इस रूप में ही पढ़ा जाना चाहिए])। महाराष्ट्री में **परिच्छूढ** (देशी० ६, २५; रावण०) और **विच्छूढ** (पाइय० ८४; गउड०; रावण०) तथा **विच्छूढव्वा** (रावण०), **ऊढ, गूढ, मूढ** और **रूढ** के नियमों के अनुसार ही बने है, **क्षुभन्ति** शब्द के लिए (पण्हा० ५६ पाठ में **ब्भ** है) **'भ'** रह गया है, **छुभेज्ज** (दस० ६५२, २४), **छुभित्ता** (उत्तर० ४९९), **उच्छुभइ** (नायाध० ३२५), **उच्छुभ** (पण्हा० ५९; इसकी टीका भी देखिए); **निच्छुभइ**× (नायाध० १४११; विवाह० ११४; पण्णव० ८२७, ८३२ और ८३४), **निच्छुभन्ति** (नायाध० ५१६; विवाग० ८४),

* यह रूप हिंदी में सरलीकरण के कारण **सुनार** हो गया है।—अनु०

† हिंदी मे सरल रूप 'ऊखल' है जिसमें अक्षरों की मात्राएँ समान रखने के लिए **क्ख** के **ख** हो जाने पर ह्रस्व **उ, ऊ** हो गया।—अनु०

‡ हिन्दी **खुलबुलाहट** इस **छूढ** से निकला जान पड़ता है। कुमाउनी मे बेचैनी के लिए **खुबभुबाट** शब्द है। **खुलबुलाहट** का **खुल** उसका दूसरा रूप है। —अनु०

× प्राचीन हिंदी में इसके **निछोह** और **निछोही** रूप मिलते हैं।—अनु०

निच्छुभावेइ (नायाध० ८२३, ८२४ और १३१३; विवाग० ८६ और १४३), **निच्छुभाविय** (नायाध० ८२३; विवाग० ८७), **विच्छुभ** (पण्हा० ५९; इसकी टीका भी देखिए)। इसी प्रकार जैनमहाराष्ट्री में भी **छुभइ** मिलता है (एर्से०) और कर्मवाच्य में **छुब्भइ** (आव० एर्से० २५, ३), **निच्छुब्भई** (आव० एर्से० ४२, ३५), किन्तु जैनमहाराष्ट्री में **छुहामि** और **छुहइ** रूप भी मिलते हैं (एर्से०)। महाराष्ट्रीमें सदा ही **विच्छुहइ** (हाल; रावण०), **विच्छुहिरे** (हेमचन्द्र ३,१४२) और उसमें निकला हुआ धातु **छुह्** मिलते हैं और अन्य शब्दों के समान इस धातु के नाना कृदन्त रूप पाये जाते हैं"।—संस्कृत **क्षुब्ध** का नियमानुसार प्राकृत रूप **छुद्ध** है (भामह ३, ३०)। § ६७ और ५६५ मे **जढ** शब्द भी देखें।—**मूसल** शब्द (हेमचद्र १, ११३) और उसके साथ-साथ चलनेवाला **मुसल** (हाल; रावण०) धातु पाठ २६, १११ मे आये हुए **मुस्** और **मुष् खण्डने** धातु के वर्तमानकाल के रूप **मुस्य, मुष्य** से निकले हैं अर्थात् इसका मूल संस्कृत रूप कभी °**मुष्यल** रहा होगा"।

१. टीकाकारों ने **सेढि** शब्द को **श्रेणि** से निकला बताया है और हेमचन्द्र ने अपने लिंगानुशासन २, २५ में **सेढि** बताया है। इस विषय पर उणादिगण सूत्र भी देखिए। बोएटलिंक और रोट ने अपने 'संस्कृत-वोएर्तर-बुख' में **श्रेढी** शब्द दिया है और बताया है कि यह शब्द बाद को संस्कृत में भी लिया गया था। —२. यह शब्द इस रूप में 'कून्स त्साइटश्रिफ्ट' ३४,५७३ में दिये गये रूप से शुद्ध है। उ § १५२ के अनुसार है और इसका संक्षिप्त रूप § १६७ के अनुसार साफ हो जाता है। —३. मार्कण्डेय पन्ना ८ में **उबुखल** शब्द मिलता है। § १४८ भी देखिए। —४. गौल्डश्मित्त, **छुहइ** का **क्षुभ्** धातु से सम्बन्ध के बारे में मतभेद रखता है और इसका विरोध करता है, पर 'प्राकृतिका' पेज २० में उसने जो प्रमाण दिये हैं वे उसका पक्ष सिद्ध नहीं करते। इस विषय पर 'लौयमान' द्वारा सम्पादित 'औपपातिक सूत्र' में **उच्छूढ** शब्द से तुलना कीजिए। बेत्सनबेर्गेर त्साइटश्रिफ्ट १५, १२३ और § १२०। पिशल के इस ग्रन्थ का § १२० देखिए। — ५. पुरुषोत्तम के 'द्विरूपकोश' से तुलना कीजिए।

§ ६७—जैसा **ऍ** और **ओ** का कई स्थलों पर दीर्घीकरण होता है, **अ** का ठीक इसके विपरीत है। संयुक्त व्यंजनों के पहले आने पर यह बहुत दीर्घ नहीं होता क्योंकि संयुक्त स्वर सरल कर दिये जाते हैं। ऐसे स्थलों पर संस्कृत के मूल शब्द में शब्द के अंतिम अक्षर पर जोर पड़ता था अर्थात् वह स्वरित होता था। **महाराष्ट्री** प्राकृत में **मरढी** होता है। इस शब्द मे वर्तमान भारतीय भाषा का **मराठी** शब्द बना है (कर्पूर० १०, ५; § ३५४ भी देखिए)।—**हा** धातु के वर्तमान के रूप **जहाति** से प्राकृत में **जहइ** बना जिससे °**जढ** (=छोड़ा हुआ) शब्द निकला, फिर इसके रूप अर्ध-मागधी में **विजढ** और **विप्पजढ** हुए। **जढ** का अर्थ है किसी चीज को छोड़ना। **हा** धातु का रूप **जह्** भी रहा होगा (§ ५६५)।—अर्धमागधी में **अट्ठ** का **अढ** (=८) हो गया तथा जैनमहाराष्ट्री और अर्धमागधी में **अढतालीस** (= ४८) के स्थान पर **अढ**-

चालीस है और अर्धमागधी में **अढयाल** भी मिलता है। **अढसढ** के लिए **अढसत्तिम्** (=६८) है। अपभ्रंश में **अठाईस** के लिए **अढाइस** है और **अढतालीस** के लिए **अढआलिस** भी है, **अट्ठारहवें** के लिए अर्धमागधी में **अढारसम** है (§ ४४२ और ४४९)।—**सृज्** धातु से निकले हुए **सृष्ट** के सन्धि और समासों के रूप इस प्रकार हैं: अर्धमागधी में **उत्सृष्ट** के लिए **उसढ** चलता है (आयार० २, २, १७)। **उत्सृष्ट** शब्द का अर्थ है 'अलग कर देना' या 'अलग निकाल देना'। कहीं-कहीं इसका अर्थ 'चुना हुआ' या 'उत्तम' होता है (आयार० २, ४, २, ६ और १६; दस० ६२३, १३)। **निसृष्ट** के लिए अर्धमागधी में **निसढ** का प्रयोग होता है (नायाध० १२७६)। **विसृष्ट** के लिए महाराष्ट्री में **विसढ*** का प्रयोग है। इस विसृष्ट का अर्थ है 'किसी पदार्थ से अलग किया हुआ' (रावण० ६, ६६), दूसरा अर्थ है 'किसी पदार्थ का त्याग कर देना' (रावण० ११, ८९), तीसरा अर्थ है 'ऊबड़-खाबड़' अथवा जो समतल न हो (हेमचन्द्र १, २४१; पाइय० २०७), चौथा अर्थ है 'कामवासना से रहित' अर्थात् स्वस्थ (देशी० ७, ६२[1]); **समवसृष्ट** के लिए अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री में **समोसढ** आता है। इस शब्द का अर्थ है 'जो मिला हो' और 'जो आया हुआ हो' (विवाह० २११, २५७ और ६२२; नायाध० ५५८, ५६७, ६१९, ६७१, ८७४, ९६७, १३३१, १४४६, १४५४ आदि आदि; विवाग १०३; निरया० ४१, ४३, ७४; दस० ६२४, २१; उवास०; ओव०; आव० एर्त्से० १६, २०; द्वारा० ४९७, २७[2])।

1. हेमचन्द्र इस शब्द की व्युत्पत्ति जब इसका अर्थ ऊबड़-खाबड़ होता है, विषम से बताता है। एस० गौल्डस्मित्त इसका अर्थ 'रावणवहो' में 'ढीला-ढाला' और 'थककर चूर करता है' बताता है और इसे स्पष्ट करने के लिए कहता है कि यह शब्द संस्कृत 'विश्लथ' के कहीं बोले जानेवाले रूप "विश्रथ" से निकला है।—2. भारतीय संस्करणों में बहुधा 'संमोसढ्ढ' मिलता है (विवाह० ५११, ५१४, ७८८, ९१२, ९३४, ९७१, ९७८, ९८८ आदि आदि; विवाग० १६०, २००, २१४ और २४८; नायाध० ९७३, ९८२, १०१८, १०२५ आदि आदि)। कहीं 'समोसट्ठ' भी मिलता है (राय० १२ और २१२) और कहीं 'समोसढ़' मिलता है (राय० २३३)। § २३५ भी देखिए।

§ ६८—प्रत्यय **एव** शब्द के पहले **अम्** में जो 'अ' है उस पर जोर डालने के लिए अर्धमागधी में उसे बहुधा दीर्घ कर दिया जाता है और § ३४८ में बताये हुए नियम के अपवादस्वरूप **म्** बना रहता है। **एवामेव** = **एवाम् एव** (विवाह० १६२; उवास० § २१९); **खिप्पामेव** = **खिप्पाम् एव** = **क्षिप्रम् एव** (आयार० २, ६, २, ३; पेज १३०, १; विवाह० १०६, १५४, २४१; सम० १००; उवास०; निरया०; नायाध०; कप्प०); **जुत्तामेव** = **जुत्ताम् एव** = **युक्तम् एव** (विवाह० ५०३ और ७९०; उवास०; निरया०); **भोगामेव** (आयार० १,२,४,२); **पुव्वामेव** = **पूर्वम् एव** (आयार० २,१,२,४); **संजयाम् एव** = **संयतम् एव** (आयार० २, १,

* यह प्राकृत शब्द हिंदी 'बिछुड़ने' का आरंभिक रूप है।—अनु०

१, २ और ४; ५, २, ४ तथा ६ आदि आदि)। विशुद्ध प्राकृत अनुस्वार (ं) के पहले भी ऐसा ही होता है और अनुस्वार का **म्** बन जाता है, जैसे **ताम् एव-जाणप्पवरम् = तदेव-यानप्रवरम्** (उवास० § २११)। गौण अनुस्वार के पहले भी यही नियम लगता है। यहाँ भी गौण अनुस्वार का हलन्त **'म्'** हो जाता है, जैसे **जेणाम् एव-चाउग्घण्टे आसरहे, तेणामेव उवागच्छइ = येनैव चतुर्घण्टो-ऽश्वरथस्, तेनैवोपागच्छति** (नायाध० ३७३); **जेणाम् एव सोहम्मे कप्पे तेणामेव उवागच्छइ** (कप्प० § २९) । इस दशा में § ८३ में दिये गये नियम के विरुद्ध **आ** ज्यों-का-त्यों रह जाता है। **जाम् एवदिसम्पाउब्भूया ताम् एव दिसम् पडिगया = याम् एव दिशम् प्रादुर्भूताः ताम् एव दिशम् प्रतिगताः** (विवाह० १९०; विवाग० ३८ [इसमें 'दिसिम' शब्द लिखा है]) बहुधा स्त्रीलिंग—**भूता, प्रादुर्भूता** और **प्रतिगता** अर्थात **पाउब्भूया** और **पडिगया** रूप मिलते हैं (विवाग० ४; उवास० § ६१, २११ और २४९; निरया० § ५; ओव० § ५, ९; नायाध० § ५); इस सम्बन्ध में सूय० १०१२; ओव० § ६० और ६१; कप्प० § २८: **ताम्एवपइसेज्जम् = ताम्एवप्रतिशय्याम्** (ओव० ७२ का उद्धरण भी देखिए)। अर्धमागधी में **अवि** शब्द के पहले भी इसी प्रकार स्वर दीर्घ हो जाता है; **किसाम् अवि = कृशामपि** (सूय० १); **तणामवि = तृणमपि** (उत्तर० २१९); **अन्नयराम् अवि = अन्यतरम् अपि; अणुदिसाम् अवि = अणुदिशमपि** (दस० ६२५, १५ और ३७)।

§ ६९—संस्कृत में पंचमी एकवचन में लगनेवाले चिह्न—**तस्** के पहले भी ह्रस्व स्वर दीर्घ कर दिये जाते हैं (प्राकृत में इस **तस्** के स्थान पर **हि** और **हिन्तो** हो जाता है)। **इ** और **उ** बहुवचन में व्यंजन में समाप्त होनेवाले प्रत्यय के पहले भी दीर्घ हो जाते हैं (§ ३६५; ३७९; ३८१)। **तस्** (प्राकृत—**हि, हिन्तो**) के पहले **अ** आने से यदि यह **अ** मूल संस्कृत में भी ह्रस्व हो और ऐसा शब्द हो जो क्रियाविशेषण के काम में आनेवाले शब्दों में निकला हो, उसमें **अ** ह्रस्व ही रह जाता है। **अग्रतस्** के स्थान पर अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री में **अग्गओ** (हेमचंद्र १, ३७; नायाध० ११०७; उवास०; कप्प०; एर्त्से०)। शौरसेनी में **अग्गदो** (मृच्छ० ४०, १४; १५१, १८; ३२७, १; शकु० ३७, ७; १३१, १०; विक्रमो० २५, १५; ३३, ४; ४१, ११, ४२, १८; रत्ना० ३१७, १२ और १४)। मागधी में **अग्गदो** (मृच्छ० ११९, ३ और ६, १२१, १०; १२६, १४; १३२, ३; १३६, २१) रूप मिलते हैं।—**अन्यतः** का शौरसेनी, मागधी और दाक्षिणात्या में **अण्णदो** (शकु० १७, ४; मृच्छ० २९, ३३; ९६, २५; १०२, १८) आया है।—शुद्ध क्रियाविशेषण के रूप में काम में लाया गया अर्धमागधी रूप **पिट्ठओ है** (सूय० १८०; १८६, २०४, २१३; नायाध० § ६५; पेज ११०७; उत्तर० २९ और ६९; उवास०; ओव०)। इसी प्रकार का क्रियाविशेषण रूप जैन-महाराष्ट्री में भी **पिट्ठओ है** (एर्त्से०)। शौरसेनी और दाक्षिणात्या में यह रूप **पिट्ठदो** है (मालवि० ३३, २; ५९, ३; ६९, ६; मल्लिका० १४५, २१; मुद्रा०

२५४,१; मृच्छ० १०५, २५)। इसका संस्कृत रूप **पृष्ठात्** है। शौरसेनी में **पुट्ठदो** रूप भी पाया जाता है (रत्ना० ३१६, २२)। मागधी में यह रूप **पिस्टदो** है (मृच्छ० ९९, ८; १३०, १; वेणी० ३५, ५ और १०)।—अर्धमागधी **दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ, गुणओ = द्रव्यतः, क्षेत्रतः, कालतो, भावतो, गुणतः** (विवाह० २०३ और २०४ और १५७ [इस स्थान पर **गुणओ** नहीं है]; ओव० § २८; कप्प० ११८); **दव्वओ, वण्णओ, गन्धओ, रसओ, फासओ०** (विवाह० २९); **सोयओ, घाणओ, फासओ = श्रोत्रतो, घ्राणतः, स्पर्शतः**। इसके साथ-साथ **चक्खुओ, जिब्भाओ, जीहाओ = चक्षुतः जिह्वातः** (आयार० २,१५,५,१ से ५ तक)।—शौरसेनी में **जन्मतः** का **जम्मदो** होता है (रत्ना०३१८,११), किन्तु शौरसेनी में **कारणतः** का सदा **कारणादो** और मागधी में **कालणादो** होता है (मृच्छ० ३९, १४ और २२; ५५,१६;६०,२५;६१,२३;७४,१४,७८,३;१४७,१७ और १८ आदि आदि), मागधी के उदाहरण (मृच्छ० १३३, १; १४०, १४; १५८, २१; १६५, ७)। जैन-महाराष्ट्री में **दूराओ** (एर्त्से०); शौरसेनी में **दूरादो** (हेमचंद्र ४, २७६); पैशाची में **तूराती** होता है (हेमचन्द्र ४, ३२१); और मागधी में **दूलदो** होता है (मृच्छ० १२१, ११)। सर्वत्र **अ** का **आ** हो जाता है, किन्तु मागधी में **अ** बना रहता है। **पश्चात्** शब्द का महाराष्ट्री में **पच्छओ** होता है (रावण०), साधारण रूप से **पच्छा** की ही भरमार है (गउड०; हाल; रावण०), किन्तु शौरसेनी में इसका रूप **पच्छादो** है (मृच्छ० ७१, २२)।—मृच्छकटिक ९, ९ में **दक्खिणादो, वामादो** शब्द मिलते हैं जो पञ्चमी स्त्रीलिंग के रूप हैं। ये **छाआ = छाया** के विषय में आये हैं; किन्तु अन्य स्थानों पर शौरसेनी और मागधी में **वामदो** शब्द आया है (मृच्छ० १४, ८; १३, २५; १४, ७)। शुद्ध पंचमी के रूप में स्वरों की ह्रस्वता के विषय में § ९९ देखिए।

§ ७०—संधियुक्त शब्द में अन्तिम शब्द के पहले का ह्रस्व स्वर कभी-कभी दीर्घ हो जाता है। इसके अनुसार—**मय, °मइक** से पहले भी अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री में ऐसा होता है। अर्धमागधी में **रजतमय** का रूप **रययामय** हो जाता है (उवास०); **स्फटिकरत्नमय** का **फलिहरयणामय** हो जाता है (विवाह० २५३)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सर्वरत्नमय** का **सव्वरयणामय** (विवाह० १३२२; १३२३ और १४४८; जीवा० ४८३; कप्प०; ओव० एर्त्से०) और **सव्वरयणामइ** रूप मिलते हैं (ठाणंग० २६६)। अर्धमागधी में **वज्रमय** के लिए **वइरामय** आता है (विवाह० १४४१; जीवा० ४९४, ५६३ और ८८३; सम० १०२ और १३२; राय० ६३, ६९, १०५; ओव०)। **अरिष्टमय** के लिए **रिट्ठामय** मिलता है (जीवा० ५४९; राय० १०५), **वैडूर्यमय** के लिए **वेरुलियामय** आया है (जीवा० ४९४; राय० १०५), **सर्वस्फाटिकमय** के लिए **सव्वफालियामय** लिखा गया है (पण्णव० ११५), **आकाशस्फटिकमय** के लिए **आगास-फालियामय** दिया गया है (सम० ९७; ओव०)। जैनमहाराष्ट्री में **रयणमय** के साथ-साथ (एर्त्से०) **रयणामय** मिलता है (तीर्थ० ५, १२)। अर्धमागधी में

नाणामणिमय (जीवा० ४९४), **आहारमइय** (दस० ६३१, २४), **पराणुवित्ति-मइय** (दश० नि० ६६१, ५) शब्द मिलते हैं। जैनशौरसेनी में **पुग्गलमइय, उवओगमय, पोग्गलदव्वमय** शब्द मिलते हैं जो **°पुद्गलमयिक, उपयोगमय, पुद्गलद्रव्यमय** के प्राकृत रूप हैं (पव० ३८४, ३६ और ४९ तथा ५८)। **असुइमय** (कत्तिगे० ४००, ३३७); **वारिमई** तथा **वारीमई** (हेमचन्द्र १, ४) मिलते हैं। महाराष्ट्री में **°स्नेहमयिक** के लिए **णेहमइअ** शब्द आया है (हाल ४५०)। ५ से लेकर ८ तक संख्या-शब्दों के साथ सन्धि होने पर भी इन संख्या-शब्दों का अन्तिम स्वर दीर्घ हो जाता है, जैसे **पंचा, छा, सत्ता, अट्ठा** (§ ४४० और उसके बाद)। इसी प्रकार **अउणा** जो संस्कृत **अगुण** का प्राकृत रूप है, उसके अन्त में भी ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है और **अद्धा** का, जो **अर्द्ध** शब्द का प्राकृत रूप है, भी अन्तिम ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है (§ ४४४ और ४५०)। इसी प्रकार उपसर्गों का अन्तिम स्वर और विशेषकर उपसर्ग **प्र** का, जहाँ इसकी मात्रायें स्थिर नहीं रहती जैसा कि **प्रदेश** है, जिसका दूसरा रूप **प्रादेश** (पुरुषोत्तम द्विरूपकोष २५) भी पाया जाता है, वहाँ इन उपसर्गों का अन्तिम स्वर दीर्घ हो जाता है। इस नियम से **प्रकट** शब्द महाराष्ट्री में **पअड** (गउड०) तथा महाराष्ट्री और मागधी में **पाअड** हो जाता है (भामह १, २; हेमचन्द्र १, ४४; क्रमदीश्वर १, १; मार्कण्डेय पन्ना ४ और ५; गउड०, हाल; रावण०; वज्जा० ३२५, २३; मृच्छ० ४०, ६); जैनमहाराष्ट्री में इसका **पयड** रूप मिलता है (एर्लें०; कालका०)। अर्धमागधी में **पागड** देखा जाता है (ओव०; कप्प०)। **प्रकटित** के लिए महाराष्ट्री में **पाअडिअ** (हाल); अर्धमागधी में इसका रूप **पागडिय** है (ओव०)।—**प्ररोह** का महाराष्ट्री में **पारोह** होता है (हेमचंद्र १,४ गउड०; हाल; रावण०)। **प्रसुप्त** का महाराष्ट्री में **पसुत्त** और **पासुत्त** रूप होते हैं (भामह १,२; हेमचंद्र १,४४; क्रम० १,१;मार्कण्डेय पन्ना ४,५;गउड०; हाल; रावण०); किन्तु शौरसेनी में केवल एक रूप **पसुत्त** मिलता है (मृच्छ० ४४, १८;५०,२३)।— **प्रसिद्धि** के लिए महाराष्ट्री में **पसिद्धि** (गउड०) और **पासिद्धि** (भामह १,२; हेमचंद्र १,४४; क्रमदीश्वर १,१; मार्कण्डेय ४,५) रूप मिलते हैं। **प्रवचन** के लिए अर्धमागधी में **पावयण** मिलता है (हेमचंद्र १, ४४; भग०; उवास०; ओव०)। **प्रस्विद्यते** का महाराष्ट्री में **पसिज्जइ** होता है (हाल ७७१)। अर्धमागधी में **प्रस्रवण** शब्द का रूप **पासवण*** पाया जाता है (उवास०)। यह शब्द § ६४ में भी आ सकता था, पर इस स्थान पर ठीक बैठता है।—**अभिजित्** का अर्धमागधी में **अभीइ** होता है (कप्प०), **°व्यतिव्रजित्वा** का **वीईवइत्ता** (ओव० § ६३) होता है; इस प्राकृत में **वीईवयमाणे** शब्द भी मिलता है (उवास० § ७९ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]; § १५१ भी देखिए)। कई स्थलों पर जहाँ ह्रस्व स्वर दीर्घ किया जाता है उसका कारण यह है कि कविता में मात्रा न घटे, छन्द-दोष न आये, इसलिए स्वर लम्बा कर दिया जाता

* पाली में **पस्सवण** रूप है जिससे पाली **पस्साव** पेशाब के अर्थ में आया है। **पेशाब** फारसी शब्द है जिसके मूल में आर्यभाषा जेन्द है। दोनों शब्दों में साम्य देखकर ही जनता ने **पेशाब** शब्द अपना लिया है।—अनु०

है, जैसा महाराष्ट्री में **द्वित्पथे** के लिए **विटठीपहम्मि** (हाल ४९६), **नाभि-कमल** के लिए **नाहीकमल**, **अरतिविलास** के लिए **अरईविलास** (गउड० १३ और १११) आया है। अर्धमागधी में **गिरीवर** दिया गया है (सूय० ११०); जैनमहाराष्ट्री में **वैडूर्यमणिमौल्य** के स्थान पर **वेरुळियमणीमोल्ल** लिखा हुआ है (एर्से० २९, २८)। **पतिघर** का **पईहर*** हो जाता है, साथ-साथ **पइहर** भी चलता है (हेमचंद्र १, ४); शौरसेनी में **पदिघर** मिलता है (मालती० २४३, ४)। **वेणुवन** के लिए **वेलूवण** और **वेलुवण** दोनों चलते हैं (हेमचंद्र १, ४)। **शकार** बोली मे मृच्छकटिक के भीतर—**क** प्रत्यय के पहले कुछ शब्दों में कहीं-कहीं ह्रस्व स्वर दीर्घ कर दिये गये है; **चालुदत्ताके** (मृच्छ० १२७, २३; १२८, ६; १४९, २५); **चालुदत्ताकम्** (१२७, २५; १६६, १८); **चालुदत्ताकेण** (१३३, १; १३७, १; १५१, २३); **वाशुदेवाकम्** (१२१, १६); **गुडक** के लिए **गुडाह** शब्द मिलता है (११६, २५); इस विषय पर § २०६ भी देखिए। **सपुत्रकम्** के स्थान पर **सपुत्ता-कम्** शब्द आया है (१६६, १८)।—मागधी मे भी '**क**' प्रत्यय के पहले इसी प्रकार ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है। **मुहूर्तक** के लिए **मुहुत्ताग** शब्द मिलता है (आयार० १, ८, २, ६); **पिटक** के लिए **पित्ताग** (सूय० २०८), **क्षुद्रक** के लिए **खुड्डाग** और **खुड्डाय** आते है (विवाह० १८५१; ओव०; आयार० २, १, ४, ५; इस विषय पर § २९४ भी देखिए); और **अनादिक** के लिए अर्धमागधी मे **अणादीय** और **अणाईय** रूप मिलते है (सूय० ८४ और ८६७; ठाणग० ४१ और १२९; पण्हा० ३०२; नायाध० ४६४ और ४७१; विवाह० ३९, ८४८ और ११२८), **अणादिय** (सूय० ७८७; उत्तर० ८४२; विवाह० १६०) और **अणाइय** भी पाये जाते हैं। जैनमहाराष्ट्री मे भी ये रूप आये है (एर्से० ३३, १७)। जैनशौरसेनी मे **आदीय** रूप आया है (कत्तिगे० ४०१, ३५३)। पल्लवदानपत्र मे **आदीक** रूप है (५, ४; ६, ३४)। इस सम्बन्ध मे वैदिक शब्द **उहक** और उसके स्थान पर अन्यत्र आये हुए शब्द **जहाक**† विचारणीय है (वेदिशे स्टुडियन १, ६३ और § ७३ तथा ९७ भी देखिए)।

§ ७१—सम्बोधन एकवचन और सम्बोधक शब्दो के अन्तिम स्वर दीर्घ हो जाते है। इसे संस्कृत में **प्लुति** कहते है। **रे रे चप्फलया ; रे रे निग्घणया ; हे हरी ; हे गुरू ; हे पहू** मे सभी अन्तिम स्वर दीर्घ कर दिये गये है (हेमचन्द्र ३,३८); अर्धमागधी मे **आणन्दा** (उवास० § ४४ और ८४); **कालासा** (विवाह० १३२); **गोयमा** (हेमचन्द्र ३, ३८; विवाह० ३४, १३११, १३१५ और १४१६; ओव० § ६६ और उसके बाद; उवास० आदि आदि); **कासवा** (हेमचन्द्र ३, ३८; विवाह०

* हिंदी **पीहर** इस दीर्घीकरण का फल है तथा मात्राओं का मान समान रखने के लिए भी दीर्घीकरण का उपयोग किया गया है।—अनु०

† ऋग्वेद में ऐसे प्रयोगों का तॉंता बँधा है। **भूमि, क्षमि, क्षम** जगत् अर्थात् धरा के स्थान पर आये हैं; कहीं आरम्भ मे है तो कहीं केवल **क्ष्मा** से है। इससे पता चलता है कि वैदिक कविता जनता की बोलियों में की गयी है।—अनु०।

१२३७ और उसके बाद); **चमर, असुरेन्द्र, असुरराज अप्रार्थ्यप्रार्थिक** के लिए सम्बोधन मे **चमरा, असुरिन्दा, असुरराया** और **अप्पत्थियपत्थिया** का व्यवहार हुआ है (विवाह० २५४)। **हन्ता मन्दियपुत्ता** (विवाह० २६८), **पुत्र** के स्थान पर **पुत्ता** (उवास०; नायाध०), **हन्त** के स्थान पर **हन्ता** (भग०; उवास०; ओव०), **सुबुद्धी** (नायाध० ९९७, ९९८ और १००३), **महरिसी** (सूय० १८२), **महामुने** के स्थान पर **महामुणी** (सूय० ४१९), **जम्बू** (उवास०) ऐसे उदाहरण है। शौरसेनी में **दास्याःपुत्र** के स्थान पर **दासीएउत्ता** (मृच्छ० ४,९; ८०,१३ और २३; ८१,१२; ८२,४ और १०८,१६),**कणेलीसुत राजश्याल संस्थानक उच्छृंखलक** के स्थान पर **अरे रे, कणेलीसुदा राअसाल-संठाणआ उस्संखलआ** हो गया है (मृच्छ० १११, १६)। मागधी मे **हण्डे, कुम्भिलक** का रूप **हण्डे,कुम्भिलआ** आया है(शकु०११३, २)। **रेग्रन्थिच्छेदक** के स्थान पर **ले*गन्दिछेदआ** दिया गया है (शकु० ११५,४), **रे चर** के लिए **ले चला** दिया गया है (ललित० ५६६, १४ और १८), **पुत्रक हृदयक** के लिए **पुत्तका हडका** (मृच्छ० ११४, १६) आये हैं। वररुचि ११, १३ के अनुसार मागधी मे **अ** मे समाप्त होनेवाले सभी सज्ञा-शब्दो मे **अ** के स्थान पर **आ** हो जाता है, किन्तु मागधी के ग्रन्थ इस नियम की पुष्टि नहीं करते; मागधी मे लड़की के लिए **दाशू** रूप मिलता है (मृच्छ० ९, २४; १७, १; १२७, ७); आवन्ती मे **अरे रे पवहणवाहआ** रूप मिलता है (मृच्छ० १००, १७): ढक्की मे **विप्रलम्भक** के लिए **विप्पलम्भआ** का प्रयोग किया गया है। **परिवेपितांगक** के लिए **पलिवेदंगआ, स्खलन** के स्थान पर **खलन्तआ, कुर्वन्** के स्थान पर **कलेन्तआ** का व्यवहार पाया जाता है (मृच्छ० ३०, ६ और उसके बाद)। अपभ्रंश मे **भ्रमर** के लिए **भमरा** (हेमचद्र ४, ३८७, २), **मित्र** के लिए **मित्तड़ा** (हेमचद्र ४, ४२२, १), **हंस** के लिए **हंसा** (विक्रमो० ६१, २०), **हृदय** के लिए **हियड़ा** (हेमचद्र ४, ३५७, ८ और ४२२, १२ और २३; ४३९, १) का प्रयोग है। इस प्रकार के शब्दो मे क्रिया के आज्ञाकारक रूप मे अन्तिम **अ** को दीर्घ किया जाता है, उसका उल्लेख भी यहाँ पर किया जाना चाहिए, जैसा अर्धमागधी मे **कुरुत** का जो कभी °**कुर्वत** रूप रहा होगा, उसका **कुव्वहा** हो गया (आयार० १,३,२,१), **पश्यत** का **पासहा** बन गया (आयार० १, ६, ५, ५; सूय० १४४ और १४८), **संबुध्यध्वम्** का **संबुज्झहा** बन गया (सूय० ३३५)। जैनमहाराष्ट्री मे अन्तिम व्यजन के लुप्त हो जाने के बाद अन्तिम ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है। संस्कृत **धिक्** शब्द का **धी** रूप मिलता है (द्वार० ५०१, ३३); शौरसेनी मे **हाधिक्, हाधिक्** का **हद्धी हद्धी** हो जाता है (मृच्छ० १२, ६; १६, ६; ५०, २३; ११७, ३; शकु० २७, १; ६२,

* हिंदी मे जब बच्चों या कुत्तों से **ले ले** कहते हैं तो उसका तात्पर्य सदा कोई चीज 'लेना' नहीं रहता। कभी इस सबोधक शब्द का अर्थ **रे रे** भी होता है। मागधी प्राकृत मे **र** का **ल** होने से यह रूप आया है। हिदी की एक बोली कुमाउनी मे **ले ले** का अर्थ **अपमान** भी है। **उसकी ले ले हो गयी** का अर्थ है **उसकी तू तू रे रे हो गयी**। यह अर्थ कोशकारों और भाषाशास्त्रियों के लिए विचारणीय है।—अनु०

७२, ७; विक्रमो० २५, १४ और ७५, १०। इस विषय पर § ७५ भी देखिए)। अर्धमागधी में प्रति-ध्वनिबलयुक्त शब्द **णम्** से पहले **होउ** (= **भवतु**) का **उ** दीर्घ हो जाता है---**भवतु ननु** का **होऊ णम्** हो जाता है (नायाध० १०८४, १२२८ और १३५१; ओव० § १०५)।

§ ७२---शब्द के अन्तिम वर्ण में जब विसर्ग रहता है तब विसर्ग के लुप्त होने पर **इः** और **उः** का प्राकृत रूप **ई** और **ऊ** हो जाता है। यह रूप पुलिंग और स्त्रीलिंग के कर्त्ता एकवचन के शब्दों का होता है। महाराष्ट्री में **अग्निः** का **अग्गी** रूप है (हाल १६३); अर्धमागधी में **अगणी** (सूय० २७३; २८१; २९१)। मागधी में **रोषाग्नि** का प्राकृत रूप **लोशग्गि** पाया जाता है (मृच्छ० १२३, २)। महाराष्ट्री और अर्धमागधी में **असिः** का **असी** बन जाता है (गउड० २३९; सूय० ५९३)। मागधी में **अशी** मिलता है (मृच्छ० १२, १७)। जैनमहाराष्ट्री में °**सखिः** का **सही** रूप मिलता है। यह °**सखिः** = संस्कृत **सखा** (कक्कुक शिलालेख १४)। शौरसेनी में **प्रीतिः** का **पीदी** रूप है (मृच्छ० २४, ४)। महाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी में **दृष्टिः** का **दिट्ठी** पाया जाता है (हाल १५; पव० ३८८, ५; मृच्छ० ५७,१०)। दाक्षिणात्या में **सेनापतिः** का **सेणावई** चलता है (मृच्छ० १०१, २१)। महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **तरुः** का **तरू** होता है (हेमचन्द्र ३, १९; हाल ९१३; एर्त्से ४, २९)। अर्धमागधी और शौरसेनी में **भिक्षुः** का **भिक्खू** रूप है (आयार० १, २, ५, ३; मृच्छ० ७८, १३)। जैनमहाराष्ट्री में **गुरुः** का **गुरू** रूप पाया जाता है (कक्कुक शिलालेख १४); **बिन्दुः** का **बिंदू** (आव० एर्त्से० १५, १८)। जैनमहाराष्ट्री और दाक्षिणात्या में **विष्णुः** का **विण्हू** होता है (आव० एर्त्से० ३६, ४१; मृच्छ० १०५, २१)। हेमचन्द्र के सूत्र ३, १९ के अनुसार कई व्याकरणकार इस दीर्घ के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग बताते हैं, जैसे **अग्गिं**, **निहिं**, **वाउं**, **विहुं**। **-भिः** में समाप्त होनेवाले तृतीया बहुवचन और इसके साथ ही, अपभ्रंश को छोड़ और सब प्राकृत भाषाओं में इसके समान ही **-भ्यः** में समाप्त होनेवाले पंचमी बहुवचन में विसर्ग लुप्त होने पर मात्रायें दीर्घ नहीं होतीं वरन् ह्रस्व मात्रा के साथ यह अनुस्वार हो जाता है : **-हि**, **-हिं**, **-हीँ** (§ १७८)। अपभ्रंश में पंचमी में **हु**, **हुं** और **हुँ** होता है (§ ३६८; ३६९; ३८१; ३८७ आदि-आदि)। शौरसेनी और मागधी में केवल **हिं** का प्रयोग है।

§ ७३ -- छन्दों में केवल यतिभंग-दोष बचाने के लिए भी ह्रस्व स्वर और मात्रायें दीर्घ कर दी जाती हैं। ये स्वर भले ही शब्द के बीच में या अन्त में हों। ऐसा विशेष कर अर्धमागधी और अपभ्रंश में होता है। महाराष्ट्री में **अश्रु** का **अंसू** हो जाता है (हाल १५३)। अर्धमागधी में **धृतमतः** का **धीमओ** प्रयोग मिलता है (आयार० २, १६, ८); **मतिमान्** का **मईमं** (सूय० ३९७); **मतिमता** का **मईमया** (आयार० १, ८, २, १६; सूय० ३७३); °**अमतिमत्कः** का **अमईमया** (सूय० २१३); **प्रांजलिकः** का **पंजलीओ** (दस० ६३४, २३); **आतिजरामरणैः** का **जाइजरामरणेहिं** (सूय० १, ५६); **प्रव्रजितः** का **पव्वईए** (सूय० ४९५); **महर्धिकाः** का

महिहीया (आयार० २, १५, १८, ४); **शोणितम्** का **शोणीयं** (आयार० १, ७, ८, ९) और **साधिका** का **साहिया** (ओव० § १७४) होता है। मागधी में **ऋणम्** का **लीणे** होता है (मृच्छ० २१, १९)। आधे या पूरे श्लोक के अंत में आनेवाली **इ** का बहुधा **ई** हो जाता है और यह विशेषकर क्रियापदों में। अर्धमागधी में **सहते** का **सहई** रूप मिलता है (आयार० १, २, ६, ३); **स्मरति** का **सरई** (सूय० १७२; उत्तर० २७७); °**कुर्वति = करोति** का **कुव्वई** (दस० ६२३, ३३); **भाषते** का **भासई** (सूय० १०६); **म्रियते** का कहीं **मरति** रूप बन गया होगा उससे **मरई** हो गया (उत्तर० २०७); **क्रियते** का **किज्जई** (सूय० १०६); **बध्यते** का **बज्झई** (उत्तर० २४५); **करिष्यति** का **करिस्सई** (दस० ६२७, २४); **जानन्ति** और **अनुभवन्ति** के **जाणन्ती** और **अणुहोन्ती** (ओव० § १७९ और १८८); **अत्येहि** का **अच्चेही** (सूय० १४८) हो जाता है। अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में **भुनक्ति** का **भुजई** (सूय० १३३; आव० एर्त्से० ८, ४ और २४)। मागधी में **अपवल्गति** का **ओवग्गदी** (मृच्छ० १०, ५) होता है। इसके अतिरिक्त अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में संस्कृत–**य**– का, जिसका अर्थ हिन्दी में 'कर' या 'करके' होता है, उसके स्थान पर प्राकृत शब्दों के अन्त में आनेवाला –**अ**–भी दीर्घ हो जाता है। संस्कृत शब्द **प्रतिलेख्य** के लिए अर्धमागधी में **पडिलेहिया** आता है, **ज्ञात्वा** के लिए **मुणिया, सम्प्रेक्ष्य** के लिए **सापेहिया** और **विधूय** के लिए **विहुणिया** (आयार० १, ७, ८, ७ और १३ तथा २३ और २४) रूप है। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में °**पश्य** के लिए **पासिया** शब्द प्रयोग में लाया जाता है (उत्तर० ३६१; एर्त्से० ३८, ३५)। **विज्ञाय** के लिए अर्धमागधी में **वियाणिया** (दस० ६३७, ५; ६४२, १२ आदि आदि)। इस सम्बन्ध में § ५९० और ५९१ भी देखिए। अन्य कई अवसरों पर शब्दों का अन्तिम स्वर दीर्घ हो जाता है, जैसे **जगति** शब्द अर्धमागधी में **जगई** हो जाता है (सूय० १०४) और **कंचित्** का **कंई** हो जाता है (ओव० ६३, २०); **कदाचित्** शब्द का जैनमहाराष्ट्री में **कयाई** रूप पाया जाता है (आव० एर्त्से० ८, ७; ३७, ३७)।

§ ७४—संयुक्त व्यञ्जन के सरल करने पर अर्थात् जहाँ दो संयुक्त व्यञ्जन मिले हों उनमें से संयुक्त व्यञ्जन को जहाँ केवल एक-एक व्यञ्जन का रूप दे दिया जाता हो वहाँ स्वर को दीर्घ करने के स्थान पर ह्रस्व और अनुनासिक स्वर अर्थात् वह स्वर जो नाक से बोला जाता है, आ जाता है। ऐसे स्थलों पर वे नियम लागू होते हैं जिनका उल्लेख § ६२ से ६५ तक में किया गया है। व्याकरणकारों के मत से (वररुचि ४, १५; हेमचन्द्र १, २६; मार्कण्डेय पन्ना ३४; प्राकृतकल्पलतिका पेज १०) ऐसे शब्द **वक्रादिगण** में शामिल किये गये हैं। क्रमदीश्वर २, १२२ में **वक्रादि** के स्थान पर **अश्वादिगण** दिया गया है। **कर्कोट** शब्द के लिए हेमचन्द्र ने **कंकोड** शब्द दिया है। महाराष्ट्री में **कंकोळ** शब्द आता है (शुकसप्तति १२३, २ [पाठ में **ळ** के स्थान पर **ल** दिया गया है]) और महाराष्ट्री तथा अर्धमागधी में **कक्कोळ** भी आता है (गउड० ५८२; पण्हा० ५२७

[पाठ में 'ळ' के स्थान पर ल है], इस सम्बन्ध मे § २३८ भी देखिए) ।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी, शौरसेनी और अपभ्रंश में **दर्शन** शब्द के लिए **दंसण** का व्यवहार है (भामह; हेमचन्द्र; क्रमदीश्वर; मार्कण्डेय; प्राकृतकल्प०; गउड०; हाल; रावण०; सूय० ३१२ और ३१४; भग०; नायाध०; उवास०; कप्प०; आदि आदि; एर्त्से०; कालका०; ऋषभ०; पव० ३७९, २; ३८०, ६; ३८७, १३; ३८९, ९ और ४; कत्तिगे० ४००, ३२८ और ३२९; ललित० ५५४, ७ और ८; मृच्छ० २३, १४ और २१; २९, ११; ९७, १५; १६९, १४; शकु० ५०, १; ७३, ९; ८४, १३; विक्रमो० १६, १५; १९, ३ आदि आदि; हेमचंद्र ४, ४०१, १),मागधी में **दंशण** होता है (मृच्छ० २१, ९; ३७, १०; प्रबन्ध० ५२, ६; ५८, १६), इसी प्रकार **दर्शिन** का **दंसि** (विक्रमो० ८,११), **दंसइ, दंसेइ** (§ ५५४) आदि हो जाता है। महाराष्ट्री और शौरसेनी में **स्पर्श** का **फंस** हो जाता है (भामह; क्रमदीश्वर; मार्कण्डेय; प्राकृतकल्प०; गउड०; हाल; रावण०; विक्रमो० ५१,२; मालती० ५१७,५; २६२, ३; उत्तर० ९२,९; ९३, ७; १२५, ७; १६३, ४; विद्ध० ७०, १०; बाल० २०२, ९) । शौरसेनी में **परिफंस** भी आया है (बाल० २०२, १६), मागधी में **स्फंश** मिलता है (प्रबन्ध० ५७, ८) और **फंसइ** भी (हेमचन्द्र ४, १८२) ।—**पर्शु** के लिए **पंसु** शब्द मिलता है (हेमचन्द्र) । महाराष्ट्री में **निघर्षण** के लिए **णिहंसण** (गउड०; रावण०) और **निघर्ष** के लिए **णिहंस** शब्द आया है (गउड०) ।—अपभ्रंश में **बर्हिन्** के लिए **बंहिण** शब्द मिलता है (विक्रमो० ५८, ८) । – मार्कण्डेय ने किसी व्यञ्जन से पहले आये हुए **ल** के लिए भी अनुस्वार का प्रयोग किया है। उसने **शुल्क** के स्थान पर **सुंक** शब्द दिया है। अर्धमागधी में **उस्सुंक** शब्द मिलता है (कप्प० § १०२ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] और २०९; नायाध० § ११२; पेज १३८८ [यहाँ भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । विवागसूय २३० में **सुक्क** शब्द आया है। **श + -ष** और **सं + -य** के स्थान पर भी अनुस्वार आता है: अर्धमागधी में **नमस्यति** के लिए **नमंसइ** का प्रयोग हुआ है (आयार० २, १५, १९; नायाध० § ७; पेज २९२; उवास०; भग०; कप्प०; ओव० § २०, ३८ और ५० आदि-आदि की भी तुलना कीजिए)।—जैनमहाराष्ट्री में °**नमस्यित्वा** के लिए **नमंसित्ता** (पव० ३८६, ६) पाया जाता है।—जैनमहाराष्ट्री में **निवसत**, जिसका कभी वर्तमान काल का रूप °**निवस्यत** बोला जाता होगा, **नियंसइ** हो गया (एर्त्से० ५९, ३०) और इसका अर्धमागधी रूप **नियंसेइ** होता है (जीवा० ६११); कहीं-कहीं **नियंसेइ** भी आता है (विवाह० १२६२), **नियंसित्ता** (जीवा० ६११), **नियंसावेइ** (आयार० २, १५, २०) और वर्तमान काल के रूप से निकला हुआ स्वर-भक्तिवाला रूप **निअंसण** भी महाराष्ट्री में मिलता है (हाल) । **विनिअंसण** भी काम मे आया है (हाल); अर्धमागधी में **नियंसण** भी पाया जाता है (पण्णव० १११ [टीका में दिया हुआ यही रूप पढ़ा जाना चाहिए]; राय० ८७; ओव० § ३५); **विअंसण** (मार्क०); **पडिणिअंसण*** = रात के कपड़े;

---

* पाली में **पटिनिवासन** का अर्थ कपड़ा है। वहाँ पटि = प्रति है। देशी प्रयोग में अर्थ बदल जाता है। —अनु०

(देशी० ६, ३६) ।— महाराष्ट्री मे **वयस्य** का **वअंस** हो जाता है (हेमचंद्र; मार्क०; प्राकृत०); **वयस्यी** का **वअंसी** भी मिलता है (कर्पूर० ४६,८); जैनमहाराष्ट्री में **वयंस** (एर्त्से०) है।—अपभ्रंश मे **°वयस्यिकाभ्यः** का **वअंसिअहु** होता है (हेमचंद्र० ४,३५१); **महाराष्ट्री में वअस्स** शब्द भी आया है (हाल) और शौरसेनी मे तो सदा यही शब्द चलता है (मृच्छ० ७, ३ और १४ तथा १९; शकु० २९, ३; ३०, ६; विक्रमो० १६, ११; १८, ८) ।—**श + –, ष + –** और **स –** कार **+ र** के स्थान पर भी अनुस्वार हो जाता है; महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश में **अश्रु** का **अंसु** हो जाता है (भामह; हेमचंद्र; क्रम०; मार्क०; प्राकृतक०; गउड०; हाल; रावण०; **करण०** ४४, २०; एर्त्से०; द्वारा० ५०१, ३२; पिंगल० १, ६१ (अ)), किन्तु शौरसेनी में **अस्सु** होता है (वेणी० ६६, ७; सुभद्रा० १७, ३; मुकुन्द १५, १ और इसी प्रकार विक्रमोर्वशी ८३, १३ [पंडित द्वारा सम्पादित बम्बइया संस्करण १५०, १२; पिशल द्वारा सम्पादित ६६६, ३ में **अंसु** के स्थान पर **अस्सु** पढा जाना चाहिए]; मुद्रा० २६०, ३; विद्ध० ७९, ६; ८०, २) ।— अर्धमागधी मे **स्मश्रु** के स्थान पर **मंसु** होता है (भामह; हेमचंद्र; क्रम०; मार्क०; पाइय० ११२; आयार० १, ८, ३, ११; २, ८, ५; पण्हा० ३५१; भग: ओव०); **निःश्मश्रु** के लिए **निम्मंसु** आता है (अणुत्तर० १२; [पाठ मे **सु** के स्थान पर **स** है]); जैनशौरसेनी मे **श्मश्रुक** के लिए **मंसुग** आता है (पव० ३८६, ४) । इस सम्बन्ध मे § ३१२ भी देखिए । महाराष्ट्री और अर्धमागधी में **त्र्यस्र** का **तंस** होता है (भामह; हेमचन्द्र; मार्क०; कर्पूर० ३७, ७; ४०, ३; आयार० १, ५, ६, ४; सूय० ५९०; ठाणग० ४४५ और ४९३); अर्धमागधी मे **चतुरस्र** का **चउरंस** (आयार० १, ५, ६, ४; सूय० ५९०, ठाणग० २० और ४९३; उवास०; ओव०), **षडस्र** का **छलंस** (ठाणग० ४९३) मिलता है; **षडस्रिक, अष्टास्र** के लिए **छलंसिय** और **अट्ठंस** शब्द काम मे आये हैं (सूय० ५९०) ।— **श–,ष–,स–**कार मे संस्कृत में जब **व** लगता है तब प्राकृत मे वहाँ भी अनुस्वार हो जाता है; **अश्व** का **अंस** हो जाता है (भामह) और अर्धमागधी मे **अश्वत्थ** का **अंसोत्थ** आया है (विवाह० १५३०); कहीं-कहीं **अस्सोत्थ** भी मिलता है (ठाणग० ५५५), **आसोत्थ** भी पाया जाता है (आयार० २, १, ८, ७; पण्णव० ३१) और **आसत्थ** (सम० २३३) भी है ।-- महाराष्ट्रीमे **मनस्विन्** के लिए **मणंसि** आता है (हेमचन्द्र; मार्क०; हाल); **मनस्विनी** के लिए **मणंसिणी** प्रयोगमे आता है (भामह; क्रम०; प्राकृतक०) और महाराष्ट्री तथा शौरसेनी मे **माणंसिणी** रूप भी आया है (हेमचन्द्र; हाल; बाल० १४२, ३; २४२, ४), इसी प्रकार संस्कृतके जो विशेषण शब्द—**विन्**—में समास होते हैं उनमे भी अर्धमागधीमे अनुस्वार आता है, जैसे **ओजस्विन्** का **ओयंसि** हो जाता है (आयार० २, ४, २, २; नायाध०; ओव०); **यशस्विन्** का **जस्संसि, तेजस्विन्** का **तेयंसि** और **तेअंसि** होता है (आयार० २, ४, २, २; नायाध०); **वर्चस्विन्** का **वच्चंसि** हो जाता है (नायाध०; ओव०) ।--**ह्रस्व** का **हंस** हो जाता है (भामह; इस ग्रन्थका § ३५४ भी देखिए) ।—जहाँ, **श–, ष–, स–**कार आता है वहाँ भी अनुस्वार आ

जाता है; **मनःशिला** का **मणंसिला** होता है; किन्तु इसके साथ **मणासिला, मणोसिला** और **मणसिला** रूप भी मिलते हैं (§ ६४ और ३४७)। अर्धमागधीमें ध्वनिका यह नियम कुछ अन्य शब्दोंपर भी लागू होता है जब संयुक्त अक्षरोंमेंसे एक **श–, ष–, स–**कार हो। इस प्रकार **शष्कुलि** शब्द में **ष्क** होने के कारण इसका रूप **संकुलि** हो जाता है (आयार० २, १, ४, ५; पण्हा० ४९०), साथ-साथ **सक्कुलि** रूप भी चलता है (ठाणग० २५९ [टीका में **संकुली** शब्द आया है]; दस० ६२१, २); **पाणौ** शब्दका किसी समय भूलसे °**पाणिष्मिन्** रूप हो गया होगा उसका **पाणिंसि** हो गया; यह **स् + म** का प्रभाव है। **लेष्टौ** शब्द का कभी कहीं °**लेष्टुष्मिन्** हो गया होगा; उसका अर्धमागधी में **लेळुंसि** हो गया (§ ३१२ और ३७९) और **अस्मि** का **अंसि** हो जाता है (§ ३१३ और ४९८)। उक्त दोनों शब्दों में अनुस्वार आया है वह **स् + म** का प्रभाव है। सर्वनामों के सप्तमी एकवचन और सर्वनामों की नकल में बने हुए संज्ञा शब्दों की सप्तमी में भी अनुस्वार आ जाता है, जैसे **कस्मिन्, यस्मिन्, तस्मिन्** के अर्धमागधी रूप **कंसि, जंसि, तंसि** हो जाते हैं; **लोके** शब्द का **लोगंसि** हो जाता है। **तादृश** और **वासघरे** का **तारिसगंसि** और **वासघरंसि** हो जाता है (§ ३१३, ३६६ (अ) और ४२५ तथा उसके बाद); **क्+ष (क्ष)** आने पर भी अनुस्वार आ जाता है। **प्लक्ष** का **पिलंखु** हो जाता है (आयार० २, १, ८, ७), इसके स्थान पर कई जगहों में **पिलक्खु** मिलता है (विवाह० ६०९, १५३०), **पिलुक्ख** (पण्णव० ३१), **पिलुंक** (सम० २३३) रूप भी देखे जाते हैं, आयारंगसुत्त में **पिलक्खु** है। **पक्ष** के स्थान पर **पंख** शब्द भी आया है (उत्तर० ४३९), **पक्षिन्** का **पंखि** (राय० २३५), **पक्षिणी** का **पंखिणी** (उत्तर० ४४५) हो जाता है। **त्+स् (त्स)** अक्षर आने पर भी अनुस्वार हो जाता है। **जिघत्सा** शब्द के लिए **दिगिंछा** होता है (उत्तर० ४८ और ५० [टीका मे **दिगंछा** शब्द दिया गया है])। **विचिकित्सा, विचिकित्सती** और **विचिकित्सित** के लिए **वितिगिंछा** (आयार० १, ३, ३, १; १, ५, ५, २), **वितिगिंछइ** (सूय० ७२७) और **वितिगिञ्छिय** (विवाह० १५०) रूप मिलते हैं (§ २१५ और ५५५)। **प् + स (प्स)** संयुक्त अक्षर किसी शब्द में आने से भी अनुस्वार आ जाता है। **जुगुप्सा** के लिए **दुगंच्छा** शब्द आता है (ठाणग १५१; विवाह० ११०; उत्तर० ९६०), **दुगुंछा** भी मिलता है (पण्हा० ५३७), **दुगुंछण** भी व्यवहार मे आया है (आयार० १,१,७,१; उत्तर० ६२८ [इसमें **दुगंछा** छपा है]), **जुगुप्सिन्** के लिए **दोगंछि** का प्रयोग मिलता है (उत्तर० ५१ और २१९ [यहाँ **दोगुछि** छपा है]), **दुगंछणिज्ज** भी मिलता है (उत्तर० ४१०), जैनमहाराष्ट्री में **दुगंछा** शब्द भी है (पाइय० २४५; एर्से०); अर्धमागधी में **दुगुंछइ,दुउंछइ, दुगंछमाण** और **दुगुंछमाण** (§ २१५ और २५५) रूप भी आये हैं। **प्रतिजुगुप्सिन्** के लिए **पडिदुगुंछि** मिलता है (सूय० १३३)। **ष् + ट (ष्ट)** संयुक्त स्वर आने पर भी अनुस्वार आ जाता है। **गृष्टि** शब्द के लिए **गंठि** (मार्क०), **गिंठि** (हेमचन्द्र) और **गुंठि** (भामह) मिलते हैं। किन्तु शौरसेनी में **गिट्ठि** शब्द आया

है (मृच्छ० ४४, ३), हेमचन्द्र ने भी यही बताया है। ऐसे स्थल जहाँ अनुस्वार तो हो गया है किन्तु न तो **र** व्यञ्जन और न **श-ष सकार** ही उन शब्दों में आते हैं, वे यहाँ दिये जाते हैं। संस्कृत शब्द **गुच्छ** का हेमचन्द्र के मतानुसार **गुंछ** हो जाता है, किन्तु शौरसेनी में **गुच्छ** शब्द का ही प्रयोग है (रत्ना० ३१८)। —महाराष्ट्री में **पुच्छ** शब्द का **पिच्छ** होकर **पिंछ** हो जाता है (गउड०; रावण०), महाराष्ट्री, अर्धमागधी और शौरसेनी में **पिच्छ** शब्द भी काम में आता है (कर्पूर० ४६, १२; आयार० १, १, ६, ५; अणुओग० ५०७; उवास०; विक्रमो० ३२, ७)। **पुच्छ** शब्द का हेमचन्द्र तथा मार्कण्डेय के अनुसार **पुंछ** * भी हो जाता है, किन्तु अर्धमागधी में **पुच्छ** ही काम में आता है (आयार० १, १, ६, ५); मागधी में **पुश्च** हो जाता है (मृच्छ० १०, ४)।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सनत्-कुमार** का **सणंकुमार** हो जाता है (ठाणग० ९० और २००; सम० ९, १६ और १८; पण्हा० ३१४; पण्णव० १२३ और १२४; विवाह० २४१ और २४२; ओव०; एर्त्से०)। यह अनुस्वार § ७५ में बताये नियम के अनुसार लगा है। अर्ध-मागधी में **महाश्व** का **महंआस** होता है (विवाह० ८३०; ओव०)। लौयमान के अनुसार यह **महं महन्त**[†] से निकला है[1] जो प्राकृत में अन्यत्र **महंत** रूप में ही आता है। इस सम्बन्ध में § १८२ भी देखिए। **मज्जा** शब्द का अर्धमागधी और जैनमहा-राष्ट्री में पाली शब्द **मिञ्जा** के प्रभाव से **मिंजा** हो जाता है। यह **इ** § १०१ के नियम के अनुसार **अ** के स्थान पर आयी है (आयार० १; १, ६, ५, सूय० ७७१, ठाणग० १८६ और ४३१; पण्हा० २६; पण्णव० ४०; विवाह० ११२, ११३, २८० और ९२६; जीवा० ४६८; उवास०; ओव०; एर्त्से०), **मिंजिया** रूप भी मिलता है (पण्णव० ५२९; विवाह० ४४८)। ये रूप आदि–आर्य शब्द **मज्जा** और °**मज्जिका** तक पहुँचते हैं। **बुध्न** का प्राकृत रूप **बुंध** है (हेमचद्र)। अपनी बनावट और तात्पर्य के हिसाब से अपभ्रंश **वंक** = **वक्र** से मिलता है। दूसरी ओर यह लैटिन शब्द **फुण्डुस** से मिलता है और इस दृष्टि से इसका **बुंध** रूप ठीक ही है। महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश में **वक्र** का **वंक** हो जाता है (वर०; हेम०; क्रम०, मार्क०; प्राकृतक०, हाल; आयार० १,१,५,३; पण्णव ४७९ और ४८२; निरया०; एर्त्से; कालका०; पिंगल १,२; हेम० ४,३३०; ३,३५६ और ४१२)। इसका सम्बन्ध **वक्रित** = **वंकिय** से है (रावण०)। महाराष्ट्री और अपभ्रंश **वंकिम** (विद्ध० ५५,७; हेम० ४,३४४) और अपभ्रंश **वंकुडअ** (हेम० ४,४१८,८) का सम्बन्ध वैदिक **वंकु** से है[2]। यह **वकि कौटिल्ये** (धापा० ४,१४) का रूप है, इसलिए इसका शुद्ध रूप **वंक** लिखा जाना चाहिए। **वक्र** से शौरसेनी **वक्क** बना है (रत्ना० ३०२, १९; ३०८,

* इससे हिंदी में पूछ हो गया। **पिंछ** रूप पाली में भी आया है, इसलिए यह विचारणीय हो जाता है कि महाराष्ट्री **पिंछ** पर पाली का प्रभाव तो नहीं पड़ा है ? —अनु०

† **महन्त** शब्द वैदिक है। ऋग्वेद के कोशकार 'ग्रासमान' का यह मत है कि यह **मह्** धातु की आसन्नभूतकालिक स्वरभक्ति है। कुछ विद्वान् समझते हैं **महत्** का प्राचीनतम रूप **न**कार-युक्त **महन्त** ही है। अवेस्ता में भी इसका रूप **मजन्त** आया है, लैटिन **माग्नुस्** में भी **न** है। पाली रूप भी **महन्त** है। इसलिए निष्कर्ष निकलता है कि **महन्त** शब्द वेद-कालिक है।—अनु०

७; वृषभ० २४,७; २६,९; मल्लिका० २२३,१२; कंस० ७,१८)। इसके रूप **वक्कद्र** (प्रसन्न० १४०,१), **वक्किद** (बाल० २४६,१४), **अणुवक्क** (मालवि० ४८,१९) मिलते है; अर्धमागधी **वक्कय = वक्कक** (ओव०) हैं। कर्णसुन्दरी २२,१९ में **वंक** रूप अशुद्ध दिया गया है। 'प्रसन्नराघव' ४६,५ में **वंकुण** का स्त्रीलिंग **वंकुणी** आया है। कंसवध ५५,११ मे **तिवंकुणी** नाम आया है। § ८६ भी देखिए। **विंछुअ, विंछिअ** और **विंचुअ** के बारे में § ३०१ भी देखिए।

१. औपपत्तिक सूत्र देखिए। —२. हेमचंद्र पर पिशल का लेख १, २६; गेल्दनर का वेदिशे स्टुडियन २, १६४ और २५८।

§ ७५—प्लुति के अतिरिक्त (§ ७१) अंतिम व्यंजन का लोप हो जाने पर किसी-किसी प्राकृत बोली मे कभी अनुस्वार के साथ दीर्घीकरण का रूप उलटा हो जाता है (देखिए § १८)। अर्धमागधी और महाराष्ट्री मे **विंशति** का °**विंशत्** होकर **वीसं** रूप बन जाता है; **त्रिंशत्** का **तीसा** और **तीसं, चत्वारिंशत्** का **चत्तालीसा** और **चत्तालीसम्** रूप बनते है। अपभ्रंश मे ये शब्द अन्तिम वर्ण को ह्रस्व करके **बीस, तीस, चउआलीस** और **चोआलीस** रूप धारण कर लेते है (§ ७५ और ४४५)। अर्धमागधी मे **तिर्यक्** का रूप **तिरिया** हो जाता है (हेमचन्द्र २,१४३) और साथ-साथ **तिरियं** भी चलता है (आयार० १,१,५,२; १,५,६,२; १,७,१,५, १,८,४,१४; सूय० १९१; २७३; ३०४; ३९७; ४२८; ९१४; ९३१; उत्तर० १०३१; पण्णव० ३८१; कप्प०), मधि में भी यही रूप रहता है। **तिर्यग्वात** का **तिरियंवाय** हो जाता है, **तिर्यग्भागिन्** का **तिरियंभागि** हो जाता है (सूय० ८२९)। अर्धमागधी मे **सम्यक्** का **समिया** हो जाता है (सूय० ९१८; आयार० १, ४, ८, ६; १, ५, २, २ और ५, ३), साथ साथ इसी प्राकृत मे **समियं** भी चलता है (आयार० १, ५, ५, ३; सूय० ३०४)। अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी मे **सम्मं** का भी प्रचलन है (हेमचन्द्र १, २४; आयार० १, २, १, ५; १, ५, ५, १ और ६, १; सूय० ८४४; ९५८; ९९४; ९९६; ठाणग २४२; विवाह० १६३; १६५; २३८; उत्तर० ४५०; एर्त्से०; कालका०; पव० ३८९, ३; कत्तिगे० ३९९, ३०८ और ३०९; काल्-यक० २१, १५; २४, १८)। अर्धमागधी मे **समियाए** भी होता है (आयार० १, ५, ५, ३ और ५)। § ११४ से भी तुलना कीजिए। **यस्मिन्** के लिए अर्धमागधी मे **जंसि** के साथ-साथ **जंसी** भी काम मे आता है। **यस्याम्** के भी ये ही रूप है (सूय० १३७; २७३; २९७)। अपभ्रंश मे **यस्मिन्** का **जही, जहि, जहिं** होता है (पिंगल २, १३५ और २७७) और **कि** के साथ ही **किं, की** रूप भी चलते है (पिंगल २, १३८)। सभवतः ये रूप सीधे **जंसि, जहिं** और **किं** से संबंध रखते है और इनका दीर्घीकरण केवलमात्र छंद की मात्रायें ठीक करने के लिए है।

§ ७६—यदि कोई स्वर अनुस्वारवाला हो और उसके ठीक बाद ही **र, श, ष, स** और **ह** हो तो स्वर कभी-कभी दीर्घ हो जाता है और अनुस्वार का लोप हो जाता है। **विंशति** का °**विंशत्** होकर अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **वीसा,**

वीसं हो जाता है। इसी प्रकार **त्रिंशत्** का **तीसा, तीसं** होता है, **चत्वारिंशत्** का **चत्तालीसा, चत्तालीसं** हो जाता है आदि आदि। अपभ्रंश में ये शब्द अन्तिम अक्षरको ह्रस्व करके **वीस, तीसा, चउआलसा** और **चोआलीसा** रूप धारण कर लेते हैं (§ ७५ और ४४५)। संस्कृत शब्द **दंष्ट्रा** का पाली में **दाठा** हो गया, चूलिका पैशाची में **ताठा** तथा महाराष्ट्री, अर्धमागधी और शौरसेनी में यह रूप बदलकर **दाढा** बन गया (वररुचि ४, ३३; चण्ड० ३, ११; हेमचन्द्र २, १३९; क्रम० २, ११७; मार्क० पन्ना ३९; गउड०; हाल०; रावण०; आयार० १, १, ६, ५; जीवा० ८८३; अणुओग० ५०७; उवास०; कप्प०; मालती २५१, ५; चण्डकौ० १७, ८; बाल० २४९, ८; २५९, १७; २७०, ६); अर्धमागधी और शौरसेनी में **दंष्ट्रिन्** का **दाढि** बन गया (अणुओग० ३४९; वेणी० २४, ७ [यहाँ यही पढ़ा जाना चाहिए])।—**सिंह** शब्दका महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री, अर्धमागधी और अपभ्रंश में **सीह** हो जाता है (वररुचि १, १७; हेमचन्द्र १, २९ और ९२ तथा २६४; क्रम० १, ७७; मार्क० पन्ना ७; पाइय० ४३; गउड०; हाल; रावण०; आयार० २, १५, २१; सूय० २२५, ४१४ और ७४८; पण्णव० ३६७, राय० ११४; उत्तर० ३३८; दस० नि० ६४७, ३६; एर्त्से०, कालका०; हेमचन्द्र० ४, ४०६, १; ४१८, ३), **सिंही** का अर्धमागधीमें **सिही** हो जाता है (पण्णव० ३६८) और **सिंघ** (§ २६७) तथा **सिंह** रूप भी चलते हैं। शौरसेनी में भी **सिंह** रूप चलता है (बाल० २०९, ११ में **सिंहणाद** आया है; २३४, ८ में **णरसिंह** शब्द मिलता है; चण्डकौ० १७, १ में **वणसिंह** पाया जाता है)। इन सन्धि-शब्दों के अनुसार ही हेमचन्द्र १. ९२ में **सिंघदत्त** और **सिंघराअ** मिलता है। इसी प्रकार मागधी में भी **सिंघसावक** के लिए **सिंहशावअ** आता है (शकु० १५४, ६), किन्तु अर्धमागधी में **सीहगुहा** शब्द मिलता है (नायाध० १४२७ तथा उसके बाद)। बालरामायण ५०, ११ में शौरसेनी भाषा में **सीहसंढा** मिलता है [? शायद °**संघा**] (मल्लिका० १४३, १४ में मागधी में **सीहमुह** मिलता है, किन्तु १४४, ३ में **सिंघमुह** आया है)।—**किंशुक** के लिए **किंसुअ** (गउड०; हाल; कर्पूर० १०, ७) और फिर कहीं कहीं °**केंसुअ** रूप रहा होगा (§ ११९) और इससे **केसुअ** हो गया है, सिन्धी में यह शब्द **केसू** है।—**पिनष्टि** का कभी °**पिंसति** हुआ होगा, जिसका शौरसेनी में **पीसेदि** बना, फिर उससे **पीसइ*** हो गया (§ ५०६; हेमचन्द्र ४, १८५; मृच्छ० ३, १, २१); कभी कहीं °**पिंसन** रहा होगा जिससे अर्धमागधी में **पीसण**† बन गया (पण्हा० ७७) अर्धमागधी में **बृंहयेत्** रूप से **वूहए** हो गया (सूय० ८९४); **अणुवूहइ** आया है; (नायाध०; कप्प०), **दुप्पडिवूहण** और **पडिवूहण** भी मिलते हैं (आयार० १, २, ५, ४ और ५)। अर्धमागधी में **सम** उपसर्ग बहुधा दीर्घ हो जाता है, जैसे **संरक्षण** का **सारक्खण** हो गया (ठाणग० ५५६), **संरक्षणता** का **सारक्खणया** बन जाता है (ठाणग० ३३३), **संरक्षिन्** का **सारक्खी** (ठाणग० ३१३) रूप

* यह रूप **पीसे** रूप में हिन्दी में आ गया है। —अनु०

† हिन्दी पीसना, पिसन-हारी, पिसान आदि इसीके नाना रूप हैं।—अनु०

मिलता है **सारक्खमाण** भी आया है (आयार० १,५,५,१०; उवास०; निरया०); जैनमहाराष्ट्री में **सारक्खणिज्ज** और **सारक्खन्तस्स** रूप आये हैं (आव० एर्त्से० २८, १६ और १७); अर्धमागधी में **संरोहिन्** का **सारोहि** हो गया है (ठाणंग० ३१४) और **संहरति** का **साहरइ** (कप्प०) देखा जाता है। उसमें **साहरेज्जा** (विवाह० ११५२), **साहरन्ति** (ठाणंग० १५५) और **साहट्टु = संहृत्य** रूप भी मिलते हैं (§ ५७७), **पडिसाहरइ** (पण्णव० ८४१; नायाध०; ओव०), **साहणन्ति** और **साहणित्ता** शब्द भी आये हैं (विवाह० १३७, १३८ और १४१)। यही नियम **संस्कृत** शब्द के लिए महाराष्ट्री में, जो **सक्कअ,** अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री में **सक्कय** और शौरसेनी में भी **सक्कद** रूप आता है, उस पर भी लागू होता है (चण्ड० २, १५ पेज १८; हेमचन्द्र १, २८; २, ४; मार्क० पन्ना ३५; कर्पूर० ५, ३; ५, १; वज्जाल० ३२५, २०; मृच्छ० ४४, २), **असंस्कृत** के लिए अर्ध-मागधी और जैनमहाराष्ट्री में **असक्कय** शब्दका प्रयोग होता है (पण्हा० १३७; वज्जाल० ३२५, २०); इनके अतिरिक्त **संस्कार** के लिए **सक्कार** शब्द काममें लाया जाता है (हेमचन्द्र १, २८; २, ४; मार्क० पन्ना ३५; रावण० १५, ९१) ; जैनमहाराष्ट्री में **संस्कारित** के लिए **सक्कारिय** आता है (एर्त्से०)। इसकी व्युत्पत्ति का क्रम इस प्रकार है—**संस्कृत, सांस्कृत, साक्कअ** और **सक्कअ**। इस सम्बन्धमें § ३०६ भी देखिए। मार्क० पन्ना ३५ और ऋषिकेष पेज १२ के नोट में वामनाचार्य के अनुसार **संस्तुत** का **सत्थुअ** और **संस्तव** तथा **संस्ताव** का क्रमशः **सत्थव** और **सत्थाव** हो जाता है, किन्तु अर्धमागधी में इसका रूप **संथुय** मिलता है (आयार० १, २, १, १)। इस सम्बन्ध में § १२७ में **कोहण्डी** और **कोहण्ड** शब्दों से तुलना कीजिए।

§ ७७—संस्कृत में कभी-कभी उपसर्गों का पहला स्वर शब्दों के पहले जुड़ने पर दीर्घ कर दिया जाता है: **अभिजाति** का **आभिजाति** हो जाता है, **परिप्लव** का **पारिप्लव** बन जाता है, **प्रतिवेश्य प्रातिवेश्य** हो जाता है। यही नियम प्राकृत भाषाओं में भी पाया जाता है (वररुचि १, २; हेमचन्द्र १, ४४; क्रम० १, १; मार्क० पन्ना ४, ५; प्राकृत कल्प० पेज १९); **अभिजाति** का **अहिजाइ** हो जाता है और महाराष्ट्री में इसका रूप **आहिजाइ** (हाल) और **आहिआइ** (रावण०) होता है; **प्रतिपद्** का महाराष्ट्री में **पडिवआ** और **पाडिवआ** होता है; **प्रत्येक** शब्द का महा-राष्ट्री और अर्धमागधी में **पाडिएक्क** होता है (§ १६३); **प्रतिस्पर्धिन्** का प्राकृत में **पडिप्फद्धि** और **पाडिप्फद्धि** हो जाता है (हेमचन्द्र; क्रम० १, १; २, १०१); °**प्रतिषिद्धि** (जिसका अर्थ जुए का जोश है) प्राकृत में **पडिसिद्धि** और **पाडिसिद्धि** हो जाता है (हेमचन्द्र २, १७४; देशी० ६, ७७ ; शौरसेनी के उदाहरण, कर्पूर० १८, १; २१, ५; ४४, ९); °**प्रतिस्मार** (=चालाकी) का प्राकृत में **पडिसार** और **पाडिसार** रूप होते है (देशी० ६, १६); **समृद्धि** का महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **समिद्धि** (गउड०; हाल; ऋषभ०) और महाराष्ट्री में **सामिद्धि** भी होता है (हाल); **अध्युपपन्न** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **अज्झोववन्न, अज्झोववण्ण** होता है (आयार० १, १, ६, ६; २, १, ७, २; सूय० १८५, २१०,

७५१ और ९२३; नायाध० १००६, १३८७, १४६१, १४६९; विवाग० ८७ और ९२; उवास०; आव० एर्त्से० २६, २५; ३०, २६; एर्त्से०) और ये शब्द भी मिलते हैं—**अज्झोववज्जइ, अज्झोववज्जइ** (नायाध० ८४१ और १३४१), **अज्झोयव-ज्जिहिहिइ** (ओव०) ; अर्धमागधी में **आभ्युपगमिकी** का **अब्भोवगमिया** होता है (भग०; [औपपातिक सूत्र के शब्द **आहेवच्च** की तुलना कीजिए])। महाराष्ट्री में उपसर्ग का अन्तिम स्वर दीर्घ करने का प्रचलन दिखाई देता है, उसमें **वितारयितुम्** और **वितारयसे** का **वेआरिउं, वेआरिज्जसि** होता है (हाल २८६ और ९०९) ; **वेआरिअ** भी मिलता है किन्तु इसका अर्थ **केश** और ताना हुआ है (देशी० ७, ९५); अर्धमागधी में **आधिपत्य** का **आहेवच्च** होता है (सम० १३४; नायाध० २५७, ३१०, ३२९, ४८१, ५२९, १४१७, १५०७ ; विवाग० २८ और ५७ [इसमें **आहेवच्च** की जगह **अहेवच्च** है] ; पण्णव० ९८, १००, १०३ , अन्तग० ३ [इसमें भी **अहेवच्च** मिलता है] ; ओव०; कप्प०)। ऐसे स्थलों पर जहाँ **°अनुपान-हनक** अर्धमागधी में **अणोवाहणग** अथवा **अणोवाहणय** (सूय० ७५९ ; विवाह० १३५ ; ओव०) अथवा अर्धमागधी और जैनशौरसेनी में **अनुपम** के स्थान पर **अणोवम** (पण्णव० १३६ ; ओव० ; पव ३८०, १३) ; या **अनृतुक** के स्थान में **अणोउय** (ठाणग० ३६९) अथवा **अनुपनिहित** के लिए **अणोवनिहिय** (अणुओग० २२८, २४१ और २४२) वा **अनुपसंख्य** के स्थान पर **अणोवसंख** आता है, वहाँ दीर्घीकरण का नियम लागू नहीं होता बल्कि यहाँ **अण** जिसका अर्थ **नहीं** होता है, उसके आरम्भ में आने के कारण ये रूप हो जाते हैं। यह तथ्य एस० गौल्दस्मित्त[1] ने सिद्ध कर दिया है ; और यही नियम अर्धमागधी **अणईइ= अनीति**[2], जैनशौरसेनी **अणउदय** (कत्तिगे० ३९९, ३०९), महाराष्ट्री **अणहिअअ= अहृदय** (हाल ; रावण०), **अभवद्** के लिए महाराष्ट्री रूप **अणहोंन्त*** (हाल) है, **अणरसिय** (हाल), **अदीर्घ** के लिए **अणदीहर** (रावण०) आया है, **अमिलित** के लिए **अणमिलिअ** (देशी० १, ४४) और **अरति** से निकले हुए, कभी कहीं बोले जाने वाले **°अरामक** के रूप **अणराम** (देशी० १, ४५) आदि आदि इस नियम के उदाहरण हैं[3]† इस विषय पर § ७० भी देखिए।

१. त्साइटुं डेर मौर्गेन लैण्डिशन गेजेलशाफ्ट, ३२, ९९ और उसके बाद ; कून्स त्साइटश्रिफ्ट २४, ४२६। — २. लौयमान, औपपातिक सूत्र। — ३.

* यह रूप हिन्दी में **अनहोत, अनहोनी** आदि में मिलता है। कुमाउनी में इसका रूप **अणहुति** हो गया है। —अनु०

† उक्त रूपों से हिन्दी की एक परंपरा पर प्रकाश पड़ता है। हिन्दी के बूढ़े साहित्यिक यह न भूले होंगे कि कभी श्रद्धेय स्व० बाबू बालमुकुन्द गुप्त, जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी और पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी में **अस्थिरता, अनस्थिरता** और **अपढ़** तथा **अनपढ़** पर प्रचण्ड वादविवाद चल गया था। तथ्य यह है कि प्राकृत के नियम से गोस्वामी तुलसीदास ने **अनभल, अनहित** आदि का प्रयोग किया है। हिन्दी में **अनहोनी, अनरीति** आदि रूप प्राकृत परिपाटी के साथ और संस्कृत व्याकरण के नियम के विरुद्ध जाते हैं। —अनु०

पिशल, बेत्सेनबैरगैर्स बाइत्रैगे ३, २४३ और उसके बाद; वेबर, हाल ४१ में। योहान्नेस दिमत्स, कून्स त्साइटश्रिफ्ट २३, २७१ और उसके बाद।

§ ७८—प्राकृत भाषाओं में कई अन्य अवसरों पर संस्कृत के नियमों के विपरीत भी स्वर दीर्घ कर दिये जाते हैं। इस प्रकार **परकीय** का **पारकेर** हो जाता है (हेमचन्द्र १, ४४), किन्तु शौरसेनी में **परकेर** (मालवि० २६, ५) और **परकेरअ** (शकु० ९६, १०) रूप होते हैं, मागधी में स्वभावतः **पलकेलअ** हो जाता है (मृच्छ० ३७, १३; शकु० १६१, ७)।—महाराष्ट्री में **मनस्विन्** और **मनस्विनी** का **मांणसि** और **माणंसिणी** हो जाता है (§ ७४)।—**तादृक्ष, यादृक्ष** के जोड़ के शब्द **°सादृक्ष'** का महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी में **सारिच्छ** हो जाता है (भाम० १, २; हेमचन्द्र १, ४४; क्रम० १, १; मार्क० पन्ना ५; प्राकृतकल्प० पेज १९; हाल; एर्त्से०; कालका०; कत्तिगे० ४०१, ३३८)।—**चतुरन्त** का अर्धमागधी में **चाउरन्त** हो जाता है (हेमचन्द्र १, ४४; सूय० ७८७ और ७८९; ठाणग० ४१, १२९ और ५१२; सम० ४२; पण्हा० ३०२; नायाध० ४६४ और ४७१; उत्तर० ३३९, ८४२ और ८६९; विवाह० ७, ३९, १६०, ८४८, १०४९, ११२८ आदि आदि) और **चतुष्कोण** का **चाउकोण** हो जाता है (नायाध० १०५४; जीवा० २८९ और ४७८)। प्राकृत में **चाउघण्ट** शब्द मिलता है (नायाध० § १३०; पेज ७३१, ७८०, ७८४, ८२६, १०६०, १२३३, १२६६ और १४५६; विवाह० ११४, ८०१, ८०२ और ८३०; राय० २३१, २३७, २३९; निरया० § २१); **चतुर्याम** का **चाउज्जाम** रूप होता है (विवाह० १३५); **चतुरंगिणि** का **चाउरंगिणी** (नायाध० § ६५, १०० और १०३; पेज ५३१ और ५४८; ओव०; निरया०) बन जाता है।—**चिकित्सा** का अर्धमागधी में **तेइच्छा** रूप है (§ २१५)। यह दीर्घत्व **ऋ** वाले शब्दों में भी मिलता है। इस प्रकार **गृहपति** का **गाहावइ** हो जाता है; इस शब्द में **गृ** और **ह** दोनों दीर्घ हो गये हैं [यह § ७० के नियम के अनुसार हुआ है] (आयार० १, ७, २, १ और २; ३, ३; ५, २; २, १, १ और उसके बाद; सूय० ८४६, ८४८, ८५० और और ९५७ तथा उसके बाद; विवाह० १६२, २२७, ३४५, ३४६ और १२०७ तथा उसके बाद; निरया० ४१ और ४३; उवास०; कप्प०); **गृहपत्नी** का **गाहावइणी** हो जाता है (विवाह० १२६६, १२७० और १२७१; नायाध० ५३०; उवास०)।—**मृषा** के लिए अर्धमागधी में **मुसं** (सूय० ७४, ३४० और ४८९; दस० ६१४, २९; उत्तर० ११६); और **मुसावाद** होते हैं (सूय० २०७; उवास० § १४ [पाठ में **मूसवाद** शब्द है]; और ४६ इसमें **मुसावाय** शब्द है), **मुसावादि** भी पाया जाता है (आयार० २, ४, १, ८) और बहुधा **मोष** शब्द भी काम में आता है (उत्तर० ३७३, ९५२ और ९५७), **मोस, सच्चामोस** और **असच्चामोस** भी मिलते हैं (आयार० २, ४, १, ४; पण्णव० ३६२; ठाणंग० २०३; ओव० § १४८ और १४९), **तच्चमोस** भी आया है (ठाणग० १५२; पण्णव ३६२), **परयामोस** भी काम में लाया जाता है (ठाणग० २१; विवाह०

१२६ ; पण्हा० ८६ ; पण्णव ६३८ ; कप्प० § ११८ ; ओव०)। **रू, धौ** और **स्वप्** धातु के वर्त्तमान काल तृतीय वचन के रूप **रोवइ, धोवइ** और **सोवइ** होते हैं (§ ४७३, ४८२ और ४९७) ; **सोवण** शब्द भी मिलता है (देशी० ८, ५८) ; **अवस्वापनी** का अर्धमागधी में **ओसोवणी** रूप है (कप्प० § २८), **स्वापनी** का **सोवणी** भी मिलता है (नायाध० १२८८)। — **वृषलक** शब्द का अर्धमागधी में **वेसलग** रूप होता है (सूय० ७२९), **स्वपाक** का **सोवाग** पाया जाता है (आयार० १, ८, ४, ११ ; उत्तर० ३४९, ३७१, ४०२, ४०९ और ४१०), **स्वपाकी** का **सोवाकी** बन जाता है (सूय० ७०९)। —अर्धमागधी में **ग्लान्य** शब्द का **गेलन्न** रूप पाया जाता है (ठाणंग० ३६९) और **ग्लान** शब्द का (जिससे **ग्लानि** शब्द निकला है) **गिलाण** बन जाता है (§ १३६)। —**बहिः** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में जो **बाहिं** रूप हो जाता है उसके सम्बन्ध में § १८१ देखिए। अर्धमागधी में अंतिम व्यंजन का लोप होकर उसके स्थान पर जो स्वर आता है वह निम्नलिखित शब्दों में दीर्घ हो जाता है। **पृथक्** शब्द का कभी **°पुढु** बन गया होगा उसका फिर **पुढो** हो गया (आयार० १, १, २, १ और २ ; ३, ४ और उसके बाद ; १, २, ६, २ आदि आदि ; सूय० ८१ और १२३, ठाणंग० ३३२); **पृथकश्रित** शब्द का पहले **पुढोसिय** रूप मिलता है (आयार० १, १, २, २ ; ६, ३ ; सूय० ३३२ और ४६८), **पुढोछन्द** शब्द भी मिलता है (आयार० १, ५, २, २ ; सूय० ४१२ से भी तुलना कीजिए) : **पृथग्जीव** के लिए **पुढोजिय** शब्द मिलता है (सूय० ४६), **पृथक्सत्त्व** के लिए **पुढोसत्त** शब्द आया है (सूय० ४२५ ; ४०१ से भी तुलना कीजिए)। **पुढ** शब्द के लिए जो कभी कभी **°पुढू** आता है उसमें अंतिम अकार **पु** के उ की नकल पर **उ** कर दिया गया है जैसा **पृथकत्त्व** के लिए **पुहुत्त** आता है (ठाणंग० २१२ ; अणुओग० ४५ और ४०५ तथा उसके बाद ; नन्दी० १६०, १६३ और १६८), इस शब्द के लिए कहीं कहीं **पुहत्त**[1] भी मिलता है (पण्णव० ६०२ और ७४४ ; विवाह० १८१, १८२ और १०५७) **पोहत्त** भी आता है (सम० ७१ ; विवाह० १७८), **पोहत्तिय** भी देखा जाता है (पण्णव० ६३९, ६४० और ६६४) इसमें **उकार** दीर्घ होकर **ओ** बन गया है। यह ढंग पाली भाषा से निकला है जिसमें **पृथक्** के लिए **पुन**[2] मिलता है। पाली में **पुथुज्ज** शब्द आया है और अर्धमागधी में इसका **पुढोजग** रूप है, संस्कृत रूप **पृथग्जग** है (सूय० १०४ और ३४२); पाली के **पुथुज्जन** शब्द के लिए अर्धमागधी में **पुढोजण** रूप आया है (सूय० १६६)। हेमचन्द्र १, २४, १३७ और १८८ के अनुसार **पिहं, पुहं, पिढं,** और **पुढं** रूप भी होते हैं। इस नियम के अनुसार जैनमहाराष्ट्री में **पिहप्प** तथा **पिहं** रूप भी मिलते हैं (आव० एर्से० ७, ८ और १७), अर्धमागधी में **पृथग्जन** के लिए **पिहज्जण** शब्द मिलता है (ठाणंग० १३२)।

१. सन्धियुक्त शब्दों के अन्त में अधिकतर स्थलों पर सारिच्छ आता है और यहाँ यह संज्ञा के रूप में लिया जाता है। यह शब्द कभी क्रियाविशेषण

भी रहा होगा, इसका प्रमाण महाराष्ट्री एर्त्सेलुगंन ७१, ३३ से मिलता है। इस विषय पर § २४५ भी देखिए। — २. वेबर ने भगवती २, २०० के नोट (१) में बताया है कि हस्तलिखित प्रतियों में पुहुत्त रूप भी पाया जाता है। —३. ऐर्नेस्ट कून, बाइत्रैगे पेज २३ ; ई० म्युलर, सिम्पूलिफाइड ग्रैमर पेज ६।

दीर्घ स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर का प्रयोग

§ ७९—महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और अपभ्रंश मे तथा अपवाद रूप से अन्य प्राकृत भाषाओं में भी दीर्घ स्वर ह्रस्व कर दिये जाते है ; **ए इ** में परिणत हो जाता है जब मूल शब्दों मे दीर्घ स्वर से पहले के या बाद के अक्षर पर बल पड़ता था। — वररुचि १, १० ; क्रम० १, ९ ; मार्क पन्ना ६ ; प्राकृतकल्प० पेज २२ में **आ** वाले शब्दों को **आकृतिगण यथादि** मे सचित किया गया है ; हेमचन्द्र ने १, ६७ में इनके दो विभाग किये है, एक तो साधारण रूप से क्रिया विशेषण है, जिसे उसने अव्यय कहा है और दूसरा विभाग **उत्खनादि आकृतिगण** है तथा उसने १, ६८ में कुछ शब्द उपर्युक्त शब्दो से अलग कर दिये है। ये शब्द है— **प्रवाह, प्रहार, प्रकार** आदि जो कृदन्त उपसर्ग — **अ** (घञ्) से बनाये जाते है तथा जिनमे वृद्धि हो जाती है। त्रिविक्रम तथा अन्य व्याकरणकार (१, २, ३७ और ३८) उसका अनुकरण करते है। वररुचि १, १८ ; हेमचन्द्र १, १०१ ; प्राकृतकल्प० पेज २८ मे **ई** वाले शब्द **पानीयादिगण** मे रखे गये है। मार्कडेय ने पन्ना ८ **गृहीतादिगण** मे ये शब्द सम्मिलित किये है (त्रिविक्रम १, २, ५१ तथा अन्य व्याकरणकार एक **गभीरकगण** भी बताते है और **ई**-वाले शब्दो को जैसे **पानीय, अलीक, करीष, उपनीत, जीवित** आदि शब्दों को **पानीयगण** मे रखते है। क्रमदीश्वर ने १, ११ मे वे शब्द, जिनके दीर्घ का ह्रस्व हो जाता है, **पानीयादिगण** मे रखे है और जिन शब्दों मे विकल्प से ऐसा होता है अर्थात यह लेखक की इच्छा पर छोड़ दिया जाता है कि वह चाहे तो दीर्घ स्वर को ह्रस्व कर दे अथवा ह्रस्व ही रहने दे, ऐसे शब्दो को उसने **गभीरादिगण** मे (१, १२) शामिल किया है। हेमचन्द्र यह मानता है कि इन शब्दों के इन नियमो के अपवाद भी है। **ऊ**-वाले शब्दों के लिए व्याकरणकारो ने कोई गण नहीं दिया है।

§ ८०— नीचे दिये गये शब्दों मे उन शब्दो का दीर्घ स्वर ह्रस्व कर दिया गया है जब ध्वनि का बल दीर्घ स्वर से पहले के अक्षर पर पड़ता है ; महाराष्ट्री मे **उत्खात** का **उक्खअ** और जैनमहाराष्ट्री मे **उक्खय** हो जाता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; रावण० ; एर्त्से०) ; महाराष्ट्री मे **समुक्खअ** मिलता है (हाल) और साथ-साथ **उक्खाअ** भी पाया जाता है (हाल) ; अर्धमागधी में **कुलाल** (जिसका अर्थ **उल्लू है**) के लिए **कुलल** आता है (सूय० ४३७ ; उत्तर० ४४७ ; दश० ६३२, ३७) ; **निःसाख** के लिए महाराष्ट्री मे **नीसह** रूप है (हाल) ; **वराकी** के लिए **वरई** है (हाल)। इस रूप के साथ-साथ बहुधा — **वराअ** और **वराई** भी आता है (हाल) ; **श्यामाक** के लिए **श्यामअ** मिलता

है (हेमचन्द्र १, ७१ ; पिटसूत्र २, २३ ; ३, १८) । श्रीहर्ष, द्विरूप कोष ४८ तथा संस्कृत में यह शब्द **श्यामक** रूप में है । — अर्धमागधी में **अनीक** के लिए **अणिय** चलता है (ठाणग० ३५७ ; ओव०) ; **अनीकाधिपति** के लिए **अणियाहिवइ** आया है (ठाणंग० १२५ और ३५७) ; **पायत्ताणिय, पीढाणिय, कुञ्जराणिय, महिसाणिय** और **रहाणिय** शब्द अर्धमागधी में चलते हैं (ठाणग० ३५७) ; साथ-साथ **अणीय** शब्द भी चलता है (निरया० ; ओव०; नायाध०) ; महाराष्ट्री में **अलीक** के लिए **अलिअ** और अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री में **अलिय** रूप चलता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; विवाह० ३५२ और ६८७ ; पण्हा० १३४ ; उत्तर० १९ ; द्वारा० ४९७, १९ ; एर्से०) । शौरसेनी में भी यही शब्द चलता है (मृच्छ० २४, २५ ; ५७, १४, १५ ; ९५, १७ ; १५३, १८ ; विक्रमो० ३०, २१ ; मालवि० ४१, १८ ; रत्ना० ३२४, १९ ; चण्डकौ० ९, १७, ५२, १० ; ८६, १० ; ८७, १३ और १६ आदि आदि) और मागधी में भी यह शब्द मिलता है (मृच्छ० १४५, १६ ; १६५, १) । किन्तु शौरसेनी और मागधी के लिए कविता को छोड़कर अन्यस्थलों में **अलिय** शब्द उचित तथा अधिक रूप से अधिक प्रामाणिक दिखाई देता है (मृच्छ० १४५, १६, १५३, १८) । इस **अलिय** रूप को व्याकरणकारों की अनुमति भी मिली हुई है तथा शौरसेनी में भी यह शब्द आया है (प्रबन्ध० ३७, १६ [३८, १ में **अलियत्तण** शब्द मिलता है]; नागान० ४५, ११ ; १०३, ३ ; मुद्रा० ५९, १ ; प्रसन्न० ३७, १७ ; ४४, ११ ; ४६, १४ ; ४७, ११ और १२०, १ ; वेणी० २४, ४ ; ९७, ९ ; १०७, ४ आदि आदि), महाराष्ट्री एर्त्सेलुगन में **अलीय** शब्द मिलता है । **अवसीदत्त** के लिए महाराष्ट्री में **ओसियत्त** शब्द आया है (रावण०) , **प्रसीद** के लिए **पसीय*** चलता है (हेमचन्द्र ; हाल), किन्तु शौरसेनी में **पसीद** रूप है (मृच्छ० ४, ५ , प्रबन्ध० ४४, २ ; नागान० ४६, ११ ; ४७, ६) ; मागधी में **पशीद** का प्रचलन है (मृच्छ० ९, २४ ; १३१, १८ ; १७०, १८ और १७६, ९) ; अर्धमागधी में **करीष** का **करिष** होता है (सब व्याकरणकार ; उवास०) ; महाराष्ट्री में इसका रूप **करीस** हो जाता है (गउड०) ; **वल्मीक** का महाराष्ट्री में **वम्मीअ** (गउड०) और अर्धमागधी में **वम्मिय** चलता है (हेमचन्द्र ; सूय० ६१३ ; विवाह० १२२६ और उसके बाद [इस ग्रन्थ में अधिकतर स्थलों में **वम्मीय** आया है ।] पुरुषोत्तम के द्विरूप कोष ८ के अनुसार **वाल्मीक** शब्द मिलता है, श्रीहर्ष द्विरूप कोष (५१) और संस्कृत में यह शब्द **वल्मिक** मिलता है । उज्ज्वलदत्त ने उणादि सूत्र ४, २५ की टीका में इसे **वाल्मीक** लिखा है । **शिरीष** का **शिरिस** हो जाता है (हेमचन्द्र), किन्तु महाराष्ट्री में **सिरीष** मिलता है (शकु० २, १५) । — **उलूक** का अर्धमागधी में **उलुग** और महाराष्ट्री में **उलुअ** होता है (सरस्वती १६, १० ; सूय० ६९५) ; अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **गव्यूत** का **गाउय** होता है (ठाणग०

* हिंदी **पसीजना** इसका रूप है जिसमें **य** नियमानुसार **ज** बन गया है । **द** का भी **ज** होना स्वाभाविक शब्दप्रक्रिया है । —अनु०

८३, ८८ और ८९ ; विवाह० ४२५ और १५२९ ; जीवा० २७६ ; अणुओग० ३८१, ३८५, ३९७ और ४०७ ; पण्णव० ५२, ६०१ और ६०२ ; नन्दी० १६०, १६३ और १६८ ; ओव० ; एत्सें०)।

वैडूर्य का महाराष्ट्री और शौरसेनी मे **वेरुलिअ** तथा अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री मे **वेरुलिय** होता है (हेमचन्द्र २, १३३ ; क्रम० २, ११७ ; [पाठ मे **वेरुणिय** रूप दिया गया है] ; मार्क० पन्ना ३, ९ ; पाइय० ११९ ; गउड० ; मृच्छ० १७, २५ ; ७१, ३ [यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए) ; कर्पूर० ३३, १ ; सूय० ८३४ ; ठाणग० ७५, ८६, ५१४ और ५६८ ; पण्हा० ४४० ; विवाह० ११४६, १३२२ और १३२४ ; पण्णव० २६ और ५४० ; नन्दी० ७२ ; राय० २९, ५४, ६९ ; जीवा० २१७, ४९४ और ५४९ ; उत्तर० ६२९, ९८१ और १०४२ ; एत्सें०) ; इस विषय पर § २४१ भी देखिए ।--**विरूप** का **विरुअ** हो गया है (देशी० ७, ६३)।--**चपेटा** का **चविडा** और **चविला** हो गया है (हेमचन्द्र १, १४६ और १९८) ; इन रूपो के साथ महाराष्ट्री और अर्धमागधी मे **चवेडा** रूप भी मिलता है (हेमचन्द्र ; हाल ; उत्तर० ५९६)।

§ ८१ --नीचे वे शब्द दिये जाते हैं जिनमे दीर्घ स्वर के अनन्तर आनेवाले अक्षर पर ध्वनिबल पड़ने के कारण दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। **आचार्य** का अर्ध-मागधी और जैनमहाराष्ट्र मे **आयरिय** हो जाता है (§ १३४)[१] ; **अमावस्या** का अर्धमागधी मे **अमावसा** होता है (कप्प०) ; **स्थापयति** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **ठवेइ** होता है तथा कुछ अन्य शब्द होते हैं (§ ५५१ और ५५२)। महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **कुमार** का **कुमर** हो जाता है (सब व्याकरणकार; एत्सें०)। महाराष्ट्री मे **कुमारी** का **कुमरि** हो जाता है (गउड०; कर्पूर० ८०, ६), **कुमारपाल** का महाराष्ट्री मे **कुमरवाल** हो जाता है (देशी० १, १०४, ८८), इसके साथ-साथ महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश मे **कुमार कुमारी** रूप भी आते है (गउड० ; हाल ; एत्सें० ; हेमचन्द्र ४, ३६) और शौरसेनी मे सदा ही **कुमार** शब्द चलता है (विक्रमो० ५२, १६; ७२, १५ और २१; ७९, १५ ; मुद्रा० ४४, ३ ; प्रसन्न० ३५, २ और ७), **कुमारअ** भी आता है (शकु० ४१, २ ; १५५, ९ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; १५६, ६ और १४ ; मुद्रा० ४३, ५ और ४४, १), **कुमारि** भी मिलता है (मालवी० ६८, १०), अर्धमागधी मे **कुमाल** आता है (नागान० ६७, १ और १४ [यहाँ **कुमाल** पाठ पढ़ा जाना चाहिए])।--**खादित** का **खइअ** हो जाता है तथा जैनमहाराष्ट्री मे यह रूप **खइय** हो जाता है (भाम० ; मार्क० ; प्राकृतकल्प० ; एत्सें०) और **खादिर** का **खइर** हो जाता है (सब व्याकरणकार)।--अपभ्रंश मे **तादृश** का **तइस** और **यादृश** का **जइस** हो जाता है (हेमचन्द्र ४, ४०३ और ४०४)।--**पर्याय** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **पज्जव** हो जाता है (आयार० १, ३, १, ४ ; २, १५, २३ ; पण्णव० २३७ और उसके बाद ; जीवा० २३८, २६२, ४५० और ४५१ ; उत्तर० ७९७ और ८९५ ; अणुओग० २७०; विवाह० १२८ ; ओव० ; आव० एत्सें० ४३, ४ और ९), जैन-

शौरसेनी में **पज्जय** रूप मिलता है—(पव० ३८८, ४ ; कत्तिगे० ३९८, ३०२)।— **प्रवाह** का महाराष्ट्री मे **पवह** हो जाता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण०)। इसके साथ-साथ महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **पवाह** शब्द भी चलता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; एर्त्से० ; कालका०) शौरसेनी में भी यह रूप है (मृच्छ २, २०)।—**मारजार** का महाराष्ट्री मे **मंजर** होता है (चण्ड २, १५ ; हेमचन्द्र २, १३२; हाल २८६), **मज्जर** भी देखा जाता है (मार्क० पन्ना ६) इसके साथ साथ **मंजार*** भी आया है (हेमचन्द्र १, २६) और अर्धमागधी, जैनशौरसेनी तथा शौरसेनी मे **मज्जार** शब्द मिलता है (पण्हा० २०, ६४ और ५२८ ; नायाध० ७५६ ; कत्तिगे० ४०१, ३४७ ; शकु० १४५-९), महाराष्ट्री और शौरसेनी मे **मज्जारी** शब्द भी मिलता है (पाइय० १५० ; देशी० १, ९८ ; ८२ ; विद्ध० ११४, १६), **मज्जारिया** भी आया है (कर्पूर० ३५, ५)।—**शाकम्** शब्द का **सहुँ** रूप अपभ्रंश मे होता है (§ २०६)।—महाराष्ट्री मे **हालिक** का **हलिअ** होता है (सब व्याकरणकार ; हाल)।—**गभीर** का महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **गहिर** होता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; रावण० ; एर्त्से०), साथ-साथ **गहीर** शब्द भी चलता है (गउड०)।—**नीत्** शब्द का महाराष्ट्री मे **णिअ** हो जाता है (रावण०), अर्धमागधी मे **निय** (उत्तर० ६१७) और सन्धि मे भी यही रूप चलता है जैसे **अतिनीत** का **अइणिअ** (देशी० १, २४); महाराष्ट्री मे यह रूप **आणिअ** (सब व्याकरणकार; गउड० ; रावण०) ; जैनमहाराष्ट्री मे **आणिय** होता है (द्वारा० ४९६, ३० और और ३२ ; एर्त्से०), महाराष्ट्री मे **समाणिअ** शब्द भी मिलता है (हाल), **उण्णिय** शब्द भी आया है (रावण०), **उवणिअ** भी मिलता है (हेमचन्द्र ; मार्क० ; रावण०), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **निणिय** रूप आया है (नायाध० ५१६ ; एर्त्से०), इसके साथ साथ महाराष्ट्री मे **णइअ** (हाल) और जैनमहाराष्ट्री मे **नीय** मिलता है (एर्त्से०) ; शौरसेनी मे सदा दीर्घ रूप **णीद** (मृच्छ० ९५, ७ ; शकु० १२७, ९), और **अवणीद** (विक्रमो० ८७, ८), **पच्चणीद** (विक्रमो० १०, ४), **उवणीद** (मृच्छ० १७, १४, २५, १४ ; ६९, ७ ; शकु० १९, ७), **परिणीद** (शकु० ७६, १०), **दुव्विणीद** (शकु० ९७, ४), **अविणीद** (शकु० १३५, २; १५४, ७), और मागधी मे भी **णीद** है (मृच्छ० १६२, १९), **अवणीद** (मृच्छ० १०९ १६) और **आणीद** (मृच्छ० ९९, २; १२४, १९ , १७५, १५) रूप भी मिलते है। त्रिविक्रम १, २, ५१ मे यह बताया गया है कि स्त्रीलिंग मे केवल **आनीत** शब्द दीर्घ होता है। — त्रिविक्रम ने जो **आणीदा—भुवणब्भुदेक्कजणणी (= अनीताभुवनाद्भुतैक जननी**) दिया है, भाषा के हिसाब से वह जैनशौरसेनी अथवा शौरसेनी है। — **तूष्णीक** का **तुण्हिय** हो जाता है (भाम० ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ९९), इसके साथ-साथ अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे इसका रूप **तुसिणीय** हो जाता है (आयार० २, ३, १, १६ और उसके बाद ; आव० एर्त्से० २५, २०)। — **वृणित** का महाराष्ट्री मे **विलिअ** हो जाता है (सब व्याकरणकार;

* वर्तमान मराठी में बिल्ली को **मंजार** कहते हैं। —अनु०

देशी० १, २० ; ७, ६५ ; रावण० १, ६ ; अच्युत० ८२), **विडिअ** रूप भी मिलता है (रावण०), अर्धमागधी में **सविळिय** रूप आया है (नायाध० ९५८)। — **सरीसृप** का अर्धमागधी में **सरिसिव** होता है (आयार० २, ४, २, ७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; सूय० १०५ और ७४७ ; पण्णव० ३४ और ३५ [यहाँ **सरिसव** पाठ है] ; जीवा० २६३ और २६४ [यहाँ **सरीसव** पाठ है] ; निरया० ४४), **सरीसव** पाठ भी मिलता है (आयार० २, ३, ३, ३ ; सूय० १२९ और ९४४; सम० ९८) और **सीसिव** पाठ भी मिलता है (सूय० ३३९ ; राय० २२८ [यहाँ **सीसव** पाठ है] और २३५)। — महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **एन** का **इण** हो जाता है (§ ४३१)। — **वेदना** शब्द का महाराष्ट्री में **विअणा** और जैनमहाराष्ट्री मे **वियणा** होता है (वररुचि १, ३४ ; हेमचन्द्र १, १४६ ; क्रम० १, ३४ ; मार्क० पन्ना ११; पाइय० १६१ ; गउड ; हाल ; रावण० ; एर्त्से०)।

१. याकोबी ने कूःस त्साइटश्रिफ्ट २३, ५९८ और ३५, ५६९ में इस विषय पर भ्रामक बातें लिखी हैं। ध्वनिबल पर अंश-स्वर तथा स्वरित शब्दों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। § १३१ भी देखिए।

§ ८२—जिन शब्दों का ध्वनिबल हम तक परम्परागत रूप से नहीं पहुँचता है उनमें स्वरों की जो ह्रस्वता आ जाती है उनका कारण भी उनके विशेष वर्णपर जोर पड़ना है। इस प्रकार महाराष्ट्री में **अहीर = अभीर** है [यह शब्द हिन्दी में भी अहीर ही है।] कंसवह में **अहीर अधीर** के लिए और **आहीर आभीर** के लिए आये है, जो शौरसेनी में है। यह सम्भवतः भूल है और छन्द की मात्राएं ठीक करने के लिए हो (१, ५६) —अनु०] (हाल ८११) ; **कलअ** और उसके साथ-साथ **कलाअ = कलाय** है (गौल्दस्मित्त ; त्रिवि० और अद्भुत० १, २, ३७) ; हेमचन्द्र में **कालअ = कालक** है ; **मरल** (मार्क० पन्ना ६) = **मराल** ; जैनमहाराष्ट्री में **महुअ** और उसके साथ-साथ **महूअ = मधूक** है (वर० १, २४ ; हेमचन्द्र १, १२२; क्रम० १, १३ ; मार्क० पन्ना ९ ; कक्कुक शिलालेख १८) ; अर्धमागधी में **सरडुय = शलाटुक** है (आयार० २, १, ८, ६)। प्राकृत में एक ही शब्द के जो दो-दो या उससे अधिक रूप मिलते हैं, इनके मूल में संस्कृत शब्दों का ध्वनिबल ही है। इस प्रकार **खइर = खादि॑र** किन्तु **खइर = खादि॑र है ; दे॑वर = दे॑वर** है (फिट्सूत्र ३, १८), किन्तु महाराष्ट्री **दिअर** (वर० १, ३४ ; हेमचन्द्र १, १४६ ; क्रम० १, ३४ ; मार्क० पन्ना ११ ; हाल), जैनमहाराष्ट्री **दियर** (पाइय० २५२) = **देव॑र** हैं (उणादिसूत्र ३, १३२) ; अर्धमागधी **पायय**, जैनमहाराष्ट्री **पागय, पायय**, महाराष्ट्री **पाइअ**, जैनमहाराष्ट्री **पाइय**, महाराष्ट्री **पाउअ**, शौरसेनी **पाउद** तथा मागधी **पाकिद** (§ ५३) = **प्रा॑कृत** हैं, किन्तु **पअअ** (हेमचन्द्र १, ६७ ; त्रिवि० १, २, ३७), **पउअ** (भामह० १, १० ; क्रम० १, ९ ; मार्क पन्ना ६) = **प्राकृत॑** हैं (**सं॑स्कृत** और **संस्कृत॑** की तुलना करें)। **बलआ** (हेमचन्द्र १, ६७ ; त्रिवि० ; अद्भुत० १, २, ३७) तथा इसके साथ-साथ **बलाआ = बलाका** से पता लगता है कि

जोर °**बलाका** अथवा °**बलाका** पर पड़ता होगा, जैसे अर्धमागधी **सुहुम = सूक्ष्म** (§ १३०) में जोर °**सूक्ष्म** पर रहा होगा, किन्तु उणादिसूत्र ४, १७६ में °**सूक्ष्म** दिया गया है। क्रमवाचक संख्या **दुइअ** (भाम० १, १८ ; हेमचन्द्र १, ९४ और १०१ ; क्रम० १, ११ ; मार्क० पन्ना ८), जैनमहाराष्ट्री **दुइय** (एर्त्से०), शौरसेनी **दुदिअ** (मृच्छ० ५१, १० ; ६९, ५ और ६ ; ७८, ८; शकु० १३७, २; विक्रमो० ५, १२ ; १०, १ ; १९, ८ , महावं० ५२, १७ आदि आदि[1]), मागधी **दुदिअ** (मृच्छ० ८१, ५ ; १३४, २), महाराष्ट्री **बिइअ** (हेमचन्द्र १, ९४ ; गउड० १०८ ; रावण०), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **बिइय** (सूय० १७७ ; उवास० ; नायाध०; कप्प० और बहुधा अध्याय शेष के वाक्य में जैसे आयार० पेज ३, ८, १५, २९, ३४ आदि आदि ; एर्त्से०), महाराष्ट्री **तइअ** (भाम० १, १८ ; हेमचन्द्र १, १०१ ; क्रम० १, ११ ; मार्क० पन्ना ८ ; गउड०), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **तइय** (ओव० § १०५ और १४४ ; उवास० ; निरया० : कप्प० और बहुधा अध्याय समाप्तिसूचक पद में जैसे आयार० पेज० ४, १०, १६, १७, २०, २४ आदि आदि एर्त्से० ऋषभ०), शौरसेनी **तदिय** (मृच्छ० ६९, १४ और १५ ; मुद्रा० ४१, ७ [यहाँ पर यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), मागधी **तदिअ** (मृच्छ० १६६, २४ [पाठ में **तइअ** आया है])। ये शब्द **द्वितीय**' **तृतीय** से नहीं निकले बल्कि इनकी **व्युत्पत्ति** °**द्वित्य** और °**तृत्य**' से है। ऐसे स्थलों में जैसे **जीवति** के महाराष्ट्री रूप **जिअइ** और **आरोहति** के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री रूप **आरुहइ** के लिए § ४८२ देखिए[2]। **पाणिअ** के लिए § ९१ देखिए और **गृहीत** से निकले हुए **गहिअ** के लिए § ५६४ देखिए। दीर्घ स्वर जब ह्रस्व कर दिये जाते हैं तब वे संयुक्ताक्षर और अपभ्रंश को छोड़कर अन्यत्र ह्रस्व नहीं किये जाते। **कालायसं** से **कालाअस** हुआ, फिर उससे **कालास** बन गया (§ १६५) ; **कुम्भकारं** शब्द से **कुम्भआर** बना, उससे **कुम्भार** निकला। **कार** में अन्त होनेवाले दूसरे शब्द के लिए § १६७ देखिए। **चक्रवाक** शब्द से **चक्कआअ** बना, फिर उसका **चक्काअ** हो गया (§ १६७) ; **पादातिक** से **पाइक्क** बन गया (§ १९४) ; °**द्वित्य** और °**तृत्य** का **द्विइअ** और °**तिइअ** बना और इनसे **दिअ** और **तिअ** हो गया (§ १६५)। **नाराच** या **णराअ** और उसके साथ-साथ महाराष्ट्री रूप **नाराअ** (रावण०), और अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री में **नाराय** बन गया (उवास० ; ओव० ; प्रबन्ध चि० १००, ७ ; एर्त्से० ; हेमचन्द्र १, ६७)[3]। अर्धमागधी **पडिन्** के लिए § ९९ देखिए।

१. ग्रन्थों में बहुधा दुवीअ शब्द मिलता है। जैसे मुद्रा० ४१, ७ ; मालती० ३१, ६ ; ७१, ३ ; ७२, ४ ; १०३, ८ ; बाल० १७४, १० ; अनर्घ० ६१, ६ ; वृषभ० २३, ९ आदि आदि, शुद्ध पाठ अधिकतर मालतीमाधव में मिलता है। — २. कल्पसूत्र पर याकोबी की पुस्तक का पेज १०३, नोट २८। कून्स त्साइटश्रिफ्ट में पिशल का लेख (३५, १०४ में) देखिए। इसी पत्रिका के ३५, ५७० और बाद के पेजों में याकोबी का लेख देखिए। — ३.

याकोबी ने उक्त पत्रिका के ३५, ५६९ और बाद के पेजों में इस क्रम की स्वीकृति के विरुद्ध लिखा है किन्तु लचर प्रमाणों के साथ। — ४. कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५६५ के नोट १ में याकोबी का मत है कि यहाँ पर संकोच का सिद्धान्त स्वीकार करना कोई कारण नहीं रखता। यह सिद्ध करना पड़ेगा। पीटर्सबर्ग के संस्कृत-कोश में नाराचं ध्वनिबल के साथ दिया गया है। इसका कारण वैदिक नाराची है। बोएटलिंक के संक्षिप्त संस्कृत शब्द-कोश में ध्वनिबल नहीं है। सम्भवतः मोटी बात यह हो कि इस शब्द के दो रूप रहे हों नाराच और नराच § ७९–८२ तक के लिए साधारण रूप से कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५६८ तथा उसके बाद के पेजों में और ३५, १४० तथा उसके भी बाद के पेजों में पिशल के लेख से तुलना कीजिए। इसके विपरीत उक्त पत्रिका के ३५, ५६३ और उसके बाद के पेजों में याकोबी का जो लेख है, वह भ्रमपूर्ण है।

§ ८३—हेमचन्द्र १, ८४ के अनुसार कुछ शब्दों में दीर्घ स्वर, ह्रस्व हो जाता है। पल्लवदानपत्र में **राष्ट्रिक** का **रट्टिक** लिखा गया है (५, ४)। **अमात्यान्** का **अमच्चे** हो गया है (५, ५)। **वास्तव्यानाम्** का रूप **वत्थवाण** है (६, ८)। **ब्राह्मणानाम्** का **बम्हणानम्** बन गया है (६,८; २७; ३०; ३८)। **पूर्व** की सूरत **पुव्व** बन गयी है (६, १२; २८)आदि आदि। पल्लवदानपत्र मे निम्नलिखित शब्दोंमें संस्कृताऊपन दिखाई देता है : **कांचीपुरात्** के लिए प्राकृत रूप **कंचीपुरा** के स्थानपर **कांचीपुरा** (५, १) और **आत्रेय** के लिए शुद्ध प्राकृत रूप **अत्तेय** के स्थान पर **आत्तेय** (६, १३)। संस्कृत शब्द **चत्वारि** के लिए शुद्ध प्राकृत **चत्तारि** के स्थान पर **चात्तारि** में भी संस्कृताऊपन दिखाया गया है (६, ३९)।—पल्लवदानपत्र, महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और ढक्की में **काष्ठ** का **कट्ठ** रूप मिलता है (पल्लवदानपत्र ६,३३; हाल; ओव०; एर्त्सें०; मृच्छ० ३०,१६)[१]।—महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी मे **काव्य** का **कव्व** रूप हो जाता है (गउड०; हाल; रावण०; एर्त्सें०; विक्रमो०; ३१,११; ३५, ५)।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **गात्र** का **गत्त** रूप पाया जाता है (रावण०; ओव०; एर्त्सें०)।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **राज्य** का **रज्ज** हो जाता है (हाल; रावण०; नायाध०; निरया०; ओव०; एर्त्सें०; विक्रमो० ७५,५)।—जैनशौरसेनी में **उपशांत** का **उवसंत** बन जाता है (कत्तिगे० ४०३, ३७७)।—मागधी में **श्रांत** का **शंत** रूप है (मृच्छ० १३, ७)।—अपभ्रंश में **कांत** का रूप **कंत** मिलता है (हेमचन्द्र ४, ३४५; ३५१; ३५७, १, ३५८, १; विक्रमो० ५८, ९)।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश में **कीर्ति किंत्ति** हो जाता है (वर० ३, २४; हेमचन्द्र २, ३०; क्रम० २, ३४; मार्क० पन्ना २२; गउड०; रावण०; उवास; ओव०; कप्प०; एर्त्सें०; हेमचन्द्र ४, ३३५), शौरसेनी मे **कीर्तिका** का **कित्तिआ** हो जाता है (विक्रमो० १२, १४)।—**तीर्थ** का अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी तथा अपभ्रंशमे **तित्थ** हो जाता है (ओव०; कप्प०; एर्त्सें०; पव० ३७९, १; शकु० ७९, १; १०५, ४; १०८, १०; हेमचन्द्र ४, ४४१, २)।—**ग्रीष्म** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, शौरसेनी, मागधी

और अपभ्रंश में **गिम्ह** रूप बन जाता है (गउड०; हाल; रावण०; ओव०; कप्प०; मृच्छ० ८०, २३; शकु० १०, १; मृच्छ० १०, ४; हेमचन्द्र ४, ३५७, ३)।—**ऊर्ध्व** का महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी और अपभ्रंश मे **उद्ध** होता है (गउड०; हाल; रावण०; एर्त्से०; मृच्छ० ३९, २; ४१, २२; १३६, १६; हेमचन्द्र० ४, ४४४, ३), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **उड्ढ** रूप मिलता है तथा जैनमहाराष्ट्री में **उब्भ** भी (§ ३००)।—**कूर्म** शब्द के लिए महाराष्ट्री और अर्धमागधी मे **कुम्म** शब्द आता है (गउड०; उवास०; ओव०; कप्प०), महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी; मागधी और अपभ्रंश मे **चूर्ण** का **चुण्ण** हो जाता है (गउड०; हाल; रावण०; आयार० २, १, ८, ३; २, २, ३, ९; कप्प०; कालका०; मृच्छ० ६८, २५; ११७, ७; हेमचन्द्र ४, ३९९, २)।—**मूल्य** शब्द का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनशौरसेनी और शौरसेनी मे **मुल्ल** हो जाता है (हाल; कर्पू० ७३, १०; ओव०; कत्तिगे० ४०० ३३५; मृच्छ० ५५, १५; ७८, ३; ८२, १५; ८८, २१ और उसके बाद; शकु० ११६, १२)।—अनुनासिक और अनुस्वारवाले सभी शब्द भले ही संस्कृतमें अनुनासिक अथवा अनुस्वार **म** से (§ ३४८ के अनुसार) प्राकृत मे गये हों (हेमचन्द्र १, ७०), किन्तु ऐसे स्थलों के लिए भी यही नियम लागू होता है। **कांस्यताल** के लिए महाराष्ट्री और शौरसेनी मे **कंसताल** होता है (गउड०; मृच्छ० ६९, २४; कर्पूर० ३, ३)।—**पांसु** शब्दका महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **पंसु** हो जाता है (गउड०; रावण०; विवाग० १५५; भग०; एर्त्से०; मालती० १४२, १; मल्लिका० २५३, १८; ३३६, ९)।—**मांस** शब्द का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी मे **मंस*** हो जाता है (हाल; सूय० २८१; दस० ६३२, २४; उवास०; ओव०; एर्त्से०; आव० एर्त्से० २७, १२, कत्तिगे० ४००, ३२८; शकु० २९, ६)। मागधी मे **मंश** होता है (मृच्छ० १०, १; २१, १७; ११७, ९; १२३, ७, १२६, ५; १६३, ९; वेणी० ३३, ६; ३४, २; ३३, १२ मे **मंशाए** मिलता है)। यह नियम संस्कृत की विभक्तियाँ **-आम्**, **-ईम्**, **-ऊम्** और **-आन्** जिन-जिन कारकों मे लगती है उन पर बहुत अधिक लागू होता है। उदाहरणार्थ **पुत्राणाम्** का महाराष्ट्री मे **पुत्ताणम्** हो जाता है, **अग्नीनाम्** का **अग्गीणं**, **वायुनाम्** का **वाउणं**, **मालाम्** का **मालं**, **सखिम्** का **सहिं** आदि आदि हो जाता है (§ ३७० और ३९६)। क्रियाविशेषणो मे भी यह नियम चलता है, जैसे **इदानीम्** का **दाणिं** (§ १४४), **सध्रीम्** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सद्धिं** हो जाता है (§ १०३)। यह नियम विस्मयादिवाचक शब्दों के लिए किसी प्रकार लागू नहीं होता। शौरसेनी और मागधी मे संस्कृत **आम्** का **आं** हो जाता है (मृच्छ० २७, १०; शकु० ७१, १३; विक्रमो० १३, २; ३५, ९; ७५, ५; मालवि० ६, ३; ८०, ८; बाल० १२३,१७; मृच्छ० १३६, ११)। अपभ्रंश में **कुतः**, **यतः** और **ततः** का **कहां**, **जहां** और **तहां** होता है (हेमचन्द्र ४, ३५५), इसमें स्वर दीर्घ बन गया है जिसके लिए § ६८ देखिए।

* यह हिन्दी की बोलियों में चलता है। कुमाउनी बोली में **मांसभक्षी** का पर्याय **मँसखाद्दा** है।
—अनु०

१. इस प्रकार के नियमों के लिए, जिनके शब्द ग्रन्थों में बार-बार मिलते हैं, थोड़े में महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री की ऐसी पुस्तकों से शब्द लिये गये हैं जिनकी शब्द-सूची अन्त में दी गयी है और ये उदाहरण मुख्यतया उन शब्दों के दिये गये हैं जो यथासम्भव बहुत-सी प्राकृत भाषाओं में एक ही प्रकार के मिलते हैं।

§ ८४—संयुक्ताक्षरों से पहले **ए** आने पर **ऍ** हो जाता है और **ओ** का **ऑ** हो जाता है। महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री में कभी-कभी **इ** और **उ** हो जाता है : **प्रेक्षते** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **पेॅच्छइ** होता है (हेमचन्द्र ४, १८१; गउड०; हाल; रावण०; ओव०; एर्त्से०)। अर्धमागधीमे **प्रेक्षणीय** का **पेॅच्छणिज्ज** हो जाता है (नायाध०; ओव०; कप्प०), **प्रेक्षक** का **पेच्छग** बन जाता है (विवाह० ९२९) और अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्रीमे **पिच्छइ** (कप्प० ; कालका०)। अर्धमागधीमें **पिच्छणेॅज्ज** भी मिलता है (जीवा० ३५३)। जैनशौरसेनी मे **पेॅच्छदि** (पव० ३८४, ४८)। शौरसेनीमे **पेॅक्खदि** आया है (शकु० १३, ६; विक्रमो० ८४, ५), मागधी मे **पेरकदि** (हेमचन्द्र ४, २९५ और २९७; मृच्छ० ८०, ४; ११२, १७)। महाराष्ट्री मे **अपेक्षिन्** का **अवेॅक्खि** हो जाता है (गउड०)। महाराष्ट्री मे **दुष्प्रेक्ष** का **दुप्पेॅच्छ** बन जाता है (रावण०)। शौरसेनी मे **दुप्पेॅक्ख** (प्रबोध० ४५, ११) मिलता है। मागधी मे **दुप्पेक्ख** (मृच्छ० ११६, ७)।—**दुर्भेद्य** का **दुब्भेॅज्ज** हो जाता है (मृच्छ० ६८, १९)।— अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश मे **म्लेच्छ** का **मेॅच्छ** हो जाता है (ओव० § १८३ [इस ग्रन्थ में **म्लेच्छ** के लिए **मिच्छ** भी मिलता है]; आव० एर्त्से० ३१, २; मुद्रा० २२९, ९; चैतन्य० ३८, ६ [ग्रन्थ मे **मलेॅच्छ*** शब्द आया है]; पिंगल० १, ७७ और ११७ (अ); २, २७२) और **मिलिच्छ**† भी मिलता है (हेमचन्द्र १, ८४), अर्धमागधी मे **मिच्छ** चलता है (पण्णव० १३६)।—**क्षेत्र** का महाराष्ट्री मे **खेॅत्त** हो जाता है (भाम० ३, ३०; हेमचन्द्र २, १७; गउड०; हाल), अर्धमागधी में **छित्त** रूप आया है (ओव० § १)। अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी मे **खेत्त** रूप भी आता है (आयार० १,२,३,३; सूय० ६२८, विवाह० ९७, १५७, २०३ और ५८३ तथा उसके बाद; उत्तर० ३५५ और उसके बाद; दस० नि० ६५३, १४; एर्त्से०; पव० ३७९, ३; ३८७, २१; कत्तिगे० ४०१, ३५२; मृच्छ० १२०, ७; अनर्घ० २६१, ५)। अर्धमागधी मे **खित्त** रूप भी मिलता है (उत्तर० ५७६ और १०१४)।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **ओष्ठ** का **ओॅट्ठ** हो जाता है (गउड०; हाल; रावण०; कर्पूर० ८, ३; ५०, ५; पण्हा० ६३; आव० एर्त्से० ४१, ६ और एर्त्से०) और जैनमहाराष्ट्री मे **उट्ठ** (एर्त्से०) तथा अर्धमागधी मे **हुट्ठ** आता है

* कुछ बोलियों मे **मलेॅच्छ** का प्रचार रहा होगा क्योंकि आज भी कुमाउनी बोली में इसका प्रचलन है।—अनु०

† हिंदी में **मालिच्छ** और **मलेच्छ** रूप पाये जाते हैं। देखिए 'संक्षिप्त हिंदी-शब्द-सागर' आदि कोश।—अनु०

(आयार० १, १, २, ५)।—**अन्योन्य** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री **और शौरसेनी में अण्णोॅण्ण** हो जाता है (गउड०; हाल; रावण०; सूय० १३७; ओव०; एर्त्से०; मृच्छ० २४, १६; ७१, १ और १३; शकु० ५६, १५; विक्रमो० ५१, १६) और महाराष्ट्री में **अण्णुण्ण** रूप है (हेमचन्द्र १, १५६; गउड०), बालरामायण ७१८, ८ में भी शौरसेनी में **अण्णुण्ण** रूप मिलता है, किन्तु यह अशुद्ध है।—**प्रकोष्ठ** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और शौरसेनीमे **पओॅट्ठ** हो जाता है (मार्क० पन्ना १३; कर्पूर० ४७, ६; ओव०; मृच्छ० ६८, २३; ६९, ५ तथा उसके बाद; ७०, ५ और उसके बाद; ७१, ११ और १२; ७२, १; बाल० ८०, १; विद्ध० § २७६)।—यह नियम उन **ऐ** और **औ** पर भी लागू होता है जो बाद में **ए** और **ओ** हो जाते हैं (§ ६० और उसके बाद) और जो सम्प्रसारण* द्वारा भी **ए** और **ओ** हो जाते हैं (§ १५३ और १५४) तथा सम्प्रसारण द्वारा **अइ** और **अउ** (§ १६६) से निकले हुए हैं। **ए** और **ओ** तथा **ऐ** एवं **औ** से निकले हुए **ए** और **ओ** पर भी यह नियम लागू होता है। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्रीमें सस्कृत **ऐ** सदा ही **ऍ** बन फिर **इ** हो जाता है, **ऐक्ष्वाक** का **इक्खाग** रूप हो जाता है (आयार० २, १, २, २; ठाणग० ४१४ और ४५८; नायाध० ६९२, ७२९, १५०५; पण्णव० ६१; उत्तर० ५३२; ओव०; कप्प०; आव० एर्त्से० ४६, १९; एर्त्से०)। लौयमान और याकोबीने इस **इक्खाग** के लिए सस्कृत रूप **इक्ष्वाकु** दिया है जो स्पष्टतया अशुद्ध है। शौरसेनी मे **मैत्रेय** का **मित्तेअ** हो जाता है (मृच्छ० ४, २२ और २३; ६, ३; १७, २०; २२, १५; ५३, १८; ७४, १९; १५०, १२), मागधी मे भी यही रूप काम मे आता है (मृच्छ० ४५, १)। **सैन्धव** का **सिन्धव** रूप हो जाता है (वररुचि १, ३८; हेमचन्द्र १, १४९; क्रम० १, ३६; मार्क० पन्ना १२)। महाराष्ट्री और अर्धमागधी मे **शनैश्चर** का **सणिच्छर** हो जाता है (हेमचन्द्र १, १४९ और उसपर नोट; पण्हा० ३१२; पण्णव० ११६; ओव०), अर्धमागधी में इसका रूप **शणिचर** (ठाणग० ८२ और ३९०; भग० २, २२५) होता है। यह शब्द त्रिविक्रम ने मेरी हस्तलिखित प्रति १, २,९४ मे दिया है, किन्तु छपी प्रति मे **शणिच्छर** है। इसका समाधान इस प्रकार होता है कि या तो इसपर § ७४ मे वर्णित नियम लगता है या महाराष्ट्री और शौरसेनी **सणिअम्** की नकल पर बने हुए किसी **सणिअंचर** से यह शब्द बना हो। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **सणियम्** आता है। पाली मे **सनिकम्** और **सनिम्** (हेमचन्द्र २, १६८; पाइय० १५; गउड०; हाल; आयार० २, १५, १९ और २० तथा २२; विवाह० १७२, १७३; उवास०; एर्त्से०; मालती० २३९, ३; उत्तर० ३२, ८; प्रियद० १७, १३; प्रसन्न० ४५, ३; मल्लिका० २४२, १)। विद्धशालभंजिका १२०, ९ मे शौरसेनी मे **सणिच्चर** शब्द मिलता है।—मार्कण्डेय ने पन्ना १२ में बताया है कि **सैन्धव** के अतिरिक्त **भैक्षाजीविक**, **नैयाइक** और **पैण्डपातिक** के रूप भी बदलते हैं। इनमे से **भिक्खाजीविअ** की

* संप्रसारण उस नियम को कहते है जिसके प्रभाव से **य** का **इ**, **अय** का **ए**, **व** का **उ** और **अव** का **ओ** होता है। इसका पूर्ण परिचय प्राप्त करने के लिए § १५१ से § १५५ तक देखिए।—अनु०

उत्पत्ति **भिक्षाजीविक** से हो सकती है, **पिण्डवाइअ** की **पिण्डपात्रिक** से। तथा **नैयाइक** का अर्धमागधी में **नेयानुय** रूप है (§ ६०)। जो शब्द **औ** के स्थान पर **ओ॑** का प्रयोग करने के बाद इस **ओ॑** को भी उ में बदल देते हैं उन्हें व्याकरणकारों ने **सौन्दर्यादिगण** में रखा है (वररुचि १, ४४ ; हेमचन्द्र १, ६६ ; क्रम० ; १, ४३ ; मार्क० पन्ना १३ ; प्राकृतकल्प० पेज ३७)। मार्कण्डेय और प्राकृतकल्पलता के अनुसार यह (ये ग्रन्थ आपस में बहुत मिलते हैं) एक आकृतिगण है। त्रिविक्रम १, २, ९७ के अनुसार **शौण्डग** आकृतिगण में ये रूप दिये गये हैं।

इन शब्दों में **सौन्दर्य** का रूप **सुन्देर** है। महाराष्ट्री शब्द कर्पूरमंजरी ६६, ७ में मिलता है और शौरसेनी धूर्त० १०, ९ में। इस शब्द के लिए प्रतापरुद्रिय २२०, ९ में **सो॑ण्डउज** मिलता है। हेमचन्द्र ने **सुन्दरिय** रूप भी दिया है। **औपरिष्टक** का **उवरिट्ठअ** होता है (मार्क० ; प्राकृतकल्प०), **कौक्षेयक** के लिए **कुक्खेअअ** रूप है (भाम०; क्रम० ; मार्क० ; प्राकृतकल्प०) इसके लिए हेमचन्द्र १, १६१ और त्रिविक्रम १, २, ९६ में **कुच्छेअअ** और **को॑च्छेअअ** शब्द बताते हैं। **दौवारिक** का **दुवारिय** होता है (भाम० [यहाँ **दुव्वारिअ** पाठ है जो **दुवारिअ** पढ़ा जाना चाहिए]; हेमचन्द्र ; क्रम० ; मार्क० ; प्राकृतकल्प०)। यह **दुवारिअ** बहुत सम्भव है कि **द्वारिक** से निकला हो। **दौःसाधिक** का **दुस्साहिअ** होता है (मार्क ; प्राकृतकल्प०)। **पौलोमी** का **पुलोमी** हो जाता है (हेमचन्द्र ; मार्क० ; प्राकृतकल्प०)। **पौष्य** का **पुस्स** हो जाता है (मार्क० [इस ग्रन्थ में **पौस** पाठ है] प्राकृतकल्प० में **पौरुष** पाठ है, जो अशुद्ध है)। **मौञ्ज** का **मुञ्ज** हो जाता है (मार्क० ; प्राकृतकल्प०)। **मौञ्जायन** का **मुंजायण** होता है (भाम० ; हेमचन्द्र ; क्रम० ; मार्क०)। **शौण्ड** का **सुंड** हो जाता है (भाम०; हेमचन्द्र; क्रम० ; मार्क०; प्राकृतकल्प०)। **शौण्डिक** का **सुण्डिअ** मिलता है (क्रम०; मार्क० ; प्राकृतकल्प०) और इस प्रकार मागधी में **शौण्डिकागार** का **सुंडिकागाल** हो जाता है (शकु० ११८, ७)। **शौद्धोदनि** का **सुद्धोअणि** मिलता है (हेमचन्द्र), **सौवर्णिक** का **सुवण्णिय** हो जाता है (हेमचन्द्र)। इस शब्द के लिए यह सम्भावना अधिक है कि यह °**सुवर्णिक** से निकला हो। **सौगन्ध्य** के लिए **सुगन्धत्तण** आता है (हेमचन्द्र)। अधिक सम्भव है कि यह शब्द °**सुगन्धत्वन*** से निकला होगा।

§ ८५—शब्द की समाप्ति में रहनेवाले **ए** और इसी स्थान पर रहनेवाले मौलिक और गौण (§ ३४२ और उसके बाद) **ओ**, ऐसे प्रत्यय से पहले जो संयुक्ताक्षरों से प्रारम्भ होते हैं, अपभ्रंश को छोड़, दूसरी प्राकृत भाषाओं में **ए॑** और **ओ॑** में परिणत हो जाते हैं, **इ** और **उ** में नहीं; वैदिक प्रयोग **युस्मे-स्थ** का (महाराष्ट्री में) **तुम्हे॑-त्थ** हो जाता है (रावण० ३, ३)। **सागर-इति** का **साअरो॑-त्ति** (रावण० ४, ३९), **अणुराग-इति** का **अणुराओ॑-त्ति** (गउड० ७१५)। **प्रिय-इति** का **पिओ॑-त्ति**

* इस त्वन का हिन्दी में पन हो गया है। यह उसी नियम से हुआ जिससे आत्मा का अप्पा बन गया।—अनु०

(हाल ४६) । **पुरुष-इति** का जैनमहाराष्ट्री में **पुरिसो-त्ति** (आव० एर्त्से० १३, ३), **गत-इति** का **गओ-त्ति** (आव० एर्त्से० १७, ६) । **काल-इव** का **कालों-व्व** (एर्त्से० ७१, २७ और ३५); जैनशौरसेनी में **सम-इति** का **समों-त्ति** (पव० ३८०, ७) । कुछ अशुद्ध पाठ यहाँ दिये जाते हैं : अर्धमागधी में (आयार० १, १, ३, ४) जो **मु-त्ति** शब्द आया है वह **मों-त्ति** के लिए है । यह पाठ कलकत्ते के संस्करण में शुद्ध छपा है । ये शब्द संस्कृत **स्म-इति** के प्राकृत रूप हैं। जैनशौरसेनी **माया-चारुव्व माया-चारोव्व** का अशुद्ध पाठ है (पव० ३८३, ४४) । अर्धमागधी में **लोह-भारोव्व** और **गंगसोओं व्व** के लिए अशुद्ध पाठ **लों हभारुव्व** और **गंगसोउव्व** आये हैं (उत्तर० ५८३) और कई अन्य जगहों पर भी ये पाठ मिलते हैं । इस विषय पर § ३४६ भी देखिए। शौरसेनी में **अवहितोऽस्मि** के स्थान पर **अवहिदों-म्हि** हो जाता है (विक्रमो० ७८, १४) । **ब्राह्मणएव** के स्थान में **ब्रह्मणोज्जें व्व** होता है (मृच्छ० २७, १४) । **एषखलु** का मागधी में °**एशे-क्खु** होता है (मृच्छ० ४०, ९) । **पुत्रक-इति** का **पुत्तकें-त्ति** होता है (शकु० १६१, ७) । इसके विपरीत महाराष्ट्री में **ए** और **ओ** का दीर्घ स्वरों के बाद कारकों की विभक्तियों के अन्त में **इ** और **उ** हो जाता है जब कविता में मात्रा का हिसाब ठीक बैठाने के लिए ह्रस्व अक्षर की आवश्यकता पड़ती है : **पृष्टाया मुग्धायाः** का **पुच्छिआइ मुद्धाए** होता है (हाल १५) । **गोदायास्-तीर्थानि** का **गोलाइ तूहाइं** होता है (हाल ५८) । **ग्रामतरुण्यो हृदयम्** का **गामतरुणीउ हिअअं** (हाल ५४६) और **उदधेर्-निर्गतम्** का **उअहीउणिग्गअम्** (गउड० ५६) है । सभी हस्तलिखित प्रतियों में **एँ** और **ओँ** बहुत कम लिखे जाते हैं और प्राकृत तथा अपभ्रंश के सभी व्याकरणकार **एँ** और **ओँ** लिखने के पक्ष में मत देते हैं (आव० एर्त्से० पेज ६ नोट ४ ; संगीतरत्नाकर ४, ५५ और ५६ ; पिंगल १, ४) । कुछ उदाहरण इनके प्रयोग के ये हैं : **यशोदायाश्चुम्बितम्** का **जसोआएँ चुम्बिअं** मिलता है (गउड० २१) अथवा **कौस्तुभकिरणायमानाः कृष्णस्य** का **कोंत्थुहकिरणाअन्तीओ कण्हस्स** (गउड० २२) है । हस्तलिखित प्रतियाँ अधिक स्थलों पर डाँवाडोल हैं, जैसे गउडवहो ४४ में **हरालिंगणलज्जियाएँ अज्जाएँ** के स्थानपर सर्वोत्तम हस्तलिपि के पाठ में **हरालिंगणलज्जियाइ अज्जाइ** मिलता है । प्रायः सर्वत्र पाठों की यही दशा है । अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी पाठों पर भी यही कहा जा सकता है । तो भी अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री के हस्तलिखित पाठों में दीर्घ स्वरों के बाद कभी-कभी **एँ, ओँ** मिल जाता है और बहुधा इनका प्रयोग भी अशुद्ध मिलता है । इस प्रकार : **सर्वकर्मावहाः** के स्थान पर अर्धमागधी में **सव्वकम्मावहाओँ** मिलता है (आयार० १, ८, १, १६) । कलकत्ते के छपे संस्करण में यह अशुद्धि शुद्ध कर दी गयी है और उसमें छपा है **सव्वकम्मावहाउ** । **लेपमात्रायां संयतः** का **लेवमायाएँ संज्जए** मिलता है (दस० ६२२, १३) । **निर्ग्रन्थत्वाद् भ्रश्यति** के स्थान पर **निग्गन्थत्ताओं भस्सई** (दश० ६२४, ३३) । जैनमहाराष्ट्री में **बुद्ध्याचतुर्विधया युतः** के स्थान पर **बुद्धीएँ चउव्विहाएँ जुओं** आया है (आव०

एर्त्से० ७, २३)। **मुद्रयांकितः** के स्थान पर **मुद्दाएँअंकिओ** (आव० एर्त्से० ८, १४)। **यूथात्परिभ्रष्टः** का **जूहाओं परिब्भट्ठो** (एर्त्से० ६९,१४)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में और स्वयं स्वरों तथा सरल व्यञ्जनों से पहले कविता में कई अन्य स्थलों पर **एँ** और **ओं** ह्रस्व गिने जाते हैं, जैसे—**उन्नतो वा पयोदः** के स्थान पर **उन्नएँ वा पओए** हो जाता है। **वृष्टो बलाहक इति** का **वुट्टे बलाहएँत्ति**(दस०६२९, ३१ और ३२)। **अलोलो भिक्षुः** का **अलोलो भिक्खू** होता है (दस० ६४०-३)। जैनमहाराष्ट्री मे **मन्य एष** का **मन्ने एस*** हो जाता है (आव० एर्त्से० ७, ३०), **नीत उज्जयिनीम्** का **निओं उज्जेणिं** होता है (आव० एर्त्से० ८, १४)। विभक्ति के प्रयोग में आनेवाले **में** के स्थान पर **मि** भी पाया जाता है, **से** के लिए अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सें** भी मिलता है और अर्धमागधी में कविता में **सि** का प्रयोग पाया जाता है (§ ४१८ और ४२३), **शक्यः** के स्थान पर **शक्के** के लिए मृच्छ० ४३, ६ और उसके बाद कविता में **शक्कि** शब्द का व्यवहार किया गया है आदि आदि (§ ३६४)[1]। अर्धमागधी में **उताहो** का **उदाहु** (उवास०) अथवा **उयाहु** (आयार० १, ४, २, ६)। इस सम्बन्ध में § ३४६ भी देखिए। अपभ्रंश में शब्द के अन्त में आनेवाले **ए** और **ओ** सभी स्थलों पर या तो ह्रस्व हो जाते हैं या **इ** और **उ** में परिणत हो जाते हैं। **प्रियेदृष्टके** के स्थान पर **पिएँदिट्ठइ** देखा जाता है (४, ३६५, १)। **हृदये** के स्थान पर **हिअइ** मिलता है (हेमचन्द्र ४, ३३०, ३ ; ३९५, ४ और ४२०, ३)। **प्रिये प्रवसति** के स्थान पर **पिएँ पवसन्तें** होता है (हेमचन्द्र ४, ४२२, १२)। **कलियुगे दुर्लभस्य** के स्थान पर **कलिजुगि दुल्लहहों** व्यवहार में आया है (हेमचन्द्र ४,३३८)। **अंगुल्यो जर्जरिताः** के लिए **अंगुलिउ जज्जरिआउ** का प्रयोग हुआ है (हेमचन्द्र ४, ३३)। **दिनकरः क्षयकाले** के लिए **दिणअरु खअगालि** हो गया है (हेमचन्द्र ४, ३७७)। **कृतान्तस्य** का **कृदन्तहों** रूप बन गया है (हेमचन्द्र ४,३७०, ४)। इस सम्बन्ध में § १२८, १३० और ३४६ भी देखिए। कई ग्रन्थों में संयुक्त व्यञ्जनों से पहले **अ** के स्थान पर **एँ** और **ओं** लिखे गये हैं। यह रूप अशुद्ध है। इस भूल के अनुसार **प्रस्मृतवान् अस्मि** के लिए **पम्हट्ठों म्हि** होना चाहिए था जिसके लिए लिखा गया है—**पम्हट्ठम्हि** (रावण० ६, १२। स्वयं हेमचन्द्र ३, १०५ में यह अशुद्ध रूप मिलता है)। शौरसेनी में **हतो-ऽस्मि** का **हदम्हि** लिखा पाया जाता है, किन्तु होना चाहिए था—**हदोम्हि** (शकु० २९, २)। मागधी में **कदें म्हि** के लिए अशुद्ध रूप **कदम्हि** मिलता है (मृच्छ० ३८, १५)[2]। इस सम्बन्ध में § १५ और ३४२ भी देखिए।

१. § ३६५, ३७५ और ३८५ ; लास्सन, इन्स्टीट्यूत्सिओनेस पेज ४८ ; वेबर, त्साइटुंग डेर मौरगेनलैण्डिशन-गेज़ेलशाफ्ट २८,३५२; एस. गोल्दश्मित्त, प्राकृतिका, पेज २९। — २. पिशल, गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८८०,

* एस का यह अर्थ हिन्दी के एक सीमित क्षेत्र अर्थात् दो तीन सौ गाँवों के भीतर आज भी प्रचलित है। कुमाऊँ में अल्मोड़े की एक तहसील पिठौरागढ़ में यह को एस कहते हैं।—अनु०

१२४ ; इस विषय पर एस. गोल्दस्मित्तने अपने ग्रन्थ प्राकृतिका के पेज २७ में जो लिखा है वह भ्रमपूर्ण है।

§ ८६—ऐसे संयुक्ताक्षरों से पहले, जिनमें एक अक्षर **र** हो, जब कोई दीर्घ स्वर आता है तब कहीं-कहीं अनुस्वारयुक्त ह्रस्व स्वर बन जाता है और संयुक्त व्यञ्जन सरल हो जाते है। **मार्जार** शब्द महाराष्ट्री में **मंजर** (§ ८१), **वंजर** (हेमचन्द्र २, १३२), **मंजार** (हेमचन्द्र १, २६) हो जाता है जिनके साथ-साथ **मज्जर** शब्द भी चलता है। अर्धमागधी, जैनशौरसेनी और शौरसेनी में इसका रूप **मज्जार** हो जाता है (§ ८१)। **मूर्धन्** शब्द **मुंढ** हो जाता है (हेमचन्द्र १,२६ ; २, ४१) जो केवल अर्धमागधी में मिलता है। जैनमहाराष्ट्री में यह शब्द **मुद्ध** (§ ४०२ ; एर्त्से०) हो जाता है। यह **मुद्ध*** शब्द महाराष्ट्री और शौरसेनी में काम में लाया हुआ नहीं जान पड़ता है (हेमचन्द्र २, ४१ पर पिशल की टीका)। अर्धमागधी में **मेंढ** शब्द = **मेंढा** (ठाणग० २५०), **मिंढ** (ठाणग० २०५ ; सूय० ७०८), **मेंढग** (ठाणंग० २६०), **मिंढग** (ओव० § १०७), **मिंढय** (सम० १३१) = संस्कृत **मेढ्र** या **मेढ्रक** के हैं। ये शब्द **मेंढ, मेंढक** और **मेंढण** संस्कृत कोशों में भी स्थान पा गये हैं। इसका स्त्रीलिंग **मेंढी** (देशी० ६, १३८), **मिंढिया** (पाइय० २१९) होता है। देशीनाममाला ६, १३८ के अनुसार इसका रूप **मेंठी**† भी होता था।

§ ८७—मूल व्यंजन-समूह से पहले यदि दीर्घ स्वर बना रहे तो मिश्रण से उत्पन्न दो व्यंजनों में से एक व्यंजन शेष रह जाता है या ध्वनितत्व के अनुसार वह व्यंजन इस स्थान पर आ जाता है जो उसका प्रतिनिधि हो। (हेमचन्द्र २, ९२)। यह बहुधा तब होता है जब दो व्यंजनों में से एक **र** या, **श, ष, स** हो। इस नियम से **आस्य** का प्राकृत रूप **आस** रह जाता है (हेमचन्द्र)। **ईश्वर** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **ईसर** रूप बन जाता है (हेमचन्द्र ; उवास० ; कप्प० ; एर्त्से०)। मागधी में इसका रूप **ईशल** होता है (मृच्छ० १७, ४ ; शकु० ११६, २), साथ-साथ **इस्सर** रूप भी चलता है (भाम० ३, ५८)। — **ईर्ष्या** का महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **ईसा** हो जाता है (गउड० ; हाल; रावण०; एर्त्से०; मृच्छ० ६९,२५)। किन्तु शौरसेनी में **इस्सा** रूप भी चलता है (प्रबन्ध० ३९, २ और ३)। मागधी में **इश्शा** होता है (प्रबन्ध० ४७, १)। — महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और मागधी तथा अपभ्रंश में **दीर्घ** का **दीह** हो जाता है (भाम० ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ९१ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; नायाध० ; कप्प० ; एर्त्से० ; मृच्छ० ३९, २ ; ४१, २२ ; ६९, ८ ; ७५, २५ ; रत्ना० ३०७, १ ; ३१८, २६ ; मालती० ७६, ५ ; मृच्छ० ११६, १७ ; १६८, २०; हेमचन्द्र ४, ३३०, २)। शौरसेनी में **दीर्घिका** का **दीहिआ** रूप पाया जाता है (प्रिय० ११,

* इसका एक विकसित रूप **मुड्ढ** कुमाऊं में मुखिये के स्थान पर काम में आता है। —अनु०

† इन रूपों से भी पुराने रूप पाली में **मेंढ** और **मेंढक** पाये जाते हैं। मेंढे के विषय में एक जातक ही है जिसका उल्लेख मिलिन्दपन्हों में है, इसका नाम मेंढक-पन्ह अर्थात् 'मेंढे के विषय में प्रश्न' है। —अनु०

२ और ५; १२, ११ ; वृषभ० ३९, ३)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **दीहिया** (आयार० २, ३, ३, २ ; ओव० ; एत्सें०), साथ-साथ **दिग्घ** शब्द भी मिलता है (भाम० ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ९१)। शौरसेनी और मागधी में **दिग्घिआ** रूप है (रत्ना० २९९, १२ ; नागानन्द ५१, ६ ; प्रिय० ८, १३ ; १२, २ ; १९, १७ ; २३, ११ ; २४, ९ और १५ ; मागधी के लिए, मृच्छ० १३४, ७)। — महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी मे **पार्श्व** का **पास** हो जाता है (हेमचन्द्र २, ९२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, १, २, ५ ; ओव० ; कप्प० ; एत्सें० ; विक्रमो० १७, ११ ; २४, ४ और ५ ; ३६, १२ ; ७५, १५ ; प्रबन्ध० ६४, २ ; प्रिय० ८, १४)। — अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **प्रेक्षते** का **पेहइ** रूप चलता है (§ ३२३)। — महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश मे **बाष्प** का **बाह** (= ऑसू) और **बप्फ** (= भाप) होता है। शौरसेनी में एक रूप **बप्प** (= ऑसू) भी है (§ ३०५)। — **रूक्ष** के अर्धमागधी में **लूह** और **लुक्ख** रूप चलते हैं ; **रूक्षपति** का **लूहेइ** होता है (§ २५७)। — **लेष्टुक** का **लेटुक** होता है (§ ३०४)। — **लोष्ट** का अर्धमागधी और जैनशौरसेनी में **लोढ** हो जाता है (§ ३०४)। — **वेष्टते, वेष्टित** का महाराष्ट्री मे **वेढइ**, अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री मे **वेढेइ**, शौरसेनी मे **वेढिद** = पाली **वेठति, वेठित** (§ ३०४)।—**शीर्ष** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रश में **सीस** होता है (हेमचन्द्र २, ९२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, १, २, ६ ; उवास० ; एत्सें० ; मृच्छ० २४, १४ और १६ तथा १७ ; ६८, १४ ; ७४, ५ ; ७८, १० ; शकु० ३९, ४ ; हेमचन्द्र ४, ३८९ और ४४६)। मागधी में **शीश** (मृच्छ० १२, १८ ; १३, ९ ; ४०, ६ ; ११३, १ ; १२७, १२), **शीशक** (मृच्छ० २०, १७)। — **सौम्य** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सोम** और महाराष्ट्री तथा शौरसेनी मे **सों म्य** चलता है (§ ६१ अ) — इस विषय पर § २८४ की तुलना कीजिए। अन्य सब प्राकृत भाषाओं से भिन्न अर्धमागधी मे – **त्र** प्रत्यय से पहले दीर्घ स्वर ज्यों का त्यों रह जाता है ; — **त** का **य** में रूप-परिवर्तन हो जाता है। **गात्र** का **गाय** बन जाता है (आयार० १, ८, १, १९ ; २, २, ३, ९ ; ठाणंग० २८९ ; नायाध० २६७ ; विवाह० ८२२ ; १२५७ ; १२६१ ; उत्तर० ६१ ; १०६ ; १०९ ; उवास० ; ओव० ; कप्प०) ; **गोत्र** का **गोय** हो जाता है (आयार० १, २, ३, १ ; २, २, ३, ४ ; पण्णव० ७१६ ; उत्तर० ९६७; ओव० ; कप्प०), साथ-साथ इसके **गो त्त** रूप भी चलता है (दस० ६२८, ३; उवास० ; ओव० ; कप्प०)। **धात्री** का **धाई** लिखा जाता है (हेमचन्द्र २, ८१ ; आयार० १, २, ५, १ ; २, १५, १३ ; सूय० २५५ ; विवाग० ८१ ; विवाह० ९५९; नायाध० § ११७ ; राय० २८८; ओव० [§ १०५])। **पात्र** का **पाय** हो जाता है (आयार० १, ८, १, १८ ; २, ६, १, १ ; सूय० १९४ ; उत्तर० २१९ ; ओव०) ; **पात्री** का **पाई** पाया जाता है (सूय० ७८३)। **कांस्यपात्री** का **कंसपाई** होता है (ठाणंग ५२८ ; कप्प०)। **लोहितपूयपात्री** का **लोहियपूयपाई** मिलता है (सूय० २८१)। **मात्रा** का **माया** रूप बन जाता

है (आयार० १, २, ५, ३ ; ओव०)। **मात्राज्ञ** का **मायन्न** बन जाता है (आयार० १, २, ५, ३ ; १७३२, ; १, ८, १, १९ ; दस० ६२३, १५; उत्तर० ५१)। **तन्मात्र** **तणमाय** बन जाता है (सूय० ६०८)। **मूत्र मूय** होता है (आयार० १, ६, १, ३)। **श्रोत्र** का रूप **सोय** है (आयार० १, २, १, २ और ५ ; सूय० ६३९)। केवल **रात्रि** शब्द ऐसा है जिसपर यह नियम अर्धमागधी में ही नहीं (भाम० ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ८८ ; मार्क० पन्ना २८) और बोलियों में भी लागू होता है। अर्धमागधी में **राई** का प्रयोग हुआ है (विवाह० ९३६ और ९३८), **रात्रिभोजन** का **राईभोयण** (ठाणंग० १८० ; ओव०)। **रात्रिंदिव** का **राइंदिय** है (ठाणंग० १३३ ; नायाध० ३४७ ; विवाह० १२९३ ; कप्प०)। **-रात्र** का **-राय** होता है (कप्प०)। **-रात्रिक** का रूप **-राइय** है (सूय० ७३१ ; ओव० ; कप्प०)। महाराष्ट्री में भी **रात्रि** का **राइ** बन जाता है (हाल), साथ ही **रत्ति** रूप भी चलता है (हाल ; रावण० ; शकु० ५५, १५)। जैनशौरसेनी में **राईभोयण** मिलता है (कत्तिगे० ३९९, ३०६), साथ ही **रत्तिम्** भी चलता है (कत्तिगे० ४०३, ३७४ और ३७५), **रत्तिदिवहम्** का प्रयोग भी है (कत्तिगे० ४०२, ३६४)। शौरसेनी में **रादी** आया है (मृच्छ० ९३, १२ और १५), **रत्ती** भी पाया जाता है (मृच्छ० ९३, ६ और ७ ; १४७, १६ ; १४८, २ ; शकु० २९, ७)। मागधी में **रात** को **लत्ति** कहते थे (मृच्छ० २१, १८)। **लत्ति, लत्तिदिवं** शब्द भी साहित्य में प्रयुक्त हुए हैं (मृच्छ० ४५, २१, १६१, ४)।

§ ८८—**आ** उपसर्ग, **ख्या** धातु से पहले बहुधा और **ज्ञा** धातु से पहले सदा, ज्यों का त्यों बना रहता है और धातुओं की प्रारम्भिक ध्वनियों में परिवर्तन के समय ये भीतरी ध्वनियों के समान माने जाते है। अर्धमागधी में **आख्यान** का रूप **आघम्** है (सूय० ३९७), **आख्याय** का **आघाय** (सूय० ३७५)। **आघावेइ, आघावेमाण, आघविय, आघवित्तए, आघविज्जंति** (§ ५५१) भी मिलते हैं। **आख्यापन आघवणा** हो जाता है (नायाध० § १४३ पेज ५३९; उवास० § २२२)। शौरसेनी में **प्रत्याख्यातुम्** का **पच्चाक्खादुं** हो जाता है (विक्रमो० ४५, ५)। ढक्की में **अक्खंतो** का प्रयोग पाया जाता है (मृच्छ० ३४, २४) पर यह अशुद्ध है, इसके स्थान पर **आचक्खंतो** होना चाहिए (§ ४९१ ; ४९९)। अर्धमागधी में भी किन्तु **अक्खाइ, अक्खन्ति** और **पच्चक्खाइ** रूप मिलते हैं (§ ४९१)।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **आज्ञापयति** के लिए **आणवेइ** और शौरसेनी तथा मागधी में **आणवेदि** होता है (§ ५५१) ; महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **आज्ञा** के लिए **आणा** शब्द आता है (वररुचि ३, ५५ ; हेमचन्द्र २, ९२ ; क्रम० २, १०९ ; मार्क० पन्ना २७ ; गउड० ; हाल ; रावण० , सम० १३४ ; ओव० ; कप्प०; आव० एर्त्से० ८, १७ और १८; कालका०; ऋषभ०)। विजयवर्मन्-दानपत्र, महाराष्ट्री, अर्धमागधी, आवन्ती, शौरसेनी और मागधी में **आज्ञप्ति** का **आणत्ति** हो जाता है (भामह० ३, ५५ ; हेमचन्द्र २, ९२ ; क्रम० २, १०९ ; मार्क० पन्ना २७ ; विजयवर्मन्-दानपत्र १०२, १६ ; रावण०; निरया०; प्रिय० ; ११, १० ; मृच्छ० १०५, १ ; १६६, २१ ; १७१, १७ ; वेणी० ३६, ६)। अर्धमागधी में **आणत्तिया** शब्द मिलता है (उवास० ; ओव० ;

निरया०) । **आज्ञापन** के लिए **आणवण** रूप आया है (हेमचन्द्र २, ९२ ; उवास०), और ***आज्ञापनी** के लिए **आणमणी** लिखा गया है (पण्णव० ३६३ और ३६९) । अन्य स्थलों पर यह नियम स्थिर नहीं है, जैसे—**आश्वसिति** का महाराष्ट्री में **आससइ** हो जाता है, किन्तु शौरसेनी में **समस्ससदु** मिलता है । इसमें **अस्ससदु** का प्रयोग हुआ है जिसमें **आ** उपसर्ग का **अकार** हो गया है । मागधी में भी संस्कृत शब्द **समाश्वसितु** का **शमश्शशदु** हो गया है (§ ४९६) । **आक्रन्दामि** का शौरसेनी में **अक्कन्दामि** रूप है (उत्तर० ३२, १), **अक्कन्दसि** रूप भी मिलता है (मुद्रा० २६३, ४) । मागधी में **अक्कन्दामि** मिलता है (मृच्छ० १६२, १७), किन्तु स्टेन्त्सलर द्वारा सम्पादित ग्रन्थ छोड़कर अन्य ग्रन्थों तथा अधिकतर हस्तलिखित प्रतियों मे **आक्कन्दामि** रूप मिलता है । यह रूप **आकन्दामि** भी पढ़ा जा सकता है; किन्तु महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **अक्कमइ, अक्कन्त** और **समक्कन्त** (गउड० ; हाल; रावण० ; एर्त्से० ; कालका०) रूपों मे सदा ह्रस्व ही देखा जाता है । इन भाषाओं में **क्रन्द्** का रूप भी इसी प्रकार का होता है । बिना **र**-कार और **श-ष-स**-कार वाले संयुक्ताक्षर सहित शब्दों के पहले आने वाले दीर्घ स्वर अपवाद रूप से ही अपनी दीर्घता को बनाये रहते है । जैनशौरसेनी में **आत्मन्** का **आद** रूप मिलता है (पव० ३८०, ८ और १२ ; ३८१, १५ और १६ ; ३८२, २३, २४ और २५ ; ३८३, ७७ और ७४), अर्धमागधी मे **आय**रूप चलता है (आयार० १, १, १, ३ और ८ तथा ५ ; १, २, २, २ और ५ तथा ४ ; सूय० २८ ; ३५ ; ८१ ; १५१ ; २३१ ; ८३८ ; विवाह० ७६ ; १३२ ; २८३ ; १०५९ और उसके बाद [पाठ मे अधिकतर स्थलों पर **आत** आया है] उत्तर० ९५१)।—अर्धमागधी मे **शाल्मली** के लिए **सामली** रूप दिया गया है (सूय० ३१५ ; ठाणंग० ८८ ; ५५५ ; पण्हा० २७४ ; अणुत्तर० ९ ; ओव० § १६ ; उत्तर० ६२६ में **कूड सामली** शब्द आया है) । स्थानीय बोली के रूप मे **सामरी** मिलता है (पाइय० २६४ ; देशी० ८, २३ ; त्रिविक्रम० १, ३, १०५ ; इस विषय पर § १०९ भी देखिए) ।—***स्ताघ्य** और ***अस्ताघ्य** के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी और अपभ्रंश में **थाह** रूप मिलता है जिसका अर्थ गहराई या तल है (पाइय० २४९ ; देशी० ५, ३० ; रावण० ; पण्हा० ३८० ; नायाध० ९०४ ; ११११ ; १३४१ ; हेमचन्द्र ४, ४४४, ३) । हेमचन्द्र के अनुसार इस शब्द के अर्थ 'गहरा पानी' और 'चौड़ा' होते है * । इसका एक रूप **थह** भी है जिसका अर्थ 'घर' है (देशी० ५, २४) ; और **थग्घ** भी है जिसका अर्थ 'गहरा' है (पाइय० २४९ ; देशी० ५, २४)[१] ; अर्धमागधी मे **अतल** या गहरे के लिए **अत्थाह** शब्द मिलता है (देशी० १, ५४ ; नायाध० ११११ ; विवाह० १०४ और ४४७), इसके साथ **अत्थग** भी चलता है (देशी० १, ५४) । इस विषय पर § ३३३ भी देखिए ।

१. देशीनाममाला ५, २४ में **थग्घोऽगाधे** और **थग्घोऽगाधः** पढ़ा

* हिन्दी में ये दोनों अर्थ इस समय भी चलते हैं । हेमचन्द्र ने ये अर्थ जनता की बोली से लिये हैं ।—अनु०

जाना चाहिए। टीकाकार इसका पर्यायवाची शब्द स्ताघ देते हैं। गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन, १८८०, ३३४ के अनुसार पाठक इसे उक्त प्रकार से सुधार लें।

§ ८९—किसी किसी प्रादेशिक बोली में § ८३ के नियम के विपरीत कभी-कभी अनुस्वारयुक्त दीर्घ स्वर तो रह जाता है किन्तु अनुस्वार का लोप हो जाता है; **कान्स्य** का **कास** हो जाता है और **पांसु** का **पासु** होता है (हेमचन्द्र १, २९ और ७०)। महाराष्ट्री में **मांस** का **मास** हो जाता है (वररुचि ४, १६ ; हेमचन्द्र १,२९ और ७०; मार्क० पन्ना ३४ ; गउड० ; रावण०), **मांसल** का **मासल** हो जाता है (हेमचन्द्र १, २९ ; गउड० ; रावण०), **मासलअन्त** और **मासलिअ** शब्द भी मिलते हैं (गउड०)। पाली **गोंण** अनुस्वारयुक्त स्वर पर यही नियम लागू होता है। **प्रेंखण** के लिए पाली में **पेखुण** और **पेक्खुण** होते हैं, महाराष्ट्री और अर्धमागधी में **पेहुण** होता है। यह **पेहुण** और पाली **पेखुण** शब्द किसी स्थानविशेष में कभी बोले जानेवाले ***प्रेँखुण** और ***प्रेंखुण** से निकले ज्ञात होते हैं। इस शब्द का अर्थ पक्षियों के पर (पंख) होता है, पाख या झूला होता है (पण्णव० ५२९ ; नायाध० ५०० ; जीवा० ४६४ ; देशी० ६, ५८ ; गउड० ; रावण० ; हाल ; आयार० २, १, ७, ५ ; पण्हा० ३३, ४८९, ५३३)। इस शब्द की व्युत्पत्ति **पक्ष्मन्** से देना (जैसा कि चाइल्डरस् ने **पेखुण** शब्द के साथ दी है और एस० गोल्दस्मित्त ने कून्स त्साइटश्रिफ्ट २५, ६११ में लिखा है) या यह कहना कि यह शब्द **पक्ष** से निकलता है (जैसा वेबर ने इण्डिशे स्टूडिएन ३, ३९६ में लिखा है) भाषा-शास्त्र की दृष्टि से असम्भव है। इसी नियम के अनुसार संस्कृत—**आन्-ईन्-ऊम्** के स्थान पर प्राकृत में कर्मकारक बहुवचन में जो **आ-ई-ऊ** में बदल जाते हैं, मागधी, अर्धमागधी और अपभ्रंश में भी उन शब्दों पर यही नियम लागू होता है। **गुणान्** का महाराष्ट्री में **गुणा** हो जाता है। अर्धमागधी में **रुक्षान्** का **रुक्खा** हो जाता है। अपभ्रंश में **कुञ्जरान्** का **कुञ्जरा** होता है, **मल्लकीन्** का अर्धमागधी में **मल्लई** रूप बन जाता है और **बाहून्** का **बाहू** (§ ३६७ और ३८१)। ये रूप स्पष्ट अनुस्वार वाले संस्कृत रूप **°गुणाम्**, **°गुणां**, **°बाहूम्** तथा **बाहूं** से निकले होंगे, इस बात की थोड़ी-बहुत पुष्टि मागधी शब्द **दालं** से होती है जो **दारान्** से निकला है (§ ३६७)। यहाँ **केसुआ** की तुलना भी की जानी चाहिए जो **किंसुक** से **कें॑सुअ** होकर **केसुअ** बना है ; और **कोहण्डी** तथा **कोहण्ड** से जो **कूष्माण्डी** और **कूष्माण्ड** से ***कोहँडी** और ***कोहंड** बनकर **कोहंडी** और **कोहंड** रूप में आ गये (§ ७६ और १२७)।

§ ९०—बहुधा यह भी देखने में आता है कि सरल व्यंजनों के पहले दीर्घ स्वर ह्रस्व बना दिया जाता है और व्यंजन का द्वित्त हो जाता है। यह उस दशा में ही

* रिस डेविड्स और डब्ल्यू० स्टेडे के पाली-अंगरेजी कोश के सन् १९५२ के तीसरे संस्करण में केवल **पेखुण** रूप मिलता है। इसका अर्थ विशक द्वारा बताया गया ही मान्य समझा गया है।—अनु०

होता है जब मूल संस्कृत शब्द में अन्तिम अक्षर पर ध्वनिबल का जोर पड़ता था। कहीं-कहीं सरल व्यंजन वहां भी द्विगुणित कर दिये जाते हैं जब कि ये व्यंजन ह्रस्व स्वर के बाद आते हैं (§ १९४)। वे शब्द जिनमें व्यंजन द्विगुणित कर दिये जाने चाहिए, वररुचि ३, ५२ ; क्रम० २, १११ ; मार्क० पन्ना० २७ में **नीड़ादि** आकृतिगण के भीतर दिये गये हैं। हेमचन्द्र २, ९८ और त्रिविक्रम १, ४, ९३ में इसका नाम **तैलादि**-गण है तथा वे शब्द जिनमें व्यंजनों का द्वित्त किया जा सकता है वररुचि ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ९९ ; क्रम० २, ११२ ; मार्क० पन्ना २७ में **सेवादि** आकृतिगण नाम से दिये गये हैं। ऐसे शब्द त्रिविक्रम ने **दैवग** नाम से एकत्र किये है (१, ४, ९२)। बहुत से उदाहरण, जो भामह और मार्कण्डेय में मिलते हैं, इस नियम के भीतर नही लिये जा सकते।—महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी और ढक्की में **एवं** का **ऍव्वम्** हो जाता है (हाल ; मृच्छ० ४, २० ; ९, १ ; १२, २५ ; आदि आदि ; विक्रमो० ६, १५ ; १३, १८ ; १८, ८ आदि आदि; मागधी के लिए मृच्छ० ३१, १७ ; ३९, २० ; २८, १८ आदि आदि ; ढक्की के लिए मृच्छ० ३०, १४ और १८ ; ३१, १९ और २२ ; ३५ , १७)। इस रूप के साथ-साथ **एवं** भी चलता है।—शौरसेनी में **कार्य** का **कज्ज** रूप चलता है (कर्पूर० १९, ८)।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **क्रीडा** का **किड्डा** चलता है (आयार० १, २, १, ३ ; सूय० ८१ ; जीवा० ५७७ ; उत्तर० ४८३ ; नायाध० ; आव० एर्त्सें० १५, १३)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे इसका रूप **खे ड्ड** होता है (हेमचन्द्र २, १७४; त्रिविक्रम० १, ३, १०५ ; ओव० ; एर्त्सें०)। अपभ्रंश में यह शब्द **खेड्डअ** बन जाता है (हेमचन्द्र ४, ४२२, १०)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **कीडा** रूप भी चलता है (उवास० ; एर्त्सें०)।—अर्धमागधी मे **कीळण** (ओव०), **कीलावण** (राय० २८८ ; ओव०) रूप भी पाये जाते है। महाराष्ट्री और शौरसेनी में **कीळा** आया है (गउड०; चैतन्य० ६९, ९)। शौरसेनी में **क्रीड़ापर्वत** के लिए **कीळापव्वद** आया है (विक्रमो० ३१, १७ ; मल्लिका० १३५, ५; अद्भुत० ६१, २० [पाठ मे **कीडापव्वद** है]), **क्रीडनक** के लिए **कीळणअ** आया है (शकु० १५५, १)। इस सम्बन्धमें § २०६ और २४० भी देखिए। संस्कृत **स्थाणु** शब्द का किसी प्रदेश मे कभी ***स्थाणु** रूप बोला जाता होगा जिसका **खण्णु** और **खणु** बन गया (हेमचन्द्र २, ९९ ; मार्क० पन्ना २१ और २७)। महाराष्ट्री मे इसका **खण्णुअ** हो गया (हाल) है। इस सम्बन्ध में § १२० और ३०९ भी देखिए। **खात** शब्द अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **खत्त** बन गया। महाराष्ट्री मे **उक्खाअ**, **उक्खअ** के साथ-साथ **उक्खत्त** रूप भी चलता है (§ ५६६)। **एवं** का शौरसेनी मे **जे व्व**, पैशाची और मागधी में **यें व्व** होता है। इनके साथ-साथ **जेव** और **यव** रूप भी चलते हैं (§ ९५ और ३३५)।—**यौवन** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश मे **जो व्वण** होता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, २, १, ३ ; सूय० २१२ ; ठाणंग० ३६९ ; पण्हा० २८८ ; पण्णव० १०० ; विवाह० ८२५ और ८२७ ; दस० ६४१,

१६; **कक्कुक** शिलालेख १३; एर्त्से० ; मृच्छ० २२, २२ ; १४१, १५ ; १४२, १२ ; १४५, १२ ; शकु० ११, ४ ; १३, २ ; प्रबोध० ४१, ५ [इसमें यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; धूर्त० १५, ८ ; मल्लिका० २२१, २ ; हेमचन्द्र ४, ४२२, ७ ; विक्रमो० ६८, २२)। अर्धमागधी में **युवन्** का **जुवणग** (विवाह० ९४६) और सन्धि तथा समास में **जुव**— और **जुअ**— होता है (§ ४०२)। इसी नियम के अनुसार महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **युवति** और **युवती** का **जुवइ** और **जुवई** होता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; शकु० १२०, ७ ; रत्ना० २९३, ५ ; प्रताप० २१८, ११ ; एर्त्से०)। शौरसेनी में **जुवदि** रूप है (मृच्छ० ६९, २३ ; ७३, ९), और मागधी में **युवदि** चलता है (मृच्छ० १३६, १३[१])। **नीडं** का **णेड्ड** हो जाता है (सब व्याकरणकार)। इसके साथ-साथ महाराष्ट्री में **णीड** रूप भी चलता है (गउड० ; हाल[१])।—**तूष्णीकं** का महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **तुण्हिक्क** हो जाता है (हाल ; रावण० ; आव० एर्त्से० ; ३८, २ ; एर्त्से०), साथ-साथ **तुण्हिअ** रूप भी चलता है। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **तुसिणीय** आया है (§ ८१)। —**तैलं** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और मागधी मे **तेॅल्ल** हो जाता है (सब व्याकरणकार; हाल; आयार० २, १, ४, ५, ९ तथा ३,२,६,१,९ और १२ ; २, ७, १, ११ ; २, १२, ४ और १५, २० ; सूय० २४८ और ९३५ ; पण्हा० ३८१ ; विवाग० २३५ ; विवाह० १२८८ ; १३२७ ; १३२९ ; राय० १६७ और १७५ ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; मृच्छ० ६९, ७ और १२ ; ७२, १० ; शकु० ३९, ४ ; मृच्छ० २५, १९ ; ११७, ८)। अर्धमागधी में **तिल्ल** रूप भी मिलता है (पण्णव० ६३ ; उत्तर० ४३२ और ८०६)। **स्त्यानं** का **थिण्ण** और **थीण** दो रूप होते हैं (हेमचन्द्र १, ७४)। महाराष्ट्री में **स्त्यानक** का **थिण्णअ** हो जाता है (रावण०)।—**स्थूलं** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **थुल्ल** और अर्धमागधी, जैनशौरसेनी तथा शौरसेनी में **थूल** रूप आया है (§ १२७)।— **स्तोकं** का **थोक्क** रूप (हेमचन्द्र १२५) और साथ-साथ **थोव** और **थोअ** रूप भी मिलते हैं (§ २३०)।—**दुकूलं** का अर्धमागधी मे **दुगुल्ल** हो जाता है (हेमचन्द्र १, ११९ ; पाइय० २६६ ; आयार० २, ५, १, ४ ; पण्हा० २३८ ; विवाह० ७९१, ९४१, ९६२ ; जीवा० ५०८ और ५५९ ; ओव०; कप्प०)। वररुचि १, २५ ; हेमचन्द्र १, ११९; क्रम० १, २५ और मार्कण्डेय पन्ना ९ के अनुसार **दुअल्ल** रूप भी होता है। इसका महाराष्ट्री और शौरसेनी रूप **दुऊल** है (हेमचन्द्र ; मार्क० ; हाल ; मल्लिका० ६८, ५ ; ६९, १३)।—**ध्मातं** शब्द का अर्धमागधी मे **धत्त** होता है (नायाध० § ६१)।—**प्रेमन्** महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश में **पेॅम्म** हो जाता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण०; रत्ना० २९९,१८; विद्ध०,६,३; बाल० १२२, १३ और १६ ; सूय० ७७१ ; एर्त्से० ; मृच्छ० ७२, २५ ; विक्रमो० ४५, २ ; ५१,१६ ; विद्ध० ५९,१ ; अनर्घ० २९७,१४ ; वृषभ० ९, १ ; २९, ६ ; ४३ ; ८ मल्लिका० २२५, १; हेमचन्द्र ४, ३९५, ३ और ४२१,

* इसका **ठुक्क** रूप कुमाउनी में चलता है। —अनु०

१ ; विक्रमो० ६४,४)। अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री में **पिम्म** भी होता है (राय० २५२ ; एर्त्से०) और अर्धमागधी में **पेम** भी चलता है (सूय० ९२३, ९५८ ; दस० ६२१, १९ ; उवास०; ओव०)।—**मूर्कः** शब्द का **मुक्क** और **मूअ** होता है (हेमचन्द्र २, ९९)।—**लाजः** शब्द का महाराष्ट्री में **लज्जा** हो जाता है (हाल ८१४)।—**व्रीडा** का अर्धमागधी के **विड्डा** हो जाता है (हेमचन्द्र २, ९८ ; देशी० ७, ६१ ; निरया० § १३)। इस सम्बन्ध में § २४० भी देखिए।—**सेवा** का **सेॅव्वा** होता है (सभी व्याकरणकार)। इस रूप के साथ-साथ महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **सेवा** भी व्यवहार में आता है (गउड० ; हाल ; एर्त्से०)।

१. क्रमदीश्वर २, १११ के अनुसार **युवन्** का **व** भी द्विगुणित हो जाना चाहिए। इसकी पुष्टि किसी ग्रन्थ से नहीं होती अतः यह नियम-विरुद्ध मालूम पड़ता है। कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५६५ में याकोबी ने लिखा है कि **यौवन** शब्द में 'व' का द्वित्त होता है और 'न' का नहीं, किन्तु इस नियम के अनुसार वे व्यञ्जन ही द्विगुणित किये जा सकते हैं जिनके ठीक पीछे दीर्घ स्वर स्थित हो। कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७५ और उसके बाद तथा ३५, १४० और उसके बाद के पेजों में याकोबी ने पिशल की कड़ी आलोचना की है। किन्तु इससे तथ्य में नाममात्र का भी फेरफार नहीं हो पाया। कोई भी विद्वान् इस तथ्य को किसी भी प्रकार से समझाने की चेष्टा क्यों न करे, पर ग्रन्थों से यही सिद्ध होता है कि जिस अक्षर पर जोर दिया जाता है उससे पहले आनेवाला व्यंजन द्विगुणित कर दिया जाता है। —२. हेमचन्द्र १, १०६ पर पिशल की टीका देखिए।

§ ९१—धातु के जो इच्छार्थक रूप-**ज्जा-ज्ज-ऍज्जा-ऍज्ज-इज्जा** और **इज्ज** लगाकर बनाये जाते हैं उन पर भी § ९० में बताया हुआ नियम लागू होता है। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **कुर्यात्** का **कुज्जा**, **देयात्** का **देज्जा**, **भूयात्** का **होॅज्जा**, ***भुञ्ज्यन्** का **भुञ्जेज्जा** (यह शब्द संस्कृत ***भुञ्ज्यात्** से निकला होगा), **जानीयात्** का **जाणेज्जा** और **जाणिज्जा** होता है (§ ४५९ और उसके बाद)। इसके अतिरिक्त मागधी, अर्धमागधी, महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी, दाक्षिणात्या और अपभ्रंश में यह नियम—जहाँ कर्मवाच्य में **-ज्ज** और-**इज्ज** लगता है वहाँ भी—लागू होता है। और पैशाची में, **-य्य** और **-इय्य** होता है, जैसा महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश में **दीयते**[१] का **दिज्जइ**। जैनशौरसेनी में **दिज्जदि** और पैशाची में **तिय्यते** होता है। अर्धमागधी में **कथ्यते** का **कहिज्जइ** और दाक्षिणात्या में **कहिज्जदि** हो जाता है (§ ५३५ और उसके बाद), यद्यपि शौरसेनी रूप **करणीअ** और **रमणीअ** तथा मागधी रूप **कलणीअ** और **लमणीअ** एवं इस प्रकार बने और संज्ञा विशेषण के रूप महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और अर्धमागधी में **करणिज्ज**, **रमणिज्ज** आदि हैं (§ ५७१), इस कारण ये शब्द ***करण्य** और **रमण्य** आदि से निकले प्रतीत होते हैं। अपभ्रंशमें **रमणीय** के लिए **रवण्ण** * शब्द आता है

* विद्वानों के लिए यह शोध का विषय है कि क्या **रवड़ी** **रवण्ण** रूप से तो नहीं निकली

(हेमचन्द्र ४, ४२२, ११)। इस शब्द से भी आभास मिलता है कि कभी कहीं संस्कृत शब्द **रमणीय** का ***रमण्य** हो गया होगा। यही बात महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी और अपभ्रंश रूप **पाणिअ** से पुष्ट होती है जो अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **पाणिय** होता है। संस्कृत रूप **पानीय** का कभी कहीं ***पान्य**[²] कहा जाता होगा, उससे ***पाण्य** होकर **पाणिय** हो गया (वररुचि १, १८ ; हेमचन्द्र १, १०१ ; क्रम० १, ११ ; मार्क० पन्ना ८ ; प्राकृतकल्प० पेज २८ ; हाल ; रावण० ; नायाध० १००९ ; १०११ ; १०१३ ; १०३२ ; १०५३ ; १०५८ ; १३७५ ; १३८६ ; उवास०; ओव० ; आव० एर्त्से० २५, ३ ; ४०, ६ ; ११५, १ और २; १३६, ११ ; हेमचन्द्र ४, ३९६, ४ : ४१८, ७ और ४३४, १)। हास्यार्णव नाटक में ३७, ७ में शौरसेनी में **पाणिअ** रूप मिलता है। अर्धमागधीमें उत्तररामचरित ८९५ में सम्भवतः छन्द की मात्रा के कारण **पाणीय** शब्द आया है।—महाराष्ट्री में **बिइज्ज**(हेमचन्द्र १, २४८), **तिइज्ज** (क्रम० २, ३६), अपभ्रंश में **तइज्जी** (हेमचन्द्र ४, ३३९) रूप मिलते हैं और महाराष्ट्री में **बिइअ** रूप भी होता है जिससे मिलता-जुलता रूप जैनमहाराष्ट्री और अर्धमागधी में **बिइय** है। महाराष्ट्री में **तइअ** रूप भी चलता है, इससे मिलता-जुलता रूप अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **तइय** है। शौरसेनी और मागधी में **तदिअ** रूप चलता है जिसकी व्याख्या § ८२ में की गयी है। **–ईय** प्रत्यय में समाप्त होनेवाले शब्दों के समान ही **–एय** और **–य** में समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दों के रूप-परिवर्तन का नियम भी है ; जैसा **नामधेय** शब्दका अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **नामधिज्ज** होता है (§ ५५२)। अर्धमागधी में **पेय** का **पेज्ज** होता है (§ ५७२)। यह परिवर्तन बहुत सरलता से हो सकता है क्योंकि ऐसे शब्दों में अधिकांश ऐसे हैं जिनके अन्तिम अक्षर पर जोर पड़ता है (ह्विटनी, संस्कृत ग्रैमर § १२१६ ए तथा अन्य स्थलों में) और थोड़े-से **तर**-सूचक विशेषण हैं जिन पर यह नियम लागू होता है। अर्धमागधी में **प्रेयस्** का **पेज्जय** होता है और **भूयस्** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **भुज्जो** रूप मिलता है (§ ४१४)। इस सम्बन्ध में § २५२ भी देखिए।—**त्रीणि** का **तिण्णि** होता है (§ ४३८)। किन्तु यह रूप **त्रीणि** से नहीं बना है। पष्ठी रूप **त्रीणाम्** के प्राकृत रूप **तिण्णम्** से निकला है। इस **तिण्णि** के अनुकरण पर **दोण्णि**, **वेण्णि** और **विण्णि** शब्द बने हैं (इनका संस्कृत रूप **द्वौ** और **द्वे** है)। इसी तरह **तिण्णम्** से **दोण्णम्** रूप भी निकला है (§ ४३६)। कुछ फुटकर शब्दों में, जो प्रत्यक्षतः इस नियम के विरुद्ध जाते हैं, व्यञ्जनों का जो द्वित्त हो जाता है, उसका कारण दूसरा है। ऐसा एक शब्द **अधीन** है जो अपभ्रंश में **अधिण्ण** हो जाता है (हेमचन्द्र ४, ४२७)। प्रायः सभी बोलियों में साधारणतः **एक** का **एक्क** हो जाता है। इसके साथ-साथ अर्धमागधी और महाराष्ट्री में **एग** रूप भी चलता है (§ ४३५)। **कर्पाळ** अथवा

है ? इस दृष्टि से रबड़ी = रमणीक, रमणीय, रबड़ीअ, रबड़ी का सम्बन्ध **राब** से होना भी अधिक सम्भव है। इसका अर्थ देशी प्राकृत में 'गुड़ का पानी' है। **राब** शब्द हिन्दी में प्रचलित है।—अनु०

कपाल का अर्धमागधी में **कवल्ल** और **कभल्ल** होता है तथा पाली में इसका रूप **कपल्ल** है (§ २०८)। महाराष्ट्री में और स्वयं पाली में **शेप** का **छेप्प*** (§ २११) ; **श्रोतस्** का महाराष्ट्री में **सोत्त** हो जाता है (भामह ३, ५२ ; हेमचन्द्र २, ९८ ; मार्क० पन्ना २७ ; गउड० ; हाल ; रावण०)। अर्धमागधी में **प्रतिश्रोतोगामिन्** का **पडिसोत्तगामि** हो गया है (उत्तर० ४४१)। ***विश्रोतसृका** का **विसोत्तिया** होता है (आयार० १, १, ३, २)। इसके साथ-साथ **सोय** (ओव०), **पडिसोय** और **विस्सोअसिया** रूप भी मिलते हैं (हेमचन्द्र २, ९८)। महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **मण्डुक** (हेमचन्द्र २, ९८ ; क्रम० २, ११२ ; मार्क० पन्ना २७ ; पाइय० १३१ ; सरस्वती० ३४, १७ ; ठाणंग० ३११ और ३१२ ; पण्हा० १८ ; विवाह० ५५२ ; ५५३ ; १०४८ ; आव० एर्त्से० ७, २९) ; अर्धमागधी में **मण्डुकिया** (उवास० § ३८) रूप मिलते हैं। ये दोनों रूप श्रीहर्ष रचित 'द्विरूप कोष' ३५ में आये हुए **मण्डुक** शब्द से निकले हैं। इस **मण्डुक** शब्द पर ध्वनि का बल कहाँ पड़ता था इसका उल्लेख नहीं मिलता, किन्तु इतना स्पष्ट है कि ऊपर दिये गये प्राकृत शब्द **मण्डूक** से नहीं निकले हैं। इस दूसरे संस्कृत शब्द से अर्धमागधी में **मण्डूय**, शौरसेनी और अपभ्रंश में **मण्डूअ** (मृच्छ० ९, १२ ; गौडबोले के संस्करण में २५, ६, पिंगल १, ६७) शब्द निकले हैं।

१. कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७५ में याकोबी का मत है कि कर्मवाच्य में नियम के विरुद्ध जो य का द्वित्त हो जाता है वह धातु के एकवचन के साधारण वर्तमान रूप को छोड़कर अन्यत्र इसलिए नहीं होता कि अन्तिम अक्षर पर जोर पड़ता है बल्कि इसलिए कि इन शब्दों में य स्वरित रहता है जो अन्तिम अक्षरसे पहले आता है। यहाँ वह बात स्वयं शब्दों से ही स्पष्ट है कि यहाँ (§ ९० की नोट संख्या १ देखिए) उस अक्षर का प्रश्न है जो दीर्घ स्वर के तुरत बाद आता है अर्थात् उस अक्षर का उल्लेख है जो धातु के अन्त में आता है। —२. पिशल, कून्स त्साइटश्रिफ्ट ४५, १४२।

§ ९२—दीर्घ स्वर, जिनके बाद शब्द के अन्त में प्रत्यय लगते हैं, बहुधा ह्रस्व कर दिये जाते हैं और प्रत्यय के पहले अक्षर का द्वित्त किया जाता है। **आत्मनाचैव** का महाराष्ट्री में **अप्पणच्चेअ** हो जाता है (गउड० ८३) ; **तृष्णाचैव** का **तण्हच्चिअ** (हाल ९३) ; **घरस्वामिनी चैव** का **घरसामिणि च्चेअ** (हाल ७१६) ; **उन्मीलन्ती चैव** का **उम्मिलन्ति च्चेअ** (रावण० १२,२४) होता है। अर्धमागधी में **ह्रीश् चैव** का **हिरि च्चेव** होता है (ठाणंग० ७६)। जैनमहाराष्ट्री में **सच्चेव सा** रूप मिलता है (आव० एर्त्से० १८, १९)। **अभंणतश्चैव** का **अभणंत च्चिय** (ऋषभ० १३) और **सहसा चैव** का **सहस च्चिय** हो जाता है (एर्त्से० ८३, ३७)। **गगने चैव** का महाराष्ट्री **गअणे च्चिअ** (गउड० ३१९), **मृतश्चैव** का **मुओ च्चेअ** (हाल ४९७), **आपाते चैव** का **आवाए च्चिअ**, **ते चैव** का **ते**

* **छेप्प** रूप **छिप्प** होकर छिप-कली में प्रयोग में आया है। **शेप** या **छेप** का अर्थ पूँछ है। लम्बी पूँछ ही उस जीव की विशेषता होने के कारण यह सार्थक नाम पड़ा। —अनु०

च्चेअ और **सच्चेव** का **सो ॅ च्चेअ** (रावण० १, ५८; ५, ६७; ६, ६७) रूप मिलते हैं। पल्लवदानपत्र में **इ ॅ इति** का **बे ॅ त्ति** आया है (६, ३९), **भूयाद् इति** का **हो ॅजति** (७, ४८), **कृतेति** का **कड त्ति** (७, ५१) आया है। **सहसे ति** का महाराष्ट्री में **सहस त्ति, भिक्षेति** का **भिक्ख त्ति** (हाल ४५९ और ५५४), **नीतेति** का **णिअ त्ति** (रावण० ५, ६); **त्वादृश इति** का **तुम्हारिस त्ति** (गउड० ७०६), **माणिणि त्ति** (हाल ८०७), **मह्रि त्ति** (रावण० ५, २०), **सागर इति** का **साअरे ॅ त्ति** रूप है (रावण० ४, ३९)। **अनुराग इति** का **अणुराओ ॅ त्ति** (गउड० ७१५); **तथेति** का अर्धमागधी में **तह त्ति** (उवास० § ६७, ८७; १२० आदि आदि), **त्यागी इति** का **चाइ ॅ त्ति** (दस० ६, १३, १८ और २०), **अन्तकृद् इति** का **अन्तकडे ॅ त्ति** (आयार० २, १६, १०, ११), **त्रसकाय इति** का **तसकाओ ॅ त्ति** (दस० ६१५, १२); जैनमहाराष्ट्री में **सा सा स त्ति** (आव० एर्से० १६,।२६), **का एसा कमलामेल त्ति** (आव० एर्से० ३०, ५), **सर्वज्ञ इति** का **सव्वन्नु त्ति** (आव० एर्से० १६, २१), **श्लोक इति** का **सिलोगो ॅ त्ति** (आव० एर्से० ८, ५६) होता है।—महाराष्ट्री में **सुवर्णकारतुलेव** का **सोणारतुल व्व** (हाल १९१), **सोह्व्व, वणमाला व्व, किंत्ति व्व, आणव्व** संस्कृत शब्द **शोभेव, वनमालेव, कीर्तिरिव, आज्ञेव** के प्राकृत रूप मिलते हैं (रावण० १, ४८)। **वनहस्तिनीव** का **वणहत्थिणि व्व** (रावण० ४, ५९), **अतिप्रभात इव** और **अन्तविरस इव** का **अइप्पहाए ॅ व्व** और **अन्तविरसो ॅ व्व** होता है (हाल ६८)। अर्धमागधी में **गिरिर् इव** का **गिरि व्व** (आयार० २, १६, ३), **म्लेच्छ इव** का **मिलक्खु व्व** (सूय० ५५), **दीप इव** का **दीवे ॅ व्व** (सूय० ३०४), **अयःकोष्ठक इव** का **अयको ॅट्ठओ ॅ व्व** (उवास० § ९४) होता है। जैनमहाराष्ट्री में **स्तम्भितेव, लिखितेव, कीलितेव** और **टंकोत्कीर्णेव** का **थंभिय व्व, लिहिय व्व, कीलिव व्व** और **टंकुक्करिय व्व** (एर्से० १७, ८), **जननीव** का **जणणि व्व** (कक्कुक शिलालेख ९), **तनय इव** का **तणओ ॅ व्व** (कक्कुक शिलालेख १४)। **चन्द्र इव** और **महीव** का **चन्दो ॅव्व** और **मह्रि व्व** आया है (एर्से० ८४, २०)। अर्धमागधी में छन्द की मात्रा ठीक रखने के लिए **व** को ह्रस्व करने या दो के स्थानों पर एक रखने का भी प्रयोग पाया जाता है। **प्रियप्रभ्रष्टेव** का **पिय पब्भट्ठ व** आया है (हेमचन्द्र ४, ४३६)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **चेव** से पहले आनेवाला दीर्घ स्वर नियमित रूप से ज्यों का त्यों बना रहता है। शौरसेनी और मागधी में न तो **चेव** आता है, न **व** का ही व्यवहार है। जहाँ कहीं ये शब्द मिलते हैं वहाँ ये अशुद्धियाँ समझी जानी चाहिए जो बोली के नियम के प्रतिकूल जाती हैं। ऐसी अशुद्धियाँ है :—**गोसम्मिच्चेअ** जो **गोसेच्चैव** का समानार्थी है। **तच्चैव** का **तं चेअ, प्रवृत्तं चैव** का **पअट्टं चेअ** . कालेय० २, ५ और १७; ३, १२); शौरसेनी **नामेण व्व** (ललित० ५६०, २२); **भणिदम् व** (विक्रमो० २६, १३); पंडित के संस्करण में ये शब्द ४७, २ में और दूसरे बम्बइया संस्करण में ४६, २ में आये हैं जहाँ अशुद्ध रूप **ए ॅव्व** लिखा हुआ है। पिशल के संस्करण ६३२, १८

में ये शब्द आये है। **सुत्तधालि ब्व** मागधी में **शुत्तधालि ब्व** मिलता है (मृच्छ० २१, ९; २३, २१)। मागधी में **चर इव** का **चले ब्व, अस्मदेशीया इव** का **अह्मदेशीय ब्व, देसीय इव** का **देसीये ब्व** (ललित० ५६५, ८ और १२ तथा १४), **गोण ब्व** (मृच्छ० ११२, १७) रूप आये हैं। भारतीय संस्करणों में इनकी भरमार है।

§ ९३—अर्धमागधी में **इति** से पहलेवाला दीर्घ स्वर बना रहता है जब यह प्लुति स्वर होता है, और जब यह **इति वा** से पहले आता हो तो इन स्थलोंपर **इति** का **ति** बनकर **इ**[1] रह जाता है। **अयमुपुला इ** (विवाह० १२६० [पाठ मे **ति** शब्द आया है]), **सीहा इ** (विवाह० १२६८ ; [पाठ मे **दि** शब्द आया है]), **गोयमा इ** (विवाह० १३११ और १३१५ [पाठ मे दि अक्षर है] ; उवास० § ८६)। **आणन्दा इ** (उवास० § ४४) ; **कामदेवा इ** (उवास० § ११८) ; **काली इ** (निरया० § ५ [पाठ मे **ति** मिलता है]) ; **अज्जो इ** (उवास० § ११९ और १७४)।— **मातेति वा, पितेति वा, भ्रातेति वा, भगनीति वा, भार्य्येति वा, पुत्रइति वा, दुहितेति वा, स्नुपेति वा** का **माया इ वा, पिया इ वा, भाया इ वा, भयिणी इ वा, भज्जा इ वा, पुत्ता इ वा, धूया इ वा, सुण्हा इ वा** होता है (जीवा० ३५५ ; सूय० ७५० से भी तुलना कीजिए ; नायाध० ११९०)। **उत्थानम् इति वा, कर्मेति वा, बलम् इति वा, वीर्यम् इति वा, पुरुषकार पराक्रम इति वा** के लिए **उट्ठाने इ वा, कम्मे इ वा, बले इ वा, वीरिए इ वा, पुरिसक्कार परक्कमे इ वा** होता है (विवाह० ६७ और ६८ ; उवास० § १६६ और उसके बाद); सूय० ७४७; ७५८; ८५७; विवाह० ४१ ; ७० ; ओव० § ९६ ; ११२ ; १६५ ; कप्प० § १०९ और २१० से भी तुलना कीजिए।

१. हस्तलिखित प्रतियों तथा छपे ग्रन्थों में बहुधा अशुद्ध रूप ति और दि आया है। वेबर, भगवती १, ४०५ और २, २५६ के नोट देखिए। २९० का बारहवाँ नोट भी देखिए।

§ ९४—पहले आये हुए अक्षरो की ध्वनि के प्रभाव से जब **खलु** शब्द का **खु** रूप बन जाता है तो मागधी और शौरसेनी में **ए** और **ओ** का ह्रस्व हो जाता है और **खु** का रूप **क्खु** हो जाता है। शौरसेनी में **असमयेखलु** का **असमयॅक्खु** (शकु० १४, ६), **एदं क्खु** (मृच्छ० ८, २ ; शकु० ४१, १ ; ७९, ६), **माया खलु** का **मयॅक्खु** (विक्रमो० २६, १५) और **महन्तो क्खु** मिलता है (विक्रमो० ४५, १; ७३, ११ ; ८१, २० ; मालती० २२, २)। मागधी में **महन्ते क्खु** रूप आया है प्रबोध० ५८, ९)। संस्कृत शब्द **महान् खलु** के ये प्राकृत रूप हैं। शौरसेनी मे **कामो क्खु** (मृच्छ० २८०१) और **भअणो क्खु** (विक्रमो० २३, २) मिलते हैं। मागधी मे **अहं खलु** का रूप **हगे क्खु** होता है (शकु० ११३, ९) और **हगेक्खु** रूप भी मिलता है जो अशुद्ध है (ललित० ५६६, ६)। **दुष्करःखलु** का **दुक्कले क्खु** आया है (मृच्छ० ४३, ४)। अन्य दीर्घ स्वर सभी प्राकृत भाषाओं

में (पैशाची और चूलिका पैशाची के विषय मे कुछ मत नही दिया जा सकता क्योंकि उसके ग्रन्थ न मिलने के कारण सामग्री का ही अभाव है) बने रहते हैं, और **महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री**, जैनशौरसेनी तथा अपभ्रंश मे सब स्वरों के बाद अधिकतर स्थलों पर **खु** और **हु** हो जाता है। शौरसेनी और मागधी में **ए** और **ओ** छोड़ अन्य दीर्घ स्वरों के बाद **खु** बना रहता है और ह्रस्व स्वरों के बाद **क्खु** हो जाता है, केवल कहीं-कहीं प्रायः सब हस्तलिखित प्रतियो में **खु** के स्थान पर **हु** भी मिलता है, जैसे शौरसेनी में **णहु** रूप आया है (मृच्छ० ६०, १ और २४ ; ६१, २३ ; ११७, १६ और १७ ; १५०, १८ ; १५३, २ ; ३२७, ४), **णुहु** (मृच्छ० ५९, २२) ; मागधी मे **णहु** (मृच्छ० १६१, १७)। इसी पक्ति मे **लाअणिओए** (यह पाठ इसी रूप में पढ़ा जाना चाहिए) **क्खु** पाठ आया है, **णुहु** (मृच्छ० १३३, १४ और १५ तथा २२ ; १६९, १८) में है। अन्यथा सर्वत्र **णक्खु** और **णुक्खु** पाठ सभी ग्रन्थो तथा उनके पाठभेदों मे मिलता है। शकुन्तला के भीतर भी आदि से अन्त तक सर्वत्र यही पाठ आता है, केवल ५०, २ मे **णहु** मिलता है। इस स्थान पर भी श्रेष्ठ हस्तलिखित प्रतियो के साथ **णक्खु** पढ़ा जाना चाहिए। शौरसेनी मे भी केवल कविता मे (मृच्छ० ४०, २५) और मागधी मे (मृच्छ० ९, २५ ; २१, १७ और १९ ; २९, २२ ; ४३, ३ ; १६१, १४ , शकु० ; ११४, ६) **हु** रूप ठीक है। इसका अर्थ यह हुआ कि महाराष्ट्री और अपभ्रंश मे ह्रस्व स्वरो के बाद **णहु** बोला जाता है (गउड० ७१८ ; ८६४ ; ९०० ; ९०८ ; ९११ ; १००४ ; ११३५ ; हाल ; रावण० ३, ७ ; ६, १६ ; ७, ६ ; हेमचन्द्र ४, ३९० ; विक्रमो० ७२, ११)। इसी प्रकार ढक्की में भी यह रूप आता है (मृच्छ० ३०, १७ ; ३१, १) ; अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **न हु** (उत्तर० ५८३; ७४३; आव० एर्त्से० ११, २ ; एर्त्से० ७९, १४ ; ८१, ३५), किन्तु शौरसेनी और मागधी मे **णक्खु** रूप आया है (शकु० १३, ७ ; ६०, १४ और १७ ; ७२, ९ ; १५६, १४ ; प्रबोध० १०, १७ , शकु० १६०, १४)। महाराष्ट्री मे **णु हु** रूप मिलता है (गउड० १८३ और ९९६), किन्तु शौरसेनी और मागधी मे **णु क्खु** भी आया है (शकु० १८, १०; १९, १; ३९, १२; ७७, १; ८६, ८ आदि आदि)। अर्धमागधी मे **म य हु** (आयार० १, २, ५, ५); महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **वि हु** रूप व्यवहार मे आता है (गउड० ८६५; ८८५; ८८६ आदि आदि; हाल; रावण० १, १५; ५, १७; ७, ६३; दस० ६३४, २; एर्त्से० ८०, ७ ; कालका० २७२, १ ; २७७, २३)। अर्धमागधी मे **भवति खलु** का **होइ हु** आया है (उत्तर० ६२८ और ६२९)। जैनशौरसेनी मे **हवदि हु** हो जाता है (पव० ३८०, ९)। **अस्ति खलु** का शौरसेनी मे **अत्थि क्खु** (शकु० १२७, १४) ; **अर्हति खलु** का **अरिहदि क्खु**, **लज्जामि क्खु** (शकु० ५८, १३ ; १६४, ५), **स्मर खलु** का **सुमरेसु क्खु** और **बिभेमि खलु** का **भाआमि क्खु** हो जाता है (विक्रमो० १३, ४ ; २४, १३)। राजशेखर मे **ण हु** मिलता है (उदाहरणार्थ कर्पूर० २२, ७ ; ३२, १० ; ३३, १)। इसके साथ-साथ **णु क्खु** भी आया है (कर्पूर० ९३, ४)। यह भूल इस बोली के नियम के विरुद्ध है। इसमे

स्वरों के बाद ये रूप मिलते हैं : महाराष्ट्री और अर्धमागधी में **मा हु** रूप आया है (हाल ५२१, ६०७ ; रावण० ८, १४ ; उत्तर० ४४० [इस ग्रन्थ में **हु** पाठ है] और ६१७), किन्तु शौरसेनी में **मा खु** मिलता है (मृच्छ० ५४, २१ ; शकु० १५३, १३, १५९, ७ ; विक्रमो० ४८, ३ ; ४९, १) । महाराष्ट्री में **को खु** (हेमचन्द्र २, १९८), **को हु** (हेमचन्द्र ३, ८४) किन्तु शौरसेनी में **कों क्खु** भी आता है (मृच्छ० ६४, १८) । महाराष्ट्री में **सो खु** (हाल ४०१) ; जैनशौरसेनी में **सो हु** (कत्तिगे० ३१७ और ३१८ ; ४००, ३२३), किन्तु शौरसेनी में **सों क्खु** (मृच्छ० २८, २० ; १४२, १०) ; अर्धमागधी में **से हु** (आयार० १, १, ७ और २, ६ ; १, २, ६, २ ; १, ६, ५, ६ ; २, १६ ; ९ और १०), लेकिन मागधी में **शे क्खु** आया है (मृच्छ० १२, २०) । शौरसेनी में **सो खु** अशुद्ध है (ललित० ५६०, १९) और इसके साथ-साथ जो **अणिरूद्धेण खु** आया है वह भी शुद्ध नहीं है (५५५, १) । जैनमहाराष्ट्री में **सा हू** (एर्त्से० ७७, २३) ; अर्धमागधी में **एसो हु** (उत्तर० ३६२), शौरसेनी में **एसों क्खु** (मृच्छ० १८, ८ ; २३, १९), मागधी में **एशे क्खु** (मृच्छ० ४०, ९ ; वेणी० ३६, ४) ; अर्धमागधी में **विमुक्काः खलु** के स्थान पर **विमुक्का हु** आया है (आयार० १, २, २, १) । **स्यात् खलु** के स्थान पर **सिया हु** मिलता है (उत्तर० २९७ ; दस० ६३४, ५) ; जैनमहाराष्ट्री मे **विषमा खलु** के स्थान पर **विषमा हु** आया है (ऋषभ० १७) ; शौरसेनी में **अबला खु** मिलता है (मृच्छ० १२, २१), **अक्षमा खलु** के स्थान पर **अक्खमा खु**, **बहुवल्लभाः खलु** के लिए **बहुवल्लहा खु**, **एषा खलु** के स्थान पर **एसा खु**, **रक्षिणीया खलु** के लिए **रक्खणीया खु** रूप आये हैं (शकु० ५३, २ ; ५८ ; १ ; ६७, १ ; ७४, ८) । **परिहासशीला खलु** के लिए **परिहाससीला खु**, **मन्दभागिणी खलु** के स्थान पर **मन्दभाइणी खु** (मृच्छ० २२, २५), **दूरवर्तिनी खलु** के स्थान पर **दूरवत्तिणी खु** (शकु० ८५, ७) रूप मिलते हैं । मागधी में **आगता खलु** के स्थान पर **आअदा खु** (मृच्छ० ९९, ७), **अवसरोपसर्पणीयाः खलु राजानः** के लिए **अवशलोवशप्पणीया खु लाआणो** (शकु० ११५, १०), **निर्यातिः खलु** के लिए **णिअदी खु** मिलता है (मृच्छ० १६१, ५) । इस नियम के अनुसार शकुन्तला ९९, १६ में **दर्शनीयाकृतिः खलु** के लिए **दंसणीआकिदी खु** शुद्ध पाठ होना चाहिए । पल्लवदानपत्र में **तस खु** (७, ४१) और **स च खु** (७, ४७) में **खु** प्रस्तर लेखों की लिपि के ढग के अनुसार **क्खु** के लिए आया है । कापेलर ने हस्तलिखित प्रतियों के विरुद्ध अपने सस्करणों मे, जो **क्खु** दीर्घ स्वरों के बाद आये हैं,उनको सर्वत्र ह्रस्व कर दिया है । वह उदाहरणार्थ **एसा खु** (रत्ना० ३०२, २ ; ३१८, ११ ; ३२०, १) के स्थान पर **एस क्खु** कर दिया है । **सा खु** (रत्ना० २९२, ३१ ; २९५, ८ ; २९७, २४ ; ३००, ४ आदि, आदि) के लिए **स क्खु**, **मा खु** (रत्ना० ३०१, १७ ; ३२५, १३) के लिए **म क्खु**, **मुहरा खु** (= **मुखरा खलु**) (रत्ना० ३०५, १९) के स्थान पर **मुहर क्खु**, **मदनज्वरातुरा खलु** के लिए **मअणज्जराउल क्खु**

(हास्या० २५, २२), **महती खलु** के स्थान पर **महदि क्खु** और **पृथवी खलु** के स्थान पर **पुहवि क्खु** देता है (रत्ना० २९९, ५ ; ३२८, २७) आदि आदि। यह रूप भी अशुद्ध है जैसा कि नाटकों के कई दूसरे संस्करणों में शुद्ध **खु** के स्थान पर अनुस्वार के बाद कभी-कभी **क्खु** दे दिया जाता है, जैसा शौरसेनी **किं क्खु** (मृच्छ० १३, ३), **उपकृतम् खलु** के लिए **उअकिदं क्खु**, **कुत्र खलु** के लिए **कहिं क्खु, अमृतम् खलु** के लिए **अमदं क्खु** रूप मिलते है (विक्रमो० ८, १५ ; ९, ३ और ११)। अनुस्वार के बाद **खलु** का **खु** रूप ही आना चाहिए जैसा मार्कण्डेय ने पन्ना ७२ मे शौरसेनी के लिए बताया है। महाराष्ट्री और अर्धमागधी में भी यही रूप है। उदाहरणार्थ, महाराष्ट्री मे **तत् खलु** के लिए **तं खु** रूप मिलता है (गउड० ८६० और ८७९ ; हाल १४२)। **एतत् खलु** के लिए अर्धमागधी मे **एवं खु** (सूय० ९५ और १७६) और **एयं खु** (उत्तर० १०६)[1] आये हैं। महाराष्ट्री, अर्धमागधी और विशेष कर जैनमहाराष्ट्री मे **खु** और **हु** कम मिलते है। अर्धमागधी मे बहुधा **खलु** आता है। यह रूप जैनशौरसेनी में भी मिलता है (पव० ३८०, ७ ; ३८१, १८ और २१ ; कत्तिगे० ४०१, ३४३), जैनमहाराष्ट्री मे यह रूप कम दिखाई देता है। उसमे **तच्छ्रेयः खलु** के लिए एक स्थान मे **तं सेयं खलु** मिलता है (एर्त्से० ३३, १८)। अर्धमागधी मे **खलु** रूप बहुत मिलता है (नायाध० ३३३ और ४८२ ; विवाग० २१८ ; उवास० § ६६ ; १३८ ; १४० और १५१ ; निरया० § १२ ; १४; १८ ; २० ; २३ ; ओव० § ८५ और ८६, कप्प० § २१)। ऐसा जान पड़ता है कि जैनमहाराष्ट्री मे यह शब्द किसी दूसरी प्राकृत बोली से लिया गया होगा। अर्धमागधी में इस अव्यय के दोनों रूप साथ-साथ आये हैं। **आत्मा खलु दुर्दमः** के लिए **अप्पा हु खलु दुद्दमो** आया है (उत्तर० १९)।

१. लास्सन, इन्स्टीट्यूत्सीओनेस, पेज १९२, ७ में उसने शुद्ध नहीं दिया है ; बौ ल्लें न सें न द्वारा सम्पादित विक्रमो० ११, ५ पेज ९६। — २. कापेलर, येनायेर लिटराटूरत्साइटुंग १८७७, पेज १२५। इस विषय पर लास्सन ने अपने उक्त ग्रन्थ में ठीक लिखा है और स्टेन्त्सलर ने मृच्छकटिक २, २९ में शुद्ध ही दिया है। —३. यह मत कि यहाँ सर्वत्र **क्खु** रूप लिखा जाना चाहिए (पिशल द्वारा संपादित शकुन्तला पेज २१० में टीका देखिए) ; हेमचन्द्र २, १९८ से पुष्ट किया गया है।

§ ९५—**खु** के लिए § ९४ मे जो नियम बताये गये है वे शौरसेनी **जेव, जे व्व,** पैशाची और मागधी **एव, य्येव्व** (§ ३३६) के लिए भी लागू हैं। ह्रस्व स्वरों और **ए** तथा **ओ** के बाद (**ए, ओ,** इस दशा मे ह्रस्व हो जाते है) **जेव** का पहला अक्षर द्वित्त हो जाता है। शौरसेनी में **आर्यस्यैव** का **अज्जस्स ज्जे व्व** (मृच्छ० ४, ८ और १२), **अचिरेणैव** का **अइरेणज्जेव्व** पढ़ा जाता है (ललित० ५६२,२३), **इहैव** का **इध ज्जेव** (**ज्जेव्व** होना चाहिए) (शकु० १२, ४; रत्ना० २९३, २५ ; मागधी के लिए मृच्छ० ११४, २१), **दृश्यत एव** के लिए **दीसदि ज्जे व** (रत्ना० २९५, १०), **सम्पद्यत एव** के लिए **सम्पजदि ज्जे व्व** (शकु० १२०, २),

संतप्यन्त एव के **संतप्पदि ज्जे ॅव्व** (मृच्छ० ६३,२४) होता है। मागधी में **तवैव** के स्थान पर **तव य्येव** (मृच्छ० २२, ४), **तेनैव** के लिए **तेण य्ये ॅव्व** (मृच्छ० १३३, ७), पैशाची मे **सर्वस्यैव** के लिए **सव्वस्स य्ये ॅव्व** (हेमचन्द्र ४, ३१६), शौरसेनी में **भूम्याम् एव** के लिए **भुमीएँ ज्जे ॅव्व** (मृच्छ० ४५, १५), **मुख एव** के लिए **मुहे ज्जे ॅव, सूर्योदय एव** के लिए **सुज्जोदए ज्जे ॅव्व** (शकु० ७७, ११ ; ७९, ९), **इत एव** के लिए **इदो ज्जे ॅव्व** (मृच्छ० ४, २२ ; ६, १३), **य एव जनः...स एव** के स्थान पर **जो ज्जे ॅव्व जणो...सो ज्जे ॅव्व** आया है (मृच्छ० ५७,१३), **स सत्य एव स्वप्ने दृष्ट इति** का प्राकृत रूप **सो सच्चो ज्जेव सीविणए दिट्ठो त्ति** (ललित० ५५५, १) रूप मिलता है। मागधी में **दर्शयन्नेव** के स्थान पर **दंशअन्ते ज्जेव** (शकु० ११४, ११), ***अनाचक्षित एव** के स्थान पर **अणाचरिकदे य्ये ॅव्व** रूप, **पृष्ठत एव** के स्थान पर **पिस्टदो य्ये ॅव्व** और **भट्टारक एव** के स्थान पर **भस्टालके य्ये ॅव्व** रूप आया है (मृच्छ० ३७, २१ ; ९९, ८ ; ११२, १८)। पैशाची में **दूराद् एव** का **तूरातो य्ये ॅव्व** (हेमचन्द्र ४, ३२३) रूप होता है। अन्य दीर्घ स्वर इस प्रत्यय से पहले दीर्घ ही रह जाते हैं। शौरसेनी मे **अस्मत्स्वामिनैव** का **अम्हसामिणा जेव, तथैव** का **तधा जेव** और **निष्कम्पा एव** का **णिक्कंपा जेव** रूप होता है (शकु० ११६, ८ ; १२६, १० और १४ ; १२८, ६)। मागधी में **दृश्यमानैव** का **दीशन्ती ये ॅव्व** होता है (मृच्छ० १४, ११)। कापेलर ऐसे स्थलों मे भी (देखिए § ९४) ह्रस्व स्वर देता है, जो अशुद्ध रूप है। उदाहरणार्थ रत्नावली २९१, १ ; २९५, २३, २९६, २४ आदि आदि। इसी प्रकार ललितविग्रहराज नाटक मे भी ऐसी अशुद्धियाँ आयी है (५५४, ५ और ६ तथा २१)। इसमें ५५४, ४ और ५५५, १८ मे अनुस्वार के पीछे **ज्जेव** भी आया है और ५६७, १ में स्वय **एव** मिलता है। मृच्छकटिक ९६, २४ में मागधी मे **शहशा ज्जे ॅव्व** गलत है। इस स्थान पर **शहशा ये ॅव्व** रूप होना चाहिए।

§ ९६—अस् धातु के नाना रूपों के अन्त में जहाँ-जहाँ संयुक्त व्यञ्जन आते है उन व्यञ्जनों से पहले के अन्तिम दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाते है। महाराष्ट्री में **स्थितास्मि** का **ठिअम्हि** हो जाता है। **दूनास्मि** का **दूमिअ म्हि** (हाल २३९ और ४२३), **असत्य स्मः** का **असइ म्ह, क्षपिताः स्मः** का **खविय म्हो, रोदिता स्मः** का **रोविअ म्ह** (हाल ४१७ और ४२३ तथा ८०७), **युष्मे स्थ** का **तुम्हे त्थ** (रावण० ३,३) रूप हो जाते है। **परिश्रान्तोऽस्मि** का जैनमहाराष्ट्री मे **परिसन्तों म्हि** (एर्त्से० ६, २५) ; **उपोषितास्मि** का **उववसिद म्हि, अलंकृतास्मि** का **अलंकिद म्हि** (मृच्छ० ४, ६ ; २३, २५), **आयस्तास्मि** का **आअत्त म्हि, एतदवस्थास्मि** का **एदावत्थ म्हि, असहायिन्यास्मि** का **असहाइणि म्हि** (शकु० २५,३ ; ५२,८ ; ५९,११), **विरहोत्कंठितास्मि** का **विरहुक्कंठित म्हि, विस्मृतास्मि** का **विम्हरिद म्हि** (विक्रमो० ८२, १६ ; ८३, २०), **अपराद्धा स्मः** का **अवरद्ध म्ह, निवृत्ता स्मः** का **णिउद म्ह** (शकु० २७, ६ ; ५८, ६), **अलंघनीयाः कृताः स्मः** का **अलंघणीआ कद म्ह** और **उपगताः स्मः** का **उअगद**

इह (विक्रमो० २३, ८ और १४) रूप हो जाता है। **ए॑** और **ओ॑** तथा अशुद्ध रूपों के विषय में जैसे महाराष्ट्री **पम्हुट्ठम्हि**,शौरसेनी **हद म्हि** और मागधी **कद म्हि**; §८५ देखिए। जनता में प्रचलित संस्कृती रूपों के आधार पर बने अशुद्ध प्राकृत रूप नाना हस्तलिखित प्रतियों के भिन्न-भिन्न पाठों में मिलते हैं, जैसे महाराष्ट्री में **व त्ति** के स्थान पर **वे॑त्ति**, **सहस त्ति** के लिए **सहसे॑त्ति** (हाल ८५५ और ९३६), **पिअ त्ति** के स्थान पर **पीऍत्ति**, **णिसण्ण त्ति** की जगह **णिसण्णे॑त्ति**, **धीर त्ति** के लिए **धीरे॑त्ति**, **पेलव त्ति** के स्थान पर **पेलवे॑त्ति**, **तणुअ त्ति** के लिए **तणुऍत्ति** (रावण० ५, ५ और ६ तथा ८), **विहिण व्व** की जगह **विहिणे॑ व्व** (रावण० १४, १६); जैनशौरसेनी में **मम त्ति** के स्थान पर **ममे॑त्ति** (पव० ३८८, २७); शौरसेनी में **पिदर त्ति** के लिए **पिदरे॑त्ति**, **व त्ति** के बदले **वे॑त्ति**, **पडिवादणिज्जे॑त्ति**, **णीदे॑त्ति** (शकु० बोएटलिंक द्वारा सपादित— ९, ८ ; ३७, १३ ; ४३, १४ ; ८३, ६) ; और महाराष्ट्री में **गलित इव** के लिए **गलिअ व्व** को वास्तव में **गलिए व्व** होना चाहिए था। **चंदए व्व** के स्थान पर **चंदअ व्व** तथा **सेउवंध व्व** के लिए **सेउबंधो॑ व्व** (रावण० १, २; ३, ४८ ; १५, १९)[1]।

१. पिशल, डे कालीदासाए शाकुंतलि रेसेन्सिओनिबुस पेज ५३ ; गोए-टिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८८०, ३२५ ; बुर्कहार्ड, शकुंतला ग्लौसारिउम पेज ३६ का नोट ; बौल्लेनसेन, मालविकाग्निमित्र भूमिका का पेज १४ ; वेबर, इन्डिशे स्टूडिएन १४, २९८ ; होएफर, डे प्राकृत डिआलेक्टो पेज ४४; लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस पेज १८८ ; एस. गौल्डश्मित्त, प्राकृतिका पेज २७ में अशुद्ध रूप हैं।

§ ९७—शब्द के अन्त में जो दीर्घ स्वर आता है वह महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी में सन्धि होते ही ह्रस्व रूप धारण कर लेता है (वररुचि ४, १; हेमचन्द्र १, ४ ; क्रमदीश्वर २, १४३ ; मार्कण्डेय पन्ना ३१)। ऐसा बहुधा उन शब्दों में होता है जिनके अन्त में **ई** आती है (§ ३८४), **आ** और **ऊ** में समाप्त होनेवाले शब्दों में बहुत कम ह्रस्व होता है। शौरसेनी और मागधी में गद्य में सदा दीर्घ स्वर दीर्घ ही रह जाता है। महाराष्ट्री में **ग्रामणीपुत्र** का **गामणिउत्त** हो जाता है (हाल ३१); **नदीपूर** का **णइपूर**, **नदीनिकुञ्ज** का **णइणिउंज**, **णइफेण** (हाल ४५ ; २१८ ; ६७१), इसके साथ-साथ **नदीकक्ष** का **णईकच्छ** रूप भी आया है (हाल ४१६); **नदीतट णइअड** हो गया है (गउड० ४०७); **नदीस्रोतस्** का **णइसो॑त्त** (रावण० १, ५४); **नदीतडाग** का **णइतलाय** (नायाध० और इस विषयपर § ११८ भी देखिए)। इस शब्द के साथ साथ **नईतीर** भी मिलता है (कप्प० § १२०); किन्तु शौरसेनी में **नदीवेग** का केवल एक रूप **णईवेअ** होता है (शकु० ३२, १); मागधी में **शोणितनदीदर्शन** का **शोणिअण-ईदंशण** हो जाता है (वेणी० ३५, ७); अर्धमागधी में **स्त्रीवेद** का **इत्थियवेय** रूप मिलता है (सूय० २३४ ; विवाह० १७९ ; १८० ; उत्तर० ९६०), इसके साथ ही, **इत्थीवेय** रूप भी आया है (सूय० २३७), **इत्थिभाव** (उवास० § २४६),

इत्थिलक्खण* (नायाध० § ११९), **स्त्रीसंसर्ग** के लिए **इत्थिसंसग्गि** (दस० ६३३, १) रूप पाये जाते हैं। इसके साथ-साथ जैनशौरसेनी में **इत्थीसंसग्ग** भी मिलता है (कत्तिगे० ४०२, ३५८), अर्धमागधी में **स्त्रीवचन** का **इत्थीवयण**† (आयार० २, ४, १, ३), **स्त्रीविग्रह** का **इत्थीविग्गह** (दस० ६३२, ३८), जैनमहाराष्ट्री में **इत्थिलोल** (= स्त्री के पीछे पागल ; आव० एर्त्से० १६, ३०) और इसके साथ ही **स्त्रीरत्न** के लिए **इत्थीरयण** (एर्त्से० ३, ३३ ; १३, ५) रूप भी आया है ; किन्तु केवल शौरसेनी में **स्त्रीकल्यवर्त** के लिए **इत्थीकल्लवत्त** रूप मिलता है (मृच्छ० ६०, १९), **स्त्रीरत्न** का रूप **इत्थीरदन** हो जाता है (शकु० ३८, ५; १०३, ६), **इत्थीजण** भी आया है (रत्ना० २९८, ४); **पृथ्वीशास्त्र** का अर्धमागधी मे **पुढविसत्थ** रूप पाया जाता है (आयार० १, १, २, २ और ३ तथा ६), **पृथ्वीकर्मन्** के लिए **पुढविकम्म** (आयार० १, १, २, २ और ४ तथा ६), **पुढविजीव** (दस० ६२०, ३४), **पृथ्वीशिलापट्टक** के लिए **पुढविसिलापट्टय** (ओव० § १० ; उवास० १६४ ; १६६ ; १७०) ; जैनमहाराष्ट्री मे **पुहविमण्डल** (एर्त्से० ४१, २४) रूप आया है। **'पृथ्वी में विख्यात'** के लिए **पुहविविक्खाय** रूप है (एर्त्से० ६४, २३), महाराष्ट्री में **पृथ्वीपति** के लिए **पुहवीवइ** मिलता है (गउड०); शौरसेनी में **पृथ्वीनाथ** के लिए **पुढवीनाढ** पाया जाता है (शकु० ५९, १२)। अर्धमागधी में **अप्सरागण** का रूप **अच्छरागण** हो जाता है (पण्हा० ३१५ ; पण्णव० ९६ ; ९९ ; निरया० ७८ ; नायाध० ५२६ ; ओव०)। इस रूप के साथ ही **अच्छराकोडि** रूप भी मिलता है (विवाह० २५४); शौरसेनी में **अप्सरातीर्थ** का केवल **अच्छरातित्थ** रूप है, **अच्छरासंबंध** भी मिलता है (शकु० ११८, १०; १५८, २), **अप्सराकामुक** के लिए **अच्छराकामुअ** आया है, **अप्सराव्यापार** के लिए **अच्छरावावार** पाया जाता है, **अच्छराविरहिद** भी मिलता है (विक्रमो० ३१, १४; ५१, १३, ७५ ; १०), **अच्छराजण** (पार्वती० ९, ९ ; १०, २) ; अर्धमागधी मे **क्रीडाकर** का **किड्डकर** होता है (ओव०) ; महाराष्ट्री मे **जमुनातट** का **जाऊणअड** और **जाऊणाअड** होता है (भामह ४, १; हेमचन्द्र ४, १ ; मार्कण्डेय पन्ना ३१), **जाउणासंगअ** (गउड० १०५३) = हिन्दी **जमुनासंगम** का प्राकृत रूप है। इसका शौरसेनी रूप **जमुणासंगम** है (विक्रम० २३, १३) ; महाराष्ट्री में **भिक्षाचर** का रूप **भिच्छअर** होता है (हाल १६२) ; अर्धमागधी मे **भिक्खकाल** रूप मिलता है (दस० ६१८, १७)। इस प्राकृत मे **मुत्तजाल, मुत्तदाय** और **मुत्ताजाल** शब्द मिलते है (ओव०)।— **वधूमाता** का महाराष्ट्री मे **वहुमाआ** रूप है (हाल ५०८) ; **वधूमुख** का **वहुमुह** और **वहूमुह** रूप पाये जाते है (भामह ४, १ ; हेमचन्द्र १, ४ ; मार्कण्डेय पन्ना ३१) ; किन्तु जैनमहाराष्ट्री में **वधूसहाय** का रूप **वहूसहिज्ज** हो जाता है (एर्त्से०, ६, १२) और शौरसेनी में **नववधू केशकलाप** का **नववहू केसकलाव** हो गया है (मृच्छ० ४, १०)। इस संबंध में § ७० देखिए।

* इस रूप की कर्कशता में मृदुता भर कर तुलसीदास ने **लखन** का प्रयोग किया है। —अनु०
† **बयन** का मूल प्राकृत रूप। —अनु०

§ ९८—**श्री** शब्द भले ही नाम, आदरार्थ अथवा गुण बताने के लिए जहाँ भी आता हो, अन्य संज्ञाओं के आगे ह्रस्व हो जाता है। अर्धमागधी में **ही** शब्द भी ह्रस्व हो जाता है (क्रम० २, ५७)। **श्रीस्तन** शब्द का महाराष्ट्री में **सिरिथण** हो जाता है (गउड० २८), **श्रीसेवित, सिरिसेविअ** बन जाता है (रावण० १, २१); **श्रीदर्शन** का **सिरिदंसण** रूप है (गउड० ५१४)। अर्धमागधी में **श्रीगुप्त** का **सिरिगुत्त** रूप देखा जाता है; **श्रीधर** का **सिरिहर** (कप्प०) रूप मिलता है। जैनमहाराष्ट्री में **श्रीकान्त** का **सिरिकन्ता** रूप आया है, **श्रीमती** का **सिरिमई** हो गया है (एर्त्से०)। शौरसेनी में **श्रीपर्वत** का **सिरिपव्वद** हो गया है (रत्ना० २९७, ३१ ; मालती० ३०, २ और ८)। —महाराष्ट्री में **मधुश्रीपरिणाम** का **महुसिरिपरिणाम** होता है (गउड० ७९१), **नभःश्रीकंठ** का **णहसिरिकंठ** रूप मिलता है (हाल ७५), **राजश्रीभाजन** का **राअसिरिभाअण** रूप पाया जाता है (रावण० ४, ६२)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **श्रीवत्स** का **सिरिवच्छ** हो जाता है (ओव० ; कप्प० ; एर्त्से०); अर्धमागधी में **श्रीधर** का **सिरिधर** रूप मिलता है (विवाह० ८२० और ९६२), **हिरि सिरि परिवज्जिय** रूप भी आया है (विवाह० २५०), **ह्रीश्रीधृतिकीर्ति परिवर्जित** का **हिरि सिरि धिइ कित्ति परिवज्जिय** रूप बन गया है (उवास० § ९५), **सिरिसमुदय** भी मिलता है (कप्प० § ४२)। जैनमहाराष्ट्री में **श्रीसूचक** का प्राकृत रूप **सिरिसूयग** हो गया है (एर्त्से० ६७, ३२), **श्रीकच** का **सिरिकय** मिलता है (कालका० २६६, १३), अपभ्रंश में **सिरिआणन्द** शब्द व्यवहार में आया है (हेमचन्द्र ४, ४०१, ३)।—**श्रीयशोवर्मन** के लिए महाराष्ट्री में **सिरिजसवम्मय** का प्रयोग किया गया है (गउड० ९९), **सिरिहाल** का व्यवहार भी हुआ है (हाल ६९८), **सिरिकमला-उह** भी मिलता है (गउड० ७९८), **सिरिराअसेहर** भी पाया जाता है (कर्पूर० ६, ५)। जैनमहाराष्ट्री में **श्रीलक्ष्मण** का **सिरिलक्खण** रूप है, **श्रीहरिचन्द्र** का **सिरिहरिअन्द** रूप आया है, **सिरिरज्जिल, सिरिणाहड, सिरिभिल्लुअ, सिरिकक्क, सिरिकक्कुय** (कक्कुक शिलालेख २, ३, ४, ५, ६ ; २० ; २२) नाम भी मिलते हैं। शौरसेनी में **सिरि खण्ड दास** (रत्ना० २९७, ३१), **सिरि चारु दत्त** (मृच्छ० ९४, ५) ; गौडबोले के सम्करण के २६७, ५ में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए। मागधी में **श्री सोमेश्वर देव** का **शिलि सोमेशलएव** रूप व्यवहार में आया है (ललित० ५६६, ६)। जैनमहाराष्ट्रीमें **श्रीश्रमणसंघ** का **सिरिसमण-संघ** रूप बन गया है (कालका० २६६, ३, २७०, ५ और ३८)।—छन्दों में मात्रा के लिए महाराष्ट्री में कभी-कभी दीर्घ रूप भी मिलता है जैसे, **सिरीसमुल्लास** (गउड० ८५६), और इसी प्रकार अर्धमागधी में गद्य में **श्रीसमानवेश्याः** का रूप **सिरीसमाणवेसाओ** मिलता है (नायाध० § ६५; ओव०)। इसके साथ ही **सिरि-समाणवेसाओ** रूप भी मिलता है (विवाह० ७९१)। कप्पसुत्त § ३५ में **वयणसिरीपल्लव** पाया जाता है। **श्रीक** का स्वर स्थिर नहीं है। अर्धमागधी में यह शब्द **सिरीय** हो जाता है (नायाध०), **सिरिय** भी मिलता है (कप्प०), **ससिरिय** का व्यवहार भी है(पण्णव० ९९), साथ ही **ससिरीय** भी आया है (पण्णव०

११६)। बहुधा **सस्सिरीय** शब्द भी मिलता है जो गद्य के लिए एकमात्र शुद्ध रूप है (समः २१३ ; २१४ ; पण्हा० २६३ ; विवाह० १६८; १९४; जीवा० ५०२; ५०४; ५०६ ; नायाध० ३६९ ; निरया० ; ओव० ; कप्प०) ; शौरसेनी में **सस्सिरिय** रूप आया है (शकुन्तला, बोएटलिंक का संस्करण ६२,१३; विक्रमो० ४१,४ [इसमें यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])[१]। **सस्सिरीअदा** का भी प्रयोग पाया जाता है (मृच्छ० ६८, २१ ; ७३, ८ और ११ ; १०७, २), **सस्सिरीअत्तण** (रत्ना० २९२, १२ पाठ में **ससिरीअत्तण** लिखा है; कलकत्ते के संस्करण में **सस्सिरीअदा** आया है) ।— अर्धमागधी में **ह्रीप्रतिच्छादन** का **हिरिपडिच्छायण** हो गया है (आयार० १, ७, ७, १) ; **सिरिहिरि**—(निरया० ७२), **हिरि**— (ठाणग० १५१) रूप भी मिलते हैं। अर्धमागधी में व्यक्तिवाचक शब्द **ह्रीरूप** का **हिरिच्चेव,** (ठाणग० ७६) और बहुवचन रूप **हिरीओ** और साथ ही **सिरीओ** (विवाह० ९६२)। अन्य प्राकृत भाषाओं में मेरे देखने में नहीं आये[२]। **हिरी** और **अहिरीयाण** विशेषण रूप में (आयार० १, ६, २, २) मिलते हैं। **ह्रीमान्** के लिए **हरिमे** का उपयोग किया गया है (उत्तर० ९६१), किन्तु यहाँ शुद्ध पाठ **हिरिमे** होना चाहिए। इसी प्रकार शौरसेनी में **अपह्रिये** के लिए जो **ओहरिआमि** का प्रयोग हुआ है, उसका शुद्ध रूप **ओह्रिरिआमि** होना चाहिए (उत्तर० २३, १२)। बोएटलिक द्वारा सम्पादित शकुन्तला में **हिरियामि** रूप आया है जो शौरसेनी है (१०८, २१)। बंगला संस्करण में शौरसेनी में **हिरियामि** के ढग पर **लज्जामि** भी पाया जाता है। काश्मीरी संस्करण में (१५३, ३) **अर्हामि** के स्थान पर अशुद्ध रूप **अरिहामि** आया है। इस सम्बन्ध में § १३५ और १९५ भी देखिए।

१. बोएटलिंक ने शकुन्तला ६२, १३ में अशुद्ध रूप दिया है। बोल्लेनसेन द्वारा सम्पादित विक्रमोर्वशी ४१, ४।— २. हेमचन्द्र २, १०४ पर पिशल की टीका।

§ ९९—कविता में § ६९ के मत के विपरीत **इ** और **उ** कभी कभी दीर्घ नहीं होते, बल्कि जैसे-के-तैसे रह जाते हैं। महाराष्ट्री में **द्विजभूमिषु** का **दिअभूमिसु** होता है (हेमचन्द्र ३, १६ ; गउड० ७२७), **अंजलिभिः**, का **अंजलिहिं** हुआ है (हाल ६७८),—**प्रणतिषु** का **प्पणइसु, विरहिषु** का **विरहिसु, चतुःषष्ट्याम् सूक्तिषु** का **चउसट्ठिसु सुत्तिसु** (कर्पूर० २, ३ ; ३८, ५ ; ७२, ६) मिलता है; अर्धमागधी में **पक्षिभिः** का **पक्खिहिं** रूप हो गया है (उत्तर० ५९३), **वग्नुभिः** का **वग्गुहिं** (सम० ८३), **हेतुभिः** का **हेउहिं** (दस० ६३५, ३४), **प्राणिनाम्** का **पाणिणम्** (आयार० पेज १५, ३३ ; ३५६ ; उत्तर० ३१२ ; ७१५ ; ७१७), **कुकर्मिणाम्** का **कुकम्मिणम्** (सूय० ३४१), **पक्षिणाम्** का **पक्खिणं** (उत्तर० ६०१), **तायिणाम्** का **ताइणं** (उत्तर० ६९२), **गिरिषु** का **गिरिसु** (सूय० ३१०), **जातिषु** का **जाइसु, अगारिषु** का **गारिसु, जंतुषु** का **जंतुसु, योनिषु** का **जोनिसु** और **शुषिषु** का **सुसिसु** हो जाता है (उत्तर० १५५; २०७; ४४६ ; ५७४; ९९२)। जैनमहाराष्ट्री में **व्याख्यानादिषु** का **वक्खाणाइसु** रूप

मिलता है (आव० एर्त्से० ४१, २८)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में सर्वत्र यही नियम चलता है, **चतुर्भिः** और **चतुर्षु** का सदा **चउहिं** तथा **चउसु** रूप होते हैं (§ ४३९)। इस नियम के विपरीत संस्कृत और प्राकृत में विभक्ति जुड़ते समय दीर्घ स्वर बहुधा कविता में ह्रस्व हो जाते हैं। इस नियम के अनुसार अपादान एकवचन में अर्धमागधी में **स्थानात्** का **ठाणओ** रूप होता है, **संयमात्** के स्थान पर **संजमओ** आता है (सूय० ४६), **कुलालात्** के लिए **कुललओ** पाया जाता है, **विग्रहात्** का रूप **विग्गहओ** मिलता है (दस० ६३२, ३७ और ३८), **श्रियः** का **सिरिओ** हो गया है (दस० ६४१, २८), जैनशौरसेनी में **उपशमात्** का **उवसमदो** रूप बन गया है (कत्तिगे० ३९९, ३०८)। इस विषय पर § ६९ भी देखिए। कर्ता और कर्म-कारक के बहुवचन में :—महाराष्ट्री में **दिव्यौषधयः** का **दिव्वोसहिओ** रूप मिलता है (मुद्रा० ६०, ९)। अर्धमागधी में **ओसहिओ** है (दस०; निरया० ६४८, १०)। इस प्राकृत में **स्त्रियः** का **इत्थिओ** हो गया है (आयार० १, ८, १, १६ ; सूय० २१८ ; २२२ ; २३७ ; ५४० ; उत्तर० ७६, ९२१), **इत्तिउ** रूप भी व्यवहार में आया है (उत्तर० ३७३), **नारिओ** (उत्तर० ६७९ [पाठ में **नारीओ** लिखा है], दस० ६१३, ३५ ; ६३५, १४), **कोटयः** का **कोडिओ** (उत्तर० ५०२ [पाठ में **कोडिओ** है]), **रात्रयः** का **राइओ** रूप आये हैं (सूय० ४०० ; उत्तर० ८१६ और ८३६)। तृतीया (करण) बहुवचन में :—अर्धमागधी में **स्त्रीभिः** का **इत्थिहिं** रूप मिलता है (उत्तर० ५५०)। षष्ठी (सम्बन्ध) बहुवचन में :— अर्धमागधी में **ऋषीणाम्** का रूप **इसिणं** हो जाता है, **भिक्षुणाम्** का **भिक्खुणं** और **मुनीनाम्** का **मुणिणं** बन जाता है (उत्तर० ३७५; ३७७ ; ४०८ ; ९२१)। सप्तमी (अधिकरण) एकवचन में :—अर्धमागधी में **राज-धान्याम्** के स्थान पर **रायहाणिए** आता है (उत्तर० ८६ ; [पाठ में **रायहाणीए** लिखा है] टीका में शुद्ध रूप ही मिलता है), **काशीभूम्याम्** का रूप **कासिभू-मिए** बन गया है (उत्तर० ४०२)। सप्तमी (अधिकरण) बहुवचन में :—अर्धमागधी में **स्त्रीषु** का **इत्थिसु** हो जाता है (सूय० १८५ [पाठ में **इत्थीसु** मिलता है] ; उत्तर० २०४)। इसी प्रकार अपभ्रंश में **रथ्या** का **रहिए** रूप है (हेमचन्द्र ४, ४४६)। कुछ शब्दों के भीतर दीर्घ का ह्रस्व हो जाता है :— मागधी में **अभिशार्य-माणा** का **अहिशालीअंती** के स्थान पर **अहिशालिअंति** होता है (मृच्छ० ११, १९), अर्धमागधी में **प्रतिचीनम्** का **पडीणं** के स्थान पर **पडिनम्** हो जाता है (§ १६५ ; दस० ६२५, ३७)। यह § ८२ का अपवाद है। श्रीहर्ष के द्विरूपकोश १५२ के अनुसार **प्राचीनं प्राचिनं च स्यात्** संस्कृत में **प्राचीन** और **प्राचिन** दो रूप चलते हैं जिनमें **प्राचिन** ह्रस्व है।

§ १००—अपभ्रंश में ह्रस्व और दीर्घ में भेद नहीं माना जाता*। छंद की मात्रा की सुविधा के अनुसार मात्राएँ दीर्घ अथवा ह्रस्व कर दी जाती हैं। तुक मिलाने के लिए भी मात्रा में घट-बढ़ कर दी जाती है। तुक मिलाने के कारण स्वर की ध्वनि

* इसीलिए तुलसीदास ने राम और रामा लिखा है। रामु रामू भी अपभ्रंश के रूप हैं।—अनु०

भी बदल दी जाती है। पिंगल की भाषा इस विषय पर बहुत फेर-फार दिखाती है। **श्यामला धन्या सुवर्णरेखा** के लिए हेमचन्द्र ने **सामला धण सुवण्णरेह** दिया है (४, ३३०, १), **सकर्णा भल्लिः** के स्थान पर **सकण्णी भल्ली** आया है (४, ३३०, ३), **फलानि लिखितानि** का रूप **फल लिहिआ** बन गया है (४, ३३५), **पतिता शिला** का **पडिअ सिल** रूप मिलता है (४, ३३७), **अर्धानि वलयानि महीगतानि अर्धानि स्फुटितानि** को **अद्धा वलआ महीहिं गअ अद्धा फुट्ट** लिखा गया है (४, ३५२) और **विधिर्विनटयतु पीडन्तु ग्रहाः** का अपभ्रंश रूप **विहि विनडउ पीडंतु गह** हो गया है (४, ३८५)। कालिदास की विक्रमोर्वशी में **परभृते मधुरप्रलापिनि कांते**···**भ्रमंति** के लिए **परहुअ महुरपलाविणि कंती**···**भमंती** लिखा गया है (५९, ११ और १२)। **सा त्वया दृष्टा जघनभरालसा** का **गइलालस** से तुक मिलाने के लिए **सा पइं दिट्ठी जहणभरालस** कर दिया गया है (६२, १२) और **क्रीडंति धनिका न दृष्टा त्वया** (६३, ५) का **कीलंती धणिअ ण दिट्ठि पइं** रूप दिया गया है। पिंगल में **सृत्वने मेरुर्निःशंकम्** के लिए **सृइ मेरु णिसंकु** दिया है (१, ४०), **महीधरास्तथा च सुरजनाः** का रूप **महिहर तह अ सुरअणा** हो गया है (१, ८०), **यस्यकंठस्थितम् विषम् पिधानम् दिशः संतारितः संसारः** के स्थान पर अपभ्रंश में **जसु···कंठट्ठिअ दीसा पिंधण दीसा संतारिअ संसारा** दिया गया है (१, ८१), **वरिसइ** (वर्षति) के लिए **वरीसए** आया है क्योंकि ऊपर लाइन में **दृश्यते** के लिए **दीसए** से तुक मिलाना है (१, १४२) और **नृत्यंती संहरतु दुरितम् अस्मदीयम्** का अपभ्रंश रूप **णच्चंती संहारो दूरित्ता हम्मारो** आया है (२, ४३) आदि-आदि। इस विषय पर § ८५ और १२८ भी देखिए।

§ १०१—जहाँ पहले अक्षर में ध्वनि पर बल पड़ता है, ऐसे कई शब्दों में **अ** का **इ** हो जाता है। हेमचन्द्र ने १, १६ में ऐसे शब्द **स्वप्नादि** आकृतिगण में दिये हैं और १, ४८ में **मध्यम** और **कतम** शब्द दिये हैं तथा १, ४७ में **पक्व, अंगार** और **ललाट** भी दिया है। १, ४९ में **सप्तपर्ण** भी गिनाया है। वररुचि १, ३ ; क्रमदीश्वर १, २ और मार्कण्डेय पन्ना ५ में केवल **ईषत्, पक्व, स्वप्न, वेतस, व्यजन, मृदंग** और **अंगार** शब्द ही इस गण में देते हैं। यह परिवर्तन अधिकतर महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में होता है। शौरसेनी और मागधी में कई अवसरों पर **अ** का **अ** ही रह जाता है, जैसा मार्कण्डेय ने **अंगार** और **वेतस** शब्दों के बारे में स्पष्ट ही कहा है। इस नियम के अनुसार अर्धमागधी में **अशन** का **असिण** हो जाता है (आयार० २, १, ५,१)। जैनमहाराष्ट्री में **उत्तम** का **उत्तिम*** रूप मिलता है (हेमचन्द्र १, ४६ , कक्कुक शिलालेख ९), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **उत्तमांग** का **उत्तिमंग** बन जाता है (पण्हा० २७४ ; २८५ ; ओव० ; एर्त्से०), जैनमहाराष्ट्री में इस रूपके साथ-साथ **उत्तमंग** भी चलता है (पाइय० १११ ; एर्त्से०); महाराष्ट्री,

* यह उच्चारण हिंदी की कई बोलियों में रह गया है। कुमाऊँ में उत्तिम, मूरिख आदि प्रचलित हैं।—अनु०

अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **उत्तम** रूप भी पाया जाता है (गउड० ; नायाध० ; कप्प०; एर्त्सें०) ।—महाराष्ट्री में **कतम** का **कइम*** हो जाता है (हेमचन्द्र १,४८ ; हाल ११९), किंतु शौरसेनी और मागधी मे **कदम** चलता है (मृच्छ० ३९, ६ ; शकु० १३२, ७ ; विक्रमो० ३५, १३ ; मागधी के लिए :—मृच्छ० १३०, ३) ।—**कृपण** का महाराष्ट्री, मागधी और अपभ्रंश प्राकृतो मे **किविण** रूप पाया जाता है (हेमचन्द्र १, ४६ ; गउड० ; हाल ; मृच्छ० १९, ६ ; १३६, १८ और १९ ; हेमचन्द्र ४, ४१९, १ ; [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), शौरसेनी मे **अकिविण** शब्द मिलता है (मृच्छ० ५५, २५) । —**घ्रंस** का अर्धमागधी में **घिंसु** हो जाता है (§ १७५) । —**चरम** शब्द का अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी में **चरिम** रूप हो जाता है (पण्णव० ६५ और उसके बाद ; विवाह० ११३ ; १७३ ; ५९८ ; १२५४ ; १२६२ ; एर्त्सें ; कत्तिगे० ४०१, ३४८), **अचरिम** रूप भी मिलता है (पण्णव० ३६ और उसके बाद) ।—अर्धमागधी मे **नग्न** का **नगिण** हो जाता है (§ १३३) ।—महाराष्ट्री, अर्धमागधी और शौरसेनी में **पक्व** का **पिक्क**† हो जाता है (सब व्याकरणकार : हाल ; कर्पूर० ६७, ८ ; विवाह० ११८५ ; बाल० २९२, १३), अर्धमागधी मे **विपक्व** का **विविक्क** रूप होता है (ठाणग० ३७७ ; ३७८), शौरसेनी मे **परिपिक्क** शब्द आया है (बाल० १४२, २ , २०९, ७), इसके साथ-साथ अर्धमागधी और शौरसेनी में **पक्क** शब्द आया है (हेमचन्द्र १, ४७ ; आयार० २, ४, २, १४ और १५ ; ठाणग० २१८, पण्णव० ४८३ ; दस० ६२८, २९ ; ६२९, ८ ; धूर्त० १२, ९), शौरसेनी में **सुपक्क** (मृच्छ० ७१, २९), **परिपक्क** (ग्ला० ३०१, १९) है ।—महाराष्ट्री में **पृशत** का **पुसिअ** हो जाता है (=एक प्रकार का हरिण ; हाल ६२१) । इसका अर्धमागधी में **फुसिय** रूप हो जाता है (§ २०८ ; [**फुसिय** का अर्थ यहाँ पर बूंद किया गया है] ; आयार० १, ५, १ ; नायाध० ; कप्प०) हरिण के अर्थ में ; आयार० २, ५, १, ५) ।—**मध्यम** शब्द का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **मज्झिम** हो जाता है (हेमचन्द्र १, ४८ ; हाल ; ठाणग० १२८ ; १४१ ; १५२ ; १७५ ; सूय० ३३४ ; पण्णव० ७६ ; जीवा० १७५; ४०८ ; विवाह० १४१२ ; अणुओग० २६६ , उवास०; ओव० ; कप्प० ; एर्त्सें०), अर्धमागधी मे **मध्यमक** का **मज्झिमय** हो गया है (उवास०; कप्प०) । इसका स्त्रीलिंग रूप **मज्झिमिया** आया है (जीवा० ९०५ और उसके बाद), **मज्झिमिल्ल**‡ रूप भी मिलता है (अणुओग० ३८३), किन्तु शौरसेनी मे केवल एक रूप **मज्झम** मिलता है (विक्रमो० ६, १९ ; महावी० ६९, ५ ; १३३, ९ ; वेणी० ६०, ६ ; ६३, ४ ; ६४, २३ ; ९९, १२) ।—**मज्जा** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **मिंजा** हो जाता है (§ ७४) । **मृदंग** का अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री मे **मुइंग** रूप मिलता है (आयार० २, ११, १ ; सूय० ७३१ ; पण्हा० ५१२ ; पण्णव० ९९ ; १०१ ; जीवा० २५१ ; विवाह० ७९७ [पाठ

* इस रूप से **कई** होकर **कई** शब्द हिंदी मे आया है । —अनु०

† **पीक** शब्द जिसका अर्थ पान का लाल थूक है, इसी से निकला प्रतीत होता है । —अनु०

‡ प्रथमिल, पढमिल्ल, पहमिल्ल, पहिल्ल, पहिला और अब पहला । —अनु०

मे **मुयंग** शब्द मिलता है परन्तु टीका में **मुइंग** शब्द आया है] ; राय० २० ; २३१ ; उवास० ; ओव० ; कप्प०; एर्से०), **मिइंग** शब्द भी मिलता है (हेमचन्द्र १, १३७), किन्तु शौरसेनी में **मुदंग** शब्द मिलता है (मालवि० १९, १)। मागधी में **मिदंग** रूप मिलता है (मृच्छ० १२२, ८ ; गौडबोले द्वारा सम्पादित संस्करण ३, ३०७), **मुदंग** रूप भी ठीक मालूम पड़ता है (इस सम्बन्ध मे § ५१ भी देखिए)। —महाराष्ट्री मे **वेतस** का **वेडिस** हो जाता है (सब व्याकरणकार ; हाल), किन्तु पैशाची मे **वेतस** रूप आया है (हेमचन्द्र ४, ३०७), शौरसेनी मे इस शब्द का रूप **वेदस** हो जाता है (शकु० ३१, १६ ; १०५, ९)। **शय्या** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सेज्जा** हो जाता है और यह **सेज्जा** रूप **सिज्जा** से निकला है (तीर्थ० ५, १५ , § १०७ ; **सेज्जा** के लिए ; वररुचि० १, ५ ; ३,१७ ; हेमचन्द्र १, ५७ ; २, २४ ; क्रम० १, ४ , २, १७ ; मार्क० पन्ना ५ और २१ ; गउड० ; कर्पूर० ३५, १ ; ३९, ३ , ७०, ६ ; आयार० २, २, १, १ और ३, ३४ और उसके बाद ; सूय० ९७ और ७७४ ; पण्हा० ३७२ ; ३९८ ; ४१० ; ४२४ ; विवाह० १३५ ; १८५ ; ८३९ ; १३१० ; पण्णव० ८४४ ; उत्तर० ४८९ ; ४९५ ; दस० ६४२, ३६ ; ओव० ; कप्प० ; एर्से०)। मागधी मे **शिय्या** रूप मिलता है (चैतन्य० १४९,१९ , [पाठ मे **से`ज्जा** रूप दिया है ] )। अर्धमागधी मे **निसेज्जा** ( दस० ६४२, ३६ ), **निसिज्जा** ( कप्प० § १२० ), **पडिसे`ज्जा** (विवाह० ९६५) रूप मिलते है। जैनमहाराष्ट्री मे **से`ज्जायर** (कालका०) और **सिज्जायरी** (तीर्थ० ४, १७) शब्द मिलते हैं[१]।

१. पिशल, कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५७०। याकोबी, कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७२ के अनुसार कद्दम शब्द में जो इकार आया है वह उसका सम्बन्ध कति के साथ होने से वहाँ बैठा है, और अन्तिम (यह रूप संस्कृत में भी है), उत्तिम, चरिम और मज्झिम संस्कृत शब्द पश्चिम की नकल पर बन गये हैं। सिज्जा, निसिज्जा, साहिज्जा और मिंज्जा ज्ज के प्रभाव से बने हैं।

§ १०२—इस नियम के अपवाद केवल देखने मात्र के हैं। महाराष्ट्री मे **अंगार** (हेमचन्द्र १, ४७ पाइय० १५८), **अंगारअ** (हाल २६१), **अंगाराअन्त** जो संस्कृत **अंगारायमाण** का रूप है (गउड० १३६), शौरसेनी और मागधी रूप **अंगाल** (प्रसन्न० १२०, २ और १३ ; १२१, ८ , जीवा० ४३, ९ [इसमे **अंगार** पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; मृच्छ० १०,१ ; [शौरसेनी मे **अंगारक** रूप भी मिलता है]; मालवि० ४८,१८), अर्धमागधी मे **अंगार** (पण्हा० २०२ ; ५३४), **अंगारक** (पण्हा०३१३ ; ओव०§ ३६), **अंगारग** (पण्णव० ११६), **अंगारय** (ठाणग० २६३) रूप आये है जो **अंगार** और **अंगारक** के प्राकृत रूप हैं ; इनका अर्थ कहीं कोयला और कहीं मंगल ग्रह होता है। इन शब्दों के साथ अर्धमागधी में **इंगाल** भी मिलता है (सब व्याकरणकार) जिनमे चण्ड० २, ४ भी है ; (पाइय० १५८ ; आयार० २, २, २, ८ ; २, १०, १७ ; सूय० २१७ ; ७८३ ; ठाणंग० २३० ; ३९१ ; ४७८ ; पण्णव० २८ ; विवाग० १०८ ; १४१ ; नायाध० ३७१ ; विवाह० २३७ ; २५४ ;

३२२ ; ३४८ ; ४८० ; ६०९ ; ८८३ ; १२८६ ; १२९३ ; जीवा० ५१ ; २५७ ; २९३ ; निरया० ४७ ; उत्तर० १०५३ ; [पाठ में **इंगार** शब्द आया है] ; दस० ६१६, ३२; ६१८, २९ ; ६३०, ३५ ; उवास० ई ५१), **सइंगाल, धिइंगाल** (विवाह० ४५० ; ४५१), **इंगालग** (ठाणग० ८२), शब्द जो स्वय सस्कृत में प्राकृत से ले लिया गया है (त्साखारिआए, गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्त्साइगेन १८९४, ८२०), **अंगुअ** और साथ-साथ **इंगुअ** (= **इंगुद** ; हेमचन्द्र १, ८९), इसका शौरसेनी रूप **इंगुदी** आया है (शकु० ३९, ४), **अगालिअ** और **इंगाली** (=ईखकी गडेरी देशी० १, २८ और ७९) आपस में वैसा ही सम्बन्ध रखते हैं जैसा **अंगति** और **इंगति, अटति** और **इर्तन्त** तथा **अर्द्धा** और **इर्द्धा** जो वास्तव में आरम्भ में एक दूसरे के साथ सम्बन्धित थे । **ईषत्** शब्द के लिए पिशल द्वारा लिखित डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस में पेज १३ में प्राकृतमजरी में बताया गया है कि इसके **ईस, ईसि** और **इसि** रूप होते है, इनमें से **ईस** रूप शौरसेनी में मालतीमाधव २३९, ३ में मिलता है और यह सभी संस्करणों में पाया जाता है । वहाँ **ईस मण्णुम्** (कहीं कहीं **मण्णे**) **उज्झिय** वाक्य मिलता है । वेणीसंहार १२, १० ; ६१, १५ में **ईस विहसिअ** आया है । महाराष्ट्री में **चिरेहि ईस वृत्ति** (प्रताप० २०६, ११ ; [पाठ में **इसि** रूप दिया गया है], **पावइ इसी स** भी आया है (हाल ४४४ ; [कहीं कहीं **ईसमपि** भी मिलता है]) । **ईसी सः मणम् कुणन्ति** (कर्पूर० ८, ९) शुद्ध रूप है, क्योंकि यहाँ **ईसत्** स्वतन्त्र रूप में आया है । अन्य स्थलों पर यह शब्द सन्धि के पहले शब्द के रूप में मिलता है, जैसे **ईसज्जल प्रेषिताक्ष** के लिए महाराष्ट्री में **ईसिज्जल पेसि अच्छ** होता है । **ईसद्रजोभिन्न** का **ईसिरभिण्ण** रूप मिलता है; **ईषन्निभ** का **ईसिणिह** आया है और **ईषद्विवृत** का **ईसिविअत्त** हो गया है (रावण० २, ३९ ; ११, ४३ ; १२, ४८ ; १३ , १६०) । **ईषतदष्टः** का **ईसिदिट्ठ** रूप व्यवहार में आया है (बाल० १२०, ५), **ईषिसंचरण चंचुरा** (कर्पूर० ८६, १ ; इसका बम्बई से प्रकाशित सम्करण में **ईष संचरण वन्धुरा** रूप मिलता है), **ईषुभिज्जन्त** [पाठ में यह शब्द **ईसुभिणन्दन** दिया गया है और यह सस्कृत **ईषदुर्द्भिद्यमान** है] (मल्लिका० २३०, ५) । जैनमहाराष्ट्री में **ईषद्विकासम्** का **ईसविआसम्** रूप मिलता है (कक्कुक शिलालेख ७) । शौरसेनी में **ईषत्परिश्रान्ता** का **ईसिपरिसन्ता** रूप है (शकु० १३३, १); **ईषत्विकसित** का **ईसिवियसिद** (मालती० १२१, ५), **ईषत् मुकुलित** का **ईषिमउलिद, ईषन्मश्रण** का **ईसिमसिण** (महावीर० २२, २० ; २४, ६) रूप मिलते हैं । **ईसिविरल** (उत्तर० ७३, ५), **ईसिवलिद** (नागा० ८, १५) और **ईषद्वारदेशदापित** का **ईसिदार देस दाविद** रूप काम में लाया गया है (मुद्रा० ४३, ८), **ईषन्निद्रामुद्रित** के लिए **ईसिणिदामुदिद** रूप आया है (बाल० २२०, ६); **ईषत्तिर्य्यक्** के लिए **ईसितिरिच्छि** [पाठ में **इसितिरच्छि** मिलता है] , **ईषच्छूयमाण** के स्थान पर **ईसिसुणिज्जन्त** मिलता है, **ईषच्चतुरित** (?) के लिए **ईसिचउरिअ** व्यवहार में आया है । **ईषन्मुकुलायमान** का रूप **ईसिमउलन्त** हो गया है [पाठ

में **ईसिम्मुलन्त** मिलता है] आदि-आदि (मल्लिका० ७४, २ ; १२३, ५ ; १४१, ८ ; २२५, ८) ; महाराष्ट्री में **ईसिसि** भी चलता है :—**ईसीसिवलन्त** (हाल ३७०)। शौरसेनी में **ईसीसिजरढाअमाण** (कर्पूर० २८, १) शब्द आया है। शौरसेनी में **ईसीसि वेअणा समुपण्णा** (कर्पूर० ७३, ६) स्पष्टतः अशुद्ध रूप है। इसका शुद्ध रूप स्टेन कोनो ने सुधार कर **ईसिस** किया है। इस **इकार** का स्पष्टीकरण उन स्थलों के उदाहरणों से होता है जो पाणिनि ६, २, ५४ के अनुसार सन्धिवाले शब्दों में पहला शब्द **ईषत्** आने से अस्वरित होने के कारण अपना **अ, इ** में बदल देते हैं। इस विषय पर हेमचन्द्र २, १२९ भी देखिए। प्राकृतमंजरी में **इसि** रूप भी दिया गया है और यह रूप कई हस्तलिखित प्रतियों में भामह १, ३ ; मार्कण्डेय पन्ना ५ तथा बहुत से भारतीय संस्करणों में पाया जाता है। बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकुन्तला ४, ९ में **ईसीसि चुम्बिअ** रूप मिलता है। शौरसेनी में **ईस संकमिद** (जीवा० ४३, ८) रूप अशुद्ध है, इसके स्थान पर **ईसिसंकमिद** होना चाहिए। **ईषत् समीपेभव** का **ईसिसमीवेहोहि, ईषद् विलम्ब** का **ईसिविलम्बिअ** और **ईषद् उत्तानम् कृत्वा** के स्थान पर **ईसि उत्ताणम् कडुअ** रूप आये हैं (मल्लिका० ८७, १८ ; १२४, ५ ; २२२, ८) तथा जैनमहाराष्ट्री में **ईसिं हसिऊण** के स्थान पर **ईसि हसिऊण** रूप मिलता है (एर्से० ५७, १७), क्योंकि अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री में जब **ईषत्** स्वतन्त्र रूप से आता है और सन्धि होने पर बहुधा अनुस्वारित रूप का प्रयोग किया जाता है तब ऐसे अवसरों पर **ईषत्** का **ईसिम्** हो जाता है (ठाणंग० १३५ ; २९७ , आयार० २, १५, २० [यहाँ पाठ में **ईसि**– रूप मिलता है], २१ ; २२ ; पण्णव० ८४६ ; जीवा० ४४४ ; ५०१ ; ७९४ ; ८६० ; ओव० § ३३ ; ४९ भूमिका पेज ७ [सर्वत्र **ईसि** के स्थान पर यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; कप्प० § १५ ; आव० एर्से० ४८, १४ ; नायाध० १२८४; विवाह० २३९ ; २४८ ; ९२० [पाठ में यहाँ भी **ईसि** रूप दिया है] ; एर्से०)। अर्धमागधी में **ईषत्क** के लिए **ईसि** मिलता है (नायाध० ९९०)।

§ १०३—इस नियम की नकल पर जैनशौरसेनी और अपभ्रंश में **किध** रूप आया है (पव० ३८४, ४७ ; ३८८, २ और ५ ; हेमचन्द्र ४, ४०१, १) और अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री तथा अपभ्रंश में **किह** रूप आया है (आयार० १, ६, १, ६; आव० एर्से० १०, २३; २५, १८; ४६, ३१;एर्से०; हेमचन्द्र ४, ४०१, ३)। वास्तव में यह शब्द वैदिक **कथा** से निकला है। इस नकल के आधार पर ही अपभ्रंश में **जिध, तिध, जिह, तिह** बन गये हैं (हेमचन्द्र ४, ४०१)। ये शब्द **यथा** और **तथा** के रूप हैं। नकल के आधार पर ही इन शब्दों के अन्त में **आ** का **अ** हो गया है, जैसे अर्धमागधी, महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश में **जह, तह,** जैनशौरसेनी में **जध, तध** रूप भी बन गये हैं (§ १०३)। इसी प्रकार अर्धमागधी और जैन-महाराष्ट्री में **तस्याः** और **यस्याः** के **कीसे** और **किस्सा** की नकल पर (§ ४२५ और उसके बाद) **तीसे** और **जीसे** तथा महाराष्ट्री में **तिस्सा** और **जिस्सा** रूप आ गये हैं[1]। — **घंसति** और **ग्रसति** का **घिसइ** हो गया है (वररुचि ८, २८

[**यहाँ यही पाठ** पढ़ा जाना चाहिए], हेमचन्द्र ४, २०४) । — महाराष्ट्री और अपभ्रंश शब्द **चंदिमा** (= चाँदनी : वररुचि २, ६ ; हेमचन्द्र १, १८५ ; क्रम० २, २५ ; मार्कण्डेय पन्ना १४ ; पाइय० २४४ ; गउड० ; हाल ६०९ [इसमें यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; रावण० ; हेमचन्द्र ४, ३४९) के विषय में भारतीय व्याकरणकारों ने लिखा है कि यह रूप **चन्द्रिका** से निकला है तथा लास्सन[1], ई. कुन[2], एस. गौल्दस्मित[3] और याकोबी[4] कहते हैं कि यह **चन्द्रमास्** से निकला है। इन विद्वानों के मत के विरुद्ध इस शब्द का लिंग और अर्थ जाते हैं। मेरे विचार से **चंदिमा** शब्द ***चन्द्रिमन्**[5] से निकला है जो हेमचन्द्र १, ३५ के अनुसार स्त्रीलिंग हो सकता है और **चन्द्रिमा** रूप में संस्कृत में भी बाद में ले लिया गया था (पीटर्सबुर्गर कोश देखिए)। पाली **चन्दिमा** (कर्त्ता एकवचन), अर्धमागधी **चंदिम-** (निरया० ३८ ; ओव० ; कप्प०), अर्धमागधी और अपभ्रंश (कर्त्ताकारक) **चंदिमा** (सूय० ४३३ [पाठ में **चंदमा** आया है] ; ४६० ; दस० ६२७, ११ पिंगल १, ३० [इसके पाठ में भी **चंदमा** शब्द है]) । ये दोनों शब्द पुंलिंग हैं तथा इनका अर्थ चाँद है। ये **चन्दिमा** (स्त्रीलिंग) शब्द से गौण रूप में निकले हैं और **चन्द्रमस्** के आधार पर ये नकल किये गये हैं। शौरसेनी में **चन्द्रिका** का **चंदिआ** हो जाता है (चैतन्य० ४०, १५ ; अद्भुत० ७१, ९) ।— हेमचन्द्र १, ४९ और २६५ तथा मार्कण्डेय पन्ना १८ के अनुसार **सप्तपर्ण** के दो रूप होते हैं—**छत्तवण्ण** (वररुचि २, ४१, क्रम० २, ४६) और **छत्तिवण्ण**। भारतीय व्याकरणकार **सप्तपर्ण** शब्द में **सप्त** पर जोर देते हैं, इसलिए वे इसे **सप्तपर्ण** पढ़ते हैं। किन्तु **सप्तन्** में यह पता चलता है कि अन्यत्र कहीं भी इसके **स**कार का **छ**कार नहीं हुआ है, जहाँ आरम्भ में **म** आता है वहाँ **अन्** से निकला हुआ **अ** कभी **इ** नहीं होता, जैसा **पंचम, सप्तम, अष्टम, नवम** और **दशम** के रूप **पंचम, सत्तम, अट्ठम, नवम** और **दसम** होते हैं आदि-आदि[6] (§ ४४९) । इसलिए **छत्तवण्ण सप्तपर्ण** नहीं हो सकता, बल्कि यह **छत्तपर्ण** से निकला कोई शब्द है और यह भी सम्भव है कि **छत्त्रीपर्ण**, जो **छत्त्री** शब्द से (हेमचन्द्र उणादिगण सूत्र ४४६) जो स्वयं **छत्र** से आया है, बना है। अर्धमागधी, में यह शब्द **सत्तवर्ण** के रूप में आया है (पण्णव० ३१ ; नायाध० ९१६ ; विवाह० ४१ और १५३०; ओव० § ६) और कहीं कहीं **सत्तिवण्ण** भी मिलता है (ठाणंग० २६६ [टीका में **सत्तवण्ण** दिया गया है]; ५५५; विवाह० २८९), यहाँ यह विचारणीय है कि यह पाठ शुद्ध है या अशुद्ध ? हो सकता है कि **छत्तिवण्ण** की नकल पर यह **सत्तिवण्ण** बना दिया गया हो। शौरसेनी में इसका रूप **छत्तवण्ण** है (शकु० १८, ५) और **सत्तवण्ण** भी मिलता है (प्रिय० १०, १३) ।—अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री में **पुव्विं** शब्द (आयार० १, २, १, २ और ३ तथा ४ ; सूय० २०२ ; २०३ [यहाँ पाठ में **पुव्वम्** दिया गया है] ; दस० ६४१, ४ ; नायाध० ; उवास०; ओव०; कप्प०; एर्त्से०) **पूर्वम्** का प्राकृत रूप नहीं है बल्कि यह ***पूर्वीम्** से निकला मालूम होता है। अर्धमागधी **पुव्वाणुपुव्विम्** (निरया० § १) से इसकी तुलना कीजिए। **पुव्वाणुपुव्विं** शब्द के बारे में वारन ने **पूर्व + आनुपूर्वीम्** संस्कृत

रूप दिया है।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सद्धिं** (आयार० १, २, १ २, और ३ तथा ४; नायाध०; उवास०; ओव० § १५ और १६; कप्प०; एर्त्से०) **सार्धम्** का प्राकृत रूप नहीं है बल्कि यह वैदिक शब्द **सध्रीम्**[8] से निकला है।—**अवतंस** और **अवतंसक** शब्दों में किस अक्षर पर जोर है इसका पता नहीं लगता। अर्धमागधी में इन शब्दों के रूप **वडिंस** (राय० १०२), **वडिंसग** मिलते हैं (सम० १०; १२; १६; २३; राय० १०३; १३९; विवाह० ४१; उवास०; ओव०; कप्प०), इनके साथ ही **वडिंसय** रूप आया है (उवास०; नायाध०; कप्प०)। इकार और आरम्भ के अकार का लोप (§ १४२) बताता है कि इस शब्द में अन्तिम अक्षर स्वरित होगा। इस नियम के अपवाद केवल अर्धमागधी में मिलते हैं, उसमें **कुणप** का **कुणिम** और **विटप** का **विणिम** (§ २४८) हो जाता है। इससे ज्ञात होता है कि इनमें अन्तिम अक्षर स्वरित हैं। महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी **णिडाल** तथा अर्धमागधी और महाराष्ट्री **णिलाड** (= ललाट) के लिए § २६० देखिए। अर्धमागधी **आइक्खइ** § ४९२ और **दिण्ण** के लिए § ५६६ तथा अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **अघिणइ** के विषय में § ५५७ देखिए।

१. **तिस्सा** आदि षष्ठी रूप के बारे में फ्रांके का मत दूसरा है जो उसने नाखिरटन फौन डेर कोएनिगलिशे गेज़ेलशाफ्ट डेर विस्सनशाफ्टन त्सु गोएटिंगन १८९५, ५२९ के नोट में दिया है। — २. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस पेज २०३। — ३. बाइत्रैगे पेज २२। — ४. रावणवहो पेज १५६, नोट संख्या १। — ५. कल्पसूत्र; कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७३। — ६. पिशल, कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५७२। — ७. यह बात याकोबी ने कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७२ में नहीं स्वीकार की है। — ८. पिशल, वेदिशे स्टुडिएन २, २३५।

§ १०४—ओष्ठ्य वर्णों के पहले और बाद में कभी-कभी अ उ में परिणत हो जाता है :— **प्रथम** के **पुढम**, **पदुम** और **पुदुम** रूप मिलते हैं (चण्ड० ३, ९ पेज ४८ ; हेमचन्द्र १, ५५) । सभी प्राकृतों में साधारण रूप **पढम** है। महाराष्ट्री में यह रूप (गउड० ; रावण० ; हाल) मिलता है ; अर्धमागधी में (आयार० २, २, ३, १८ ; २, ५, १, ६ ; सूय० ४५ ; उवास० ; नायाध० ; कप्प० ; निरया० आदि-आदि) ; जैनमहाराष्ट्री में (कक्कुक शिलालेख १ ; एर्त्से० ; कालका०) ; जैनशौरसेनी में (कत्तिगे० ३९८, ३०४ ; ४००, ३३२ ; ४०१, ३४२ और ३४४) ; शौरसेनी में (मृच्छ० ६८, २३ ; ९४, ३ ; १३८, १५ ; शकु० ४३, ६ ; ५०, १ ; ६७, ११ ; विक्रमो० २२, २०; २७, १३); मागधी में (मृच्छ० १३०, १३ और १८; १३९, १०; १५३, २१) ; दाक्षिणात्या में (मृच्छ १०२, १९) ; अपभ्रंश में (पिंगल १, १ ; १० ; २३ ; ४० आदि-आदि)। **पुढम** महाराष्ट्री में आया है (हाल ८३२), शौरसेनी में (मुद्रा० १८२, ३ ; २०४, ४ और ६); मागधी में (मुद्रा० १८५, ४) मिलता है, किन्तु अधिकतर और मुद्राराक्षस की हस्तलिखित श्रेष्ठ प्रतियों में **पढम** मिलता है (२५३, ४)। एस. गौल्दश्मित्त द्वारा संपादित रावणवहो में कई बार **पदुम** आया है और एस. बौल्लेनसेन द्वारा संपादित विक्रमोर्वशी में भी आया है (२३, १९ ; २४, १

§ १३४—अर्धमागधी में **अगार** का **गार** हो जाता है। इसका कारण भी अन्तिम वर्ण का स्वरित होना ही माना जाना चाहिए (आयार० १, ५, ३, ५ ; सूय० १२६ ; १५४ ; ३४५)। **अगारस्थ** का **गारत्थ** रूप मिलता है (सूय० ६४२ ; ९८६ ; उत्तर० २०८)। **अगारिन्** का **गारि** (उत्तर० २०७) पाया जाता है। इनके साथ-साथ **अगार** शब्द भी चलता है (आयार० १, २, ३, ५ ; नायाध०)।— **अरघट्ट** के लिए महाराष्ट्री और अर्धमागधी मे **रहट्ट**† का प्रयोग चलता है (हाल ४९० ; पण्हा० ६७), इसके साथ साथ महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **अरहट्ट** रूप भी चलता है (गउड० ६८५ ; ऋषभ० ३० ; ४७ [बबई के संस्करण मे ४७ मे जो **पल्लिआ रहट्टव्व** छपा है, अशुद्ध है]) ।—**अवतंस** का महाराष्ट्री मे **वअंस** हो जाता है (हाल ४३९)। अर्धमागधी में इसके रूप **वडिंस** और **वडिंसग** (§ १०३) पाये जाते हैं। महाराष्ट्री में इसका एक रूप **अवअंस** भी मिलता है (हाल १७३ ; १८०)। महाराष्ट्री मे एक प्रयोग **अवअंसअंति** भी पाया जाता है (शकु० २, १५)।—मागधी मे ***अहकः** के स्थान पर **हगे** और **हग्गे** काम मे आते है। अपभ्रंश में **अहकम्** के स्थान पर **हउँ** चलता है (§ ४१७)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **अर्धस्तात्** के **हेट्ठा** तथा इससे नाना रूप निकलते हैं (§ १०७)।—इस नियम के भीतर ही कुछ अन्य रूप भी आते हैं, जैसे अर्धमागधी मे **अतीत तीय** में परिणत हो जाता है (सूय० १२२; ४७०; ठाणंग० १७३; १७४; विवाह० २४; १५५; उत्तर० ८३३; उवास०; कप्प०)। अर्धमागधी में ***अपिनिधातवे** का **पिणिधत्तए** रूप चलता है (ओव०)।—अर्धमागधी में ***अप्यूह** का **पूह** हो जाता है (§ २८६)।—अर्धमागधी मे **अपक्रामति** का **वक्कमइ** चलता है, साथ-साथ **अवक्कमइ** भी देखा जाता है। यह शब्द शौरसेनी और मागधी में **अवक्कमदि** रूप ग्रहण कर लेता है (§ ४८१)। **अपक्रांत** का अर्धमागधी रूप **वक्कंत** है (पण्णव० ४१; कप्प०), **अपक्रांति** का **वक्कंति** रूप मिलता है (कप्प०)। **अवलग्यंति** का महाराष्ट्री रूप **वलग्गंति** मिलता है (गउड० २२६; ५५१)। **अवस्थित** का शौरसेनी मे **वट्ठिद** रूप पाया जाता है (मृच्छ० ४०, १४)। **अपस्मारः** का रूप शौरसेनी मे **वंहल** है (हेमचन्द्र २, १७४), इसमें **स्मा** के **आ** का **अ** हो जाने का कारण भी **रः** पर ध्वनिबल का पड़ना है।—संस्कृत से मिलता शब्द

* इस लाउ से लाउ+की = लौकी बना। —अनु०

† हिन्दी रहँट या रहट का प्रारम्भिक रूप। —अनु०

पिनद्ध का प्राकृत रूप **पिणद्ध** है (गउड० ; हाल; रावण० ; राय० ८१ और उसके बाद; ओव०; नायाध०)। संस्कृत से भिन्न ध्वनिबल महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश शब्द **रण्ण** में सूचित होता है जो **अरण्य** से निकला है (वररुचि १, ४; हेमचन्द्र १, ६६ ; क्रमदी० १, ३ ; मार्कण्डेय पन्ना ५; गउड०; हाल; रावण०; नायाध० ११९७; १४३९; ओव० ; एर्त्से०; विक्रमो० ५८,९ ; ७१, ९ ; ७२,१०)। साथ-साथ **अरण्ण** भी देखने मे आता है, पर बहुत कम (गउड० ; हाल ; आयार० पेज १३३, ३२ ; कप्प० ; एर्त्से०)। शौरसेनी में एकमात्र रूप **अरण्ण** पाया जाता है (शकु० ३३, ४; रत्ना० ३१४, ३२ ; मालती० ३०, ९ ; उत्तर० १९०, २ ; धूर्त० ११, १२ ; कर्ण० ४६, १२ ; वृष० २८, १९ ; ५०, ५ ; चड० १७, १६ ; ९५, १०), इस प्राकृत के नियम के विरुद्ध इस बोली में एक शब्द **पारण्ण्रण्ण** पाया जाता है (विद्ध० २३, ९)।—महाराष्ट्री और अपभ्रंश में **अरिष्ट** का **रिट्ठ** रूप होता है (रावण० १, ३ ; पिंगल २, ७२)। जैनमहाराष्ट्री में **अरिष्टनेमि** के स्थान पर **रिट्ठनेमि** आया है (द्वार० ४९६, २ ; ४९९, १३; ५०२, ६; ५०५, २७)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **अरिट्ठनेमि** रूप पाया जाता है (कप्प० ; द्वार० ४९५, ९ ; ४९७, २० ; ५०४, १९ ; ५०५, ५)। अर्धमागधी मे एक मूल्यवान पत्थर (हीरे) का नाम **रिट्ठ** है (जीव० २१८ ; राय० २९ ; विवाह० २१२ ; ११४६ ; नायाध० ; ओव० ; कप्प०); इसका सस्कृत रूप **अरिष्ट** है जो पाली मे **अरिट्ठ**[1] रूप में पाया जाता है। अर्धमागधी मे **रिट्ठग** (नायाध० § ६१ ; उत्तर० ९८०) और **रिट्ठय** पाये जाते है (ओव०), ये सस्कृत **अरिष्टक** के प्राकृत रूप है। **अरिष्टमय** का **रिट्ठामय** रूप भी मिलता है (जीव० ५४९ ; राय० १०५), इनके साथ **अरिट्ठ** (=एक वृक्ष : पण्ण० ३१) भी मिलता है। इस सम्बन्ध मे **अरिष्टताति** की तुलना भी कीजिए। इन शब्दो मे **तो** भी गिना जाना चाहिए जो महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, मागधी और अपभ्रंश में चलता है। इसे प्राकृत व्याकरणकार और उनके साथ एस० गौल्दश्मित्त[2] **त**– का प्राकृत रूप बताते हैं, किन्तु अच्छा यह होता कि यह **अतस्** का प्राकृत रूप माना जाय।

१. त्साइटश्रिफ्ट डेर मौर्गेनलैंडिशन गेज़ेलशाफ्ट ४९, २८५ में विंडिश का लेख। उसके स्पष्टीकरण के विरुद्ध स्वयं प्राकृत भाषा प्रमाण देती है। — २. प्राकृतिका० पेज २२।

§ १३५—ध्वनिबल की हीनता के प्रभाव से अव्यय (जो अपने से पहले वर्ण को ध्वनिबलयुक्त कर देते हैं तथा स्वयं बलहीन रहते है) बहुधा आरम्भ के स्वर का लोप कर देते हैं। जब ये शब्द उक्त अव्यय रूप मे नहीं आते तो आरम्भिक स्वर बना रहता है। इस नियम के अनुसार अनुस्वार के बाद आने पर **अपि** का **पि** रूप हो जाता है, स्वर के बाद यह रूप **वि** मे परिणत हो जाता है। पल्लवदानपत्रों में **अन्यान् अपि** का **अन्ने वि** रूप आया है (५, ६), **अस्माभिर् अपि** का **अम्हेहि वि** रूप मिलता है (६, २९)। महाराष्ट्री में **मरणं पि** (हाल १२), **तं पि** (गउड० ४३०), **वहुलं पि** (रावण० २, १८),

अज्ज वि (=**अद्यापि** : हाल), **तह वि** (=**तथापि** : रावण० १, १५), **णिम्मला वि** (=**निर्मला अपि** : गउड० ७२), **अम्हे वि** (=**अस्मे अपि** : हाल २३२), **अप्पवसो वि** (**अल्पवशो ऽपि** : हाल २६५) रूप पाये जाते हैं। अन्य प्राकृत भाषाओं में भी यह नियम लागू होता है। वाक्य के आरम्भ में **अ** बना रहता है : पल्लवदानपत्रों में **अपि** (६, ३७) मिलता है ; महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **अवि** प्रचलित है (रावण० ; आयार० १, ८, १, १० ; दस० ६३२, ४२ ; कालका० २७०, ४६ ; मृच्छ० ४६, ५ ; ५७, ६ ; ७०, १२ ; ८२, १२ ; शकु० ४९, ८ ; इसमें बहुधा **अवि अ** और **अवि णाम** मिलता है)। यही नियम पद्य मे भी चलता है जब **अवि** से पहले **म्** आता है और जब एक ह्रस्व वर्ण आवश्यक होता है, जैसे अर्धमागधी मे **मुहुत्तं अवि** (**मुहुत्तमवि**) पाया जाता है (आयार० १, २, १, ३), **कालगं अवि** (कप्प० १३, ३)। यह **अ** तब भी बना रहता है जब अन्य प्राकृत भाषाओं के नियम के विरुद्ध **आम्** हो जाता है (§ ६८)। इसके अतिरिक्त अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **पुनर् अपि** का **पुनर् + अवि** पाया जाता है (§ ३४२)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **य + अवि** का **यावि** (=**चापि**) होता है (उदाहरणार्थ, आयार० १, १, १, ५ ; १, ४, ५, ३ ; सूय० १२० ; उवास० ; कप्प० ; आव० एर्त्से० ८, १३ ; एर्त्से० ३४, १५)। ऐसे और उदाहरण हैं : महाराष्ट्री और शौरसेनी **केणावि** (हाल १०५ ; विक्रमो० १०, १२ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी **तेणावि** (एर्त्से० १०, २५ ; १७, १७ ; २२, ९ ; मालती० ७८, ८), शौरसेनी **एक्किकेणावि** (शकु० २९, ९), शौरसेनी और अर्धमागधी **ममावि** (मृच्छ० ६५, १९ ; शकु० ९, १३ ; १९, ३ ; ३२, ३ ; ५०, ४ ; मृच्छ० १४०, १), शौरसेनी और मागधी **तवावि** (मालती० ९२, ४ ; मृच्छ० १२४, २०), अर्धमागधी **खणं अवि** (=**क्षणं अपि** : नायाध० § १३७), जैनमहाराष्ट्री **एवं अवि** (आव० एर्त्से० १६, २४), जैनमहाराष्ट्री **सयलं अवि जीवलोयं** (कप्प० § ४४), महाराष्ट्री **पिअतणेणावि** (=***प्रियत्वनेनापि** : हाल २६७), शौरसेनी **जीविदसव्वस्सेणावि** (=**जीवितसर्वस्वेनापि** : शकु० २०, ५) देखा जाता है। इन सब उदाहरणों मे **अवि** से पहले आनेवाले शब्द पर ही विशेष ध्यान या जोर दिया जाना चाहिए[1]। अर्धमागधी रूप **अप्प** के लिए देखिए § १७४।—अनुस्वार के बाद **इति** का रूप **ति** हो जाता है ; स्वरों के अनन्तर इसका रूप **त्ति** बनता है ; इससे पहले के दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाते हैं (§ ९२) : पल्लवदानपत्र मे **चेति** का **च त्ति** रूप आया है (६, ३७)। महाराष्ट्री मे **जीवितम् इति** का **जीविअं ति** (रावण० ५, ४) रूप मिलता है ; **नास्तीति** का **णत्थि त्ति** हो गया है (गउड० २८१)। अर्धमागधी में **एतद् इति** का **इणं ति** रूप पाया जाता है (आयार० १, ३, १, ३), **अनुपरिवर्तत इति** का **अणुपरियट्टइ त्ति** आया है (आयार० १, २, ३, ६)। शौरसेनी में **लभेयम् इति** का **लहेअं ति** हो गया है (शकु० १३, ९), **प्रेक्षत इति** का **पेक्खदि त्ति** रूप मिलता है (शकु० १३, ६)। सभी प्राकृतों में

ऐसा ही पाया जाता है। अर्धमागधी **इ** के लिए § ९३ देखिए। महाराष्ट्री **इअ, अर्ध-**मागधी और जैनमहाराष्ट्री **इय**, जो वाक्य के आरंभ में आते हैं, उनके संबंध में § ११६ देखिए, अर्धमागधी **इच्च्** के संबंध में § १७४ देखिए। महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में अनुस्वार और ह्रस्व स्वर के बाद **इव** का रूप **व** हो जाता है। दीर्घ स्वरों के बाद स्वरों के ह्रस्व होने और **इव** के रूप बदलने के संबंध में § ९२ देखिए। पद्यों में ह्रस्व स्वर के बाद भी कभी-कभी **व्व** हो जाता है : महाराष्ट्री में **कमलम् इव** का **कमलं व** मिलता है (गउड० ६६८), **उदकस्येव** का **उअअस्स व** रूप आया है (हाल ५३), **पक्षैर् इव** का **पक्खेहि व** हो गया है (हाल २१८), **आलाण स्तंभेषु इव** का **आलाणखंभेसु व** पाया जाता है (रावण० ३, १), किंतु **मधु-मथनेनेव** का **महुमहणेणव्व** पाया जाता है (हाल ४२५), **समुच्छ्वसंतीव** का प्राकृत रूप **समूससंति व्व** मिलता है (हाल ६२५), **दार्व इव** का **दारु व्व** प्रयोग है (हाल १०५)। अर्धमागधी में **पुच्छम् इव** का **पुंछं व** रूप मिलता है (उवास० § ९४)। जैनमहाराष्ट्री में **पुत्रम् इव** का **पुत्तं व** हो गया है (एर्त्से० ४३, ३४), **कनकम् इव** का **कणगं व** मिलता है (कालका० २५८, २३)। शौरसेनी और मागधी में यह रूप नहीं है, इन प्राकृतों में इसके स्थान पर **विअ** रूप चलता है (वररुचि १२, २४)। महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **इव** रूप भी प्रचलित है : महाराष्ट्री में यह रूप गउडवहो में आया है ; अर्धमागधी में **टंकणा इव** (सूय० १९८) पाया जाता है, **मेघम् इव** का **मेहं इव** हो गया है (उवास० § १०२) ; इस संबंध में § ३४५ देखिए ; जैनमहाराष्ट्री में **किंनरो इव** मिलता है (आव० एर्त्से० ८, २८), **तृणम् इव** का **तिणं इव** रूप है, **मन्मथ इव** का **वम्महो इव** आया है (एर्त्से० २४, ३४ ; ८४, २१)। अपभ्रंश **जिवँ** और महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री तथा पैशाची **पिव, विव** और **मिव** के लिए § ३३६ देखिए।

१. इस प्रकार की लेखनपद्धति को बौ ल्लें नसें न अपनी संपादित विक्रमो० पेज १५६ और उसके बाद के पेज में बुरा बताता है जो वास्तव में उचित नहीं है।

§ १३६—शौरसेनी और मागधी में **इदानीम्** प्रत्यय के रूप में काम में लाया जाता है। अधिकतर स्थानों में इसके अर्थ का संकोच **अब, अच्छा** और **तब** में हो जाता है। इन अर्थों में इसका प्राकृत रूप **दाणिम्** चलता है (हेमचन्द्र ४, २७७ ; ३०२)। शौरसेनी में **व्यापृत इदानीम् अहम्** का रूप **वावडो दाणिं अहं** मिलता है (मृच्छ० ४, २४), **जो दाणिं** ·· **सो दाणिं** भी आया है (मृच्छ० ६, ४ ; ८ , १४७, १६ ; १७), **किं खल्व् इदानीम्** का **किं खु दाणिं** हो गया है (मृच्छ० १३, ३), **क इदानीम् सः** का **को दाणिं सो** मिलता है (मृच्छ० २८, ३३), **अनंतरकरणीयम् इदानीम् आज्ञापयत्वार्यः** के लिए **अणंतर-करणीअं दाणिं आणावेदु अज्जो** रूप आया है (हेमचन्द्र ४, २७७ = शकु०२, ५)। मागधी में **आजीविकेदानीम् संवृत्ता** का रूप **आयीविआ दाणिं संवुत्ता** मिलता है (मृच्छ० ३७, ६), **शे दाणिं, के दाणिं** भी मिलता है (मृच्छ० ३७, १९; २५),

एत्थ दाणिं (मृच्छ० १६२, १८) का प्रयोग भी है। **तोषित इदानीम् भर्ता** का **तोशिदे दाणिं भट्टा** बन गया है (शकु० ११८, १)। अन्य प्राकृतों में इस रूप का प्रचलन बहुत कम है : पल्लवदानपत्र में **एत्थ दाणि** मिलता है (५, ७)। महाराष्ट्री में **अन्यां इदानीम् बोधिम्** का **अण्णम् दाणिं बोहिं** रूप पाया जाता है (हेमचन्द्र ४, २७७), **किं दाणि** (हाल ३९०), **तो दाणि** (रावण० ११, १२१) भी प्रयोग में आये हैं। वाक्य के आरम्भ में और जब 'अभी' का अर्थ स्पष्ट बताना होता है तब शौरसेनी और मागधी में भी **इ** बना रहता है[१] : **इदाणिं** (मृच्छ० ५०,४; शकु० १०, २ ; १८, १ ; २५, ३ ; ५६, ९ ; ६७, ६ ; ७७, ६ ; ८७, १ ; १३९, १; विक्रमो० २१, १२ ; २२, १४ ; २४, १ ; २७, ४ आदि-आदि [सर्वत्र यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])। महाराष्ट्री में इस शब्द का प्रयोग कहीं नहीं पाया जाता, वरन् इसमें **इण्हिम्** , **एण्हिम्** , **एत्तहे** काम में आते हैं। ये रूप शौरसेनी और मागधी में नहीं होते। वाक्य के भीतर भी अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और जैनशौरसेनी में **इयाणिं** और **इदाणिम्** का प्रयोग होता है (उदाहरणार्थ : आयार० १, १, ४, ३ ; उवास० § ६६ ; ओव० § ८६ ; ८७ ; आव० एर्त्से० १६, १४ ; ३०, १० ; ४०, ५; पव० ३८४, ६०), छन्द की मात्रा मिलाने के लिए अर्धमागधी में **इयाणि** का प्रयोग भी देखा जाता है (दस० नि० ६५३, ४०)।

१. येनाएर लिटराटूरत्साइटुंग १८७७, पेज १२५ में कापेलर का लेख। कापेलर ने अपने सम्पादित 'रत्नावली' के संस्करण में इस भेद के रूप को भली-भाँति बताया है।

§ १३७—प्रथम और द्वितीयपुरुष वर्तमान काल में **अस्** धातु का आरम्भिक **अ** तब लुप्त हो जाता है जब इनके रूपों का प्रयोग या व्यवहार प्रत्यय रूप से होता है : अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **अस्मि** के लिए **मि** (§ ४९८), महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **म्हि, सि** और मागधी में **स्मि** [पाठ में **म्हि है**] तथा **सि** चलते है। उदाहरणार्थ इस नियम के अनुसार अर्धमागधी में **वंचितो स्मीति** के लिए **वंचियो मि त्ति** पाया जाता है (उत्तर० ११६)। जैनमहाराष्ट्री में **विद्धो मित्ति** आया है (आव० एर्त्से० २८, १४)। महाराष्ट्री में **स्थितास्मि** के स्थान पर **ठिअ म्हि** मिलता है (हाल २३९)। शौरसेनी में **इयम् अस्मि** का **इअं म्हि** हो गया है (मृच्छ० ३, ५ ; शकु० १, ८ ; रत्ना० २९०, २८ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; नागा० २, १६ [यहाँ भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]; पार्वती० १, १८ [यहाँ भी यही पाठ होना चाहिए])। मागधी में **क्रान्तोऽस्मि** का **किलंते स्मि** रूप मिलता है (मृच्छ० १३, १०) ; इस सम्बन्ध में § ८५ और ९६ भी देखिए।—महाराष्ट्री में **अद्यासि** का **अज्ज सि** रूप है (हाल ८६१), **त्वम् असि** का **तं सि** हो गया है (गउड० ; हाल ; रावण०), **दृष्टासि** का **दिट्ठा सि** मिलता है (रावण० ११, १२९) और **मूढो सि** रूप भी पाया जाता है (गउड० ४८७)। जैनमहाराष्ट्री में **का सि** मिलता है और **मुक्तो ऽसि** का **मुक्को सि** (कालका० २६६, २५), **त्वम् असि** का **तं सि** (ऋषभ० १५) हो गया है।

शौरसेनी में **प्रत्यादिष्टोऽसि** का **पच्चादिट्ठो सि** (मृच्छ० ५, ३), **पृष्टासि** का **पुच्छिदा सि** (मृच्छ० २८, २१) रूप मिलता है ; इस प्राकृत में **दाणिं सि** (मृच्छ० ९१, १८), **सरीरं सि** रूप भी काम में आये हैं (मालवि० ३८,५)। मागधी में **श्रान्तो सि क्लान्तो सि** का **शंते शि किलंते शि*** रूप आया है (मृच्छ० १३, ७) और **दर्शासि = दशा शि*** हो गया है (मृच्छ० १७, १)। —**अस्ति=अत्थि** का प्रयोग प्रत्यय के रूप में कभी नहीं होता क्योंकि इसके भीतर **यह है, यह** अर्थ सदा **वर्तमान** है किंतु छिपा रहता है। महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैन-महाराष्ट्री में इसके स्थान पर अन्य क्रियाओं के साथ **होइ** रूप आता है। जैनशौरसेनी में **होदि** रूप है ; शौरसेनी और मागधी में **भोदि** (= **भवति**) काम में आता है† । यह तथ्य लास्सन ने अपने ग्रन्थ इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए के पेज १९३ में पहले ही सूचित कर दिया है। अर्धमागधी **नमो त्थु णं** के संबंध में § १७५ और ४९८ देखिए। महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री **किं थ** के विषय में § १७५ में लिखा गया है। अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी, मागधी तथा ढक्की **णं = नूनं** के विषय में § १५० में लिखा गया है।

§ १३८—**अ** में समाप्त होनेवाले संज्ञा-शब्दों के तृतीया एकवचन का अन्तिम **अ** अपभ्रंश प्राकृत में लुप्त हो जाता है (पिशल के ग्रन्थ में 'लुप्त हो जाता' के लिए 'गिर जाता है' या 'छूट जाता है', आया है। —अनु०)। **अग्निकेन** का **अग्गिएँ**, **वातेन** का **वाएँ** (हेमचन्द्र ४, ३४३, १) ; **एन चिह्नेन** का **एँ चिण्हेँ** रूप मिलता है (विक्रमो० ५८, ११)। **क्रोधेन** का **कोहेँ** (पिंगल १, ७७ अ), **दयितेन** का **दइएँ**‡ (हेमचन्द्र ४, ३३३; ३४२), **दैवेन** का **दइवेँ** (हेमचन्द्र ४, ३३१), **प्रहारेण** का **पहारेँ** (विक्रमो० ६५, ४), ***भ्रमतेन = भ्रमता** का **भमंतेँ** (विक्रमो० ५८, ९; ६९, १ ; ७२, १०), **रूपेण** का **रूएँ** (पिंगल १, ९ अ), **सहजेन** का **सहजेँ** (१, ४ अ) रूप मिलते हैं। **इ** और **उ** में समाप्त होनेवाले संज्ञा-शब्दों के तृतीया (करण कारक) एकवचन में **आ** भी पहले **अ** में परिणत होकर फिर लुप्त हो जाता है, जैसे **अग्निना** का **अग्गिणा** होकर **अग्गिण** रूप बनता है। इसके साथ-साथ **अग्गिं** रूप भी प्रचलित है (हेमचन्द्र ४, ३४३)। **न्** से **म्** (—) हो जाने के विषय में § ३४८ देखिए। अपभ्रंश में संस्कृत **य** प्रत्यय का **इअ** होकर **इअ** के **अ** का लोप हो जाता है : शौरसेनी **दइअ** का अपभ्रंश रूप **दइ** है‡ (§ ५९४)।

§ १३९—**स्त्री** शब्द की संस्कृत रूपावली से प्रमाण मिलता है कि मूल में इस शब्द में दो अलग-अलग अक्षर रहे होंगे। अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, जैनशौरसेनी और शौरसेनी में इस शब्द का रूप **इत्थी** पाया जाता है (हेमचन्द्र २, १३० ; इसके उदाहरण § ९७ और १६० में है)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **इत्थिया** रूप भी

---

* इसके द्वारा बंगला, मैथिली, गुजराती, कुमाउनी आदि भाषाओं में छे, छै, आछि, आछ, छौ, छ आदि रूप आये हैं। —अनु०

† 'भया' आदि रूप इस 'भोदि' तथा इसके रूपों से निकले हैं। —अनु०

‡ इसका प्रचलित रूप कुमाउनी में दै हो गया है। —अनु०

चलता है (दस० ६२८, २ ; द्वार० ५०७, २ ; आव० एर्से० ४८, ४२); शौरसेनी में इत्थिआ रूप है (उदाहरणार्थ : मृच्छ० ४४, १ और २ ; १४८, २३ ; विक्रमो० १६, ९ ; २४, १०, ४५, २१ ; ७२, १८ ; मालवि० ३९, २ ; प्रबंध० १७, ८ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; ३८, ५ ; ३९, ६ आदि-आदि) । अपभ्रंश में भी यही रूप मिलता है (मृच्छ० १४८, २२) । मागधी में स्त्रीका से इस्तिआ रूप आया है (§ ३१०), यही पता चलता है कि इ किसी पुराने स्वर का अवशेष है । यह तथ्य योहानसोन ने टीक ही जान लिया था ।[१] महाराष्ट्री में इत्थी का प्रयोग बहुत कम देखने में आता है और वह भी बाद के नये कवियों में मिलता है (अच्युत० १५ ; प्रताप० २२०, ९ ; साहित्यद० १७८, ३); इत्थिअजण भी मिलता है (शुकसप्तति ८१, ५) । शौरसेनी के लिए वररुचि १२, २२ में इत्थी रूप ठीक ही बताता है[२] । अर्धमागधी में, विशेषतः कविता में, थी रूप भी चलता है (हेमचन्द्र २, १३० ; आयार० १, २, ४, ३ ; उत्तर० ४८२ ; ४८३ ; ४८५), थिया = स्त्रीका भी पाया जाता है (सूय० २२५), किन्तु फिर भी स्वयं पद्य में साधारण प्रचलित रूप इत्थी है । अपभ्रंश में भी थी चलता है (कालका० २६१, ४) ।

१. शहबाजगढ़ी (अशोक का प्रस्तरलेख—अनु०) १,१४९ । किन्तु योहानसोन की व्युत्पत्ति अशुद्ध है। इसकी शुद्ध व्युत्पत्ति बेत्सेनबैर्गर ने नाखिष्टन फ़ॉन डेर कोएनिगलिशन गेज़ेलशाफ्ट डेर विस्सनशाफ्टन त्सु गोएटिंगन १८७८, २७१ और उसके बाद के पेजों में दी है। — २. पिशल द्वारा संपादित हेमचन्द्र का संस्करण २, १३० ; त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शन मौर्गेनलैंडिशन गेज़ेलशाफ्ट २६, ७४५ में एस. गौल्दश्मित्त का लेख और हाल[१] पेज ४५४ में वेबर की टिप्पणी देखिए ।

(ऐं) स्वर-लोप

§ १४०—ध्वनिबलहीन स्वर, विशेषकर अ, शब्द के भीतर होने पर कभी-कभी उड़ा दिये जाते हैं : कलत्र का *कल्त्र होकर कत्त हो जाता है (= धर्मपत्नी : त्रिविक्रम १, ३, १०५ ; इस संबंध में बेत्सेनबैर्गर्स बाइत्रैगे ३, २५१ भी देखिए) । अर्धमागधी में पितृष्वसृका से *पिउस्सिया रूप बन कर पिउसिया हो गया है (हेमचन्द्र १, १३४ ; २, १४२) । महाराष्ट्री में पिउसिआ (मार्कण्डेय पन्ना ४०) और अर्धमागधी में पिउसिया (विवाग० १०५; दस० ६२७, ४०) रूप हैं । अर्धमागधी में माउसिया (हेमचन्द्र १, १३४ ; २, १४२ ; पाइय० २५३ ; विवाग० १०५ [पाठ में मासिया मिलता है, टीका में शुद्ध रूप आया है] ; दस० ६२७, ३९ [पाठ में माउ सिउ त्ति है]) । महाराष्ट्री में माउस्सिआ (मार्क० पन्ना ४० ; हस्तलिखित लिपि में माउस्सा आ पाठ है), यह रूप मातृष्वसृका से निकला है । महाराष्ट्री पिउच्छा, माउच्छा (हेमचन्द्र १, १३४ ; २, १४२ ; मार्कण्डेय पन्ना ४०; पाइय० २५३; हाल), अर्धमागधी पिउच्छा (नायाध० १२९९; १३०० ; १३४८), शौरसेनी में मादुच्छआ, मादुच्छिआ (कर्पूर० ३२, ६ और ८)

§ २११ के अनुसार इस तथ्य की सूचना देते हैं कि **ष** का **छ** हो गया है। **पितृष्वसा** से **पुप्फा** और **पुप्फिआ** कैसे बने इसका कारण अस्पष्ट है (देशी० ६, ५२ ; पाइय० २५३)। ब्यूलर ने त्सा० डौ० मौ० गे० ४३, १४६ में और अर्नेस्ट कून ने कून्स त्साइट-श्रिफ्ट ३३, ४७८ और उसके बाद के पेज में यह कारण बताने का प्रयास किया है, किंतु **इ** का लोप हो जाने का कहीं कोई उदाहरण देखने में नहीं आता। **पूगफल** का महाराष्ट्री में ***पूग्फल** फिर ***पुप्फल** होकर **पोप्फल** हो गया है (§ १२५ ; १२७ ; हेमचन्द्र १, १७० ; कर्पूर० ९५, १), इसके साथ अर्धमागधी में **पूयफल** (सूय० २५०), महाराष्ट्री और शौरसेनी में **पूगफली** से निकला रूप **पोप्फली** (हेमचन्द्र १, १७० ; शुकसप्तति १२३, ९ ; विद्ध० ७५, २ [पाठ में **पोफल्लि** है]) मिलते हैं। अर्धमागधी में **स्तनखपद** का **सणप्फय** रूप पाया जाता है (सूय० २८८ ; ८२२ ; ठाणंग० ३२२ ; पण्णव० ४९ ; पण्हा० ४२ ; उत्तर० १०७५)[१]। इस प्राकृत में **सुरभि** का **सुब्भि** रूप मिलता है (आयार० १, ६, २, ४ ; १, ८, २, ९ ; २, १, ९, ४ ; २, ४, २, १८ ; सूय० ४०९ ; ५९० ; ठाणंग० २० , सम० ६४ ; पण्णव० ८, १० और इसके बाद के पेज ; पण्हा० ५१८ ; ५३८ ; विवाह० २९ ; ५३२ ; ५४४ ; उत्तर० १०२१ ; १०२४), इसकी नकल पर **दुब्भि** शब्द बना दिया गया है और बहुधा **सुब्भि** के साथ ही प्रयुक्त होता है। विवाहपन्नत्ति २९ में **सुब्भि दुरभि** का प्रयोग हुआ है और आयार० १, ५, ६, ४ में **सुरभि दुरभि** एक के बाद एक साथ-साथ मिलते हैं। **खलु** के प्राकृत रूप **खु** और **हु** में (§ ९४), जो ***ख्लु** से निकले हैं, **अ** इसलिए उड़ गया है कि **खलु** का प्रयोग प्रत्यय रूप में होता है। अर्धमागधी रूप **उप्पिं** (उदाहरणार्थ : ठाणंग० १७९; ४९२; विवाग० ११७ ; ११६ ; २२६ ; २२७ ; २३५ ; २५३ ; विवाह० १०४ ; १९९ ; २३३ ; २५० ; ४१० ; ४१४ ; ७९७ ; ८४६ ; जीवा० ४३०; ४८३ आदि आदि) से पता लगता है कि इसके मूल संस्कृत शब्द का ध्वनिबल पहले ***उंपरि** या ***उपरिं** रहा होगा ; और महाराष्ट्री, अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री **उवरिं**, **उंपरि** से निकला है। महाराष्ट्री, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **उवरि** भी चलता है, मागधी में **उवलि** और महाराष्ट्री में **अवरिं** का भी चलन है (§ १२३)।—जैनमहाराष्ट्री **भाउज्जा** में, जो **भ्रातृजाया** से निकला है, **आ** उड गया है (देशी० ६, १०३ ; आव० एर्त्सें० २७, १८ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])। महाराष्ट्री और शौरसेनी **मज्झण्ण** में, जो **मध्यंदिन** से निकला है, **इ** का लोप हो गया है (वररुचि ३, ७ ; हेमचन्द्र २, ८४ ; क्रम० २, ५४ ; मार्कण्डेय पन्ना २१ ; हाल ८३९ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; मालवि० २७, १८ ; नागा० १८, २ ; मल्लिका० ६७, ७ ; जीवा० ४२, २० [इसके साथ ४६, १० और १७ में **मज्झण्ह** से भी तुलना कीजिए], मागधी **मय्यहण्ण** [पाठों में **मज्झण्ण** है] ; मृच्छ० ११६, ६ ; मुद्रा० १७५, ३), **मय्यह्णिका** रूप भी मिलता है (मृच्छ० ११७, १४)। शौरसेनी में **मज्झंदिन** रूप है (शकु० २९, ४)। प्राकृत व्याकरणकार **मज्झण्ण** की व्युत्पत्ति **मध्याह्न** से बताते हैं और यूरोपियन विद्वान उनका अनुसरण करते हैं।

ब्लौख़[1] ने यह रूप अशुद्ध बताया है, पर उसके इस मत का खण्डन वाकरनागल[1] ने किया है किन्तु वह स्वयं भ्रम में पड़कर लिखता है कि इस शब्द में से ह उड़ जाने का कारण यह है कि प्राकृत भाषाओं में जब दो ह-युक्त व्यंजन किसी संस्कृत शब्द में पास-पास रहते हैं तो उनके उच्चारण की ओर अप्रवृत्ति-सी रहती है। इस अप्रवृत्ति का प्राकृत में कहीं पता नहीं मिलता (§ २१४)।—अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **इषुशास्त्र** का **ईसत्थ** रूप मिलता है जिसमें से उ उड़ गया है (सम० १३१; पण्हा० ३२२ [पाठ में **इसत्थ** है]; ओव० § १०७; एर्त्से० ६७, १ और २)[२]। अर्धमागधी में **षडुलूक** के लिए **छल्लुय** शब्द आया है (ठाणंग० ४७२; कप्प० § ६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])। इसमें § ८० के अनुसार **उलूक** का **ऊ** ह्रस्व हो गया है। जैनमहाराष्ट्री **धीया** और शौरसेनी तथा मागधी **धीदा एक ही हैं** (वररुचि ४, ३ में प्राकृतमंजरी का उद्धरण है—**धीदा तु दुहिता मता**)। यह अधिकतर **दासी** से संयुक्त पाया जाता है। जैनमहाराष्ट्री में **दासीएधीया** मिलता है, शौरसेनी में **दासीएधीदा** और मागधी में **दाशीएधीदा** पाया जाता है (§ ३९२)। इस शब्द की व्युत्पत्ति **दुहिता**[३] के स्थान पर ***दुहीता** से हुई होगी। महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी **सुण्हा** (हेमचन्द्र १, २६१; हाल; आयार० १, २, १, १; २, २, १, १२; सूय० ७८७; अन्त० ५५; जीवा० ३५५; नायाध० ६२८; ६३१; ६३३; ६३४; ६४७; ६६०; ८२०; ११९०; विवाग० १०५; विवाह० ६०२; आव० एर्त्से० २२,४२; बाल० १६८,५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), महाराष्ट्री **सोण्हा** रूप में जिसमें § १२५ के अनुसार **उ** का **ओ** हो गया है, (वररुचि २, ४७; क्रम० २, ९१; मार्कण्डेय पन्ना ३९; हाल), कालेयकुतूहलम् १४; ७ में शौरसेनी में भी [पाठ में **सोहणा** मिलता है] यह शब्द आया है। ये संस्कृत **स्नुषा** के रूप हैं और पैशाची **सुनुसा** (§ १३९) तथा ***सुणुहा** (§ २६३)[१] से निकले हैं। यही नियम अर्धमागधी **सुण्हस** के लिए भी लागू है, जो ***स्नुषात्व** से निकला है (विवाह० १०४६), इसके साथ अर्धमागधी **ण्हुसा*** रूप भी चलता है (सूय० ३७७)। शौरसेनी में **सुसा** रूप हो गया है (हेमचन्द्र १, २६१; बाल० १७६, १५ [इसमें दिया गया रूप क्या ठीक है ?])। **उदूखल** से निकले **ओहल** और **ओक्खल** में **ऊ** उड़ गया है और अर्धमागधी रूप **उक्खल** है (§ ६६)। इससे ज्ञात होता है कि इसका ध्वनिबल का रूप **उर्लूखल*** न रहा होगा। **एत्तो, अण्णो** के सम्बन्ध में § १९७ देखिए।

१. पाठों में बहुधा यह शब्द अशुद्ध लिखा गया है। कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५७३ में ठीक ध्यान न रहने से इस शब्द को मैंने अव्ययीभाव बताया है। याकोबी उक्त पत्रिका ३५, ५७१ में ठीक ही इस भूल की निन्दा करता है, किन्तु वह यह बताना भूल गया है कि यह समास बहुव्रीहि है। ऐसा न करने से इसका अर्थ खुलता नहीं और जैसे का तैसा रह जाता है। — २. वररुचि और हेमचन्द्र पेज ११ और उसके बाद का पेज। — ३. कून्स त्साइटश्रिफ्ट

* इस ण्हुसा का एक रूप नू पंजाबी में वर्तमान है। —अनु०

३३, ५७५ और उसके बाद का पेज ; आल्टइण्डिशे ग्रामाटीक § १०५ का नोट ; § १०८ का नोट। — ४. लौयमान द्वारा सम्पादित औपपातिक सूत्र तथा याकोबी द्वारा सम्पादित 'औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन इन महाराष्ट्री' में इषुवक्र रूप देकर इसकी व्युत्पत्ति स्पष्ट की गयी है। किन्तु यह शब्दसामग्री और भाषाशास्त्र के नियम के अनुसार असम्भव है। पण्हावागरणाइं ३२२ में इसका शुद्ध रूप अभयदेव ने रखा है, अर्थात् यह = इषुशास्त्र। इस सम्बन्ध में § ११७ भी देखिए। — ५. डे प्राकृत डियालेक्टो पेज ६१ में होएफर और त्सा. डे. डौ. मौ. गे. ५०, ६९३ में इन शब्द की व्युत्पत्ति धै धातु से बने धीता शब्द से बताते हैं, मालविकाग्निमित्र पेज १७२ में अन्य लेखकों के साथ बौँल्लें नसेन भी दुहिदा = दुहिता बताता है, इससे धीता की ई का कोई कारण नहीं खुलता। — ६. याकोबी के 'औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन इन महाराष्ट्री' की भूमिका के पेज ३२ की नोट संख्या ३ में बताया गया है कि ण्हुसा से वर्णविपर्यय होकर सुण्हा रूप हो गया है, जो अशुद्ध है। अर्धमागधी से प्रमाण मिलता है कि ण्हुसा बोलने में कोई कष्ट नहीं होता होगा जिससे यह शब्द भाषा से उड़ गया हो। इस सम्बन्ध में कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३३, ४७२ की तुलना कीजिए। क्रमदीश्वर २, ९१ में सोॅण्हा और णोहा दिया गया है। — ७. त्सा. डे. डौ. मौ. गे. ४७, ५८२ में याकोबी का मत अशुद्ध है ; कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५७३ और उसके बाद के पेज में पिशल का मत।

(ओ) वर्णों का लोप और विकृति (अवपतन)

§ १४१— महाराष्ट्री और अपभ्रंश अत्थमण में य उड़ गया है क्योंकि यह **अस्तमयन** से निकला है (हाल ; हेमचन्द्र ४, ४४४, २)। संस्कृत में यह शब्द **अस्तमन** रूप में ले लिया गया है। अर्धमागधी **णिम्म = नियम** (पिंगल १, १०४; १४३)। इसमें § १९४ के अनुसार **म** का द्वित्व हो गया है। **णिसाणी, णिसाणिआ** (= सीढ़ी : देशी० ४, ४३) = **निःश्रयणी, निःश्रयणिका** है। इसके साथ अर्धमागधी में **निस्सेणी*** रूप भी चलता है (आयार० २, १, ७, १, २, २, १, ६)। —अड शब्द में व का लोप हो गया है। यह शब्द **अवट** का प्राकृत रूप है (हेमचन्द्र १, २७१; पाइय० १३०)। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **एवम्** का **एम्** रूप मिलता है। **एवम् एते** का अर्धमागधी में **एम् एए** रूप है (ठाणंग० ५७६ ; ५७९ ; दस० ६१३, ९), जैनमहाराष्ट्री में **एवमादि** का **एमाइ** मिलता है (एर्त्से०, सगर ८, १२), महाराष्ट्री में इसका रूप **एमेअ** हो जाता है (गउड० ; हाल), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **एमेव** मिलता है (हेमचन्द्र १, २७१ ; पाइय० १६६ [यहाँ पाठ में **एमेय** है] ; आयार० २, १, ६, ४ ; ७, ५ : २, ५, १, ११ ; उत्तर० ४४२ ; ६३३ ; ८०४ ; दस० नि० ६४६, ९ ; ६५०, २८ ; ६५२, २१ ; ६६०, २९ ; ६६२, ४३ ; आव० एर्त्से० १९, ३७)। जैनमहाराष्ट्री के **एवड्ड** और **एवड्डग**

* हिन्दी में निसेनी और निसैनी इस अर्धमागधी रूप से आये हैं। —अनु०

(= इतना बड़ा : आव० एर्त्से० ४५, ६ और ७), अर्धमागधी का **एमहालय** और स्त्रीलिंग का रूप **एमहालिया** (विवाह० ४१२ ; ४१५ [स्त्रीलिंग रूप] ; १०४१ ; उवास० § ८४), **एमहिड्डिया** (विवाह० २१४), **एसुहुम** (विवाह० ११९१ और उसके बाद ; ओव० § १४०) होएर्नले[1] के नियम **ए = एवम्** से सिद्ध नहीं होते, बल्कि वेबर[2] के **इयत्** तथा इससे भी ठीक रूप ***अयत्** से निकले हैं। यही आधार अर्धमागधी रूप **एवइय** (विवाह० २१२ ; २१४ ; ११०३ ; कप्प०), **एवइखुत्तो** (कप्प०) और इनके समान **केमहालिया** (पण्णव० ५९९ और उसके बाद ; जीवा० १८, ६५ ; अणुओग० ४०१ और उसके बाद के पेज ; विवाह० ४१५), **केमहिड्डिय, केमहज्जुईय, केमहाबल, केमहायस, केमहासोक्ख, केमहाणुभाग** (विवाह० २११), **केमहेसक्ख** (विवाह० ८८७), **केवइय** (आयार० २, ३, २, १७ ; विवाह० १७ ; २६ ; २०९ ; २११ ; २३९ ; २४२ ; ७३४ ; ७३८ ; १०७६ और इसके बाद), **केवचिरं** (विवाह० १८० ; १०५० ; पण्णव० ५४५ और इसके बाद), **केवच्चिरं** (जीवा० १०८ ; १२८ और इसके बाद), महाराष्ट्री **केॅच्चिर, केॅच्चिरं** (रावण० ३, ३०; ३३)[3], शौरसेनी **केच्चिरं** (माल्ती० २२५, २ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; २७८, ८ ; विद्ध० १८, ११ ; ६१, ८ ; कालेय० ९, २२), **केच्चिरेण** (मालती० २७६, ६) प्रमाणित करते हैं। वेबर ने पहले ही इन रूपों से वैदिक **इवत्** की तुलना की है। इसी प्रकार **केव-** की तुलना में वैदिक **कीवत्** है। इस सम्बन्ध में § १५३ ; २६१ और ४३४ की तुलना कीजिए। **कलेर** (= पसलियाँ : देशी० २, ५३ ; त्रिविक्रम १, ३, १०५) में भी **व** का लोप हो गया है। यह **कलेवर = कलेवर** से निकला है।[4] **दुर्गादेवी** से बना रूप **दुग्गावी** अपने ढंग का एक ही उदाहरण है।

१. उवासगदसाओ एमहालय। — २. भगवती १, ४२२। — ३. एस गौल्दश्मित्त लिखित प्राकृतिका पेज २३ नोट १। — ४. बेत्सेनबैर्गेर बाइत्रैगे ६, ९५ में पिशल का लेख।

§ १४२—अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, ढक्की और आवन्ती में प्रारम्भिक अक्षर की विच्युति **नूनम्** से निकले **णं** में स्पष्ट है (हेमचन्द्र ४, २८३ ; ३०२; उदाहरणार्थ : आयार० १, ६, ३, १ ; १, ७, १, ५, ३, १ ; ४, १ और २ ; ६, १ और ३ ; आदि-आदि ; ओव० § २ और उसके बाद ; उवास० ; नायाध० ; निरया० ; कप्प० ; आव० एर्त्से० १५, ३ ; १६, १७ ; १७, १२ ; एर्त्से० ; कालका० ; मृच्छ० ४, १२ ; १७, २२ ; २३, १० ; शकु० ३, ४ ; २७, ५ ; ३७, ७ ; मागधी : मृच्छ० १२, १६ ; २२, ५ ; ३१, २ ; ८१, १५ ; ढक्की : मृच्छ० ३२, २३ ; आवंती : मृच्छ० १०३, १० और १३)। इस शब्द की व्युत्पत्ति **ननु**[1] से बताना, जैसा हेमचन्द्र ने ४, २८३ में किया है, ध्वनिबल के कारण खंडित हो जाता है क्योंकि **णं** शौरसेनी, मागधी और ढक्की में वाक्य के आरम्भ में भी आता है, जिसका अर्थ यह हुआ कि यह शब्द सदा ही पादपूरक अव्यय न था। किन्तु अर्धमागधी **णं** को, वेबर के मत के अनुसार, किसी सर्वनाम जाति **न** का अवशेष मानना और

नाटकों के **णं** से अलग समझना असम्भव है क्योंकि सर्वत्र इसका प्रयोग समान ही है। अर्धमागधी में कभी-कभी **नूणं** का प्रयोग ठीक **णं** के अर्थ में ही होता है, उदाहरणार्थ **से नूणं** (उवास० § ११८ ; १७३ ; १९२), **से णं** (आयार० २, ३, १, १७ और उसके बाद का) जैसा ही है। इसके साथ **नूणं** वाक्य के आरम्भ में भी आता है, उदाहरणार्थ, जैनमहाराष्ट्री : **नूणं गहेण गहिय त्ति तेण तीए ममं दिन्ना*** (आव० एर्से० १२, २८) ; शौरसेनी : **णूणं पस्स दे अन्तगदो मणोरधो** (शकु० १४, ११), मागधी : **णूणं...तक्केमि** (मृच्छ० १४१, १) देखिए। इसका वही प्रयोग है जो शौरसेनी और मागधी में **णं** का होता है। अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **णं** नित्य ही मूर्धन्य **ण** से लिखा जाता है (§ २२४)। इससे प्रमाण मिलता है कि आरम्भ में यह **ण** शब्द के भीतर रहा होगा। इसका कारण सम्भवतः इसका वाक्यपूरक अव्यय होना भी हो।—महाराष्ट्री **ढिल्ल**† = शिथिल (§ ११४ ; कर्पूर० ८, ५ ; ७०, ८) जैसा भारत की वर्तमान भाषाओं[1] में (ढीला आदि) चलता है, साथ-साथ दूसरे प्राकृत रूप **सढिल, सिढिल** भी चलते हैं (§ ११५)। इसके समान ही **ढेंल्ल** शब्द भी है (= निर्धन : देशी० ४, १६) जिसमें § ११९ के अनुसार **इ** के स्थानपर **एं** हो गया है।—**ओव** में अंतिम अक्षर की विच्युति है (= हाथी पकड़ने का गड्ढा : देशी० १, १४९)। यह ***अवपत** का प्राकृत रूप है। अर्धमागधी **ओया** (आयार० २, १, ५, ४) और **ओआअ** (देशी० १, १६६) = **अवपात** है ; **किसलय** से **किसल** बना है, उसका **य** भी लुप्त हो गया है (हेमचन्द्र १, २६९) ; **पिसल्ल** की भी इससे तुलना कीजिए (§ २३२)। **जेव = एव** के लिए महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री में **जे** और अपभ्रंश में **जि** का प्रयोग प्रचलित है (§ ३३६)। **दाव= तावत्** के लिए महाराष्ट्री में **दा** काम में आता है ; **या दा** (रावण० ३, १० और २७) में इसका प्रयोग हुआ है (§ १८५)। मागधी **घडुक्क** में भी अंतिम वर्ण उड़ गया है। यह **घटोत्कच** का प्राकृत रूप है (मृच्छ० २९, २०)। **सहिय=सहृदय** में विच्युति नहीं मानी जानी चाहिए (हेमचन्द्र १, २६९)। यह शब्द मूल संस्कृत में ***सहृद** है जो अ में समाप्त होनेवाले संज्ञाशब्दों में नियमित रूप से मिल गया है। इसी प्रकार **हिअ** (मार्कण्डेय पन्ना ३३) अर्धमागधी **हिय** (आयार० १, १, २, ५) = **हृद** है। मागधी रूप **हडक्क** (§ १९४) = ***हृदक** है।

१. लास्सन कृत इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए पेज १७३ ; बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकुन्तला ४, ४ पेज १४९ आदि। —२. भगवती १, ४२२ और उसके बाद के पेज। —३. हेमचन्द्र १, ८९ पर पिशल की टीका।

(औ) संप्रसारण

§ १४३—प्राकृत में सम्प्रसारण ठीक उन्हीं अवसरों पर होता है जिन पर संस्कृत में; ध्वनिबलहीन अक्षर में **य** का **इ** और **व** का **उ** हो जाता है : **यज्** धातु से **इष्टि** बना ;

* हिन्दी **दीना=दिया** का प्राकृत रूप। —अनु०

† ढीला का प्राकृत रूप। —अनु०

शौरसेनी में इसका रूप **इट्ठि है** (शकु० ७०, ६)। **वप्** से **उत्त** बना, महाराष्ट्री में इसका रूप **उत्त है** (गउड०)। **स्वप्** से **सुत्त** निकला, इसका महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **सुत्त** रूप है (हाल ; कप्प० ; एर्से०)। प्राकृत में किन्तु कई ऐसे शब्दों में ध्वनि का यह परिवर्तन दिखाई देता है जिनमें संस्कृत में **य** और **व** बने रहते हैं : **य** की ध्वनि **इ** कर देनेवाले कुछ शब्द ये है : **अभ्यन्तर** का अर्धमागधी में **अब्भिंतर** रूप है (नायाध० ; ओव० ; कप्प०)। **तिर्यक्** शब्द कभी किसी स्थानविशेष में ***तिर्यक्ष** बोला जाता होगा, उससे अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **तिरिक्ख** हो गया है (ठाणंग० १२१ ; ३३६ ; सूर्य० २९८ ; भग० ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्से०)। महाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश मे इसका रूप **तिरिच्छि*** हो जाता है (हेमचन्द्र २, १४३ ; ४, २९५ ; कर्पूर० ३७, ५ ; मल्लिका० ७४, २ [पाठ में **तिरच्छ** है] ; हेमचन्द्र ४, ४१४, ३ और ४२०, ३) ; मागधी मे **तिलिश्चि** (हेमचन्द्र ४, २९५ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]); शौरसेनी में **तिरिच्छ*** रूप (बाल० ६८, १४, ७६, ११; २४६, ९ ; विद्ध० ३४, १० ; १२४, ३) है; अर्धमागधी मे **वितिरिच्छ** पाया जाता है (विवाह० २५३)। अर्धमागधी मे **प्रत्यनीक** का **पडिनीय** पाया जाता है (ओव० § ११७) ; **व्यजन** का **विअण** रूप है (वररुचि १, ३ ; हेमचन्द्र १, ४६ ; क्रम० १, २ ; मार्कण्डेय पन्ना ५)। महाराष्ट्री में **व्यलीक** का **विलिअ** (हेमचन्द्र १, ४६ ; हाल) पाया जाता है। महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे भविष्यकालवाचक शब्द, जैसे **काहिमि**, जो ***कर्ष्यॉमि** से निकला है और **दाहिमि**, जो ***दास्यॉमि** से बना है और **इहिसि-**, **इहिइ-**, जो शब्द के अन्त में जुड़ते हैं, इस शीर्षक के भीतर ही आते हैं (§ ५२० और उसके बाद)। **बाहिं** के सम्बन्ध मे § १८१ देखिए। अर्धमागधी मे कभी-कभी गौण **य**, जो किसी दूसरे व्यंजन के स्थान पर बैठा हुआ हो, **इ** बन गया है : **आचार्य** के लिए **आइरिय** और **आयरिय** रूप आते है (§ ८१ और १३४)। **राजन्य** का **रायण्ण** रूप होकर **राइण्ण** हो गया है (ठाणंग० १२०, सम० २३२; विवाह० ८०० ; ओव० ; कप्प०)।[1] **व्यतिक्रान्त** = अर्धमागधी **वीइक्कंत** में **य** का **इ** हो गया है (आयार० २, १५, २, २५ [पाठ में **विइक्कंत** है] ; नायाध० ; कप्प० [इसमें **विइक्कंत** भी मिलता है] ; उवास० [इसमें **वइक्कंत है**])। **व्यतिव्रजमाण** का **वीईवयमाण** हो गया है (नायाध० ; कप्प०) ; ***व्यतिव्रजित्वा** का **वीईवइत्ता** रूप मिलता है (ओव०)।[2] **स्त्यान** = **थीणा** और **ठीणा** में **या** के स्थान पर **ई** हो गया है (हेमचन्द्र १, ७४ ; २, ३३ और ९९), इसके साथ-साथ **ठिण्ण** रूप भी मिलता है। महाराष्ट्री मे **ठिण्णअ** रूप है (रावण०)।

१. कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५७० में यह अधिक शुद्ध है; याकोबी ने कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७३ में अशुद्ध लिखा है। जैन हस्तलिखित प्रतियों में बहुधा **य** और **इ** आपस में बदल जाते हैं, यहाँ इस प्रकार का हेरफेर नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि यह शब्द सदा **इ** से लिखा जाता है और आइ-

* ये तिरछी, तिरछा के आदि-प्राकृत रूप हैं। —अनु०

रिय शब्द के विषय में प्राकृत व्याकरणकारों ने स्पष्ट रूप से बताया है कि इसमें इ आ गया है। — २. इससे यह भास होता है कि निश्चित रूप से हमें वी लिखना चाहिए न कि वि या व। दूसरी ई का दीर्घत्व § ७० के अनुसार है।

§ १४४—**व** का **उ** हो जाता है और संयुक्त व्यंजन से पहले **ओ** भी हो जाता है (§ १२५): अर्धमागधी में **अश्वत्थ** के **अंसोॅत्थ, अस्सोॅत्थ** और **आसोॅत्थ** रूप मिलते हैं (§ ७४); **गवयं** = **गउअ** होता है और स्त्रीलिंग में **गउआ** होता है (हेमचन्द्र १, ५४ और १५८; २, १७४; ३, ३५)। अपभ्रंश में **यावत्** का **जाउँ** और **तावत्** का **ताउँ** (हेमचन्द्र ४, ४०६ और ४२३, ३ ; ४२६, १ [यहाँ **जाउँ** पढ़िए])। महाराष्ट्री और अपभ्रंश में **त्वरित** का **तुरिअ** पाया जाता है (वररुचि ८, ५; हेमचन्द्र ४, १७२; गउड०; हाल; रावण०; पिंगल १, ५) ; अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **तुरिय** रूप मिलता है (पाइय० १७३; विवाह० ९४९; नायाध०; ओव०; कप्प०), शौरसेनी में इसका रूप **तुरिद** होता है (मृच्छ० ४०, २४; ४१, १२; १७०, ४; रत्ना० २९७, १२; वेणी० २२, २०; मालती० २८४, ११; २८९,६ आदि-आदि), मागधी रूप **तुलिद** मिलता है (मृच्छ० ११, २१; ९६, १८; ९७, १; ९८, १ और २; ११७, १५; १३३, ११; १७१, २; चंड० ४३, ८), अपभ्रंश, दाक्षिणात्या और आवंती में **तुरिअ** रूप प्रचलित है (विक्रमो० ५८, ४; मृच्छ० ९९,२४; १००, ३ और ११)। **विष्वक्** का **वीसुं** रूप मिलता है (हेमचन्द्र १, २४; ४३; ५२) ; **स्वपिति** से ***स्वपति** रूप बना होगा जिससे **सुअइ, सुवइ** रूप बन गये ; जैनमहाराष्ट्री में **सुयइ** रूप मिलता है। जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **सुवामि** रूप है और अपभ्रंश में **सुअहि** पाया जाता है (§ ४९७)। अर्धमागधी में **स्वप्न** का **सुविण***, **सुमिण** हो गया है, अपभ्रंश में **सुइण*** रूप है (§ १७७)। वास्तव में ये रूप **सुअइ, सुवइ** आदि क्रियाओं पर आधारित हैं। महाराष्ट्री और शौरसेनी में **स्वस्ति** का **सोॅत्थि** रूप मिलता है (क्रम० २, १४८ ; हाल ; मृच्छ० ६, २३ ; २५, ४ ; ५४, ११ और १९ ; ७३, १८; विक्रमो० १५, १६; २९, १; ४८, ५ आदि आदि), **स्वस्तिवाचन** का **सोॅत्थिवाअण** (विक्रमो० ४३, १४ ; ४४, १३), **सोत्थिवाअणअ** (विक्रमो० २६, १५) हो गया है, अर्धमागधी में **स्वस्तिक** का **सोॅत्थिय** रूप काम में आता है (पण्हा० २८३ और २८६; ओव०)। **शौवनिक** (=कुत्ते का रखवाला : सूय० ७१४; किंतु इसी ग्रंथ के ७२१ में **सोवणिय** शब्द मिलता है), अर्धमागधी में **सोउणिय** मिलता है। गौण **व**, जो प्राकृत भाषा में ही आविर्भूत हुआ हो, कभी-कभी **उप** प्रत्यय में **उ** हो जाता है (§ १५५), इसके अतिरिक्त अपभ्रंश में **नाम** का ***णावम्** रूप बन कर **णाउँ** हो जाता है (हेमचन्द्र ४; ४२६, १)। कभी-कभी गौण **उ** भी **व** में बदल जाता है, जैसे **सुवइ** का **सोवइ** ; जैनमहाराष्ट्री में **सोवेॅति, सोउं** रूप मिलते हैं, अपभ्रंश में **सोएवा, सोवण** ; अर्धमागधी में **ओसोवणी,**

* कुमाउनी बोली में स्वप्न को स्वीण कहते हैं। —अनु०

सोवणी रूप हैं। इन सब का आधार **स्वप्** धातु है (§ ७८ और ४९७); इस प्राकृत में **श्वपाक** का **सोवाग** और **श्वपाकी** का **सोवागी** रूप हैं (§ ७८) और **उ** से आविर्भूत **ओ** भी दीर्घ हो जाता है, जैसे महाराष्ट्री मे **स्वर्णकार = सोणार** (§ ६६)। पल्लवदानपत्र, महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में जहाँ **करके** बताना होता है वहाँ **वा** का **ऊ** हो जाता है : वैदिक -**त्वानम्** इन प्राकृत भाषाओं में-**तूणं**, पैशाची में **तूनं**, महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे-**ऊणं**,-**तूण**, पैशाची मे-**तून**, जैनशौरसेनी मे-**दूण**, महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे -**ऊण** रूपों मे पाया जाता है। पल्लवदानपत्र मे **कातूणं** पाया जाता है, पैशाची मे **कातूनं**, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **काऊणं**, जैनशौरसेनी मे **कादूण**, महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **काऊण** रूप मिलते है ; ये सब ***कर्त्वानम्** और ***कर्त्वान** के नाना प्राकृत रूप है (§ ५८४ और उसके बाद)। **दो** और **दु** के विषय मे जो संस्कृत **द्वि** के रूप समझे जाते है, § ४३५ देखिए।

§ १४५—सप्रसारण के नियम के अधीन **अय** का **ए** और **अव** का **ओ** मे बदलना भी है। इस प्रकार दसवे गण की प्रेरणार्थक क्रियाओं और इसी प्रकार से बनी संज्ञाओं मे **अय** का **ए** हो जाता है, जैसे पल्लवदानपत्र मे **अनुप्रस्थापयति** का **अणुवट्ठावेति** रूप आया है, अर्धमागधी मे **ठावेइ** रूप पाया जाता है और महाराष्ट्री, अर्धमागधी तथा जैनमहाराष्ट्री में **ठवेइ** रूप **स्थापयति** के लिए आते है (§ ५५१ और उसके बाद का §)। **कथयति** के लिए महाराष्ट्री और अर्धमागधी में **कहेइ** और मागधी मे **कधेदि** हो जाता है। **कथयतु** का शौरसेनी मे **कधेदु** रूप है (§ ४९०)। **शीतलयति** का शौरसेनी मे **सीदलावेदि** रूप है (§ ५५९)। निम्नलिखित उदाहरणो मे भी यही नियम लागू है : **नयति** का महाराष्ट्री रूप **णेइ** और जैनमहाराष्ट्री **नेइ** होता है। शौरसेनी में **नयतु** का **णेदु** रूप है (§ ४७४)। ***दयति** का महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री मे **देइ** तथा शौरसेनी मे **देदि** होता है। मागधी मे ***दयत** का **देध** होता है (§ ४७४)। **त्रयोदश = *त्रयदश** का अर्धमागधी में **तेरस** और अपभ्रंश मे **तेरह** हो जाता है (§ ४४३)। **त्रयोविंशति=*त्रयविंशति** का अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **तेवीसम्** और अपभ्रश मे **तेइस** होता है। **त्रयस्त्रिंशत** के अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री मे **तेँत्तीसं** और **तित्तीसं** रूप होते है (§ ४४५)। **निःश्रयणी** का अर्धमागधी मे **निस्सेणी** बन जाता है (§ १४९)।—**लयन** का अर्धमागधी मे **लेण** हो जाता है (सूय० ६५८; ठाणंग० ४९० ; ५१५; पण्हा० ३२ ; १७८ ; ४१९ ; विवाह० ३६१ और उसके बाद का पेज ; ११२३ ; ११९३ ; ओव०; कप्प०)।—महाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रश **पेँत्तिअ** (हेमचन्द्र २, १५७ ; गउड० ; हाल ; मृच्छ० ४१, १९ ; ६०, १२ ; ७७, १० और २४ ; विक्रमो० ४५, ४ ; मालवि० २६, १० ; मालती० ८२, ९ ; उत्तर० १८, २ ; ६६, १ ; ७२, ६ ; हेमचन्द्र ४, ३४२, २), जैनमहाराष्ट्री **एँत्तिय** (आव० एर्त्से० १८, ६ ; एर्त्से०), शौरसेनी और मागधी **एँत्तिक** (शकु० २९, ९ ; ५९, ३ ; ७०, १० ; ७१, १४; ७६, ६ ; विक्रमो० २५, ७ ; ४६, ८ ; ८४,९ ; मागधी : मृच्छ० १२५,२४ ; १६५,

१४ ; शकु० ११४, ११), **इत्तिय*** (हेमचन्द्र २, १५६) न तो लास्सन[1] के बताये ***अति** और न ही एस० गौल्दश्मित्त[2] की सम्मति के अनुसार हेमचन्द्र से सम्बन्धित सीधे **इयत्** से निकले हैं ; बल्कि ये एक ***अयत्** की सूचना देते हैं जो ***अयत्तिय** की स्वरभक्ति के साथ ***अयत्त** से निकला होगा। इससे मिलते जुलते संस्कृत रूप **इहत्य, क्वत्य** और **तत्रत्य** हैं। इसी प्रकार का शब्द महाराष्ट्री, शौरसेनी और अपभ्रंश **कें त्तिअ** और (हेमचन्द्र २, १५७ ; हाल ; मृच्छ० ७२, ६ ; ८८, २० ; विक्रमो० ३०, ८ ; हेमचन्द्र० ४, ३८३, १) जैनमहाराष्ट्री **कें त्तिय** (एर्से०) है जो **कय-**जाति का है और =***कयत्य** तथा ***कयत्तिय** है। अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी संधियुक्त शब्दों के आरम्भ के **ए-**और **के-**इस नियम के अनुसार सिद्ध होते हैं (§ १४९)। इस नियम से सिद्ध शब्दों की नकल पर बने शब्द ये हैं : महाराष्ट्री **जें त्तिअ** (हेमचन्द्र २,१५७; गउड०; हाल०; रावण०), मागधी **यें त्तिक** और **यें त्तिअ** (मृच्छ० १३२, १३ ; १३९, ११), **जित्तिअ** (हेमचन्द्र २,१५६), महाराष्ट्री, मागधी और अपभ्रंश **तें त्तिअ** (हेमचन्द्र २, १५७ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० १३९, १२ ; हेमचन्द्र ४, ३९५, ७), मागधी **तें त्तिक** (मृच्छ० १३२, १४), **तित्तिअ** (हेमचन्द्र २, १५६)। इनसे निकले शब्द ये हैं : **एं त्तिल, कें त्तिल, जें त्तिल** और **तें त्तिल** (हेमचन्द्र २, १५७), जैनमहाराष्ट्री **एत्तिलिय** (आव० एर्से० ४५, ७) और अपभ्रंश **एं त्तुल, कें त्तुल, जें त्तुल** और **तें त्तुल** (हेमचन्द्र ४, ४३५)।

१. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए पेज १२५। — २. प्राकृतिका पेज २३।

§ १४६—**अव, अउ** होकर **ओ** बन गया है, उदाहरणार्थ महाराष्ट्री में **अवतरण** का **ओअरण** हो गया है (गउड० ; हाल)। **अवतार** का महाराष्ट्री में **ओआर** (गउड०; हाल), शौरसेनी में **ओदार** (शकु० २१, ८) और साथ-साथ **अवदार** (विक्रमो० २१, १) हो गया है। शौरसेनी में **अवतरति** का **ओदरदि** रूप है ; मागधी में **अवतर** का **ओदल** बन गया है (§ ४७७)। **अवग्रह** का जैनशौरसेनी में **ओग्गह** बन गया है (पव० ३८१, १२)। अर्धमागधी में **अवम** का रूप **ओम** पाया जाता है (ठाणंग० ३२८ ; उत्तर० ३५२ ; ७६८ ; ९१८), **अनवम** का **अणोम** रूप आया है (आयार० १, ३, २, ३), **अवमान** का **ओमाण** हो गया है (उत्तर० ७९०), **व्यवदान** का **वोदाण** रूप चलता है (सूय० ५२३)। इस प्रकार सभी प्राकृत भाषाओं में **अव** उपसर्ग का रूप बहुधा **ओ** पाया जाता है (वररुचि ४, २१ ; हेमचन्द्र १, १७२ ; मार्कण्डेय पन्ना ३५)। **अवश्याय** का अर्धमागधी में **ओसा** रूप है (सूय० ८२९ ; उत्तर० ३११ ; दस० ६१६,२१), **उस्सा** रूप भी मिलता है (ठाणंग० ३३९ ; कप्प० § ४५, इसमें **ओसा** रूप भी है जो सर्वत्र ही पढ़ा जाना चाहिए) जो **ओ स्सा** रूप बन कर उक्त रूप में बदल गया हो। **बहुओस** रूप भी चलता है (आयार० २, १, ४, १), **अप्पोस** (आयार०

* इसका एक रूप **ऍत्तुक** कुमाउनी बोली में सुरक्षित है। दूसरा रूप **इत्थे** पंजाबी में चलता है। —अनु०

१, ७, ६, ४ ; २, १, १, २) रूप भी है। महाराष्ट्री और शौरसेनी में **अवश्याय** का **ओसाअ** रूप मिलता है (रावण० ; विक्रमो० १५, ११ [यहाँ तथा पिशल द्वारा सम्पादित द्राविड संस्करण ६२५, ११ में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । **अवधि** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री में **ओहि** रूप मिलता है (हाल ; उवास० ; ओव० ; कप्प०; एर्त्से०) । **यवनिका** का अर्धमागधी में **जोणिया** रूप मिलता है (विवाह० ७९२ ; ओव० ; नायाध०), किन्तु **जवण** रूप भी पाया जाता है (पण्हा० ४१; पण्णव० ५८), **जवणिया** रूप भी आया है (कप्प०), **नवमालिका** का महाराष्ट्री और शौरसेनी में **णोमालिआ** मिलता है (हेमचन्द्र १, १७० ; हाल ; मृच्छ० ७६, १० ; ललित० ५६०, ९ ; १७ ; २१ [इसमें यह किसी का नाम है] ; मालती० ८१, १ ; शकु० ९,११ ; १२, १३ ; १३, ३ ; १५, ३) ; **नवमल्लिका** का **णोमल्लिआ** (वररुचि १, ७) रूप पाया जाता है और **नवफलिका** का महाराष्ट्री में **णोहलिया** रूप है (हेमचन्द्र १,१७० ; क्रम० २, १४९ [इसमें **णोहलिअम्** पाठ है]; हाल) । **लवण** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश रूप **लोण** है (वररुचि १,७ ; हेमचन्द्र १,१७१ ; क्रम० १,८ ; मार्कण्डेय पन्ना ६ ; गउड० ; हाल ; कालेय० १४, १३ ; आयार० २, १, ६, ६ और ९ ; २, १, १०, ७ ; सूय० ३३७ ; ८३४ ; ९३५ ; दस० ६१४, १५ और १६ ; ६२५, १३ ; आव० एर्त्से० २२, ३९ ; हेमचन्द्र ४, ४१८, ७ ; ४४४, ४), पल्लवदानपत्र और जैनमहाराष्ट्री में **अलवण** का **अलोण*** हो गया है (६, ३२ ; आव० एर्त्से० २२, ३९), जैनमहाराष्ट्री में **लोणिय*** और **अलोणिय*** रूप मिलते हैं (आव० एर्त्से० २२, १४ ; ३०, ३१) । मार्कण्डेय पन्ना ६६ के अनुसार शौरसेनी में केवल **लवण है**। **भवति** का महाराष्ट्री, अर्धमागधी, जैनमहाराष्ट्री और अपभ्रंश में **होइ**, जैनशौरसेनी **होदि**, शौरसेनी और मागधी में **भोदि** होता है (§ ४७५ और ४७६) । कभी गौण **अव**, जो **अप** से बनता है, **ओ** में परिणत हो जाता है (वररुचि ४, २१, हेमचन्द्र १, १७२ ; मार्कण्डेय पन्ना ३५), जैसा **अपसरति** का महाराष्ट्री और जैनमहाराष्ट्री में **ओसरइ** हो जाता है, जैनमहाराष्ट्री और शौरसेनी में **अपसर** का **ओसर** मिलता है तथा मागधी में **अपसरति** का रूप **ओशलदि** पाया जाता है (§ ४७७) ।— महाराष्ट्री **आवलि = ओलि** में **आव ओ** के रूप में दिखाई देता है (हेमचन्द्र १, ८३ ; इस व्याकरणकार ने इसे = **आली** बताया है ; गउड० ; हाल ; रावण०), यही रूपांतर अपभ्रंश **सलावण्य = सलोण**† (हेमचन्द्र ४, ४४४, ४) और **लावण्य = लोॅण्ण** में दिखाई देता है (मार्कण्डेय पन्ना ६) । यह **लवण=लोण** की नकल पर है । मार्कण्डेय पन्ना ६६ के अनुसार शौरसेनी में केवल **लावण्ण है**, यही रूप शकुन्तला १५८, १० में पाया जाता है ।

§ १४७— हेमचन्द्र १, १७३ के अनुसार **उप** प्राकृत में **ऊ** और **ओ** में बदल जाता है । उसने निम्नलिखित उदाहरण दिये हैं : **ऊहसियं**, **ओहसियं**, **उवहसियं**=

---

* कुमाउनी में **अलुणो** और **अलुणिय** रूप में यह रूप आज भी सुरक्षित है । —अनु०

† हिन्दी रूप **सलोना=सलावण्यक=अपभ्रंश सलोणअ** है । —अनु०

उपहसितम्, **उज्झाओ**, **ओज्झाओ**, **उवज्झाओ=उपाध्यायः** ; **ऊआसो**, **ओआसो**, **उववासो=उपवासः** । मार्कण्डेय पन्ना ३५ मे लिखा गया है कि यह भी किसी-किसी का मत है (**कस्यचिन् मते**) । जैनमहाराष्ट्री पद्य मे जो **उज्झाअ** रूप का प्रयोग पाया जाता है (एर्त्सें० ६९, २८ ; ७२, २९) वह ***उउज्झाअ** से ***ऊज्झाअ** बनकर हो गया है = महाराष्ट्री और शौरसेनी **उवज्झाअ** (हाल ; कर्पूर० ६, ३ ; विक्रमो० ३६, ३ ; ६ और १२ ; मुद्रा० ३५, ९ ; ३६, ४ और ६ ; ३७, १ ; प्रिय० ३४, १४ ; १७ ; २१ ; ३५, १५), अर्धमागधी और जैनमहाराष्ट्री **उवज्झाय** (आयार० २, १, १०, १ ; २, ३, ३, ३ और इसके बाद ; सम० ८५ ; ठाणंग० ३५८ और बाद का पेज ; ३६६ ; ३८४ और उसके बाद के पेज ; एर्त्सें०) = **उपाध्याय** । इसमें § १५२ के अनुसार **व** का **उ** हो गया है और साथ-साथ आ जानेवाले दो **उ** दीर्घ हो गये हैं । **ऊहसिय** में भी यही मार्ग तय किया गया है (हेमचन्द्र), **उपहसित=उवहसिय** = ***उउहसिअ** = **ऊहसिय** । इसके साथ साथ जनता के मुह मे इसका एक रूप **ऊहट्ट** (= हंसना : देशी० १, १४०) हो गया । यह **उपहसित** का **उपहस्त** होकर बना । इसके अतिरिक्त **उपवास=उवआस=*उउआस=ऊआस** (हेमचन्द्र) ; ***उपनंदित=ऊणंदिअ** (=आनंदित : देशी० १, १४१) ; **ऊयट्ट** (पाइय० १९७) = **उपवृष्ट** और **ऊसित्त** (पाइय० १८७) = **उपसिक्त** । इसके विरुद्ध **ओ** वाले सब रूप **उप** पर आधारित नहीं है । **ओज्झाअ** मे जिससे वर्तमान भारतीय भाषाओं में **ओझा**[१] बना है, **ओ** की सिद्धि § १२५ के अनुसार होती है । अर्धमागधी में **प्रत्युपचार = पडोयार**, **प्रत्युपचारयति= पडोयारइ** (§ १६३), यदि यह पाठ शुद्ध हो तो **ओ** की सिद्धि § ७७ के अनुसार होती है । शेष सभी उदाहरणों में **ओ=अव** या **उप** होना है जो § १५४ के अनुसार है ; भले ही संस्कृत में इसके जोड़ का कोई शब्द न मिले । इस हिसाब से **ओहसिअ** (हेमचन्द्र)=**अपहसित** और **ओहट्ट** (देशी० १, १५३)=***अपहस्त** ; **ओआस** (हेमचन्द्र) = ***अपवास** ; **ओसित्त** (देशी० १, १५८) = **अवसिक्त** । **उअ** का कभी **ओ** नहीं होता क्योंकि महाराष्ट्री **ओ** (रावण०) को हेमचन्द्र १, १७२ तथा अधिकतर टीकाकार और विद्वान **उत** का प्राकृत रूप बताते है, अन्य इसे **अथ वा** का रूप मानते हैं[२], यह पाली शब्द **आदु**[३] से निकला है, अर्धमागधी में इसका रूप **अदु** है (सूय० ११८ ; १७२ ; २४८ ; २५३ ; ५१४ ; उत्तर० ९०), **अदु वा** भी मिलता है (सूय० १६ ; ४६ ; ९२ ; १४२ ; उत्तर० २८ ; ११६ ; १८० , ३२८ ; सम० ८२ ; ८३), **अदु व** रूप भी पाया जाता है (सूय० १८२ ; २४९ ; सम० ८१), शौरसेनी और मागधी में **आदु** रूप मिलता है (मृच्छ० २, २३ ; ३, १४ ; ४, १ ; १७, २१ ; ५१, २४ ; ७३, ४ ; मालती० ७७, ३ ; प्रिय० ३०, १३ ; ३७, १४ ; अद्भुत० ५३, ३ ; मागधी : मृच्छ० २१, १४ ; १३२, २१ ; १५८, ७) । यह कभी-कभी **ओ=अथ वा** बताया जाता है । **ओ**, ***आउ** और ***अउ** से भी निकला है[४] ।

१. अन्तिम दोनों उदाहरणों में **ऊ=उद्** भी कहा जा सकता है, जो § ६४

और ३२७ अ के अनुसार अधिकांश में होता ही है। — २. क्रुक कृत 'ऐन इन्ट्रोडक्शन टु द पौप्युलर रिलीजन ऐंड फौकलोर औफ नौर्दर्न इण्डिया' (प्रयाग १८९४), पेज ९६ का नोट। अन्य विद्वानों के साथ पिशल ने भी गोएटिंगिशे गेलैर्ते आन्साइगन १८९४, ४१९ के नोट की संख्या १ में अशुद्ध लिखा है। —३. एस० गौल्दश्मित्त द्वारा सम्पादित रावणवहो में ओ के सम्बन्ध में देखिए। —४. कर्न अपने ग्रन्थ 'बिर्यड्राग टोट डे फैरक्लारिंग फान एनिगे वोर्डन इन पाली—गेश्रिफ्टन फोरकौमेंडे' (ऐम्स्टरडैम १८८६), पेज २५ में इसे वैदिक आद् उ से निकला बताता है जो अशुद्ध है। इस सम्बन्ध में फौसबौल कृत 'नोगले बेमैर्केनिंगर ओम एनकेल्टे फान्सकेलिगे पाली—औड इ जातक बोगेन' (कोपनहागन १८८८), पेज २५ और उसके बाद के पेज। इन शब्दों के अर्थ एक नहीं, भिन्न-भिन्न हैं। — ५. याकोबी ने त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ४७, ५७८ और कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५६९ में अशुद्ध बात छापी है। पाली ओक = उदक, *उक्क और *ओक्क से बना है। इसकी सिद्धि § ६६ से होती है। अर्धमागधी अदु अतः से नहीं निकला है (वेबर द्वारा संपादित भगवती १, ४२२; ए० म्युलर कृत बाइत्रैगे, पेज ३६) क्योंकि अर्धमागधी में त का द नहीं होता। § २०३, २०४ से भी तुलना कीजिए।

(अं) स्वर-संधि

§ १४८—समान स्वर जब एक साथ आते हैं तब उनकी सन्धि हो जाती है और वे संस्कृत के समान ही मिल जाते हैं; अ, आ + अ, आ मिलकर आ हो जाते हैं; इ, ई + इ, ई मिलकर ई हो जाती है; उ, ऊ + उ, ऊ मिलकर ऊ बन जाते हैं। पल्लवदानपत्र में **महाराजाधिराजो** (५, २) आया है, **आरक्षाधिकृतान्** के लिए **आरक्खाधिकते** रूप है (५, ५), **सहस्रातिरेक** का **सहस्सातिरेक** हो गया है (७, ४२), **वसुधाधिपतीन्=वसुधाधिपतये** (७, ४४), **नराधमो** (७, ४७) भी आया है। महाराष्ट्री* में **कृतापराध** के लिए **कआवराह** (हाल ५०) मिलता है। अ० माग० में **कालाकाल** (आयार० १, २,१,१); जै० महा० में **इंगियाकार** (आव० एर्त्सें० ११,२२); जै० शौर० में **सुरासुर** (पव० ३७९, १); शौर० में संस्कृत सन्धि **क्लेशानल** का **किलेसाणल** रूप है (ललित० ५६२, २२); माग० में **द्यूतकरावमान** का **दूदिअलावमाण** मिलता है (मृच्छ० ३९, २५); अप० में **श्वासानल** का **सासाणल** (हेमचन्द्र ४, ३९५, २), महा० में **पृथिवीश** का **पुहवीस** रूप है (हाल ७८०); अप० में **अश्रूच्छ्वासैः** का **अंसूसासहिँ** है (हेमचन्द्र ४, ४३१)। गौण स्वरों की भी इसी प्रकार सन्धि हो जाती है। महा० में **ईषत्+ईषत्** के **ईसीस** और **ईसीसि** रूप मिलते हैं (§ १०२)।

* यहाँ तक हमने महाराष्ट्री, अर्धमागधी आदि प्राकृत भाषाओं के पूरे नाम दिये थे। अब इस विश्वास से कि पाठकों को इनका अभ्यास हो चुका होगा, इनके संक्षिप्त रूप दिये जा रहे हैं।—अनु०

§ ८३ के अनुसार व्यंजनों के द्वित्व (संयुक्त व्यञ्जन) के पहले का दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है : महा० में **ऊर्ध्वाक्ष = उद्धच्छ** (हाल १६१), **कवीन्द्र=कइंद** (कर्पूर० ६, ९) ; जै० शौर० में **अतीन्द्रियत्व = अदिंदियत्त** (पव० ३८१, २०) ; अ० माग० में **गुणार्थिन् = गुणट्ठि** । आयार० (१,२,१,१) ; जै० महा० में **रक्ताक्ष = रत्तच्छ** (आव० एर्त्से० १२,२७) ; शौर० में **जन्मान्तरे=जम्मंतरे** (मृच्छ० ४, ५); माग० में **अन्यग्रामान्तर = अण्णग्गामंतल** (मृच्छ० १३, ८) ; पल्लवदानपत्र में **अग्गिट्ठोमवाजपेयस्समेधयाजी** मिलता है (५, १) । अ० माग० में पद्य में असंयुक्त साधारण व्यंजन से पहले आये हुए **आ** का ह्रस्व **अ** हो जाता है : **राजामात्य** का **रायमच्च** रूप मिलता है (सूय० १८२ ; दस० ६२४, २२) । बहुधा अ० माग० में और कभी-कभी जै० महा० और जै० शौर० में समान स्वर मिलते नहीं, उनकी सन्धि नहीं की जाती, विशेषतः द्वन्द्व समास में । इस नियम के अनुसार **श्रमणब्राह्मणातिथि** का **समणमाहणअइहि** रूप है (आयार० २, १, ११, ९ ; २, २, १, २ और २, ८ ; २, १०, ४ भी देखिए), **पुव्वविदेहअवरविदेह** (जीवा० १६१ ; १७४ और उसके बाद , २१० ; अणुओग० ३९६ ; ३९७ ; भग०), **स्वांग = सअंग** (सूय० ३४६), **सार्थ = सअट्ठ** (सू० ५७९), **खरपरुषास्निग्धदीप्तानिष्टाशुभाप्रियाकांतवग्भिश्च = खरफरुसअसिणिद्धदित्त अणिट्ठअशुभअप्पियअकंतवग्गुहिँ य** (नायाध० ७५७), **पृथिव्युदकाग्नि = पुढवीदगअगणि** (पण्हा० ३५३), **इन्द्रनीलातसिकुसुम = इंदणीलअयसिकुसुम** (ओव० § १०), **मनोगुप्ति, कायागुप्ति = मणअगुत्ति, कायअगुत्ति** (विवाह० १४६२) है । अ० माग० में **सुरासुराः** का **सुरअसुरा**, जै० महा० में **सुरासुरमनुजमहिताः** का **सुरअसुरमणुयमहिया** (आयार० २, १५,१२ ; कालका० २६०,२६) । जै० महा० में **एकाक्षर = एगअक्खर** (आव० एर्त्से० ७, २७), **अतिरेकाष्टवर्ष = अइरेगअट्ठवास** (आव० एर्त्से० ८, ९), **सकलास्तमितजीवलोक = सयलअत्थमियजियलोअ** (आव० एर्त्से० ८, २२) है । जै० शौर० में **सर्वार्थेषु** का **सव्वअत्थेसु** होता है, **वंदनार्थम् = वंदणअत्थं** (कत्तिगे० ३९९,३१३ ; ४०२,३५६) हैं ।—**अ+आ** : अ०माग० में **अक्रियात्मानः = अकिरियआया** (सूय० ४१० ; इसमें § ९७ के अनुसार **आ** के स्थान पर **अ** हो गया है), **शैलकयक्षारोहण = सेलगजक्खआरुहण** (नायाध० ९६६) हैं ।—**आ + अ** : अ० माग० में **महाअडवी** (नायाध० १४४९) और साथ-साथ **महाडवी** रूप मिलते हैं (एर्त्से०); जै०महा० में **धर्मकथावसान = धम्मकहाअवसान** (आव० एर्त्से० ७, २७), **महाक्रन्द = महाअक्कंद** (द्वार० ५०५, २०) ।—**इ + इ** : अ० माग० में **मतिऋद्धिगौरव = मइइड्ढिगारव** (दस० ६३५,३८), यहाँ दूसरी **इ** भी गौण है ।—**उ + उ** : अ० माग० में **बहुज्झितधार्मिक=बहुउज्झियधम्मिय** (आयार० २, १, १०, ४ और ११, ९; दस० ६२१, ६),**बहूदक = बहुउदग** (सूय० ५६५), इसके साथ-साथ **बहूदय** भी मिलता है (ठाणंग० ४००), **बहूत्पल = बहुउप्पल** (नायाध० ५०९), **देवकुरूत्तरकुरु** (जीवा० १४७ ; १७४ ; १९४;

२०५ ; २०९ ; २११ ; अणुओग० ३९६) **देवकुरुउत्तरकुरुग** (विवाह० ४२५), **देवकुरुउत्तरकुराओ** (सम० १११), **देवकुरुउत्तरकुरयाओ** मिलते है (सम० ११४), **स्वृजुकार=सुउज्जुयार** है (सूय० ४९३), **सुउद्धर** (दस० ६३६, ३०) है; इनमें दूसरा **उ** गौण है। महा० में बहुत कम किन्तु शौर० में बहुधा स्वर बिना मिले रहते है, जैसे **प्रवालांकुरक** महा० मे = **पवालअंकुरअ** (हाल ६८०), **प्रियाधर = पिआअहर** (हाल ८२७), **धवलांशुक=धवलअंसुआ** (रावण० ९, २५) ; शौर० मे **प्रियंवदानुसूये=पिअंवदाअनुसूआओ** (शकु० ६७, ६), **पुंजीकृतार्यपुत्रकीर्त्ति** का **पुंजीकदअज्जउत्तकित्ति** (बाल० २८९, २०) होता है, **अग्निशरणालिन्दक = अग्गिसरणआलिन्दअ** (शकु० ९७, १७), **चेटिकार्वनाय = चेडिआअच्चणाअ**, **पूजार्ह = पूआअरिह** (मुकुद० १७,१२ और १४) है। अप० में भी ऐसा ही होता है : **अर्धार्ध** का **अद्धअद्ध** हो जाता है, **द्वितीयार्ध = बिअअद्ध** (पिंगल १, ६ और ५०) है। पिंगल १, २४ और २५ के दृष्टांत में संधि न मानी जानी चाहिए वरन् यहाँ पर शब्द कर्त्ताकारक में है। साधारण नियम हेमचन्द्र १, ५ माना जाना चाहिए।

§ १४९—साधारण व्यजनों से पहले **अ** और **आ** असमान स्वरों से मिलकर संधि कर लेते है। यह संधि संस्कृत नियमों के अनुसार ही होती है **अ, आ+इ=ए ; अ, आ+उ=ओ**। इस नियम के अनुसार महाराष्ट्री मे **दिग् + इभ = दिशा + इभ = दिसा + इभ = दिसेभ** (गउड० १४८), **संदष्टेभमौक्तिक = संदट्टेभमोत्तिअ** (गउड० २३६), **पंचेषु = पंचेसु** (कर्पूर० १२, ८ ; ९४, ८), **कृशोदरी = किसोअरी** (हाल ३०९), **श्यामोदक = सामोअअ** (रावण० ९, ४० ; ४३ ; ८४), **गिरिलुलितोदधि = गिरिलुलिओअहि** (गउड० १४८) हैं। अन्य प्राकृत भाषाओं में भी यही नियम चलता है। गौण **इ** और **उ** की भी संधि हो जाती है, जैसा अ० माग० और शौर० मे **महा + इसि** (= ऋषि)=**महेसि**, महा० और शौर० मे **राअ (= राज)+इसि=राएसि** (§ ५७) ; अ० माग० मे **सर्वर्तुक** के **सर्वका सव्व+ऋतुक** का उउय होकर **सव्वोउय** हो जाता है (पण्हा० २४९ ; सम० २३७; विवाग० १० ; विवाह० ७९१ ; नायाध० ५२७ ; पण्णव० १११ ; ओव० ; कप्प०), **नित्यर्तुक** का **णिच्चोउग** और **णिच्चोउय** हो जाता है (सम० २३३ ; ठाणंग० ३६९), **अनृतुक=अणोउय** (§ ७७; ठाणग० ३६९) होता है। अ० माग० में स्वर बहुधा संधि नहीं करते : जैसे, **लघउवरिल्ल** (जीवा० ८७८ और उसके बाद), साथ ही **लघुप्परिल्ल** (जीवा० ८७९) भी पाया जाता है ; **प्रथमसमयोपशांत** का **पढमसमयउवसंत** होता है (पण्णव० ६५) ; **कक्कोलउसीर** भी आया है (पण्हा० ५२७) ; **आचार्योपाध्याय = अयरियउवज्झाय** (ठाणग० ३५४ और उसके बाद ; ३६६ ; ३८४ और उसके बाद ; सम० ८५) है; **हेट्ठिमउवरिय** (सम० ६८ ; ठाणंग० १९७ [यहाँ पाठ में **हिट्ठिय** है]) भी आया है ; **वातघनोदधि = वायघनउदहि** (विवाह० १०२) ; **कंठसूत्रोरस्थ = कंठसुत्तउरत्थ** (विवाह० ७९१) ; **अल्पोदक=अप्पउदय** (आयार० २, ३, २, १७) ; **द्वीपदिगुदधी-**

नाम् = दीवविसाउददहीणं (विवाह० ८२); **महोदक=महाउदग** (उत्तर० ७१४) हैं। गौण दूसरे स्वर के लिए भी यही नियम है : **ईहामृगर्षभ = ईहामिगउसभ** (जीवा० ४८१ ; ४९२ ; ५०८ ; नायाध० ७२१ [पाठ में **ईहमिगउसभ** है] ; ओव० § १० ; कप्प० § ४४) ; **खड्गर्षभ=खग्गउसभ** (ओव० § ३७)। अन्य प्राकृत भाषाओं में शायद ही कभी स्वर असंधिक रहते हों, जैसे—जै० महा० में **प्रवचनोपघातक=पवयणउवघायग**, **संयमोपघात=संजमउवघाय** (कालका० २६१, २५ और २६) ; शौर० में **वसंतोत्सवोपायण = वसंतुस्सवउवाअण है** (मालवि० ३९, १० [यह अनिश्चित है]);.गौण दूसरे स्वर में शौर० **विसर्जितर्षिदारक = विसज्जिदइसिदारअ** (उत्तर० १२३, १०) है।

§ १५०—यदि किसी संधियुक्त शब्द का दूसरा पद **इ** और **उ** से आरम्भ होता हो और उसके बाद ही संयुक्त (द्वित्व) व्यंजन हो या उसके आरम्भ में मौलिक या गौण **ई** या **ऊ** हो तो पहले पद का अन्तिम **अ** और **आ** उड़ जाता है अर्थात् उसका लोप हो जाता है (चंड० २, २; हेमचन्द्र १, १० से भी तुलना कीजिए)। इस नियम के अनुसार महा० और अप० में **गजेन्द्र = गइंद** (गउड० ; हाल ; रावण० ; विक्रमो० ५४, १), अप० में **गइंदअ** भी होता है (विक्रमो० ५९, ८ ; ६०, २१ ; ६३, २) ; जै० शौर०, शौर० और अप० में **नरेन्द्र = नरिंद** (कत्तिगे० ४००, ३२६; मालती० २०६, ७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; २९२, ४ ; पिंगल १, २१ ; २४), माग० में **नलिंद** रूप है (मृच्छ० ४०, ६) ; अ० माग०, शौर० और माग० में **महेन्द्र = महिंद** (ठाणग० २६६ ; मालती० २०१, ५ ; मृच्छ० १२८, ८) है ; अ० माग० और जै० शौर० में **देवेन्द्र=देविंद** (चंड० २,२ ; हेमचन्द्र ३, १६२ ; कत्तिगे० ४००, ३२६) ; अ० माग० में **ज्योतिषेन्द्र = जोइसिंद** (ठाणग० १३८) है; अ० माग०, जै०महा० और जै०शौर० में **जिनेन्द्र=जिणिंद** (ओव० § ३७ ; आव०एर्त्से० ७,२४ ; एर्त्से० : कालका० ; पव० ३८२,४२); शौर० में **मृगेन्द्र = मइंद** (शकु० १५५, १ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; १५६, ७)। सभी प्राकृत भाषाओं में **इन्द्र** के साथ बहुत अधिक सन्धियाँ मिलती हैं (§ १५९ से तुलना कीजिए) ; **मायेन्द्रजाल**=जै० महा० **माइंदजाल** (आव० एर्त्से० ८, ५३) ; **एकेन्द्रिय**=अ० माग० **एगिंदिय** (विवाह० १०० ; १०३ ; १४४) ; **श्रोत्रेन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय, स्पर्शेन्द्रिय** = अ० माग० **सोइंदिय, घाणिंदिय, जिभिंदिय** और **फासिंदिय** (ठाणंग० ३०० ; विवाह० ३२ ; ओव० पेज ४०, भूमिका छ ; उत्तर० ८२२); **जिह्वेन्द्रिय** = अप० **जिभिंदिय** (हेमचन्द्र ४, ४२७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; **तद्दिवसेन्दु** का महा० में **तद्दिअसिंदु** होता है (गउड० ७०२) ; **त्रिदशेश = तिअसीस** (हेमचन्द्र १, १०) ; **राजेश्वर** = जै० महा० **राईसर** (एर्त्से०) ; **पर्वतेश्वर** = शौर० **पव्वदीसर** (मुद्रा० ४०, ६ ; ४६, ९ ; २१६, १३) ; **कर्णोत्पल** = महा० **कण्णुप्पल** (गउड० ७६०), अ० माग० और जै०महा० में **नीलुप्पल** और शौर० में **णीलुप्पल** रूप मिलते हैं = **नीलोत्पल** (उवास० § ९५ ; ओव० § १० ; कक्कुक शिलालेख १८ [यहाँ **णीलुप्पल**

पाठ है]; एर्से० ७९, ८ ; प्रिय० १५, ८ ; ३३, २ ; ३९, २); **नखोत्पल** = माग० **णहुप्पल** (मृच्छ० १२२, १९) ; **स्कंधोत्क्षेप**=महाराष्ट्री **खंधुक्खेव** (गउड० १०४९) ; **पदोत्क्षेप** = चू० पैशा० **पातुक्खेव** (हेमचन्द्र ४, ३२६) ; **गंधोद्धूत** = अ० माग० **गंधुद्धुय** और अप० **गंधुद्धुअ** (ओव० § २ ; विक्रमो० ६४, १६) ; **रत्नोज्ज्वल** = जै० महा० **रयणुज्जल** (आव० एर्से ८, ४) ; **मंदमारुतोद्वेलित** = शौर० **मंदमारुदुव्वेलिद** (रत्ना० ३०२, ३१ ; मालती० ७६, ३ से भी तुलना कीजिए) , **पर्वतोन्मूलित** = **पव्वदुम्मूलिद** (शकु० ९९, १३) ; **सर्वोद्यान** = माग० **शव्वुय्याण** (मृच्छ० ११३, १९) ; **कृतोच्छ्वास**= महा० **कऊसास, लीढोष** = **लीढूस** (गउड० ३८७ ; ५३६), **गमनोत्सुक** = **गमणूसुअ** (रावण० १, ६) ; **एकोन** = अ० माग० **एगूण*** (§ ४४४), **पंचूण** (सम० २०८ ; जीवा० २१९), **देसूण** (सम० १५२ ; २१९), **भागूण, कोसूण** (जीवा० २१८ ; २३१) रूप भी मिलते हैं। **ग्रामोत्सव** = महा० **गामूसव** (गउड० ५९, ८) ; **महोत्सव** = महा०, जै० महा० और शौर० **महूसव** (कर्पूर० १२, ९ ; एर्से०; मृच्छ० २८, २; रत्ना० २९२, ९ और १२ ; २८३, १३; २९५, १९ ; २९८, ३० ; मालती० २९, ४ ; ११९, १ ; १४२, ७ ; २१८, ३ आदि-आदि ; उत्तर० १०८, २ ; ११३, ६ ; चड० ९३, ६ ; अनर्घ० १५४, ३ ; नागा० ४२, ४ [पाठ मे **महूस्सव** है] ; ५३, १९ ; वृषभ० ११, २ ; सुभद्रा० ११, ५ और १७) ; **वसंतोत्सव** का शौर० रूप **वसंतूसव** है (शकु० १२१, ११ ; विक्रमो० ५१, १४, मालवि० ३९, १० [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । यही नियम दूसरे गौण स्वर के लिए भी लागू होता है : अ० माग० मे **उत्तम+ऋद्धि**= **उत्तमिड्ढि** (ठाणंग० ८०), **देविड्ढि** (उवास०), **महिड्ढि** (ठाणग० १७८), **महिड्ढिय** (ओव०) रूप भी देखने मे आते है। साधारण अथवा अकेले व्यंजनो से पहले यह नियम बहुत कम लागू होता है, जैसे **विशेषोपयोग** = जै० महा० **विसेसुवओगो** (कालका० २७७, ९) और **अर्धोदित** = आ० **अद्धुइअ** (मृच्छ० १००, १२) ।

§ १५१— § १५८ मे वर्णित उदाहरणों में तब सन्धि होती है जब दूसरा पद सस्कृत मे **ई** और **ऊ** से आरम्भ होता है और इसके बाद साधारण अथवा अकेला व्यंजन आता है : **वातेरित** = शौर० **वादेरिद** (शकु० १२, १) ; **करिकरोरु** = महा० **करिअरोरु=करिअर + ऊरु** (हाल ९२५) ; **पीणोरु=पीणा + ऊरु** (रावण० १२, १६) ; **प्रकटो=पाअडोरु** (हाल ४७३) ; **वलितोरु** = **वलिओरु** (गउड० ११६१) ; अ० माग० **वरोरु** (कप्प० § ३३ और ३५); **पीवरोरु, दिसागइंदोरु** (= **दिग्गजेन्द्रोरु** : कप्प० § ३६) ; **एगोरुय** (= **एकोरुक** : पण्णव० ५६), किन्तु **एगूरूय** भी है (जीवा० ३४५ और उसके बाद ; विवाह० ७१७); जै० महा० में **करिकरोरु** आया है (एर्से० १६, २०) ; शौर० मे **मंथरोरु** रूप है

* मारवाड़ी में गुणतीस, गुणचालीस, उनतीस, उनचालीस आदि के स्थान पर चलता है। —अनु०

(मालती० १०८, १), **पीवरोरु** भी है (मालती० २६०, ३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । यदि पहला पद उपसर्ग हो तो नियमित रूप से संधि कर दी जाती है : **प्रेक्षते** = महा०, अ० माग० और जै० महा० **पे॑च्छइ**, जै० शौर० **पे॑च्छदि**, शौर० **पे॑क्खदि**, माग० **पे॑स्कदि** (§ ८४) ; **अनपेक्षित** = महा० **अणवे॑क्खिअ** (रावण०), जै० महा० मे **अवेक्खइ** रूप मिलता है (एर्से०) ; **अपेक्षते**=शौर० **अवेक्खदि** (शकु० ४३, १० ; १३०, २) ; **उपेक्षित** = महा० **उवे॑क्खिअ** (हाल); **प्रेरित** = महा० **पे॑ल्लिअ** (गउड० ; हाल) । बहुत कम स्थलों मे दूसरे पद मे **इ** या **उ** आरम्भ मे आने पर और उसके बाद द्वित्व व्यंजन होने पर संधि भी हो जाती है , जैसे **निशाचरेन्द्र**=**णिसाअरेंद** (रावण० ७, ५९); **महेन्द्र** का महा० और माग० में **महेंद** रूप मिलता है (रावण० ६, २२ ; १३, २० ; मृच्छ० १३३, १२); **राक्षसेन्द्र** = महा० **रक्खसेंद** (रावण० १२, ७७) ; **नरेन्द्र** का शौर० मे **नरेंद** मिलता है (मालती० ९०, ४ ; १७९, ५) ; **रक्तोत्पल** = शौर० **रत्तोप्पल** (मृच्छ० ७३, १२) है । **पंचेन्द्रिय**=जै० शौर० **पंचेंदिय** (पव० ३८८, ९) भूल जान पड़ती है । इन संधि शब्दो के पास ही (ऊपर देखिए) सदा **इ** या **उ** वाले शब्द भी मिलते है, जैसे उदाहरणार्थ शौर० **महेंद** (विक्रमो० ५, १० ; ६, १९ ; ८, ११ ; १३ ; ३६, ३ ; ८३, २० ; ८४, २) के स्थान पर बगाली हस्तलिपियाँ सर्वत्र **महिंद** लिखती है, वैसे शौर० मे साधारणतः यही रूप मिलता है (§ १५८)[1] । **निम्नोन्नत** के लिए शौर० मे **णिण्णोण्णद** रूप देखा जाता है (शकु० १३१, ७); इस ऊपर दिये नियम के अनुसार **णिण्णुण्णद** पढ़ना चाहिए, इसका महा० रूप **णिण्णुण्णअ** मिलता है (गउड० ६८१) ; शौर० **उण्होण्ह** के स्थान पर (शकु० २९, ६) शुद्ध रूप **उण्हुण्ह** होना चाहिए, शौर० **मद्दलोद्दाम** (= **मर्दलोद्दाम**) के लिए (रत्ना० २९२, ११) **मद्दलुद्दाम**[2] रूप होना चाहिए। निम्नलिखित उदाहरणों मे संधि ठीक ही है : जै० महा० **अट्ठेसर**, **खयरेसर**, **नरेसर** (एर्से०), शौर० **परमेसर** (प्रबन्ध० १४, ९ ; १७, २), जिनमें गौण **ईसर** के साथ संधि की गयी है ; शौर० **पुरिसो॑त्तम** और माग० **पुलिशोत्तम** रूप भी (§ १२४) ठीक है क्योंकि ये सीधे संस्कृत से लिये गये है, अन्यथा अ० माग० मे **पुरिसुत्तम** रूप मिलता है (दस० ६१३, ४० ; [इसके मूल स्थान उत्तर० ६८१ मे **पुरिसोत्तम** है] ; कप्प० § १६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; ओव० § २० [यहाँ भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; नीचे आये हुए **लोगुत्तम** रूप से भी तुलना कीजिए]) ।

१. बौँल्लेनसेॅन जब विक्रमोर्वशी ८, ११ पेज १७६ में जोर देकर कहता है कि महिंद रूप मुख्य प्राकृत की, जिससे उसका तात्पर्य शौर० से है, सीमा का उल्लंघन करता है, तो वह सर्वथा भूल करता है । — २. ओॅ की सिद्धि इन उदाहरणों में § १२५ के अनुसार संपादित करना, इसके विरुद्ध उद्धृत उदाहरणों में संभव नहीं दीखता । मेरा अनुमान है कि इस प्रकार के उदाहरणों में संस्कृताऊपन आ गया है, इसे शुद्ध करना चाहिए । इस सम्बन्ध में कास्सनकृत इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज १७५ का नोट देखिए ।

§ १५२—इ और उ के बाद भले ही संयुक्त व्यंजन क्यों न आये अ० माग० में अ, आ ज्योंके त्यों रह जाते हैं, जैसा साधारण या अकेले व्यंजन रहनेपर होता है (§ १५७; § १५६ की भी तुलना कीजिए)। इसके अनुसार **कर्केतनेन्द्रनील** = अ० माग० **कक्केयणइंदणील**, **माडंबिकेभ्य** = **माडंबियइब्भ**, **कौटुंबिकेभ्य** = **कोडुंबियइब्भ** (ओव० § १०; ३८; ४८); **भूतेन्द्र** = **भूयइंद** (ठाणंग० ९०), किंतु एक स्थान पर **भूइंद** भी है (ठाणंग० २२९), साथ-साथ **जक्खिंद**, **रक्खसिंद**, **किंनरिंद** आदि रूप भी देखे जाते हैं (ठाणंग० ९०; § १५८ की भी तुलना कीजिए); **पिशाचेन्द्र** = **पिसायइंद** (ठाणंग० ९०), किंतु **पिसाइंद** रूप भी देखा जाता है (ठाणंग० १३८ और २२९); **अज्ञातोञ्छ** = **अन्नायउंछ** (दस० ६३६, १७); **लवणसमुद्रोत्तरण** = **लवणसमुद्दउत्तरण** (नायाध० ९६६); **प्रेंखणोत्क्षेपक** = **पेहुणउक्खेवग** (पण्हा० ५३३) ; **नावोत्सिचक** = **नावाउस्सिंचय** (आयार० २, ३, २, १९ और २०); **इन्द्रियोद्देश** = **इंदियउद्देस**, **दुकूलसुकुमारोत्तरीय** = **दुगुल्लसुगुमालउत्तरिज्ज**, **अनेकोत्तम** = **अणेगउत्तम**, **भयोद्विग्न** = **भयउव्विग्ग**, **सौधर्मकल्पोर्ध्वलोक** = **सोहम्मकप्पउड्ढलोय** (विवाह० १७७ और उसके बाद; ७९१; ८०९; ८३५; ९२०); **आयामोत्सेध** = **आयामउस्सेह** (ओव० § १०)। अन्य प्राकृत भाषाओं में एक के साथ दूसरा स्वर बहुत कम पाया जाता है जैसा महा० में **प्रनष्टोद्योत**=**पणट्ठउज्जोअ**, **खोत्पात**=**खउप्पाअ** (रावण० ९,७७ ; ७८), **पीनस्तनोत्थंभितानन**=**पीणत्थणउत्थंभिआणण** (हाल २९४); **मुखोद्व्यूढ**=**मुहउव्वूढ** (शकु० ८८, २) है। **मौक्तिकोत्पत्ति** का प्राकृत रूप **मोत्तिअउप्पत्ति** अशुद्ध है (विद्ध० १०८, २)। यह **मोत्तिउप्पत्ति** होना चाहिए (ऊपर **मोत्तिओप्पत्ति** देखिए), जैसा **पितामहोत्पत्ति** = महा० **पिआमहुप्पत्ति** (रावण० १, १७) है। अ० माग० में **अंकुरुप्पत्ति** मिलता है (पण्णव० ८४८) और प्रबन्धचन्द्रोदय १७, २ में **प्रबोधोत्पत्ति** के लिए शौर० **पबोहोप्पत्ति** मिलता है जिसका शुद्ध रूप **पबोहुप्पत्ति** होना चाहिए। सभी प्राकृत भाषाओं में **स्त्री** = **इत्थि**, दूसरे शब्दों से मिलता नहीं (§ १४७) ; अ० माग० में **असुरकुमारइत्थीओ**, **थाणियकुमारइत्थीओ**, **तिरिक्खजोणियत्थीओ**, **मणुस्सइत्थीओ**, **मणुस्सदेवइत्थीओ** (विवाह० १३९४) ; जै० शौर० में **परस्त्र्यालोक** का **परइत्थीआलोअ** मिलता है (कत्तिगे० ४०१, ३४४), **भूसणइत्थीसंसग्ग** (कत्तिगे० ४०२, ३५८) भी आया है ; शौर० में **अंतेउरइत्थी** रूप पाया जाता है (शकु० ३८, ५)। तो भी अ० माग० में **मणुस्सित्थीओ** रूप भी वर्तमान है, **देवित्थीओ** मिलता है और **तिरिक्खजोणित्थीओ** भी साथ-साथ प्रचलित है (ठाणंग० १२१); जै० शौर० में **पुरिसित्थी** मिलता है (कत्तिगे० ४०१, ३४५)।

§ १५३—ए, ओ से पहले, किन्तु उस ए, ओ से पहले नहीं जो संस्कृत ऐ और औ से निकले हों, अ और आ का लोप भी मानना पड़ता है, भले ही यह मौलिक या गौण हो ; **ग्राम** + **एणी** का **गामेणी** रूप पाया जाता है (= बकरी : देशी० २, ८४) ; **नव** + **एला** = महा० **णवेला**[1], **फुल्ल** + **एला** = **फुल्लेला** (रावण० १,

६२ और ६३), **उत्खंडितैकपार्श्व** = **उक्खंडिएक्कपास** (रावण० ५, ४३) ; **अवलंबितैरावणहस्त** = शौर० **अवलंबिदेरावणहत्थ** (मृच्छ० ६८, १४), **शिलातलैकदेश** = **सिलादलेॅक्कदेस** (शकु० ४६, ११), **करुणैकमनस्** = **करुणेक्कमण** (मालती० २५१, ७) ; **कुसुमावस्तृत** = महा० **कुसुमओत्थअ** (रावण० १०३६), **प्रथमापसृत** = **पढमोसरिअ** (हाल ३५१), **बाष्पावमृष्ट** = **बाहोमट्ठ** (रावण० ५, २१), **ज्वाल** (=**जाल**) + **आवलि** (=**ओलि**) = **जालोलि** (§ १५४ ; हाल ५८९), जैसे, **वन+आवलि** = **वणोलि** (हेमचन्द्र २, १७७ = हाल ५७९, जहाँ **वणालि** पाठ है), **वात + आवलि** = **वाओलि**, **प्रभा+आवलि=पहोलि** (गउड० ५५४, १००८) ; अ० माग० और जै० महा० **उदक + ओल्ल** (=*उद्र) का **उदओल्ल** रूप देखा जाता है (§ १११ ; दस० ६२५, २७ ; आव० एर्से० ९, ३), इसके साथ साथ अ० माग० में **उदक + उल्ल** का **उदउल्ल** रूप भी मिलता है (आयार० २, १, ६, ६ ; २, ६, २,४), अ० माग० में **वर्षण + ओल्ल** का रूप **वासेणोॅल्ल** है (उत्तर० ६७३) ; अ० माग० में **मालोहड=माला** (= मच, प्लेटफार्म : देशी० ६, १४६)[१] + **ओहड=अवहृत** (आयार० २, १, ७, १ ; दस० ६२०,३६), **मृत्तिका + ओलित्त** (=**अवलिप्त**) का रूप **मट्टिओलित्त** आया है (आयार० २, १, ७, ३) ; **जलौघ**= जै० महा० **जलोह** (एर्से० ३, २६), **संस्थानावसर्पिणी=संठाणोसप्पिणि** (ऋषभ० ४७) है; **गुडौदन** = शौर० **गुडोदन** (मृच्छ० ३, १२), **वसंतावतार=वसंतोदार** (शकु० २१, ८), **कररुह + ओरंप=कररुहोरंप** (= आक्रमण : मालती० २६१, २ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; देशी० १, १७१ से तुलना कीजिए ; पाइय० १९८) है। कभी कभी एक के प्रम दूसरा स्वर ज्यों का त्यों रहता है, जैसे महा० **वाअंदोलणओणविअ** = **वातान्दोलनावनमित** (हाल ६३७); अ० माग० **खुड्डगएगावलि** = **क्षुद्रकैकावलि** (ओव० [§ ३८]), **विप्पहाइयओलंव** = **विप्रभाजितावलंव** (ओव० § ६), जै० महा० **सभाओवास** = **सभावकाश** (आव० एर्से० १५, १२)।

१. **णवेला**, **जलोह** और **गुडोदन** उदाहरणों के विषय में संदेह उत्पन्न होने की गुंजाइश है। इस नियम की स्वीकृति उन संधियों द्वारा प्रमाणित होती है जो गौण एॅ, ओॅ और ओ के साथ होती है, इस कारण ही मुख्यतया उदाहरणों के लिए ये शब्द चुने गये हैं। — २. इस विषय में याकोबी द्वारा संपादित 'सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट', खंड बारह, पेज १०५ की नोटसंख्या १ से तुलना कीजिए।

§ १५४—निम्नलिखित असमान स्वरों से इ, ई, उ, ऊ नियमानुसार कोई संधि नहीं करते (हेमचन्द्र १, ६) : महा० **णहप्पहावलिअरुण** = **नखप्रभावल्यरुण** (हेमचन्द्र १, ६), **रत्तिअंधअ** = **रात्र्यंधक** (हाल, ६६९), **संझावहुअवऊढ** = **संध्यावध्ववगूढ** (हेमचन्द्र १, ६); अ० माग० **जाइआरिय** = **आत्यार्य** (ठाणंग० ४१४), **जाइअंध** = **जात्यंध** (सूय० ४३८), **सत्ति**-

अग्ग = शस्त्यग्र (दस० ६३४, ११), **पुढविआउ = *पृथिव्यापः** (पण्णव० ७४२), **पंतोवहिउवअरण = प्रांतोपध्युपकरण** (उत्तर० ३५०), **पगइ-उवसंत = प्रकृत्युपशांत** (विवाह० १००; १७४), **पुढवीउड्ढलोय = पृथिव्यू-र्ध्वलोक** (विवाह० ९२०), **कदलीऊसुग = कदली + ऊसुग** (बीच में, भीतर : बोएटलिंक २ ऊष १ (बी) और (सी) से भी तुलना कीजिए ; आयार० २, १, ८, १२), **सुअहिज्जिय = स्वधीत** (ठाणंग० १९० ; १९१), **बहुअट्ठिय=बह्वस्थिक** (आयार० २, १, १०, ५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]; दस० ६२१, ४), **साहुअज्जव = साध्वार्जव** (ठाणग० ३५६), **सुअलंकिय = स्वलंकृत** (दस० ६२२, ३९), **कविकच्छुअगणि=कपिकच्छ्वग्नि** (पण्हा० ५३७), **बहुओस= बह्ववश्य** (आयार० २, १, ४, १) ; गौण दूसरे स्वर के साथ भी यही नियम लागू होता है, जैसे अ० माग० **सुइसि=स्वृषि** (पण्हा० ४४८), **वहुइड्ढि=बद्वृद्धि** (नायाध० ९९०) । अ० माग० **चक्खुइन्दिय = चक्षुरिन्द्रिय** (सम० १७) के साथ-साथ **चक्खिंदिय = चक्ख=चक्षस् + इन्द्रिय** (सम० ६९ ; ७३, ७७ और इसके बाद ; विवाह० ३२ ; उत्तर० ८२२ ; ओव० पेज ४०) हैं । जै० महा० में **ओसप्पिणिउस्सप्पिणि = अवसर्पिण्युत्सर्पिणि** (ऋषभ० ४७), **सुअणुवत्त= स्वनुवृत्त** (आव० एर्से० ११, १५), **मेरुआगार** (तीर्थ० ५, ८) ; शौर० में **संतिउदअ = शांत्युदक** (शकु० ६७, ४), **उवरिअलिंदअ = उपर्यलिन्दक** (मालती० ७२, ८ ; १८७, २), **उद्धसीअक्खर = उर्वश्यक्षर** (विक्रमो० ३१, ११), **सरस्सदीउवाअण=सरस्वत्युपायन** (मालवि० १६, १९), **सीदामंडवी-उम्मिला = सीतामांडव्युर्मिला** (बाल० १५१, १), **देहच्छवीउल्लुंचिद= देहच्छव्युल्लुंचित** (प्रबन्ध० ४५, ११) । अ० माग० **इत्थत्थ** में जो **इत्थर्थ** का प्राकृत रूप है, **इ** का छूट जाना अपने ढंग का अकेला उदाहरण है (दस० ६३८, १८), और इसी प्रकार का **किंचूण** भी है जो ***किंचिऊण=किंचिदून** से निकला है (सम० १५३ ; ओव० § ३०), ऐसा एक उदाहरण है **बेंदिय** (ठाणग० २७५; दस० ६१५, ८), **तेंदिय** (ठाणंग० २७५ ; ३२२) जिनका आरंभ का **इ** उड़ गया है, इनके साथ-साथ **बेइंदिय, तेइंदिय** शब्द भी पाये जाते है (ठाणग० २५ ; १२२; ३२२ [यहाँ **वेइंदिय** पाठ है] सम० २२८ ; विवाह० ३० ; ३१ ; ९३ ; १४४; दस० ६१५, ८) = **द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय** अ० माग० **ईसास=इष्वास** (§ ११७) सीधा संस्कृत से लिया गया है।

§ १५५—उपसर्गों के अत में आनेवाले **इ** और **उ** अपने बाद आनेवाले स्वर के साथ संस्कृत व्याकरण के नियमों के अनुसार संधि कर लेते हैं। इस प्रकार उत्पन्न ध्वनिवर्ग नाना प्राकृत भाषाओं के अपने-अपने विशेष नियमों के अनुसार व्यव-हृत होता है । महा०, अ० माग०, जै० महा०, जै० शौर० और शौर० **अच्चंत =अत्यंत** (गउड० ; निरया० ; एर्से०; पव० ३८०, १२ ; ३८९, १ ; मृच्छ० ६०, २५ ; मालवि० २८, १३) ; अ० माग० **अच्चेइ=अत्येति** (आयार० १, २, १, ३) ; अ० माग० और जै०. महा० **अज्झोववन्न=अध्युपपन्न** (§ ७७) ;

महा० **अब्भागअ = अभ्यागत** (हाल) ; जै० महा० **अब्भुवगच्छाविय, *अब्भुवगय=अभ्युपगमित, अभ्युगत** (आव० एर्त्से० ३०, ९ ; १०) ; शौर० और माग० **अब्भुववण्ण = अभ्युपपन्न** (मृच्छ० २८, १८ ; विक्रमो० ८,१२ ; माग० : मृच्छ० १७५, १८) है; महा०, अ० माग०, शौर० और अप० **पज्जत्त=पर्याप्त** (गउड० ; हाल ; रावण० ; उवास० ; शकु० ७१, ७ ; विक्रमो० २५, ६ ; हेमचन्द्र ४, ३६५, २) है; महा० और शौर० : **णिव्वूढ=निर्व्यूढ** (गउड० ; हाल; रावण०; मालती० २८२, ३) है; महा० **अण्णेसइ,** माग० **अण्णेशादि = अन्वेषति** (गउड०; मृच्छ० १२, ३) है, जै० महा०, शौर० और आव० **अण्णेसंत = अन्वेषत्** (एर्त्से०; विक्रमो० ५२, २०; मृच्छ० १४८,७ और ८) है। **त्य** और **र्य** ध्वनिवर्ग बहुधा और विशेषकर अ० माग० और महा० में स्वरभक्ति द्वारा अलग-अलग कर दिये जाते हैं जिससे अ० माग० और जै० महा० में बहुधा तथा अन्य प्राकृत भाषाओं मे **य** सदा लुप्त हो जाता है, और स्वर § १६२ के अनुसार एक दूसरे के पास-पास आ जाते हैं ; महा० **अइआअर** (हाल), जै० महा० **अइयायर** (एर्त्से०) = ***अतियादर=अत्यादर** ; अ० माग० **णाइ-उण्ह=नात्युष्ण** (विवाह० ९५४), इसके साथ-साथ **अच्चुसिण** (आयार० २, १, ७, ५) और महा० **अच्चुण्ह** (हाल) पाये जाते हैं ; महा० **अइउज्जुअ** (हाल) और शौर० **अदिउज्जुअ** (रत्ना० ३०९, २४ ; प्रिय० ४३, १५)= **अत्यृजुक** ; अ० माग० **अहियासिज्जंति=अध्यासंते** (ओव०) ; जै० महा० **पडियागय = प्रत्यागत** (एर्त्से०) है, इसके साथ-साथ महा० में **पच्चागअ** रूप मिलता है (हाल), जै० महा० मे **पच्चागय** आया है (एर्त्से०), और शौर० में **पच्चागद** (उत्तर० १०६, १०) ; अ० माग० **पडियाइक्खिय = प्रत्याख्यात** है, साथ-साथ **पच्चक्खअ** भी चलता है (§ ५६५) ; अ० माग० **पडिउच्चारेयव्व=प्रत्युच्चारयितव्य** (विवाह० ३४) है; अ० माग० **परियावन्न= पर्यापन्न** (आयार० २, १, ९, ६ और ११, ७ तथा ८) है; अ० माग० **पलिउ-च्छूढ=पर्युत्क्षुब्ध** (§ ६६) है ; महा० **विओल=व्याकुल** (§ १६६) है। अ० माग० में, पर अन्य प्राकृतों में बहुत कम, **प्रति** का **इ** नीचे दिये हुए असमान स्वरों से पहले भी उड़ा दिया जाता है : इस नियम के अनुसार महा० और अ० माग० **पाडिऍक्क = प्रत्येक** के साथ-साथ (हेमचन्द्र २,२१० ; रावण० ; नायाध० १२२४ ; विवाह० १२०६ ; ओव० [**पाडियक्क** के स्थान पर सर्वत्र **पाडिऍक्क** पढ़ा जाना चाहिए]), ***पाडेॅक्क** के स्थान पर **पाडिक्क** मिलता है (§ ८४ ; हेमचन्द्र २, २१० ; **पडंसुअ = प्रत्याश्रुत** (§ ११५) ; **पडायाण=प्रत्यादान** (§ २५८) हैं; **वच्चइ=व्रजति** के साथ ***पडिउच्च** के स्थान पर **पडुच्च** (§ २०२ ; ५९०), **पाडुच्चिय = प्रातीतिक** (ठाणंग० ३८) भी हैं ; अ० माग० **पडुप्पन्न = प्रत्युत्पन्न** (आयार० १, ४,१,१ ; सूय० ५३३ ; ठाणंग १७३ ; १७४ ; विवाह० २४ ; ७८ ; ७९ ; ८० ; ६५१ ; जीवा० ३३७ ; ३३८ ; अणुओग० ४७३ ; ५१० और उसके बाद ; उवास०), जै० महा० **अपडुप्पन्न** (आव० एर्त्से० १७, ३१) ; अ०-

माग० **पडोयार=प्रत्यवतार** (लौयमान द्वारा सम्पादित औप० सु०) और **प्रत्युपचार** के भी (§ १५५ ; विवाह० १२३५ ; १२५१), **पडोयारेउ=प्रत्युपचारयतु, पडोयारेह=प्रत्युपचारयत, पडोयारेंति=प्रत्युपचारयंति, पडोयरिज्जमाण=प्रत्युपचार्यमाण** (विवाह० १२३५ ; १२५१ ; १२५२) हैं। महा० **पत्तिअइ**, अ० माग० और जै० महा० **पत्तियइ**, शौर० और माग० **पत्तिआअदि** और अ० माग० **पत्तेय** के विषय में § २८१ तथा ४८७ देखिए।

§ १५६—वह स्वर, जो व्यंजन के लोप होने पर शेष रह जाता है, **उद्वृत्त**[1] कहलाता है। नियमानुसार **उद्वृत्त** स्वर उससे पहले आनेवाले स्वर के साथ सन्धि नहीं करता (चंड० २, १ पेज ३७ ; हेमचन्द्र १, ८ ; वररुचि ४, १ से भी तुलना कीजिए)। इस नियम के अनुसार महा० **उअअ=उदक** (गउड० ; हाल ; रावण०[2]) ; **गअ=गज** और **गत** ; **पअवी=पदवी** (गउड ; हाल) ; **सअल=सकल** ; **अणुराअ=अनुराग** ; **घाअ=घात** (हाल ; रावण०) हैं ; **कइ=कति** (रावण०),=**कपि** (गउड० ; हाल ; रावण०),=**कवि** (गउड० ; हाल) है ; **जइ=यदि** ; **णई=नदी** ; **गाइआ=गायिका** (हाल) ; **तउवी=त्रपुषी** (हाल); **पउर=प्रचुर** (हाल) ; **पिअ=प्रिय** ; **पिअअम=प्रियतम** ; **पिआसा=पिपासा** (हाल) ; **रिउ=रिपु** ; **जुअल=युगल** ; **रूअ=रूप** ; **सूई=सूची** (गउड० ; हाल) ; **अणेअ=अनेक** (गउड० हाल) ; **जोअण=योजन** (रावण०) ; **लोअ=लोक** हैं। प्रत्येक प्रकार की संधि पर यह नियम लागू होता है : महा० **अइर=अचिर** ; **अउव्व=अपूर्व** ; **अवअंस=अवतंस** (हाल ; रावण०) ; **आअअ=आयत** (हाल ; रावण०) ; **उवऊढ=उपगूढ** ; **पआव=प्रताप** ; **पईव=प्रदीप** ; **दाहिणंसअड=दक्षिणांशतट** (गउड० १०४) ; **सअण्ह=सतृष्ण** (हाल) ; **गोलाअड=गोदातट** (हाल १०३), **दिसाअल=दिक्तल** (रावण० १, ७) ; **वसहइंध=वृषभचिह्न** (गउड० ४२५) ; **णिसिअइ=निशिचर** (रावण०) ; **सउरिस=सत्पुरुष** (गउड० ९९२) ; **गंधउडी=गन्धकुटी** (गउड० ३१९) ; **गोलाउर=गोदापुर** (हाल २३१); **विइण्णऊर=वितीर्णतूर्य** (रावण ८, ६५) ; **गुरुअण=गुरुजन** (हाल) हैं। ऐसे समान अवसर उपस्थित होने पर सभी प्राकृत भाषाओं के रूप इसी प्रकार के हो जाते हैं।

१. हेमचन्द्र इस स्वर को उद्वृत्त कहता है (१, ८)। चंड० २, १ पेज ३७ में इसका नाम उद्धृत दिया गया है (त्रिवि० १, १, २२ ; सिंह० पन्ना १ ; नरसिंह १, १, २२ ; अप्पयदीक्षित १,१,२२ में इसे शेष नाम देते हैं जो उचित नहीं जँचता क्योंकि हेमचन्द्र २, ८९ और त्रिवि० १, ४, ८६ में शेष उस व्यंजन का नाम बताया गया है जो एक पद में शेष रह जाता है। —२. ये उद्धरण नीचे दिये गये उन सब शब्दों के लिए हैं जिनके सामने कोई उद्धरण उद्धृत नहीं किये गये हैं।

§ १५७—उद्वृत्त स्वर उनसे ठीक पहले आनेवाले समान स्वरों से कभी-कभी संधि कर लेते हैं। इस नियम के अनुसार **अ, आ** ; **अ, आ** से संधि कर लेते हैं :

अ० मा० **आर*** जो **अअर** से निकला है = **अवर** (सूय० १०६; ३२२) और जै० महा० में यह **आदर** का रूप है (कालका०) : **ओआअव** (=सूर्यास्त का समय : देशी० १, १६२) = ***ओअआअव** = **अपगतातप**, जब कि **ओवाअअ** (त्रिवि० १, ४, १२१; संपादक ने **ओआअव** रूप दिया है; इस संबंध में बेत्सेनबैर्गर बाइत्रैगे १३, १३ भी देखिए) = **अपवातक** ; **कालास** और **कालाअस** का मार्कण्डेय के अनुसार शौर० में सदा **कालायस** होता है (वर० ४, ३; हेच० १, २६९); अप० में **खाइ** और **खाअइ** = **खादति** (वर० ८, २७; क्रम० ४, ७७; हेच० ४, २२८; ४१९,१); अप० में **खंति** = **खाअंति**, ***खांति**† = **खादंति** (हेच० ४,४४५,४), **खाउ** = **खादतु** (भाम० ८, २७), इससे एक धातु **खा** का पता लगता है जिसका भविष्यकाल-वाचक रूप **खाहिइ** भी मिलता है (§ ५२५), अप० में आज्ञावाचक एकवचन का रूप **खाहि** भी पाया जाता है (हेच० ४, ४२२, ४ और १६) और एक अप० रूप **खाअ**† = ***खात** है (हेच० ४, २२८); **गाअण** से **गाण** हुआ है = **गायन** (देशी० २,१०८); **गाणी**‡ (= वह भाडा जिसमें सना हुआ चारा गाय को खिलाया जाता है : देशी० २, ८२) ***गआअणी** से निकला है, इसका अ० माग० रूप **गवाणी** है (आयार० २, १०, १९) = **गवादनी** ; माग० **गोमाओ** जो ***गोमा-अओ** से निकला है = **गोमायवः** (मृच्छ० १६८, २०) है ; अप० **चंपावण्णी** = **चंपकवर्णी** (हेच० ४,३३०,१); **छाण** (= पोशाक : देशी० ३,३४) = **छादन**; अप० **जाइ जअइ** से निकला है = **जयति** (पिंगल १, ८५ अ); **धाइ** और साथ ही **धावइ** = **धावति** (वर० ८, २७; हेच० ४, २२८), महा० **उद्धाइ** = **उद्धा-वति** (रावण०) है, इससे **खाद्** के समान ही एक नये धातु **धा** का पता लगता है, जिससे निम्नलिखित रूप निकले हैं : **धाउ** (भाम० ८,२७), **धाह** (हेच० २,१९२), **धाहिइ** (§ ५२५), **धाओ** (हेच० ४, २२८) बनाये गये हैं; अ०माग० और अप० **पच्छित्त** (सम० ९१; हेच० ४, ४२८) और इसके साथ अ० माग० **प्रायच्छित्त** (जीव० १८ ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प०) = **प्रायश्चित्त है ; पावडण** और इसके साथ ही महा० **पाअवडण** (हाल; [पाठ में **पअवडण** है]) = **पाद-पतन** (भाम० ४, १; हेच० १, २७०; मार्क० पन्ना ३१) है ; महा०, जै० महा० और शौर० **पाइक** = **पादातिक** (§ १९४); **पावीढ** और इसके साथ दूसरा रूप **पाअ-वीढ** = **पादपीढ** (हेच० १, २७०; मार्क० पन्ना ३१); अ० माग० रूप **भंते** = **भदंतः** (§ ३६६); **भाण**† = **भाजन** (वर० ४,४; हेच० १, २६७; क्रम० २, १५१), जब मार्कण्डेयके कथनानुसार इस शब्द का शौर० रूप **भाअण** है (मृच्छ० ४१, ६; शकु० ७२, १६; १०५, ९; प्रबंध० ५९, ४; वेणी० २५, ३ और ५; मल्लिका०

* यह बंगला में अभी तक प्रचलित है। हिंदी और प्राकृत **अउर** का रूप है। —अनु०

† **खांति** रूप अवश्य कहीं-कहीं बोला जाता होगा। कुमाउनी बोली में नियमानुसार **खांति** = **खानि** प्रचलित है। **भाण** भी कुमाउनी में चलता है। इसी प्रकार **गाण** कुमाउनी में चलता है। **खाअ** शब्द मुझे हेमचंद्र के प्राकृत व्याकरण में नहीं मिला। —अनु०

‡ इस **गाणी** से **घाणी** निकला है जो अनेक वर्तमान भारतीय आर्य-भाषाओं में प्रचलित है। —अनु०

२८९, ३ ; अद्भु० २, १५)। **गाइ = गायति, झाइ = ध्यायति, जाइ = जायते, पलाइ = पलायते** रूपों के संबंध में § ४७९; ४८७ और ५६७ देखिए। —महा० और अप० में **इ, ई** की संधि उद्वृत्त **इ** और **ई** से कर दी जाती है : **बीअ** (हेच० १, ५ और २४८; २, ७९ ; गउड० [इसमें **बीय** पाठ मिलता है]; हाल [इसमें **बीअ** आया है] ; रावण० [इसमें **बिइअ** है] ; पिंगल १, २३ ; ४९ ; ५६ ; ७९ ; ८३), अप० में **बिअ** भी मिलता है (पिंगल १, ५०), अ० माग० और जै० महा० रूप **बीय है** (विवाह० ५५ ; उवास० ; कप्प० ; कक्कुक शिलालेख २१ ; एत्सें०), इनके साथ-साथ महा० में **बिइअ**, अ० माग० और जै० महा० मे **बिइय** (§ ८२) = **द्वितीय** है ; अप० में **तीअ** रूप है जो ***तिइअ = तृतीय** से निकला है (पिंगल १, ४९ ; ५९ ; ७०) ; अ० माग० **पडीण, उडीण = प्रतीचीन, उदीचीन** (आयार० १, ४, ४, ४ ; १, ६, ४, २ ; ओव० § ४), **पडीण** (विवाह० १६७५ और उसके बाद) का छंदों की मात्रा ठीक रखने के लिए ह्रस्व रूप **पडिण** भी हो जाता है (दस० ६२५, ३७ ; § ९९ से भी तुलना कीजिए) ; अ० माग० **सीया = शिबिका** (आयार० पेज १२७, १५ [यहाँ **यही** पाठ पढ़ा जाना चाहिए] है ; ओव० ; एत्सें०) ; भविष्यकाल मे, जैसे जै० महा० **होहि** और इसके साथ-साथ महा० और जै० महा० **होहिइ = *भोष्यति = भविष्यति** (§ ५२१)। जै० महा० **विणासिही** (§ ५२७), **जणेहि, निवारेहि** (§ ५२८), **छी**, अप० **एसी** (§ ५२९), जै० महा० **दाही** (§ ५३०), **सक्केही** (§ ५३१), अ० माग० और जै० महा० **काही** (§ ५३३) और अ० माग० **नाही** (§ ५३४) देखिए । महा० **चीअ** (हाल १०४) = ***चिइअ** जो ***चितिय** से निकला है और = **चित्य**, अ० माग० **चीवंदन** का **ची** (जो हेमचन्द्र १, १५१ के अनुसार **चैत्यवंदन** का प्राकृत रूप है),यह=***चिइ=चिति** है। अ० माग० **उंबर** में, जो **उउंबर** से निकला है और ***ऊंबर = उदुंबर** का रूप है, **उ, ऊ** उद्वृत्त **उ** और **ऊ** से सन्धि द्वारा मिल गये है (वर० ४, २ ; हेमचन्द्र १, २७० ; क्रम० २, १५२ ; अणुत्तर० ११ ; नायाध० § १३७ ; पेज २८९, ४३९ ; ठाणग० ५५५ ; जीवा० ४६ ; ४९४; निरया० ५५ ; पण्णव० ३१ ; विवाह० ८०७ ; १५३०)।

§ १५८—कभी-कभी **अ** और **आ** किसी उद्वृत्त **इ** और **ई** तथा **उ** और **ऊ** से संधि कर लेते हैं : **केली** निकला ***कइली** से = ***कदिली = कदली**, इसमें **इ** § १०१ के अनुसार आयी तथा इसके अनुसार **केल** निकला ***कइल** से = ***कदिल** = **कदल** (हेमचन्द्र १, १६७ और २२०)[१] ; महा०, अ० माग०, जै० महा० और शौर० मे **थेर** निकला **थइर** से = **स्थविर** (हेमचन्द्र १, १६६ ; २, ८९ ; पाइय० २ ; देशी० ५, २९ ; हाल १९७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; पाठ मे **ठेर** रूप मिलता है] ; सरस्वती० ८, १३ [यहाँ भी पाठ में **ठेर** रूप है] ; अच्युत० ३२ [यहाँ भी **ठेर है**] ; ठाणग० १४१ ; १५७ ; २८६ ; विवाह० १३१; १३२; १६९ ; १७२ ; १७३ ; १८५ ; ७९२ ; उत्तर० ७८६ ; ओव० ; कप्प० ;

नायाध० ; एर्त्से० ; कक्कुक शिलालेख ; अनर्घ० ६३, ४ [यहाँ **ठेर** रूप है]) ; महा० और शौर० में **थविर** रूप भी है (प्रबंध० ३८, १० [बबई, पूना और मद्रास के संस्करणों में **ठविर** छपा है] ; नागा० ३, २ [इसमें **ठविर** और **ठेर** रूप हैं]) ; महा० **थेरी** है (पाइय० १०७ ; हाल ६५४ [पाठ मे **ठेरी** है, बम्बई के संस्करण ७, ५२ मे **ठेर** है]) ; अ० माग० रूप **थेरय** मिलता है (सूय० १७६), **थेरग** (सूय० ३३४), **थेरिया** (कप्प०), **थेरासण** (= कमल : देशी० ५, २९); **थेरोसण** (= कमल : त्रिवि० १, ४, १२१) = ***स्थविरासन**[२] है। **मेडंभ** निकला ***मइडंभ** से = ***मृगीदंभ** (=मृगतंतु : देशी० ६,१२९) है; **मेहर**[१] और इसके साथ **मइहर**=***मतिधर** (गाँव का मुखिया, ग्रामप्रवर : देशी० ६, १२१) ; अ० माग० **वेर** (कप्प० § ४५) निकला है **वइर** से (§ १३५) = **वज्र** ; अप० **एह, जेह, तेह** और **केह** (हेमचन्द्र ४, ४०२) और इनके साथ-साथ **अइस, जइस, तइस** और **कइस** (हेमचन्द्र ४, ४०३) = **ईदृश, यादृश, तादृश** और **कीदृश** (§ १२१) है; अप० **जे** जो प्रचलित रूप **जइ** के लिए आता है = **यदि** (पिंगल १, ४ अ ; ९७ [गौल्दश्मित्त के संस्करण मे **जं** पाठ है]) है; अप० **दे** और इसके साथ **दइ** रूप = शौर० **दइअ, दय** के रूप है (§ ५९४)। अ० माग० और अप० पद्यों में क्रिया के अंत मे **अइ** = **अति** है और यह तृतीयपुरुष एकवचन मे संधि होकर **ए** रूप धारण कर लेता है। इस भाँति अ० माग० **अट्टे=अट्टइ** (सूय० ४१२ (इस सम्बन्ध मे **परिअट्टइ** हेमचन्द्र ४, २३० की भी तुलना कीजिए) = ***अट्यति** जो **अट्** धातु का रूप है (इसका **अट्ट** = **आर्त** से कोई सम्बन्ध नहीं है); **कप्पे** = ***कल्पति** है, (आयार० १,८,४,२), **भुंजे** निकला है **भुंजइ** से (§ ५०७)= **भुनक्ति** (आयार० १, ८, ४,६ और ७)है, **अभिभासे=अभिभाषते, पडियाइक्खे** = **प्रत्याख्याति** है (§ ४९१), **सेवे***=**सेवति, पडिसेवे**=***प्रतिसेवति** (आयार० १, ८, १, ७; १४; १७; ४, ५) है; अप० **णच्चे*** = **नृत्यति, सद्दे** = ***शब्दति**= **शब्दयति, गज्जे***=**गर्जयति, बोल्ले=बोल्लइ** (हेमचन्द्र ४,२) है, **उग्गे*** निकला है ***उग्गइ** से=***उद्गाति** (उगना, ऊपर को उठना : पिंगल २, ८२ ; ९० ; २२८; २६८), **होसे** (प्रबन्धचन्द्रोदय ५६,६) निकला है **होसइ** से (हेमचन्द्र ४, ३८८ ; ४९८, ४) = ***भोष्यति** = **भविष्यति** (§ ५२१)। इसी ढग से अ०-माग० **बेमि** निकला है ***बइमि** से = **ब्रवीमि** (§ ४९४) है। अप० **चो** = **चउ** = **चतुर्** (पिंगल १, ६५ ; इस स्थान पर गौल्दश्मित्त, बनइया संस्करण के **चो लघु कत्थ वि** की जगह **अट्ठ वि लहुआ** पढता है), **चोवीसा, चोविस** और इनके साथ का रूप **चउवीसइ** = **चतुर्विंशति, चोआलीसइ** और इसके साथ **चउआलीसा** भी मिलता है, अ० माग० रूप **चोयालीसम्** और इसके साथ-साथ ही चलनेवाला **चउयालीसम्** = **चतुश्चत्वारिंशत्, चोत्तीसम्** = **चतुस्त्रिंशत्** आदि-आदि (§ ४४५) है ; महा० **चोत्थ** और इसके साथ-

* यह रूप हिन्दी में सेवे, नाचे, गाजे, उगे आदि में रह गया है। गुजराती और मारवाड़ी में ये रूप वर्तमान हैं। —अनु०

साथ चलनेवाला **चउत्थ = चतुर्थ** (§ ४४९) है ; **चोँद्दह** और इसके साथ अप० रूप **चउद्दह**, अ० माग० **चोँद्दस** और इसके साथ चलनेवाला दूसरा रूप **चउद्दस=चतुर्दश** (§ ४४३), अ० माग० **चोँद्दसम=चतुर्दशम्** (§ ४४९); **चोँग्गुण** और इसके साथ ही चलनेवाला दूसरा रूप **चउग्गुण = चतुर्गुण**, **चोँव्वार** और इसके साथ काम में आनेवाला दूसरा रूप **चउव्वार = चतुर्वार** (हेमचन्द्र १, १७१) है, **तोवट्ट** और इसके साथ चलनेवाला **तउवट्ट = त्रपुपट्ट** (कान का एक गहना : देशी० ५, २३ ; ६, ८९) हैं ; महा० और अ० माग० **पोँम्म = पद्म** (हेमचन्द्र १, ६१ ; २, ११२ है ; मार्कण्डेय पन्ना ३१ ; कालेय० १४, १५ ; पार्वती० २८, १५ ; उत्तर० ७५२ [पाठ में **पोमं** है], **पोँम्मा= पद्मा** (हाल) है ; महा० और शौर० **पोँम्मराअ = पद्मराग** (मार्कण्डेय पन्ना ३१ ; हाल ; कर्पूर० ४७, २ ; १०३, ४ (शौर०) ; १६८, ४ (शौर०) है ; महा० **पोँम्मासण = पद्मासन** (कालेय० ३, ११) है ; इनसे निकले और इन रूपो के साथ साथ महा०, अ० मा०, जै० महा० और शौर० में **पउम** और **पउमराअ** मिलते हैं (§ १३९) ; **बोहारी** और इसके साथ साथ **बउहारी** (झाडू : देशी० ६, ९७ ; ८, १७) ; अप० **भोँहा** जो ***भँउहा** से निकला है = **भमुहा** (पिंगल २, ९८ ; § १२४ और २५१) ; **मोड** के साथ **मउडी** (सँवारे हुए बालों की लट : देशी० ६, ११७ ; पाइय० ५७) ; महा०, अ० माग०, जै० महा०, शौर० और अप० में **मोर** रूप मिलता है (वररुचि १, ८ ; क्रम० १, ७ ; मार्कण्डेय पन्ना ६ ; पाइय० ४२ ; हाल ; अणुओग० ५०२ ; ५०७ ; नदी० ७० ; पण्णव० ५२६ ; राय० ५२ ; कप्प० ; कक्कुक शिलालेख ; शकु० १५५, १० ; १५८, १३ ; उत्तर० १६३, १० ; जीवा० १६, १२ ; विक्रमो० ७२, ८ ; पिंगल २, ९०), अप० में **मोरअ** रूप भी मिलता है (पिंगल २,२२८) । स्त्रीलिंग में महा० और शौर० में **मोरी** रूप मिलता है (शकु० ८५, २ ; शौर० मे : शकु० ५८, ८; विद्ध० २०, १५), माग० मे **मोली** रूप पाया जाता है (मृच्छ० १०,४ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), अ० माग० **मोरग = मयूरक** (आयार० २, २, ३, १८), इससे निकला तथा इसके साथ साथ अ० माग०, जै० महा० और शौर० में **मऊर** रूप भी प्रचलित है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; पण्णव० ५४ ; दस० नि० ६६२,३६ ; एर्त्से० ; विक्रमो० ३२, ७ ; मल्लिका० २२०, २०), अ० माग० मे **मयूर** भी (विवाग० १८७ ; २०२), **मयूरत्त = मयूरत्व** मिलता है (विवाग० २४७), माग० मे **मऊलक** देखा जाता है (शकु० १५९, ३), स्त्रीलिंग में अ० माग० मे **मयूरी** (नायाध० ४७५ ; ४९० ; ४९१) रूप आया है । **मोर** रूप प्राकृत से फिर संस्कृत मे ले लिया गया है, इस कारण हेमचन्द्र १, १७१ में संस्कृत माना गया है । महा० **मोह = मयूख** (सब व्याकरणकार ; रावण० १, १८), महा० और शौर० मे साथ-साथ **मऊह** रूप भी चलता है (सब व्याकरणकार ; पाइय० ४७ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; प्रबंध० ४६, १) ; महा० **विओल** जो ***विआउल** से निकला है = **व्याकुल** (देशी० ७, ६३ ; रावण० ;

§ १६२ से भी तुलना कीजिए)[४] ; अप० **संहारो*** **संहरउ** से निकला है = **संहरतु** (पिंगल २, ४३)। § १२३ में **कोहल**, **सोमार** और **सोमाल** से भी तुलना कीजिए, § १५५ में **ओ** की तुलना भी कीजिए। महा० और अ० माग० **बोर** = **बदर** (वररुचि १, ६ ; हेमचन्द्र १, १७० ; क्रम० १, ८ ; मार्कण्डेय पन्ना ५ ; गउड० ; हाल ; पण्णव० ५३१ ; विवाह० ६०९ ; १२५६ ; १५३०), अ० माग० **बोरी** = **बदरी** (हेमचन्द्र १, १७० ; मार्कण्डेय पन्ना ५ ; पाइय० २५४ ; अणुत्तर० ९) बताते हैं कि कभी कहीं यह शब्द प्रचलित होने से पहले **बदुर** और **बदुरी** रूप में बोले जाते होंगे[५]। अ० माग० **बूर** (=**पूर** रूप भी देखिए : जीवा० ४८९ ; ५०९ ; ५५१ ; राय० ५७ ; उत्तर० ९८६ ; विवाह १८२ ; ओव० ; कप्प० ; नायाध०), **बदुर** का रूपान्तर नहीं है किन्तु **पूर** का रूप है (=नीबू का पेड़), इसका शुद्ध पाठ **पूर** ही पढ़ा जाना चाहिए। टीकाकार इसे सर्वत्र **वनस्पतिविशेष**[६] बताते हैं। हेमचन्द्र १, १७० में **पोर**† = **पूतर** अस्पष्ट है।

१. कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३४, ५७२ में पिशल का लेख ; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ४७, ५७५ में याकोबी का लेख भ्रमपूर्ण है ; कून्स त्साइटश्रिफ्ट ३५, ५७३ में भी याकोबी का लेख शुद्ध नहीं है। — २. बे० बाइत्रैगे १३, ३ में पिशल का लेख। — ३. पिशल द्वारा सपादित देशीनाममाला की भूमिका का पेज ७। — ४. गे० गो० आ० १८८०, पेज ३३५ में पिशल का निबन्ध। — ५. कू० त्सा० ३४, ५७२ में पिशल का लेख ; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ४७, ५७५ और कू० त्सा० ३५, ५७३ में याकोबीका मत अशुद्ध है। मार्कण्डेय पन्ना ६६ के अनुसार शौर० में केवल बअर रूप है। — ६. पिशल ने १६६ § में नोट देने के लिए वनस्पतिविशेष के ऊपर संख्या ६ डाली है, पर नीचे नोट में वह कुछ उल्लेख करना भूल गया है।

§ १६७—संधि में और स्वरों के साथ-साथ उद्‌वृत्त स्वर भी प्रथम पद के अंतिम स्वर के साथ मिल जाता है। महा० और अप० में **अंधार** = **अंधकार** (मार्क० पन्ना ३१ ; हाल ; पिंगल १, ११७ अ ; २, ९०), अप० में **अंधारअ** रूप भी मिलता है (हेमचन्द्र ४, ३४९), महा० **अंधारिअ** = **अंधकारित** (हाल), जै० महा० में **अंधारिय**। (एर्से०, कक्कुक शिलालेख) और इसके साथ-साथ महा० और शौर० में **अंधआर** रूप भी चलता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० ४४, १९ ; ८०, ९ ; ८८, १७ ; १३८, ३ ; शकु० १४१, ७ ; प्रिय० ५१, १२ ; कर्पूर० ८५, ६ ; मल्लिका० २०९, १७ ; प्रबोध० १४, १७ ; चैत० ४०, १५), माग० में **अंधआल** रूप देखा जाता है (मृच्छ० १४, १० और २२, १६,२२)। अ० माग० और जै० महा० में **अंधयार** चलता है (ओव० ;

* यहाँ **ह** पर ध्वनिबल पड़ने से **अ** का **आ** रूप हो गया है। हिन्दी में सभी अपभ्रंश की आज्ञावाचक क्रियाओं का **अउ**, **ओ** हो गया है, **करो**, **मारो** आदि। यह शब्दप्रक्रिया अपभ्रंश काल से ही आरम्भ हो गयी थी। —अनु०

† यह **पोर** सम्भवतः **पुत्र** के लिए है जो आज भी मराठी में चलता है। —अनु०

कण्ण० ; नायाध० ; ऋषभ०), जै० महा० में **अंधयारिय** रूप भी आया है (एर्त्से०) । महा०, जै० महा० और अप० में **आअअ** से निकला और उसके साथ-साथ चलनेवाला **आअ = आगत** (हेमचन्द्र १, २६८ ; हाल ; आव० एर्त्से० ८, ४७ ; पिगल २, २५५ और २६४) । **कंसाल = कांस्यताल** (हेमचन्द्र २, ९२), इसका शौर० रूप **कंसतालअ** है (मृच्छ० ६९, २४) । अ० माग० **कम्मार* = कर्मकार** (जीवा० २९५) ; इसी प्रकार संधि उन सभी पदों की होती है जिनमें **कार** का उदवृत्त रूप **आर** जोड़ा जाता है, जैसे अ० माग० मे **कुंभार = कुंभकार** (हेमचन्द्र १, ८ ; मार्क० पन्ना ३२ ; उवास०) , इसके साथ-साथ **कुंभआर** रूप भी चलता है (सब व्याकरणकार), अ० माग० मे **कुंभकार** भी मिलता है (उवास०), जै० महा० में **कुंभगार** रूप भी आया है (एर्त्से०) । दाक्षि० मे **चम्मारअ = चर्मकारक** (मृच्छ० १०४, १९) । महा० मे **मालाकारी मालारी** (हाल ; देशी० १, १४६, ११४) अ० माग० **लोहार = लोहकार** (जीवा० २९३), **दोधार = द्विधाकार** (ठाणग० ४०१) । महा० मे **वलय-कारक = वलआरअ** (हाल), **सोणार = स्वर्णकार** (§ ६६) । अप० **पिआरी = प्रियकारी** (पिंगल २, ३७) । जै० महा० मे **खंधार = स्कंधावार** (मार्क० पन्ना ३२ ; एर्त्से०) इसके साथ-साथ **खंधवार** शब्द भी मिलता है (एर्त्से०) । महा० मे **चक्काअ = चक्रवाक** (हेमचन्द्र १, ८ ; क्रम० २, १५१ ; मार्क० पन्ना ३२ ; शकु० ८८, २ पेज १९२ की टीका मे चन्द्रशेखर ; गउड० ; रावण०, शकु० ८८, ३), अ० माग० मे इसका रूप **चक्काग** मिलता है (पण्णव० ५४) । अ०-माग० **णिण्णार=निर्नगर** (विवाह० १२७७) । अ० माग० **निंबोलिया**† **= निंबगुलिका** (नायाध० ११५२ ; ११७३) : **तलार=तलवार** (देशी० ५, ३ ; त्रिवि० १, ३ और १०५, पिशल बे० बा० ३, २६१) । **पार** और इसके साथ चलनेवाला दूसरा रूप **पाआर = प्राकार** (हेमचन्द्र १, २६८) । महा० में **पारअ** (हेमचन्द्र १, २७१ ; हाल ; इडिशे स्टुडिएन १६, १७ जो १८४ की टीका है) और इसके साथ-साथ चलनेवाला रूप **पावारअ=प्रावारक, पाराअ** और इसका दूसरा पर्याय **पारावअ=पारावत** (भामह ४, ५ ; § ११२ से भी तुलना कीजिए) । महा० में **पावालिआ = प्रपापालिका** (हाल) । जै० महा० मे **वरिसाल = वर्षाकाल** (एर्त्से०), **वारण** और इसके साथ चलनेवाला **वाअरण=व्याकरण** (हेमचन्द्र १, २६८), महा० मे **सालाहण = सातवाहन** (हेमचन्द्र १, ८ ; २११ ; हाल) । महा० मे **साहार = सहकार** (कर्पूर० ९५, १) । अ० माग० मे **सूमाल** और साथ ही **सुकुमाल = सुकुमार** (§ १२३) ; **सूरिस** और इसका पर्याय **सुउरिस = सुपुरुष** (हेमचन्द्र १, ८) । महा० रूप **जाला, ताला** (हेमचन्द्र ३, ६५ ; मार्क० पन्ना ४६ ; ध्वन्यालोक ६२, ४) भी संधियुक्त रूप माने जाते हैं ; अशुद्धि से शौर० मे भी ये रूप आये है (मल्लिका० ८७, ११ ; १२४,

* यह शब्द **कामार** रूप में बंगला में वर्तमान है । —अनु०

† यह शब्द औपपातिक सूत्र में भी आया है । —अनु०

१४) और माग० में भी मिलते हैं (मल्लिका० १४४, ३) = ***यात्‌कालात्** और ***तात्‌कालात्**। **काला** (हेमचन्द्र ३, ६५, मार्क० पन्ना ४६) = ***कात् कालात्** (पिशल बे० बाइ० १६, १७२ में) । § २५४ से भी तुलना कीजिए।

§ १६०—संधियुक्त शब्द के पहले पद के अंतमें जो **अ** आता है वह कुछ अवसरों पर, उसके बादके पदमें जो असमान उद्‌वृत्त स्वर आता हो, उसमें **लुप्त हो** जाता है। ***इंदओव** से निकला **इंदोव = इन्द्रगोप** (पाइय० १५० ; देशी० १, ८१), अ० माग० में इसका रूप **इंदगोव** मिलता है (अणुओग० ३४४), एक रूप **इंदगोवग** भी है (उत्तर० १०६२), **इंदगोवय** भी पाया जाता है (पण्णव० ४५) ; **इंदोवत्त** = ***इंद्रगोपाल** (= घोवा : देशी० १,८१ [**इंदोवत्तो अ इंदोवे कीडेसु** अर्थात् कीटे का नाम इंदोवत्त है। टीका में है : **इंदोवत्तो इंद्रगोपकः** ।—अनु०]); ***घरओली** से **घरोली*** रूप बना = ***घरगोली** = **गृहगोली** (घरकी दीवारों में चिपका रहनेवाला एक प्रकार का कनखजूरा : देशी० २, १०५) ; अ० माग० में **घरोलिया** रूप है = **गृहगोलिका** (पण्हा० २२ ; पण्णव० ५३ [पाठ में **घरोइल** मिलता है]) ; ***घरओल** से निकला एक **घरोल** रूप भी है, ***घरगोल = गृहगोल(क)** (एक घरेलू पकवान : देशी० २, १०६) । महा०, अ० माग०, जै० महा०, शौर०, माग० और ढक्की में **देउल = देवकुल** (हेच० १, २७१ ; मार्क० पन्ना ३३ ; हाल ; अणुओग० ३८७ ; नायाध० ५३५ ; तीर्थ० ४, ९ ; ७, १८ ; एर्त्से० ; मृच्छ० १५१, १४; कर्ण० ३५, ९; मृच्छ० २०, २४ ; ३०, ११ ; १२), इसके साथ-साथ और इसमें ही निकला एक रूप **देवउल** भी है (हेच० ; मार्क० ; एर्त्से० ; विक्र० ५९, ७ ; चैतन्य० १३४, १० और १४), अ० माग० में **देवकुल** का भी प्रयोग हुआ है (आयार० २, २, २, ८ ; २, १०, १४ ; २, ११, ८ ; पण्हा० ५२१ ; नायाध० ५८१; कप्प०); जै० महा० **देउलिया = देवकुलिका** पाया जाता है (आव० एर्त्से० ३१, १०) । जै० महा० और दाक्षि० में **राउल = राजकुल** (भाम० ४, १ ; हेच० १, २६७ ; मार्क० पन्ना ३२ ; एर्त्से० ; मृच्छ० १०५, ४), माग० में **लाउल** रूप है (ललित० ५६५, ७ ; ९ ; १५ ; ५६६, १३ ; २० ; मृच्छ० ३६, २२ ; १३५, २), यह रूप शौर० में अशुद्ध है (प्रबोध० ४७, ५ और ९ ; ४९, १३ और १५ ; मद्रासी संस्करण में सर्वत्र **लाअउल है**, पूना संस्करण ४७, ९), इन स्थानों में **राअउल** पढा जाना चाहिए (सब व्याकरणकार) जैसा शकुन्तला ११५, ३ और ६ ; ११९, १ ; रत्नावली ३०९, ९ ; नागानंद ५७, ३ ; प्रियदर्शिका ९, १३ में हैं। प्रबोधचंद्रोदय ३२, ९ में माग० का रूप **लाजउल** दिया गया है (मद्रास संस्करण में **राजउल** है), ये रूप **लाअउल** पढे जाने चाहिए; जै० महा० में **रायउल** रूप मिलता है (एर्त्से०)[१] ; ***लाअउत्त** से निकला माग० रूप **लाउत्त = राजपुत्र** (शकु० ११४, १ ; ११५, ७ और ९ ; ११६, ९ ; ११७, ५) । **वाउत्त** और इसके साथ-साथ दूसरा रूप **वाअउत्त = वातपुत्र** (देशी० ७, ८८) ।

---

* घरोली का रूप कुमाउनी में **घिरौली** है। यह कनखजूरा नहीं है बल्कि एक प्रकारकी कलेजी चमकदार रंग की छोटी छिपकली-सा जंतु है। —अनु०

१. शकुंतला ११४, १ (पेज १९७) पर चंद्रशेखर की टीका की तुलना कीजिए, उसमें आया है राउल शब्द (यहाँ यही पढ़ा जाना चाहिए) ईश्वरे देशी। इस अर्थ में यह शब्द प्रबोधचंद्रोदय और संस्कृत शिलालेखों में पाया जाता है (एपिग्राफिका इंडिका ४, ३१२ में कीलहौर्न के लेख की नोट संख्या ७)। त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ४७, ५७६ में याकोबीने इस विषय में सोलह आने अशुद्ध लिखा है।

§ १६१—एक वाक्य मे स्वर चाहे मौलिक रूप से एक के बाद दूसरा आ जाये या व्यंजन के लुप्त होने पर एक के पास दूसरा स्वर खिसक आये, नियम यह है कि ऐसी अवस्था में शब्द का अंतिम स्वर बिना किसी प्रकार के परिवर्तन के ज्यों का त्यों बना रहता है। पल्लवदानपत्र में **कांचीपुराद्** अग्निष्टोम का रूप **कांचीपुरा अग्गिठोम** है (५, १), **शिवस्कंदवर्मास्माकम्** विषये का **शिवखंधवमो अम्हं विसये** (५, २), **गोवल्लवान्** अमात्यान् आरक्षाधिकृतान् का **गोवल्लवे अमच्चे आरक्खधिकते** (५, ५) हो गया है। **इतिअपि चापि ष्टीयम्** का **त्ति अपि च आपिट्ठीअं** रूप मिलता है (६, ३७)। **इति एव** का **त्ति एव** (६, ३९); **तस्य खल्वस्ये** का **तस खु अम्हे** (७, ४१); **स्वककाल उपरिलिखितम्** का **सककाले उपरिलिखितं** हो गया है (७, ४४)। महा० मे **न च म इच्छया** का रूप **ण अ ये इच्छाइ** पाया जाता है (हाल ५५५) ; **त्वम् अस्य अविनिद्रा** का **तं सि अविणिद्दा** आया है (हाल ६६), **दृष्ट्वोन्नमतः** का **दट्ठूण उण्णमंते** हो गया है (हाल ५३९), **जीवित आशंसा** का **जीविद आसंघो** रूप है (रावण० १, १५); **प्रवर्तताम् उदधिः** का **पअट्टउ उअही** मिलता है (रावण० ३, ५८); **अमुञ्चत्य अंगानि**, **आमुअइ अंगाइं** मे परिणत हो गया है (रावण० ५,८) ; **यात पलासुरभौ**, **जाओ पलासुरहिम्मि** बन गया है (गउड० ४१७) ; **स एव केशव उपसमुद्रम् उद्दाम** का **सो एस केसव उवसमुद्दम् उद्दाम** रूप देखा जाता है (गउड० १०४५)। अ० माग० मे **अस्ति म आत्मौपपातिकः** का **अत्थि मे आया ओववाइए** बन गया है (आयार० १,१,१,३), **चत्वार एते** का **चत्तारि एए** मिलता है (दस० ६३२, ७), **ता आर्या एयमानाः पश्यति** का **ताओ अज्जाओ एज्जमाणीओ पासइ** रूप पाया जाता है (निरया० ५९), **एक आह** का **एगे आह** रूप है (सूय० ७४), **क्षीण आयुषि** का **खीणे आउम्मि** रूप आया है (सूय० २१२), **य इमा दिशा अनुदिशोऽनुसंचरति**, **जो इमाओ दिसाओ अणुदिसाओ अणुसंचरइ** बन गया है (आयार० १, १, १, ४)। यही नियम अन्य प्राकृत भाषाओं मे भी लागू है।

§ १६२—संधिवाले शब्द मे **न** (= नही) दूसरे पद के आरम्भिक स्वरके साथ और विशेषतः जब यह पद क्रिया हो तब बहुधा संधि कर लेता है। महा०, अ० माग०, जै० महा०, जै० शौर० और शौर० मे **नास्ति = णत्थि*** (गउड०; हाल ; रावण० ; आयार० १, १, १, ३ ; आव० एर्से० ९, ९ ; पव० ३८०, १० ;

* इसके गुजराती में नथी और कुमाउनी में न्हाति रूप शेष रह गये हैं। —अनु०

मृच्छ० २, २४)। माग० में **नास्ति** का **णस्ति** रूप है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० १९, ११ [पाठ में **णत्थि** छपा है])। महा० में **णायी** रूप मिलता है जो = **न + अमी है** (गउड० २४६), **णल्लिअइ** भी पाया जाता है जो = **न + अल्लिअइ** (रावण० १४, ५)। महा०, जै० शौर० और शौर० में **णाहं** रूप आता है जो = **न+अहम् है** (हाल १७८ ; पव० ३८४, ३६ ; विक्रमो० १०,१३)। महा० में **णाउलभाव = न+आकुलभाव** (गउड० ८१३), **णागअ = न+आगत** (हाल ८५६), **णालवइ = न + आलपति** (हाल ६४७)। अ० माग० और जै० शौर० में **नेव** और **णेव** रूप मिलते हैं, ये **न + एव** से निकले हैं (आयार० १, ४, २, २), **नाभिजाणइ = नाभिजानाति** (आयार० १, ५, १, ३), **नारभे = न+आरभेत** (आयार० १, ५, ३४), **नाभिभासिसु=न + अभिभासिसु**, **नाइवत्तई = न+ अतिवर्तते** (आयार० १, ८, १, ६)। शौर० में **णागदा = न + आगता** (मालती० ७२, ६)। माग० में **णाअश्चदि=न+आगच्छति** (मृच्छ० ११६, ५ ; १९ ; ११७, ११)। अ० माग० और जै० महा० में **नाइदूर** (उवास० § २०८ ; ओव० § ३३ ; नायाध० § ७ ; एर्त्से० २२, २३) और शौर० में इसका रूप **णादिदूर** हो जाता है (मालती० ३०, ८), माग० में इसका रूप **णादिदूल** मिलता है (चंड० ६६, १३); ये सब रूप=**न+अतिदूर** ; शौर० **णारिहदि=न + अर्हति** (शकु० २४, १२)। महा० **णेच्छइ = न + इच्छति** (हाल २०५), शौर० में **णेच्छदि** रूप होता है (शकु० ७३, ४), माग० में **नेश्चदि** (मृच्छ० ११, १)। शौर० **णालंकिदा=न + अलंकृता** (मृच्छ० १८, १०), **णोदरदि= न+अवतरति** (मृच्छ० १०८, २१)। ऐसे अवसरों में **न** उपसर्ग सा बन जाता है और इसका वही उपयोग होता है मानो यह संधि का पहला पद हो। **ज्ञा** धातु के विषय में भी यही नियम लागू होता है जो **न** के बाद आने पर **ज** छोड देता है, अ० माग० और जै०महा० में यह **ज्ञ** एक शब्द के भीतर के अक्षर की भाँति **य** में बदल जाता है : महा० में **ण आणामि, ण आणासि, ण आणइ, ण आणिमो, ण आणह** और **ण आणंति** रूप मिलते हैं ; अ० माग० और जै० महा० में **ण याणामि** (नायाध० § ८८ ; आव० ; एर्त्से० २९,१९), जै०महा० में **ण याणसि** और **ण याणइ*** रूप देखे जाते हैं, अ०माग० में **ण याणामो** और शौर० में **ण आणामि** रूप मिलता है (मृच्छ० ५२,१६ : ६५, ११ ; विक्रमो० ४३,१४ ; ४६,१) : माग० में **ण आणामि** पाया जाता है (मृच्छ० १४०, १२), शौर० और दाक्षि० में **ण आणादि** ; दाक्षि० में **ण आणासि** ; शौर० में **ण आणीयदि=न ज्ञायते** ; महा०, अ० माग० और शौर० में **ण आणे=न जाने**। इनके प्रमाण के लिए उद्धरण § ४५७; ५१० और ५४८ में दिये गये हैं। यह शब्द निर्माण प्रक्रिया निम्नलिखित संधि प्रक्रिया के बिलकुल समान है, जैसे शौर० में **अआणंतेण=अजानता** (मृच्छ० १८, २२ ; ६३, २४), **अआणिअ=अज्ञात्वा** (शकु० ५०, १३), अ० माग० में **वियाणाइ**,

* हिन्दी में **अयाना** और **सयाना** इस नियम और अ० माग० तथा जै० महा० के अवशेष हैं। —अनु०

शौ० और माग० में **विआणादि,** अ० मा० में **परियाणइ** और माग० मे **पच्चभिआणादि** (§ ५१०)। बहुत अधिक अवसरों पर **न** उपसर्ग के रूप में प्रयुक्त नहीं होता, इसलिए यह सब स्वरों से पहले अधिकांश में अपरिवर्तित रह जाता है, जैसा महा० रूप **ण इट्ठं = नेष्टम्** (हाल ५०१), **ण ईसा=नेर्ष्या** (हाल ८२९), **ण उत्तरइ = नोत्तरति** (हाल २७१), **ण एइ = नेति** (रावण० १४, ४३), **ण ओहसिया = नावहसिता** (हाल ६०), अ० माग० रूप **न अम्बिले, न उण्हे, न इत्थी, न अन्नहा = नाम्लः, नोष्णः, न स्त्री, नान्यथा,** इनके साथ-साथ **नत्थि** रूप चलता है (आयार० १, ५, ६, ४); सब प्राकृत भाषाओं मे यही नियम है।[1]

१. लास्सनकृत इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतकाए, पेज १९३ से तुलना कीजिए; विक्रमोर्वशी, पृष्ठ १९३ और ३०२ पर बॉल्लें नसें न की टीका; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ३२, १०४ में एस० गौल्दश्मित्त का लेख भी देखिए।

§ १८८—**छ, झ, ठ** और **ढ** को छोड़ अन्य **ह**-युक्त वर्ण (महाप्राण, जैसे **ख, घ, थ, ध, फ** और **भ**। —अनु०) स्वरों के बीच में आने पर **ह** में परिणत हो जाते हैं (वर० २, २७ ; हेमचन्द्र १, १८७; क्रम० २, १४; मार्क० पन्ना १६)। इस प्रकार महा० में : **मुह**=**मुख** (गउड० ; हाल ; रावण०)[1] ; **मेहला** = **मेखला** ; **साहा** = **शाखा**; **जहण** = **जघन** ; **मेह** = **मेघ**; **रहुणाह** = **रघुनाथ** (रावण०) ; **लहुअ** = **लघुक** ; **अह** = **अथ**; **जूह** = **यूथ** ; **महुमहण** = **मधुमथन** ; **रह**=**रथ**; **अहर** = **अधर** ; **रुहिर** = **रुधिर** (गउड० ; रावण०) ; **वहू** = **वधू** ; **सीहु** = **सीधु** (गउड० ; हाल) ; **सहर** = **शफर** (गउड०) ; **सेहालिआ** = **शेफालिका** (हाल) ; **अहिणव** = **अभिनव** ; **णह** = **नभस्** और = **नख** ; **रहस** = **रभस** ; **सहा** = **सभा** (रावण०) ; **सोरह** = **सौरभ** (गउड० ; हाल) है। **फ** के विषय में विशेष बातें § २०० में देखिए। शब्द के आरम्भ में होने पर इनका दो चार स्थान पर ही **ह** रूप होता है ; **हम्मइ** और इसकी सन्धियाँ **णिहम्मइ, णीहम्मइ, आहम्मइ, पहम्मइ** (हेमचन्द्र ४, १६२), **णीहम्मिअ** (=बाहर निकल गया या चला गया : देशी० ४, ४३) हैं, महा० में **पहम्मंति** (गउड० ८७१)=पाली **घम्मति**। इस शब्द में संस्कृत में भी **ह** है और सुराष्ट्र[1] की भाषा में है ; हरिपाल ने

गउडवहो ८७१ की टीका में इसे कंबोज की भाषा का शब्द बताया है। कई प्राकृत भाषाओं में भू धातु का भ बहुधा ह बन जाता है। इसकी संधियों में भी ह रूप ही रहता है। यह ह रूप उन रूपों से निकला है जो पादपूरक रूप में व्यवहृत हुए हैं। इस प्रकार अ० माग० और जै०महा० में हवइ, जै०शौर० में हुवदि, महा०, जै० महा० और अप० में होइ और जै० शौर० होदि = भवति है; महा० में हुवंति= भवन्ति, पल्लवदानपत्र में होज रूप आया है, पै० में हुवेय्य = भवेत् मिलता है, माग० में हुवीअदि = *भूयते, शौर० में हविस्सदि, माग० में हविश्शदि= भविष्यति, अ० माग० और जै०महा० होयव्व, शौर० और माग० में होदव्व, माग० में हुविदव्व = भवितव्य ; महा० और जै०महा० होउं, जै०शौर० होदुं = भवितुम् (§ ४७५ ; ४७६ ; ५२१ और ५७०) हैं। हाल के तेलुगू संस्करण में भ के स्थान पर बहुधा ह आया है : हट्ठ = भ्रष्ट ; हणिद = भणित ; भणिरी के लिए हणिरी रूप मिलता है ; हंडण = भडन है ; भमिर का हमिर रूप लिखा है ; हाआ = भ्राता ; हुअग, हुअंग=भुजग, भुजंग ; हुमआ = भुमआ ; हूसण = भूषण ; हेअ = भेद और होअण = भोजन है।[3] संधि के दूसरे पद के आरम्भ में आनेवाले इन ह-युक्त वर्णों के विषय में § १८४ देखिए।

१. § १८६ नोट-संख्या १ से तुलना कीजिए।—२. पातंजलि व्याकरण महाभाष्य के कीलहौर्न द्वारा संपादित संस्करण खंड १, पेज ९, २६ ; नैघण्टुक २, १४ (रोट के संस्करण के पेज १४ और १७ = सत्यव्रत सामाश्रमी के संस्करण का खंड १, २३८) ; वेबर, इं० स्टु० १३, ३६३ और उसके बाद ; ए० कून कृत बाइत्रैगे, पेज ४२। — ३. वेबर द्वारा संपादित हाल।

§ १८९—पल्लव और विजयबुद्धवर्मन् के दानपत्रों में सब व्यंजन और भ को छोड़ जिसमें होज (§ १८८) रूप मिलता है, ह युक्त वर्ण भी अपरिवर्तित रहते हैं : पल्लवदानपत्र में आरखाधिकते गुमिके तूथिके=आरक्षाधिकृतान् गुल्मिकान् तीर्थिकान् (५, ५) है ; उदकादि (६, २९) ; जामातुकस = जामातृकस्य (६, १४) ; नागनंदिस = नागनंदिनः (६, २९) ; पतिभाग = प्रतिभाग (६, १२) ; महाराजाधिराजो (५, १) है ; अप्पतिहत = अप्रतिहत (६, १९) ; वरिससतसहस्सातिरेक = वर्षशतसहस्रातिरेक (७, ४२) ; आपिट्ठि (६, ८ और ३७) है; अपि (६, ३७) ; परिहापेतव्व = परिहापयितव्य (६, ३६) ; पमुखाणं = प्रमुखाणाम् (६, २७ और ३८) ; उपरिलिखितम् (७, ४४) ; अध (६, ४०) ; तूथिके = तीर्थिकान् (५, ५) ; अस्समेध = अश्वमेध (५, १) ; नराधमो (७, ४७) ; वसुधाधिपतये = वसुधाधिपतीन् (७, ४४) ; -च्छोभं = -क्षोभम् (६, ३२) ; वल्लभमदेन (६, ४०) रूप आये हैं। अपवाद रूप हैं : कस्सप=काश्यप (६, १८); कारवेज्ञा = पाली कारापेय्य (६, ४०) , अणुवट्ठावेति = अनुप्रस्थापयति (§ १८४) ; वि = अपि (५, ६ ; ६, २९) ; भट्ट = भट (५, ७ ; ७, ४३) ; कोडी =

कोटी (६, १०) और **कड** = **कृत** (७, ५१) है। एपिग्राफिका इंडिका १, ३ में ब्यूलर का मत और § १० से तुलना कीजिए।

§ १८२—पै० मे शब्द के आरम्भ और मध्य में अधिकतर व्यंजन बने रहते हैं (हेमचन्द्र ४, ३२४ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की नमिसाधु कृत टीका) : **अनेकप ; मकरकेतु ; सगरपुत्तवचन ; विजयसेनेन लपितं ; पाटलिपुत्त ; पताका ; वेतस** (हेमचन्द्र ४, ३०७) ; **पाप ; आयुध ; सुख ; मेघ ; सभा ; कमठ ; मठ** पै० है।—आरम्भ तथा मध्य मे **द** आने पर उसके स्थान में **त** आ जाता है (हेमचन्द्र ४, ३०७) और नमिसाधु के मतानुसार **द** का **त** इच्छानुसार होता है : **तामोतर = दामोदर ; तिट्ठ = दृष्ट** (हेमचन्द्र ४, ३१४; ३२१; ३२३) ; **तट्ठूण, तत्थून** (हेमचन्द्र ४, ३१३ ; ३२३) ; **तातिसं = तादृश, यातिस = यादृश** (हेमचन्द्र ४, ३१७) ; **तेति** = ***दयाति** (हेमचन्द्र ४, ३१८) ; **तेवर= देवर** (हेमचन्द्र ४, ३२४) ; **मतन = मदन, सतन=सदन, पतेस = प्रदेश, वतनक=वदनक** (हेमचन्द्र ४, ३०७) है।—हेमचन्द्र के अनुसार **थ, ध** मे परिणत हो जाता है : **अध = अथ** (हेमचन्द्र ४, ३२३) ; **कधितून**=***कथित्वान** (हेमचन्द्र ४, ३१२) ; **पुधुम = प्रथम** (हेमचन्द्र ४, ३१६) ; **कधं = कथम्** (हेमचन्द्र ४, ३२३) ; नमिसाधु का कथन है कि **थ** बना रहता है : **पथम=प्रथम ; पुथुवी = पृथ्वी** है।

§ १८३—चू० पै० में पै० के ही समान वर्गों के पहले दो वर्ण बने रहते हैं, बल्कि तीसरे और चौथे वर्ण शब्द के आरम्भ या मध्य मे होने पर यथाक्रम वर्ग के पहले और दूसरे वर्णों मे बदल जाते हैं (हेमचन्द्र ४, ३२५ ; क्रम० ५, १०२)[1] : **ककन=गगन ; किरितट=गिरितट ; खम्म = घर्म ; खत=घृत** (§ ४७) ; **चात=जात ; चीमूत = जीमूत ; छच्छर=झर्झर ; छंकाल=झंकार ; टमरुक= डमरुक ; टिम्प=डम्ब ; टक्का = ढक्का ; तामोतर=दामोदर ; थूळी = धूली ; पालक=बालक ; पिस=बिस ; फकवती=भगवती ; फूत=भूत ; नकर= नगर ; मेख = मेघ; राच=राजन् ; तटाक = तडाग; काट=गाढ ; मतन = मदन; मथुर=मधुर; साथु=साधु; रफस=रभस** होता है। हेमचन्द्र ४, ३२५ और क्रमदीश्वर ५, १०३ के अनुसार गौण ध्वनियो [उन ध्वनियों से तात्पर्य है जो अन्य प्राकृतों मे मूल संस्कृत से बदल कर आयी हो।—अनु०] में भी ध्वनि-परिवर्तन का यह नियम लागू होता है, जैसे **चचन** = प्राकृत **जजण** = संस्कृत **यजन ; पटिमा** = प्राकृत **पडिमा = प्रतिमा ; ताटा** = प्राकृत **दाढा=दंष्ट्रा** (§ ७६) है। हेमचन्द्र और क्रमदीश्वर के मतानुसार चू० पै० मे संयुक्त वर्ण भी शब्दों मे डाले जाते हैं : **तुक्का=दुर्गा ; मक्कन=मार्गण; वक्ख=व्याघ्र ; चच्चर=जर्जर ; निच्छर=निर्झर ; कंट=गंड ; मंटल=मंडल; संठ=षंढ ; कंतप्प=कंदर्प ; पंधव=बंधव ; टिम्प= डिम्ब** और **रम्फा = रंभा** है। वररुचि १०, ३ मे बताता है कि शब्द के आरम्भ के वर्ण और संयुक्त व्यंजन चू० पै० में अपरिवर्तित रहते हैं। भामह ने इसके ये उदाहरण दिये हैं: क्रमदीश्वर के **ककन** के विपरीत भामह का मत है कि **गकन = गगन; गमन;**

दसवतन; गोपिन्त = गोविन्द; संगाम = संग्राम, वग्घ=व्याघ्र होते हैं; इस शब्द का रूप हेमचन्द्र ने **वक्ख** दिया है। उपर्युक्त शब्दों में **गोपिन्त** का **न्त** वररुचि के मत के विरुद्ध है, किन्तु हेमचन्द्र और क्रमदीश्वर के मत के अनुसार है और शब्द के मध्य की ध्वनि के विषय में भामह द्वारा दिये उदाहरण भी इनके मत से मिलते हैं : जैसे **मेरव, राघ–, भिच्छुर, वटिस=वडिश, माथव = माधव, सरफस, सलफ= शलभ** है। हेमचन्द्र ४, ३२७ में उल्लेख करता है कि अन्य आचार्यों के मत से आरम्भ के व्यंजनों और **युज्** धातु में ध्वनि परिवर्तन नहीं होता : **गति ; घम्म ; जीमूत ; झच्छर ; डमरुक ; ढक्का ; दामोतर ; बालक ; भकवती ; नियोजित ;** ४,३२५ में हेमचन्द्र ने **नियोचत** रूप बताया है। **व** की प्रक्रिया सदिग्ध है। भामह के मत से **गोपिन्त=गोविन्द ; केसप = केशव** किन्तु **वटिस = वडिश; दसवतन = दशवदन; माथव=माधव** और **वग्घ = व्याघ्र** है। हेमचन्द्र के उदाहरणों में मौलिक **व** (= संस्कृत **व** ।—अनु०) सर्वत्र ज्यों का त्यों रह जाता है : **वक्ख = व्याघ्र ; पन्थव=बांधव ; फकवती=भगवती** और **वसुथा=वसुधा** हैं। क्रमदीश्वर ५, १०८ में है **पल=बल**, किन्तु ५, ११० में है **वञ्ज** या **ञ = वर्ण** ; ५, १०७ में भी **व** ज्यों का त्यों रहता है, ऐसा विचार प्रकट किया गया है और ये उदाहरण दिये गये हैं : **थ्वलति=ध्वनति, ध्वलित=ध्वनित** ।[1] इन सब तथ्यों से आभास मिलता है कि (**व** के स्थान पर ।—अनु०) **प** हो जाना चाहिए, यदि यहा नाना प्राकृत भाषाएँ आपस में मिलकर गड़बड़ा न गयी हों। पै० में **य** से निकला एक गौण **व** (§ २५४) **प** बन गया है : **हितप=हृदय** (सिह० पन्ना ६४), **हितपक=हृदयक** (वर० १०, १४ ; हेमचन्द्र ४, ३१० ; क्रम० ५, ११२ , रुद्रट २, १२ की टीका में नमि-साधु; वाग्भटालकार २, ३ की टीका में सिहदेवगणिन्[2]) है। **पिव** के विषय में § ३३६ देखिए। जिप्सियों की तथा दर्दु और काफिर भाषाओं में समान रूप के वर्णपरिवर्तन के विषय में मिक्लोजिष की पुस्तक बाइत्रैगे त्सूर केंटनिस डेर त्सिगौयनरमुडआर्टन (विएना, १८७४ और १८७४) पहले भाग का दूसरा खड, पेज १५ और उसके बाद; खंड चार, पेज ५१ देखिए। § २७ की नोट-सख्या ७ और ८ की भी तुलना कीजिए।

१. § २७ में बताया गया है कि व्याकरणकार पै० और चू० पै० को स्पष्ट रूप से अलग अलग नहीं करते। वररुचि और क्रमदीश्वर का पै० से चू० पै० का प्रयोजन है और हेमचन्द्र ४, ३०४ में पैशाची राजन् के विषय में दिया गया नियम स्पष्ट ही चू० पै० के विषय में है क्योंकि हेमचन्द्र ४, ३०४ में राजा और राचा रूप दिये गये हैं (जिनमें राचा चू० पै० है), भामह १०, १२ में राचानं रूप आया है और (हेमचन्द्र । —अनु०) ४, ३२३ (पैशाची के लिए। —अनु०) राजं, राजा रूप दिये हैं और इसके विपरीत ४, ३२५ में चू० पै० का रूप राचा बताया गया है। हेमचन्द्र ४, ३२६ में चू. पै. में है : अग्गलग्गपतिबिम्बं ; लुद्धं समुद्दा जो ४, ३२७ के अनुकूल हैं, किन्तु इसके विपरीत—पातुक्खेवेन है जो पातुक्खेपेन रूप में सुधारा जाना चाहिए। —२. इन्स्टि० लि० प्रा०, पेज ४४१ में लास्सन के कथनानुसार

पैरिस की हस्तलिखित प्रति में भी यही पाठ है ; इस विषय पर § २४१ की भी तुलना कीजिए। — ३. वररुचि में जो अशुद्ध पाठ ह्लिसक्कं है उसके और क्रमदीश्वर के इस पाठ के स्थान पर ह्लिपक्कं पढ़ना चाहिए (वररुचि के उस स्थान की तुलना भी कीजिए जहाँ प के स्थान पर भूल से स पढ़ा गया है)।

§ १८४—हेमचन्द्र ४, ३९६ के अनुसार अप० में जब क, त और प स्वरों के बीच में आते हैं तब लोप होने के बजाय क्रमशः ग, द और ब में बदल जाते हैं तथा ख, थ, फ और ह में बदलने के स्थान पर क्रमशः घ, ध और भ में परिवर्तित हो जाते हैं। इस नियम के उदाहरण अधिक नहीं मिलते : **खअगालि = क्षयकाले** (हेमचन्द्र ४, ३७७) ; **णाअगु = नायकः** (हेमचन्द्र ४, ४२७) ; **विक्खोहगरु = विक्षोभकरम्** (हेमचन्द्र ४, ३९६, १) ; **सुघे = सुखे** (हेमचन्द्र ४, ३९६, २) ; **आगदो = आगतः** (हेमचन्द्र ४, ३५५ और ३७२) ; **करदि, चिट्ठदि = करोति, तिष्ठति** (हेमचन्द्र ४, ३६०) ; **कीळदि = क्रीडति** (हेमचन्द्र ४, ४४२, २) ; **कृदन्तहाँ = कृतान्तस्य** (हेमचन्द्र ४, ३७०, ४) ; **घडदि, प्रआवदी = घटते, प्रजापतिः** ; **थिदो=स्थितः** (हेमचन्द्र ४, ४०५) ; **मदि = मति** (हेमचन्द्र ४, ३७२) ; **विणिम्मविदु, किदु, रदिएँ, विहिदु = विनिर्मापितम्, कृतम्, रत्याः, विहितम्** (हेमचन्द्र ४,४४६) ; **गञ्जिदु, मळिदु, हराविदु, भामिदु** और **हिंसिदु = *गञ्जितम्** (**=पीडितम्** : हेमचन्द्र ४, ४०९ ; इस सम्बन्ध में आर्यासप्तशती ३८४, ६८५ की तुलना कीजिए ; गीतगोविन्द १, १९), **मर्दितुम्, हारितम्, भ्रामितम्, हिंसितम्** (कालका० २६०, ४३ और उसके बाद) ; **सवधु = शपथम्, कधिदु = कथितम्, सभलउँ = सफलकम्** (हेमचन्द्र ४, ३९६, ३) हैं। बहुत अधिक अवसरों पर अप०, महा० में चलनेवाले नियमों का ही अनुसरण करती है, पिंगल की अप० तो सदा उन नियमों का ही पालन करती है केवल एक अपवाद है अर्थात् उसमें **मदगल=मदकल** आया है (§ २०२), कालिदास भी अपनी अप० में महा० के नियमों को ही मानता है, इसलिए ध्वनि का यह नियम स्थान-विशेष की बोली से सम्बन्धित माना जाना चाहिए (§ २८)।

§ १८५—व्यंजनों की विच्युति अथवा ह युक्त वर्णों के ह मे बदल जाने के स्थान पर बहुधा द्वित्व हो जाता है। ह-युक्त वर्ण अपने वर्ग के अपने से पहले अक्षर को अपने में मिला लेते हैं, इसलिए वे अपना द्वित्व रूप इस प्रकार का बना लेते हैं : **क्ख, ग्घ, च्छ, ज्झ, ट्ठ, ड्ढ, त्थ, द्ध, प्फ** और **ब्भ** (वररुचि ३, ५१ ; चंड० ३, २६ ; हेमचन्द्र २, ९० ; क्रम० २, १०८ ; मार्कण्डेय पन्ना २६)। पहले आये हुए तथा आगामी पाराओं मे इस नियम के अनगिनत उदाहरण आये है। पल्लवदानपत्रों में ह युक्त द्वित्व व्यंजन अन्य शिलालेखों की भाँति ही दिये गये हैं और आंशिक रूप में एक ही ह-युक्त वर्ण देते हैं : **आरखाधिकते = आरक्षाधिकृतान्** (५, ५) ; **वधनिके = वर्धनकान्** (६, ९) ; **दखिण = दक्षिण** (६, २८) और **पुफ = पुष्प** (६, ३४) हैं। शिलालेखों में बहुधा हस्तलिखित प्रतियों की नकल होती है : **अग्गिट्ठोम** [यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]=**अग्निष्टोम** (५, १) ; **सवत्थ =**

सर्वत्र (५, ३) ; **रट्ठिक=राष्ट्रिक** (५, ४) ; **एत्थ=इत्था** (५, ७) ; **वत्थवाण = वास्तव्यानाम्** (६ ८) ; **रट्ठे = राष्ट्रे** (६, २७) ; **अरट्ठ = अराष्ट्र** (६, ३२) ; **अट्ठारस = अष्टादश** (६, ३४) ; **वेट्ठ = विष्ट** (६, ३२) ; **-च्छोभ=क्षोभम्** (६, ३२) ; **कट्ठ = काष्ठ** (६, ३३) ; **अद्धिका = अर्धकाः** (६, ३९) ; **अणुपट्ठावेति = अनुप्रस्थापयति** (७, ४५) ; **विग्घे = विघ्नान्** (७,४६) ; **सहत्थ = स्वहस्त** (७, ५१) और **अभत्थेमि = अभ्यर्थयामि** (६,४४) में दोनों प्रकार की लेखनपद्धतियाँ सम्मिलित है । उन हस्तलिपियो मे, जो द्राविडी लिपि में हैं और जो इनसे देवनागरी लिपि मे नकल को गयी है तथा जो दक्षिण भारत मे छापी गयी है, ह-युक्त वर्णों को भी द्वित्व मे छापा गया है तथा अन्य व्यंजन भी द्वित्व मे है अथवा अधिकाश मे ह युक्त वर्ण के आगे एक छोटा गोल बिन्दु उसी पक्ति मे रखकर द्वित्व का सकेत किया गया है : यह रूप **अग्घ** अथवा **अ०घ=अग्घ**= संस्कृत **अर्घ्य; अब्भत्थणा** अथवा **अ०भ०थणा = अब्भत्थणा**=सस्कृत **अभ्यर्थना; वक्खत्थल** अथवा **व०ख०थल=वक्खत्थल**=संस्कृत **वक्षःस्थल** और **घ** का द्वित्व बहुत कम देखने मे आता है ; ह युक्त अन्य वर्णों के लिए हस्तलिपियाँ भिन्न-भिन्न रूप देती है, एकरूपता नही पायी जाती । बगला हस्तलिपियो मे द्वित्व बहुत ही कम पाया जाता है, कभी-कभी पुराने सस्करणो की भी यही दशा है, जैसे प्रबोधचन्द्रोदय, पूना शाके १७७३ मे ह युक्त कुछ वर्ण द्वित्व मे पाये जाते है : **ख** का द्वित्व, **रक्खसी= राक्षसी** (पन्ना १३ अ) ; **घ** का द्वित्व, **उग्घाडीअदि=उद्घाट्यते** (पन्ना १२ ब); **ठ** का द्वित्व, **सुट्ठु = सुठु** (पन्ना १० ब); **फ** का द्वित्व, **विप्फुरंत = विस्फुरत्** (पन्ना १६ ब) ; **भ** का द्वित्व, **णिब्भसिद** = (विचित्र रूप !) **णिब्भच्छिद**[1] के स्थान पर=**निर्भर्त्सित** (पन्ना ६ अ) है। इस सस्करण मे एक स्थान पर संस्कृत रूप **उज्झित** भी आया है (पन्ना १३ अ) । पूना का यह सस्करण स्पष्ट ही दक्षिण भारत के किसी पाठ पर आधारित है क्योंकि यह तेलुगु सस्करण से बहुधा मिलता है । अपनी हस्तलिपियों के आधार पर श० प० पडित ने मालविकाग्निमित्र और विक्रमोर्वशी के अपने सस्करणो मे इनकी पूरी पूरी प्रतिलिपि छपा दी है और सभी ह युक्त वर्णों का द्वित्व हूबहू दे दिया है, उदाहरणार्थ : **पुच्छिदुं, दिट्ठि, णिज्झाअन्ती, सिणिद्ध** (मालवि० पेज ५), **उब्भण्ण, पत्थिदा** (पेज ६) आदि-आदि रूप छापे गये हैं।[1] यह द्वित्व हाल[1] की हस्तलिखित प्रतियो मे भी देखा जाता है और एक आध ह युक्त वर्णों का, खास कर **भ** का, कलकत्ते से प्रकाशित कुछ जैन पुस्तको मे, जैसे 'पण्हावागरणाइ' मे द्वित्व मिलता है : **खोखुब्भमाण** (१६९, २१०) ; **पब्भट्ठ** (२१६) : **लब्भा** (३६३, ४६६) ; **विब्भमा** (२२७ ; ४६८) ; **अब्भुण्णय** (२८४) ; विवागसुय मे : **तुब्भेहिं** (१७) ; **तुब्भं** (२० ; २१); **खल** (२१४) ; **पामोक्खं** (२१५) ; **पामोक्खाणं, पामोक्खेहिं, अब्भुगय** (२१६) ; जीवाभिगमसुत्त मे : **सत्तक्खुत्तो** (६२१), **दक्खिणिल्ल** (८४२), **सब्भंतरिल्ल** (८७८ और उसके बाद), **-णक्खाणं** (८८३ ; ८८६ ; ८८७), **मज्झिमिया** (९०५ और उसके बाद), **अवद्धा** (१०५५ और उसके

बाद) आदि-आदि रूप पाये जाते हैं। इस लेखनपद्धति का महत्व भाषासम्बन्धी नहीं, शब्दसम्बन्धी है (§ २६)।

१. यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; एपि० इंडिका० २, ४८४ में लौयमान का लेख। — २. पण्डित द्वारा सम्पादित मालविकाग्निमित्र (बंबई १८८९), भूमिका का पेज ५ और उसके बाद की तुलना कीजिए। —३. वेबर द्वारा सम्पादित हाल का पेज २६ और उसके बाद।

§ १८६—एक व्यंजन, यदि दो स्वरों के बीच में हो तो लुप्त हो जाने अथवा यदि ह-युक्त वर्ण हो तो ह में बदल जाने के स्थान पर, बहुधा उसका द्वित्व हो जाता है जब वह मूल मे (=संस्कृत में।—अनु०) किसी ध्वनिबलयुक्त स्वर से पहले आया हो। अर्धस्वर और अनुनासिक भी इस नियम के अनुसार द्वित्व प्राप्त करते हैं। इस प्रकार अ० माग० **उक्खा = उखा** (आयार० २, १, २, १) ; अ० माग० और शौर० **उज्जु = ऋजु** (§ ५७) ; अप० **कॅत्थु = कथा** (§ १०७) ; जै० महा० **जित्त = जित** (एर्त्से० ३, ६) ; अ०माग० **णिज्जित्त = निर्जित** (सूय० ७०४) ; महा० **णक्ख**, अ०माग० **नक्ख** और इसके साथ-साथ **णह** और **नह** रूप = **नख** (भाम० ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ९९ ; क्रम० २, ११२ ; मार्क० पन्ना २७ ; पाइय० १०९ ; हाल ; रावण० ; उवास०) ; अप० **णिम्म = नियम** (§ १४९) ; महा०, अ०माग० **णोल्लइ णुल्लइ = नुदति** (§ २४४) ; महा० **फुट्टइ = स्फुटति** है। (हेमचन्द्र ४, १७७ और २३१ ; गउड० ; हाल ; रावण०) ; अप० **फुट्टु = स्फुटे** (हेमचन्द्र ४, ३५७, ४) : **फुट्टिसु = स्फुटिष्यामि** (हेमचन्द्र ४, ४२२, १२) ; **फिट्टइ = *स्फिटति** (हेमचन्द्र ४, १७७ और ३७०) है, इसके साथ साथ **फुडइ, फिडइ** रूप भी चलते हैं ; **सोल्लइ = सूदयति** (§ २४४) ; **हत्त=हत, ओहत्त = अवहत** (= नीचे को झुका हुआ : देशी० १, १५६), **पसुहत्त, परसुहत्त = पर्शुहत, परशुहत** (= वृक्ष : देशी० ६, २९) ; अप० **दुरित्त=दुरित** (पिंगल २, १७ ; ३५ ; ४३ [पाठ में **दुरित्ता** रूप छपा है] ; १८६) ; **मालत्ती = मालती** (पिंगल २, ११६) ; **वत्तं = व्रतम्** (हेमचन्द्र ४, ३९४) है।—क उपसर्ग के सम्बन्ध में यही ध्वनिबल स्वीकार करना पड़ेगा : महा० **सीसक्क = शीर्षक** (रावण० १५, ३०) ; **लेड्डुक, लेड्डुक्क = लेष्टुक** (§ ३०४) ; महा०, जै० महा०, शौर० और अप० **पाइक्क = पादातिक** (हेमचन्द्र २, १३८ ; रावण० ; एर्त्से० ; मालती० २८८, ६ ; बाल० १९९, १० ; प्रिय० ४४, १८ [कलकतिया संस्करण ४९, २ के साथ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; पिंगल १, १०७ ; १२१; १४३ अ; १५२ अ [**पइक्क** ; पाठ में **पइक** है]; २,१३८)[१]; माग० में **हडक्क=हृदक** (§ १५० ; वर० ११; ६ ; क्रम० ५, ८९ [पाठ में **हृदक्को** आया है। लास्सन के इन्स्टि० लिं० प्रा० पेज ३९३ में **हृदक्का** दिया गया है] ; मृच्छ० ७९, ११ ; ११४, १४ ; १६ ; १८ ; ११५, २३), पद्य में **हडक** रूप भी मिलता है (मृच्छ० ९, २५ [शकार] और **हडक** ३०, २१ में आया है) ; माग० में **हग्गे = *अहकः** (§ १४२ और ४१७) ; **अअक्क** और साथ-साथ एक ही अर्थ में चलनेवाला **अअग = अजक**

(= दानव : देशी० १, ६)[1] ; अप० में **कालिक्का = कालिका** (पिंगल २, ४३); शौर० में **वंअक्का = -वंचिक** (मृच्छ० ७३, १५) ; अप० में **णाअक्क = नायक** (पिंगल १, ३४ ; ५७ ; ११६); **दीपक्क=दीपक** (पिंगल १, १३८) ; **रूअक्क = रूपक** (पिंगल २, १३७) ; **सारंगिक्का = सारंगिका** (पिंगल २, ७१ [पाठ में **सरंगिका** है] ; १८७) । यही नियम प्रत्यय-**त** पर भी लागू होता है । अ० माग० में **विउव्विक्त = विकुर्वित** (सूय० ७९२ और ८०६), इसके साथ साथ साधारण रूप **विउव्विय** भी चलता है । इसी नियम के अनुसार ही **ल** का द्वित्वीकरण भी सिद्ध हो जाता है ; **-अल्ल, -इल्ल, -उल्ल = अर्ल, -इर्ल** और **-उर्ल** (§ ५९९) । इस नियम के विपरीत किन्तु इसकी देखादेखी निम्नलिखित शब्द बन गये है : अप० मे **पउमावत्ती=पद्मावती** और **मेणक्का=मेनका** (पिंगल १, ११६; २, २०९) है । दीर्घ स्वर के बाद भी बहुधा द्वित्वीकरण हो जाता है किन्तु दीर्घ स्वर द्वित्वीकरण के बाद ह्रस्व बन जाता है : जैसे, **एॅव्वं = एवम्** ; **किड्ड = क्रीडा** ; **जेॅव्व = एवं** ; **णेॅड्ड = नीडं** ; **तुण्हिक्क = तूष्णीकं** ; **तेॅल्ल=तैलं** और **दुगुल्ल = दुकूल** है आदि-आदि (§ ९०)[3] । शब्द के आरम्भ मे पादपूरक अव्ययों के द्वित्वीकरण के सम्बन्ध मे § ९२ और उसके बाद देखिए ; **णिहित्त, वाहित्त** आदि पर § २८६ देखिए ।

१. कोएनिगलिशे आकाडेमी डेर विस्सनशाफ्टन की मासिक रिपोर्ट (बर्लिन, १८७९, ९२२) में एस० गौल्दश्मित्त ने मूल से इस शब्द को फारसी से निकला बताया है। बेवर ने हाल' की भूमिका के पेज १७ में और याकोबी ने अपने ग्रंथ महाराष्ट्री एर्सेलुंगन में गौल्दश्मित्त का अनुसरण किया है । यह भूल इस कारण हुई कि उसे क उपसर्ग के द्वित्वीकरण के अनगिनत रूप ज्ञात न थे। गो० गे० आ० १८८१, १३२१ में मैंने पाइक्क शब्द को पादिक से निकला बताया था; मेरी यह व्युत्पत्ति भी अशुद्ध थी, भले ही भाषाशास्त्र की दृष्टि से इस पर किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की जा सकती ।— २. अजक के सम्बन्ध में बोएटलिंक की तुलना कीजिए और पुरिल्लदेव = असुर (देशी० ६, ५५) = दैत्य (त्रिवि० १, ४, १२१ ; बे० बाइ० १३, १२ से भी तुलना कीजिए । — ३. कू० त्सा० ३५,१४० और उसके बाद में पिशल का निबंध ; कू० त्सा० ३५, ५७५ और उसके बाद के पेजों में याकोबी ने भिन्न मत प्रकट किया है ।

§ १८७—यदि संयुक्त व्यंजन स्वरभक्ति से अलग कर दिये जायं तो वे इस स्थिति मे सरल कर दिये जाते है अथवा § १८६ और १८८ के अनुसार रूप धारण कर लेते है । कभी-कभी इन स्थितियों मे कोई व्यंजन, संयुक्त व्यंजनों के लिए लागू नियमों के अनुसार द्वित्व रूप ग्रहण कर लेता है (§ १३१) । अ०माग० का **सस्सिरीय** और शौर० का **सस्सिरिअ = सश्रीक** ; शौर० मे **सस्सिरीअदा, सस्सिरीअत्तण = सश्रीकता, *सश्रीकत्वन** (§ ९८ ; १३५)[1]; **पुरुव्व = पूर्व** ; **मुरुक्ख = मूर्ख** ; अ०माग० में **रिउव्वेय = ऋग्वेद** (§१३९) ; शौर० मे **सक्क-णोदि, सक्कुणोदि = शक्नोति** (§ १४० और ५०५); अ०माग० में **सक्किक-**

रिय = **सक्रिय** (ओव० § ३०, दो, ४ ब ; इस हस्तलिपि का यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; अ० माग० का **सुक्किल*** = **शुक्ल**, जै०महा० में **सुक्किल्लिय** = **शुक्लित** (§ १३६) है। जै०महा० के **नमोक्कार**, महा० और अ० **अवरोप्पर**, महा०, अ० माग०, जै० महा० और शौर० का **परोप्पर**=**नमस्कार**, **अपरस्पर**, **परस्पर** में **अस्** का **ओ** रूप हो गया है। साथ ही **स्क** का रूप-परिवर्तन **क्क** में और **स्प** का **प्प** में हो गया है (§ ३०६ ; ३११ और ३४७)। महा० और अ० माग० में **पोम्म** = **पद्म** और **पोम्मा** = **पद्मा**. महा० और शौर० में **पोम्मराअ** =**पद्मराग है**; इसमें **अ** की सन्धि उद्वृत्त स्वर से हो गयी है (§ १३९ और १६६), इसके विपरीत भी द्वित्वीकरण इसमे हो गया है।[1] **य** के स्थान पर --**ज्ज** के सम्बन्ध मे § ९१ देखिए।

1. काव्यप्रकाश ७२, ११ में **जअसिरी** शुद्ध रूप है जैसा **गउडवहो** २४३ में भी **जअसिरीए** रूप मिलता है ; इसमें १० वीं पंक्ति में **बलामोडिड्** पढ़ना चाहिए (§ २३८ और ५८९)। तात्पर्य यह है कि यह रूप वेबर द्वारा संपादित हाल[1] अ० २२ ; [1]९७७ में दिये शब्द **जअस्सिरी** न लिखा जाना चाहिए। — २. कू० त्सा० ३५, १४६ और उसके बाद में पिशल का लेख। पाली के सम्बन्ध में ना० गे० वि० गो० १८९५, ५२० में फ्रांके का लेख देखिए।

§ १८८—समास के दूसरे पद के आरम्भ में जो व्यंजन आते हैं, उनके साथ वैसा ही व्यवहार होता है मानो वे एक शब्द के आरम्भ में आये हों और तब वे सरल कर दिये जाते है (§ २६८ ; वर० ३, ५७ ; हेमचन्द्र २, ९७ ; क्रम० २, ११५ ; मार्क० पन्ना २८): महा० मे **वारणखन्ध** = **वारणस्कन्ध** (गउड० १२००), इसके साथ चलनेवाला रूप **महिसक्खन्ध** = **महिषस्कन्ध** (हाल ५६१); महा० मे **हत्थफंस** = **हस्तस्पर्श** (हाल ३३०), इसके साथ ही दूसरा रूप **हत्थप्फंस** भी देखने मे आता है (हाल ४६२) ; शौर० मे **अणुगहिद** = **अनुगृहीत** (मृच्छ० २५, ३); इसी के साथ-साथ **परिअग्गहिद** = **परिगृहीत** भी पाया जाता है (मृच्छ० ४१, १०) ; **णइगाम** और इसके साथ ही **णइग्गाम** = **नदीग्राम** (भाम० ; हेमचन्द्र) है ; **कुसुमपअर** और इसका दूसरा रूप **कुसुमप्पअर** = **कुसुमप्रकर** (भाम० ; हेमचन्द्र) ; **देवथुइ** और साथ मे चलनेवाला दूसरा रूप **देवत्थुइ** = **देवस्तुति** (भाम० ; हेमचन्द्र० ; क्रम०) ; **आणालखम्भ** और इसका दूसरा प्राकृत रूप **आणालक्खम्भ**=**आलानस्तम्भ** (भाम०; हेमचन्द्र)है; **हरखन्दा** और साथ-साथ मे **हरक्खन्दा** = **हरस्कन्दौ** (हेमचन्द्र) है। नियम तो द्वित्वीकरण का है अर्थात् दूसरे पद के आरम्भिक अक्षर के साथ मध्य अक्षर के जैसा व्यवहार होना चाहिए, इसलिए इस समानता[1] पर समास के दूसरे पद का आरम्भिक सरल व्यजन अनेक स्थानों पर दिया जाता है : शौर० में **अवखाइद** = **अख्यापित** (मृच्छ० ५५,१५) ; **अदंसण** = **अदर्शन** (हेमचन्द्र २,९७) ; माग० में **अहिट्ठ**=

* इस प्राकृत शब्द के रूप सुकिलो और सुकिल कुमाउनी बोली में प्रचलित है।—अनु०

अद्दद्द (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० में **अद्दाअ**, अ०माग० और जै०महा० में **अद्दाग** और **अद्दाय** = *आदापक[१] (= आरसी : देशी० १, १४; पाइय० ११९ ; हाल ; ठाणंग० २८४ ; पण्णव० ४३५ और उसके बाद; नन्दी० ४७१ ; आव०एत्सें० १७, १० ; १४ ; १५ ; १६ ; एत्सें०) ; महा० **पब्बुद्ध** = **प्रबुद्ध** (रावण० १२, ३४) ; **अब्बुद्धसिरी** = **अबुद्धश्री** (देशी० १, ४२ ; त्रिवि० १, ४, १२१) ; महा० **अक्खंडिअ** = **अखंडित** (हाल ६८९) ; महा० **अल्लिअइ**, जै०महा० **अल्लियइ**, अ०माग० **उवल्लियइ**, महा० **समल्लिअइ**, जै०महा० **समल्लियइ** (§ ४७४); महा० और जै०महा० **अल्लीण**[२] (गउड० ; हाल ; रावण० ; आव० एत्सें० १४, २३ ; २४, १७ ; २६, २८ ; एत्सें०); महा० **अणल्लीण** (रावण०), **समल्लीण** (हाल) जिसमें **आ**, उप, अया के साथ **ली** है; **अल्लिवइ** = *आलिपंति = **आलिप्पति** (हेमचन्द्र ४, ३९) ; **अवल्लाव** = **अपलाप** (देशी० १, ३८) ; अप० रूप **उद्धब्भुअ** = **ऊर्ध्वभुज** (हेमचन्द्र ४, ४४४, ३) ; **ओग्गाल** और इसका दूसरा प्राकृत रूप **ओआल** जो *ओगाल के लिए आया है (= छोटी नदी : देशी० १, १५१) = *अवगाल जिसमें अव के साथ **गल्** धातु है ; अ० माग० में **कायंग्गरा** = **कायागरा** (दस० ६३४,२४) ; महा० और शौर० **तेॅल्लोॅक्क** (भाम० में १,३५ ; ३, ५८ ; हेमचन्द्र २, ९७ ; क्रम० २, ११४ ; मार्कण्डेय पन्ना २७ ; रावण० ; धूर्त० ४, २० ; अनर्घ० ३१७, १६ ; कर्ण० १३, ९ और ११ ; महावीर० ११८, ३; उत्तर० ६४, ८ [यहाँ **तेॅल्लोअ** पाठ है] ; मल्लिका० १३३, ३), इसके साथ साथ महा० और अ० माग० रूप **तेलोॅक्क** (सब व्याकरणकार ; गउड० ; पण्णव० २ और १७८ और इसके बाद [पाठ में **तेलुक्क** रूप है] ; दस० नि० ६५५, २८ ; उवास० ; कप्प०) = **त्रैलोक्य** ; माग० **पञ्चय्यण** = **पचजनाः** (मृच्छ० ११२, ६); **पडिक्कूल** और इसके साथ अधिक प्रचलित रूप **पडिऊल** = **प्रतिकूल** ; महा० **पब्बल** = **प्रबल** (रावण०) ; **प्रम्मुक्क** (हेमचन्द्र २, ९७) और इससे भी अधिक प्रचलित रूप **पमुक्क** = **प्रमुक्त** (§ ५६६) ; महा०, अ० माग०, जै० महा० और शौर० **परव्वस** (हाल ; रावण० ; पण्हा० ३१६ ; तीर्थ० ६, १४ ; एत्सें० ; ललित० ५५४, ५ ; विक्रमो० २९,१२ ; नागा० ५०,१३); माग० **पलब्वश** (मल्लिका० १४३, ११ ; यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) = **परवश** ; अ०माग० **अणुव्वस** = **अनुवश** (सूय० १९२) ; **पव्वाअइ** = *प्रवायति=**प्रवाति** (हेमचन्द्र ४, १८), महा० **पव्वाअ** = **प्रवात** (हाल ; रावण०) ; महा० **आणामेत्तप्फल** = **आज्ञामात्रफल** (रावण० ३, ६), **अहिणवदिण्णप्फल** = **अभिनवदत्तफल** (रावण० ३, ३७), **पाअवप्फल** = **पादपफल** (रावण० ९, ४ ; रावण० १२, १२ से भी तुलना कीजिए ; १३, ८९ ; हाल ५७६) ; **बहुप्फल** तथा दूसरा रूप **बहुफल** (हेमचन्द्र २, ९७ ; मार्कण्डेय पन्ना २९) ; जै०महा० **बहुप्फल** (कालका० २७१, २०), इसके साथ दूसरा रूप **बहुहल** (क्रम० २, ११६ ; § २०० से भी तुलना कीजिए) ; अ०माग० **पुरिसक्कार** = **पुरुषकार** (विवाह० ६७, ६८, १२५ ; नायाध० ३७४ ; उवास० ; ओव०)[३],

ठीक जैसे महा० **साहुक्कार = साधुकार** (रावण०) और अ०माग० **तहक्कार = तथाकार** (ठाणंग० ५६६); जै०महा० **भत्तिब्भर = भक्तिभर** (कालका० २६९, १४) ; महा० **मणिक्खइअ = मणिखचित** (मृच्छ० ४१, २) ; महा० **मलअ-सिहरक्खंड = मलयशिखरखंड** (हेमचन्द्र २, ९७ = रावण० ८, ६९) ; महा० **वण्णग्घअ = वर्णघृत** (हाल ५२०) ; अप० रूप **विज्जज्झर = विद्याधर** (विक्रमो० ५९, ५ ; § २१६ भी देखिए) ; अप० **विप्पक्ख = विपक्ष** (पिंगल १, १३८ अ); अ० माग० **सक्कडभिम, सगडब्भि = स्वकृतभिद्** (आयार० १, ३, ४, १ और ४) ; महा० **सज्जीअ = सजीव** (रावण० १, ४५) ; **सत्तण्ह = सतृष्ण** (रावण० १, ४६) ; **सप्पिवास = सपिपास** (हेमचन्द्र २, ९७ ; रावण० ३, २१) ; **सेसप्फण = शेषफण** (रावण० ६, १९ ; इसके साथ ६, ६३ ; ६९ ; ७२ ; ७, ५९ ; ९, १४ : ३४ और ४५ की भी तुलना कीजिए) ; **पंडुरप्फेण** (रावण० ८, ९ ; और इसके साथ ८, ४९ ; १३, २४ : ५३ और ६६ की भी तुलना कीजिए ; अ०माग० और जै०शौर० **सच्चित्त = सचित्र** (दस० ६२२,३९ ; कत्तिगे० ४०३, ३७९) हैं। **-क्कार** और **क्ख** से आरम्भ होनेवाले शब्दों से और **-प्फल** मे सम्भवतः आरम्भ मे आनेवाले **स** के कारण द्वित्व हो गया है. अन्य अनेक अवसरों पर यह द्वित्वीकरण छन्दो की मात्राएँ भग न होने देने के लिए किया गया है, जैसा महा० **तणुल्लआ** (कर्पूर० २७,१२) मे अवश्य ही किया गया है, क्योंकि इसका साधारण प्रचलित रूप **तणुलआ = तनुलता** है ; अ०माग० **रागद्दोस**, (उत्तर० ७०७ ; दस० नि० ६५३, ६ जिसका साधारण प्रचलित रूप **रागदोस** (§ १२९) है, का द्वित्वीकरण छन्द ठीक बैटाने के लिए किया गया है, इसी प्रकार जै० शौर० **कुदिट्ठि = कुदृष्टि** (कत्तिगे० ३९९, ३१८ , ४००, ३२३). इस पर इसके साथ-साथ चलनेवाले **सद्दिट्ठि = सद्दृष्टि** का (कत्तिगे० ३९९, ३१७ और ३२०) प्रभाव पडा है ; आदि आदि इस प्रकार के अन्य बहुत रूप है।

१. कू० त्सा० ३५, १४७ और उसके बाद के पेजों में पिशल का लेख। — २. बे० बाइ० ३, १४७ में दिये रूप से यह अधिक शुद्ध है जैसा जै० महा० रूप उद्दग से सिद्ध होता है। सन्धि के विषय में § १६५ की तुलना कीजिए और दावइ रूप के लिए § ५५४ देखिए ; हाल' पेज २९ में हाल ने अशुद्ध लिखा है ; हाल' ४, २०४ पर टीका। — ३. बे० बाइ० १३, पेज १० उसके बाद के पेज में दिये गये रूप से यह अधिक शुद्ध है ; कू० त्सा० ३५, १४९ से तुलना कीजिए। — ४. होएर्नले अपने संपादित उवासगदसाओ के अनुवाद के पेज १११, नोट २५४ में तथा लौयमान वी० त्सा० कु० मौ० २, ३४५ में इस रूप को बलाक्कार = बलात्कार की नकल पर बनाना ठीक नहीं समझते। उतने ही अधिकार के साथ हम इसे सक्कार = सत्कार के अनुसार बना सकते हैं।

§ १८९—बहुत से उदाहरणों मे व्यंजन के द्वित्वीकरण का समाधान प्राकृत के शब्द-निर्माण की प्रक्रिया या रूप बनने का ढङ्ग संस्कृत से भिन्न होने के कारण

होता है। इस प्रकार **कत्तो** = **कुतः** है जो ***कत्तः** = **कद् + तः** से निकला होगा ; **जत्तो** = **यद् + तः**; **तत्तो** = **तद् + तः** ; **अण्णत्तो** = **अन्यद्+तः** हैं। इनकी नकल पर **अत्तो** = **अतः** ; **एँक्कत्तो** = **एकतः**; **सव्वत्तो** = **सर्वतः** बनाये गये हैं, **इत्तो** = **इतिः** भी इसी नियम के अनुसार बन सकता है, किन्तु यह रूप नियमानुसार § १९४ में वर्णित द्वित्वीकरण की प्रक्रिया से भी बन सकता है। **एत्तो** = ***एततः** जो **एत** = **एतद् + तः** से निकला है, जैसे **अण्णो**, § ३३९ के अनुसार **अन्य** = **अन्यद्+तः** से निकला है और जिसमे से § १४८ के अनुसार **अ** उड़ा दिया गया है। **तो** के विषय में § १४२ देखिये[1] संस्कृत के चौथे और छठे वर्ग की (गण) धातुओं का प्राकृत ध्वनि-नियमों के अनुसार द्वित्वीकरण हो जाता है, जैसा **अल्लिअइ** (§ १९६) ; **फुट्टइ**, **फिट्टइ** (§ १९४) ; **कुक्कइ**. **कोँक्कइ** = ***कुक्यति** ; **चल्लइ** = ***चल्यति** = **चलति** ; **उम्मिल्लइ** = ***उन्मील्यति** = **उन्मीलति** है ; शौर० में **रुचदि** = ***रुच्यते** = **रोचते**, **लग्गइ** = **लग्यति** = ***लगति** और **वज्जदि** = ***व्रज्यति** = **व्रजति** (§ ४८७ और ४८८) है[2]। वर्तमानकालिक क्रिया से कर्ताकारक संज्ञा बनने के कारण निम्नलिखित उदाहरणों का स्पष्टीकरण होता है : **ओअल्ल** (प्रस्थान करना [= **ओअल्लोपल्हत्थ** : देशी नाममाला। —अनु०] ; कांपना : देशी० १, १६५; त्रिवि० १, ४, १२१=बे० बाइ० १३, ८) = ***अपचल्य**; महा० **ओअल्लंति**, **ओअल्लंत** (रावण०) की तुलना कीजिए ; **उज्जल्ल** (हेमचन्द्र २, १७४ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; अनुवाद का पेज ८९ भी देखिए) ; त्रिवि० १, ४, १२१ = बे० बाइ० १३, ७), **ओँज्जल्ल** (देशी० १, १५४) = **शक्तिशाली**, **उज्जल्ला** (= हठ या बलात्कार : देशी० १, ९७) का सम्बन्ध ***उज्ज्वल्य** से है ; **काँप्प** (= अपराध ; देशी० २, ४५ ; त्रिवि० १, ४, १२१ = बे० बाइ० ३, २६०) ; **सिव्विणी** ([= सूई। —अनु०] ; देशी० ८, २९) **सीव्य** से निकला है[3]।

1. इसके प्रमाण § ४२५ और उसके बाद दिये गये हैं ; कू० त्सा० ३५, १४९ में पिशल के लेख की तुलना कीजिए। प्राकृतिका पेज २२ मे एस० गौल्दश्मित्त कुछ भिन्न मत रखता है ; कू० त्सा० ३५, ५७८ में याकोबी का मत अशुद्ध है ; औपपातिक सूत्र में तत्तो शब्द में लौयमान ने बताया है कि यहां द्वित्वीकरण इसलिए हुआ है कि छंद की मात्राएँ पूरी हो जायं, पर यह भूल है। — २. बे० बाइ० १३, ८ और उसके बाद के पेजों में पिशल का लेख। — ३. बे० बाइ० ६, ८६ में पिशल का लेख।

§ १९०—**ट** वर्ग मे प्रथम वर्ण क्रमशः तीसरे और द्वितीय वर्ण चौथे का रूप धारण कर लेता है जब वे शब्द के भीतर असयुक्त दो स्वरों के बीच में आते हैं, **ट** **ड** बन जाता है और **ठ** **ढ** में बदल जाता है (वर० २, २० और २४ ; हेमचन्द्र १, १९५ और १९९ ; क्रम० २, १० और १८ ; मार्क० पन्ना १६)। इस नियम के अनुसार महा० **कडअ** = **कटक** (गउड० ; हाल ; रावण०)[1]; **कुडुम्ब** = **कुटुम्ब** (गउड० ; हाल) ; **घडिअ** = **घटित** ; **चडुल** = **चटुल** ; **तड** = **तट** ;

पडल = **पटल**; **विडव** = **विटप**। —**कढिण** = **कठिन** (गउड० ; हाल) ; **कढिणत्तण** = ***कठिनत्वन** (रावण०) ; **कमढ** = **कमठ** (गउड० ; हाल) ; **जरढ** = **जरठ** (गउड० ; रावण०) ; **पढइ** = **पठति** (हाल) ; **पीढ** = **पीठ** (गउड०) ; **हढ** = **हठ** (गउड०) है। पल्लवदानपत्रों में भी यह अदल-बदल दिखाई देता है, किंतु अपवादरूप से ; उनमे **भड**=**भट** और **कोडी** = **कोटी** (§ १८९) है। हेमचन्द्र १, १९५ के अनुसार कभी-कभी **ट** ज्यों का त्यो बना रह जाता है, जैसे **अटइ** = **अटति** का ट ; यह अशुद्ध पाठान्तर होना चाहिए।

१. § १८४ की नोट-संख्या १ से तुलना कीजिए ; § १८६, नोट १।

§ १९१—लोप होने के बजाय (§ १८६) **प** अधिकांश में **व** का रूप धारण कर लेता है[1]। अप० बोली मे इस **व** का **ब्व** हो जाता है (§ १९२), जैसा सब लोगों ने पहले इस तथ्य को सामान्यतः स्वीकार कर लिया था (वर० २, १५ ; हेच० १, २३१ ; क्रम० २, ८ ; मार्क० पन्ना १६)। इस नियम से महा० **आअव** = **आतप** (गउड० ; हाल ; रावण०)[२] ; **उवल** = **उपल** (गउड०) ; **कोव** = **कोप** ; **चाव** = **चाप**; **णिव** = **नृप** (रावण०) ; **दीव** = **दीप** ; **पआव**=**प्रताप** ; **विविण** = **विपिन** (गउड०) ; **सवह** = **शपथ** (हाल) ; **सावअ** = **श्वापद** (गउड० ; रावण०) है। अपवादरूप से पल्लवदानपत्रो मे भी **अनुवट्ठावेति**, **कस्सव** और **कारवेज्ञा** में **व** आया है ; **वि** के लिए (§ १८९) देखिए। आरम्भिक और गाण **प** के स्थान पर **व** के लिए § १८४ देखिए। हेमचन्द्र ने १, २३१ में बताया है कि **प** का **व** कर देने या **प** उडा देने का एकमात्र कारण श्रुतिसुख है अर्थात् यह हेरफेर ऐसा किया जाना चाहिए कि कानो को अच्छा लगे। वर० २, २ की टीका मे भाम० और पन्ना १४ मे मार्क० ने बताया है कि यह अदल-बदल मुख्यतः § १८६ में उल्लिखित ध्वनियों की विच्युति के लिए निर्णायक है।[३] साधारण तौर पर **अ** और **आ** से पहले **प** का **व** हो जाता है और इसके विपरीत **उ** तथा **ऊ** से पहले यह लुप्त हो जाता है, अन्य स्वरों से पहले यह नियम स्थिर नहीं रहता। जैन हस्तलिखित प्रतियों में भूल से **व** के स्थान पर बहुधा **ब** लिखा मिलता है।

१. कौवेल द्वारा संपादित वर०[२] की भूमिका का पेज १४ ; गो० गे० आ० १८७३, पेज ५२ में पिशल का लेख ; आकाडेमी १८७३, पेज ३९८ ; ये० लि० १८७५, पेज ३१७ ; ना० गे० वि० गो० १८७४, ५१२ में भी गौल्दश्मित्त के लेख का नोट। — २. § १८४ का नोट १ और § १८६ का नोट १ की तुलना कीजिए। — ३. हेच० १, २३१ पर पिशल की टीका।

§ १९२—वर० २, २६ के अनुसार शब्द के भीतर आने और स्वरों के बीच मे होने पर **फ** सदा **भ** बन जाता है। भाम० ने इस नियम के उदाहरण दिये हैं: **सिभा** = **शिफा** ; **सेभालिआ**=**शेफालिका** ; **सभरी** = **शफरी** और **सभलं**= **सफलम्** हैं। मार्क० पन्ना १६ मे यह बताया गया है कि यह परिवर्तन **शिफादि**-गण के भीतर ही सीमित है, इस गण के भीतर उसने निम्नलिखित शब्द गिनाये हैं : **सिभा**= **शिफा** ; **सेभ** = **शेफ** ; **सेभालिआ** = **शेफालिका** ; उसने **सभरी** = **शफरी** भी

उद्धृत किया है और बताया है कि किसी ने इसका व्यवहार किया है[1]। क्रम० ने २, १६ में बताया है कि **शिफा** और **शफर** के **फ**, **भ** में बदल जाते हैं। हेच० १, २३६ में अनुमति देता है कि **फ** के स्थान पर प्राकृत में **भ** और **ह** दोनो रखे जा सकते हैं ; वह बताता है कि **रेभ** = **रेफ** और **सिभा** = **शिफा** में **भ** काम में लाया जाता है, **मुत्ताहल**=**मुक्ताफल** में **ह** हो गया है। **सभल, सहल** = **सफल** ; **सेभालिआ, सेहालिआ** = **शेफालिका** ; **सभरी, सहरी** = **शफरी** ; **गुभइ, गुहइ** = **गुफति** में **भ** और **ह** दोनो चलते हैं। अभी तक जिन-जिन शब्दों के प्रमाण मिल पाये हैं, उनसे पता लगता है कि सर्वत्र **ह** का जोर है अथवा समास के दूसरे पद के आरम्भ में आने पर **फ** भी मिलता है। इस नियम के अनुसार महा०, जै०महा० और शौर० में **मुत्ताहल** = **मुक्ताफल** (गउड०; कर्पूर० ७३, ९; एर्त्सें० ; कर्पूर० ७२, ३ ; ७३, २), महा० में **मुत्ताहलिल्ल** रूप आया है (कर्पूर० २, ५ ; १००, ५); **सहर, सहरी** रूप भी देखने में आते है (गउड०); महा० और शौर० में **सेहालिआ** (हाल ; मृच्छ० ७३, ९ [इस स्थान पर यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; प्रिय० ११, १ ; १२, ३ ; १३, १६) ; शौर० मे **चित्तफलअ**=**चित्रफलक** (उदाहरणार्थ मृच्छ० ५७, ३ ; ५९, ७ ; ६९, १९ ; शकु० १२५, ७ ; १३३, ८ ; १३४, ४ ; १४२, ११; विक्रमो० २४, १८; रत्ना० २९८, ४; ३०३, १९; मालती० १२७, ११); **बहुहल** = (क्रम० २, ११६) ; शौर० मे **बहुफल** (विक्रमो० ४५, १३), **सफल** (मालवि० ४४, १ ; ४६, ११) ; **सग्गफल** = **स्वर्गफल** (प्रबोध० ४२, ५) ; माग० मे **पणसफल** (मृच्छ० ११५, २०) और अन्य रूप मिलते है, अप० के विषय मे § १९२ देखिए। — **°फल** के विषय में § १९६ देखिए। इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता कि **फुमइ** और **भुमइ** = **भ्रमति** का परस्पर में क्या सम्बन्ध है (हेच० ४, १६१)। द्राविडी हस्तलिपियाँ संस्कृत और प्राकृत शब्द **भण** (= बोलना, कहना) के लिए बहुधा **फण्** रूप लिखती है (उदाहरणार्थ पिशल द्वारा सपादित विक्रमो० ६२२, १० ; ६३२, १७ और १८ ; ६३९, ८ ; मल्लिका० ८३, ४)। § २०८ की भी तुलना कीजिए।

१. इसकी हस्तलिखित प्रति में पढ़ा जाता है सर्पारर् यासउर् (अथवा यासडर्) इत्याद्य पि कश्चित्।

§ १९३—शब्द के मध्य मे दो स्वरों के बीच में **ब** आने पर प्राकृत में उसका रूप **व** हो जाता है (हेच० १५,२३७); महा०, अ०माग०, जै०महा०, आ०, शौर०, दाक्षि० और अप० मे **कलेवर** = **कलेबर** (गउड० ; रावण० ; विवाह० १३०३ [**कडेवर** पाठ है] ; १३९० [यहा भी **कडेवर** पाठ है] ; एर्त्सें० ; मृच्छ० १४८, २२ और २३ ; पिंगल १, ८६ अ ; हेच० ४, ३६५, ३); माग० में **कलेवल** (मृच्छ० १६८, २०) ; महा०, अ०माग०, शौर०, माग० और अप० मे **कवल**= **कबल** (गउड० ; हाल ; शकु० ८५, २ ; नायाध०; ओव०; मृच्छ० ६९, ७ ; हेच० ४, २८९ और ३८७, १) ; महा०, जै०महा० और अप० मे **कवन्ध** = **कबन्ध** (रावण० ; एर्त्सें० [पाठ मे **कबन्ध** है] ; पिंगल २, २३०) ; अ०माग० में

किलीव = क्लीव (आयार० २, १, ३, २) ; **छाव = शाव** (§ २११) ; महा० में **थवअ = स्तबक** (रावण०), अ०माग० में **थवइय = स्तबकित** (विवाह० ४१ ; ओव०) ; महा० में **दावइ = मराठी दावणें** (शकु० ५५, १६)[1] ; महा० और जै०महा० मे **सव = शव** (गउड० ; आव० एर्त्से० ३६, ३४) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **सवर = शबर** (गउड० [पाठ में **सबर** है] ; विवाह० २४६ [पाठ मे **सब्बर** है] ; पण्हा० ४१ [पाठ में **सबर** है] ; पण्णव० ५८ ; एर्त्से० ; प्रसन्न० १३४, ६ और ७ [पाठ में **सबर** आया है]); महा० और अ०माग० मे **सवरी** रूप मिलता है (गउड० [पाठ में **सबरी** रूप है], विवाह० ७९२ [यहा भी पाठ मे **सबरी** है) ; नायाध० § ११७ [पाठ मे **सबरी** है] ; ओव० § ५५ [पाठ मे **सबरी** आया है]) ; महा० में **सवल = शबल** (हाल) ; अ०माग० और जै०महा० मे **सिविया = शिबिका** (§ १६५), जै०महा० मे **सिविर** रूप पाया जाता है (एर्त्से० ; पाठ मे **सिबिर** मिलता है]); माग० मे इसका रूप **शिविल** हो गया है (ललित० ५६५, ६ और ८) = **शिबिर**[2] है। **ब** बहुत कम लोप होता है, जैसे अ०माग० **अलाउ, अलाउय, लाऊ, लाउ, लाउय** और साथ-साथ शौर० रूप **अलावू = अलाबू , अलाबु** (§ १४१) हैं ; **णिअन्धण = निबन्धन** (= वस्त्र : देशी० ४, ३८ ; त्रिवि० १, ४, १२१)[1] ; **विउह** (हेच० १, १७७) और इसके साथ इस शब्द का जै०महा० रूप **विवुह** (एर्त्से०) = **विबुध** है। —**व** बहुत ही अधिक स्थलों में बना रहता है, विशेषकर **अ** ध्वनियो के मध्य में, जैसा **प** के विषय मे लिखा गया है, इस विषय पर भी श्रुति-मधुरता अतिम निर्णय करती है।

१. शकुन्तला ५५, १६ पेज १८४ पर जो नोट है उसे इसके अनुसार बदलना चाहिए। — २. जैसा उदाहरणों से पता लगता है, जैन हस्तलिपियों विशेषकर व के स्थान पर ब लिखा मिलता है। इसे याकोबी अपने ग्रन्थ 'औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन इन महा०' § २०, २ की भूमिका के पेज २८ में ध्वनि का नियम बताता है, पर यह कोई नियम नहीं है, यह तो हस्तलिखित प्रतियाँ लिखनेवालों की भूल है। इसी प्रकार ये लेखक कभी-कभी शब्द के आरम्भ में भी व के स्थान पर ब लिखते हैं (ए० म्युलर, बाइत्रैगे, पेज २९)। अन्य हस्तलिखित प्रतियों की भाँति ललितविग्रहराज नाटक में भी (द्राविडी प्रतियों को छोड़) जहां व होना चाहिए वहाँ भी केवल ब लिखा मिलता है। इस विषय में § ४५, नोट-संख्या ३ की भी तुलना कीजिए। — ३. बे० बाइ० १३, ८ में पिशल का लेख।

§ १९४—§ १९२ और १९८ से २०० तक में वर्णित स्थलों को छोड़ अन्यत्र वर्णमाला के वर्गों के प्रथम और तृतीय वर्णों का द्वितीय और चतुर्थ वर्णों में बदल जाने अथवा इसके विपरीत द्वितीय और चतुर्थ वर्णों का प्रथम और तृतीय में बदल जाने के उदाहरण (§ १९० और १९१) एक-आध ही मिलते हैं और वह भी एक-दो बोलियों में। अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **क** लुप्त होने के

स्थान पर दो स्वरों के बीच में आने पर बहुत अधिक अवसरों पर **ग** में बदल जाता है, विशेषकर प्रत्यय – **क** का (हेच० १, १७७) ऐसा होता है : अ०माग० और जै०महा० में **असोग** = **अशोक** (उदाहरणार्थ, विवाह० ४१ ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० [इनमे शब्दसूची में **असोग** आया है] ; एर्त्से०) ; जै०महा० में **असोग** (आव० एर्त्से० ८, २ और ३२) ; अ०माग० और जै० महा० में **आगास*** = **आकाश** (उवास० ; ओव० ; आव० एर्त्से० २१, १५) ; अ०माग० में **एगमेग** = **एकैक** (§ ३५३) ; अ०माग० और जै०महा० मे **कुलगर**=**कुलकर** (कप्प० ; आव० एर्त्से० ४६, २० और २२) ; अ०माग० और जै०महा० में **जमगसमग** = **यमकसमक** (उवास० § १४८ और १५३ ; कप्प० § १०२ ; ओव० § ५२ ; आव० एर्त्से० १७, १५) ; अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० मे **लोग** = **लोक** है (उदाहरणार्थ, आयार० १, १, १, ५ और ७ ; १, १, ३, २ ; एर्त्से० ; पव० ३८१, १६ ; ३८७, २५), जै०शौर० में **लोगालोगं** आया है (पव० ३८२, २३), इसके साथ ही **लोयालोयं** (कत्तिगे० ३९८, ३०२) रूप भी काम में आता है ; अ०माग० मे **लोगपागाए** = **लोकपाकाय** (सूय० २४७ और २४९) ; **सिलोगगामी** = **श्लोककामिन्** (सूय० ४९७) ; अ०माग० और जै० शौर० मे **अप्पग** = **अल्पक** (सूय० १८८ ; पव० ३८५, ६६ और ६८) ; जै० शौर० मे **मंसुग** = **श्मश्रुक** (पव० ३८६, ४) ; अ०माग० में **फलग** = **फलक** (सूय० २७४ ; उवास० ; ओव०) ; जै०महा० मे **तिलगचोद्दसग** = **तिलकचतुर्दशक** (आव० एर्त्से० १७, १ ; ३७, २९ ; ३८, २४) है। इन प्राकृत भाषाओं की एक विशेष पहचान यह है कि इनमे **ग** का लोप होने के बजाय वह बहुधा बना रहता है। इनको छोड अन्य प्राकृत भाषाओं मे भी ऐसे विरले उदाहरण मिलते हैं जिनमें **क**, **ग** मे बदल जाता है। इस प्रकार माग० मे सर्वत्र ही **हगे**, **हग्गे** = ***अहकः** (§ १४२; १९४; ४१७) है, इसके अतिरिक्त **शावग** = **श्रावक** (मुद्रा० १७५, १ और ३ ; १७७, २ ; १७८, २ ; १८३, ५ ; १८५, १ ; १९०, १० ; १९३, १ [यहा यही पाठ पढा जाना चाहिए]); प्रबोधचंद्रोदय ४६, १३ और ४७, ७ मे **शावगा** रूप मिलता है, ५८, १५ मे **शावगी** है ; पाठ मे आये हुए **सावका**, **शावका**, **सावकी** और **शावकी** के लिए ये ही शब्द पढ़े जाने चाहिए क्योंकि ये शब्द अ० माग० और जै० महा० **सावग** से मिलते हैं (उदाहरणार्थ, उवास० ; एर्त्से०) है। इस सबंध मे § १७ की भी तुलना कीजिए। महा० और अप० **परगअ**, अ०माग० और जै०महा० **मरगय**, शौर० रूप **मरगद** = **मरकत** (हेच० १, १८२ ; मार्क० पन्ना १४ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ४६, ८ ; ६९, ८ ; ८०, १० ; सूय० ८३४ ; पण्णव० २६ ; उत्तर० १०४२ ; ओव० ; कप्प० ; आव० एर्त्से० १३, ४३ ; मृच्छ० ७१, १ [पाठ मे **मरगद** है] ; कर्पूर० ५३, २ ; ५९, १ ; ६१, ७ और ८ ; ६२, ११ ; मल्लिका० २०१, १३ [पाठ मे **मरगद** मिलता है] ; हेच० ४, ३४, ९) है ; अच्युतशतक ४३ में **मरअअ** और क्रम०

* **अगास** शब्द आज भी कुमाउनी तथा अन्य बोलियों में प्रचलित है।—अनु०

२, २८ में **मरभद** रूप अशुद्ध है। हेच० १, १८२ और मार्क० पन्ना १४ के अनुसार **मदकल** में भी **क** का **ग** हो जाता है, प्रमाण में केवल अप० रूप **मद्गल** मिलता है (पिंगल १, ६४ ; हेच० ४, ४०६, १), इन स्थलों पर यह § १९२ के अनुसार भी सिद्ध होता है। महा० में **पागसासण = पाकशासन** पाया जाता है (गउड० ३८०)। **गेन्दुअ** के विषय में § १०७ देखिए। — अ० माग० **आघावेइ = आख्यापयति, आघवणा = आख्यापना** (§ ८८ और ५५१) और **णिघस = निकष** (§ २०६) में **ख** का **घ** हो गया है। **अहिलंखइ, अहिलंघइ** में (= इच्छा करना : हेच० ४, १९२) मूल में **ख** अथवा **घ** है, इसका निर्णय करना टेढ़ी खीर है। — **पिसाजी = पिशाची** में **च** का **ज** बन गया है (हेच० १, १७७)। इसके विपरीत ऐसा मालूम पड़ता है कि महा० और शौर० **चक्खइ** (= चखना, खाना : वर० परिशिष्ट ए पेज ९९, सूत्र २०)[1], महा० **चक्खिअ** (चखा हुआ : हेच० ४, २५८ ; त्रिवि० ३, १, १३२ ; हाल ६०५), **अचक्खिअ** (हाल ९१७), **चक्खन्त** (हाल १७१), शौर० **चक्खिअ** (= चखकर : नागा० ४९, ५), **चक्खिज्जन्त** (शुद्ध रूप **चक्खीअन्त** है, चंड० १६, १६)[2] जक्ष से निकले हैं, इनमें **ज** का **च** हो गया है। **मच्चइ** और साथ-साथ **मज्जइ = माद्यति** जो **मद्** धातु से निकला है (हेच० ४, २२५) ; अप० में **रच्चसि = रज्यसे** जो **रज्** धातु का रूप है (हेच० ४, ४२२, २३) ; महा० और जै०महा० **वच्चइ** (वर० ८, ४७ ; हेच० ४, २२५ ; क्रम० ४, ४६ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एत्सें० ; कालका० ; ऋषभ०), आ० **वच्चदि** (मृच्छ० ९९, १७ [यहां यही पाठ पढा जाना चाहिए] ; १००, ९९ ; १०१, ७ ; १४८, ८) ; दाक्षि० **वच्चइ** (मृच्छ० १००, १५ [यहां यही पाठ पढा जाना चाहिए]) ; **वच्च, वच्चदि** (मृच्छ० १०५, ४ और ९), ढ० में **वज्जदि** रूप मिलता है, शौर० में **वज्जम्ह** और माग० में **वय्येन्ति** रूप पाये जाते हैं (§ ४८८)[3]। अ०माग० **पडुच्च** जो ***पडिउच्च** के स्थान पर आया है (§ १६३ और ५९०) और जो संस्कृत **प्रतीत्य** का ठीक प्रतिरूप है, **वच्चइ** से संबंध रखता है। टीकाकार इसके द्वारा ही इसके रूप का स्पष्टीकरण करते हैं ; इसका संबंध अप० **विच्च** (= पथ : हेच० ४, ४२१) से भी है।

१. वेबर द्वारा संपादित भगवती १, ३८७ ; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २८, ३९१। — २. हेच० ४, २५८ की पिशल की टीका जहाँ पर भारतीय नयी भाषाओं का उल्लेख भी है। — ३. **वच्चइ** संभवतः **व्रात्य = व्रात्यति** का रूप है और **वज्जइ, व्रज्या = *व्रज्यति** का। इस स्थिति में **च्च** ध्वनि-नियम के अनुसार ठीक बैठ जाता है। — ४. भगवती १, ३८१, में वेबर ने अशुद्ध लिखा है ; ए० म्युलर, बाइ० पेज २१।

§ १९५—यह मानना कि अ०माग० और जै०महा० में प्रत्येक **त** ज्यों का त्यों बना रह सकता है या लोप हो सकता है[1] अथवा दो स्वरों के बीच में, जिनमें से एक **इ** हो तो **त** रख दिया जाता है[2], भूल है। जैसा वेबर[3] पहले ही अनुमान लगा चुका

था, ऐसे सब उदाहरण ऐसे लेखकों (=हस्तलिपियाँ लिखनेवालों) के माथे पर मढ़े जाने चाहिए जिन्होंने बहुधा पाठ के भीतर संस्कृत रूप घुसा दिये हैं। इस विषय पर जैन लेखकों ने प्राकृत भाषाओं के विरुद्ध लिपि की महान् भूलें की हैं"। जै०शौर०, शौर०, माग० और ढ० में बोली के रूप में तथा अप० में **त** का **द** और **थ** का **ध** रूप बन जाता है (§ १९२)। इस प्रकार जै० शौर० **वंदिद** और **धोद** = **वन्दित** और **धौत** (पव० ३७९, १); **संपज्जदि** = **संपद्यते ; भमति** = **भ्रमदि ; पेच्छदि** = **प्रेक्षते** (पव० ३८०, ६ ; ३८०, १२ ; ३८४, ४८); **भूदो** और **जादि** =**भूतः** और **याति** (पव० ३८१, १५); **अजधागहिदत्था एदे** = **अयथागृहीतार्था एते** (पव० ३८९, १); **देवदजदि** = **दैवतयति** (पव० ३८३, ६९); **तसघाद, करेदि, कारयदि, इच्छदि** और **जायदे** = **त्रसघात, करोति, कारयति, इच्छति** और **जायते** (कत्तिगे० ४००,३३२) हैं; शौर० में **अदिधि** = **अतिथि** (शकु० १८,१ और ८ ; २०, ५ ; २३, ९ ; ७१, १२); शौर० में **कधेहि, कधेसु** रूप = **कथय, कथेदु** = **कथयतु,** माग० में **कधेदि** = **कथयति** (§ ४९०); शौर० में **चूदलदिअं** = **चूतलतिकाम्** (शकु० ११९, ९); जै०शौर० **जध,** शौर० **जधा** और माग० **यधा** = **यथा,** जै० शौर० **तध,** शौर० और माग० **तधा** = **तथा** (§ ११३) है ; शौर० में **पारिदोसिअ** और माग० **पालिदोशिय** = **पारितोषिक** (शकु० ११६, १ और ५); जै० शौर० **हुवदि, होदि** ; शौर०, माग० और ढ० **भोदि** = **भवति** (§ ४७५ और ४७६) है ; शौर० रूप **साअदं** (मृच्छ० ३, ६ ; ५९, १९ ; ८०, ७ ; ८६, २५ ; ९४, २२ ; शकु० ५६, ४ ; ८०, ३), माग० में **शाअदं** (मृच्छ० ११३, ७ ; १२९, १८) = **स्वागतम्** है ; ढ० में **जूदिअल** = **द्यूतकर** (§ २५); **जूद** = **द्यूत** (मृच्छ० ३०, १८ ; ३४, २५ [यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; ३५, ५, [यहा भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; ३९, १७); **पलिवेविद** = **परिवेपित** (मृच्छ० ३०, ७); **वज्जदि, धालेदि, भणादि** और **जिणादि** = **व्रजति, धारयति, भणति** और **जयति** (मृच्छ० ३०, १० ; ३४, ९ ; १२ और २२) है ; शौर० और ढ० में **सम्पदं** = **साम्प्रतम्** (मृच्छ० ६, २२ ; १७, १८ ; १८, २३ ; शकु० २५, २ ; ३०, ४ ; ६७, १२ आदि-आदि ; ढ० : मृच्छ० ३०, ४ ; ३१,९ ; ३२, ८); माग० : **शम्पदं** (मृच्छ० १६, २० ; ३२, २ ; ४ और ५ ; ३८, १९ ; ९९, ११ आदि-आदि) है। ढ० में **माधुल** = **माथुरः** के विषय में § २५ देखिए। वर० १२, ३ और मार्क० पन्ना ६६ और उसके बाद के पन्ने में बताते हैं कि शौर० में और उसके साथ माग० में भी **त** का **द** या **ध** हो जाता है ; किन्तु हेच० ४, २६० और २६७ में तथा उसके बाद के सब व्याकरणकार कहते हैं कि **त** का केवल **द** होता है। हेम० और उसके बाद के व्याकरणकार यह अनुमति देते हैं कि **थ** का **ध** होता है जो ठीक है, किन्तु वे **थ** के स्थान पर **ह** की अनुमति भी देते है जो अशुद्ध है"। जै०शौर०, शौर०, माग० और ढ० में मौलिक **द** और **ध** बने रह जाते हैं, उनकी विच्युति नहीं होती और न उनका रूप **ह** में बदलता है। सर्वत्र बहुधा

ऐसा नहीं होता है (क्रम० ५, ७१ ; मार्क० पन्ना ६६)। पल्लवदानपत्र ७, ५१ में **कदुत्ति = कृतेति** नकल करने में छापे की भूल रह गयी है ; **कडत्ति** का **कदत्ति** लिखा गया है। **पिधं, पुधं** और इनके साथ **पिहं, पुहं = पृथक्** के विषय मे § ७८ देखिए। आ० और दाक्षि० के विषय में § २६ देखिए।

१. औसगेवैल्ते एर्सेलुंगन इन महाराष्ट्री (याकोबी द्वारा संकलित) § २०, १, नोट-संख्या २। — २. ए. म्युलर कृत बाइत्रैगे, पेज ५ ; स्टाइनटाल कृत स्पेसीमेन, पेज २ की भी तुलना कीजिए। — ३. भगवती १, ४०० ; इस सम्बन्ध में इ० स्टु० १६, २३४ और उसके बाद की तुलना कीजिए। — ४. होएर्नले द्वारा संपादित उवासगदसाओ की भूमिका के पेज १७ और उसके बाद। यह स्पष्ट है कि **तवणिज्जमतीउ, कणगमतीउ, पुलकामतीउ, रिट्ठामतीउ** और **वइरामतीउ** (जीवा० ५६३) जैसे शब्दों में **त** का कोई अर्थ नहीं है। यह भी समझ में आने की बात नहीं है कि एक ही भाषा में एक दूसरे के पास-पास कभी **भवति** और कभी **भवइ** लिखा जाय, कहीं **भगवता** और कहीं **भगवया** का व्यवहार हो ; एक स्थान पर **मातरं** रूप और दूसरी जगह **पियरं** लिखा जाय आदि-आदि (आयार० १, ६, ४, ३)। यह भी देखने में आता है कि सब हस्तलिपियों में सर्वत्र एक-सा **त** नहीं मिलता। जब भविष्यकालवाचक रूप में **एही** कहा जाता है तब इससे मालूम हो जाता है इसका रूप पहले **एहिइ** रहा होगा न कि **एहिति** जैसा आयारंगसुत्त २, ४, १, २ में पाया जाता है (§ ५२९)। इसलिए बी० त्सा० कु० मौ० ३, ३४० में लौयमान ने जो मत प्रकट किया है वह पूर्ण रूप से शुद्ध नहीं माना जा सकता। उवासगदसाओ को छोड़ माग० और जै० महा० के अन्य ग्रन्थों का पाठ अनगिनत भूलों के कारण बिगड़ गया है। § ३४९ की भी तुलना कीजिए। — ५. शौर० के विषय में कू० बाइ० ८, १२९ और उसके बाद पिशल का लेख देखिए। अब तक के तथा आगे के पाराओं में बहुत-से उदाहरण दिये गये हैं। § २२ से २५ तक की भी तुलना कीजिए।

§ १९६—वर० २, ७ ; क्रम० २, २८ और मार्क० पन्ना १५ मे बताया गया है कि महा० मे भी अनेक शब्दों मे **त** का **द** हो जाता है। इन शब्दों को उक्त व्याकरणकारों ने ऋत्वादिगण में एकत्र किया है। भाम० इन शब्दों मे **उदु = ऋतु ; रअद = रजत ; आअद = आगत ; णिव्वुदि = निर्वृति ; आउदि = आवृति ; संवुदि = संवृति ; सुइदि = सुश्रुति ; आइदि = आकृति ; हद = हत ; संजद = संयत ; सम्पदि = सम्प्रति ; विउद = विवृत ; संजाद = संयात ; पडिवद्दि = प्रतिपत्ति** और जोड़ता है। क्रम० ने इसमें ये शब्द शामिल किये हैं : **ऋतु, रजत, आगत, निर्वृत, सुरत, मरकत, सुकृत, संयत, विवृति, प्रवृत्ति, आवृति, आकृति, विधृति, संहृति, निवृत्ति, निष्पत्ति, संपत्ति, प्रतिपत्ति, श्रुत, ख्याति, तात** और **साम्प्रतम्**। मार्क० ने ऋत्वादिगण में बताये हैं : **ऋतु, रजत, तात, संयत, किरात** (**चिलाद** रूप में),

संहृति, सुसंगत, ऋतु, सम्प्रति, साम्प्रतम्, कृति और **वृति** जब इनमें उपसर्ग लगाये जाते हैं तब भी, जैसे : **आकृति, विकृति, प्रकृति, उपकृति, आवृति, परिवृति, निर्वृति, संवृति, विवृति, आवृत, परिवृत, संवृत, विवृत, प्रभृति** [हस्तलिपि मे **पहुदि** रूप है] और **व्रत**। इसके बाद के सूत्र में मार्क० ने बताया है कि **सुरत, हत, आगत** इत्यादि में लेखक के इच्छानुसार **त** या **द** रह सकता है। इस मत के विरुद्ध हेच० ने १, २०९ में कडी आलोचना की है। बात यह है कि यह ध्वनि-परिवर्तन शौर० और माग० मे होता है, महा० मे में नहीं ; यदि महा० में कहीं यह ध्वनि-परिवर्तन पाया जाता हो तो यह माना जायेगा कि यहा पर बोली मे हेर-फेर हो गया है[1]। रावणवहो में सर्वत्र **उदु** काम में लाया गया है (१, १८ ; ३, २९ ; ६, ११ ; ९, ८५), **उउ** कहीं भी नहीं। अ०माग० में **उउ** के स्थान पर **उदु** अशुद्ध पाठ है (आयार० २,२,२,६ और ७; ठाणग० ५२७)। इसके अतिरिक्त रावणवहो में **महुलदा** और साथ-साथ **पडिआ** रूप मिलते है (३, ३१) ; एक ही श्लोक मे **विवण्णदा** और **रामादो** पाये जाते हैं जिसमें इन रूपों के साथ ही **अरई** और **सेउम्मि** रूप भी काम मे लाये गये हैं (८, ८०) ; इसके समान ही समास मे **मन्दोदरि** रूप मिलता है। **मन्दोदरिसुअदूमिअवाणर-परिओस** में **द** तो बना रह गया है, पर इस पद में से ३ **त** उडा दिये गये हैं। नाटकों की गाथाओं मे भी ठीक यही बात देखने मे आती है, जैसा **मालई** के स्थान पर **मालदी = मालती** (ललित० ५६३, २) है ; **ओदंसन्ति = अवतंसयन्ति** (बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकु० ४, १०) ; **लदाओ = लताः** (बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकु० ५३, ७ ; पिशल द्वारा सम्पादित सस्करण ८५, ३ और बुर्कहार्ड द्वारा सम्पादित काश्मीरी पाठ ८४,१५ की भी तुलना कीजिए) ; **उवणइदव्वो=उपनेतव्यः** (मालवि० २३, ३) ; **उवणीदे = उपनीते** (हाल० ८२७). **होदु** और इसके साथ ही **होइ** रूप (हाल ८७८) ; **कादुं = कर्तुम्** (हाल ९२४) ; **हणिदा= भणिता** (हाल ९६३) आदि-आदि हैं। हाल से हमने जो उदाहरण दिये हैं वे सब तेलुगू पाठों से संकलित है। हेच० जब बताता है कि ऐसे रूप महा० में अशुद्ध हैं तो एस. गौल्दश्मित्त[2] के मतानुसार उसके सूत्र में 'शुद्धिकरणात्मक निषेध' न देखना चाहिए। असल बात यह है कि इन उदाहरणों से महा० भाषा पर चोट पड़ती है। इसके विपरीत शौर० हस्तलिखित प्रतियों मे से महा० के असंख्य रूप दिये जा सकते हैं। वर०, क्रम० और मार्क० के सूत्र महा० से किसी प्रकार से भी सम्बन्ध नहीं रखते। विशेष रूप से खटकनेवाले रूप **पडिवद्दी** (भाम०) जिसके स्थान पर सम्भवतः **पदिवत्ती** पाठ ठीक रहेगा और जिसमें और एक खटकनेवाली बात **ड** के स्थान पर **द** का होना है तथा **निवद्दी** (?), **निप्पद्दी** (?), **संपद्दी** और **पडिपद्दी** (क्रम०) हैं ; ये रूप अवश्य ही नासमझी के फल है। अ०माग० **अदु** और **अदुवा** के विषय में § १५५, नोट सख्या ५ देखिए।

1. पिशल द्वारा संपादित विक्रमोर्वशीय, पेज ६१४ और उसके बाद। —2. रावणवहो की भूमिका का पेज १७ ; रावणवहो १३, ९७ पेज ३०९ की नोट-संख्या ४ की भी तुलना कीजिए।

§ १९७—संस्कृत ह्-युक्त वर्णों से भिन्न रीति का अनुसरण करके प्राकृत में आरम्भिक और शब्द के मध्य का ह्-युक्त वर्ण § १८८ के अनुसार ह् रह जाता है। इस ह्-करण का कारण सर्वत्र एक नहीं है। एक असयुक्त र् अथवा स् या संयुक्त र् का निकट में होना इसका कारण नहीं है, जैसा बहुधा समझा जाता है[1]। वर्ग के प्रथम दो वर्णों, अनुस्वार और ल में जो ह् कार आता है उसका कारण मूल संस्कृत में इनसे पहले श्-, ष्- और स-कार का आ जाना है, ये ध्वनियाँ संस्कृत में लुप्त हो गयी हैं। मूल ध्वनिवर्ग स्क, स्त, स्प, स्न और स्म शब्द के आरम्भ मे रहने पर, § ३०६ से ३१३ तक के अनुसार ख, थ, फ, ण्ह और म्ह बन जाते हैं[2]।

१. लास्सनकृत इन्स्टि. लि. प्रा., पेज १९७ और उसके बाद और पेज २५१ ; याकोबी कृत औसगेवैल्ते एर्सेलुंगन § २१, २ भूमिका का पेज २८। बे. बाइ. ३, २५३ में पिशल का लेख। — २. वाकरनागलकृत आल्ट इंडिशे ग्रामाटीक § २३० और २३१।

§ १९८—संस्कृत क, शब्द के आरम्भ मे ख बन जाता है और समास के दूसरे पद के आरम्भ में तथा शब्द के मध्य मे, ह बन जाता है ; यह विशेषकर नीचे दिये गये शब्दों मे : जै०महा० मे खंधरा = कंधरा (मार्क० पन्ना १७; एर्सें० १,१७), किन्तु महा० और शौर० में कंधरा रूप मिलता है (गउड० ; मल्लिका० १९२,२२ ; २०१, ७ ; २२०, २०) ; खप्पर = कर्पर (हेच० १, १८१) ; अ०माग० खसिय = कसित (हेच० १, १८१) ; खासिय = कासित (हेच० १, १८१ ; नदी० ३८०) ; अ०माग० और जै०महा० मे खिखिणि = किङ्किणि (पण्हा० ५१४ ; राय० १०९ ; १२९ ; १४२ ; जीवा० ३४९ [पाठ मे खकिंणि रूप मिलता है] ; ४४३ ; नायाध० ९४८ [पाठ में खंकिणि है] ; उवास० ; ओव० ; एर्सें०), सखिंखिणी (जीवा० ४६८ ; आव० एर्सें० ३५, २५), खिंखिणिय=किङ्किणीक (उवास०), सखिंखिणीय (नायाध० § ९३ ; पेज ७६९ ; ८६१ [पाठ में सखखिणीय है]), किन्तु महा० और शौर० मे किंकिणी (पाइय० २७३ ; गउड० ; विद्ध० ५६, १ ; कर्पूर० ५५, ७ ; ५६, ४ ; १०२, १ ; वेणी० ६३, १० ; बाल० २०२, १४ ; शौर० मे : कर्पूर० १७, ६ ; मालती० २०१, ६) है, शौर० मे : किंकिणीआ = किङ्किणीका (विद्ध० ११७, ३) ; अ०माग० : खील = कील, इंदखील = इन्द्रकील पाया जाता है (जीवा० ४९३ ; ओव० § १), साथ ही जै०महा० मे इंदकील रूप आया है (द्वार०) ; खीलअ = कीलक (हेच० १, १८१) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में : खुज्ज = कुब्ज (वर० २, ३४ ; हेच० १, १८१ ; क्रम० २,४० ; मार्क० पन्ना १७ ; पाइय० १५५ ; हाल ; अंतग० २२ ; अणुओग० २५० ; जीवा० ८७ ; नायाध० § ११७ ; पेज ८३२ और ८३७ ; पण्णव० ४२८ ; पण्हा० ७८ और ५२३ [पाठ मे कुज्ज है] ; विवाग० २२६ ; विवाह० ७९१ और ९६४ ; ओव० ; निरया० ; आव० एर्सें० २१, ५ और १३ ; एर्सें० ; शकु० ३१, १६ ; मालवि० ७०, ७ ; प्रसन्न० ४४, १ और उसके बाद), अ०माग० में अंबखुज्जय = आम्रकुब्जक (विवाह० ११६), खुज्जत्त =

कुब्जत्व (आयार० १, २, ३, २), **खुज्जिय = कुब्जित** (आयार० १, ६, १, ३); किन्तु पुष्प के अर्थ में **कुब्ज** होता है (हेच० १, १८१ ; मार्क० पन्ना १७), अ०माग० **कोॅज्ज** (कप्प० § ३७), **कुज्जय** (पण्णव० ३२); **खुड्डिअ** (=सुरत : देशी० २, ७५), **संखुड्डइ** (= रमना : हेच० ४, १६८) जो **कुर्द्** या **कूर्द्** धातु से है; इस संबंध में धातुपाठ २, २१ में[1] **खुर्द, खूर्द** धातुओं की भी तुलना कीजिए। अ०माग० और जै०महा० **खेॅड्ड**, अप० **खेड्डअ** (§ ९०), **खेड्डइ** (=खेलता है : हेच० ४, १६८) ; अप० **खेल्लन्ति** (= खेलते हैं : हेच० ४, ३८२), जै०महा० रूप **खेल्लावेऊण** (एर्त्से०), **खेल्ल** (एर्त्से०), अ०माग० **खेल्लावण** (आयार० २, १४, १३) ; शौर० **खेलदि** (मुद्रा० ७१, ४ ; विद्ध० २७, ५), **खेलिदुं** (मुद्रा० ७१, ३ ; ८१, २), **खेलण** (विद्ध० ५८, ६ ; मल्लिका० १३५, ५), अप० **खेलन्त** (पिंगल १, १२३ अ), **खेल्लिअ** (= खिलखिलाना : देशी० २, ७६) जो **क्रीड्**[2] धातु से निकला है, अ०माग० **खुत्तो**, महा० **हुत्तं** = **कृत्वः** (§ ४५१) है ; **खुलुह** = **कुल्फ** (देशी० २, ७५ ; पाइय० २५० ; § १३९ की भी तुलना कीजिए) है; महा० **णिहस=निकष** (वर० २, ४ ; हेच० १, १८६ ; २६० ; क्रम० २, २४ ; मार्क० पन्ना १४ ; गउड० ; रावण०) है ; अ०माग० में § २०२ के अनुसार चौथे वर्ण में बदल कर इसका रूप **निघस**[3] बन गया है (विवाह० १० ; राय० ५४ ; उवास०; ओव०), महा० **णिहसण = निकषण** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; धातुपाठ १७, ३५ में **खष्** और उसके साथ **कष्** की तुलना कीजिए। अप० में **विहसन्ति=विकसन्ति** (हेच० ४, ३६५, १)। संस्कृत प्रत्यय **-क** के समान ही ह्विटनी § ११९९ प्राकृत में एक प्रत्यय **-ख** है जो अप० रूप **णवखी=नवकी** में है (हेच० ४, ४२०, ५)। मार्क० पन्ना ३७ में बताया गया है कि अर्थ में बिना नाममात्र परिवर्तन किये **ह** वाक्य में आ सकता है (**स्वार्थे च हश् च**) : **पुत्तह=पुत्रक** ; **एकह=एकक**। इसमें फिर एक **कः स्वार्थे** लग कर : **पुत्तहअ** बन गया है। यह : **-ख** और **-ह** अ०माग० **खहयर** में पाया जाता है ; इसका दूसरा रूप **खहचर** भी मिलता है = ***खकचर=खचर** (= पक्षी : आयार० २, ३, ३, ३ ; सूय० ८२५ ; अणुओग० २६५ और ४०८ तथा ४४९ ; जीवा० ७१; ८३ ; ८६ ; ११७ और उसके बाद ; ३१७ ; ३१९ ; ३२३ ; नायाध० ११७९ ; पण्णव० ४७ ; ५४ ; ५५ ; ३०२ और ५९३ तथा उसके बाद ; सम० १३२; ठाणग० १२१ और उसके बाद ; विवाह० ४७२ ; ४७९ ; ५२२ और उसके बाद ; ५२६ ; १२८५ ; १५३५ ; विवाग० ५० ; १०८ ; १८७ ; २०४ और उसके बाद ; उत्तर० १०७२ ; १०७८ और उसके बाद ; ओव० § ११८), **खहचरी** (= पक्षी की स्त्री : ठाणंग० १२१ और उसके बाद)[4] ; माग० **वचाहगंठी, शगुडाहशुंठी = वचाका-ग्रन्थिः, सगुडकशुण्ठी** (मृच्छ० ११६, २५ ; § ७० की भी तुलना कीजिए) ; महा० **छाहा, छाही = छायाका** (§ २५५) है ; अ०माग० **फलह = फलक** (विवाह० १३५ ; ओव०), और दो प्रत्यय लग कर यह **फलहग** बन जाता है (आयार० २, १, ७, १ ; ओव०), यह रूप **फलहक** बन कर संस्कृत में ले

लिया गया है, इसके साथ-साथ अ०माग० **फलग** चलता है (आयार० २, २, १, ६ ; २, ३, १, २ ; उवास० ; ओव०) और **फलय** रूप भी मिलता है (आयार० २, ७, १, ४) ; महा०, अ०माग० और शौर० में **फलिह** = **स्फटिक** (वर० २, ४ और २२ ; हेच० १८६ ; १९७ ; क्रम० २, २४ ; मार्क० पन्ना १४ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; विवाह० २५३ ; राय० ५३ ; नायाध० ; कप्प० ; मृच्छ० ६८,१८ ; ६९, १ ; विक्रमो० ३९,२ ; ६६,१३ ; मालवि० ६३, १ ; नागा० ५४, १२ ; कर्पूर० ५४, १ ; विद्ध० २४, ९, २८, ५ ; ७४, ७), जै०महा० मे **फलिहमय** (एर्त्सें०) तथा इसके साथ ही अ०माग० मे **फालिय** (नायाध० § १०२ ; ओव० [§ ३८], कप्प० § ४०), **फालियामय** (पण्णव० ११५ ; सम० ९७ ; ओव० § १६ पेज ३१, १९), शौर० मे **फडिय** रूप है (रत्ना० ३११८, ३० ; प्रसन्न० १०, २० ; § २३८ मे भले ही **फालिअ** पढा जाना चाहिए) ; **फलिहगिरि** = **स्फटिकगिरि** = **कैलास** (पाइय० ९७) ; अ०माग० **भमुहा** = पाली **भमुक** = ***भ्रवुका** (§ १२४)[१], जै०महा० **सिरिहा** = **श्रीका** (एर्त्सें० ८६, १९), महा०, अ०माग०, जै०महा० और दाक्षि० **सुणह** = पाली **सुनख** = संस्कृत **शुनक** (हाल ; पण्हा० २० ; नायाध० ३४५ ; पण्णव० १३६ ; आव० एर्त्सें० ३४, २० और २४ ; एर्त्सें० ; मृच्छ० १०५, ४), इसके साथ महा० मे **सुणअ** (हेच० १, ५२ ; हाल ; सरस्वती० ८, १३), अ०माग० और जै०महा० मे **सुणग** रूप मिलता है (जीवा० ३५६ [३५५ की तुलना कीजिए जहा पर पाठ मे **सुणमडे** रूप है] ; नायाध० ४५० ; पण्णव० ४९ ; उत्तर० ९८५ ; आव० एर्त्सें० ३५, ६ और १०), **सुणय** भी आया है (आयार० १, ८, ३, ४ और ६ ; पण्हा० २०१ ; पण्णव० ३६७ और ३६९ ; आव० एर्त्सें० ३५, ९ ; ३६, २८ और इसके बाद; द्वार० ४९७, १८), **कोलसुणय** (सूय० ५९१; पण्णव० ३६७), स्त्रीलिंग मे **सुणिया** रूप है (पण्णव० ३६८), माग० **शुणहक** (मृच्छ० ११३, २०) और अप० **सुणहउ** (हेच० ४, ४४३) मे **सुणह** में एक **-क** और जोड़ दिया गया है। सम्भवतः लेखकों ने अनुमान लगाया होगा कि **सुणह** = **सुनख** = **सु+नख**' ; ढ० **तुहं** और अप० **तुहुँ** = **त्वकं**' (§ ४८१) जिसमें § १५२ के अनुसार **उ** हुआ और ३५२ के अनुसार **उँ** लगा। अप० **सहुँ** = **साकम्** (हेच० ४, ३५६ और ४१९), इसमे § ८१ के अनुसार **आ** का **अ** हो गया और § ३५२ के अनुसार **उँ** लगा। अ०माग० **फणिह** (? ; कघी० ; सूय० २५०) और **फणग** (? ; उत्तर० ६७२) की तुलना कीजिए। महा० **चिहुर** (वर० २, ४ ; हेच० १, १८६ ; क्रम० २, २४ ; मार्क० पन्ना १४ ; पाइय० १०९ ; गउड० ; हाल; प्रचंड० ४३, १५ ; कर्पूर० ४८, १० अच्युत० ३५) ; माग० **चिहुल** (मृच्छ० १७१, २ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), महा० में **चिउर** (साहित्य० ७३, ४ ; विद्ध० २५, १), यह रूप शौर० में शुद्ध ही है इस बात का कोई निश्चय नहीं (प्रबोध० ४५, ११), यह रूप = **चिकुर** नहीं हो सकता। इसका अर्थ 'रंगने का मसाला' है और इसका रूप अ०माग० में **चिउर** होगा (नायाध० § ६१), प्रत्युत यह = ***चिक्षुर** है जो **क्षुर्** धातु से (= काटना) निकला रूप है और द्वित्व होकर बना है ; यह प्राकृत में

*चिक्खुर अथवा चिखुर, चिहुर होना चाहिए चिहुर का चिकुर से वही सम्बन्ध है जो स्फुर् धातु का कुर् धातु से। अ०माग० चिक्खल्ल में (= मैला; चिकट; दलदल : हेच० ३, १४२; देशी० ३, ११; पण्हा० ४७ [पाठ में चिक्खल है]; अणुओग० ३६७), महा० और अ०माग० चिक्खिल्ल (हाल; रावण०; पण्णव० ८९ और उसके बाद [९१ में चिक्खल्ल रूप आया है]; विवाह० ६५८ और उसके बाद [टीका में चिक्खल्ल रूप दिया है]; पण्हा० १६४ और २१२ [टीका में यहा भी चिक्खल्ल रूप है]) और अ०माग० रूप चिखिल्ल (ओव० § ३२; पाठ में चिखल्ल दिया गया है) = चिक्षाल्य जो क्षल् धातु से बना है जिसका अर्थ है 'धोकर साफ किया जानेवाला', 'धोया जाने योग्य'।[9] —महा० णिहाअ (= समूह : देशी० ४, ४९; पाइय० १९; गउड०; हाल; रावण०) = निकाय[5] नहीं है वरन् = निघात है[6]। —णिहेलण (= गृह; निवासस्थान : हेच० २, १७४; क्रम० २, १२०; देशी० ४, ५१; ५, ३७; पाइय० ४९ [पाठ में निहेलण है]; त्रिवि० १, ३, १०५) = निकेतन[10] नहीं है प्रत्युत अ०माग० निभेलण है (कप्प० § ४१) और इसका सम्बन्ध धातुपाठ ३२, ६६ के भिल् धातु से है जिसका अर्थ भेदना है और अ०माग० भेलइत्ता (ठाणंग० ४२१) में मिलता है[11]; बिल् और विल् धातुओं से भी तुलना कीजिए। —विहल = विकल नहीं है बल्कि विह्वल है (§ ३३२)। - महा० सिहर (पाइय० २५९; रावण०) = शीकर नहीं है (हेच० १, १८४)[12], वरन् महा० सीभर से निकला है (रावण०) जिसे व्याकरणकार (वर० २, ५; हेच० १, १८४; क्रम० २, २६; मार्क० पन्ना १४) इसी भाति शीकर से निकला बताते है, किन्तु जो वैदिक शीभम्, शीभ (= शीघ्र) से सम्बन्ध रखता है[13]।

१. बे० बाइ० ३, २५४ में पिशल का लेख। — २. बे० बाइ० ३, २५४ और उसके बाद में पिशल का लेख। खेलदि और खेल्लइ, खेल धातु के रूप में संस्कृत में मिला लिया गया है। बे० बाइ० ६, ९२ में मतभेद रखते हुए मैं इस समय अधिकांश दूसरे शब्दों में भी स की विच्युति मानता हूँ। — ३. टीकाकार अधिकांश में बताते हैं कि णिहस = निघर्ष और णिहसण = निघर्षण, किन्तु यह भाषाशास्त्र की दृष्टि से असंभव है क्योंकि इन शब्दों का सम्बन्ध णिहंस और णिहंसण से होगा। — ४. ठाणंगसुत्त १२१ की टीका में अभयदेव ने बताया है : खहं ति प्राकृतत्वेन खम् आकाशम् इति। —५. लौयमान औपपातिक सूत्र में ह को पादपूरक बताता है, जो अशुद्ध है। — ६. ह-कार मुख्यतया इस अशुद्ध व्युत्पत्ति पर आधारित है जैसा पाली भाषा में माना गया है (पाली मिसेलानी, पेज ५८, नोट ६), पर यह भ्रमपूर्ण है। एक साथ दो-दो प्रत्यय लगाने के सम्बन्ध में अ०माग० फलहग भूमियागा (§ २०८) और मार्क० पन्ना ३७ देखिए। — ७. चिक्खल की एक सुंदर व्युत्पत्ति उदाहरणार्थ और यह समझाने के लिए कि शब्दों की व्युत्पत्ति कैसे निकाली जानी चाहिए, अणुओगदारसुत्त ३७ में दी गयी है : चिक्ख करोति

खल्लंच भवति चिक्खल्लम् । इसका विशेषण **चिक्खिलि** है (कीलिंग ; [?] ; प्रबंध० ५६, ६)। ये दोनों शब्द, **चिहुर** (हेच० १, १८६ पर पिशल की टीका) और **चिक्खल्ल** (त्साखारिआए कृत बाइत्रैगे त्सूर इंडिशन लेक्सिकोग्राफी, पेज ५६) संस्कृत में भी ले लिये गये हैं। — ८. पाइयलच्छी पेज १२ पर ब्यूलर का मत। — ९. बे० बाइ० ६, ९१ में पिशल का लेख। — १०. पाइयलच्छी पेज १२ पर ब्यूलर। — ११. बे० बाइ० ३, २५२ और ६, ९१ में पिशल का लेख ; ए० म्युलरकृत बाइत्रैगे, पेज ३४। — १२. ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ४७० में गौल्दश्मित्त का लेख। — १३. बे० बाइ० ६, ९१ में पिशल का लेख।

§ १९९—अ०माग० **चिमिढ** = **चिपिट** में (§ २४८) **ट** पहले **ड** बना और फिर **ढ** हो गया ; **वढ** = **वट** (हेच० २, १७४ ; त्रिवि० १, ३, १०५[१]) ; **सअढ** = **शकट** (वर० २, २१ ; हेच० १, १९६ ; क्रम० २, ११ ; मार्क० पन्ना १६), किन्तु अ०माग० में इसका रूप **सगड** पाया जाता है (आयार० २, ३, २, १६ ; २, ११, १७ ; सूय० ३५०), शौर० में **सअडिआ** = **शकटिका** आया है (मृच्छ० ९४, १५ और उसके बाद), माग० रूप **शअळ** है (मृच्छ० १२२, १० ; § २३८) ; **सढा** = **सटा** (वर० २, २१ ; हेच० १, १९६ ; क्रम० २, ११ ; मार्क० पन्ना १६), किन्तु महा० में इसका रूप **सडा** है (रावण०)। अप० के **खल्लिहडउ** रूप (§ ११०) की भी तुलना कीजिए। **थिम्पइ** = **तृम्पति** में **त**, **थ** के रूप में दिखाई दे रहा है (वर० ८, २२), **थिप्पइ** (हेमचन्द्र ४, १३८ ; क्रम० ४, ४६) और **थे॑प्पइ** (क्रम० ४,४६) = **तृप्यते** = ***स्तृम्पति**, **स्तृप्यते**। **थिप्पइ** (= बृंद बूंद टपकना : हेच० ४, १७५) इसका समानार्थी नहीं है, इसका सम्बन्ध **थेव** (= बृंद : § १३०) से है जो धातुपाठ १०, ३ और ४ के धातु **स्तिप्** और **स्तेप्** से निकला है। महा०, अ०माग० और जैन०महा० रूप **भरह** = **भरत** में (वर० २, ९ ; चंड० ३,१२ पेज ४९ ; हेच० १, २१४ ; क्रम० २, ३० ; मार्क० पन्ना १५ ; गउड० ; रावण० ; अन्त० ३ ; उत्तर० ५१५ और ५१७ ; ओव० ; सगर० २, ६ ; द्वार० ; एर्त्से० ; कालका०)। -**त** प्रत्यय के स्थान में-**थ** रहा होगा ; अ०माग० **दाहिणड्ढभरहे** = **दक्षिणार्धभरते** (आयार० २,१,५,२ ; नायाध० § १३ और ९३) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० रूप **भारह** = **भारत** (गउड० ; आयार० २,१५,२ ; ठाणंग० ७० और ७३ ; विवाह० ४२७ और ४७९ ; उत्तर० ५१५, ५१७ ; ५३२ ; ५४१ ; नायाध० ; उवास० ; निरया० ; कप्प० ; एर्त्से० ; हेच० ४, ३९९), महा० में **भारही** रूप भी मिलता है (गउड०)। **भरथ** रूप जिससे **भरह** रूप निकला है, जैसे ***भारथ**[१] से **भारह** बना, उणादि सूत्र ३, ११५ के अनुसार बना है और शौर० रूप **भरध** भी (मार्क० ; बाल० १५५, ३ ; ३१०, ९ [इसमें ५५, १७ और १५०, २१ में **भरद** पाठ अशुद्ध है] ; अनर्घ० ३१६, १५ [पाठ में **भरद** है] ; किन्तु कलकत्ते से शके १७८२ में प्रकाशित संस्करण के पेज २३७, ४ में शुद्ध रूप **भरध** ही है ; प्रसन्न० ९१, १२ [पाठ में

भरद है]) ; माग० **भालध** भी (मृच्छ० १२८, १३ [स्टेन्त्सलर के संस्करण में **भालिघ** पाठ है; गौडबोले के संस्करण ३५३, १२ भी देखिए] ; १२९, ३ [पाठ में **भालदे** मिलता है])।[3] संस्कृत शब्द **आवसथ** का -**थ** प्रत्यय के स्थान पर मिलता-जुलता प्राकृत रूप **आवसह** है (उदाहरणार्थ, आयार० १,७,२,१ और उसके बाद; ओव०); संस्कृत **उपवसथ, निवसथ** और **प्रवसथ** आदि-आदि के लिए महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **वसहि** = ***वसधि** = **वसति** रूप हैं (वर० २, ९; चंड० ३, १२ पेज ४९ ; हेच० १, २१४ ; क्रम० २, ३० ; मार्क० पन्ना १५ ; पाइय० ४९ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; पण्हा० १३६, १७८ ; २१५ ; विवाह० १५२ ; ११२३ ; ११९३ ; नायाध० ५८१ ; उत्तर० ४४९ ; ९१८ [इसमे साथ में **आवसह** रूप भी आया है] ; दस० नि० ६४७, ४९ ; ओव० ; आव० एर्त्से० २७, २५ ; कालका०); अ०माग० **कुवसहि**=**कुवसति** (पण्हा० १४०)[4] है। आज्ञावाचक का द्वितीय बहुबचन मे जुड़नेवाला -**ह** और उसका शौर० तथा माग० रूप -**ध** भी -**थ** से निकला है, यहां द्वितीय पुरुष बहुवचन आज्ञावाचक के रूप मे काम मे लाया जाता है (§ ४७१)। —**काहल** (= कायर : डरपोक : चंड० ३,१२ पेज ४९ ; हेच० १,२१४ ; = कायर आदमी : देशी० २,५८) जिसे सब व्याकरणकार और पी० गौल्दश्मित्त[5] = **कातर** बताते है; **काहल** (= सुकुमार ; कोमल : देशी० २,५८) और **काहली** (= तरुणी: देशी० २, २६) से अलग नहीं किया जा सकता। **काहल** और **काहली** संस्कृत में भी काम मे लाये जाते हैं किन्तु उसमे ये प्राकृत से घुसे है और ऐसा अनुमान होता है कि इनका सम्बन्ध महा० **थरथरेइ** और शौर० **थरथरेदि** से है (= थरथराना ; कॉपना, हृदय का धड़कना ; § ५५८) = **का** + **थर** के, इसमे **का** वैसा ही है जैसा संस्कृत **कापुरुष, कामर्त्** आदि में ; **कातर** का महा० और अप० रूप **काअर** होता है (गउड० ; रावण० ; हेच० ४, ३७६, १), अ०माग० रूप **कायर** (नायाध०), शौर० में **कादर** (शकु० १७, १२ ; ८४, १६ ; विक्रमो० २७, ६ ; मालवि० ४०, १३), माग० मे **कादल** (मृच्छ० १२०, ९) होता है। **कातर** और ***काथर** मूल रूप ***कास्तर** से सम्बन्ध रखते है।—हेच० १,२१४ के अनुसार **मातुलिङ्ग** का प्राकृत रूप **माहुलिङ्ग** होता है और **मातुलुङ्ग** का **माउलुङ्ग** जैसा कि अ०माग० और शौर० में पाया जाता है (आयार० २, १, ८, १ ; पण्णव० ४८२ ; अद्भुत० ६८, ६ [इसमे **मातु**- का **मादु**- रूप मिलता है])। **माहुलिङ्ग** (चंड० ३,१२, पेज ४९ मे भी), **मधुकर्कटिका, मधुकुक्कुटिका, मधुजम्बीर, मधुजम्भ, मधुवीजपूर, मधुरजम्बीर, मधुरबीजपूर, मधुरवल्ली, मधुवल्ली, मधूल** और **मधूलक** से सम्बन्ध रखता है, जो नाना प्रकार के नींबुओं के नाम हैं। इसलिए **माहुलिङ्ग**=***माधुलिङ्ग** हुआ ; पण्णवणा ५३१ मे अ०माग० मे **माउलिङ्ग** छापा गया है। अ०माग० **विहत्थि** (सूय० २८० ; विवाह० ४२५ ; नदी० १६८ ; अणुओग० ३८४ और ४१३) = वितस्ति नहीं है (चंड० ३,१२, पेज ४९ ; हेच० १, २१४)[6] प्रत्युत **तस्** धातु से **स्** की विच्युति हो गयी है, इस प्रकार **विहत्थि**, ***विथत्थि** = ***विस्तस्ति** के स्थान पर है।[7]

१. ग्रन्थप्रदर्शिनी के संस्करण में इसके स्थान पर छपा है (पेज ९३) पोडो। दोडः। आअणो। डोला। ?; बे० बाइ० ६, ८८ और उसके बाद देखिए। — २. वारनकृत ओवर डे गौडसदीन्स्टिगे एन वाइजगेरिगे वेम्प्पिन डेर जैनाज (त्स्वौल्ले १८५७), पेज १०६ का नोट। — ३. ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ४७३ में गौल्दश्मित्त ने अशुद्ध मत दिया है। — ४. बे० बाइ० ६, ९२ और उसके बाद में पिशल का लेख ; ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ४७३ में गौल्दश्मित्त ने अशुद्ध मत व्यक्त किया है। — ५. ना० गे० वि० गो० पेज ४७३ में पी० गौल्दश्मित्त का मत। — ६. ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ४७३ में गौल्दश्मित्त का मत। — ७. *विहस्ती रूप स्वीकार करने से यह रूप अधिक सम्भव मालूम देता है (बे० बाइ० ६, ९३)।

§ २००—अ०माग० और शौर० **फणस = पणस** मे संस्कृत के **प** के स्थान पर प्राकृत मे **फ** हो गया है (वर० २, ३७ ; हेच० १, २३२ ; जीवा० ४६ ; पण्णव० ४८२ ; ५३१; विवाह० १५३० ; ओव० ; बाल० २०९, ७ ; ८ [पाठ मे **पणस** है] ; विद्ध० ६३, २), इसका रूप महा० मे **पणस** हो जाता है (कर्पूर० ११५,२), माग० मे **पणश** पाया जाता है (मृच्छ० ११५, २०) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० **फरुस = परुष** (वर० २, ३६ ; चड० ३, ११ ; हेच० १, २३२ ; क्रम० २, ४३ ; मार्क० पन्ना १८ ; गउड० ; हाल [३४४ में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए; इसकी शब्दसूची भी देखिए और इस विषय मे इडि० स्टुडि० १६, १०४ भी देखिए]; रावण० ; आयार० १, ६, ४, १ और २ ; १, ८, १, ८ ; १, ८, ३, ५ और १३ ; २, १, ६, ३ ; २, ४, १, १ और ६ ; सूय० १२२ [पाठ मे **परुस** आया है] ; १७२ ; ४८५ ; ५१७ ; ५२७ ; ७२९ ; जीवा० २७३ ; नायाध० § १३५ पेज ७५७ ; पण्हा० ३९३ ; ३९४ ; ३९६ ; ५१६ ; विवाह० २५४ ; ४८१ ; उत्तर० ९२ ; उवास० ; ओव० ; एर्त्से०) ; जै०महा० **अइफरुस = अतिपरुष** (कालका०) महा० **फरुसत्तण = *परुषत्वन** (रावण०) ; अ०माग० **फरुसिय=परुषित है** (आयार० १, ३, १, २ ; १, ६, ४, १) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० **फलिह=परिघ** (वर० २, ३० और ३६ ; हेच० १, २३१ और २५४ ; क्रम० २, ४३ ; मार्क० पन्ना १७ और १८; पाइय० २६७ ; रावण० ; आयार० २, १, ५, २ ; २, ३, २, १४ ; २, ४, २, ११ ; २, ११, ५ ; सूय० ७७१ ; विवाह० ४१६ ; दस० ६२८, २२ ; द्वार० ५००, ३०) ; महा० मे **फलिहा = परिखा** (वर० २, ३० और ३६; हेच० १, २३२ और २५४; क्रम० २, ४३; मार्क० पन्ना १७ और १८ ; पाइय० २४० ; रावण०) है; अ०माग० में इसका रूप **फरिहा** हो जाता है (नायाध० ९९४ ; १००१ और उसके बाद ; १००६ ; १००८ ; १०१२ ; १०१४ ; १०२३ ; ये सब **फलिहा** पढ़े जाने चाहिए) ; **फालिहद्द = पारिभद्र** (हेच० १, २३२ और २५४); अ०माग० **फरसु** = पाली **फरसु = परशु** (विवाग० २३९) है ; किन्तु महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **परसु** रूप पाया जाता है (गउड० ; नायाध० § १३४ ; पेज ४३८ [पाठ में **परिसु** आया है] ; १४३८ ;

पण्हा० १९८ [पाठ में **परिसु** है]; निरया० ; एर्त्से० ; कालका० ; महावीर० २९, १९), माग० मे **पलशु** चलता है (मृच्छ० १५७, १३), शौर० में **परसुराम** रूप देखने में आता है (महावीर० ५५, १२ ; ६४, २० ; बाल० ३६, ५ और ६) ; अ०माग० रूप **फुसिय**=पाली **फुसिय=पृशात** (§ १०१) है; अ०माग० और जै०महा० मे **फासुय** रूप है (आयार० २, १, १, ४ और ६ ; २, १, २, १ और उसके बाद ; पण्हा० ४९७ ; उवास० ; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ३४, २९१ ; कालका०)=पाली **फासुक** और ध्वनि के अनुसार=**प्रासुक**, जो अवश्य ही प्राकृत शब्द का अशुद्ध सस्कृतीकरण है[१] ; **अफासुय** (आयार० २, १, १, १ ; ३ ; ६ ; ११ और उसके बाद) ; **बहुफासुय** (आयार० २, २, ३, २४ और उसके बाद) और **फासुय** का सम्बन्ध **स्पृश** धातु से होना चाहिए=***स्पर्शुक**[२] (§ ६२); हेच० १, १९८ मे **फाडेइ** को=**पाटयति** बताता है, पर यह वास्तव में=**स्फाटयति** है।—मार्क० पन्ना १८ मे एक शब्द के विषय में और बताया गया है कि **फलिहि** = **परिधि है** और साथ ही लिखा गया है कि **फलम**=**पलम है** जो वास्तव मे **फणस**= **पणस** होना चाहिए। पन्ना १८ का ऊपर दिया गया पहला शब्द भी विकृत रूप में होना चाहिए। **रम्पइ** और **रम्फइ** मे (= लकड़ी तराशना; तोड़ना : हेच० ४,१९४) मे **प** या **फ** मौलिक है या नही, यह कहा नही जा सकता; इस सम्बन्ध मे **रम्प**= छोटी कुल्हाड़ी (हाल ११९ और १२० और साथ ही साथ, **रुम्प** रूप भी देखिए[३]) ।— अ०माग० मे और कभी-कभी जै०महा० में शब्द के मध्य मे स्थित **प**, **फ** बनकर **भ** में बदल गया है। इस प्रकार अ०माग० रूप **कच्छभ = कच्छप** (जीवा० ७१ ; २९० ; ४७८ ; नायाध० ५१० ; पण्हा० १८, ११९ और १७० ; पण्णव० ४७ ; विवाग० ४९ और १८६ ; विवाह० २४८ ; ४८३ ; १०३३ और १२८५ ; उत्तर० १०७२), **कच्छभी = कच्छपी** (= वीणा : पण्हा० ५१२ ; नायाध० १२७५ और १३७८ ; राय० ८८) ; अ०माग० मे **कभल्ल = कपाल** (§ ९१; उवास० § ९४ ; अंत० २७ ; अणुत्तर० १० [पाठ मे **कवल्ल** है और टीका मे **कभल्ल**]), इसके साथ ही **कवल्ल** रूप भी पाया जाता है (सूय० २७५ ; विवाह० २७० और ३८३), **कवल्ली** भी देखने मे आता है (विवाग० १४१), **कवाल** का प्रचलन भी है (आयार० २, १, ३, ४) ; इनके साथ **कफाड** रूप भी है (= गुफा : देशी० २, ७) ; अ०माग० मे **थूभ = स्तूप** (आयार० २, १, २, ३ ; २, ३, ३, १ ; सूय० २६ ; पण्हा० ३१ ; २३४ ; २८६ ; अणुओग० ३८७ ; जीवा० ५४६ और उसके बाद ; पण्णव० ३६९ ; राय० १५३ और उसके बाद और १९५ तथा उसके बाद ; विवाह० ५६० ; ६५९ और १२४९ ; ठाणग० २६६), जै०महा० मे भी यह रूप वर्तमान है (सगर० २, ७ ; तीर्थ० ५, ११, १३ और १६ ; ६, १३ ; १५ ; ७, ८; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ३४, २९१, ४७ और ४९) ; अ०माग० में **थूभिया = स्तूपिका** (आयार० २, १०, १७ ; जीवा० ४९२ ; ४९५ और ५०६ ; नायाध०; ओव०), और दूने अथवा दो प्रत्ययों के साथ **थूभियागा = *स्तूपिकाका** (सम० २१३ ; पण्णव० ११६ ; राय० ११६ ; नायाध० § १२२); अ०माग० मे **गोथूभ** =

थोस्तूप (ठाणंग० २६२ और २६८ ; जीवा० ७१५ और उसके बाद ; ७१८ और उसके बाद ; सम० १०६ ; १०८ ; ११३, ११६ और उसके बाद ; १२७ ; १४३ और उसके बाद; २३३ में [छन्द की मात्रायें मिलाने के लिए **थोथुभ** रूप आया है] विवाह० १९८) है। इसका बाद का रूप **थूह** (= प्रासादशिखर ; चीटियों का ढेर : देशी० ५, ३२) है। लेण बोली के **थुब** रूप की भी तुलना कीजिए (आर्कियोलोजिकल सर्वे ऑफ वेस्टर्न इंडिया ५, ७८, १०)। अ०माग० मे **विभासा = विपाशा** (ठाणंग० ५४४) है।

१. याकोबी द्वारा संपादित कालकाचार्यकथानकम् में **फासुय** शब्द देखिए इसमें इसके मूल संस्कृत रूप के ये खंड किये गये हैं प्र + असु + क। जहां तक मेरा ज्ञान है **प्रासुक** शब्द केवल जैनियों के व्यवहार में आता है। — २. होएर्नले द्वारा संपादित उवासगदसाओ में इसका स्पष्टीकरण अशुद्ध है, चाइल्डर्सने अपने पाली-कोश में **फासु = स्पार्ह** को ठीक माना है। — ३. त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २८, ३७८ में वेबर का लेख।

§ २०१ — वर्गों का तीसरा वर्ण शायद ही कभी चतुर्थ वर्ण में बदलता हो पर यह भी देखा जाता है, किन्तु बहुत कम : **घायण = गायन** (गायक : हेच० २, १७४ ; देशी० २, १०८ ; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे० बाइ० ३, २५५) में **ग** का **घ** हो गया है ; अ०माग० **सिंघाडग = शृंगाटक** (उवास० ; नायाध० ; ओव०; कप्प०) है। **घिसइ = ग्रसति** नहीं है प्रत्युत ***घर्सति** है (§ १०३ और ४८२)। — **झडिल** और इसका दूसरा रूप **जडिल = जटिल** मे (हेच० १, १९४) **ज, झ** के रूप मे दिखाई देता है : **झत्थ** (गत या नष्ट : देशी० ३, ६१) **जस्** धातु का रूप है ; इसकी तुलना **झष्** धातु से भी कीजिए। अ०माग० **झूसित्ता** (**त्ता = त्का**; विवाग० २७० और उसके बाद, अत० ६९ [पाठ मे **झुसित्ता** है]; नायाध० ३८३ ; ३८८; उवास० ; ओव०), **झूसिय** (ठाणंग० ५६ [टीका में], १८७ और २७४ ; नायाध० ३८२ ; अत० ६९ [पाठ में **झुसिय** है] ; जीवा० २८९ [पाठ मे **झुसिय** है] ; विवाह० १६९ ; १७३ ; ३२१ ; उवास० ; ओव०), ये रूप अधिकांश में **क्षीण** या **क्षपित** द्वारा स्पष्ट किये जाते हैं[१], **झूसणा** (नायाध० ३७६ ; विवाह० १६९ और १७३ ठाणग० ५६, १८७ और २७४ ; उवास० ; ओव०), **परिझूसिय** (ठाणग० २०२) का **झूष्** (**झस्** — अनु०) धातु से सम्बन्ध है जो धातुपाठ १७, २९ में[२] **जुष्** और **युष** धातुओं के साथ उल्लिखित है। **धिप्पइ** और इसके साथ का रूप **दिप्पइ = दीप्यते** (हेच० १, २२३) में **द** का रूप **ध** हो गया है; **ककुह**[३] (हेच० १, २२५) जो किसी प्राकृत बोली मे **ककुघ** रूप में देखा जाता है (त्रिवि० १, ३, १०५) = पाली **ककुध** जो **ककुभ** का एक समानांतर रूप है। — अ०माग० **भिम्भिसार = बिम्बिसार** में (ठाणंग० ५२३ ; ओव० [के पाठ **भंभसार** के स्थान पर यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) **ब** के स्थान पर **भ** हो गया है : महा० **भिसिणी = बिसिनी** (वर० २, ३८ ; हेच० १, २३८ ; क्रम० २, ४४ ; पाइय० १४९ ; हाल ; साहित्य० ७९, १) है। शौर० में इसका रूप **बिसिणी** (वृषभ० ३९, ३ ; मालवि० ७५, ८)

है। वर० २, ३८ पर भाम० की टीका और हेच० १, २३८ के अनुसार **बिस** के **ब** में **ह** कार नहीं लगाया जाता और इस कारण महा० में इसका रूप **बिस** ही है (पाइय० २५६ ; गउड० ; हाल ; कर्पूर० ९५, १२)। मार्क० पन्ना १८ मे बताया गया है कि **भिस = बिस,** किन्तु उदाहरण रूप में हाल ८ दिया गया है जहां **भिसिणिसंडं** आया है। **भिस** पाली की भांति अ०माग० में भी आया है (आयार० २, १, ८, १० ; सूय० ८१३ ; जीवा० २९० और ३५३ ; पण्णव० ३५, ४० ; राय० ५५)। भाम० १, २८ और हेच० १,१२८ मे बताते है कि **वृसी** के स्थान पर प्राकृत रूप **बिसी** होता है, पाइय० २१५ में **भिसी** रूप है। **वृसीका** में **ह**-कार आ गया है ; प्राकृत में **भिसिआ** रूप है (देशी० ६, १०५), अ०माग० मे **भिसिगा** रूप है (सूय० ७२६), **भिसिया** भी पाया जाता है (आयार० २, २, ३, २ ; नायाध० १२७९ और १२८३ ; ओव०)। **भुक्कइ** (= भौकना : हेच० ४, १८६), **भुक्किय** (= भौंकना : पाइय० १८२), **भुक्कण** (= कुत्ता : देशी० ६, ११०) और इसके साथ ही **बुक्कइ = गर्जति** (हेच० ४, ९८), **उबुक्कइ** (= कहता है ; बोलता है : हेच० ४, २), **बुक्कण** (= कौवा : देशी० ६, ९४ ; पाइय० ४४) रूप भी हैं। **भस्सइ, भप्पइ, भप्फइ** आदि के सबध में § २१२ देखिए।—**भिब्भल, भिंभल** (हेच० २, ५८), महा० और शौर० **भेंभल** (रावण० ६, ३७ ; चैतन्य० ३८, ९ [पाठ मे **भेम्हणो** है]), शौर० मे **भेंभलदा** रूप (चैतन्य० ४४, ९) है, और **भेंभलिद** भी है (चैतन्य० ५५, १३ [पाठ मे **भेम्हलिद** आया है]), ये सब रूप हेमचंद्र के कथनानुसार **विब्भल = वेब्भल = विह्वल** (§ ३३२) से सम्बन्धित नहीं किये जा सकते क्योंकि **व** के साथ **ह** जुड़ने से (**वि**) **ह्वल** का (**वि**) **हल** होना चाहिए, जैसा **विहल** रूप प्रमाणित करता है। **भेंभल** आदि रूप **भंभल** (= जड़ ; मूर्ख ; अप्रिय : देशी० ६, ११०) से सम्बन्ध रखते है जो धातुपाठ १५, ७१ के **भर्व हिंसायाम्** धातु से बने है। इसलिए इसमे अनुस्वार लिखा जाना चाहिए जैसा हेच० २, ५८ की टीका मे दिया गया है और इसका स्पष्टीकरण § ७४ के अनुसार होता है।

१. इसके अर्थ के सम्बन्ध में लौयमान द्वारा सम्पादित औपपातिक सूत्र में **झूसिय** शब्द देखिए ; होएर्नले द्वारा सम्पादित उवासगदसाओ के अनुवाद का नोट, संख्या १६०। — २. होएर्नले का उक्त उवासगदसाओ ; लौयमान द्वारा संपादित औपपातिक सूत्र में इनका उल्लेख नहीं है, इस ग्रंथ में **झूस्** शब्द देखिए। अ०माग० **झुसिर** के साथ इसका सम्बन्ध बताना अशुद्ध है (वी० त्सा० कु० मौ० ३, ३४३ में लौयमान का मत)। § २११ से भी तुलना कीजिए। — ३. **कडह** स्वभावतः **ककुभ** से भी व्युत्पन्न हो सकता है। बे० बाइ० ३, २५७ में पिशल के लेख की तुलना कीजिए ; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ४०, ६६० में फॉन ब्राडके का लेख ; वाकरनागलकृत आल्ट इण्डिशे ग्रामाटीक § १५६ बी। ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ४७३ में पी० गौल्द-श्मित्त का मत अशुद्ध है।

§ २०२—**ण्हाविय=नापित** (हेच० १, २३० ; पाइय० ६१) वास्तव में = ***स्नापित**[1] में अनुस्वार और अर्धस्वरों मे **ह**–कार आ गया है ; अ०माग० **ण्हाविया = स्नापिका** (विवाह० ९६४), **स्ना** धातु से व्युत्पन्न अन्य शब्दों में भी यह नियम लागू होता है (§ ३१३)। शौर० और माग० में **णाविद = नापित** (हास्या० २८, १९ ; मृच्छ० ११३, १०)[2] है। —महा० **पम्हुसइ = *प्रस्मृषति**[3]= **प्रमृष्यति** (हेच० ४, ७५ और १८४ ; गउड०), महा० **पम्हसिज्जासु=प्रमृष्येः** (हाल ३४८), महा० **पम्हुसिअ** (गउड०), शौर० मे **पम्हसिद** (महावीर० ६५, १ ; बम्बइया संस्करण १८९२, पेज १६१, ८ [पाठ में **–प्पमुसिद** है]), महा० और जै०महा० मे यह रूप **पम्हुट्ठ** आया है (हेच० ३, १०५ = रावण० ६, १२ ; हेच० ४, २५८ ; आव० एर्त्से० ७, ३१) ; अप० मे **भुम्हण्डी=भूमि** (हेच० ४, ३९५, ६), इसमें **अड** और स्त्रीलिंग मे—**अडी** प्रत्यय लगाया गया है (हेच० ४, ४२९ और ४३१)। —अ०माग० **ल्हसुन = लशुन** (आयार० २, ७, २, ६ ; विवाह० ६०९ ; पण्णव० ४० ; जीयक० ५४), इसके साथ ही अ०माग० और जै०महा० मे **लसुण** रूप चलता है (आयार० २, १, ८, १३ ; सूय० ३३७ [पाठ मे **लसण** है] ; आव० एर्त्से० ४०, १८) ; **लिह्कइ** और इसके साथ **लिक्कइ** (= लुकना ; छिपना : हेच० ४, ५५) है, महा० **लिह्क = *श्लिक्क** (हेच० ४, २५८ ; गउड०) से सम्बन्धित है, इस सम्बन्ध में **श्लिकु** 'अवलम्बित' और § ५६६ देखिए।

१. कू० बाइ० १, ५०५ में वेबर का लेख। — २. अपने ग्रन्थ प्राकृतिका के पेज ७, नोट संख्या ३ में एस० गौल्दश्मित्त ने बताया है कि संस्कृत शब्द नापित प्राकृत रूप णाविअ से निकला है, यह कथन अशुद्ध है। आरंभिक अक्षर स् का लोप ध्वनिबल पर निर्भर करता है = नापित, ठीक जैसा वैदिक पद्भिः स्पश् धातु से निकला है (पिशलकृत वैदिशे स्टुडिएन १, २३९)। — ३. हाल १३५८ पर वेबर की टीका, हाल[2] ३४८ ; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २८, ४२५ में वेबर का लेख।

§ २०३—संस्कृत शब्दों के आरम्भ मे आनेवाले **श–**, **ष–** और **स–**कार में प्राकृत भाषाओं में कभी-कभी **ह**–कार जोड़ दिया जाता है। ये **श्ह**, **ष्ह** और **स्ह** तब समान रूप से **छ** बन जाते हैं। इस **छ** की व्युत्पत्ति ध्वनि-समूह **क्ष** या **स्क** से निकालने के लिए कोई निश्चित प्रमाण नहीं प्राप्त है। **छमी = शमी** (हेच० १, २६५) ; अ०माग० मे **छाव** = पाली **छाप = शाव** (हेच० १, २६५ ; क्रम० २, ४६ ; सूय० ५११)[1], **छावअ = शावक** (वर० २, ४१ ; मार्क० पन्ना १८), किन्तु माग० में **शावक** रूप मिलता है (मृच्छ० १०, ६) ; अ०माग० **छिवाडी = शिवाटी** (आयार० २, १, १, ३ और ४) ; महा० और अ०माग० **छे॑प्प**, **छिप्प = शेप** (देशी० ३; ३६ ; पाइय० १२८ ; गउड० ; हाल ; विवाग० ६०)[2]; इसके साथ-साथ **छिप्पालुअ** (= पूंछ : देशी० ३, २९) रूप भी मिलता है ; किंतु शौर० में **शुणस्सेह = शुनश्शेफ** (अनर्घ० ५८, ५ ; ५९, १२) है ; **छिप्पीर** (= पुआल का तिनका। —अनु०) ; देशी० ३, २८ ; पाइय० १४२) इसके साथ

दूसरा रूप **छिप्पीर** (= पुआल : हाल ३३०) और **छिप्प** (= पुआल : देशी० ८, २८) भी आये हैं ; इनके साथ **छिप्पिण्डी** (= आटा : देशी० ३, ३७) और **छिप्पाल** (= अनाज खानेवाला बैल : देशी० ३, २८) भी सम्मिलित करने चाहिए; **छुई** (= वलाका ; बगली ; बगले की स्त्री : देशी० ३, ३०) = **शुचिः** है ; **छ** = **षट्** ; **छट्ठ** = **षष्ठ** तथा **छ**- और **छळ**—बहुत-से समासों में जुड़ते हैं (§ २४० और ४४१)[1] ; अ०माग० **छुहा** = **क्षुधा** (हेच० १, २६५ ; देशी० २, ४२ ; विवाह० ६५८ और उसके बाद) है, इनके साथ **छुहिअ** (= लिप्त ; लीपा-पोता ; चूने से पोता हुआ : देशी० ३, ३०) भी सम्मिलित है ; अ०माग० **छिरा** = **सिरा*** (हेच० १, २६६ ; ठाणंग ५५ ; जीवा० २७१ ; सम० २२७ ; विवाह० ८९ और ८१०), **छिरत्त** (अणुओग० १२), इनके साथ **सिरा** रूप भी है (हेच० १, २६६) । महा० और अ०माग० में **पिउच्छा**, महा० रूप **माउच्छा** और शौर० रूप **मादुच्छआ**, **मादुच्छिआ** = **पितृष्वसा**, **मातृष्वसा**, **मातृष्वसृका** के सम्बन्ध में § १४८ देखिए ; **छत्तवण्ण** और **छत्तिवण** = तथाकथित **सप्तपर्ण** के विषय में § १०३ देखिए । —अ०माग० **झुसिर** (= छेदवाला ; खोखला : आयार० २, ११, ४ ; २, १५, २२ [पेज १२९, १] ; पण्हा० १३७ ; नायाध० ७५२ ; दस० ६२०, ३० ; उवास०), **अझुसिर** (जीयक० ५५), **अन्तोझुसिर** (नायाध० ३९७) = ***जुषिर** = **सुषिर** अथवा **झुषिर** = **शुषिर**[2] में आरम्भिक ध्वनित **श**-, **ष**-, **स**-कार रहने का पता लगता है । सम्भवतः **झला** (= मृगतृष्णा : देशी० ३, ५३ ; पाइय० २३२) का सम्बन्ध **शल्** धातु से है जिसका अर्थ जल्दी सरकना है = **झला** तथा इनके भीतर **झरुअ** रूप भी आता है (= मच्छड़ : देशी० ३, ५४) और **झारुआ** (= झिल्ली : देशी० ३, ५७) का सम्बन्ध **शर्व् हिंसायाम्** धातु से है जो धातुपाठ १५, ७६ मे दिया गया है और जिससे **शरु** (= धनुष)[4] बना है ।

१. पौटकृत डी त्सिगौयनर इन औयरोपा उण्ट आजियन, २, १२१ और उसके बाद ; गो० गे० आ० १८७५, पेज ६२७ में पिशल का लेख ; हेच० १, २६५ पर पिशल की टीका । मिक्लोशिश ने अपने ग्रंथ बाइत्रैगे त्सूर केण्टनिस डेर त्सिगौयनर मुण्टआर्टन खंड १ और २ (विएना १८७४), पेज २६ में अशुद्ध लिखा है । — २. योहान्सोन ने (इ० फो ३, २१३), जिसकी पुष्टि वाकरनागल ने अपने ग्रन्थ आल्ट इण्डिशे ग्रामाटीक § २३० बी, पेज २६६ में की है, इस शब्द की तुलना लैटिन किस्पुस् और ग्रीक रूप स्खोइपौस् से की है । — ३. षष् के मूलरूप के विषय में श्मिदमान ने जो नाना अनुमान लगाये हैं, उनके लिए कू० त्सा० २७, १०६ देखिए ; कू० त्स० २९, ५७६ में बार्टोलोमाए का लेख । — ४. बी० त्सा० कु० मौ० ३, ३४३ में लौयमान का

* यहां शिरा होना चाहिए क्योंकि यहां तथा इसके नीचे दीनों स्थानों पर एक ही रूप **सिरा** कोई अर्थ नहीं रखता । हेच० के प्राकृत व्याकरण में १, २६६ सूत्र है : **शिरायां वा** और इसके नीचे टीका है : **शिराशब्दे आदेश्छो वा भवति** । 'छिरा सिरा' इसलिए **छिरा** = **सिरा** में **सिरा** के स्थान पर **शिरा** होना चाहिए । —अनु०

लेख। सुषिर अथवा शुषिर में कौन शुद्ध रूप है, यह नहीं कहा जा सकता। श्रीहर्षरचित द्विरूपकोश १५० में सुषि और शुषि रूप मिलते हैं। त्साखरिआए द्वारा संपादित शाश्वतकोष १८५ में उत्तम-उत्तम हस्तलिपियों के विपरीत सुषिर रूप दिया गया है किंतु हेच० के अनेकार्थसंग्रह ३, ६०७ में शुषिर रूप है और यही रूप उणादिसूत्र ४१६ में शुष् से निकाला गया है। इन शब्दों का अ०माग० झूस् (§ २०९) से किसी प्रकार नहीं हो सकता; शुष् से इसे व्युत्पन्न करना अनिश्चित है। होएर्नले द्वारा संपादित उवासगदसाओ के अनुवाद के नोट, संख्या १७२ में अशुद्ध मत है। जीवानंदन २७३ में सुसिर पाठ है। — ५. इस शब्द का सम्बन्ध क्षारक से भी जोड़ा जा सकता है।

§ २०४—कुछ उदाहरणों मे प्राकृत भाषाओं में शब्द के उस वर्ण में **ह** कार दिखाई देता है जिसमे सस्कृत मे **ह**–कारहीन वर्ण हैं। किसी-किसी शब्द में इसका कारण यह बताया जा सकता है कि संस्कृत शब्द मे आरम्भिक और अंतिम वर्ण **ह**–कार-युक्त थे और प्राकृत बोलियों की दृष्टि से यह समाधान दिया जा सकता है कि ध्वनि का **ह**–कार नाना प्रकार से उड़ गया। किन्तु अधिकांश वर्णों मे यह मानना पड़ता है कि, और एक यही स्पष्टीकरण शेप रह जाता है कि, 'वर्णों का **ह**–कार एक से दूसरे वर्ण में चला गया।' महा० शब्द **इहरा** निकला ***इथरता**, ***इहरआ** से = **इतरथा** (§ ३५४); **उवह**, महा० मे **अवह**, निकला ***उवथ** से जो स्वयं ***उभत** से आया, और इस तथ्य का पता चलता है महा० शब्द **अवहोवासं** और **अवहो-आसं** से = अ०माग० **उभओपासं** = **उभतःपार्श्वम्** (§ १२३) है; **केढव** निकला है **कैटभ** के बदले कभी और कहीं बोले जानेवाले रूप ***कैढव** से (वर० २, २१ और २९; हेच० १, १९६ और २४०; क्रम० २, ११ और २७; मार्क० पन्ना १६ और १७); **गढइ** निकला ***गठति** से = **घटते** (हेच० ४, ११२); इसका अधिक प्रचलित रूप **घडइ** काम में आता ही है; महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० मे **घे॑प्पइ** रूप निकला है ***घृप्यति** से = **गृह्यते** (§ ५४८), इसका सामान्य रूप महा० **घे॑त्तु** = ***घृप्तुं** = **ग्रहीतुम्** (§ ५७४) है, इसका 'करके' अथवा '**त्वा** सूचक' रूप **घेत्तुआणं** और **घेत्तुआण** हैं (§ ५८४), महा०, अ०माग० और जै०महा० रूप **घेत्तूण** = ***घृत्वानम्** = **गृहीत्वा** (§ ५८६) है, कर्तव्य-सूचक रूप **घेत्तव्व** = ***घृप्तव्य** = **ग्रहीतव्य** (§ ५७०) है, जै०महा० भविष्यकाल-वाचक **घे॑च्छामो** (§ ५३४) ***घृप्** धातु से सम्बन्ध रखता है, जो **गृभ्** धातु का समानार्थवाची धातु है (§ १०७)[१]; **ढंकुण**, **ढेंकुण** तथा अ०माग० रूप **ढिंकुण** (= खटमल) **डंखुण** से निकले हैं जिसका सम्बन्ध मराठी शब्द **डंखणे** (डंसना, डंक मारना), **डंख** (= डंक) से है = **दंश्** (§ १०७ और २६७) है; महा० **ढज्झइ** (जीवा० ९७, ९), शौर० रूप **ढज्झदि** (मालवि० २८, ८; मल्लिका० ९० २३ [पाठ में **ढज्झइ** है]), माग० **ढय्यदि*** (मृच्छ० ९, २५) रूप ***डज्झदि**

* हिन्दी शब्द **ढहना** = मकान का गिरना, नष्ट होना, मिट जाना, इस प्राकृत रूप से निकला है। जलने पर स्वभावतः मकान गिर कर नष्ट हो जाता है। —अनु०

के स्थान पर आये हैं, इनके साथ महा०, अ०माग० और जै०महा० रूप **डज्झइ** भी प्रचलित है, ये सब रूप = **दह्यते** से निकले है, शौर० **विडज्झिअ = विदग्ध** (महावीर० ९६,११) है, **डज्झन्त**–(मालती० ७९,२ [इस ग्रन्थ मे यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए और मद्रास के संस्करण मे भी ; रुक्मिणी० २०, ७ ; ३५, ९ ; मल्लिका० ५७, ७ ; १३३, १३) तथा हाल ३७३ के **डज्झइ** की भी तुलना कीजिए ; महा० में **दिहि** शब्द निकला ***दृधि** से = **धृति** (हेच० २, १३१ ; साहित्य० २१९, १४) है ; महा० **धूआ**, अ०माग० और जै०महा० **धूया** और शौर० तथा माग० **धूदा=*धुक्ता=दुहिता** (§ ६५ और ३९२) है; जै०शौर०, शौर०, माग० और अप० रूप **बहिणी** जो **बघिणी** से निकला है = **भगिनी** (हेच० २, १२६ ; पाइय० २, ५२ ; कत्तिगे० ४०१, ३३८ ; मालती० ३१, ५ ; माग० : मृच्छ० ११, ९ ; ११३, १९ ; १३८, २५ ; १४०, १ और ७ ; अप० : हेच० ४, ३५१) है, अधिकांश मे **कः स्वार्थे** के साथ, शौर० मे **बहिणिआ=भगनिका** (मृच्छ० ९४, ४ ; ३२८, ५ ; शकु० १५, ४ ; ८५, ४ और ६ ; मालती० १३०, ३ ; महावीर० ११८, १८ ; ११९, ३ ; रत्ना० ३२४, २३ ; ३२७, ७ और ९ तथा १३ ; ३२८, २० ; प्रबोध० ६८, ७ ; चैतन्य० ८८, १२ ; ९२, १५ ; कर्पूर० ३३, ४ और ७ ; ३४, ३ ; ३५, २ आदि-आदि), अप० मे **बहिणुएँ** रूप भी मिलता है (हेच० ४, ४२२, १४) । **बृहस्पति** के रूप अ०माग० मे **बहस्सइ**, **विहस्सइ** और शौर० मे **बहप्पइ** तथा **विहप्पदि** पाये जाते हैं (§ ५३) । सब व्याकरणकार ऊपर दिये गये तथा बहुत-से अन्य रूप देते हैं : **बहस्सइ**, **विहस्सइ** और **बुहस्सइ** (चंड० २, ५ पेज ४३ ; हेच० २, ६९ और १३७ ; सिंह० पन्ना ३६), **बहप्पइ**, **विहप्पइ** और **बुहप्पइ** (चंड० २, ५ पेज २३ ; हेच० २, ५३ और १३७ ; सिंह० पन्ना ३४), **बहप्फइ**, **विहप्फइ** और **बुहप्फइ** (चंड० २, ५ पेज ४३ ; हेच० १, १३८ ; १, ५३ ; ६९ ; १३७); माग० में **बुहस्पदि** (हेच० ४, २८९), और **विहस्पदि** (रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) हैं; इनके अतिरिक्त कई रूप हैं जिनके आरम्भ के अक्षर में **ब**, **ह**–कारयुक्त अर्थात् **भ** बन गया है : **भअस्सइ** (चंड० २, ५ पेज ४३ ; हेच० २, ६९ और १३७ ; सिंह० पन्ना ३६), **भिअस्सइ** और **भुअस्सइ** (चंड० २, ५ पेज ४३); **भअप्पइ** (चंड० २, ५ पेज ४३; हेच० २, १३७; मार्क० पन्ना ३८; प्राकृतमंजरी की यह हस्तलिखित प्रति जो पिशल काम में लाया ; डे० ग्रामा० प्राकृ० पेज १५ ; सिंह० पन्ना ३६), **भिअप्पइ** और **भुअप्पइ** (चंड० २, ५ पेज ४३) ; **भअप्फइ** (वर० ४, ३० ; चंड० २, ५ पेज ४३ ; हेच० २, ६९ और १३७ ; क्रम० २, ११७ ; सिंह० पन्ना ३६), **भिअप्फइ** और **भुअप्फइ** (चंड० २, ५ पेज ४३)[1] भी मिलते हैं ।

१. कू० बाइ० ८, १४८ और उसके बाद पिशल का लेख । ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ५१२ में पी० गौल्दश्मित्त का मत अशुद्ध है ; इं० स्टुडि० १४, ७३ में वेबर के लेख का नोट, संख्या २ ; कू० त्सा० २८, २५३ और उसके बाद याकोबी का लेख कू० त्सा० ३२, ४४७ में योहान्सोन का लेख ।

त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २९, ४९२ में एस० गौल्दश्मित्त के लेख की भी तुलना कीजिए। हाल २८६ पर वेबर की टीका देखिए। — २. हेच० १, १२८ पर पिशल की टीका। त्रिविक्रम, सिंहराज और प्राकृतमंजरी में भ के स्थान पर ह से आरम्भ होनेवाले जो रूप दिये गये हैं वे ग्रंथ की नकल करनेवाले की भूलें हैं और ये प्रतियां द्राविडी हस्तलिपियों की नकलें हैं। त्रिविक्रम के संस्करण में भ है।

§ २०५—नीचे दिये शब्दों में ह-कार उड़ गया है : अ०मा०, जै०महा० और शौर० में **संकला** = **शृङ्खला** (पण्हा० १८३ ; जीवा० ५०३ ; ऋषभ० ३३ ; लटक० १८, ४), अ०माग० और जै०महा० में **संकलिया**=**शृंखलिका** (सूय० २९६ ; आव० एर्त्से० १४, १७) है, जै०महा० मे **संकलिय** = **शृङ्खलित** (आव० एर्त्से० १३, २८) और अ०माग० **संकल**=**शृङ्खल** (हेच० १, १८९; पण्हा० ५३६) हैं। भारत की नवीन आर्यभाषाओं में ये रूप आ गये हैं[1], किन्तु महा० और शौर० में **संखला** रूप मिलता है (गउड० ; मृच्छ० ४१, १०) ; शौर० मे **उस्संखल** (मृच्छ० १५१, १७) रूप देखा जाता है ; महा० और शौर० में **विसंखल** (रावण० ; मालती० २९१, २) है, माग० में **शंखला** रूप आया है (मृच्छ० १६७, ६) ; महा० और शौर० मे **सिंखला** (रावण० ; अच्युत० ४१ ; मालती० १२९, १ ; प्रिय० ४, ५ ; मल्लिका० १८१, ७ ; अनर्घ० २६५, २ ; ३०८, ९ ; वृषभ० ३८, १० ; विद्ध० ८४, ९ [पाठ में **संखल** है] ; ८५, ३ और ८)[1] है। अ०माग० **ढंक** = पाली **धंक** = संस्कृत **ध्वांक्ष** ; इसका रूप कभी किसी स्थान विशेष में ***ढंख** रहा होगा (= कौवा ; हंस ; गिद्ध : देशी० ४, १३ ; पाइय० ४४ ; सूय० ४३७ और ५०८ ; उत्तर० ५९३), **ढिंक** रूप भी पाया जाता है (पण्हा० २४), यह रूप तथा **ढेंकी** (= हंसिनी ; बलाका : देशी० ४, १५), ***ढिंकी** के स्थान पर आये हैं, **ध्वांक्ष** के ध्वनिबल की सूचना देते हैं। भ्रमरों का प्रिय एक पौधा-विशेष महा० में **ढंख** (= ढाक ।—अनु०) रूप में आया है और बोएटलिंक ने इसका संस्कृत रूप **ध्वांक्ष** दिया है (हाल ७५५)[1]। अ०माग० **बीहण** = **भीषण** (पण्हा० ७८), **बिहणग** = **भीषणक** (पण्हा० ४८ ; ४९ ; १६७ और १७७) हैं किन्तु महा० और शौर० में स्वयं **भीषण** रूप भी चलता है (गउड० ; रावण० ; विक्रमो० २८, ८; महावीर० १२, १; बाल० ५४, ७; अनर्घ० ५८, ५ ; मल्लिका० ८२, १८ ; १४१, ९), शौर० मे **अदिभीषण** रूप भी आया है (मल्लिका० १८३, ३)। **भीष्** धातु से सम्बन्ध रखनेवाले **बीहइ** और **बीहेइ** रूप भी हैं (§ ५०१)। § २६३ से भी तुलना कीजिए। **पंगुरण** (= प्रावरण ; ओढ़नी : हेच० १, १७५ ; त्रिवि० १, ३, १०५) के मराठी रूपों : **पांघरूं**, **पांघरणें** और **पांघुर्णें** में ह-कार[2] आ गया है। —अ०माग० **सण्डेय** = ***षाण्ढेय** (ओव० § १) जो वास्तव में **सण्ढेय** लिखने का अशुद्ध ढंग है, जैसा स्वयं संस्कृत की हस्तलिखित प्रतियों में **षण्ड** और **षण्ढ** बहुधा एक दूसरे से स्थान बदलते रहते हैं। गौण **क्क**, **च्च**, **त्त**, **प्प** के लिए जो **क्ख**, **च्छ**, **त्थ** और **प्फ** के स्थान में आते हैं, § ३०१ और उसके बाद देखिए।

१. हेच० १, १८९ पर पिशल की टीका। — २. § ५४ से तुलना कीजिए। — ३. जिस पद को वेबर ने नहीं समझा है उसमें ढंकरसेसो = ध्वांक्षरसैषः और मुक्को के बाद का कौमा हटा देना चाहिए। — ४. बे० बाइ० ३, २४७ और उसके बाद में पिशल का लेख।

§ २०६— वेबर[1] ने अधिकार के साथ कहा है कि प्राकृत में पहले आनेवाले **ह**–कारयुक्त वर्ण के प्रभाव से '*गौण* **ह**–*कार या प्रत्यक्ष* **ह** *आ जाता है।*' उसने इस सिलसिले अर्थात् प्रसग मे जो उदाहरण दिये हैं: **भारह, धरणिक्खील** का **खील** रूप और **फलह**, उनका ठीक-ठीक स्पष्टीकरण और समाधान § २०६ और २०७ में किया गया है। दूसरी ओर वाकरनागल[2] ने लिखा है कि प्राकृत मे 'दो **ह**-कारयुक्त वर्ण एक दूसरे के बाद साथ साथ रखने को अप्रवृत्ति' देखी जाती है। उसने अपनी पुष्टि मे एकमात्र उदाहरण **मज्झण्ण** प्रस्तुत किया है जिसे वह भूल से **मध्याह्न** से निकला बताता है, किन्तु **मज्झण्ण = मध्यंदिन** (§ १४८) है। अन्य एक कारण से भी यह उदाहरण प्रमाणित नहीं किया जा सकता क्योकि प्राकृत मे **मज्झण्ह** रूप भी चलने योग्य सर्वथा ठीक है (§ ३३०)। बाइत्रैगे पेज ४१ मे ए० कून ने इस विषय पर जो कुछ लिखा है उसका कुछ भी अर्थ नहीं होता। पाली रूप **मज्झत्त = मध्यस्थ** के लिए सभी प्राकृत भाषाओ मे, जिनमे इसके प्रचलित होने के प्रमाण मिलते हैं अर्थात् महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० मे **मज्झत्थ** काम मे लाया गया है (हाल; रावण०; आयार० १, ७, ८, ५; सूय० ९७; नायाध० १२७४; तीर्थ० ५, १६; ऋषभ० ४९; कालका० २७५, ४५; पव० ३८९, ३; मृच्छ० ६८, २१; बाल० २३८, ८; कर्ण० ३१, १०; मल्लिका० २५०, २ और ३), पाली रूप **मज्झत्तता** के लिए शौर० मे **मज्झत्थदा** रूप देखने मे आता है (शकु० २७, ५; मालवि० ३१, ९; अद्भुत० ४, १०)। पाली मे शब्दों में से **ह**–कार उड़ जाने का कारण वाकरनागल द्वारा निर्धारित 'अप्रवृत्ति' नहीं है, इसका प्रमाण पाली रूप: **इन्दपत्त = इन्द्रप्रस्थ, मट्ट** और उसके साथ चलनेवाला रूप **मट्ठ = मृष्ट, वट्ट = वृष्ट, अत्त = अस्त, भद्दमुत्त = भद्रमुस्त** आदि-आदि हैं (ए० कून-कृत बाइत्रैगे पेज ४१ और ५३), प्राकृत रूप **समत्त** और इसके साथ-साथ **समत्थ = समस्त** (§ ३०७) है। इन उदाहरणों से जैसे महा० **तक्खणुक्खअहरिहत्थुक्खित्तभेभला** (रावण० ६, ३७), **खन्धुक्खेव** (गउड० १०४९), अ०माग० रूप **मज्झभागत्थ** (नायाध० § ९२), जै०महा० मे **हत्थिक्खंध** (आव० एर्त्से० २५, ३९), जै०शौर० मे **मोहक्खोहविहूणो** (पव० ३८०, ७), शौर० मे **फलिहत्थंभ** मिलता है (मालवि० ६३, १), शब्दों जैसे **खम्भ, खुहा, जज्झर, झंखइ, झुज्झइ, भिप्फ** और **भिब्भल** तथा असख्य अन्य उदाहरणों से जैसे, **घट्ठ, भट्ठ, हत्थ' हित्थ, उज्झिहिइ, दुहिहिइ, बुज्झिहिइ** आदि-आदि से यह निदान निकलता है कि प्राकृत में वह झुकाव नहीं है जो इसके माथे मढ़ा गया है और न इसके ध्वनिपरिवर्तन के नियमों के अनुसार यह प्रवृत्ति इसमे हो ही सकती है। इसके विपरीत कुछ प्राकृत भाषाओं मे और विशेष कर अ०माग० में बड़े चाव से

दो ह्-कारयुक्त वर्ण एक के बाद एक आते हैं, उदाहरणार्थ : खिङ्खिणी, खहचर, थूभ, कच्छभ (§ २०६ और २०८)। § २१२ और उसके बाद के कई § प्रमाणित करते हैं कि याकोबी[4] द्वारा उपस्थित किये गये उदाहरण एक दूसरे के बाद आनेवाले ह्-कारयुक्त दो वर्णों की इस प्रवृत्ति के विरुद्ध प्रस्तुत नहीं किये जा सकते।

१. भगवती १, ४११। — २. कू० त्सा० ३३, ५७५ और उसके बाद; आल्ट इंडिशे ग्रामाटीक § १०५ का नोट। — ३. बाकरनागल के साथ मैं भी यहाँ पर संक्षेप करने के लिए ह् को ही ह्-कारयुक्त वर्णों में सम्मिलित कर रहा हूं। — ४. औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन की भूमिका के पेज संख्या ३२ की नोट संख्या ३ और भूमिका के पेज सख्या ३३ की नोट संख्या २।

§ २०७—कई बोलियों में कवर्ग, पवर्ग और व-कार मे परिणत हो जाता है (§ २३० ; २३१ ; २६६ और २८६)। तालव्य वर्णों के स्थान पर कई प्राकृतों में दन्त्य आ जाते हैं ; त के स्थान पर च और द के लिए ज वर्ण आ जाता है। अ०माग० तेइच्छा=*चेकित्सा = चिकित्सा (आयार० १, २, ५, ६; १, ८; ४, १ ; २, १३, २२ ; कप्प० एस० § ४९), तिगिच्छा (ठाणग० ३१३ ; पण्हा० ३५६ ; नायाध० ६०३ और ६०५ ; उत्तर० १०६), तिगिच्छय और तिगिच्छग रूप भी मिलते है = चिकित्सक के (ठाणंग० ३१३ ; नायाध० ६०३ और ६०५ ; उत्तर० ६२०) हैं, तिगिच्छई, तिगिच्छिय (§ ५५५), वितिगिच्छा=विचिकित्सा रूप भी देखने में आते है (ठाणग० १९१ ; आयार० २, १, ३, ५ ; सूय० १८९ ; ४०१ ; ४४५ ; ५१४ और ५३३ ; उत्तर० ४६८ और उसके बाद), वितिगिंछा, वितिगिंछइ, वितिगिंछिय (§ ७४ और ५५५), वितिगिच्छामि (ठाणंग० २४५), निव्वितिगिच्छ (सूय० ७७१ ; उत्तर० ८११ ; विवाह० १८३ ; ओव० § १२४) रूप भी चलते है। अ०माग० में दिगिच्छन्त- और दिगिंछा = जिघत्सन् और जिघत्सा हैं, अ०माग० और जै०महा० में दुगंछा और दुगुंछा रूप पाये जाते हैं, अ०माग० मे दुगुंछण, दुगुंछणिज्ज, दोगंछि-, दोगुंछि-, पडिदुगंछि-, दुगुंछइ, दुगुंछमाण तथा अदुगुच्छियं रूप मिलते है (§ ७४ और ५५५), इनके साथ-साथ जुगुच्छा (भाम० ३, ४०), जुउच्छइ, जुगुच्छइ आदि-आदि रूप चलते ही हैं (§ ५५५)। — अ०माग० दोसिणा = ज्योत्स्ना (त्रिवि० १, ३, १०५ = बे० बाइ० ३, २५० ; ठाणंग० ९५ ; पण्हा० ५३३), दोसिणाभा रूप भी आया है (नायाध० १५२३) ; दोसिणी=ज्योत्स्नी (देशी० ५, ५१), शौर० में वणदोसिणी = वनज्योत्स्नी (शकु० १२, १३) है; दोसाणिअ (= उजाला ; साफ : देशी० ५, ५१ [देशीनाममाला में दिया हुआ है : दोसाणिअं च विमलीकयम्मि और टीका में है:—दोसाणिअं निर्मलीकृतम्। -अनु०]) । — § २५२ के अनुसार य से निकले हुए गौण ज के द्वारा जोग्ग में ध्वनि परिवर्तन आ गया है (= युगल; युग्म ; देशी० ५, ४९ ; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे० बाइ० ३, २४१), इस स्थिति में इसे युग्म का प्राकृत रूप मानना पड़ेगा (यह शब्द-प्रक्रिया यों माननी

पढ़ेगी : **युग्म = जुग्ग = दों ग्ग** । —अनु०) । इसका सम्बन्ध अ०माग० और जै०महा० **दुग = द्विक** से भी (§ ४५१) जोड़ा जा सकता है[1] ।

१. अ०माग० **पादीणं=प्राचीनं** (आयार० २, १, ९, १) अशुद्ध पाठ या छापे की भूल है, इसका शुद्ध रूप **पाईणं** होना चाहिए जैसा आयारंगसुत्त १, १, ५, २ और ३ ; २, २, २, ८ में ठीक ही दिया गया है । कलकत्ते के संस्करण में **पाइणं** रूप आया है । वेबर द्वारा सम्पादित भगवती १, ४१३ ; इं० स्टुडि० १४, २५५ और उसके बाद , ए० म्युलरकृत बाइत्रैगे पेज २५ ; बे० बाइ० ३, २४१ और २५० तथा ६, १०० और उसके बाद में पिशल का मत ।

§ २०८—जैसे तालव्य वर्णों के लिए दन्त्य वर्ण आ जाते है (§ २१५) वैसे ही कुछ प्राकृत बोलियो मे इसका ठीक विपरीत क्रम मिलता है अर्थात् दन्त्य वर्णो के स्थान पर तालव्य वर्ण आ बैठते हैं । इस प्रकार का रूप **चच्छइ** है जो ***त्यक्षति** से निकला है, इसके साथ साथ **तच्छइ = तक्षति** रूप भी काम मे आता है (हेच० ४, १९४) ।—महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **चिट्ठइ** रूप मिलता है, शौर० और अप० मे **चिट्ठदि** है तथा माग० रूप **चिष्टदि = तिष्ठति** है जो **स्था** धातु से निकला है (§ ४८३) ।—**चुच्छ** और इसके साथ-साथ **तुच्छ** रूप (हेच० १, २०४) तथा हेच० के अनुसार इसका **ह**—कारयुक्त आरंभिक वर्णमाला रूप **छुच्छ** भी पाया जाता है ।—अप० **विज्जज्झर=विद्याधर** (विक्रमो० ५९,५) है । अ०माग० **चियत्त = त्यक्त, चिच्चा** और **चें च्चा = त्यक्त्वा** के विषय मे § २८० देखिए ।

२०९—स्टेन्त्सलर के मृच्छकटिक के संस्करण के ९, २२ (पेज २४०) जो= गौडबोले के संस्करण के २६, ८ (पेज ५००) की टीका मे पृथ्वीधर के मतानुसार शकार प्राकृत मे **च** से पहले एक लघुप्रयत्नतर **य्** बोला जाता है जिसकी मात्रा गिनी नही जाती : **य्चिष्ट=तिष्ठ** है । मार्क०पन्ना ७५ और ८५ के अनुसार यह **य्** माग० और व्राचड० अप० में **ज** के पहले आता है : माग० **य्चिलं=चिरम् ; य्जाया= जाया; य्चलआ = चरक** है; अप० मे : **य्चलइ = चलति ; य्जलइ = ज्वलति** (§ २४ और २८) हैं । वर० ११, ५ मे दिये गये माग० भाषासबधी नियम सम्भवतः इसी स्थान पर लागू होते है, क्रमदीश्वर ५, ८८ भी इसी बारे में है। हमारे पास तक जो पाठ आये हैं उनमें बहुत अशुद्धियाँ रह जाने के कारण इसका निश्चित तात्पर्य नहीं समझा जा सकता । इस सम्बन्ध में कौवेल द्वारा सम्पादित वर० पेज १७९ की नोट-संख्या १ तथा लास्सन-कृत इन्स्टिट्यूत्सिओनेस, पेज ३९३ और ३९६ और § १४६, १ भी देखिए ।

§ २१०—संस्कृत के दत्य वर्ण प्राकृत मे बहुधा मूर्धन्य बन जाते हैं । इसकी उल्टी ध्वनि-प्रक्रिया जिसमें मूर्धन्य वर्ण प्राकृत बोलियों मे दत्य बन जाते हैं, (§ २२५) प्रमाण देती है कि इसका सम्बन्ध नाना प्राकृत बोलियो के भिन्न-भिन्न उच्चारणों से है, इसके अतिरिक्त अन्य अनुमान भ्रमात्मक हैं । **टगर=तगर** में शब्द के आरम्भ में ही **त** के स्थान पर **ट** आया है (हेच० १, २०५) ; **टिम्बरु=तुम्बुरु**

(देशी० ४, ३), **टिम्बरुय = तुम्बुरुक** (पाइय० २५८) हैं, इनके साथ में ही **टिम्बुरिणी** रूप भी शामिल किया जाना चाहिए ; **टूबर = तूबर** (हेच० १, २०५) है। इस सम्बन्ध में § १२४ की भी तुलना कीजिए। चू०पै० **पटिमा=प्रतिमा** में शब्द के भीतर आनेवाले **त** के स्थान पर **ट** आया है (हेच० ४, ३२५), इस रूप के स्थान पर अन्य प्राकृत बोलियों में § १२९ के अनुसार **पडिमा** रूप चलता है। हेच० १, २०६ ; क्रम० २, २९ और मार्क० पन्ना १५ में वे शब्द दिये गये हैं जिनमें **त** के स्थान पर **ड** आता है और ये सब शब्द प्रत्यादिगण में एकत्र कर दिये गये हैं। हेच० के अनुसार यह आकृतिगण है, क्रम० ने इसमें केवल **प्रतिबद्ध, प्राभृत, वेतस, पताका** और **गर्त** शब्द दिये हैं ; मार्क० एक श्लोक में केवल सात शब्दों के नाम देता है : **प्रति, वेतस, पताका, हरीतकी, व्यापृत, मृतक** और **प्राकृत**। इस अन्तिम शब्द के स्थान पर **प्राभृत** पढ़ा जाना चाहिए। पै० और चू०पै० को छोड़ सभी प्राकृत भाषाओं में **प्रति** शब्द का **त** बहुत ही अधिक बार **ड** रूप ग्रहण कर लेता है। इस प्रकार महा०, अ०माग०, जै०महा० और ढक्की में **पडिमा = प्रतिमा** (चण्ड० ३,१२ पेज ४९; हेच० १, २०६ ; पाइय० २१७ ; गउड० ; हाल ; रावण०; ठाणग० २६६ ; आयार० २, २, ३, १८ और उसके बाद ; २, ६, १, ४ और उसके बाद ; २, ७, २, ८ और उसके बाद ; २, ८, २ और उसके बाद ; उवास० ; ओव० ; एत्सें० ; मृच्छ० ३०, ११ ; १६ और १७); अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० **पडिपुण्ण = प्रतिपूर्ण** (नायाध० ४४९ ; ५०० ; उवास०; कप्प०; एत्सें० ; पव० ३८७,१३) है; महा०, शौर० और माग० में **पडिवअण = प्रतिवचन** (हाल ; रावण० ; मृच्छ० ३७, ८ ; विक्रमो० १८, ११ ; माग० में : मृच्छ० ३२, १९) है; महा०, जै०महा० और शौर० में **पडिवक्ख = प्रतिपक्ष** (पाइय० ३५ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एत्सें० ; विक्रमो० २३, ७ ; प्रबोध० ७,९ ; १२,५) है ; महा०, अ०माग० और शौर० मे **पडिबद्ध = प्रतिबद्ध** (गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० ४१,३ ; उवास० ; मृच्छ० ६८,२० और २५) है; जै०शौर० में **अप्पडिबद्ध** (पव० ३८७, २५) रूप मिलता है, शौर० मे **पडिबन्धेध** आया है (शकु० ११३, १२), अ०माग० मे **पडिबन्धण** पाया जाता है (दस० ६४३, १६) ; महा० और अप० मे **पडिहाइ** देखने में आता है, इनके साथ शौर० रूप **पडिहादि** और **पडिहाअदि=प्रतिभाति** (§ ४८७) है, इस प्रकार के रूपों की गिनती नहीं की जा सकती। इस सम्बन्ध मे § १६३ और २२० की भी तुलना कीजिए। **त** का **ड** में यह ध्वनि-परिवर्तन हेच० ४, ३०७ और रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका के अनुसार, पै० और चू०पै० भाषाओं में नहीं होता, (इसमें **प्रतिबिम्ब** का —अनु०) **पतिबिम्ब** होता है (हेच० ४, ३२६), इस नियम का एक अपवाद है **पटिमा** (हेच० ४, ३२५)। अन्य उदाहरण हैं—महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० रूप **पडइ = पतति** (वर० ८, ५१ ; हेच० ४, २१९ ; गउड० ; हाल ; रावण० है, निरया० § ११ ; नायाध० १३१४ ; सगर० ३, १० ; हेच० ४, ४२२, ४ और १८) है ; माग० में **पडदि** रूप पाया जाता है (मृच्छ० ३१, १० ; १५८, ७

और ९ ; १६९, ५) ; महा० और अ०माग० में **पडउ = पततु** (हाल ; आयार० २, ४, १, १२) है, जै०महा० में **पडामो = पतामः** (आव० एर्त्से० ८, ५०) है; माग० में **पडेमि** मिलता है (मृच्छ० १२७, १२); महा० और अप० में **पडिअ = पतित** (गउड० ; हाल ; रावण० ; हेच० ४, ३३७) है ; जै०महा० में **पडिय** रूप है (एर्त्से०), शौर० और माग० मे यह रूप **पडिद** बन जाता है (मृच्छ० ५४, ३; ८१, ९ ; ९५, ११ ; १२०, ७ ; मुद्रा० १०४, ८ ; रत्ना० ३१४, २७ ; मृच्छ० १०, १ ; १३३, १० ; १६९, ५ ; १७०, १६), शौर० में **निवडिद = निपतित** (शकु० ३५, १० ; ७७, ११) है; अ०माग० मे **पवडेज्ज = प्रपतेत्**, **पवडेमाण = प्रपतमान** (आयार० २, २, १, ७ ; २, २, ३, २ और २३ ; २, ३, २, १५) है और **पत्** धातु तथा उसके नाना रूपों का सर्वत्र यही ध्वनिपरिवर्तन होता है, जैसे महा०, जै०महा० और माग० में **पडण = पतन** (गउड० ; हाल ; रावण०; एर्त्से०; मृच्छ० ३०,२३) है, किन्तु चू०पै० में **निपतत्ति** रूप आया है (हेच० ४, ३२६)। महा० और शौर० में **पडाआ=पताका** (सब व्याकरणकार ; गउड० ; रावण० है ; मृच्छ० ६८, १७) ; अ०माग० और जै०महा० मे **पडागा** रूप चलता है (ठाणग० २८४ ; जीवा० ४८३ ; नायाध० § १२२ ; पेज १३१८ ; पण्हा० १६० ; राय० ५९; ६८ ; ७० ; विवाह० २७६ ; ८३३ ; निरया ; ओव० ; एर्त्से० ; कप्प०) ; जै०महा० में **पडाया** रूप भी चलता है (पाइय० ६८ ; एर्त्से०) ; अ०माग० मे **सपडाग** आया है (राय० १२८) किंतु पै० मे **पताका** रूप है (हेच० ४, ३०७) ।— **पहुडि=प्रभृति** (हेच० १, २०६), किंतु शौर० और माग० मे इसका रूप **पहुदि** मिलता है (मृच्छ० २३, १५ और २३; ७३, १० : शकु० ५२, ५ . ८५, ७; विक्रमो० १५, ८ और ९; ४५, २० : मुद्रा० २५३, ८ ; प्रबोध० ९, ५; २८, १७ ; माग० में : मृच्छ० १३, २५ ; २१, ११ ; १३३, २१ ; वेणी० ३५, ५) ; शौर० मे **पहुदिय = प्रभृतिक** (मृच्छ० ७१, १) । — अ०माग० और जै०महा० में **पाहुड = प्राभृत** (सब व्याकरणकार ; पाइय० २३६ ; आयार० २, २, २, १० और उसके बाद ; विवाग० १२८ और १३२ ; नायाध० ४३९ ; ५३९ ; ५४० ; ७७४ और उसके बाद ; ११४३ और उसके बाद ; १३७५ और उसके बाद ; १४३१ ; राय० २२६ ; अणुओग० ५५८ ; एर्त्से०) ; **पाहुडिय = प्राभृतिक** (आयार० २, २, ३, १ ; अणुओग० ५५८) हैं ।—महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर०, माग० और दाक्षि० में **वावड = व्यापृत** (हेच० ; मार्क० ; हाल ; रावण० ; उत्तर० ४९६ ; एर्त्से० ; कालका० ; मृच्छ० ४, २४ ; २९, २१ ; १०४, ८) है, जै०महा० मे **वाउळ** रूप भी आया है (कालका०) ; अ०माग० में **वाउय** रूप भी मिलता है (ओव०), शौर० मे **वावुड** भी चलता है (मालवि० ७२, २), **वावुडदा = व्यापृतता** (मृच्छ० ३२५, १९) है ।— महा० में **वेडिस**, किंतु पै० में **वेतस** और शौर० मे **वेदस = वेतस** (§ १०१) है ।—**हरडइ = हरीतकी** (§ १२०) है ।

§ २११—अ०माग० (जिसे जैन आर्षभाषा भी कहते हैं ।—अनु०) में और किसी अंश तक जै०महा० में भी मूर्धन्य वर्णों का जोर है (हेच० १, २०६) । इन

भाषाओं में इसका प्राधान्य विशेषकर उन रूपों में है जिनमें **कृत** लगता है, इनमें **कृ** का **क्र**, **ड** में परिणत हो जाता है, इस प्रकार अ०माग० में **कड=कृत**, **अकड=अकृत**, **दुक्कड=दुष्कृत**, **सुकड=सुकृत**, **विगड**, **वियड=विकृत**, **पगड=प्रकृत**, **पुरेकड=पुरस्कृत**, **आहाकड=यथाकृत** हैं, इनके साथ-साथ महा० और अप० में (**कृत** का ।—अनु०) **कअ** रूप भी चलता है, अ०मा० और जै०महा० में **कय**, पल्लवदानपत्रों और पै० में **कत** हैं ; जै०शौर०, शौर० और माग० के **कद** ; शौर०, माग० और अप० में **किद**, अप० में **अकिअ** (§ ४९ ; इस सम्बन्ध में § ३०६ से भी तुलना कीजिए) रूप देखने मे आते हैं ।—अ०माग० मे **पत्थड = प्रस्तृत** (ठाणंग० १९७), **वित्थड = विस्तृत** (जीवा० २५३ ; ओव० § ५६), **संथड = संस्तृत** (आयार० २, १, ३, ९ ; २, १, ६, १) है, **असंथड** रूप भी पाया जाता है (आयार० २, ४, २, १४), **अहासंथड** भी मिलता है जो **=यथासंस्तृत** के (आयार० २, ७, २, १४) है ।—अ० माग० मे **मड*** **= मृत** (विवाह० १३ ; उत्तर० ९८५ ; जीवा० २५५ ; कप्प०), अ०मा० और जै०महा० में **मडय = मृतक** (हेच० १, २०६ ; पाइय० १५८ ; आयार० २, १०, १७ ; आव० एर्त्से० २४, ४), इसके साथ-साथ अ०माग० और जै०महा० मे **मय** (**=मृत** या **मृतक** । —अनु०) रूप भी चलता है (विवाह० १६ ; १०४१ ; १०४२ ; द्वार० ५०३ , ५ और ७ : ५०४, ४ और १७), जै०महा० मे **मुय** रूप है (आव० एर्त्से० २८, ८), महा० मे **मअ** चलता है (गउड०), **मुअ**† रूप भी पाया जाता है (हाल ; रावण०), जै०शौर० मे **मद** देखा जाता है (पव० ३८७, १८), शौर० मे **मुद** रूप हो गया है (मृच्छ० ७२, २० ; कर्पूर० २२, ९) ।—**वृत** का रूप अ०माग० मे **वुड** है, **अभिनिव्वुड = अभिनिर्वृत** (सूय० ११० ; ११७ [यहा **अभिणिव्वुड** पाठ है] और ३७१), **निव्वुड = निर्वृत** (आयार० १, ४, ३, ३ ; सूय० ५५०), **पाउड = प्रावृत** (आयार० १, २, २, १ ; सूय० १३४ और १७०), **परिनिव्वुड= परिनिर्वृत** (कप्प०) हैं, इसके साथ ही **परिनिव्वुय** रूप भी चलता है (ओव० ; कप्प०), **परिवुड = परिवृत** (ओव०), **संपरिवुड = संपरिवृत** (विवाह० १८६ ; ८३० ; नायाध० § ४ और १३० ; पेज ४३१ ; ५७४ ; ७२४ ; ७८४ ; १०६८ ; १०७४ ; १२७३ ; १२९० ; १३२७ ; उवास० ; ओव० ; कप्प०), **संवुड = संवृत** (आयार० १, ८, ३, १३ ; २, १, ९, १ ; सूय० ८१ ; ११७ ; १४४ ; विवाह० ९४२ ; कप्प०) हैं, **असंवुड** रूप भी मिलता है (सूय० १०८ और ११५), **सुसंवुड** रूप भी आया है (सूय० १४१), इनके साथ साथ महा० मे **णिव्वुअ**, जै०महा० मे **णिव्वुय**, शौर० मे **णिव्वुद** रूप पाये जाते है (§ ५१) ; महा० में **पाउअ** (हाल) तथा ढक्की और शौर० मे **पावुद** रूप मिलते हैं (मृच्छ०

* यह शब्द और इसके रूप कुमाउनी तथा हिंदी भाषाभाषी राज्यों के कई गांवों में अब भी प्रचलित है । —अनु०

† उर्दू का साहित्यिक मूल रूप दक्षिण से आने के कारण उसमे मरे मनुष्य के लिए या गाली में मुआ रूप बहुत मिलता है । —अनु०

३४, १२ ; ७२, २ और ९) ; शौर० में **अवावुद = अपावृत** (मृच्छ० १६, ३ ; ५ और ९) ; शौर० और दाक्षि० **परिवुद = परिवृत** (मृच्छ० ६, ६ और १०६, १), शौर० में **संवुद** (मृच्छ० १५, ७) तथा अ०माग० में **संवुय** रूप पाये जाते हैं (ओव०) । —अ०माग० और जै०महा० में **हड=हृत** (आयार० २, २, २, ४ ; आव० एर्त्से० ४४, ७) ; अ०माग० में **अवहड = अपहृत** (हेच० १, २०६), **अभिहड** रूप भी मिलता है (आयार० १, ७, १, १ और २ ; २, १, १, ११ ; २, २, १, २), अहड भी देखने में आता है (आयार० १, ७, ५, ४ ; २, १, ९, २ ; सूय ३८२) , **असमाहड** भी काम में आता था (आयार० २, १, ३, ५) ; **नीहड=निर्हृत** (आयार० २, १, १, ११ ; २, १, ९, ७ ; २, १०, २, ४) है, इनके साथ-साथ महा० में **हिअ = हृत** रूप काम में आता है (हाल ; रावण०) ; शौर० में **अवहद=अपहृत** (मृच्छ० ५२, १३ और २१ ; ५३, २ और २१ ; ५५, १६ ; ७४, १२ , ७८, २ ; ८९, ८ ; १४७, १७ ; १५४, १३ ; विक्रमो० ४१, १२) है। वर० ११, १५ के अनुसार माग० में भी निम्नलिखित शब्दों में **त** के स्थान पर **ड** आ बैठा है : **कड=कृत, मड = मृत** और **गड = गत** । इस प्रकार माग० में **कड** रूप पाया जाता है (मृच्छ० १७, ८ ; ३२, ५ ; १२७, २३ और २४ ; १३२, १० ; ११ और १२ ; १४९, २४ ; १५४, २० ; १६४, १०) ; **मड** भी देखने में आता है (मृच्छ० ११९,१५), **मडअ** रूप भी आया है (चंड० ६३, ११), **गड** भी मिलता है (मृच्छ० १०,६ ; १३, ८ ; २०, १६ ; ३६,१३), इनके साथ साथ **कद, किद** (§ ४९) और **गद** रूप भी काम में आते हैं (मृच्छ० २९, २० ; ११६, ७ ; १२८, २ ; १७१, ११ ; प्रबोध० ५०, ६ ; चंड० ७०, १४ ; वेणी० ३४, ९ आदि-आदि) । पल्लवदानपत्र ७, ५१ में भी **कड** रूप पाया जाता है (एपिग्राफिका इण्डिका २, ४८५ की भी तुलना कीजिए), इसके साथ-साथ उसमें **अधिकते=अधिकृतान्** भी आया है (५, ५) । देशीनाममाला ६, १४१ में **मड** रूप देशी अर्थात् किसी देश विशेष की बोली का शब्द बताया गया है (संस्कृत से निकला नहीं बताया गया है । —अनु०) । **कळ** और **मळ** के विषय में § २४४ देखिए । **त** के **ड** बन जाने के अ०माग० के अन्य उदाहरण यहां दिये जाते हैं : **दुक्कडि— = दुष्कृतिन्** (सूय० २९५) ; **उवक्खडेइ** = ***उपस्कृतयति** हैं और **उवक्खडावेइ** रूप भी पाया जाता है (§ ५५९) ; **पुरक्खड = पुरस्कृत** (पण्णव० ७९६ और उसके बाद) ; **नियडि=निकृतिन्** (दस० ६३५, ७), **नियडिल्ल = निकृतिमत्** (उत्तर० ९९०), **नियडिल्लया = निकृतिमत्ता** (ठाणंग० ३३८ ; विवाह० ६८७ , ओव०), **संखडि=संस्कृति** (आयार० १,८, १,१८), **पगडि= प्रकृति** (ठाणंग० २१६ ; विवाह० ७४) हैं, जै०शौर० में इसका रूप **पयडि** (कत्तिगे० ३९९, ३०८) और इसके साथ साथ **पगइ** भी पाया जाता है (ओव० ; कप्प०), महा० में **पअइ** (हाल ; रावण०) और शौर० में **पइदि** रूप मिलता है (शकु० ३५, ८ ; ६६, ८ ; ११७, ११ ; १५३, १४ ; विक्रमो० ७३, १२ ; ७५, ४) ; **वडिंस, वडिंसग** और **वडिंसय=अवतंस** और **अवतंसक** (§ १०३) हैं; **वेया-**

वड्डिय और साथ-साथ **वेयावच्च=वैयापृत्य** (लौयमान द्वारा सम्पादित ओववाइयसुत्त में **वेयावच्च** शब्द देखिए)। माग० रूप **विडत्त, प्पडवदि** (मृच्छ० १६५, ११) का तात्पर्य संदिग्ध है। गौडबोले द्वारा सपादित मृच्छकटिक पेज ४४८ में इन शब्दों का स्पष्टीकरण कि इनके संस्कृत रूप **वितत** और **प्रतपति** हैं, बहुत तोड़-मरोड़ रूप हैं। अनुमान से यह पाठ पढ़ा जाना चाहिए : **विधत्ते चेदे किं ण प्पलवदि** = **विदग्धश् चेतः किं न प्रलपति है**। **विधत्त** की तुलना महा० रूप **ढड्ढ**, शौर० **ढड्ढदि** और **विढड्ढिअ** तथा माग० रूप **ढय्यदि** से कीजिए (§ २२२) और **प्पलवदि** की गौडबोले के ऊपर दिये गये ग्रन्थ मे **प्पतवदि** से।

§ २२२—कई अवसरो में यह मूर्धन्यीकरण नियमानुसार छिपा सा रहता है : महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **पइण्णा = प्रतिज्ञा** (हेच० १, २०६ ; गउड० ; रावण० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका० ; मालवि० ६६, १८ ; ६९,५) है, इसके साथ-साथ अ०माग० मे **अपडिण्ण = अप्रतिज्ञ** (आयार० १, ८, १, १९ और २२ ; १, ८, २, ५ ; ११ ; १६ ; १, ८, ३, ९ ; १२ और १४ ; १, ८, ४, ६ ; ७ और १४) है; अ०माग० और जै०महा० मे **पइट्ठान = प्रतिष्ठान** (ठाणग० ५१३ ; नायाध० ६२३ ; विवाह० ४१८ और ४४७ ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से०) है; नगर के नामों में भी जै०महा० और शौर० में यही होता है : **पइट्ठाण** (आव० एर्त्से० २१, १ ; कालका० २६९, ४४ [पाठ के **पयट्ठाण** के स्थान पर यही पाठ पढा जाना चाहिए]; विक्रमो० २३,१४ ; ७३,११ [इसकी सब हस्तलिखित प्रतियों के साथ (पेज २५५) भारतीय तथा द्राविड़ी सरकरणों मे यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), लेण बोली में इससे पहले ही **पइठाण** और उसके साथ-साथ **पतिठाण** रूप मिलते है (आर्किऔलौजिकल सर्वे ओफ वेस्टर्न इण्डिया ५, ७६, ८) ; अ०माग० में **पइट्ठा = प्रतिष्ठा** (हेच० १, २०६) ; अ०माग० और जै०महा० मे **पइट्ठिय = प्रतिष्ठित** (उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका०) हैं, इसके साथ-साथ महा० **पडिट्ठिअ** रूप भी चलता है (गउड० ; रावण०) और अ०माग० में **पडिट्ठिय** (ओव०), **पइट्ठावय=*प्रतिष्ठापक** (ओव०) ; जै०महा० **पइट्ठाविय=प्रतिष्ठापित** (तीर्थ० ७,२ ; एर्त्से०) है, इसके साथ साथ महा० मे **पडिट्ठविय** रूप मिलता है (रावण०), शौर० में **पडिट्ठावेहि = प्रतिष्ठापय** (रत्ना० २९५, २६) है ; जै०महा० मे **पडिदिणं=प्रतिदिनम्** (एर्त्से० ; कालका०), **पइदियहं= प्रतिदिवसम्** (कालका०), **पइसमयं = प्रतिसमयम्** (हेच० १, २०६), **पइवरिसं=प्रतिवर्षम्** हैं (तीर्थ० ७, १) ; स्वतन्त्र और अकेले **प्रति** का रूप जै० महा० में **पइ** (कालका०) और शौर० में **पदि** होता है (चैतन्य० ८८, १२ ; ९०, ४ और ५) ; **पईव=प्रतीप** (हेच० १, २०६ ; पाइय० १५४), इसके साथ-साथ माग० में **विप्पडीव=विप्रतीप** (मृच्छ० २९, २३) है, ढक्की मे इसका रूप **विप्पदीव** हो जाता है (मृच्छ० ३०, ११ और १२ ; इस विषय पर गौडबोले द्वारा सम्पादित मृच्छकटिक के पेज ८६, १ और २ देखिए) ; महा० और जै०महा० मे **संपइ= संप्रति** (हेच० १, २०६ ; पाइय० ६७ ; गउड० ; रावण० ; एर्त्से० ; कालका० ;

ऋषभ०) है; जै०महा० में **संपयं** = **साम्प्रतम्** (पाइय० ६७ ; एर्त्से० ; कालका०), इसके साथ-साथ शौर० और ढक्की रूप **सम्पदं** है (उदाहरणार्थ, शौर० ; मृच्छ० ६, २२ ; १७, १९ ; १८, २३ ; ३६, ९ ; ४२, ९ ; शकु० २५, २ ; ३०, ४ ; ६७, १२ ; विक्रमो० २६, १२ ; २७, २१ ; ४६, १५ ; ढक्की : मृच्छ० ३०, ४ ; ३१, ९ ; ३२, ८), माग० में इसका रूप **शम्पदं** चलता है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० १६, २० ; ३२, २ ; ४ और ५ ; ३८, १९ ; ९९, ११ ; ११९, ११ ; १५३, २२ ; प्रबोध० ५८, १७) ।

§ २१३—महा० रूप **ढक्कइ** और **ढक्केइ** (=ढकना ; छाना ; बन्द करना : हेच० ४, २१ ; हाल), जै०महा० **ढक्केमि** (तीर्थ० ७, ९) और **ढक्केऊण** (एर्त्से० ; द्वार० ४९९, ८), शौर० **ढक्केहि** (मृच्छ० ३६, ३) ; माग० **ढक्किद** और **ढक्केध** (मृच्छ० ७९, १७ ; १६४, १४) तथा अनुस्वार लगे हुए रूप **ढंकिरंश** (प्रबोध० ५८, १० ; यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; ब्रौकहौस के संस्करण में **टंकिस्सं** पाठ है और बबइया तथा पूना के संस्करणों में **ढंकिस्सं** पाठ दिया गया है, मद्रास में छपे संस्करण में **थगइस्सं** पाठ आया है = पाली **थकेति**¹), **ढंकणी** (= ढकना ; पिधानिका : देशी० ४, १४) भी मिलता है, **ढक** (= ठग ; लालची : एर्त्से०) में **थ** का **ठ** रूप बनकर **ढ** हो गया है । इस संबंध में § ३०९ भी देखिए । यह ध्वनिपरिवर्तन शब्द के भीतर भी है ; महा० रूप **कढइ** = **कथति** (वर० ८, ३९ ; हेच० ४, ११९ और २२० ; क्रम० ४, ४६) है, **कढमाण** (गउड०), **कढ्ढसि** और **कढ्ढसु** (हाल ८०१ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **कढिअ** (कर्पूर० ४०, २), शौर० रूप **कढीअमाण** (अनर्घ० २७०, १ [पाठ में **कढिज्जमाण** रूप आया है]) और **कढिद** (कर्पूर० ८२, ७), अ०माग० रूप **सुकढिय** (जीवा० ८२३ और ८८० तथा उसके बाद) में और अ०माग० रूप **गढिय** = **ग्रथित** (आयार० १, २, ३, ५ ; १, २, ४ २ और १, २, ५, ४ [पाठ में **गड्डिय** है] ; १, ४, ४, २, १, ६, ५, ५ ; १, ८, १, ९ ; २, १, ८, २ ; सूय० ८४ ; ६०१ ; ६९९ ; ७५१ ; ठाणग० १५६ ; विवाह० ४५० और ११२८ ; नायाध० ४३२ और ६०६ ; विवाग० ८७ [यहां पाठ में **गड्डिय** है], ९२ है) । अ०माग० में **अगढिय** रूप भी मिलता है (आयार० २, १, ५, ५ ; पण्हा० ३५९ ; ३७०) । इसी प्राकृत में **निसीढ** और इसके साथ-साथ चलनेवाला रूप **निसीह** = **निशीथ** (हेच० १, २१६) है । शौर० में भी यही रूप **न** का **ण** होकर **णिसीढ** रूप में आया है (मल्लिका० २०१, ६ और २०९, १८), **णिसीह** रूप में भी यह काम में आता है (कालेयक० २६, २), वास्तव में यह रूप अशुद्ध है और **णिसीढ** के स्थान में आया है । अ०माग० में **निज्जूढ** = **निर्यूथ** (= निचोड़ा हुआ ; अलग किया हुआ ; बाहर निकाला हुआ : नायाध० ३२३ ; विवाह० १३४; दस० ६३१, ११ ; ६४४, १२ ; १९ ; २१ ; २२ और २४) रूप पाया जाता है, **अनिज्जूढ** रूप भी मिलता है (विवाह० १३४) । इन रूपों के साथ-साथ महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **जूह** = **यूथ** (गउड० ; हाल ; रावण० ;

नायाध० ; आव० एर्त्से० ४२, ७ ; एर्त्से० ; विक्रमो० ५६, २१), शौर० में **यूथ** का **जूध** रूप मिलता है (चंड० १७, १२), महा० में **जूहिया = यूथिका** (गउड०), अ०माग० में इसका **जूहिया** रूप चलता है (कप्प०), शौर० में **जूधिया** देखा जाता है (वृषभ० १४, ९ ; १६, २ ; १७, २ ; २१, १४ [पाठ में सर्वत्र **जूहिया** रूप दिया गया है]), अ०माग० में **निज्जूहग = *निर्यूथक** और **निज्जूहिय = निर्यूथित** (दस० ६४४, १६ और १७) हैं, जै०महा० रूप **निज्जूहिऊइ** मिलता है (आव० एर्त्से० ४२,१५) ; **पढम, पढुम, पुढम** और **पुढुम** तथा इसके साथ-साथ पै० **पुधुम** रूप = **प्रथम** (§ १०४) हैं ; **पुढवी** और इसके साथ-साथ **पुहवी** और **पुहई = पृथ्वी** (§ ५१)[1] है ; अ०माग० मे **पुढो = पृथक्** है, इसके साथ-साथ **पुहुत्त** और **पुहत्त = पृथक्त्व** (§ ७८) हैं ; अ०माग० मे **मेढि = मेथि** (हेच० १, २१५ ; नायाध० ६३० ; उवास०) है ; **साढिल, पसढिल, सिढिल** और **पसिढिल = शिथिल** और **प्रशिथिल** (§ ११५) है।

1. एस० गौल्दश्मित्त ने अपने प्राकृतिका ग्रंथ के पेज २ और उसके बाद में अशुद्ध लिखा है। इस शब्द के रूप से स्पष्ट ही ज्ञात होता है कि इसका मूल रूप कभी *स्थक् रहा होगा। इस संबंध में § २०९ की भी तुलना कीजिए। बे० बाइ० १५, १२५ में पिशल ने जो मत दिया है वह पूर्ण शुद्ध नहीं है। — २. बार्टोलोमाए ने इं० फौ० ३, १६४ और उसके बाद में इस विषय पर कृत्रिम और अशुद्ध लिखा है।

§ २२४—नीचे दिये गये रूपों मे शब्द के आरभ मे **द** का **ड** हो गया है : महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **दश्** और **दह्** धातुओ तथा इनसे निकले सब रूपों मे यह ध्वनि-परिवर्तन हुआ है (हेच० १, २१७ और २१८ ; मार्क० पन्ना १७)। वररुचि २, ३५ मे केवल **दशन** का उल्लेख करता है और क्रमदीश्वर २, ४२ मे इसके अतिरिक्त **दहन** भी जोड़ता है, जिसके लिए वह और मार्क० यह ध्वनि-परिवर्तन आवश्यक मानते हैं, जब कि हेच० १, २१७ मे बताता है कि **दशन, दष्ट, दग्ध** और **दाह** मे यह परिवर्तन इच्छानुसार किया जा सकता है, किंतु साथ ही यह भी कहता है कि धातुओं मे नित्य **द** का **ड** कर दिया जाना चाहिए। जै०महा० में **डसइ** रूप मिलता है (आव० एर्त्से० ४२, १३) किंतु अ०माग० में **दसमाण** रूप पाया जाता है (ऊपर के ग्रन्थ में इसकी तुलना कीजिए), **दसन्तु** भी देखा जाता है (आयार० १, ८, ३, ४) ; महा० मे **डड्ढ** (डाल) रूप है और महा० और जै० महा० में **दड्ढ** भी आया है (रावण० ; कालका०) ; महा०, अ०माग० तथा जै० महा० मे **डक्क** रूप भी चलता है (§ ५६६) ; अ०मा० में **संडास = संदंश** (उत्तर० ५९३) है; **उड्डस** रूप भी मिलता है (= खटमल : देशी० १, ९६), **उड्डास** भी है (= संताप : देशी० १, ९९) ; किंतु अ०माग० और जै०शौर० मे **दंस = दंश** (आयार० २, २, ३, २८ ; ओव० ; कत्तिगे० ४०१,३५३) है; ढक्की में **दड्ढ** रूप आया है (मृच्छ० ३९, ८) ; महा० में **दसण** रूप भी प्रचलित है (गउड०) और वररुचि १२, ३१ के अनुसार शौर० में सर्वत्र यही रूप होना चाहिए और स्वय

मूल धातु भी आरंभिक वर्ण में दत्य ध्वनि ज्यों का त्यों बनाये रहता है : शौर० में **दसणादसणि** रूप आया है (लटक० ७, ६), **दंसदि** मिलता है (शकु० १६०, १), **दड्ढ** और **दंसिद** रूप पाये जाते हैं (मालवि० ५३, १७ ; ५४, ६)। इसी प्रकार का रूप **दाढा** = **दंष्ट्रा** है (§ ७६)।—दह् से महा० रूप **डहइ** बनता है (हाल), जै०महा० में **डहे** पाया जाता है (एर्त्से० ३८, १८), अ०माग० में **डहअ** रूप चलता है (सूय० ५९६), **डहेज्जा** भी आया है (दस० ६३४, ५), **डहिज्जा** रूप भी चलता है (सूय० ७८३) ; महा० मे **डहिऊण** रूप है (हाल ; रावण०) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **डज्झइ** चलता है (हेच० ४, २४६ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, २, ३, ५ ; १, २, ४, २ और १; ३, ३, २ ; सूय० २७३ ; उत्तर० २८२ और २८४), महा० मे **डज्झसि** और **डज्झसु** भी काम में आये हैं (हाल), महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **डज्झन्ति** भी देखने में आता है (गउड० ; पण्हा० ३८१ ; द्वार० ४८९, २६), महा० मे **डज्झिहिसि** भविष्यकालवाचक मिलता है (हाल) ; इसी के लिए जै०महा० मे **डज्झिहिइ** रूप है (आव० एर्त्से० ३२, ३५) ; जै०महा० में **डज्झए** रूप भी देखा जाता है (द्वार० ४९८, २२) ; अ०माग० मे **डज्झंतु** (पण्हा० १२७) है ; महा० और अ०माग० **डज्झंत** आया है (गउड० ; रावण० ; कर्पूर० ८७, ९ ; जीवा० ५९१ ; पण्हा० ६३ ; पण्णव० ९९ ; नायाध० ; कप्प०), जै० महा० मे **डज्झिन्ती** रूप है (द्वार० ४९९, २३) ; अ०माग० और जै०महा० मे **डज्झमाण** है (सूय० २७० ; २८६ ; पण्हा० ५९ और २१७ ; उत्तर० ४४६ ; द्वार० ४९८, २५), **डज्झमाणी** रूप भी मिलता है (उत्तर० २८४ ; द्वार० ४९८, २८ ; ४९९, ७) ; अ०माग० मे **विडज्झमाण** रूप भी आया है (आयार० १,६,४,१) ; **अडज्झ** भी है (ठाणंग० १४६); महा० में **डड्ढ** पाया जाता है (हाल ; रावण०) किन्तु केवल रावणवहो ३, ४८ मे **उड्ढ्अ** रूप आया है। इस ग्रन्थ मे स्वय अन्यत्र यह रूप नहीं है और ग्रन्थ भर मे सर्वत्र ही **दड्ढ** मिलता है जो अ०माग० और जै०महा० मे भी पाया जाता है (चंड० ३, १६ ; सूय० २८८ और ७८३ ; पण्हा० १७६ ; पण्णव० ८४८ ; विवाह० १३ ; १६; ६१७ ; आव० एर्त्से० ९, १६ और २० ; ११, १३ और १५; द्वार० ४९९, २१ और २२ ; ५००, १६ ; ५०१, ३४), महा० मे उक्त ग्रन्थों को छोड़ रावणवहो मे केवल ७, ५२ मे यह रूप है। इस सम्बन्ध में क्रमदीश्वर २, १७ की भी तुलना कीजिए। महा० मे मूर्धन्यीकरण का प्राबल्य इतना अधिक है कि ऊपर दिये गये उद्धरणों के साथ-साथ रावणवहो १५, ५८ में भी **डहिउं** पढा जाना चाहिए[1] यद्यपि जै०महा० मे **दहिउं** रूप भी मिलता है (एर्त्से० २४, २५)। समासो मे दत्य वर्णों का बोलबाला दिखाई देता है : **विदड्ढ** (क्रम० २,१७) ; महा० **विअड्ढ**=**विदग्ध** (गउड०; हाल ; अनर्घ० २०, ३) है ; जै०महा० मे **निद्दहइ** रूप भी मिलता (एर्त्से० ३,१७) है, अ०माग० मे **निद्दहेज्जा** रूप देखने मे आता है (उत्तर० ३६३), जै०महा० में **निद्दड्ढ** रूप भी पाया जाता है (द्वार० ५०४, ? और १०) ; अ०माग० मे **समादहमाण** आया है (आयार० १, ८, २, १४) ; **दड्ढ** को छोड़ अन्यत्र इसका प्रमाण

अनिश्चित है, जैसे **दड्ढिज्जइ** रूप (हेच० ४,२४६), अ०माग० **दज्झमाण** (विवाह० १३ ; १६ ; ६१७) है, इस रूप पर इसके पास ही आनेवाले रूप **दड्ढ** का यथेष्ट प्रभाव पड़ा है, जैसे जै०महा० में **दड्ढ** (एर्त्से० ३,१८) पर इससे पहले आनेवाले **निड्ढड्ढ** (एर्त्से० ३, १७) का प्रभाव पड़ा है। शौर० में दंत्य वर्ण सदा ज्यों के त्यों बने रहते हैं, हां कभी-कभी उनमें ह-कार जुड़ जाता है (§ २१२) : **दहिदुं** (शकु० ७२, १२) ; **दड्ढ = दग्ध** (अनर्घ० १५०, ४ ; पाठ में **दड्ढ*** रूप है ; किन्तु इसके कलकतिया संस्करण ३९,२ से भी तुलना कीजिए) है; **विअड्ढ = विदग्ध** (मालती० ७६, ६ ; २५०, ३ ; हास्या० २५, ८ और २२ ; ३१, १७) । **दह्** धातु से जो रूप निकलते है उनमें मूर्धन्यीकरण हो जाता है, उदाहरणार्थ, महा० और अ०माग० में **डाह** (पाइय० ४६ ; हाल ; आयार० २, १०, १७), महा० और जै०महा० में **डहण** रूप पाया जाता है (पाइय० ६ ; गउड० ; एर्त्से०), इसके साथ-साथ जै०महा० में **दहण** (एर्त्से० ; कालका०) भी मिलता है। इस प्रकार का एक रूप **डड्ढाडी** (=वनआग; दावानल; दवमार्ग : देशी० ४,८) है जो **दग्ध + वाटी** (=मार्ग) (क्या यह रूप दग्धावली और दग्धावलि से व्युत्पन्न नहीं हो सकता ? — अनु०) से निकला है, इसमें § १६७ के अनुसार संधि हो गयी है। नीचे दिये गये शब्दों में द् के स्थान पर ड आ गया है : जै०महा० में **डंड = दंड** (वर० २, ३५ ; चंड० ३, १६ ; हेच० १, २१७ ; क्रम० २, ४२ ; मार्क० पन्ना १८ ; आव०एर्त्से० ४७, २६ और उसके बाद) है, इसके साथ-साथ सभी प्राकृत भाषाओं में **दंड** भी चलता है (उदाहरणार्थ, महा० में : गउड० ; हाल ; रावण० ; अ०माग० में : आयार० १, ८, १, ७ [इसमें **डंड** पाठ है] ; १, ८, १, ८ ; १, ८, ३, ७ और १० ; उवास० ; ओव० ; नायाध० ; जै०महा० में : एर्त्से० ; कालका० ; जै०शौर० में : कत्तिगे० ४०१, ३४५ और उसके बाद ; शौर० में : वर० १२, ३१ ; मृच्छ० ४१, ६ ; १५५, ५ ; शकु० १२५, १ ; १३०, ४ ; मालवि० ७१, ६ ; ७८, ७ ; प्रबोध० ४, ३ ; माग० में : मृच्छ० १५४, १० ; १५५, ५) ; **डब्भ = दर्भ** (हेच० १, २१७) है, इसके साथ-साथ महा० और अ०माग० में **दब्भ** रूप भी है (गउड० ; शकु० ८५, २ ; उवास०), **डम्भ** और इसके साथ-साथ **दम्भ = दम्भ** (हेच० १, २१७) है, **डंभिअ=दाम्भिक** (= जुआरी ; कितव : देशी० ४,८), इसी **दंभ=डम्भ** से सम्बन्ध रखता है ; अ०माग० और जै०महा० में **डहर = दहर** (= शिशु : देशी० ४, ८ ; पाइय० ५८ ; आयार० २, ११, १८ ; सूय० १०० ; ११३ ; ४७२ ; ५१५ ; अत० ५५ ; दस० ६२३, २० ; ६३३, २८ ; ३२ और ३५ ; ६३६, १४ ; ६३७, ७ ; आव० एर्त्से० ४२, १६) ; **डोला = दोला** (सब व्याकरणकार; देशी० ४, ११ ; पाइय० २३२) है, इसके साथ महा० और शौर० में **दोला** (वर० १२, ३१ ; हेच० ; मार्क० ; गउड० ; कर्पूर० २३, ५ ; ५४, १० ; ५५, ४ ; ५७, २ ; ५ और ७ ; मालवि० ३२, १२ ; ३४, १२ ; ३९, ७ और १५ ; ४०, ५ ; कर्पूर० ५४, ५; ५८, १ ; विद्ध० ११७, १), महा० में **डोलाइअ = दोलायित** (हाल ९६६ की

* हिन्दी में दग्धाक्षर = दड्ढच्छर इसी प्रक्रिया का फल है। —अनु०

टीका) हैं, इसके साथ-साथ शौर० में **दोलाअमाण** रूप मिलता है (मृच्छ० ६८,१४); **डोल** (= आँख [यह शब्द आंख के लिए मराठी में चलता है। —अनु०] : देशी० ४, ९ ; त्रिवि० १, ३, १०५), **डोलिअ** (= कृष्णसार मृग : देशी० ४,१२)[१] भी इन्हीं शब्दों से सम्बन्ध रखते है ; अ०माग० और जै०महा० **डोहल=दोहद** (हेच० १,२१७; मार्क० पन्ना १८; नायाध०; एर्से०), इसके साथ साथ महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में साधारणतया प्रचलित रूप **दोहळ** है (वर० २,१२; हेच० १, २१७; मार्क० पन्ना १८; हाल; रावण०; विवाग० ११६; नायाध०; कप्प०; निरया०; एर्से० ; मालवि० ३०, १३ ; ३४, १३ ; ३६, २ ; ४०, ६ ; ४८, १४ ; कर्पूर० २०, २ और ६ ; ६४, ९ ; ६६, १ ; रत्ना० २९७, ३२), महा० और शौर० **दोहळअ = दोहलक** (हाल ; कर्पूर० ६२, ९ ; विद्ध० १२१, ५ ; रत्ना० ३००, १७) है। इस सबध मे § २४४ और ४३६ की भी तुलना कीजिए। अ०माग० मे नीचे दिये गये धातुओं के द्वि-कार का आरभिक वर्ण **द्** के स्थान पर **ड** हो जाता है : **आडहइ = आदधाति** (ओव० § ४४), **आडहन्ति = आदधति** (सूय० २८६)[१]। इस सबध मे § २२३ और ५०० की तुलना कीजिए। 'भय' के अर्थ मे **दर** शब्द का रूप **डर** हो जाता है (हेच० १, २१७), जैसा 'डरने' या 'भय से कांपने' के अर्थ मे **दरति** का **डरइ** रूप बन जाता है (हेच० ४, १९८)[४] ; इसके विपरीत 'थोडा','नाममात्र' और 'आधा' के अर्थ मे **दर** प्राकृत मे भी **दर** ही रह जाता है (महा०, जै०महा० और शौर० के लिए—हेच० १, २१७ ; २ , २१५ ; देशी० ५, ३३ ; पाइय० २१२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ४६, १४ ; ५६, ७ ; ६६. ११ ; एर्से० ; मालती ११८, ५ ; उत्तर० १२५, ४ ; चड० १६, १६ ; विद्ध० ११७, ४ ; १२६, ३)। रावणवहो ६, ५६ मे भय के लिए जो **दर** रूप आया है, उसका कारण **दर** और **कन्दर** का तुक मिलाकर छंद की सुदरता बढ़ाना है। शब्द के भीतर के **द** का नीचे दिये गये शब्दों मे **ड** हो गया है : **कदन** का प्राकृत रूप **कडण** और इसके साथ-साथ **कअण** हो गया है (हेच० १, २१७ [मेरे पास पूना के, भडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट द्वारा सन् १९३६ ई० मे प्रकाशित और स्व० शंकर पाडुरग पडित एम० ए० तथा पी० एल० वैद्य एम० ए०, डी० लिट्० द्वारा संपादित जो सस्करण इस ग्रथ का है उसमे **कअण** रूप नहीं है, अपितु **कयण** मिलता है। —अनु०]) ; महा० मे **खुडिअ** और शौर० रूप **खुडिद=*क्षुदित = क्षुण्ण**, महा० रूप **उक्खुडिअ = *उत्क्षुदित** (§ ५६८) ; अ०माग० **तुडिय = *तुदित** (§ २५८) ; माग० **हडक्क = हृदक** (§ १९४) है। **सडइ** रूप हेच० ४, २१९ के अनुसार **सद्** से बना है और वर० ८, ५१ तथा क्रम० ४, ४६ के अनुसार **शद्** से निकला है। संभवत: इसका संबंध **शट्** से करना चाहिए जिसकी पुष्टि अ० माग० रूप **पडिसाडेंत्ति** और **पडिसाडित्ता** (आयार० २, १५,१८) हैं तथा जै० महा० **पडिसडण** (कालका० २६८, २२) हैं[१]।

१. गो० गे० आ० १८८०, पेज १८७। रावणवहो पेज १२२, नोटसंख्या ५ में एस० गौल्दश्मित्त ने अशुद्ध मत दिया है क्योंकि उसने यह विचार नहीं

किया कि प्राकृत बोलियों में क्या-क्या भिन्नता मिलती है। — २. बे० बाइ० ६, ८९ में पिशल का मत। — ३. से० बु० ई० ४५, २८३ में याकोबी ने टीकाकारों के साथ एकमत होकर जो बताया है कि यह रूप दह् (= जलना) धातु से निकला है, वह अशुद्ध है। — ४. हेच० १, २१७ और ४, १९८ पर पिशल की टीका। — ५. हेच० ४, २१९ से यह मत अधिक शुद्ध लगता है।

§ २१५—महा० **ढंख** और अ०माग० **ढंक** तथा **ढिंक** = पाली **ढंक** = संस्कृत **ध्वांक्ष** है एवं **ढेंकी** = **ध्वांक्षी** में शब्द का पहला वर्ण **ध**, **ढ** में बदल गया है। अ०माग० **निसढ** और **णिसढ** = **निषध** (हेच० १, २२६ ; मार्क० पन्ना १७ ; ठाणंग० ७२ ; ७५ ; १७६ ; सम० १९ ; १६१ ; १६२ ; जीवा० ५८३ ; नायाध० ६६८ ; निरया० ७९ और उसके बाद ; पण्हा० २४३ ; राय० १७७) हैं, किंतु साथ ही **निसह** रूप भी काम में आया है (सूय० ३१३) ; **ओसढ** रूप मिलता है (हेच० १, २२७ ; क्रम० २, १ ; मार्क० पन्ना १७), इसके साथ-साथ महा०, अ०माग० ; जै०महा०, जै०शौर० और शौर० में **ओसह** रूप भी चलता है (चंड० २, ८ ; हेच० १, २२७ ; हाल ; विवाह० ५१६ ; उत्तर० ६०२ और ९१८ ; सूय० ७७१ ; उवास० ; ओव० ; एर्से० ; कत्तिगे० ४०२, ३६२ ; मालवि० २६, १५) और शौर० में **ओसध** रूप भी पाया जाता है जो **लद्धोसध** में वर्तमान है (शकु० ५६, १६) = **औषध** है। प्रेरणार्थक रूप **आढवइ**, **विढवइ**, **आढप्पइ**, **आढवीअइ**, **विढप्पइ** और **विढविज्जइ**[1] (§ २८६) और भूतकालसूचक धातु के रूप जैसे, महा०, अ०माग० और जै०महा० रूप **आढत्त**, महा० रूप **समाढत्त**, महा०, जै०महा० और शौर० में **विढत्त** तथा अप० में **विढत्तउँ** में शब्द के भीतर मूर्धन्यीकरण हो गया है। हेमचन्द्र २, १३८ के अनुसार **आढत्त** रूप जो **आरब्ध**[2] से निकला बताया गया है, भाषाशास्त्र की दृष्टि से असंभव है। **आढिय** (= इष्ट ; धनी ; आढ्य; सावधान ; दृढ : हेच० १, १४३ ; देशी० १,७४), जै०महा० रूप **आढिय** (आव० एर्से० ४३, २५) = ***आधित** = **आहित**, **ह** धातु से नहीं किंतु **धा** धातु से निकले हैं। मूर्धन्यीकरण के विषय में अ०माग० **सड्ढा** = **श्रद्धा**, **सड्ढ** = **श्राद्ध** और **सड्ढि** = **श्रद्धिन्** (§ ३३३) और अ०माग० रूप **आडहइ** और **आडहंति** की भी तुलना कीजिए (§ २२२)।

१. अपने ग्रंथ बाइत्रैगे पेज ५७ में ए० म्युलर भूल से आराधति से आढाइ रूप की व्युत्पत्ति बताता है और उवासगदसाओ के अनुवाद की नोट-संख्या १०६ में होएर्नले उक्त प्राकृत रूप को अर्धयति अथवा आर्धयति से व्युत्पन्न करता है, यह भी अशुद्ध है। — २. ए० म्युलर-कृत बाइत्रैगे, पेज ५७ ; वेबर द्वारा संपादित हाल ग्रंथ में आढत्त शब्द देखिए : ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ५१२ नोट देखिए ; एस० गौल्दश्मित्त द्वारा संपादित रावणवहो में रभ् शब्द देखिए और त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २९, ४९४ में भी यही शब्द देखिए। कू० त्सा० ३८, २५३ में याकोबी द्वारा प्रतिपादित मत अशुद्ध है।

§ २१६—पल्लव और विजयबुद्धवर्मन् के दानपत्रों, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, पै० और चू०पै० को छोड़ अन्य सब प्राकृत भाषाओं में **न**, शब्दों के आरम्भिक और मध्यस्थ (भीतर आये हुए) वर्णों में **ण** रूप ग्रहण कर लेता है (वर० २, ४२ ; हेच० १, २२८ ; क्रम० २, १०६ ; मार्क० पन्ना १८) : महा० में **न=ण** ; **णअण = नयन** (गउड० ; हाल ; रावण०)[१] ; **णलिणी = नलिनी** ; **णासन = नाशन** (रावण०) ; **णिहण = निधन** (गउड०; रावण०) ; **णिहाण=निधान; णिहुअण=निधुवन** (हाल) और **णूणं** (हाल), **णूण** (गउड० ; रावण०) = **नूनम्** हैं। यही नियम शौर०, माग०, ढक्की, आव०, दाक्षि० और अप० के लिए भी लागू है। अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में विशुद्ध **न** शब्दों के आरम्भ में और द्वित्व **न** (= **न्न** । —अनु०) शब्दों के मध्य में ज्यों के त्यों बने रहते हैं। क्रम० २, १०७ में शब्द के आरम्भ में मुख्यतया **न** लिखने की आज्ञा देता है : **णई** अथवा **नई = नदी** है। ताड़पत्र में लिखी हस्तलिपियों में स्वयं अ०माग० और जै०महा० में साधारणतया **ण** लिखा पाया जाता है और कक्कुक शिलालेखों में सर्वत्र ही **ण** का प्रयोग पाया जाता है, जब कि कागज में लिखी हस्तलिपियां शब्द के आरम्भ में और बहुधा दत्य **न** के द्वि-कार (= **न्न** ।— अनु०) को भी बनाये रखती हैं[२]। अव्यय **णं = नूनम्** में सदा **ण** लिखा जाता है, इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार होता है कि **न** मूल में शब्द के भीतर था और **णं** पादपूरणार्थ है (§ १५०)। जैन लोग इस लिपिपद्धति को अन्य प्राकृत बोलियों के काम में भी लाते हैं जिससे वे कभी-कभी मूल से महा० में भी काम में लाते हैं, उदाहरणार्थ गउडवहो में हस्तलिखित प्रतियों की नकल पर प्रकाशकों ने यही रूप ज्यों का त्यों रहने दिया है। अशुद्ध पाठों के आधार पर ही हेमचन्द्र ने १, १२८ में बताया है कि अ०माग० में भी शब्द के मध्य में आया हुआ विशुद्ध **न** कभी कभी वैसा ही बना रह गया है, जैसा **आरनाल**, **अनिल** और **अनल** में। शिलालेखों में शौर० रूप **नोमालिए = नवमालिके** (ललित० ५६०, ९ और १७ ; इसमें २१ में उक्त रूप के साथ साथ **णोमालिए** रूप भी पाया जाता है) और अ०माग० **निज्झल = निर्झर** (५६६, ९) है, जब कि ५६१, २ में **निरंतर** रूप आया है और ५६७, १ में **निअ** मिलता है, वास्तव में ये **न** वाले रूप छापे की भूलें हैं[१]। पल्लवदानपत्रों में केवल एक **मद्देन** रूप को छोड़ कर (६, ४०) **न** का विभक्ति के रूप में सर्वत्र मूर्धन्यीकरण हो गया है : **पल्लवाण** मिलता है (५, २), **वत्थवाण=वास्तव्यानाम्** (६, ८), **बम्हणाणं = ब्राह्मणानाम्** (६, ८ ; २७ ; ३० और ३८), **कातूणं=*कृत्वानम्** (६, १० और २९), **नातूणं=ज्ञात्वानम्** (६,३०) है, **लिखितेण** (७,५१) भी है, इसके अतिरिक्त शब्द के भीतर का विशुद्ध **न** आंशिक रूप में बना रहता है, जैसे **सेनापति** (५, ३), **वधनिके=*वर्धनिकान्** (६, ९), **अनेक** (६, १०), **-प्पदायिनो = प्रदायिनः** (६, ११), **साताहनि** (६, २७), **विनेसि** (६, ३१), आंशिक रूप में **न** का **ण** हो जाता है जैसे, **मणुसाण = मनुष्याणाम्** (५, ७), **दाणि = इदानीम्** (५, ७), **अप्पणो* =**

* यह अप्पण हिंदी अपना का आदि प्राकृत रूप है। इसका रूप **आपणो** कुमाउनी में वर्तमान है। —अनु०

आत्मानः (६, ८), **सासणस्स = शासनस्य** (६, १०), **निवतणं = निवर्तनम्** (६, ३८), **अणु = अनु** (७, ४५) हैं । इसके विपरीत, शब्द के आरम्भ में और शब्द के भीतर का द्वित्व **न** सदा बना रहता है : **नेयिके=नैयिकान्** (५, ६), **कुमारनंदि** (६, १७), **नंदिजस=नंदिजस्य** (६, २१), **नागनंदिस=नागनन्दिनः** (६, २५), **निवतणं=निवर्तनम्** (६, ३८), **संधिनयिक** (६, ३२), **निगहु=निग्रह** (७, ४१), **नराधमो** (७, ४७), **अन्ने = अन्यान्** (५, ७ ; ७, ४३) हैं । इस प्रकार शिलालेख में **ज्ञ** से व्युत्पन्न तथा सरलीकृत गौण अनुनासिक में भी भेद किया गया है : **आणतं = आज्ञप्तम्** (७,४९) है, क्योंकि यहा **ज्ञ** शब्द के भीतर माना गया है, इसके साथ-साथ **नातूणं = *ज्ञात्वानम्** आया है (६, ३९), तात्पर्य यह है कि शिलालेख अंतिम दो बातों में साधारणतः बाद की जैन हस्तलिखित प्रतियो की लिपिपद्धति से मिलते जुलते हैं[४] । यही परिपाटी विजयबुद्धवर्मन के दानपत्रों में देखी जाती है : **पल्लवाणं** (१०१, २), **नारायणस्स** (१०१, ८), **वद्धनीयं** (१०१, ८), **कातूण** (१०१, ९), **नातूण** (१०१,१० ; एपिग्राफिका इण्डिका १, २ नोट संख्या २ की भी तुलना कीजिए) आये हैं । पै० और चू०पै० मे सर्वत्र **न** ही रह जाता है । पै० में : **धन** और **मतन = धन** और **मदन**, **सतन = सदन**,**वतनक = वदनक**, **चिन्तयमानी=चिन्तयमाना**, **गन्तून=*गन्त्वान**, **नत्थून=नष्ट्वान** आदि-आदि हैं, इनके अतिरिक्त **सिनान = स्नान**, **सिनात = स्नात**, **सुनुसा = स्नुषा** हैं ; चू०पै० में : **मतन = मदन**, **तनु तनु** ही रह गया है, **नकर = नगर** है आदि-आदि (वर० ४, ७ और १३ ; हेच० ४, ३०४ ; ३०७ ; ३१० ; ३१२ ; ३१३ ; ३१४ ; ३२५ ; ३२८ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की टीका मे नमिसाधु का मत ।

१. § १८६ की नोट संख्या १ की तुलना कीजिए । —२. लौयमान द्वारा संपादित आवश्यक एर्त्सेलुंगन, पेज ६, नोटसंख्या ४ । हस्तलिपियों के लिपिभेद के विषय में वेबर द्वारा संपादित भगवती १, ४०२ और उसके बाद देखिए ; ए. म्युलर कृत बाइत्रैगे, पेज २९ और उसके बाद ; त्सा. डे. डौ. मौ. गे. ३४, १८१ में याकोबी का कथन जिसके अनुसार ठीक सबसे पुरानी हस्तलिपियों में ण कम नहीं पाया जाता ; स्टाइनटाल कृत स्पेसिमेन का पेज ३ । —३. ना. गे. वि. गो. १८९४, ४८० में स्टेन कोनो का लेख । —४. एपिग्राफिका इण्डिका १, ३ में ब्यूलर ने अशुद्ध विचार प्रकट किये हैं ।

§ २१७—संस्कृत के मूर्धन्य वर्ण बहुत ही कम और केवल कुछ बोलियों में दंत्य वर्णों मे परिणत होते हैं । पै० में **ट्टु** का **तु** होता है (हेच० ४, ३११) ; इसमें **कुतुम्बक** और **कुटुम्बक** दो रूप पाये जाते है । पै० और चू०पै० मे **ण** का **न** बन जाता है । पै० मे **गुनगनयुत्त = गुणगणयुक्त** ; **गुनेन = गुणेन** ; **तलुनी = तरुणी**; **विसान = विषाण** और **गहून = ग्रहण** (वर० १०, ५ ; चंड० ३, ३८ ; हेच० ४, ३०६ ; ३०९ और ३१३ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) है; चू०पै० में : **मक्कन = मार्गण**, **पनय = प्रणय**, **नखतप्पनेसुं =**

नखदर्पणेषु और **पातुक्खेपेन** = **पादोत्क्षेपेण** (हेच० ४, ३२५ और ३२६) हैं। वाग्भटालंकार २, १२ पर सिंहदेवगणिन् की टीका में बताया गया है कि माग० में भी **ण** का **न** हो जाता है : **तलुन** = **तरुण** है। सिंहदेवगणिन् ने माग० को पै० के साथ बदल दिया है। पै० और चू०पै० को छोड़ अन्य प्राकृत भाषाओं की हस्तलिखित प्रतियों के **ण्ण** के स्थान पर अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० हस्तलिखित प्रतियां मानो **न्न** के स्थान पर (§ २२४) बहुधा **न्न** ही लिखती है : **निसन्न** = **निषण्ण**, **पडिपुन्न** = **प्रतिपूर्ण**, और **वन्न** = **वर्ण** ; गौण **ण्ण** मे भी यह परिवर्तन होता है जैसे, **अन्न** = महा० और शौर० **अण्ण** = संस्कृत **अन्य** आदि-आदि।

§ २१८—यदि व्याकरणकार ठीक बताते हों, और उत्तर भारत की हस्तलिपिया उनके साथ बिलकुल मिलती जुलती हैं, तो मूर्धन्य वर्ण बहुत विस्तार के साथ दंत्य वर्ण में परिवर्तित हो जाने चाहिए क्योंकि उनके बताये हुए नियम के अनुसार **ट**, **ड** और **ण** का परिवर्तन **ल** मे हो जाता है (वर० २, २२ और २३ ; चण्ड० ३, २१ ; हेच० १, १९७ ; १९८ ; २०२ ; २०३ ; क्रम० २, १२ और १३ ; मार्क० पन्ना १६)। किंतु **ल** के स्थान पर सर्वत्र, जैसा ऐसे अवसरो पर पाली[1] मे भी होता है, **ळ** लिखा जाता है। उत्तरी भारत की हस्तलिपिया इस **ळ** और अनुनासिक (§ १७९) को इतना कम जानती हैं कि वे ऐसे स्थलों मे भी जैसे हेमचन्द्र ४,३०८, जिसमें बताया गया है कि पै० मे **ल** के स्थान पर **ळ** हो जाता है, वहां भी इस **ळ** का प्रयोग नहीं करते[2]। त्रिविक्रम की ग्रंथ-हस्तलिपिया ऐसे स्थलो पर ३, २, ४८ (हस्तलिपि बी ३९) सर्वत्र **ळ** लिखती हैं परंतु हेमचन्द्र १, १९७ और २०२ मे, जो त्रिविक्रम से मिलते-जुलते सूत्र हैं, उनके उदाहरणो मे भी कुछ अपवाद छोड़कर, जो लेखक की भूलें हैं, **ल** लिखा गया है। इसका कारण है लेखको का एक नियम का पालन न करना और इस विषय पर निश्चित नीति का अनुसरण न करना[3]। उक्त उदाहरणो मे अपवाद छोड कर सर्वत्र **ळ** लिखा गया है। ग्रन्थ-प्रदर्शनी के संस्करण मे सर्वत्र **ल** का ही प्रयोग है। त्रिविक्रम के अपने ही सूत्र १, ३, २४ की यही दशा है : उसमे आया है **टोर् वडिशादौ लः**। हस्तलिखित प्रतियों का पाठ और छपे संस्करणों में मेल नहीं है, भिन्नता पायी जाती है; उदाहरणार्थ, हेमचन्द्र १, २०२ मे है, **कीलइ** = **क्रीडति** किंतु त्रिविक्रम १, ३, ३० मे हस्तलिखित प्रति ए मे **कीलइ** है और बी में **कीळइ**। शकुन्तला १५५, १ में (बंगला और नागरी हस्तलिखित प्रतियों मे) है, **कीलणअं** = **क्रीडनकम्** और १५५, १२ मे आया है, **कीलिदशं** अथवा अशुद्ध रूप **कीलिस्सं** = **क्रीडिष्यामि**। दक्षिणी भारत की हस्तलिपियों मे से ग्रंथहस्तलिपि **एल**[4] में **कीळणिज्जं** = **क्रीडनीयम्** है, किंतु साथ ही इसमे **कीलिस्सं** रूप भी मिलता है। तेलगू हस्तलिपि एफ० में **किलनिज्जं** और **कीलिस्सं** रूप पाये जाते हैं। पूना के संस्करण में **कीळणं** रूप आया है किंतु साथ ही **कीलिस्सं** भी है। मलयालम हस्तलिपि बी में **किलणीयं** रूप देखने मे आता है, किंतु इसके साथ ही **कीलिस्सं** रूप है। मद्रास में १८७४ मे छपे तेलगू संस्करण के पेज ३०४ में **कीळणीअअ** रूप छपा है और पेज ३०५ मे **कीळइस्सं** रूप है। विक्रमोर्वशी ४१,७; ५२,९ के **कीडिस्सं**, **कीलमाणा**

के स्थान पर दक्षिण भारतीय संस्करण के ६४३, १ ; ६५०, १७ में **कीळिस्सं**, **कीळमाणा** रूप आये हैं; और ३१, १७ के **कीलापव्वदपेरन्ते** = **क्रीडापर्वतपर्यन्ते** के स्थान पर ६३६, १७ में **कीळापव्वते** = **क्रीडापर्वते** मिलता है। लंदन के इंडिया ऑफिस की तेलगू हस्तलिपि में मालविकाग्निमित्र ६०, ११ में **कीलिस्सं** रूप मिलता है। माल्तीमाधव १४२, १ के **कीलणाद्दो** के स्थान पर तेल्गू संस्करण १२३, ८ में **कीळणाद्दो** रूप छपा है आदि-आदि। अन्य शब्दों की भी यही दशा है। दक्षिण भारतीय पाठों में अधिकांश में ळ है जिसे वे उन शब्दों में काम में लाते हैं जहां पर संस्कृत में **ण** आता है अर्थात् वे उदाहरणार्थ **तरळ**, **मराळ**, **सरळ** आदि रूप लिखते हैं। भट्टिप्रोलु शिलालेख एक ए[5] में **फाळिग** रूप आया है जो = **स्फाटिक** है, जब कि पल्लवदानपत्र में **पिला=पीडा** (६, ४०) है; इस स्थान पर **पीळा** अपेक्षित है[6]। पाली के समान ही प्राकृत में भी **ट** और **ड** के लिए **ळ** का व्यवहार किया जाना चाहिए। इसका अर्थ यह हुआ कि यहां वर्ण-वर्ग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जब हेमचन्द्र के अभिधानचिन्तामणि २५८ (बोएटलिक द्वारा संपादित संस्करण का पेज ३२२) की टीका, सरस्वतीकंठाभरण पेज ९८, वाग्भट, अलंकारतिलक पेज १४, साहित्यदर्पण २६१, ११ में बताया गया है कि **ड** और **ल** एक समान हैं, इनमें भेद नहीं है और कालिदास ने रघुवंश ९, ३६ में **भुजलताम्** और **जडताम्** का तुक या मेल ठीक समझा है (इस संबंध में मल्लिनाथ **डलयोर् अभेदः** कहता है), तो इसका स्पष्टीकरण इसी तथ्य द्वारा होता है कि उत्तरभारत की पूर्वमध्यकालीन संस्कृत की लिपि और उच्चारण से ळ लुप्त हो चुका था। इससे नवीन भारतीय भाषाओं के विरुद्ध कुछ प्रमाणित नहीं होता केवल प्राकृत[7] के रूप पर प्रकाश पड़ता है। इस संबंध में § २३८ और २४० की तुलना कीजिए।

१. ए० कून कृत बाइत्रैगे पेज ३६ और उसके बाद ए० म्युलर कृत सिम्पलिफाइड ग्रैमर पेज २७। — २. इस नियम पर सिंहराजगणिन् की टीका में उसकी आलोचनात्मक टिप्पणियां। — ३. इस प्रकार, उदाहरणार्थ, १, ३, ३० में ए हस्तलिपि में **वलहामुहं** है, बी में **वळहामुहं** रूप है; ए में **गलुलो** है; बी में **गरुळो = गरुडः**; ए में **तलाअं**, बी में **तळाअं = तडाकं** है; १, ३, २७ में ए में **वलिसं** तथा बी में **बळिसं = बडिशम्** है आदि-आदि। — ४. हस्तलिपियों की पहचान के लिए उनके नाम-विभाग के विषय में गा० गे० वि० गो० १८७३, १९० और उसके बाद का पेज देखिए। — ५. एपिग्राफिका इंडिका २, ३२४। — ६. शिलालेखों में ळ के प्रयोग के संबंध में एपिग्राफिका इंडिका २, ३६८ में ब्यूलर का लेख; फ्लीट CII (?) ३,४,२६९। — ७. गो० गे० आ० १८७३ पेज में पिशल का मत; हेमचन्द्र १, २०२ और ४, ३२६ पर पिशल की टीका।

§ २१९—ढक्की और माग० को छोड़ अन्य प्राकृत भाषाओं में **श** और **ष**, **स** में परिणत हो जाते हैं, इसका परिणाम यह हुआ है कि अधिकांश प्राकृत भाषाओं में **श**, **ष** और **स** में से केवल **स** ध्वनि रह गयी है (वर० २, ३ ; हेच० १, २६०;

क्रम० २, १०३ ; मार्क० पन्ना १८)। पल्लवदानपत्रों में : **सिवखंधवमो = शिव-स्कन्दवर्मा** (५, २), **विसये = विषये** (५, ३), **पेसण = प्रेषण** (५, ६), **यसो = यशः** (६, ९), **सासणस्स = शासनस्य** (६, १०), **सत = शत** (६, ११), **कोसिक = कौशिक** (६, १६), **साक = शाक** (६, ३४), **विसय = विषय** (६,३५) हैं, इत्यादि। महा० में **असेस = अशेष** (गउड० ; हाल), **आसी-विस = आशीविष** (रावण०), **केस = केश** (गउड०; हाल; रावण०), **घोस = घोष** (गउड० ; हाल), **पसु = पशु** (गउड०), **मसी = मषी** (हाल ; रावण०), **महिस = महिष** (गउड० ; हाल ; रावण०), **रोस = रोष** (गउड० ; हाल ; रावण०), **सिसिर = शिशिर** (गउड०; हाल; रावण०), **सिसु=शिशु** (गउड०)। शौर० में : **किदविसेसआ...सोहदि = कृतविशेषका...शोभते** (मृच्छ० २,२१), **परिसीलिदासेसदेसंतरव्ववहारो=परिशीलिताशेषदेशांतरव्यवहारः** (ललित० ५६०, १९), **ससिसेहरवल्लहा = शशिशेखरवल्लभा** (ललित० ५६१, ९) और **सुस्सूसिदपुरुव्वो सुस्सूसिदव्वो = सुश्रूषितपूर्वः शुश्रूषितव्यः** (मृच्छ० ३९, २३) हैं। यही नियम अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, पै०, चू०पै०, आ०, दाक्षि० और अप० में भी लागू है।

§ २२०—ढक्की में **ष** का **स** तो हो गया है किन्तु **श** ज्यों का त्यों बना रह गया है : **एस, पसु** और **एसो = एष** (मृच्छ० ३०, १० ; ३१, ८ ; ३४, १७ ; ३५, १५ ; ३६, २३) ; **पुलिसो = पुरुषः** (मृच्छ० ३४,१२); **मूसिदो = मूषितः** (मृच्छ० ३८, १८ ; ३९, १) ; **समविसमं** और **सकलुसअं** [यहां यही पाठ पढा जाना चाहिए।] = **समविषमम्** और **सकलुषकम्** (इसी ग्रंथ में **अइकसणं = अतिकृष्णम्** है; मृच्छ० ३०,८ और ९) है; किंतु **आदंशआमि** [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए।] = **आदर्शयामि** (मृच्छ० ३४, २५) ; **जशं** [यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] = **यशः** (मृच्छ० ३०, ९) ; **दशसुवण्ण = दशसुवर्ण** (मृच्छ० २९, १५ ; ३०, १ ; ३१, ४ आदि-आदि) ; **शलणं = शरणम्** (मृच्छ० ३०, ४) ; **शुण्णु = शून्यः** (मृच्छ० ३०, ११) और **शेल = शैल** (मृच्छ० ३०, १७) है। इस सबंध मे § २५ भी देखिए।

§ २२१—जब वे असयुक्त रहते हो तो माग० में **ष**-और **स**-कार शब्द के आरंभ या मध्य में **श** का रूप धारण कर लेते है ; और सस्कृत का **श** ज्यों का त्यों बना रहता है (वर० ११, ३ ; चड० ३, ३९ ; हेच० ४, २८८ ; क्रम० ५, ८६ ; मार्क० पन्ना ७४ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका)। यह नियम उस अवस्था मे भी लागू होता है जब उक्त ध्वनिया **य, र, ल** और **व** के साथ सयुक्त होती है अथवा व्यजन-समूह अश स्वर द्वारा अलग-अलग हो गया हो या ऐसा हो गया हो कि प्राकृत के ध्वनि-नियमों के अनुसार शब्द के संयुक्त अक्षर सरल बन गये हों : **ईदिशश्श अकय्यश्श = ईदृशस्याकार्यस्य** (शकु० ११३,५); **अवशलोवशप्पणीअ = अवसरोपसर्पणीय** (शकु० ११५, १०), **केशेशु = केषेशु** (मृच्छ० १२२,२२ ; वेणी० ३५,१९) ; **दुश्शाशणश्श = दुःशासनस्य** (मृच्छ०

१२, १५ ; वेणी० ३५, १२); पुलिश = पुरुष (§ १२४) ; भूशणशद्द = भूषणशब्द (मृच्छ० १४, २३) ; महिशमहाशुल = महिषमहासुर (चंडकौ० ६८, १६) ; माणुशमंश = मानुषमांस (वेणी० ३३, ३) ; माशलाशि = माषराशि (मृच्छ० १४, १०) ; लापशि = राजर्षि (वेणी० ३४,१) ; लोशाग्गि = रोषाग्नि (मृच्छ० १२३,२); लोशामलिशपलव्वश = रोषामर्षपरवश (मल्लिका० १४३, ११) ; वलिशशद=वर्षशत (वेणी० ३३,४) ; विशकण्णआ=विषकन्या (मुद्रा० १९३, ३ ; १९४, ६) ; विशेश = विशेष (मृच्छ० ३८, १३) ; विश्शावशुश्श = *विश्वावसुष्य = विश्वावसोः (मृच्छ० ११, ९); शलिल = सलिल (मृच्छ० १३६, ११ ; १५८, १३) ; शलील = शरीर (मृच्छ० १२४, २१ ; १२७, ५ ; १४०, १० ; १५४, १० ; वेणी० ३४, १) ; शहश्श = सहस्र (§ ४४८) ; शमश्शशदु = समाश्वसितु (मृच्छ० १३०, १७) ; शमाशशीअदि = समाश्वास्यते (वेणी० ३४, १३) ; शिलशि = शिरसि (मृच्छ० ११६, १५) ; शिलिशोमेश्शलपव = श्रीसोमेश्वरदेव (ललित० ५६६, ६) ; शिविलणिवेश = शिविरनिवेश (ललित० ५६५, ६) ; शोणिदवशाशमुद्दुदुश्शंचल = शोणितवशासमुद्रदुःसंचर (वेणी० ३४, ५) और शोशावेदुम् = शोषयितुम् (मृच्छ० १४०, ९) हैं।

२. सरल व्यंजनों के सम्बन्ध में

§ २२२—**किरात** शब्द के **क** का **च** हो जाता है : महा० में **चिलाअ** रूप है (वर० २, ३३ [भाम० ने इस स्थान पर और २, ३० में **चिलाद** दिया है] ; हेच० १, १८३ ; २५४ ; क्रम० २, ३५ और ४१ ; मार्क० पन्ना १७ [**चिलाद**] ; रावण०), अ०माग० में **चिलाय** रूप मिलता है (पण्हा० ४२ ; पण्णव० ५८), स्त्रीलिंग में **चिलाई** रूप देखा जाता है (ओव०) ; **चिलाइया** भी काम में लाया जाता है (विवाह० ७९१ ; राय० २८८ ; नायाध० ; ओव०) ; इस संबंध में ऋषभपंचाशिका ३८ की टीका में आये हुए **चिलातीपुत्र** की भी तुलना कीजिए। 'शिव' के अर्थ में हेमचन्द्र और मार्कण्डेय के अनुसार **क** का **च** नहीं होता, **क** ही बना रहता है (इस विषय पर हेमचन्द्र १, १३५ में दिया गया है : **किराते चः ॥१८३॥ किराते कस्य चो भवति ॥ चिलाओ ॥ पुलिन्द एवायं विधिः । कामरूपिणि तु नेष्यते । नमिमो हर-किरायं**—अनु०)। इस प्रकार महा० में **किराअ** का व्यवहार है (गउड० ३५), मार्क० के अनुसार जाति के नाम मे भी **क** बना रहता है : **किराद** जाति के नाम के लिए आया है (बाल० १६८,२ ; कर्पूर० ९०, ८)। पाइयलच्छी २७३ मे **किराय** रूप दिया गया है। महा० **ओवास** मे **क** के स्थान में **व** बैठ गया है। यह **ओवास** = **अवकाश** (पाइय० २६१ ; गउड० ; हाल ; रावण०), इसके साथ-साथ **ओआस** रूप भी चलता है (हेच० १, १७२ ; गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० और शौर० में **अवआस** रूप पाया जाता है (हेच० १, १७२ ; गउड० ; मृच्छ० ४४, १९ ; विक्रमो० ४१, ८ ; प्रबोध० ४६, २)। जै०महा० में

अवगास आया है (एर्त्से०), अ०मा० में **अवगासिय** रूप देखने में आता है। यह = ***अवकाशिक** (उवास०) ; **ओवासइ** = अवकाशते (वर० ८, ३५, हेच० ४, १७९) ; महा० **अन्तोवास=अन्तरवकाश** (गउड० ८४८ ; § ३४३)[१]। इसके अतिरिक्त अ०माग० में **जूव=यूक** (जीवा० ३५६), इसके साथ-साथ **जूआ** और **ऊआ** रूप भी चलते हैं, अ०माग० मे **जूया** रूप भी पाया जाता है (§ ३३५); महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और अप० में **थोव = स्तोक** (हेच० २, १२५ ; गउड० ; आयार० १, २, ४, ४ ; सूय० ९५० ; ठाणंग० २३८ ; जीवा० ७९८ ; विवाह० २६ और ४२३ ; उत्तर० ३११ और ९५९ ; दस० ६२१, १३ ; जीयक० ९२ ; ओव० ; कप्प० ; आव०एर्त्से० ४१, ९ ; ४३, ३ और ५ ; द्वार० ५०४, ८ ; एर्त्से० ; कत्तिगे० ४००, ३३५ [पाठ में **थूव** रूप आया है] ; हेच० ४, ३७६, १), अ०माग० और जै०महा० में **थोवय=स्तोकक** (नायाध० ; एर्त्से०), अ०माग० में **थोवयरं** (जीयक० ९२), जै०महा० मे **थोवाथोवं** (आव० एर्त्से० ४३, ७), इनके साथ-साथ महा०, शौर० और माग० में **थोअ** रूप भी देखने मे आता है (हेच० २, ४५ और १२५ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० १०, ६ ; ३७, ५ ; शौर० में : कर्पूर० ४५, ९ ; माग० में : मृच्छ० १५७, ६), **थोक** रूप भी मिलता है (§ ९०)[२] ; अ०माग० **दिवड्ढ=द्विकार्ध** (§ ४५०) है। § १९९ के अनुसार **प** से **व** का निकलना बताया गया है, इसका प्रयोजन यह हुआ कि ओष्ठ्य और कंठ्य की अदलाबदली होती है। इस सम्बन्ध में § २३१, २६६ और १८३ की तुलना कीजिए। **पवट्ठ** = तथाकथित **प्रकोष्ठ** के विषय मे § १२९ देखिए; **चंदिमा** = तथाकथित **चंद्रिका** के विषय में § १०३ देखिए; अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, माग० और अप० में संस्कृत **क** के स्थान पर जो **ग** आता है, उसके विषय मे § १९२ और २०२ देखिए, **क** के स्थान पर जो **ख** और **ह** आते हैं उसके लिए § २०६ देखिए।

१. आस्कोली कृत क्रिटिशे स्टुडिएन पेज २१६ नोटसंख्या ३५ अशुद्ध है। —२. अन्य अवसरों की भाँति इस अवसर पर भी गो० गे० आ० १८८१, पेज १३२२ में पिशल के मत के बल पर यह बताना कि इस उदाहरण में **ह्लक** से उच्चारित किये जानेवाले (जैसे, अरबी क़ाफ, ग़ैन आदि— अनु०) **क़** से **व** निकला है, कठिन मालूम पड़ता है। कू० त्सा० २६, ११२, नोटसंख्या १ में एस० गौल्दश्मित्त भूल से यह मत देता है कि यह शब्द में छूट या विच्छेद की पूर्ति के लिए डाल दिया गया है।

§ २२३—**ओवाहइ** मे **ग**, **व** के रूप मे प्रकट होता है, इसके साथ-साथ इसका एक रूप **ओगाहइ = अवगाहते** मिलता है (हेच० ४, २०५)[१] ; अ० माग० मे **जुवल = युगल** (विवाह० ९६२), **जुवलय=युगलक** (विवाह० ८२), **जुवलिय=युगलित** (विवाह० ४१ ; ओव०) हैं ; § २८६ में **जुप्पइ** रूप की भी इस संबंध मे तुलना कीजिए ; अ०माग० में **तळाव=तडाग** (विवाह ६१० ; उवास०), इसके साथ साथ अ०माग० और जै०महा० में **तळाग** रूप भी चलता है (आयार० २, ३, ३, २ ; पण्हा० ३१ ; २४६ ; ४३७ और ५२० ; पण्णव०

८४ ; उत्तर० ८८४ ; ओव० ; आव० एर्त्से० ११, ४४ और ४५ ; एर्त्से०), अ० माग० में **तळाय** रूप भी पाया जाता है (ओव०), **तडाग** भी पाया जाता है (आयार० २, १, २, ३) ; महा० में **तळाअ** रूप है (वर० २, २३ ; चंड० ३, २१ पेज ५० ; हेच० १, २०२ ; क्रम० २, १३ ; मार्क० पन्ना १६ ; गउड० ; हाल); शौर० में **तडाग** आया है (मृच्छ० ३७, २३ ; १५१, १५) ; महा० **दूहव=दुर्भग** (हेच० १, ११५ ; १९२ ; कर्पूर० ८६, २) और इस रूप की नकल पर उ स्वर को दीर्घ करके **सूहव = सुभग** रूप भी चलता है (हेच० १, ११३ और १९२) । अ० माग० और जै०महा० रूप **अगड = अवट** में व के स्थान पर ग आ बैठा है (आयार० २, १, २, ३ ; ओव० ; एर्त्से०), इसके साथ साथ **अयड** रूप भी पाया जाता है (देशी० १, १८ ; पाइय० १३०) और इसका साधारण प्रचलित रूप **अवड** चलता ही है ; अ०माग० **णिण्हग = *नैन्हव**[1] (= नास्तिक : ओव० § १२२), इसके साथ-साथ अ० माग० में **निण्हवेँज्ज** भी देखने में आता है (आयार० १, ५, ३, १), **निण्हवे** भी है (दस० ६३१, ३१), **अनिण्हवमाण** भी चलता है (नायाध० § ८३) ; इस संबंध में § ४७३ भी देखिए ; अ०माग० **अण्हग = आस्रव** (पण्हा० ३२४), इसके साथ-साथ **अण्हय** रूप भी काम में आता है (आयार० २, ४, १, ६ ; पण्हा० ७ ; ओव०)[2], **पण्हय = प्रस्रव** (विवाह० ७९४) है ; अ० माग० में **महाणुभाग = महानुभाव** (भग०; ओव०)[3] है । § २५४ में अ०माग० रूप **परियाग** और **नियाग** की भी तुलना कीजिए ।—महा० में **पुण्णाम = पुंनाग** (हेच० १, १९० ; रावण०) इसके साथ-साथ अ०माग० में **पुन्नाग** का भी प्रचलन है (आयार० २, १०, २१ ; नायाध० ६९९ [यहा **पुण्णाग** पाठ आया है]), शौर० में **पुण्णाअ** रूप है (मल्लिका० ११६, ९) और **भामिणी = भागिनी** (हेच० १, १९०), इसके साथ-साथ महा० और शौर० में **मन्दभाइणी** रूप भी मिलता है (हाल ; मृच्छ० २२,२५ ; १२०,६ ; १७०,३ और २५ ; विक्रमो० ८४, २१ तथा अन्य अनेक स्थलों पर), ये उस रूप-विकास की गति की सूचना देते हैं जो **पुण्णाग**, ***पुण्णाव** और **पुण्णाम** के क्रम से चला (§ २६१)[4] । संस्कृत में जो **पुंनामन्** शब्द आया है वह प्राकृत से लिया गया है ।— यह माना जाता है कि **छाल = छाग** और **छाली=छागी** (हेच० १, १९१) ; ये रूप § १६५ के अनुसार **छागल** और **छागली** से व्युत्पन्न हुए हैं । माग० रूप **छेलिआ** के स्थान पर (लटक० १२, १४) **छालिआ** पढ़ा जाना चाहिए । शौर० में **छागला** रूप है (मृच्छ० १७, १५) । ग के स्थान पर घ आने के सम्बन्ध में § २०९ देखिए । § २३० की तुलना कीजिए ।

१. आस्कोली कृत क्रिटिशे स्टुडिएन पेज १२६ की नोटसंख्या ३५ अशुद्ध है।—२. ऐसा नहीं, पढ़ = निह्नव (लौयमान द्वारा संपादित औपपातिक सूत्र में यह शब्द देखिए), वहां यह शब्द रखा जाना चाहिए । § ८४ के अनुसार ऐ के स्थान पर इ आ गया है । —३. लौयमान के औपपातिक सूत्र में अशुद्ध है । —४. लौयमान के औपपातिक सूत्र में यह रूप शुद्ध है, इस पुस्तक में अणुभाग शब्द देखिए । भगवती २,२९० में वेबर का ध्यान संस्कृत अनुभाग

की ओर गया है। मैं यह नहीं समझ पाया कि लौयमान के औपपातिक सूत्र में पूसमाणग=पुष्यमानव की समानता क्यों बतायी गयी है। ओववाइयसुत्त § ५५ में पूसमाणग से पहले जो वर्धमाणग रूप आया है उससे यह संभव-सा लगता है कि यह शब्द पुष्यमाण + क होगा। लौयमान के मत के अनुसार इसमें व की विच्युति किसी प्रकार नहीं मानी जा सकती। —५. एस० गौल्द-श्मित्त कृत प्राकृतिका के पेज १५ की तुलना कीजिए; रावणवहो की शब्द-सूची, पेज १७२ अ, नोटसंख्या १, किन्तु इसमें भूल से यह बताया गया है कि व का शब्द में आगमन बीच में छूट का स्थान भरने के लिए हुआ है। इस संबंध में § २३० की नोटसंख्या २ की तुलना कीजिए।

§ २२४—अ०माग० रूप **आउण्टन** हेमचन्द्र १, १७७ के अनुसार = **आकुञ्चन** नहीं माना जाना चाहिए परन्तु यह = ***आकुण्टन** है, जो धातुपाठ २८, ७३ के **कुट** कौटिल्ये धातु से बना है और जो धातुपाठ ९, ३७ के **कुटि** वैकल्ये के समान है। तात्पर्य यह कि उक्त रूप वर्तमानवाचक **आकुण्ट** से बनाया गया है जो अ०माग० रूप **आउण्टिय** और **आउण्टेज्जा** में पाया जाता है (विवाह० ११५१ और ११५२)[1]। इसी धातुमे संस्कृत शब्द **कुटिल**, प्राकृत रूप **कुडिल्ल** और **कुडिल्लअ** (= कुटिलः देशी० २,४० ; पाइय० १५५) है, **कोडिल्ल** (= पिशुन : देशी० २, ४०) और **कुण्टी** (= पोटली : देशी० २, ३४) निकले हैं।—हेमचन्द्र १, १९३ के अनुसार **खसिअ=खचित** है, किन्तु अधिक सम्भव है कि यह रूप हेमचन्द्र १, १८१ के अनुसार = **कसित** हो ; इस सम्बन्ध मे § २०६ की तुलना कीजिए।—अ०माग० मे **पिसल्ल** (पण्हा० ७९), **सपिसल्लग** (पण्हा० ५२५) जिन रूपों को हेमचन्द्र १, १९३ में = **पिशाच** मानता है, ये § १५०, १६५ और १९४ के अनुसार = **पिशाचालय** के होने चाहिए। नियम के अनुसार **पिशाच** महा० और शौर० रूप **पिसाअ** का का मूल रूप होना चाहिए (हाल ; प्रबोध० ४६, २ ; मुद्रा० १८६, ४ [यहा **पिशाच** रूप मिलता है] ; १९१, ५ [यहां भी **पिसाच** आया है]), अ०माग० और जै०महा० रूप **पिसाय** (ठाणग० ९० ; १३८ ; २२९ ; पण्हा० १७२ ; २३० ; ३१२; उवास० ; ओव० ; एत्सें०) है।

१. **आउंट्टावेमि** (? ; नायाध० ६०३, टीका में **आउंटावेमि** रूप है), **आउंटेह** और **आउंटेहि** (? ; नायाध० ६०५) अशुद्ध रूप हैं, इनके स्थान पर क्रमशः **आउट्टावेमि**, **आउट्टेह** और **आउट्टेन्ति** रूप आने चाहिए, जैसा कि **आउट्टइ** रूप (ठाणंग० १५२ ; सूय० ४०३), **आउट्टामो** (आयार० २, १, ३, २) और **आउटिसए** (कप्प० एस० § ४९) में आये हैं, इसके दूसरे इसी प्रकार के रूप **विउट्टामि** (विवाह० ६१४), **विउट्टण** (सूय० ४७६) मिलते हैं। ये रूप **वृत्** धातु से सम्बन्ध रखते हैं।

§ २२५—शब्द के आरम्भ में छ अपरिवर्तित बना रहता है। शब्द के मध्य में यह संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी च्छ रूप ग्रहण कर लेता है। अनुनासिक स्वरों और अनुनासिक के बाद यह ज्यों का त्यों बना रहता है, भले ही यह मौलिक हो

अथवा गौण। इस रीति से महा० छुछ (गउड०; हाल); छवि (गउड० ; रावण०); छाआ=छाया (गउड० ; हाल ; रावण०); छेअ = छेद (गउड० ; हाल ; रावण०); इच्छइ = इच्छति (हाल ; रावण०) ; उच्छंग = उत्संग (गउड० ; हाल ; रावण०); गच्छइ = गच्छति (हाल) ; पुच्छइ = पृच्छति (रावण०) ; मुच्छा = मूर्छा (रावण०) ; पिंछ=पिच्छ, पुंछ = पुच्छ (§ ७४) और पुच्छइ= प्रोञ्छति (हेच० ४, १०५) हैं। माग० को छोड़ अन्य प्राकृत भाषाओं में भी यही नियम लागू होता है : अ०माग० में मिलक्खु और इसके साथ-साथ मिलिच्छ रूप पाया जाता है, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० में मे च्छ और अ०माग० रूप मिच्छ = म्लेच्छ (§ ८४ ; १०५ और १३६) है, इन सब की व्युत्पत्ति इन सब के मूल रूप *म्लश्क[1] से स्पष्ट हो जाती है। माग० मे मौलिक और गौण च्छ का श्च रूप हो जाता है (हेच० ४, २९५ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) : इश्चीअदि = *इच्छयते = इष्यते (शकु० १०८, ६) ; गश्च=गच्छ (हेच० ; ललित० ५६६, १८ ; शकु० ११५, ४); गश्चम्ह = गच्छाम (शकु० ११८, ७) ; पुश्चन्दे = पृच्छन् (ललित० ५६५,२०) हैं; मश्च रूप साधारण प्राकृत शब्द मच्छ से निकला है = मत्स्य (मृच्छ० ११, ११ और १२ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; शकु० ११४, २ और ९) है, मश्चली (= मछली : शकु० ११८, २) = गुजराती माछली, हिंदी मछली और सिन्धि मछिरे[2] ; आवण्ण-वश्चल = आपन्नवत्सल, पिश्चिल = पिच्छिल (हेच० ; नमिसाधु) ; उश्चलदि= उच्छलति, तिलिश्चि पे स्कदि = महा० तिरिच्छि पेच्छइ = तिर्यक् प्रेक्षते, पुश्चदि = पृच्छति (हेच० ४, २९५) हैं; यीवन्तवश्च = जीवद्वत्सा (हेच० ४, ३०२) है। छपे ग्रंथों के पाठों में अधिकांश में च्छ छपा है किंतु हस्तलिपियों में इस नियम के चिह्न स्पष्ट पाये जाते हैं। इस प्रकार गच्छशि, गच्छ (मृच्छ० २०, १४) के लिए कुछ हस्तलिपियों में गश्चसि रूप लिखा हुआ पाया जाता है, गश्छसि, गश्च रूप भी लिखे मिलते हैं ; मच्छाशिका के स्थान पर (मृच्छ० १०, २३) स्टेन्त्सलर द्वारा संपादित मृच्छकटिक पेज २४१ में पृथ्वीधर ने मश्चाशिका रूप दिया है ; गच्छ (मृच्छ० १३२, १६) के स्थान पर गश्च और गश्श रूप मिलते हैं ; आअच्छामि (मृच्छ० १३२, १७) के लिए आअश्चामि और अअश्चामि रूप आये हैं, आग-च्छदि (मृच्छ० १३३, ८) के लिए आगश्चदि, आगश्छदि रूप लिखे है आदि-आदि[3]। निम्नलिखित शब्दों में आरंभ का वर्ण ज्यों का त्यों बना रह जाता है : छः छाल (हेच० ४,२९५), छाआ = छाया (मुद्रा० २६७,२)। छेदअ शब्द का छ जो गंठिछेदअ = ग्रंथिछेदक में आया है, शब्द का आरंभिक वर्ण माना जाना चाहिए (शकु० ११५, ४ और १२)। रावणवहो का इछेदुआ आभास देता है कि इस छेदअ का रूप भी संभवतः श्चेदअ रहा हो। इस संबंध में § ३२७ भी देखिए।

१. ए० कून का कू० त्सा० २५, ३२७ में लेख। —२. शकुंतला पेज १९९ में पिशल की नोटसंख्या १। —३. गो० गे० आ० १८८१, पेज १३१९ में पिशल का मत।

§ २२६—**अञ्ज्** धातु और उससे निकले उपसर्गवाले नाना रूपों में नाना प्राकृत बोलियों में ज के स्थान पर इस ज का प्राचीन और मूल वर्ण ग बना रह गया अ०माग० **अब्भंगेइ** (आयार० २, २, ३, ८ ; २, १५, २०), **अब्भंगेज्ज** = अभ्यङ्ज्यात्, टीका में लिखा गया है = अभ्यंग्यात् (आयार० २, २, १, ८), **अब्भंगेत्ता** = *अभ्यङ्जित्वा (आयार० २, ६, १, ९ ; ठाणंग० १२६), **अब्भंगावेइ** = अभ्यङ्जयति (विवाग० २३५ ; पाठ में **अब्भिगावेइ** है) ; जै०महा० में **अब्भंगिज्जइ** = अभ्यज्यध्वे (एर्त्से० ५९, ३०) हैं, **अब्भंगिउं** रूप भी मिलता है (एर्त्से० ५७, १०) ; अ०माग० और जै०महा० में **अब्भंगिय** रूप पाया जाता है (ओव० [यहा **अब्भिगिय** पाठ है] ; कप्प० ; नायाध० [यहाँ भी पाठ में **अब्भिगिय** है] ; एर्त्से०) ; उक्त दोनो प्राकृतों मे **अब्भंगण** = अभ्यङ्जन रूप भी देखा जाता है (उवास०; ओव० ; कप्प०, एर्त्से०) ; माग० मे **अब्भंगिद** = अभ्यक्त (मृच्छ० ६९, ७) है ; अ०माग० में **निरंगण** रूप आया है (ओव०), इसके विपरीत महा० मे **निरंजन** रूप व्यवहार में आता है (गउड० ; हाल) । स्वयं संस्कृत शब्द अभ्यङ्ग = अ०माग० रूप **अब्भंग** मे कण्ठ्य वर्ण आया है (ओव०) । सूय० २४८ में **मुहुम्मिजाए** छापा गया है । इस साधारण धातु और उससे निकले सब प्राकृतों के नाना रूपों में केवल ज आता है ।—अ०माग० रूप **ओमुग्गनिमुग्गिय** जिसका संस्कृत रूप टीकाकार ने मज्जनोन्मज्जन देकर इस शब्द की व्याख्या की है = *अवमग्ननिमग्नित ठीक जैसे **उम्मग्गा** और **उम्मुग्गा** = *उन्मग्ना (§ १०४) हैं ।

§ २२७—हेमचन्द्र ४, २२९ में बताता है कि सृज् धातु के ज का र हो जाता है । उसने अपने प्रमाण मे उदाहरण दिये हैं : **निसिरइ**, **वोसिरइ** और **वोसिरामि** = व्यवसृजति और व्यवसृजामि, ये रूप अ०माग० और जै०महा० मे बार-बार पाये जाते हैं । इस प्रकार अ०माग० रूप **निसिरामि** (आयार० २,१,१०, ७) मिलता है, **निसिरइ** देखा जाता है (पण्णव० ३८४ और उसके बाद; विवाह० १२० और उसके बाद ; २१२ ; २५४ ; १२१७ और १२७१ ; नायाध०), **निसिरामो** आया है (आयार० २, १, ९, १ ; २, २, २, १०), **निसिरिंति** काम में आया है (सूय० ६८०), **निसिरेज्जा** (आयार० २, १, १०, १ ; २, ५, २, ३ ; २, ६, १, ११ ; सूय० ६८२ ; ठाणग० ५९० [यहां पाठ मे **निसिरिज्जा** रूप आया है]) भी देखा जाता है, **निसिराहि** (आयार० २, १, १०, १) भी चलता है, **निसिर** देखने मे आता है (दस० ६३२, २८), **निसिरंत** का प्रयोग भी है (सूय० ६८०), **निसिरित्ता*** (= निकल करके : विवाह० १२५१), **निसिरिज्जमाण** (विवाह० १२२), **निसिरावेन्ति** (सूय० ६८०) रूप हैं, संज्ञा-रूप **निसिरण*** (दस० नि० ६५८, ३३) मिलते हैं । अ०माग० मे **वोसिराम** रूप पाया जाता है (आयार० पेज १३२, २ ; १३३, ६ ; १३४, ३ ; १३६, ५ ; नायाध० ११६५ ; विवाह० १७३ ; दस० ६१४, १९ ; ६१६, २० ; ओव०) ; जै०महा० में **वोसिरइ**

* यह रूप कुमाउनी बोली में आज भी निकलना और हटने के अर्थ मे काम में आता है । इससे पिशल की पुष्टि होती है कि यह सृ धातु से व्युत्पन्न है । —अनु०

रूप है (एर्त्से० ५०, ३७) ; अ०माग० में **वोसिरें ज्जा** भी है (आयार० २, १०, १ और उसके बाद), **वोसिरे** (आयार० १, ७, ८, २२ ; सूय० २१४ ; उत्तर० ७३७ और ९२३ ; दस० ६१९, १४) ; जै०महा० में **वोसिरिय** रूप आया है (आव० एर्त्से० ११, १९ ; एर्त्से० ५०, ३६) ; अ०माग० में **विओसिरे** भी चलता है (आयार० २, १६, १) । इन सब रूपों की व्युत्पत्ति **सृज्**[1] धातु से बताना असंभव है । अ०माग० और जै०महा० रूप **समोसरिय = समवसृत** (विवाग० १५१ ; उवास० § २ ; ९, ७५ और १८९ ; निरया० § ३ ; आव० एर्त्से० ३१, २२ ; इस संबंध में § ५६५ की भी तुलना कीजिए) और इसके साथ साथ बार बार आनेवाला रूप **समोसढ = समवसृष्ट** (§ ६७), इसके अतिरिक्त अ०माग० **समोसरें ज्जा, समोसरिउकाम** (ओव०) तथा **समोसरण** (भग० ; ओव०) यह प्रमाणित करते हैं कि अ०माग० और जै०महा० में **सृज्** और **सृ** धातु आपस में मिलकर एक हो गये हैं । **सृ** से **सरइ = सरति** रूप बना जिसका अर्थ 'जाना' और 'चलना' होता है किन्तु **सिरइ = सरति** का अर्थ है 'किसी को चलाना', 'छोड़ देना' आदि । इन धातुओं के आपस में मिल जाने का प्रमाण अ०माग० रूप **निसिरिज्जमाण** और इसके पास में ही **निसिट्ठ** (विवाह० १२२) और **निसिरइ** (विवाह० २५४) के पास ही **निसिट्ठ** रूप (विवाह० २५७) आने से भी मिलता है ।

१. ए० म्युलर कृत बाइत्रैगे पेज ६५ ; लौयमान द्वारा सम्पादित औपपातिक सूत्र में वोसिर और विओसम्मा रूप देखिये ; याकोबी द्वारा सम्पादित औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन में वोसिरइ शब्द देखिए ।

§ २३६—माग० में **ज** का **य** हो जाता है (वर० ११, ४ ; हेच० ४, २९२; क्रम० ५, ९० ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) : **याणिदव्वं = ज्ञातव्यम्, याणिश्शम्ह = ज्ञास्यामः, या [णे] = जाने, याणिय्यदि = ज्ञायते, याणिदं = ज्ञातम्, यम्पिदेन = जल्पितेन** (ललित० ५६५, ७; ९ ; १३; ५६६, १ ; ८ ; १२) रूप मिलते हैं ; **याणादि = जानाति** (हेच० ; नमिसाधु); **यणवद = जनपद** (हेच०; नमिसाधु) ; **यलहल = जलधर** (हेच० ४,२९६) हैं ; **यायदे = जायते, याआ = जाआ** रूप देखने में आते हैं (हेच०) । नाटकों की हस्तलिपिया, नाममात्र के अपवाद छोड़कर माग० में केवल **ज** लिखती हैं क्योंकि नवीन भारतीय भाषाओं में बहुधा **य** और **ज** आपसे घुलमिल कर एक हो गये है[1] । यह वास्तवमे प्रतिलिपि लिखनेवालों की भूल है,[2] क्योंकि व्याकरणकारों के मतानुसार सर्वत्र **य** बैठाया जाना चाहिए, जैसा कि हमने इस व्याकरण में किया है । इस नियम के अनुसार हमें, उदाहरणार्थ **जाल** (शकु० ११४, २) के स्थान पर हस्तलिपि आर के साथ **याल** लिखना चाहिए, **जमदग्गि** (मृच्छ० १२, १२) के लिए **यमदग्गि, जीअदि** (मृच्छ १२, २०) के स्थान पर **यीअदि, जस्सामाशि** की जगह (वेणी० ३४, १८) **याणासि, जोइस** के लिए (मुद्रा० १७७, ४) **योइश = ज्योतिष, जिण** के बदले (प्रबोध० ४६, १२) **यिण, जणेहिं अस्मस्लल**-(चंड० ४२, ११)

के स्थान पर **यणेहिं यम्मन्तल = जनैर् जन्मान्तर**— आदि-आदि रूप लिखे जाने चाहिए। शब्द के भीतर यदि **ज** स्वरों के बीच मे आये तो § १८६ के अनुसार उसकी विच्युति हो जाती है अर्थात् वह उड़ जाता है। नीचे दिये गये उदाहरणों मे ठीक वैसे ही जैसे **ज** के स्थान पर **य** लिखा जाना चाहिए **ज्झ** (= **झ**) के स्थान पर **य्ह** लिखा जाना चाहिए : **झणणज्झणन्त** (मृच्छ० ११, ६) के स्थान पर **य्हणणय्हणंत**, **झत्ति = झटिति** (मृच्छ० २९, २१ ; ११४, २१ ; १६८, १९) के लिए **य्हत्ति** रूप आना चाहिए और संयुक्त व्यजनो मे जैसे कि **निज्झल = निर्झर** (ललित० ५६६, ९) के स्थान पर **णिय्हल** रूप रखा जाना चाहिए, **उज्झिअ = उज्झित्वा** (मुद्रा० १७८, ६ ; हेच० ४, ३०२ मे भी इस जगह पर **ज्झ** है) का **उय्हिअ** रूप लिखा जाना चाहिए। इस सम्बन्ध मे § २१७ और २८० की तुलना कीजिए।— पल्लव और विजयबुद्धवर्मा के दानपत्रो मे जहा नियम से **ज** रहना चाहिए (§ १८९) वहा भी **य** लिखा गया है, पल्लवदानपत्रो मे : **भारद्दायो, भारदाय°** और **भारदायस = भारद्वाजः, भारद्वाज** और **भारद्वाजस्य** (५, २ ; ६, १६ और १९) रूप हैं ; विजयबुद्धवर्मा के दानपत्रों मे : **भारद्दायस्स** मिलता है (१०१, २ ; इस सम्बन्ध मे एपिग्राफिका इंडिका १, २ की नोटसख्या २ की तुलना कीजिए)। § २५३ की भी तुलना कीजिए।—वर० ८, ४३ ; हेच० ४, २२७ ; क्रम० ५, ४६ के अनुसार **उव्विवइ = उद्विजते** है ; अधिक सभावना यह है कि यह = ***उद्विपते** = **उद्वेपते** है तथा इसी प्रकार **उव्वेव = उद्वेग** (हेच० ४, २२७) नहीं है अपितु = ***उद्वेप** जो **विप् वेपते** से निकला है। अ०माग० **मुरव = मुरज** के विषय मे § २५४ देखिए।

१. बीम्स कृत कम्पैरेटिव ग्रैमर १, § २३ ; होएर्नले : कम्पैरेटिव ग्रैमर § १७।—२. यह तथ्य लास्सन ने अपने ग्रंथ इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए में के § १५४, ३ में पहले ही शुद्ध रूप से लिख दिया था। § २३ की तुलना कीजिए।

§ २३७— चू०पै० मे **राजन्** शब्द की रूपावलि में जब कि § १३३ के अनुसार ध्वनिसमूह **ज्ञ** स्वरभक्ति द्वारा अपने भागो मे बँट जाता है और § १९१ के अनुसार (नोटसख्या १ की तुलना कीजिए) **चिञ** रूप ग्रहण कर लेता है तो स्वतन्त्र **ञ** पाया जाता है : **राचिञा** और **राचिञो = राज्ञा** तथा **राज्ञः** (हेच० ४, ३०४ ; § ३९९) है। भाम० १०,१२ मे दत्य **न** के साथ **राचिना, राचिनो** और **राचिनि** रूप दिये गये है। **ञ** अप० मे भी मिलता है ; **बुञइ = *ब्रज्ञाति = ब्रजति** ; कर्तृके-सूचक रूप **बुञेप्पि** और **बुञेप्पिणु** (हेच० ४, ३९२) = माग० **वञ्ञदि** (§ ४८८) हैं।

§ २३८—महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **ट्** का **ड्** बन जाता है, **ड** नहीं; **ट** का **ळ** हो जाता है : **फळिह = स्फटिक** है, अ०माग० में इसका रूप **फालिय = स्फाटिक** मिलता है (§ २०६) ; महा० मे **फडिह** रूप देखने में आता है (रावण० में यह शब्द देखिए, इसके अधिक शुद्ध पाठ सी में **फलिह** आया

है), शौर० में **फडिअ** रूप (§ २०६) संभवतः अशुद्ध है। —**फालेइ** (= फाड़ना ; चीर-फाड़ करना) हेमचंद्र १, १९८ के अनुसार **पट्** धातु से व्युत्पन्न है, किंतु यह व्युत्पत्ति अशुद्ध है, यह रूप **फल्** , **स्फल्** धातु से निकला है। —**चपेटा** से महा० और अ०माग० में **चवेडा** रूप बनने के अतिरिक्त (हेच० १, १४६ ; हाल ; उत्तर० ५९६) **चविडा** और **चविळा** रूप भी निकलते हैं (हेच० १, १४६ और १९८)। इस संबंध में § ८० की तुलना कीजिए। बोली के हिसाब से भी **ट** का **ळ** मे परिवर्तन हो जाता है, इस **ळ** के स्थान पर उत्तर भारतीय हस्तलिपियाँ **ल** लिखती हैं (§ २२६)। इस नियम से महा० और अ०माग० में **कक्कोळ = कर्कोट** (गउड० ; पण्हा० ५२७); अ०माग० मे **कळित्त = कटित्र** (ओव० § १०) ; अ०माग० मे **खेळ** (=कीचड़; कर्दम) = **खेट** (आयार० २,१,५,२,२,१,७ ; ठाणंग० ४८३ ; पण्हा० ३४३ और ५०५ ; अंत० २३ ; विवाह० १६४ ; उत्तर० ७३४ ; कप्प०), **खेळेइ = खेटयति** (विवाह० ११२) है; अ०माग० मे **पिळाग = पिटक** (सूय० २०८) ; **यूळक = जूटक** (मृच्छ० १३६, १५) हैं; माग० में **शअळ=शकट** (मृच्छ० १२२, १०), इसके साथ-साथ शौर० में **सअडिआ=शकटिका** हैं, अ०माग० में **सगड*** रूप मिलता है, बोली के हिसाब से **सअढ** रूप भी है (§ २०७)। पिंगल के अप० में यह ध्वनि-परिवर्तन विशेष रूप से अति अधिक पाया जाता हैं : **णिअळ=निकट** (१,१२७ अ; १२९ अ ; २, ८४) ; **पअळ=प्रकट** (१,७२ ; २,९७ और २७२) ; **पअळिअ= प्रकटित** (२, २६४) ; **फुळ=स्फुट** (२, ४८); **फुळे=स्फुटति**, इस स्थान पर इसका आशय **स्फुटन्ति** से है (२, २३०) ; **मक्कळ = मर्कट** (१,९१ और ९९); **वहुळिआ = वधूटिका** (२, ८४)। **बलमोळिअ=बलमोटित** (१, १४० अ) के साथ साथ **मोळिअ = मोटितः** (२, ११२) भी मिलता है जो **मोडिआ** पढा जाना चाहिए अथवा उससे तुक मिलाने के लिए आये हुए **छोडिआ** (एस० गौल्दश्मित्त **छोडिआ** के स्थान पर यह रूप देता है) के लिए **छोळिआ = छोटितः** होना चाहिए। रावणवहो० १०, ६४ मे महा० मे **बलामोली** रूप आया है ; किंतु इस ग्रन्थ मे ही **बलामोडीं** रूप भी पाया जाता है और यही रूप यहा पर पढ़ा जाना चाहिए क्योंकि **मुट्** धातु मे सदा **ड** लगता है। इस नियम से महा० में **बलमोडि** (हाल) रूप पाया जाता है ; महा०, जैमहा० और शौर० मे **बलामोडी** है (देशी० ६, ९२ ; पाइय० १७४ ; त्रिवि० २, १, ३० ; काव्यप्रकाश ७२, १० (§ ५८९ की भी तुलना कीजिए) ; कालका० २६०, ३५ ; मल्लिका० १२२, ८) ; शौर० में **बलामोडिय** रूप है जिसका अर्थ है बाराजोरी करके (मालती० ७६, ४ ; १२८, ८; २५३, ७ ; २३५, ३ ; रुक्मिणीप० १५, १३ ; २१, ६)', **पच्छामोडिअ** (शकु० १४४, ११) रूप काम में आया है ; महा० मे **आमोडन** है (गउड०) ; माग० में **मोडइश्शं** और **मोडइश्शामि** रूप मिलते हैं (मृच्छ० ११३, १ ; १२८, १४) ;

* पहियेदार छोटी अँगीठी को कुमाउनी बोली में **सगड** कहते हैं। **बलामोडी** का प्रचलन कम होने पर ब्रजभाषा में फारसी-मिश्रित **बाराजोरी** उसी अर्थ में चला। यहां बारा= बला। —अनु०

मोडेमि और **मोडिअ** (मृच्छ० १२८, २ ; १३७, १) भी चलते हैं। **आमोड** और **मोड** (= जूट ; बालों की लट : देशी० १, ६२ ; ६, ११७) भी इससे ही संबंधित हैं और शौर० **मोॅट्टिम** भी इनमें ही है (अनर्घ० १५२, ९; रुचिपति ने दिया है **मोट्टिमं बलात्कारे देशी**), **मोट्टाअइ=रमते** भी इन्हीं में है (हेच० ४, १६८) ।— **कडसी** (= श्मशान : देशी० २, ६) = ***कटशी** जो **कट** (= शव : उदाहरणार्थ विष्णुपुराण ३,१३,१०) = प्राकृत **कड** (क्षीण ; मृत ; उपरत : देशी० २,५१) है **शी** (शयन करना ; लेटना); हेमचन्द्र २,१७४ की हस्तलिपियों में इसका रूप **करसी** लिखा मिलता है, इस प्रकार **ट** का **ड** बनकर **र** वर्ण में परिवर्तित हो गया है। अ०माग० रूप **पुरभेयणी** (= नगर : उत्तर० ६१८) = पाली **पुटभेदन**[2] में यही परिवर्तन है, **ट** का **र** हो गया है। **ट** के स्थान पर **ढ** आ जाने के विषय में § २०७ देखिए।

१. गो० गे० आ० १८८०, पेज ३५१ और उसके बाद में पिशल के मतानुसार ; वेबर हाल' पेज २१० ; तथा ब्यूलर के मतानुसार जो अपने संपादित ग्रंथ पाइयलच्छी में बलामोडी के प्रथम पद को पंचमी रूप बलात् से निकालना चाहता है, बला के रूप की व्युत्पत्ति न ढूँढ़ी जानी चाहिए। इससे अधिक शुद्ध इसमें आ उपसर्ग मानना होगा, जैसे **आमोड** और **आमोडन** से प्रमाण मिलता है। —२. याकोबी ने 'सेक्रेड बुक्स औफ द ईस्ट' भाग ४५, १०२ की नोटसंख्या २ में बहुत अशुद्ध लिखा है। पुट शब्द भूल से पुत्र बन गया है (वर० १२, ५ से तुलना कीजिए) और संस्कृत रूप पाटलिपुत्र में आया है। § २९२ की तुलना कीजिए।

§ २३९—शब्द के भीतर स्वरों के बीच में **ठ** का **ढ** हो जाता है (§ १९८)। यह बोली के हिसाब से **ह** रूप बहुत ही कम ग्रहण करता है : अ०माग० और जै०महा० में **कुहाड=कुठार** (सूय० २७४ ; उत्तर० ५९६ ; तीर्थ० ६, १६ ; १७ और १८), जै०महा० में **कुहाडय** रूप भी मिलता है (तीर्थ० ७, १) ; **पिहड = पिठर** (हेच० १, २०१), अ०माग० मे **पिहडग** आया है (जीवा० २५१), **पिहडय** भी है (उवास० § १८४), इसके साथ-साथ **पिढर** रूप भी काम में आता है (हेच० १, २०१ ; पाइय० १७२), अ०माग० में **पिढरग** भी है (आयार० २,१,११,५)। **ड** और **र** के परस्पर परिवर्तन के विषय में § २४१ और २५८ देखिए।

§ २४०—**ड** जब असंयुक्त और दो स्वरों के बीच मे आया हो तो वह नियमानुसार **ळ** हो जाता है। उत्तर भारतीय हस्तलिपियाँ और छपी पुस्तकें **ळ** के स्थान पर **ल** लिखती हैं (§ २२६ ; वर० २, २३ ; चंड ३, २१ ; हेच० १, २०२ ; क्रम० २, १३ ; मार्क० पन्ना १६)। वररुचि, चंड और मार्कंडेय यह आवश्यक बताते हैं कि इस अवसर पर **ड** के स्थान पर **ळ** लिखा जाना चाहिए, भामह का मत है कि इच्छानुसार **ड** या **ळ** रखा जा सकता है और वह **दाडिम, बडिश** और **निबिड** में **ड** बने रहने देने की अनुमति देता है : **बडवामुख, गरुड, तडाग, क्रीडति** में **ळ** होना चाहिए करके बताता है, किंतु मत देता है कि **बडिश, दाडिम, गुड, नाडी,**

नड और आपीड में इच्छानुसार ळ या ड रखा जा सकता है तथा निबिड, गौड, पीडित, नीड, उडु और तडित् में ड का रहना आवश्यक मानता है। त्रिविक्रम हेमचंद्र से पूरा सहमत है और उसने इस नियम को दो भागों में बाँटा है, १, ३, २४ (बडिशादौ) और १, ३, ३०। क्रमदीश्वर ने भी त्रिविक्रम के साथ बडिशादि गण का उल्लेख किया है किन्तु इसको बडिश, निबिड और जड शब्दों में ही सीमित रखा है और बताया है कि उक्त गण में ड बना रहना चाहिए। प्राकृत बोलियों को देखने पर इस प्रकार का कोई पक्का विभाग अर्थात् बँधी सीमा नहीं है। उदाहरणार्थ आदमी अ०माग० आदि में बोलते थे **आमेळिय = आम्रेडित** (अणुओग० ३७); अ०माग० में **गवेळग = गवेडक** (ओव०); अ०माग० और जै०महा० में **गुळ = गुड** (आयार० २,१,४,५; ओव० ; एर्त्से०) है ; माग० में **गुळोदण** रूप मिलता है (मृच्छ० १६३, २०); **गुड** भी पाया जाता है (हेच० १, २०२); माग० मे **गुडाह = गुडक** (मृच्छ० ११६, २५) ; महा० और माग० में **णिअळ=निगड** (गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० १०९, १६ ; १३२, २० ; १६२, १७) ; अ०माग० में **निगड** आया है (जीवा० ३४९ ; ओव०) ; महा० रूप **णिअळिअ = निगडित** (गउड० ; रावण०) है ; जै०महा० में **नियळिय** देखने में आता है (पाइय० १९७) ; महा० में **णिअळाविय** रूप भी मिलता है (हाल) ; शौर० में **णिगळवदी** पाया जाता है (मालवि० ५१, २१)। अ०माग० में **पळय = पडक** (उत्तर० ३२,६ है; पण्णव० ३६६ और उसके बाद ; ओव०) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **गरुळ = गरुड** (हेच० १,२०२ ; पाइय० २५ ; गउड०; ठाणंग० ७१ और ८५ है; सूय० ३१७ और ७७१ ; आयार० २, १५, १२, १३ ; पण्हा० २३५ और ३११ ; विवाह० १८३ और ९६४ [यहां **गरुड** पाठ है] ; पण्णव० ९७ ; जीवा० ४८५ और ४८८ ; निरया० ; ओव० ; द्वार० ५०७, ३७) ; इसके साथ-साथ महा० में **गरुड** भी चलता है (रावण०) ; जै०महा० में **गरुडवूह** और साथ ही **गरुळत्थ** रूप मिलते हैं (एर्त्से०); शौर० मे **गरुड** है (नागा० ६६,१० ; ७१, १२ ; ९९, १), माग० में **गलुड** आया है (पाठ में **गरुड** मिलता है ; नागा० ६८, ४ और १३), अच्युतशतक २ ; २९ और ३४ में महा० में **गलुड** पाया जाता है। अ०माग० में **छळंस = षडश्र** (ठाणंग० ४९३) है, **छळंसिय** (सूय० ५९०), **छळाययण = षडायतन** (सूय० ४५६), **छळसीइ = षडशीति** (विवाह० १९९ ; समव० १४३) हैं § २११ और ४४१ की तुलना कीजिए; अ०माग० और जै०महा० **सोळस** और अप० रूप **सोळह=षोडश** (§ ४४३) है। **वडवा** (पाइय० २२६) ; महा० **वडवामुह** (रावण०), अप० रूप **वडवाणल** (हेच० ४, ३६५, २ और ४१९, ६), इसके साथ-साथ महा० **वळवामुह** और **वळआमुह** (रावण०), **वडआणल** (रावण० २, २४ ; ५, ७७) और जै०महा० **वळयामुह** हैं। शौर० **दाडिम** (भाम० २, २३ ; हेच० १, २०२; विद्ध० १५, २), महा० **दाडिमी** (गउड०) और इनके साथ-साथ अ०माग० में **दालिम** का प्रचलन था (हेच० १, २०२ ; आयार० २, १, ८, १ ; विवाह० १५३० ; पण्णव० ४८३ और ५३१ ; ओव०)। महा०, अ०माग० और जै०महा० रूप **आमेळ**, महा० **आमेलिअअ**, अ०माग० **आमेळग** और **आमे-**

ळय=*आपीड्य (§ १२२) हैं, इनके साथ-साथ **आवेड** रूप भी मिलता है (हेच० १, २०२) और शौर० मे इसका रूप **आपीड** है (मालती० २०७, ४) । अ०माग० में **तळाग** और **तळाव** तथा इसके साथ-साथ **तडाग=तडाक** (§ २३१) हैं। महा० **कीळेइ** (गउड०), अ०माग० **कीळन्ति** (राय० १३८ ; उत्तर० ५०४), **कीळए** (उत्तर० ५७०), **कीळिय** (आयार० पेज १३५, १७ ; समव० २३), जै०महा० **कीळेइ, कीळन्त-, कीळन्ती** और **कीळिऊण** (एर्से०), शौर० रूप **कीळसि** (मृच्छ० ५४, ३ ; ९५, ११), **कीळ** (मृच्छ० ९५, २३), **कीळम्ह** (रत्ना० २९३, २५), शौर०, ढक्की और माग० रूप **कीळेम्ह** (मृच्छ० ९४, १५ ; ३०, १८ ; १३१, १८), शौर० **कीळिस्सं** (विक्रमो० ४१, ७ ; ४७, ११ [इन दोनों स्थानों पर द्राविडी पाठ के साथ और उक्त ग्रन्थ के ४७, ११ के साथ **कीडिस्सं** के स्थान पर यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; मालवि० ६०, ११), **कीळिस्ससि** (मृच्छ० ९४, १९ ; ९५, १०), माग० **कीळिश्शम्** (मृच्छ० ३०, २३ ; शकु० १५५, १२), माग० और आव० **कीळिदुं** (मृच्छ० १००, २१ ; १४०,७ ; १४८, १३), शौर० रूप **कीळिद** (मृच्छ० ९५,७ ; रत्ना० २९३,२९) और **कीळमाण** (विक्रमो० ५२,९), अप० **कीळइ** (विक्रमो० ६४,५), **कीळदि** (हेच० ४, ४४२, २), **कीळन्ति** (विक्रमो० ६३,५) **क्रीड्** धातु से सम्बन्ध रखते हैं ; महा० और शौर० **कीळा = क्रीडा** ; शौर० में **कीळणअ** और अ०माग० **कीळण** तथा **कीळावण**, इनके साथ-साथ अ०माग० और जै०महा० **कीडा** तथा **किड्डा** (§ ९०), उसी प्रकार शौर० रूप **खेळदि**, अप० **खेळन्त**, अ०माग० **खेॅळ्ळावण**, जै०महा० **खेळ्ळावेऊण** और **खेळ्ळ** तथा अप० **खेळन्ति**, इनके साथ साथ अ०माग० और जै०महा० **खेड्डु**, अप० **खेॅड्डुअ, खेड्डइ**, बोलियों में इस विषय पर अनियमितता का प्रमाण देते हैं (§ ९० और २०६) । अ०माग० में **ताळेइ=ताडयति** (नायाध० १२३६ ; १३०५) **ताळेन्ति** रूप आया है (विवाह० २३६), **ताळयन्ति** मिलता है (उत्तर० ३६० और ३६५), **ताळेज्जा** (उवास० § २००), **ताळेह** (नायाध० १३०५), **ताळेमाण** (विवाग० १०२), **ताळिज्जमाण** (पण्हा० १९६), **ताळिय** (नायाध० १२३६), **ताळण** (पण्हा० ५३५ ; उत्तर० ५८२; ओव०) शकारी माग० में **ताळिअ** रूप पाया जाता है (मृच्छ० १६७, ६) ; किन्तु अन्यथा महा० और माग० मे **ताडण** आया है (गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० १, ७ ; ६५,९ ; मृच्छ० १२२, २०); महा० में **ताडिउमणा** (कर्पूर० ७०,७), **ताडिअ** मिलते हैं (रावण०) ; जै०महा० मे **ताडिय** और **ताडिज्जमाण** आये है (एर्से०) ; शौर० **ताडेदि** (मृच्छ० ७९, २२), **ताडिअ** (मृच्छ० १५५, ४), **ताडिद** (मृच्छ० ६९, २३), **ताडियिदुं** और **ताडइस्सं** (मालवि० ४४, १६ ; ६५, २०), **ताडीअदि** (मालती० २६७, ६), **ताडीअंत-, ताडीमाण** (मुद्रा० २११, ५; २१२, २ ; २०३, १) है ; माग० रूप **ताडेध** (मृच्छ० १६६, २४ ; १६९, २२), **ताडइश्शं** (मृच्छ० ८०, ५) हैं तथा माग० और आव० में **ताडिद** रूप पाया जाता है (मृच्छ० २९, ११ ; १०५, २ ; १४८, १०) । महा० और अ०माग० में

हेमचन्द्र से सर्वथा मिलता हुआ रूप **उडु** आया है (पाइय० ९६ ; कर्पूर० ३६, ३ जीवा० ३५१) ; महा० में **गउड** है (गउड०) ; अ०माग० और अप० में इसके स्थान पर **गोड** रूप चलता है (पण्हा० ४१ ; पिंगल २, ११२ ; १३८ ; § ६१ अ की तुलना कीजिए) ; महा० में **णिविड** मिलता है (गउड० ; हाल ९९६ की टीका ; कर्पूर० ४९, ११), **णिविडिय** (गउड०) है ; जै०महा० में **निबिड** है (एर्त्से०)। महा० में **णीड** और **णेडु** रूप मिलते हैं (§ ९०) । महा० और जै०महा० में **तडि** (पाइय० ९८ ; गउड० ; एर्त्से० १४, २२ ; ७१, २३) है, अ०माग० मे **तडिया** है (विवाह० ९४३), किंतु अप० में **तळि** है (विक्रमो० ५५, २) । महा० में **पीडिअ** (गउड० ; रावण०), अ०माग० और जै०महा० में **पीडिय** (पाइय० १९० ; उत्तर० ५७७ ; (एर्त्से०), शौर० **पीडिद** (मृच्छ० २२, १३ ; शकु० ११, १), इनके अतिरिक्त महा० में **णिप्पीडिअ** (रावण०), **संपीडिअ** (गउड०), **पीडि-अन्त**— (हाल ; रावण०) और **पीडण** रूप मिलते है (हाल), महा०, जै०महा० और शौर० मे **पीडा** आया है (पाइय० १६१ ; गउड०; एर्त्से० ; मृच्छ० २२,१३ ; शकु० २९, ९ ; विक्रमो० १८, ५) और शौर० में **पीडीअदि** (मृच्छ० ७२, १५) तथा **पीडेदि** मिलते हैं (विक्रमो० १६, १७) । अ०माग० में किंतु **ळ** का प्राधान्य है : **पीळिय** (उत्तर० ५९०) ; **पीळियग** (ओव०) ; **पीळेइ** (दस० ६३१,३७ ; उत्तर० ९२७ ; ९३५ ; ९४० ; ९४५ और ९५०) ; **आवीळए, पवीळए** और **निप्पीळए** है (आयार० १,४,४,१) ; **उप्पीळवेॅज्जा** रूप पाया जाता है (आयार० २,३,१,१३) ; **परिपीळेॅज्ज** (सूय० २०८) ; **ओवीळेमाण** (विवाग० १०२ ; पाठ में **उवीडेमाण** रूप है) ; **आवीळियाण** और **परिपीळियाण** (आयार० २, १, ८, १) ; **पीळा*** (पण्हा० ३९४ ; ४०२ और ४२६ ; उत्तर० ६७५) ; **संपीळा** (उत्तर० ९२६ ; ९३४ ; ९४०, ९४५ और ९५०) ; **पीळण** (पण्हा० ५३७ ; विवाह० ६१० ; उवास०) रूप देखने में आते हैं । उत्तरज्झयणसुत्त ६२० में **पीडई** रूप आया है किंतु इसके साथ ही **आविळिज्ज** भी है । पिंगल १, १४५ अ में एस० गौल्दश्मित्त के कथनानुसार **पीळिअ** पढ़ना ही ठीक है, इसकी आवश्यकता यहा पर इसलिए भी है कि **मीळिअ** के साथ इसका तुक ठीक बैठता है। अ०माग० **पडेइ** = **पडयति** में सदा **ड** आता है (विवाह० २४८), इसके ये रूप भी मिलते हैं : **पडन्ति** (विवाह० २३६), **पडेॅन्ति** (ओव०), **पडित्ता** (विवाह० २३६ और २४८) । अ०माग० **विड्डा** = **व्रीडा** (§ ९०) के साथ-साथ इस प्राकृत में एक विशेषण **विड्ड** भी है (विवाह० १२५८) ; पर टीकाकार इसे **वेड** पढ़ता है जो ठीक भी होगा और **वेळण्य** (अणुओग० ३३३) से संबंध रखता है ; यह रूप देशीनाम-माला ७, ६५ में संज्ञा रूप मे आया है (**केचित् वेळणयं लज्जेत्याहुः** । टीका में आया है । —अनु०) और बोली में **वेळूणा** हो गया है (देशी० ७, ६५) । इसका **ए** (= ॅ, अनु०) § १२२ के अनुसार स्पष्ट हो जाता है । महा० में **विडिअ** और साथ-

* यह पीळा, पीळा रूप से कुमाउनी में फोड़े के लिए आता है । बिल्ली के लिए कुमाउनी में बिराळु और स्त्रीलिंग का रूप बिराळी चलता है । —अनु०

साथ **विळिअ = व्रीडित** रूप हैं, अ०माग० में **सविळिय** मिलता है (§ ८१)। देशीनाममाला ७, ६५ में **विड्डुण** और **वेड्डुण** रूप भी दिये गये हैं।

§ २४१—महा० और शौर० **वेरुलिअ** में **ड** का **र** हो गया है, इसका अ० माग० और जै०महा० रूप **वेरुलिय = वैडूर्य** (§ ८०) है। भामह ४, ३३ में **वेलु-रिअ** रूप है जिसका **वेळुरिअ** से तात्पर्य है जैसा कि **वेलुलिअ** (देशी० ७, ७७) और **वेळुलिअ** रूप सूचित करते हैं। हेमचन्द्र २,१३३ के अनुसार **वेडुज्ज** भी है। इसके अतिरिक्त अ०माग० और जै०महा० में **बिराल = बिडाल**[1] (आयार० २, १, ५, ३ ; पण्णव० ३६७ और ३६९ ; नायाध० ३४५ ; उत्तर० ९१८ ; आव० एत्सें० ४२, २०), अप० में **बिरालअ** रूप है (पिंगल १, ६७ ; बंबइया संस्करण में **बिडालअ** पाठ है), इसका स्त्रीलिंग **बिराली** है (नंदी० ९२ ; पण्णव० ३६८ ; आव० एत्सें० ४२, ४२), अ०माग० में **बिरालिया** (सूय० ८२४) है। और एक पौधे का नाम भी **छीरबिराली = क्षीरबिडाली** (विवाह० १५३२) है, **थिरालिय** रूप भी (आयार० २, १, ८, ३) है। **बिडाल** (जीवा० ३५६) के लिए **बिराल** पढ़ा जाना चाहिए। शौर० में **बिडाल** है (मालवि० ५०, १६ ; इस ग्रंथ में **बिडाल** पाठ है ; शकु० बोएटलिंग का संस्करण ९४, ७, जहां दक्षिण भारतीय हस्तलिपियां और छपे ग्रंथ **बिडाल, बिडाळ, बिळाळ** और **बिलाळ** के बीच लटकते हैं), इसका स्त्रीलिंग **बिडाळी** है (हास्या० २५, ७), **बिडालिया** (मालवि० ६७, ९ ; इसी ग्रंथ में **बिआरिया, बिलालिआ,** और **बुडालिया** भी हैं) ; पाली में **बिळाल** और **बिळार** रूप हैं।

1. नंदीसुत्त ९२ और सूयगडंगसुत्त ८२४ के अतिरिक्त पाठों में सर्वत्र **बिडाल** मिलता है। संस्कृत के लिए एकमात्र विश्वसनीय रूप **बिडाल** है और प्राकृत के लिए भी यही मानने योग्य है।

§ २३४—सब प्राकृत बोलियों में **ढ** अपरिवर्तित रहता है : अ०माग० और जै०महा० **आढय = आढक** (ओव०, एत्सें०) ; अ०माग० **आसाढ=आषाढ** (आयार० २, १५, २ ; कप्प०) ; महा०, जै०महा० और शौर० **गाढ=गाढ** (पाइय० ९० ; गउड० ; हाल ; कर्पूर० ६४,७ ; एत्सें० ; शौर० में : कर्पूर० १५,५) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और माग० **दढ** (पाइय० ९० ; आयार० १, ६, २, २ ; सूय० १६१ और ५४४ ; मृच्छ० ६९,११ ; शकु० ११,१ ; विक्रमो० १६, १६ और ३०, ३ ; माग० में : मृच्छ० ११६, ८), जै०शौर०, शौर० और अप० **दिढ** (कत्तिगे० ४००, ३२९ ; ३३० और ३३६ ; ४०३, ३७० ; मृच्छ० ४४, ५ ; विक्रमो० १२, २० ; २२, १४ ; मल्लिका० २२५, ११ ; प्रिय० ४२, ४ ; ४३, ६ ; प्रबोध० १८, १ ; पिंगल १, ८६ अ) = **दृढ** है। महा० और जै०महा० **बाढ = बाढ** (पाइय० ९० ; गउड० ; एत्सें०) है। अप० **खलिहडउँ** के विषय में § ११० और २०७ देखिए। गौण **ढ** जो **ष्ट** से निकलता है (§ ६६, ६७ और ३०४) **ळ्ह** में परिणत हो गया है (लिखित रूप **ल्ह** पाया जाता है)। यह ध्वनि-परिवर्तन केवल नीचे दिये रूपों में ही दिखाई देता है : **कोळ्हुअ** (=सियार ; [और

कोल्हू। —अनु०]: देशी० २, ६५ ; पाइय० १५२)*कोट्ठुअ से निकला है = क्रोष्टुक[1] ; कुळ्हु रूप भी को`ळ्हु से निकला है जो = *क्रोष्ट = क्रोष्टु और इसीसे संबंध रखता है। कोळ्हाहल (= बिंबफल : देशी० २,३९) = *क्रोष्टाफल ; इसकी तुलना क्रोष्टुफल रूप से भी कीजिए। इसी प्रकार गोळ्हा = गूढा (=बिंबीफल : देशी० २, ९५) ; गोळ्हाफल = गूढफल (पाइय० २५५)[2] है।

१. गे० एस० आ० ३, ६, ११७ में लौयमान के लेख का नोट। —२. प्राकृत भाषा से प्रमाणित होता है कि बोएटलिंक की भाँति इस शब्द पर संदेह करने का कारण नहीं है, यह भी ध्यान देने योग्य है कि ढ का स्थान ळह् ले लेता है।

§ २३५—वेणु का ण ळ बन सकता है : अ०माग० में वेळु रूप है (हेच० १, २०३ ; पाइय० १४४ ; सूय० १९७ और २४८ ; पण्णव० ३३ ; राय० ३३; ८९ और १८४), इसके साथ-साथ वेणु भी चलता है (आयार० २,११,४ ; सूय० १९७ और २४८ ; विवाह० १५२६ ; पण्णव० ४०), वेणुदेव मिलता है (सूय० ३१७) ; इसी प्रकार अ०माग० में वेळुग और वेळुय = वेणुक (आयार० २, १, ८, १४ ; विवाह० १५२६ ; दस० ६२३, ४ ; पण्णव० ४३) है। क्योकि पाली में वेळु रूप है इसलिए प्राकृत में भी ळ होना चाहिए। सभव यह है कि वेणु और वेळु दोनों का मूल रूप *वेल्लु हो जो प्राकृत में व्यवहार में बहुत आनेवाले और शाखा-प्रशाखायुक्त धातु वेल्, वेल्ल् से निकला हो (§ १०७ ; [इस § में विल् धातु का उल्लेख है। —अनु०])। इसी धातु से इस शब्द के अन्य अर्थ भी निकले हैं : वेळु = चोर और 'मुसल'* (देशी० ७, ९४) का अर्थ भी उक्त धातुओं से स्पष्ट होता है ; इस संबंध में § १२९ में थूण = चोर की तुलना कीजिए।—पै० और चू०पै० में ण का न हो जाता है (§ २२५)। क्रमदीश्वर ५, १०७ और १०८ में बताता है कि ण के स्थान पर ल बैठ जाता है : फलति=भणति ; ध्वलति [?] = ध्वनति ; फलितं = भणितम् ; ध्वलितं = ध्वनितम् ; पलं = प्राकृत वणं=वनम् ; फलह [?] = भणत (५, ११३) और फलामो = भणामः (५,११४) हैं। क्रमदीश्वर ने उदाहरणों में दिए है : ककण = गगण (५, १०२) ; जजण, चचण = यजन (५,१०३) ; चलण = चरण; उसण = उष्ण ; पसण = प्रश्न तथा सिनाण=स्नान (५, १०९) है, इस प्रकार छपा संस्करण ण देता है और चूँकि बंगला लिपि की हस्तलिपियों मे ण, न और ल में बहुत ही अधिक अदला बदली हुई है, इस कारण यह मानना प्रायः ठीक ही है कि जहां-जहां ल आया है, वहां अन्य व्याकरणकारों के साथ न पढ़ा जाना चाहिए। क्रमदीश्वर ५, ११० के अनुसार पै० में ण और न, ञ भी हो जाते हैं : कञक = कनक और वञ्ञ = वर्ण।

§ २३६—कभी-कभी त और द, ल बन जाते हैं। मध्य प्रक्रिया में ट और ड का रूप धारण करके (§ २१४ और २१९) फिर ळ बन जाते हैं (§ २२६ ; २३८

* देशीनाममाला में वेळु=मुसल बताया गया है, पर इसी वेळ् धातु से वेलन भी निकला है। इस नियम के अनुसार कुमाउनी में ने=ले हो गया है। —अनु०

और २४०) ; इस ळ को उत्तर भारतीय हस्तलिपियां ल लिखती हैं, इसलिए निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि अमुक अवसर पर ल लिखना है अथवा ळ : शौर० में **अलसी = अतसी** (हेच० १, २११ ; मल्लिका० ८७,१५) ; किंतु माग० में **अयसी** रूप है (विवाह० ४१ और १५२६ ; पण्णव० ३४ और ५२६ ; उत्तर० ५९२ ; ओव०) ; अ०माग० में **आसिल = असित** (सूय० २०३) ; **पलिल** (हेच० १, २१२) और इसके साथ-साथ महा० रूप **पलिअ = पलित** (हेच० १,२१२ ; गउड० ; हाल) ; महा० **विज्जुला** = पाली **विद्युता = विद्युत** (हेच० २, १७३ ; मार्क० पन्ना ३७ ; रावण०), **विज्जुली = विद्युती** (वर० ४, २६ ; मार्क० पन्ना ३७), महा०, शौर० और अप० **विज्जुलिआ = *विद्युतिका** (हाल ५८४ ; विक्रमो० २७, १३ ; पिंगल १, १४२ अ) । वररुचि ४,९ ; हेमचन्द्र १,१५ ; क्रमदीश्वर २,१२९ और मार्कण्डेय पन्ना ३३ में बताया गया है कि **विज्जुआ** रूप महाराष्ट्री में निषिद्ध है, परंतु यह रूप हाल ५८४ में आया है और शायद शुद्ध नहीं है क्योंकि अन्यथा महा० में केवल **विज्जुला** और **विज्जु** रूप चलते हैं (गउड० ; हाल ; रावण०); शौर० में **विज्जुदा** (मृच्छ० ९१,१९ ; वेणी० ६०,१७) है ; महा० में **सालवाहण** और **सालाहण = सातवाहन** (हेच० १, ८ और २११ ; हाल ; § १६७ की भी तुलना कीजिए), परंतु जै०महा० में **सालिवाहण** के साथ साथ **सायवाहण** रूप भी है (कालका०); माग० में **शूल = सूत** (मृच्छ० ९७, ३) । —अ०माग० रूप **सलिल** (= नदी : सूय० ३१७ और ४६० ; उत्तर० ३४२ ; सम्भवतः विवाह० ८७९ में भी यही रूप है) या कोयी के मतानुसार = पाली **सरिता** = संस्कृत **सरित्** है जो ठीक नहीं है क्योंकि इनमें सदा **र** रहता है, परंतु यह संज्ञा-विशेषण रूप **सलिल** (आयार० २,१६,१० = सूय० ४६८) का स्त्रीलिंग है और संस्कृत **सलिल** से संबंध रखता है । — माग० **कळ** (मृच्छ० ११,१, ४०,४), **मळ** (मृच्छ० ११८,१४; १५ और २४; १३२,२१) में **ळ** लगाया जाना चाहिए, साथ-साथ **कड** और **मड** रूप भी चलते हैं = **कृत** और **मृत** (§ २१९) ; जै०महा० में **वाउड = व्यापृत** (कालका० ; § २१८) ; अप० में **पळइ** जो **पडइ** के लिए आया है (§ २१८) = **पतति** (पिंगल० १, ७८ ; ११६ ; १२० अ; १२३; १२५, १२५ अ; १३३ और १३५; २,६०; १३९; २०२; २३१ और २६१)।—महा० और अ०माग० **कलंब=कदंब** में **द** का **ल** हो गया है (वर० २, १२; हेच० १,२२२; क्रम० २,२०; मार्क० पन्ना १५; पाइय० २५५; गउड०; हाल०; रावण०; पण्हा० ६०; ठाणंग० ३२१), इसके साथ-साथ **कअम्ब** भी चलता है (हेच० १, २२२), अ०माग० में **कयंबग** मिलता है (नायाध० ३५४ और १०४५), **कयंबय** भी है (कप्प० ; पाठ में अशुद्ध रूप **कयंबुय** आया है ; इसी ग्रंथ में **कलंबय** आया है ; इसी ग्रंथ में **कलंबय, कलंब** और **कयंब** रूप भी हैं) ; अ०माग० **कालंब** (ठाणंग० ५०५), महा० **काअंब** (गउड० ; रावण०) = **कादम्ब** है ।—महा० में **गोळा=गोदा** (हेच० २, १७४ ; मार्क० पन्ना० ३९ ; देशी० २, १०४ ; पाइय० १३२ ; त्रिवि० १, ३, १०५ ; हाल), यह रूप स्वयं संस्कृत में ले लिया गया है[1] । त्रिविक्रम की हस्तलिपियां ळ लिखती हैं जिसे हाल का **गोळा** रूप पुष्ट करता है। महा०

और अ०माग० **णों ल्लइ** और **णुल्लइ = नुदति,** इसमें ल का जो द्वित्व हुआ है वह § १९४ के अनुसार है (वर० ८, ७ ; हेच० ४, १४३ ; क्रम० ४, ४६ ; [पाठ में **णोण्ण** रूप है] ; मार्क० पन्ना ५३) ; महा० में **णों ल्लेइ** (हाल; रावण०), **णों ल्लें न्ति** (गउड०), **णों ल्लिअ** (रावण०) और **पणोल्लिअ** (गउड० ; रावण०) रूप मिलते हैं ; अ०माग० में **णों ल्लावेंति, णोल्लाविय** (विवाह० १२८०), **पणों ल्ल** (सूय० ३६०), **विपणों ल्लए** (आयार० १,५,२,२) और **पणुल्लेमाण** रूप देखे जाते हैं (नंदी० १४६ ; टीका में **पणोल्लेमाण** रूप है) ।— जै०महा० मे **पलीवेइ = प्रदीपयति** (हेच० १, २२१ ; आव०एर्त्से० ९, १३), **पलीवेसि** और **पलीवेही** भी मिलते हैं (आव० एर्त्से० ९, १९ ; ३२, २१) ; इस प्राकृत मे **पलीवइ** रूप भी है (हेच० ४, १५२ ; मार्क० पन्ना १५ ; एर्त्से०) ; महा० में **पलीवेसि, पलीविउं** और **पलिप्पमाण** (हाल), **पलिवेइ** (रावण० ५, ६७)[४] ; महा० और अ०माग० में **पलित्त** (वर० २, १२ ; हेच० १, २२१ ; क्रम० २, २० ; हाल ; रावण० ; नायाध० १११७) ; महा० में **पलीविअ** (हाल) ; जै० महा० मे **पलीविय** (पाइय० १६ ; आव० एर्त्से० ९, १५ ; ३२,२२ और २६) रूप पाये जाते है । अ०माग० मे **आलीविय** (विवाग० २२५) ; **आलीवण = आदीपन** (देशी० १, ७१) है; जै०महा० **पलीवणग** (आव० एर्त्से० १९, ९) ; किंतु बिना उपसर्ग के महा० **दिप्पन्त**–(रावण०), **दिप्पन्ति** और **दिप्पमाण** (गउड०), अप० **दीविअ = दीपित** (विक्रमो० ६०,१९) और उपसर्ग के साथ शौर० में **उद्दीवन्ति** (मृच्छ० २, २२) और **पडिवेसी** रूप हैं (उत्तर० ८३, २ ; कलकतिया संस्करण १८३१ पेज ५५, १९ में **पलिवेसी** पाठ है) ।—अ०माग० और० जै०महा० मे **दुवालस = द्वादश** (पण्हा० ३४७ ; विवाह० १६८ ; १७३ ; २४९ और ६०८ ; उवास० ; कप्प०; एर्त्से०), **दुवालसंग** (हेच० १,२५४ ; सम० ३ ; ठाणंग० ५६९ ; सूय० ६१६ ; नंदी० ३८८ और ३९४), **दुवालसविह** भी मिलता है (विवाह० १५९ और ५२४ ; पण्णव० ३० और ३७४ ; जीवा० ४४), **दुवालसम** भी आया है (आयार० १, ८, ४, ७ ; सूय० ६९९) ।—अ०माग० और जै०महा० में **डोहळ** रूप है, महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **दोहळ = दोहद** है, महा० और शौर० में **दोहळअ** रूप है (§ २२२) जो पाली के प्रमाण के अनुसार ळ लिखा जाना चाहिए, जैसा कि माग० **हळक** (मृच्छ० ९,२५), **हळअ** (मृच्छ० १६३, २४) और इनके साथ-साथ चलनेवाला साधारण रूप **हडक** (§ १९४) सिद्ध करता है । इस सम्बन्ध मे § ४३६ की तुलना कीजिए ।—महा० **मळइ = म्रदते** (वर० ८, ५० ; हेच० ४, १२६ ; रावण०), **मळेसि** (हाल), **मळेइ** (रावण०), **मळिअ** (गउड०, हाल, रावण०), **परिमळसि** (हाल), **परिमळिअ** (हाल, रावण०), **विमळइ** (गउड०), **विमळिअ** (गउड० ; रावण०), **ओमळिअ** (रावण०), **मळण** (गउड०) तथा **परिमळण** रूप मिलते हैं (हाल); इन सब में ळ है जैसा मराठी और गुजराती में होता है[५] ।—अ०माग० में **पलिस = ईदृश, अनेलिस = अनीदृश, पलिक्ख** और **पलिक्खय = ईदृक्ष** और **ईदृक्षक** (§ १२१) ।—

सो॑ल्लइ (=वह पकाता है : हेच० ४, ९०) = **सूदयति**, इसमें **ल** का द्वित्व § १९४ के अनुसार हुआ है। अ०माग० **सो॑ल्ल** (पकाया हुआ; भूना हुआ : उवास०; निरया०), **सो॑ल्लय** (उवास०) = **सूद+न**, **सूद+न+क** (§ ५९६)[1] और वर्तमान रूप से निकला हुआ **सोलिय** = **सूदित** (ओव०) ।—**वेळूणा** रूप मिलता है जिसके साथ-साथ **वेदूणा** और **विद्दूणा** रूप भी हैं (§ २४०) ; अ०माग० में **विभेलय** = **विभेदक** (§ १२१) है।

१. बौल्लें नसेन द्वारा सम्पादित विक्रमोर्वशी २७, १३ पेज २७९ में यह शुद्ध है। हाल ५८४ की टीका में वेबर के विचार अशुद्ध हैं, वह इस स्थान पर विद्युल्लता रूप की बात सोचता है। — २. 'सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' ४५, ६८ नोटसंख्या १। याकोबी ने कुलल का स्पष्टीकरण भी अशुद्ध किया है (§ ८० देखिए)। — ३. बे० बाइ० ३, २३७ और उसके बाद में पिशल का मत। —४. एक ही पाद में **पडिवेइ** के साथ-साथ **पलित्त** भी आया है, १, ५ देखिए ; ५, ८७ में **पडित्त** रूप है, १५, ७३ में केवल **पइत्त** है। — अन्यथा **ड** वाले रूपों के उदाहरण कहीं दिखाई नहीं देते। —५. हेच० ४, १२६ पर पिशल की टीका। —६. होएर्नले उवासगदसाओ में इन शब्दों को = **शूल्य** और **शूल्यक** बताता है, यह अर्थ ऐसे स्थलों से जैसा ओववाइय-सुत्त § ७४ का **इंगालसोल्लिय** से असत्य सिद्ध हो जाता है।

§ २३७—**सत्तरि** = **सप्तति** में (हेच० १, २१०) **त**, **ड** होकर (§ २१८) **र** बन जाता है ; अ०माग० और जै०महा० **सत्तरिं** और **सत्तरि** है, जै०महा० में **सयरि** भी है (=७०) ; अ०माग० मे **एगूणसत्तरिं** (=६९) आया है, **एकसत्तरिं** (= ७१), **बावत्तरिं** (= ७२), जै०महा० में इसके लिए **बिसत्तरि** (=७२) मिलता है, अ०माग० **तेवत्तरिं** (= ७३), **चवत्तरिं** और जै०महा० **चउहत्तरि** (= ७४), आदि-आदि। अप० मे **एहत्तरि** (= ७१) और **छाहत्तरि** (= ७६) § ४४६ भी देखिए। माग० मे **द** बहुत ही अधिक स्थलों पर **ड** के द्वारा **र** बन कर **ल** हो गया है : अ०माग० मे **उराल** = **उदार** (आयार० १, ८, १, ९; २, १५, १४ और १५ [पाठ मे = **ओराल**' है] ; सूय० ९५ ; ३९२ ; ४०८ और ६३९ ; ठाणग० १७७ ; नायाध० § ४ ; पेज ३६९ और ५५६ ; अंत० ५७; विवाह० १० ; १५५ ; १६८ ; १७० ; २३१ ; २४८ ; ९४२ ; १०३९ और १२२८ तथा उसके बाद ; उत्तर० १०५२ और १०५८ ; उवास० ; निरया० ; कप्प० ; इसमें **ओराल** शब्द देखिए) ; **ओरालिअ**=**औदारिक** (पण्णव० ३९६ ; [पाठ में **उरालिय** है][1] ; ४६१ और उसके बाद ; उत्तर० ८८१ ; विवाह० १११ ; १४६ ; ५२८ और उसके बाद तथा ६२० ; ठाणग० ५४ और ५५ ; ओव०) ।—**करली**= **कदली** जब कि इसका अर्थ 'हाथी की अबारी पर लगायी गयी पताका' होता है; किन्तु 'केले' के अर्थ मे **कअली** रूप चलता है (हेच० १, २२० [इस सूत्र में दूसरा रूप 'केली' भी है जो हिन्दी 'केले' का आरम्भिक प्राकृत रूप है। —अनु०])। शौर० **कणअकेरिआ** (बाल० १३१, १४) = **कनककदलिका** अशुद्ध है क्योंकि महा०

और शौर० मे **कअली** रूप (कर्पूर० ४६, १४ ; १२०, ६) है, शौर० में **कदलिआ है** (प्रबोध० ६६, २), अ०माग० और जै०महा० में **कयली है** (पाइय० २५४ ; आयार० २, १, ८, १२ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस ग्रन्थ में उक्त शब्द की तुलना कीजिए]) ।—**गग्गर = गद्गद्** (वर० २, १३ ; हेच० १ ; २१९ ; क्रम० २,२१ ; मार्क० पन्ना १५) है ।—संख्यावाचक शब्दों में **दश** के रूप **रस** और **रह** हो जाते हैं, ये संख्याएं हैं : **ग्यारह** से **तेरह** तक, **पन्द्रह** और **सत्रह** तथा **अठारह** (वर० २, १४ ; हेच० १, २१९ ; क्रम० २, २१ ; मार्क० पन्ना १५) । इस नियम से : अ०माग० में **एक्कारस** होता है, अप० में **एआरह, एग्गारह*** और **गारह** रूप हैं, किन्तु अप० में **एक्कदह** भी आया है, चू०पै० में **एकातस** (= ११); अ०माग० और जै०महा० मे **बारस**, अप० में **बारह** और इसके साथ-साथ अ०माग० और जै०महा० में **दुवालस** भी है (§ २४४) (= १२) ; अ०माग० में **तेरस**, अप० मे **तेरह** (= १३)है; अ०माग० और जै०महा० **पण्णरस** और अप० **पण्णरह** (= १५) है; अ०माग० और जै०महा० **सत्तरस** (= १७) ; अ०माग०, जै०महा० और पल्लवदानपत्रों का **अट्ठारस** ; अप० **अट्ठारह** (=१८) है । § ४४३ भी देखिए । क्रम संख्या में भी यही नियम चलता है (§ ४४९) ।—इसके अतिरिक्त-**दश** ,-**दृश** और-**दृक्ष** से मिलकर जो विशेषण अथवा सर्वनाम बनते हैं उनमें भी **द**, **र** का रूप धारण कर लेता है : महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० **एरिस**, अ०माग० और जै०महा० **एरिसय**, अप० **एरिसिअ**, इनके साथ-साथ अ०माग० **एलिस, अनेलिस**, पै० **एतिस**, शौर० **ईदिश = ईदश** (§ १२१) हैं ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० **केरिस**, जै०महा० **केरिसय**, माग० **केलिश** और इनके साथ साथ शौर० **कीदिस = कीदश** (§ १२१) हैं ; जै०महा० **अन्नारिस= अन्यादश** (हेच० १,१४२ ; एर्स्से०)है, शौर० रूप **अण्णारिस** है (विक्रमो० ५२,१९; मालती० ८९, ७ ; १३८, १० ; २१७, ४ ; महावीर० १२८, ७ ; भर्तृहरिनिर्वेद ४, १), किन्तु पै० मे **अञ्ञातिस** (हेच० ४, ३१७), अप० मे **अण्णाइस** (हेच० ४, ४१३) रूप मिलते हैं ; महा०, जै०महा० और शौर० में **अम्हारिस = अस्मादश** (हेच० १, १४२ ; हाल ; एर्स्से० ; मृच्छ० ४, १६ ; १७ और २१ ; १८, ३ ; मुद्रा० ३६, ४ ; २४१, ८ ; २५९,१; कर्पूर० ९२, ८ ; विद्ध० २५, ८) है; स्त्रीलिंग में शौर० में **अम्हारिसी है** (विद्ध० ७१, ९; ११६, ५), किन्तु पै० में **अम्हातिस** है (हेच० ४, ३१७) ; महा०, जै०महा० और शौर० में **तुम्हारिस=युष्मादश** (हेच० १,१४२ ; गउड० ; रावण० ; एर्स्से० ; विद्ध० ५१, १२ ; १२१,९; कर्पूर० ९३, ९), किन्तु पै० में **युम्हातिस** (हेच० ४, ३१७) है ; **एआरिस = एतादृस** (हेच० १, १४२) है, शौर० में **एदारिस** (विद्ध० १०२, २ ; यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) है, स्त्रीलिंग में **एदारिसी है** (प्रबोध० ४४,१२ ; यही पाठ पढ़ना चाहिए) ; अ०माग० और जै०महा० **जारिस = यादश** (हेच० १, १४२ ;

* घिसकर इस रूप का हिन्दी में **ग्यारह** हो गया है किन्तु हिन्दी की कई बोलियों में **इग्यारह** और इस प्रकार के अन्य रूप देखे जाते हैं । —अनु०

क्रम० १, २९; उत्तर० ७९४; एर्त्सें०), अ०माग० में **जारिसय** (नायाध० १२८४), किन्तु पै० में **यातिस** (हेच० ४,३१७) और शौर० **जादिस** (विद्ध० २९,३ ; ३२, १ और २) हैं, स्त्रीलिंग **जादिसी** (शकु० ५१, ११ और १२ ; प्रबोध० १६, १०) और अप० मे **जइस है** (हेच० ४,४०३ और ४०४) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **तारिस** = **तादृश** (भाम० १, ३१, हेच० १, १४२ ; क्रम० १, २९ ; रावण० ; कर्पूर० ११५, ४ ; सूय० ३६५ और ४२९ ; उत्तर० ७९४; दस० ६३३, १९ = हेच० ४,२८७ ; आव० एर्त्सें० २७,२ ; ६ और २५ ; एर्त्सें०; विक्रमो० ५२, १९ ; महावीर० १२६, ७ ; प्रबोध० ४४, १२ [यहा **तारिसीए है**]) है अ०माग० में **अतारिस** (आयार० १, ६, १, ६), **तारिसग** (नायाध०, कप्प०), माग० **तालिश** (मृच्छ० ३७, ११), किन्तु शौर० में **तादिस** है (शकु० ३२, ५ ; विक्रमो० ५२, ७ ; ५३,११ ; प्रबोध० १६,१०), स्त्रीलिंग **तादिसी** (शकु० ५१, १२ ; विद्ध० ३२, १ और २), माग० **तादिशी** (मृच्छ० ४०, १२; प्रबोध० ६२, ७), पै० मे **तातिस** (हेच० ४, ३१७) और अप० मे **तइस** रूप मिलता **है** (हेच० ४, ४०३) ; अ०माग० और अप० **सरि** = **सदृक्** (हेच० १, १४२ ; नायाध० ; पिंगल १,४२) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर०, दाक्षि० और अप० मे **सरिस** = **सदृश** (भाम० १, ३१ ; हेच० १, १४२ ; मार्क० पन्ना ११ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; उवास० ; निरया० ; नायाध० ; कप्प० ; कक्कुक शिलालेख १२ ; एर्त्सें० ; कत्तिगे० ३९९, ३१६ ; मृच्छ० १७, १८ ; २४, १६ ; ५५, ४ ; ९५, ११ ; १३४, १८ ; १५२, २१; शकु० १३२,१ ; १३४,८ ; विक्रमो० ६, १ ; ८, १३ [यहा यही पाठ पढ़ना चाहिए] ; ३९, १२ ; मालवि० ६, २० आदि-आदि ; दाक्षि० मे : मृच्छ० १०२, २३ ; १०५, ४ ; अप० में : पिंगल १, १०), अ०माग० में **सरिसय** और स्त्रीलिंग **सरिसया** है (नायाध०), माग० में **शलिश** (मृच्छ० १५४, १४ ; १६४, २० ; १७६, ५) है, अप० में **सारिसिय** = ***सदृशिमन्**=**सादृश्य** (हेच० ४,३९५,१) है; महा० और शौर० मे **सरिच्छ**=**सदृक्ष** (हेच० १,४४ और १४२ ; हाल; विद्ध० २३, ४), महा०, जै०महा० और जै०शौर० मे **सारिच्छ** भी है (§ ७८) और शौर० मे **सारिक्ख** (कर्पूर० १०८,२), **सारिच्छ**=***सादृश्य** (हेच० २,१७; गउड० ८५२ ; इसमे यह शब्द देखिए) है, अ०माग० और अप० मे **सारिक्ख** (हेच० २, १७ ; ४, ४०४) है ; शौर० मे **सारिक्खदा** (कर्पूर० १०९, ७ और १०) रूप भी मिलता है। **भवारिस** (हेच० १, १४२) की भी तुलना कीजिए और इसके साथ अप० **अवराइस**=**अपरादृश** (हेच० ४,४१३ को मिलाइए।

१. **ओराल** उसी प्रकार अशुद्ध है जैसा **उरालिय**। दोनों रूपों के आरम्भिक वर्ण हस्तलिपियों और छपे संस्करणों में मनमाने रूप से इधर-उधर डाल दिये हैं।

§ २३८—कभी कभी **त** और **द** के स्थान में **व** भासमान-सा होता है। **आवज्ज** = **आतोद्य** नही है (हेच० १, १५६), परन्तु = ***आवाद्य** (§ १३०)।

अ०माग० **उज्जोवेमाण** (पण्णव० १०० ; १०२ ; ११२ ; उवास० ; ओव०), **उज्जोविय** (नायाध० ; कप्प०) और **उज्जोवेंत** (नायाध०) = भीतर बिठाये हुए **व'** के साथ **उद्योतयमान, उद्योतित** और **उद्योतयन्त** नहीं है, परन्तु **द्यु** धातु से संबंध रखते है जो संस्कृत में **द्यु** (=दिन), **दिद्यु** (=वज्र ; बिजली की चमक) में है, संभवतः यह अप० **जोएदि** (=जोहना ; देखना **है** : हेच० ४, ४२२, ६ और उसकी शब्दानुक्रम-सूची में **है**) और यह शब्द निश्चय ही नवीन भारतीय आर्य भाषाओं मे है[१]। महा० **रुवइ** और महा० तथा जै०महा० **रोवइ** **रुद्** धातु से नहीं निकले हैं, परन्तु इनकी व्युत्पत्ति **रु** धातु से है (§ ४७३)। **कवट्टिअ=कदर्थित** नहीं है (हेच० १, २२४ ; २, २९), परन्तु = **कद्** अर्थ मे **कव = कु+*आर्तित = आर्त** (§ २८९ और ४२८) है। प्राकृत के सभी व्याकरण-कारों द्वारा मान्य ध्वनि-परिवर्तन के कई अन्य उदाहरण भी व्युत्पत्ति की दृष्टि से गिर जाते हैं। **एरावण=ऐरावत** नहीं है (वर० २,११ ; भाम० १,३५ ; क्रम० २, ३१ ; मार्क० पन्ना १५); किंतु यह = **ऐरावण** (हेच० १, १४८ ; २०८ ; § ६०) है। **गब्भिण=गर्भित** नहीं है (वर० २, १० ; हेच० १, २०८ ; क्रम० २, ३१ ; मार्क० पन्ना १५), किन्तु यह = **गर्भिन्** है जिसका हलन्त प्राकृत में **अ** रूप में परिवर्तित हो गया है (§ ४०६)। हेमचन्द्र १,२६ ; १७८ और २०८ के अनुसार **अतिमुक्तक** का **अणिउंतअ** और इसके साथ-साथ **अइमुंतअ** हो जाता है (मेरे पास हेमचन्द्र का जो व्याकरण है उसमें **अणिउँतय** और **अइमुंतय** रूप हैं न कि पिशल द्वारा दिये गये अंतिम स्वर–अ वाले रूप। —अनु०), अ०माग० में यह नियमानुसार **अइमुत्तय** (हेच० १, २६ ; और ओव० § ८ ; [इस पर अनु० की ऊपर दी हुई टिप्पणी देखिए। –अनु०]), शौर० मे **अदिमो॑त्तअ** (मृच्छ० ७३, १०), जै०महा० में **अतिमुक्त** के समान **अइमुत्त** (पाइय० २५६) और शौर० मे **अदिमुत्त** रूप है (विक्रमो० २१,९ ; वृषभ० १५,१७ ; ४७, १५ ; मल्लिका० ९७,६ ; १२८, १५)। मार्कण्डेय पन्ना ३४ में हस्तलिपि मे **अइमुत्त** है, इसके स्थान पर **अइमुंत** पढ़ा जाना चाहिए ; भामह ४, १५ मे **अइमुंक** मिलता है, यह **अहिमुंक** के लिए आया है और **अभिमुक्त** से इसका अर्थ स्पष्ट हो जाता है। **अणिउंतअ** कहां से आया यह अस्पष्ट है। —अ०माग० मे **त** के अशुद्ध प्रयोग के लिए § २०३ देखिए ; **त** के स्थान पर **द** के लिए § १९२, २०३ और २०४ देखिए ; **त** के स्थान पर **ट** और **ड** के लिए § २१८ और २१९ ; **द** के स्थान पर **त** के लिए § १९० और १९१ तथा **द** के स्थान पर **ड** के लिए § २२२ देखिए।

१. लौयमान द्वारा संपादित औपपातिक सुत्त में उज्जोय् शब्द देखिए। हेमचन्द्र ४, ३३२ पर पिशल की टीका।

§ २३९—**थ** का **ढ** (§ २२१), **ध** का **ढ** (§ २२३) और चू०पै० में **ध** का **थ** बन जाता है (§ १९१)। अ०माग० में **समिला** (उत्तर० ५९२ और ७८८) रूप का स्पष्टीकरण याकोबी[१] इसे **समिध** से निकला बताकर करते हैं। यह ध्वनि के नियमों के अनुसार असंभव है और अर्थ के विपरीत भी है। टीकाकार ने इसका स्पष्टी-

करण **कीलिका, युगकीलिका** से किया है, यह साफ संकेत करता है कि यह ***समिता** का रूप है ; **समित्** और **समिति** की तुलना कीजिए।—**न** अधिकांश में **ण** हो जाता है (§ २२४)। **निम्ब** में यह **ल** बन जाता है : **लिम्ब** (हेच० १,२३०) = मराठी **लिंब**, अप० **लिम्बडअ** रूप है (हेच० ४, ३८७, २) = गुजराती **लिंबड**, इसके साथ साथ महा० में **णिम्ब** भी है (हेच० १, २३० ; हाल), अ०माग० **निम्बोलिया = निम्बगुलिका** (नायाध० ११५२ ; ११७३ ; § १६७ की तुलना कीजिए)। — **ण्हाविय = नापित** के विषय में § २१० देखिए।

१. 'सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' ४५ पेज ९४, नोटसंख्या ४।

§ २४०—**प** के स्थान पर नियम के अनुसार **व** (§ १९९) हो जाता है और बोली के हिसाब से यह **व** (§ १९२) तथा **भ** (§ २०९) रूप ले लेता है तथा कभी-कभी **म** बन जाता है : महा०, अ०माग० और जै०महा० **आमेळ = आपीड्य**, महा० में **आमेळिअअ** भी है, अ०माग० में **आमेळग** और **आमेळय** भी है (§ १२२) ; **णिमेळ=*णिपीड्य** (§ १२२) है; महा० में **णुमज्जइ = निपद्यते, णुमन्न = निपन्न** (§ ११८) है; अ०माग० **आणमणी = आज्ञापनी** (पण्णव० ३६३ और उसके बाद ; ३६९) है, इसके साथ साथ **आणवणी** भी है (पण्णव० ३६४ और उसके बाद) ; अ०माग० में **चिमिढ = चिपिट** (नायाध० ७५१ ; टीका में **चिमिट्ठ** रूप है) है, इसके विपरीत **चिविढ** भी है (नायाध० ७४५; पाठ में **चिविट्ठ** है, टीका में **चिमिट्ठ**, पाठ में ७५१ की भाँति **चिमिढ** पढ़ना चाहिए ; § २०७ की तुलना कीजिए) ; अ०माग० में **कुणिम = कुणप** (सूय० २२५ ; २८२ ; ८८३ ; ८११; ठाणंग० ३३८ ; पण्हा० १७९; जीवा० २५५ ; ओव०) है; अ०माग० **तलिम = तल्प** (देशी० ५, २० ; पाइय० १७७ और १२२ ; नायाध ११९१ और उसके बाद) है ; अ०माग० में **नीम** और **णीम = नीप** (हेच० १, २३४३ ; दस० ६२३, ५ ; पण्णव० ३१ ; ओव० ; ओव० § ६ नोटसंख्या १२ की तुलना कीजिए) है, इसके साथ-साथ अ०माग० **नीव** और अप० **णीव** चलता है (हेच० १, २३४ ; ओव० ; पिंगल १, ६० ; २, ८२) ; अ०माग० **भिण्डिमाल = भिण्डिपाल** (जीवा० २५७ और २७९ ; पण्हा० ६१ और १५८ ; ओव०), इसके साथ साथ **भिण्डिवाल** भी है (वर० ३, ४६ ; हेच० २, ३८ [इस पर पिशल की टीका देखिए] ; ८९ ; क्रम० २, ६५ ; मार्क० पन्ना २६) ; अ०माग० **मणाम** = पाली **मनाप** (ठाणंग० ६५ ; ६६ ; ५२७ ; सम० ९४ ; विवाह० १६२ और ४८० ; नायाध० ; निरया० ; ओव०; कप्प०) है, स्त्रीलिंग **मणामी** है (विवाह० १९६), **अमणाम** भी मिलता है (सूय० ६३० ; विवाग० ४० और उसके बाद ; सम० २२७ ; जीवा० २५६ ; विवाह० ८९ ; ११७ और २५४) ; अ०माग० में **वणीमग** और **वणीमय = वनीपक** (आयार० २, १, १, १३ ; २, १ ; ५, १ ; २, २, २, ८ और उसके बाद ; २, ३, १, २ ; २, ५, १, ९ और उसके बाद ; २, ६, १, ७ ; २, १०, २ और ३ ; २, १५, ११ ; पण्हा० ४९२ ; ठाणंग० ३, ९७ ; नायाध० १०८६ ; दस० ६२२, ३१ और ३५ ; ६२६, २९ ; कप्प०), **वणीमययाए = वनीपकतया** (पण्हा० ३५८ ; पाठ में

वणीयथाए है); अ०माग० में **विडिय** = **विटय** (= शाखा : आयार० २, ४, २, १२ ; पण्हा० ४३७ ; जीवा० ५४८ और उसके बाद ; दस० ; ६२८, २८ ; ओव० § ४ ; = पेड़ ; वृक्ष : दस० नि० ६४५, ५ ; = गैंडा : देशी० ७, ८९ ; ओव० § ३७ । [३७] ; = बालमृग ; शिशुमृग : देशी० ७, ८९), किंतु महा० और शौर० में **विडव** है (भाम० २, २० ; क्रम० २, १० ; गउड० ; हाल ; रावण० ; शकु० ६७, २ ; १३७, ५ ; विक्रमो० १२, १७ ; २२; १२ ; ३१, १) ; **विडवि** = **विटपिन्** (पाइय० ५४) ; अ०माग० और जै०महा० में **सुमिण** और उसके साथ-साथ **सुविण** ; जै०महा० में **सुमिणग** और इसके साथ-साथ **सुविणग** ; **सिमिण** और इसके साथ साथ महा० **सिविण**, शौर० और माग० **सिविणअ**=पाली **सुपिन**= संस्कृत **स्वप्न** (§ १७७) । यह ध्वनि-परिवर्तन प्रायः पूर्ण रूप से अ०माग० तक ही सीमित है और इसका स्पष्टीकरण **म** तथा **व** के परस्पर स्थानपरिवर्तन से हो जाता है (§ २५१ और २६१) ।

§ २४९—शौर० **पारद्धि** (= आखेट : विद्ध० २३, ९) जिसे हेमचन्द्र १, २३५ में और नारायणदीक्षित विद्धशालभंजिका २३, ९ की टीका में = **पापर्धि** बताते हैं = **प्रारब्धि** ; इसका समानार्थक **पारद्ध** (देशी० ६,७७), जो 'पूर्वकृतकर्मपरिणाम्' और 'पीडित' अर्थ का द्योतक है = **प्रारब्ध** ।

§ २५०—जिस प्रकार **प** (§ २४८) वैसे ही कभी-कभी **ब** भी **म** रूप धारण कर लेता है : **कमन्ध** = **कबन्ध** (वर० २, १९ ; हेच० १, २३९ ; मार्क० पन्ना १६) । हेच० १, २३९, मार्क० पन्ना १६, पिशल द्वारा संपादित प्राकृतमंजरी, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, पेज १४ में बताया गया है कि इसका एक रूप **कयंध** भी होता है, जो अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० से निकला है, इसलिए यह मानना होगा कि **कयंध** का **य** लघुप्रयत्नतर **य**कार है । महा०, जै०महा० और अप० **कबन्ध** के उदाहरण मिलते हैं (§ २०१), जो रूप मार्क० पन्ना ६७ के अनुसार शौर० में भी सदा पाया जाता है । —**समर** = **शबर** (हेच० १,२५८), किंतु महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **सवर** है ; महा० और अ०माग० में स्त्रीलिंग **सवरी** है (§ २०१) । जै०महा० **माहण** जिसे वेबर[1], ए. म्युलर[2], याकोबी[3], लौयमान[4] ; एस. गौल्दश्मित्त[5], आस्कोली[6] और होएर्नले[7] = **ब्राह्मण** बताते हैं, भाषाशास्त्र की दृष्टि से यह समता असंभव है । अ०माग० और जै०महा० में **बम्भ** = **ब्रह्मन्**, **बम्भयारि**= **ब्रह्मचारिन्**, **बम्भणय** = **ब्राह्मण्यक**, **बम्भलोय** = **ब्रह्मलोक** आदि आदि (§ २६७) के रूपों के अनुसार **ब्राह्मण** शब्द का प्राकृत **बम्भण** होना चाहिए था क्योंकि ऊपर इसी प्रकार का ध्वनिपरिवर्तन का क्रम है । और ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं, अ०माग० और जै०महा० में **बंभण** (उत्तर० ७४८ ; ७५३ और उसके बाद ; आव०एर्त्से० १८, १५ ; एर्त्से० ; कालका०), अ०माग० में **सुबम्भण** आया है (पण्हा० ४४८) । कभी कभी ये दोनों शब्द एक साथ मिलते हैं, जैसा औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन १, ७ में **माहणस्स** रूप है और १, ८ में **बम्भणेण** लिखा है ; कालका० २७६,२५ में **बम्भणरूव** है किंतु दो, ५०८,१९ में **माहणरूवग** है । अ०माग० प्रायः

सर्वत्र **माहण** का व्यवहार करती है[8] (उदाहरणार्थ, आयार० २,१,१,१२ ; २, १ ; ३ ; ११, ९ ; २, २, १, २ ; २, ८ और ९ ; २,६,१,१ ; २, ७, २, १ ; २, १५, २ ; ४ और ११ ; सूय० १७ ; ५६ ; ७४ ; १०५ ; १०६ ; ११३ ; ११८ ; ३७३ ; ४१९ ; ४६५ ; ४९५ ; ५५३ ; ६२० ; ६४२ और उसके बाद ; विवाह० ११५ ; ११९ ; ३४३ ; विवाग० १५२ और उसके बाद ; ओव० ; कप्प०), **महामाहण** है (उवास०), अ०माग० और जै०महा० में स्त्रीलिंग **माहणी** है (आयार० २, १५, २ ; नायाध० ११५१ ; विवाह० ७८८ ; कप्प० ; आव०एर्त्सें० १२, १), **माहणत्त** = **ब्राह्मणत्व** (उत्तर० ७५६) है। मैं इस सम्बन्ध में संस्कृत शब्द **मख** (=यज्ञ) को अधिक उपयुक्त मानता हूँ, **माख** का अर्थ होता है यज्ञ सम्बन्धी, इसलिए मेरे विचार से ***माखन** = 'यज्ञ करानेवाला पुरोहित' ।

१. भगवती १, ४१०, नोट-संख्या ५। —२. बाइत्रैगे पेज २९। —३. कल्पसुत्त और औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन में यह शब्द देखिए। —४. औपपातिक सूत्र में यह शब्द देखिए। —५. प्राकृतिका० पेज १५। —६. क्रिटिशे स्टुडिएन पेज २२१, नोटसंख्या ८ के साथ। —७. उवासगदसाओ, अनुवाद पेज १२०, नोटसंख्या २७१। —८. इस संबंध में उत्तरज्झयणसुत्त ७४८ की तुलना करें जिसमें आया है 'जे लोए बम्भणो वुत्तो...तं वयं बूम माहणं।'

§ २५१—शब्द के भीतर का **म** अप० में **वँ** हो जाता है (हेच० ४, ३९७) : **कवँल** और उसके साथ-साथ **कमल** है (हेच० ४, ३९७) ; **भवँर** और उसके साथ-साथ **भमर** है (हेच० ४,३९७); **नीसावँण्ण** = **निःसामान्य** (हेच० ४,३४१,१); **पवाँण=प्रमाण** (हेच० ४, ४१९, ३), इसके साथ-साथ **पमाण** (हेच० ४,३९९, १) चलता है ; **भँवइ** = **भ्रमति** (हेच० ४,४०१,२) ; **वज्जवँ** = **वज्रमय** (हेच० ४, ३९५, ५) ; **सवँ=सम** (हेच० ४, ३५८, २) ; **सुवँरहि** और इसके साथ-साथ **सुमरि=स्मर** (हेच० ४, ३८७)। यह ध्वनिपरिवर्तन अन्य प्राकृत भाषाओं और कुछ अंश में स्वयं अप० में धुँधला हो गया है, क्योंकि या तो अनुनासिक के बाद का **व** या इससे भी अधिक स्थलों पर **व** से पहले का अनुनासिक लुप्त हो गया है। परिणाम यह हुआ है कि इसका केवल ँ या **व** शेष रह गया है। इस प्रकार हेमचन्द्र १; १७८ के अनुसार **म्** के स्थान पर **अणिउंतअ=अतिमुक्तक** में अनुनासिक आ गया है (§ २४६) ; **काँउअ=कामुक** ; **चाँउण्डा=चामुण्डा** ; **जँउणा=यमुना**। वर० २, ३ ; क्रम० २, ५ और मार्क० पन्ना १४ के अनुसार **यमुना** के **म** की विच्युति हो जाती है और इस प्रकार महा०, अ०माग० और जै०महा० में **जउणा** है (गउड० ; हाल ६७१ की टीका में यह शब्द देखिए ; कस० ५५, ५ ; प्रबन्ध० २७, २ ; टाणंग० ५४४ ; विवाग० २०८ ; द्वार० ४९५, २० ; तीर्थ० ४, ८)। अधिकांश हस्तलिपियों में हाल ६७१ में **जमुणा** पाया जाता है तथा शौर० में भी यही रूप है (विक्रमो० २३, १३ ; ४१, ३)। महा०, अ०माग० और जै०महा० में शुद्ध लिपि **जँउणा** होना चाहिए (§ १७९)। **काँउअ** के स्थान पर महा० और शौर० में **कामुअ** है (हाल ; मृच्छ० २५, २१ ; ७१, ६ ; विक्रमो० २१, १८ ; ३१, १४),

जै०महा० में **कामुय** भी मिलता है (एर्त्से०) ; **चाँउण्डा** के स्थान पर शौर० में **चामुण्डा है** (मालती० ३०,५ ; कर्पूर० १०५, २ ; १०६, २ ; १०७, १) । महा० में **कुमरी** के लिए **कुअरी** रूप जो =**कुमारी है, अशुद्ध है** (हाल २९८) और वेबर के हाल' भूमिका के पेज ६१ श्लोक २९८ की टीका में अन्य शब्दों पर जो लिखा गया है वह भी देखिए। अप० में **थाउँ = स्थामन्** में यही ध्वनि-परिवर्तन माना जाना चाहिए (हेच० ४, ३५८, १ ; पाठ मे **थाउ** है), टीकाकारों के अनुसार इसका अर्थ 'स्थान' है। क्रम० ५, ९९ में **थाम स्थनि है** । इसके अतिरिक्त **भमुहा** से जो **भोँहा** निकला है (पिंगल २, ९८ ; पाठ में **भोहा है** ; एस० गौल्दश्मित्त **भमुहा** ; § १२४ और १६६ की तुलना कीजिए) और **हणुँआ = हनुमान** (पिंगल १,६३ अ; पाठ में **हणुआ है**) में भी यही ध्वनि परिवर्तन है । —अ०माग० **अणवदग्ग,** अ०माग० और जै०महा० **अणवयग्ग** = पाली **अनमतग्ग = अनमदग्र'** (सूय० ४५६ [पाठ में **अणोवदग्ग है**] ; ७८७; ७८९; ८६७; ठाणग० ४१ और १२९ ; पण्हा० २१४ और ३०२ ; नायाध० ४६४ और ४७१ ; विवाह० ३८ ; ३९ ; १६० ; ८४८ ; ११२८; १२९० ; १३२४ ; उत्तर० ८४२ ; एर्त्से०) में **म** के स्थान पर **व** बैठ गया है ; इसका सबध **नम्** धातु से है, इसके महा०, जै०महा० और अप० रूप में भी कभी-कभी **व** मिलता है ; **णवइ** (हेच० ४, २२६) ; महा० **ओणविअ = *अवनमित = अवनत** (हाल ६३७) ; जै०महा० में **नवकार = नमस्कार** (एर्त्से० ३५, २१ ; २५ ; २७ और २९) ; अ०माग० **विप्पणवन्ति = विप्रणमन्ति** (सूय० ४७२) ; अप० **णवहिँ = नमन्ति** (हेच० ४, ३६७, ४), **णवन्ताहँ = नमन्ताम्** (हेच० ४, ३९९) । अधिकांश मे **नम्** सभी प्राकृत भाषाओं मे **म** बनाये रहता है। **अहिवण्णु** (हेच० १, २४३) और इसके साथ साथ **अहिमण्णु** (हेच० १, २४३ ; ३४, १२ ; ६४, १६) रूप मिलते हैं ; अप० में **रवण्ण = रमण्य** (हेच० ४,४२२, ११); अ०माग० में **वाणवन्तर'** और इसके साथ साथ साधारण प्रचलित **वाणमन्तर** पाये जाते हैं (नायाध० ११२४ ; ठाणंग० २२२ ; भग० ; ओव०; कप्प०) । —शब्द के आरभ में भी कभी कभी **म** का **व** हो जाता है : अ०माग० में **वीमंसा = मीमांसा** (सूय० ५९; ठाणंग० ३३२ और उसके बाद; नदी० ३५१; ३८१; ३८३ और ५०५), **वीमंसय = मीमांसक** (पण्हा० १७९)[१] ; **वंजर** (हेच० २, १३२) और इसके साथ साथ **मंजर** (§ ८१; ८६) रूप मिलते हैं [=मार्जार। –अनु०]; महा०, जै०महा० और अप० **वम्मह = मन्मथ** (वर० २,३९ ; चंड० ३,२१ ; हेच० १,२४२ ; क्रम० २, ४५ ; मार्क० पन्ना १८ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ३८,११ ; ४७,१६ ; ५७, ६ ; विद्ध० २४, १२ ; धूर्त० ३, १३ ; उन्मत्त० २, १९ ; एर्त्से० ; पिंगल २, ८८), पद्य में माग० में भी यही रूप आया है (मृच्छ० १०, १३ ; पाठ में **बम्मह है** ; गोडबोले के संस्करण में २८, ४ की नोट सहित तुलना करें), किंतु शौर० में **मम्मथ'** रूप है (शकु० ५३, २ ; हास्या० २२, १५ ; २५, ३ और १४ ; कर्पूर० ९२, ८ ; मालती० ८१, २ ; १२५, २ ; २६६, ३ ; नागा० १२, २ ; प्रसन्न० ३२, १२ ; ३६, १८ ; ८४; ३ ; वृषभ० २९, १९ ; ३८, ११ ; ४२, ११ ; ४९, ९ ;

५१, १० ; पार्वती० २४,१५ ; २६, २३ ; २८, ५ ; ३०,१७ ; बाल० १३५, १० ; कर्ण० ३०, ५ ; अनर्घ० २७०, ८ आदि आदि)। व्यजन समूह के भीतर **म का व** हो जाने के विषय में § २७७ और ३१२ देखिए। आस्कोली कृत क्रिटिशे स्टुडिएन, पेज २०० और उसके बाद की तुलना कीजिए। महा० और अप० **भसल** (=भँवर : हाल ; कर्पूर० १०, ७ ; ८ ; ६४, ५ ; हेच० ४, ४४४, ५); हेच० १, २४, ४ और २५४ ; देशी० ६, १०१ के अनुसार 'भ्रमर' से नही निकला है और नही वेबर[१] के अनुसार **भ्रंश** धातु से कोई सबध रखता है परतु **भस्मन्** (=राख), **भसद्** (= गुदा-द्वार) ओर **भस्त्रा** के साथ-साथ (= धौंकनी) **भस्** धातु जिसका अर्थ ध्वनि के साथ धौंकना है, उससे निकला है अर्थात् 'अस्पष्ट ध्वनि करनेवाले'[१] के रूप मे भौंरे का नाम है। यह रूप सस्कृत मे भी ले लिया गया है[७]।

१. इस शब्द का ठीक अर्थ जो विवाहपन्नत्ति ९९१ को छोड़कर अन्यत्र 'संसार' शब्द का पर्याय है, इसका शब्दार्थ है 'जिसका आरंभ अपने पथ से मुड़ता नहीं' = 'जिसका आरंभ अपने पथ में बदलता नहीं' = अनंत। याकोबी ने **नम्** का ठीक अर्थ पकड़ा है, औसगेवैल्ते एर्सेलुंगन में यह शब्द देखिए, इसका और अर्थ अशुद्ध है। बे. बाइ. ३, २४५ मे पिशल का मत भी अशुद्ध है। टीकाकार इस शब्द का अर्थ **अनंत, अपर्यंत** और **अपर्यवसान** करते हैं और **अवदग्ग** तथा **अवमग्ग** को देशी शब्द बताते हैं जिसका अर्थ 'अंत' है, इस प्रकार वे इस शब्द को दो भागों में विभक्त करते हैं : **अण् + अवदग्ग**। — २. लौयमान द्वारा संपादित औपपातिक सूत्र में **वाणमन्तर** शब्द देखिए। — ३. टीकाकार इस शब्द का अर्थ **विमर्श** और **विमर्शक** करते हैं। — ४. भारतीय संस्करणों में सदा **मम्मह** रूप लिखा मिलता है। उनमें शौर० में कभी-कभी अशुद्धि के कारण **वम्मह** भी मिलता है (बाल० २४, ११ ; २४२, ४ ; विद्ध० २३, ९ ; ९९, ८ ; रुक्मिणी० १९, १० ; २०, ७ ; २८, ६ ; ३०, १४ ; मल्लिका० १२२, १८ ; १२४, ३ ; १५८, १९ आदि-आदि), इसके ठीक विपरीत महा० में **मम्मह** आता है (अच्युत० ५८; हाल ३२७ और ५७६ में अशुद्धि के कारण यह रूप आया है [इस ग्रंथ में इस शब्द की तुलना कीजिए])। पी. गौल्दश्मित्त अपने ग्रंथ स्पेसिमेन, पेज १० में भूल से **वम्मह** रूप लिखना चाहता था। — ५. हाल ४४४ की टीका। — ६. पिशल कृत वैदिशे स्टुडिएन २, ६३। — ७. हेच० १, २४४ पर पिशल की टीका।

§ २५२—माग०, पै० और चू०पै० को छोड़ अन्य प्राकृत भाषाओं में शब्द के आरभ मे आनेवाला **य ज** बन जाता है (वर० २, ३१ ; चड० ३, १५ ; हेच० १, २४५ ; क्रम० २, ३८ ; मार्क० पन्ना १७) : महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै० शौर० और दाक्षि० मे ! (मृच्छ० १०१,९ ; १०२, २१ ; १०३, १५ ; १०५,७)। ढक्की और अप० मे **जइ** रूप है, शौर० और आव० मे भी (मृच्छ० १०५, ३) **जदि** = **यदि**, किंतु माग० मे **यइ, यदि** रूप हैं; महा०, अ०माग०, जै०महा० और आव० में (मृच्छ० १००, १२)। अप० **जह**, जै०शौर० **जध**, शौर० और दाक्षि० (मृच्छ०

२०५, २१) **अधा = यथा,** किंतु माग० में **यधा** रूप **है** (§ ११३) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **जक्ख = यक्ष** (गउड० ; हाल ; कर्पूर० २६, १ ; आयार० २,१,२,२; सूय० ६७४; वण्णन० ७५ ; ठाणग० ९० और २२९; नायाध० ; ओव० ; आव०एर्त्से० १३, २५ और इसके बाद ; एर्त्से०) ; जै०शौर० **जदि = यति** (पव० ३८३, ६९) ; महा०, अ०माग० ; जै०महा० और अप० **जूह,** शौर० **जूध = यूथ** (§ २२१) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० **जॉव्वण = यौवन** (§ ९०) ; अ०माग० और जै०महा० **जारिस** और पै० **यातिस = यादृश,** शौर० में **जादिसी = यादृशी** (§ २४५)। शब्द के भीतर यही परिवर्तन होता है, जब यह § ९१ के अनुसार महा०, अ०माग०, जै० महा०, जै०शौर०, दाक्षि० और अप० मे द्वित्व रूप ग्रहण कर लेता है (वर० २, १७ ; चंड० ३, २५ ; हेच० १, २४८; क्रम० २, ३६ और ३७ ; मार्क० पन्ना १६) जैसा कि अ०माग०, जै०महा० और अप० मे **दिज्जइ,** जै०शौर० में **दिज्जदि = दीयते** किन्तु पै० मे **तिय्यते** रूप है, शौर० और माग० में **दीअदि है** (§ ५४५); अ०माग० और जै०महा० में **हॉज्जा = भूयात्,** अ०माग० मे **दें ज्जा = देयात्, अहिट्ठेज्जा= अधिष्ठेयात्** और **पहेंज्जा = प्रहेयात्** (§ ४६६) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **करणिज्ज=करणीय,** किन्तु शौर० में **करणीअ** रूप है। अ०माग० मे **वन्दणिज्ज** किन्तु शौर० मे **वन्दणीअ** रूप मिलता है (§ ५७१) ; अ०माग० मे **अंगुलिज्जक = अङ्गलीयक** (नायाध० ; पाठ मे **अंगुलेंज्जक** रूप है ; ओव० ; कप्प०) ; अ०माग० और जै०महा० मे **कञ्चुइज्ज = कञ्चुकीय** (कमरे की देख-भाल करनेवाला : विवाह० ७९२ ; ८०० ; ९६३ ; ९६६ ; राय० २८९ ; नायाध० § १२८ ; ओव० ; आव० एर्त्से० ८, ८); अ०माग० **कोसेंज्जं = कौशेय** (ओव०); अ०माग० **गेवेज्ज = ग्रैवेय** (उत्तर० १०८६ ; नायाध० ; ओव०; कप्प० [पाठ मे **गेविज्ज** है]) ; अ०माग० और जै०महा० **नामधेज्ज = नामधेय** (आयार० २, १५, ११, १५ ; नायाध० § ९२ ; ११६ ; पेज १२२८ और १३५१ ; पाठ में **नामधिज्ज है** ; पण्हा० ३०३ और ३२७ ; ओव० § १६ ; १०५ और १६५ ; निर-या० ; कप्प० ; आव० एर्त्से० १०, २)। शब्द के भीतर आने पर § १८६ के अनु-सार **य** की विच्युति हो जाती है। माग०, पै० और चू०पै० में शब्द के आरम्भ और मध्य मे **य** बना रहता है, अ०माग० में शब्द के आदि मे केवल तब बना रहता है इसका द्वित्व हो जाता है (हेच० ४, २९२) ; माग० मे **युग=युग** (हेच० ४, २८८); **यादि = याति, यधाशलूव=यथास्वरूप, याणवत्त = यानपत्र** (हेच० ४, २९२); **युत्त = युक्त** (हेच० ४, ३०२) ; **यक्क = यक्ष** (रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की टीका में नमिसाधु) ; **यधा – यथा, यंयं=यद्-यद्, यधस्तं** [पाठ मे **यधस्तं है**] **= यथार्थम्** (ललित० ५६६, ५ ; ८ और ९ शब्द के भीतर ; **अलहिकय्यमाण = अलक्ष्यमाण, पेहिकय्यन्दि** और **पेहिकय्यसि** [पाठ मे **पेहिकय्यशि है**]= **प्रेक्ष्यन्ते** और **प्रेक्ष्यसे, याणिय्यादि=ज्ञायते** (ललित० ५६५, ७ ; १३ और १५; ४६६, १)। जैसे **ज** के विषय में वैसे ही (§ २३६) यहाँ भी हस्तलिपियाँ इस नियम

की अशुद्ध पुष्टि नहीं करतीं। पै० मे **युत्त** = युक्त, **यातिस**, **युम्हातिस** और **यद्** = **यादृश**,**युष्मादृश** और **यद्** (हेच० ४, ३०६ ; ३१७ और ३२३) शब्द के भीतर: **गिय्यते** = गीयते, **तिय्यते** = दीयते, **रमिय्यते** = रम्यते, **पढिय्यते**=**पठ्यते**, **हुवेय्य**=**भवेत्** (हेच० ४, ३१५ ; ३२० और ३२३) ; चू०पै० में **नियोचित**= **नियोजित** (हेच० ४, ३२५ ; ३२७ की भी तुलना कीजिए)। **दो ग्ग**=**युग्म** के विषय में § २१५ और **येव**=**एव** के विषय मे § ३३६ देखिए।

§ २५३—जैसा **न** के व्यवहार मे (§ २२४), वैसे ही **य** के प्रयोग में भी पल्लवदानपत्रों मे मार्के का भेद दिखाई देता है। नीचे दिये शब्दों मे **यह** शब्द के आदि में बना रह गया है :— **याजी** (५, १);—**प्पयुत्ते** = **प्रयुक्तान्** (५, ६) ; —**यसो** = **यशस्** (६, ९) ; **योल्लक** (१६, ३१) ; **यो** = **यः** (७, ४६); इसके विपरीत ७, ४४ में जो रूप आया है और—**संजुत्तो** = **संयुक्तः** (७, ४७)। विजयबुद्धवर्मन के दानपत्रो मे **युव**– आया है (१०१, २)। शब्द के मध्य में सरल **य** पल्लव और विजयबुद्धवर्मन के दानपत्रों में अपरिवर्तित रह गया है : पल्लवदानपत्र मे—वाजपेय—(५, १); **विसये** = **विषये** (५, ३) ; **नेयिके** = **नैयिकान्** (५, ६) ; —**आयु** = **आयुस्**—, **विजयवेजयीके**=**विजयवैजयिकान्** (६, ९) ;—**प्पदायिनो**=**प्रदायिनः** (६, ११); **आत्तेय**-=**आत्रेय**-(६, १३); **संविनयिकम्** (६, ३२); **विसय**-= **विषय**-(६, ३५) ; **आपिट्टीयं** = **आपिट्याम्** (६, ३७) ; **भूयो**=**भूयः** (७, ४१); **वसुधाधिपतये** = **वसुधाधिपतीन्** (७, ४४); **अजातायें** = अ०माग० **अज्जत्ताए** (कप्प० ; ठाणग० २ ; एस [S.] ६, ७) = **अद्यत्वाय** (७, ४५)[1]; **सहस्साय**=**सहस्राय** (७, ४८); विजयबुद्धवर्मन् के दानपत्रों मे : **विजय** (१०१, १ और ३); **नारायणस्स**, **आयुं**, **वद्धनीयं** (१०१, ८) ; **गामेयिका** (१०१, १०; एपिग्राफिका इण्डिका १, २ नोटसंख्या २ की तुलना कीजिए); **परिहरयं** (१०१, ११ ; एपिग्राफिका इण्डिका १, २ नोटसंख्या २ की तुलना कीजिए)। द्वित्व **य** के विषय में पल्लवदानपत्रो के विषय में वही भेद दिखाई देता है जो शब्द के आरम्भ में **य** के विषय मे देखा जाता है : ६, ४० मे **कारेय्य** और **कारवेज्जा** = **कुर्यात्** और **कारयेत्** साथ साथ आये हैं ; ७, १ मे **कारेय्याम** = **कुर्याम**, किन्तु ७, ४६ **वट्टेजा** = **वर्तयेत्** और ७, ४८ में **होज** = **भूयात्**[2]। **अजातायें** में **द्य** का जैसा कि § २८० में साधारण नियम बताया गया है **ज्ज** हो जाता है ; **गोलसमंजस**, **अगिसयंजम्न**, **दत्तजस**, **दामजस**, **सालसमजस** और **अगिसमजस** (६, १२; १३, २१; २३ ; २७ और ३७), ये नियमानुसार **ज्ज** हो गया है, यदि ब्यूलर ने **अज**- = **आर्य** की समता ठीक बैठायी हो तो[3] किन्तु **नंदिजस** और **सामिजस** (६, २१ और २६) ध्वनि के अनुसार ब्यूलर के मत से = **नंद्यार्यस्य** और **स्वाम्यार्यस्य** नहीं हो सकते अपितु = **नंदिजस्य** और **स्वामिजस्य** है। इस प्रकार के अन्य शब्दों के लिए भी **ज** माना जाना चाहिए।

१. लौयमान का यह स्पष्टीकरण ठीक है; ना० गे० वि० गो० १८९५, २११

में पिशल का मत अशुद्ध है। — २. एपिग्राफिका इंडिका १, २ और उसके बाद ब्यूलर के मत की तुलना कीजिए। — ३. एपिग्राफिका इण्डिका १, २।

§ २५४—अ०माग० **परियाग=पर्याय** में भासमान होता है कि **य** के स्थान पर **ग** हो गया है (आयार० २, १५, १६; विवाग० २७०; विवाह० १३५ ; १७३ ; २२० ; २२३ ; २३५ ; २४१; ७९६ ; ८४५; ९६८ ; ९६९ ; नायाध० १२२५ ; उवास०; ओव०), इसके साथ **परियाय** भी चलता है (उवास०; ओव०)। होएर्नले के अनुसार (उवास० में यह शब्द देखिए) **परियाग= पर्यायक,** इसमें § १६५ के अनुसार सन्धि हुई है और इसका पद्य मे प्रयोग सर्वथा असम्भव है। मेरा अनुमान है कि **परियाग=*परियाव** और इसमे § २३१ के अनुसार **व** के स्थान पर **ग** बैठ गया है। इसका प्रमाण अ०माग० और जै०महा० **पज्जव=पर्याय** से मिलता है। इसी प्रकार अ०माग० **नियाग** (आयार० १, १, ३, १ ; सूय० ६६५ [पाठ मे **णियाग है**]) = **न्याव** जो **न्याय** के लिए आया है ; टीका में इसका अर्थ= **मोक्ष-मार्ग, संयम** और **मोक्ष**। — **कइअवं = कतिपयम्** में (हेच० १, २५०) संस्कृत[1] और पाली[2] में होता **है, य** और **व** मे स्थानपरिवर्तन हो गया है ; अ०माग० और जै०महा० **पज्जव = पर्याय** (§ ८१) ; अ०माग० **तावत्तीसा = त्रयस्त्रिंशत्** , इन प्राकृतो मे **तावत्तीसगा** और **तावत्तीसया=त्रयस्त्रिंशकाः** (§ ४३८) ; अप० **आवइ = आयाति** (हेच० ४, ३६७, १, ४१९, ३), **आवहि** (हेच० ४, ४२२, १) और **आव** [गौल्दश्मित्त ने **आउ** रूप दिया है] = **आयाति** (पिंगल २, ८८)[3]; अप० मे **गाव** [गौल्दश्मित्त ने **गाउ** रूप दिया है] = **गायन्ति** (पिंगल २, ८८), **गावन्त** रूप भी मिलता है (पिंगल २,२३०) ; इनके अतिरिक्त अवश्य कर्त्तव्य सूत्र क क्रिया के रूप में अप० मे **-एवा, -एँव्वउँ, -इएँव्वउ,** जैसे **-सोएवा = *स्वपेय्य** (§ ४९७), **जग्गेवा = *जाग्रेय्य** में भी **य** के स्थान पर **व** पाया जाता है, ऐसा ही **करिएँव्वउँ=*कर्येय्यकम्** कर्मवाचक रूप है (§ ५४७), **सहेव्वउँ = सहेय्यकम्** भी ऐसा ही है (§ ५७०)। नीचे दिये गये शब्दों में गौण **य** के स्थान पर **व** आ गया है : अ०माग० **मुरव *मुरय** के स्थान पर आया है और = **मुरज** (पण्हा० ५१२ ; विवाह० ११०२ ; ओव० ; कप्प० [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **मुरवी = मुरजी** (ओव०), इसका महा० और शौर० में **मुरअ** रूप हो जाता है (पाइय० २६६ ; हाल ; मृच्छ० ६९, २३)। **मुरव** जनता के व्युत्पत्तिशास्त्र मे **मु + रव** पर आधारित भी हो सकता है। **य** के स्थान पर गौण **व** का **प** भी हो जाता है : पै० में **हितय = हृदय** और **हितपक=हृदयक** (§ १९१), इस रूप मे **व** का **य** हो गया है जैसा कि **गोविन्त=गोविन्द** और **केसव=केशव** (§ १९१)।

१. वाकरनागल कृत आल्टइंडिशे ग्रामाटीक § १८८ सी.। —२. ए. कून कृत बाइत्रैगे पेज ४२ और उसके बाद ; ए. म्युलर कृत सिम्प्लीफाइड ग्रैमर पेज ३० और उसके बाद। —३. हेमचंद्र ४, ३६७, १ पर पिशल की टीका ; अव् धातु (=आना) और वैदिशे स्टुडिएन १ भूमिका पेज ६ की तुलना कीजिए।

§ २५५—पाली में **नहारु**, ग्रीक **नेउरौन** और लैटिन **नेर्वुस्** मिलता-जुलता है। अ०माग० और जै०महा० मे **ण्हारु** = **स्नायु** (ठाणंग० ५५; पण्हा० ४९; विवाह० ८९; ३४९; ८१७; जीवा० ६६; २७१; एर्त्से०), अ०माग० मे **ण्हारुणी** = ***स्नायुनी** (आयार० १, १, ६, ५; सूय० ६७६)। समवायगसुत्त २२७ में दो बार **ण्हाउ** रूप आया है। —**यष्टि** मे **य** का **ल** हो गया है (वर० २, ३२; चंड० ३, १७अ पेज ४९; हेच० १,२४७; २, ३४; क्रम० २,३९; मार्क० पन्ना १७); महा०, जै०महा० और अ०माग० मे **लट्ठी** और **लट्ठि** रूप मिलते है (हाल; रावण०; कर्पूर० ४४, ३; ४९, १२; ५८, ५; ६९, ८; ७३, १०; ८०, १०; विद्ध० ६४, ४; आयार० १, ८, ३, ५; २, ४, २, ११; सूय० ७२, ६; पण्हा० २८२; नायाध० § १३५; १३६; पेज १४२०; विवाह० ८३१; उवास०; ओव०; कप्प०; एर्त्से०)। मार्क० पन्ना ६७ के अनुसार शौर० मे केवल **जट्ठि** रूप होता है और यह रूप वृषभ ३७, २ मे है और मल्लिकामारुतम् १२९, १९ मे, जहाँ पाठ में **तणुयट्ठी** है तथा १९२, २२ मे जहाँ ग्रथ मे **हारयट्ठी** है इसी रूप से तात्पर्य है, किंतु राजशेखर शौर० मे **लट्ठि** का प्रयोग करता है (कर्पूर० ११०, ६; विद्ध० ४२, ७; ९७, ११; १२२, ३ [यहाँ **हारलट्ठी** है]; बाल० ३०५, १०) और **लट्ठिआ** रूप भी आया है (विद्ध० १०८, ३) जो महा० **लट्ठिआ** से मिलता-जुलता है (चंड० ३, १७अ पेज ४९), अ०माग० मे **लट्ठिया** है (आयार० २, २, ३, २)। साहित्य-दर्पण ७२, ५ **जट्ठि** अशुद्ध है। पाली मे इस शब्द के **लट्ठि*** और **यट्ठि*** रूप मिलते हैं। —हेच० १, २५० के अनुसार **कइवाहं** = **कतिपयम्** है और = पाली **कतिपाहम्** = सस्कृत **कतिपयाहम्** (§ १६७)। —महा० **छाहा** (= छाया; छाह: वर० २, १८; हाल), शौर० रूप **सच्छाह** (हेच० १, २४९; मृच्छ० ६८, २४) और महा० मे **छाही** (= छाया; स्वर्ग: हेच० १, २४९; मार्क० पन्ना १९; देशी० ३, २६; पाइय० २३६; हाल; रावण०) = **छाया** नहीं है परंतु = ***छायाखा** = ***छायाका** अर्थात् ये ***छाखा** और ***छाखी** के लिए आये है जिनमे § १६५ के अनुसार संधि हुई है और § २०६ के अनुसार **ह**-कार आ बैठा है। 'कान्ति' के अर्थ मे हेच० १, २४९ के अनुसार केवल **छाआ** रूप काम मे लाया जाना चाहिए, जैसा कि महा०, शौर० और माग० मे **छाया** का मुख्यतः **छाआ** रूप हो जाता है (गउड०; हाल; रावण०; कर्पूर० ६९, ५; मृच्छ० ९, ९; शकु० २९, ४; ५१, ६; विक्रमो० ५१, ११; कर्पूर० ४१, २; माग० मे: मुद्रा० २६७; २), अ०माग० और जै०महा० मे **छाया** रूप है (पाइय० ११३ और २३६; कप्प०; एर्त्से०)।

§ २५६—माग० मे **र** सदा **ल** का रूप ग्रहण कर लेता है (चंड० ३, ३९; हेच० ४, २८८; क्रम० ५, ८७; मार्क० पन्ना ७४, रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका; वाग्भटालंकार २, २ पर सिंहदेवगणिन् की टीका) और ढक्की

* **लट्ठि** रूप हिंदी में आया है और **यट्ठि जट्ठि** बनकर जेठी रूप से कुमाउनी में और जेठ। रूप से गुजराती मे चलता है। कुछ विद्वानों के मत से **यष्टि** का आदि रूप **क्यष्टि** रहा होगा। —अनु०

में भी यही नियम है (§ २५)। इस प्रकार माग० में : **लहशवशणमिलशुलशिलविअलिदमन्दालल्लाविदहियुगे वीलयिणे** = **रभसवशनम्रसुरशिरोविचलितमन्दाररराजितांह्रियुगो वीरजिनः** (हेच० ४, २८८); **शायंभलीशलशिविल=शाकम्भरीश्वरशिबिर, विग्गंहलाअणलेशलशिलीणं = विग्रहराजनरेश्वरश्रीणाम्।** (ललित० ५६५, ६ और ११) ; **णगलन्तल** = **नगरान्तर, दलिद्दचालुदत्ताह अणुलत्ता** = **दरिद्रचारुदत्तस्यानुरक्ता, अन्धआलपूलिदः** = **अन्धकारपूरित, ओवालिदशलील** = **अपवारितशरीर** (मृच्छ० १३, ८ और २५ ; १४, २२ ; १२७, २५) ; **महालदनभाशुल** = **महारत्नभासुर, उदलब्भन्तल=उदराभ्यन्तर** (शकु० ११३, ३ ; ११४, १०) ; **रामले पिअभत्तालंलुहिलपिअं** = **समरे प्रियभर्तारम् रुधिरप्रियम्** (वेणी० ३३, ८); **बहुणलकदुक्खदालुणपलिणाये दुक्ले** = **बहुनरकदुःखदारुणपरिणायो दुष्करः** (चड० ४२, ६) में सर्वत्र **र** का **ल** हो गया है। —ढक्की में : **अले ले** = **अरे रे** ; **लुद्धु** = **रुद्धः** ; **पलिवेविद** = **परिवेपित** ; **कुरु** = **कुलु** ; **धालेदि** = **धारयति** और **पुलिस** = **पुरुष** (§ २५)। —चड० ३, ३८ ; क्रमदीश्वर ५, १०९ और वाग्भटालंकार २, ३ पर सिंहदेवगणिन् की टीका के अनुसार पै० में भी **र**, **ल** में बदल जाता है : **अले अले दुट्ठलक्खसा=अरे अरे दुष्टराक्षसाः** (चड०) ; **चलण** = **चरण** (क्रम० ५, १०९) ; **छंकाल** = **झंकार** (क्रम० ५, १०२ ; **हलि** = **हरि** (क्रम० ५, १११) ; **लुद्द** = **रुद्र** (एस०)। इसमें नाममात्र सन्देह नहीं कि चड०, क्रमदीश्वर और एस० ने पै० और चू० पै० में अदलाबदली कर दी है (§ १९१ नोटसंख्या १)। हेच० ४, ३०४ ; ३०७ ; ३१४ ; ३१६; ३१९ ; ३२०, ३२१ ; ३२३ और ३२४ में जो उदाहरण दिये गये है उनमें सर्वत्र **र** ही आया है; क्रमदीश्वर ५, १०९ में भी ऐसा ही है : **उसर** = **उष्ट्र** और **कारिअ** = **कार्य**। हेमचन्द्र ४, ३२६ में इसके विपरीत यह सिखाता है कि चू०पै० में **र** के स्थान पर **ल** आ सकता है : **गोलीचलन** = **गौरीचरण, एकातसतनुधलं लुद्दम्=एकादशतनुधरम् रुद्रम्, हल** = **हर** (हेच० ४, ३२६); **नल** = **नर, सल** = **सरस्** (त्रिवि० ३, २, ६४)। सिंहराज ने भी पन्ना ६५ में यही बात कही है। किन्तु चू०पै० के अधिकांश उदाहरणों में **र** मिलता है, जैसे **नगर, किरिटट, राच** —, **चच्चर, निच्छर, छच्छर, तमरुक, तामोतर, मथुर** आदि (हेच० ४, ३२५) ; इसलिए हेच० ४, ३२६ के उदाहरण निश्चय ही एक तीसरी पैशाची बोली से निकले है जिसे मार्कडेय **पांचाल** नाम देता है (§ २७)। ऐसा अनुमान है कि इसमें भी **र** का **ल** में ध्वनिपरिवर्तन उतना ही आवश्यक था जितना माग० और ढक्की में।

§ २५७—माग०, ढक्की और पांचाल को छोड़कर अन्य प्राकृत भाषाओं में (§ २५६) **र** का **ल** में परिवर्तन एक-दो स्थानों पर ही मिलता है और वह अनिश्चित है। वर० २, ३० ; हेच० १, २५४ ; क्रम० २, ३५ ; मार्कंडेय पन्ना १७ और प्राकृतकल्पलतिका पेज ५२ में वे शब्द दिये गये हैं जिनमें यह **ल** आता है, ये आकृतिगण **हरिद्रादि** में एकत्र किये गये हैं। इनके उदाहरण सब प्राकृत बोलियों के लिए

समान रूप से लागू नहीं होते। किसी में **हलद्दा** और किसी मे **हलद्दी** बोला जाता है (सब व्याकरणकार), महा०, अ०माग० और जै०महा० में **हलिद्दा**, महा० में **हलिद्दी**, अ०माग० मे **हलिद्द** (§ ११५) चलता है। महा०, जै०शौर० और शौर० में **दलिद्द=दरिद्र*** (सब व्याकरणकार ; गउड० ८५९ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; शब्दसूची मे यह शब्द देखिए] ; हाल ; कत्तिगे० ४०४, ३८७; मृच्छ० १८, ९ ; २९, १ और ३ ; ५४, ३ ; ५५, २५ ; ७०, ७), **दलिद्दवा** रूप पाया जाता है (मृच्छ० ६, ८; १७, १८ ; ५४, १), किन्तु महा० मे **दरिद्दत्तण** रूप भी है (कर्पूर० १६, २), शौर० मे **दरिद्ददा** भी आया है (मालवि० २६, १५), अ०माग० और जै०महा० मे **दरिद्द** है (कप्प० ; एर्त्से०), जै०महा० मे **दरिद्दी**= **दरिद्रिन्** है, **दरिद्दिय** भी मिलता है (एर्त्से०)। **जहिट्ठिल** (सब व्याकरणकार), **जहुट्ठिल** (हेच०) और अ०माग मे **जुहिट्ठिल** है किन्तु शौर० और अप० में **जुहिट्ठिर = युधिष्ठिर** है (§ ११८)। महा०, जै०महा० और शौर० मे **मुहल = मुखर** (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से० ; प्रबोध० ३९, ८)। अ०माग० और जै०महा० में **कलुण = करुण** (सब व्याकरणकार ; आयार० १, ६, १, २ ; सूय० २२५ ; २७० ; २७३ ; २८२ ; २८६ ; २८८ ; २८९ और २९१ ; नायाध० ; ओव० ; सगर ५, १५ ; एर्त्से०; इसमे सर्वत्र क्रियाविशेषण रूप **कलुणं** है), इसके साथ-साथ जै०महा०, शौर० और अप० मे **करुण** है (एर्त्से० ; शकु० १०९, ९ ; विक्रमो० ६७, ११) तथा महा०, अ०माग० और जै०महा० में सदा **करुण** रूप है (= दया : गउड० ; आयार० २, २, १, ८ ; २, ३, ३, १५ [यहाँ पाठ मे अशुद्ध रूप **कलुण- है**] ; सगर ५, १८ ; कालका०), महा० मे **करुणअ = करुणक** (= दया ; गउड०)। महा० मे **चिलाअ**, अ०माग० **चिलाय = किरात**, अ०माग० मे **चिलाई = किराती**, **चिलाइया=किरातिका**, इन रूपों के साथ-साथ शौर० मे **किराद**, जै०महा० मे **किराय** और महा० रूप **किराअ** 'शिव' के अर्थ मे आते हैं (§ २३०)। महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **फलिह = परिघ**, महा० और अ०माग० मे **फलिहा = परिखा** (§ २०८); **फालिहद्द = पारिभद्र** (§ २०८)। **वलुण = वरुण** (हेच० १, २५४) किन्तु महा० मे **वरुण** चलता है (हाल), शौर० मे **वारुणी** रूप मिलता है (बाल० १३४, १३)। अ०माग० में **अन्तलिक्ख = अन्तरिक्ष** (आयार० २, १, ७, १ ; २, २, १, ७ ; २, ४, १, १३ ; २, ५, १, २० और २१ ; २, ७, १, ७ ; सूय० २९४ और ७०८ ; उत्तर० ४५६ और ६५१ ; दस० ६२९, ३३ ; नायाध० § ९३ ; उवास०), किंतु शौर० में **अन्तरिक्ख** पाया जाता है (पाइय० २७ ; मृच्छ० ४४,१९ ; मालवि० २५,१४)। अ०माग० में **रुइल = रुचिर** (सूय० ५६५ ; सम० २५ [पाठ में **रुइल्ल है**] ; ५९; पण्हा० २६९ और २८५ ; पण्णव० ११६; नायाध० ; ओव० ; कप्प०)। अ०माग० में **लूह** (आयार० १,२,६,३ ; १,५,३,५ ; १,६,५,५ ; १,८,४,४ ; सूय० १६५ ;

* हिंदी की बोलचाल में दलिद्दर रूप चलता है। दलिद्द और दलिद्दी कुमाउनी बोली में भी चलते हैं। —अनु०

१८५ ; ५७८ ; ६६५ ; पण्हा० ३४८ और उसके बाद ; विवाह० २७९ और ८३८ ; ठाणंग० १९८ ; उत्तर० ५६ और १०६ ; ओव०), **लुलूह** (सूय० ४९७) और **लुक्ख** (आयार० १,५,६,४ ; १,८,३,३ ; २,१,५,५ ; सूय० ५९० ; ठाणंग० १९८; विवाह० १४७० और उसके बाद ; नायाध० १४७० और उसके बाद ; पण्णव० ८ ; ११ ; १२ ; १३ ; ३८० ; अणुओग० २६८ ; जीवा० २८ और २२४ ; उत्तर० १०२२ ; कप्प०) = **रूक्ष** ; **लुक्खय** (उत्तर० १०२८), **लुक्खत्त** (ठाणंग० १८८ ; विवाह० १५३१), **लूहेइ** और **लूहित्ता** (जीवा० ६१० ; नायाध० २६७ ; राय० १८५), **लूहिय** (नायाध० ; ओव० ; कप्प०), **रुक्ख** रूप अशुद्ध है (सूय० २३९) और अ०माग० में भी सदा =**रुक्ष** (= वृक्ष : § ३२०) ; किंतु अप० में **रुक्ख** आया है (पिंगल २, ९८) और यह रूप जै०महा० में भी जब शब्दों का चमत्कार दिखाना होता है तो **रुक्ख** (=रूखे, के साथ) रुक्ख = वृक्ष (ऋषभ० ३९) का मेल किया जाता है। नीचे दिये शब्दों में अ०माग० में **ल** देखा जाता है : **लाधा = राढा** (आयार० १, ८, ३, २) और = **राढा** (आयार० १, ८३, १) और = **राढाः** (आयार० १, ८, ३, ३ ; ६ और ८ ; पण्णव० ६१ ; विवाह० १२५४) = शौर० **राढा** (कर्पूर० ९, ४) = संस्कृत **राढा** ; इसके अतिरिक्त **परियाल = परिवार** में (नायाध० § १३० ; पेज ७२४ ; ७८४ ; १२७३; १२९० ; १३२७ ; १४६० [पाठ में **परियार** है] ; १४६५ ; निरया०), इसके साथ साथ **परिवार** भी चलता है (ओव० ; कप्प०) **ल** आया है ; **सूमाल, सुकुमाल** तथा इनके साथ साथ महा० **सोमार** और **सोमाल** तथा **सुउमार**, शौर० **सुउमार**, **सुकुमार** और जै०महा० **सुकुमारया** में **ल** अ०माग० में आता है (§ १२३); संख्या शब्दों में अ०माग० और जै०महा० में **चत्तालीसं**, अ०माग० **चत्तालीसा**, जै०महा० **चायालीसं**, **चालीसा**—, अप० **चालीस=चत्वारिंशत्** और इस रूप के साथ अन्य संख्या शब्द जुड़ने पर भी **ल** आता है, जैसे अ०माग० और जै०-महा० **बायालीसं** (=४२), **चउयालीसं** और **चोयालीसं** (=४४) आदि-आदि (§ ४४५) हैं। अ०माग० में बहुधा **परि** का **पलि** हो जाता है, यह विशेष कर अत्यन्त प्राचीन बोली में : उदाहरणार्थ **पलिउञ्चयन्ति = परिकुञ्चयन्ति** (सूय० ४८९), **पलिउञ्चिय=परिकुञ्च्य** (आयार० २, १, ११, १), **पलिउञ्चय= परिकुञ्चन** (सूय० ३८१) और **अपलिउञ्चमाण=अपरिकुञ्चमान** में (आयार० १, ७, ४, १ ; २, ५, २, १) ; **पलियन्त = पर्यन्त** (आयार० १, २, ४, १ और ४ ; सूय० १०८ और १७२) ; **पलेइ=पर्येति** (सूय० ४९५), **पलिन्ति = परियन्ति** (सूय० ९५ और १३४) ; **पलियंक = पर्यंक** (आयार० २, ३, १९ और २० ; सूय० ३८६ ; ओव०), **पलिक्खीण=परिक्षीण** (सूय० ९७८) ; **पलिच्छिन्न=परिच्छिन्न**(आयार० १, ४, ४, २ ; सूय० ५६०), **पलिच्छिन्दिय = परिच्छिद्य** (आयार० १, ४, ४, ३ ; २, ५, २, ३ और ५), **पलिओच्छिन्न = पर्यवच्छिन्न** (आयार० १, ५, १, ३) ; **पलिभिन्दियाणं=परिभिद्य** (सूय० २४३) ; **पलिच्छाएइ = परिच्छादयति** (आयार० २, १, १०, ६) ; **पलिम-**

इज्जा=परिमर्दयेत् (आयार० २, १३, २); **पलिउच्छूढ = पर्युत्क्षुब्ध** (§ ६६); **संपलिमज्जमाण** रूप भी है (आयार० १, ५, ४, ३)। इससे यह निदान निकलता है कि अ०माग० में अन्य प्राकृत भाषाओं से अधिक बार **र** के स्थान पर **ल** का प्रयोग पाया जाता है। इस बात में यह मागधी के समीप है और महा० से दूर है (§ १८)। हेच० १, २५४ के अनुसार **जढर = जठर**, **वढर=वठर** और **णिट्ठुर=निष्ठुर** के साथ साथ **जढल**, **वढल** और **णिठल** भी बोला जाता है। अभी तक निम्नलिखित रूपों के उदाहरण मिलते हैं, महा० और शौर० में **जढर** (पाइय० १०२; गउड०; मृच्छ० ७२, १९); महा० में **णिट्ठुर** (गउड०, हाल ; रावण०), अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में **निट्ठुर** (पाइय० ७४ ; ओव०; एत्सें० ; कत्तिगे० ४००, ३३३ [यहाँ पाठ में **णिट्ठुर** है])। हेच० १, २५४ और त्रिविक्रम० १, ३, ७८ में बताते है कि **चरण** का जब पाँव अर्थ होता है तब उसका रूप **चलण** हो जाता है अन्यथा **चरण** ही बना रह जाता है। भामह, मार्क० और प्राकृतकल्पलता में बिना अपवाद के **चलण** ही है। इस प्रकार महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० में पाँव के लिए **चलण** ही है (पाइय० १०९; गउड० ; हाल ; रावण०[2] ; कर्पूर० ४६, ८ ; ५६, १ ; ५०, १ ; ६२, ८ ; उवास० ; ओव० ; कप्प०[3] ; ऋषभ[4] ; मृच्छ० ४१, ४ और १२ ; शकु० २७, ९ ; ६२, ६ ; ८४, १४; मालवि० ३४, १२; कर्पूर० २२, १[5]; हेच० ४, ३९९)। अ०माग० में **चरण** का अर्थ 'जीवनयात्रा' भी है (नायाध०), अप० में इसका अर्थ 'श्लोक या कविता' का पाद भी (पिंगल १, २ ; १३ ; ७९ ; ८० आदि आदि), साथ ही इसका अर्थ 'पाव' भी होता है (पिंगल १, ४ अ ; २२; ८५ अ ; ११६ ; २, १८६)। **सक्काल = सत्कार** (हेच० १, २५४) के स्थान पर महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में केवल **सक्कार** के प्रमाण मिलते हैं (गउड० ; रावण०; नायाध० ; निरया० ; कप्प० ; एत्सें० ; कालका०; शकु० २३, ८ ; २७, ६ ; मालवि० ४४, ४ ; ७०, २ ; ७२, २)। —**इंगाल** और इसके साथ साथ **अंगार** रूपों के लिए § १०२ देखिए, **काहल** और इसके साथ-साथ चलनेवाले रूप **काअर** के विषय में § २०७ देखिए और **भसल** के लिए § २५१ देखिए।

१. रूप के हिसाब से **परियाल=परिवार** को प्राथमिकता मिलनी चाहिए किन्तु अर्थ के हिसाब से यह=**परिवार**। — २. रावणवहो ६, ७ ; ८, २८ में **चलण** पढ़ा जाना चाहिए और ६, ८ ; १३, ४९ में **चलण** शुद्ध किया जाना चाहिए। — ३. कप्पसुत्त § ३६ में पहली पंक्ति के **चलण** के बाद दूसरी पंक्ति में **चरण** रूप छपा है। यहाँ **चलण** सुधारा जाना चाहिए। — ४. ऋषभ-पंचाशिका २८ में बंबइया संस्करण के साथ **चलणा** पढ़ा जाना चाहिए। — ५. विक्रमोर्वशी ५३, ९ और ७२, १९ में बॉल्लें नसेन ने **चरण** रूप दिया है। द्राविड़ी संस्करण में पहले स्थान पर यह शब्द नहीं आया है, पण्डित अपनी हस्तलिपियों के अनुसार दूसरे स्थल पर **चरण** पढ़ता है (१२७, १)। पिशल यहाँ **चलण** पढ़ता है (६५८, १८)। यह रूप सुधार कर **चलण** पढ़ा जाना चाहिये।

§ २५८—अ०माग० **तुडिय** (आयार० २, ११, १४ ; पण्हा० ५१३ ; नायाध० ८७० ; राय० २० ; २१ ; ६० ; ८० ; निरया० ; ओव० ; कप्प०) टीकाकारों, याकोबी[1], ए० म्युलर[2], वारन[3] और लौयमान[4] के अनुसार = **तूर्य** है, किन्तु यह = **तूर्य** नहीं = ***तुदित** = **तुन्न** है जो **तुडइ** से निकला है (हेच० ४, ११६) = **तुदति** है जिसके **द** का § २२२ के अनुसार मूर्धन्यीकरण हो गया है। संस्कृत **तुड्**, **तोडी** और **तोडिका** (भारतीय संगीत के एक राग या रागिनी का नाम) तथा **तोद्य** और **आतोद्य** (= मजीरा) । —यह माना जाता है **किडि** और **भेड** = **किरि** और **भेर** (हेच० १, २५१) किन्तु ये = संस्कृत **किटि** और **भेड**[1] के । —अ०माग० **पडायाण** (= पलान; जीन : हेच० १, २५२)। हेच० के अनुसार = **पर्याण** है, किन्तु यह § १६३ के अनुसार = ***प्रत्यादान** है ; इस विषय में संस्कृत **आदान** (=जीन की झूलन या अलंकार) की तुलना कीजिए। —अ०माग० और जै०महा० **कुहाड** = **कुठार** में **र** के स्थान पर **उ** आ गया है, यही ध्वनिपरिवर्तन **पिहड** = **पिठर** में हुआ है (§ २३९) । —अ०माग० **कणवीर*** = **करवीर** (हेच० १, २५३ ; पाइय० १४६ ; पण्णव० ५२६ ; राय० ५२ और उसके बाद ; पण्हा० १९४), **कणवीरय** रूप भी पाया जाता है (पण्णव० ५२७ और उसके बाद), § २६० के अनुसार ***कलवीर** अथवा **कलवीर** से सम्भवतः यह भी सभव है कि इसका पर्यायवाची शब्द ***कणवीर** भी किसी ग्रंथ में मिल जाय। महा० में इसका रूप **करवीर** है (गउड०), माग० **कलवील** (मृच्छ० १५७, ५) है। § १६६ और १६७ के अनुसार **कणवीर** से **कणेर** निकला है (हेच० १, १६८), [यहाँ भडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट के १९३६ के सस्करण में, जो मेरे पास है, **कण्णेर** रूप है। —अनु०]। हेमचंद्र बताता है : **कणेर** = **कर्णिकार** और ए०, बी०, सी०, ई० हस्तलिपियाँ तथा त्रिविक्रम १, ३, ३ में **कण्णेरो** है (मेरी प्रति में हेमचद्र भी **कण्णेरो** रूप देता है ; उसमे १, १६२ मे **कण्णेरो** और **कण्णिआरो** दो रूप हैं। —अनु०)। इसके अनुसार मेरे सस्करण में भी यही दिया गया है। किंतु एफ० हस्तलिपि और बबइया सस्करण **कणेरो** पाठ है और मराठी, गुजराती, हिन्दी तथा उर्दू मे **कणेर** का अर्थ जो दिया जाता है, किसी प्रकार ठीक नहीं है, क्योंकि **कर्णिकार** § २८७ के अनुसार साधारण **ण** के साथ **कणिआर** रूप ग्रहण कर सकता है इसलिए मालूम होता है कि हेमचद्र ने स्पष्ट ही दो प्रकार के पौधों को एक में मिला दिया है। जै०महा० **कणेरदत्त** (एर्से०) = **करवीरदत्त** होगा। **करवीर**, **करवीरक** और **करवीर्य** मनुष्यों के नामों के लिए प्रसिद्ध हैं। **कर्णिकार** नामों में नहीं आता। **कणेर** को **कर्णिकार** से व्युत्पन्न करना[1] भाषाशास्त्र की दृष्टि से असंभव है।

१. यह शब्द कल्पसूत्र में देखिए। — २. बाइत्रैगे पेज २८। — ३. निरयावलिआओ में यह शब्द देखिए। — ४. औपपातिक सूत्र में यह शब्द

---

* यह एक जंगली पौधा है जो कुमाऊँ के पहाड़ों में जंगली दशा में बरसात में होता है। इसका नाम एकनवीर है। यह वैदिक शब्द है और ऋग्वेद में आया है। —अनु०

देखिए। — ५. हेमचंद्र १, २५१ पर पिशल की टीका। — ६. त्सा. डे. डौ. मौ. गे. ४७, ५७८ में याकोबी का मत।

§ २५९—संस्कृत **किल** के लिए बोली के हिसाब से **किर** रह गया है : महा०, जै०महा० और अप० में **किर** है (वर० ९, ५ ; हेच० २, १८६ ; क्रम० ४, ८३ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्से० ; पिंगल १, ६० ; हेच० ४, ३४९)। इसके साथ साथ जै०महा० में **किल** भी आया है (आव० एर्से० ८, ४५ ; एर्से०), शौर० में सदा यही रूप काम में आता है (मृच्छ० २, २४ ; शकु० २१, ४ ; ३०, १ ; ११६, ७ ; १५९, १२ ; विक्रमो० ५२, ४ ; ७२, १८ ; ८०, २० आदि-आदि)। भारतीय संस्करणों में जहाँ कहीं शौर० में **किर** रूप मिलता है जैसे कि प्रसन्नराघव ४६, ७ ; ४८, १२ ; १०१, ३ ; ११९, १२ वहाँ या तो पाठ अशुद्ध है या बोली में कुछ हेरफेर हो गया है। महा० **इर** जिसके साथ-साथ **किर** रूप भी काम में आता है (वर० ९, ५ ; हेच० २, १८६ ; क्रम० ४, ८३ ; गउड० ; रावण०) § १८४ से स्पष्ट हो जाते हैं। **हिर** (हेच० २, १८६) का स्पष्टीकरण § ३३८ में है। अन्यथा **ल** के स्थान पर **र** का प्रयोग बहुत ही कम होता है और कहीं-कहीं बोली में होता है : शौर० में **फरअ = फलक** (देशी० ६, ८२ ; कर्पूर० ८७, ६) है। अ०माग० में **सरडुय = सलाटुक** होता है (आयार० २, १, ८, ६) ; **सामरी = शाल्मली**, इसके साथ साथ अ०माग० में **सामली** रूप भी चलता है (§ ८८ और १०९)।

§ २६०—शब्द के आदि में नीचे दिये रूपों में **ल** का **ण** और **न** हो गया है : **णाहल = लाहल** (वर० २, ४० ; हेच० १, २५६), इसके साथ साथ **लाहल** भी है (हेच० १, २५६)। **णंगल** और अ०माग० **नंगल = लांगल** (हेच० १, २५६ ; क्रम० २, ४७ ; मार्क० पन्ना १८ ; पाइय० १२१ [पाठ में **नंगल** है] ; आयार० २, ४, २, ११ ; पण्हा० २३४ ; दस० नि० ६४६, १०), इसके साथ साथ **लंगल** रूप भी है (हेच० ; मार्क०), **नंगलिय = लांगलिक** (ओव० ; कप्प०)। अ०माग० में **णंगुल = लांगुल** (मार्क० पन्ना १८ ; जीवा० ८८३ ; ८८६ और ८८७), **गोणंगुल** रूप आया है (विवाह० १०४८), **णंगूल = लांगूल** (हेच० १, २५६), **नंगूली = लांगुलिन्** (अणुओग० ३४९), **णंगोल** भी पाया जाता है (नायाध० ५०२), **णंगोली** (जीवा० ३४५), **णंगोलिय** (ठाणंग० २५९ ; जीवा० ३९२ [यहां **नंगोलिय** है]), इनके साथ-साथ महा० में **लंगूल** चलता है (हेच० १, २५६ ; गउड०)। **णोहल = लोहल** (क्रम० २, ४७ ; मार्क० पन्ना १८), इसके साथ साथ **लोहल** भी है (मार्क०)। यह बात ध्यान देने योग्य है कि अ०माग० के पाठों में शब्दों के आदि में अधिकांश में **ण** लिखा गया है। मार्कण्डेय पन्ना ६७ के अनुसार यह ध्वनिपरिवर्तन शौर० में कभी नहीं होता। पाली **नलाट** और इसके साथ-साथ **ललाट** के समान ही प्राकृत में **णलाड** रूप है (हेच० २, १२३), § १०३ के अनुसार महा० और अ०माग० में इसमें **इ** आ जाता है इसलिए **णिलाड** रूप होता है (रावण० ; आयार० १, १, २, ५ [पाठ में **निलाड** है] ; नायाध० १३१० ; १३१२ ; पण्हा० २७३ [पाठ में **मिलाड** और टीका में **निडाल** है] ; विवाग० ९०

[टीका में **निडाल है**] ; १२१ ; १४४ ; १५७ ; १६१), महा० में बहुधा अंतिम वर्णों के परस्पर स्थान विनिमय के कारण और § ३५४ के अनुसार **णडाल** (हेच० १, २५७ ; २, १२३ ; क्रम० २, ११७ ; मार्क० पन्ना ३८ ; गउड०), महा०, अ० माग०, जै०महा० और शौर० में **णिडाल** (अ०माग० और जै०महा० में कभी कभी **निडाल** रूप मिलता है ; भाम० ४, ३३ ; हेच० १, २५७ ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ४८, ६ ; नायाध० ७५४ ; ७९० ; ८२३ ; विवाह० २२७ ; राय० ११३ ; जीवा० ३५१ ; ३५३ ; पण्हा० १६२ ; २८५ ; उवास० ; निरया० ; ओव० ; आव० एर्से० १२,२७ ; एर्से० ; बाल० १०१,६ ; २५९, ८ [पाठ में **णिडोल है**] ; चंडकौ० ८७,८; मल्लिका० १९५,५) । अप० में **णिडला** आया है (पिंगल २,९८ ; पाठ मे **णिअला** है) । ऐसी संभावना है कि शौर० रूप अशुद्ध हो । शौर० के लिए **ललाड** रूप निश्चित है क्योंकि इसका ध्वनिसाम्य **ललाडे = लाडेसर** से है (बाल० ७४, २१); **यह** रूप बालरामायण २७०, ५; वेणीसंहार ६०, ५ [पाठ में **ललाट है**; इस ग्रंथ में **णिडाल, णिडल और णिडिल** शब्द भी देखिए] मे भी देखिए । अ०माग० में **लिलाड** (राय० १६५) रूप अशुद्ध है । मार्कडेय पन्ना ३८ में बताया गया है शौर० मे **लडाल** और **णिडिल** रूप भी चलते है, (पार्वतीपरिणय ४२, १२ मे [ग्लाजर के सस्करण के २३, ३१ मे **णिडल** रूप आया है ; वेणीसंहार ६०, ५ में यह शब्द देखिए]) । यह रूप **निटल, निटाल और निटिल** रूप में संस्कृत मे ले लिया गया है[१] । महा० **णाडाल** (= ललाट मे रहनेवाला : गउड० २९), **णडाल** से संबंध रखता है ; **णिडाल** का लोगों के मुँह मे **णेडाली** (=शिरोभूषणभेदः ; पट्टवासिता : देशी० ४, ४३) बन गया । **जम्पइ = जल्पति** और इससे निकले अन्य रूपों में **ल** का **म** हो गया है (§ २९६) । —पै० और चू०पै० मे शब्द के भीतर का **ल ळ** में बदल जाता है : **धूळि = धूलि** ; **पाळक** और **बाळक = बालक** ; **मण्टळ = मण्डल** ; **लीळा = लीला** ; **सइळ = शैल** (हेच० ४,३२५-३२७) । **उच्छळळन्ति** भी (हेच० ४, ३२६) इसी प्रकार लिखा जाना चाहिए । § २२६ की तुलना कीजिए ।

१. कू. त्सा० ३५, ५७३ में याकोबी ने मत दिया है कि **णिडाल** रूप **ललाट** से सीधा बिना किसी फेरफार के मिलाने में कठिनाई पैदा होती है ।

§ २६१—अप० मे कभी-कभी **व वँ** में परिणत हो जाता है[१] : **एवँ = एव** और इसका अर्थ है 'एवम्' (हेच० ४, ३७६, १ और ४१८,१) ; **एवँइ = एव+अपि**, इसका अर्थ है 'एवम् एव' (हेच० ४, ३३२,२ ; ४२३,२ ; ४४१,१ ; [मेरी प्रति में हेच० में **एम्वइ** रूप है । —अनु०]) । **एवँहिं, इदानीम्** के अर्थ मे वैदिक **एवैः है** (हेच० ४ , ३८७, ३ ; ४२०, ४) ; **केवँ** (हेच० ४, ३४३, १ और ४०१, १), **किवँ** (४, ४०१, २ और ४२२, १४), **कथम्** अर्थ में = *केव (§ १४९ और ४३४ की तुलना कीजिए), **केवँइ** (हेच० ४, ३९० ; ३९६, ४) = **कथम् अपि** ; **तेवँ** (हेच० ४, ३४३, १ ; ३९७ और ४०१, ४), **तिवँ** (हेच० ४,३४४; ३६७, ४ ; ३७६, २ ; ३९५,१ ; ३९७ और ४२२; २ [३६७, ४ मे **तिवँ** रूप नहीं आया है, मेरी प्रति में यह रूप ३६७,३ में है । —अनु०] ; **तथा** के अर्थ में = ***तेव**,

तेवँइ रूप भी है (हेच० ४, ४३९, ४) ; **जेवँ** (हेच० ४, ३९७ ; ४०१, ४ ; क्रम० ५, ६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **जिवँ** (हेच० ४, ३३०, ३ ; ३३६ ; ३४४ ; ३४७ ; ३५४ ; ३६७, ४ ; ३७६, २ ; ३९७ आदि-आदि; कालका० २७२, ३७ [पाठ में **जिव** है]; [**जिवँ** रूप अनुवादक की प्रति में ३६७,३ में **है, जिवँ जिवँ** और **तिवँ तिवँ** इस एक ही दोहे में है, इनके वर्तमान हिन्दी में **ज्यों ज्यों और त्यों त्यों** रूप मिलते हैं। —अनु०]) । **यथा** के अर्थ में=***येव** और ***यिव** (§ ३३६) ; **जावँ = यावत्** (हेच० ४, ३९५, ३) ; **तावँ = तावत्** (हेच० ४, ३९५, ३) हैं। अप० में इस **वँ** का विकास पूर्ण **म** में हो गया है : **जाम = यावत्** (हेच० ४, ३८७, २; ४०६, १ ; वेताल० पेज २१७, संख्या १३) ; **ताम = तावत्** (हेच० ४,४०६,१ वेताल पेज २१७, सख्या १३) ; **जामँहि** और **मामँहि = यावद्भिः** और **तावद्भिः** किन्तु इनका अर्थ = **यावत्** और **तावत्** (हेच० ४,४०६,३ ; एर्से० ८६, १७ और उसके बाद [पाठ में **जावहि तावहि है**]) । जिन-जिन प्राकृत भाषाओं में **म, व** का प्रतिनिधित्व करता है उन-उन में **व** के विकास का यही क्रम माना जाना चाहिए : **अज्जम = आर्जव** (त्रिवि० १, ३, १०५)[1] ; **ओहामइ** (किसी से बढ़ जाना ; तुलइ : हेच० ४, २५) ; **ओहामिय** (अधिक तोला गया : पाइय० १८७), इनके साथ-साथ **ओहाइव** (हेच० ४,१६०; इसका अर्थ = आक्रमण करना । —अनु०) और **ओहाइय** रूप देखने में आते हैं; यह **ओहाइय = *ओहाविअ** (= झुका हुआ मुख ; अधोमुख : देशी० १, १५८) = ***अपभावति** और **अपभावित**[2] । **गमेसइ** और इसके साथ-साथ **गवेसइ = गवेषति** (हेच० ४, १८९) । **णीमी** और इसके साथ साथ **णीवी = नीवी** (हेच० १, २५९) । **णुमइ** और **णिमइ** की धातु के रूप हैं (§ ११८) । शौर० में **दमिळ** (मल्लिका० २९६,१४) = **द्रविड**, अ०माग० में **दमिळा** (विवाह० ७९२ ; राय० २८८) और **दमिळी** (नायाध० ; ओव०) = पाली **दमिळी** = संस्कृत **द्रविडी**, इनके साथ-साथ अ०माग० में **दविळ** भी है (पण्हा० ४१), शौर० का **दविड** (मृच्छ० १०३, ६ ; विद्ध० १७५, २) = **द्राविड**, महा० **दविडी = द्रविडी** (विद्ध० २४, १२) । अ०माग० और जै०महा० का **वेसमण = वैश्रवण** (§ ६०) । कर्मवाच्य में गौण **व** का **म** में ध्वनिपरिवर्तन इसी क्रम से हुआ है : **चिम्मइ** और इसके साथ साथ **चिव्वइ**, **चीव्** धातु के रूप हैं और जै०महा० **सुम्मउ** तथा इसके साथ **सुव्वइ, स्वप्** धातु से निकले है (§ ५३६) ; इसके अतिरिक्त अ०माग० में **भूमा = *भ्रुवा = भ्रूः**, महा० **भुमआ**, अ०माग० **भुमया, भुमगा** और **भुमहा = *भ्रुवका** (§ १२४ और २०६) । —**प** और **ब** के ध्वनिपरिवर्तन पहले **व** होकर **म** हो जाने के विषय में § २४८ और २५० देखिए ; **म** के स्थान पर **व** आ जाने के विषय में § २५१ और २७७ देखिए ; **व** के लिए **ग** आ जाने के विषय में § २३१ ; **व** के स्थान पर **प** के विषय में § १९१ तथा २५४ और **य** के लिए **व** ध्वनिपरिवर्तन पर § २५४ देखिए ।

१. हस्तलिपियाँ वँ के स्थान पर सदा म्व लिखती हैं, कहीं-कहीं व भी मिलता है जो वँ के साथ-साथ सम्भवतः ठीक ही लगता है । —२. बे० बाइ०

६, ९४ में पिशल का मत। —३. एस० गौल्दश्मित्त कृत प्राकृतिका पेज १४ आर उसके बाद, इसमें वह भूल से अवभू मानता है। § २८६ की तुलना कीजिए।

§ २६२—श, ष और स-कार कभी जनता के मुँह से ह- रूप में बाहर निकलते हैं, विशेष करके दीर्घ स्वर और स्वरों के द्वित्व के बाद। वररुचि २,४४ और ४५; चंड० ३, १४; क्रम० २, १०४ और १०५; मार्क० पन्ना १९ के अनुसार महा० में **दशन्** का **श** **दशन्** और उन संख्या शब्दों में, जिनके साथ यह **दशन्** जुड़ता है, निश्चय ही **ह** में परिणत होता है और व्यक्तियों के नाम में इच्छानुसार **ह** बन जाता है; हेच० १, २६२ के अनुसार **ह** की यह परिणति स्वयं संख्या-शब्दों में इच्छानुसार या विकल्प से है, इस मत की सभी पाठ पुष्टि करते हैं। महा० **दस** (रावण० [इस ग्रन्थ में बहुधा **दह** मिलता है]; कर्पूर० ७३, ९; ८७,१), **दह** (कर्पूर० १२,७); **दस-कन्धर** (गउड० ; रावण०); **दसकण्ठ, दहकण्ठ** (रावण०); **दहमुह, दहरह, दासरहि, दहवअण** और **दसाणण** (रावण०) मे इच्छानुसार **स** या **ह** है। अप० मे भी **ह** है (पिंगल १, ८३ [एस० गौल्दश्मित्त ने यही दिया है]; १२३; १२५; १५६; २ १९६); **दस** (विक्रमो० ६७,२०) भी है। अ०माग० और जै०महा० में केवल **दस** रूप है (§ ४४२)। मार्कण्डेय पन्ना ६७ के अनुसार शौर० मे **दशन्** और **चतुर्दशन्** का **श, स** या **ह** रूप ग्रहण कर लेता है। इसके विपरीत नामों में **स** ही आता है तथा दश संख्यायुक्त शब्दों में स्वयं **दशन्** और **चतुर्दशन्** को छोड़ सब मे **ह** आता है। **दस** मिलता है (कर्पूर० ७२, ३; प्रसन्न० १९,५) और **दह** (रत्ना० २९२, १२) मे; **दसकन्धर** रूप भी आया है (महावीर० ११८, ३), **दासरध** भी है (उत्तर० २७, ४ [पाठ मे **दासरह** है]; बाल० १५२, १० [पाठ में **दासरह** है]; अनर्घ० १५०,१२ [पाठ मे **दासरह** है]); **दासरधि** (अनर्घ० १५७, १० [पाठ **दासरहि** है]), **दसमुह** (महावीर० २२,२०; प्रसन्न० १४३,६; बाल० २०, १५), **दसाणण** (बाल० ५७, २; १२३, १७; १२५, १०; १३९, १३), **दसकण्ठ** (बाल० १२२, १५; १४३, १७) रूप मिलते हैं। माग० और ढक्की मे केवल **दश** रूप है (मृच्छ० ११, १; ३२, १८; ३८, १७; १२१, २५; १२२, १९; १३३, २०; १३४, १३; ढक्की मे : मृच्छ० २९, १५; ३०, १; ३१; ४; ३२, ३; ३४, ९; १२; १७; ३५, ७; ३९, १३), माग० मे **दशकन्धल** मिलता है (मृच्छ० १२, १३), माग० मे **दह** (ललित० ५६६, ११) अशुद्ध है। दस संख्यायुक्त अन्य शब्दों मे महा० और अप० मे **ह** लगता है। अन्य प्राकृतों में **स** है (§ ४४३)। महा० और शौर० **एँद्दहमेत्त=ईदशमात्र**, महा० **तेँद्दह = तादृश**, **जेद्दह = यादृश** (§ १२२); अप० **एह, केह, जेह** और **तेह** तथा इनके साथ चलने वाले **अइस, कइस, जइस** और **तइस = ईदृश, कीदृश, यादृश** और **तादृश** (§ १२१ और १६६); अप० **साह = शाश्वत** (§ ६४) में भी **श** ने **ह** रूप ग्रहण कर लिया है। क्रमदीश्वर २, १०४ के अनुसार **पलाश** का **पलाह** हो गया है। उदाहरण रूप से महा०, अ०माग० और शौर० में **पलास** (गउड० ; हाल ;

कप्प० ; मृच्छ० १२७, २१) तथा माग० रूप **पलाश** (मृच्छ० १२७, २४) देखने में आते हैं।

§ २६३—नीचे दिये गये उदाहरणों में **ष** ने **ह** रूप धारण कर लिया है : महा० में **घणुह** = ***धनुष** = **धनुस्** (हेच० १, २२ ; कर्पूर० ३८, ११ ; प्रसन्न० ६५, ५), **घणुहो** = **धनुषः** (बाल० ११३, १७)। — महा० **पच्चूह** = **प्रत्यूष**, इसका अर्थ है 'प्रातःकाल का सूर्य' (हेच० २, १४ ; देशी० ६, ५ ; पाइय० ४ ; हाल ६०६ [इस रूप के अन्य शब्दों के तथा टीकाकारों के अनुसार यह रूप पढ़ा जाना चाहिए]), किन्तु महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० में **पच्चूस** रूप 'प्रातःकाल का सूर्य' के अर्थ में आया है (हेच० २, १४ ; पाइय० ४६; गउड० ; हाल ; रावण० ; नायाध० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कत्तिगे० ४०३, ३७३ ; ३७५; शकु० २९, ७ ; मल्लिका० ५७, १६ ; विद्ध० ११५, ४)। —महा०, अ०माग० और जै०महा० **पाहाण** = **पाषाण** (चड० ३, १४ ; हेच० १, २६२ ; क्रम० २, १०४ ; मार्क० पन्ना १९ ; गउड० ; हाल ; उवास० ; एर्त्से०), जै०महा० में **पाहाणग** (एर्त्से०) और इसके साथ-साथ **पासाण** रूप है (हेच० ; मार्क०), जो मार्क० पन्ना ६७ के अनुसार शौर० में सदा ही होता है। —अ०माग० **विहण** = **भीषण** और **बीहणग** = **भीषणक** ; महा० और जै०महा० में **बीहइ** (= भय करता है; **बिभेति** का रूप है।—अनु०), इनके साथ-साथ महा० और शौर० में **भीसण** रूप है जो=**भीषण** (§ २१३ और ५०१ । —अप० में **एहो**, **एह** और **एहु**=**एष**, **एषा** और ***एषम्** = **एतद्** (हेच० ४, ३६२ और शब्द सूची ; पिंगल १, ४ [बौल्लेनसेन विक्रमो० की टीका में पेज ५२७] ; ६१, ८१ ; २, ६४ ; विक्रमो० ५५, १६)। —अप० **अक्खिँहि** जो ***अक्खिँसि** से निकला है = ***अक्षिस्मिन्** = **अक्ष्णि** (§ ३१२ और ३७९) — अ० **छह** = ***षष** = **षष्** जिसके रूपों के अन्त में **अ आ** गया है (पिंगल १, ९५; ९६ और ९७)। महा०, अ०माग० , जै०महा० और शौर० रूप **सुण्हा**, महा० **सोण्हा** जो पै० **सुनुसा** जो वास्तव में **सुणुहा** (§ १४८) के स्थान पर आया है, इनका **ह** भी इसी प्रकार व्युत्पन्न या सिद्ध किया जा सकता है। **काहावण** (वर० ३, ३९ ; हेच० २, ७१ ; क्रम० २, ७१ ; मार्क० पन्ना २५) जो ***कास्सावण** से निकला है (§ ८७) = **कार्षापण**, आदि-अक्षर के **आ** के ह्रस्वीकरण के साथ भी (§ ८२) **कहावण** रूप में मिलता है (हेच० २, ७१), अ०माग० में **कूडकहावण** रूप आया है (उत्तर० ६२९)। भविष्य कालवाचक रूप **काहिमि**, **होहिमि**, **काहामि**, **काहं** और **होहामि** = ***कर्ष्यामि**, ***भोष्यामि** (§ ५२० और उसके बाद), भूतकाल में जैसे, **काही** और इसके साथ साथ **कासी** (§ ५१६) में भी **ष** का **ह** हो जाता है। — टीकाकारों के मत से बहक कर याकोबी[1] ने अ०माग० में **विह** (आयार० १, ७, ४, २) = **विष** लिखा है जो भूल है। यह शब्द आयारांगसुत्त २, ३, १, ११; २, ३, २, १४; २, ५, २, ७ में बार-बार आया है और टीकाकारों ने अधिकांश स्थलों पर इसका अर्थ = **अटवी** रखा है जो जंगल का पर्याय है, इसलिए स्पष्ट ही = **विख** है जिसका शाब्दिक अर्थ 'बिना आकाश के' = 'ऐसा

स्थान जहाँ मनुष्य आकाश नहीं देखता' (= घना जंगल । —अनु०) है। आयारांगसुत्त १, ७, ४, २ का अनुवाद इस व्युत्पत्ति के अनुसार यों किया जाना चाहिए : 'तपस्वी के लिए यह अधिक अच्छा है कि वह अकेला जंगल जाय ।' महा०, अ०माग०, जै०-महा० और शौर० में **विष** का रूप **विस** होता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; उवास० ; निरया० ; ओव० ; एर्त्से० ; ऋषभ० ; प्रिय० ५१, १ ; ८ ; १५ ; १६; ३३, १४ ; मुद्रा० ४०, ६ ; मालवि० ५६, ८ ; ६५, १०) ; माग० में **विश** है (मृच्छ० १३६, १७ ; १६४, १ ; मुद्रा० १९३, ३ ; १९४, ६) ; जै०महा० **निव्विस** = **निर्विस** (सगर० ६, २) ।

१. सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट २२, पेज ६८ ।

§ २६४—नीचे दिये गये शब्दों में **स**, **ह** में परिणत हो गया है : **णीहरइ** और इसके साथ-साथ **णीसरइ** = **निःसरति** (हेच० ४, ७९) । वररुचि २, ४६ के अनुसार **दिवस** में **स** का बना रहना आवश्यक है, किंतु हेमचंद्र १, २६ ; क्रमदीश्वर २, १०५ ; मार्कंडेय पन्ना १९ ; पिशल द्वारा संपादित प्राकृतमंजरी ; डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज १४ में बताया गया है कि इस शब्द में विकल्प से **ह** भी रखा जा सकता है । महा० में **दिअस**, **दिवस** (गउड० ; रावण०) और **दिअह** (गउड० ; हाल ; कर्पूर० १२, ७ ; २३, ७ ; ४३, ११ आदि-आदि) ; अ०माग० में केवल **दिवस** रूप है (नायाध० ; निरया० ; उवास० ; कप्प०) ; जै०महा० में भी **दिवस** है (एर्त्से० ; कालका०), **दियस** भी मिलता है (प्राकृतमंजरी), **दियसयर** भी आया है (पाइय० ४), साथ ही **दियह** भी है (पाइय० १५७ ; एर्त्से०), **अणुदियहं** है (कालका०), जै०महा० मे **दिवह** है (कत्तिगे० ४०२, ३६४) ; शौर० में केवल **दिवस** और **दिअस** है (मृच्छ० ६८, ४ ; शकु० ४४, ५ ; ५३,९ ; ६७, १० ; १२१,६ ; १६२,१३ ; विक्रमो० ५२,१ ; मुद्रा० १८४, ५ ; कर्पूर० ३३,७ ; १०३, ३ ; ११०, ६), **अणुदिवसं** (शकु० ५१, ५), इसके विपरीत महा० में **अणुदिअहं** है (हाल ; कर्पूर० ११६, १ [पाठ में **अणुदिअहँ** है]) ; माग० में **दिअश** है (शकु० ११४, ९), **दिअह** (वेणी० ३३, ५) अशुद्ध है ; अप० में **दिअह** (हेच० ४, ३८८ ; ४१८, ४), **दिअहड** (हेच० ४, ३३३ और ३८७, ५) आये हैं । —**दूहल** (= दुर्भग ; अभाग्य : देशी० ५, ४३) तथा इसके साथ-साथ **दूसल** (देशी० ५, ४३ ; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे. बाइ. ६, ८७) = **दुःसर** । — महा० और जै० महा० **साहइ** = ***शासति**' (हेच० ४, २ ; हाल ; रावण० ; एर्त्से०) । —अ०माग०, जै०महा० और अप० —**हत्तरि**, अ०माग० —**हत्तरिं** = ***सप्तति**, जैसे जै०महा० **चउहत्तरि** (७४), अ०माग० **पञ्चहत्तरिं** (७५), **सत्तहत्तरिं** (७७), **अट्ठहत्तरिं** (७८), अप० में **एहत्तरि** (७१), **छाहत्तरि** (७६) (§ २४५ और ४४६) । —भविष्यकालवाचक जैसे **दाहिमि**, **दाहामि** और **दाहं** = **दास्यामि** (§ ५२० और उसके बाद) तथा भूतकाल के रूप जैसे **ठाही** और इसके साथ-साथ **ठासी** (§ ५१५) रूप पाये जाते हैं । **स** का **ह** सर्वनाम के सप्तमी एकवचन में भी पाया जाता है, **त**–, **य**– और **क**– के रूप **तहिं**, **जहिं** और **कहिं** होते

हैं, इनके साथ-साथ **तस्सिं, जस्सिं** और **कस्सिं** भी चलते हैं (§ ४२५; ४२७ और ४२८) और माग० में इनकी नकल पर बने संज्ञा की सप्तमी के रूप में **ह** आता है जैसे, **कुलाहि = कुले** ; **पवहणाहिं = प्रवहणे** तथा अप० में जैसे **अंतहिँ = अंते, चित्तहिँ = चित्ते, घरहिँ = घरे** ; **सीसहिँ = शीर्षे** (§ ३६६) ; इसी प्रकार सर्वनाम के रूपों की नकल पर बने माग० और अप० षष्ठी बहुवचन के रूपों में जिनके अंत में संस्कृत में—साम् लगता है, जैसे माग० **शअणाहँ = स्वगणनानाम्** ; अप० **तणहँ = तृणानाम्** , **मुक्काहँ = मुक्तानाम्** , **लोअणहँ = लोचनयोः, सउणाहँ = शकुनानाम्** (§ ३७०) में भी **स** का **ह** रूप हो जाता है। उन षष्ठी रूपों में जो हेमचंद्र ४, ३०० के अनुसार महा० में भी पाये जाते हैं जैसे **सरिआहँ = सरिताम्** , **कम्माहँ = कर्मणाम्** , **ताहँ = तेषाम्** , **तुम्हाहँ = युष्माकम्** , **अम्हाहँ = अस्माकम्** (§ ३९५ ; ४०४ ; ४१९ और ४२२) ; माग० में षष्ठी एकवचन में—जो **आह** में समाप्त होते हैं और **-*आस** से निकले हैं = **-आस्य**, जैसे **कामाह = कामस्य** ; **चलित्ताह = चरित्रस्य** ; **पुत्ताह = पुत्रस्य** और उन अप० रूपों में जो **-आह, -आहो** में समाप्त होते हैं, जैसे **कणअह = कनकस्य, चण्डालह = चण्डालस्य, कामहो = कामस्य, सेसहो = शेषस्य** (§ ३६६) और अप० में द्वितीयपुरुष एकवचन कर्तृवाच्य में जो **-हि -सि** में समाप्त होते हैं, जैसे **नीसरहि = निःसरसि** ; **रुअहि** = वैदिक **रुवसि** ; **लहसि = लभसे** (§ ४५५)। विशेष व्यंजनों के अभाव से **ह = स** के विषय में § ३१२ और उसके बाद देखिए।

१. पी. गौल्दश्मित्त कृत स्पेसिमेन पेज ७२ ; त्सा. डे. डौ. मौ. गे. २८, ३६९ में वेबर का मत।

§ २६५—**षष्ठि** के **ष** (=६०) और **सप्तति** (७०) के **स** के स्थान पर, छ, **स** और **ह** के (§ २११ और २६४) साथ साथ अ०माग० और जै०महा० में इकाइयों से जुड़ने पर **व** भी आता है : **बावट्ठिं** (=६२), **तेवट्ठिं** (= ६३), **चउवट्ठि** (= ६४) ; **छावट्ठिं** (= ६६), **बावत्तरिं** (= ७२), **तेवत्तरिं** (=७३), **चोवत्तरिं** (= ७४), **छावत्तरिं** (= ७६) ; (§ ४४६)। अ०माग० में **तिन्नि तेवट्ठाइं पावादुयसयाइं** (= ३६३ शत्रु) ; जै०महा० में **तिण्हं तेवट्ठीणं नयरसयाणं** (= ३६३ नगर) ; (§ ४४७) है। यह **व** संख्याशब्द ५० की नकल पर है, जैसे **एगावण्णं** (= ५१), **बावण्णं** (=५२), **तेवण्णं** (= ५३), **चउवण्णं** (= ५४), **पणवण्णं** (=५५), **सत्तावण्णं** (= ५७), **अट्ठावण्णं** (=५८)। अप० रूप है **बावण्ण** (= ५२), **सत्तावण्णाहँ** (= ५७) ; (§ २७३), इस बोली में यह नियमानुसार (§ १९९) ***पञ्चत्** के **प** के स्थान पर आता है। **अउणट्ठिं** (= ५९), **अउणत्तरिं** (= ६९) ; (§ ४४४), **पण्णट्ठिं** (=६५) ; (§ ४४६), ***अगुणवट्ठि, *अगुणाअट्ठि, *अगुणाट्ठि, *अगुणवत्तरिं, *अगुणअत्तरिं, *अगुणात्तरिं, *पण्णवट्ठि, *पण्णट्ठि, *पण्णाट्ठि** § १६७ और ८३ के अनुसार इन चिह्नित रूपों के स्थान पर आये हैं। लिपिप्रकार जैसे, **छडंगवी = षडंगविद्** (वेबर द्वारा संपादित भगवती १, ४२५), **छोडसम = षोडश** (सूय०

५६२), **होॅक्खइ** = *भोक्ष्यति (§ ५२१) प्राकृत रूपों का संस्कृतीकरण है जिनका लिपिप्रकार भ्रमपूर्ण है क्योंकि यहां **क्ख ष*** के लिए आया है। आज भी उत्तर भारत में ये ध्वनियां एक हो गयी हैं[१]। इसी आधार पर अ०माग० में अशुद्ध पाठभेद (पढ़ने का ढंग) **पाखण्ड** पाया जाता है (ठाणंग० ५८३), यह शब्द **पाहण्ड** = **पाषण्ड** है (प्रबोध० ४८,१)। मद्रास से प्रकाशित संस्करण (५९, १४) और बंबइया संस्करण (१०१, ३) में शुद्ध रूप **पासण्ड** दिया गया है, अ०माग० में भी शुद्ध रूप आया है (अणुओग० ३५६ ; उवास० ; भग०)[२] और जै०महा० में **पासण्डिय** = **पाषण्डिक** है (कालका०)।

१. बीम्स कृत कंपैरैटिव ग्रैमर औफ मौडर्न इंडियन लैंग्वेजेज १, २६१ और उसके बाद ; होएर्नले, कंपैरैटिव ग्रैमर § १९ पेज २४ ; वाकरनागल, आल्ट-इंडिशे ग्रामाटीक § ११८। —२. वेबर, भगवती २,२१३ नोटसंख्या ६ ; कर्न, यारटेलिंग पेज ६७ का नोट ; ए. म्युलर, बाइत्रैगे पेज ३२ और उसके बाद।

§ २६६—**ह** की न तो विच्युति होती है और नहीं यह कोई रिक्त स्थान भरने के लिए शब्द के भीतर इसका आगमन होता है। सभी अवसर जहाँ उक्त बातें मानी गयी हैं[१], वे आंशिक रूप में अशुद्ध पाठभेदों पर और कुछ अंश में अशुद्ध व्युत्पत्तियों[२] पर आधारित हैं। जहाँ संस्कृत शब्दों में दो स्वरों के बीच में **ह** कार के स्थान पर **ह**-युक्त व्यंजन आता है, उसमें **ह** का कठिनीकरण[३] न देखना चाहिए अपितु यह प्राचीन ध्वनि-सम्पत्ति है[४]। इस प्रकार शौर०, माग० और आव० **इध** = **इह** (शौर० : मृच्छ० २, २५ ; ४, १४ ; ६, ९ ; ९, १० और २४, २० ; ५१,२४ ; ५७, १७ ; ६९, ६ और १५ आदि-आदि ; शकु० १२, ४ ; २०, ३ ; ६७, ५ ; ११५, ५ ; १६८, १५ ; विक्रमो० ३०, १७ ; ४८,४ ; माग० में : मृच्छ० ३७,१० ; १००, २० ; ११३, १७ ; ११४, २१ ; १२३ ; २१ ; १३३, १५ और १६ ; १६४, १० ; शकु० ११४, ११ ; आव० में : मृच्छ० १००, १८) है। शौर० और माग० में कभी-कभी अशुद्ध रूप **इह** दिखाई देता है, जैसे शौर० में (मृच्छ० ७०, १२ ; ७२, १३ ; विक्रमो० २१, १२), **इहलोइओ** (मृच्छ० ४, १), माग० में (मृच्छ० ३७, १० [इसके पास में ही **इध** भी है] ; १२२, १२), ये सब स्थल शुद्ध किये जाने चाहिए[५]। शेष प्राकृत बोलियों में **इह** है, स्वयं दाक्षि० में भी यही रूप है (मृच्छ० १०१, १३) और जै० शौर० में भी **इह** मिलता है (पव० ३८९,२), **इहलोग** भी आया है (पव० ३८७, २५), **इहपरलोय** भी देखा जाता है (कत्तिगे० ४०२, ३६५)। इन उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि हेमचंद्र ४, २६८ में शौर० में **इह** और **इध** दोनों रूपों की क्यों अनुमति देता है (§ २१)। ढक्की में आशा की जाती है कि **इध** रूप रहना चाहिए किंतु इसमें इसके प्रयोग के उदाहरण नहीं मिलते। —**दाघ** = **दाह** (हेच० १, २६४) ; संस्कृत शब्द **निदाघ** की तुलना कीजिए। अ०माग० में **निभेलण** के साथ साथ **णिहेलण** रूप मिलता है और महा० में **सीभर** और इसके साथ साथ **सीहर** है (§ २०६)। —अ०माग० के **मघमघन्त** और **मघमघेॅन्त** के साथ साथ

* तुलसीदास ने **बन्ध्या** के आधार पर भाषा आदि शब्दों का प्रयोग किया है। —अनु०

महा० में **महमहइ** और जै०महा० में **महमहिय** रूप मिलते हैं (§ ५५८)।—अ० माग० में **वेभार** (विवाह० १९४; १९५; उत्तर० १९४) और उसके बाद **वेब्भार** (नायाध०) और **विब्भार** (नायाध० १०३२) = **वैहार** जिसे जैनी संस्कृत में भी **वैभार** लिखते हैं। कर्मवाच्य रूप **वुब्भइ = उह्यते, दुब्भइ = दुह्यते** और **लिब्भइ= लिह्यते** (§ ५४१ और ५४४) जोड़ी के धातु ***वभ्, *दुभ्** और ***लिभ्** से निकले हैं। **भ** का वैदिक और संस्कृत **ह्व** और **घ** के साथ वही संबंध है जो **व** का **क** और **ग** के साथ (§ २३० और २३१), इसका प्रयोजन यह है कि यहां कंठ्य वर्णों का ओष्ठ्य में परिवर्तित होने का नियम प्रस्तुत है। **रुध्** धातु से **रुम्भइ** निकला है और परस्मैपद में भी इसका **रुम्भइ** हो जाता है, ये रूप महा० और अ०माग० में चलते हैं (§ ५०७) तथा यह कंठ्य वर्णों के धातुओं की नकल हैं। —**हुम्मइ** = पाली **घम्मति** के विषय में § १८८ देखिए। —**भिमोर = हिमोर** अस्पष्ट है (हेच० २, १७४; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे. बाइ. ३, २५, ९) क्योंकि संस्कृत में **हिमोर** शब्द कहीं देखने में नहीं आता और नहीं **भिमोर** का अर्थ हम तक पहुँचा है।

१. वेबर, हाल[१] पेज २९ में विच्युति बताता है, यह सत्तसई के श्लोक ४; ४१० और ५८४ के विषय में है; रिक्तस्थान की पूर्ति बताते हैं वेबर, हाल[१] पेज २९; भगवती १, ४११; पी. गौल्दश्मित्त, ना. गे. वि. गो. १८७४ पेज ४७३ में; एस. गौल्दश्मित्त, रावणवहो थाह शब्द में; लौयमान, औपपातिक सूत्र भमुहा शब्द में। —२. गो. गे. आ. १८८० पेज ३३३ और उसके बाद; बे. बाइ. ३, २४६ और उसके बाद; ६, ९२ और उसके बाद; § २०६ की तुलना कीजिए। —३. ना. गे. वि. गो. १८७४ पेज ४६९ और उसके बाद में पी. गौल्दश्मित्त का मत। —४. बे. बाइ. ६, ९१ और उसके बाद में पिशल का मत। —५. कू. बाइ. ८, १३७ में पिशल का मत।

§ २६७—अनुनासिक स्वर के बाद ह, घ रूप ग्रहण कर सकता है, अनुनासिक के बाद अनुनासिक वर्ण के वर्ग का **ह** कारयुक्त वर्ण आ जाता है। यहां भी बहुत-से अवसरों पर ह-कारयुक्त वर्ण उस समय का होना चाहिए जब कि शब्द में बाद को इसके स्थान पर **ह** का आगमन हुआ हो जैसा कि **संघअण** में निश्चय ही हुआ है (= शरीर: देशी० ८, १४; पाइय० ५९; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे० बाइ० ३, २५५), अ०माग० में **संघयण** है (जीवा० ६६; विवाह० ८३ और ८९; उवास०; ओव०) = ***संघनन = संहनन,** अ०माग० में **संघयणी** रूप भी है (जीवा० ६६ और ८७) = ***संघतनी**। शौर० में **संघडि = संहति** (अनर्घ० २९०,२)। इस नियम के अन्य उदाहरण ये हैं: **संघार = संहार** (हेच० १,२६४), **सिंघ = सिंह** (हेच० १, २६४), इसके साथ-साथ महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **सीह** है, शौर० में **सिंह**, माग० में **शिंह** रूप है (§ ७६); शौर० में **सिंघ** (शकु० १०२, २ [बोएटलिंक के संस्करण में कई हस्तलिपियों के आधार पर यह रूप दिया गया है]) अशुद्ध है, **वीरसिंघ** भी है (कर्ण० ५३, २०); **सिंघल** (मल्लिका० ८८, २१) भी है। महा० में **सिंघली = सिंहली** (विद्ध० २४, ११) है। अ०माग० में **हम्भो**

(आयार० १,४,२,६ ; सूय० ५७९ ; विवाह० २५४ ; दस० ६४०, २७ ; नायाध० ७४० ; ७६१ ; ७६७ ; ७६९ ; १३३७ ; उवास० ; निरया०) = शौर० और माग० **इंहो*** (विद्ध० ९७, १० ; माग० में : मृच्छ० १४०, १२ ; १४१, १ ; १४९, १७ ; १६३, २ ; १६५, ८ ; १६७, २) = संस्कृत **इंहो*** । —अनुनासिक के बाद ह के स्थान पर ह-कारयुक्त वर्ण आ जाता है, महा०, अ०माग० और जै० महा० **चिन्ध** रूप मे जो ***चिन्ह** से निकला है (§ ३३०) = **चिह्न** (वर० ३,३४ ; हेच० २, ५० ; क्रम० २, ११७ [पाठ में **चिण्णं** है] ; मार्क० पन्ना २५ ; पाइय० ६८ ; ११४ ; गउड० ; आयार० २, १५; १८ ; नायाध० § ६४ ; पेज १३१८ ; पण्णव० १०१ ; ११७ ; विवाह० ४९८ ; पण्हा० १५५ ; १६७ ; ओव० ; उवास० ; निरया० ; आव० एर्से० १३, ५ ; द्वार० ५०७, ३८), जै०महा० मे **चिन्धिय** = **चिह्नित** (आव० एर्से० २७, १) बोली में **चिन्धाल** शब्द भी चलता था (= रम्य; उत्तम : देशी० ३,२२), महा० मे समासों मे **-इन्ध** है (गउड०), इसके साथ-साथ महा०, शौर०, माग० और अप० में **चिण्ह** है (हेच० २, ५० ; रावण० ; नागा० ८७, ११ ; माग० मे : मृच्छ० १५९, २३ ; नागा० ६७, ६ ; अप० में : विक्रमो० ५८, ११) । मार्कडेय पन्ना ६८ के अनुसार शौर० मे केवल **चिण्ह** रूप है। भामह १, १२ मे **चिन्ध** के साथ-साथ **चेन्ध** रूप भी बताता है (§ ११९) । इन रूपों के अतिरिक्त अ०माग०, जै०महा० और अप० मे **बम्भ** = **ब्रह्मन्** (जीवा० ९१२ ; सूय० ७४ ; ओव० ; कप्प० ; एर्से० ; तीर्थ० ५,१५ ; हेच० ४,४१२) ; अ०माग० मे **बम्भ** = **ब्रह्मन्** (उत्तर० ९०४ ; ९०६ ; दस० नि० ६५४, ३९), **बम्भ** = **ब्राह्म** (आयार० पेज १२५, ३४), स्त्रीलिंग मे **बम्भी** है (विवाह० ३ ; पण्णव० ६२, ६३) ; महा० **बम्भण्ड** = **ब्रह्माण्ड** (गउड०) ; अ०माग० मे **बम्भलोय** = **ब्रह्मलोक** (उत्तर० १०९० ; विवाह० २२४ ; ४१८ ; ओव०) ; अ०माग० में **बम्भचारि-** (आयार० २,१,९,१ ; उत्तर० १६४ ; उवास०), अ०माग० और जै०महा० में **बम्भयारि** = **ब्रह्मचारिन्** (दस० ६१८, ३४ ; ६३२, ३८ ; उत्तर० ३५३ ; ४८७ ; ९१७ और उसके बाद ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्से०) ; अ०माग० और अप० मे **बम्भचेर** = **ब्रह्मचर्य** (§ १७६) ; अ०माग० और जै० महा० मे **बम्भण** = **ब्राह्मण** (§ २५०) ; अ०माग० में **बम्भण्णय** = **ब्रह्मण्यक** (ओव० कप्प०) इत्यादि । और बोलियों मे केवल **बम्ह-** और **बम्हण** रूप है (§ २८७ ; ३३०) । यही ध्वनिपरिवर्तन गौण अर्थात् **श-**, **ष-** और **स-**कार से निकले ह में हुआ है : **आसंघा** = ***आसंहा** = **आशंसा** (देशी० १,६३ [=इच्छा; आस्था । —अनु०]), इसमें लिंग का बहुत फेरफार है (§ ३५७)[१], महा० और शौर० में **आसंघ** रूप है (त्रिवि० १,३,१०५ = बे० बाइ० ३, २५० ; गउड० ; रावण० ; शकु० १६०, १४ ; विक्रमो० ११, २ ; विद्ध० ४२, ७ ; कंस० ७, २०), शौर० मे **अणासंघ** है (मल्लिका० ९३,९) ; महा० **आसंघइ** = **आशंसति** (हेच० ४,३५ ;

* यह **इंहो** रूप में कुमाउनी में वर्तमान है । कुमाउनी में 'किसी प्राणी या स्थान की विशेष पहिचान के चिह्न' के लिए **चिंधाळी** है । —अनु०

गउड० ; रावण०) ; **संघइ = शंसति** (हेच० ४, २) । अ०माग० **ढिंकुण** जो बोली में **ढंकुण** और **ढेंकुण** हो गया है = *दंखुण जो दंश् धातु का एक रूप है (§ १०७ और २१२)[२] । अ०माग०, जै०महा० और अप० **सिम्भ-** के साथ-साथ (हेच० २, ७४ ; पण्हा० ४९८ ; एत्सें० ; हेच० ४, ४१२), अ०माग० में **सेॅम्भ-** (वेबर, भग० १, ४३९), इसका स्त्रीलिंग रूप **सेॅम्भा** भी मिलता है (मार्क० पन्ना २५) = **श्लेष्मन्** । यह **सेॅम्भा** *सेॅम्ह- और *सिम्ह- से निकला है । अ०माग० **सेॅम्भिय** रूप है (वेबर, भग० १, ४१५ ; २, ६७४ ; २७६), **सिम्भिय** भी है (ओव०) = **श्लैष्मिक** ; अ०माग० में गौण अनुनासिक स्वर के साथ **सिंघाण-** रूप भी है जो *श्लेष्याण- से निकला है (§ ४०३), इसका यह क्रम है : ***सेम्हाण-**, ***सिम्हाण-** और अंत में ***सिंहाण-** (आयार० २,२,१,७ [यहां भी यह पाठ होना चाहिए] ; ठाणंग० ४८३ ; पण्हा० ५०५ ; विवाह० १६४ ; दस० ६३१, ३ ; उत्तर० ७३४ ; सूय० ७०४ ; ओव० ; कप्प० ; भग०) । यह शब्द **शिंघाण** और **शृंघाणिका** रूप में संस्कृत में ले लिया गया है । इसका एक रूप अ०माग० में **सिंघाणेइ** है (विवाह० ११२) । अप० में भी **गिम्भ = ग्रीष्म** है (हेच० ४, ४१२) । **कम्भार = काश्मीर** के विषय में § १२० देखिए । **सेफ = श्लेष्मन्** पर § ३१२ और **भरइ = स्मरति** के लिए § ३१३ देखिए ।

१. विक्रमो० ११, २ पेज १९६ पर बौॅल्लेॅनसेन की टीका ; पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस पेज और उसके बाद में पिशल के मत की तुलना कीजिए ; हेमचंद्र ४, ३५ पर पिशल की टीका ; बे. बाइ. ३, २५० । —२. बे. बाइ. ३, २५५ ; ६, ८५ और उसके बाद में पिशल के मत की तुलना कीजिए ।

दो—संयुक्त व्यंजन

§ २६८—भिन्न-भिन्न वर्गों के संयुक्त व्यंजन या तो अंश-स्वर द्वारा अलग अलग कर दिये जाते हैं (§ १३१-१४०) या मिला लिये जाते हैं । शब्द के आरम्भ में **ण्ह, म्ह** और **ल्ह** और बोली की दृष्टि से व्यंजन **र** को छोड़कर केवल सरल व्यंजन ही रहते हैं; शब्द के भीतर उसमें मिला लिये जाने वाले संयुक्त व्यंजन में से आरम्भ में केवल दूसरा व्यंजन रहता है । समास या सन्धि के दूसरे शब्द का आरम्भिक वर्ण साधारणतया ध्वनि-नियमों के व्यवहार के लिए शब्द के भीतर का वर्ण माना जाता है (§ १९६) : महा० में **कढइ = कथति** ; **कीळइ = क्रीडति** ; **खन्ध = स्कन्ध** ; **गण्ठि = ग्रन्थि**; **जलइ = ज्वलति** ; **थल = स्थल** ; **थामत्थाम- = स्थामस्थाम-**(गउड०) ; **दिअ = द्विज** ; **भमइ = भ्रमति** ; **ण्हाण = स्नान** ; **ण्हाविय = नापित** और **ल्हसइ = ह्रसति** । —**म्हि = अस्मि** ; **म्ह** और **म्हो = स्मः** हो सकते हैं, क्योंकि ये अव्यय रूप से पादपूरणार्थ काम में आते हैं और इनके साथ ऐसा व्यवहार होता है मानो ये शब्द के भीतर के वर्ण हों[१] । व्यंजन + र प्राकृत व्याकरणकारों के अनुसार शब्द के आदि या मध्य में आ सकता है (वर० ३, ४ ; हेच० २, ८० ; मार्क० पन्ना २०) ;

द्रोह और द्रोह=द्रोह (भामह ३, ४), द्रह और द्रह=ह्रद (§ ३५४ ; भामह; हेच० २, ८० ; देशी० ८, १४); चन्द और चन्द्र दोनों रूप हैं (सब व्याकरणकार) ; रुद्द और रुद्र साथ-साथ चलते हैं (भाम० ; हेच०) ; इन्द और इन्द्र (मार्क०); भद्द और भद्र (हेच०; मार्क०); समुद्द और समुद्र (हेच०) दोनों रूप साथ-साथ एक ही अर्थ में काम में आते हैं। महा० में बोद्रह आया है (पाइय० ६२; देशी० ७,८० की तुलना कीजिए) अथवा बोद्रह रूप आया है (= तरुण पुरुष ; तरुण : हेच० २, ८० ; देशी० ७, ८० ; हाल ३९२)[1] (इस बोद्रह या बोद्रह का एक ही रूप है।—अनु०); जै०महा० मे वन्द्र (= वृन्द; झुंड : हेच० १, ५३; २, ५३ ; २, ७९; देशी० ७, ३२; एर्त्से० २६, ३), इसके रूप वन्द्र और वुन्द्र भी होते हैं[2]। अप० में व्यंजन+र बहुधा आता है और कभी-कभी यह गौण भी रहता है। इस प्रकार हेच० में : त्रं = तद् तथा इससे भी शुद्ध त्यद् है (४, ३६०) ; द्रम्म = ग्रीक द्राख्मे (४, ४२२, ४) ; द्रवक्क (भय ; दवक (ना) ; (४, ४२२, ४) ; द्रह = ह्रद (४, ४२३, १) ; द्रेहि = *द्रेक्षि = दृष्टि (४, ४२२, ६ ; § ६६ की तुलना कीजिए) ; ध्रुं यद् और यस्मात् के अर्थ में (४, ३६० ; ४३८, १), क्रमदीश्वर ५, ४९ मे द्रुं = तद् , ध्रुं = यद् और ५, ६९ के अनुसार ये रूप व्राचड अपभ्रंश मे काम में आते है ; ध्रुवु = ध्रुवम् (४, ४१८ ; क्रम० ५, ५ की तुलना कीजिए जहाँ ध्रुव और ध्रु रूप छपे हैं) ; प्रङ्गण = प्राङ्गण (४, ३६० ; ४२०, ४) ; प्रमाणिअ = प्रमाणित (४, ४२२, १) ; प्रआवदि = प्रजापति (४, ४०४) ; प्रस्सदि = पश्यति (४, ३९३) ; प्राइव, प्राइवँ और प्राउ=प्रायः (४, ४१४) ; प्रिअ = प्रिय (४, ३७०, २ ; ३७७ ; ३७९, २ ; ३९८ ; ४०१, ६ ; ४१७) ; भ्रुवह = भ्रूत ; ब्रोँप्पि और ब्रोँप्पिणु = *ब्रूत्वा (४, ३९१; क्रम० ५, ५८ भी) ; भ्रन्त्रि = भ्रान्ति (४, ३६०) ; व्रत्त=व्रत (४, ३९४) ; व्रास = व्यास (४, ३९९ ; क्रम० ५, ५) । क्रमदीश्वर मे उपर्युक्त रूपों के अतिरिक्त भ्रास = भाष्य मिलता है (५, ५) । शब्द के भीतर अन्त्रडी = अन्त्र (हेच० ४, ४४५, ३) ; भ्रन्ति = भ्रान्ति (४, ३६०) ; पुत्र (क्रम० ५, २) ; सभवतः जत्रु, तत्रु = यत्र, तत्र (हेच० ४, ४०४) मे भी यही नियम है और एत्रुल, केत्रुल, जेत्रुल तथा तेत्रुल में भी = इयत् , कियत् , यावत् और तावत् (हेच० ४, ४३५) जिनके विषय में हस्तलिपियाँ त्त और त्र के बीच अदला-बदली करती रहती है। क्रमदीश्वर के सस्करण में ५, ५० में यद्रु और तद्रु रूप आये है जो = यत्र तथा तत्र । —माग० और अप० मे बोली में शब्द के आरभ मे य्य और य्ज (= य्च और य्ज) आये है (§ २१७) ।

१. इनके उदाहरण उन पाराओं में हैं जिनमें इनके विषय में लिखा गया है। — २. हेमचंद्र २, ८० के अनुसार यह है। वेबर की हाल ३९२ की टीका और इंडिशे स्टुडिएन १६, १४० और उसके बाद के अनुसार हस्तलिपियों में र नहीं है। — ३. हेमचंद्र १, ५३ पर पिशल की टीका।

§ २६९—शब्द के भीतर संयुक्त व्यंजनों में से केवल नीचे दिए गए रहते है : (१) द्वित्तीकृत व्यंजन और वह संयुक्त व्यंजन जिसमें एक व्यंजन के वर्ग

का इ-कार युक्त व्यंजन भी मिला हो ; (२) संयुक्त ध्वनियाँ **ण्ह, म्ह और ल्ह** ; (३) किसी बोली में **व्यंजन+र्** , (§ २६८) ; (४) अनुनासिक + व्यंजन जो अनुनासिक के वर्ग का हो। हस्तलिपियों में अनुनासिक के स्थान बहुधा अनुस्वार लिखा पाया जाता है और व्याकरणकार इस विषय पर स्थिर मत नहीं रखते। क्रमदीश्वर २, १२१ और मार्कंडेय पन्ना ३४ में बताया गया है कि **न** और **ङ** के स्थान पर वररुचि ४, १४ के अनुसार **न** और **ञ** के स्थान पर व्यंजन से पहले ÷ आ जाता है[1] : **वंचणीअ=वञ्चनीय** ; **विंझ = विन्ध्य** ; **पंति = पङ्क्तिः** और **मंति = मन्त्रिन्**। हेच० १, १ के अनुसार अपने वर्ग के व्यंजनों से पहले के **ङ** और **ञ** बने रह जाते हैं तथा १, २५ के अनुसार व्यंजनों से पहले के **ङ**, **ञ, ण** और **न** ÷ हो जाते हैं तथा १, ३० के अनुसार वे ज्यों के त्यों बने रह सकते हैं, तोभी हेच० से अनुमार कई व्याकरणकार इनका ज्यों का त्यों बना रहना आवश्यक समझते हैं। देशीनाममाला १, २६ से यह निदान निकलता है कि **अइरिम्प** न कि **अइरिंप** लिखा जाता था। देशीनाममाला १, १८ मे यह संभावना छिपी है कि **अन्धन्धु** न कि **अंधंधु** पढ़ा जाना चाहिए[2]। व्याकरणकारों के उदाहरण आंशिक रूप मे ऐसे शब्दों के हैं जिनमे प्राकृत के ध्वनि-नियमों के अनुसार अनुनासिक अपने वर्ग से निकल जाता है और तब उस स्थान पर ÷ लिखा जाता है[3]। इस प्रकार शौर० में **अवरंमुह = अपराङ्मुख** (विक्रमो० ४४, ९); अ०माग० मे **छंमासिय= षण्मासिक** (आयार० २, १, २, १) ; महा० और अप० में **छंमुह = षण्मुख** (§ ४४१) ; महा० और शौर० में **दिंमुह = दिङ्मुख** (कर्पूर० ३९, ३ ; विद्ध० ३४, ११ ; लटक० ४, ३) ; महा० मे **दिंमोह = दिङ्मोह** (हाल ८६६) ; जै०-महा० और शौर० में **परंमुह = पराङ्मुख** (गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से ; शकु० ७५, १५ ; महावीर० ३४, १२ ; भर्तृहरिनि० २२, १३) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० मे **पंति = पङ्क्ति** (रावण० ; कर्पूर० ४७, १२, १०१, १ ; जीवा० ४४६ और ५१२ ; पण्हा० ५२० ; राय० १४३ ; विवाह० १३२५ ; ओव० ; कप्प० ; आव० एर्त्से० ३६, ३६ ; बाल० ४९, २ ; कर्पूर० ३७, ९ ; पिंगल १, १०) ; महा० और शौर० मे—**वंति** मिलता है (हाल ; मृच्छ० ६९, १) ; अ०माग० में **पंतिया = पङ्क्तिका** (आयार० २, ३, ३, २ ; २, ११, ५ ; अणुओग० ३८६ ; ठाणग० ९४ ; विवाह० ३, ६, १ ; पण्णव० ८० ; ८४ और ८५) ; अ०माग० **वंझ = वन्ध्य** (सूय० ४६० [पाठ मे **वंझ** है]), **अवंझ** रूप भी मिलता है (सूय० ६०६ [पाठ में **अवंझ** है]) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **विंझ = विन्ध्य** (गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० ४१, १६; विवाह० ११८९ ; १२७४ ; १२८७ ; एर्त्से० ; रुक्मिणी० ४८, ३) ; शौर० में **विंझकेदु** मिलता है (प्रिय० १४, ६ ; ५२, ६); महा०, जै०महा० और शौर० में **संझा = सन्ध्या** (गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से० ; कर्पूर० ६७, ४)। इसकी पुष्टि में सूत्र भी हैं, जैसे वररुचि ३, ४३ = हेमचन्द्र २, ६१ ; क्रमदीश्वर २, ९८ ; मार्कण्डेय पन्ना २५, जहाँ विशेष रूप से यह नियम बताया गया है कि **न्म** के स्थान पर **म्म** में

ध्वनिपरिवर्तन हो जाता है। अनुनासिक + अनुनासिक में किसी प्रकार का अपवाद करना है या नहीं अर्थात् परम्मुह और छम्मासिय लिखना चाहिए या नहीं, यह अनिश्चित ही रह गया है। (५) माग० में शब्द के भीतर श्च, स्च्ह, ष्ठ, श्क, श्ख, स्क, स्ख, स्त, स्ट, स्त, स्प, स्फ और ह्क पाये जाते हैं (§ २३३ ; २३६ ; २७१ ; २९० ; ३०१ और उसके बाद और ३२१)।

१. भामह द्वारा इस नियम की भ्रान्तिपूर्ण धारणा के विषय में वररुचि पेज १३४ में नोटसंख्या पर कौवेल की टीका देखिए। — २. पिशल, देशी-नाममाला की भूमिका का पेज ८ और उसके बाद। — ३. हेमचन्द्र १, २५ पर पिशल की टीका।

§ २७०—नाना वर्गों के संयुक्त व्यंजनों की शेष ध्वनि में संयुक्त व्यंजनों में से पहला व्यंजन लुप्त हो जाता है और दूसरे व्यंजन का रूप धारण कर उससे मिल जाता है (वर० ३, १ और ५० ; चंड० ३, ३ और २४ ; हेच० २, ७७ और ८९ ; क्रम० २, ४९ और १०८, मार्क० पन्ना १९ और २६)। (१) क् + त = त्त हो जाता है : महा० मे आसत्त = आसक्त (गउड० ; हाल) ; जुत्त = युक्त (हाल ; रावण०) ; भत्ति = भक्ति (गउड०; हाल) ; मोँत्तिय = मौक्तिक (गउड०; हाल ; रावण०)। यही नियम अन्य प्राकृत भाषाओं में भी है[१]। मुक्क और उसके साथ-साथ कभी-कभी व्यवहार मे आनेवाला रूप मुत्त = मुक्त, *मुक्क से निकला है, जैसे रग्ग और उसके साथ-साथ चलनेवाला रत्त = रक्त , *रग्ण से निकला है (§ ५६६)। सक्क जो हेमचंद्र २,२ के अनुसार = शक्त बताया गया है, सर्वत्र ही=शक्य (क्रम० २,१)[२]। नक्कंचर (हेच० १, १७७) = नक्तंचर, किंतु यह समानता यदि ठीक होती तो इसका रूप णत्तंचर होना चाहिए था किंतु यह *नक्का से निकले रूप *नक्का से संबंधित है (§ १९४ और ३, ५५) = वैदिक नक्त तक पहुँचता है[३]।—(२) क् + थ, त्थ हो जाता है : जै०महा० में रित्थ = रिक्थ (पाइय० ४९ ; एर्त्से० ; कालका०) ; अ०माग० में सित्थ = सिक्थ (हेच० २, ७७ ; ओव० ; कप्प०) ; सित्थअ = सिक्थक (भाम० ३,१; पाइय०२२८) । —(३) क्+प=प्प : महा० में वप्पइराअ= वाक्पतिराज (गउड०)। —(४) ग्+ध=द्ध: महा० में दुद्ध=दुग्ध(गउड०; हाल); महा० में मुद्ध = मुग्ध (गउड० ; हाल ; रावण०); महा० णिद्ध (हाल ; रावण०); सिणिद्ध = स्निग्ध (गउड०) ।—(५) ग् + भ=ब्भ हो जाता है : महा० में पब्भार= प्राग्भार(गउड०; रावण०)[४]। —(६) ट्+क=क्क बन जाता है : अ०माग० छक्क=षट्क (§ ४५१) ; अ०माग० छक्कट्ठग=षट्काष्ठक (नायाध०) । —(७) ट्+च=च्च : अ० माग० छच्+च = षट् च ; छच्चरण = षट्चरण (§ ४४१) । —(८) ट् + त=त्त हो जाता है : अ०माग० छत्तल = षट्तल ; छत्तीसं और छत्तीसा = षट्त्रिंशत् (§ ४४१)।—(९) ट्+प =प्प हो जाता है : महा० छप्पअ और जै०महा० छप्पय= षट्पद; अ०माग० छप्पण्णं और अप० छप्पण=*षट्पञ्चत् (=५६। § ४४१ और ४४५)। —(१०) ट्+फ=प्फ बन जाता है : कप्फल = कट्फल (हेच० २, ७७)। ड्—(११) +ग=ग्ग हो जाता है : महा० रूप खग्ग = खड्ग (गउड०; हाल ;

रावण०); महा० छग्गुण = षड्गुण और शौर० छग्गुणअ = षड्गुणक (§ ४४१)। —(१२) ड्+ज=ज्ज हो जाता है : अ०माग० छज्जीव=षड्जीव (आयार० १, १, ७,७) ; सज्ज = षड्ज (हेच० २,७७)। —(१३) ड्+द=द्द रूप साधारण कर लेता है। अ०माग० छद्दिसिं=षड्दिशम् (§ ४४१)। —(१४) ड्+भ=ब्भ बन जाता है : अ०माग० में छब्भाय और छब्भाग = षड्भाग (§ ४४१); शौर० छब्भुअ = षड्भुज (चैतन्य० ४२,७)। —(१५) ड्+व=व्व हो जाता है : अ०माग०, जै०महा० और अप० में छव्वीसं = षड्विंशति (§ ४४, १)। — (१६) त्+क=क्क हो जाता है : महा० उक्कण्ठा=उत्कण्ठा (गउड०; हाल); अ०माग० उक्कलिया = उत्कलिका (ओव०) ; शौर० बलक्कार=बलात्कार (मृच्छ० १३, २२ ; १७, २३ ; २३, २३ और २५ ; शकु० १३७, ३), माग० में इसका रूप बलक्काल देखा जाता है (मृच्छ० १४०, १५ ; १४६, १७ ; १५८, २२ ; १६२, २० और १७३, १२)। — (१७) त्+ख=क्ख बन जाता है : महा० उक्खअ और जै०महा० उक्खय = उत्खात (§ ८०)। — (१८) त्+प=प्प हो जाता है : महा० उप्पल = उत्पल (गउड०; हाल ; रावण०) ; अ०माग० तप्पढमया = तत्प्रथमता (ओव० ; कप्प०) ; महा० सप्पुरिस = सत्पुरुष (गउड० ; हाल)। — (१९) त्+फ = प्फ बन जाता है : महा० उप्फुल्ल=उत्फुल्ल (हाल ; रावण०); महा० और माग० में उप्फाल=उत्फाल (रावण० ; मृच्छ ९९, १०)। — (२०) द्+ग=ग्ग हो जाता है : महा० उग्गम = उद्गम (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० और शौर० मोॅग्गर = मुद्गर ; अ०माग० और जै०शौर० पोॅग्गल = पुद्गल (§ १२५)। — (२१) द्+घ = ग्घ हो जाता है : महा० उग्घाअ = उद्घात (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० उग्घुट्ठ = उद्घुष्ट (रावण०)। — (२२) द्+ब = ब्ब होता है : महा० बब्बुअ = बुद्बुद् (गउड०) ; शौर० उब्बंधिअ = उद्बध्य (§ ५९३)। — (२३) द्+भ = ब्भ हो जाता है : महा० उब्भड = उद्भट (गउड० ; रावण०) ; महा० उब्भेय = उद्भेद (गउड०; हाल ; रावण०); महा० सब्भाव=सद्भाव (गउड०; हाल; रावण०)। — (२४) प्+त = त्त हो जाता है : महा० में उक्खित्त = उरिक्षप्त (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० पज्जत्त = पर्याप्त (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० सुत्त = सुप्त (हाल)। —(२५) ब्+ज=ज्ज हो जाता है : महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० खुज्ज = कुब्ज (§ २०६)। — (२६) ब्+द = द्द हो जाता है : अद्द = अब्द (हेच० २, ७९) ; महा० सद्द = शब्द (गउड० ; हाल ; रावण०)। — (२७) ब्+ध=द्ध हो जाता है : आरद्ध = आरब्ध (रावण०) ; महा० लद्ध = लब्ध (गउड० ; हाल ; रावण०) और लोॅद्धअ = लुब्धक (§ १२५)।

१. § १८४ नोटसंख्या १ की तुलना कीजिए। — २. विक्रमोर्वशी १२, १० पर बॉल्लें नसेन की टीका ; हेमचंद्र २, २ पर पिशल की टीका। § २७९ की तुलना कीजिए। — ३. संस्कृत नक्षत्र 'सितारा' 'तारों का समूह' = नक्षत्र 'रात के ऊपर राज करनेवाले' रूप में रखा जाना चाहिए। इसका साधारण अर्थ यह कि *नक्तत्र से निकला है (औफरेष्ट, कू० त्सा० ८, ७१ ; इस विषय पर

वेबर, भगवती २, २६८ की तुलना कीजिए) अथवा नश् से (=पहुँचना। —अनु०)। इसकी व्युत्पत्ति बताना (ग्रासमान के वैदिक कोश में यह शब्द देखिए) सब भाँति इसके अर्थ को तोड़ना मरोड़ना है। — ४. इसकी जो साधारण व्युत्पत्ति दी जाती है उसके अनुसार यह रूप दिया गया है। त्साखारिआए (बाइत्रैगे त्सूर इंडिशन लेक्सिकोग्राफी, पेज ६० और उसके बाद में) प्राग्भार में ठीक ही पाता है कि संस्कृत में यह शब्द पब्भार का संस्कृत रूप बनाकर फिर भरती कर लिया गया है। वह पब्भार को जो अ०माग० में बहुत आता है (उदाहरणार्थ : उत्तर० १०१४ ; अणुओग० ४१६ ; विवाह० २४८ और ९२० ; ठाणंग० १३५ ओर २९७ ; ओव० ; निरया०) ओर जै०महा० में भी पाया जाता है (कालका०) तथा शौर० में भी मिलता है (अनर्घ० १४९, १०) *प्रह्वार से व्युत्पन्न करना चाहता है। इसका साधारण अर्थ 'ढेर ; राशि' दिशा दिखाता है कि इससे अच्छा *प्रभर शब्द है (याकोबी, कालकाचार्यकथानक में यह शब्द देखिए)। इसमें § १९६ के अनुसार द्वित्व हो जाना चाहिए।

§ २७१—एक ही वर्ग के संयुक्त व्यंजनों की शेष ध्वनियाँ § ३३३ में बताये गये नियम को छोड़ अन्यत्र लोगों की बोली में ही बदला जाता है। माग० में ट्ट स्ट का रूप धारण कर लेता है (हेच० ४, २९०) : पस्ट = पट्ट ; भस्टालिका = भट्टारिका ; भस्टिणी = भट्टिनी। स्टेन्त्सलर ने मृच्छकटिक में ट्ट के लिए ष्ट रूप दिया है : भष्टक = भट्टक (१०, ५ ; १६, १८ ; २२, ३ और ५ ; ११४, १६ ; ११८, ८ ; १२ ; २२ ; १११, ९ ; १२२, १० ; १२४, १२ और उसके बाद ; १२५, १ ; ३ ; ८ ; २४ ; १३२, ११ ; १५ और १८) ; भस्टालअ और भस्टालक = भट्टारक (२२, ५ ; २२, ४ ; ११२, १८ ; ११९, १३ ; १२१, १२ ; १५४, ९ ; १६४, १२ ; १६५, १ और ५ ; १७६, ४) ; पिष्टदु = *पिट्टतु = पिट्टयतु (१२५,८)। जैसा कि अन्यत्र बहुधा किया है, इस संबंध मे भी गौडबोले ने उसका साथ दिया है। यद्यपि हस्तलिपियों में सर्वत्र भट्टक, भष्टक, भष्ठक, भट्टालक और भष्टालक (भष्टालअ) रूप आये हैं, केवल एक दो हस्तलिपिया १०, ५ ; २२, ३ और ५ ; ३२, ४ ; ११९, १३ ; १२४, २४ ; १३२, ११ में -स्ट- लिखती हैं। सब हस्तलिपियों में पिष्टदु के स्थान पर पिट्टदु' रूप है, कहीं विट्टदु भी है, इसी प्रकार अट्टहाशश्श आया है (१६८, २१), इस रूप के स्थान पर हेमचद्र के अनुसार अस्टहाशश्श लिखा जाना चाहिए। कलकत्ते के संस्करणों में सर्वत्र ट्ट आया है। इस प्रकार सभी संस्करणों में शकुन्तला ११४, १२ ; ११६, ११ ; ११८, ४; प्रबोधचन्द्रोदय ३२, ८ ; १०, ११ और १२ ; चडकौशिक ६०, १२ आदि-आदि। मृच्छकटिक में ष्ट स्ट के स्थान पर बोली का एक भेद माना जाना चाहिए जैसा श्क और उसके साथ-साथ ह्क=श्व। किंतु अन्यत्र हेच० के अनुसार ट्ट के स्थान पर स्ट लिखा जाना चाहिए'। § २९० की तुलना कीजिए। हेच० २, १२ के अनुसार कृत्ति (= चमड़ा; खाल) का रूप किच्चि होना चाहिए। इसके उदाहरण केवल महा० में कत्ति (पाइय० ११०; ११० ; गउड० ; हाल) और किति (हाल) मिलते हैं। हाल

९५१ में हस्तलिपि ह्स्डू = कत्तिओ के स्थान पर कच्ची अ लिखा गया है, ध्वन्यालोक के छपे संस्करण में १२८, ६ में कत्ती अ मिलता है और काव्यप्रकाश के छपे संस्करण में ३२९, १० में भी यही रूप है तथा उत्तम हस्तलिपियों में यही देखने में आता है। कच्चि और किच्चि यह सूचना देते हैं कि इनका संस्कृत मूल *कृत्या = कर्त्या* रहा होगा, (= त्वचा) 'जानवरों का काट कर उतारा गया चमड़ा।' अ०माग० विणिञ्चइ = *विकृन्त्यति (§ ४८५) की तुलना कीजिए। च्छ के स्थान पर माग० मे श्च आने के विषय मे § २३३ देखिए।

१. गौडबोले पेज ३४५ नोटसंख्या ९ में पिट्टदु छापे की भूल है। —२. स्ट=ट्ट के विषय में निम्नलिखित विद्वानों का मत अशुद्ध है: आस्कोली, क्रिटिशे स्टुडिएन पेज २३३ का नोट; सेन्नार, पियदसी १, २९ और उसके बाद; २, ४१८ और उसके बाद; योहान्ससोन, शाहबाजगढ़ी २, १८ नोटसंख्या १। गो० गे० आ० १८८१, १३१८ और उसके बाद में पिशल का मत देखिए।

§ २७२—दो संयुक्त व्यंजनों में से पहला यदि अनुनासिक हो तो नियम के अनुसार ध्वनिसमूह मे अपरिवर्तित रहता है, जब कि अनुनासिक पहले आता है: महा० अंक (गउड० ; हाल ; रावण०) रूप है; महा० और शौर० मे संखला = शृंखला (§ २१३); महा० मे सिंग = शृंग (गउड० ; हाल); महा० मे जंघा है (गउड०); महा० मे कोंञ्च = क्रौञ्च (गउड०); महा० मे लञ्छण = लाञ्छन (गउड० ; हाल ; रावण०), महा० मे मअरी रूप आया है (गउड० ; हाल); महा० मे कण्ठ का कण्ठ ही है (गउड०; हाल ; रावण०) और खण्ड, खण्ड रूप मे ही बना रह गया है (गउड०; हाल ; रावण०) तथा अन्त जैसे का तैसा बना हुआ है (गउड० ; हाल; रावण०)। मन्थर मन्थर रूप से चलता है (गउड० ; हाल ; रावण०); महा० मे मअरन्द = मकरन्द (हाल; रावण०); बन्ध बन्ध रूप मे बचा है (गउड० ; हाल ; रावण०) तथा जम्बू अपने मूल रूप मे स्थित है (गउड० ; हाल)। यदि अनुनासिक अपने वर्ग से बाहर का आता है तो इसका रूप ं हो जाता है (§ २६९)।

§ २७३—पञ्चदशन् और पञ्चाशत् मे ञ्च का ण्ण हो जाता है (वर० ३, ४४; हेच० २, ४३ ; क्रम० २, ६६ ; मार्क० पन्ना २५) इस प्रकार : पण्णरह (=१५ : सब व्याकरणकार ; अप० में पिंगल १, ११२ और ११४); अ०माग० और जै०महा० मे पण्णरस रूप है और कहीं कहीं पन्नरस भी पाया जाता है (हेच० ३, १२३ ; कप्प० ; भग० ; एर्से० पेज भूमिका का ४१), पण्णरसी (कप्प०); पण्णासा (=५० : वर० ३, ४४ ; हेच० २, ५३ ; मार्क० पन्ना २६ ; कप्प०); अ०माग० और जै०महा० में पण्णासं रूप भी आता है (क्रम० २, ६६ ; ठाणग० २६६ ; भग० ; एर्से०), पन्ना रूप भी है (चंड० ३, ३२), पचास के अन्य संख्यायुक्त शब्दों में पचास का पण्णं हो जाता है और वण्णं

* इस *कर्त्या का एक रूप कर्ता और कर्तो इसी अर्थ में कुमाउनी बोली में है, ढूंढने पर अन्यत्र भी मिलने की सम्भावना है। —अनु०

भी : **एक्कावन्नं** (इसका संपादन **एकावन्नं** भी हुआ है ; = ५१ : सम० ११२) ; **बावण्णं** (= ५२) ; **तेवण्णं** (= ५३) ; **चउवण्णं** (= ५४) ; **पणवण्णं** (= ५५) ; **छप्पण्णं** (= ५६) ; **सत्तावण्णं** (= ५७); **अट्ठावण्णं** (= ५८ : वेबर ; भगवती १, ४२६ ; सम० ११३–११७ ; एर्त्से० भूमिका का पेज ४१) ; **अउणापण्णं** (= ४९ : ओव० § १६३) ; **पणपण्णइम** (= ५५ वाँ कप्प०) ; अप० में **बावण्ण** (= ५२), **सत्तावण्णइँ** (= ५७ : पिंगल १, ८७ और ५१) । इसी प्रकार अ०माग० में भी **पण्णट्ठि** (= ६५ : कप्प०) और **पन्नत्तरि** (= ७५ : सम० १३३) । २०–६० तक संख्या शब्दों से पहले अ०माग० और जै०महा० में **पञ्च** का **पण्ण** और अधिकांश स्थलों में इसका छोटा रूप **पण** हो जाता है : **पणवीसं** (= २५) ; **पणतीसं** (= ३५) ; **पणयालीसं** (= ४५) ; **पणवण्णं** (= ५५), इसका रूप **पणवण्णा** भी मिलता है (चड० ३, ३३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; हेच० २, १७४ ; देशी० ६, २७ ; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे० बाइ० ३, २४५ ; इस ग्रंथ मे इस रूप के साथ-साथ **पञ्चावण्णा** भी है) ; **पणसट्ठिं** (वेबर, भगवती १, ४२५ ; सम० ७२—१२३ ; एर्त्से० भूमिका का पेज ४१) । इसी प्रकार अ०माग० में भी **पणपण्णइम** (= ५५ वा : कप्प०) और अप० मे **छप्पण** मिलता है (= ५६ : पिंगल १, ९६) । पाली रूप **पण्णुवीसति** और **पण्णुवीसं** (= २५) के समान ही अ०माग० में **पणुवीसाहि** रूप है (इसमे **हि** तृतीया की विभक्ति है; आयार० पेज १३७, २५), **पणुवीसं** भी देखा जाता है (राय० ११४ और उसके बाद ; जीवा० ६७३ ; जीयक० १९, २०) ; जै०महा० मे **पणुवीसा** मिलता है जिसका **उ** § १०४ के नियम से सिद्ध किया जाना चाहिए । पाली में भी **पन्नरस, पन्नरसी, पण्णरस, पण्णास** और इनके साथ साथ **पञ्ञास** रूप है । ए० कून का अनुमान है (कु० त्सा० ३३, ४७८) कि '**ञ्च, च** और **श** के बीच भेद की गड़बड़ी से स्पष्ट होता है और उसके अनुसार यह उस काल तक पीछे पहुँचता है जब **श** का दन्त्य **स**-कार नहीं हुआ था परंतु जब लोगो के मुँह मे (उच्चारण मे) स्पष्ट ही **च** से संबंधित था ।' यह तथ्य **ण्ण** के लिए सभव नहीं है । पंजाबी और सिंधी **पंजाह्**, **पं-चंजा**, सिंधी-**वंजाह** (होएर्नले, कपैरैटिव ग्रैमर २५९) संकेत करते है कि ये रूप **ञ्च** से **ञ्ञ**, **ञ्य** और **न्य** बनकर आये है । पाली **आणा=आज्ञा** और **आणापेति** = **आज्ञापयति** और § २७४ ; २७६ ; २८२ तथा २८३ की तुलना कीजिए । अप० में **पचीस** (= २५); **पचआलीसहिं** (= ४५ ; तृतीया) मे अनुनासिक लुप्त हो गया है । § ४४५ देखिए । अ०माग० **आउण्टण** जो = **आकुञ्चन** माना जाता है । § २३२ देखिए ।

§ २७४—हेमचंद्र ४, २९३ ; सिंहराज पन्ना ६२ ; रुद्रक के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका के अनुसार अ०माग० में **ञ** का रूप **ञ्ञ** में परिवर्तित हो जाता है : **अञ्ञलि = अञ्जलि; धणञ्ञअ=धनंजय; पञ्ञल=प्राञ्जल** । इसके अनुसार **ञ** मानो शब्द के आदि में **य** हो गया हो । मृच्छकटिक १९, ६ में **अञ्ञलि** रूप है ।

§ २७५—हेमचंद्र ४ और ३०२ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका और अमरचंद्र की काव्यकल्पलतावृत्ति पेज ९ के अनुसार शौर० और माग० में **न्त**, **न्द** मे परिवर्तित हो जाता है। व्याकरणकारों ने नीचे दिये उदाहरण प्रस्तुत किये हैं : शौर० में **अन्देउर** = **अन्तःपुर** ; **णिच्चिन्द** = **निश्चिन्त** ; **महन्द** = **महत्** ; माग० में भी **महन्द** मिलता है ; इसके साथ शौर० मे तथाकथित **रन्दूण** = **रत्वा** (हेच० ४, २७१) और त्रिविक्रम ३, २, १ मे **सउन्दले** = **शकुन्तले** हैं। ललित-विग्रहराज नाटक मे माग० में सर्वत्र **न्त** के स्थान पर सर्वत्र **न्द** आया है : **पयन्दे**= **पर्यन्ते** (५६५, ७) ; **अवय्यन्दृदा**=**अपर्यन्तता** (५६५, १२) ; **पेंरिकय्यन्दि** = **प्रेक्ष्यन्ते** (५६५, १३) ; **पुश्चन्दे** और **णि [लिस्कं] दे** = **पृच्छन्** और **निरीक्ष-माणः** (५६५; २०) ; **वञ्अन्दस्स** = **व्रजतः** (५६६, ७) ; जब कि शौर० मे बिना अपवाद के **न्त** बना रहता है : **विलोज्जति** = **विलोक्यन्ते** (५५४, २१) ; **पेक्खि-ज्जंति** = **प्रेक्ष्यन्ते** (५५४, २२) ; **वुत्तंता**···**सुणीयन्ति** = **वृत्तान्ताः**···**श्रूयन्ते** (५५५, २) ; **हुवंति** = **भवन्ति** (५५५, ५) ; **पेरंतेसु**=**पर्यन्तेषु** (५५५, ११) ; **देसंतर** = **देशान्तर** (५६०,१९) आदि आदि। होएफर' और लास्सन' ने प्राचीन पाठों से पहले ही बहुत से ऐसे उदाहरण एकत्र कर रखे हैं जो नये संस्करणो से आशिक रूप में नये संस्करणों से उड गये हैं, जैसे **मक्खन्दि** जिसके स्थान पर स्टेन्सलर मृच्छकटिक ६९, ३ में अपनी हस्तलिपियों के अनुसार **भक्खन्ति**=**भक्षयन्ति** रूप देता है ; **संदाव** रूप है जिसके स्थान पर मृच्छकटिक ७८, ८ ; शकुंतला ५५, १ ; ६८, १ ; रत्नावली २९८, १० ; २९९; १० मे **संताव** रूप मिलता है। प्रबोधचंद्रोदय के पूना, बबई और मद्रास के छपे सस्करण साथ ही ब्रोकहौस के सस्करण मे बहुधा **न्द** मिलता है। ब्रोकहौस के सस्करण में आये रूपों के अतिरिक्त अन्य सस्करणो मे **न्द** वाले नये शब्द भी देखने मे आते हैं, जैसे बबइया सस्करण ३९, २ मे **रमन्दी** आया है, मद्रास तथा पूना के संस्करण मे **रमंदी** छपा है, ब्रौकहौस ९ मे **संभावअन्दी** है और मद्रास तथा पूनावाले में **संहावअंदी** छपा है, बबइया मे **संभावयंदी** आया है; किंतु ब्रोकहौस ४ मे **चिट्ठन्ति**, मद्रास मे **चिट्ठन्दि**, पूना मे **चिट्ठन्दि** रूप आये है ; बंबइया मे **तुस्सन्ति** है ; ब्रौक-हौस मे **पडीछन्ति** है, बबइया और मद्रासी मे **पडिच्छन्ति** और पूनावाले मे **पडि-च्छन्ति** छपा है, इन सब में **न्ति** आया है। यहाँ भी यही अस्थिरता बहुत मिलती है और भारतीयों द्वारा प्रकाशित कई सस्करणों में भी पायी जाती है। इस प्रकार शकर पाडुरंग पडित मालविकाग्निमित्र ७, २ मे **ओलोआली** १, ३ में अन्तरे किंतु ५ में **उवआराणन्दरं** रूप देता है (बॉल्लें नसेन ने ६, ९ मे शुद्ध रूप **उवआराणन्तरं** दिया है); ६६, १ में **पञ्चरसव्यंन्दरे** दिया है (बॉल्लें नसेन ने ३४, १३ मे **पञ्चरसब्भन्तरे** दिया है) किंतु ६६, ५ मे **आअन्तव्वं** छापा है, आदि आदि ; ताराकुमार चक्रवर्ती ने उत्तररामचरित ५९, ५ ; ६९, १० ; ७७, ४ ; ८९, ११ में **वासन्दी** = **वासन्ती** छापा है ; तेलंग ने मुद्राराक्षस ३६, ४ में **जाणन्दि** किंतु ३८, २ में **जाणन्तं** छापा है ; ३९, ४ में **सहन्दि** परंतु ३९, ७ में **निवेदिअन्ति** है ; दुर्गाप्रसाद और परब ने उन्मत्तराघव ३, २ और ५ तथा ७, ४ में **दीसन्दि** दिया है किन्तु ५, ४ में

दीसन्ति = दृश्यन्ते छापा है ; ७, ४ में अण्णेसन्दीप दिया है = अन्वेषन्त्या किन्तु ५, ४ में संभमन्ता रूप आया है = संभ्रमन्तः ; मुकुन्दानन्द भाण १३, २ में किंदि = किम् इति है, परन्तु १३, १८ में अन्दरेण = अन्तरेण है ; १७, १४ मे सन्दि = शान्ति है किन्तु २१, १२ में अक्कन्दो = आक्रान्तः पाया जाता है । लिखने का यह ढग पार्वतीपरिणय के दोनों सस्करणों में बहुत प्रयुक्त हुआ है, जैसे निरन्दरं चिन्दाउल (२, १५ और १६), वासान्धिए (९, ३); वासन्दिआ (९, १९), अहिलसन्दी (२४, १६ ; २८, ४) आदि । लास्सन का झुकाव कुछ ऐसा था कि वह इसमें शौर० की विशेषता देखता था[१] । किन्तु न्द मागा० में मिलता है और महा० में भी उदाहरणार्थ जाणन्ता के स्थान पर जाणन्दा मिलता है (हाल ८११) ; किंदेण (हाल ९०५); भणन्दि (पार्वती० २८, २); मन्दि = रमन्ति ; उज्झन्दो= उज्झन्तः ; रज्जन्दि=रज्यन्ते (मुकुन्द० ५, २ ; २३, २) । हेच० २, १८० में बताया गया है कि हन्दि का प्रयोग विषाद, विकल्प, पश्चात्ताप, निश्चय और सत्य को व्यक्त करने के लिए किया जाता है और २, १८१ में कहता है कि हन्द 'ले' और 'ध्यान दे' के अर्थ में काम में लाया जाता है । हंद = हन्द=संस्कृत हन्त के । हेच० द्वारा दिया गया उदाहरण हाल २०० है जहाँ हस्तलिपि में गे ण्हह, गिण्हह और मंद है, जैन हस्तलिपि आर० में यहाँ हन्दि है, भुवनपाल (इण्डिशे स्टुडिएन १०, ७० श्लोक १३५ की टीका) इस स्थान पर हंत पाठ पढ़ता है । अ०माग० में हंद ह हंद हं रूप देखे जाते है (आयार० २, १, १०, ६ ; ११, १ और २ ; ठाणग० ३५४) ; अन्यथा महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे हन्त मिलता है, अ०माग० मे एक रूप हन्ता भी है (गउड० ; आयार० २, ५, ०, ४ ; नायाध० १३३२; विवाग० १६ ; उवास० ; भग० ; ओव० ; कालका० ; विक्रमो० ३१, ७)। अ०माग० हंदि (सूय० १५१ ; दस० ६२४, २६ [पाठ मे हम्दि है] ; दस०नि० ६४७, ४१ [पाठ मे हन्दि है] ; ६५३, १३ [पाठ में हन्दि है] ; ठाणग० ४८८ ; अणुओग० ३२३ ; नायाध० ११३४) । जै०महा० रूप हंति से निकला है और हम् इति है। § १८५ और § २६७ में अ०माग० हंभो की तुलना कीजिए । हाल के उदाहरण हन्द को छोड़कर शेष सब तेलगू संस्करण से आये है और जैसा कि ह-कार युक्त वर्णों का द्वित्व होता है (§ १९३), वैसे ही न्त के स्थान पर न्द लेखनशैली द्रविड से आयी है जहां न्त का उच्चारण न्द किया जाता है । इसलिए न्द द्राविड़ी और द्राविड़ी हस्तलिपियों के आधार पर बनायी गयी प्रतिलिपियों मे अधिकतर पाया जाता है । द्राविड़ी हस्तलिपिया कभी-कभी न्त के स्थान पर न्त लिखती हैं । उदाहरणार्थ, शकुन्तला[२] ताकि न्त का उच्चारण सुरक्षित रहे और दक्षिण-भारतीय पल्लवदानपत्र ७,४३ की प्राकृत में यही लेखनशैली व्यवहृत हुई है। उसमे महंत्ते, महंते = महतः के स्थान पर आया है (द्वितीया बहुवचन)[३] । यह ठीक वैसा ही है जैसे प्राकृत की प्राचीन हस्तलिपियां — के बाद के त का द्वित्त करना पसंद करती थीं ।[४] महा० मे संदाव रूप बहुत अधिक पाया जाता है (हाल ८१७ ; परिशिष्ट ९९४), और शौर० में (मालती० ७९, १ ; ८१, २ ; २१९, १ ; उत्तर० ६, १ ; ९२, ९ ; १६३, ५ ; नागा०

८७, १२ ; विद्ध० ८१,४ ; प्रिय० ४, ७ ; २२,१२ ; २४, ७ ; २५, १३ ; मल्लिका० २१८, १० ; २२३, १६ ; ३३०, १७ ; रुक्मिणी० २७, ६ और ११ ; ३३, १३), **संदावेदि** (प्रिय० २०,७ ; मुकुन्दा० ७३, ३ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **संदाविद** (मालती० ७९, १) रूप मिलते हैं। शकुतला ५५, १ में भी अधिकांश हस्तलिपिया **सन्दाव** लिखती हैं, दो हस्तलिपियां ६८, १ मे यही रूप देती है, १२७,७ में अधिकाश ने **सन्दावेदि** रूप दिया है। महा० में एक क्रिया **दावइ = ताप्यति है** (शकु० ५५, १६, नोट के साथ, पेज १८४ ; किंतु § २०१ नोट सख्या १ की तुलना कीजिए), इसलिए **संदाव** उसमें मबधित किया जा सकता है। किंतु महा० में भी **संताव** रूप है जो सबसे अधिक प्रमाणित है (गउड० ; हाल ; रावण०) और यही शौर० में भी एकमात्र शुद्ध रूप है। **ओअन्दइ = अपकृन्तन्ति** (§ ४८५) और **विहुंडुअ = विधुंतुद** (देशी० ७, ६५ ; त्रिवि० १,३,१०५ = बे० बाइ० ३, २५२) में भी बोली की दृष्टि से वही ध्वनिपरिवर्तन आ गया है।

१. दे० प्राकृत डियालेक्टो पेज ५४। — २. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए पेज २६३ ; नोटसंख्या ३७८। — ३. ऊपर उद्धृत ग्रंथ पेज २३८। — ४. ना. गे. वि. गो. १८७३, २११ और उसके बाद तथा कू. बाइ. ८, १३० और उसके बाद में पिशल का मत ; विक्रमोर्वशीय पेज ६१५। — ५. ना. गे. वि. गो. १८९५, २१० में पिशल। — ६. एस. गौल्दश्मित्त, त्सा. डे. डॉ. मौ. गे. २९, ४९४, नोटसंख्या १; रावणवहो की भूमिका का पेज ११।

§ २७६—यदि अनुनासिक संयुक्त व्यजनों का दूसरा वर्ण हो तो यह अतिम **ण** और **न** पहले आये हुए वर्ण मे जुड जाते हैं : महा० में **अग्गि = अग्नि** (गउड०; हाल ; रावण०) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **उव्विग्ग = उद्विग्न** (गउड० ; हाल ; रावण० , उवास० ; एर्से० ; मृच्छ० १५०, १६ ; १५१, २)। **उव्विण्ण** जिसे हेमचद्र २,७८ मे = **उद्विग्न** के बताता है वह बहुत करके = ***उद्वृण्ण** जो वैदिक धातु **व्रद्** और ***वृद्** धातु का रूप है जिसमे **उद्** उपसर्ग लगाया गया है। मौलिक **ऋ वुण्ण** (= भीत ; उद्विग्न : देशी० ७, ९४ ; पाइय० ७६) और **उव्वुण्ण** (= उद्विग्न ; उद्भट : देशी० १, १२३) रूप ठीक है। जै० महा० मे **नग्ग = नग्न** (एर्से०) ; महा० मे **रुग्ग = रुग्न** (गउड०) ; महा० में **विग्घ = विघ्न** (रावण०) ; अ०माग० मे **सयग्घी = शतघ्नी** (उत्तर० २, ८५ ; ओव०) ; **सुरुग्घ = सुरुघ्न** (हेच० २, ११३) ; अ०माग० मे **पत्ती = पत्नी** (उत्तर० ३६२ , ४२२) ; महा० मे **सवत्त = सपत्न** (गउड० ; रावण०) ; महा०, जै०महा० और शौर० मे **सवत्ती = सपत्नी** (हाल ; आव०एर्त्सं० २८, ९ ; अनर्घ० २८७, १ ; वेणी० १२, ६) ; शौर० मे **णीसवत्त = निःसपत्न** (मृच्छ० ५, १), महा० मे **पअत्त = प्रयत्न** (हाल) ; अ०माग० मे **पप्पोइ** और जै०शौर० **पप्पोदि = प्राप्नोति** (§ ५०४)। § ५६६ देखिए। ध्वनिसमूह **ज्ञ** नियम के अनुसार **ण्ण** बन जाता है और यह शब्द के आरभ में हो तो इसका रूप **ण** हो जाता है (वर० ३, ४४ ; हेच० २, ४२ ; क्रम० २, १०२ ; मार्क० पन्ना २५) : महा० मे **अहिण्णाण =**

अभिज्ञान (रावण०) ; महा० में **जण्ण = यज्ञ** (हाल) ; **पण्णा = प्रज्ञा** (हेच० २,४२); महा० में **सण्णा*** = **संज्ञा** (रावण०); महा०, अ०माग० और जै०महा० में **आणा = आज्ञा** ; अ०माग० और जै०महा० में **नज्जइ = ज्ञायते** (§ ५४८), अ०माग० **णाण = ज्ञान** (आयार० १, ६, १, ६) । हेच० २, ८३ में आज्ञा देता है कि **अज्ञा = आज्ञा** भी हो सकता है ; और **पज्ञा = प्रज्ञा** ; **संजा = संज्ञा** ; **जाण = ज्ञान** और इसके साथ-साथ **ण्ण** और **ण्णु** भी होता है (§ १०५), **ज्ञ** भी होता है जब **ज्ञ** एक समास का दूसरा पद होता है : **अप्पण्णु** और **अप्पज्ञ** = **आत्मज्ञ** ; **अहिण्णु** और **अहिज्ञ = अभिज्ञ** ; **इंगिअण्णु** और **इंगिअज्ञ** = **इंगितज्ञ** ; **दइवण्णु** और **दइवज्ञ = दैवज्ञ** ; **मणो॑ण्ण** और **मणोज्ञ = मनोज्ञ** ; **सव्वण्णु** और **सव्वज्ञ=सर्वज्ञ** किन्तु एकमात्र **विण्णाण = विज्ञान** । वररुचि ३, ५ ; क्रम० २, ५२ और मार्क० पन्ना २० के अनुसार **सर्वज्ञ** के रूप के शब्दों में केवल **ज्ञ** को ही काम में लाया जाता है : **सव्वज्ञ, अहिज्ञ, इंगिअज्ञ, सुज्ञ = सुज्ञ** । इसके विपरीत शौर०में वररुचि १२,८ के अनुसार **केवल सव्वण** और **इंगिदण्ण** का व्यवहार है और १२,७ के अनुसार **विज्ञ** और **यज्ञ** में इच्छानुसार **ज्ञ** भी होता है, क्रम० ४, ७६ के अनुसार इच्छानुसार **अहिज्ञो** और **अहिज्ञो** रूप होते हैं, ५, ७७ के अनुसार **पल्जिञा = प्रतिज्ञा** है । शुद्ध लिपि प्रकार क्या है इसका वररुचि और क्रमदीश्वर में पता नहीं चलता । यह संदिग्ध है । अनुमान यह है कि **ज्ञ** और **ण्ण** अनुमत माने जायें । शौर० **अणहिण्ण=अनभिज्ञ** (शकु० १०६,६ ; मुद्रा० ५९, १) ; **जण्ण = यज्ञ** (शकु० १४२, ३; मालवि० ७०, १५) ; **पइण्णा** (§ २२०) के सप्रमाण उदाहरण मिलते हैं । अ०माग० में **ण्णु** और **न्नु** के साथ साथ **ण्ण** तथा **ञ्ञ** भी चलते हैं : **समणुण्ण = समनुज्ञ** (आयार० १, १, १,५); **खेयन्न = खेदज्ञ** (आयार० १, १, ४, २ ; १, २, ३, ६ ; १, २, ५, ३ ; १, २, ६, ५ ; १, ३, १, ३ और ४ ; १, ४, १, २ ; १, ५, ६, ३; सूय० २३४ [यहाँ पाठ में **खेदन्न** है] ; ३०४ और ५६५); **मायन्न = मात्रज्ञ** (आयार० १, २, ५, ३ ; १, ७, ३, २ ; १, ८, १, १९ ; दस० ६२३, १५ ; उत्तर० ५१) ; **कालन्न; बलन्न ; खणयन्न ; खणन्न; विणयन्न; समयन्न** और **भावन्न** (आयार० १, २, ५, ३ ; १, ७, ३ ,२); **मेयन्न** (उत्तर० ५०८) ; **पन्न = प्रज्ञ** (उत्तर० ३३) ; **आसुपन्न = आशुप्रज्ञ** (उत्तर० १८१); **महापन्न** (उत्तर० २००); **मणुन्न** और **अमणुन्न = मनोज्ञ** और **अमनोज्ञ** (आयार० २, १, १०, २ ; ११, २ ; २, ४, २, ६ ; पेज १३६, ७ और उसके बाद ; सूय० ३९० ; ओव० § ५३ और ८७), किन्तु शौर० में **मणोज्ञ** रूप है (मल्लिका० १०५, ५) । इसी प्रकार अ०माग० में भी **जन्न=यज्ञ** (उत्तर० ७४२), **जण्णइ=यज्ञकृत्** (ओव०) । —माग० में **ज्ञ** का **ञ्ञ** हो जाता है (हेच० ४, २९३) ; **अवञ्ञा = अवज्ञा** ; **पञ्ञाविशाल = प्रज्ञाविशाल** ; **शव्वञ्ञ = सर्वज्ञ** । वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय में यह नियम नहीं मिलता और हस्तलिपियाँ केवल **ण्ण**

* इस सण्णा का हिन्दी रूप सैन और कुमाउनी सान है । —अनु०

लिखती हैं। इस प्रकार : **जण्ण = यज्ञ** (मृच्छ० १७१, ११); **जण्णसेनी = यज्ञसेनी** (वेणी० ३४, १३); हेच० के अनुसार इनके स्थान पर **यञ्ञ** और **यञ्ञसेणी** लिखा जाना चाहिए; **पडिण्णाद=प्रतिज्ञात** (वेणी० ३५,१३); **विण्णाद = विज्ञात** (मृच्छ० ३७, २१); **विण्णविअ = विज्ञाप्य** (मृच्छ० १३८, २५ ; १३९, १ आदि-आदि)। **वञ्ञदि = *व्रज्ञाति** (§ ४८८) के नियम से पुष्टि होती है। इसे प्रतिलिपियों के लेखकों ने नहीं बदला है, क्योंकि वे इसे जानते ही न थे।—पै० में भी **ज्ञ** का **ञ्ञ** हो जाता है (हेच० ४, ३०३ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका); **पञ्ञा = प्रज्ञा; सञ्ञा=संज्ञा ; सव्वञ्ञ = सर्वज्ञ ; ञान=ज्ञान ; विञ्ञान=विज्ञान ; यञ्ञ=यज्ञ ; रञ्ञा** और **रञ्ञो= राज्ञा** और **राज्ञः** (हेच० ४, ३०४)। इनके साथ-साथ **राचित्रा** और **राचिञो** रूप भी चलते हैं (§ २३७ और ३९९)। वररुचि १०, ९ और १२ में हस्तलिपियों मे **ञ्ज** और **ज्ञ** लिखा गया है जो **ञ्ञ** के स्थान पर केवल अशुद्धियाँ हैं।

§ २७७—अंतिम ध्वनि के बाद अनुनासिक **म** आये तो ध्वनिसमूह के साथ भिन्न व्यवहार किया जाता है। **ग्म** नियमानुसार **ग्ग** हो जाता है : महा० और अ०माग० में **जुग्ग = युग्म** (भाम० ३, ३ ; हेच० २, ६२ ; क्रम० २, ५१ ; मार्क० पन्ना १९ ; विवाह० २५५ और ३६२); **तिग्ग=तिग्म** (हेच० २, ६२); **वग्गि = वाग्मिन्** (भाम० ३, २); **दोग्ग=युग्म** भी है (§ २१५) किन्तु लोगों की जबान पर चढ कर इसका रूप **म्म** भी हो जाता है : अ०माग० मे **जुम्म = युग्म** (हेच० २, ६२); (विवाह० १३९१ और उसके बाद ; १६६६ और उसके बाद ; ठाणग० २७५ ; सम० १३८); **तिम्म = तिग्म** (हेच० २, ६२)। **क्म** का **प्प** बन जाता है (वर० ३, ४९ ; हेच० २,५२ ; क्रम० २,६३ ; मार्क० पन्ना २६) : **रुप्प = रुक्म** (भाम० ३, ४९ ; क्रम० २, ६३); अ०माग० में **रुप्पि- = रुक्मिन्** , हेच० २, ५२ में इसका रूप **रुच्मिन्** दिया गया है (सम० ११४ ; ११७ ; १३९ ; १४४ ; १५७ ; १६० ; ठाणग० ७५ ; नायाध० ७८१ और उसके बाद ; राय० १७७) ; अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **रुप्पिणी = रुक्मिणी** (अत० ३,४३; नायाध० ५२९; निरया० ७९ ; पण्हा० २९२ ; द्वार० ४९७, ३१ और उसके बाद ; ५०२, ३४ ; ५०५, ३४ ; प्रचड० १८, १५ ; मालती० २६६, ४ [यहा यही पाठ पढा जाना चाहिए] ; नागा० ५१, ८ [इस स्थान का यह शब्द = जीवानद विद्यासागर का सस्करण ४९,७ किंतु यहां **रुक्किणी** पाठ है])। हेच० २,५२ के अनुसार **कुड्मल** का प्राकृत रूप **कुम्पल** हो जाता है जो रूप पाइयलच्छी ५४ मे भी है। इसके साथ साथ **कुड्मल** भी पाया जाता है (देशी० २, ३६ ; पाइय० ५४) जो न तो **कुड्मल** और न **कुड्मल** से निकल सकता है, इसलिए **कुम्पल** और **कुड्मल** के साथ इसे बोली का एक भेद समझना चाहिए। मार्कंडेय पन्ना २६ मे हस्तलिपि में **कुप्पल** रूप लिखा मिलता है। **आत्मन्** महा० में प्रायः सदा और अप० मे नित्य ही **अप्प** हो जाता है (वर० ३,४८ ; क्रम० २,६३ ; गउड० ; हाल ; रावण०)[१]। बहुत ही कम स्थलों पर **अत्तणो**

में (गउड० ६३ ; ९६ ; कर्पूर० ८२,२); महा० में अत्त- मिलता है। अन्य बोलियां डांवाडोल रहती हैं (हेच० २,५१ ; मार्क० पन्ना २६) । अ०माग० और जै०महा० में पास-पास अप्प और अत्त रूप मिलते हैं, स्वय समासों में भी पाये जाते हैं, जैसे अ० माग० में अज्झप्प- = अध्यात्मन् (आयार० १,५,४,५ ; पण्हा० ४३७) ; अ० माग० और जै०महा० में अत्तय = आत्मज (विवाह० ७९५ ; एर्सें०), अ०माग० अत्तया = आत्मजा (नायाध० ७२७ ; १२२८ ; १२३२) ; अ०माग० में *आत- के स्थान पर आय रूप भी है ; जै०महा० में इसका पर्याय आद्- है (§ ८८), इनके साथ जै०शौर० में अप्प- रूप है ; शौर० और माग० में कर्ता एकवचन अप्प बहुत आता है, अन्य कारकों में सदा केवल अत्त पाया जाता है। कर्मकारक में अत्ताणअं रूप है ; ढक्की में अप्प- है (§ ४०१ और ४०३) । गिरनार के शिलालेखों मे पाया जानेवाला रूप आत्त- जिसे आस्कोली[2] और सेनार[3] बताते हैं कि आत्प पढ़ा जाना चाहिए[4], इस दिशा की ओर संकेत करता है कि अप्प- जब अपने क्रमविकास में आगे बढ़ रहा था तो आत्म-, *आत्व (§ २५१ और ३१२), *आत्प हो गया। यह आत्प- अंतिम ध्वनि के स्थान-परिवर्तन से बना और अत्त- आत्मन् का नियम-पूर्वक क्रमविकास है[5]। क्म = प्प के बीच में एक रूप ग्म भी रहा होगा : रुक्म, *रुग्म = रुप्प । —ग्न का ग्म हो जाता है : छग्म = छन्न (हेच० २,११२) । इसके साथ-साथ साधारण प्रचलित रूप छउम भी है (§ १३९) ; पॅाॅग्म = पद्म (§ १६६ और १९५) । इसके साथ साथ पउम रूप भी चलता है (§ १३९) ।

१. हाल २०१ में अत्तणो के स्थान पर, जैसा बंबइया संस्करण में भी है, हस्तलिपि एम. के अनुसार अप्पणो पढ़ा जाना चाहिए ; इसी प्रकार गउडवहो ९० में सर्वोत्तम हस्तलिपि जे. के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए। संभव तो यही है कि महा० में सर्वत्र अत्तणो के स्थान पर अप्पणो पढ़ा जाना चाहिए। — २. क्रिटिशे स्टुडिएन पेज १९७, नोट-संख्या १० । — ३ पियदसी १, २६ और उसके बाद । — ४. भगवानलाल इंद्रजी, इंडियन एण्टिक्वेरी १०, १०५ ; पिशल, गो. गे. आ. १८८१, पेज १३१७ और उसके बाद ; ब्यूलर, त्सा. डे. डॉ. मौ. गे. ३७, ८९ । — ५. पिशल, गो. गे. आ. १८८१, पेज १३१८ ।

§ २७८—यदि भिन्न वर्गों के अनुनासिक आपस में मिल जाते हैं तो ण्म और न्म - म्म मे परिवर्तित हो जाते हैं (§ २६९), न्म म्म बन जाता है (वर० ३, ४३ ; हेच० २, ६१ ; क्रम० २, ९८ ; मार्क० पन्ना २५) और म्न का ण्ण हो जाता है, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में यह रूप न्न भी हो जाता है (वर० ३, ४४ ; हेच० २, ४२ ; मार्क० पन्ना २५) : महा० में उम्मुह=उन्मुख (गउड० ; रावण०); उम्मूल = उन्मूल (हाल) ; उम्मूलण = उन्मूलन (रावण०) ; जम्म=जन्मन् (हाल ; रावण०) ; मम्मण = मन्मन् (हेच० २, ४२) ; महा०, जै०महा० और अप० में वम्मह = मन्मथ (§ २५१) ; महा० णिण्ण=निम्न (हेच० २, ४२ ; गउड०) ; णिण्णआ=निम्नगा (गउड०) ; अ०माग० में निण्ण है (विवाह०

१२४४) ; **ईसिणिण्णयर=ईषन्निम्नतर** (विवाह० २३९) ; **निक्रगा** (पण्हा० ४४०) ; महा० और शौर० में **पज्जुण = प्रद्युम्न** (भाम० ३, ४४ ; हेच० २, ४२ ; रत्ना० २९५, २६ ; २९६, ५ और १७) । हेमचंद्र २, ९४ के अनुसार **धृष्टद्युम्न का म्न**, ण में परिवर्तित हो जाता है : **धट्ठज्जुण** । शौर० में **धट्ठज्जुण्ण** रूप है (प्रचंड० ८, १९), माग० में **धिट्ठज्जुण** (वेणी० ३५, १९), इस स्थान पर **धिट्ठय्युण्ण** पढ़ा जाना चाहिए । यदि **धट्ठज्जुण** केवल मात्र छंद की मात्राएं ठीक करने के लिए न आया हो तो संभवतः यह ***धृष्टार्जुन** रूप में ठीक किया जाना चाहिए क्योंकि **द्युम्न** के स्थान पर उसका पर्यायवाची **अर्जुन** है ।

§ २७९—जब अन्तिम ध्वनि या शेष वर्ण अथवा अनुनासिक, अर्ध स्वर से टकराते है तो, जब तक उनके बीच में अंश-स्वर न आये (§ १३०–१४०) नियम यह है कि अर्धस्वर शब्द में मिला लिया जाता है । (१) जहाँ एक ध्वनि **य** है (वर० ३, २ ; चंड० ३, २ ; हेच० २, ७८ ; क्रम० २, ५१ ; मार्क० पन्ना १९) **क्य = क्क** : शौर० में **चाणक्क = चाणक्य** (मुद्रा० ५३, ८ और उसके बाद) ; **पारक्क=पारक्य** (हेच० १, ४४ ; २, १४८) ; अ०माग० में **वक्क=वाक्य** (हेच० २, १७४ ; सूय० ८३८ ; ८४१ ; ८४२ ; ८४४ ; उत्तर० ६७४ ; ७५२ ; दस० ६३६, १० और १६ ; दस० नि० ६४४, २१ ; ६४९, २६ ; ६५८, २९ और ३१ ; ६५९, २२ और २३); शौर० में **शक्क = शक्य** (शकु० ७३, ११ ; १५५,८ ; विक्रमो० १०, १३ ; १२, २० ; १८, १६ ; २२, १४ ; ४०, ७) । —**ख्य = क्ख** : महा० में **अक्खाणअ = अख्यानक** (हाल) ; अ०माग० **अक्खाइ = अख्याति** (§ ४९१); शौर० **वक्खाणइस्सं=*व्याख्यानयिष्यामि=व्याख्यास्ये** (विद्ध० ६३, ३ ; रुक्मिणी० १९, ३) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर० और अप० में **सोँक्ख = सौख्य** (§ ६१ अ) । अ०माग० रूप **आघावेइ** के विषय में § ८८ और ५५१ देखिए । **ग्य = ग्ग** : **जोँग्ग = योग्य** (गउड० ; हाल ; रावण०), अ० माग० और जै०महा० **वेरग्ग = वैराग्य** (ओव० ; एर्से०) ; महा० **सोँहग्ग = सौभाग्य** (गउड० ; हाल ; रावण०) । — **च्य=च्च** : अ०माग० में **चुय = च्युत** (आयार० १, १, १, ३ ; कप्प०) ; महा० में **मुच्चइ = मुच्यते** (गउड०) ; अ० माग० में **वुच्चइ** और शौर० में **वुच्चदि = उच्यते** (§ ५४४) । — **ज्य = ज्ज** : महा० **जुज्जइ = युज्यते** (हाल) ; **भुज्जन्त = भुज्यमान** (गउड०), **रज्य = राज्य** (हाल ; रावण०) — **ट्य = ट्ट** : शौर० **णट्टअ = नाट्यक** (मृच्छ० ७०, ३) ; महा० में **तुट्टइ** आता है (हेच० ४,११६), महा० और अप० में **टुट्टइ** (§ २९२) = **त्रुट्यति** । महा० **लोट्टइ = लुट्यति** (हेच० ४, १४६ ; कर्पूर० ३९, ३) । —**ड्य = ड्ड** : महा० **कुड्ड = कुड्य** (हेच० २, ७८ ; हाल) ; अ०माग० **पिड्डइ = पीड्यते** (आयार० १, २, ५, ४) ।—**ढ्य = ड्ढ** : महा० और अ०माग० **अड्ढ = आढ्य** (गउड० ; सूय० ९५७ ; उवास० ; ओव० ; निरया०) ; अ०माग० और जै०महा० **वेयड्ढ = वैताढ्य** (§ ६०) । —**प्य = प्प** : अ०माग० **अप्पेगे = *अप्येके, अप्पेगइया = *अप्येकतया** = पाली **अप्पेकच्चे** (§ १७४) ; महा० **कुप्पइ = कुप्यति** (हाल,

गउड०) ; सुप्पउ = सुप्यताम् (हाल)। —भ्य = ब्भ : महा० अब्भन्तर = अभ्यन्तर (गउड० ; हाल ; रावण०) ; शौर० और माग० अब्भुववण्ण = अभ्युपपन्न (§ १६३) ; अ०माग० और जै०महा० में इब्भ = इभ्य (ठाणंग० ४१४ और ५२६ ; पण्हा० ३१९ ; नायाध० ५४७ ; १२३१ ; विवाग० ८२ ; ओव० ; एर्से०)। ज्य् के स्थान पर इ आने के विषय में § २१५ देखिए।

§ २८०—दंत्य वर्णों के साथ य् तब मिलता है जब यह पहले अपने से पहले आनेवाले दंत्य वर्ण को तालव्य बना देता है। इस प्रकार त्य = च्च (वर० ३, २७ ; हेच० २, १३ ; क्रम० २, ३२ ; मार्क० पन्ना २३), थ्य = च्छ (वर० ३, २७ ; हेच० २, २१ ; क्रम० २, ९२ ; मार्क० पन्ना २३), द्य = ज्ज (वर० ३, २७ ; हेच० २, २४ ; क्रम० २, २२ ; मार्क० पन्ना २३), ध्य = ज्झ (वर० ३, २८ ; हेच० २, २६ ; क्रम० २, ८७ ; मार्क० पन्ना २३)। —त्य = च्च : महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० में अच्चन्त = अत्यन्त (§ १६३) ; णच्चइ = नृत्यति (वर० ८, ४७ ; हेच० ४, २२५ ; हाल) ; महा० दोच्च = दौत्य (हाल) ; अ०माग० वेयावच्च = वैयापृत्य (ओव०) ; महा० सच्च = सत्य (गउड० ; हाल)। —थ्य = च्छ : महा० और शौर० णेवच्छ तथा अ०माग० और जै०महा० नेवच्छ = नेपथ्य (गउड० ; रावण० ; विक्रमो ७५, १४ ; रत्ना० ३०९,१६ [पाठ में णेवत्थ है] ; मालती० २०६,७ ; २३४,३ [दोनों स्थानों में णेवत्थ है ; प्रसन्न० ४१, ७ ; मालवि० ३३, १८ ; ३६, ३ ; ३८, ३ ; ७३, १७ ; ७४, १७ [सर्वत्र णेवत्थ है] ; प्रिय० २७, १८ ; २८, १ और ४] ; विद्ध० ३०, ८ ; १२०, ११ [दोनों स्थानों में णेवत्थ है] ; रुक्मिणी० ३७, १५ ; ४१, ११ [णेवच्छ रूप है] ; ४२, ५ ; ४३, ५ और ९ ; आयार० २, १५, १८ [पाठ में नेवत्थ है] ; नायाध० ११७ [पाठ में नेवत्थ है] ; ओव० ; आव०एर्से० २७, १७ ; एर्से०, अ०माग० और जै०महा० नेवच्छिय में रूप भी मिलता है (विवाग० १११ ; पण्हा० १९६ [दोनों पाठों में नेवत्थिय है] ; आव०एर्से० २८, ५) = *नेपथ्यित ; जै०महा० में नेवच्छेत्ता (= नेपथ्य में करके : आव० एर्से० २६, २७) रूप भी मिलता है ; अ०माग० पच्छ = पथ्य (सब व्याकरणकार ; कप्प०) ; महा० और शौर० रच्छा = रथ्या (गउड० ; हाल ; मृच्छ० २, २० ; कर्पूर० २०, ४ ; ३०, ७)। —द्य = ज्ज : पल्लवदानपत्र में अजातताय = आद्यत्वाय (§ २५३) ; महा० में अज्ज = अद्य (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० में उज्जाण = उद्यान (गउड० ; रावण०) ; छिज्जइ = छिद्यते (रावण०) ; विज्जुज्जोअ = विद्युद्योत (गउड० ९०७) ; महा० जै० महा० और शौर० में वेज्ज = वैद्य (§ ६०)। —ध्य = ज्झ : महा० और शौर० में उवज्झाअ, अ०माग० और जै०महा० में उवज्झाय = उपाध्याय (§ १५५) ; महा० मज्झ = मध्य (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में विंझ = विन्ध्य (§ २६९) ; महा०, जै० महा० और शौर० में संझा = सन्ध्या (§ २६९)। § ५३६ में बताये ढंग से माग० में द्य का य्य हो जाता है (हेच० ४, २९२ ; क्रम० ५, ९० ; रुद्रट

के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) : **अय्य=अद्य** ; **अवय्य=अवद्य** ; **मय्य = *मद्य** ; **विय्याहल = विद्याधर** । इसकी समानता पर **य्य** का **य्यह** हो जाता है : **मध्यंदिन** का **मय्यहण्ण** रूप मिलता है (§ १४८ ; २१४ ; २३६) । माग० की हस्तलिपिया अन्य प्राकृत भाषाओं की भांति **ज्ज** और **ज्झ** लिखती हैं ; इस प्रकार ललितविग्रहराजनाटक ५६६, ११ में **युज्झ = *युध्य = युद्ध** = महा०, अ० माग०, जै०महा०, शौर० और अप० **जुज्झ** (गउड० ; हाल ; बाल० १८०, ५ ; नायाध० १३११ और १३१६ ; एर्त्से० ; ललित० ५६८,४ ; बाल० २४६,५ ; जीवा० ८६, १० ; हेच० ४, ३८६) । अंशस्वर इ तालव्याकरण में कोई बाधा नहीं डालता : अ०माग० **चियत्त** जो **तियक्त** से निकला है = **त्यक्त** (ठाणग० ५२८ [पाठ में **चियत्त** है] ; कप्प० § ११७ ; इस संबध में § १३४ देखिए), **चिच्चा, चेच्चा, चिच्चाण** और **चेच्चाण = *तियक्त्वा, *तिकित्वा, *तिकत्वा = त्यक्त्वा** (§ ५८७), ये रूप ठीक वैसे ही है जैसे **चयइ = त्यजति** (हेच० ४,८६ ; उत्तर० ९०२ ; दस० ६३८,१८), **चयन्ति = त्यजन्ति** (आयार० १,४,३,१ ; १,६,१,२ ; सूय० १०० [पाठ में **चियन्ति** है] ; १७४), **चए = त्यजेत्** (आयार० १,५,४,५), **चयाहि= त्यज** (आयार० १,६,१,५), **चइस्सन्ति = त्यक्ष्यन्ति** (सूय० ३६१), **चत्त = त्यक्त** (आयार० २,१५,२३ और २४), जै०महा० में **चाई = त्यागी** (के० जे० ५) । अ०माग० मे **झियाइ = ध्याति** वैसा ही है जैसे महा० रूप **झाइ** (§ ४७९) ।

१. जैसा कि पाठ से देखा जाता है इन शब्दों को केवल जैन हस्तलिपियां जो निरंतर च्छ और त्थ को आपस में बदलती रहती हैं, बहुत अधिक बार त्थ से लिखती हैं अपितु नाटकों की हस्तलिपियां भी ऐसा ही करती हैं । इनमें केवल **णेवच्छ** रूप सर्वत्र शुद्ध लिखा गया है ।

§ २८१—§ २८० के नियम का एक अपवाद दाक्षि० **दक्खिणत्ता=दाक्षिणात्याः** है (मृच्छ० १०३, ५) । § २६ देखिए । इसके अतिरिक्त अ०माग० में **घत्त** (सूय० ९६४), **अघत्त** (सूय० ९६९ ; ९८३), यदि टीकाकारों के अनुसार ये =**घात्य** और **आघात्य** के । § ९० के अनुसार **घत्त = घात** भी हो सकता है, इसमें § ३५७ के अनुसार लिंग का परिवर्तन हुआ है, यह बात अधिक संभव दीखती है । अन्य उदाहरण का अपवाद केवल आभास देते है । **चइत्त** (हेच० १, १५१ ; २, १३ ; मार्क० पन्ना २३) = **चैत्य**[१] नहीं है, परतु = **चैत्र** जिसका अर्थ **चैत्य** है (बोएटलिंक और राट के संस्कृत शब्दकोश में **चैत्र** शब्द देखिए)। —महा० **पत्तिअइ**, अ०माग० और जै०महा० **पत्तियइ**, शौर० और माग० **पत्तिआअदि** (§ ४८७)= **प्रतियाति** और अ०माग० **पत्तेय = प्रत्येक** (हेच० २,२१० ; आयार० १,१,६,२; १,२,१,५ ; सूय० २८; ७८३ ; जीवा० ४४ ; ४७ ; ४३६ ; ४७८ और उसके बाद ; पण्णव० ३० ; ३२ ; ३५, ४० ; राय० ६८ ; १२४ ; १२६ ; १३४ ; १३९ ; १५२ और उसके बाद ; नायाध० § ४२ ; पेज १२६८ ; ओव०; कप्प०) ; ***पत्तेयबुद्ध= प्रत्येकबुद्ध** (नदी० २४५ ; पण्णव० १९) ; **पत्ति = *पत्ति, *पर्ति** जिसमें **प्रति** का अंशस्वर भी है (§ १३२) । **प्रति** और ***पर्ति** ग्रीक रूप **प्रोति** और **पोर्ति**[१] के

समान है। अ०माग० -**वत्तियं** (ओव०) को लौयमान[1] = **प्रत्ययम्** बताता है, परंतु यह = **वृत्तिकम्** है। अ०माग० **पत्तुच** और **पत्तुपन्न** आदि-आदि के विषय में § १६३ देखिए। —अ०माग० और जै०महा० **तच्च** (हेच० २,२१; उवास०; कप्प०; कत्तिगे० ४००, ३२४) होएर्नले के विचार से = **तत्त्व**, हेमचंद्र और टीकाकारों के अनुसार = **तथ्य** है, परंतु वेबर[4] और होएर्नले[5] के अनुसार **तत्त्व** है, किंतु इसका इससे भी अधिक शुद्ध रूप ***तात्त्व है** जिसकी बीच की कड़ी ***तात्य है** (§ २९९)। अ०माग० में **तथ्य** का रूप अंशस्वर के साथ **ताहिय** है = ***तथिय**, कभी-कभी यह **तच्च** के पास पास आता है, जैसे **तच्चाणं तहियाणं** (नायाध० १००६ ; उवास० § ८५), **तच्चेहिं तहिएहिं** (उवास० § २२० और २५९)। —**सामत्थ** और इसके साथ-साथ चलनेवाला रूप **सामच्छ** (हेच० २, २२) = **सामर्थ्य** नहीं है, परंतु इससे पता लगता है इसका मूल रूप ***सामर्थ** रहा होगा। —महा० **कुत्थस्सि** और **कुत्थसु** = **कथ्यसे** और **कथ्यस्व** (हाल ४०१) अशुद्ध पाठ है (हाल मे यह शब्द देखिए) और **कहुसि** तथा **कहुसु** के स्थान पर आया है और **कढइ** = **कथति** का कर्मवाच्य है (§ २२१)।

१. वेबर त्सा. डे. डौ. मौ. गे. २८, ४०९ में हेमचंद्र के अनुसार मत देता है ; वेबर की हाल २१६ पर टीका। —२. हेमचंद्र २, २१० पर पिशल की टीका ; होएर्नले, उवासगदसाओ में पत्तिय शब्द देखिए और उसकी तुलना कीजिए। बौं ल्लें नसेन विक्रमोर्वशीय पेज ३३१ और उसके बाद में इससे भिन्न मत रखता है ; हाल ३१६ पर वेबर की टीका ; ए. म्युलर, बाइत्रैगे पेज ६४। —३. औपपातिक सूत्र में यह शब्द देखिए। —४. भगवती १, ३९८, नोटसंख्या २। —५. उवासगदसाओ, अनुवाद पेज १२७, नोटसंख्या २८१।

§ २८२—एक अनुनासिक के साथ **य** मिल जाता है ; **ण्य** और **न्य**, **ण्ण** बन जाते हैं, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में इसका रूप **न्न** भी हो जाता है, माग० में (हेच० ४, २९३ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका), पै० और चू०पै० (हेच० ६,३०५ में **ञ्ञ** रूप मिलता है। इस प्रकार महा०**दक्खिण्ण** = **दाक्षिण्य** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; **पुण्ण=पुण्य** (हाल ; रावण०) ; अ०माग० और जै०महा० मे **हिरण्ण** = **हिरण्य** (आयार० १, ३, ३, ३ ; २, १५, १० ; १२ ; १७ ; १८ ; उवास० ; कप्प० ; नायाध०; एर्त्से०) ; माग० **शाहिलण्ण** = **साहिरण्य** (मृच्छ० ३१, ९) ; अ०माग० में **पिन्नाग=पिण्याक** (आयार० २, १, ८, ८ ; सूय० ९२६ ; ९२८ ; ९३१ ; दस० ६२३, ७) ; **पन्न** = **पण्य** (सूय० ९२१); महा०, शौर० और माग० **अण्ण=अन्य** ; महा० **णास** = **न्यास** (हाल) ; **विण्णास=विन्यास** (गउड०) ; महा० और शौर० **मण्णे=मन्ये** (§ ४५७) ; महा० और शौर० **सें ण्ण** = **सैन्य** (गउड० ; रावण० ; अद्भुत० ५६,६ और १९)। —माग० में **अबम्हञ्ञ=अब्राह्मण्य**; **पुञ्ञ=पुण्य**; **अहिमञ्ञु=अभिमन्यु** (§ २८३ की तुलना कीजिए) ; **अञ्ञविदां=अन्यविदाम्** ; **कञ्ञका** = **कन्यका** ; **शामञ्ञ** = **सामान्य** (हेच० ; नमिसाधु)। नाटकों की हस्तलिपियों में केवल **ण्ण** आता है। —

पै० में **पुञ्ञ = पुण्य** ; **अभिमञ्ञु = अभिमन्यु** ; **कञ्ञका = कन्यका** (हेच०)। वररुचि १०, १० के अनुसार पै० में **कन्या** का **कञ्ञा** हो जाता है, १२, ७ के अनुसार शौर० में **ब्राह्मण्य** का **बम्हञ्ञ** और **कन्यका** का **कञ्ञका** रूप होता है। क्रम० ५, ७६ के अनुसार शौर० में **ब्राह्मण्ण** का **बम्हण्ण** अथवा **बम्हञ्ञ** हो जाता है, **कन्या** के रूप **कण्णा** अथवा **कञ्ञा** होता है। वररुचि और क्रमदीश्वर का पाठ-रूप अति सन्देहास्पद है। सप्रमाण उदाहरण शौर० में **बम्हण्ण** (मृच्छ० ८९, १२), **अब्बम्हण्ण = अब्राह्मण्ण** (शकु० १४२, ८ और १४ ; विक्रमो० ८४, १३ ; कर्ण० १०, ३ ; ३३, १०) ; **कण्णआ** (शकु० ३०, ३ ; ७१, ३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; १३४, ८ ; मालती० ७३, ८ ; ८०, १ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; २२३, १ ; २४३, १ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; मुद्रा० २०, ६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; रत्ना० २९९, ६ ; नागा० १०, १४ [पाठ मे **कण्णका** है] ; ११, १ और १० ; आदि आदि) ; माग० में भी **कण्णआ** रूप मिलता है (मुद्रा० १९९, ३ ; १९४, ६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । —**म्य** का **म्म** हो जाता है और दीर्घ स्वर के बाद **म** : महा० **किलम्मइ**, शौर० **किलम्मदि = क्लाम्यति** (§ १३६) ; महा० **ताम्मइ = ताम्यति** (हाल) ; शौर० **उत्तम्म = उत्ताम्य** (शकु० १९, ८) ; **उत्तम्मिअ = उत्तम्य** (शकु० ५६, ९) ; महा० और शौर० **सों म्म**, अ०माग० और जै०महा० **सोम=सौम्य** (§ ६१) ; शौर० **कामाए = काम्यया** (मृच्छ० ४९, १४)।

§ २८३—वर० ३, १७ ; क्रम० २, ७० और मार्क० पन्ना २१ के अनुसार **अभिमन्यु** का **अहिमञ्ञु** भी हो जाता है और हेच० २, २५ मे बताया गया है कि इस शब्द के रूप **अहिमञ्ञु**, **अहिमज्जु** और **अहिमण्णु** होते है। शौर० में **अहिमण्णु** रूप है (मार्क० पन्ना ६८ ; वेणी० ६४, १६), यही रूप माग० मे भी है (वेणी० ३४,१२), इसके स्थान पर § २८२ के अनुसार **अहिमञ्ञु** होना चाहिए था। महा० और शौर० **मण्णु** के साथ साथ (हाल ; रावण० ; वेणी० ९, ११ ; ११, १५ ; १२, १ ; ६१, २२) हेच० २, ४४ के अनुसार **मन्यु** के लिए **मन्तु** भी काम मे लाया जाता था। हाल के तेलगू सस्करण मे इस **मन्तु** रूप का **मण्णु**[1] के स्थान पर बार-बार प्रयोग हुआ है। पाइय० १६५ के अनुसार 'लज्जा' और 'अप्रिय' है, देशी० ६, १४१ मे **मन्तक्ख** के ये ही अर्थ दिये गये हैं (= लज्जा और दुःख। —अनु०)। **मन्तु** रूप सस्कृत[2] में भी है। रूप की दृष्टि से यह **कन्तु** से मिलता है (= प्रेम ; काम : देशी० २, १)।

१. हाल ६८३ पर हाल की टीका। २.—ब्यूलर द्वारा संपादित पाइयलच्छी में यह शब्द देखिए।

§ २८४—**य्य** का **ज्ज** हो जाता है (वर० ३, १७ ; हेच० २, २४ ; क्रम० २, ७० ; मार्क० पन्ना २१) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **सेँज्जा = शय्या** (§ १०१), माग०, पै० और चू०पै० में **य्य** ही रहता है (§ २५२)। माग० छोड़ अन्य सब प्राकृत भाषाओं में **र्य** का **ज्ज** हो जाता है (वर० ३, १७ ; चंड० ३,

१५ ; हेच० २, २४ ; क्रम० २, ८९ ; मार्क० पन्ना २१) ; महा० में अज्ज = आर्य (गउड०) ; अज्जा = आर्या (हाल), कज्ज = कार्य (गउड० ; हाल), मज्जा = मर्यादा (हाल ; रावण०) । हेच० ४, २६६ और ३७२ के अनुसार शौर० और माग० में र्य का ज्ज और य्य हो जाता है : शौर० में अय्यउत्त पय्याकुलीकदम्हि = आर्यपुत्र पर्याकुलीकृतास्मि सुय्य = सूर्य और इसके साथ-साथ पज्जाउल=पर्याकुल, कज्जपरवस = कार्यपरवश ; माग० में अय्य=आर्य । य्य लिपिभेद कभी-कभी दक्षिण भारतीय हस्तलिपियों में पाया जाता है, किन्तु अधिकांश हस्तलिपियाँ य्य या ज्ज के स्थान पर एक विंदु ० दे देती हैं ; अ० अ = आर्य ; प०अवट्ठावहि = पर्यवस्थापय ; सु० अ=सूर्य ; इस लेखनशैली से यह पता नहीं चलता कि इस विंदु (= ०) से य्य का तात्पर्य है या ज्ज का और यहाँ कौनसा उच्चारण होना चाहिये[1] ? अथवा इससे इनके बीच की किसी ध्वनिसमूह का प्रतीक है ? यह गोलाकार विंदु जैसा ए. म्युलर ने ठीक ही कहा है[2] वही अर्थ रखता है जैसा जैन हस्तलिपियों का विचित्र ध्वनिचिह्न जिसे वेबर[3] य्य पढ़ने के पक्ष में था किंतु जिसे अब याकोबी[4] और ए. म्युलर[5] के अनुसार ज्ज पढ़ा जाता है। संभवतः गोलाकार विंदु दोनों के बीच की ध्वनिविशेष है। इस कारण हेच० का नियम जैनों के उच्चारण का स्पष्टीकरण करता है। नाटकों की हस्तलिपियां उक्त दोनों प्राकृत भाषाओं में ज्ज का प्रयोग करती हैं। शौर० के लिए ज्ज, माग० के लिए य्य शुद्ध रूप है जिन्हें वर० ११,७ में बताता है : कय्य = कार्य और ललितविग्रहराज नाटक मे नीचे दिये उदाहरण पाये जाते हैं : पय्यन्दे = पर्यन्ते (५६५, ७), अवय्यन्दा = अपर्यन्तता (५६५,१२) । ज्ज के स्थान पर अंशस्वर द्वारा उत्पन्न रूप रिअ और रिय के अतिरिक्त (§ १३४) र भी आ जाता है अर्थात् § ८७ के अनुसार य का लोप हो जाता है (वर० ३,१८ ; १९ ; हेच० २,६३ ; क्रम० २,७९; मार्क० पन्ना २२) : महा० गम्भीर = गाम्भीर्य (रावण०) ; महा० ; अ०माग० ; जै०महा० ; शौर० और अप० में तूर = तूर्य (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० पेज १२८, ३२ ; एर्से० ; विक्रमो० ५६, ५ ; महा० १२१,७ ; वेणी० २३, ११ ; ६४, २ ; ७३, १६ ; बाल० १४७, १८ ; २००,१० ; पिंगल १,१५) ; महा० में सोडीर = शौतीर्य (मार्क०; रावण०), शौर० में सोडीरत्तण रूप भी मिलता है (कर्पूर० ३०, ७), सोण्डीर= शौण्डीर्य (हेच० ; मल्लिका० १४६, ६), सोण्डीरदा रूप भी आया है (मृच्छ० ५४, ४ ; ७४, १२) । यह र विशेष कर कर्मवाच्य में पाया जाता है, जैसे जीरइ = जीर्यते, महा० और जै०महा० में तीरइ, तीरए = तीर्यते, महा० और जै०महा० हीरइ = ह्रियते (§ ५३७), महा०, अ०माग० और जै०महा० में कीरइ=क्रियते (§ ५४७)[1] । सब प्राकृत भाषाओं में बार-बार आनेवाला रूप सूर, माग० शूल, हेच० २,६४ के अनुसार सूर से व्युत्पन्न हुआ है (हेच० ने लिखा है : सूरो सुज्जो इति तु सूरसूर्य प्रकृतिभेदात् । —अनु०) । वर० १०, ८ के अनुसार पै० में आवश्यक रूप से तथा हेच० ४, ३१४ के अनुसार कभी-कभी शब्द में अंशस्वर आ

जाता है : **भारिआ = भार्या**। हेच० **सुज = सूर्य** बताया है। यह **सुय्य** की अपेक्षा की जानी चाहिए थी ; उसने ***कीर्यते = कियते** के स्थान पर **किरते = कीर्यते** लिखा है (४, ३१६)। —**कज्ज** (=पेशा : देशी० २, २ ; यहां पिशल ने **कज्ज** का अर्थ पेशा किया है, किंतु हेच० ने **कज्जं...कज्जे** की टीका **कज्जं...कार्यम्** की है जिसका अर्थ पेशा करना उचित नहीं जचता क्योंकि कार्य अथवा कृत्य का पेशे से कोई विशेष संबंध नहीं है, **कार्य** का अर्थ काम है और **कृत्य** का धार्मिक काम। —अनु०) = कार्य नहीं है, अपितु =**कृत्य**।

१. पिशल ना. गे. वि. गो. १८७३, पेज २०८ ; **मोनासबेरिष्टे डेर कोए-निगलिशे आकादेमी डेर विस्सनशाफ्टन त्सु बर्लीन, १८७५ पेज ६१५ और उसके बाद। —२. बाइत्रैगे पेज १२। —३. भगवती १, ३८८ और उसके बाद। —४. कल्पसूत्र पेज १८ नोटसंख्या १। —५. बाइत्रैगे पेज १२ और उसके बाद। —६. याकोबी ने कू. त्सा. २८,२५० में अशुद्ध लिखा है।**

§ २८५—जिस प्रकार **र्य** का कभी कभी केवल साधारण **र** रह जाता है (§ २५६ और २५७), उसी भाँति कभी कभी **य** से संयुक्त **र** की ध्वनि **ल** में परिवर्तित हो जाती है, इस अवसर पर **य** शब्द में समा जाता है : जै०महा० में **पल्लाण = पर्याण** (हेच० २, ६८ ; क्रम० २, ८० ; मार्क० पन्ना २२ ; एत्सैं०), जब कि अ०माग० में **पडायाण=प्रत्यादान** (§ २५८) ; **सोअमल्ल=सौकुमार्य** (वर० ३, २१ ; हेच० २, ६८ ; क्रम० २,८० ; मार्क० पन्ना २२ ; § १२३ की तुलना कीजिए)। महा० **पल्लंक** (वर० ३, २१ ; चंड ३, २२ ; क्रम० २, ८० ; मार्क० पन्ना २, २ ; गउड० ; कर्पूर० ३६, ३), अ०माग० **पलियंक** के समान ही (§ २५७) हेच० के अनुसार मूल में संस्कृत **पल्यंक** तक पहुँचाये जा सकते हैं, यदि स्वयं **पल्यंक** संस्कृत **पर्यंक** से निकला रूप न हो। **पल्लट्ट** (हेच० २, ६८), शौर० **पल्लत्थ** (वर० ३, २१ ; हेच० २, ६८ ; क्रम० २, ८० ; मार्क० पन्ना २२ ; बाल० २४३, ११ ; वेणी० ६०, १० ; ६५, १३ ; मल्लिका० २६, १८ ; ५७, ९ ; १२५, ६ ; १३५, १६ ; १९५, ३ ; रुक्मिणी० २९, ८), महा०, अ०माग० और शौर० **पल्हत्थ** (हेच० ४, २५८ ; त्रिवि० ३, १, १३२ ; गउड० ; रावण० ; इसमें **अस्** शब्द देखिए ; कप्प० ; मृच्छ० ४१, २० ; मालती० ११८, ३ ; २६०, ५), महा० **विवल्हत्थ**, शौर० **विपल्हत्थ** (उत्तर० ६३,१३ [पाठ में **विपम्हत्थ है**] ; ९२,१० [पाठ में **विपण्हत्थ है**]) और उसके क्रिया-रूप **पल्लट्टइ** और **पल्हत्थइ** (हेच० ४, २६ और २०० ; गउड० ; रावण० ; इस ग्रंथ में **अस्**[1] शब्द देखिए), अ०माग० **पल्हत्थिय** (पाइय० २०१ ; विवाह० २८२ और २८४ ; नायाध० १३२६ ; उत्तर० २९) रूपों में जिन्हें व्याकरणकारों और टीकाकारों तथा नवीन युग के यूरोपियन विद्वानों ने **अस्** (= फेंकना) और **परि** उपसर्ग से व्युत्पन्न किया है, वास्तव में दो भिन्न-भिन्न धातुओं से बनाये गये हैं। **पल्लट्ट** और **पल्लत्थ = पर्यस्त** हैं (§ ३०८), इसके विपरीत **पल्हत्थ = *प्रल्हस्त** जो **ह्रस् = ह्रस्** से **प्र** उपसर्ग जुड़कर बना है ; इस संबंध में **निर्हस्त** और **निर्हसित** की तुलना कीजिए। महा० **पल्हत्थरण** (रावण०

११, १०८) पल्हत्थरण के स्थान पर है और पाठ में अशुद्ध रूप है, जैसा कि सीके में है = *प्रत्यास्तरण ; प्रत्यास्तार (= गलीचा) से तुलना कीजिए।

१. वेबर, भगवती १, ४०९, नोटसंख्या २ ; पी० गौल्दश्मित्त, ना० गे० वि० गो० १८७४ पेज ५२१ ; ए० म्युलर, बाइत्रैगे पेज ४५ और ६४ ; एस० गौल्दश्मित्त, रावणवहो से दूसरा अस् देखिए। पं० प० पंडित गउडवहो में अस् शब्द देखिए ; याकोबी के कल्पसूत्र में पल्हत्थ शब्द देखिए ; योहान्ससोन, कू० त्सा० ३२, ३५४ और उसके बाद ; होएर्नले, कम्पैरेटिव ग्रैमर § १३७ और १४३।

§ २८६—ल्य का ल्ल हो जाता है : महा० कल्ल = कल्य (गउड० ; हाल), महा० कुल्लाहि तुल्ला = कुल्याभिस् तुल्याः (कर्पूर० ४४, ६) ; महा०, अ०माग०, जै०शौर० और शौर० में मुल्ल, अ०माग० और जै०महा० मोॅल्ल = मूल्य (§ ८३ और १२७)। — व्य का व्व हो जाता है : ववसाय = व्यवसाय (गउड० ; रावण०) ; वाह=व्याध (गउड० ; हाल) ; कव्व = काव्य (गउड०; हाल; रावण०) ; अवश्य कर्तव्यसूचक तव्य का भी अ०माग० और जै०महा० में एक रूप होयव्व ; शौर० और माग० में होदव्व, जै०शौर० और शौर० में भविदव्व, माग० हुविदव्व=भवितव्य (§ ५७०)। अ०माग० पिव्विअ (कप्प०) पितृव्य[1] नहीं है, किन्तु = पित्रिय। अ०माग० में वूह (नायाध० § १८ ; पेज ३३१ ; ३५३ ; ८४५ ; ओव०) = व्यूह[2] नहीं है किन्तु = *अप्यूह के स्थान पर *प्यूह रूप है जो उह् धातु में अपि उपसर्ग जुड़ कर बना है (§ १४२)। कुछ कर्मवाच्य रूपों में जो प्प आता है, जिसे पी० गौल्दश्मित्त[3] और एस० गौल्दश्मित्त[4] व्व से स्पष्ट करना चाहते हैं, जिसे इन विद्वानों से भी पहले वेबर[5] ने बताया था, यह व्व की अशुद्ध प्रतिलिपि है तथा जिसे याकोबी[6] और उसके बाद योहान्ससोन[7] भ्रमपूर्ण मिलान से इसकी व्युत्पत्ति देना चाहते थे, वास्तव में नियमानुसार प्य से उत्पन्न हुआ है। महा०, जै०महा०, अ०माग० और अप० घेॅप्पइ = *घृप्यते जो *गृभ्यते = गृह्यते के स्थान पर आया है (§ २१२ और ५४८)। जै०महा० आढप्पइ (हेच० ४, २५४; आव०एर्त्से० १२, २१) और इसके साथ-साथ आढवीअइ (हेच० ४, २५४) और महा० विढप्पइ (हेच० ४, २५१ ; रावण०) और इसके साथ-साथ विढ-विज्जइ (हेच० ४, २५१) आढवइ के नियमानुसार कर्मवाच्य रूप हैं (हेच० ४, १५५ ; क्रम० ४, ४६) और विढवइ (हेच० ४, १०८ ध्या धातु का प्रेरणार्थक रूप है (§ ५५३), इनमें § २२३ के अनुसार मूर्धन्यीकरण हो गया है। महा०, अ०माग० और जै०महा० आढत्त, महा० समाढत्त, महा०, जै०महा० और शौर० विढत्त तथा अप० विढत्तउँ (§ ५६५ प्रेरणार्थक रूप बताये जा सकते हैं मानो आढत्त = *आधप्त हों, ठीक जैसे आणत्त = आज्ञप्त हैं ; इससे भी अच्छा यह है कि इन्हें वर्तमान रूप से व्युत्पन्न किया जाय (§ ५६५)[8]। —सिप्पइ = स्निह्यते और सिच्यते (हेच० ४, २५५), महा० रूप सिप्पन्त (हाल १८५ में यह शब्द देखिए) का सम्बन्ध सिप्पइ (हेच० ४, ९६) से है, जिससे मराठी रूप शिंपणें

और गुजराती **शिपूं** निकले हैं' और सूचना देता है कि कभी एक धातु ***सिप्** वर्तमान था जो ***सिक्** से निकले **सिच्** धातु का समानार्थी था। अर्थात् यहाँ कण्ठ्य और ओष्ठ्य वर्णों का परस्पर में परिवर्तन हुआ है (§ २१५)। महा०, अ०माग० और शौर० **सिप्पी** (= सीप : हेच० २, १३८ ; मार्क० पन्ना ४०; हाल ; रावण० ; कर्पूर० २, ४ ; विद्ध० ६३, ८ ; उवास० ; बाल० १९५, ५ ; २६४, ३ ; विद्ध० १०८, २) = पाली **सिप्पी**, मराठी में इसके रूप **शीप** और **शिंप** हैं, गुजराती में **सीप** है, हिन्दी मे **सीपी** और **सीप** है और सिन्धी में **सिप**[10] चलता है। **वाहिप्पइ** (हेच० ४, २५३) और जै०महा०**वाहिप्पन्तु** (आव० एर्त्से० ३८, ६), जिसे विद्वान् हेच० के अनुसार **हृ** धातु निकला तथा = **व्याह्रियते** मानते हैं, उसकी अधिक सम्भावना **व्याक्षिप्यते** की है जिसका अर्थ संस्कृत से कुछ भिन्न और विशेष है जैसा कि स्वय संस्कृत मे संयोगवश **संक्षिप्** का अर्थ है। इस नियम का प्रमाण महा० **णिहिप्यन्त** (रावण० ८, ९७) से मिलता है जो=**निक्षिप्यमाण** और जिसे भूल से एस० गौल्दश्मित्त **धा** धातु का एक रूप बताता है। इसी से सम्बन्धित महा० **णिहित्त**, अ०माग० और जै०महा० **निहित्त** (भाम० ३, ५८ ; हेच० २, ९९ ; क्रम० २. ११२ ; मार्क० पन्ना २७ ; गउड० ; रावण० ; कर्पूर० २, ५ ; विवाह० ११६ ; एर्त्से०), अप० **णिहित्तउ** (हेच० ४, ३९५, २) और महा०, अ०माग० और जै०महा० **वाहित्त** (हेच १, १२८ ; २, ९९ ; पाइय० २४७ ; हाल ; उत्तर० २९ ; आव०एर्त्से० ३८, ६) शब्दों में ये शब्द दिये जा सकते हैं[11] और ये = **निक्षिप्त** और **व्याक्षिप्त**। § १९४ के अनुसार यह भी संभावना है कि उक्त रूपों का स्पष्टीकरण **निहित** और **व्याहृत** से हो। — अब तक **प्प** वाले कई रूप भूल से कर्मवाच्य समझे जाते रहे हैं क्योंकि न तो इनके रूप के अनुसार और न ही इनके अर्थ के अनुसार ये कर्मवाच्य हैं। **खुप्पइ** (= गोता मारना ; डूब जाना [वास्तव में **खुप्प** का अर्थ शरीर में किसी हथियार का घुसना है, इस अर्थ मे ही इसका तात्पर्य डूबना है, कुमाउनी मे **खोपणो** इसी प्रयोजन मे आता है, हिन्दी में इसका रूप **खुभना** है जिसके अर्थ कोश मे चुभना, घुसना और धँसना हैं। —अनु०] ; वर० ८, ६८ है ; हेच० ४, १०१ ; क्रम० ४, ५१)। महा० रूप **खुप्पन्त** (रावण०), महा० और अ०माग० **खुत्त** (रावण० ; पण्हा० २०१) जिसे एस० गौल्दश्मित्त ने[12] ***खुप्यइ** द्वारा स्पष्ट और व्युत्पन्न किया है और **खु** = **खन्** से सम्बन्धित किया है, वास्तव में = ***क्षुप्यति** जो **क्षुप् अवमर्दने**, **सादे** से निकला है (वेस्टरगार्ज, राडिचेस पेज ३३३)। — **जुप्पइ** (=योग करना ; बाँधना : हेच० ४, १०९) = **युप्यति** जो **युप् एकीकरणे, समीकरणे** से बना है (बोएटलिंक-रोट के कोश मे यह शब्द देखिए), इसके साथ अ०माग० **जुवल, जुवलय** और **जुवलिय** की तुलना कीजिए। महा० **पहुप्पइ** (हेच० ३, १४२ ; ४, ६३ ; मार्क० पन्ना ५३ ; गउड० ; हाल ; रावण०) जो वेबर[13] के अनुसार **प्र** के साथ **भू** का एक रूप है। **प्रभुत्व** = ***प्रभुत्वति** से बनी क्रिया है, इसका अर्थ है 'राज करना', 'किसी काम के योग्य होना'। इसका प्रमाण अप० **पहुच्चइ** से मिलता है (हेच० ४, ३९० ; ४१९) जो बताता है कि इसका रूप संस्कृत में

प्रभुत्पत्ति और इसमें § २९९ में बताया गया ध्वनिपरिवर्तन भी हो गया। इसी प्रकार का रूप महा० **ओहुप्पन्त** है (रावण० ३, १८) = ***अपभुत्पन्त**–। टीकाकार इसके अर्थ का स्पष्टीकरण **आक्रम्यमाण** और **अभिभूयमान** लिख कर करते हैं। इसका सम्बन्ध **ओहावइ** = ***अपभावति** = **अपभावयति** जिसका तात्पर्य **आक्रामति** है (हेच० ४, १६०), इसी रूप से **ओहाइअ**, **ओहामइ**, **ओहामिय** (§ २६१) और **ओहुअ** = ***अपभूत** निकले हैं। —महा० **अप्पाहइ** (= सन्देशा देता है : हेच० ४, १८०), **अप्पाहेइ**, **अप्पाहेन्त**, **अप्पाहेउँ**, **अप्पाहिअइ** और **अप्पाहिअ** (हाल ; रावण०) रूप जिन्हें एस० गौल्दश्मित्त[14] कृत्रिम ढंग से भाषाशास्त्र की दृष्टि से एक असम्भव रूप ***अब्याहृत** से व्युत्पन्न करता है और वेबर[15] संदिग्ध मन से = **हृ** अभ्या से निकला बताता है नियमानुसार = ***आप्राथयति** जो **प्रथ प्रख्याने** से बना है (धातुपाठ ३२, १९) ; **विप्रथयति** और **संप्रथित** की तुलना कीजिए।

१. याकोबी, कल्पसूत्र में यह शब्द देखिए ; ए० म्युलर, बाइत्रैगे पेज १७ और ३५। — २. लौयमान, औपपातिक सूत्र में टीकाकारों के अर्थ सहित यह शब्द देखिए। — ३. ना० गे० वि० गो० १८७४ पेज ५१२ और उसके बाद। — ४. त्सा० डे० डॉ० मौ० गे० १९, ४९१ और उसके बाद, प्राकृतिका पेज ३ और १३ नोटसंख्या १ और १७ तथा उसके बाद। — ५. त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २८, ३५० ; हाल पेज ६४ ; इंडिशे स्टुडिएन १४, ९२ और उसके बाद। — ६. कू० त्सा० २८, २४९ और उसके बाद। — ७. कू० त्सा० ३२, ४४६ और उसके बाद, यहाँ इस विषय पर विस्तार के साथ साहित्य-सूची भी दी गयी है। — ८. इस रूप को रभ् से व्युत्पन्न करना भाषाशास्त्र की दृष्टि से असंभव है। —९. हेच० ४, ९६ पर पिशल की टीका। — १०. हेच० २,१३८ पर पिशल की टीका। — ११. पी० गौल्दश्मित्त, ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ५१३ के नोट की तुलना कीजिए ; याकोबी, औसगेवैल्ते एर्सैलुंगन में निहित्त शब्द देखिए। — १२. प्राकृतिका पेज १७ और उसके बाद; इसके विपरीत योहान्ससोन, कू० त्सा० ३२, ४४८, नोटसंख्या १। — १३. हाल, ७ की टीका। — १४. रावणवहो में यह शब्द देखिए। — १५. हाल में यह शब्द देखिए।

§ २८७—(दो) र, एक ध्वनि है [जिसका भले ही वह वर्ण के ऊपर या नीचे हो २१९ लोप हो जाता है। —अनु०] (वर० ३, ३; चंड० ३, ९; हेच० २, ७९ ; क्रम० २, ५० ; मार्क० पन्ना १९) ; **र्क** = **क्क** : महा० में **अक्क** = **अर्क** (गउड०) ; अ०माग० में **कक्केयण** = **कर्केतन** (ओव० ; कप्प०) ; शौर० मे **तक्केमि** = **तर्कयामि** (§ ४९०)। महा० में **कक्कोड**, **कक्कोळ** और इनके साथ-साथ ही महा० और अ०माग० रूप **कक्कोड** = **कर्कोट** ; § ७४ देखिए। —**र्क** = **क्क** ; अप० में **किज्जइ** = **क्रियते** (§ ५४७) ; महा० **चक्क** = **चक्र** (गउड०) ; **विक्कम** = **विक्रम** (गउड०)। महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **वंक** = **वक्र** ; § ७४ देखिए। —**र्ख** = **क्ख** ; शौर० और माग० में **मुक्ख** = **मूर्ख** (§ १३९)। —

र्ग = ग्ग : शौर० में णिग्गममग्ग = निर्गममार्ग (ललित० ५६७, २४) ; महा० दुग्गम=दुर्गम (गउड० ; रावण०) ; वग्ग = वर्ग (गउड० ; हाल ; रावण०) । —ग्र = ग्ग : पल्लवदानपत्र में गामागामभोजके = ग्रामग्रामभोजकान् (५, ४); गामे = ग्रामे (६, २८) ; गहणं = ग्रहणम् (६, ३१ ; ३३ और ३४) ; निगह = निग्रह (७, ४१) ; महा० में गह = ग्रह (गउड० ; हाल ; रावण०) ; अ०माग० और जै०महा० मे नग्गोह और णग्गोह = न्यग्रोध (चंड० ३,९, आयार० २, १, ८, ५ और ७ ; जीवा० ४६ ; पण्णव० ३१ ; विवाह० ४१ [पाठ में निग्गोह है] ; १५३० ; कप्प० § २१२ [पाठ में निग्गोह है; इस ग्रन्थ मे यह शब्द देखिए]; आव० एर्त्से० ४८, २५ ; एर्त्से०); अ०माग० और जै०शौर० मे निग्गन्थ = निर्ग्रन्थ (उदाहरणार्थ, आयार० २, १५, २९ ; पेज १३२, ४ ; ६ ; १५ और उसके बाद ; उवास०, ओव० ; कप्प० ; कत्तिगे० ४०४,३८६) । —र्घ = ग्घ : महा० णिग्घिण = निघृण (हाल) ; णिग्घोस = निर्घोष (रावण०) ; शौर० और माग० में दिग्घिआ = दीर्घिका (§ ८७) । —घ्र = ग्घ ; आइग्घइ = आजिघ्रति, जिग्घिअ = *जिघ्रित ; महा० और अ०माग० अग्घइ = आघ्राति, अग्घाइअ = *आघ्रायित (§ ४०८ ; § ४०८ में सज्ञा का विषय है, वहाँ अग्घाइ पर कुछ नहीं है । —अनु०) । —र्च = च्च : महा० मे अच्चा = अर्चा (गउड०) ; जै०महा०, शौर० और दाक्षि० में कुच्च = कूर्च (एर्त्से०) ; शकु० १३४, ४ ; कर्पूर० २२, ८ ; दाक्षि० : मृच्छ० १०४, ७) ; शौर० चच्चरी = चर्चरी (रत्ना० २९३, १७ और १८) । —र्छ = च्छ : महा० मुच्छा = मूर्छा (रावण०) । —छ्र = च्छ : शौर० समुच्छिद = समुच्छ्रित (मृच्छ० ६८, १५) । —र्ज = ज्ज : महा० अज्जुण = अर्जुन (गउड०) ; गज्जिअ=गर्जित (गउड० ; हाल ; रावण०) ; जज्जर = जर्जर (गउड० ; हाल) । भुअ (= भूर्ज : देशी० ६, १०६) = भूर्ज नहीं है, परन्तु = भुज* (वैजयन्ती ४८, ८९), महा० भुअवत्त भी (गउड० ६४१) = *भुजपत्र । माग० में र्ज का य्य रूप हो जाता है (वर० ११,७ ; हेच० ४, २९२) : अय्युण = अर्जुन ; कय्य=कार्य ; गय्यदि = गर्जते ; गुणवय्यिद = गुणवर्जित ; दुय्यण = दुर्जन । नाटकों की हस्तलिपियों में केवल ज्ज पाया जाता है जैसे कज्ज (मृच्छ० १२६, ६ ; १३९,२३) ; दुज्जण (मृच्छ० ११५, २३) । —ज्र = ज्ज : महा० मे वज्ज = वज्र (गउड० ; हाल ; रावण०) । —र्झ=ज्झ : महा० में णिज्झर = निर्झर (गउड०; हाल) । —र्ण = ण्ण : महा० मे कण्ण = कर्ण (गउड०; हाल ; रावण०), चुण्ण = चूर्ण (गउड०; हाल ; रावण०) ; वण्ण = वर्ण (गउड०; हाल) । कर्णिकार का कण्णिआर के साथ-साथ कणिआर रूप भी बन सकता है (भाम० ३,५८ ; हेच०; क्रम० २, ११४; मार्क० पन्ना २७) । इस प्रकार अ०माग० में कणियार रूप होता है (आयार० पेज १२८, २८), अप० में कणिआर है (हेच० ४, ३९६, ५) । इन रूपों से प्रमाणित होता है कि ध्वनिबल अन्तिम वर्ण पर है = *कर्णिकार । कणेर के विषय में § २५८ देखिए । अप० रूप चूर (हेच०

* कुमाउनी मे भुजपत्र वर्तमान है ; हिन्दी में इसका भोजपत्र हो गया है । —अनु०

४, ३७७) = **चूर्ण** नहीं है, इसका अप० में **चुण्ण** भी होता है (हेच० ४, ३९५, २) परन्तु = ***चूर्य** । —**र्प** = **प्प** : माग० **कुप्पर**, अ०माग० **कोॅप्पर** और महा० **कुप्पास** = **कूर्पास** (गउड०; हाल) ; **दप्प** = **दर्प** (गउड० ; हाल ; रावण०) । —**प्र** = **प्प** : पल्लवदानपत्र मे, **अम्हपेसणप्पयुत्ते** = **अस्मत्प्रेषणप्रयुक्तान्** (५,६), **अप्पतिहत** = **अप्रतिहत** (६, १०), **सतसहस्सप्पदायिनो** = **शतसहस्रप्रदायिनः** (६, ११), **पतिभागो** = **प्रतिभागः** (६, १२ आदि) आदि-आदि ; महा० में **पिअ** = **प्रिय** (गउड० ; हाल ; रावण०), **अप्पिअ*** = **अप्रिय** (हाल) । **र्ब** = **ब्ब** : अ०माग० में **कब्बड** = **कर्बट** (आयार० १, ७, ६, ४ ; २, १, २, ६; सूय० ६८४ ; ठाणंग० ३४७ ; पण्हा० १७५ ; २४६ ; ४०६ ; ४८६ ; नायाध० १२७८ ; उत्तर० ८९१; विवाह० ४० ; २९५ ; ओव० ; कप्प०) ; शौर० में **णिब्बन्ध** = **निर्बन्ध** (मृच्छ० ५, ४ ; शकु० ५१,१४) ; महा० में **दोॅब्बल्ल** = **दौर्बल्य** (गउड० ; हाल ; रावण०) । —**ब्र** = **ब्ब** : पल्लवदानपत्र में **बम्हणाणं** = **ब्राह्मणानाम्** (६, ८; २७; ३०; २८), अ०माग० और जै०महा० में **बम्भण** है (§ २५०), शौर० और माग० में **बम्हण** है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० ४, १६ ; १८ ; २१ ; २४ ; ५, ५ ; ६, २ ; माग० में : मृच्छ० ४५, १७ ; १२१, १० ; १२७, ४ ; शकु० ११३, ७) ; शौर० में **अब्बम्हण्ण** = **अब्राह्मण्य** (§ २८२) । —**र्भ** = **ब्भ** : महा० में **गब्भ** = **गर्भ** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; **णिब्भर** = **निर्भर** (गउड०; हाल ; रावण०) ; शौर० **दुब्भेॅज्ज** = **दुर्भेद्य** (मृच्छ० ६८, ९) । —**भ्र** = **ब्भ** : पल्लवदानपत्र में, **भातुकाण** = **भ्रातृकाणाम्** (६,१८) ; महा० में **परिब्भमइ** = **परिभ्रमति** (गउड० ; हाल) ; **भमर**=**भ्रमर** (गउड० ; हाल ; रावण०) । —**र्म** = **म्म** : अ०माग० में **उम्मि** = **उर्मि** (ओव० ; कप्प०) ; पल्लवदानपत्र और महा० में **धम्म** = **धर्म** [**धम्म** रूप पाली से चला आ रहा है । —अनु०] (५,१ ; गउड० ; हाल ; रावण०), पल्लवदानपत्र में **धमायुबल** = **धर्मायुर्बल**-(६, ९), **सिवखंदवमो** = **शिवस्कन्दवर्मा** (५, २) ; शौर० में **दुम्मणुस्स** = **दुर्मनुष्य** (मृच्छ० १८, ८ ; ४०, १४) है । —**म्र** = **म्म** : महा० मे **धुम्मक्ख** = **धूम्राक्ष** (रावण०) ; अ०माग० **मक्खेइ** = **म्रक्षयति** (आयार० २,२,३,८) ; **मक्खेज्ज** = **म्रक्षयेत्** (आयार० २, १३, ४) है। —**र्ल** = **ल्ल** : महा० मे **णिल्लज्ज** = **निर्लज्ज** (हाल ; रावण०) ; **दुल्लह** = **दुर्लभ** (हाल) । —**र्व** = **व्व** : पल्लवदानपत्र में, **सव्वत्थ** = **सर्वत्र** (५, ३) ; **पुव्वदत्तं** = **पूर्वदत्तम्** (६, १२ और २८) ; महा० में **पुव्व** = **पूर्व** और **सव्व** = **सर्व** (गउड० ; हाल ; रावण०) है । —**व्र** = **व्व** : शौर० में **परिव्वाजअ** = **परिव्राजक** (मृच्छ० ४१, ५ ; ७ ; १० ; १७) ; महा० में **वअ**=**व्रज** (हाल) ; अ०माग० में **वीहि**=**व्रीही** (आयार० २, १०, १०; सूय० ६८२ ; ठाणंग० १३४ ; विवाह० ४२१ और ११८५ ; जीवा० ३५६) है। **र्य** के विषय में § २८४ और २८५ देखिए ।

---

* **अप्पिअ** = **अर्पित** भी होता था, इसका रूप गुजराती में **आपवा** = देना प्रचलित है । इस रूप की तुलना फारसी आर्य रूप **दुआँदन** से कीजिए । —अनु०

§ २८८—दत्य वर्णो के साथ संयुक्त होने पर र उनसे एकाकार हो जाता है। र्त = त्त : पल्लावदानपत्र में, **निवतणं=निवर्तनम्** (६, ३८); महा० में **आवत्त = आवर्त** (गउड० ; रावण०), **कित्ति = कीर्ति** (गउड० ; रावण० ; § ८३ की तुलना कीजिए) ; ढक्की में **धुत्त = धूर्त** (मृच्छ० ३०, १२ ; ३२, ७ ; ३४, २५ ; ३५, १ ; ३६, २३) ; महा० मे **मुहुत्त=मुहूर्त** (हाल ; रावण०) है। —त्र = त्त : पल्लवदानपत्र मे, **गो॑त्तस = गोत्रस्य** (६, ९ आदि) ; महा० मे **कलत्त = =कलत्र** (हाल ; रावण०), **चित्त = चित्र, पत्त = पत्र** और **सत्तु = शत्रु** (गउड०; हाल) है। —र्थ=त्थ : महा० मे **अत्थ = अर्थ** (गउड०; हाल ; रावण०); **पत्थिव= पार्थिव** (गउड० ; रावण०) ; **सत्थ=सार्थ** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; **समत्थ = समर्थ** (हाल ; रावण०) है। —र्द = द्द : **बलिवद्द = बलीवर्द** (पल्लवदानपत्र ६, ३३) ; महा० में **कद्दम = कर्दम** (गउड०; हाल ; रावण०) ; **दद्दुर= दर्दुर** (गउड०) ; **दुद्दिण = दुर्दिन** (गउड० ; रावण०) है। —द्र = द्द : पल्लवदानपत्र में, **आचंद = आचन्द्र** (६, २९) ; महा० में **इन्द=इन्द्र** ; **णिद्दा=निद्रा** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; **भद्द = भद्र** (गउड० ; हाल) ; **समुद्द=समुद्र** (गउड०; हाल ; रावण०) है। —र्ध=द्ध : पल्लवदानपत्र मे, **वद्धनिके=वर्धनिकाम्** (६, ९) ; महा० **अद्ध=अर्ध** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; **णिद्धूम=निर्धूम** (हाल ; रावण०) ; अ०माग० मे **मुद्धः=मूर्धन्** (§ ४०२) है। —ध्र = द्ध : अ०माग० मे **सद्धिं = सध्रीम्** (§ १०३) है।

§ २८९—जिस वर्णसमूह मे र रेफ रूप मे व्यंजन से पहले आता हो उसमें दंत्य वर्णों के स्थान पर बहुधा मूर्धन्य वर्ण आ जाते है। यह ध्वनिपरिवर्तन विशेषतः अ०माग० में होता है। व्याकरणकारो के अनुसार (वर० ३, २२ ; हेच० २, ३० ; क्रम० २, ३४ ; मार्क० पन्ना २२) र्त मे मूर्धन्यीकरण का नियम निश्चित है। वे शब्द जिनमे दंत्य बने रहते है उन्हे वररुचि ३,२४; हेमचन्द्र; क्रमदीश्वर और मार्कंडेय आकृतिगण **धूर्तादि** में एकत्र करते है। नाना प्राकृत बोलियो में इस विषय पर बहुत अस्थिरता है। कभी-कभी एक ही शब्द के नाना रूप दिखाई देते है : अ०माग० और जै०महा० मे **अट्ट=आर्त** (आयार० १,१, २, १ ; १,२,५, ५ ; १, ४, २, २; १, ६, १, ४ ; सूय० ४०१ ; नायाध० ; निरया० ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से०) ; अ०माग० में **अट्टतरं** आया है (सूय० २८२) ; अ०माग० **अट्टिय= *आर्तित** (ओव०) ; इससे सम्बन्धित **कवट्टिय** भी है (§ २४६) ; किन्तु शौर० में **अत्ति=आर्ति** (शकु० ५७, ४) है। —अ०माग० **किट्टइ=कीर्तयति** (आयार० १, ५, ४, ३ ; १, ६, १,१); **किट्टे** (सूय० ६६१), **किट्टमाण** (सूय० ६६३), **किट्टित्ता** (आयार० पेज १३७, २७ ; कप्प०) और **किट्टिय** रूप मिलते हैं (आयार० पेज १३२, ३३ ; १३७, २३ ; सूय० ५७८ और ६६१), किन्तु अन्य सभी प्राकृत बोलियों मे **कित्ति=कीर्ति** (§ ८३ और २८८) है। —**केवट्ट=कैवर्त** (हेच०; मार्क०) और **केवट्टअ** भी मिलता है (भाम०) । —महा०, अ०माग० और जै०महा० में **चक्कवट्टि=चक्रवर्तिन्** (कर्पूर० ७, ३ ; ७९, ४ ; ११५, १० ; ठाणंग० ८० और

१८७ ; सम० ४२ ; विवाह० ७ और १०४९; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से०), किन्तु शौर० में **चक्कवत्ति** रूप है (चंड० ८७, १५ ; ९४, १० ; हास्या० २१, ७), जैसा कर्पूरमंजरी १०४, २ और ४ में इसी रूप के अनुसार पढ़ना चाहिए। — अ०माग० **नट्टग=नर्तक** (ओव० ; कप्प०) ; **णट्टअ** (भाम० ३,२२ ; मार्क० पन्ना २२) ; **णट्टई=नर्तकी** (भाम० ३, २२ ; हेच० २, ३०) है। — शौर० और ढक्की में **भट्टा=भर्ता** जिसका अर्थ 'पति' या 'स्वामी' होता है, किन्तु सब प्राकृत भाषाओं में 'दूल्हा', 'वर' के अर्थ में **भट्टा** आता है (§ २९०) ; अ०माग० में **भट्टिदारय** और शौर० में **भट्टिदारअ** तथा **भट्टिदारिआ** रूप पाये जाते हैं (§ ५५)। — **वृत्** धातु से महा० में **वट्टसि** (हाल), **वट्टइ** (रावण०); अ०माग० और जै०महा० मे **वट्टइ** (विवाह० २६८ और १४०८ ; एर्त्से० ६, ३); अ०माग० रूप **वट्टन्ति** है (आयार० २, २, २११ और १२, कप्प० एस० § ३५), महा०, अ०माग० और जै०महा० **वट्टन्त**—(रावण० ; उत्तर० ७१२ ; एर्त्से० २२, ९), अ०माग० और जै०महा० **वट्टमाण** (आयार० २, २, २, १ ; विवाह० २६८; उवास० ; ओव ; नायाध० ; कप्प० ; एर्त्से०), जै०शौर० और शौर० में **वट्टदि** रूप मिलता है (पव० ३८२, २७ ; ललित० ५६०, १५ ; मृच्छ० २, २० ; ३, १ और २० ; १६९, २१ ; शकु० ३७, ७ ; ५९, १२ ; विक्रमो० २१, १० ; ५२, १ ; चंड० ८६, ४ ; हास्या० २१, ८ ; २५, ३ ; २८, २० आदि-आदि), जै०शौर० मे **वट्टदु** (पव० ३८७, २१) और माग० मे **वट्टामि** रूप हैं (मृच्छ० ३२, २२)। उपसर्गों के साथ भी यही नियम लागू होता है ; उदाहरणार्थ, महा० में **आअट्टन्त** और **आवट्टमाण** (रावण०) ; अ०माग० में **अणुपरिवट्टमाण** (सूय० ३२८), **अणुपरियट्टइ** (आयार० १, २, ३, ६ ; १, २, ६, ५), **नियट्टइ** (उत्तर० ११६), **नियट्टन्ति** (आयार० १, २, २, १ ; १, ६, ४, १), **नियट्टमाण** (आयार० १, ६, ४, १), **निवट्टएज्जा** (सूय० ४१५), **उव्वट्टेॅज्ज** (आयार० २, २, १, ८), **उव्वट्टेॅन्ति** (आयार० २, २, ३, ९), जै०महा० **उव्वट्टिय** (एर्त्से०), शौर० मे **पअट्टदि=प्रवर्तते** (मृच्छ० ७१, ७), अप० **पअट्टइ** (हेच० ४, ३४७) और इससे निकले नाना रूप जैसे **परियट्टणा** (आयार० १, २, १, १ ; २, १, ४, २ ; ओव०) और **परियट्टय** (कप्प०) किन्तु महा० और शौर० में **परिअत्तण** और **परिवत्तण** रूप मिलते हैं (गउड० ; रावण० ; मृच्छ० २, २० ; विक्रमो० ३१, ६), अ०माग० में **परियत्त=परिवर्त** (ओव०) ; अ०माग० में **संवट्टग** रूप भी है (उत्तर० १४५६) जैसा कि व्याकरणकारों के उदाहरणों से पता लगता है उपसर्गों से संयुक्त होने पर दंत्य वर्णों की प्रधानता रहती है। इस प्रकार उदाहरणार्थ, महा० में **उव्वत्तइ** (गउड०), **णिअत्तइ** (गउड०; हाल ; रावण०), **परिअत्तइ** (गउड०), **परिवत्तसु** (हाल), **परिअत्तन्त**- और **परिवत्तिउं** (रावण०) ; अ०माग० में **पवत्तइ** (पण्णव० ६२) ; शौर० में **णिअत्तीअदि** (विक्रमो० ४६, १९), **णिअत्तीअदु** (मृच्छ० ७४,२५ ; ७८, १० [पाठ में **णिवत्तीअदु** है]), **णिवत्तिस्सदि** (विक्रमो० १७,२), **णिअत्तइस्सदि**

(शकु० ९१, ६), **णिअत्तावेहि** और णिअत्तदु (शकु० ९१, ५ और ६), **णिअत्तसु** (शकु० ८७, १ और २ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **णिवत्त-माण** (विक्रमो० ५,११), **णिव्वत्तेहि** और **णिव्वत्तेदु** (मृच्छ० २७,१२ और १५), **णिव्वत्तम्ह** (शकु० ७४, ३) आदि-आदि रूप पाये जाते हैं। इनसे निकले रूपों के लिए भी यही नियम लागू होता है। —अ०माग० **वट्टय** = **वर्तक** (= बतक : आयार० २, १०, १२ ; सूय० १०० ; उवास०), **वट्टग** रूप भी है (सूय० ६८१ ; ७०८ ; ७२२ ; ७४७), **वट्टिया** (मार्क०) के विपरीत किंतु **वत्तिआ** = **वर्तिका** भी रूप है (भाम० ; हेच०)। —अ०माग० में **वट्टि** = **वर्ति** (हेच० २, ३०), यह रूप **गन्धवट्टि** में भी आया है (ओव० ; कप्प० ; नायाध०), इसके विपरीत महा० में **वत्ति** रूप है (हाल)। —**करके** अर्थवाले रूपों में सर्वत्र मूर्धन्य वर्ण आते हैं : **कट्टु** = **कर्तु-**, **आहट्टु** = **आहर्तु-**, **समाहट्टु** = **साहट्टु** आदि-आदि (§ ५७७) हैं। —**काउं** और **कादुं** = **कर्तुम्** आदि-आदि के विषय में § ६२ देखिए। —अ०माग० **गड्ड** = **गर्त** में **र्त** का **ड्ड** हो गया है (वर० ३, २५ ; हेच० २, ३५ ; मार्क० पन्ना २३ ; विवाह० २४६ और ४७९) ; **गड्डा** = **गर्त्ता** (हेच० २, ३५) है।

§ २९०—अ०माग० और जै०महा० में **र्थ** का **ट्ठ** हो जाता है : 'कारण', 'मूल-कारण', 'पदार्थ' और 'इतिहास' के अर्थ में **अट्ठ** = **अर्थ**, किंतु 'संपत्ति' और 'धन' के अर्थ में इसका रूप **अत्थ** मिलता है (हेच० २, ३३)। इस प्रकार विशेषतः अ०माग० पाठशैली में **जो इण'** **अट्ठे समट्ठे** (§ १७३) और क्रियाविशेषण रूप में काम में आये हुए शब्द में जैसे, **से तेण' अट्ठेणं** (विवाह० ३४ और उसके बाद ; ४५ और उसके बाद ; उवास० § २१८ और २१९), **से केण अट्ठेणं** (उवास० § २१८ और २१९) ; अ०माग० और जै०महा० में **अट्ठाए** (उत्तर० ३६३; उवास०; ओव० ; नायाध० ; निरया० ; एर्त्से०) है ; **अट्ठयाए** भी मिलता है (नायाध० ; ओव० ; एर्त्से०) ; जै०महा० में **अट्ठा** रूप है (एर्त्से०)। तो भी 'पदार्थ' और 'इतिहास' के अर्थ में दंत्य वर्णवाला रूप मिलता है (ओव०) और साथ ही क्रिया-विशेषणके तौर पर काम में आये हुए रूप में भी दंत्य वर्ण ही रहता है, जैसे **इच्चत्थं** (आयार० १,२,१,१), तथा जै०महा० में यह अधिक बार आता है (एर्त्से०)। इनको छोड अन्य प्राकृत भाषाओं में इस शब्द[1] के सभी अर्थों में दंत्य वर्णों का जोर है। अ०माग० में **अणट्ठ** रूप भी है जिसका अर्थ है 'बेमतलब', 'निरर्थक' (उवास०; ओव०), एक दूसरा रूप **निरट्ठग** है (उत्तर० ११३), **समट्ठ** भी है (§ ११३)। महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **चउत्थ=चतुर्थ**, किंतु हेमचंद्र २, ३३ में बताता है कि इसका **चउट्ठ** भी होता है और शौर० में **चदुत्थ** रूप है जिसके साथ-साथ **चदुट्ठ** रूप भी काम में आता है (§ ४४९)। अ०माग० **अद्धुट्ठ** = **अर्ध + *तुर्थ** (§ ४५०)। **कवट्टिअ** जिसका तथाकथित अर्थ = **कदर्थित है**, इसके विषय में § २४६ और २८९ देखिए। — माग० में **र्थ** का **स्त** हो जाता है (हेच० ४,२९१ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) : **पशे अस्ते** = **एषो' र्थः** (नमिसाधु) ; **अस्तवदी** = **अर्थवती**, **शस्तवाहे** = **सार्थवाहः** (हेच० ४,२९१);

तित्थ = तीर्थ (हेच० ४, ३०१) है। इसके अनुसार ललितविग्रहराजनाटक ५६६, ९ में यहस्तं रूप आया है (इसे यथस्तं पढ़िए) = यथार्थम्, किंतु ५६६, ७ में शस्तस्श रूप है = सार्थस्य और ५६६, ८ में पस्तिदुं है = प्रार्थयितुम् जिसमें स्त है। मृच्छकटिक १३१, ९ ; १३३, १ ; १४०, १३ ; १४६, १६ ; १५२, ६ ; १६८, २ में सब हस्तलिपियों में अस्थ रूप है, यही रूप चंडकौशिक ६०, ११ और प्रबोधचंद्रोदय २८, १४ में भी है; बल्कि मद्रास के संस्करण में पलमस्थो पाठ है। मृच्छकटिक १४५,१७ में गौडबोले के संस्करण में अच्छ है, और एक उत्तम हस्तलिपि ई (E) में इसके स्थान पर अस्त है। मृच्छकटिक १३८, १७ में हस्तलिपियों में कय्यस्ती के स्थान पर कज्जत्थी पाठ मिलता है ; शकुंतला ११४,११ मे विक्कअत्थं= विक्रयार्थम् आया है और ११५, ७ में शामिप्पशादत्थं = स्वामिप्रसादार्थम् है ; प्रबोधचिंतामणि २८, १५ में तित्थिएहिं = तीर्थिकैः है और २९, ७ में तित्थिआ= तीर्थिकाः है। मृच्छकटिक १२२, १४ ; १२८, ३ और १५८, १९ में स्टेन्सलर ने सत्थवाह = सार्थवाह दिया है, १३३, १ मे शत्थवाह आया है। हस्तलिपियां बहुत अस्थिर हैं, नाना रूप बदलती रहती हैं और १२८,३ में गौडबोले की हस्तलिपि ई (E) ने शुद्ध रूप शस्तवाह दिया है, जिसकी ओर हस्तलिपि बी (B) का शस्यस्तवाह और हस्तलिपि एच. (H) का शस्छवाह भी संकेत करते हैं[१]। हस्तलिपियाँ सर्वत्र ही व्याकरणकारों के नियमों के अनुसार सुधारी जानी चाहिए।

१. हेमचंद्र २, ३३ की पिशलकृत टीका। लौयमान, औपपातिक सूत्र में अत्थ शब्द देखिए, इसमें इस शब्द की व्याख्या पूर्ण रूप से शुद्ध नहीं है। — २. गो० गे० आ० १८८१, पेज १३१९ और उसके बाद में पिशल का मत।

§ २९१—कवड्ड = कपर्द में र्द का ड्ड हो गया है (हेच० २, ३६ ; मार्क० पन्ना २३)। — गड्डह = गर्दभ (वर० ३, २६ ; हेच० २, ३७ ; क्रम० २, २३ ; मार्क० पन्ना २३), इसके साथ-साथ गद्दह रूप भी चलता है (हेच० २, ३७ ; पाइय० १५०), केवल यही एक रूप अ०माग०, जै०महा०, शौर०, माग० और ढक्की से प्रमाणित किया जा सकता है और मार्क० पन्ना ६७ मे स्पष्ट बताया गया है कि शौर० में यही रूप है (सूय० २०४ ; ७२४ और उसके बाद, ७२७ [यहाँ गद्दभ पाठ है] ; सम० ८३ ; उत्तर० ७९४ ; कालका० ; शौर० मे : मृच्छ० ४५, १६ ; माग० मे : मृच्छ० ७९ ; १३ ; १७५, १४), जै०महा० में गद्दभी = गर्दभी और गार्दभी (कालका०), गद्दभिल्ल रूप भी आया है (कालका०), गद्दब्भ = *गार्दभ्य (कटुध्वनि ; बेसुरी ध्वनि : देशी० २, ८२ ; पाइय० २०४) ; गद्दह (= कुमुद। —अनु० : देशी० २, ८३), गद्दहय (पाइय० ३९ ; श्वेत कमल ; कुमुद) और ढक्की में गद्दही रूप पाये जाते हैं। कालेयकुतूहलं २५, १९ मे शौर० रूप गड्डुहो (?) छापा गया है। — छड्डइ = छर्दति (हेच० २, ३६) ; अ०-माग० में छड्डेज्जा (आयार० २, १, ३, १), छड्डुत्ति (उवास० § ९५), जै०महा० में छड्डिज्जइ (आव० एत्सें० ४१, ८), छड्डेइ, छड्डिज्जउ और छड्डिय (एत्सें०) रूप मिलते हैं। अप० में छड्डेविणु रूप पाया जाता है (हेच० ४, ४२२,

३) ; जै०शौर० में **छड्डिद** रूप भी आया है (पव० ३८७, १८ ; [पाठ में **छड्डिय** है]) ; **छड्डि = छर्दि** (हेच० २, ३६) ; जै०महा० में **छड्डी = छर्दिस्** (एर्त्से०) ; अ०माग० में **छड्डियल्लिया** रूप भी है (ओव०) । महा०, जै०महा० और शौर० में **विच्छड्ड = विच्छर्द** (हेच० २, ३६ ; मार्क० पन्ना २३ ; पाइय० ६२ ; देशी० ७, ३२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कालका० ; एर्त्से० ; अनर्घ० २७७, ३ [कलकतिया संस्करण के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; **विच्छड्डि = विच्छर्दि** (वर० ३, २६ ; क्रम० २, २३) ; अ०माग० में **विच्छड्डइत्ता** (ओव० ; कप्प०); महा० मे **विच्छड्डिअ** (रावण०) ; अ०माग० और जै०महा० मे **विच्छड्डिय** (ओव० ; पाइय० ७९) और शौर० मे **विच्छड्डिद** रूप मिलते हैं (उत्तर० २०, ११ ; मालती० २४१, ५ ; २५४, ४ ; २७६, ६ ; अनर्घ० १४९, १० [इस ग्रंथ मे सर्वत्र यही पाठ पढा जाना चाहिए]) । —**मड्डइ = मर्दते** (हेच० ४,१२६), किन्तु शौर० मे **मड्डीअदि = मर्द्यते** (मृच्छ० ६९, ९) ; **मड्डिअ = मर्दित** (हेच० २, ३६) ; **संमड्ड = संमर्द** (वर० ३, २६ ; हेच० २, ३६ ; क्रम० २, २३; मार्क० पन्ना २३) रूप हैं, किन्तु महा०, जै०महा० और शौर० में **संमद्द** रूप मिलता है (गउड० ; एर्त्से० ; मृच्छ० ३२५, १७) ; **संमड्डिअ = संमर्दित** (हेच० २, ३६) है । इसके विपरीत शौर० मे **उवमद्द = उपमर्द** (मृच्छ० १८, ११) ; अ०माग० मे **पमद्दण** रूप आया है=**प्रमर्दन** (ओव० ; कप्प०), **पमद्दि = प्रमर्दिन्** (नायाध०; ओव०) ; **पामद्दा = *पादमर्दा** (= पादाभ्या धानमर्दनम् ; धान को पाँव से कुचलना : देशी० ६, ४०) ; अ०माग० मे **परिमद्दण = परिमर्दन** (नायाध० ; ओव०; कप्प०), **पीढमद्द = पीठमर्द** (ओव० ; कप्प०), शौर० मे **पीढमद्दिआ** रूप मिलता है (मालवि० १४, ९ ; अद्भुत० ७२, १३ ; ९१, ९); अ०माग मे **वामद्दण = व्यामर्दन** (ओव० ; कप्प०) है । — **विअड्डि = वितर्दि** (वर० ३, २६ ; हेच० २, ३६ ; क्रम० २, २३) । — **खुड्डिअ= कूर्दित, संखुड्डइ = संकूर्दति** (§ २०६), इसके साथ-साथ अ०माग० मे **उक्कुद्दइ** रूप है (उत्तर० ७८८) । मार्क० पन्ना २३ के अनुसार कुछ व्याकरणकार **तड्डु = तर्दू** भी सिखाते थे । — निम्नलिखित शब्दों मे **र्ध=ड्ढ** हो गया है : अ०माग० और जै०महा० मे **अड्ढ = अर्ध**, इसके साथ-साथ **अद्ध** रूप भी चलता है और यह रूप अन्य सभी प्राकृत बोलियों में एकमात्र काम मे आता है (हेच० २,४१ ; § ४५०) ; **अड्ढ** अ०माग० मे अन्य शब्दों से सयुक्त रूप में भी चलता है, जैसे **अवड्ढ = अपार्ध** (जीवा० १०५५ और उसके बाद ; विवाह० १०५७ और १३०६), **सअड्ढ, अणड्ढ** (विवाह० ३५४) ; **दिवड्ढ** (§ ४५०) ; जै०महा० मे **अड्ढमास** रूप (एर्त्से०) रूप है, इसके साथ-साथ **अद्धमास** भी चलता है (कालका०) और अ०माग० में **मासद्ध** भी है (विवाह० १६८) ; जै०महा० में **अड्ढरत्त = अर्धरात्र** (एर्त्से०) आदि-आदि ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर०, माग०, आव० और अप० में **अद्ध** रूप चलता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; सम० १५६ ; १५८ ; ठाणग० २६५ ; जीवा० २३१ और ६३२ तथा उसके बाद ; विवाह० २०९ ; ११७८ ; § ४५० ; एर्त्से० ;

कालका० ; ऋषभ० ; मृच्छ० ६९, १६ ; चंड० ५१, ११ ; कर्पूर० ६०, ११ ; माग० में : मृच्छ० ३१, १७ ; २० ; २३ ; २५ ; ३२, ५ ; १३३, १० ; १६८, २० और २१ ; शकु० ११८, ४ ; आव० में : मृच्छ० १०७, १२ ; अप० में : हेच० ४, ३५२ ; पिंगल १, ६ और ६१ तथा उसके बाद)। — महा०, अ०माग० और जै०महा० **वड्ढइ** = **वर्धते** (वर० ८, ४४ ; हेच० ४, २२० ; क्रम० ४, ४६ ; मार्क० पन्ना २३ ; हाल ; रावण० ; आयार० २, १६ ; ५ [पाठ में **वड्ढई** रूप है] ; सूय० ४६० ; विवाह० १६० ; कालका०) ; शौर० में **वड्ढदि** का प्रचलन है (विक्रमो० १०, २० ; १९, ७ ; ४९, ४ ; ७८, १५ ; ८८, १४ ; मालवि० २५, ४)। उपसर्ग के साथ प्रेरणार्थक में और इससे निकले अन्य रूपों में भी यही नियम चलता है। व्यक्तिवाचक नाम **वर्धमान** अ०मा०, जै०शौर० और शौर० में **वड्ढमाण** हो जाता है (आयार० २, १५, ११ ; पव०३७९, १ ; मृच्छ० २५, १८ ; ४४, २४ ; ४५, ५ आदि आदि), किंतु अ०माग० में **वद्धमाण** रूप भी मिलता है (चंड० ३, २६ ; आयार० २, १५, १५ ; आव० ; कप्प०), जैसे अ०माग० में **नंदिवद्धण** रूप भी है (आयार० २, १५, १५ ; कप्प०) और **वद्धावेइ** भी चलता है (ओव० ; कप्प० ; निरया०)। मार्कंडेय पन्ना २४ मे बताया गया है कि **गोवर्द्धन** के स्थान पर प्राकृत में **गोवद्धण** होना चाहिए। शौर० में **गोवड्ढण** मिलता है (वृषभ० १९, ५)।

§ २९२—नीचे दिये गये उदाहरणों में **त्र** का **ट्ट** हो गया है : महा० और अप० में **तुट्टइ** = **त्रुट्यति** (रावण० ; पिंगल १, ६५ और ६८) है। इसके साथ-साथ अ०माग० में **तुट्टइ** (सूय० १०० ; १०५ ; १४८) भी चलता है, **तुट्टन्ति** (सूय० ५३९) और **तुट्टइ** (हेच० ४, २३०) रूप भी मिलते हैं ; अप० मे **तुट्टउ** देखा जाता है (हेच० ४, ३५६)। वररुचि १२, ५ के अनुसार शौर० मे कभी-कभी (क्वचित्) **पुत्र** का रूप **पुड** भी होता है। संभवतः यह **पाटलिपुत्र** के नाम के प्राचीन रूप के विषय में कहा गया है जो कभी ***पालटिपुट** कहा जाता होगा (§ २३८, नोट संख्या २) और प्राकृत के नियमों के अनुसार ***पाडलिउड** हो जाना चाहिए था। इसका संस्कृत रूप महा० और माग० **पाडलिउत्त** से मिलता है (हेच० २, १५० ; मृच्छ० ३७, ३) ; जै०महा० में **पाडलिपुत्त** रूप है (आव० एर्त्से० ८, १ ; १२, १ और ४०, एर्त्से०), शौर० में **पाडलिपुत्तअ** है (मुद्रा० १४९, ३)। स्टेन्सलर मृच्छकटिक ११८, १ ; ११९, ११ और २१ ; १२४, ५ ; १२९, १८; १३२, ९ ; १६४, १६ ; १६५, ३ में **पुद्दधक** = **पुत्रक** लिखता है। इस रूप के विषय मे हस्तलिपियाँ बहुत अस्थिर हैं, कभी कोई रूप लिखती हैं कभी कोई, किन्तु वे दो रूपों को विशेष महत्व देती है, **पुस्तक** अथवा **पुद्दतक**। प्रायः सर्वत्र यह रूप **पुत्तक** पाया जाता है, और यह माग० में मृच्छकटिक में **पुत्त** लिखा गया है (११, १९ ; ११६, ८ ; १२९, ७ ; १३३, १ ; १६०, ११ ; १६६, १ ; १६७, २४ ; १६८, ३), **पुत्तक** भी आया है (मृच्छ० ११४, १६ ; १२२, १५ ; १५८, २०) ; **राषुत्तक** भी है (मृच्छ० १६६, १८ और २१)। स्टेन्सलर चाहता है कि

मृच्छकटिक पेज २९४ में ११४, १६ में **पुस्तक** के स्थान पर सुधार कर **पुश्थक** रूप रखा जाय, किन्तु केवल १५८, २० में इनी-गिनी हस्तलिपियों में **पुस्तके, पुस्तके** और **पुस्थके** रूप आये हैं अन्यथा सब में **पुस्तक** आया है जो शुद्ध होना चाहिए। १५८, १९ में **णस्तिके = नप्तृकः** और भिन्न भिन्न हस्तलिपियों में पाठभेद से **णस्थिके** (स्टेन्सलर और गौडबोलेके तथा कलकतिया संस्करण में यही पाठ **है**), **णस्तिके और णश्तिके** रूप दिये गये है। इनसे ऐसा लगता है कि **र्थ** (§ २९०) के क्रमविकास में ध्वनिपरिवर्तन हुआ होगा। अ०माग० में दीर्घ स्वर के बाद **त्र** का **त** बनकर बहुधा **य** हो गया है जैसे, **गाय = गात्र ; गोय = गोत्र ; धाई = धात्री ; पाई = पात्री** (§ ८७)। **रात्री** के विषय में महा० और शौर० में भी यह नियम लगाया जाता है (§ ८७)। **धारी** (= धाई : हेच० २, ८१) = **धात्री नहीं है** अपितु **धै** (= छाती से दूध चूसना) धातु में **र** प्रत्यय लगाकर बना है = 'स्तन का दूध पिलानेवाली' है। इस सम्बन्ध में **धारू** की तुलना कीजिए।

§ २९३ — § २८८ के विपरीत—**त्र** में समाप्त होनेवाले क्रियाविशेषणों में **त्र** देखने में **त्थ** का रूप धारण कर लेता है जैसे, **अण्णत्थ = अन्यत्र** (हेच० २, १६१ ; ३, ५९) ; शौर० **अत्थभवं** में **अत्थ = अत्र** (शकु० ३३, ३ ; ३५, ७ ; विक्रमो० ३०, ९), **अत्थभवदो** (मालवि० २७, ११) और **अत्थभोदि** रूप भी मिलते हैं (विक्रमो० ३८, १७ ; ८३, १३ ; मालवि० २६, १)। महा० ; अ०माग० और जै०महा० **कत्थ = कुत्र** (भाम० ६, ७ ; हेच० २, १६१ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कप्प० ; ओव० ; एर्त्से०, कालका०) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर० और दाक्षि० में **जत्थ = यत्र** (भाम० ६, ७ ; हेच० २, १६१ ; हाल ; रावण० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका० ; कत्तिगे० ४०१, ३५३ ; उत्तर० २०, ११ ; २१, १० ; दाक्षि० में : मृच्छ० १००, ३) ; महा०, अ०माग०, जै० महा०, शौर० और माग० में **तत्थ = तत्र** (भाम० ६, ७ ; हेच० २, १६१ ; क्रम० ३, ४२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, १, १ ७ ; १, १, २, १ और २ आदि-आदि ; नायाध० ; उवास० ; कप्प० ; कालका० ; विक्रमो० ४८, १४; माग० में : प्रबोध० ३२, ६), शौर० में **तत्थभवं** (विक्रमो० ४६, ६ ; ४७, २ ; ७५, ३ और १५), **तत्थभवदा** (शकु० ३०, २ ; विक्रमो० १६, ११ ; ८०, १४ ; ८४, १९ ; मालवि० १०, १३) ; **तत्थभवदो** (मृच्छ० ६, ४ ; २२, १२ ; विक्रमो० ३८, १८ ; ५१, १३ ; ७९, १६) और **तत्थभोदी** (मृच्छ० ८८, १३ ; शकु० ९५, १२ ; १२५, ७ ; १३२, ७ ; १३४, १३ ; विक्रमो० १६, ४ ; ७ और १३ ; १८, ५ आदि आदि) रूप पाये जाते है ; **इअरत्थ = इतरत्र** (भाम० ६, २) और महा० तथा जै०महा० मे **सव्वत्थ = सर्वत्र** रूप मिलता है (भाम० ६, २ ; हेच० ३, ५९ और ६०; गउड०; हाल ; रावण०; एर्त्से०)। इनमें पल्लवदानपत्र, महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर०, माग०, दाक्षि० और आव० में **ऐत्थ** तथा अप० में **एत्थु** (§ १०७) **ए** के कारण=**अत्र** नहीं हो सकते अपितु ये रूप वैदिक हैं और=**इत्था** हैं। शेष क्रिया-विशेषण वैदिक शब्दों से अलग नहीं किये जा सकते क्योंकि ये **कत्थ** *कत्था और

जत्थ *यत्था तक पहुँचाये जाने चाहिए[1]। अप० में यत्र, तत्र के क्रमविकसित नियमानुसार रूप जत्तु और तत्तु होते हैं (हेच० ४, ४०४ ; § २६८ की तुलना कीजिए) ; अन्यत्र का ढक्की में अण्णत्त रूप होता है (मृच्छ० ३६, २३ ; ३९, १०)। मृच्छकटिक १६१, १७ ; १६७, १७ में अत्त = अत्र आया है जो अशुद्ध है। डी. (D) हस्तलिपि में पहले के स्थान पर एँत्थ है, दूसरे के स्थान पर अधिकाश हस्तलिपियों में यह है ही नहीं। अत्तभवं और तत्तभवं लिपिप्रकार जो शकुंतला और मालविकाग्निमित्र के द्राविडी और देवनागरी संस्करणों में पाया जाता है[2] तथा जो कभी-कभी अन्यत्र भी संयोग से पाया जाता है, अशुद्ध है[3]। अप० रूप केत्थु, जेत्थु और तेत्थु के विषय मे § १०७ देखिए। शौर० रूप महामें त्थ = महामात्र (मृच्छ० ४०, २२) महामें त्त का अशुद्ध पाठ है, जैसा कि गौडबोले के संस्करण के पेज १, २० में डी. (D) और एच. (H) हस्तलिपियों का पाठ बताता है, और में त्थ-पुरिस = *मात्रपुरुष (मृच्छ० ६९, १२) यह रूप = महामेत्तपुरिस (गौडबोले के संस्करण मे पेज १९६ मे हस्तलिपि डी. (D) की तुलना कीजिए) क्योंकि मात्र के प्राकृत रूप केवल में त्त और मित्त होते हैं (§ १०९)। में ण्ठ और जै०महा० मिण्ठ (= महावत : देशी० ६, १३८ ; एत्सें०), पाली मे में ण्ड है। — महा० पत्थी (हाल २४०), जिसे वेबर = पात्री मानना चाहता है, पच्छी का अशुद्ध रूप है। — (= पिटिका —अनु०। देशी० ६, १), पाली में भी यह शब्द पच्छि है ; त्साइटश्रिफ्ट डेर डौयत्शान मौर्गेनलैंडिशन गेजेलशाफ्ट २८, ४०८ और इंडिशे स्टुडिएन १६, ७८ में श्लोक १८५ की टीका मे इस शब्द की तुलना कीजिए।

1. एस. गौल्दश्मित्त प्राकृतिका पेज २२ में भिन्न मत देता है ; रावणवहो में कत्थ शब्द देखिए ; हाल २४० पर वेबर की टीका। बे. बाइ. ३, २५३ में पिशल। — 2. शकुंतला २०, ११ पेज १७७ पर बोएटलिंक की टीका। — 3. पिशलकृत दे० कालिदासाए शकुंतलि रेसेन्सिओनिबुस, पेज ३४ और उसके बाद।

§ २९४—नीचे दिये शब्दों में द्र का डु हो गया है : अ०माग० और जै० महा० खुड्डु = क्षुद्र (देशी० २, ७४ ; आयार० २,२,३,२ ; सूय० ४१४), ठाणंग० ५४६ ; उत्तर० १३ ; जीवा० ४७६ और उसके बाद ; ५५९, ६२२; ६६३ ; १०१३ और उसके बाद ; कप्प० ; एत्सें०), खुड्डुअ रूप भी मिलता है (हेच० २, १७४ ; त्रिवि० १,३,१०५), अ०माग० और जै०महा० में खुड्डय तथा स्त्रीलिंग में खुड्डिया रूप मिलते हैं (आयार० १,३,३,२ ; २,२,१,४ ; २,२,३,२ ; ठाणंग० ६७ ; पण्हा० ५२० ; विवाह० ११०० ; कप्प० ; आव० एत्सें० २३, ६), अ०माग० में खुड्डग भी पाया जाता है (सूय० ८७२; ठाणंग० ५४५; विवाह० ११०१ ; ओव०), खुड्डाग भी है (§ ७०), बहुत ही कम पर माग० में खुड्ड (सूय० ५०४) और खुड्डाय (कप्प०) रूप भी देखने में आते हैं। — जैसे साधारण द, ल में परिवर्तित हो जाता है (§ २४४), वैसे ही द्र के रूपपरिवर्तन से व्युत्पन्न ड्ड भी ल्ल में परिवर्तित हो जाता है : महा० और अ०माग० में अल्ल और इसके साथ-साथ महा०, अ०माग०,

जै०महा० और शौर० का अद्द = आर्द्र (§ १११) और **छिल्ल** (= छिद्र; कुटिया : देशी० ३, ३५), **उच्छिल्ल** (= छिद्र : देशी० १, ९५) तथा इसके साथ-साथ महा०, अ०माग० और जै०महा० **छिड्ड** (हाल ; उवास० ; एर्त्से०) और अ०माग० तथा जै०महा० **छिड्डु** (निरया० ; आव० एर्त्से० ४१, ४ और ५ ; एर्त्से० [इसमें यह शब्द देखिए]) और महा० में **छिड्डिअ = छिद्रित है** (गउड०) । **चुल्ल** के विषय में § ३२५ देखिए । महा० रूप **मलइ = मर्दति** नहीं है, किंतु **म्रदते है** (§ २४४) । इसका समानार्थी **मढइ** (हेच० ४, १२६) = **मठति** जो **मठ मर्दनिवासयो** से निकला है (धातुपाठ ९, ४७ पर वोपदेव की टीका) तथा जो **मथ और मंथ** से संबंधित है । **द्र** और इसके साथ साथ **द्** के विषय में § २६८ देखिए ।

§ २९५—**आम्र** और **ताम्र** रूपों में **य** और **र** के बीच में **ब** जोड़ दिया जाता है । इस प्रकार उत्पन्न **म्ब्र** मे या तो अंश-स्वर द्वारा वर्ण अलग-अलग कर दिये जाते है जैसे, **अम्बिर** और **तम्बिर** (§ १३७) या **र** शब्द मे घुल-मिल जाता है । इस प्रकार महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **अम्ब** रूप होता है (वर० ३, ५३ ; चंड० ३, ९ ; हेच० २, ५६ ; क्रम० २,६४ ; मार्क पन्ना २७; पाइय० १४५ ; हाल ; आयार० २,१,८,१ ; ४ और ६ ; २,७,२,२ और उसके बाद ; २,१०,२१ ; ठाणग० २०५ ; पण्णव० ४८२ और ५३१ ; विवाह० ११६ और १२५६ ; एर्त्से०) ; अ० माग० में **अम्बग** मिलता है (अणुत्तर० ११ ; उत्तर० २३१ और ९८३ तथा उसके बाद) ; अ०माग० मे **अम्बाडग** भी है = **आम्रातक** (आयार० २, १, ८, १ और ४; पण्णव० ४८२) । — महा० और अ०माग० मे **तम्ब = ताम्र** (सब व्याकरण-कार ; पाइय० ९३ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; सूय० २८२ और ८३४ ; उत्तर० ५९७ ; विवाह० १३२६ ; ओव० ; कप्प०) ; अ०माग० मे **तम्बग** (उत्तर० १०६५), **तम्बिय** (ओव०) भी देखने मे आते है ; महा० और शौर० मे **तम्ब-वण्णी = ताम्रपर्णी** (कर्पूर० १२, ४ ; ७१, ८ ; बाल० २६४, ३ और ४ ; अनर्घ० २९७, १५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; महा० में **आअम्ब** और अ० माग० में **आयम्ब = आताम्र** (गउड० ; हाल ; शकु० ११९, ६ ; ओव०) ; **तम्बकिमि = ताम्रकृमि** (= इन्द्रगोप : देशी० ५, ६) ; **तम्बरत्ती = *ताम्र-रक्ती** (= गेहूँ की लाली ; गेहुँवा रंग : देशी० ५, ५) ; **तम्बसिह = ताम्रशिखा** (= अरुणशिखा ; मुर्गा : पाइय० १२५) ; महा० में **तम्बा = ताम्रा** (= ताँबे के रंग की गाय ; यह शब्द गाय के लिए उसी प्रकार प्रयुक्त होता होगा जैसे, **धौली**, काली आदि नाम — अनु० ; देशी० ५, १ ; पाइय० ४५ ; हाल) । — मार्कंडेय पन्ना २७ के अनुसार **कम्र** का **कम्ब** रूप हो जाता है । इसी प्रकार की प्रक्रिया **म्ल** की भी है । **अम्ल** का रूप या तो **अम्बिल** होता है (§ १३७ या **अम्ब**) ; अ०माग० में **सेहम्बदालियम्बेहिं = सेधाम्लदालिकाम्नः** (उवास० § ४०) ; अप० में **अम्बणु = आम्लत्वम् है** (हेच० ४, ३७६, २) ।

§ २९६—(तीन) लोप होनेवाला एक वर्ण **ल्** है (वर० ३, ३ ; चंड० ३, २ ; हेच० २, ७९ ; क्रम० २, ५० ; मार्क० पन्ना १९) : **ल्क = क्क** : महा० में

उक्का = **उल्का** (गउड० ; रावण०) ; **कक्क** = **कल्क** (विवाह० १०२५) ; महा० और शौर० **वक्कल** = **वल्कल** (§ ६२) । — **क्ल** = **क्क** : अ०माग० में **कीसन्ति** = = **क्लिश्यन्ति** (उत्तर० ५७६), **केस** = **क्लेश** (उत्तर २०२ और ५७५), **कीव** = **क्लीव** (ठाणंग० १८१), **विक्कव** = **विक्लव** (भाम० ३, ३ ; हेच० २, ७९) । **शुक्क** अ०माग० रूप **सुक्क** (सूय० ३१३ ; ठाणंग० २५ और उसके बाद), के साथ-साथ **सुक्किल** रूप भी ग्रहण करता है, अ०माग० में **सुक्किल** भी है (§ १३६) और हेमचंद्र २, ११ के अनुसार इसका एक रूप **सुक्क** भी है । यदि यह रूप **शुल्क*** से निकला हो तो इसका रूप **सुंग** होना चाहिए, जो **सुंक** = **शुल्क** से (§ ७४) से मिलता-जुलता है । — **ल्ग** = **ग्ग** : महा० में **फग्गु** = **फल्गु** , अ०माग० और शौर० में **फग्गुण** = **फल्गुन** (§ ६२) ; अ०माग० में **वग्गइ** और **वग्गित्ता** = **वल्गति** और **वल्गित्वा** (विवाह० २५३), **वग्गण** = **वल्गन** (ओव०) और **वग्गु** = **वल्गु** (सूय० २४५) । — **ल्प** = **प्प** : अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **अप्प** = **अल्प** (सूय० ३७१ ; उवास० ; नायाध० ; निरया० ; ओव० ; कप्प० ; एर्से० ; कालका०; मृच्छ० १५०, १८) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **कप्प**= **कल्प** (गउड० ; हाल ; रावण० ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्से० ; कालका०; विक्रमो० ११, ४); महा०, अ०माग० और जै०महा० में **सिप्प**† = **शिल्प** (हाल ; नायाध० ; उवास० ; कप्प०; एर्से० ; ऋषभ०), अ०माग० और शौर० में **सिप्पि** = **शिल्पिन्** (उवास० ; ओव० ; मृच्छ० १५२, २५ ; १५३, ३) । **जल्प** और इससे निकले रूपोंमें **ल्** का **म्** में परिवर्तन हो जाता है : महा० और जै०महा० में **जम्पइ** = **जल्पति** (वर० ८, २४ ; हेच० ४, २ ; क्रम० ४, ४६ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्से० ; कालका०) ; जै०महा० में **जम्पिअ** (?) और **जम्पन्तेण** रूप मिलते हैं (कक्कुक शिलालेख ८ और १५) ; अ०माग० में **जम्पन्ता** आया है (सूय० ५०) ; जै०महा० में **पयम्पए** = **प्रजल्पते** (एर्से०) है, ढक्की में **जम्पिदुं** और **जम्पसि** मिलते हैं (मृच्छ० ३४, २४ ; ३९, ९) ; शौर० में भी **जम्पसि** आया है (विक्रमो० ४१, ११), **जंपिज्जदि** (ललित० ५६८, ६), **जम्पिस्सं** (मालती० २४७, २) रूप पाये जाते हैं । **जम्पण** (= अकीर्ति ; वक्त्र ; मुख : देशी० ३, ५१); जै०महा० में **अजम्पण** (= विश्वास की बात बाहर न कहना : एर्से० १०, ३४) ; महा० और अप० में **जम्पिर** रूप देखा जाता है (हेच० २, १४५ ; हाल ; हेच० ४, ३५०, १) ; अ०माग० में **अवम्पिर** का प्रयोग है (दस० ६१९, २२ ; ६३१, १३ ; ६३२, २८) ; अ०माग० में **पजम्पावण** = ***प्रजल्पापन** (बोलना सिखाना : ओव०) ; माग० में **यम्पिदेण** (ललित० ५६६, १२) चलता है ; अप० में **पजम्पइ** आया है (हेच० ४, ४२२, १० ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) । **ल्प** के स्थान पर बहुधा **प्प** हो जाता है : अ०माग० में **जप्पन्ति** (सूय० २६) ; शौर०

* यह रूप कुमाउनी में इसी रूप में चलता है ; हिंदी प्रान्तों में शुक्क का शुकिल, शुकुल रूप बोली में चलते हैं । —अनु०

† **सिप्प** पाली से आया है और कुमाउनी में वर्तमान है । — अनु०

जप्पेमि (हास्या० ३३, २१), **जप्पसि** (कंस० ४९, ७), **जप्पेसि** (हास्या० २५, १० और १२ ; ३४, ३ और ७), **जप्पिस्सदि** (प्रसन्न० १४४, २), **जप्पिदुं** (हास्या० ३३, १३), **जप्पहंती** (प्रबोध० ४४, १ ; बंबई, पूना और मद्रास के संस्करणों में यही पाठ है),—**जप्पिाणि** (प्रसन्न० ३७, १६ ; वृषभ० २६, ७) और **जप्पिद** आदि-आदि रूप मिलते हैं (प्रसन्न० १२०, १) आदि-आदि। इन स्थलों पर अवश्य ही सर्वत्र **म्प** पढ़ा जाना चाहिए जैसा कि रत्नावली ३२२, ४ के जै०महा० रूप **जप्पिपण** के स्थान पर निश्चय ही **जम्पिपण** होना चाहिए ; कर्पूरमंजरी ३८, ४ में इसका ठीक रूप **जम्पिद** आया है और अप० में शुद्ध रूप **जम्पिअं** मिलता है (पिंगल १, ६०)। — **प्ल**=**प्प** : महा० मे **पवंग** = **प्लवंग**, **पवंगम** = **प्लवंगम** (रावण०), **परिप्पवन्त** = **परिप्लवंत** — (गउड० ; रावण०), **पप्पुअ** = **प्रप्लुत** (गउड०) ; अ०माग० मे **पविउं** = **प्लवितुम्** (सूय० ५०८) ; **विप्पव**=**विप्लव** (हेच० २, १०६)। — **ल्फ**=**प्फ** : अ०माग० में **गुप्फ** = **गुल्फ** (आयार० १, १, २, ५ ; ओव०)। — **ल्व** = **व्व** : महा० में **उव्वण** = **उल्बण** (गउड० ७३४ ; पाठ मे **उव्वण है**) ; अ०माग० में **किव्विस** = **किल्बिष** (उत्तर० १५६ [पाठ मे **किव्विस है**] ; दस० ६२४, ११ और १२), **किव्वि-सिय** = ***किल्बिषिक** (ओव०), **सुव्व** = **शुल्ब** (हेच० २, ७९)। — **ल्भ** = **ब्भ** : अ०माग० मे **पगब्भइ**=**प्रगल्भते** (आयार० १, ५, ३ ३ [पाठ मे **पगब्भई** है] ; सूय० १३४ और १५०), **पगब्भिय** (सूय० ३१ ; १४६ और ६९८), **पागब्भिय** (सूय० ५९६), **पगब्भित्ता** (सूय० ३५८), **विप्पगब्भिय** (सूय० ५०), **पगब्भि** — (सूय० ३३२), **पागब्भिय** (सूय० २६८ और २९६) रूप प्रयुक्त हुए है। इसलिए **पगम्भई** (उत्तर० २०२) छापे की भूल है जो **पगम्भइ** = **पगब्भई** के लिए भूल से आयी है। — **ल्म** = **म्म** : **कम्मस**=**कल्मष** (हेच० २, ७९ ; पाइय० ५३) ; अ०माग० मे **कुम्मास** = **कुल्माष** पाया जाता है (आयार० १, ८, ४, ४ और १३) ; अ०माग०, शौर० और माग० में **गुम्म** = **गुल्म** (आयार० २, ३, २, १५ ; नायाध० ; मृच्छ० ९७, २२ ; मुद्रा० १८५, ८ ; १९७, ५ ; प्रिय० १२, ३ ; १३, ३ ; १९, १७ ; २३, १४ ; कर्ण० २८, ७ ; सुभद्रा० १२, ५; माग० मे : चंड० ६१, ११), पल्लवदानपत्र मे **गुम्मिके** = **गुल्मि-कान्** है (५, ५)। महा० में **वम्मिअ**, अ०माग० मे **वम्मिय** = **वल्मीक** (§८०); शौर० में **वम्मीइ** = **वाल्मीकि** (बाल० ६, १५)। — **म्ल** = **म्म्** : अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० मे **मेच्छ** = **म्लेच्छ** (§ ८४ और १०५)। — **ल्य** के विषय में § २८६ देखिए और **र्ल** के सम्बन्ध में § २८७। — **ल्व** = **ल्ल** : शौर० में **गल्लक्क** = **गल्वर्क** (मृच्छ० ६, ६) ; महा० में **पल्लल** = **पल्वल** (गउड०) ; अ०माग० मे **बिल्ल** = **बिल्व** (हेच० १, ८५ ; मार्क० पन्ना ७ ; पाइय० १४८ ; पण्णव० ५३१ ; विवाह १५३० [पाठमें **विल्ल है**], दस० ६२१, ५), यह रूप हेमचंद्र और मार्कंडेय के अनुसार **बे ल्ल** भी होता है (§ ११९)।

§ २९७—एक ध्वनि **व** है जिसका लोप हो जाता है (वर० ३, ३ ; चंड०

३, २ ; हेच० २, ७९ ; क्रम० २, ५० ; मार्क० पन्ना २९) : क्त = क्क : महा० में **कहइ = कथति**, शौर० **कधिद** और अ०माग० में **सुकधिया** रूप मिलता है (§ २२१) । महा० में **कणक्कणिअ=कणक्कणित** (कर्पूर० ५५, ७) महा०, अ०माग० और शौर० में **पिक्क** और अ०माग० तथा शौर० में **पक्क = पक्व** (§ १०१) । — **दिव्वासा = दिग्वासाः** में ग्ग के स्थान पर ग्व का व्व हो गया है (चामुंडा० ; देशी० ५, ३९) । — ज्व=ज्ज महा० में **उज्जलइ = ज्वलति**, **उज्जल = उज्ज्वल**, **पज्जलइ = प्रज्वलति** (गउड० ; हाल ; रावण०) । महा० में **जर=ज्वर** (हाल)। — ण्व = ण्ण : महा० में **किण्ण = किण्व** (गउड०) ; शौर० **कण्ण = कण्व** (शकु० ०, १० ; १४, १; १५, १ आदि-आदि) ; शौर० **रुमण्णदो=*रुमण्वतः** (रत्ना० ३२०, १६) । ध्य के विषय में § २८६ ; र्व और ह्व के विषय में § २, ८७ तथा ह्व के सम्बन्ध मे § २९६ देखिए ।

§ २९८—शब्द के अन्तिम दंत्य वर्ण के साथ व आने पर यह व दंत्य वर्ण से घुल मिल जाता है । त्व = त्त : पल्लवदानपत्र, महा०, अ०माग०, जै०महा० में **चत्तारि**, माग० **चत्तालि = चत्वारि** (§ ४३९) ; महा० और शौर० मे **सत्त= सत्त्व** (हाल ; शकु० १५४, ७) ; प्रत्यय **त्त = त्व** : जैसे **पीणत्त = पीनत्व** ; अ०माग० में **भट्टित्त=भर्तृत्व**; **भट्टित्तण = भर्तृत्वन** जैसे महा० **पीणत्तण = पीन-त्वन** ; शौर० में **णिउणत्तण=*निपुणत्वन** ; अप० **पत्तत्तण = *प्राप्तत्वन** (§ ५९७) । — द्व = द्द : महा०, अ०माग० और जै०महा० **दार = द्वार** (चंड० ३, ७ ; हेच० १, ७९ ; २, ७९ और ११२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; सूय० १२९ ; नायाध० ; ओव० ; एर्त्से०) ; महा०, शौर० और अप० में सदा **दिअ** रूप काम मे आता है और जै०महा० मे **दिय=द्विज** (हेच० १, ९४ ; पाइय० १०२ ; गउड० ; एर्त्से० ; कक्कुक शिलालेख ११ [यहाँ दिअ पाठ है] ; चंड० ३, १६ ; ५२, ६ ; ५६, ६ ; ९३, १३ ; पिंगल २, ४८), **दिआहम = द्विजाधम** (भासपक्षी : देशी० ५, २९) = **द्विप** भी है (हेच० २, ७९); शौर० मे **दिउण = द्विगुण** (शकु० १४०, १३), **दिउणदर = द्विगुणतर** (मृच्छ० २२, १३), **दिउणिद = द्विगुणित** (नागा० १८, २) ; माग० में **दिउण** रूप मिलता है (मृच्छ० १७७, १०) ; **दिरअ = द्विरद** (हेच० १, ९४) ; अ०माग० में **दावर = द्वापर** (सूय० ११६), **दन्द = द्वन्द्व**, **दिगु = द्विगु** (अणुओग० ३५८) ; अ०माग० और जै०महा० **जम्बुद्दीव = जम्बुद्वीप** (उवास० ; निरया० ; नायाध०; ओव० ; कप्प० ; कालका०) ; पल्लवदानपत्र में **भरद्दायो = भरद्वाजः** (५, २), **भारदाय** और **भारदायस** रूप भी मिलते हैं (६, १६ और १९) ; महा० में **सद्दल = शाड्वल** (गउड०) । — ध्व = द्ध : **धत्थ = ध्वस्त** (हेच० २, ७९), महा० **उद्धत्थ = उद्ध्वस्त** (गउड० ६०८ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए)। व से आरम्भ होनेवाले किसी शब्द में यदि उद् उपसर्ग आ जाय तो उसका द्व, व्व में परिणत हो जाता है : महा० में **उव्वत्तण = उद्वर्तन** (गउड० ; हाल ; रावण०), अ०माग० में **उव्वट्टण** (उवास०) रूप आता है और जै०महा० में **उव्वट्टिय**

(एत्सें०) ; महा० में **उव्वहण = उद्वहन** (गउड० ; रावण०) ; महा०, अ० माग०, जै०महा० और शौर० में **उव्विग्ग = उद्विग्न** (§ २७६) ।

§ २९९—बोली में कभी-कभी **त्व, त्य** बन कर **च्च, थ्व,ध्य** बनकर **च्छ, द्व, द्य** बन कर **ज्ज** और **ध्व, ध्य** के माध्यम से **ज्झ** बन जाते हैं । **त्व = च्च** : महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **चच्चर = चत्वर** (हेच० २, १२ ; क्रम० २, ३३ ; हाल ; विवाग० १०३ और उसके बाद ; ओव० ; कप्प० ; एत्सें०), इसके साथ-साथ **चत्तर** भी चलता है (हेच० २, १२ ; क्रम० २, ३३ ; हाल ; मृच्छ० ६, ७ ; २८, २०, बाल० १४७, २०) । अ०माग० और जै०शौर० में **तच्च = *तात्त्व** (§ २८१) । अप० में **पहुच्चइ = *प्रभुत्वति** (§ २८६) । अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० **किच्चा = कृत्वा** ; **सोॅच्चा = श्रुत्वा** ; अ०माग० में **भोॅच्चा = भुक्त्वा** । अ०माग०**चिच्चाण** और **चेॅच्चाण = *त्यक्त्वान** और **हिच्चाणं = *हित्वानम्** (§ ५८७) । — **ध्व = च्छ** : अ०माग० मे **पिच्छी=पृथ्वी** (हेच० २, १५) । — **द्व = ज्ज** : अ०माग० मे **विज्जं=विद्वान्** (हेच० २, १५ ; सूय० १२६ और ३०६) । — **ध्व = ज्झ** : अ०माग० और जै०महा० **झय** (हेच० २,२७ ; नायाध० § ४७ ; विवाह० ६१; कप्प० § ४ ; ३२ ; तीर्थ० ५,१०; एत्सें०); अ०माग० मे **इसिज्झय = ऋषिध्वज** (उत्तर० ६३०), **अरुणज्झय** रूप मिलता है (उवास० § १७९ ; २७७, ५), **इन्दज्झय** (सम० ९७), **महिन्दज्झय** (ठाणग० २४६ ; जीवा० ५५१ और उसके बाद, कप्प० पेज ९६, २६), **मंगलज्झय** (जीवा० ५५२), **उसियज्झय = उच्छ्रितध्वज** (नायाध० ४८१ ; ओव० § ४०), **कणगज्झय** (नायाध० १०८४), **चिन्धज्झय = चिह्नध्वज** (निरया० § ५), **धम्मज्झय** (ओव० § १६), **छत्तज्झय=छत्रध्वज** (पण्हा० २६६), **तालज्झउव्विद्ध = तालध्वजोद्विद्ध** (पण्हा० २६९), **रुज्झय** (सम० ९७ ; राय० ; १२८ ; ओव० § २ ; ४२ और ४९) । इनके साथ-साथ महा० मे **धअ** रूप है (हेच० २, २७ ; हाल ; रावण०), जै०महा० मे **धय** है (पाइय० ६९ ; एत्सें०) ; महा० और शौर० मे **मअरद्धअ** आया है (हाल ; कर्पूर० ६६, ११ ; ७६, ९ ; ८३, १ ; ११०, ५ ; शकु० १२०, ५ ; बाल० २८९, १३ ; विद्ध० १०५, ८) ; इसका वै० रूप **मकरद्धज** है (हेच० ४, ३२३), किन्तु अ०माग० मे **मयरज्झय** मिलता है (पण्हा० २८६) ; जै०महा० में **गरुलद्धय** पाया जाता (द्वार० ५०७, ३७), किन्तु अ०माग० मे **गरुलज्झय** रूप है (पण्हा० २३५) ; अ०माग० में **तालद्धय** रूप भी मिलता है (सम० २३६) । — अप० मे **झुणि** (हेच० १,५२ ; ४, ४३२), इसके साथ साथ शौर० मे **धुणि** (प्रसन्न० १४, १० ; कंस० ९, १५ ; वृषभ० ४८, ९)=**ध्वनि** जो **धुनि** रूप से निकला है, इसमें § १७४ के अनुसार **उ** का आगमन हुआ है । — अ०माग० मे **बुज्झा = बुद्ध्वा** (हेच० २, १५), **अबुज्झ** रूप भी आया है (सूय० ५०४) । — महा०, जै०महा० और शौर० में **सज्झस = साध्वस** (हेच० २,२६ ; क्रम० २७५ ; मार्क० पन्ना २३; गउड० ; एत्सें०; जीवा० २८८,४ ; मालती० २७६, ६ ; पार्वती० १२, ४ और २३), इसके साथ-साथ **सद्धस** भी

मिलता है (मार्क०)। नागानन्द २७, १४ में **अद्दिसज्झलेण** रूप आया है जो कलकतिया संस्करण १८७३, पेज ३७,१ में **अद्दिसज्झलेण** है। —**माउक्क** = मृदुत्व नहीं है (हेच० २, २ ; मार्क० पन्ना २६) परंतु ***मार्दुक्य** है जिसका संबंध **मृदुक** से है (§ ५२ की तुलना कीजिए), जैसे जै०महा० में **गरुक्क** है (कक्कुक शिलालेख १३) = ***गुरुक्य** जो **गुरुक** से संबंधित है (§ १२३)।

§ ३००—**त** के बाद **व** आने से यह **व**, **प** का रूप धारण कर लेता है। **द** के बाद **व** आने से **व** में परिणत हो जाता है। इस क्रम से बोली में **त्व** का **प्प** रूप हो जाता है और **द्व** का **व्व**। **त्व**=**प्प** : महा० में **पहुप्पइ** = **प्रभुत्वति** (§ २८६) ; अप० **पइँ** = **त्वाम्**, **त्वया** और **त्वयि** (§ ४२१) ; अप० में — **प्पण** = **त्वन** जैसे, **वड्डप्पण** और इसके साथ साथ **वड्डत्तण**=***भद्रत्वन**, **मणुसप्पण**=***मनुषत्वन** (§ ५९७); अप० में –**प्पि** = –**त्वी** (=करके) जैसे, **जिणे प्पि** और **जे प्पि**=***जित्वी**; **गम्पि**=***गन्त्वी** = वैदिक **गत्वी**, **गमे प्पि** = ***गमित्वी** और –**प्पिणु** = –**त्वीनम्**, जैसे, **गमे प्पिणु** और **गम्पिणु**=***गमित्वीनम्** ; **करेप्पिणु** = ***कारित्वीनम्** (§ ५८८)। यह गौण **प**, **व** भी हो जाता है जैसे, **करेवि** जिसके साथ-साथ **करे प्पि** भी चलता है; **लेविणु** है और **ले प्पिणु** भी है; **रपेवि** और **रमे प्पि** है। **त्म** से निकले **प्प** के विषय में § २७७ देखिए। **द्व** = **व्व** : पल्लवदानपत्र, महा० और अ०माग० में **बे***, अप० में **वि** = **द्वे**, **बे ण्णि** और **विण्णि** = ***द्वे नि** (§ ४३६ और ४३७); महा० में **विउण** = **द्विगुण** (हेच० १,९४ ; २, ७९ ; गउड० ; हाल ; रावण०)[१], किंतु शौर० और माग० में **दिउण** रूप मिलता है (§ २९८)। अ०माग० और जै० महा० में **बारस**, अप० में ***बारह** = **द्वादश** (§ ४४३), जैसा कि अ०माग०, जै० महा० और शौर० में प्रधानतया **बा** = **द्वा*** होता है (§ ४४५ और उसके बाद) ; महा० में **बिइअ**, **बीअ** और **बिइज्ज** रूप, अ०माग० और जै०महा० में **बिइय** और **बीय**, अप० में **बीय** = **द्वितीय** (§ ८२ ; ९१,१६५ ; ४४९)। महा० में **बार** = **द्वार** (चंड ३, ७ ; हेच० १, ७९ ; २, ७९ ; ११२ ; हाल ; हेच० ४, ४३६) ; अ०माग० और जै०महा० में **बारवई** = **द्वारवती** (नायाध० ५२४ ; १२९६ और उसके बाद ; निरया० ७९ ; द्वार० ४९५, १ और उसके बाद) ; **विसंतवा** = **द्विशंतप** (हेच० १, १७७)। महा० में **बेस** = **द्वेष** (गउड०), महा० और अ०माग० में **द्वेष्य** (हेच० २,९२ ; गउड०; हाल ; पण्हा० ३९७ ; उत्तर० ३३)। छंद की मात्रा ठीक करने के लिए अ०माग० में **वइस्स** भी आया है (उत्तर० ९६१)। — **ध्व** = **ब्भ** : जै०महा० में **उब्भ** = **ऊर्ध्व** (हेच० २, ५९ ; एर्त्से०); जै०महा० में **उब्भय** = **ऊर्ध्वक** (पाइय० २३४) ; महा० में **उब्भिअ** और जै० महा० में **उब्भिय** = ***ऊर्ध्वित** (रावण०; एर्त्से०), **उब्भेइ** = ***उर्ध्वयत** (एर्त्से० ४०, १५)। इसके साथ-साथ महा०, जै०महा०, शौर०, माग० और अप० में **उद्ध** रूप भी काम में आता है (§ ८३)। अ०माग० और जै०महा० में **उड्ढ** का भी प्रच-

* **बेन्नी** के लिए गुजराती में चलता है। **द्वा** का **बा** और तब **द्वादश** का **बारस** के माध्यम से **बारह** बनकर अप० से अब तक हिंदी में वर्तमान है। —अनु०

कन है (आयार० १,१,१,१ ; ५, २ और ३ ; १,२,५,४ ; ६,५ ; १,४,२,३ और ४ आदि-आदि ; सूय० २१५ ; २७३ ; २८८ ; ३०४ ; ५९० ; ९१४ ; ९३१ ; विवाह० ११ ; १०१ ; १०५ और उसके बाद ; २६० आदि-आदि ; एर्त्से०)। — त्व = ण्ण : महा० और जै०महा० में **अण्णेसण = अन्वेषण** (गउड०; एर्त्से०), शौर० में **अण्णेसणा = अन्वेषणा** (विक्रमो० ३२,३), **अण्णेसीअदि = अन्विष्यते, अण्णेसिदव्व = अन्वेषितव्य** (मृच्छ० ४,४ और २१)। शौर० में **धण्णन्तरि = धन्वन्तरि** (बाल० ७६, १)। माग० मे **मण्णन्तल = मन्वन्तर** (प्रबोध० ५०, १३ ; बंबई, पूना और मद्रास के संस्करणों के अनुसार यही रूप ठीक है)। शौर० मे **एवं णेदं = एवं त्व् एतत्** ; शौर० और माग० में **किं णेदं = किं त्व् एतत्** (§ १७४)।

१. आस्कोली फोरलेजुंगन, पेज ५९ ; क्रिटिशे स्टुडिएन, पेज १९७ और उसके बाद ; पिशल गो. गे. आ. १८८१, पेज १३१७ और उसके बाद। — २. भारतीय संस्करण और हाल में वेबर भी व के स्थान पर अधिकांश व लिखते हैं।

§ ३०१—यदि संयुक्त व्यंजनों में पहला **श, ष** और **स** हो और उसके बाद आनेवाला वर्ण **च** या **छ** हो तो नियम यह है कि **श, ष** और **स, च** या **छ** के साथ घुल-मिल जाते हैं और तब उनमें **ह**-कार आ जाता है। यदि **श, ष** और **स** एक समास के एक पद के अंत मे आयें तो उनमे **ह**-कार नही आता, दूसरे पद के आदि के **च** में **ह**-कार नही आता, विशेष करके जब पहला पद उपसर्ग हो[१]। **श्च=च्छ** (वर० ३, ४० ; हेच० २, २१ ; क्रम० २, ९२ ; मार्क० पन्ना २५) : महा० और शौर० में **अच्छरिअ**, जै०महा० में **अच्छरिय**, शौर० में **अच्छरीअ**, महा० और अ०माग० **अच्छेर** और **अच्छरिज्ज** ; अ०माग० और जै०महा० **अच्छेरय** तथा अ०माग० में **अच्छेरग = आश्चर्य** और **आश्चर्यक** (§ १३८ और १७६)। महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० **पच्छा=पश्चात्** (गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से० ; विवाह० १०१ ; उवास० ; नायाध० ; कप्प० ; मृच्छ० १५०, १८ ; शकु० १०५, १४ ; कर्पूर० ३३,८) ; अप० मे **पच्छि = *पश्चे** (हेच० ४,३८८) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और आव० मे **पच्छिम=पश्चिम** (सब व्याकरणकार ; गउड० ; रावण०; विवाह० ६३ ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; मृच्छ० ९९, १८)। शौर० में **पच्छादाव = पश्चात्ताप** (विक्रमो० ३३,११; ३८,१७)। अ०माग० में **पायच्छित्त** तथा अ०माग० और अप० में **पच्छित्त = प्रायश्चित्त** (§ १६५) है। अ०माग० और जै०महा० में **निच्छय**, अप० मे **णिच्छअ = निश्चय** (उवास० ; ओव० ; एर्त्से० ; कालका० ; हेच० ४, ४२२, १०) है, किन्तु महा० में **णिच्चअ** रूप है (रावण०) ; अ०माग० और जै०महा० मे, **निच्छिय = निश्चित** (दस० ६४२, ७ ; निरया० ; एर्त्से०) तथा शौर० में **णिच्छिद** रूप आया है (बाल० ८७, १), किन्तु शौर० में भी **णिच्चिद** रूप मिलता है (मुद्रा० २०८, १० [कलकतिया संस्करण संवत् १९२६]; महावीर० ५५, १ [बंबइया संस्करण])। महा०, शौर० और अप० में **णिच्चल =**

निश्चल (हेच० २, २१ और ७७ ; मार्क० पन्ना २५ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० ५९, २४ ; मुद्रा० ४४, ६ ; हेच० ४, ४३६) है, अ०माग० और जै०महा० में **निच्चल** आया है (उवास० ; कप्प० ; एत्सें०) । महा० और अ०माग० में **णिच्छट्ठ** = **निश्चेष्ट** (रावण०; निरया०) । महा० में **दुच्चरिअ**, जै०महा० में **दुच्चरिय** और शौर० में **दुच्चरिद** = **दुश्चरित** है (हाल ; एत्सें०; महावीर० ११८, ११) ; अ०माग० **दुच्चर** = **दुश्चर** (आयार० १, ८, ३, २) है, **दुच्चण** रूप भी है (आयार० १, ८, ३, ६) । जै०महा० और शौर० में **तवच्चरण** = **तपश्चरण** (द्वार० ४९६, १९ ; ५०२, ३६ ; ५०५, १५ और ३८ ; मृच्छ० ६८, ८ और ९ ; ७२, ६ ; पार्वती० २४, ३ ; २५, १९ ; २६, १३ ; २७, २ और १०) है । — **णहअर** = **नमश्चर** क्रम० २, ११० नहीं है परन्तु ***नभचर** है (§ ३४७) । — महा०, जै०महा० और शौर० मे **हरिअन्द** (गउड० ; कक्कुक शिलालेख ; कर्पूर० ५८, ४) है, जै०महा० का **हरियन्द** रूप (द्वार० ५०३, १६ ; हेच० २, ८७ ; क्रम० २, ११० [पाठ में **हरिअण्णो** तथा लास्सन ने **हरिअंडो** रूप दिया है]) है, और जिसका माग० रूप **हलिश्चन्द** (चंड० ४३, ५) होता है = **हरिश्चन्द्र** नहीं है किन्तु = **हरिचन्द्र**, जैसा कि महा० **हारिअन्द** (गउड०) = **हारिचन्द्र** है । — **चुअइ**=***श्चुतति** (हेच० २, ७७; § २१० का नोट संख्या २ की तुलना कीजिए) अथवा = ***च्युतति** हो सकता है । — महा० मे **विंछुअ**, **विछिअ** और इनके साथ-साथ **विच्छुअ** तथा अ०माग० **विच्छुअ** और **विच्छिय** रूप = **वृश्चिक**(§ ५० और ११८) है, इसमें महा० रूप **पिंछ** = **पिच्छ**, **गुंछ** = **गुच्छ** और **पुंछ** = **पुच्छ** की भाँति ही अनुनासिक स्वर का आगमन होता है (§ ७४) । **विंचुअ** रूप समास और संधि के लिए लागू होनेवाले नियम के अनुसार § ५० में वर्णित किया गया है । — पुराना **च्छ**, ***श्च** मे बदल जाता था । इस नियम के अनुसार (§ २३३) माग० में **श्च** बना रह जाता है । इसमें परिवर्तन नहीं होता : **अश्चलिअ** = **आश्चर्य** (§ १३८) ; **णिश्चअ**= **निश्चय** (मृच्छ० ४०, ४ ; पाठ में **णिच्चअ है**) है ; **णिश्चल** रूप भी मिलता है (मृच्छ० १३५, २) ; **पश्चादो**=**पश्चात्** (वेणी० ३५, १० ; जिसे हेच० ने ४, २९९ में उद्धृत किया है ; बंगाल के संस्करण में **पच्चादो** रूप है)[२] ; **पश्चा** भी दिखाई देता है (मुद्रा० १७४, ८ [पाठ में **पच्छा** है ; इस नाटक में यह शब्द देखिए] ; चंड० ४२, १२ [यहाँ भी पाठ मे **पच्छा** रूप है]) ; **पश्चिम** (=पीछे । —अनु०) रूप भी पाया जाता है (मृच्छ० १६९, २२ ; [पाठ में **पच्छिम** है]; इस नाटक में **पश्चिम** और **पश्चिम** रूप भी देखिए) ; **शिलश्चालण**=**शिरश्चालन** (मृच्छ० १२६, ७) । — **श्छ** का **च्छ** हो जाता है : महा० में **णिच्छलिअ** = **निश्छलित** (गउड०) ; अ०माग० मे **णिच्छोडेॅज** = **निश्छोटेयम्** (उवास० § २००) ; जै०महा० में **निच्छोलिऊण** = **निश्छोल्य** (एत्सें० ५९, १३) है ।

१. लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज २६१ और २६४ । — २. हेच० ४, २९९ की पिशल की टीका ।

§ ३०२—नियम के अनुसार **श्क** और **ष्क**, **क्ख** बन जाते हैं (वर० ३, २९ ;

हेच० २, ४ ; क्रम० २, ८८ ; मार्क० पन्ना २४) : **णिक्ख = निष्क** (हेच० २, ४)। मार्कण्डेय पन्ना २४ के अनुसार **णिक्क** रूप भी होता है। शौर० में **पोॅक्खर** और अ०माग० तथा जै०महा० **पुक्खर = पुष्कर** ; अ०माग० और शौर० में **पोॅक्खरिणी** और अ०माग० रूप **पुक्खरिणी** छोटे पोखर के लिए आये हैं (§ १२५)। **मुक्ख=मुष्क** (भाम० ३, २९)। महा० और अ०माग० में **विक्खम्भ = विष्कम्भ** (क्रम० २, ८८ ; रावण० ; ओव०)। बहुत से अवसरों पर ह-कार शब्द में नहीं आता, किन्तु कभी-कभी समास या सन्धि में नियम के विपरीत भी दिखाई देता है : महा० और शौर० **किक्किन्ध = किष्किन्ध** (रावण० ; अनर्घ० २६२, ५)। महा०, अ०माग० और जै०महा० में **चउक्क=चतुष्क** (= **चकुक्क = चत्वरम्** [नगर का चौक। —अनु०]; देशी० ३, २ ; गउड०; आयार०; २, ११, १० ; अणुओग० ३८८ ; पण्णव० ७०२ ; नायाध० § ६५ ; पेज १२९४; ओव० ; निरया० ; कप्प०; एर्त्से०; कालका०) है। शौर० में **चदुक्किका=चतुष्किका** (= चौकी; चौका; पीढा। —अनु०; बाल० १३१, १६; विद्ध० ५२, ४; [पाठों में **चउक्किआ** है]) । अ०माग० और जै०महा० में **तुरुक्क = तुरुष्क** (पण्हा० २५८ ; सम० २१० ; पण्णव० ९६ ; ९९ और ११० ; विवाह० ९४१ ; राय० २८ ; ३६ ; ६० ; १९० ; उवास० ; ओव० ; नायाध० ; कप्प० ; आव०एर्त्से० ४०, १७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])। शौर० में **धाणुक्क = धानुष्क** (मार्क० पन्ना २४ ; बाल० ८६, १५ ; २०२, १६), **धाणुक्कदा** (बाल० २६१, १) आया है। **सक्कइ = ष्वष्कति** (मार्क० पन्ना ५५ ; हाल ६०८ पर वेबर की टीका) है। **ओसक्क=अपष्वष्क** (= अपसृत ; चला गया : देशी० १, १४९ ; पाइय० १७८) है ; अ०माग० में **ओसक्कइ** रूप मिलता है (पण्णव० ५४१) ; महा० में **ओसक्कन्त** पाया जाता है (रावण०) ; अ०माग० में **अवसक्केज्जा** रूप है (आयार० १, २, ५, ३) ; अ०माग० रूप **पच्चोसक्कइ=प्रत्यपष्वष्कति** (नायाध० १४६३ ; विवाह० १०३५ ; १२१७ ; १२४८) ; महा० में **परिसक्कइ** आया है (हाल ; रावण० ; [पाठ में भूल से **पडिसक्कइ** है]) ; महा० में **परिसक्कण** रूप भी है (गउड० ; रावण०)। अ०-माग० में **सक्कुलि** और इसके साथ साथ **संकुलि=शष्कुलि** (§ ७४) है। अ०माग० और जै०महा० में **सुक्क=शुष्क** (हेच० २, ५; अणुत्तर० ११, १३ ; नायाध० ९८४ ; विवाह० २७० ; उत्तर० ७५८ और उसके बाद ; उवास० ; कप्प० ; एर्त्से०) है, **सुक्कन्ति** (देशी० ८, १८ के नीचे दिया गया उदाहरण का २३ वाँ श्लोक) पाया जाता है, अप० में **सुक्कहि** रूप आया है (हेच० ४, ४२७) = ***शुष्कन्ति** ; महा० और अ०माग० में **परिसुक्क = परिशुष्क** (गउड० ; उत्तर० ५३) है, इसके साथ-साथ महा०, अ०माग० और शौर० में **सुक्ख** रूप भी मिलता है (हेच० २, ५ ; हाल; रावण० ; दस० नि० ६६०, १६ ; मृच्छ० २, १५ ; ४४, ४); शौर० में **सुक्खाण** रूप देखा जाता है (मृच्छ० १८, ४) ; महा० में **सुक्खन्त-** है (हाल), **ओसुक्ख** और **ओसुक्खन्त-**रूप भी आये हैं (रावण०)। सन्धि और समास के उदाहरण ये हैं : महा० में **णिक्कइअव=निष्कैतव** (हाल) ; महा० और शौर० में **णिक्कम्प =**

निष्कम्प (गउड० ; रावण० ; शकु० १२६, १४ ; महावीर० ३२, २१) ; महा० और जै०महा० में **णिक्कारण = निष्कारण** (गउड० ; रावण० ; द्वार०) ; अ०माग० में **णिक्कण=निष्कण** (विवाग० १०२) है । **निक्कंकड=निष्कंकट** (पण्णव० ११८ ; ओव०); महा० और शौर० मे **णिक्किव=निष्कृप** (पाइय० ७३ ; हाल ; शकु० ५५, १६ ; चंड० ८७, २) है । महा०, अ०माग०, शौर० और अप० में **दुक्कर = दुष्कर** (हेच० २, ४ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; विवाह० ८१७ ; उवास० ; मृच्छ० ७७, १४ ; हेच० ४, ४१४, ४ और ४४१) है ; अ०माग० में **निक्खमइ** (§ ४८१) आया है, **निक्खम्म = निष्क्रम्य** (आयार० १, ६, ४, १; कप्प०), **निक्खमिस्सन्ति, निक्खमिंसु** और **निक्खमिन्ताए** रूप भी मिलते हैं (कप्प०) ; अ०माग० और जै०महा० में **निक्खन्त** रूप पाया जाता है (आयार० १, १, ३, २ ; एर्से०) ; अ०माग० में **पडिनिक्खमइ** है (§ ४८१); अ०माग० और जै०महा० में **निक्खण** देखा जाता है (कप्प० ; एर्से०) ; महा० में **णिक्कमइ** भी मिलता है (हाल), **विणिक्कमइ** भी (गउड०) और इसके साथ-साथ **विणिक्खमइ** भी चलता है (गउड०) । इस रूप के सम्बन्ध में हस्तलिपियाँ कभी एक और कभी दूसरा रूप लिखती है । शौर० में केवल **णिक्कमदि** रूप है (§ ४८१), **णिक्कमिदुं** भी मिलता है (मुद्रा० ४३, ६), **णिक्कमन्त** भी काम में आया है (मुद्रा० १८६, २), **णिक्कन्त** (मृच्छ० ५१, ५ ; ८ और १२), **णिक्कामइस्सामि** (मृच्छ० ३६, २१) रूप भी मिलते है ; दाक्षि० मे **णिक्कमन्तस्स** पाया जाता है (मृच्छ० १०५, २४) । — माग० में **ष्क** का **स्क** हो जाता है और **ष्ख, स्ख** बन जाता है (हेच० ४,२८९) : **शुस्क=शुष्क ; धणुस्खण्ड=धनुष्खण्ड** । रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की टीका में बताया गया है कि **ष्क** और **ष्ख** के स्थान में माग० में **श्क** और **श्ख** वर्ण आ जाते हैं और इस विषय के अनुसार ललितविग्रहराजनाटक मे **तुलुश्क = तुरुष्क** (५६५ १४ और १७), **शुश्के = शुष्कः** (५६६, १२) है। हस्तलिपियोंमें **क्ख** और **क्व** पाठ मिलता है। इस प्रकार मृच्छकटिक २१, १७ में **शुक्खे** है, किंतु हस्तलिपि ए. (A) में **शुस्खे** है ; १३२, २४ और १३३, १७ में **शुक्ख** रूप आया है ; १६१, ७ में **शुक्खा** है ; इस नाटक में **शुष्का** और **शुष्कः** शब्द देखिए ; १३३, १५ और १६ मे **शुक्खावइश्शं** आया है ; ११२, ११ में **पोंक्खलिणीए** और ११३, २२ मे **पुक्खलिणीए** मिलता है ; १३४, १ ; १६५, २२ और १६६, २२ में **णिक्कमदि** और **णिक्कम** साथ ही १३३, २१ में **णिष्कम** और **णिक्खम** रूप मिलते हैं; १७३, ९ में **णिक्किदे** है और १३४, १३ में **णिक्किदं = निष्क्रीतः** है और **निष्क्रीतम्** ; ४३, ४ और १७५, १५ में **दुक्कल = दुष्कर** है और १२५, १ और ४ में **दुक्किद = दुष्कृत** और साथ ही **दुक्खिद, दुक्खिद** और **दुःकिद** आदि रूप भी आये हैं। **शुस्क, पोंस्कलिणी, णिस्किदि, दुस्कल, दुस्किद** आदि-आदि रूप भी पढ़ने को मिलते है ।

§ ३०३—**ष्ट** और **ष्ठ, ट्ठ** बन जाते हैं (वर० ३, १० और ५१ ; चंड० ३, ८ और ११; हेच० २, ३४ और ९० ; क्रम० २, ८६ और ४९ ; मार्क० पन्ना २१

और १९) : पल्लवदानपत्र में **अग्गिट्ठोम = अग्निष्टोम** (५, १ ; लोयमान, एपिग्राफिका इंडिका २, ४८४ की तुलना कीजिए), **अट्ठारस = अष्टादश** (६, ३४), **वे॑ट्ठि = विष्टि** (६, ३२), महा० मे **इट्ठ = इष्ट** (हाल), **इट्ठि = इष्टि** (गउड० ; हाल ; रावण०) और **मुट्ठि = मुष्टि** (गउड० ; हाल ; रावण०) रूप आये हैं। — पल्लवदानपत्र में **कट्ठ = काष्ठ** (६, ३३) ; महा० में **गो॑ट्ठी = गोष्ठी** (गउड०) ; **णिट्ठुर = निष्ठुर** (गउड० ; हाल ; रावण०) तथा **सुट्ठु = सुष्ठु** (गउड० ; हाल ; रावण०) है। माग० को छोड़ अन्य प्राकृत भाषाओं मे भी यही नियम चलता है। माग० मे **ष्ट** और **ष्ठ** का **स्ट** हो जाता है (हेच० ४, २९९ और २९०) : **कस्ट = कष्ट** ; **कोस्टागाल = कोष्ठागार** ; **शुस्टु = शुष्ठु** रूप मिलते है। रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की टीका में नमिसाधु बताता है कि व्यंजनसमूह मे **ष** के स्थान पर **श** हो जाता है (§ ३०२ की तुलना कीजिए) : इस ग्रन्थ मे **कोश्टागाल** रूप है (हस्तलिखित प्रतियो मे **कोस्ठागाल, कोष्ठागाल** तथा छपे सस्करण मे **कास्यगाल** रूप मिलता है)। नाटकों की हस्तलिपियाँ अनिश्चित हैं और रूप बदलती रहती है। पाठ मे बहुधा **ट्ठ** मिलता है जो अशुद्ध है। स्टेन्त्सलर अपने सपादित मृच्छकटिक मे अधिकाश स्थलो पर **श्ट** देता है। इस प्रकार इस मृच्छकटिक मे **कश्ट = कष्ट** (२९, १८ ; १२७, १३) ; हस्तलिपियो मे **कष्ट, कट्ठ, कट्ट, दश्टूण, पश्भशटे** और **दुश्ट = दुष्ट** रूप मिलते है (१९, ५ ; २०, १७ ; २१, ८ ; ४०, ९ ; ७९, १७ ; १८ ; ११२, १४ और २१ ; ११३, १९ ; १३३, ७ ; १५१, २५) ; हस्तलिपियों में अधिकाश मे **दुट्ठ** रूप आया है; वैसे **दुष्ट, दुष्ठ, दुत्थ, दुट्ट, दुह, दुश्ट** और **दुछ** रूप लिखे गये है ; **पणश्टा = प्रनष्टा** (१४, ११)। हस्तलिपियों मे **पणट्ठा, पणश्टा, पणष्टा** और **पणष्ठा** रूप लिखे मिलते है। **पलामिश्टा = परामृष्टा** (१६, २३) ; हस्तलिपियों मे **पलामिश्चा, पलामिश्वा, पलामिट्ठा, पलामिष्टा, पलामिश्टा, पलामिष्ठा** और **पलामिट्टा** लिखा मिलता है। **उवविश्टे, उपविश्टा** और **उप्पविश्टम् = उपविष्टः** और **उप्रविष्टम्** (१४, १० ; २१, १२ ; २१ ; २३)। हस्तलिपियों मे **उपविश्चे, उपविट्ठे, उपविश्टे, उपविष्टम्, उपविष्ट, उपविट्ठ, उपविश्टम्, उपविट्ठा, उपविश्टा, उपविष्टा** आदि रूप लिखे गये है। **लश्टिअ = राष्ट्रिक** (१२१, १२ ; १२५, २१ ; १३०, १३ ; १३८, १४), हस्तलिपियों मे **लट्ठिअ, लट्टिअ, लष्ठिअ** और **लष्टिअ** रूप पाये जाते है। **शवेट्ठणम्** (११, २२) किन्तु **शवेश्टणेण** भी लिखा मिलता है (१२७, १२) = **सवेष्टनम्, सवेष्टनेन**। हस्तलिपियाँ इस रूप के विषय में **वेढ** की ओर निर्देश करती है (स्टेन्त्सलर पेज २४२ और ३०१ ; गोडबोले पेज ३२ और ३५ तथा § ३०४ देखिए) और गौडबोले ३२, ९ में हस्तलिपियों में **शवेढणं** आदि-आदि रूप पढ़ता है। प्रबोधचन्द्रोदय में : **मिट्ठं = मिष्टम्** (४६, १७), **पणट्ठस्स = प्रनष्टस्य** (५०, १४) ; **उवदिट्ठे = उपदिष्टः** (५१, २) ; **दुट्ठ = दुष्ट** (५१, १०) ; **दिट्ठान्दे** (१ ; ५१, १० ; बम्बइया सस्करण **दिट्ठंदो**, मद्रासी मे **दिट्ठन्दे** और पूना सस्करण मे **दिट्ठन्दे** रूप छपा है) है ; बंबइया और मद्रासी

संस्करणों में इसी प्रकार के रूप आये हैं, पूना में छपे संस्करण में सदा—ट्ठ वाले रूप आये हैं। ग्राकहोस ये रूप नहीं देता। वेणीसंहार में **पणट्ठ = प्रनष्ट** (३५, २ और ७) है। यह बिना किसी दूसरे रूप के सदा चलता है; मुद्राराक्षस में: **पवेॅट्ठुं = प्रवेष्टुम्** (१८५, ६), किन्तु यह छपा है **पवेठ्ठुं**, उत्तम हस्तलिपियों में और कलकतिया संस्करण १५६, ८ **पविसिदुं**, इस स्थान पर **पविसिदुं** है (कहीं-कहीं **पविशिदुं** रूप भी है) आदि-आदि। — ष्ठः मृच्छकटिक में: **कोॅश्टके = कोष्ठक** (११३, १५), हस्तलिपियों मे **कोघटके** (!), **कोष्ठके, कोॅट्ठके, कोशके** और **कोष्ठके** रूप मिलते हैं, दूसरी ओर वेणीसंहार ३३, ६ मे **गोट्ठागाले** रूप आया है, कलकतिया संस्करण पेज ६९, १ मे **कोट्ठागाले** है तथा हस्तलिपियों मे अधिकांश में **कोट्ठागाले** मिलता है। इनमें हेमचंद्र के संभवतः इन्हीं हस्तलिपियों से लिये गये रूप **कोॅस्टागालं** (हेच० ४, २९०) का कहीं पता नही चलता और न कहीं नमिसाधु द्वारा उद्धृत **कोॅश्ठागालं** का। **पिश्टि** और **पुश्टि = पृष्ठ** ([इसकी फारसी आर्य शब्द **पुश्त=पीठ** से तुलना कीजिए। —अनु०]; ७९, ९ ; १६५, ९), हस्तलिपियों मे **पिट्ठि** और **पुट्ठि*** रूप मिलते हैं तथा वेणीसंहार ३५, ५ और १० में यही रूप है: **पिट्ठदो** '**णुपिट्ठं = पृष्ठतो**' '**तुपृष्ठम्** यहाँ **पिस्टदो अणुपिस्टं** रूप पढ़ा जाना चाहिए। **शुश्टु = सुष्ठु** (३६, ११ ; ११२, ९ ; ११५, १६ ; १६४, २५) है, हस्तलिपियाँ हेमचद्र द्वारा उद्धृत **शुस्टु** रूप के विपरीत **सुट्ठु** और **शुष्टु** रूप देते हैं; **शोॅट्ठकं** (२१, २०) के स्थान पर **शोॅस्टुकं=*सुष्ठुकम्** पढ़ा जाना चाहिए; हस्तलिपियों में **शोणुकं, शोणुकं, शोॅट्ठिकम्, शोॅट्ठकं** और **शोस्तकं** रूप लिखे गये हैं, कलकतिया सस्करण में **शोॅट्टिकं** रूप छपा है जिसे = **स्वस्तिकम्** बनाकर स्पष्ट किया गया है। **शेश्टि = श्रेष्ठि**–(३८, १) है, हस्तलिपियों मे **शेट्ठ**–रूप मिलता है, जैसा कि मुद्राराक्षस २७५, ५ मे। कलकतिया सस्करण २१२, १० में **शेट्टि** [इस रूप से द्रविड़ भाषाओं में **सेठ** के स्थान पर **चेट्टि** और फिर इससे **चेट्टियर** बना है। —अनु०], छपा है, आदि-आदि। **चिष्ठदि = तिष्ठति** मे वररुचि० ११, १४ ; हेमचंद्र ४, २९८ के अनुसार **ष्ठ** बना रहता है। स्टेन्सलर अपने द्वारा सपादित मृच्छकटिक में सर्वत्र **चिष्ठदि** रूप देता है (उदाहरणार्थ, ९, २२ और २४ ; १०, २ और १२ ; ७९, १६ ; ९६, ३ ; ९७, २ आदि-आदि), किंतु हस्तलिपियों में अधिकांश मे **चिष्ठ, चिष्ठ** और बहुत ही कम स्थलों में **चिश्ट** रूप भी लिखा देखने में आता है। प्रबोधचंद्रोदय ३२, ११ और मुद्राराक्षस १८५, ८ तथा २६७, २ में **चिट्ठ–, चिट्ठ–** और **चिट्ठ** उक्त नाटकों के नाना संस्करणों में आये हैं। क्रमदीश्वर ५, ९५ में छपे संस्करण में **चिट्ठ** छपा है और लास्सन के इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३९३ में **चिट्ठ** है। क्रमदीश्वर के अनुसार पै० में भी यही रूप है। वाग्भटालंकार २, २ की सिंहदेवगणिन् की टीका में **चिट्ठ** छापा गया है। हेमचंद्र ४, ३१३ के अनुसार ***ष्ठान** = करके के स्थान पर पै०

* कुमाउनी में **पीठ** को **पुठि** कहते हैं। इससे यह पता चलता है कि बोलचाल में व्याकरण की चिंता कम की जाती थी और गुजराती में इसका **केड** और हिंदी में **संठ** है। — अनु०

में दंत्य वर्ण आ जाते हैं : णत्थून और इसके साथ-साथ णट्ठूण = *नष्ट्वान ; तत्थून और इसके साथ-साथ तट्ठूण = *दष्ट्वान । पै० कसट = कष्ट के विषय में § १३२ देखिए । महा० में वुत्थ अपनी संधि के साथ, उव्वुत्थ, पउत्थ, पडिउत्थ, परिवुत्थ और जै०महा० पवुत्थ (§ ५६४) = *उष्ट (ब्यूलर द्वारा संपादित पाइय० में वुत्थो शब्द देखिए) अथवा *उट्ठ या *वुट्ठ नहीं है, परंतु = *वस्त जिसका अ § १०४ के अनुसार दूसरी बार उ में परिवर्तित हो गया है। जैसे महा० में वसिअ और उसकी संधियों के रूप, जैसे उव्वसिअ, पवसिअ और शौर० में उववसिद = *वसित (§ ५६४), इसी प्रकार वुत्थ भी = *वस्त वर्तमानवाचक रूप से बना है। इसके साथ साथ महा० मे नियमानुसार शुद्ध रूप उसिअ = उसित रूप भी है (गउड०)। § ३३७ की तुलना कीजिए। आलें दुधुअं (हेच० १, २४; २, १६४)। आलें द्धं (हेच० २, १६४), आलिद्ध (हेच० २, ४९ ; पाइय० ८५; देसी० १,६६) और महा० आलिद्धअ (विक्रमो० ५१, ६) है। हेमचंद्रके अनुसार श्लिष्ट् धातु से संबंधित नहीं हैं परंतु आलिहइ (छूना, स्पर्श करना : हेच० ४, १८२ ; ब्यूलर द्वारा संपादित पाइय० मे आलिद्धं शब्द देखिए) जो = आलेढि और जो लिह् धातु का एक रूप है जिनमें छठे गण के नियम के अनुसार आ जोड़ा गया है = *आलिहति है। इस ह के साथ वही प्रक्रिया की गयी है जो प्राचीन घ–वाले धातुओं के साथ की जाती है = *आलेग्धुकम् , *आलेग्धुम् , *आलिग्ध, और *आलिग्धक। इस दृष्टि से बॉल्लें नसेन ने विक्रमोर्वशी पेज ३६४ में शुद्ध बात छापी थी।

§ ३०४—इष्टा (हेच० २, ३४), उष्ट्र (हेच० २, ३४ ; मार्क० पन्ना २१) और संदष्ट (हेच० २, ३४) मे ष का ह–कार छिपा रह जाता है : महा०, अ० माग० और जै०महा० इट्टा=इष्टा (गउड० ; ठाणंग० ४७८ ; अंत०, २९ ; तीर्थ० ७, ९ और १५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस ग्रन्थ में ७, १५ में इस शब्द की तुलना कीजिए]) ; अ०माग० और जै०महा० में इट्टगा = इष्टका (अंत० २८ ; पण्हा० १२८ [यहाँ इट्टका पाठ है] ; आव०एत्सें० १६, १० और १३ ; १९, ४), अ०माग० मे इट्टयगिणि = इष्टकाग्नि (जीवा० २९३)। — अ०माग० मे उट्ट = उष्ट्र (सूय० २५३ ; ७२४ और उसके बाद ; ७२७ ; विवाग० १६३ ; जीवा० ३५६ ; पण्हा० ३६६ और ३७६ ; उवास० ; ओव०), उट्टिय=औष्ट्रिक (उवास०), उट्टिया=उष्ट्रिका (उवास० ; ओव०) है। मार्कण्डेय पन्ना २१ के अनुसार उट्ठ रूप भी पाया जाता है। महा० मे संदट्ट = संदष्ट (देसी० ८, १८, गउड०; रावण०) है। इन ग्रंथों में दंश और दश् देखिए ([देसी० में इसका अर्थ इस प्रकार है : संदट्टय च संलग्गयम्मि अर्थात् इसका अर्थ हुआ 'चिपका हुआ' या 'साथ लगा हुआ', इस दृष्टि से इसका दंश या दश् से क्या संबंध हो सकता है, यह विचारणीय है। —अनु०])। दंष्ट्रा महा०, अ०माग० और शौर० में दाढा हो जाता है, चू०पै० में ताठा तथा दंष्ट्रिन् अ०माग० और शौर० में दाढी- बन जाता है (§ ७६)। —§ ८७ के अनुसार वेष्टते दीर्घ स्वर बनाये रखता है तथा वेढइ बन जाता है = पाली वेठति

(वर० ८, ४० ; हेच० ४, २२१ ; क्रम० ४, ६७) । इस प्रकार महा० में **वेढिअ** और **आवेढिअ** रूप मिलते हैं (हाल), अ०माग० में **वेढेमि** (उवास० § १०८), **वेढेइ** (नायाध० ६२१ ; उवास० ११० ; निरया० § ११ ; विवाह० ४४७), **वेढेन्ति** (पण्हा० ११२) ; **उव्वेढेज्ज वा निव्वेढेज्ज वा** (आयार० २,३,२,२), **वेढित्ता** (राय० २६६), **वेढावेइ** (विवाग० १७०) और **आवेढिय** तथा **परिवेढित्त** रूप पाये जाते हैं (ठाणंग० ५६८ ; नायाध० १२६५ ; पण्णव० ४३६ ; विवाह० ७०६ और उसके बाद; १३२३); जै०महा० में **वेढेत्ता, वेढिय*, वेढिउं, वेढेउं** (कालका०), **परिवेढिय** (ऋषभ० २०), **वेढियय** (पाइय० १९९), **वेढाविय** और **परिवेढाविय** (तीर्थ० ७, १५ और १७) रूप देखने में आते हैं ; शौर० में **वेढिद** (मृच्छ० ४४, ४ ; ७९, २० [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस नाटक में यह शब्द देखिए]) ; महा०, अ०माग० और शौर० में **वेढ = वेष्ट** (गउड० ; हाल ; रावण० ; अणुओग० ५५७ ; जीवा० ८६२ ; नायाध० १३२३ ; १३७० ; राय० २६६ ; बाल० १६८, ६ ; २६७, १) ; महा० में **वेढण = वेष्टन** (हाल ; रावण०) है ; माग० में **शवेढण** रूप देखने में आता है (मृच्छ० ११, २२ ; १२७, १२ ; [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; § ३०३ भी देखिए) । अ०माग० में **वेढिय** (आयार० २, १२, १ ; २, १५, २० ; अणुओग० २९ ; पण्हा० ४९० और ५१९ ; ठाणंग० ३३९ ; नायाध० २६९ ; विवाह० ८२३ ; जीवा० ३४८ ; ६०५ ; राय० १८६ ; नंदी० ५०७ ; दस० नि० ६५१, १० ; ओव०) ; महा० और अ०माग० में **आवेढ** (रावण० ; पण्हा० १८५) आया है और महा० में **आवेढण** भी मिलता है (गउड०) । इसी प्रकार बने हुए नीचे लिखे शब्द भी हैं : अ०माग० में ***कोट्ठ** और ***कुट्ठ** से **कोढ = कुष्ट** निकला है, **कोढि** [कुमाउनी में इससे निकले **कोढि-** और **कोढ़ि** रूप चलते हैं], **कोट्ठि-, कुट्ठि-** और **कोढिय** के साथ साथ चलता है और इन रूपों से ही निकला है = ***कुष्टिक** (§ ६६) । अ०माग० में **सेढि**, ***सेट्ठि** और ***सिट्ठि** से निकलकर = **श्रेष्टि**, इस शब्द के अन्य रूप **सेढीय, अणुसेढि, पसेढि** और **विसेढि** हैं (§ ६६) । अ०माग० और जै०शौर० में **लोढ = लोष्ट** (दस० ६२०, १४ ; पव० ३८९, १०), इसके साथ साथ शौर० में **लोट्ठक** रूप है (मृच्छ० ७९, २१), माग० में **लोस्टगुडिआ** रूप मिलता है (मृच्छ० ८०,५) । नियमानुसार बने अ०माग० रूप **लेट्ठु = लेष्टु** (पण्हा० ५०२ ; ओव० ; कप्प०), जै०महा० में **लेट्ठुय = लेष्टुक** (एर्त्सें०), शौर० में **लेट्ठुआ=लेष्टुका** (मृच्छ० ७८, १२) । इन रूपों के साथ **लेड्डुक** भी मिलता है (देशी० ७, २४ ; पाइय० १५३) जिसमें § १९४ के अनुसार **क** का द्वित्व हो गया है । इसके अतिरिक्त **ह**-कार का लोप हो जाने पर **लेडु** रूप भी देखने में आता है (पाइय० १५३), **लेडुअ** रूप आया है (देशी० ७, २४ ; पाइय० १५३), **लेडुक्क** भी मिलता है (देशी० ७,२९ [यहा पाठ में **लेडुक्को लम्पडलुट्ठएसु लोढो अ**, मेरे विचार में **लेडुक्क** का एक अर्थ **लोढा** हो सकता है, अन्यथा **लम्पड = लम्पट** और **लुट्ठअ** में **लुट्ठअ** को **लोष्टक** या **लेष्टुक** का

* **वेढिय** रूप **बेढिय** और **बेढुअ** रूप में कुमाउनी बोली में प्रचलित है । —अनु०

रूप समझना उचित इसलिए नहीं जान पड़ता कि लुट्ठ लोदे या रोड़े के अर्थ में अभी तक देखने में नहीं आया। भले ही यह लुटेरे के लिए आया हो। लोढ़ो अ इसी के जोड़ने से लेड्डुक्क का अर्थ लोढ़ा भी हो जाता है। —अनु०]) = पाली लेड्डु और अ०माग० रूप लेलु भी, जो लेलु लिखा जाता है (§ २२६ ; आयार० १,८,३,१० ; २, १, ३, ४ ; ५, २ ; २, १०, ८ ; सूय० ६४७ ; ६९२ ; दस० ६१४, १४ ; ६३०, १७) इसी से संबंधित है। कोंहलुअ = कोष्टुक, कुलह = कोष्ट्र और कोलहाहल = *कोष्टाफल (§ २४२)। बिना स्वर को दीर्घ किये यही ध्वनि-परिवर्तन महा० में मरढी = महाराष्ट्री ; अ०माग० में अढ = अष्ट; ऊसढ = उत्सृष्ट और निसढ = निसृष्ट में पाया जाता है ; महा० में विसढ = विसृष्ट ; अ०माग० और जै०महा० में समोसढ = समवस्टष्ट (§ ६७)। § ५६४ की भी तुलना कीजिए।

§ ३०५—ष्प और ष्फ, प्फ रूप धारण कर लेते हैं (वर० ३, ३५ और ५१ ; हेच० २, ५३ और ९० ; क्रम० २,१०० और ४९ ; मार्क० २५ और १९) : पल्लवदानपत्र में पुफ जिसका तात्पर्य है पुप्फ = पुष्प (६, ३४), महा०, अ० माग०, जै०महा० और शौर० में भी पुप्फ रूप आता है (हाल ; रावण० ; आयार० २, ३, ३, ९ ; उत्तर० ९८१ ; कप्प० ; एर्त्से०; हास्या० ३१, ३२), शौर० में पुप्फक = पुष्पक (मृच्छ० ६८, ९) ; शौर० और आव० में पुप्फकरण्डअ = पुष्पकरण्डक (मृच्छ० ९३, ९ ; १०७, २ ; १००, २४) ; अप० में पुप्फवई = पुष्पवती (हेच० ४,४३८,३)। सप्फ = शष्प (भाम० ३, ३५ ; हेच० २,५३) है। 'आसुओं' के अर्थ में § ८७ और १८८ के अनुसार वाष्प शब्द का *बाफ रूप के द्वारा बाह बन जाता है तथा 'धुएँ' के अर्थ में इसका रूप बप्फ हो जाता है (वर० ३, ३८ ; हेच० २, ७० ; मार्क० पन्ना १५)। इस प्रकार महा०, जै०महा०, शौर० और अप० में बाह (=आसू : गउड० ; हाल ; रावण० ; अच्युत० ६० ; विक्रमो० ५१, ८ ; ५३, ६ ; ५४, १० ; कर्पूर० ४३, १२ ; ४४, ६ ; बाल० १५६, १६ ; एर्त्से० ८, ९ [यहां वाह पाठ है] ; द्वार० ५०७,१६ ; मगर० ८,१४ ; ऋषभ० १२ ; मृच्छ० ३२५, १५ ; शकु० ८२, ११ ; मालती० ८९, ७ ; उत्तर० ७८,५ ; रत्ना० २९८, २६ ; बाल० २८१,३ ; कर्पूर० ८३,२ ; मल्लिका० १६१,११ ; १९६, १८ [पाठ में वाह है] ; चैतन्य० ३८, १० [पाठ में वाह है] ; हेच० ४, ३९५, २ ; विक्रमो० ५९, ६ ; ६०, १७ ; ६१, ५ ; ६९, २१) ; शौर० में बप्फ पाया जाता है (= धुआ : जीवा० ४३, १०)। बप्फ के स्थान पर मार्कण्डेय पन्ना २५ में बप्प रूप मिलता है, जैसा कि पाली में है और उसने जिस पाद में शौर० पर लिखा है उसमें पन्ना ६८ में बताया है कि शौर० में 'आसुओं' के अर्थ में बप्प का भी प्रयोग किया जा सकता है। निश्चय के साथ यह नहीं कहा जा सकता कि यह बप्प रूप बप्फ के स्थान पर भूल से हस्तलिपियों में लिखा गया या नहीं ? वेणीसंहार ६२,१३ ; ६३, १७ ; ७६, ४ में बप्फ रूप छापा गया है, किंतु १८७० के कलकतिया संस्करण में वाप्प और बाप्प छपा है ; मुद्राराक्षस २६०, ४ में पाठ में बाह आया है। सबसे

अच्छी हस्तलिपियों में **बापा** देखा जाता है। पै० में **बाप्फ** रूप है [इस **बाप्फ** की तुलना फारसी रूप **भाप** से कीजिए। —अनु०]; संवत् १९२६ के कलकतिया संस्करण के पेज २१४, ६ में **बाप्प** रूप छपा है; रुक्मिणीपरिणय ३०, ९ पाठ में **बप्फ** रूप मिलता है, यही रूप मल्लिकामारुतम् ८५,१४ ; १२४,२२ [यहाँ पाठ में **बप्फ** रूप है] में पाया जाता है। **बप्प** अथवा **बप्फ** की ओर नीचे दिये गये रूप भी निर्देश करते हैं, **वस्प**, **वास्प** और **वाप्फ**। शकुन्तला १४०, १३ और प्रियदर्शिका ४२,२ की टीका में भी **बप्फ** रूप आया है। कलकतिया संस्करण ४७, १ में **बप्प** मिलता है। चैतन्यचंद्रोदय ४४, ८ में **वास्प** रूप पाया जाता है। शकुन्तला ८२, ११ की टीका में (हस्तलिपि जेड. (Z) में **बाप्फ** आया है, इसलिए शौर० में भी **बप्फ** रूप शुद्ध माना जाना चाहिए) **बप्प** की भी सम्भावना है। इनके साथ-साथ 'आंसुओं' के अर्थ में **बाह** रूप भी शुद्ध माना जाना चाहिए। पाइयलच्छी ११२ में 'आसुओं' के अर्थ में **बप्फ** और **बाह** दोनों रूप दे दिये गये हैं। — **ष्प** संधियां कभी **प्प** और कभी **प्फ** रूप देती हैं। एक स्थिर रूप उनमें नहीं दिखाई देता, किन्तु यह स्पष्ट है **प्प** का बोलबाला है : अ०माग० और जै०महा० रूप **चउप्पय**, अ०माग० **चउपय** और अप० **चउपअ** = **चतुष्पद** (§ ४३९) ; शौर० में **चदुप्पध** = **चतुष्पथ** (मृच्छ० २५,१४ ; पाठ में **चउप्पह** आया है) है। अ०माग० में **दुप्पधंसग** = **दुष्प्रधर्षक** (उत्तर० २८६); महा० में **दुप्परिइअ=दुष्परिचित** (रावण०); महा० और जै०महा० में **दुप्पेच्छ** और शौर० में **दुप्पेक्खः=दुष्प्रेक्ष्य** (रावण० ; एत्सें० ; ललित० ५५५,११ ; प्रबोध० ४५,११) है। महा० में **णिप्पच्छिम**, **णिप्पच्च** और **णिप्पिवास** = **निष्पश्चिम**, **निष्पच्च** और **निष्पिपास** (हाल), **णिप्पक्ख** = **निष्पक्ष** (गउड०), **णिप्पअम्प**, **णिप्पसर** और **णिप्पह** = **निष्प्रकम्प**, **निष्प्रसर** तथा **निष्प्रभ** (रावण०) ; अ०माग० में **निप्पंक** = **निष्पंक** (पण्णव० ११८ ; ओव०) ; महा० में **णिप्पण्ण=निष्पन्न** के साथ-साथ (हाल) ; महा० में एक साधारण[1] बोलचाल का रूप **णिप्फण्ण** भी चलता था। जै०महा० और अ०माग० में **निप्फन्न** रूप है (रावण० ; एत्सें० ; कालका० ; ठाणंग० ५२५ ; दस० नि० ६३३, २० ; ६५७, ५ ; नायाध० ; कप्प०), **निप्फेस** = **निष्पेष** (हेच० २, ५३) ; अ०माग० में **निप्पाव** = **निष्पाव** (ठाणंग० ३९८) किन्तु बार-बार आनेवाला रूप **निप्फाव** (भाम० ३,३५ ; हेच० २, ५३ ; सूय० ७४७ ; पण्णव० ३४) ; जै०महा० में **निप्फाइय=निष्पादित** (एत्सें०) ; महा० और शौर० में सदा ही **णिप्फन्द** रूप आता है। अ०माग० **निप्फन्द**, जो = **निष्पन्द** के रखा जाना चाहिए (हाल ; रावण० ; अंत० ४८ ; नायाध० १३८३ ; उवास० ; कप्प० ; महावीर० १४, २० ; मल्लिका० ८५, १४ ; ८७, ९ ; १२४, ६ ; १५४, २१ ; २२१, १२ ; चैतन्य० ४३, ४)। — **ष्फ** = **प्फ** : महा० में **णिप्फुर** = **निष्फुर** (गउड०) ; महा० और शौर० में **णिप्फल** और जै०महा० में **निप्फल** = **निष्फल** (हाल ; रावण० ; द्वार० ५०१, ३० ; ऋषभ० १४ ; ललित० ५५५,८ ; मृच्छ० १२०,७ ; मुद्रा० २६६,२ ; चंड० ८, ११ ; मल्लिका० १८१, १७ ; २२४, ५)। — माग० में **ष्प** का रूप

और ष्क का स्क हो जाता है (हेच० ४, २८९) : **शस्यकवल** = **शष्पकवल** ; **णिस्फल**=**निष्फल** है। रुद्रट के काव्यालंकार २,१२ की टीका में नमिसाधु ने बताया है कि उक्त रूपों के स्थान में **ष्प** और **ष्फ** लिखा जाना चाहिए। मृच्छकटिक में **पुष्फकलण्ड**=**पुष्पकरण्ड** (११३, २०), **पुष्फकलण्डअ** रूप भी मिलता है (९६, १८ ; ९९, ४ ; १००, २१ ; १५८,२२०), **पुष्फकलण्डक** भी देखा जाता है (१२९, ५ ; १३२, २ ; १३३, २ ; १४०, ८ और १४, १४६, १६ ; १६२, १८ ; १७३,११) । हस्तलिपियों मे आशिक **पुष्प** और आशिक **पुष्फ** मिलते हैं। ११६, ७ में **दुप्पे क्खं**=**दुष्प्रेक्ष्यः** ; कहीं **दुप्पे च्छे** भी पाया जाता है। इस स्थान पर **पुस्य** और **दुस्पे स्के** रूप पढ़े जाने चाहिए।

१. रावणवहो ४, ३२ के अनुवाद में एस. गौल्दश्मित्त इस विषय पर ठीक लिखा है ; गो० गे० आ० १८८०, पेज ३२९ में पिशल ने जो मत दिया वह अशुद्ध है।

§ ३०६—**स्क** और **स्ख**, **क्ख** बन जाते है (वर० ३, २९ और ५१ ; चंड० ३, ३ ; हेच० २, ४ और ९० ; क्रम० २, ८८ और ४९ ; मार्क० पन्ना २४ और १९) : महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **खन्ध**=**स्कन्ध** (गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० २, १, ७, १ और ८, ११ ; उवास० ; नायाध० ; निरया० ; ओव० ; कप्प० ; एत्सें०) ; पल्लवदानपत्रों मे **खंधकोंडिस**=**स्कन्दकुण्डिनः** (६, १९) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० मे **खम्भ** = **स्कम्भ** (गउड० ; रावण० ; अच्युत० ४२ और ५१; सूय० ९६१ ; जीवा० ४४८ और ४८१; पण्हा० २७९ ; सम० १०१ ; विवाह० ६५८ ; ६६० और ८२३ ; राय० ५८ और १४४ ; नायाध० § २१ और १२२ ; पेज १०५४ ; ओव० ; एत्सें० ; मृच्छ० ४०, २२ और ६८, १८, विद्ध० ६०,२ ; धूर्त० ६,५ ; हेच० ३,३९९) है। व्याकरणकार (वर० ३, १४ ; भाम० ३, ५० ; चड० ३, १० और १९ ; हेच० १, १८७ ; २, ८ और ८९ ; क्रम० २, ७७ ; मार्क० पन्ना २१) **खम्भ** रूप को **स्तम्भ** से निकला बताते हैं क्योंकि वे सस्कृत को ही प्राकृत का आधार मानते हैं। किन्तु यह स्वभावतः वैदिक **स्कम्भ** का रूप है। **अवक्खन्द्** = **अवस्कन्द्** (हेच० २, ४) ; अ०माग० में **अमणक्ख** और **समणक्ख** = **अमनस्क** और **समनस्क** (सूय० ८४२) ; **मक्खर** = **मस्कर** (क्रम० २,८८) है। हेमचन्द्र २,५ और मार्कण्डेय पन्ना २४ के अनुसार **स्कन्द्** में **ह** कार कभी-कभी नही रहता : **खन्द्** और साथ साथ **कन्द्** रूप भी चलता है। नियम यह है कि सन्धि होने पर ह-कार नही रहता (§ ३०१) : **ऍक्कार** = **अयस्कार** (हेच० १, १६६); अ०माग० और जै०महा० में **नमोक्कार** = **नमस्कार** (हेच० २, ४ ; आयार० २, १५, २२ ; एत्सें० ; कालका०), इसके साथ-साथ **णमोयार** और **णवयार** (चंड० ३, २४ पेज ५१) रूप भी चलते हैं तथा महा० में **णमक्कार** रूप भी देखा जाता है (गउड०) ; § १९५ की तुलना कीजिए ; अ०माग० और जै०-महा० में **तक्कर** = **तस्कर** (पण्हा० १२० ; नायाध० १४१७ उत्तर० २९१ ; उवास० ; ओव०, एत्सें०); अ०माग० रूप **तक्करत्तण** भी मिलता है (पण्हा० १४७);

शौर० में **तिरक्कार** = **तिरस्कार** (प्रबोध० १५, १) ; शौर० में **तिरक्करिणी** = **तिरस्करिणी** (शकु० ११९,३) है। काश्मीरी संस्करण में यही पाठ है (११२,१४)। परन्तु बोएटलिंक द्वारा सम्पादित देवनागरी संस्करण ७७, ९ में और दक्षिण भारतीय संस्करण २५६, १७ में हस्तलिपि में **तिरक्खरणी** पढ़ते हैं, जैसा कि बौँ लें नसेन ने विक्रमोर्वशीय २४, ४ ; ४२, १९ में किया है ; यह उसने अपनी श्रेष्ठ हस्तलिपियों के विपरीत छापा है क्योंकि उनमे **तिरक्करिणी** पाठ है ; बंबइया संस्करण १८८८ के ४१, ६ और ७२, १ मे शुद्ध पाठ **तिरक्करिणी** है ; शकुन्तला और विक्रमोर्वशीय इस विषय पर अनिश्चित हैं। वे कभी **तिरक्खरिणी** और कभी **तिरक्करिणी** पाठ देते हैं। महा० में **सक्कअ**, अ०माग० और जै०महा० में **सक्कय** और शौर० में **सक्कद** = **संस्कृत** ; अ०माग० और जै०महा० में **असक्कय** = **असंस्कृत** है ; महा० में **सक्कार** = **संस्कार** ; जै०महा० मे **सक्कारिय** = **संस्कारित** (§ ७६) है। अ०माग० में **पुरक्कड** = **पुरस्कृत** (सूय० ६९२) है, इसका एक रूप **पुरकेड** भी है (सूय० २८४ और ५४० ; दस० ६२७, ७ और ६३३, १७ ; ओव०) । इसके साथ-साथ अ०माग० में **संखय** (§ ४९) और **संखडि** रूप = **संस्कृति** (कप्प०) है। **उवक्खड** = **उपस्कृत** (उत्तर० ३५३), **पुरेक्खड** रूप भी देखा जाता है (पण्णव० ७९६ और उसके बाद)। § ४८ और २१८ की तुलना कीजिए। **णिक्क*** (= चोर : देशी० ४, ३७) = ***निष्क** इसी नियम से सम्बन्धित है। अ०माग० में **नक्क*** (= नाक : देशी० ४, ४६ ; आयार० २, ३, २, ५ ; सूय० २८० और ७४८) = ***नास्क** है जो वैदिक **नास्** का रूप है और जिसका लिंग बदल गया है। इससे **नक्कसिरा** (= नाक के छेद - नथने : पाइय० ११४) भी सम्बन्धित है। — **स्ख** = **क्ख** : महा० और जै०महा० में **खलइ** ; शौर० में **खलदि** = **स्खलति** (रावण० ; द्वार० ५०४, ३४ ; शकु० १३१,६) ; ढक्की में **खलन्तआ** रूप आया है (मृच्छ० ३०, ८) ; महा० में **खलिअ** मिलता है; जै०महा० में **खलिय** और शौर० में **खलिद** = **स्खलित** (गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से०; विक्रमो० ३५,९) ; महा० और शौर० में **परिक्खलन्त** रूप भी पाया जाता है (हाल ; रावण० ; मृच्छ० ७२, ३); महा० में **परिक्खलिअ** आया है (गउड० ; रावण०)। हेच० ४, २८९ के अनुसार माग० में **स्क** और **स्ख** ज्यों के त्यों बने रहते हैं : **मस्कलि**=**मस्करित्** ; **पस्खलदि**= **प्रस्खलति** है। रुद्रट के काव्यालंकार की नमिसाधु की टीका के अनुसार **स्ख** का **श** हो जाता है। पाठों में **क्ख** पाया जाता है : **खलन्ती** रूप है (मृच्छ० १०, १५), **पक्खलन्ती** रूप भी आया है (मृच्छ० ९, २३ ; १०, १५) और **खन्धेण** भी देखा जाता है (मृच्छ० २२, ८) । इस रूप में फेर-फार नहीं है। **हत्थिक्खन्धं** (शकु० ११७, ४) जहाँ हस्तलिपि आर. (R) में **हस्थिस्कन्धं** है। इनके रूप **स्खलन्ती** , **पस्खलन्ती**, **स्कन्धेण** और **हस्तिस्कन्धं** होने चाहिए। सभी अवसरों पर यही नियम लागू होना चाहिए।

§ ३०७—**स्त** और **स्थ**, **त्थ** बन जाते हैं (वर० ३, १२ और ५१ ; हेच०

* **णिक्क** का **नक्को** रूप होकर कुमाउनी में 'बुरे आदमी' के अर्थ में आता है। —अनु०

२, ४५ और ९० ; क्रम० २, ८५ और ४९ ; मार्क० पन्ना २१ और १९) : महा० में **थण = स्तन** (गउड० ; हाल ; रावण०), **थुइ = स्तुति** (गउड० ; रावण०), **थोअ = स्तोक** (गउड० ; हाल ; रावण०), **अत्थ = अस्त** (गउड० ; रावण०) और **= अस्त्र** (रावण०), अत्थि = अस्ति (§ ४९८) है। **पत्थर = प्रस्तर** (हाल), **हत्थ = हस्त** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; पल्लवदानपत्रों मे **वत्थवाण = वास्तव्यानाम्** (६, ८) और **सहत्थ = स्वहस्त** (७, ५१) है। अन्य प्राकृत भाषाओं में भी यही नियम चलता है। सधिवाले रूपों में नियमानुसार ह-कार नहीं आता (§ ३०१) : अ०माग० और जै०महा० मे **दुत्तर = दुस्तर** (आयार० २, १६, १० ; सूय० २१३ ; एत्सें०) ; महा० में **दुत्तार = दुस्तार**, **दुत्तारत्तण = *दुस्तारत्वन** (रावण०); अ०माग० मे **सुदुत्तार** रूप मिलता है (ओव०)। अ०माग० मे **नित्तुस = निस्तुस** (पण्हा० ४३५) है। इसी प्रकार महा० और अ०-माग० में **समत्त = समस्त** (हेच० २, ४५ ; रावण० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प०)। इसके साथ साथ महा०, जै०महा० और शौर० में **समत्थ** भी काम में आता है (रावण० ; एत्सें० ; कालका० ; महा० २७, ६ ; २८, १० ; किन्तु बंबइया संस्करण ५९, ४ तथा ६२, १ मे **समत्त** रूप दिया गया है)। क्रमदीश्वर २, ११० में **उरअड = उरस्तट** बताता है किन्तु इसका स्पष्टीकरण जैसा कि लास्सन' ने पहले ही बता दिया था **उर** रूप से होता है (§ ४०७ [इस § मे **उर** का उल्लेख नहीं है। सम्भवतः यह छापे की भूल हो और यह प्रसग किसी दूसरे § मे आया हो। —अनु०])। **थेण = स्तेन** के साथ साथ (= चोर : हेच० १, १४७ ; देशी० ५, २९ ; पाइय० ७२), **थेणिल्लिअ** (= लिया हुआ ; भीत : देशी० ५, ३२ [देशी-नाममाला मे लिखा है **थेणिल्लिअं हरिअपीएसु** और टीका मे हेमचद्र ने कहा है **थंणिल्लिअं हृतं भीतं च**, इस कारण ज्ञात होता है **थेणिल्लिअ** का अर्थ रहा होगा 'चोरी में खोयी गयी सपत्ति'। **हृत** का अर्थ बंगाल्या मे आज भी 'हारा' होता है, इसलिए **थेणिल्लिअ** = 'हाराधन'। कुमाउनी मे भी **हृत** से प्राकृत मे जो **हरिअ** रूप बना है, उसका यही तात्पर्य है। **हरैइ** रूप का अर्थ है 'खोया हुआ या चोरी में गया माल'। इस निदान के अनुसार **थेणिल्लिअ** का सम्बन्ध **थेण** से स्पष्ट हो जाता है। —अनु०])। **थूण** भी है (§ १२९ [**थूण** का अर्थ देशीनाममाला में **तुरग** है। इससे पता लगता है कि § १२९ के अनुसार यह शब्द **तूर्ण** से निकला होगा ; **तुरग** अर्थात् 'शीघ्रता से जानेवाला'; हेमचद्र १, १४७ मे दिया है : **ऊः स्तेने वा**··· टीका में दिया है **थूणो, थेणो**, इसमें अवश्य ही हेमचद्र दो भिन्न-भिन्न शब्दों की गड़बड़ी से भ्रम मे पड़ गया है, क्योंकि **थेण** रूप तो **स्तेन** का प्राकृत है, पर उसके समय मे चोर को **थूण** भी कहते होंगे और उसने समझ लिया कि जनता के मुख में **ए** का **ऊ** हो गया होगा। पर वस्तुस्थिति यह है कि चोर के नाममात्र के खटके में भाग निकलने के कारण उसका एक नाम **थूण** पड़ गया होगा, जो अर्थसंगत है])। अ०माग० और जै०महा० मे बिना अपवाद के **तेण** रूप काम मे आता है (आयार० २, २, ३, ४ ; २, ३, १, ९ और १० ; २, ४, १, ८ ; पण्हा० ४१२ और उसके

बाद ; क्रम० ८५ ; उत्तर० २२८ ; ९९० ; दस० ६२३, ३६ और ४० ; ६२४, १० ; ६२७, ३४ ; उवास० ; आव० एर्से० ४४, ७) ; अ०माग० में **अतेण** = **अस्तेन** रूप पाया जाता है (आयार० २, २, २, ४), **तेण** है (ओव०), **तेणिय** रूप भी काम में आया है (जीयक० ८७ ; कप्प०) जो = **स्तैन्य** है। **थेण** का **तेण** से वही सम्बन्ध है जो **स्तायु** का **तायु** से है। **तेन** (= चोरी) रूप जैन लोगों की संस्कृत भाषा में भी ले लिया गया है[१]। हेच० २, ४६ और मार्क० पन्ना २१ के अनुसार **थव** = **स्तव** के साथ-साथ **तव** भी काम मे लाया जा सकता है। वर० ३, १३ ; हेच० २, ४५ और मार्क० पन्ना २१ में बताया गया है कि **स्तम्ब** का रूप **तम्ब** हो जाता है। — **स्थ** = **स्थ** : महा० में **थउड** = **स्थपुट** (गउड०), **थल** = **स्थल** (गउड० ; हाल), **थिर** = **स्थिर** (गउड० ; हाल), **अवत्था** = **अवस्था** (हाल ; रावण०) और शौर० मे **काअत्थअ** = **कायस्थक** (मृच्छ० ७८, १३)।

१. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए § ८२, पेज २७१। — २. ए. म्युलर, बाइत्रैगे, पेज १७।

§ ३०८—दत्य **स्थ** के स्थान पर कभी-कभी **स्त** और **स्थ** के लिए मूर्धन्य **ट्ठ** आ जाता है। बीच-बीच में **त्त** और **ट्ठ** दोनों रूप पास-पास में ही एक साथ देखने में आते है और एक ही प्राकृत बोली के एक ही धातु से निकले नाना शब्दों के भिन्न-भिन्न रूपोंमें भी यह प्रक्रिया चलती है। परिणाम यह हुआ कि इसका नियम स्थिर करना असम्भव हो गया है कि कहा **स्थ** ध्वनि आनी चाहिए और कहा **ट्ठ**। महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **अट्ठि** = **अस्थि** (वर० ३, ११ ; हेच० २, ३२ ; क्रम० २, ६९ ; मार्क० पन्ना २१ ; गउड० ; हाल ; अणुत्तर० ११ और २२ ; आयार० १, १, ६, ५ ; २, १, १, २ ; ३, ४ ; सूय० ५९४ ; विवाग० ९० ; विवाह० ८९; ११२; १६८ ; १८३ ; २८० ; ९२६ ; ठाणग० ५४ और उसके बाद ; १८६ और ४३१ ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्से० ; चंड० ८७, ९) ; महा० में **अट्ठिअ** और जै०महा० में **अट्ठिय** = **अस्थिक** (हाल ; आयार० २, १, १०, ६); शौर० में **अट्ठिअ** = **अस्थिज** (मृच्छ० ६९, १२ ; यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; अ०माग० मे **बहुअट्ठिय** रूप भी देखनेमें आता है (आयार० २, १, १०, ५ और ६)। — **स्तम्भ** के दो रूप बनते हैं—**थम्भ** और **ठम्भ**। यह केवल तब होता है जब इसका अर्थ 'अस्पन्द' या 'अटलता' होता है (हेच० २, ९)। मार्कंडेय पन्ना २१ में केवल **थम्बम्भ** रूप आया है और महा० में इसी का व्यवहार है (रावण०); जै०महा० में **गईथम्भ** = **गतिस्तम्भ** रूप मिलता है (एर्से० ८२, २१), **मुहत्थम्भ** = **मुखस्तम्भ** भी है (एर्से० ८२, २२); शौर० मे **ऊरुत्थम्भ** रूप देखा जाता है (शकु० २७, १ ; प्रिय० १७, १२)। 'खंभे' के अर्थ में महा०, अ० माग० और शौर० में केवल **थम्भ** शब्दका प्रयोग होता है (चंड० ३, ११ ; हेच० २, ८ ; रावण०; विवाह० १३२७ ; मालवि० ६३, १ ; विद्ध० ७४, ७ ; [हेमचंद्र २, ८ में बताया गया है कि काठ आदिका खम्भा होनेपर **खम्भ** और **थम्भ** रूप काम में

लाये जाते हैं ; **स्त** के स्थान पर **ख** आ जाने का अर्थ 'काष्ठादिमय' खम्भा है। —अनु०])। **थम्भिज्जइ** = **स्तभ्यते** के साथ-साथ हेमचन्द्र २, ९ में **ठम्भिज्जइ** रूप भी सिखाता है [हेमचन्द्र ने पिशल के **स्तभ्यते** के स्थान पर **स्तम्भ्यते** रूप दिया है, हस्तलिपि बी. (B) में **स्तभ्यते** भी लिखा है। —अनु०])। बहुत अधिक उदाहरण दन्त्य **थ**—वाले ही मिलते हैं, जैसे महा० में **थम्भिअ**, अ०माग० और जै०महा० में **थम्भिय** (गउड० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका०) पाये जाते हैं ; महा० में **उत्तम्भिज्जइ** और **उत्तम्भिज्जन्ति** रूप भी देखने में आते हैं (गउड० ; रावण०) ; महा० में **उत्तम्भिअ** रूप भी है (हाल ; रावण०) ; शौर० में **उत्तम्भिद** का प्रयोग है (प्रिय० ४, ७) ; अप० रूप **उट्ठब्भइ** में स्पष्ट ही मूर्धन्य ठ-कार का व्यवहार किया गया है (हेच० ४, ३६५, ३)[१]। **खम्भ** के विषय में § ३०६ देखिए। — **थेर** के साथ-साथ बहुधा **ठेर** भी पाया जाता है = **स्थविर** (§ १६६) है। — अ०माग० में **तत्थ** = **त्रस्त** के साथ-साथ (उवास०), महा० में **उत्तत्थ** (हाल), **संतत्थ** (गउड०) देखने में आते ही हैं किंतु हेमचन्द्र २, १३६ के अनुसार **तट्ठ** रूप भी चलता है। महा० में **हित्थ** (हाल ; रावण०) और **आहित्थ** रूपों को व्याकरणकार (वर० ८, ६२ ; परिशिष्ट ए. (A) ३७ ; हेच० २, १३६ ; देशी० ८, ६७ ; पाइय० २६० ; त्रिवि० ३, १, १३२) इसी **त्रस्त** से निकला बताते हैं। एस० गौल्दश्मित्त[२] **हित्थ** को **भीष्** से जोड़ता है। वेबर[३] इसे **ध्वस्त** या **अधस्तात्** से सम्बन्धित मानता है। इस **अधस्तात्** से महा०, अ०माग० और जै०महा० **हेट्ठ** और **हिट्ठ** बनते हैं (§ १०७)। होएफर[४] का विचार था कि **त्रस्त** के आरम्भिक वर्ण **त** का **ह**-कारयुक्त हो जाने के कारण **हित्थ** रूप बन गया। जनता में प्रचलित बोली में यह रूप चला गया था और **हित्थ** देशीभाषा में भी मिलता है (= लज्जा : पाइय० १६७), **हित्था** (= लज्जा : देशी० ८, ६७), **हित्थ** (= लज्जित ; भयकर : देशी० ८, ६७ पर गोपाल की टीका ; हाल ३८६ की टीका में उल्लिखित देशीकोश की तुलना कीजिए), **आहित्थ** (= चलित ; कुपित ; आकुल : देशी० १, ७६ ; पाइय० १७१ [**हित्थ** का बँगला में **हाटुनि, हाटा, हाँटि** आदि रूप वर्तमान हैं और कुमाउनी में **हिटणो** रूप है। यह रूप हिंन्दी में हटकना, हटना आदि में आया है। प्राकृत में इसी अर्थ का एक शब्द **ओहट्टोः अपस्टतः** भविसत्त कह में मिलता है। इसमें **ओहट्ट** = **अवहट्ट** और इसका अर्थ है 'अलग हट जाना'। यह **हद्** धातु = **अट् गमने**। **अहित्थ** या **हित्थ** जब इसका अर्थ 'त्रस्त होता है' तो यह **पीं'त**, ***भित्त**, ***हित्त** और इससे **हित्थ** बना है। इसको इसी प्रकार व्युत्पन्न किया जा सकता है। —अनु०]) और इसका मूर्धन्यीकरण होकर इसके रूप **हिट्ठ** और **हिट्ठाहिड** मिलते हैं (= आकुल : देशी० ८, ६७)। **स्थ** से **ट्ठ** में ध्वनिपरिवर्तन से ऐसा निर्देश होता है कि इसमें **स्त** रहा होगा और मेरा यह मानना है कि इस रूप का **अधस्तात्** से निकलना शुद्ध है [इसमें एक आपत्ति यह की जा सकती है कि **हित्थ अधस्तात्** से **इ** का आगमन कैसे हो गया ? —अनु०]। शौर० में **पल्लत्थ** और इसके साथ-साथ जनता की बोली के रूप **पल्लट्ट** और **पल्लट्टइ** (§ २८५) = **पर्यस्त** ;

पल्लहू में **ह्**-कार लोप हो गया है, जैसे **समत्त** और इसके साथ-साथ चलनेवाले रूप **समत्थ = समस्त** (§ ३०७) [प्राकृत में **पर्यस्त** से बना **पल्हत्थ** रूप, जिसमें **ह्**-कार है, मिलता है] है। रावणवहो ११,८५ में **पल्हथा** आया है। इस पर ए० सी० वुल्नर ने अपने ग्रंथ 'इन्ट्रोडक्शन टु प्राकृत', पेज १२१ में यह टीका की है; **पल्हत्थ** टीकाकार के अनुसार = **पर्यस्त** अर्थात् आकुल, पर यह रूप **पल्लत्थ** होना चाहिए (**र य** को अपने में मिला लेता है और फिर **ल** रूप ग्रहण कर लेता है)। **पल्हत्थ = *प्रह्लस्त** जो **ह्लस् = ह्रस** धातु से बना है जिसका अर्थ 'ह्रास होना' अर्थात् 'घटना' है [न मालूम उक्त उदाहरण महाविद्वान लेखक पिशल की दृष्टि से कैसे बच गया। —अनु०]। महा०, शौर० और अप० में **विसंठुल = विसंस्थुल**, इसका एक रूप **विसंस्ठुल** संस्कृत में भी इसका एक रूप **विसंस्ठुल** लिखा जाता है (हेच० २, ३२ ; मार्क० पन्ना २१ ; पाइय० २६४ ; गउड० ; हाल०; रावण० ; मृच्छ० ४१, १० ; ११७, १९ ; विक्रमो० ६०, १८ ; प्रबोध० ३९, ८ ; मल्लिका० १३, ३ ; हेच० ४, ४३६ [हेच० २, ३२ और ४, ४३६ में प्राकृत के **विसण्ठुल** रूप के उदाहरण दिये गये हैं, न कि किसी **विसंठुल** रूप के, जो संस्कृत में भी लिखा जाता हो —अनु०] ।

१. पिशल, बे० बा० १५, १२२। — २. रावणवहो में भीष् शब्द देखिए। — ३. हाल ३८६ की टीका। — ४. त्सा० वि० स्प्रा० २, ५१८।

§ ३०९—एक ही शब्द में कभी **त्थ** और कभी **ट्ठ** की अदला-बदली विशेषकर **स्था** धातु और उससे निकले रूपों में दिखाई देती है। इसमें इस बात की आवश्यकता नहीं है कि हम ओस्टहौफ[१] की भाँति झूठी समानता के आधार पर **ठ** को शुद्ध सिद्ध करें। लोग बोलते थे ; पल्लवदानपत्रों में **अणुवट्टावेति=अनुप्रस्थापयति** (७, ४५; § १८४ और १८९ की तुलना कीजिए); महा० और जै०महा० में **ठाइ= *स्थाति** , महा० में **णिट्ठाइ** और **संठाइ** रूप मिलते हैं ; जै०महा० में **ठाह** रूप आया है; अ०माग० में **अब्भुट्ठन्ति** देखने में आता है तथा जै०महा० में **ठायन्ति** रूप है, किन्तु अप० में **थन्ति** पाया जाता है ; अप० में **उट्ठेइ**, जै०महा० में **उट्ठह**, अ०माग० और जै०महा० में **उट्ठेइ**, जै०महा० और शौर० में **उट्ठेहि** रूप मिलते हैं, किन्तु शौर० में **उत्थेहि** और **उत्थेदु** रूप भी प्रचलित हैं (§ ४८३); महा० में **ठिअ** ; अ०माग० और जै०महा० में **ठिय** तथा शौर० में **ठिद** रूप = **स्थित** (गउड०; हाल ; रावण०; आयार० १, ६, ५,५; नायाध०; कप्प०; एर्त्से०; कालका०; विक्रमो० ४२, १८; ५२, २), किन्तु साथ ही **थिअ** रूप भी काम में आता है। शौर० में **थिद** चलता है (हेच० ४, १६; विक्रमो० ८३, २०); महा०, अ०माग० और जै०महा० में **ठवेइ**, अप० में **ठवेहु**, अ०माग० में **ठावेइ** और जै०महा० में **ठावेमि** रूप देखे जाते हैं। अप० में **पट्ठाविअइ** ; शौर० में **पट्ठाविअ** आये हैं, इसके साथ-साथ शौर० में **समवत्थावेमि** भी काम में आता है और **पज्जवत्थावेहि** रूप भी चलता है (§ ५५१); महा० में **उट्ठिअ** आया है; अ०माग० और जै०महा० में **उट्ठिय** रूप का प्रचार है (हेच० ४, १६; रावण०; अणुओग० ६०; विवाह० १६९; आयार० १, ५, २, २; नायाध०;

कप्प०; एर्त्से०), परन्तु **उत्थिअ** रूप भी चलता है और शौर० में **उत्थिद** आता है (हेच० ४,१६; विक्रमो० ७५, १५; इस नाटक में **उट्ठिद** शब्द भी देखिए) । **पट्ठिअ = प्रस्थित** (हेच० ४, १६), किन्तु महा० मे **पत्थिअ** रूप आया है (हाल; रावण०), शौर० में **पत्थिद** मिलता है (शकु० १३६,१६; विक्रमो० १६, २; २२,१७; मालती० १०२, ८; १०४, २ और ३; १२४, ६; मुद्रा० २२८, ५ ; २६१, ३; प्रबोध० १७, ९; प्रिय० ८, १६) । अ०माग० और जै० महा० में **उवट्ठिय = उपस्थित** (भग०; एर्त्से०; कालका०), पर शौर० में **उवत्थिद** रूप मिलता है (शकु० १३७, ९; विक्रमो० ६,१९; १०,२; ४३३) । महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर०, जै०शौर० और अप० में **ठाण=स्थान** (हेच० ४, १६ ; पाइय० २६१ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १,२,३,६ ; २,२,१,१ और उसके बाद ; सूय० ६८८ ; उत्तर० ३७५ ; विवाह० १३१० ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका० ; ऋषभ० २९ ; पव० ३८३, ४४ ; मृच्छ० ७०, २५ ; १४१, २ ; शकु० १२३, ७ ; १५४, ८ ; विक्रमो० २३, १५ ; ४४, ७ आदि-आदि ; हेच० ४, ३६२) है, परतु महा० में **थाण** रूप भी चलता है (हेच० ४, १६ ; रावण०) ; अ०माग० में **ठाणिज्ज** (= गौरवित ; प्रतिष्ठित : देशी० ४,५; निरया० § १०) है । इसके साथ-साथ **थाणिज्ज** रूप भी चलता है (देशी० ४,५ ; देशी० ४, ५ की टीका मे दिया गया है : **अयं दन्त्यादिपीत्येके । थाणिज्जो** [इसके ऊपर श्लोक मे **ठाणिज्जो गोरविअम्मि** लिखा है । —अनु०]) = **स्थानीय** [इसकी तुलना हिंदी के स्थानीय शब्द के अर्थ से कीजिए । —अनु०] ; महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **ठिइ** तथा शौर० मे **ठिदि = स्थिति** (हाल ; रावण० ; उवास ; ओव० ; निरया०; नायाध० ; कप्प०; एर्त्से०) है, किन्तु साथ-साथ महा० मे **थिइ** और शौर० में **थिदि** रूप भी मिलते है (रावण० ; विक्रमो० २८, १९ ; ७२, १६ ; शकु० १०७, १२ की टीका) और इसी भाँति और बहुत से उदाहरण है। सधि के अन्त मे **-स्थ** सदा **-त्थ** रूप धारण कर लेता है : महा० मे **कमलत्थ** और **करत्थ** रूप मिलते हैं (हाल), **दूरत्थ** रूप भी पाया जाता है (रावण०) ; अ०माग० मे **आगारत्थ** आया है (आयार० १, ८, १, ६), **गारत्थिय** देखने में आता है (आयार० २, १, १, ७) ; जै०महा० मे **आसन्नत्थ, जोॅव्वणत्थ, सहावत्थ** और **हिययत्थ** रूप मिलते हैं (एर्से०) ; शौर० मे **एकत्थ** (मृच्छ० ७३, ३ ; शकु० २६, १४) है । **वअत्थ = वयस्थ** (शकु० १४१, ९) और **पइदित्थ = प्रकृतिस्थ** रूप काम मे आते हैं (शकु० १६०, १३) ; महा० , अ०माग०, जै० महा०, जै०शौर० और शौर० में **मज्झत्थ = मध्यस्थ** (§ २१४) है । संस्कृत **त्थ** की समानता मे **अश्वत्थ** अ०माग० में **अंसोॅत्थ, अस्सोॅत्थ, आसोॅत्थ और आसत्थ** रूप ग्रहण करता है (§ ७४) ; अ०माग० और माग० मे **कपित्थ** का रूप **कविस्थ** बन जाता है (आयार० २, १, ८, १ तथा ६ ; मृच्छ० २१, २२), किंतु अ० माग० मे अधिकांश में **कविट्ठ** रूप ही चलता है (निरया० ४५ ; पण्णव० ३१ और ४८२ ; जीवा० ४६ ; दस० ६२३, ८ ; उत्तर० ९८३ और उसके बाद) । — 'शिव' के अर्थ में **स्थाणु** का प्राकृत रूप वररुचि ३, १५ ; हेमचंद्र २, ७ ; क्रमदीश्वर २,

७८ और मार्कंडेय पन्ना २१ के अनुसार **थाणु** होता है और 'खंभ, थूनी तथा ठूंठ' के अर्थ में **खाणु** हो जाता है [हेच० २, ७ के पाठ में **खाणू** रूप छपा है। मेरे पास मार्कंडेय का जो प्राकृतसर्वस्वम् है और जो बंबई का छपा लगता है, उसमें पेज १९ और ३, १८ में **खण्णू** रूप छपा है। —अनु०]। इसके अनुसार **थाणु = शिव** (पाइय० २१ ; गउड०) ; अ०माग० में 'ठूठ या खंभ' के अर्थ में **खाणु** मिलता है (पण्हा० ५०९ ; नायाध० ३३५ ; उत्तर० ४३९) ; परंतु जै०महा० में 'पेड़ के ठूंठ' और 'खंभ' अर्थ में **थाणु** रूप काम में आता है (पाइय० २५९ ; द्वार० ५०४, ९)। **खाणु** रूप जिसके साथ-साथ **खण्णु** रूप भी बोला जाता था (हेच० २, ९९ ; मार्क० पन्ना २१ और २७ ; इन सूत्रों में भी हेच० में **खण्णू** , **खाणू** और मार्क० में **खण्णू** रूप आया है [ग्रन्थों में दीर्घ का ह्रस्व रूप बहुधा हो जाता है, इस कारण ही विद्वान लेखक ने ह्रस्व रूप दिया होगा। —अनु०])। **स्थाणु** के एक दूसरे पर्याय ***स्खाणु** से निकले हैं। **थाणु** का **खाणु** से वही संबंध है जो **स्तुभ्** का **क्षुभ्** से है तथा **स्तम्भ** का **स्कम्भ** से। यही संबंध प्राकृत **दुत्थ** का **दुक्ख** से है (§ ९० ; १२० ; ३०६ और १३१)। — **स्थग्** के महा० रूप का आरंभिक वर्ण दंत्य है : **थएइ** (रावण०) रूप आया है, **थएसु**, **थइस्सं** और **थइउं** भी काम में आते हैं (हाल), **थइअ** भी पाया जाता है (हाल ; रावण०) , **उत्थइअ** और **समुत्थइउं** भी पाये जाते हैं (हाल), **ओत्थइअ** और **समोत्थइअ** रूप भी चलते हैं (रावण०), किन्तु जै०महा० में मूर्धन्यीकरण हो गया है : **ठइय** और **ठाइऊण** रूप देखने में आते हैं (आव० एर्त्से० ३०, ४)। **स्थार** के पर्याय धातु ***स्थक्** से पाली में **थकेति** रूप बना है। इसके रूप महा०, जै०महा०, शौर० और माग० में **ढक्कइ** और **ढक्कदि** (§ २२१) होते हैं। इस पर भी जै०महा० में **थक्किस्सइ** रूप भी मिलता है (तीर्थ० ५, १९)।

१. येनाएर लितेरातूर त्साइटुंग १८७८, पेज ४८६।

§ ३१०—माग० में **स्त** बना रहता है (हेच० ४, २८९) और **स्थ** के स्थान में **स्त** आ जाता है (हेच० ४, २९१ ; रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ पर नमिसाधु की टीका) : **हस्ति = हस्तिन्** ; **उवस्तिद = उपस्थित** ; **समुवस्तिद = समुपस्थित** और **शुस्तिद = सुस्थित**। नमिसाधु ने बताया है कि **स्त** का **इत** बन जाता है। ललितविग्रहराजनाटक में नीचे दिये रूप आये हैं : **तत्थ स्तेहिं = तत्रस्थैः** (२६५, २०) ; **उवस्तिदाणं = उपस्थितानाम्** ; **कडस्तलाणं = कटस्थलानाम्** ; **पाशस्तिदे=पार्श्वस्थितः** ; **णिअस्ताणादो = निजस्थानात्** (५६६, ३ ; ९ ; १२ और १५) ; **स्तिदा = स्थिताः** और **अस्ताणस्तिदे = अस्थानस्थितः** (५६७, १ और २) हैं। स्टेन्सलर और गौडबोले, जो यहां पर तथा बहुधा अन्य स्थलों पर भी स्टेन्सलर का अनुसरण करता है, मृच्छकटिक में **स्त** के स्थान पर अधिकांश स्थलों में **इत** लिखता है, पर **स्थ** के लिए **स्थ** ही देता है। इस ढंग से **हश्त = हस्त** (१२, १४ ; १४, १ ; १६, १३ ; २१, १२ ; २२, ४ ; १२१, २५ ; १२२, २० ; १२६ २४) है, किन्तु उक्त नियम के विपरीत **हत्थ** रूप भी मिलता है (३१, १८ ; ३९, २०;

१३४, १ ; २ और ३ ; १३५, १ और २ ; १६०, ३ ; १७१, ३) और **हत्थि-** = **हस्थिन्** (४०, ९ ; १६८, ४) जैसा कि शकुन्तला ११७, ४ तथा वेणीसंहार ३४, १४ में आया है। मृच्छकटिक की हस्तलिपियों में अधिकाश स्थलों पर **-स्थ-** आया है, केवल एक हस्तलिपि में १६, २३ तथा २१, १२ में **-स्त** मिलता है। एक दूसरी हस्तलिपि में **हच्छे** भी देखने में आता है तथा एक बार **हन्छे** रूप भी पाया जाता है। इसके विपरीत एक हस्तलिपि मे १४, १ मे **हस्तादो** रूप लिखा गया है। २२, ४ में ५ हस्तलिपियों ने **हस्ते** रूप प्रयुक्त किया है और १२६, २४ में हस्तलिपियों ने **हस्ते** लिखा है। इससे निष्कर्ष निकलता है कि **स्त** से **स्त** के अधिक प्रमाण मिलते हैं। इसके अतिरिक्त एक उदाहरण **थुणु** है जो = **स्तुहि** के (११३, १२ ; ११५, ९), किन्तु हस्तलिपियों में **स्तुणु** और **स्तुण** अथवा **शुणु**, **सुणु** तथा इसी प्रकार के रूप मिलते है जो = **शृणु** है ; **मस्त** और **मस्तक**=**मस्त** और **मस्तक** है (१२, १७; २०, १७ ; २१, २२ ; १४९, २५ ; १५१, २४), परन्तु **मत्थ** रूप भी आया है (१६१, ७) ; हस्तलिपियों में अधिकाश स्थलों पर **-स्त-**, बहुत कम स्थलों में **-स्थ-** और केवल एक बार १६१, ७ में **-स्त-** लिखा मिलता है ; हस्तलिपि ए. (A) १२, १७ और १४९, २५ में **मस्थक** रूप लिखती है, जैसा कि स्टेन्त्सलर ने **इस्थिआ** = **इत्थिआ**=**स्त्रीका** में लिखा है (१२, ३ और ५ ; ११९, २३ ; १३६, १३ ; १४०, १० ; १४५, ३ और ४ ; १४६, ४ ; १६४, २०)। इसके विपरीत उसने **इत्थिआ** रूप भी दिया है (११२, ६ ; १३४, १ और ५)। हस्तलिपिया अधिकाश स्थलों मे **-त्थि-** देती हैं, केवल ११२, ६ बी. (B), १४०, १० ई. (E) और १४५, ४ डी.(D) मे **-स्ति-** आया है। इन रूपों के विपरीत ११२, ६ एच. (H) में **ईस्थिअं**, सी. मे **-स्त्रि-**, १३६, १३ डी. और ई. (D-E), १४०, १० डी. (D) में **-स्ति-** लिखा है जिसकी ओर बी. हस्तलिखित प्रति का **-स्त्रि-** निर्देश करता है। हस्तलिपि ए. में ११९, २३ और १४०, १० **-स्थि-** की ओर निर्देश करते है। यहां हमे **इस्तिआ** पढ़ना चाहिए। प्रबोधचंद्रोदय ६२, ७ मे **इत्थिआ** रूप मिलता है, मृच्छकटिक में भी यह रूप पाया जाता है और वेणीसहार तथा मुद्राराक्षस मे सदा यही रूप आया है। मृच्छकटिक में बहुधा **-स्त-** के स्थान पर **-त्थ-** मिलता है। मृच्छकटिक मे **स्थ** के लिए त्थ मिलता है, उदाहरणार्थ **थावलअ** और **थावलक** = **स्थावरक** (९६, १७ ; ११६, ४ ; ११८, १ ; ११९, ११ और २१ ; १२१, ९ ; १२२, ९ आदि-आदि), ९६, १७ को छोड़ जहा हस्तलिपिया बी, सी, डी, एफ (B. C. D. F.) **स्थावलअ** रूप देती हैं, हस्तलिपियों मे सर्वत्र ही उक्त रूप पाया जाता है ; **थोअं** = **स्तोकम्** (१५७, ६) ; **अवत्थिदे** = **अवस्थितः** (९९, ३) ; **उवत्थिद्** = **उपस्थित** (११८, २३ ; १३८, १३ ; १७५, १७) ; और **ट्ठ** के उदाहरण भी मिलते हैं : **पट्ठाविअ** = **प्रस्थाप्य** (२१, १२) ; **संठावेहि** = **संस्थापय** (१३०, ११) ; **संठिद** (इस नाटक में **संथिद** शब्द भी देखिए) = **संस्थित** (१५९, १५) ; **आहलणट्ठाणेहिं** (इस नाटक मे **आहलणत्थाणेहिं** भी देखिए) = **आभरणस्थानैः** (१४१, २) है। इस ध्वनिपरिवर्तन की अनिश्चितता और अस्थिरता, कुछ अपवादों

को छोड़, सभी नाटकों में दिखाई देती हैं, जैसे—**मस्तिए** = मस्तिके, **वस्तिए** = *वस्थिके और इसके साथ-साथ –**हस्थिए** = –**हस्तिके** (चंड० ६८, १६ ; ६९, १), **अस्तं** रूप आया है (चंड० ७०, १४)। इसके साथ ही **समुस्थिदे** भी पाया जाता है (७२, १) ; **पस्तिदे** = **प्रस्थितः**, **णिवस्तिदे** = **निवस्थितः** (मल्लिका० १४४, ४ और ११) है। इन नाटकों में और अधिक उदाहरण भरे पड़े हैं। इन स्थानों में हेमचन्द्र के अनुसार सर्वत्र **स्त** लिखा जाना चाहिए।

§ ३११—**स्प** और **स्फ**, **प्फ** बन जाते हैं (वर० ३, ३६ और ५१ ; हेच० २, ५३ और ९० ; क्रम० २, १०० और ४९ ; मार्क० पन्ना २५ और १९)। **स्प** = **प्फ** : महा० और शौर० में **फंस** = **स्पर्श**, शौर० में **परिफंस** रूप भी मिलता है (§ ७४), महा० और अ०माग० में **फरिस** पाया जाता है, अ०माग० में **फरिसग** रूप भी है (§ १३५), अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में **फास** रूप देखा जाता है (§ ६२); **फन्दन** = **स्पन्दन** (हेच० २, ५३) ; **पडिप्फद्धि-** = **प्रतिस्पर्धिन्** (§ ७७) है। अ०माग० में **ह**-कारयुक्त वर्णका लोप हो जाता है : **पुट्ठ** = **स्पृष्ट** (आयार० १, १, ४, ६ ; ७, ४; १६, २, ३: १, ८, ३, ६ और ४, १; सूय० ६५, १११; १२२; १४४; १७०; ३५०; उत्तर० ४८; ५१; ६१, १०६ ; १२६ ; विवाह० ९७ और इसके बाद ; ११६; १४५ ; पण्णव० १३४; ओव०), **अपुट्ठ** (आयार० १, ८, ४, १; विवाह० ८७ और उसके बाद), **अपुट्ठय** (सूय० १०४) है। उपर्युक्त रूप कई बार **फरिस** या **फास** और **फुसइ**=**स्पृशति** के साक्षात् पास में ही आते हैं (§ ४८६)। आयारंगसुत्त १, ६, ५, १ में **पुट्ठो** आया है। इसी प्रकारके रूप **फुसइ** और **पुसइ** (=पोछना : § ४८६) है। सन्धि में नियमानुसार **ह**—कार का लोप हो जाता है (§ ३०१) : महा० और अप० में **अवरोप्पर** = **अपरस्पर** (गउड०; हेच० ४, ४०९); महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **परोप्पर**= **परस्पर** (हेच० १, ६२; २, ५३ ; गउड० ; कर्पूर० ७७, १० ; १०१, १, पण्हा० ६८; पण्णव० ६४६; विवाह० १०९९; आव०एत्सें० ७, ११; एत्सें०; प्रबोध० ९, १६; बाल०, २१८, ११; मल्लिका० १२४, ८; १५८, १९; १६०, ८; २२३, १२), शौर० में भी **परप्पर** रूप देखने में आता है, भले ही यह अशुद्ध हो, (मालती० ११९, ६ ; ३५८, १ ; उत्तर० १०८, १ ; मल्लिका० १८४, २०)। § १९५ की तुलना कीजिए। अ०माग० में **दुप्परिस** = **दुःस्पर्श** (पण्हा० ५०८) है। — **णिप्पिह** = **निःस्पृह** (हेच० २, २३) है। **बृहस्पति** के शौर० रूप **विहप्फदि** और **बहप्फदि** के साथ-साथ अ०माग० में **बहस्सइ** और **विहस्सइ** रूप मिलते हैं (§ ५३) और व्याकरणकार इसके बहुसंख्यक अन्य रूप भी देते हैं (§ २१२)। इसी प्रकार अ०माग० में **वणप्फइ** = **वनस्पति** के साथ-साथ (हेच० २, ६९ ; पण्हा० ३४१; पण्णव० ३५ ; जीवा० २१३ ; २१६ ; विवाह० ९३ और १४४), जै०शौर० में **वणप्फदि** रूप मिलता है (कत्तिगे० ४०१, ३४६) और स्वयं अ०माग० में **वणस्सइ** आया है (हेच० २, ६९; मार्क० पन्ना २५ ; आयार० १, १, ५, ४ ; २, १, ७, ३ और ६ ; २, २, २, १३ ; सूय० ७९२ ; ८५७ ; पण्हा० २९ ; जीवा० १३ ; ३१६

[**वणप्फइ** के पास ही यह **वणस्सइ** रूप मिलता है]; ९६९ और उसके बाद; पण्णव० ४४ और ७४२; उत्तर० १०३९; १०४८; विवाह० ३० ; ४३० ; ४६५ और उसके बाद; ठाणग० २५; २६; ५२)। **स्स**–वाले रूप यह सूचना देते हैं कि **पति** शब्द मानो स्वरों के बाद और सधि के दूसरे पदके आरम्भिक वर्ण के रूप में **वइ** बन गया है जिस कारण **स्स = स्व** हो गया। § १९५ और ४०७ की तुलना कीजिए। इसके समान ही ध्वनिपरिवर्तन **सिहइ = *स्पृहति** में आता है (हेच० ४, ३४ और १९२ ; मार्क० पन्ना २५)। यह **सिहइ** रूप ***स्विहइ** के लिए आया है। अ०माग० में **पीहेंज्जा = स्पृहयेत्** रूप भी है (ठाणंग० १५८)। **छिहा = स्पृहा** (हेच० १, १२८; २, २३; मार्क० पन्ना २५) नहीं है परन्तु **छिहइ** के साथ-साथ (= छूना : हेच० ४, १८२) ***क्षिभ्** धातु का एक रूप है जो **क्षुभ्** धातु का पर्याय-वाची धातु है (§ ६६)। **स्फ = प्फ** : महा०, अ०माग० और शौर० में **फलिह = स्फटिक** (§ २०६), महा० में **फुड = स्फुट** (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० में **फुलिंग = स्फुलिंग** (गउड० ; रावण०) ; **अप्फोडण = आस्फोटन** (गउड०), **अप्फालिअ = आस्फालित** (गउड०; रावण०) ; **पप्फुरइ = प्रस्फुरति** (गउड०; हाल) रूप मिलते हैं। **खोडअ = स्फोटक** (वर० ३, १६; हेच० २, ६; क्रम० २, ७६; मार्क० पन्ना २१) तथा **खेडअ = स्फेटक** और **खेडिअ = स्फेटिक** (हेच० २, ६) नहीं है, किन्तु इन रूपोसे पता चलता है कि **स्फोटक, स्फेटक** और **स्फेटिक** के प्रतिरूप रहे होंगे जो **स्ख** से आरम्भ होते होंगे। § ९० ; १२० ; ३०६ और ३०९ की तुलना कीजिए। मार्क० पन्ना ६७ के अनुसार शौर० मे केवल **फोडअ** रूप की अनुमति है ; इस प्रकार **विप्फोडअ=विस्फोटक** (शकु० ३०, १) है। — ४, २८९ में हेमचन्द्र बताता है कि माग० में **स्प** और **स्फ** बने रहते हैं : **बुहस्पति = बृहस्पति** ; रुद्रट के काव्यालकार २, १२ की टीका मे नमिसाधु लिखता है **स्प** और **स्फ**, **श्प** तथा **श्फ** बन जाते हैं, **विहश्पदि** रूप हो जाता है। मृच्छकटिक १३३, २४ ; शकुन्तला ११५, ११ में **फुलन्ति = स्फुरन्ति** रूप मिलता है, प्रबोधचन्द्रोदय ५८, १ **फलस** रूप है, ५८, ८ में **फंस** ; बम्बई और पूना के संस्करणों मे दोनों बार **फलस** रूप मिलता है, महा० में शुद्ध रूप **फलिश** है। इन स्थानों पर हमें **स्फुलन्ति** और **स्पलिश** पढ़ना चाहिए तथा इस प्रकार के अवसरों पर यही पाठ ठीक है।

§ ३१२—**श, ष** और **स** के बाद आनेवाला व्यजन यदि अनुनासिक हो तो उक्त वर्ण **ह** मे परिवर्तित हो जाते हैं (§ २६२—२६४) तथा वर्णों के स्थान में अदल-बदल हो जाता अर्थात् वर्णों का स्थानपरिवर्तन भी हो जाता है। इस नियम के अनुसार **श्न, ष्ण** और **स्न** जब कि वे अंशस्वर द्वारा अलग-अलग न किये जायं (§ १३१ और उसके बाद) तो समान रूप से **ण्ह** मे परिवर्तित हो जाते है और **श्म, ष्म** तथा **स्म** समान रूप से **म्ह** मे बदल जाते हैं (वर० ३, ३२ और ३३; चण्ड० ३, ६; हेच० २, ७४ और ७५; क्रम० २, ९० और ९४; मार्क पन्ना २५ और २६)। — **श्न=ण्ह** : **अण्हइ** और अ०माग० में **अण्हाइ = अश्नाति** (§ ५१२);

अ०माग० और जै०शौर० में **पण्ह = प्रश्न** (सूय० ५२३ ; कत्तिगे० ३९९, ३११); **सिण्ह = शिश्न** (भाम० ३, ३३; हेच० २, ७५) है। — **श्म = म्ह : कम्हार**, शौर० में **कम्हीर = काश्मीर** (§ १२०) ; **कुम्हाण = कुश्मान** (हेच० २, ७४) है। **रश्मि** का सदा **रस्सि** हो जाता है (भाम० ३, २; हेच० १, ३५; २, ७४ और ७८; पाइय० ४७) ; अ०माग० और शौर० में **सहस्सरस्सि = सहस्ररश्मि** (विवाह० १६९; राय० २३८; नायाध०; ओव०; कप्प०; रत्ना० ३११, ८; प्रबोध० १४, १७ ; प्रिय० १८, १५) है। शब्द के आदि में आने पर **श्**, **म** में घुलमिल जाता है : अ०माग० में **मंसु = श्मश्रु** , **निम्मंसु = निःश्मश्रु** , जै०शौर० में **मंसुग = श्मश्रुक** (§ ७४) है ; इसका रूप **मस्सु** भी होता है (भाम० ३, ६ ; हेच० २, ८६ ; क्रम० २, ५३) और **मासु** रूप भी चलता है (हेच० २, ८६)। महा० और शौर० **मसाण** तथा माग० में **मशाण = श्मशान**, इसके विपरीत अ०माग० और जै०महा० **सुसाण** में **म**, **स** में घुलमिल गया है (§ १०४)। — **ष्ण = ण्ह** : महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **उण्ह = उष्ण** (गउड०; हाल ; रावण०; कर्पूर० ४५, ५; आयार० १, ५, ६, ४; उत्तर० ५८; कप्प०; एर्त्से०; ऋषभ०; शकु० २९,५ और ६; ७४,९; विक्रमो० ४८, ११); शौर० में **अणुण्हदा = अनुष्णता** (मालवि० ३०, ६) ; अप० में **उण्हअ = उष्णक** और **उण्हत्तण = *उष्णत्वन** (हेच० ४, ३४३, १) ; अ०माग० में **सीउण्ह = शीतोष्ण**, किन्तु अ०माग० में साधारणतया **उसिण** रूप आता है (§ १३३)। — **उण्हीस = उष्णीष** (हेच० २, ७५) ; महा०, अ०माग० और शौर० में **कण्ह**, अ०माग० में **किण्ह**, इनके साथ-साथ महा० और शौर० मे **कसण**, अ०माग० और जै०महा० **कसिण = कृष्ण** है ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **कण्ह = कृष्ण** (§ ५२) है। जै०महा० और दाक्षि० में **विण्हु = विष्णु** (§ ७२ और ११९) है। — **ष्म = म्ह** : महा० में **उम्हा = ऊष्मन्** (सब व्याकरणकार ; गउड०), **उम्हविअ** और **उम्हाल** रूप भी मिलते हैं (गउड०)। महा०, अ०माग०, शौर०, माग० और अप० में **गिम्ह = ग्रीष्म** (§ ८३) है। महा०, जै०महा० और शौर० में **तुम्हारिस = युष्मादृश** (§ २४५) ; महा०, जै०महा०, शौर० और अप० में **तुम्हे = युष्मे** (§ ४२२) है। — **महिष्मती** का शौर० में **महिस्सदि** हो गया है (बाल० ६७, १४)। — हेमचंद्र २, ५४ के अनुसार **भीष्म** का **भिप्फ** और **श्लेष्मन्** का हेमचंद्र २, ५५ और मार्कण्डेय पन्ना २५ के अनुसार **सेफ**- और **सिलिम्ह** दो रूप होते हैं तथा अ०माग०, जै०महा० और अप० में **सिम्भ**- एवं अ०माग० में **सेंम्भ** रूप चलते हैं (§ २६७)। ये रूप अपनी ध्वनिपरिवर्तन की प्रक्रिया के मध्यवर्ती रूपों का क्रम यों बताते हैं : ***भीष्व**, ***भीष्प** ; ***श्लेष्वन्** और **श्लेष्पन्** (§ २५१ और २७७)। **कोहण्डी = कूष्माण्डी**, अ०माग० रूप **कोहण्ड**, **कुहण्ड** और **कुहण्ड = कूष्माण्ड** के विषय में § १२७ देखिए, अप० में **गिम्भ = ग्रीष्म** के विषय में § २६७ देखिए। — सर्वनाम की सप्तमी (हिन्दी में अधिकरण) की विभक्ति **स्मिन्** में, जो बोली में **इ** और **उ** में समाप्त होनेवाली संज्ञाओं में जोड़ी जाने

लगी, ष, म में घुलमिल गया है : महा० में **उअहिम्मि**; जै०महा० में **उवहिम्मि = उदधौ** ; अ०माग० **सहस्सरस्सिम्मि = सहस्ररश्मौ** ; अ०माग० में **उडम्मि = ऋतौ** ; महा० में **पहुम्मि = प्रभौ** (§ ३६६ और ३७९) है। अ० माग० में **-स्मिन्** अधिकांश स्थलों में — **सिं** रूप धारण कर लेता है : **कुच्छिंसि = कुक्षौ** ; **पाणिंसि = पाणौ** ; **लेलुंसि = लेष्टौ** (§ ७४ और ३७९) ; अप० में **हिंस** से निकल कर **हिँ** रूप काम मे आता है (§ २६३ और ३१३) : **अग्गिर्हि = अग्नि, कलिहिँ = कलौ** [अप० का यह **हिँ** कुमाउनी मे रह गया है और वर्तमान समय में भी काम में आ रहा है। —अनु०] (§ ३७९) है। —**ष्ण** और **ष्म** की भाँति ही **क्ष्ण** और **क्ष्म** के रूप भी होते है : **सण्ह = श्लक्ष्ण** (§ ३१५) ; महा० और अ०माग० में **पम्ह- = पक्ष्मन्** (वर० ३, ३२ ; हेच० २, ७४ ; क्रम० २, ९४ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; उवास० ; ओव०) ; महा० ; अ०माग० और शौर० में **पम्हल = पक्ष्मल** (हेच० २, ७४ ; मार्क० पन्ना २५ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; विवाह० ८२२ ; नायाध०; ओव०; कप्प०; मालती० २१७, ४ ; मल्लिका० २४९, १० [पाठ में **वह्मल** है] ; चंड० ८७, ८) ; शौर० मे **पम्हलिद** रूप मिलता है (महावीर० १०१, १७)। **तिण्ह = तीक्ष्ण** (भाम० ३, ३३ ; चंड० ३, ६ पेज ५४ ; हेच० २, ७५ और ८२ ; क्रम० २, ९०) के साथ साथ दूसरा रूप जिसके उदाहरण मिलते है वह महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर०, माग० और अप० रूप **तिक्ख** है (चंड० २, ३ ; ३, ६ पेज ४८ ; हेच० २, ८२ ; हाल ; कर्पूर० २८, ७ ; ३८, ११ ; ३९, ७ ; ६५, २ ; सूय० २८० और २८९; उत्तर० ३३८ ; दस० ६२५, ३६ ; कप्प०; एत्सें०; शकु० १३५, १४ ; प्रबोध० ४, ४ [यही रूप शुद्ध है और बंबई, मद्रास तथा पूना के संस्करण में छपा है] ; वेणी० ६१, १४ ; महावीर० १०१, १६ ; बाल० २८९, १३ ; मल्लिका० ८२, १४ ; हास्या० ३२, ४ ; माग० मे : मृच्छ० १६४, १५; अप० में : हेच० ४, ३९५, १) ; अ०माग० मे **सुतिक्ख** रूप मिलता है (विवाह० ४२४) ; शौर० मे **तिक्खत्तण** आया है (विद्ध० ९९, ९) ; अप० मे : **तिक्खेइ** चलता है (हेच० ४, ३४४) तथा इसका देशी रूप **तिक्खालिअ** (= तीखा किया हुआ : देशी० ५, १३ ; पाइय० २०० [यहा दिया हुआ है — **तिण्हीकयम्मि तिक्खालिअं**, इस प्रकार इस एक ही श्लोक में **तिण्ह** और **तिक्ख** दोनों रूप आ गये हैं। —अनु०])। मार्कण्डेय पन्ना २६ के अनुसार इसके शाब्दिक अर्थ मे **तिक्ख** रूप काम में आता है और इससे निकले गौण प्रयोग में **तिण्ह** चलता है, जैसे **तिण्हो रइअरो** का अर्थ है 'तेज सूरज' [मार्कण्डेय ३, ६८ (= पन्ना ३६) का पाठ यह है : **तीक्ष्णे निशितार्थे खः निशितार्थे तीक्ष्णे युक्तस्य खः स्यात्। तिक्खो खरो। अन्यत्र तिण्हो रइकिरणो॥ रइअरो = रविकरो,** इस दृष्टि से यह = **रइकिरणो** के। अतः **रइअरो** और रइकिरणो पाठभेद हैं। —अनु०]। किन्तु कर्पूरमंजरी मे सीधे अर्थ से अन्यत्र भी निकले हुए अर्थ में **तिक्ख** का ही प्रयोग देखने मे आता है। **लक्ष्मी** सदा ही भले ही यह नाम के लिए काम में आये, महा०, अ०-माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर० और दाक्षि० में **लच्छी** (भाम० ३, ३० ; चंड०

३, ६ और ३६ ; हेच० २, १७ ; क्रम० २, ८२ ; मार्क० पन्ना २४ ; पाइय० ९६ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ३१, २ ; ४९, २ ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका० ; ऋषभ० १२ ; कत्तिगे० ३९९, ३१९ और ३२० ; ४०१, २४४; शकु० ८१, ११ ; विक्रमो० ३५, ६ और ११ ; ५२, ५ ; मालवि० ३३, १७ ; प्रबोध० ४, ८ ; मालती० २१८, २ ; कर्पूर० २२, ५ ; ३५, ३ ; ११०, ८ ; अनर्घ० २७७, १ ; मल्लिका० ७३, ६ ; दाक्षि० में : मृच्छ० ९९, २५ ; अप० में : हेच० ४, ४३६) है; इसके विपरीत **लक्ष्मण** महा०, जै०महा० और शौर० में सदा **लक्खण** रूप ग्रहण करता है (चंड० ३, ६ ; मार्क० पन्ना २४ ; रावण० ; कक्कुक शिलालेख २ ; उत्तर० ३२, ५ ; १२७, ५ ; १९०, १ ; २०४, ११ ; महावीर० ५२, १४ ; अनर्घ० ११५, १२ ; ३१७, १६ ; उन्मत्त० ६, २ ; प्रसन्न० ८८, ६)।

§ ३१३—अ०माग०, जै०महा० और शौर० में जो अधिकांश अवसरों पर और स्वयं शब्द के आदि वर्ण में भी **स्न** का केवल **न** वर्ण बनाये रहती हैं [ण नहीं। —अनु०], **स्न** का सदा **ण्ह** हो जाता है (§ २२४) : **ण्हाइ** = **स्नाति** (हेच० ४, १४); जै०महा० **ण्हामो** = **स्नामः** (आव०एर्त्से० १७, ७), **ण्हाइत्ता** रूप मिलता है (आव० एर्त्से० ३८, २), **ण्हाविऊण** आया है (एर्त्से०), **ण्हावेसु** और **ण्हाविंति** रूप भी पाये जाते हैं (तीर्थ० ६, ५) ; अ०माग० में **ण्हाणेइ** और **ण्हाणित्ता** रूप हैं (जीवा० ६१०), **ण्हाणें न्ति** भी मिलता है (विवाह० १२ ६५), **ण्हावेइ** भी आया है (निरया० § १७), **ण्हावें न्ति** (विवाह० ८२२) और **ण्हावेइ** रूप भी देखने में आते हैं (विवाह० १२६१) ; शौर० में **ण्हाइस्सं** (मृच्छ० २७, ४), **ण्हादुं** (मल्लिका० १२८, ११) और **ण्हाइय** रूप पाये जाते हैं (नागा० ५१, ६ ; प्रिय० ८, १३ ; १२, ११) ; महा० में **ण्हाअ**, अ०माग० और जै०महा० में **ण्हाय** तथा शौर० में **ण्हाद** = **स्नात** (पाइय० २३८ ; हाल ; सूय० ७३० ; विवाह० १८७ और ९७० और उसके बाद ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; निरया० ; आव० एर्त्से० १७, ८ ; एर्त्से०; मृच्छ० २७, १२) ; महा० में **ण्हावअन्तो** [पाठ में **ण्हावयन्वो** है] = **स्नापयन्** (मल्लिका० २३९, ३) ; अ०माग० और जै०महा० में **ण्हाविय** = **स्नापित** (उवास० ; एर्त्से०) ; अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर० और अप० में **ण्हाण** = **स्नान** (वर० ३, ३३ ; क्रम० २, ९० ; राय० ५६ ; नायाध०; ओव०; एर्त्से० ; कत्तिगे० ४०२, ३५८ ; मृच्छ० ९०, १४ ; विक्रमो० ३४, ६ ; मल्लिका० १९०, १६ ; हेच० ४, ३९९) ; अ०माग० में **अण्हाण** = **आस्नान** (पण्हा० ४५२), **अण्हाणय** रूप भी है (ठाणंग० ५३१ ; विवाह० १३५) ; जै०महा० में **ण्हवण** = **स्नपन** (तीर्थ० ६, १ ; ३ ; ६ [पाठ में **न्हवण** है] ; कालका०) ; शौर० में **ण्हवणअ** = **स्नपनक** (नागा० ३९, ४ और १३) ; अ० माग० में **ण्हाविया** = **स्नापिका** (विवाह० ९६४) है। इसी प्रकार **ण्हाविअ** = ***स्नापित**। किंतु शौर० और माग० में इसका रूप **णाविद** है (§ २१०)। शौर० में **पण्हुद** = **प्रस्नुत** (महावीर० ६५, ४ ; उत्तर० ७३, १०) है। **स्नेह** और **स्निग्ध** शब्दों में महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में नियम है कि **स्**, **न** के साथ युक्-

मिल जाता है (वर० ३, ६४ ; भाम० ३, १ ; हेच० २, ७७ और १०२ तथा १०९ ; क्रम० २, ५८ ; मार्क० पन्ना २६) । इस नियम के अनुसार महा० और अप० में **णेह** रूप मिलता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; हेच० ४, ३३२, १ ; ४०६, २ ; ४२२, ६ और ८ ; ४२६, १ ; पिंगल २, ११८) ; अ०माग० और जै०महा० **नेह** आया है (चंड० २, २७ ; पाइय० १२० ; नायाध०; निरया० ; एर्त्से० ; कालका०), पद्य में माग० में भी **णेह** देखा जाता है (मृच्छ० १५, ७, ६) और दाक्षि० में भी (मृच्छ० १०५, १६) । महा० में **णिद्ध**, अ०माग० और जै०महा० में **निद्ध** और **णिद्ध** (हाल ; रावण० ; आयार० १, ५, ६, ४ ; २, १, ५, ५ ; सूय० ५९० ; जीवा० २२४ ; ३५१ ; पण्हा० २९५ ; उत्तर० १०२२ ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से०) रूप मिलते हैं । **णेहालु = स्नेहवत्** (चंड० २, २० पेज ४५ ; हेच० २, १५९ [पाठ में **नेहालु** है] ; अप० में **णिण्णेह** मिलता है, जै०महा० से **निन्नेह** आया है = **निःस्नेह** (हेच० ४, ३६७, ५ ; एर्त्से०) है । इस रूपके साथ-साथ **सणेह** भी पाया जाता है, अप० मे **ससणेही** आया है, **सणिद्ध** भी मिलता है, महा०, जै०महा० और शौर० में **सिणेह** रूप है, महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **सिणिद्ध** चलता है, किंतु ये रूप ऐसे है जो केवल शौर० मे काम मे आने चाहिए (§ १४०) । **सुसा = स्नुषा** (हेच० १, २६१) तथा इसके साथ-साथ अ०माग० रूप **ण्हुसा**, महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **सुण्हा**, महा०, **सोॅण्हा** (§ १४८) और पै० **सुनुसा** मे (§ १३४ और १४८) **न**, **स** मे घुलमिल गया है । — **स्म = म्ह** · पल्लवदानपत्रों, महा०, अ०माग०, शौर० और अप० मे **अम्हे = अस्मे** (§ ४१९) ; जै०महा० और शौर० मे **अम्हारिस = अस्मादृश** (§ २४५) हो जाता है । महा०, शौर० और अप० मे **विम्हअ** तथा जै०महा० मे **विम्हय = विस्मय** है (गउड० ; रावण०; एर्त्से० ; शकु० ३८, ८ ; हेच० ४, ४२०, ४) । — **भस्मन्** अ०माग० और जै०महा० रूप **भास**, शौर० मे **भस्स** (§ ६५) के साथ-साथ जै०महा० मे **भसम** (§ १३२) हो जाता है तथा हेमचन्द्र २, ५१ के अनुसार इसका रूप **भप्प** भी होता है, जो निर्देश करता है कि इसकी शब्द-प्रक्रिया का क्रम यो रहा होगा : ***भस्त्वन्** तब **भस्पन्** (§ २५१ ; २७७ और ३१२) । सर्वनाम की विभक्ति **-स्मिन्** जो लोगों की बोली मे अ मे समाप्त होनेवाली संज्ञा मे भी प्रयुक्त होने लगा या तो **स्सि** तथा माग० मे **श्शि** बन गया, जैसे शौर० मे **तस्सि** और माग० में **तश्शि = तस्मिन्** (§ ४२५) ; **एअस्सि**, शौर० में **एदस्सि** और माग० में **एदश्शि** रूप = **एतस्मिन्** (§ ४२६) है । पल्लवदानपत्र में **वसि - वास्मिन्** ; अ०माग० और शौर० में **अस्सि = अस्मिन्** (§ ४२९) अथवा महा०, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० मे - **म्मि** बन जाता है, जैसे **तम्मि**, **एअम्मि** और **एयम्मि** (§ ४२५ और ४२६), महा० में **जोव्वणम्मि = यौवने**, अ०माग० में **बम्भम्मि कप्पम्मि = ब्राह्मे कल्पे**, जै०महा० में **पाडलिपुत्तम्मि = पाटलिपुत्रे** (§ ३६६ अ) अथवा अ०माग० में अधिकाश स्थलों में **-सि** रूप आता है, जैसे **तंसि**, **इमंसि** (§ ४२५ और ४३०), **लोगंसि = लोके**, **दारगंसि = दारके** (§ ३६६

अ), जैसा अ०माग० में अंसि = अस्मि बोला जाता है .(§ ७४ और ४९८)। स्सिं, *स्सिं के द्वारा सभी प्राकृत बोलियों में सर्वनाम की रूपावली में और माग० तथा अप० में संज्ञा की रूपावली में हिं भी हो गया है, जैसे तर्हि, जहिं और कहिं = तस्मिन्, यस्मिन् और कस्मिन्; माग० में कुलहिं = कुले और अप० में घरहिं = घरे (§ २६४ ; ३६६ अ ; ४२५, ४२७ और ४२८) है। हेमचंद्र १, २३ में बताता है कि म्मि के स्थान पर मिं भी हो सकता है अर्थात् ऐसा करने की अनुमति देता है : वणम्मि और वणंमि = वने। ऐसी लेखपद्धति अ०माग० हस्तलिपियों में बहुत अधिक मिलती है और बहुत-से छपे संस्करणों में ज्यों का त्यों रहने दिया गया है तथा संभवतः यह ठीक है। —निम्नलिखित रूपों में स्स, म के साथ घुलमिल गया है : अ०माग० में मि = *स्मि = अस्मि, अ०माग० और जै०महा० में थो = स्थः। इन रूपों के साथ-साथ म्हि, म्ह और म्हो भी चलते हैं (§ ४९८) ; इसके विपरीत जै० महा० रूप सरामि और सरइ, अ०माग० सरई और जै०महा० सरसु में जो = स्मरामि, स्मरति और स्मर है, म, स के साथ घुलमिल गया है। नीचे दिये गये रूपों में भी यही नियम चलता है : महा० वीसरिअ, विसरिअ ; जै०शौर० वीसरिद = विस्मृत, इनके साथ-साथ जै०महा० में विस्सरिय रूप भी पाया जाता है। बोली में विम्हरइ भी चलता है जो = विस्मरति, सुमरइ ; शौर० में सुमरेदि और विसुमरामि तथा माग० में शुमलेदि और विशुमलेदि साधारण रूप हैं (§ ४७८)। सेरं = स्मेरम् (हेच० २, ७८) है। महा० में [स्मरति के स्थान पर। —अनु०] भरइ भी काम में आता है (वर० ८, १८; हेच० ४, ७४; क्रम० ४, ४९; मार्क० पन्ना ५३ ; गउड० [इसमें स्मृ शब्द देखिए] ; हाल ; रावण० [इसमें स्मर् शब्द देखिए]); जै०महा० में भरिय = स्मृत (पाइय० १९४ ; एर्से०), भलइ भी दिखाई देता है (हेच० ४, ७४); महा० में संभरण रूप आया है (गउड०), ये रूप *म्हरइ, *म्भरइ के स्थान पर आये हैं (§ २६७)। मार्कंडेय पन्ना ५४ के अनुसार कुछ विद्वानों ने बताया है कि भरइ विभरइ (हस्तलिपि में पाठ विभंरइ है) रूप भी चलते हैं।

§ ३१४—हेमचंद्र ४, २८९ के अनुसार माग० में ष्ण और स्न, स्ण हो जाते हैं तथा ष्म और स्म, स्य बन जाते हैं, केवल 'ग्रीष्म' शब्द का ष्म, स्ह रूप धारण कर लेता है : विस्णु = विष्णु , उस्म = ऊष्मन् [मेरी प्रति में उस्मा छपा है। —अनु०]; विस्मअ = विस्मय किंतु गिम्ह=ग्रीष्म है। स्म के विषय में शीलांक प्रमाण प्रस्तुत करता है क्योंकि वह अकस्मात् (आयार० १, ७, १, ३), अकस्माद्दण्ड (सूय० ६८२) और अस्माकं (सूय० ९८३) के विषय में टीका करता है कि ये शब्द मगध देश में सब लोगों द्वारा यहां तक कि ग्वालिनें भी संस्कृत रूप में ही बोलती हैं। इस प्रकार ये शब्द यहां भी उसी रूप में उच्चरित किये गये हैं। इसी प्रकार की सम्पत्ति अभयदेव ने ठाणंगसुत्त ३७२ में अकस्माद्दण्ड शब्द पर दी है। अ०माग० के लिए अकम्हाभय (हेच० १९ ; ठाणंग० ४५५) जैसे रूप ही केवलमात्र विशुद्ध रूप माने जाने चाहिए। जिन रूपों में स्म आता है वे संस्कृत से

उठा लिये गए हैं। रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की टीका में नमिसाधु ने बताया है कि **विणु** = **विष्णु** और अप्रत्यक्ष रूप से **ष** के लिए **श** का होना कहा है तथा अन्य ध्वनिसमूहों में **स्न** का **ष्न** और **स्म** के सम्बन्ध में हेमचन्द्र ने कोई नियम नहीं दिये हैं। इस कारण यह अनिश्चित ही रह गया है कि वे **ष्न** और **स्म** ही रह जाते हैं अथवा **ण्ण** और **स्म** में परिणत हो जाते हैं या **ण्ह** और **म्ह** रूप ग्रहण करते हैं। नाटकों की हस्तलिपियों में केवल **गिम्ह** रूप ही मृच्छ० १०, ४ में नहीं मिलता, अपितु **पण्ह** = **प्रश्न** (मृच्छ० ८०, १८ ; ८१, ५) रूप भी मिलता है ; **उण्ह**=**उष्ण** भी आया है (मृच्छ० ११६, १७ ; वेणी० १३३,१२) ; **विण्हु** = **विष्णु** भी देखा जाता है (प्रबोध० ६३, १५) ; **तुण्णीअ**=**तुष्णीक** भी पाया जाता है (मृच्छ० १६४, १४) ; पर सदा ही **अम्हाणं**, **अम्हे**, **तुम्ह**, **तुम्हाणं** और **तुम्हे** काम में आते हैं (उदाहरणार्थ, मृच्छ० ११, १५ ; १५८,२३ ; प्रबोध० ५३, १५ ; १६ ; मृच्छ० १३९, १३ ; १६, १९) ; **अम्हालिश** = **अस्मादृश** (मृच्छ० १६४, ५) ; **ण्हाआमि** = **स्नामि**, **ण्हादे** = **स्नातः** (मृच्छ० ११३, २१ ; १३६; ११) आदि-आदि है। हस्तलिपियों मे विभक्ति का रूप—**स्मिन्** सदा ही—**म्हिं** लिखा मिलता है और **स्म** के स्थान पर **म्ह** लिखा पाया जाता है। इस प्रकार ललितविग्रहराज नाटक में भी **एदम्हिं** = **एतस्मिन्** (५६५, ६), **याणिदशाम्ह** = **ज्ञास्यामः** (५६५, ९), **अम्हदेशीय**, **अम्हाणं** और **तुम्हाणं** रूप मिलते हैं (५६५, १२ और १४; ५६६, ९) ; **पयासें म्ह** (?)=**प्रकाशयाम** भी मिलता है (५६७, १)।

§ ३१५—यदि अंशस्वर बीच मे न आ जायं तो अर्धस्वर मुख्य नियमों के अनुसार (§ २७९ ; २८७ ; २९६ और २९७) **श**, **ष** और **स** के बाद इनके साथ घुलमिल जाते है। —**श्य** = **स्स** और माग० मे = **श्श** : **अवस्सं**=**अवश्यम्** (एर्त्सें० ; ललित० ५५५, ५ ; शकु० ४४, ६ ; १२८,९ ; विक्रमो० ५३, १२; मुद्रा० २६४, ५ ; कर्पूर० १०३, ६); महा० में **णासइ**, अ०माग० मे **णस्सइ**, जै०महा० में **नासइ** और शौर० मे **णस्सदि** = **नश्यति** है ; जै०महा० मे **नस्सामो**=**नश्यामः**; माग० मे **विणश्शदु** रूप भी देखा जाता है (§ ६०)। शौर० मे **राअसाल** = **राजश्याल** (मृच्छ० २३, १९ ; ५८, ७ ; १५१, १६ ; १७३, १) है। महा० में **वेसा** = **वेश्या** (हाल), शौर० मे **वेसाजण** (मृच्छ० ५७, १५) और **वेस्साजण** रूप आये हैं (मृच्छ० ५३, २०)। अ०माग० मे **वे स्स** और **वइस्स** = **वैश्य** (§ ६१) है। — **श्र** = **स्स** तथा = माग० मे **श्श** : महा० शौर अ०माग० में **मीस**, शौर० में **मिस्स** तथा माग० रूप **मिश्श** = **मिश्र** (§ ६४) है। महा०, जै०महा० और शौर० में **वीसमइ** = **विश्राम्यति**, शौर० में **विस्समीअद** रूप भी मिलता है (§ ६४ और ४८९)। शौर० में **सुस्सूसिदपुरुव्वो सुस्सूसिदव्वो**= **शुश्रूषितपूर्वः शुश्रूषितव्यः** (मृच्छ० ३९, २३) ; **शुश्शूशिदे** = **शुश्रूषितः** (मृच्छ० ३७,१) है। अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **से ट्ठि**=**श्रेष्ठिन्** (उवास० ; नायाध० ; निरया० ; ओव० ; एर्त्सें० ; मृच्छ० २८, २० ; १४२, १२ ; शकु० १३९, ५ ; मुद्रा० ४१, ८ ; ४३, १ ; २४३, २ ; २४८, ७ ; २५२, २५४,४) है।

अंसु = **अश्रु** और **मंसु**=**श्मश्रु** के विषय में § ७४ देखिए। — **श्र**=**स्स** और = माग० में **श्श** : महा० और अ०माग० में **सण्ह** = **श्लक्ष्ण**[1] (भाम० ३,३३ ; हेच० १, ११८ ; २, ७५ और ७९ ; मार्क० पन्ना २१ और २६ ; हाल ; रावण० ; विवाह० ४२६ ; उत्तर० १०४० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प०) ; महा० में **परिसण्ह** = **परिश्लक्ष्ण** (रावण०), किन्तु यह रूप महा० में **लण्ह** भी मिलता है (हेच० २, ७७ ; मार्क० पन्ना २१ ; कर्पूर० ८८, २ ; ९६, २), **लण्हअ** भी आया है (कर्पूर० ४९, ११) ; इन रूपों में स्, ल के साथ घुलमिल गया है। अ०माग० में कभी-कभी दोनों रूप एक दूसरे के बाद साथ-साथ आते हैं, जैसे : **सण्ह लण्ह** (सम० २११ और २१४ ; पण्णव० ९६ ; ओव० § १६६) है। अ०माग० में **सग्घ** = **श्लाघ्य** (सूय० १८२) ; **साहणीअ** = **श्लाघनीय** (मालवि० ३२,५), किन्तु इसी अर्थ में **लाहइ** भी आता है जो = **श्लाघते** (हेच० १,१८७) है। अ०माग० में **सेंम्म**, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **सिम्भ** तथा बोली में चलनेवाला रूप **सेफ** = **श्लेष्मन्** (§ २६७ और ३१२) है, किन्तु अ०माग० में **लिस्सन्ति*** = **श्लिष्यन्ते** (सूय० २१८) है। — अ०माग० में **लेसणया** लौयमान[1] के अनुसार = (सं) **श्लेषणता** होना चाहिये पर ऐसा नहीं है, यह = **रेषणता** (= हानि पहुँचाने का भाव) है। साधारणतया यह ध्वनिसमूह **अ** तथा **इ** द्वारा पृथक् कर दिया जाता है (जैसे 'श्लाघनीय' का हिन्दी रूप 'सराहनीय' है। —अनु०)। — **श्व**=**स्स** और माग० में = **श्श** : महा०, अ०माग० और जै०महा० में **आस**, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **अस्स** = **अश्व** (§ ६४) है। महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **पास**=**पार्श्व** (§ ८७), शौर० में **पस्स** रूप अशुद्ध है [**पस्स** रूप पाली भाषा का है। —अनु०] (प्रिय० २३, १६)। जै०शौर० में **विणस्सर** = **विनश्वर** (कत्तिगे० ४०१, ३३९) है। शौर० में **विस्सावसु** = **विश्वावसु** (मल्लिका० ५७, १), माग० में इसका **विश्शावशु** रूप है (मृच्छ० ११, ९)। महा० में **ससइ**, **आससइ** = **श्वसिति** और **आश्वसिति** ; महा० में **ऊससइ** = **उच्छ्वसिति** ; महा० में **णीससइ**, अ०माग० में **निस्ससइ** और शौर० रूप **णीससदि** = **निःश्वसिति** ; माग० में **शशदि**, **ऊशशदु**, **णीशशदु** और **शमश्शशदु** रूप पाये जाते हैं (§ ४९६)। महा० **सावअ**, जै०महा० **सावय** और शौर० तथा अप० रूप **सावद** = **श्वापद** (गउड० ; रावण० ; एर्त्से० ; शकु० ३२, ७ ; मृच्छ० १४८,२२) है। — **ष्य** = **स्स** और माग० में = **श्श** : शौर० में **अभुजिस्सा** = **अभुजिष्या** (मृच्छ० ५९, २५ ; ६०, ११ ; ६५,१) है। अ०माग० में **आरुस्स** = **आरुष्य** (सूय० २९३), इसके साथ-साथ **आरुसियाणं** रूप भी पाया जाता है (आयार० १, ८, १, २)। शौर० में **पुस्सराअ** = **पुष्पराग** (मृच्छ० ७०, २५ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिये)[1] है। अ०माग० और जै०महा० में **मणूस**, महा०, अ०माग० और शौर० में **मणुस्स** तथा माग० में **मणुश्श** = **मनुष्य** (§ ६३) है। अ०माग० और जै०महा०

* इस **लिस्** से कुमाउनी में कई शब्द बने हैं, जैसे **लिस्सो** = चीड़ के पेड़ की राल, **लसो** = लेक का चिपकट और चिपकटपना और **लेसीणो** = चिपकना। —अनु०

सीस, जै०महा० और शौर० **सिस्स** = **शिष्य** (§ ६३) है। भविष्यकालवाचक रूपों मे जैसे, अप० में **करीसु** = **करिष्यामि** (हेच० ४, ३९६, ४), **फुट्टिसु** = = **स्फुटिष्यामि** (हेच० ४, ४२२, १२), इसी प्रकार जै०महा० में **भविस्सइ**, शौर० में **भविस्सदि**, माग० मे **भविश्शदि**, महा० में **हो स्सं** और अप० में **होस्सइ** रूप हैं (§ ५२१)। महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में दीर्घ स्वर से पहले और बहुधा ह्रस्व स्वर से पहले भी सरल **स** बनकर **ह** रूप धारण कर लेता है, जैसे **काहिमि**, **काहामि** और **काहं** = ***कार्ष्यामि** = **करिष्यामि** ; **होहामि** और **होहिमि** = ***भोष्यामि** ; **कित्तइहिमि** = **कीर्तयिष्यामि** और अप० में **पेक्खीहिमि** = ***प्रेक्षिष्यामि** (§ २६३ और ५२० तथा उसके बाद) है। — **ष्व** = **स्स** और = माग० में **श्श** : अ०माग० में **ओसक्कइ** और **पच्चोसक्कइ** = ***अपष्वष्कति** और ***प्रत्यपष्वष्कति** ; महा० में **परिस्सक्कइ** = ***परिष्वष्कति** (§ ३०२); शौर० में **परिस्सअदि** = **परिष्वजते** (माल्ती० १०८, ३ ; मृच्छ० ३२७, १० = गौडबोले संस्करण का ४८४, १२), **परिस्सअध** = **परिष्वजध्वम्** (शकु० ९०, ८ ; विक्रमो० ११, २ ; उत्तर० २०४, ५), **परिस्सइअ** = **परिष्वज्य** (शकु० ७७, ९ ; मालती० २१०, ७) है। अ०माग० **पिउसिया**, महा० **पिउस्सिआ**, अ०माग० **पिउस्सिया** तथा महा० और अ०माग० **पिउच्छा** = **पितृष्वसा** और अ०माग० मे **माउसिया**, महा० **माउस्सिआ** एवं **माउच्छा** = **मातृष्वसा** जो लोगों की बोली में **पुप्फा** और **पुप्फिआ** बन गये हैं। इनके विषय मे § १४८ देखिए। — **स्य** = **स्स** और = माग० **श्श** : महा०, जै०महा० और शौर० में **रहस्स** = **रहस्य** (गउड०; हाल ; कर्पूर० ६६, ११ ; एर्त्से० ; मृच्छ० ६०, ७ ; विक्रमो० १५, ३ और १२ ; १६, १ ; ११ और १८ ; ७९, ९ ; कर्पूर० ६७, १) है। महा० और शौर० मे **वअस्स**, महा० मे **वअंस** तथा जै०महा० रूप **वयंस** = **वयस्य** (§ ७४) है। शौर० में **हस्स** = **हास्य** (मृच्छ० ४४, १) है। षष्ठी एकवचन में जहाँ **-स्स** लगता है, जैसे महा० और शौर० **कामस्स** = **कामस्य** (हाल २ ; १४८ ; ३२६ ; ५८६ ; शकु० १२०, ६ ; प्रबोध० ३८, १२ ; कर्पूर० ९३, १) में भी **स्य** का **स्सं** हो जाता है। लोगों की बोली मे **स** द्वारा (§ २६४) इसका रूप **ह** हो जाता है : माग० में **कामाह** (मृच्छ० १०, २४), अप० में **कामहों** (हेच० ४, ४४६), इनके साथ-साथ महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और ढक्की मे **तस्स**, माग० में **तश्श**, अप० मे **तस्सु** , **तसु** और **तासु**, महा० में **तास**, माग० रूप **ताह** और अप० **ताहों** = **तस्य** (§ ४२५) है। भविष्यकालवाचक क्रिया मे भी यही नियम है, जैसे अ०माग० **दाहामो** और इसका पर्याय **दासमो** = **दास्यामः** (§ ५३०) ; जै०महा० में **पाहामि** और अ०माग० रूप **पाहं** = **पास्यामि** तथा अ०माग० **पाहामो** = **पास्यामः** (§ ५२४) है। — **स्म** = **स्स** और = माग० **श्श** : शौर० में **उस्सा** = **उस्मा** (ललित० ५५५, १) ; जै०महा० में **तमिस्सा** = **तमिस्रा** (कालका०) ; महा० मे **वीसम्भ** और शौर० में **विस्सम्भ** = **विस्रम्भ** (§ ६४) ; महा०, अ० माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० मे **सहस्स** ; माग० में

शहस्स = **सहस्र** (§ ४४८) है। —**स्व** = **स्स** और = माग० **श्श** : पल्लवदानपत्रों में **बप्पसामीहि** = **बप्पस्वामिभिः** (६, ११), **सककाले** = **स्वककाले** (७, ४४), **सहत्थ** = **स्वहस्त** (७, ५१) ; जै०महा० और शौर० में **तवस्सि**–, माग० में **तवश्शि** = **तपस्विन्** (एर्सें० ; कालका० ; शकु० २२, ७ ; ७६, ८) ; जै०महा० और शौर० में **तवस्सिणी** तथा माग० में **तवश्शिणी** = **तपस्विनी** (कालका० ; शकु० ३९, ४ ; ७८, ११ ; १२३, १२ ; १२९, १६ ; माग० में : (मृच्छ० १५२, ६) ; महा० और जै०महा० में **सरस्सइ** और शौर० में **सरस्सवी** = **सरस्वती** (गउड० ; एर्सें० ; विक्रमो० ३५, ५) ; महा० में **सिण्ण** = **स्विन्न** (गउड० ; हाल) ; शौर० में **साअदं** और माग० में **शाअदं** = **स्वागतम्** (§ २०३) है। महा० रूप **मणंसि** = **मनस्विन्** और अ०माग० **ओयंसि** = **ओजस्विन्** तथा अन्य इसी प्रकार रूपों के लिए § ७४ देखिए। **हंस** = **हस्व** और इसके साथ-साथ **हस्स**, **रहस्स** आदि के लिए § ३५४ देखिए।

१. हेमचंद्र और कु० त्सा० २१, ५९८ में याकोबी अशुद्ध रूप में **सण्ह** का संबंध **सूक्ष्म** से बताता है और हेमचंद्र २, ७५ में स्पष्ट ही इसके दो भेद करता है, **सण्ह** = **सूक्ष्म**, **सण्ह** = **श्लक्ष्ण**। त्सा०डे०डौ०मौ०गे० २८, ४०२ में वेबर ने इस विषय पर ठीक ही लिखा है ; पी० गौल्दश्मित्त, स्पेसीमेन पेज ६८ ; चाइल्डर्स [के पाली कोश में। — अनु०] **सण्हो** शब्द देखिए। — २. औपपत्तिक सूत्र में यह शब्द देखिए। — ३. रुद्रट के शृंगारतिलक, पेज १०२ और उसके बाद में पिशल का मत ; महाव्युत्पत्ति २३५, २८।

§ ३१६— **क**, **त**, **प** + **श**, **ष**, **स** की सन्धि होने पर संस्कृत व्याकरणकारों के अनुसार **क**, **त** और **प** की ध्वनि जनता की बोली में **ह्**–कार युक्त हो जाती है : **क्षीर** का रूप **रख्षीर** हो जाता है, **वथ्स** होता है और साथ-साथ **वत्स** भी तथा **अफ्सरस्** हो जाता है और साथ-साथ **अप्सरस्** चलता है[१]। प्राकृत में सर्वत्र ही **त्स** और **प्स** के लिए इस उच्चारण की सूचना मिलती है। मौलिक **क्ष** पर यह नियम तब लगता है जब **क्ष**, **ख्श** तक पहुँचता है[२]। इस दशा में **ह्**–कार **श**, **ष** और **स** में आ जाता है और § २११ के अनुसार **च्छ** हो जाता है। इसके विपरीत मौलिक **क्ष** में **ह्**–कार का लोप हो जाता है और ध्वनियाँ पलट जाती हैं, जैसे माग० रूप **स्क** और **ह्क** प्रमाणित करते हैं और **क्ष** के स्थान पर **ष्क** होकर **क्स** बन जाता है (§ ३०२)। आस्कोली[३] का यह मानना कि **ष** बाद को **ख** बन गया है प्राकृत भाषाओं से पुष्ट नहीं किया जा सकता (§ २६५), इसी भाँति योहानसोन[४] के इस सिद्धान्त को भी कोई पुष्टि नहीं मिलती। भिन्न-भिन्न ध्वनिपरिवर्तनों का आधार उच्चारण, वर्ण-पृथक्त्व और ध्वनिबल पर स्थिर है[५]।

१. योहानसोन, शाहबाजगढ़ी २, २१ और उसके बाद में साहित्य-सूची ; वाकरनागल, आल्ट इंडिशे ग्रामाटीक § ११, ३। — २. वाकरनागल, आल्ट इंडिशे ग्रामाटीक § ११६। — ३. क्रिटिशे स्टुडिएन, पेज २३६ और उसके बाद। — ४. शाहबाजगढ़ी २, २२। — ५. गो०गे०आ० १८८१, पेज १३१९ और उसके बाद में पिशल का मत।

§ ३१७—प्राकृत व्याकरणकार क्ष का ख में ध्वनिपरिवर्तन को नियमानुसार मानते हैं (वर० ३, २९ ; हेच० २, ३ ; क्रम० २, ८८ ; मार्क० पन्ना २४) और उन्होंने वे शब्द जो क्ष की ध्वनि ख में नहीं प्रत्युत छ में परिवर्तित करते हैं, आकृतिगण अक्षादि में एकत्रित किये हैं (वर० ३, ३० ; हेच० २, १७ ; क्रम० २, ८२ ; प्राकृतकल्पलतिका पेज ६०)। मार्क० पन्ना० २४ मे उन शब्दों की सूची दी गयी है जो क्ष के स्थान पर छ रूप ग्रहण कर लेते है ; इनको मार्कडेय ने आकृतिगण क्षुरादि में एकत्रित किया है और इसमें ये शब्द गिनाये हैं : **क्षुर, अक्षि, मक्षिका, क्षीर, सदृक्ष, क्षेत्र, कुक्षि, इक्षु, क्षुधा** और **क्षुध्**। मार्कडेय उन शब्दों को जिनमें **क्ष, छ** और **ख** दोनों रूप धारण करता है आकृतिगण **क्षमादि** में एकत्रित करता है। व्याकरणकारों ने जिन शब्दों के लिए ये गण दिये हैं महा० के ही लिए वे प्रयुक्त हो सकते हैं। अन्य प्राकृत भाषाओं में ध्वनि बदलती रहती है, यहाँ तक कि एक प्राकृत बोली में ख–और छ वाले रूप पास पास मे दिखाई देते हैं। यह सब इस प्रकार होता है कि ध्वनि-परम्परा को कोई दोष नहीं दिया जा सकता (§ ३२१)। इसकी मूल परिस्थिति क्या थी इसके उत्तम निदर्शन 'अवेस्ता' मे मिलते हैं।

§ ३१८—संस्कृत क्ष आदिकाल में **इच** तक पहुँचता है तो अवेस्ता में इसका रूप **शॅ** हो जाता है और प्राकृत मे मौलिक ***इच्छ** और ***इछ** के द्वारा **च्छ** रूप ग्रहण कर लेता है : **छअ** = अवेस्ती **शॅत** जो **हुशॅत** मे पाया जाता है और = **क्षत** जो **क्षन्** धातु का एक रूप है (हेच० २, १७ ; [इसमें **छय** = **क्षत** दिया गया है। पुरानी हिन्दी मे **छय** रूप मिलता है, कुमाउनी में क्षय रोग को **छे** कहते है। —अनु०]) ; इससे सम्बन्धित अ०माग० मे **छण** (=हत्या) रूप है जो = **क्षण** के (आयार० १, २, ६, ५ ; १, ३, १, ४ ; १, ५, ३, ५), **छणे** = ***क्षणेत्** (आयार० १, ३, २, ३ ; १, ७, ८, ९), **छणावए** और **छणत्तं** = ***क्षणापयेत्** और ***क्षणत्वम्** (आयार० १, ३, २, ३ ; [कुमाउनी बोली **छन** का अर्थ **हत्या** होता है। यह अ०माग० शब्द इसमें रह गया है। अनु०]) ; किन्तु **महा०** में **खअ** = **क्षत** (गउड० ; हाल ; रावण०), **परिक्खअ** रूप मिलता है (रावण०) ; अ०माग० में **खणह** रूप है = ***क्षणत** (आयार० १, ७, २, ४) ; अ०माग० में **अक्खय** रूप भी है और जै०शौर० में **अक्खद** आया है (सूय० ३०७ ; पव० ३८५, ६९) ; शौर० मे **परिक्खद** (मृच्छ० ५३, २५ ; ६१, २४ ; शकु० २७, ९), **अपरिक्खद** (विक्रमो० १०, ४), **अवरिक्खद** (मृच्छ० ५३, १८ और २४) रूप पाये जाते हैं। — महा०, अ०माग० और जै०महा० **छुहा** = अवेस्ती **शुॅध** = **क्षुधा** (सब व्याकरणकार ; हाल ; ठाणग० ३२८ ; विवाह० ४० और ६४७ ; राय० २५८ ; नायाध० ३४८ ; ओव० ; द्वार० ५००, ७ ; एर्से०), **छुहाइय** (= भूखा : पाइय० १८३) रूप भी देखने में आता है ; किन्तु अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **खुहा** रूप भी चलता है (ठाणंग० ५७२ ; विवाह० १६२ ; ४९३ ; ८१६ ; पण्हा० २०० ; नायाध० ; ओव० ; दस० ६३५, १६ [पाठ में **खुप्पिवासाए** है] ; दस० नि० ६६२, १ और २ ; एर्से०; कर्पूर० बंबइया संस्करण

७३, ९ जब कि कोनो ७५, ६ में छुहा पढ़ता है); अ०माग० में छुहिय = क्षुधित (पण्हा० १४०) है। — महा० में छेत्त और अ०माग० में छित्त = अवेस्ती शोइत्र = क्षेत्र किन्तु अ०माग०, जै०महा०, जै० शौर० और शौर० में खेत्त तथा अ०-माग० में खित्त रूप भी है (§ ८४)। — महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में अच्छि = अवेस्ती अशि = अक्षि (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, १, २, ५ ; १, ८, १, १९ ; २, २, १, ७ ; २, ३, २, ५ ; विवाग० ११ ; विवाह० ११५२ ; आव० एर्त्से० ८, २० ; ३०, ४ ; शकु० ३०, ५ ; ३१, १३ ; विक्रमो० ४३, १५ ; ४८, १५ ; रत्ना० ३१९, १८ ; कर्पूर० ११, २ ; नामा० ११, ९ ; जीवा० ८९, ३); किन्तु अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० में अक्खि भी मिलता है (सूय० ३८३ ; एर्त्से० ; विक्रमो० ३४, १ ; अनर्घ० ३०५, १३ ; हेच० ४, ३५७, २)। — अ०माग० अच्छ (§ ५७); महा०, अ०माग० और शौर० रिच्छ (§ ५६) = अवेस्ती अरॅशी = रिक्ष ; किन्तु महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में रिक्ख रूप भी मिलता है (§ ५६)। — महा० कच्छ = अवेस्ती कशौ = कक्ष (हाल); किन्तु अ०माग० और जै०महा० में कक्ख रूप भी मिलता है (गउड० ; रावण० ; नायाध० ४३४)। — तच्छइ (हेच० ४, १९४), अ०माग० में तच्छिय (उत्तर० ५९६ [पाठ में तत्थिय है]) = अवेस्ती तशौ = तक्षति और *तक्षित ; किन्तु तक्खइ रूप भी पाया जाता है (हेच० ४, १९४) ; तक्खाण = तक्षन् (§ ४०३) है।

§ ३१९—मौलिक क्ष अवेस्ता में ह्श (उच्चारण में प्रायः क्ष । —अनु०) और प्राकृत में क्ख हो जाता है : अ०माग० में खत्तिय और शौर० में खत्तिअ = क्षत्रिय (सूय० १८२ ; ३७३ ; ४९५ ; ५८५ ; सम० २३२ ; उत्तर० १५५ और उसके बाद ; ५०६ ; ७५४ ; विवाग० १५२ और उसके बाद ; विवाह० १३५ ; ओव० ; कप्प० ; महावीर० २८, १४ ; २९, २२ ; ६४, २१ ; उत्तर० १६७, १० ; अनर्घ० ५८, ८ ; ७०, १ ; १५५, ५ ; १५७, १० ; हास्या० २२, १ ; प्रसन्न० ४७, ७ ; ४८, ४ और ५) ; जै०महा० में खत्तिआ रूप आया है (कक्कुक शिलालेख ३) ; अ०माग० खत्तियाणी = क्षत्रियाणी (कप्प०), खत्ति = क्षत्रिन् (सूय० ३१७), शौर० में णिःखत्तीकद रूप = निःक्षत्रीकृत (महावीर० २७, ६), इन सबका सम्बन्ध अवेस्ती ह्शथ्र से है। — अ०माग० और जै०महा० में खीर = अवेस्ती ह्शीर = क्षीर (हेच० २, १७ ; सूय० ८१७ और ८२२ ; विवाह० ६६० और १४२ ; पण्णव० ५२२ ; उत्तर० ८९५ ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; नायाध० ; आव० एर्त्से० २८, २३ ; ४२, २) ; खीरी = क्षीरी (पाइय० २४०) ; महा० खीरोअ और जै०महा० खीरोय = क्षीरोद (गउड० ; हाल ; एर्त्से०) ; अ०माग० में खीरोदय रूप भी मिलता है (ओव०) ; शौर० में खीरसमुद्द = क्षीरसमुद्र (प्रबोध० ४, ७) ; किन्तु महा० में छीर रूप भी है (सब व्याकरणकार ; पाइय० १२३ ; गउड० ; हाल) ; अ०माग० में छीरविराली = क्षीरविडाली (विवाह० १५३१ ; [पाठ में छीरविराली है]) है। मार्कण्डेय पन्ना ६७ में स्पष्ट रूप में लिखता

है कि शौर० में **खीर** रूप ही आना चाहिए। — **खिवइ** = **क्षिपति** का सम्बन्ध अवेस्ता के **ख़्शिव्** से है (हेच० ४, १४३), महा० में **अक्खिवइ** = **आक्षिपति** (रावण०), **उक्खिवइ** = उत्क्षिपति (हाल), **समुक्खिवइ** रूप भी पाया जाता है (गउड०) ; जै०महा० मे **खिवसि** रूप मिलता है (एर्से० ८३, १८), **खिवेइ** भी आया है (एर्से०) ; अ०माग० मे **खिवाहि** देखा जाता है (आयार० २, ३, १, १६), **पक्खिवइ** भी है (आयार० २, ३, २, ३), **पक्खिवेज्जा** (आयार० २, ३, २, ३ ; विवाह० २७०), **निक्खियव्व** (पण्हा० ३७३), **पक्खिवण** (सूय० २८० ; २८२ ; २८८ ; ३७८) ; शौर० का **खिविदुं** = **क्षेप्तुम्** (विक्रमो० २५, १६), **खित्त** = **क्षिप्त** (मृच्छ० ४१, ६ और २२ ; [यह रूप कुमाउनी में प्रचलित है, इसके नाना रूप चलते हैं। —अनु०]), **अक्खित्त** = **आक्षिप्त** (विक्रमो० ७५, २ [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **उवक्खिव** = **उपक्षिप** (मृच्छ० ७२, १४), **उक्खिविअ** = **उत्क्षिप्य** (मृच्छ० ३, १७), **णिक्खिविदुं** = **निक्षेप्तुम्** (मृच्छ० २४, २२) रूप पाये जाते हैं, **णिक्खित्त** भी मिलता है (मृच्छ० २९, १३ ; १४५, ११ ; शकु० ७८, १३ ; विक्रमो० ८४, ८ ; [इसका कुमाउनी मे **निक्खित्त** और **निक्खिद्ध** रूप बुरे के अर्थ में वर्तमान हैं। —अनु०]), **णिक्खिविअ** भी आया है (विक्रमो० ७५, १०), **परिक्खिवीआमो** = **परिक्षिप्यामहे** (चड० २८, ११) आदि-आदि ; किन्तु **उच्छित्त** रूप भी देखने में आता है जो = उत्क्षिप्त (भाम० ३, ३० ; देशी० १, १२४ ; पाइय० ८४) और महा० में **छिवइ** रूप भी है (= छूना [यह रूप **स्पृश्** से निकला है न कि **क्षिप्** धातु से। —अनु०] : हेच० ४, १८२ ; गउड० ; हाल ; रावण०), **छित्त** (=छुआ हुआ : हेच० ४, २५८ ; पाइय० ८५ ; हाल) भी आया है। — अ०माग० और जै०महा० मे **खुड्ड** = **क्षुद्र**, **खुड्डय** और अ०माग० **खुड्डग** = **क्षुद्रक** (§ २९४ ; [पाठक इसकी तुलना फारसी रूप ख़ुर्द से करें जो ख़ुर्दबीन में है। —अनु०]) = अवेस्ती **ख़्शुद्र** (= बीज ; वीर्य) है। — महा० में **खुण्ण** = **क्षुण्ण** (देशी० २, ७५ ; पाइय० २२२ ; हाल), इसका सम्बन्ध अवेस्ता के **ख़्शुस्त** से है ; किन्तु **उक्खुण्ण** रूप भी मिलता है जो = **उत्क्षुण्ण** के (पाइय० २०१) है। — महा० में **खुब्भइ** = **क्षुभ्यति** (हेच० ४, १५४ ; रावण०), **संखुहिअ** भी देखा जाता है (गउड०), अ०माग० में **खोभइउं** = **क्षोभयितुम्** है (उत्तर० १२१), **खोभित्तए** (उवास०), **खुभिय** (ओव०), **कोखुब्भमाण** (§ ५५६ रूप भी पाये जाते हैं ; शौर० में **संखोहिद** = **संक्षोभित** (शकु० ३२, ८) है; अप० में **खुहिअ** आया है (विक्रमो० ६७, ११) ; महा० में **खोह** = **क्षोभ** (रावण०); जै०शौर० में **मोहक्खोह** आया है (पव० ३८०, ७) ; किन्तु पल्लवदानपत्र में **छोभं** = **क्षोभम्** (६, ३२) है ; **धिच्छुहिरे** = **विक्षुभ्यन्ति** (हेच० ३, १४२) ; अ०माग० में **छुभन्ति**, **उच्छुभइ** और **निच्छुभइ** रूप मिलते हैं ; जै०महा० में **छुभइ** और **छुहइ** रूप काम में आये हैं ; महा० में **विच्छुहइ** तथा अन्य इसी प्रकार के रूप हैं (§ ६६)। — महा० में **सिक्खइ** = **शिक्षति** (हाल) ; महा० और अप० में **सिक्खिअ**, जै०महा० में

सिक्खिअय तथा शौर० में **सिक्खिअद्** रूप = शिक्षित (गउड० ; हाल ; एत्सें० ; मृच्छ० ३७, ५ ; विक्रमो० ६२, ११) ; जै०महा० और शौर० में **सिक्खवत्त** रूप आया है (एत्सें०; मृच्छ० ७१, ११) ; शौर० में **सिक्खीअदि** और **सिक्खिदुकाम** रूप देखे जाते हैं (मृच्छ० ३९, २२, ५१, २८) । **सिक्खावेमि** भी पाया जाता है (प्रिय० ४०, ४) । इन सबका सम्बन्ध अवेस्ता के **असिद्दोंस्त** से है ।

§ ३२०—कभी-कभी अवेस्ता की भाषा और प्राकृत भिन्न-भिन्न पथ पकड़ते हैं । **उक्छ** = **उक्षन्** (भाम० ३,३० ; हेच० २,१७ ; ३,५६), **उक्छाण** भी मिलता है, किन्तु अवेस्ता में **उह्शॉन्** रूप है, किन्तु मार्कण्डेय पन्ना २४ में **उक्ख** तथा इसके साथ-साथ **उच्छ** रूप काम में लाने की अनुमति देता है । — पल्लवदानपत्र, महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और आव० में **दक्खिण** = **दक्षिण** (§ ६५); शौर० में **दक्खिणा** = **दक्षिणा** (मृच्छ० ५, १ ; कर्पूर० १०३, ६), किन्तु अवेस्ती में **दशिॉन** रूप है । तो भी अ०माग० में **दच्छ** (उवास० रूप मिलता है [कभी इस च्छ युक्त रूप का यथेष्ट प्रचार रहा होगा क्योंकि प्राचीन तथा सुरक्षित और प्राकृत रूप बहुत कुमाउनी बोली में **दक्षिण** को **दच्छिण** और **दक्षिणा** को **दच्छिणा** कहते हैं । —अनु०] ; इसके साथ-साथ अ०माग० तथा जै०महा० में **दक्ख** भी पाया जाता है (नायाध० ; ओव० ; एत्सें०) । — महा० **मच्छिआ** (सब व्याकरणकार ; हाल), अ०माग० और जै०महा० **मच्छिया** (विवाग० १२; उत्तर० २४५; १०३६ ; १०६४ ; ओव० ; द्वार० ५०३, ६) और अ०माग० **मच्छिगा** (पण्हा० ७२) = अवेस्ता का **मह्शि** = **मक्षिका** ; किन्तु शौर० मे **णिम्मक्खिअ** = **निर्मक्षिक** है (शकु० ३६, १६ ; १२४, ७ ; विद्ध० ६२, २) । — महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **रक्खस** = **राक्षस** (रावण०; सूय० १०५ ; ३३९, ४६८ ; उत्तर० ६९६ ; १०८४; ठाणंग० ९० ; ओव० ; एत्सें० ; मृच्छ० ६८८ ; शकु० ४३, ६ ; ४५, १ ; महावीर० ९६, १२ ; ९७, ७ ; १५ ; ९९, २ ; बाल० २२१, ५) ; अ०माग० में **रक्खसी** = **राक्षसी** (उत्तर० २५२) का सम्बन्ध अवेस्ता के **रश्** और **रॅशंह्** से है । — महा० और जै०महा० में **वच्छ** = **वृक्ष** (सब व्याकरणकार ; पाइय० ५४ ; गउड०; कर्पूर० ६४, २ ; एत्सें० ; दस० नि० ६४५, ६ [इस स्थान पर यह एक सूची में गिनाया गया है जिसमें **वृक्ष** के पर्यायवाची शब्दों की तालिका दी गयी है]) है । इसका सम्बन्ध अवेस्ता के **उर्वाश्** (= उर्वरा होना ; पेड़-पौधों का बढ़ना) से है । वर० ३, ३१ ; हेच० २, १२७ ; क्रम० २, ८३ और मार्क० पन्ना २४ के अनुसार **वृक्ष** शब्द से **वच्छ** के अतिरिक्त **रुक्ख** रूप भी बनता है तथा रामतर्कवागीश और मार्कण्डेय पन्ना ६६ के अनुसार शौर० में केवल **रुक्ख** रूप ही काम में लाया जाता है (हेच० १, १५३ ; २, १७ पर पिशल की टीका) । अ०माग० और शौर० में केवल **रुक्ख** काम में आता है (आयार० १, ७, २, १ ; १, ८, २, ३ ; २, १, २, ३ ; २, ३, २, १५ ; ९, ३, ३, १३ ; २, ४, २, ११ और १२ ; सूय० १७९ ; ३१४ ; ३२५ ; ४२५ ; ६१३ ; विवाह० २७५ और ४४५ ; सम० २३३ ; पण्णव० ३०; राय० १५४ ; जीवा० ५४८ और ५५० तथा उसके बाद दस० नि० ६४५, ५ ; नायाध०; ओव०; कप्प०; मृच्छ०

४०, २४ ; ७२, ८ ; ७३, ६ और ७ ; ७७, १६ ; ८७, ११ और १२; शकु० १, १० ; १०, २ ; १२, २ और ६; मालवि० ७२, ३) ; अ०माग० और शौर० में **कप्परुक्ख = कल्पवृक्ष** रूप मिलता है (आयार० २, १५, २० ; मल्लिका० २११, २) ; महा० और जै०महा० मे भी **रुक्ख** रूप पाया जाता है (हाल ; रावण० ; आव० एर्त्से० ४७, ११ और उसके बाद ऋषभ० २९ ; एर्त्से०) ; जै०महा० में **कप्परुक्ख** देखा जाता है (एर्त्से०) किन्तु इस प्राकृत में **वच्छ** रूप भी चलता है। **रुक्ख** रूप का वृक्ष से नाममात्र का सम्बन्ध नहीं है परन्तु **रुक्ख = रुक्ष**, जिसको रोट ने 'यूबर गोविस्से क्युर्सुंगन डेस वौर्टेस इम वेदा' पेज ३ में प्रमाणित कर दिया है। इस शब्द का अर्थ वेद मे पेड़ था।

§ ३२१—ऊपर दिये गये शब्दों के अतिरिक्त भी अन्य शब्दों मे कभी **क्ख** और कभी **च्छ** देखा जाता है। ऐसा एक रूप महा०, अ०माग०, जै०महा० में **उच्छु** है, अ०माग० और शौर० मे **इक्खु** है जो= **इक्षु** है [**उच्छु** से मराठी में **ईख** के लिए **ऊस** शब्द बना है और शौर० रूप **इक्खु** से हिन्दी का **ईख** बना है, कभी **क्खु** वर्ण के प्रभाव से शौर० मे बोली में ***उक्खु** रूप चलता होगा जिससे हिन्दी में **ऊख** भी हो गया है। —अनु०], अ०माग० और जै०महा० मे **इक्खाग = ऐक्ष्वाक** (§ ११७ और ८४) है। — महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **कुच्छि = कुक्षि** (गउड०, आयार० २, १५, २ ; ४, १० और १२ ; पण्हा० २८१ ; विवाह० २९५ ; १०३५ ; १२७४ ; उवास० ; कप्प० ; एर्त्से०) ; **कुच्छिमई = कुक्षिमती** (गर्भिणी : देशी० २, ४१), इसके साथ-साथ अ०माग० और शौर० मे **कुक्खि** रूप भी चलता है (नायाध० ३०० ; पण्हा० २१७ ; मालवि० ६५, १६), हेच० ने देशीनाममाला २, ३४ मे इस रूप को देशी बताया है [**कुक्खी** शब्दोदयः ; हेच० २, ३४। —अनु०]। — **छुर = क्षुर** (सब व्याकरणकार), **छुरमड्डि-** और **छुरहत्थ=क्षुरमर्दिन्** और **क्षुरहस्त** (= नाई : देशी० ३, ३१)। इसके साथ साथ महा० और अ०माग० मे **खुर** भी मिलता है (कर्पूर० ९४, ४ ; सूय० ५४६ ; विवाह० ३५३ ; १०४२ ; नायाध० ; उवास० ; कप्प०)। **खुरपत्त = क्षुरपत्र** (ठाणंग० ३२१) है। —अ०माग० और अप० मे **छार = क्षार** (= नमक का खार ; पोटाश [इसका अर्थ राख होना चाहिये जैसा कि हेच० ४, ३६५, ३ से सिद्ध होता है, वहाँ **अइउज्झइ तो छारु** पद है जिसका अर्थ हुआ 'यदि जल जाय तो राख हो जाय'। —अनु०] ; सब व्याकरणकार; उवास०; हेच० ४, ३६५, ३); **छारीभूय = क्षारीभूत** (विवाह० २३७), **क्षारिय = क्षरित** (विवाह० ३२२ और उसके बाद; ३४८), इसके साथ-साथ अ०माग० और जै०महा० मे **खार** मिलता है (सूय० २५० और २८१ ; ओव०; कालका०)। — § ३२६ की तुलना कीजिए। — महा०, अ०माग० और जै०महा० में **पेच्छइ** रूप आता है, किन्तु शौर० में **पेक्खदि = प्रेक्षते** है (§ ८४) । — महा०, अ०माग० और जै०महा० में **वच्छ = वक्षस्** (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ८१, ४ ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से०), किन्तु शौर० में **वक्खत्थल = वक्षःस्थल**

(मृच्छ० ६८, १९ ; धनंजयवि० ११, ९ ; हास्या० ४०, २२)। यह प्रयोग बोली में काम में लाये जानेवाले रूप **वच्छथल** के विपरीत है (बाल० २३८, ९ ; मल्लिका० १५६, १० [पाठ में **वच्छट्ठल** है] ; [पाठ में **वच्छट्ठल** है]; चैतन्य० ९८,११ ; ४९, ९)। — महा०, जै०महा० और जै०शौर० रूप **सारिच्छ**, किन्तु अ०माग०, शौर० और अप० में **सारिक्ख** = *सादृक्ष्य (§ ७८ और २४५) है। रूप की यह अस्थिरता यह सिद्ध करती है कि भारतीय भूमि में स्वयं एक ही बोली में बिना इसका नाममात्र विचार किये कि क्ष की भिन्न-भिन्न व्युत्पत्तियाँ हैं दोनों उच्चारण [**च्छ** और **क्ख** । — अनु०] साथ-साथ चलने लगे[1]। उदाहरणार्थ लोग **अक्षि** और **अक्षि** उच्चारण करते थे और इसकी परम्परा प्राकृत में **अच्छि** और **अक्खि** रूप में व्यक्त हुई।

१. इस दृष्टि से क्रिटिशे स्टुडिएन, पेज २३८ और उसके बाद में आस्कोली ने शुद्ध लिखा है ; योहानसोन, शाहबाजगढ़ी २, १०। गो० गे० आ० १८८१, पेज १३२२ और उसके बाद में पिशल के विचार की तुलना कीजिए।

§ ३२२—क्ष पर नाना दृष्टि से विचार करने के साथ-साथ यह बात ध्यान देने योग्य है कि **क्षण** और **क्षमा** में अर्थ की विभिन्नता जुड़ी हुई है। भाम० ३, ३१; हेच० २, २० और मार्क० पन्ना २४ के अनुसार **क्षण** का जब **छण** रूप होता है तब उसका अर्थ 'उत्सव' होता है। इसके विपरीत जब **खण** होता है तब उसका अर्थ 'समय का छोटा भाग' या 'पल' होता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; नायाध० § १३५ ; १३७ ; पेज ३००; दस० ६१३, ३९ ; कप्प० ; एर्से० ; कालका० ; ऋषभ० ; शकु० २, १४ ; १२६, ६ ; विद्ध० ९९, १ ; कर्पूर० ५८, ३ ; ५९, ६ ; १०५, ४)। मार्कण्डेय पन्ना ६७ के अनुसार शौर० में **छ** आता ही नहीं है [मेरे पास मार्कण्डेय के 'प्राकृतसर्वस्वम्' की जो प्रति है उसका आवरणपृष्ठ फट जाने से तिथि और प्रकाशनस्थान का कुछ पता नहीं चलता किन्तु छपाई यथेष्ट शुद्ध और साफ है। इससे पता नहीं लगता कि **छ** शौर० में आता ही नहीं है, क्योंकि इस आशय का सूत्र नहीं छपा है। इसमें इस विषय पर दो सूत्र हैं। एक में है : (आदौपदस्य) **शावे छो न स्यात्** [**शाव**, **शाब** होना चाहिए], **सावो** ; दूसरा है : **क्षण क्षीर सदृक्षाणां छः** (न स्यात्), **खणो**, **खीरं** और **सरिक्खो** इनमें **छ** के स्थान पर **ख** आता है, इससे यह अर्थ लगाना चाहिए कि शौर० में **क्ष** का **छ** नहीं होता, जैसे **प्रेक्षते** का **पेक्खदि** होता है, **पेच्छदि** नहीं, किन्तु इस विषय पर कोई स्पष्ट और विशेष सूत्र नहीं दिया गया है। —अनु०]। शकुन्तला ११८, १३ में भी तीन हस्तलिखित प्रतियों में **उपस्थितक्खणे** आया है। क्रमदीश्वर २, ८३ में **खण** और **छण** रूप देता है, पर अर्थ में कोई भेद नहीं बताता। हेमचंद्र २, १८ के अनुसार **क्षमा** का रूप जब **छमा** होता है तब उसका अर्थ 'पृथ्वी' होता है और जब **खमा** होता है तब उसका अर्थ 'क्षान्ति' या 'शांति' होता है। वररुचि ३, ३१ ; क्रमदीश्वर २, ८३ और मार्कंडेय पन्ना २४ में **खमा** और **छमा** पास-पास में आये हैं और इनके अर्थ में कोई भिन्नता नहीं बतायी

गयी है ; चंड० ३, ४ में केवल **खमा** रूप दिया गया है। अ० माग० में **छमा** = 'पृथ्वी' के अर्थ मे आया है (दस० ६४१, १०) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **खमा = शांति** (हाल ; विवाह० १६२ ; द्वार० ५०२, १९); अ०माग० में **खमासमण = क्षमाश्रमण** (कप्प०) है।

§ ३२३—अ०माग० और महा० में कभी कभी **क्ष** के आगे अर्थात् **क्ष** के बाद का दीर्घ स्वरवना रह जाता है। इस दशा में **क्ख, ख** रूप धारण करके (§ ८७) **ह** रूप धारण कर लेता है (§ १८८)। यह परिवर्तन बहुत अधिक **ईस्** धातु तथा इससे निकले नाना रूपों मे होता है : अ०माग० मे **ईहा = ईक्षा**[१] (नायाध० ; ओव० ; कप्प०) ; अ०माग० मे **अणुप्पेहन्ति = अनुप्रेक्षन्ते** (ओव० § ३१), **अणुप्पेहाए** रूप आया है (आयार० २, १, ४, २), **अणुप्पेहा = अनुप्रेक्षा** (ठाणंग० २११ और २१३ ; उत्तर० ८९, ९ ; ओव०), **उवेहेज्जा** भी मिलता है (आयार० २, १, ५, ५ और ९, २ ; २, ३, १, १६ और १८ ; २, ३, २, १ और ३, ८), **उवेहमाण = उपेक्षमाण** (आयार० १, ३, १, ३ ; १, ४, ४, ४ ; २, १६, ४), **पेहे= प्रेक्षेते** (उत्तर० ७२६), **पेह = प्रेक्षस्व** (सूय० १३९), **पेहमाण** भी है (आयार० १, ८, २, ११ ; १, ८, ४, ६ ; २, ३, १, ६) ; जै०महा० में **पेहमाणीओ** रूप पाया जाता है (आव० एत्सें० १७,१०) ; अ०माग० में **पेहाए** चलता है (आयार० १, २, ५, ५ ; १, ८, १, २० ; १, ८, ४, १० ; २, १, १, ३ ; २, १, ४, १ और ४ तथा उसके बाद ; २, १, ९, २ ; २, ४, २, ६ ; उत्तर० ३३), **पेहिय** भी काम मे आया है (उत्तर० ९१९), **पेहिया** (सूय० १०४), **पेहियं** (दस० ६३२, ३), **पेहा = प्रेक्षा** (दस० ६१३, २१), **पेहि = प्रेक्षिन्** (आयार० १,८,१,२०; उत्तर० ३०), **पेहिणी** (उत्तर० ६६३), **समुप्पेहमाण** (आयार० १, ४, ४, ४), **समुपेहमाण** (सूय० ५०६), **समुपेहिया** (दस० ६२९,३९), **संपेहेइ** (विवाह० १५२ ; २४८ ; ८४१ ; ९१६ ; उवास० ; नायाध० ; निरया० ; कप्प०), **संपेहई** (दस० ६४३, १०), **संपेहाए** (आयार० १, २, ४, ४ ; १, ५, ३, २ ; १, ६, १, ३ [पाठ मे **सँपेहाए** है] ; सूय० ६६९), **सँपेहिया** (आयार० १, ७, ८, २३) और **संपेहित्ता** रूप पाये जाते हैं (विवाह० १५२ और २४८)। इसके अतिरिक्त अ०माग० **लूह** और इसके साथ-साथ **लुक्ख = रूक्ष, लूहेइ** और **लूहिय = रूक्षयति** तथा **रूक्षित**[२] (§ ८७ और २५७); अ०माग० और जै०महा० में **सेह** = पाली **सेख** = संस्कृत **शैक्ष** (आयार० २, २, ३, २४ ; सूय० १६५ ; ५११ और ५२० ; ओव० ; कप्प० ; कालका०) ; अ०माग० में **सेहन्ति = *शैक्षन्ति** (सूय० ११५), **सेहावेइ = शैक्षापयति**[३] (विवाह० ७९७ ; ओव० ; नायाध०), **सेहाविय** रूप भी मिलता है (विवाह० १२४६)। — यही ध्वनिपरिवर्तन अ०माग० में गौण ह्रस्व स्वर में भी हुआ है : **सुहुम** और **सुहम = सूक्ष्म** (§ ८२ ; १३१ और १४०); महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में गौण दीर्घ स्वर में भी यही परिवर्तन हुआ है : **दाहिण = दक्षिण** ; अ०माग० मे **दाहिणिल्ल, आयाहिण,**

पयाहिण, पायाहिण (§ ६५) और देहई, देहए = *दृक्षति, *दृक्षते तथा अप० में द्रेहि ऐसे ही रूप हैं (§ ६६ और ५४६)।

१. लौयमान द्वारा संपादित औपपत्तिक सूत्र में यह शब्द देखिए, इस नियम के अनुसार लौयमान ने ठीक ही लिखा है ; कल्पसूत्र में यह शब्द देखिए, याकोबी ने=ईहा अशुद्ध लिखा है और स्टाइनटाल ने भी अशुद्ध लिखा है, उसका स्पेसिमेन देखिए। — २. इस नियम के अनुसार लौयमान ने शुद्ध लिखा है। उसके औपपत्तिक सूत्र में यह शब्द देखिए; याकोबी और स्टाइनटाल ने अपने उक्त ग्रन्थों में=लूषित अशुद्ध लिखा है। — ३. इस नियम के अनुसार लौयमान ने शुद्ध लिखा है, औपपत्तिक सूत्र में यह शब्द देखिए ; स्टाइनटाल ने अपने ऊपर दिये गये ग्रन्थ में = सेधयति लिखा है जो अशुद्ध है।

§ ३२४— वररुचि ११, ८ के अनुसार माग० में क्ष का स्क हो जाता है : लस्कशे = राक्षसः ; दस्के = दक्षः। हेच० ४, २९७ में तथा रुद्रट के काव्यालंकार २, १२ की टीका में नमिसाधु बताते हैं कि यह ध्वनिपरिवर्तन केवल प्रेक्ष् (अर्थात् प्र उपसर्ग समेत ईक्ष) और आचक्ष (अर्थात् आ समेत चक्ष्)का होता है : पेॅस्कदि = प्रेक्षते, आचस्कदि = आचष्टे है। इनके अतिरिक्त अन्य सब शब्दों में उनके (हेच० ४, २९६) अनुसार शब्द के भीतर आने पर क्ष का रूप ᳵक[1] हो जाता है : यᳵके = यक्षः ; लᳵकशे = राक्षसः ; पᳵक = पक्ष (हेच० ४, ३०२ [हेच० ने इस विसर्ग का रूप पᳵकं दिया है। —अनु०])। शब्द के आरम्भ में क्ष अन्य प्राकृत बोलियों पर लगनेवाले नियमों के अनुसार अपना रूप बदलता है : खअयलहला = क्षयजलधराः है। पीटर्सन की तीसरी रिपोर्ट पेज ३४४ में उद्धृत कृष्णपंडित[2] के मत के अनुसार क्ष के स्थान पर ह्क आना चाहिए : पह्क = पक्ष ; लह्का = लाक्षा ; पह्कालदु = प्रक्षालयतु। इस रूप के स्थान पर चंड० ३,३९ पेज ५२ और हेच० ४, २८८ में एक ही श्लोक के भीतर पक्खालदु रूप देते हैं। इसमें क्ष के ध्वनिपरिवर्तन से पता लगता है कि यहाँ क्ष की शब्द-प्रक्रिया इस प्रकार चली है मानो क्ष शब्द के आदि में आया हो। ललितविग्रहराज नाटक में सर्वत्र ह्क मिलता है : अलह्किय्यमाण = अलक्ष्यमाण (५६५, ७) ; लह्किदं=लक्षितम् (५६६, ४), भिह्कं=भिक्षाम् (५६६, ८) ; युज्झह्कमाणं = युद्धक्षमाणाम् (५६६; ११) ; लह्कं और लह्काइं = लक्षम् और लक्षाणि (५६६, ११) रूप हैं। इसी प्रकार पेॅह्किय्यन्दि, पेॅह्किय्यशि [यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए] और पेॅह्किदुं = प्रेक्ष्यन्ते, प्रेक्ष्यसे और प्रेक्षितुम् हैं (५६५, १३ ; १५ और १९ ; ५६६, ७)। उक्त बोली के विपरीत पच्चक्खीकदं = प्रत्यक्षीकृतम् रूप खटकता है (५६६, १)। नाटकों की हस्तलिपियाँ और उनके अनुसार ही छपे संस्करण माग० में क्ष के लिए वही प्रक्रिया काम में लाते हैं जो अन्य प्राकृत भाषाओं में क्ष के लिए काम में लायी जाती है, यह भी शब्द के केवल आदि में नहीं जैसे, खण = क्षण (मृच्छ० १३६, १५ और १६ ; १६०, ११ ; प्रबोध० ५०, ९), परन्तु शब्द के भीतर भी सर्वत्र वैसा ही व्यवहार करते हैं। कुछ हस्तलिपियों में, जो नाममात्र

के पाठभेद मिलते हैं, जैसे मृच्छकटिक १३,६ में पेष और पे॑त्थ, २१,१५ में पे॑क्ख, १३२, २० में लश्चिवदे और लश्छिदे तथा १३२, २१ में पेश्चामि और पेछामि, इस प्रकार के नहीं हैं कि इनसे व्याकरणकारो का कोई नियम निकाला जा सके। तो भी इनसे नियमों का आभास मिल सकता है। जेण अत्तणो पक्खं उज्झिअ परपक्खो पमाणीकरिअदि (मुद्रा० १७८, ६)[१] को हेमचद्र ने ४, ३०२ में यों पढ़ा—ये अप्पणो पःकं उज्झिअ पलश्श पःकं पमाणीकलेशि[२] और अमच्चरक्खसं पे॑क्खिदुं इदो एवं आअच्छदि (मुद्रा० १५४, ३७५) के स्थान पर इसी सूत्र मे अमच्च-लःकशं पेस्किदुं [मेरी प्रति मे पाठ मे पिक्खिदुं और पाठान्तर पेक्खिदुं है। —अनु०], इदो॑ य्येव आअश्चदि[३] [मेरी प्रति में आगश्चदि पाठ है। —अनु०] पढ़ता है। उदाहरणार्थ, मृच्छकटिक १२०, १३ मे भी अक्खीहिं भक्खीअदि दन्तेहिं पे॑क्खीअदि = अक्षिभ्याम् भक्ष्यते दन्तैः प्रेक्ष्यते पढ़ा जाना चाहिए। अःकीहिं भःकीअदि दन्तेहिं पेस्कीअदि। हस्तलिपियाँ पाठभेद नहीं देतीं।

१. इस संस्करण के पेज १४, २ में छपा है क्षस्य इको नादौ। यथा यइके लइकरो, यक्षो राक्षस इति। किन्तु सर्वोत्तम हस्तलिपि (कीलहॉर्न, रिपोर्ट बंबई १८८१, पेज ३४, संख्या ५३): को, ऋःके और लःकसे (?) आया है। — २. कृष्णपण्डित के शब्दों से: जिह्वामूलीयश्च क्वचित् शौरसेन्यादौ वक्ष्यते। तक्षः तःको। शकारश्च मागध्यां वक्ष्यते। पक्षः पश्को (?)। लाक्षा लाश्का (?)। इसके बाद कोई आवश्यक बातें नहीं हैं। एक बात यह है कि वह तःक को शौरसेनी रूप मानता है, बीच-बीच में इस हस्तलिपि में कर्ता एकवचन में स्वयं माग० में भी ओ लिखा मिलता है; नीचे दिये शब्द यह सम्भव बना देते हैं कि तःक रूप माग० न हो। इस विषय मे त्रिविक्रम और सिंहराजगणिन् हेमचंद्र से एकमत हैं। — ३. तेलंग का यही मत है। हस्तलिपियों से कम-से-कम शुद्ध रूप पल अथवा पलश्श और कलीअदि अथवा कलेशि रूप स्थिर किये जा सकते हैं। — ४. शुद्ध रूप उय्यिहुअ होता (§ २३६)। — ५. तेलंग का यही मत है। हस्तलिपि ई. (E) में शुद्ध रूप य्येव है अन्यथा सब में अशुद्ध रूप एव अथवा उजे॑व्व और रक्खसं आये हैं, कलकतिया संस्करण में भी यही रूप है।

§ ३२५—पाली की भाँति अ०माग० और जै०महा० में भी क्षुल्ल का क्ष-कार लुप्त हो जाता है और तब यह शब्द खुल्ल रूप धारण कर लेता है (देशी० ३, २२ ; पाइय० ५८); जै०महा० मे खुल्लताय = क्षुल्लतात (= चाचा : एर्त्से०) ; अ०माग० और जै०महा० मे खुल्लपिउ = क्षुल्लपितृ (= चाचा : दस० ६२८, ५ ; एर्त्से०) ; अ०माग० में खुल्लमाउया रूप भी आया है (= चाची ; अन्त० ७० ; नायाध० § ८४ — ८७ ; ९५ ; ९६ ; निरया०) ; अ०माग० में खुल्लसयय और खुल्लसयग रूप भी मिलते हैं जो = क्षुल्लशतक (उवास०), खुल्लहिमवंत = क्षुल्लहिमवत् (ठाणंग० ७२ ; ७४ ; १७६, १७७) ; खुल्लोडअ (= ज्येष्ठ भाई : देशी० ३, १७)। खुल्लक शब्द जैनियों की संस्कृत में ले लिया गया है (पाइय० में यह शब्द देखिए और उस पर ब्यूलर का मत भी देखिए)।

§ ३२६—क्ष यदि प्राचीन त्क्ष से निकला हो तो [यह त्क्ष अवेस्ता में मिलता है, आर्यों के भारत पहुँचने पर इसका लोप हो गया था। वैदिक और संस्कृत भाषाओं में इसका अवशेष यही क्ष है। —अनु०], इसका प्राकृत में ज्झ होकर झ और फिर ज्झ¹ हो गया है : झरइ = क्षरति (हेच० ४, १७३), जै०महा० में झरेइ आया है (एर्से०) ; णिज्झरइ=निःक्षरति (हेच० ४, २०) ; महा० में ओज्झर = अवक्षर (हेच० १७, ९८ ; देशी० १, १६० ; पाइय० २१६ ; हाल ; रावण०), हेमचन्द्र के मत में = निर्झर है, किन्तु स्वयं यह निर्झर शब्द प्राकृत है² और महा० तथा शौर० णिज्झर (गउड० ; हाल ; प्रसन्न० १२४, ७ ; शौर० में : मल्लिका० १३४, ७ ; बाल० २४१, ६ ; २६३, २२ [पाठ में णिज्झर है]); अ०माग० और जै०महा० में इसका रूप निज्झर हो जाता है (पाइय० २१६)। अ०माग० में पण्णव० ८०, ८४ और उसके बाद तथा ९४ में [पाठ में उज्झर और अधिक बार निज्झर है] ओज्झर और निज्झर साथ-साथ आये हैं। अप० में पज्झरइ = प्रक्षरति (हेच० ४, १७३ ; पिंगल १, १०२), पज्झरिडच रूप भी मिलता है (क्रम० २, ८४) ; शौर० में पज्झरावेदि आया है (कर्पूर० १०५, ८)। झरअ रूप भी अवश्य इन रूपों के साथ सम्बन्धित है (= सुनार : देशी० ३, ५४ [झरअ झरने से कैसे सम्बन्धित है, यह बताना कठिन है ; किन्तु सोनार अवश्य ही गहनों को झलता है अर्थात् उनमें धोकर चमक लाता है, इसलिए यह क्षर् का नहीं क्षालक* का प्राकृत रूप होना चाहिए, क्षल् और क्षाल् पर्यायवाची धातु हैं।—अनु०])। —अ०माग० में *झाइ के स्थान पर झियाइ रूप = *क्षाति = क्षायति³ (= जलाना [अकर्मक] : सूय० २७३ ; नायाध० १११७ ; ठाणंग० ४७८), झियायत्ति (ठाणंग० ४७८ [कुमाउनी में जब बच्चा आग के पास जाता है तब 'पास मत जा, आग है' बताने के लिए ('झि झि हो जायगी' कहते हैं, इसका वास्तव में अर्थ है 'जल जायगा'। —अनु०]) ; महा० में विज्झाइ रूप है (हेच० २, २८ ; हाल), विज्झाअन्त भी मिलता है ; महा० में विज्झाअ (गउड०; हाल; रावण०), अ०माग० और जै०महा० में विज्झाय (नायाध० १११३ ; दस० ६४१, २९ ; आव० एर्से० २५, ३) पाये जाते हैं ; महा० में विज्झवइ (गउड०), विज्झवेइ (हाल ; रावण०) और विज्झविअ रूप भी देखने में आते हैं (हाल ; रावण०) ; अ०माग० में विज्झवेज्जा, विज्झवेंन्तु (आयार० २, २, १, १०) और विज्झाविय रूप आये हैं (उत्तर० ७०९)। समिज्झाइ रूप, जो उपर्युक्त रूपों की नकल पर बना है, इन्ध⁴ धातु से सम्बन्ध रखता है। — अ०माग० में झाम = क्षाम (जला हुआ ; राख : आयार० २, १, १०, ६ ; २, १०, २२), झामेइ (सूय० ७२२ ; विवाह० १२५७), झामावेइ और झामन्त रूप हैं (सूय० ७२२) ; अ०माग० और जै०महा० में झामिय (देशी० ३, ५६ ; विवाह० ३२१ ; १२५१ ; आव० एर्से० २५, १ ; २६, १७) पाया जाता है ; जै०महा० में निज्झामेमो मिलता है (द्वार० ५०५, ९), इनके साथ-साथ महा०

* इस क्षालक या क्षालक से संबंधित झला = मृगतृष्णा, झलुंकिअ = दग्ध शब्द देशीनाममाला ३, ५३ और ३, ५६ में यथाक्रम मिलते हैं। — अनु०

और शौर० में **खाम** रूप मिलता है (= जलकर सूखा ; दुबला-पतला : गउड० ; कर्पूर० ४१, १) । — महा० और अ०माग० के **झिज्जइ=क्षीयते** (वर० ८, ३७ ; हेच० २, ३ ; ४, २० ; हाल ; रावण० ; ललित० ५६२, २१ ; उत्तर० ६३३) ; महा० में **झिज्जए**, **झिज्जामो** [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए], **झिज्जिहिलि** (हाल) और **झिज्जन्ति** रूप मिलते हैं (गउड० ; हाल) ; जै०महा० में **झिज्जामि** पाया जाता है (ऋषभ० ३५ [बबइया संस्करण के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; अप० में **झिज्जउं** देखा जाता है (हेच० ४, ४२५, १) ; महा० और जै०महा० में **झिज्झन्त**-(गउड० ; हाल ; रावण० ; कालका० तीन (III), ६८) रूप है ; शौर० में **झिज्जन्ती** आया है (विद्ध० ९९, २) ; महा०, शौर० और अप० में **झीण=क्षीण** (हेच० २, ३ ; क्रम० २, ८४ ; पाइय० १८१ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० २९, ५ ; ६९, २३ ; ७४, २० ; अप० में : विक्रमो० ५६, २१) ; इन **झ** वाले रूपों के साथ-साथ महा०, अ०माग० और शौर० में **खीण** भी चलता है (हेच० २, ३ ; हाल ; अणुओग० २८२ और उसके बाद ; सूय० २१२ ; सम० ८८ ; कप्प० ; अनर्घ० २९३, १० ; किन्तु इसके कलकतिया संस्करण २१६, ६ में **झीण** रूप आया है) और **छीण** रूप भी है (हेच० २, ३ [यह रूप कुमाउनी में बहुत चलता है और प्राचीन हिन्दी में प्रयुक्त हुआ है । —अनु०]) । **झोडइ= क्षोटयति** (फेंकना ; झड़ाना ; जोर से फेंकना : धातुपाठ ३५, २३) ; यही धातु **झोडिअ** में भी है (= शिकारी ; व्याध : देशी० ३, ६०), **णिज्झोडइ** **इइ = *निःक्षोट्यति** (फाड़ना ; छेदना : हेच० ४, १२४), सभवतः इसी धातु से **झोण्डलिआ** (= रास के समान एक खेल : देशी० ३, ६०) भी निकला हो । बहुत सभव है कि **झम्पइ** (भ्रमण करना : हेच० ४, १६१) भी इसी से सम्बद्ध हो, क्योंकि यह **क्षप्** धातु से (बाहर भेजना : धातुपाठ, ३५, ८४ सी (C) संबंधित होना चाहिए । यही धातु अ०माग० **झम्पित्ता = अनिष्टवचनावकाशम् कृत्वा** (गाली देना : सम० ८३) और **झम्पिय** (टूटा हुआ ; फटा हुआ ; हिलाया हुआ : देशी० ३, ६१; एर्त्से० ८५, २८) और **झम्पणी** में है (= पक्ष्म ; भौं : देशी० ३, ५४; पाइय० २५०)[१] । — **झसअ** (मशक ; मच्छड़ : देशी० ३, ५४) **क्षर्** धातु से निकाला गया प्रतीत होता है जिसमें **उक** प्रत्यय जोड़ा गया है (§ ११८ और ५९६), इसका सम्बन्ध **क्षार** (= तेज ; तीखा ; तीखी धारवाला ; कटु) से है जो सज्जी मिट्टी और रेह के अर्थ में आता है ; अ०माग० और अप० में इसका रूप **छार** है, अ०माग० और जै०महा० में इसका **खार** रूप हो जाता है (§ ३२१)। — **अवच्छइ = *अवचक्षति** (§ ४९९) के साथ-साथ हेमचद्र ४, १८१ में **अवअज्झइ** रूप भी देता है ।

१. वाकरनागल कृत, लिटेराटूर-ब्लाट फ्यूर ओरिऍटालिशे फिलोलोजी, ३, ५८ ; आल्ट इंडिशे ग्रामाटीक § २०९ । — २. त्साखरिआए कृत, बाइत्रैगे त्सूर इंडिशन लेक्सिकोग्राफी, पेज ५९ में याकोबी का मत । — ३. इस रूप को अ०माग० झियाइ = ध्याति से मिलाना न चाहिए (§ ३२१ ; २८० ;

४७९)। — ४. त्सा०डे०डौ०मौ०गै० २८, ३७४ और ४२८ में वेबर का मत ; हाल १०९ ; ३३३ और ४०७ पर वेबर की टीका ; एस० गौल्दश्मित्त, प्राकृतिका, पेज १६ और उसके बाद ; त्सिआहाइ, त्सिच्या रूप में जैनों की संस्कृत में भी ले लिया गया है। त्साखरिआए के 'अनेकार्थसंग्रह' के छपे संस्करण की भूमिका पेज १ और उसके बाद (विएना, १८९३)। — ५. ब्यूलर द्वारा संपादित पाइयलच्छी में झंपणीड शब्द देखिए।

§ ३२७—त्स, थ्स, त्श और त्च रूपों से होकर (§ ३१६) च्छ बन जाता है (वर० ३, ४० ; चंड० ३, ४ ; हेच० २, २१ ; क्रम० २९२ ; मार्क० पन्ना २५), माग० में इसका रूप श्च हो जाता है (§ २३३): अ०माग० में कुच्छणिज्ज = कुत्सनीय (पण्हा० २१८) ; कुच्छिअ = कुत्सित (क्रम० २, ९२) ; चिइच्छइ = चिकित्सति, शौर० में चिकिच्छिदव्व रूप आया है। अ०माग० में तिगिच्छई और वितिगिच्छामि रूप पाये जाते हैं (§ २१५ और ५५५) ; अ०माग० में तेइच्छा और तिगिच्छा = चिकित्सा, वितिगिच्छा = विचिकित्सा और तिगिच्छग = चिकित्सक (§ २१५), शौर० में इसका रूप चिइच्छअ है (मालवि० २७, १२ ; इस प्रकार बंगला हस्तलिपियों और बौ`लें`नसेन की तेलगू हस्तलिपि के साथ पण्डित के संस्करण ५२,२ में चिकिस्सअ और चिइस्सअ के स्थान पर वही पाठ पढ़ा जाना चाहिए)। अ०माग०, जै०महा० और शौर० में बीभच्छ (उवास० § ९४ ; आव०एर्त्से० ८, १९ ; द्वार० ५०६,२१ ; कालका० २६४, २६ ; मालती० २१५, १), शौर० रूप बीहच्छ (प्रबोध० ४५, ११ ; यहाँ वही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) और माग० बीहश्च (मृच्छ० ४०, ५ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) = बीभत्स है। महा०, जै०महा०, शौर० और अप० में मच्छर = मत्सर (चंड० ३,४ ; हेच० २, २१ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से० ; शकु० १६१, १२ ; मालवि० ६४, २० ; हेच० ४, ४४४, ५) है। जै०महा० और शौर० में वच्छ = वत्स (भाम० ३, ४० ; एर्त्से० ; कालका० ; मृच्छ० ९४, १५ ; १५०, १२ ; विक्रमो० ८२, ६ ; ८ और १३ ; ८७, १७), माग० में इसका वश्च रूप है (हेच० ४, ३०२) ; अ०माग० और जै०महा० में सिरिवच्छ = श्रीवत्स (पण्हा० २५९ ; सम० २३७ ; ओव० ; एर्त्से०) है। महा०, जै०महा० और शौर० में वच्छल = वत्सल (गउड० ; हाल ; द्वार० ५०१, ३ ; ५०३, ३८ ; ५०७, ३० ; एर्त्से० ; शकु० १५८, १२), माग० में इसका रूप वश्चल है (मृच्छ० ३७, १३ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए)। — अ०माग० में छरु = त्सरु है (पाइय० ११९ ; देशी० ५, २४ ; पण्हा० २६६ ; सम० १३१ ; ओव० ; नायाध०)। यही शब्द लोगों की जबान पर चढ़कर थरु=*स्तरु हो गया है (देशी० ५, २४ ; [यह शब्द इस स्थान पर मिला है किन्तु ऊपर जो छरु शब्द दिया गया है वह न तो ५, २४ में है और न छ-वाले शब्दों में मिला है। यह रूप अवश्य ही कहीं न कहीं होगा पर यहाँ वर्ग और श्लोक-संख्या में कुछ भ्रम है। —अनु०])। पण्हावागरणाइं १२२ में पाठ में चच्छरु और टीका में त्थरु रूप आया है।

§ ३२७ अ—संधि में जिसमें एक पद के अंत में त् हो और उसके बाद के पद के आदि का वर्ण मौलिक श अथवा स से आरम्भ हो तो ध्वनिसमूह *त्श और त्स, स्स रूप धारण कर लेते हैं, नहीं तो त् के आगे के स्वर का दीर्घीकरण हो जाता है और स्स के स्थान पर स रह जाता है। त्+श : अ०माग० में **ऊसवेह** = **उच्छ्रपयत** जो *उत्श्रपयत से निकला है, **उस्सविय** = **उच्छ्रपित** ; अ०माग० और जै०महा० मे **ऊसिय** = **उच्छ्रित**, अ०माग० में **उस्सिय**, **समुस्सिय** और **उस्सविय** रूप भी पाये जाते हैं; शौर० मे **उस्सावेदि** (§ ६४) आया है। महा० में **उस्सून**=**उच्छून** (गउड०) है। अ०माग० में **उस्सुंक** = **उच्छुल्क** (§ ७४) है। महा० में **ऊससइ**=**उच्छ्वसिति**, अ०माग० मे इसका रूप **ऊससन्ति** है ; माग० में **ऊशशदु** रूप मिलता है ; अ०माग० मे **उस्ससइ** रूप भी देखा जाता है (§ ६४ और ४९,६) ; अ०माग० मे **उस्सास** = **उच्छ्वास** (नायाध० ; भग० ; ओव०) ; महा० और अप० में **उसास** आया है (गउड० ; रावण० ; हेच० ४, ४३१, २) ; **ऊससिर** = *उच्छ्वसिर (हेच० २, १४५) ; **ऊसीस** (पाइय० ११८) और जै०महा० **उसीसअ** (आव० एर्से० १६,१८) = **उच्छीर्षक** है। इसी का पर्यायवाची रूप **ऊसअ** (देशी० १, १४०) = उच्छय के है जो = उद्+शय है। **ऊसुअ** = *उच्छुक जो उद्+शुक से बना है (हेच० १, ११४)। अ०माग० मे **तस्स-किणा** = **तच्छंकिनः** जो **तद् + शंकिणः** से बना है (सूय० ९३६)। —त् + स : अ०माग० में **उस्सग्ग** = **उत्सर्ग** (भग० ; कप्प०) है। अ०माग० और जै०महा० में **उस्सप्पिणी** = **उत्सर्पिणी** (कप्प० ; ऋषभ०) है। अ०माग० मे **उस्सेह** = **उत्सेध** (पाइय० १६८ ; भग० ; उवास० ; ओव०) है। अ०माग० में **तस्सन्नि**- = **तत्संज्ञिन्** (आयार० १, ५, ४२) और **तस्संधिचारि** = **तत्संधिचारिन्** (आयार० २,२, २,४) है। **ऊसरइ** = **उत्सरति** (हेच० १, ११४), **ऊसारिअ** = **उत्सरित** (हेच० २, २१), जै०महा० मे **उस्सारित्ता** रूप आया है (एर्से० ३७, २८ ; इस ग्रंथ में **ऊसारित्ता** शब्द देखिए)। अ०माग० में **ऊसत्त** = **उत्सक्त** (कप्प०) और **ऊसित्त** = **उत्सिक्त** (हेच० १,११४ ; पाइय० १८७) है, किंतु **उस्सिक्कइ** रूप भी मिलता है जो = **उत्सिक्तति** (मुक्त करना ; छोड़ देना ; ऊपर को फेंकना : हेच० ४,९१; १४४) है। —हेमचंद्र १, ११४ के अनुसार **उत्साह** और **उत्सन्न** में **त्स**, **च्छ** में बदल जाता है : महा०, शौर० और अप० मे **उच्छाह** रूप है (गउड० ; रावण० ; शकु० ३६,१२ ; मालवि० ८,१९ [यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; पिंगल १,९६ अ); **उच्छन्न** है (हेच० १,११४) ; ढक्की मे **उच्छादित** = **उत्सादित** मिलता है (मृच्छ० ३८,१८ ; ३९,१)। वर० ३, ४२ ; क्रम० २,९३ ; मार्क० पन्ना २६ के अनुसार **उत्सुक** और **उत्सव** मे **च्छ** कभी नही आता पर हेमचंद्र २,२२ में बताया गया है कि **स** के साथ-साथ विकल्प से **च्छ** भी यहा काममें लाया जा सकता है। इस नियमसे महा० में **उच्छुअ** रूप आया है (हेच० ; हाल ९८४ की टीका), किंतु महा० में अधिक स्थलों मे **ऊसुअ** मिलता है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल[१] ; रावण० ; शकु० ८७, १४ ; कर्पूर० ५८, २), शौर० में **उस्सुअ** रूप भी है, अ०माग० और

जै०महा० में उस्सुय रूप भी है (शकु० ८४, १३ ; माळवि० ३५, १ ; ३७, २० ; ओव० ; एर्त्से०) ; शौर० में पज्जुस्सुअ = पर्युत्सुक (शकु० १९, ६ ; ५७, १) और पज्जुसुअ (विक्रमो० २१,१९) रूप भी पाया जाता है ; शौर० में समूसुअ = समुत्सुक (शकु० १४२,४ ; विक्रमो० ६७,१२) ; महा० में ऊसुइअ = उत्सुकित (हाल) ; अ०माग० में ओसुय = औत्सुक्य (ओव०) है। —महा० और शौर० में ऊसव = उत्सव (गउड० ; हाल ; रावण० ; शकु० १२१, १२ ; चैतन्य० २४४, १८), अ०माग० मे उस्सय रूप है (विवाह० ८२२) और ऊसअ भी काम में आता है (निरया०) ; महा० में गामूसव = ग्रामोत्सव (गउड०) ; महा०, जै० महा० और शौर० में महूसव = महोत्सव ; शौर० में वसन्तूसव = वसन्तोत्सव (§ १५८), इनके साथ-साथ महा० और शौर० में उच्छव रूप भी चलता है (हाल ३६९ ; मल्लिका० २०९,१८ ; [यह रूप कुमाउनी में वर्तमान है तथा गुजराती भाषामें इन रूपोंका बहुत प्रचलन है। पुरानी हिंदी में यह आया है। —अनु०]) ; शौर० में णिरुच्छव भी मिलता है (शकु०११८,१३)[1]। —उत्संग महा०, अ०माग० जै०महा० और अप० में सदा उच्छंग रूप धारण करता है (गउड०; हाल ; [श्लोक ४२२ पढ़िए] ; रावण० ; ओव० ; एर्त्से० ; हेच० ४,३३६ ; विक्रमो० ५१,२) । — महा० और चू०पै० में उच्छल्लइ रूप है (गउड० ; हाल ; रावण० ; हेच० ४,३२६), जै०महा० में उच्छल्लिय रूप आया है (एर्त्से०), इसके साथ-साथ ऊसल्लइ रूप भी मिलता है (हेच० ४,२०२), ऊसलिअ (देशी० १, १४१), ऊसलिय (पाइय० ७९) के विषय में भारतीयों से सहमत हूँ कि ये उद् + शल् से निकले हैं, किंतु त्साखरिआए[2] की अपेक्षा, जिसने इसे उद् + *सल् से व्युत्पन्न किया है, मैं भारतीय व्युत्पत्ति ठीक मानता हू । —उत्थल्लइ (हेच० ४, १७४ ; क्रम० ४, ४६ की तुलना कीजिए), उत्थल्लिय (पाइय० १७९) और उत्थल्लिअ रूप (देशी० १, १०७), ब्यूलर[4] के मत से स्थल + उद् से निकले हैं तथा यह मत ठीक है। —अ०माग० में त् + श के समान ही द् + श का रूपपरिवर्तन हुआ है : छस्सय = षट्शत (कप्प०) है।

1. हाल ४७९ की टीका और ठीक इसके समान ही वररुचि ३, ४ में इस शब्द का रूप देखकर पता लगता है कि उस्सुअ से ऊसुअ के अधिक प्रमाण मिलते हैं अर्थात् ऊसुअ रूप अधिक शुद्ध है। — २. लास्सन ने अपने इन्स्टि-ट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज १५१ में इस रूप पर संदेह प्रकट करके अन्याय किया है और इसे शकुंतला ७७, ६ में अशुद्ध बताकर बोएटलिंक ने लास्सन का साथ दिया है। — ३. कू० त्सा० ३३, ४४४ और उसके बाद। — ४. पाइय-लच्छी में उत्थल्लिअं शब्द देखिए।

§ ३२८—अंतरिम काल में फ्स, प्स्, प्छ रूपों से गुजर कर प्स और च्छ रूप धारण कर लेता है (§ ३१६ ; वर० ३, ४०; चंड० ३, ४ ; हेच० २, २१ ; क्रम० २, ९२ ; मार्क० पन्ना २५)[1] : छाअ = पाकी छात = प्सात (भूखा ; दुबला-पतला : देशी० ३, ३३ ; पाइय० १८३) है। दुबले-पतले के अर्थ में (देशी०

३, ३१ ; पाइय० ८७) छाअ=*क्षात[1] है। — अच्छरा और अच्छरसा = प्राचीन हिंदी रूप अच्छर और सिंधी अच्छरा[3] के = अप्सरा अप्सराः के (§ ४१०)। यह छर = प्सरस् (= रूप : [जैसा विद्वान् लेखक ने ऊपर दिया है कि छात = प्सात = भूखा के है, वही अर्थ छर = प्सर का भी लगाया जाना चाहिए। इस दृष्टि से और वैदिक भाषा में भी प्सर् का अर्थ भोजन है, इसलिए अप्सरस् का अर्थ था 'भोजन न करनेवाली' ; 'भूखी रहनेवाली' और 'दुबली-पतली' ; देशीनाममाला का छात जो प्सात का प्राकृत और देशी रूप है, हेमचंद्र ने उसका ठीक ही अर्थ दिया है, इसलिए छर = प्सरस् = रूप ठीक नहीं बैठता और न इसके प्रमाण मिलते हैं। —अनु०]) से निकला है। महा० में समच्छरेहिं = समरूपैः है (रावण० ७, ६२) और अ०माग० में उत्तरकुरूमाणुसच्छराओ = उत्तरकुरूमानुषरूपाः (पण्हा० २८८)[4] है [यहाँ अच्छर रूप है, इसके अर्थ दूसरे हैं, अक्षर = वर्ण = ध्वनि का साक्षात् रूप और अक्षर = शब्द = वस्तु का रूप। तुलसी ने जहाँ 'आखर अरथ' लिखा है वहाँ आखर का अर्थ शब्द अथवा किसी पदार्थ या मनोभाव का ध्वनि रूप है। अच्छर या छर के मूल अर्थ के लिए हमें वैदिक प्सर का अर्थ ढूँढ़ना होगा जो वैदिक परम्परा के कारण जनता की बोली अर्थात् देशी भाषा में अपने मूल रूप में उतरा था। —अनु०]। — जुगुच्छा = जुगुप्सा ; महा० में इसका एक रूप जुउच्छइ आया है ; अ०माग० में दुगुच्छइ मिलता है ; शौर० में दुगच्छेदि = जुगुप्सति (§ २१५ ; ५५५) है। — जै०महा० में घेच्छामो = घृप्स्यामः (आव० एर्त्से० २३, ६) है। — लिच्छइ = लिप्सति (हेच० २, २१) ; लिच्छा = लिप्सा (भाम० ३, ४० ; मार्क० पन्ना २५) ; अ०माग० में लिच्छु = लिप्सु है (उत्तर० ९६१)।

१. वेबर ने भगवती १, ४१४ में भूल से बताया है कि इस प्स का प्प में ध्वनिपरिवर्तन हो जाता है और पिशल ने वेदिशे स्टुडिएन १, ७९ में भूल से कहा है कि इसका रूप प्फ बन जाता है। — २. ब्यूलर, पाइयलच्छी में छायं शब्द देखिए ; त्सा०डे० डौ०मौ०गे० ५२, ९६ में पिशल के विचार। यह शब्द छात रूप में संस्कृत में ले लिया गया है (त्साखरिआए द्वारा संपादित 'अनेकार्थसंग्रह' की भूमिका, विएना १८९३, पेज १५, नोटसंख्या २)। — ३. बीम्स, कंपैरैटिव ग्रैमर १, ३०९। अच्भरा रूप, जिसका उल्लेख लास्सन ने इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज २६७ में किया है, आस्कोली ने क्रिटिशे स्टुडिएन, पेज २६२ में तथा जिसकी व्युत्पत्तियाँ बार्टोलोमाए ने त्सा०डे०डौ०मौ० गे० ५०, ६२२ में दी हैं, अशुद्ध पाठांतर है, जैसा पिशल ने त्सा०डे०डौ०-मौ०गे० ५१, ५८९ और उसके बाद के पृष्ठों में दिखाया है। — ४. त्सा० डे० डौ०मौ०गे० ५२, ९३ और उसके बाद के पृष्ठों में पिशल का मत।

§ ३२९—ःक, ःख, ःप और ःफ जो हेमचंद्र २, ७७ के अनुसार शुद्ध रूप में ᳵक, ᳵख, ᳵप और ᳵफ हैं, इसी प्रकार के श-, ष- और स-कारयुक्त संयुक्त वर्णों अर्थात् ध्वनिसमूहों के समान ही बरते जाने चाहिए (§ ३०१ और उसके बाद), तात्पर्य यह कि इनका क्क (संधि में), क्ख, प्प (संधि में) और प्फ रूप

हो जाते हैं : शौर० में अन्तक्करण = अन्तःकरण (विक्रमो० ७२,१२) ; णिक्खत्ती-कद = निःक्षत्रीकृत (महावीर० २७, ६) है। महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०-शौर०, शौर०, माग०, दाक्षि० और अप० में दुक्ख = दुःख (गउड० ; हाल ; रावण० ; आयार० १, १, १, ७ ; २, ३ ; ३, ५ ; ६, २ आदि-आदि ; उवास० ; कप्प० ; निरया० ; नायाध० ; आव० एर्से० ९, ६ ; १०, २० ; एर्से० ; कालका०; ऋषभ० ; पव० ३८०, १२ ; ३८१, १४ और २० ; ३८३, ७५ ; ३८५, ६७ और ६९ ; मृच्छ० २८, ११ ; ७८, १२ ; शकु० ५१, १४ ; ८४, १४ ; १३६, १३ ; विक्रमो० ९, १९, ५१, १२; ५३, ११; माग० में : मृच्छ० १५९, २२; प्रबोध० २८, १७ ; २९, ७ ; दाक्षि० में : मृच्छ० १०१, १२ ; अप० में : हेच० ४, ३५७, ४ ; विक्रमो० ५९, ६ और ६०,१८) है ; शौर० में णिद्दुक्ख = निर्दुःख (शकु० ७६,८) है ; शौर० में दुक्खिद = दुःखित (विक्रमो० १६, ६ ; ३४, १) है। —अ०माग०, जै०महा० और शौर० में दुक्ख के साथ-साथ दुह रूप भी पाया जाता है (सूय० १२६ ; १५६ ; २५९ और ४०६ ; उत्तर० ५०५ ; ५७४ ; ५९९ और ६२६ ; पण्हा० ५०४ ; दस० नि० ६४६, ६ और १४ ; नायाध० ४७८ ; एर्से० ; कालका० ; कत्तिगे० ४०१, ३४९)। इसी भाँति महा० में दुहिअ (हेच० १, १३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; क्रम० २, ११३ [यहाँ भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]; हाल ; रावण०) ; अ०माग० और जै०महा० मे दुहिय रूप है (उत्तर० ५९९ ; विवाह० ११६ ; तीर्थ० ६, १० ; द्वार० ५०१, १०; कालका०) तथा जै०महा० का दूसरा रूप दुहिद (पव० ३८३, ७५) = दुःखित है ; महा० में दुहाविअ रूप भी पाया जाता है (गउड०) और अ०माग० में दुहि- = दुखिन् देखा जाता है (सूय० ७१ ; उत्तर० ५७७)। दुःख के ह–युक्त प्राकृत रूप प्रायः बिना अपवाद के पद्य में पाये जाते है और दुह रूप बहुधा सुह के ठीक बगल में आता है [अर्थात् सुह– दुह रूप में। —अनु०] = सुख है। इसकी नकल पर दुह बना है' ठीक इसके विपरीत सुक्ख (= आत्मकुशल; निर्विघ्न : देशी० ८ ५६), जो दुग्ग = दुर्ग (= दुःख : देशी० ५, ५३ ; त्रिवि० १, ३, १०५) की नकल पर बना है'। — पुणपुणक्करण = पुनःपुनःकरण (देशी० १,३२) है। अन्तप्पाअ = अन्तःपात (हेच० २,७७) है। माग० में संयुक्त वर्ण अर्थात् ध्वनिसमूह हस्तलिपियों में व्याकरण के नियमों के अनुसार लिखे गये हैं, यह संदिग्ध है। § ३४२ और ४४७ की तुलना कीजिए। — :श, :ष और :स, स्स बन जाते हैं तथा माग० में स्स के स्थान में श्श आता है अथवा इससे पहले आनेवाले स्वर का दीर्घीकरण होने पर स आता है जो माग० में श रूप धारण करता है (§ ६४) : शौर० में चदुस्साल = चतुःशाल (मल्लिका० २०९, १९ ; २१५, ५ ; पाठ में चउस्साल है), चदुस्सालअ = चतुःशालक (मृच्छ० ६, ६ ; १६, ११ ; ४५, २५ ; ९३, १६ ; १८ ; धूर्त० ६, ५); शौर० में चदुस्समुद्द= चतुःसमुद्र (मृच्छ० ५५, १६ ; ७८, ३ ; १४७, १७) है। माग० में णिश्शलिद = निःसृत (ललित० ५६६, १५) है। महा० में णीसंक = निःशंक; जै०महा० में यह निस्संक हो जाता है (§ ६४)। महा० और शौर० में णीसह = निःसह,

इसके साथ-साथ **निस्सह** रूप भी काम में आता है (§ ६४)। जै०महा० में **नीसेस** = **निःशेष** (कक्कुक शिलालेख १) है। शौर० में **दुस्सत्त** = **दुःषत्त** (शकु० १६, १२; ७६,१०), माग० मे **दुश्शन्त** हो जाता है (शकु० १५०, १०)। **दुस्संचर** और **दूसंचर** = **दुःसंचर** (क्रम० २,११३) है। शौर० में **दुस्सिलिट्ठ** = **दुःश्लिष्ट**(महावीर० २३, १९) है। महा०, जै०महा०, शौर० और अप० में **दूसह** और इसके शौर० रूप **दुस्सह** = **दुःसह** (§ ६४) है। शौर० मे **शुणस्सेह** = **शुनःशेफ** (अनर्घ० ५८,५ ; ५९,१२) है। **दुस्सील** = **दुःशील** (देशी० ६,६०) है। § ३४० की तुलना कीजिए।

१. कू० त्सा० २५, ४३८ और उसके बाद के पेजों में याकोबी के विचारों की तुलना कीजिए, किन्तु इनमें बहुत कुछ अशुद्ध भी है। २. — पिशल, बे० बाइ० ६, ९५।

§ ३३० — सयुक्त वर्ण **ह्न**, **ह्ण**, **ह्म** और **ह्ल** व्यंजनों के स्थानपरिवर्तन के द्वारा क्रमशः **ण्ह**, **म्ह** और **ल्ह** रूप धारण कर लेते हैं (वर० ३, ८ ; हेच० २, ७४ ; ७५ और ७६; क्रम० २, ९५ ; ९६ और ९९; मार्क० पन्ना २१)। महा०, अ०माग०, जै०-महा०, जै०शौर० और शौर० में **अवरह्न** = **अपराह्न** (माग० ३, ८ ; हेच० २, ७५ ; गउड० ; हाल ; अणुओग० ७४ ; भाग० ; एर्त्से० ; कत्तिगे० ४०२, ३५४ ; ४०३, ३७३ ; वृषभ० ४१, २) है। अ०माग० और जै०शौर० मे **पुव्वह्न**= **पूर्वाह्न** (भाम० ३, ८ ; हेच० २,७५); मार्क० पन्ना २१ ; ठाणग० २४४ ; अणुओग० ७४ ; भग० ; कत्तिगे० ४०२,३५४) है ; अ०माग०मे **पुव्वावरह्न** रूप भी आया है (नायाध० ३३२ और ४८१ ; ठाणग० २४४; कप्प० § २१२ और २२७ ; निरया० ५३ और ५५ ; विवाग० १२४ [पाठ मे **पच्चावरह्न** है])। महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० में **मज्झंह** = **मध्याह्न** (हेच० २, ८४ ; हाल ४४९ ; कर्पूर० ९४, ६ ; ९६, २ ; ठाणग० २४३ ; आव० एर्त्से० ४६, ६ ; एर्त्से० ; कत्तिगे० ४०२ , ३५४ ; रत्ना० ३२१, ३२ ; धूर्त० ७, २० ; कर्पूर० ५९, ४ ; विद्ध० ४०, ५ ; चैतन्य० ९२, १३ ; जीवा० ४६, १० और १७) है। **मज्झण्ण=मध्यंदिन** के विषय मे § १४८ और २१४ देखिए। — महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **गेण्हइ**, जै०शौर० **गिण्हदि** और शौर० तथा माग० **गे`ण्हदि** = **गृह्णाति** ( § ५१२ ) है। — महा०, शौर०, माग० और अप० में **चिण्ह** = **चिह्न**, इसके साथ साथ महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **चिन्ध** रूप भी चलता है ( § १६७ )। — **जण्हु** = **जह्नु** ( भाम० ३, ३३ ; हेच० २, ७५) है। — **णिण्हवइ**= **निह्नुते**, अ०माग० में **निण्हवे`ज्ज**, **निण्हवे** और **अणिण्हवमाण** रूप पाये जाते हैं, महा० में **णिण्हुविअन्ति** और शौर० में **णिण्हुवीअदि** ओर **णिण्हुविद** रूप मिलते हैं (§ ४७३)। — अ०माग०, जै०-महा० और शौर० में **वण्हि** = **वह्नि** (भाम० ३, ३३ ; हेच० २, ७५; क्रम० २, ९९ ; विवाह० ४१७ ; एर्त्से० ; मुद्रा० २५३, ८) है। — महा० और दाक्षि० में **बम्ह**— = **ब्रह्मन्** (हेच० २, ७४ ; हाल ; मृच्छ० १०५, २१) ; पल्लवदानपत्र , शौर० और माग० में **बम्हण** = **ब्राह्मण** (§ २८७) ; शौर० में **बम्हण्ण** = **ब्राह्मण्य** (§ २८२) ; **बम्हचेर** = **ब्रह्मचर्य** (§ १७६), इसके साथ-साथ बोली में **बम्भ**, **बम्भण**

और **बम्मचेर** रूप भी चलते हैं (§ २५० और २६७) । — **सुम्हा** = **सुह्माः** (हेच० २, ७४) है । — **अल्हाद** = **आह्लाद** (भाम० ३, ८) है । अ०माग० में **कल्हार** = **कह्लार** (भाम० ३, ८ ; हेच० २, ७६ ; क्रम० २, ९५ ; मार्क० पन्ना २१ ; पण्णव० ३५ ; सूय० ८१३) है । **पल्हाअ** = **प्रह्लाद** (हेच० २,७६) ; अ०माग० में **पल्हायणिज्ज** = **प्रह्लादनीय** (जीवा० ८२१ ; नायाध० § २३) ; अ०माग० में **पल्हायण** = **प्रह्लादन** (उत्तर० ८३८) है । महा०, अ०माग और शौर० में **पल्हत्थ** = ***प्रह्लस्त** ; महा० में **पल्हत्थइ** रूप है और अ०माग० में **पल्हत्थिय** आया है (§ २८५) । अ०माग० और जै०महा० में **पल्हव** = **पह्लव** (पण्हा० ४२ [पाठ में **पह्लव** है] ; द्वार० ४९८, १७) ; अ०माग० में **पल्हवी** (नायाध० § ११७) और **पल्हविया** (विवाह० ७९२ ; ओव० § ५५) रूप आये हैं । **ल्हसइ** और **परिल्हसइ** = **ह्लसति** और **परिह्लसति** (हेच० ४, ४९७) हैं; अप० में **ल्हसिउँ** रूप मिलता है (हेच० ४, ४४५, ३) ।

§ ३३१— हेच० २, ११४ के अनुसार **ह्य** ध्वनिपरिवर्तन अर्थात् वर्णव्यत्यय के कारण **य्ह** रूप धारण कर लेता है : **गुय्ह** = **गुह्य** और **सय्ह** = **सह्य** है । व्याकरणकार यही नियम सर्वनाम द्वितीय वचन के लिए भी बताते हैं : **तुय्ह** और **उय्ह** (§ ४२० और उसके बाद) । यह ध्वनिपरिवर्तन पाली में बहुत होता है किन्तु प्राकृत में इसके उदाहरण अभी तक नहीं मिले हैं । सम्भवतः यह माग०, पै० और चू०पै० के लिए बनाया गया होगा क्योंकि इन बोलियों के अन्य ध्वनिपरिवर्तनों के साथ इनका मेल है (§ २३६ ; २५२ ; २८० और २८७) । छपे संस्करण माग० में **ज्झ** देते हैं ; तोभी मृच्छ० १७०, १८ = गौडबोले के संस्करण का ४६३, ८ में पाठ के **शज्झ** के स्थान पर हस्तलिपियाँ **सह्य**, **सत्थ**, **शस्थ** और **स्सत्थ** देती हैं । इन रूपों से यह आभास मिलता है कि यहाँ पर **शय्ह** लिखा जाना चाहिए । शेष सभी बोलियों में **य** § २५२ के अनुसार बदल कर **ज** बन गया है । इस कारण **ह्य** का **ह्ज** रूप हो गया है और शब्द के भीतर यह **ह्ज**, **ज्झ** में परिणत हो जाता है (वर० ३, २८ ; चंड० ३, २० ; हेच० २, २६ ; १२४ ; क्रम० २, ८७ ; मार्क० पन्ना २३) । शौर० मे **अणुगेज्झा** = **अनुग्राह्या** (मृच्छ० २४, २१) ; अ०माग० में **अभिरुज्झ** = **अभिरुह्य** (§ ५९०), **अभिणिगिज्झ** = **अभिनिगृह्य**, **परिगिज्झ** = **परिगृह्य** (§ ५९१) ; **नज्झइ** = **नह्यते** (हेच० २, २६), महा० में **संणज्झइ** रूप आया है (रावण०) । जै०महा० में **गुज्झ** = **गुह्य** (हेच० २, २६ ; १२४ ; एर्त्से०) है ; **गुज्झअ** = **गुह्यक** (भाम० ३, २८) है । **दुज्झ** = **दोह्य** (देशी० १, ७) है । **वज्झ** = **वाह्य**(चंड० ३, २० ; क्रम० २, ८७) ; **वज्झअ** = **वाह्यक** (भाम० ३, २८) है । शौर० में **सज्झ** = **सह्य** (हेच० २, २६ ; १२४ ; शकु० ५१, १५); महा० में **सज्झ** = **सह्य** (रावण०) है । **हिज्जो** और शौर० **हिओ** = **ह्यस्** के विषय में § १३४ देखिए ।

§ ३३२— **र्ह** और **ह्र** अधिकतर अंशस्वर द्वारा अलग-अलग कर दिये जाते हैं (§ १३२—१४०) । **ह्रस्व** का अ०माग० में **हलुअ** रूप हो जाता है (हेच०

२, ८५ ; अंत० ३ ; ठाणंग० ८० और १३३ ; नायाध० ५२८ ; ५३७ ; १२३५ ; १२६२ ; १२७७ ; निरया० ७८ और उसके बाद ; सम० २३५ ; उत्तर० ६६५ ; ६७१)। अ०माग० में **ह्व** का **हरय** हो जाता है (§ १३२) अथवा ध्वनि के स्थानपरिवर्तन या कहिए वर्णव्यत्यय के कारण अ०माग० और अप० में **द्रह** और अ०माग० में **दह** हो जाता है (§ २६८ और ३५४)। — **ह्व** की ध्वनि का स्थानपरिवर्तन होकर **व्ह** हो जाता है जो **भ** बनकर शब्द के भीतर **ब्भ** बन जाता है (चंड० ३, १ ; २१ और २६ ; हेच० २, ५७ ; क्रम० २, ९७ ; मार्क० पन्ना २६)। **गब्भर** = **गह्वर** (क्रम० २, ९७) है। — अ०माग० और जै०महा० में **जिब्भा** = **जिह्वा** (चंड० ३, १ ; २१ और २६ ; हेच० २, ५७ ; मार्क० पन्ना० २६ ; आयार० १, १, २, ५ ; पेज १३७, १ ; सूय० २८० और ६३९ ; उत्तर० ९४३ और ९८६ ; उवास० ; ओव० ; आव० एर्त्से० ४२, ३) ; अ०माग० में **जिब्भिन्दिय** रूप भी है (विवाह० ३२ और ५३१; ठाणग० ३००; पण्हा० ५२९), अप० में **जिभिन्दिउ** है (हेच० ४, ४२७, १ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), इनके साथ साथ महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० में **जीहा** रूप पाया जाता है और इसका माग० में **यीहा** हो जाता है (§ ६५)। — **विब्भल** = **विह्वल** (चंड० ३, १ ; हेच० २, ५८ ; क्रम० २, ७२) ; अ०माग० में **वेब्भल** रूप है (भाम० ३, ४७ ; पण्हा० १६५), इनके साथ साथ महा० और जै०महा० मे **विहल** है (सब व्याकरणकार ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कालका०), जै०महा० में **विहलिय** = **विह्वलित** मिलता है (एर्त्से०)। **भिब्भल**, **भिभल**, महा० मे **भेभल** और शौर० में **भलदा** के विषय मे § २०९ देखिए।

§ ३३३—जैसा कि अकेले आनेवाले व्यजनों मे होता है (§ २१८ और उसके बाद), वैसे ही एक ही वर्ग के सयुक्त अंतिम वर्णों मे सस्कृत दन्त्य वर्णों के स्थान पर मूर्धन्य वर्ण आ जाते हैं। — **त्त** = **ट्ट** : शौर० मे **मट्टिया** = **मृत्तिका** (§ ४९) है। — अ०माग० में **वट्ट** = **वृत्त** (= गोल : § ४९) ; अ०माग० में **ओणियट्ट** = **अवनिवृत्त** (कप्प०), **वियट्ट** = **विवृत्त** (ओव०), इसके साथ-साथ अ०माग० मे इसका **वत्त** हो जाता है (ओव०), **निव्वत्त** रूप भी पाया जाता है (ओव०) ; जै०महा० मे **जहावत्त** = **यथावृत्त** (एर्त्से०) है। अन्य सभी प्राकृत भाषाओं में सर्वत्र **त्त** दिखाई देता है। — सस्कृत मे साथ साथ और एक ही अर्थ में चलनेवाले दोनों शब्दों **पत्तन** और **पट्टन** मे से अ०माग०, जै०महा० और अप० में केवल **पट्टण** काम मे आता है (वर० ३, २३ ; हेच० २, २९ ; मार्क० पन्ना २३ ; आयार० १, ७, ६, ४; २, ११, ७ ; ठाणग० ३४७ ; पण्हा० १७५ ; २४६ ; ४०६ ; ४८६ ; उत्तर० ८९१ ; विवाह० ४० ; २९५ ; उवास० ; ओव० ; नायाध० ; कप्प० ; एर्त्से० ; हेच० ४, ४०७)। — **त्थ** = **ट्ठ** : अ०माग० और जै०महा० में **उट्ठेइ**, अप० में **उट्ठइ**=*उत्थाति, महा० में **उट्ठिअ** रूप आया है, अ०माग० और जै०महा० में **उट्ठिय**, इसके साथ-साथ शौर० मे **उत्थेहि**, **उत्थेदु** और **उत्थिद** रूप चलते हैं। अ०माग० **कविट्ठ** तथा इसके साथ साथ अ०माग० और माग० रूप

कवित्थ = **कपित्थ** (§ २०९) है। — **द्ध** = **ड्ढ** : अ०माग० और जै०महा० में **वुड्ढि** और इसके साथ-साथ दूसरा रूप **विड्ढि** भी चलता है (§ ५७)। — अ०-माग० में **वड्ढि** और **वुड्ढि** = **वृद्धि**, महा० में **परिवड्ढि** = **परिवृद्धि**, महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और माग० में **वुड्ढ** = **वृद्ध** (§ ५३) है। — अ०-माग० में **सड्ढा** = **श्रद्धा** (हेच० २, ४१ ; सूय० ६०३ ; ६११ ; ६२० ; नायाध०; भग० ; ओव० ; कप्प०), **जायसड्ढ** रूप पाया जाता है (विवाह० ११ ; १०१ ; ११५ ; १९१), **उप्पन्नसड्ढ** और **संजायसड्ढ** रूप भी काम में आते हैं (विवाह ११ और १२) ; अ०माग० में **सड्ढि-** = **श्रद्धिन्** (आयार० १, ३, ४, ३ ; १, ५, ५, ३ ; सूय० ७१ ; कप्प०) ; अ०माग० में **महासड्ढि** भी चलता है (आयार० १, २, ५, ५) ; **सड्ढिय** = **श्राद्धिक** (ठाणंग० १५२), **सड्ढइ-** = ***श्राद्धकिन्** (ओव०), इसके साथ-साथ महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **सद्धा** रूप भी काम में आता है (हेच० १, १२ ; २, ४१ ; हाल ; आयार० १, १, ३, २ ; उवास० ; एर्त्से० ; शकु० ३८, ५ ; प्रबोध० ४२, २ और ८ ; ४४,११ ; ४६, ८ ; ४८, १ और २ आदि-आदि), माग० में **शद्धा** रूप है (प्रबोध० ४७,२ ; ६३, ४), महा० में **सद्धालुअ** आया है (हाल) और अ०माग० में सदा ही **सद्दहइ** रूप काम में आता है (वर० ८, ३३ ; हेच० ४, ९ ; क्रम० ४,४६ ; मार्क० पन्ना ५४ ; विवाह० ८४५ ; १२१५ ; उत्तर० ८०५), **सद्दहाइ** रूप भी देखने में आता है (उत्तर० ८०४), जै०शौर० में **सद्दहदि** रूप है (कत्तिगे० ३९९, ३११), अ०माग० में **सद्दहामि** भी पाया जाता है (विवाह० १३४ ; नायाध०; § १५३), महा० में **सद्दहिमो** है (गउड० ९९०) ; अ०माग० में **सद्दहन्ति** (विवाह० ८४१ और उसके बाद), **सद्दहे** (आयार० १, ७, ८, २४ ; उत्तर० १७०), **सद्दहसु** (सूय० १५१) और **सद्दहाहि** (विवाह० १३४) रूप पाये जाते हैं। जै०महा० में **असद्दहन्त** आया है (आव० एर्त्से० ३५, ४) ; अ०माग० में **सद्दहाण** (हेच० ४, २३८ ; सूय० ३२२), **असद्दहाण** (सूय० ५०४) ; अ०माग० और जै०शौर० में **सद्दहमाण** (हेच० ४, ९ ; सूय० ५९६ ; ६९५ ; पव० ३८८, ६) ; अ०माग० में **असद्दहमाण** (विवाह० १२१५) ; महा० में **सद्दहिअ** (भाम० ८,३३ ; रावण० १, २८) तथा जै०शौर० में **सद्दहण** रूप है (पव० ३८८, ६)। — **न्त** = **ण्ट** : अ०माग० में **विण्ट** और **तालविण्ट**, महा० में **वेॅण्ट**, महा०, अ०माग० और शौर० में **तालवेॅण्ट** और अ०माग० में **तलियण्ट** = **वृन्त** और **तालवृन्त** है (§ ५३)। — **न्थ** = **ण्ठ** : **गण्ठइ** = **ग्रथ्नाति** (हेच० ४, १२०), इसके साथ-साथ **गन्थइ** रूप भी काम में आता है (मार्क० पन्ना ५४) ; महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै० शौर०, शौर० और दाक्षि० में **गण्ठि** = **ग्रन्थि** (हेच० ४, १२० ; गउड० ; हाल ; कर्पूर० १०, २ ; ७६, ४ ; सूय० ७१९ ; विवाह० १०४ ; उत्तर० ८७७ ; ओव० ; एर्त्से० ; पव० ३८५, ६९ ; शकु० १४४, १२ ; प्रबोध० १८, १ ; बाल० ३६, ३ ; १३०, ६ ; १४८, १६ ; २९७, १६ ; २९९, १ ; विद्ध० ७१, १ ; ८३, १ ; कर्पूर० २३, २ ; ७६, १० ; ११२, ५ ; कर्ण० ११, १ ; दाक्षि में : मृच्छ० १०४, ७) ;

अ०माग० में गण्ठिल्ल रूप है (विवाह० ११०८) ; अ०माग० गण्ठिम = ग्रन्थिक (सूय० ८६९) ; अ०माग० में गण्ठिभेय आया है (विवाग० १०० ; उत्तर० २८९ ; पण्हा० १५१ [पाठ में गण्ठिभेद है]) ; किंतु गन्थिभेय भी पाया जाता है (पण्हा० १२१) ; गण्ठिच्छेय = ग्रन्थिच्छेद (देशी० २, ८६ ; ३, ९) ; अ०माग० में गण्ठिच्छेदय रूप है (सूय० ७१४), गण्ठिच्छेद भी मिलता है (सूय० ७१९) ; माग० मे गण्ठिच्छेदअ रूप देखा जाता है (शकु० ११५, ४ और १२ ; यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; शौर० मे णिग्गण्ठिदगण्ठिर रूप है (बाल० १३१,१४); जै०शौर० में दुग्गण्ठि आया है (पव० ३८५, ६८) ; अ०माग० में नियण्ठ = निर्ग्रन्थ (सूय० ९६२ ; ९८६ ; ९८९ ; ९९२ ; विवाह० १४९ और उसके बाद), महानियण्ठ भी देखने मे आता है (उत्तर० ६३५), किंतु अ०माग० में गंथिम रूप भी चलता है (आयार० २, १२, १ ; २, १५, २० ; पण्हा० ५१, ९ ; विवाह० ८२३ ; जीवा० ३४८ ; दस० नि० ६५१, १० ; अणुओग० २९ ; नंदी० ५०७ ; ओव० § ७९, ग्यारह [XI] ; यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), बहुत ही कम गण्ठिय भी देखा जाता है (नायाध० २६९) ; अ०माग० और जै०शौर० में गन्थ = ग्रन्थ (आयार० १, ७, ८, ११ ; पण्हा० ५०६ ; कप्प० ; कत्तिगे० ३९९, ३१७ ; ३१८ और ४०४,३८६ ; ३८७) ; अ०माग० में सगन्थ है (आयार० १,२,१,१) ; अ०माग० और जै०शौर० निग्गन्थ = निर्ग्रन्थ (आयार० २, ५, १, १ ; २, ६, १, १ ; २,१५,२९ ; पेज १३२, ४ और उसके बाद ; सूय० ९३८ ; ९५८ ; ९६४ ; ९९२ ; विवाह० ३८१ ; उवास० ; ओव० ; कप्प०; आदि-आदि ; कत्तिगे० ४०४, ३८६) ; अ०माग० में निग्गन्थी भी है (आयार० २,५,१,१) । — न्द = ण्ड : कण्डलिआ = कन्दरिका (हेच० २, ३८), इसका अर्थ अनिश्चित है [संभवतः यह शब्द किसी जाति की स्त्रियों के लिए प्रयुक्त होता था जिसके पुरुष कण्डरिअ या कंन्दरिअ इस कारण कहलाते होंगे कि ये लोग जंगल आबाद करते होंगे और कदराओं में रहते होंगे। इस जाति का नाम वर्तमान हिंदी मे पुल्लिंग कंजड और स्त्रीलिंग में कंजडिन है। हमारे कोशकारों ने भ्रम से बताया है कि यह शब्द देशज है अथवा कालंजर से निकला है। इसका अर्थ प्रायः ठीक दिया है : एक घूमनेवाली जाति ; रस्सी बटने, सिरकी बनाने का काम करनेवाली एक जाति। इसका एक रूप स्त्रीलिंग में कन्दलिआ या कन्दरिआ से कंजड़ी भी है। आजकल भी यह जाति घास-फूस के मकानों में रहती है, प्राचीनकाल में अवश्य ही कन्दराओं में रहती होगी। इस जाति का एक काम जगलों से खस-खस लाकर उसकी टट्टी बनाना भी है। द का ज में ध्वनिपरिवर्तन का नियम प्रसिद्ध ही है ; उद्योत = उजोअ ; द्यूत = जूअ आदि-आदि इसके उदाहरण हैं। —अनु०] । कण्डलि रूप की तुलना कीजिए जो विसलअ रूप= विषलतेव के स्थान पर आया है (हाल ४१० ; [यह कण्डलि एक कंदमूल है जो जंगल में पानी के किनारे बहुतायत से पाया जाता है। इसके पत्ते और मूल की भूजी से साग बनाने और उसे खाने पर ऐसा लगता है मानो किसी ने गले के भीतर खुरच डाला हो। यह एक प्रकार का जंगली कंदा है। कुमाउनी में इसका नाम कंडली है।

—अनु०]) । — अ०माग० में भिण्डिमाल और इसके साथ-साथ साधारण रूप भिण्डिवाल = भिन्दिपाल (§ २४९) है । — § २८९ और उसके बाद तथा § ३०८ और उसके बाद के § में वर्णित उदाहरणों को छोड़ भिन्न-भिन्न वर्गों के संयुक्त वर्णों का मूर्धन्यीकरण थड्ढ के रूप में है (पाइय० ७५), महा० में ठड्ढ (हेच० २, ३९ ; हाल ५३७) = *स्तब्ध जो *स्तघ् धातु से बना है । पाली ठहति (स्थिर रहना), प्राकृत रूप थाह (= आधारभूमि; फर्श; तला), थाह (=निवासस्थान), थग्घ (गहरा), अत्थाह तथा अत्थग्घ (= अतल ; गहरा) (§ ८८) और उत्थंघइ (ऊपर को फेंकना या सहारा लगाकर ऊपर को उठाना) है । महा० में उत्थंघिअ (§ ५०५), उत्थंघण और उत्थंघि- (गउड०) इसी के रूप हैं । छूढ और इसके संधि-समास= [illegible] शकल पर बने हैं (§ ६६) ।

§ [illegible]—दो से अधिक व्यंजनों से संयुक्त वर्णों के लिए ऊपर के पाराओं में वर्णित नियम लागू होते हैं । उदाहरणार्थ, उप्पावेइ = उत्प्लावयति (हेच० २, १०६) ; महा० में उप्पुअ = उत्प्लुत (हाल) है । महा० में उत्थल = उत्स्थल (रावण०) है । महा० में उच्छेवण = उत्क्षेपण (रावण०) है । अ०माग० में णिक्खाण = [illegible] (विवाग० १०२) है । अ०माग० में कयसावत्ता = कृतसापत्न्या (देशी० १, २५) है । माग० में माहप्प = माहात्म्य (गउड० ; रावण०) है । महा०, अ०माग० और शौर० में मच्छ = मत्स्य (रावण० ; सूय० ७१ ; १६६ ; [illegible] ; उत्तर० ४४२ ; ५९५ ; ९४४ ; विवाग० १३६ ; विवाह० २४८ और ४८२) ; माग० में यह रूप मश्च हो जाता है (§ २३३) ; अ०माग० में मच्छत्ताए रूप मिलता है (विवाग० १४८) और जै०महा० में मच्छबन्ध आया है (एर्से०) । महा० में उज्जोअ = उद्योत (गउड० ; हाल ; रावण०) है । महा० और शौर० में अग्घ = अर्घ्य (हाल ; शकु० १८, ३ ; ७२, ३) है । महा० में सामग्गय = सामग्र्यक (रावण०) है । महा० और अ०माग० में तंस = त्र्यस्त्र (§ ७४) है । जै०महा० में वट्टा = वर्त्मन् (= बाट : देशी० ७, ३१ ; एर्से०) है । महा० ; अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० में पंति = पंक्ति (§ २६९) है । महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में विंझ = विन्ध्य (§ २६९) है । महा० में अत्थ=अस्त्र (रावण०; आदि-आदि) है । अपने-अपने उक्त स्थान पर इनके अनगिनत उदाहरण दिये गये हैं । ज्योत्स्ना, महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर०, दाक्षि० और अप० में जोॅण्हा रूप धारण करती है (हेच० २, ७५ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० १, ४ ; २, ५ ; २९, १ ; ८८, २ ; मल्लिका० २३९, ३ ; जीवा० ७८७ ; कालका० ; शकु० ५५, २ ; मालवि० २८, १० ; बाल० २९२, १५ ; अनर्घ० २७७, ३ ; मल्लिका० १२४, ७ ; २४३, १५ ; २५२, ३ ; कर्ण० १६, ८ ; दाक्षि० में : मृच्छ० १०१, ९ ; अप० में हेच० ४, ३७६, १), जोॅण्हाल = *ज्योत्स्नाल [यह जोॅण्हाल रूप कुमाउनी में वर्तमान है । —अनु०] (हेच० २, १५९), शौर० में जोण्हिआ = ज्यौत्स्निका [यह रूप कुमाउनी में जूनि रूप में है । —अनु०] (मल्लिका० २३८, ९) अथवा अ०माग० में दोसिणा रूप है (§ २१५),

शौर० में **दोसिणी** रूप भी है = **ज्यौत्स्नी** (§ २१५) है। महा० और जै०महा० में **सामत्थ** (हेच० २, २२ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एत्सें० ; कालका०) जो अपने पूर्व रूप ***सामर्थ** की सूचना देता है (§ २८१)। **सामर्थ्य** नियम के अनुसार शुद्ध रूप **सामच्छ** बनाता है (हेच० २, २२)। — पाली में **दिस्वा** = **दृष्ट्वा** इससे यह सम्भव मालूम पड़ता है कि अ०माग० **दिस्सा** में (सूय० ७२८ ; विवाह० १४१४) और **पदिस्सा** = **प्रदृष्ट्वा** मे (विवाह० १४१५) दीर्घ स्वर मौलिक है और **दिस्स** रूप मे ह्रस्व स्वर (सूय० १७४ ; १८८ ; उत्तर० २१९ ; ४४७ ; ६६६ ; ६९५ ; दस० ६२९, ३४ ; ६३९, २७) छन्द की मात्रा ठीक करने के लिए लगाया गया है। इसी तथ्य का निर्देश अ०माग० **दिस्सम्-आगयं** = **दृष्ट्वागतम्** (उत्तर० ६९५) करता है, जहाँ § ३४९ के अनुसार **दिस्सम्**, **दिस्सं** के स्थान पर आया है और यह **दिस्सं** § ११४ के अनुसार **दिस्सा** के लिए आया है। **दृष्ट्वा** का नियमानुसार रूप ***दिट्ठा** होना चाहिए था। संयुक्त व्यंजनों के ह-कार के लोप के विषय मे § २१२ देखिए।

तीन—शब्द के आदि में व्यंजनों की विच्युति का आगमन

§ ३३५—समास के द्वितीय पद का आदि व्यंजन जब वह दो स्वरों के बीच मे आया हो तब उसकी विच्युति हो जाती है ; इसी प्रकार पृष्ठाधार आदि के अव्ययों तथा अग्राचारों के बाद भी विच्युति हो जाती है, क्योंकि इनके एक साथ सम्मिलित शब्द एक समास समझे जाते हैं (§ १८४) अन्यथा आदि मे आनेवाले व्यंजनों की विच्युति दो चार ही मिलती है और वह भी जनता की बोली मे जाकर यह हुआ है : **उआ** = पाली **ऊका** = **यूका** (देशी० १, १३९ ; त्रिवि० १, ३, १०५) इसके साथ-साथ **जूआ** रूप भी मिलता है (देशी० १, १५९), अ०माग० मे **जूया** रूप है (आयार० २, १३, १८ ; वेबर द्वारा सम्पादित अणुओग० ; भग० २, २६५ पर नोट), **जूव** भी पाया जाता है (§ २३०)[1] ; **ओक्कणी** = ***यूकनी** (= जुवाँ : देशी० १, १५९) है। — अ०माग० में **अहा-** = **यथा-** (हेच० १, २४५, [इसमें हेच० ने टीका में बताया है कि आर्यभाषा मे **यथा** के **य** का लोप भी हो जाता है, उदाहरण में **अह-** और **अहा** दिये हैं। —अनु०]), उदाहरणार्थ, **अहासुयं** = **यथाश्रुतम्** (आयार० १, ८, १, १ ; पेज १३७, २६) ; **अहासुत्तं**, **अहाकप्पं** और **अहामग्गं** = **यथासूत्रं**, **यथाकल्पं** और **यथामार्गम्** (आयार० पेज १३७, २६ ; पाठ मे **अहासुयं** है ; नायाध० ३६९ ; विवाह० १६५ ; उवास० ; कप्प०) ; **अहाराइणियाए** = ***यथारत्निकाय** (आयार० २, ३, ३, ५ ; ठाणंग० ३५५ और उसके बाद) ; **अहाणुपुव्वीए** = **यथानुपूर्व्या** (आयार० २, १५, १३ ; ओव०) ; **अहारिहं** = **यथार्हम्** (आयार० २, १५, १६ ; सूय० ६९५ ; उवास०) ; **अहासंथडं** = **यथासंस्तृतम्** (आयार० २, ७, २, १४) ; **अहासुहुम** = **यथासूक्ष्म** (आयार० २, १५, १८ ; विवाह० २१३); **आहत्तहीयं** = ***याथातथ्यीयम्**

(सूय० ४८४ ; ५०६) ; आहाकडं = *याथाकृतम् (आयार० १, ८, १, १७ ; सूय० ४०५ और ४०८) ; आहापरिग्गहिय = *याथापरिगृहीत (ओव०) है। — अ०माग० में आव- = यावत् : आवकहा- = *यावत्कथा- (सूय० १२०) ; आवकहाए = *यावत्कथायै (आयार० १, ८, १, १ ; ठाणंग० २७४) ; आवकहं = यावत्कथाम् (आयार० १, ८, ४, १६) ; आवकहिय = *यावत्कथिक, इन सब में आइ या आहा का अर्थ 'जब तक', 'लगातार' है। — अ०माग० आवन्ती = यावन्ति (आयार० १, ४, २, ३ ; १, ५, १, १ और उसके बाद) है। उच्छ, उज्झ, उब्भ और उम्ह में शब्द के आदिवर्ण त अथवा य की विच्युति वर्तमान है (§ ४२० और उसके बाद)। § ४२५ में याई की तुलना कीजिए।

१. पिशल, बे० बाइ० ३, २४१।

§ ३३६—पाली की भाँति माग० और पै० मे एव से पहले य जोड़ा जाता है, जैसे येव ; लघु अथवा ह्रस्व स्वरों के बाद यह येव, य्येव रूप धारण कर लेता है। माग० में इदो य्येव और यम य्येव रूप पाये जाते हैं (हेच० ४, ३०२), एव रूप अशुद्ध है (ललित० ५६७, १) ; पै० में सघस्स य्येव = सर्वस्यैव ; तूरातो य्येव = दूराद् एव (हेच० ४, ३१६ ; ३२३) है, जैसे कि मौलिक [= संस्कृत। —अनु०] य के विषय में नाटकों की हस्तलिपियाँ जेव, ज्जेव, जें व्व और ज्जें व्व लिखती हैं जो रूप केवल शौर० में काम में आया है (§ ९५)। वर० १२, १३ में बताता है कि शौर० में य्यें व रूप का प्रयोग किया जाता है और हेच० ४, ४८० के अनुसार इस स्थान पर य्येव होना चाहिए जो दक्षिण भारतीय हस्तलिपियों के कुछ ही नाटकों में पाया जाता है[१]। अप० में जेव के व की विच्युति हो जाती है (§ १५०) और ए का परिवर्तन इ में होकर (§ ८५) जि रूप हो जाता है (चंड० २, २७ ब ; हेच० ४, ४२० शब्दसूची सहित)। इसका प्राचीन रूप जे महा० में पाया जाता है (हाल ५२४ का यह रूप = हेच० २, २१७ ; रावण० ४, ३६), अ०माग० में भी (उत्तर० ६६९) जे पाया जाता है और जै०-महा० में भी (आव०एर्त्से० १२, २४) तथा व्याकरणकारों ने इसे पादपूरक बताया है (हेच० २, २१७ ; चंड० २, २७ अ, पेज ४६ की तुलना कीजिए ; क्रम० ४, ८३)। शुद्ध रूप चिअ हाल ५२६ में देखा जाता है। य् अप० में भी इव के पहले आता है जो फिर जिवँ और जेवँ = *यिव बन जाता है (§ २६१)। ऐसा लगता है कि अप० रूप जिवँ रूप साधारण नियम के अनुसार पाली विय से निकला हो जो लोगों की जबान पर चढ़कर ध्वनियों के स्थान के परिवर्तन के कारण *यिव बन गया है। किन्तु पाली विय महा०, शौर० और माग० विअ तथा अ०माग० और जै०महा० विय से अलग नहीं किया जा सकता और ये रूप अ०माग० और जै०महा० विव और पिव तथा बोली के अभाव से बना मिव रूप से पृथक् नहीं किये जा सकते, इसलिए हमें पाली का विय महा०, शौर० और माग० का विअ तथा अ०माग० और जै०महा० का विय, विव से बना मानना पड़ेगा और इसे § ३३७ के अनुसार

२२२); महा० में **पक्क-म्-पक्के** काम मे आया है (रावण० ३, ५६); अ०माग० **पग-म्-पगंसि** का भी प्रचार है (विवाग० ५० ; विवाह० १०४३ और उसके बाद ; ११९१); अ०माग० मे **पग-म्-पगे** (विवाह० २१४) और महा० में **पक्क-म्-पक्का** भी हैं (रावण० ७, ५९ ; १०, ४१)। नीचे दिये गये रूपों में संधि व्यंजन **म्** वर्तमान है : **अंग-म्-अंगम्मि** = अंगे-ङ्गे (हेच० ३, १); अ०माग० में **विराइयंग-म्-अंगे** = विराजितांगांगः और **उज्जोइयंग-म्-अंगे** = उद्योतितांगांगः (ओव० § ११ और १६); **हट्ठतुट्ठचित्त-म्-आणन्दिय** = हृष्टतुष्टचित्तामंदित (नायाध० § २३ ; ओव० § १७ ; कप्प० § ५ और १५ ; भग० २, २६०) इसके साथ साथ-**चित्ते आणंन्दिये** भी है (कप्प० § ५०)। आदि से पहले भी संधि व्यंजन **म्** बहुधा आता है : अ०माग० में **हय-म्-आइ, गोण-म्-आइ, गय-म्-आइ** और **सीह-म्-आइणो** = हयादयो, गवादयो, गजादयोः और सिंहादयः (उत्तर० १०७५); अ०माग० मे **सुगन्धतेल्ल-म्-आइएहिं** = सुगन्धतैलादिकैः (कप्प० § ६०); अ०माग० मे **चन्दण-म्-आदिएहिं** मिलता है (उवास० § २९); अ०माग० में **आहार-म्-आईणि** रूप भी आया है (दस० ६२६, ६); अ०माग० मे-**रयण-म्-आईएणं** = रत्नादिकेन (कप्प० § ९० ; § ११२ की तुलना कीजिए ; ओव० § २३); जै०महा० में **पलण्डुलसुण-म्-आईहिं** रूप पाया जाता है (आव० एर्त्से० ४०, १८); जै०महा० मे **कामधेणु-म्-आईण** और **लोगपाल-म्-आईणं** रूप पाये जाते हैं (कालका० २७०, २९; २७५, ३७); जै०शौर० में **रूव-म्-आदीणि** = रूपादीनि (पव० ३८४, ४८) है। अन्य उदाहरण ये हैं : अ०माग० मे **आरिय-म्-आणारियाणं** मिलता है (सम० ९८ ; ओव० § ५६); अ०माग० मे **सारस्सय-म्-आइच्चा** = सारस्वतादित्यौ (ठाणग० ५१६); अ०माग० मे **एग-म्-अट्ठं** = एकोऽर्थः (विवाह० १९३ ; नायाध० § २९ ; ओव० § ९० ; कप्प० § १३), **एस-म्-आघाओ** = एष-आघातः (दस० ६२५, ३९), **एस-म्-अग्गी** = एषोऽग्निः (उत्तर० २८२), **एय-म्-अट्ठस्स** रूप भी चलता है (निरया० § ८), **आयार-म्-अट्ठा** = आचारार्थात् (दस० ६३६, ९), **लाभ-म्-अट्ठिओ** = लाभार्थिकः (दस० ६४१, ४२); अ०माग० **वत्थगन्ध-म्-अलंकारं** रूप पाया जाता है (सूय० १८३ ; ठाणग० ४५० ; दस० ६१३, १७); अ०माग० में **सव्वजिण-म्-अणुण्णाअ** = सर्वजिनानुज्ञात (पण्हा० ४६९ और ५३९); अ०माग० में **तीय-उप्पन्न-म्-अणागयाइं** = अतीतोत्पन्नानागतानि (सूय० ४७० ; विवाह० १५५ की तुलना कीजिए , दस० ६२७, २७); अ०माग० मे **दीह-म्-अद्ध-** = दीर्घाध्वन् (ठाणग० ४१ ; १२९ ; ३७० ; ५७० ; सूय० ७८७ और ७८९ ; विवाह० ३८ ; ३९ ; ८४८ ; ११२८ ; १२२५ और उसके बाद ; १२९० ; पण्हा० ३०२ ; ३२६ ; ओव० § ८३ ; नायाध० ४६४ और ११३७); अ०माग० **अत्थाह-म्-अतार-म्-अपोरिसीयंसि उदयंसि** = *अस्ताघातारापौरुषीय उदके (नायाध० १११३); अ०माग० में **आउक्खेमस्स-म्-अप्पणो** = आयुःक्षेमस्यात्मनः

(आयार० १,७, ८,६) ; जै०महा० में **अट्ठारस-म्-अग्गलेसु** = **अष्टादशार्गलेषु** (कक्कुक शिलालेख १९), **ऊरु-म्-अन्तरे** भी आया है (आव० एर्त्से० १५, १८); अ०माग० में **पुरओ-म्-अग्गओ य** = **पुरतोऽग्रतश् च** है (विवाह० ८३०)। **य** और **र** बहुत ही कम स्थलों पर संधिव्यंजन के रूप में काम में लाये जाते हैं। अ०माग० में **एगाहेण वा दुयाहेण वा तियाहेण वा चउयाहेण वा** पाया जाता है (आयार० २, ३, १, ११ ; २, ५, २, ३ और ४)। — **एगाहं वा दुयाहं वा तियाहं वा** की तुलना कीजिए (जीवा० २६१, २८६ और २९५)। — **चउयाहेण** = **चतुरहेण, दुयाहेण** = **द्व्यहेन** और **तियाहेण** = **त्र्यहेण** से प्रभावित हुआ है, जैसा कि स्वर की दीर्घता अपने को **एगाहेण** और **एगाहं** की नकल पर स्पष्ट कर देती है। अ०माग० में **किं अणेण भो-य्-अणेण** रूप मिलता है (आयार० १, ६, ४, ३) ; अ०माग० में **सु-य्-अक्खाय** = **स्वाख्यात** (सूय० ५९० ; ५२४), इसके साथ साथ **सुअक्खाय** रूप भी चलता है (सूय० ६०३ और ६२०) ; अ०माग० मे **वेयवि-य्-आयरक्खिए** = **वेदविदात्मरक्षितः** है (उत्तर० ४५३) ; **बहु-य्-अट्ठिय** = **बह्वस्थिक** (आयार० २, १, १०, ५ ; § ६ की भी तुलना कीजिए जहाँ बिना **य्** की सधि है) ; अ०माग० **महु-य्-आसव** = **मध्वास्रव** (ओव० § २४) ; जै०महा० मे **राया-य्-उ** = **राजा + उ** (आव० एर्त्से० ८, १) ; जै०महा० मे **दु-य्-अंगुल** = **द्व्यंगुल** (एर्त्से० ५९, १३) है। **र्** व्युत्पत्ति-शास्त्र की दृष्टि से अ०माग० रूप **वाहि-र्-इवोसहेहिं** = **व्याधिर् इवौषधैः** (उत्तर० ९१८), **सिहि-र्-इव** (दस० ६३३, ३४) और **वायु-र्-इव** (सूय० ७५८ ; कप्प० § ११८) मे बैठा हुआ है जहाँ **र्** कर्त्ताकारक का प्राचीन समाप्तिसूचक वर्ण है अर्थात् मानो ये रूप **वाहिर् इवो-, सिहिर् इव** (यह लौयमान का मत है), **वायुर् इव** (यह याकोबी का मत है) लिखा जा सकता है। नीचे दिये गये अ०माग० के उदाहरणों की नकल पर **र्** सधिव्यंजन बन जाता है : **अणु-र्-आगयम्** = **अन्वागतम्** (विवाह० १५४)[1] ; अ०माग० मे **दु-र्-अंगुल** = **द्व्यंगुल** (उत्तर० ७६७ ; टीका में **दुरंगुल** रूप है ; ऊपर आये हुए जै०महा० रूप **दुयंगुल** की तुलना कीजिए ; [यह **र्** कुमाउनी रूप **एकवचा, दुर्-वचा** और **ति-र्-वचा** में सुरक्षित है। **वचा** = **वाच** है। —अनु०]) ; अ०माग० और जै०महा० में **धि-र्-अत्थु** = **धिग् अस्तु** (हेच० २, १७४ ; त्रिवि० १, ३, १०५ ; नायाध० ११५२ और ११७० तथा उसके बाद ; उत्तर० ६७२ और ६७७ ; दस० ६१३, ३१ ; द्वार० ५०७, २१) है। अ०माग० में **सु-र्-अणुचर** = **स्वनुचर** (ठाणंग० ३५०), ऊपर आये हुए रूप **दुरणुचर**[2] की नकल पर बन गया है, इसके विपरीत **दुआइक्खं** (ठाणंग० ३४९), यदि पाठ-परपरा शुद्ध हो तो **सुआइक्खं** की नकल पर बनाया गया होगा।

१. ए० कून, बाइत्रैगे, पेज ६१ और उसके बाद ; ए० म्युलर,—सिम्प्लिफाइड ग्रैमर पेज ६३ ; पिशल, बे०को०सै०गे०वि०, १८९३, २२८ और उसके बाद। — २. इन उदाहरणों के विषय में पाठ अस्थिर है, उसमें कभी **ल** और कभी

णण रूप एक ही शब्द के रूपों में मिलता है। — ३. अभयदेव कहता है : रेफस्यागमिकत्वाद् अब्भागतम् अनुरूपम् आगमनं हे स्कन्दक तवेति हृदयम्। — ४. अभयदेव - **रेफः प्राकृतत्वात्। बेत्सनबैर्गर, बे०बाइ० ४, ३४० नोटसंख्या २ की तुलना कीजिए।**

(छ)—वर्णों का स्थानपरिवर्तन (व्यत्यय)

§ ३५४—कुछ शब्दों में एक दूसरे के बगल मे ही रहनेवाले वर्ण स्थानपरिवर्तन कर लेते हैं। यह स्थानपरिवर्तन इस भाँति होता है कि ध्वनिनियमों में इसका कोई आधार नहीं मिलता : **अइराहा = अचिराभा** और **अइहारा** (= बिजली : देशी० १,३४) है। — **अलचपुर** [= एलिचपुर, बरार मे। —अनु०] = **अचलपुर** (हेच० २, ११८) है। — **आणाल = आलान** (वर० ४, २९ ; हेच० २, ११७; क्रम० २,११७), **आणालक्खम्भ** और **आणालक्खम्भ = आलानस्तम्भ** (हेच० २, ९७) है। — **कणेरु = करेणु** (वर० ४, २८ ; हेच० २, ११६ ; क्रम० २, ११९ ; मार्क० पन्ना ३८) है। व्याकरणकार बताते हैं कि शब्दों के वर्णों का यह स्थानपरिवर्तन स्त्रीलिंग मे ही होता है। यह तथ्य पाली भाषा¹ के नियम से पूरा पूरा मिलता है। अ०माग० मे स्त्रीलिंग रूप मे (नायाध० ३२७ ; ३२८ ; ३३७ और ३३८ ; उत्तर० ३३७ और ९५४), जैसा कि शौर० मे पुल्लिग रूप में (पाइय० ९ ; मालती० २०३, ४) **करेणु** ही बरता जाता है। इसी भाँति जै०महा० मे भी **करेणुया = करेणुका** रूप है (पाइय० ९ ; एर्त्से०)। मार्कंडेय पन्ना ६८ के अनुसार शौर० में यह स्थानपरिवर्तन होता ही नहीं। महा० मे **णडाल**, महा०, अ०माग० मे ओर जै०महा० **णिडाल = ललाट**, इसके साथ-साथ **णलाड** रूप भी चलता है तथा महा० और अ०माग० मे **णिलाड** एव शौर० मे **ललाड** रूप भी पाये जाते है (§ २६०)। — जै०महा० और अप० मे **द्रह = ह्रद** (हेच० २, ८० ; देशी० ८, १४ ; आव० एर्त्से० ४२, २७ ; हेच० ४, ४२३, १), अ०माग० में इसका रूप **दह** है (हेच० २, ८० और १२० ; आयार० २, १, २, ३ ; २, ३, ३, २ ; अणुओग० ३८६ ; पण्णव० ८० ; नायाध० ५०८ और उसके बाद ; विवाह० ११९ ; ३६१ ; ६५९ ; ठाणग० ९४)। समासो मे भी यह स्थानपरिवर्तन (वर्णव्यत्यय) बहुधा देखा जाता है जैसे, **केसरिद्दह, तिगिच्छद्दह** (ठाणग० ७५ और ७६), **पउमद्दह** और **पुण्डरीयद्दह** (ठाणग० ७५ और उसके बाद ; जीवा० ५८२ और उसके बाद) ; महा० और अ०माग० मे **महद्दह** मिलता है (हाल १८६ ; ठाणंग० ७५ और ३८२) ; अ०माग० और अप० मे **महादह** रूप पाया जाता है (ठाणंग० १७६ ; हेच० ४, ४४४, ३), इसके साथ-साथ अ०माग० में अंशस्वर के साथ **हरय** रूप भी आया है (§ १३२)। — महा०, अ०माग, जै०महा०, शौर० और अप० में **दीहर** रूप है जो ***दीरह** के स्थान पर आया है (§ १३२)' और जो = **दीर्घ** है (हेच० २, १७१ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० ४३, ११ ; नंदी० ३७७ ; एर्त्से० ; उत्तर० १२५, ६ ; बाल० २३५, १५ ; मल्लिका० ८१, ९ ; १२३, १५ ;

१६१, ८ ; १९८, १७ ; २२३, ९ ; हेच० ४, ४१४, १ ; ४४४, ४)। — अ०-माग० में **पाहणाओ = उपानही**, **अणोवाहणग** और **अणोवाहणय** रूप भी पाये जाते हैं। अ०माग० में **छत्तोवाहण** है, पर इसके साथ-साथ शौर० में **उवाणह** भी मिलता है (§ १४१)। —जै०महा०, शौर० और अप० में **मरहट्ठ = महाराष्ट्र** (हेच० १, ६९ ; २, ११९ ; कालका० २६९, ४४ ; बाल० ७२, १९ ; १, ९१ ; ११६ अ ; १४० अ), महा० में **मरहट्ठी** (विद्ध० २५, २) और इसके साथ-साथ **मराठी** रूप आये हैं (§ ६७)। — अ०माग० में **रहस्स** रूप है जो ***हरस्स** के स्थान पर है और = **ह्रस्व** है (ठाणंग० २० ; ४० ; ४४५ ; ४५२), इसके साथ-साथ **हस्स** रूप भी चलता है (आयार० १, ५, ६, ४ ; २, ४, २, १० ; विवाह० ३८ ; ३९), **हस्सीकरेंन्ति** भी पाया जाता है (विवाह० १२६)। हस्तलिपियों और पाठों में बहुधा **ह्रस्स** रूप आया है (ठाणंग० ११९ ; नन्दी ३७७ ; वेबर, भग० १, ४१५)। भाम० ४, १५ के अनुसार लोग **ह्रस्व** को **हंस** भी कहते थे (§ ७४)। अ०माग०, जै०महा० और अप० में **वाणारसी = वाराणसी** (हेच० २, ११६ ; अंत० ६२ ; नायाध० ५०८ ; ७८७ ; ७९१ ; १५१६ ; १५२८ [पाठ में **वाराण-सीए** है] ; निरया० ४३ और उसके बाद ; पण्णव० ६० ; ठाणंग० ५४४ ; उत्तर० ७४२ ; विवाग० १३६ ; १४८ और उसके बाद ; विवाह० २८४ और उसके बाद ; एर्त्से० ; पिंगल १, ७३ [यहाँ **वणरसि** पाठ है और गौल्दश्मित्त द्वारा संपादित संस्क-रण में **वरणसि** है] ; हेच० ४, ४४२, १) है। शौर० में **वाराणसी** रूप पाया जाता है (बाल० ३०७, १३ ; मल्लिका० १५, २४ ; १६१, १७ ; २२४, १०), माग० में भी यही रूप है (प्रबोध० ३२, ६,९), जिसके स्थान पर बंबइया संस्करण ७८, ११ में **वालाणसी** पढ़ा गया है, इसे सुधारकर **वालाणशी** पढ़ना चाहिए। — **हलिआर** और इसके साथ साथ **हरिआल = हरिताल** (हेच० २,१२१) है। — **हलुअ** और इसके साथ-साथ **लहुअ = लघुक** (हेच० २, १२२ ; [हिंदी में इसके **हलुक**, **हौले**, **हलुआ** आदि रूप हैं, पर अर्थ शीघ्रता के स्थान पर धीमे-धीमे हो गया है। मराठी में **लहुअ** का प्रचार है। इस भाषा में **लहुअ** का **लौ** बनकर **लौकर** शब्द बन गया है जिसका अर्थ शीघ्र है। —अनु०])। — **हुलइ** और इसके साथ साथ **लुहइ** रूप चलता है (= पोंछना : हेच० ४, १०५)। वर० ८, ६७ और क्रम० ४, ५३ में **लुहइ** का अर्थ **लुभइ** दिया गया है। इससे यह संभावना सामने आती है कि **हुलइ = *भुलइ** रखा जाना चाहिए और **हुलइ** (फेंकना : हेच० ४, १४३) इसी स्थिति में है, वह **भुल्लइ** (नीचे गिरना : हेच० ४, १७७) से जो अकर्मक है और जै०महा० और शौर० **भुल्ल** (भूलना ; भूल करने की बान, पड़ा हुआ ; भ्रांत : आव०एर्त्से० ४६, ५ ; कर्पूर० ११३, १) से निकला प्रतीत होता है[१]। — महा० में **दहरा** (पाइय० २४१ ; गउड०) व्याकरणकारों के अनुसार (हेच० २, २१२ ; मार्क० पन्ना ३८) = **इतरथा** होना चाहिए, किन्तु मार्कंडेय और वेबर[२] के अनुसार यह स्थानपरिवर्तन करके ***इअरहा** से निकला है, पर ध्वनिनियमों से यह असंभव है। महा० हस्तलिपियों में अधिकांश स्थलों पर **इअरा** रूप आया है (हाल ७११ ;

रावण० ११,२६), यह जैसा कि § २१२ में मान लिया गया है *द्रुथरता से निकल कर द्रुहरा बन गया। मार्कंडेय पन्ना ६८ में बताया गया है कि शौर० में केवल एक ही रूप द्रुदधा है।

१. हेच० २, ११६ पर पिशल की टीका। —२. एस. गौल्दश्मित्त द्वारा संपादित रावणवहो में यह शब्द देखिए। —३. हेच० ४, ११७ पर पिशल की टीका। —४. हाल ७११ की टीका।

तीसरा खंड—रूपावली-शिक्षा

(अ) संज्ञा

§ ३५५—इस नियम के फलस्वरूप कि प्राकृत में शब्द के अंत के वर्णों की विच्युति हो जाती है (§ ३३९), व्यंजनांत शब्दों की रूपावली प्रायः संपूर्ण रूप से लुप्त हो गयी है। रूपावली के अवशेष **त्**, **न्**, **श** और **स** में समाप्त होनेवाले शब्दों में पाये जाते हैं। अन्य शब्दों की रूपावली के अवशेष इधर-उधर बिखरे हुए थोड़े से पद्य में पाये जाते हैं। इस प्रकार महा० में **विवआ = विपदा** (शकु० ३३, ७); अ०माग० में **धम्मविओ = धर्मविदः** (कर्त्ताकारक, बहुवचन ; सूय० ४३); अ० माग० में **वाया = वाचा** (दस० ६३०, ३२ ; उत्तर० २८); अ०माग० में **वेय-विदो = वेदविदः** (कर्त्ताकारक, बहुवचन ; उत्तर ४२५) है। व्यंजनों में समास होने वाले शब्दों की रूपावली के अवशेष रूप में **आओ** (= पानी) भी है जो = **आपः** (बे० बाइ० ३,२३९ में त्रिविक्रम शीर्षक लेख) है। उणादिसूत्र २, ५४ में उज्ज्वलदत्त द्वारा वर्णित और अनेक भांति प्रमाणित किया जा सकनेवाला[१] नपुसकलिंग **आपस्** कर्त्ताकारक बहुवचन से संबंधित है[२]। अ०माग० मे **आओ** पुलिंग रूप **आउ** में (हेच० २,१७४ ; देशी० १,६१) परिवर्तित हो गया है, ठीक उसी भांति जैसे **तेओ = तेजस्** **तेउ** मे। यह उ स्वर **वाउ = वायु** की नकल पर आया है क्योंकि अ०माग० में रीतिबद्ध रूप से **आउ, तेऊ, वाऊ** का क्रम-संयोग पाया जाता है जो = **आपस्, तेजो, वायुः** के और जिसके अ०माग० रूप में **वाऊ** की नकल पर **आउ** और **तेउ** [दीर्घ ऊ को ह्रस्व बनाकर। —अनु०] रूप बने। इसी नियम से **कायेण** के स्थान पर **मनसा, वयसा** के साथ साथ **कायसा** रूप मिलता है तथा **सहसा** के साथ साथ **बलेण** के लिए **बलसा** रूप लिखा गया है (§ ३६४), इस प्रकार के अन्य शब्दों के रूपों की नकल पर बने अनेक कारक हैं (§ ३५८ ; ३६४ ; ३६७ ; ३७५ ; ३७९ ; ३८६)। **आऊ, तेऊ** और **वाऊ** इसी प्रकार बना (सूय० ६०६ ; सम० २२८ [पाठ में **तेओ** है] ; दस० ६१४, ४० [पाठ में **तेउ** है] ; आयार० २, २२, १३ [पाठ में **आओ, तेओ, वाउ** है]) ; **वाऊ, तेऊ, आऊ** रूप भी है (विवाग० ५०) ; **आउ, तेऊ** या **वाउ** भी मिलता है (सूय० १९) ; **आउ तेऊ य तहा वाऊ य** भी पाया जाता है (सूय० ३७) ; **आऊ अगणी य वाऊ** रूप भी देखने में आता है (सूय० ३२५), **पुढवी आउ गणि वाऊ** भी चलता है (सूय० ३७८) ; **आउ-तेउवाउवणस्सइसरीर** है (सूय० ८०३) ; **आउतेउवाउवणस्सइणाणाविहाणं** भी पाया जाता है (सूय० ८०६) ; **आउसरीर तेउसरीर वाउसरीर** भी आया है (सूय० ७९२) ; **आउतेउवणस्सइ-** (विवाह० ४३०), **तेउवाउवणस्सइ-** (आयार० २,१,७,३), **आउकाइय**[१], **तेउकाइय, वाउकाइय** (विवाह० १४३८ और उसके बाद [पाठ में **आऊ-, तेऊ-, वाऊ-** है] ; अणुओग० २६० ; दस०

६१४, ३८), **आउक्काइय** (जीवा० ४१), **आउलें स्से** (विवाह० १०) ; **आउ-बहुल** (जीवा० २२६) और **आउजीवा तहागणी वाउजीवा** (सूय० ४२५ ; उत्तर० १०४५ और १०४७ की तुलना कीजिए) रूपों का भी प्रचलन है। **तेउफास= तेजःस्पर्श** (आयार० १, ७, ७, १ ; १, ८, ३, १) है ; **तेउजीव** रूप आया है (उत्तर० १०५३); **तेउ वाउ य** भी मिलता है (उत्तर० १०५२)। ये दोनों शब्द **उ** मे समाप्त होनेवाले सज्ञावर्ग की भाति पूर्ण स्वतत्र रूप से काम में लाये जाते है : कर्त्ताकारक एकवचन का रूप **आऊ** है (सूय० ३३२ ; पण्णव० ३६९,३) ; कर्त्ताकारक बहुवचन भी **आऊ** है (ठाणग० ८२) ; सबधकारक **आऊणं** (उत्तर० १०४७) और **तेऊणं** मिलता है (उत्तर० १०५५) । विशेष अर्थ मे काम मे न आने पर अ०माग० मे **तेजस्** रूप चलता है और **अस्** में समाप्त होनेवाले नपुसकलिंग के शब्दो की भाति बरता जाता है । — कर्त्ताकारक बहुवचन **सरओ = शरदः**, **शरद्** (= पतझड़ की ऋतु) का रूप है, इससे महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० में पुलिग एकवचन का रूप **सरअ** तथा अ०माग० और जै०महा० मे **सरय** का आविष्कार किया गया है । यह = पाली **सरद**[4] (वर० ४, १० और १८ ; हेच० १, १८ और ३१ ; क्रम० २, १३३ ; मार्क० पन्ना ३४ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; ठाणग० २३८ और ५२७ ; नायाध० ९१६ ; कालका० २६४, ६ ; बाल० १२७, १४ ; हेच० ४, ३५७, २), इसी प्रकार **दिशः** से **दिसो** रूप बना है (क्रम० २, १३१ ; यदि इस स्थान पर **दिसा** रूप पढना न हो तो) । साधारण नियम के अनुसार व्यजनो मे समाप्त होनेवाले शब्दों के साथ दो प्रकार का व्यवहार होता है । बहुत कम स्थलों पर ऐसा शब्द, अत मे आये हुए व्यजन के लुप्त हो जाने पर इसमे पहले आनेवाले स्वर और इससे मिलते जुलते लिग की रूपावली मे ले लिया जाता है, किंतु अधिकाश स्थलो पर ऐसा सज्ञा शब्द **-अ** के आगमन के बाद पुल्लिग और नपुसकलिंग मे और **-आ** तथा **-ई** के आगमन के बाद स्त्रीलिंग मे भर्ती कर लिया जाता है । § ३९५ और उसके बाद के § देखिए ।

१. स्टेन्त्सलर, बे. बाइ. ६, ८४ । —२. यह मत वेबर, भगवती १, ३९७, नोटसंख्या २ तथा ए. कुन., बाइत्रैगे, पेज ६७ में व्यक्त किया गया है ; बे. बाइ. ३, २४० से यह अधिक शुद्ध है । —३. पण्णव० ३६९ पर मलयगिरि की टीका यों है : **आऊ इति पुलिंगता प्राकृतलक्षणवशात् संस्कृते तु क्लीवत्वम् एव** । —४. यह रूप चाइल्डर्स ने अपने पाली-कोश में दिया है और यह बे. बाइ. ३, २४० से अधिक शुद्ध है ।

§ ३५६—सस्कृत के लिंग की प्राकृत मे सर्वत्र रक्षा नहीं की गयी है । कुछ अश में यह लिगपरिवर्तन शब्द के अतिम वर्ण सबंधी नियम से उत्पन्न होता है । इसके अनुसार महा० और जै०महा० मे **अस्** मे समाप्त होनेवाले नपुंसकलिंग के शब्द कर्त्ता-कारक मे **ओ** में समाप्त होने पर (§ ३४४) पुल्लिग के समान बरते आते हैं (वर० ४,१८ ; हेच० १,३२ ; क्रम० २,१३३ ; मार्क० पन्ना ३५) : महा० में **तुंगो च्चिअ होइ मणो = तुंगम् एव भवति मनः** (हाल २८४) ; **एस सरो = एतत् सरः**

(गउड० ५१३) ; **खुडिओ महेन्दस्स जसो** = *क्षुदितं महेन्द्रस्य यशः (रावण० १, ४) ; **अण्णो अण्णस्स मणो** = अन्यद् अन्यस्य मनः (रावण० ३, ४४) ; **मारुअलद्धत्थामो महिरओ** = मारुतलब्धस्थाम महीरजः (रावण० ४, २५) ; **तमालकसणो तमो** = तमालकृष्णं तमः (रावण० १०,२५); **तारिसो अ उरो** = तादृशं चोरः (सुभद्रा० ८, ३) हैं। जै०महा० में **बारसाइच्चोदयाहिओ तेओ** = द्वादशादित्योदयाहित तेजः (एर्त्से० २६, ३३) ; **तवो कओ** = **तपः कृतम्** (एर्त्से० २६, ३५) है। व्याकरणकारों के अनुसार **नभस्** और **शिरस्** शब्द (वर० ४, १९ ; हेच० १, ३२ ; क्रम० २, १३४ ; मार्क० पन्ना ३५) केवल नपुंसकलिंग में और–अ में समाप्त होनेवाले शब्दों की रूपावली के अनुसार काम में लाये जाते हैं : महा० में **णहं** चलता है (गउड० ४५१ ; ४९५ ; १०३६ ; रावण० ४, ५४ ; ५, २ ; ६ ; ३५ ; ४३ ; ७४ आदि-आदि) ; महा० में **सिरं** आया है (रावण० ४, ५६ ; ९१, ३६ ; ५६ ; १३२ आदि-आदि)। अ०माग० में भी–**अस्** में समाप्त होने वाले नपुसकलिंग के शब्द पुलिंग में काम में लाये जाते हैं और कुछ कम संख्या में नहीं और अ०माग० में आकर ये शब्द के अन्त में **–ए** जोड़ कर कर्त्ताकारक एकवचन बन जाते हैं (§ ३४५) : **माउ ओये** = **मातोजः** (ठाणंग० १५९) ; **तमे** = तमः (ठाणंग० २४८) ; **तवे** = **तपः** (सम० २६) ; **मणे** = **मनः** (विवाह० ११३५ और उसके बाद) ; **पेज्जे** = **प्रेयः** और **वच्छे** रूप = **वक्षः** है (उवास० § ९४)। **एयसोया** = **एतानि स्रोतांसि** (आयार० १,५,६,२) है। इसके साथ साथ-**अस्** में समाप्त होनेवाले नपुंसकलिंग के शब्द–अ में समाप्त होने वाले नपुंसकलिंग के संज्ञा–शब्दों की भाँति भी बरते जाते हैं : अ०माग० में **अयं** = **अयस्** (सूय० २८६) ; अ०माग० **सेयं** = **श्रेयस्** (हेच० १, ३२ § ४०९) ; **वयं** = **वयस्** (हेच० १, ३२), इसके साथ साथ अ०माग० में **वाओ** रूप भी चलता है (आयार० १, २, १, ३ ; यह रूप पद्य में आया है) ; **सुमणं** = **सुमनः** (हेच० १, ३२) है। शौर० और अ०माग० में प्रायः बिना अपवाद के ऐसे रूप बनते हैं (§ ४०७)। अप० में **मणु** (हेच० ४, ३५० और ४२२, ९) तथा **सिरु** रूप (हेच० ४, ४४५, ३) जो ध्वनि की दृष्टि से **मनः** और **शिरः** के समान है (§ ३४६), ***मनम्** और ***शिरम्** रूपों के समान रखे जा सकते हैं (§ ३५१)। सम्बोधन का रूप **चेउ** = **चेतः** (पिंगल १, ४ ब ; पाठ में **चेज** है ; कहीं **चेड** भी आया है ; बौं ल्लें नसेन, विक्रमो०, पेज ५२८ की तुलना कीजिए)।

§ ३५७—जैसे **अस्** में समाप्त होनेवाले नपुंसकलिंग के शब्द वैसे ही **–अ** में समाप्त होनेवाले नपुंसकलिंग के शब्द प्राकृत बोली में पुलिंग बन गये हैं। इस लिंग-परिवर्तन का प्रारम्भ कर्त्ताकारक और कर्मकारक के बहुवचन के रूप से हुआ है जिसकी समाप्ति वेद की भाँति **–आणि** और **आई** होने के साथ-साथ **–आ** में भी होती है और यह पुलिंग के समान है (§ ३६७)। अ०माग० में लोग इस प्रकार बोलते थे : **तओ थाणाणि** (ठाणंग० १४३), **तओ ठाणाइं** (ठाणंग० १५८) और **तओ ठाणा** (ठाणंग० १६३ और १६५) = **त्रीणि स्थानानि** है। ऊपर दिये गये अन्तिम रूप से

कर्त्ताकारक एकवचन **ठाणे** का रास्ता खुल गया होगा। अ०माग० में **एस ठाणे अणारिए = एतत् स्थानम् अनार्यम्** है (सूय० ७३६)। अ०माग० में इसके अनगिनत उदाहरण पाये जाते हैं : **एस उदगरयणे = एतद् उदकरत्नम्** (नायाध० १०११); **उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए = उत्थानं कर्म बलं वीर्यम् है** (विवाह० १७१ ; नायाध० ३७४ ; उवास० § ७३); **दुविहे दंसणे पन्नत्ते = द्विविधं दर्शनं प्रज्ञप्तम्** (ठाणग० ४४) है ; **मरणे = मरणम्** (सम० ५१ और ५२), **मत्तए = मात्रकम्**, इसके साथ-साथ बहुवचन में **मत्तगइं** रूप मिलता है (कप्प० एस० § ५६ ; [**मत्तए** रूप **मत्ते** बन कर मारवाड़ी बोली में इसी अर्थ में वर्तमान है। **मत्ते** का एक अर्थ मारवाड़ी में 'यों ही', 'व्यर्थ में' है। —अनु०]) और इस भाँति के बहुत से अन्य शब्द मिलते हैं[१]। आयार० १,२,१,३ में पद्य में एक के पास एक निम्नलिखित शब्द आये हैं : **वओ अच्चेइ जोव्वणं च जीविए = वयो'त्येति यौवनं च जीवितम्** है। अ०माग० में कभी-कभी नपुंसकलिंग के सर्वनाम पुलिंग के साथ सम्बन्धित कर दिये जाते हैं : अ०माग० में **एयावन्ति सव्वावन्ति लोगंसि कम्मसमारंभा = एतावन्तः सर्वे लोके कर्मसमारम्भाः** (आयार० १, १, १, ५ और ७); **आवन्ती के यावन्ती लोगंसि समणा य माहणा य = यावन्तः के च यावन्तो लोके श्रमणाश् च ब्राह्मणाश् च** है (आयार० १, ४, २, ३ ; १, ५, २, १ और ४ की तुलना कीजिए); **याइं तुमाइं याइं ते जनगाः = यस् त्वं यौ ते जनकौ** (आयार० २, ४, १, ८) है ; **यईं** (§ ३३५ और ३५३) **भिक्खू = ये भिक्षवः** (आयार० २, ७, १, १) ; **जावन्ति 'विज्जापुरिसा सव्वे ते दुक्खसंभवा = यावन्तो 'विद्यापुरुषाः सर्वे ते दुःखसंभवाः** (उत्तर० २१५; [विएना विश्वविद्यालय में प्रोफेसर क्रिश्चियान के नेतृत्व में एक इसके लिए ही बने हुए सूक्ष्म यंत्र द्वारा ध्वनियों के माप और तुलना के उद्देश्य से चित्र लिये जाते थे। अनुवादक ने भी तीन महीने इस विभाग में चित्र द्वारा ध्वनि मापन और उसकी तुलना का ज्ञान सीखा। उसमें **दुक्ख** और दुःख के चित्र लिये थे और इन दोनों को मापने और उनकी तुलना करने पर पता लगा कि दोनों ध्वनियों में लेशमात्र का भेद हो तो अन्यथा चित्र एक से ही आये। —अनु०]) ; **जे गरहिया सणियाणप्पओगा ण ताणि सेवन्ति सुधीरधम्मा = ये गर्हिताः सनिदानप्रयोगा न तान् सेवन्ते सुधीरधर्माः** है (सूय० ५०४)। इस नियम के अनुसार **णो इण्' अट्ठे** और **णो इणं अट्ठे** के लिंग-प्रयोग का भी स्पष्टीकरण हो जाता है (§ १७३); **से** और माग० **शे = तद्** की भी तुलना कीजिए (§ ४२३)। जै०महा० में साधारणतः जब भिन्न-भिन्न लिंगों के व्यक्तियों के विषय में कर्म या पूरक आता है तब वह नपुंसकलिंग में रहता है : **तओ सागरचन्दो कमलामेला य...गहियाणुव्वयाणि सावगाणि संवुत्ताणि = ततः सागरचन्द्रः कमलापीडा च...गृहीतानुव्रतौ श्रावकौ संवृत्तौ** (आव० एत्सें० ३१, २२) और इससे पहले (३१, २१ में) इसी विषय पर कहा गया गया है : **पच्छा इमाणि भोगे भुञ्जमाणाणि विहरन्ति = पश्चाद् इमौ भोगान् भुञ्जानौ विहरतः** ; आवश्यक एर्त्सेलुंगन १८, १ में **मायापिईणं = मातापित्रोः**

के लिए **ताणि** रूप आया है ; **ताणि अम्मापियरो पुच्छियाणि = तौ अम्बापितरौ पृष्टौ** (एर्से० ३७, २९ ; [इस स्थान में **अम्मा** शब्द ध्यान देने योग्य है। यह अब उर्दू में अधिक प्रयोग में आता है। हिन्दी में यह शायद ही काम में आता हो, किन्तु यह वास्तव में संस्कृत शब्द नहीं है अपितु द्राविड भाषा से लिया गया है और संस्कृतीकरण है। ऐसा भी मत है कि यह इंडो-ऑस्ट्रिक शब्द है जो अन्य अनेक शब्दों की भाँति अवशेष रूप में द्रविड में रह गया है। इसके **अम्म**, **अम्मल** आदि रूप द्राविडी भाषाओं में आज भी चलते हैं (हेच० ने देशी० १, ५ **अब्बा** और **अम्मा** रूपों को देशी बताया है। उसे पता रहा होगा कि यह शब्द द्राविडी भाषाओं की देन है, इस कारण उसने इसे देशी माना। —अनु०]) ; **ताहे राया सा य जयहत्थिम्मि आरूढाइं = तदा राजा सा च जयहस्तिन्य् आरूढौ** है (एर्से० ३४, २९) ; [**मयमञ्जरिया कुमारो च**] **नियमभवने गयाइं सानन्दहियया‌इं** = [मदनमञ्जरिका **कुमारश् च**] **निजकभवने गतौ सानन्दहृदयौ** है (एर्से० ८४, ६)। याकोबी ने अपने औसगेवैल्ते एर्सेलुगन की भूमिका के पेज ५६ § ८० में और बहुत-से उदाहरण दे रखे हैं। —अ वर्ग के नपुसकलिंग के शब्दों का पुलिंग में परिवर्तन माग० में भी बार बार देखने में आता है, अन्य प्राकृत बोलियों में नाममात्र ही मिलता है। इसके अनुसार माग० में **एशे शे दशणामके मइ कले = एतत् तद् दशनामकं मया कृतम्** (मृच्छ० ११, १) ; **आमलणन्ति के वेले = आमरणान्तिकं वैरम्** (मृच्छ० २१, १४) ; **दुआलए = द्वारकम्** (मृच्छ० ७९, १७) ; **पवहणे = प्रवहणम्** (मृच्छ० ९६, २२ ; ९७, १९ और २० ; ९९, २ ; १००, २० आदि आदि) ; **एशे चीवले = एतच चीवरम्** है (मृच्छ० ११२, १०) ; **शोहिदे = सौहृदम्** (शकु० ११८, ६) ; **भोअणे संचिदे = भोजनं संचितम्** (वेणी० ३३, ३) है। **उश्णे लुहिले = उष्णं रुधिरम्** (वेणी० ३३, १२) ; **भत्ते = भक्तम्** ; **एशे शे शुवण्णके = एतत् तत् सुवर्णकम्** (मृच्छ० १६३, १९ ; १६५, ७) है। शौर० और दाक्षि० में पुलिंग रूप **पवहणो** पाया जाता है (मृच्छ० ९७,७ ; दाक्षि में : १००, १५)। इसके साथ साथ इससे भी अधिक चलनेवाला नपुसकलिंगवाचक रूप **पवहणं च** है ; शौर० में **पभादो** रूप मिलता है (मृच्छ० ९३, ७), किन्तु इसके साथ-साथ **पभादं = प्रभातम्** भी आया है (मृच्छ० ९३, ५ और ६) ; शौर० में बहुधा **हिअओ = हृदयम्** और विशेषकर जब हृदय के विषय में कुछ कहा जाता हो (विक्रमो० २०, २१ [ए. (A) हस्तलिपि में लिखे हुए के अनुसार यही पढ़ा जाना चाहिए] ; २३, १० ; ४६, १७ और १९ की तुलना कीजिए ; रत्ना० २९८, ११ और १२ ; मालती० ३४८, ६ ; [इसी ग्रन्थ में आये हुए उक्त रूप के अनुसार यहाँ भी यही पढ़ा जाना चाहिए] ; विद्ध० ९७, १० ; प्रिय० २०, २ ; नागा० २०, १३ और १५)[१]। **चक्को = चक्रम्** (= तकली : देशी० ३, १) की बोली कौन है, इसका पता नहीं चलता। § ३६० की तुलना कीजिए।

१. होएर्नले, उवासगदसाओ, अनुवाद की नोटसंख्या ५५। — २. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, पेज ५।

§ ३५८—व्याकरणकारों के अनुसार – **अन्** में समाप्त होनेवाले नपुंसकलिंग के शब्द (वर० ४, १८ ; हेच० १, ३२ ; क्रम० २, १३३ ; मार्क० पन्ना ३५) — **अ** में समाप्त होनेवाले पुलिंग शब्द बन जाते हैं : **कम्मो** = **कर्म** ; **जम्मो** = **जन्म**; **णम्मो** = **नर्म** ; **मम्मो** = **मर्म** ; **वमने** = **वर्म** है । इस नियम के अनुसार पल्लव-दानपत्र में **सम्मो** = **शर्म** (७, ४६) पाया जाता है ; अ०माग० में **कम्मे** = **कर्म है** (सूय० ८३८ ; ८४१ और उसके बाद ; ८४४ ; ८४८ ; ८५४ ; नायाध० ३७४ ; उवास० § ५१; ७३ ; १६६) ; माग० में **चम्मे** = **चर्म** (मृच्छ० ७९, ९) **है** । किन्तु ये शब्द सभी प्राकृत भाषाओं में अ–वर्ग[1] के नपुंसकलिंग बन जाते है, जैसा कि **दामन्** के विषय में हेमचन्द्र और **प्रेमन्** के बारे में मार्कंडेय बताता है । इस नियम से महा० में **कम्मं** रूप बना है (रावण० १४, ४६) ; महा० और शौर० में **णामं** रूप है (हाल ४५२ और ९०५) ; विक्रमो० ३०, ९) ; महा० में **दामं** रूप आया **है** (हाल १७२) ; महा० में **पेम्मं** भी है (रावण० ११, २८ ; रत्ना० २९९, १८) ; महा० मे **रोमम्** चलता है (रावण० ९, ८७) ; **वम्मं सम्मं** भी पाया जाता **है** (हेच० १, ३२) । **–इमन्** मे समाप्त होनेवाले पुलिंग संज्ञा शब्द स्त्रीलिंग रूप ग्रहण करके स्त्रीलिंग बन सकते हैं, इनको कर्त्ताकारक **–आ** मे आने के कारण इस लिंग-परिवर्तन मे सुविधा हो जाती है : **एसा गरिमा, महिमा, निलज्जिमा** और **धुत्तिमा** ऐसे ही रूप है (हेच० १, ३५ ; मार्क० पन्ना ३५ की भी तुलना कीजिए) । इस नियम के अनुसार महा० और अप० मे **चन्दिमा** = ***चन्द्रिमन्** है (§ १०३) ; अ०माग० मे **महिमासु** रूप आया है (ठाणंग० २८८) । इसी प्रक्रिया से नीचे दिये शब्द स्त्रीलिंग बन गये हैं : अ०माग० **अद्धा** = **अध्वा** जो **अध्वन्** से निकला **है** (ओव०) ; महा० में **उम्हा** = **ऊष्मा** जो **ऊष्मन्** से निकला है (भाम० ३, ३२ ; हेच० २, ७४ ; गउड० ; रावण०) ; जै०महा० मे **वट्टा** = **वर्त्मा** जो **वर्त्मन्** से निकला **है** (देशी० ७, ३१ ; एर्त्से० ६०, ३० ; ३४ ; ३५ ; § २३४ की तुलना कीजिए) ; **सेम्भा** = **श्लेष्मा** जो **श्लेष्मन्** से निकला है (मार्क० पन्ना २५ ; § २६७ की तुलना कीजिए) । अ०माग० में **सकहाओ** = **सक्थीनि** (सम० १०२ ; जीवा० ६२१) । यह ***सकथन्** से निकला **है** और इसका कर्त्ताकारक के एकवचन का रूप ***सकहा है** । इसमे § १३२ के अनुसार अंशस्वर आ गया है । जैन लोग प्राचीन पद्धति से ऋतुओं का विभाग वर्ष में तीन ऋतु मान कर करते थे—**ग्रीष्म, वर्षाः** और **हेमन्त**[1] । जैसा कि अन्य अवसरों पर (§ ३५५ ; ३६४ ; ३६७ ; ३७१ ; ३८६) होता है, अ०माग० में भी रीति के अनुसार तीन ऋतुओं के एक साथ रहने के कारण ग्रीष्म और हेमन्त के लिंग और वचन, जब कि इन तीनों को गिनाया जाता हो तो स्त्रीलिंग बहुवचन के रूप **वर्षाः** के अनुकरण पर स्त्रीलिंग बन गये हैं और बहुवचन भी । बोली में कहा जाता था : **गिम्हाहि** = ***ग्रीष्माभिः** (सूय० १६६) ; **गिम्हासु** = ***ग्रीष्मासु है** (विवाह० ४६५) ; **हेमन्तगिम्हासु···वासासु** रूप भी मिलता **है** (कप्प० एस. (S) § ५५) ; **गिम्हाणं** भी पाया जाता **है** (आयार० २, १५ , २ ; ६ और २५ ; नायाध० ८८० ; कप्प० § २ ; ९६ ; १२० ; १५० ;

१५९ ; आदि-आदि); **हेमन्ताणं** रूप भी देखने में आता है (आयार० २, १५, २२ ; कप्प० § ११३ ; १५७ ; २१२ ; २२७) । बोली के हिसाब से बहुधा –अ में समाप्त होनेवाले पुलिंग शब्दों से कर्त्ताकारक और कर्मकारक बहुवचन में नपुसकलिंग के रूप बना दिये गये जिसमें यहाँ भी अन्त मे आनेवाले **–आ** रूप के कारण (§ ३५७) लिंगपरिवर्तन में सुविधा हो गयी होगी। इस ढंग से महा०, अ०माग० और शौर० मे **गुणाइं = गुणान्** (हेच० १, ३४ ; मार्क० ३५ ; गउड० ८६६ ; सूय० १५७ ; विवाह० ५०८ ; मृच्छ० ३७, १४) ; महा० में **कण्णाइं = कर्णौ** (हाल ८०५) है ; महा० में **पवआइ, गआइं, तुरआइ** और **रक्खसाइ = प्लवगान्, गजान्, तुरगान्** और **राक्षसान् है** (रावण० १५, १७)[१] ; अ०माग० में **पसिणाणि = प्रश्नान्** (आयार० २, ३, २, १७), **पसिणाइं** (नायाध० ३०१ और ५७७ ; विवाह० १५१ ; ९७३ ; ९७८ ; नन्दी० ४७१ ; उवास० § ५८ ; १२१ ; १७६) रूप पाये जाते है, जैसा कि स्वयं संस्कृत में **प्रश्न** नपुंसकलिंग **है** (मैत्र्युपनिषद १, २) ; अ०माग० मे **मासाइं = मासान्** (कप्प० § ११४) है ; अ०माग० मे **पाणाइं** (आयार० १, ६, ५, ४ ; १, ७, २, १ और उसके बाद ; २, १, १, ११; पेज १३२, ६ ; २२), **पाणाणि** (आयार० २, २, ३, २; पेज १३२, २८), इसके साथ साथ साधारण रूप **पाणे** भी चलता है (उदाहरणार्थ, आयार० १, १, ६, ३ ; १, ३; १, ३ ; १, ६, १, ४) = **प्राणान्** ; अ०माग० मे **फासाइं** (आयार० १, ४, ३, २ ; १, ८, २, १० ; ३, १ ; सूय० २९७) और इसके साथ-साथ **फासे** भी चलता है (आयार० १, ६, २, ३ ; ३, २ ; ५, १ ; १, ७, ८, १८) = **स्पर्शान् है** । अ०माग० में **रुक्खाइ** (हेच० १, ३४) तथा **रुक्खाणि = रुक्षान्** (= पेड [बहुवचन]: आयार० २, ३, २, १५ ; § ३२० की तुलना कीजिए) ; **देवाइं** (हेच० १,३४) और **देवाणि** (चड १,४) = **देवाः** ; जै०शौर० में **णिबन्धाणि = निबन्धान्** (पव० ३८७,१२) ; माग० मे **दन्ताइं = दन्तान्** (शकु० १५४,६), **गोणाइं = गाः** (मृच्छ० १२२,१५ ; १३२,१६), इसके साथ-साथ साधारण पुलिंग रूप भी चलता है (§ ३९३) । हेमचद्र १, ३४ मे एकवचन के रूपों का भी उल्लेख करता है : **खग्गं** और इसके साथ साथ **खग्गो = खड्गः** ; **मण्डलग्गं** तथा इसके साथ साथ **मण्डलग्गो = मण्डलाग्रः** ; **कररुहं** और इसके साथ-साथ **कररुहो = कररुहः**, जैसा कि मार्क० ने पन्ना ३५ मे ठीक इसके विपरीत बताया है कि **वअणो** और इसके साथ-साथ **वअणं = वदनम्** ; **णअणो** और इसके साथ-साथ **णअणं = नयनम्** । **–इ** और **–उ** में समाप्त होनेवाले पुलिंग संज्ञा शब्दों मे से भी बने हुए नपुंसकलिंग के बहुवचन के रूप पाये जाते हैं : अ०माग० में **सालीणि वा वीहिणिवा = शालीन् वा व्रीहिन् वा** है (आयार० २,१०,१० ; सूय० ६८२) ; अ०माग० मे **उऊइं = ऋतून्** , इसमे **तू** के प्रभाव से **ऋ = उ** हो गया है (कप्प० § ११४) ; **बिन्दूइं** (हेच० १, ३४ ; मार्क० पन्ना ३५) रूप भी है ; अ०माग० में **हेऊइं = हेतून्** , इसके साथ साथ **पसिणाइं** भी चलता है (विवाह० १५१) । स्त्रीलिंग से नपुंसकलिंग के रूप कम बने है। ऐसा एक रूप **तयाणि है** (आयार०

२, १३, २३ ; नायाध० ११३७ ; विवाह० ९०८)। इसका संबंध एकवचन के रूप **तया** से है (पण्णव० ३२ ; विवाह० १३०८ ; १५२९) ; इनसे **तयापाणए** की तुलना कीजिए (विवाह० १२५५) और **तयासुहाए** की भी (कप्प० § ६०) = *त्वचा = त्वक् है ; अ०माग० में **पाउयाइं** = **पादुकाः** (नायाध० १४८४) ; शौर० में **रिचाइं** जिसका संबंध ***रिचा** से है = **ऋक्** है (रत्ना० ३०२, ११) ; अ०माग० मे **पंतियाणि** (आयार० २, ३, ३, २ ; २, ११, ५) और इसके साथ-साथ **पंतियाओ** (विवाह० ३६१ ; अणुओग० ३८६) = ***पंक्तिका** ; अ०माग० मे **भमुहाइं** (आयार० २, १३, १७) और इसके साथ साथ **भमुहाउ** (जीवा० ५६३) = ***भ्रुबुके** (§ १२४ और २०६) ; यहातक कि अ०माग० में **इत्थीणि वा पुरिसाणि वा = स्त्रियो वा पुरुषा वा** (आयार० २, ११, १८)। अवश्य ही इन शब्दों का अर्थ 'कुछ स्त्रैण' और 'कुछ पुंसत्वयुक्त' समझा जाना चाहिए। **अच्छि** स्त्रीलिंग रूप मे काम मे लाया जा सकता है (वर० ४, २० ; हेच० १, ३३ और ३५ ; क्रम० २, १३२ ; मार्क० पन्ना ३५)। हेच० १, ३३ के अनुसार यह शब्द पुलिंग रूप मे भी काम मे लाया जा सकता है। १, ३५ मे हेच० बताता है कि पुलिंग शब्द **अञ्जलि, कुक्षि, ग्रन्थि, निधि, रश्मि, बलि** और **विधि** जिन्हें उसने **अञ्जल्यादि** गण मे एकत्रित किया है, स्त्रीलिंग मे भी परिवर्तित किये जा सकते है। इस सूत्र से अ०माग० के रूपो, **अयं अट्ठी** और **अयं दही** = **इदम् अस्थि** और **इदम् दधि** का स्पष्टीकरण होता है (सूय० ५९४), जिसका सप्रदानकारक का रूप **अट्ठीए** है (§ ३६१) और इसी नियम के भीतर कर्त्ताकारक **सप्पी** = **सर्पिः** (सूय० २९१) और **हवी** = **हविः** (दस० नि० ६४८, ९) माने जाने चाहिए क्योंकि **सान्त** (**स्** मे समाप्त होनेवाले) सज्ञा शब्द **स्** की विच्युति के बाद **इ** मे समाप्त होनेवाले सज्ञा शब्दो की रूपावली मे सम्मिलित हो जाते है। **पण्हो** = **प्रश्नः** के साथ साथ प्राकृत मे **पण्हा** रूप भी है (वर० ४, २० ; हेच० १, ३५ ; क्रम० २, १३२ ; मार्क० पन्ना ३५ ; सिह० पन्ना १४) जो अ०माग० मे **पण्हावागरणाइं** शब्द मे (नदी० ४७१ ; सम०) जो दसवें अग का नाम है, वर्तमान है। चड० ३, ६ मे इस रूप के उल्लेख मे **पण्हं** भी दिया गया है ; अ०माग० बहुवचन के रूप **पसिणाइं** और **पसिणाणि** का उल्लेख ऊपर हो चुका है। **अर्शांसि** के अर्थ में अ०माग० मे **अंसियाओ** = ***अर्शिकाः** (विवाह० १३०६) आया है। **पट्ठ, पिट्ठ** और **पुट्ठ** = **पृष्ठ** के साथ-साथ **पट्ठी, पिट्ठी** और **पुट्ठी** भी बार बार पाये जाते हैं (§ ५३ ; [इन रूपों मे **पिट्ठ** = हिंदी **पीठ** ; **पुट्ठ** कुमाउनी में **पूठ** रूप से तथा **पिट्ठी** और **पुट्ठी, पिटी पुठि** रूप से चलते हैं। —अनु०] । स्त्रीलिंग का रूप **आशंसा** महा० और शौर० मे **आसंघो** बन गया है (§ २६७) ; **प्रावृष्** महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे पुलिंग रूप **पाउसो** = पाली **पावुस** (वर० ४, १८ ; हेच० १, ३१ ; क्रम० २,१३१ ; मार्क० पन्ना ३५ ; गउड० ; हाल ; नायाध० ८१ ; ६३८ और उसके बाद ; ६४४ और ९१२ ; विवाह० ७९८ ; एर्से० ; विक्रमो० ३३, १४ ; [**पाउस** रूप मराठी और गुजराती में वर्षा के अर्थ में वर्तमान है।

—अनु०]) ; हेच० १, ३१ के अनुसार तरणि केवल पुलिंग में काम में आता है[४]। **दिसो = दिक्**, **सरओ = शरद्** के विषय में § ३५५ देखिए और २—४ तक संख्याशब्दों के लिए § ४३६ ; ४३८ और ४३९ देखिए।

१. एस. गौल्दश्मित्त, रावणवहो, पेज १५१ नोटसंख्या २। —२. कल्पसूत्र § २, पेज ९ में याकोबी की टीका। —३. ये रूप अन्य विषयों से अधिक यह प्रमाणित करते हैं कि रावणवहो १५, १६ और १७ में रूपों की अशुद्धियां हैं। यह मत एस. गौल्दश्मित्त ने रावणवहो, पेज ३१८ नोटसंख्या ९ में माना है, पर यह इतना निश्चित नहीं है। —४. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, पेज ५१ की सिंहावलोकन की दृष्टि से तुलना कीजिए।

§ ३५९—अप० में अन्य प्राकृत बोलियों की अपेक्षा लिंगनिर्णय और भी अधिक डावाडोल है, इस पर भी, जैसा कि हेच० ४, ४४५ में मत देता है। यह सर्वत्र पूर्ण अनियमित नहीं है। पद्य में छंद की मात्राएं और तुक का मेल खाना लिंग का निर्णय करता है : **जो पाहसि सो लेहि = यत् प्रार्थयसे तल् लभस्व** (पिंगल १, ५अ ; विक्रमो० पेज ५३० और उसके बाद की तुलना कीजिए) ; **मत्ताइं = मात्राः** (पिंगल १, ५१ ; ६० ; ८३ ; १२७) है ; **रेहाइं = रेखाः** (पिंगल १, ५२) ; **विक्कमं = विक्रमः** (पिंगल १, ५६) ; **भुअणे = भुवनानि** (कर्मकारक : पिंगल १, ६२बी) ; **गाहस्स = गाथायाः** (पिंगल १, १२८) ; **सगणाइ = सगणान्** (पिंगल १,१५२) ; **कुम्भइँ = कुम्भान्** (हेच० ४,३४५) ; **अन्त्रडी = अन्त्रम्** (हेच० ४, ३४५, ३) ; **डालइँ** (हेच० ४, ४४५, ४)। यह **डाला** (= शाखा : पाइय० १३६ ; देशी० ४, ९, यहां **डाली** रूप है) का बहुवचन का रूप है ; अ० माग० में भी **डाल** रूप मिलता है। **पगंसि रुक्खडालयंसि टिच्चा** पाया जाता है (नायाध० ४९२) और इसमें **डालग** रूप भी आया है (आयार० २,७,२,५) ; **खलाइं = खलाम्**। यह **रअणाइं** के साथ तुक मिलाने के लिए भी आया है (हेच० ४, ३३४) ; **विगुत्ताइं = *विगुप्ताः = विगोपिताः** (हेच० ४, ४२१, १) ; **णिच्चिन्तइँ हरिणाइँ = निश्चिन्ताः हरिणाः** (हेच० ४, ४२२, २०) ; **अम्हाइं** और इसके साथ साथ **अम्हे = अस्मे** है (हेच० ४, ३७६)।

§ ३६०—द्विवचन के रूप प्राकृत में केवल संख्या-शब्दों में रह गये हैं : **दो = द्वौ** और **दुवे** तथा **बे = द्वे** और कहीं नहीं मिलते। पूरे के पूरे लोप हो गये हैं। संज्ञा और क्रिया में इसके स्थान पर बहुवचन आ गया है (वर० ६, ६३ ; चंड० २, १२ ; हेच० ३, १३० ; क्रम० ३, ५ ; आव०एत्सें० ६, १२) जो स्वयं संख्या-शब्द **दो** के लिए भी काम में लाया जाता है (§ ४३६ और ४९७)। महा० में **बलकेसवाणं = बलकेशवयोः** (गउड० २६) ; **हत्था थरथरन्ति = हस्तौ थरथरयेते** (हाल १६५) ; **कण्णेसु = कर्णयोः** (रावण० ५, ६२) ; **अच्छिइं = अक्षिणी है** (गउड० ४४) ; अ०माग० में **जणगा = जनकौ** (आयार० १, ६, १, ६) ; **पाहणाओ = उपानहौ** (ठाणंग० ३५९) ; **भुमगाओ, अच्छीणि, कण्णा, उट्ठा, अग्गहत्था, हत्थेसु, ठणया, जाणूइं, जंघाओ, पाया**

और पाएसु = भ्रुवौ, अक्षिणी, कर्णौ, ओष्ठौ, अग्रहस्तौ, हस्तयोः, स्तनकौ, जानुनी, जंघे, पादौ और पादयोः है (उवास० § ९४); जै०महा० में हत्था और पाया = हस्तौ तथा पादौ (आव०एत्सें० ६, १४); तण्हाछुहाओ = तृष्णाक्षुधौ (द्वार० ५००, ७); दो वि पुत्ता जमलगा = द्वाव् अपि पुत्रौ यमलकौ है (एत्सें० १, ८); चित्तसंभूएहिं = चित्रसंभूताभ्याम् (एत्सें० १,२६) है ; शौर० में माहवमअरन्दा आअच्छन्ति = माधवमकरन्दाव् आगच्छतः (मालती० २९३,४) है ; रामरावणाणं = रामरावणयोः (बाल० २६०,२१); सीतारामेहिं = सीतारामाभ्याम् (प्रसन्न० ६४, ५) ; सिरीसरस्सदीणं = श्रीसरस्वत्योः है (विद्ध० १०८, ५) ; माग० में लामकण्हाणं = रामकृष्णयोः (कंस० ४८, २०) ; अम्हे वि...लुहिलं पिवम्हआवाम् अपि रुधिरम् पिबाव (वेणी० ३५, २१); कले म्ह = करवाव (चंड० ६८, १५ ; ७१, १०) है ; दाक्षि० में चन्दणअबीरएहिं = चन्दनकबीरकाभ्याम् (मृच्छ० १०५, ८) ; सुम्भणिसुम्भे = शुम्भनिशुम्भौ (मृच्छ० १०५, २२) ; अप० में रावणरामहँ, पट्टणगामहँ = रावणरामयोः, पट्टणग्रामयोः (हेच० ४, ४०७) है । ऐसे स्थलों पर जैसे शौर० में दुवे रुक्खसेअणके = द्वे रुक्षसेचनके (शकु० २४, १) में द्विवचन नहीं है परन्तु यह कर्मकारक बहुवचन का रूप है (§ ३६७ अ) जिसमें § ३५७[1] के अनुसार लिंग-परिवर्तन हुआ है ।

१. होएफर, डे प्राकृत डिआलेक्टो, पेज १३६ और उसके बाद ; लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतकाए, पेज ३०९ ; विक्रमोर्वशीय ३५७ पर बौ ल्लें न-सेन की टीका ; वेबर, इंडिशे स्टुडिएन १४, २८० और उसके बाद ।

§ ३६१—वर० ६, ६४ ; चंड० २, १३ ; क्रम० ३, १४ ; सिंह० पन्ना ७ के अनुसार आव०एत्सें० ६, १२ में एक उद्धरण में प्राकृत में सम्प्रदानकारक के स्थान में सम्बन्धकारक का प्रयोग किया गया है । हेच० ३, १३२ में बताता है कि तादर्थ्य व्यक्त करने में चतुर्थी का प्रयोग किया जा सकता है [हेच० ने ३, १३२ में तादर्थ्य समझाने के लिए उदाहरण दिया है : देवस्स, देवाय । देवार्थमित्यर्थः । —अनु०] । पाठ इस नियम की पुष्टि करते हैं । एक संप्रदान एकवचन का रूप प्रधानतः अ वर्ग के संज्ञा शब्दों का पल्लवदानपत्रों, महा०, अ०माग० और जै०महा० में मिलता है । पल्लवदानपत्र में अजाताए = *अद्यत्वाय (७, ४५) ; वाससतसहस्साय = वर्षशतसहस्राय है (७, ४८) ; महा० में णिवारणाअ = निवारणाय, आआसाअ = आयासाय, मरणाअ = मरणाय, हराराहणाअ = हराराधनाय, हासाअ = हासाय, गारवाअ = गौरवाय, मोहाअ = मोहाय, अपुणागमणाअ = अपुनरागमनाय है (गउड० १५ ; १९ ; ३२४ ; ३२५ ; ३४ ; ८६९ ; ९४६ ; ११८३) ; महा० में वणाअ = वनाय (बाल० १५६, १४), तावपरिक्खणाअ = तापपरीक्षणाय (कर्पूर० ५२, ३) है । हाल और रावणवहो में यह संप्रदान नहीं देखा जाता । अ०माग० में अहियाय = अहिताय (आयार० १, ३, १, १) ; गब्भाय = गर्भाय (सूय० १०८) ; अहवायाय =

अतिपाताय (सूय० ३५६) ; **ताणाय = त्राणाय** (सूय० ३९९) ; **कूडाय = कूटाय** (उत्तर० २०१) है और ये सभी रूप पद्य में पाये जाते हैं। अ०माग० और जै०महा० में संप्रदानकारक साधारणतः - **आए** में समाप्त होता है (§३६४) और अ०माग० में यह रूप असाधारणतया अधिक है। अ०माग० में **परिवन्दणमाणणपूयणाए आइमरणमोयणाए = परिवन्दनमाननपूजनाय जातिमरणमोचनाय** है (आयार० १, १, १, ७); पद्य में **ताणाय** रूप के साथ साथ गद्य में **ताणाए** रूप पाया जाता है (आयार० १, २, १, २; ३ और ४) और यही **ताणाए** पद्य में भी मिलता है (उत्तर० २१७); **मूलत्ताए कन्दत्ताए खन्धत्ताए तयत्थाए सालत्ताए पवालत्ताए पत्तत्ताए पुप्फत्ताए फलत्ताए बीयत्ताए विउट्टन्ति = मूलत्वाय कन्दत्वाय स्कन्धत्वाय त्वक्त्वाय शालत्वाय प्रवालत्वाय पत्रत्वाय पुष्पत्वाय फलत्वाय बीजत्वाय विवर्तन्ते** (सूय० ८०६) है ; **एयं णे पेच्चभवे इहभवे य हियाए सुहाए खमाए निस्सेयसाए अणुगामियत्ताए भविस्सइ = एतन् नः प्रेत्यभव इहभवेच हिताय सुखाय क्षमायै निःश्रेयसायानुगामिकत्वाय भविष्यति** है (ओव० § ३८ ; पेज ४९ ; विवाह० १६२) आदि-आदि ; अ०माग० और जै०महा० में **वहाए = वधाय** (आयार० १, ३, २, २ ; विवाह० १२५४ ; आव०एर्त्से० १४, १६ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) है ; **वहट्ठयाए = वधार्थकाय** (एर्त्से० १, २१) ; **हियट्ठाए = हितार्थाय** (आव०एर्त्से० २५, २६) ; **मम् 'अत्थाए = ममार्थाय** है (एर्त्से० ६३, १२)। शौर० और माग० में सप्रदानकारक केवल पद्यों में ही शुद्ध रूप में आता है क्योंकि इन प्राकृत बोलियों में स्वयं **-अ** वर्ग का सप्रदानकारक का रूप लुप्त हो गया है : माग० में : **चालुदत्तविणाशाअ = चारुदत्तविनाशाय** है (मृच्छ० १३३, ४)। हेच० के देवनागरी—, द्राविडी—और काश्मीरी पाठों में ४, ३०२ के उदाहरणों में शकुन्तला ११५, ७ से **शमिपसादाअ = स्वामिप्रसादाय** [मेरी प्रति में **शामि-पसादाय** पाठ है। —अनु०] है। इस स्थान में बगला पाठ में **शामिप्पशादत्थं** रूप आया है। सभी अच्छे पाठों में शौर० और अ०माग० के गद्य में लिपिभेद **अत्थं = अर्थम्** और **णिमित्तं = निमित्तम्**[१] है। नीचे दिये शब्दों में जो गद्य में मिलते हैं, संप्रदानकारक अशुद्ध है : **णिव्वुदिलाहाअ = निर्वृतिलाभाय** (मालवि० ३३, १४) ; **आसिसाअ** (?) = **आशिषे** (मालवि० १७, १३) ; **सुहाअ = सुखाय** (कर्पूर० ९, ५ ; ३५, ६ ; ११५, १) ; **असुसंरक्खणाअ = असुसंरक्षणाय है** (वृषभ० ५१, ११) ; **विबुधविजआअ = विबुधविजयाय** (विक्रमो० ६, २०) ; **तिलोदअदाणाअ = तिलोदयदानाय** (मृच्छ० ३२७, ४) और **चेडिआअच्चणाअ** [पाठ में **-अच्चणाअ** के स्थान पर **-अच्चणाय** है] = **चेटिकार्चनाय** (मुकुन्द० १७, १२) है। अशुद्ध पाठों में से अन्य उदाहरण बोएटलिंक[१] और बौ ल्लें नसेन[२] ने एकत्र किये हैं। राजशेखर में यह दोष स्वयं लेखक का है प्रतिलिपि करनेवाले का नहीं (§ २२)। **-अ** वर्ग के संज्ञा शब्दों को छोड़ अन्य वर्गों के सम्प्रदानकारक के रूप भी पाये जाते हैं जैसे, अ०माग० में **-अप्पेगे -अच्चाए हणन्ति अप्पेगे अजिणाए वहन्ति अप्पेगे मंसाए अप्पेगे सोणियाए**

वहत्ति एवं हिदयाए पित्ताए वसाए पिच्छाए पुच्छाए वालाए सिंगाए विसाणाए दन्ताए दाढाए नहाए ण्हारुणीए अट्ठीए अट्ठिमिंजाए अट्ठाए अणट्ठाए (आयार० १, १, ६, ५ ; सूय० ६७६) है, जहाँ **अच्चाए, अच्चा** (= देह ; शरीर) है ; टीकाकार ने दिया है = **शरीरम्** , **वसाए = वसायै है, दाढए = दंष्ट्रायै है, अट्ठिमिंजाए = अस्थिमज्जायै** है जो **–आ** में समाप्त होनेवाले स्त्रीलिंग के रूप का सम्प्रदानकारक है। **ण्हारुणीए** का सम्बन्ध स्त्रीलिंग रूप ***स्नायुनी** से है (§ २५५) और **अट्ठीए** नपुंसकलिंग **अस्थि** से सम्बन्धित है जो यहाँ स्त्रीलिंग रूप में काम में लाया गया है। शेष रूप पुलिंग और नपुंसकलिंग मे काम मे आये है : **से न हस्साए न विनड्डाए न रयीए न विभूसाए = स न हास्याय न क्रीडायै न रत्यै न विभूषायै** है (आयार० १, २, १, ३) ; जै०महा० में **कित्तिविद्धीए = कीर्तिवृद्धये है** (कक्कुक शिलालेख २०)। शौर० मे निम्नलिखित रूप भी अशुद्ध हैं : **कज्जसिद्धीए = कार्यसिद्धये** (मालवि० ५६, १३ ; जीवा० २१, ७) ; **जधासमीहिदसिद्धीए = यथासमीहितसिद्धये** है (विद्ध० ४४, ७)। व्यंजनांत वर्णों में से शौर० में कभी-कभी केवल एक रूप **भवदे** मिलता है जो संप्रदानकारक है। यह शब्द 'धार्मिक अभिवादन' का रूप है[१] : **सो`त्थि भवदे = स्वस्ति भवते** है (मृच्छ० ६, २३ ; ७७, १७ ; विक्रमो० ८१, १५)। इस विषय पर केवल एक रूप मे सस्कृतापन है। यह **भवदो** लिपिभेद है जिसे काप्पेलर ने रत्ना० ३१९, १७ मे छापा है ; **सोत्थि सव्वाणं** (विक्रमो० ८३, ८) की तुलना कीजिए और इस शब्द को विक्रमो० ८१, ५ में भी देखिए। प्राचीन संप्रदानकारक के रूप अ०माग० में **–त्ताए** और **–इत्ताए** मे समाप्त होनेवाले रूप है (§ ५७८)।

१. लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस, प्राकृतिकाए, पेज २९९ ; पिशल, बे०बाइ० १, १११ और उसके बाद ; हेच० ३, १३, २ पर पिशल की टीका। डे प्राकृत डिआलेक्टो, पेज १२६ और उसके बाद में होएफर ने अशुद्ध लिखा है ; विक्रमो०, पेज १६८ में बौ`ल्लें`नसेन की टीका और मालविकाग्निमित्र, पेज २३१ ; वेबर, इंडिशे स्टुडिएन १४, २९० और उसके बाद ; बे०बाइ० १, ३४२ और उसके बाद। — २. शकुंतला ४०, १८ की टीका, पेज २०३। — ३. मालविकाग्निमित्र, पेज २३३ में टीका। — ४. वेबर, बे०बाइ० १,३४३।

§ ३६२—आगे के § मे प्राकृत के कारकों का ठीक ठीक सिंहावलोकन करने के लिए नमूने की रूपावली बनायी जाती है जिसमे वे रूप जो व्याकरणकारों के ग्रंथों में दिये गये हैं किन्तु अभीतक प्रमाणों से पुष्ट नहीं किये जा सके थे, कोणयुक्त कोष्ठों में दिये गये हैं। पै० और चू०पै० के लिए अधिकाश सामग्री का अभाव है क्योंकि इन बोलियों का जो कुछ ज्ञान हमें है उसका आधार केवल व्याकरणकार है। हमने पल्लव और विजयबुद्धवर्मन के दानपत्रों का रूपावली में पहले पहल उल्लेख किया है। अ-रचना के रूप जैसे अ०माग० में **–संधिवालसद्धिं संपरिवुडे** (ओव० § ४८, पेज ५५, ११ ; कप्प० § ६१) जो **सद्धिं** के साथ अ०माग० मे बहुधा पाया जाता है (नायाध० ५७४ ; ७२४ ; १०६८ ; १०७४ ; १२७३ ; १२९० ; १३२७ ; ओव०

§ ५५) इस रूपावली के भीतर नहीं लिये गये हैं। वे रूप जो सभी या सबसे अधिक प्राकृत बोलियों में पाये जाते हैं, उनके लिए कोई विशेष चिह्न काम में नहीं लाया गया है। इस रूपावली में आव०, दाक्षि० और ढक्की जैसी अप्रधान बोलियों का उल्लेख नहीं है।

(१) —अ में समाप्त होनेवाला वर्ग

(अ) पुलिंग तथा नपुंसक लिंग

§ ३६३—पुलिंग **पुत्त** = **पुत्र** है।

एकवचन

कर्त्ता० **पुत्तो** ; अ०माग० और माग० **पुत्ते** ; अ०माग० पद्य में **पुत्तो** भी है ; अप० अधिकांश **पुत्तु** है।

कर्म० **पुत्तं** ; अप० **पुत्तु** है।

करण० महा०, अ०माग० और जै०महा० **पुत्तेण**, **पुत्तेणं** ; जै०शौर०, शौर०, माग०, पै०, चू०पै० **पुत्तेण** ; अप० **पुत्तेण**, **पुत्तिण**, **पुत्तें** और **पुत्ते** हैं।

सम्प्रदान० महा० **पुत्ताअ** ; अ०माग० **पुत्ताय** पद्य में अन्यथा ; अ०माग० और जै०महा० **पुत्ताए** ; माग० **पुत्ताअ** ; पद्य में है।

अपादान० महा० **पुत्ताओ**, **पुत्ताउ** , **पुत्ता**, **पुत्ताहि**, **पुत्ताहिंतो**, [**पुत्ततो**] ; अ०माग० और जै०महा० **पुत्ताओ**, **पुत्ताउ**, **पुत्ता** ; **पुत्तादो**, **पुत्तादु**, **पुत्ता** ; शौर०, माग० **पुत्तादो** ; पै०, चू०पै० **पुत्तातो** ; **पुत्तातु** ; अप० **पुत्तहें**, **पुत्तहु** हैं।

संबंध० **पुत्तस्स** ; माग० **पुत्तश्श**, **पुत्ताह** ; अप० [**पुत्तसु**], **पुत्तहों**, **पुत्तहो**, **पुत्तह** हैं।

अधिकरण० महा०, जै०महा०, जै०शौर० **पुत्तम्मि** , **पुत्ते** ; अ०माग० **पुत्तंसि**, **पुत्तम्मि**, **पुत्तंमि**, **पुत्ते** ; शौर०, पै० और चू०पै० **पुत्ते** ; माग० **पुत्ते**, **पुत्ताहि** ; अप० **पुत्तें**, **पुत्ते**, **पुत्ति**, **पुत्तहिं** हैं।

सम्बोधन० **पुत्त** ; महा० में **पुत्ता** भी ; अ०माग० **पुत्त**, **पुत्ता**, **पुत्तो** ; माग० **पुत्त**, **पुत्ते** हैं।

बहुवचन

कर्त्ता० **पुत्ता** ; अ०माग० **पुत्ताओ** भी ; अप० **पुत्त** भी।

कर्म० **पुत्ते** ; महा०, अ०माग० और अप० **पुत्ता** भी ; अप० **पुत्त** भी।

करण० महा०, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० **पुत्तेहि**, **पुत्तेहिं**, **पुत्तेहिँ** ; शौर० और माग० **पुत्तेहिं** ; अप० **पुत्तहिं**, **पुत्तहिँ**, **पुत्तहि**, **पुत्तेहिं**, **पुत्तेहिँ**, **पुत्तेहि** हैं।

अपादान० [**पुत्तासुंतो, पुत्तेसुंतो, पुत्ताहिंतो, पुत्ताहि, पुत्तेहि, पुत्ताओ, पुत्ताउ, पुत्तत्तो**] ; अ०माग० **पुत्तेहिंतो, पुत्तेहिं** ; जै०महा० **पुत्तेहिं** ; अप० **पुत्तहुँ** [कुमाउनी में इनमें से बहुत रूप वर्तमान है । —अनु०] हैं ।

संबंध० महा०, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० **पुत्ताण, पुत्ताणं, पुत्ताणँ** ; शौर० और माग० **पुत्ताणं** ; माग० [**पुत्ताहँ**] भी ; अप० **पुत्ताहँ, पुत्तहँ, पुत्ताणं** हैं ।

अधिकरण० महा०, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० **पुत्तेसु, पुत्तेसुं, पुत्तेसुँ** ; शौर० और माग० **पुत्तेसुं** (**पुत्तेसु**) ; अप० **पुत्तहिं** (**पुत्तेहिँ, पुत्तिहिं**) हैं [इस **पुत्तिहिं** रूप से कुमाउनी मे **पोथिहिँ** रूप बन गया है, जो हिंदी की अन्य किसी बोली में नहीं है । कुमाउनी **पोथि** और **पोथी** का अर्थ पुस्तक नहीं, पुस्तक का पर्यायवाची **पोथो** है, जिसका एक अर्थ पुत्र भी है । —अनु०] ।

संबोधन० **पुत्ता** ; माग० मे **पुत्ताहो** ; अप० **पुत्तहों, पुत्तहो** है ।

नपुसकलिंग के शब्दों की, जैसे **फल** आदि की रूपावली इसी प्रकार की जाती है, भेद इतना है कि कर्त्ता– और कर्मकारकों के एकवचन मे **फलं** रूप होता है; अप० में यहा पर **फलु** आता है ; कर्त्ता–, कर्म– और संबोधन कारकों के बहुवचन मे महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **फलाइं, फलाइँ, फलाइ** रूप हो जाते हैं ; अ० माग० और जै०महा० मे **फलाणि** भी होता है, **फला** भी ; जै०शौर० **फलाणि** ; शौर० और माग० मे **फलाइँ** ; अप० और महा० मे **फलइँ** रूप भी पाया जाता है ।

पल्लवदानपत्रों में नीचे दिये हुए रूप मिलते हैं । इनमे विजयबुद्धवर्मन् के दान-पत्रों में से कुछ निश्चित रूप दे दिये गये हैं, किन्तु एपिग्राफिका इण्डिका १, पेज २ नोटसंख्या २ का ध्यान रखा गया है ।

एकवचन

कर्त्ता० **महाराजाधिराजो** ५, १ ; **भारद्दायो** ५, २ ; **पतीभागो** ६, १२ ; और **–ओ** में समाप्त होनेवाले कर्त्ताकारक के रूप नीचे लिखे स्थानों मे मिलते है : ६, १४ ; १९-२६ ; २९ ; ४० ; ७, ४४ और ४७ ।

कर्म० **परिहारं** ५, ७ ; **वाट[कं] पुव्वदत्तं** ६, १२ ; २८ ; ३०–३४ ; ३६ ; ३७ [यह रूप नपुसकलिंग भी हो सकता है] ।

करण० **मदेन** ६, ४० ; **लिखितेण** ७, ५१ ।

संप्रदान० **अजाताये** ७, ४५ ; **वाससतसहस्साय** ७, ४८ ।

अपादान० **कांचीपुरा** ५, १ ।

सम्बन्ध० **कुलगोंत्तस** ६, ९ ; **सासणस्स** ६, १० ; और नीचे दिये हुए स्थानों मे सम्बन्धकारक **–स** या **–स्स** मे समाप्त हुआ है : ६, १२–२६ ; ३८ ; ५० ; विजयबुद्धवर्मन् के दानपत्रों में १०१, १ ; २ ; ७ [**देवकुलस्स**] ; ८ ।

अधिकरण० **विसये** ५, ३ ; **चिल्लरेककोडुंके** ६, १२ ; और यह रूप नीचे दिये हुए स्थानों में भी आया है : ७, ४२ और ४४ ।

नपुंसकलिंग में, कर्मकारक **निवत्तणं** ६, ३८ ; **वारण** [⁃] ७, ४१ ; उपरिलिखित ७, ४४ ; **आणतं** ७, ४९।

बहुवचन

कर्त्ता० **पतीभागा** ६, १३–१८ ; २०–२२ ; **अद्विका, कोलिका** ६, ३९ ; **गामेयिका आयुत्ता** विजयबुद्धवर्मन् १०१, १०।

कर्म० **देसाधिकतादीके, भोजके** ५, ४ ; **वल्लवे गोवल्लवे अमच्चे आरखाधिकते गुमिके तूथिके** ५, ५ ; और ऐसे रूप नीचे दिये हुए स्थानों में भी आये हैं : ५, ६ ; ६, ९ ; ७, ३४ और ४६।

करण० **एवमादिकेहि** ६, ३४ ; **परिहारेहि** ६, ३५ ; विजयबुद्धवर्मन् १०१, ११ ; अधिक सम्भावना यह है कि यहाँ **हि** से **हिं** का तात्पर्य है। सम्बन्ध **पल्लवाणं** विजयबुद्धवर्मन् १०१, २ ; **पल्लवाण** ५, २ ; **मणुसाण** ५, ८ ; **वत्थवाण–बम्हणाणं** ६, ८ ; **भातुकाण** ; ६, १८ ; **बम्हणाणं** ६, २७ ; ३० ; ३८ ; **पमुखाणं** ६, २७ और ३८ (यहाँ पाठ में **पमुखाण** है)। बात यह है कि इन दानपत्रों में सर्वत्र **–णं** होना चाहिए।

§ ३६४— –अ में समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दों की रूपावली के लिए वर० ५, १-१३ ; ११, १० ; १२ और १३ ; चंड० १, ३ ; ५ ; ७ ; ८ ; १३-१६ ; २, १० ; हेच० ३, २–१५ ; ४, २६३ ; २८७ ; २९९ ; ३०० ; ३२१ ; ३३०–३३९ ; ३४२ ; ३४४–३४७ ; क्रम० ३, १–१६, ५, १७ ; २१–२५ और २८–३४ ; ७८ ; मार्क० पन्ना ४१ ; ४२ ; ६८ ; ६९ ; ७५ ; सिंह० पन्ना ५–९ देखिए। अप० में बहुधा मूल संज्ञा शब्द कर्त्ता–, कर्म० और सम्बन्धकारक एकवचन और बहुवचन के काम में आता है। –अ वर्ग को छोड़ अन्य वर्गों में भी ऐसा होता है (हेच० ३४४ ; ३४५ ; क्रम० ५, २१)। अप० में अन्तिम स्वर, छन्द बैठाने और तुक मिलाने के लिए इच्छानुसार दीर्घ और ह्रस्व कर दिये जाते हैं (§ १००), इसलिए कर्त्ताकारक में बहुधा एकवचन के स्थान में बहुवचन और बहुवचन के स्थान में एकवचन आ जाता है। इस नियम के अनुसार **फणिहारा, वीसा, कन्दा, चन्दा,** और **कन्ता = फणिहारः, विषः, कन्दः, चन्द्रः** और **कान्तः** (पिंगल १, ८१); **सीअला = शीतलः, दड्ढा = दग्धः** और **घरु = गृहः** से सम्बन्धित है (हेच० ४, ३४३) ; **गअ = गजाः , गजान्** और **गजानाम्** (हेच० ४, ३३५ और ४१८, ३ तथा ३४५) ; **सुपुरिस = सुपुरुषाः** (हेच० ४, ३६७) है। अन्य प्राकृत भाषाओं में भी अवसर आ पड़ने पर पद्य में किसी भी कारक के लिए मूल संज्ञाशब्द काम में लाया जाता है। इस नियम से अ०माग० **बुद्धपुत्त = बुद्धपुत्र** जो **बुद्धपुत्तो** के स्थान में आया है (उत्तर० १३) ; **पाणजाइ = प्राणजातयः** जो **पाणजाईओ** के लिए प्रयुक्त हुआ है (आयार० १, ८, १, २) ; **पावय = पावक** जो **पावओ** के स्थान में आया है (दस० ६३४,९); माग० में **पञ्चज्जण = पञ्चजनाः** ; **गामा = ग्रामाः** ; **चण्डाल = चण्डालः** ; **णल = नरः** ; **शिल = शिरः** (मृच्छ० ११२,

६—९) है । मार्क० ने पन्ना ७५ में हस्तलिपि में **शिलि** रूप पढ़ा है और इसलिए यह बताता है कि माग० में कर्त्ताकारक **ए** और **इ** में समाप्त होता है [कभी **शिलि** या **शिरि** रूप सिर के लिए काम में आता होगा । इसका आभास कुमाउनी **सिरि** शब्द से मिलता है जिसका अर्थ कटे जानवर का सिर है । —अनु०] । वर० ने ११, ९ में यही बात सिखायी है कि कर्त्ताकारक के स्थान मे केवल मूल संज्ञाशब्द भी काम में लाया जा सकता है । § ८५ के अनुसार **शिलि, सिले** रूप के लिए आया है ; इसी प्रकार **शक्के = शक्यः** के स्थान मे **शक्कि** आया है (मृच्छ० ४३, ६—९) । समाप्तिसूचक वर्ण **–ओ** और **ए– = –आः** के विषय मे § ३४५ देखिए और **–उ = –आः** के संबंध मे § ३४६ । अप० मे **–उ = –अम्** के लिए § ३५१ देखिए । — अ० माग० में करणकारक एकवचन मे कई रूप पाये जाते हैं जो **–सा** मे समाप्त होते हैं । ये ऊपर दिये हुए **स्**– वर्ग के करणकारक की समानता पर बनाये गये हैं । इनमें एक विशेष रूप **कायसा** है जो **काय** से बना है किंतु **मनसा वयसा कायसा** की जोड़ी में = **मनसा वचसा कायेन** (आयार० पेज १३२, १ ; १३३, ५ ; सूय० ३५८ ; ४२८ ; ५४६ ; विवाह० ६०३ और उसके बाद ; ठाणंग० ११८ ; ११९ ; १८७ ; उत्तर० २४८ ; उवास० § १३—१५ ; दस० ६२५, ३०) ; **कायसा वयसा** रूप भी मिलता है (उत्तर० २०४) ; **मनसा वयसा काएण** बहुत कम पाया जाता है (सूय० २५७) और कहीं कहीं **मनसा कायवक्केणं** भी देखा जाता है (सूय० ३८० ; उत्तर० २२२ ; ७५२) । इसके अतिरिक्त **सहसा बलसा = सहसा बलेन** (आयार० २,३,२,३ ; ठाणंग० ३६८) है ; **पओगसा = पओगेण** । यह **विस्रसा** की समानता पर बना है जो **विस्रस्** का एक रूप है (विवाह० ६४ और ६५) । ऐसे रूपों की समानता पर पद्य मे नीचे दिये हुए रूप बनाये गये हैं : **णियमसा = नियमेण** (ओव० § १७७) ; **जोगसा = योगेन** (दस० ६३१, १ ; सूरियपन्नति मे शब्दसूची ५,२,२,५७५,४) है ; **भयसा = भयेन** (दस० ६२९, ३७), इनके साथ कहीं भी **स्**– वर्ग का रूप नहीं आया है । § ३५५ ; ३५८ ; ३६७ ; ३७५ ; ३७९ और ३८६ की तुलना कीजिए । महा०, अ०माग० और जै०महा० रूप **पुत्तेणं** के विषय मे § १८२ ; अप० **पुत्तेण** के बारे मे § १२८ और **पुत्ते** के संबंध मे § १४६ देखिए । — पल्लवदानपत्रों, अ०माग० और जै०महा० मे (§ ३६१) सप्रदान-कारक के रूप **–आए** वह संस्कृत भाषा के सप्रदानकारक के रूप **–आय** से संबंधित नहीं किया जा सकता । यह पल्लवदानपत्रों मे बना रहता है । अ०माग० में इसका रूप **–आय** और महा० **–आअ** हो जाता है (§ ३६१) । ध्वनि का रूप देखते हुए अ०माग० रूप **सागपागाए** (सूय० २४७ ; २४९) ***शाकपाकायै** से मिलता-जुलता है अर्थात् संस्कृत चतुर्थी के स्त्रीलिंग रूप से । अ०माग० मे संप्रदानकारक का यह रूप भाववाचक नपुंसकलिंग के उन रूपों में लगाया जाता है जिनके अंत में **–त्ता = –त्वा** आता है । जैसे **इत्थित्ताए पुरिसत्ताए णपुंसगत्ताए** में हुआ है (सूय० ८१७) ; **देवत्ताए = देवत्वाय** (आयार० २, १५, १६ ; सम० ८ ; १०, १६ ; उवास० ; ओव०) ; **रुक्खत्ताए = रुक्षत्वाय** (सूय० ७९२ ; ८०३) ;

गोणत्ताए = गोत्वाय (विवाग० ५१); **हंसत्ताए = हंसत्वाय** (विवाग० २४१); **णेरइयत्ताए दारियत्ताए** और **मयूरत्ताए = नैरयिकत्वाय, दारिकात्वाय** और **मयूरत्वाय है** (विवाग० २४४); **अट्ठिचम्मच्छिरत्ताए = अस्थिचर्मशिरात्वाय है** (अणुत्तर० १२) आदि-आदि । § ३६१ की तुलना कीजिए। इनके साथ-साथ –**ता** में समाप्त होनेवाले भाववाचक स्त्रीलिंग शब्दों के रूप हैं जिनमें –**आए** लगता है जैसे, **पडिबूहणयाए = प्रतिबृंहणतायै, पोसणयाए = पोषणतायै** (सूय० ६७६); **करणयाए = करणतायै** (विवाह० ८१७ ; १२५४ ; उवास० § ११३); **सवणयाए = श्रवणतायै** (नायाध० § ७७ ; १३७ ; ओव० § १८ ; ३८); **पुणपासणयाए = *पुनःपश्यनतायै है** (विवाह० ११२८ ; नायाध० § १३७) तथा अन्य अनेक रूप पाये जाते है । § ३६१ से देखा जाता है कि वैसे बहुधा पुलिंग और नपुंसकलिंग के संप्रदानकारकों के बीच में स्त्रीलिंग का सप्रदानकारक आता है । स्त्रीलिंग के द्वारा अन्य लिंगों पर प्रभाव पड़ना भी संभव है और अ०माग० में **देवत्ताए** का एक उदाहरण ऐसा मिलता है कि उसका **त्त** नपुंसकलिंग **देवत्व** के **त्व** का रूपपरिवर्तन है और अंतिम वर्णों पर स्त्रीलिंग **देवता** का प्रभाव है। किंतु पुलिंग और नपुंसकलिंग के –**आए** में समाप्त होनेवाले संप्रदानकारक इतने अनगिनत है कि यह स्पष्टीकरण सम्भव नहीं मालूम पड़ता । यह मानना पड़ता है कि बोली में पुलिंग और नपुंसकलिंग के संप्रदानकारक के अन्त में –ऐ भी काम में लाया जाता रहा होगा। **वहाइ = वधाय** (हेच० ३, १३२); यह सख्या छापे की भूल ज्ञात होती है, क्योंकि यह रूप हेच० ३, १३३ मे मिलता है। ऊपर जो –ऐ दिया गया है उसके स्थान में भी –**आइ** रूप होना चाहिए। यह ३, १३३ सूत्र इस प्रकार है : **वधाड्डाइश्च** [टीका में ये रूप दिये गये हैं : **वहाइ, वहस्स** और **वहाय** । —अनु०] रूप या तो अ०माग० और जै०महा० रूप **वहाए** (§ ३६१ से § ८५) के अनुसार सम्बन्धित हो यदि यह रूप कहीं पद्य मे पाया जा सके तो अन्यथा यह अवेस्ता के **यस्नाइ** और ग्रीक **हिप्पोइ = हिप्पो** [मे ओ दीर्घ । —अनु०] से सम्बन्धित है ।

§ ३६५—महा० में अपादानकारक एकवचन के रूप वर० ५, ६ से लिये जा सकते हैं, वर० के टीकाकार भामह से नहीं जिसने **वच्छादो** और **वच्छादु** रूप दिये है, क्रम० ने भी ऐसे ही रूप दिये हैं (३, ८) । यह बात हेच० ३, ८ तथा मार्क० पन्ना ४१ से पुष्ट होती है [हेच० ने ये रूप दिये है : **वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छउ, वच्छाहि, वच्छाहिंतो, वच्छा** । **दकारकरणं भाषान्तरार्थम्** भी जोड़ दिया है । —अनु०] । रावण० के रचयिता ने अपने ग्रन्थ के ८, ८७ मे **रामादो** रूप लिखा है जिससे स्पष्ट होता है उसने भाम० का अनुसरण किया है जैसा उसने **उदु = ऋतु** रूप भी लिखा है (§ २०४) । महा०, अ०माग० और जै०महा० में अपादानकारक एकवचन में –**आओ** में समाप्त होता है = *–**अतः** (§ ६९ ; ३४५) । इस –**आओ** के साथ-साथ छन्द की मात्राएँ ठीक बैठाने के लिए –**आउ** रूप भी चलता है । इस नियम के अनुसार : **सीसाउ = शीर्षात्** (गउड० ३७); **णहअलाउ =**

नभस्तलात् (हाल ७५) ; **रण्णाउ = अरण्यात्** (हाल २८७) ; अ०माग० में **पावाउ = पापात्** (सूय० ४१५), इसके साथ साथ **पावाओ** रूप भी चलता है (सूय० ११० और ११७) ; **दुक्खाउ = दुःखात्** है (उत्तर० २१८) । हेच० ने ४, २७६ में शौर० के अपादानकारक के लिए जो **–दु** बताया है। उसका सम्बन्ध जै०शौर० से है (§ २१)। इस बोली में **उदयादु = उदयात्** मिलता है (पव० ३८३, २७), इसके साथ साथ **अणउदयादो** रूप भी आया है (कत्तिगे० ३९९, ३०९) और इस बोली में नीचे दिये हुए रूप भी पाये जाते हैं : **चरित्तादो = चरित्रात्** (पव० ३८०, ७), **णाणादो = ज्ञानात्** है (पव० ३८२, ५), **विसयादो = विषयात्** है (३८२, ६) और **वसादो = वशात्** है (कत्तिगे० ३९९, ३११) । शौर० और माग० में अपादानकारक में सदा अन्तिम वर्ण **–दो** रहता है (क्रम० ५, ७९ ; मार्क० पन्ना ६८ [इसमें दिया गया है : **दो पव स्याबाम्ये**। —अनु०]; § ६९ और ३४५)। जिन रूपों के अन्त में ह्रस्व **–अओ** आता है जैसे अ०माग० में **ठाणओ** रूप उनके विषय में § ९९ देखिए। महा०, अ०माग० और जै०महा० में अपादानकारक की समाप्ति **–आ** = सस्कृत **आत्** में कम नहीं होती । इसके अनुसार महा० में : **वसा = वशात्** , **भआ = भयात्** , **गुणा = गुणात्** , **वेआ = वेगात्** **भवणा = भवनात्**, **देहत्तणा = देहत्वनात्** और **आरुव्वहणाअरा = आरोढ़हनादरात्** है (गउड० २४ : ४२ ; ८४ ; १२५ ; २४२ ; ३९०; ७१६ ; ८४८ ; ८५४ ; ९२४) ; **घरा = गृहात्** और **वला = बलात्** है (हाल ४९७ ; ८९८) ; **अइरा = अचिरात्** (रावण० ३, १५) है ; **णचिरा** रूप भी पाया जाता है (बाल० १७९, २) ; **मिसा = मिषात्** , **णिवेसा = निवेशात्** (कर्पूर० १२, ८; ७५, २) ; अ०माग० में **मरणा** रूप आया है (आयार० १, ३, १, ३ ; २, १) ; **दुक्खा** भी पाया जाता है (आयार० १, ३, १, २ ; उत्तर० २२०) ; **कोहा, माणा** और **लोहा = क्रोधात्, मानात्** तथा **लोभात्** (आयार० २, ४, १, १) है ; **वला** भी मिलता है (सूय० २८७ ; २९३ ; उत्तर० ५९३) ; **आरम्भा** भी काम में आता है (सूय० १०४), **णायपुत्त** है (सूय० ३१८) ; **भया = भयात्**, **लाभा** , **मोहा** भी चलते है, **पमाया = प्रमादात्** है (उत्तर० २०७ ; २५१ ; ४३४ ; ६२७) ; **कोहा, हासा, लोभा, भया** आये हैं (उत्तर० ७५१; दस० ६१५, २८ की तुलना कीजिए)। ये रूप अधिकाश स्थलों पर पद्य में आये है ; जै०महा० में **नियमा** आया है (कालका० २५९, ६ ; १८) ; अ०माग० और जै०महा० में **अट्ठा** मिलता है (दस० ६२०, २० ; एर्से०) ; जै०शौर० में **णियमा** रूप मिलता है (कत्तिगे० ४००, ३२८; ४०१, ३४१) । शौर० से मुझे केवल **बला** (मृच्छ० ६८, २२) तथा माग० से केवल **कलणा** (मृच्छ० १५२, ७ ; १४५, १७ की भी तुलना कीजिए) मिला है। ये भी उन संस्करणों में हैं जिनमें शब्दों पर भी विचार किया गया है। हस्तलिपियोंमें **कालणा** के स्थान पर **कालणे** पाया जाता है ; शकु० १७९२ में प्रकाशित कलकतिया संस्करण के पेज ३२४, ११ और गौडबोले के संस्करण पेज ४१३, १ में इसका शुद्ध रूप **कालणादो** छापा गया है। स्टेन्सलर ने भी यही पाठ स्वीकृत किया है (१३३,

१ ; १४०, १४ ; १५८, २१ ; १६५, ७)। मार्क० पन्ना ६९ मे बताया गया है कि शौर० में अपादानकारक के अन्त में -आ भी लगाया जा सकता है और मार्क० ने इसका उदाहरण कारणा दिया है। महा० में अपादानकारक एकवचन के अन्त में बहुधा -हि जोड़ा जाता है : **मूलाहि, कुसुमाहि, गअणाहि, वराहि** रूप मिलते हैं और **बीआहि = बीजात्** (गउड० १३, ६९ ; १९३ ; ४२६ ; ७२३ ; श्लोक १०९४ ; ११३१ ; ११७४ की भी तुलना कीजिए ; [**बीआ** का मराठी में **बी** हो गया है, कुमाउनी में **बिया बीं** रूप चलते हैं। —अनु०]) ; **दूराहि** मिलता है, **हिअआहि = हृदयात्** है , **अंगणाहि** रूप भी आया है, **णिक्कम्माहि रवाहि** भी आया है, **वि छेत्ताहि = निष्कर्मणो 'पि क्षेत्रात्** (हाल ५० ; ९५ ; १२० ; १६९; श्लोक १७९ ; ४२९ ; ५९४ ; ६६५ ; ८७४ ; ९२४ ; ९९८ की भी तुलना कीजिए) **धीराहि = धैर्यात् , दन्तुज्जोआहि = दन्तोद्योतात्, पच्चक्खाहि = प्रत्यक्षात्, घडिआहि = घटितात्** और **अणुहूआहि = अनुभूतात्** है (रावण० ३, २ ; ४, २७ ; इनके अतिरिक्त ४, ४५ और ५६ ; ६, १४ और ७७ ; ७, ५७ ; ८, १८ ; ११, ८८ ; १२, ८ और ११ ; १४, २० और २९ ; १५, ५० की भी तुलना कीजिए) ; **हिअआहि** रूप भी आया है (कर्पूर० ७९, १२ ; इसी नाटक में अन्यत्र **हिअआउ** रूप भी देखिए) ; **दण्डाहि = दण्डात्** (बाल० १७८, १० ; पाठ मे छन्दों की मात्रा के विरुद्ध **दण्डाहिं** रूप है) है। अ०माग० में **पिट्ठाहि** रूप है जो = **पृष्ठात्** है (नायाध० ९५८ और उसके बाद), इसके साथ साथ **पिट्ठाओ** रूप भी चलता है (नायाध० ९३८ और ९६४)। **-हिंतो** मे समाप्त होनेवाला अपादानकारक बहुत कम मिलता है : **कन्दलाहिंतो = कन्दलात्** (गउड० ५), **छेप्पाहिंतो = शेपात् , हिअआहिंतो = हृदयात् , रइहराहिंतो = रतिगृहात्** हाल २४० ; ४५१ ; ५६३) है ; **मूलाहिंतो = मूलात्** (कर्पूर० ३८, ३) ; **रूआहिंतो = रूपात्** (मुद्रा० ३७, ४) है। राजशेखर शौर० में भी -हि और -हिंतो मे समाप्त होनेवाला अपादानकारक काम मे लाता है, जो अशुद्ध है : **चन्दसेहराहि = चन्द्रशेखरात्** (बाल० २८९, १ पाठ में ; **चन्दसेहराहिं** है) ; **पामराहिंतो = पामरात् , चन्दाहिंतो = चन्द्रात् , जलाहितो = जलात् , तुम्हारिसाहिंतो = युष्मादृशात्** है (कर्पूर० २०, ६ ; ५३, ६ ; ७२, २ ; ९३, ९) ; **पादहिंतो = पादात् , गमागमाहिंतो = गमागमात् , थणहराहिंतो = स्तनभरात्** (विद्ध० ७९, २; ८२, ४; ११७, ४) है। सर्वनाम के इनसे मिलते-जुलते रूपों के लिए § ४१५ और उसके बाद देखिए। महा०, अ०माग० और जै०महा० में -हि में समाप्त होनेवाले क्रियाविशेषण मिलते हैं। **अलाहि = अलम्**[1] (वर० ९, ११ ; हेच० २, १८९; क्रम० ४, ८३ [पाठ में **अणाहि** है]; हाल १२७ ; विद्ध० ८१३ ; ९६५ ; १२२९ ; १२५४ ; तीर्थ० ५, ६ [पाठ में **अलाहिं** है], अ०माग० में क्रियाविशेषणों में **-हिंतो** है जैसे, **अन्तोहिंतो = अन्तरात्** है (§ ३४२) और **बाहिंहिंतो = बहिष्टात्** है (ठाणंग० ४०८)। **-हि** में समाप्त होनेवाले रूप जैसा ए० म्युलर[2] ने पहले ही ताड़ लिया था, क्रियाविशेषण

रूप **उत्तराहि** और **दक्षिणाहि** संस्कृत रूपों के जोड़ के है (ह्विटनी § ११०० सी. [C]) । इसलिए हमें इस **–हि** के लिए न तो लास्सन[१] के अनुसार एक पुराना समासिसूचक वर्ण **–भि** इसके मूल रूप के लिए ढूँढ़ना चाहिए और नहीं वेबर[४] के अनुसार इसमें बहुवचन का समासिसूचक रूप देखना चाहिए । इसके साथ यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि इस **–हि** के साथ **–हिं**[५] रूप कभी नहीं मिलता । समासिसूचक रूप **–हिंतो** लास्सन[६] के अनुसार ही **–भिस्** से अथवा इससे भी शुद्ध रूप **–भ्यस्** से जो अपादानकारक बहुवचन का रूप है और **तस्** से जो अपादानकारक एकवचन का रूप है, निकला माना जाना चाहिए । इस कारण **–हिंतो, हिन्तो** नहीं लिखा जाना चाहिए । अ– वर्ग का अ § ६९ के अनुसार दीर्घ हो जाता है । **पुत्तो** रूप से मिलते-जुलते अपादानकारक के रूप **वच्छत्तो** (हेच० ३, ८ ; सिंह० पन्ना ७), **रुक्खत्तो** (सिंह० पन्ना ७) दुहरे अपादानकारक हैं = **वृक्षात् + तस्** और **रुक्षात् + तस्** हैं । — अप० में ये उदाहरण मिलते हैं : **वच्छहे** और **वच्छहु** = **वृक्षात्** हैं (हेच० ४, ३३६) ; **जलहु** = **जलात्** (हेच० ४, ४१५) है । क्रम० ५,३० मे **रुच्छहे** के साथ-साथ **रुच्छादु** रूप भी मिलता है [पाठ में **रुच्छादू** है] = **वृक्षात्** है । ये रूप लास्सन[७] के अनुसार **वच्छहे** और **वच्छादु** पढ़े जाने चाहिए । **–हे** और **–हु** वाले रूपों की व्युत्पत्ति अंधकारपूर्ण है ।

१. हाल[२], पेज ४९, नोटसंख्या १ में वेबर का मत ठीक है । — २. बाइत्रैगे, पेज २२ । — ३. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३०३ । — ४. हाल[२], १ पेज ४९ । — ५. बालरामायण १७८, २० में –हिं है, जैसा उल्लेख किया गया है, २८९, १ में छंद की मात्राएँ ठीक नहीं बैठती हैं और –हिं भी आया है, यह अशुद्ध रूप है । — ६. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३१० । — ७. यही ग्रंथ पेज ४५१ ।

§ ३६६—व्याकरणकारों के नियमों के अनुसार (वर० ११, १२ ; हेच० ४, २९९) माग० में सबधकारक एकवचन मे समासिसूचक रूप **इश = स्य** के साथ साथ **–स** से निकला हुआ **–ह** भी पाया जाता है जिससे पहले आनेवाला संज्ञा शब्द का अंतिम **अ** दीर्घ बन जाता है (§ ६३ और २६४) । हेच० ने इस नियम के उदाहरणस्वरूप शकुतला और वेणीसंहार से समासिसूचक **–आह** वाले रूप दिये हैं [**पलिशाह कम्माह काली ; मंगदत्त शोणिदाह कुम्भे** । —अनु०]। उनके स्थान पर छपे सस्करणों और हस्तलिपियों मे **–अइश** रूप पाया जाता है अथवा इससे भिन्न रूप मिलता है[१] । सम्बन्धकारक **–आह** वाले निम्नलिखित रूप मिलते हैं : **कामाह** = **कामस्य** (मृच्छ० १०; २४) ; **चालुदत्ताह** = **चारुदत्तस्य** (मृच्छ० १३, २५ ; १००, २० ; १५४, १० ; १६४, २ और ४), इसके साथ-साथ **चालुदत्तश्श** रूप भी आया है (मृच्छ० ७९, १५ ; १००, २२) ; **णिय्यादमाणाह** और **अणिय्यादमाणाह** = **निर्यातयमानस्य** तथा **अनिर्यातयमानस्य है** ; **पैक्काह** = **एकस्य** ; **अवलाह** = **अपरस्य** ; **अय्यमित्तेआह** = **आर्यमैत्रेयस्य** ; **शालकाह** = **स्यालकस्य** ; **शलीलाह** = **शरीरस्य** और **चालित्ताह** = **चारित्रस्य है,** आदि-आदि

(मृच्छ० २१, १३ और १४ ; २४, ३ ; ३२, ४ और ५ ; ४५, १ ; ११२, १० ; १२४, २१)। अप० में इसके स्थान पर सम्बन्धकारक का रूप —ह आया है जैसे, **कणअह = कनलस्य ; चण्डालह = चंडालस्य ; कव्वह = काव्यस्य ; फणिन्दह = फणीन्द्रस्य ; कण्ठह = कण्ठस्य** और **पअह = पदस्य** (पिंगल १,६२ ; ७० ; ८८ बी ; १०४ ; १०९ ; ११७) है। सम्बन्धकारक एकवचन का रूप अप० में साधारणतया —हो और अधिकांश स्थलों पर —हों है (हेच० ४, ३३८ ; क्रम० ५, ३१) : **दुल्लहहों = दुर्लभस्य ; सामिअहों = स्वामिकस्य ; कृदन्तहों = कृतान्तस्य ; कन्तहों = कान्तस्य ; साअरहों = सागरस्य** और **तहों विरहहों णासन्तअहों = तस्य विरहस्य नश्यतः** (हेच० ४, ३३८ ; ४४० ; ३७० ; ३७९ ; ३९५, ७ ; ४१६ ; ४१९, ६ ; ४३२) है। ध्वनिनियम के अनुसार एक **कन्तहों**, एक ***कन्तस्यः** के बराबर है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि यह रूप **अ—** वर्ग और व्यजनान्त रूपावली का गड्डमड्ड है। इसकी प्रक्रिया वैसी ही है जैसी **—आओ** में समाप्त होनेवाले कर्त्ताकारक बहुवचन की (§ ३६७)। अप० मे ऊपर दिये रूप के साथ-साथ सम्बन्धकारक में **—स्सु** वाला रूप भी है जो **—स्स = स्य** से निकला है (§ १०६) जैसे, **परस्सु = परस्य ; सुअणस्सु = सुजनस्य ; खन्धस्सु = स्कन्धस्य ; तत्तस्सु = तत्त्वस्य** और **कन्तस्सु = कान्तस्य** (हेच० ४, ३३८ ; ४४० ; ४४५, ३)। हेमचन्द्र ४, ३३८ और क्रमदीश्वर ५, ३१ के अनुसार सम्बन्धकारक का एक रूप जो **—सु** मे समाप्त होता है, काम मे लाया जाता है : **रुक्खसु** (क्रम० ५, ३१ ; लास्सन, इन्स्टि० प्रा०, पेज ४५१ मे **वच्छसु**) है। इस रूप को मैं कहीं-कहीं सर्वनामों मे उदाहरण देकर प्रमाणित कर सकता हूँ (§ ४२५ और ४२७)।

१. हेच० ४, २९९ पर पिशल की टीका।

§ ३६६ अ—महा०, जै०महा० और जै०शौर० में अधिकरणकारक एकवचन के रूपों के अन्त मे **—ए** लगता है और इसके साथ साथ सर्वनामों की रूपावली से ले लिया गया **—म्मि = स्मिन्** भी जोड़ा जाता है (§ ३१३ और ३५०) और बहुधा ये दोनों रूप पास-पास में आते हैं। इस तथ्य के अनुसार महा० में **मुक्के वि णरमइन्दत्तणम्मि = मुक्ते'पि नरमृगेन्द्रत्वे** है (गउड० १०) ; **दिट्ठे सरिसम्मि गुणे = दृष्टे सदृसे गुणे** (हाल ४४) है ; **णइपूरसच्छहे जोव्वणम्मि = नदीपूरसदृशे यौवने** (हाल ४५) है ; **सुणहपउरम्मि गामे = शुनकप्रचुरे ग्रामे** (हाल १३८) है ; **देवाअत्तम्मि फले = दैवायत्ते फले** है (हाल २७९) ; **हत्तव्वम्मि दहमुहे = हन्तव्ये दशमुखे** (रावण० ३, ३) ; **अपूरमाणम्मि भरे = अपूर्यमाणे भरे** (रावण० ६, ६७) ; **गअम्मि पओसे = गते प्रदोषे** (रावण० ११, १) और **णिहअम्मि पहत्थे = निहते प्रहस्ते** है (रावण० १५,१)। जै०महा० में निम्नलिखित रूप मिलते हैं : **पाडलिपुत्तम्मिपुत्ररे** (आव०एर्से० ८, १) और **पाडलिपुत्ते नयरम्मि** (आव०एर्से० १२, ४०) ; **दुल्लहलम्भम्मि माणुसे जम्मे = दुर्लभलम्भे मानुषे जन्मनि** (आव०एर्से० १२, १३) ; **कूए कए वा वि कज्जम्मि = कृते' वापि कार्ये** (आव०एर्से० १२, १८) और

चेत्तम्मि णक्खत्ते विहुत्थे = चैत्रे नक्षत्रे विधुहस्ते (कक्कुक शिलालेख १९) है। जै०शौर० में **तिविहे पत्तम्मि = त्रिविधे प्राप्ते** (कत्तिगे० ४०२, ३६० ; पाठ में **तिविहम्हि** है) ; **अच्चुदम्मि सग्गे = अच्युते स्वर्गे** (कत्तिगे० ४०४, ३९१ ; पाठ में **अच्चुदम्हि** है)। उक्त सब रूप पद्य में मिलते हैं। गद्य में जै०महा० में अधिकरणकारक अधिकांश स्थलों पर **–ए** में समाप्त होता है, जैसे **गिरिनगरे नगरे** (आव०एर्त्से० ९, १२) ; **मत्थए = मस्तक** है (आव०एर्त्से० ११, १) ; **पुरत्थिमे दिसीभाए आराममज्झे = *पुरस्तिमे दिग्भाग आराममध्ये** है (आव०एर्त्से० ११, ३४) ; **–म्मि** और **–मि** में बहुत काम समाप्त होता है जैसे, **रइघरम्मि = रतिगृहे** (आव०एर्त्से० ११,१३) ; **कोमुईमहूसवंमि = कौमुदीमहोत्सवे** है (एर्त्से० २, ७) ; **मज्झंमि** रूप भी आया है (एर्त्से० ९, १)। कभी-कभी गद्य में भी दोनों रूप साथ-साथ चलते हैं जैसे, **विज्जानिम्मियंमि सियरत्तपडायाभूसिए पासाए = विद्यानिर्मिते शितरक्तपताकाभूषिते प्रसादे** है (एर्त्से० ८, २४)। पद्य में दोनों रूप काम में लाये जाते हैं। छंद में जो रूप ठीक बैठता है वही उसमें रख दिया जाता है जैसे, **भरहम्मि = भरते, तिहुयणम्मि = त्रिभुवने** और **सीसम्मि = शीर्षे** हैं (आव०एर्त्से० ७, २२ ; ८, १७ ; १२, २४)। साथ ही **गुणसिलुज्जाणे = गुणशिलोद्याने है, अवसाणे** है तथा **सिहरे = शिखरे** है (आव०एर्त्से० ७,२४ ; २६ और ३६)। जै०शौर० में भी दोनों प्रकार के अधिकरणकारक के रूप काम में लाये जाते हैं। कत्तिगेयाणुपेक्खा में हस्तलिपि में **–म्मि** के स्थान में बहुत बार **–म्हि** लिखा गया पाया जाता है : **कालम्हि** (३९९,३२१), इसके विपरीत **कालम्मि** भी आया है (४००, ३२२) ; **पत्तम्हि** रूप मिलता है (४०२, ३६०) ; **अच्चुदम्हि** पाया जाता है (४०४,३९१) ; सर्वनामों की भी यही दशा है : **तम्हि = तस्मिन्** (४००, ३२२)। इसके साथ-साथ उसी पंक्ति में **तम्मि** रूप भी आया है, वहीं **जम्मि** भी मिलता है (३९९, ३२१)। यह हस्तलिपिक की भूल है। पवयणसार में केवल एक ही रूप **–म्मि** देखा जाता है : **दाणम्मि** रूप आया है (३८३, ६९) ; **सुहम्मि, असुहम्मि** भी मिलते हैं (३८५,६१) ; **कायचेट्ठम्मि** (३८६,१० ; ३८७,१८); **जिणमदम्मि** काम में आया है (३८६, ११) आदि-आदि। कत्तिगेयाणुपेक्खा में इ अशुद्ध प्रयोग की एक भूल और दिखाई देती है। शुद्ध रूप **सव्वण्णू** के स्थान में उसमें **सव्वण्हू** लिखा मिलता है। पवयणसार ३८१, १६ में भी यही भूल है = **सर्वज्ञः** (कत्तिगे० ३९८, ३०२ और ३०३) है। § ४३६ की तुलना कीजिए। — अ०माग० में सबसे अधिक काम में आनेवाला रूप **ंसि** में समाप्त होनेवाला है जो = **स्मिन्** है (§ ७४ और ३१३) : **लोगंसि = लोके** (आयार० १, १, १, ५ और ७ ; १, १, १, १ और २, १ ; १, ४, २, ३ ; १, ५, ४, ४ ; १, ६, २, ३ ; १, ७, ३, १ ; सूय० २१३, ३८० ; ३८१ ; ४६३ ; ४६५ आदि-आदि) है। **सुसाणंसि वा सुन्नागारंसि वा गिरिगुहंसि वा रुक्खमूलंसि वा कुम्भाराययणंसि वा = श्मशाने वा शून्यगारे वा गिरिगुहायां वा रुक्षमूले वा कुम्भकारायतने वा** है (आयार० १, ७, २, १) ; **इमंसि दारगंसि आवंसि समाणंसि = अस्मिन्**

वारके जाते सति है (ठाणंग० ५२५ ; विवाह० १२७५ ; विवाग० ११६ की तुलना कीजिए ; [॑सि वाला रूप कुमाउनी में कहीं-कहीं अब भी चलता है। यहां के बनियों की बोली में एक कहावत का प्रचार है कि अमावस के दिन किसी बनिये के घर कोई ब्राह्मण दान मांगने गया और उसने सेठ से कहा—'आज अमूँसी है' (= कुमाउनी बोली में आज अमूँसी छ)। इस पर बनिया बोला 'अमूँसी न्हाते हमूँसि छ' अर्थात् आज अमावस नहीं बल्कि हममें या यह हमपर आयी है, तात्पर्य यह कि दान-दच्छिना अपने ही गांठ से हमें देनी होगी। विद्वान पाठक हमूँसि से हमांसि की तुलना करें जो ऊपर के उद्धरण में आया है।—अनु०])। अ०माग० में –म्मि और ॑मि का प्रयोग पद्य में कुछ कम नहीं है : समयंमि आया है (आयार० १, ८, १, ९ ; २, १६, ९) ; बम्भम्मि य कप्पम्मि य = ब्राह्मे च कल्पे च (आयार० पेज १२५ ; ३४) है ; दाहिणम्मि पासम्मि (?) = दक्षिणे पार्श्वे (आयार० पेज १२८, २०) ; लोगंमि = लोके (सूय० १३६ और ४१०) ; संगाममंमि = संग्रामे (सूय० १६१) है ; आउयंमि = आयुषि (उत्तर० १९६) है ; मरणंतम्मि = मरणान्ते (उत्तर० २०७) और जलणम्मि = ज्वलने (नायाध० १३९४) है। बाद को ये रूप –ए के साथ-साथ अधिकरणकारक व्यक्त करने के लिए गद्य में भी प्रयुक्त होने लगे पर इनका प्रयोग शायद ही शुद्ध हो जैसे, दारुणम्मि गिम्हे (नायाध० ३४०) आया है ; उट्ठियंमि सूरे सहस्सरस्सिंमि दिणयरे तेयसा जलन्ते = उत्थिते सूर्ये सहस्ररश्मौ दिनकरे तेजसा ज्वलति (विवाह० १६९; अणुओग० ६० ; नायाध० § ३४ ; कप्प० § ५९) और इनके साथ साथ ॑सि वाला अधिकरण का रूप चलता है जैसे, गिम्हकालसमयंसि जेट्ठामूलमासम्मि = ग्रीष्मकालसमये ज्येष्ठामूलमासे है (ओव० § ८२)। प्राचीन गद्य में ॑सि में समाप्त होनेवाले अधिकरणकारक की तुलना में –ए वाले रूपों की संख्या कम है : हरए = ह्रदे (आयार० १, ६, १, २) ; वियाले = विकाले (आयार० २, १, ३, २ ; [हिंदी का ब्यालू इससे ही निकला है और कुमाउनी में संध्याकाल को ब्याल कहते हैं। व = ब उच्चारण में। बंगला में इसका संस्कृतीकरण होकर फिर विकाले (उच्चारण बिकाल) रूप चलता है। —अनु०]) ; लाभे सन्ते = लाभे सति (आयार० २, १, १, १ और उसके बाद ; [सन्ते का उत्तर भारत की कई पहाड़ी बोलियों में छनै रूप हो गया है। —अनु०]) ; पडिपहे = प्रतिपथे, परक्कमे = पराक्रमे (आयार० २, १, ५, ३), सपडिदुवारे = सप्रतिद्वारे है (आयार० २, १, ५, ५) ; लिद्धे पिण्डे = लब्धे पिण्डे (आयार० १, ८, ४, १३) ; लोए = लोके (आयार० १, ८, ४, १४ ; २, १६, ९ ; उत्तर० २२ और १०२) है ; ऐसा बहुधा पद्य में भी होता है : आरामागारे, नगरे, सुसाणे [कुमाउनी में स्मशान को मसाण और सुसाण कहते हैं ; बंगला में लिखा जाता है स्मशाण पर इसका उच्चारण करते हैं शँशाण। —अनु०], रुक्खमूले (आयार० १, ८, २, ३) ; मरणन्त (उत्तर० २११) और धरणितले रूप आये हैं (सूय० २९६)। ये रूप –॑सि और –म्मि में समाप्त होनेवाले अधिकरणकारकों के पास में ही

दिखाई देते हैं जैसे, **सिसिरंसि अद्धपडिवन्ने** = **शिशिरे अर्धप्रतिपन्ने** (आयार० १, ८, १, २१) ; **संसारंमि** [मि रूप मैं के लिए कुमाउनी मे बहुत चलता है। —अनु०] **अणन्तगे** मिलता है (उत्तर० २१५ और २२२) तथा **पत्तम्मि आयसे** = **प्राप्त आदेशो** है (उत्तर० २२७)। बाद के गद्य में इनके साथ-साथ **-ंसि** में समाप्त होनेवाला अधिकरणकारक का रूप भी आने लगा जैसे, **तंसि तारिसंसि वासघरंसि अब्भिन्तरओ सचित्तकम्मे बाहिरओ दूमियघट्ठमट्ठे—**। इसके पश्चात् सात **-ए** वाले अधिकरणकारक एक साथ एक के बाद एक लगातार आये हैं — **तंसि तारिसगंसि सयणिज्जंसि सालिंगणवट्टीए—** इसके बाद आठ **-ए** वाले अधिकरणकारक एक साथ एक के बाद एक लगातार और भी आये हैं— **पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि** भी मिलता है (कप्प० § ३२)। लोगों की बोली में **-स्सिम्** से निकले हुए रूप **-हिं** मे समाप्त होनेवाले अधिकरणकारक के रूप भी मिलते हैं (§ ६५ और २६४) : माग० मे **पवंवड्डकाहिं गलकप्पमाणाहि कुलाहिं'** आया है जो = **पवंवड्डके गल्वर्कप्रमाणे कुले** है (मृच्छ० १२६, ९) ; माग० में **पवहणाहिं** मिलता है जो = **प्रवहणे** है (मृच्छ० ११९, २३)। इनके साथ-साथ अप० का अधिकरणकारक है जिसके अंत मे **-हिँ** जोड़ा जाता है : **देसहिँ** = **देशे** ; **घरहिँ** = **गृहे** (हेच० ४, ३८६ ; ४२२, १५) है ; **हर्दहिं** = **ह्रदे** ; **पठमहिं** = **प्रथमे**; **तीए पाए** = **तृतीये पादे** ; **समपाआहिँ** = **समपादे** ; **सीसहिँ** = **शीर्षे** ; **अन्तहिँ** = **अन्ते** ; **चित्तहिँ** = **चित्त** और **वंसहिँ** = **वंशे** है (पिंगल १, ४बी ; ७० ; ७१ ; ८१ए ; १२० ; १५५ए ; २, १०२)। शौर० तथा अधिकाश स्थलों पर माग० मे भी अधिकरणकारक गद्य मे **-ए** मे समाप्त होता है, यह तथ्य मार्कडेय ने पन्ना ६९ मे शौर० के विषय मे स्पष्ट रूप से बतायी है : शौर० में गेहे रूप मिलता है, **आवणे** = **आपणे** है (मृच्छ० ३, ९ ; १४ ; १५) ; **मुहे** = **मुखे** है (शकु० ३५, १०) ; माग० मे **हस्ते** आया है ; **विहवे विहडिदे** = **विभवे विघटिते** है (मृच्छ० २१, १२ ; ३२, २१) ; **शमले** = **समरे** (वेणी० ३३, ८) है। माग० के पद्य में **-म्मि** वाला अधिकरणकारक भी पाया जाता है। कभी कभी तो इस **-म्मि** वाले रूप के बगल मे ही **-ए** वाला रूप भी मिलता है : **चण्डालउलम्मि** = **चण्डालकुले** ; **कूवम्मि** = **कूपे** है (मृच्छ० १६१, १४ ; १६२, ७) ; **शोमम्मि गहम्मि** = **सौम्ये गृहे** ; **सेविदे अपश्चम्मि** = **सेविते' पथ्ये** (मुद्रा० १७७, ५, २५७, २ ; त्सा० डे० ग्रौ० मौ० गे० ३९, १२५ और १२८ की तुलना कीजिए) है। इस विषय पर भी राजशेखर बोली के नियमों के विरुद्ध जाता है क्योंकि उसने शौर० में गद्य में भी **-म्मि** में समाप्त होनेवाले अधिकरणकारक का प्रयोग किया है : **मज्झम्मि** आया है (कर्पूर० ६, १) और इसके साथ-साथ **मज्झे** भी दिया है (कर्पूर० १२, १० ; २२, ९) ; **कव्वम्मि** मिलता है जो = **काव्ये** है (कर्पूर० १६, ८) ; **रामम्मि** = **रामे** ; **सेतुसीमन्तम्मि** = **सेतुसीमन्ते** (बाल० ९६, ३ ; १९४, १४) है। भारत में छपे संस्करणों में शौर० में अधिकरणकारक का रूप बहुधा **-म्मि** में समाप्त होनेवाला पाया

आता है। इसमें सम्भवतः हस्तलिपियों का दोष नहीं है परन्तु ग्रन्थ रचनेवालों का दोष है जिन्हें शौर० में लिखने का कम ज्ञान था। उदाहरणार्थ, निम्नलिखित स्थलों की तुलना कीजिए—प्रसन्नराघव ३५, ३ ; ३९, २ ; ४४, ८ और ९ ; ४५, ५ ; ४७, ६; ११३, ८ और १२ ; ११९, १४ और १५ ; कर्णसुन्दरी २५, ३ ; ३७, ६ ; कंसवहो ५०, २ और १४ ; मल्लिका० ८७, ४ ; ८८, २३। नीचे दिये रूप भी स्वभावतः पूर्ण अशुद्ध हैं : **चाणक्कम्मि अकरुणे** (मुद्रा० ५३, ८) ; **हिअअणिव्विसेसम्मि जणे** = **हृदयनिर्विशेषे जने** है (विद्ध० ४२, ३) और **गच्छन्तम्मि देवे** (चैतन्य० १३४, १०) है। अप० मे साधारणतया अधिकरणकारक अन्त में **–ए** से निकला हुआ रूप **–इ** आता है : **तलि** = **तले** [यह रूप कुमाउनी में वर्तमान है। —अनु०] ; **पत्थरि** = **प्रस्तरे** ; **अन्धारि** = **अन्धकारे** ; **करि** = **करे** ; **मूलि विणट्ठइ** = **मूले विनष्टे** [**मूलि** रूप इसी अर्थ में कुमाउनी मे पाया जाता है। —अनु०] तथा **बारि** = **द्वारे** रूप पाये जाते हैं (हेच० ४, ३३४ ; ३४४ ; २४९ ; ३५४ ; ४२७ ; ४३६)। कभी-कभी इसके अन्त में **–ए** भी देखा जाता है : **अग्गिएँ दिट्ठइ** और **पिएँ दिट्ठइ** = **अप्रिये *दृष्टके** तथा **पिएँ *दृष्टके** ; **पिए दिट्ठें** = **प्रिये दृष्टे** और **सुधे** = **सुखे** है (हेच० ४, ३६५, १ ; ३९६, २)।

१. यह इसी रूप में पढ़ा जाना चाहिए ; मृच्छ० ११९, २३, गौडबोले ३४८, ३ में यही रूप और लास्सन के इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ४३० की तुलना कीजिए। — २. कलकतिया संस्करण, १८२६, पेज २२७, ६ और गौडबोले का संस्करण पेज ३३१, ८ के अनुसार यह शब्द पढ़ा जाना चाहिए।

§ ३६६ ब— **अ–** वर्ग के सम्बोधनकारक एकवचन में बहुधा प्लुति पायी जाती है (§ ७१)। हेच० ३, ३८ और सिंह० पन्ना ५ के अनुसार सम्बोधनकारक के अन्त में पुलिंग मे **–अ** और **–आ** के साथ-साथ **–ओ** वर्ण भी आता है : **अज्जो** = **आर्य**, **देवो** = **देव** ; **खमासमणो** = **क्षमाश्रमण** (हेच०) ; **रुक्खो** = **रुक्ष** और **वच्छो** = **वृक्ष** (सिंह०) है। ऐसे संबोधनकारक अ०माग० मे पाये जाते हैं। उस भाषा मे ये केवल सम्बोधन एकवचन के ही काम मे नहीं आते परन्तु पुलिंग के सम्बोधन के बहुवचन के लिए भी प्रयोग में आते है जिससे हम इस रूप को सम्बोधन के काम में आनेवाला कर्ताकारक पुलिंग एकवचन नहीं मान सकते, भले ही कर्ताकारक पुलिंग एकवचन सदा ही गद्य में **–ए** में समाप्त होता है। इसके कुछ उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं : अ०माग० **अज्जो** = **आर्य** (सूय० १०१६ ; उत्तर० ४१५ ; विवाह० १३२ और १३४ ; कप्प० थ. (Th) § १ और एस. (S) § १८ और ५२) ; बहुवचन मे = **आर्याः** (ठाणंग० १४६ और १४७ ; विवाह० १३२ और १८८ तथा उसके बाद ; १९३ ; ३३२ ; उवास० § ११९ और १७४) ; **ताओ** = **तात** (नायाध० § ८३ ; ८५ ; ९८) ; **देवो** = **देव** (नायाध० § ३८) ; **पुरिसो** = **पुरुष** (सूय० १०८) ; **अम्मयाओ** = **अम्बातातौ**। बहुवचन में भी यही रूप है (अंत० ६१ और ६२ ; विवाह० ८०४ ; ८०५ ; ८०८ और उसके बाद [यहाँ पाठ मे बहुधा **अम्मताओ** है] ; नायाध० § १३४ ; १३८ ; १४५ ; पेज २६० ; ८६२;

८८७ आदि आदि)। अ०माग० और जै०महा० में स्त्रीलिंग में भी यही रूप काम में आता है, **अम्मो** = **अम्बा** (हेच० ३, ४१ ; उवास० § १४० ; आव०एर्से० १३, ३३ ; १४, २७) ; बहुवचन में भी यह रूप चलता है किन्तु बहुवचन में **अम्मो** 'मा-बाप' के लिए प्रयुक्त होता है (नायाध० § १३८ ; उत्तर० ५७४)। हेच० ने जो उदाहरण दिया है **अम्मो भणामि भणिए** वह हाल ६७६ से लिया गया है। इस स्थान में वेबर और बंबइया संस्करण **भणिए भणामि अत्ता** देते हैं ; तीर्थकल्प में **अत्ता भणामि भणिए** पाठभेद है ; भुवनपाल में यह श्लोक ही उड़ गया है। हेच० ने महा० में भी **अम्मो** पाया है। सम्भवतः **ओ** के भीतर **उ** छिपा है जो कोशकारों के अनुसार आमत्रण और सम्बोधन में रहता है। इसके विपरीत अ०माग० **भन्ते** = **भदन्त**[1] सम्बोधन के स्थान पर प्रयुक्त कर्त्ताकारक माना जाना चाहिए (§ १६५) ; माग० में ऐसे रूप **भावे** = **भाव** (मृच्छ० १०, २२ ; ११, २४ ; १२, ३ ; १३, ६ और २४ ; १४, १० आदि-आदि) ; **चेडे** = **चेट** (मृच्छ० २१, २५) और इसके साथ-साथ **चेडा** रूप (मृच्छ० ११८, १, ११९, ११ और २१ ; १२१, ९, १२२, ९ आदि-आदि) ; **उवासके** = **उपासक** (मृच्छ० २१४, ७) ; **भट्टके** = **भट्टक** (शकु० ११४, ५ ; ११६, ११) ; **लाउत्ते** = **राजपुत्र** (शकु० ११७, ५) ; **पुत्तके** = **पुत्रक** (शकु० १६१, ७)[2] हैं। यदि अप० **भमरु** = **भ्रमर** (हेच० ४, ३६८) ; **महिहरु** = **महीधर** (विक्रमो० ६६, १६) में भी कर्त्ताकारक का रूप मानना चाहिए या नहीं, यह संदिग्ध है, क्योंकि अप० में अन्तिम वर्ण **अ** का **उ** हो जाता है (§ १०६)। माग० रूप **मय शिले शदखण्डे कलेशि** = **मम शिरः सतखण्डम् करोषि** (मृच्छ० १५१, २५) में अन्त में **–ए** वाला रूप कर्मकारक एकवचन में काम में लाया गया है। लास्सन[3] ने जिन अन्य उदाहरणों का उल्लेख किया है वे नवीनतर संस्करणों से उड़ा दिये गये हैं। § ३६७ अ की तुलना कीजिए। वेणीसंहार ३३, १२ में कलकतिया संस्करण के अनुसार **लब्भदि** पढ़ा जाना चाहिए न कि ग्रिल का दिया रूप **लब्भइ** जिससे § ३५७ के अनुसार **मंशए**, **उण्हे** [पाठ में **उण्णेहें**] और **लुहिले** कर्त्ताकारक बन जाय।

1. यह शुद्ध स्पष्टीकरण है। वेबर, भगवती २, १५५ की नोटसंख्या १ की तुलना कीजिए ; हेच० ४, २८७ पर पिशल की टीका। ए० म्युलर, बाइत्रैगे, पेज ५० में अशुद्ध मत देता है। इस स्थान में इस विषय पर अन्य ग्रंथों की सूची भी है। — २. एस० गौल्दश्मित्त ने प्राकृतिका, पेज २८ में इसे ठीक नहीं समझा है। गो०गे०आ० १८९०, पेज ३२६ में पिशल का मत देखिए। — ३. इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ४२९।

§ ३६७—सभी प्राकृत भाषाओं में कर्त्ताकारक बहुवचन पुलिंग के अन्त में **–आ** = **आः** आता है : महा०, अ०माग० और शौर० में **देवा** = **देवाः** (हाल ३५५ ; ओव० § ३३ ; एर्से० ४, ३१ ; मृच्छ० ३, १३) है ; जै०शौर० में **अट्ठा** = **अर्थाः** है (पव० ३८२, २६) ; माग० में **पुलिशा** = **पुरुषाः** (ललित० ५६५, १३) है ; चू०पै० में **समुद्दा** और **सइळा** = **समुद्राः** और **शैलाः** (हेच० ४, ३२६)

है ; दाक्षि० में **दक्खिणत्ता = दाक्षिणात्याः** (मृच्छ० १०३, ५) ; आव० में **वीसद्धा = विश्रब्धाः है** (मृच्छ० ९९, १६) ; अप० में **घोडा = घोटाः है** (हेच० ४, ३३०, ४) । अ०माग० में पद्य में भी कर्त्ताकारक बहुवचन पुलिंग के अन्त में **–आओ** लगता है : **माणवाओ = मानवाः** (आयार० १, ३, ३, ३ ; सूय० ४१२) ; **तहागयाओ = तथागताः** (आयार० १, ३, ३, ३) ; **हयाओ = हताः** (सूय० २९५) ; **समत्थाओ = समर्थाः** ; **ओमरत्ताओ = अवमरात्राः** ; **सीसाओ = शिष्याः** ; **अजीवाओ = अजीवाः** (उत्तर० ७५५ ; ७६८ ; ७९४ ; १०४५) ; **विरत्ताउ** [टीका में यह रूप दिया गया है, पाठ में **विरत्ताओ** है] = **विरक्ताः** और **सागराउ = सागराः** हैं (उत्तर० ७५८ ; १०००) । अन्य उदाहरण उत्तरज्झयणसुत्त ६९८ ; ८९५ ; १०४८ ; १०४९ ; १०५३ ; १०५९ ; १०६१ ; १०६२ ; १०६४ ; १०६६ ; १०७१ और १०८४ में हैं । पिंगल १, २ (पेज ३, ५) की टीका में लक्ष्मीनाथ भट्ट ने व्याकरण का एक उद्धरण दिया है जिसमें महा० अथवा जै०महा० का रूप **वण्णाओ** और इसके साथ-साथ **वण्णा** आता है जो = **वर्णाः** है । भारतीय संस्करणों में बहुवचन का यह रूप शौर० में भी दिया गया है जो अशुद्ध है, उदाहरणार्थ धनञ्जयविजय ११, ७ और उसके बाद ; १४, ९ और उसके बाद ; चैतन्यचन्द्रोदय ४३, १८ और उसके बाद । शब्द के अन्त में **–आओ** जुड़कर बननेवाले इस बहुवचन रूप का, जिसका स्त्रीलिंग का रूप नियमित रूप से **–आ** में समाप्त होता है (§ ३७६), वैदिक **–आसस्** से सम्बन्धित करना अर्थात् प्राकृत रूप **जणाओ** को वैदिक **जनासः** से निकालना भाषाशास्त्र की दृष्टि से असम्भव है । इसकी सीधी परम्परा में माग० सम्बोधन का रूप **भस्टालका** हो और अप० रूप **लोअहों** हैं (§ ३७२) । प्राकृत से यह स्पष्ट हो जाता है कि **आसस्** , **आस्** + **अस्** है । इसका तात्पर्य यह हुआ कि अ वर्ग के संज्ञाशब्दों के बहुवचन के रूप में व्यञ्जनांत शब्दों का बहुवचन का समाप्तिसूचक रूप **अस्** भी आ गया है । इस प्रकार प्राकृत रूप **प्राणवाओ** दुहरा रूप है जैसा अपादानकारक एकवचन का रूप **वच्छत्तो** है (§ ३६५) । अप० में समाप्तिसूचक **–आ** बहुधा ह्रस्व रूप में देखा जाता है (§ ३६४) : **गअ = गजाः** ; **सुपुरिस = सुपुरुषाः** ; **बहुअ = बहुकाः** ; **काअर = कातराः** और **मेह = मेघाः** (हेच० ४, ३३५ ; ३६७ ; ३७६ ; ३९५, ५ ; ४१९, १६) हैं । नपुंसकलिंग के कर्ता– और कर्मकारक बहुवचन में सबसे अधिक काम में आनेवाला समाप्तिसूचक रूप **–इं** है जिससे पहले का अ दीर्घ कर दिया जाता है अर्थात् आ रूप ग्रहण कर लेता है । पद्य में इसके साथ-साथ और इसके स्थान में **–इँ** और **–इ** का प्रयोग भी किया जाता है (§ १८० और १८२) । ५,२६ में वररुचि बताता है कि महा० में केवल **–इ** का व्यवहार किया जाना चाहिए । १, ३ में चंड० केवल **–णि** का प्रयोग ठीक समझता है । हेच० ३, २६ और सिंह० पन्ना १७ में **–इँ**, **–इं** और **–णि** तीनों रूपों का व्यवहार सिखाते हैं और क्रम० ३, २८ तथा मार्क० पन्ना ४३ में कहा गया है कि इस स्थान में केवल **–इं** काम में लाया जाना चाहिए । महा० में **–इं**, **–इँ** और **–इ** का प्रयोग मिलता है : **जअ-**

णाइं = नयनानि है (हाल ५) ; **अंगाइँ वि पिआइं** रूप काम में आया है (हाल ४०) ; **रअणाइ व गरुअगुणसआइ = रत्नानीव गुरुकगुणशतानि** (रावण० २, १४) है। अ०माग० में सब से पुराने पाठों में **-इं** और उसके साथ साथ **-णि** पूर्ण शुद्ध रूप मान कर काम में लाया गया है : **पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइं = प्राणान् भूतानि जीवानि सत्त्वानि** (आयार० १, ६, ५, ४ ; १, ७, २, १ ; २, २, १,११), इसके साथ-साथ **पाणाणि वा भूयाणि वा जीवाणि वा सत्ताणि वा** आया है (आयार० पेज १३२, २८) ; **उदगपसूयाणि कन्दाणि वा मूलाणि वा पत्ताणि वा पुप्फाणि वा फलाणि वा बीयाणि वा हरियाणि वा** भी पाया जाता है (आयार० २, २, १, ५) । दोनों रूप बहुधा साथ साथ मिलते हैं : **से ज्जाइं पुण कुलाइं जाणे ज्जा तं जहा उग्गकुलाणि वा भोगकुलाणि वा राइन्नकुलाणि वा**...इसके पश्चात् **कुलाणि** वाले नौ समास और इस वाक्यांश में आये हैं (आयार० २, १, २, २) ; **अगाराइं चेइयाइं तं जहा आएसणाणि वा आययणाणि वा देवकुलाणि वा**— इसके बाद अन्त में **-आणि** वाले ग्यारह रूप हैं—**तहप्पगाराइं आएसणाणि वा...भवणगिहाणि वा**(आयार० २, २, २, ८) भी आया है ; **अण्णाणि य बहूणि गब्भादाणजम्मण-म्-आइयाइं कोउयाइं** (ओव० [§ १०५]) भी मिलता है। एक ही श्लोक में **खेत्ताइं** और **खेत्ताणि** रूप आये हैं = **क्षेत्राणि** (उत्तर० २५, ६) है। शब्द के अन्त में **-णि** आनेवाला रूप जै०महा०[१] ही की भाँति ध्वनिबलहीन पृष्ठाधार वर्णों से पहले चुना जाता है। अ०माग० में पद्य के भीतर छन्द की मात्राएं भी **-इं**, **इँ** और **इ** के चुनाव में निर्णायक हैं। इस तथ्य को ध्यान में रख कर उत्तरज्झयणसुत्त ३५७ पढा जाना चाहिए। **ताइं तु खेत्ताइँ सुपावयाइं = तानि तु क्षेत्राणि सुपापकानि** है ; दसवेयलिय-सुत्त ६११, १७ में **पुप्फाइ बीआइं विप्पइण्णाइ** रूप आया है ; ६२१, १ में **सत्तु-चुण्णाइं कोलचुण्णाइँ आवणे** पढा जाना चाहिए। जै०महा० में इनका आपस का सम्बन्ध वही है जो अ०माग० में है : **पञ्च एगूणाइं अद्दागसयाइं...पक्खित्ताइं = पञ्चैकोनान्य् *आदर्पकशतानि**...**प्रक्षिप्तानि** है ; **निच्छिद्दाइं दाराइं = निश्छिद्राणि द्वाराणि** है (आव०एर्त्से० १७, १५ और १९) ; **ताणि वि पञ्चचोर-सयाणि...संबोहियाणि पव्वइयाणि = तान्य् अपि पञ्चचोरशतानि... संबोधितानि प्रव्रजितानि** (आव०एर्त्से० १९, २) है ; **बहूणि वासाणि** (एर्त्से० ३४, ३) और इसके साथ-साथ **बहूइं वासाइं = बहूनि वर्षाणि** है (एर्त्से० ३४, १७) । वाक्यांश जैसे **वत्थाभरणाणि रायसन्तियाइं** (एर्त्से० ५२, ८) अवश्य ही पद्य में अशुद्ध है, भले ही ये दोनों रूप बहुधा बहुत निकट पास-पास में आते हों जैसे, **पो त्ताहिं आणेहि । तीए रत्तगाणि आणियाणि** (एर्त्से० ३१,८) है। वर० १२, ११ ; क्रम० ५, ७८ ; मार्क० पन्ना ६९ के अनुसार शौर० में **-इं** के साथ-साथ **-णि** भी काम में लाया जा सकता है। इस नियम के अनुसार **सुहाणि = सुखानि** (शकु० ९९, ४) और **अपच्चणिव्विसेसाणि सत्ताणि = अपत्यनिर्विशेषाणि सत्वानि** रूप आये हैं (शकु० १५४, ७) । अधिकांश हस्तलिपियों

में येही रूप हैं। **वअणाणि** = **वचनानि** के स्थान में (विक्रमो० २७, २२) उत्तम हस्तलिपियों में **वअणाइं** लिखा पाया जाता है और इस प्रकार शौर० और माग० के सभी आलोचनापूर्ण पाठ केवल **-इं**[1] देते हैं। बोली में कर्त्ता- और कर्मकारक बहुवचन के अन्त में भी **-आ** आता है। यह बहुधा ऐसे रूपों के साथ जिनके अन्त में-**इं** अथवा **-णि** आता हो : अ०माग० में **उदगपसूयाणि कन्दाणि वा मूलाणि वा तया पत्ता पुप्फा फला बीया** आया है (आयार० २, ३, ३, ९); **बहुसंभूया वणफला** भी है (आयार० २, ४, २, १३ और १४) ; **पाणा य तणा य पणगा य हरियाणि य** (कप्प० एस. (S) § ५५) भी पाया जाता है। उपर्युक्त दूसरे उदाहरण में **तया** = *त्वचाः = **त्वचः** हो सकता है (किन्तु ***तयाणि** की भी तुलना कीजिए, § ३५८)। तीसरे उदाहरण में **पाणा** = **प्राणाः** ने उसके बाद आनेवाले **तणा** शब्द पर अपना प्रभाव डाला होगा। अन्य स्थलों पर यह मानने की नाममात्र भी सम्भावना नहीं है : **माउयंगा** = **मातृंगानि** (ठाणंग० १८७); **ठाणा** = **स्थानानि** (ठाणग० १६३ और १६५); **पञ्च कुम्भकारावणसया** = **पञ्च-कुम्भकारावणशतानि** (उवास० § १८४) है ; **नहा** = **नखानि**, **अहरोट्ठा** और **उत्तरोट्ठा** = **अधरोष्ठे** और **उत्तरोष्ठे** है (कप्प० एस. (S) § ४१) ; **चत्तारि लक्खणा आलम्बना** = **चत्वारि लक्षणानि, आलम्बनानि** है (ओव० पेज ४२ और उसके बाद)। जै०महा० मे **पञ्च सया पिण्डिया** (आव०एर्त्से० १७, १) आया है, किन्तु इसके साथ-साथ **पञ्च पञ्च सुवण्णसयाणि** भी मिलता है (आव० १६, ३०) ; शौर० में **मिधुणा** (मृच्छ० ७१, २२) और इसके साथ-साथ **मिधुणाइं** (मृच्छ० ७१, १४) भी पाया जाता है ; **जाणवत्ता** = **यानपात्राणि** (मृच्छ० ७२, २३ और ७३, १) है ; **विरइदा मए आसणा** = **विरचितानि मयासनानि** है (मृच्छ० १३६, ६)। इसके साथ-साथ **आसणाइं** रूप भी देखने में आता है (मृच्छ० १३६, ३) और माग० में भी यही रूप आया है (मृच्छ० १३७, ३) ; **दुवे पिआ उअणदा** = **द्वे प्रिये उपनते** है (विक्रमो० १०, ३) और **अणुराअ-सूअआ अक्खरा** = **अनुरागसूचकानि अक्षराणि** है (विक्रमो० २६, २)। १, ३३ में हेमचन्द्र निम्नलिखित रूपो का उल्लेख करता है : **नअणा** = **नयनानि** ; **लोअणा** = **लोचनानि** ; **वअणा** = **वचनानि** ; **दुक्खा** = **दुःखानि** और **भाअणा** = **भाजनानि**। वह उक्त शब्दों में पुलिंग का रूप देखता है, जो संभव है। बहुसंख्यक नपुंसकलिंग के शब्द जो पुलिंग बन गये हैं, मेरे विचार से इस तथ्य का पता देते हैं कि जिस रूप के अंत में **-आ** आता है वह इससे मिलते जुलते वैदिक रूप के समान माना जाना चाहिए और इसके कारण ही इस लिंगपरिवर्तन का अवसर मिला है। अप० में समाप्तिसूचक अथवा अंतिम विभक्ति के रूप **-इं** और **-इँ** से पहले बहुधा ह्रस्व स्वर आता है : **अहिउलइँ** = **अहिकुलानि**; **लोअणइँ जाईसरइँ** = **लोचनानि जातिस्मरानि** ; **मणोरहइँ** = **मनोरथाः** और **णिच्छिन्तइँ हरिणाइँ** = **निश्चिन्ताः हरिणाः** है (हेच० ४,३५३ ; ३६५,१;४१४,४ ; ४२२,२०)।

१. लास्सन का यही मत था, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज १०७।

— २. औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन की भूमिका का पेज ३९ § ३९। अ०माग० में बार-बार ऐसे उदाहरण मिलते हैं ; जै०महा० में भले ही मैंने अंत में -णि वाले रूप इतनी अधिक संख्या में उद्धृत किये हैं तो भी, मैं इस नियम को प्रमाणित नहीं कर सकता। — ३. पिशल, डे कालिदासाए शाकुन्तलि रेसेन्सिओनिबुस, पेज २९ और उसके बाद ; कू. बाइ. ८, १४२। मालविका०, पेज १८३ और भूमिका के पेज ९ में बौ ल्लें नसेन ने अशुद्ध मत दिया है।

§ ३६७ अ—पुलिंग के कर्मकारक बहुवचन मे सभी प्राकृत बोलियों में विभक्ति का रूप -ए अत मे लगाया जाता है। यह रूप सर्वनाम की रूपावली से ले लिया गया है[1]। महा० मे चलणे = चरणौ ; णीअअमे और गरुअअरे = नीचतमान् तथा गुरुकतरान् हैं ; दोसे = दोषान् है (गउड० २४ ; ८२ ; ८८७) ; दोसगुणे = दोषगुणौ ; पाए = पादौ ; सहत्थे = स्वहस्तौ है (हाल ४८ ; १३० ; ६८०) ; धरणिहरे = धरणिधरान् ; महिहरे = महीधरान् है ; भिण्णअडे अ गरुए तरंगप्पहरे = भिन्नतटांश् च गरुकांस्तरंगप्रहारान् है (रावण० ६, ८५ ; ९० ; ९, ५३) ; अ०माग० मे समणमाहणअतिहिकिवणवणीमगे = श्रमणब्राह्मणातिथिकृपणवनीपकान् (आयार० २,२,२,८ और ९) ; साहिए मासे = साधिकान् मासान् (आयार० १,८,१,२ ; ४,६) है ; इमे एयारूवे उराले कल्लाणे सिवे धन्ने मंगल्ले सस्सिरीए चोद्दस महासुमिणे = इमान् एतद्रूपान् उदारान् कल्याणान् शिवान् धन्यान् मांगल्यान् सश्रीकांश् चतुर्दश महास्वप्नान् (कप्प० § ३) है ; जै०महा० मे भोए = भोगान् (आव०एत्सें० ८, २४ ; १२, १४ और २० ; द्वार० ४९५, ७) है ; ते नगरलोए जलणसंभमुब्भन्तलोयणे पलायमाणे = तान् नगरलोकान् ज्वलनसंभ्रमोद्भ्रान्तलोचनान् पलायमानान् है (आव०एत्सें० १९, १०) ; ते य समागए = तांश् च समागतान् (कालका० २६३,२२) ; जै०शौर० में सेसे पुण तित्थयरे ससव्वसिद्धे विसुद्धसब्भावे समणे य -वीरियायारे = शेषान् पुनस् तीर्थकरान् सर्वसिद्धान् विशुद्ध सद्भावाञ् श्रमणांश् च -वीर्याचारान् है (पव० ३७९, २) ; विविधे विसए = विविधान् विषयान् है (पव० ३८४,४९) ; शौर० मे अदिक्कन्तकुसुमसमए वि रुक्खए = अतिक्रान्तकुसुमसमयान् अपि रुक्षकान् है (शकु० १०, २) ; पुरा पडिण्णादे दुवे वरे = पुरा प्रतिज्ञातौ द्वौ वरौ (महावीर० ६५, ५) है ; दारके = दारकौ (उत्तररा० १९९, ५) है ; माग० मे अवले = अपरान् है (मृच्छ० ११८, १४) ; णिअपाणे विहवे कुले कलत्ते = निजप्राणान् विभवान् कुलानि कलत्राणि च (मुद्रा० २६५,५)[1] ; दाक्षि० में सुम्भणिसुम्भे = शुम्भनिशुम्भौ है (मृच्छ० १०५, २२)। इस बात का स्पष्टीकरण कि शब्द के अंत में नपुसकलिंग मे भी यही -ए आता है, जैसे अ०माग० में बहवे जीवे = बहूनि जीवानि है (उवास० § २१८) ; शौर० में दुवे रुक्खसेअणके = द्वे रुक्षसेचनके (शकु० २४,१) है ; अप० में भुअणे = भुवनानि है (पिंगल १,६२ बी), § ३५६ और उसके बाद के § में वर्णित लिंगपरिवर्तन से होता है। बोली में पुलिंग का कर्म-

कारक बहुवचन के अंत में भी —आ पाया जाता है जो = —आन् है (§ ८९ ; सिंह० पन्ना ६) : महा० में गुणा = गुणान् और णिद्धणा = निर्धनान् है (शकु० ५७, ५ और ६) ; सिंहासन जो इंडिशे स्टुडिएन १५, ३३५ में छपी है [यहां यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; वेताल०, पेज २१९ संख्या १७, संस्करण, जले (हेच० २, ७२ की टीका) ; दोसा = दोषान् है (शकु० ५७, ५ और ६) ; अ०माग० में दयखा महल्ला = दयान् महतः (आयार० २, ४, २, ११ और १२)[1] ; पुरिसा और आसा = पुरुषान् तथा अश्वान् हैं (नायाध० १३७८ ; १३८८ और उसके बाद) ; बन्धवा = बान्धवान् (उत्तर० ५७६) है ; संफासा = संस्पर्शान् है (आयार० १, ८, २, १४) ; उवस्सया = उपाश्रयान् [(कप्प० एस. (S) § ६०) है ; छंद की मात्राएँ ठीक करने के लिए गुण = गुणान् हो जाता है (दस० ६३७, ४)। अप० में —आ और —अ वाले रूप काम में लाये जाते हैं : सरला सास = सरलान् श्वासान् ; णिरक्खय गअ नीरक्षकान् गजान् ; देसडा = देशान् ; सिद्धत्था = सिद्धार्थान् है (हेच० ४, ३८७, १ ; ४१८, ३ ; ६ ; ४२३, ३) ; मण्डा = मण्डकान् ; विपक्खा = विपक्षान् ; कुञ्जरा = कुञ्जरान् और कबन्धा = कबन्धान् है (पिंगल १, १०४ ए ; ११७ ए ; १२० ए ; २, २३०)। अनुस्वार स्वर के साथ कर्मकारक का एकमात्र रूप माग० में दालम् = दारान् अवशेष के रूप में रह गया है (प्रबोध० ४७, १ = ५०,५ पूना संस्करण = ५८, १६ मद्रासी संस्करण), यदि इसका पाठ शुद्ध होतो। बंबइया संस्करण १०२, ३ में व्याकरण और छन्द की मात्राओं के विरुद्ध लिसिणं दालाणं रूप छपा है।

१. वेबर, हाल[1], पेज ५१ ; एस. गौल्दश्मित्त, कू० त्सा० २५, ४३८ ।— २. यह पद इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए : यह महघ ल×किदुं णिअपाणे चिहुवे कुले कलसे अ (हिल्लेब्रांद्त, त्सा० डे० डो० मौ० गे० ३९, १२८)। § ३६६ ब के अनुसार कुले और कलसे कर्मकारक एकवचन भी माने जा सकते हैं। —३. § ३५८ और ३६७ के अनुसार नपुंसकलिंग कर्मकारक बहुवचन भी माना जा सकता है ।

§ ३६८—सभी प्राकृत भाषाओं में करणकारक बहुवचन के रूप के अंत में —एहिं आता है जो = वैदिक एभिस् के (§ ७२) जो पद्य में —एँहि और एहि रूपों में बदल जाता है (§ १७८), अ०माग० और जै०महा० में गद्य में भी ध्वनिबलहीन पृष्ठाधार अव्ययों से पहले —एहि में परिवर्तित हो जाता है (§ ३५०) : महा० में अमूललहुएहि सासेहिं = अमूललघुकैः श्वासैः है (गउड० २३) ; अवहत्थि-अलज्जावेहि दक्खिण्णभणिएहिं = अपहस्तितसद्भावैर् दाक्षिण्यभणितैः (हाल (३५३) है ; कञ्चणसिलाअलेहिं छिण्णाअवमण्डलेहि = काञ्चनशिलातल् सहैरिच्छन्नातपमण्डलैः है (रावण० ९, ५५)। अधिक संभव यह लगता है कि ऐसे स्थलों पर —हि के स्थान में —हिँ पढ़ा जाना चाहिए (§ १७८ ; § ३७० की तुलना कीजिए)। अ०माग० में तिलएहिं उउएहिं कत्तोवेहिं सिरीसेहिं सत्तवण्णेहिं— इसके अनन्तर और १९ करणकारक एक के बाद एक लगातार आते हैं— = तिलकैर्

लकुचैश्*छत्रौपैः शिरीषैः सप्तपर्णैः है (ओव० § ६); सत्तेहिं तच्चेहिं तहिएहिं सब्भूएहिं अणिट्ठेहिं अकन्तेहिं अप्पिएहिं अमणुण्णेहिं अमणामेहिं वागरणेहिं = सद्भिस् *तात्त्वैस् (§ २८१) तथ्यैः सद्भूतैर् अनिष्टैर् अकान्तैर् अप्रियैर् अमनोज्ञैर् *अमनापैर् व्याकरणैः है (उवास० § २५९); जै०महा० में मायन्द-महुअविन्देहिं = माकन्दमधुकवृन्दैः है (कक्कुक शिलालेख १८); वत्थाभरणेहिं = वस्त्राभरणैः (आव०एर्त्से० २६, २७); तेहिं कुमारेहिं = तैः कुमारैः (आव० एर्त्से० ३०, ९); जै०शौर० में विहवेहिं = विभवैः; सहस्सेहिं = सहस्रैः हैं (पव० ३८०, ६ और १२); मणवयकाएहिं = मनोवचःकायैः (कत्तिगे० ४००,३३२) है; शौर० मे जणेहिं = जनैः (ललित० ५६८, ६; मृच्छ० २५, १४); जादसंकेहिं देवेहिं = जातशंकैर् देवैः है (शकु० २१, ५); भमर-संघविहडिदेहिं कुसुमेहिं = भ्रमरसंघविघटितैः कुसुमैः (विक्रमो० २१, ९); माग० मे तत्तस्तेहिं = तत्रस्थैः है (ललित० ५६५, २०); अत्तणकेलकेहिं पादेहिं = आत्मीयाभ्याम् पादाभ्यां है (मृच्छ० १३,९); मश्चबन्धणोवाएहिं = मत्स्यबन्धनोपायैः है (शकु० ११४, २); ढकी मे, विप्पदीवेहिं पादेहिं = विप्रतीयाभ्यां पादाभ्याम् है; अप० मे लक्खेहिं = लक्षैः; सरेहिं, सरवरेहिं, उज्जाणवणेहिं, णिवसन्तेहिं और सुअणएहिं = शरैः, सरोवरैः, उद्यानवनैः, निवसद्भिः तथा सुजनैः (हेच० ४, ३३५; ४२२, ११) हैं। अप० में करणकारक के अन्त मे बहुधा –अहिं लगाया जाता है: गुणहिँ = गुणैः; पआरहिँ = प्रकारैः; सव्वहिँ पन्थिअहिँ = सर्वैः पन्थिकैः है (हेच० ४, ३३५; ३६७, ५; ४२९, १); खग्गहिँ = खड्गैः; गअहिँ, तुरअहिँ और रहहिँ = गजैः, तुरगैः तथा रथैः (पिंगल १, ७; १४५ अ. ए.) है। इस विषय पर और अन्त में –एँहिं और –इहिं लगानेवाले करणकारक के विषय में § १२८ देखिए।

§ ३६९—व्याकरणकारों ने अपादानकारक बहुवचन के जो बहुसंख्यक रूप दिये है उनमें से अब तक केवल एक रूप जिसके अन्त मे –एहिंतो आता है, प्रमाणित किया जा सका है। यह रूप अप० में बहुत अधिक आता है और स्पष्ट ही इस बात के प्रमाण पाये जाते हैं कि यह करणकारक बहुवचन प्रत्यय –तस् से निकला है जो अपादानकारक एकवचन की विभक्ति है जैसा, –सुंतो वाला रूप अधिकरण बहुवचन तस् से निकला है: तिलेहिंतो = तिलेभ्यः (सूय० ५९४); मणुस्सेहिंतो वा पञ्चिन्दियतिरिक्खजोणिएहिंतो वापुढविकाइएहिंतो वा = मनुष्येभ्यो वा पञ्चेन्द्रियतिर्यग्योनिकेभ्यो वा पृथिवीकायिकेभ्यो वा है (ठाणग० ५८); णेरइ-एहिंतो वा तिरिक्खजोणिएहिंतो वा मणुस्सेहिंतो वा देवेहिंतो वा भी आया है (ठाणंग० ३३६; विवाह० १५३४ की तुलना कीजिए और यह रूप अन्य स्थलों पर भी बहुत मिलता है); सरिसएहिंतो रायकुलेहिंतो = सदृशकेभ्यो राजकुले-भ्यः (नायाध० § १२३) है; कोलघरिएहिंतो वएहिंतो = कौलगृहिकेभ्यो व्रजेभ्यः (उवास० § २४२ और २४३) है। ऐसे स्थलों पर जैसे थेरेहिंतो णं गोदासेहिंतो, कासवगोत्तेहिंतो; ... खुलुएहिंतो रोहगुत्तेहिंतो कोसियगोत्ते-

हिंतो आदि-आदि में बहुवचन का वृहत् रूप माना जाना चाहिए। इसके साथ-साथ अ॰माग॰ और जै॰महा॰ में एक और अपादानकारक है जिसके अन्त में —एहिं लगता है = संस्कृत एभ्यः है। इसमें करणकारक और अपादानकारक एक में मिल गये हैं : अ॰माग॰ में : —नामधेज्जेहिं विमाणेहिं ओइण्णा = —नामधेयेभ्यो विमानेभ्यो' वतीर्णः है (ओव॰ § ३७) ; सएहिं सएहिं गेहेहिंतो निग्गच्छन्ति = स्वकेभ्यः स्वकेभ्यो गृहेभ्यो निर्गच्छन्ति है (कप्प॰ § ६६ ; नायाध॰ १०४८ की तुलना कीजिए ; विवाह॰ १८७ ; ९५० ; ९८३) ; सएहिं सएहिं णगरेहिंतो णिग्गच्छन्ति = स्वकेभ्यः स्वकेभ्यो नगरेभ्यो निर्गच्छन्ति (नायाध॰ ८२६) है ; गारत्थेहि य सव्वेहिं साहवो संजमुत्तरा = गृहस्थेभ्यश् च सर्वेभ्यः साधवः संयमोत्तराः है (उत्तर॰ २०८) ; जै॰महा॰ में झरेइ रोमकूवेहिं सेओ = क्षरति रोमकूपेभ्यः स्वेदः है (एर्त्से॰ ४, ३३ ; याकोबी § ९५ की तुलना कीजिए)। § ३७६ की तुलना कीजिए। अप॰ में अपादानकारक के अन्त में —अहुँ आता है : गिरिसिंगहुँ = गिरिशृंगेभ्यः ; मुहहुँ = मुखेभ्यः है (हेच॰ ४, ३३७ ; ४२२, २०) ; रुक्खहुँ = रुक्षेभ्यः है (क्रम॰ ५, २९)। —हुँ और —हुँ ध्वनि की दृष्टि से अपादानकारक द्विवचन के विभक्ति के रूप —भ्याम् पूर्णतया मिलता है। यह —हुं और —हुँ संतों का संक्षिप्त रूप है करके लास्सन का मत है (लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ४६३), किन्तु यह मत अशुद्ध है।

§ ३७०—सम्बन्धकारक बहुवचन के अन्त में सभी प्राकृत भाषाओं में आणं आता है = संस्कृत —आनाम् है। किन्तु महा॰ में अनुनासिकहीन रूप —आण का बहुत अधिक प्रचलन है। यह रूप अ॰माग॰, जै॰महा॰ और जै॰शौर॰ में भी पाया जाता है। अ॰माग॰ में यह विशेष कर ध्वनिबलहीन पृष्ठाधार अव्ययों के पहले आता है (§ ३५०), पर कभी-कभी अन्यत्र भी देखने में आता है जैसे, गणाण मज्झे = गणानाम् मध्ये (कप्प॰ § ६१ = ओव॰ § ४८, पेज ५५, १३) = नायाध॰ § ३५) है। महा॰ में जिन स्थलों पर दोनों रूप एक के बाद एक आते हों जैसे, कुडिलाण पेम्माणं = कुटिलानां प्रेमणाम् (हाल १०) है ; मआण ओणिमिल्लच्छाणं = मृगानाम् अवमीमिलिताक्षाणाम् (रावण॰ ९, ८७) है ; सज्जणाणं पम्हुसिअदसाण = सज्जनानां विस्मृतदशानाम् (गउड॰ ९७१) में जैसे कि नपुंसकलिंग के कर्त्ता– और कर्मकारक, करण– और अधिकरणकारक बहुवचन के इसी प्रकार के स्थलों पर, —आण के स्थान में —आणँ पढ़ा जाना चाहिए (§ १७८)। इसकी ओर रावण॰ से उद्धृत ऊपर के उदाहरण की तुकबन्दी भी निर्देश करती है। शौर॰ और माग॰ में पद्य को छोड़ सर्वत्र केवल —आणं रूप काम में आता है। ४, ३०० में हेच॰ ने बताया है कि माग॰ में सम्बन्धकारक बहुवचन का एक और रूप —आहँ भी चलता है। उसने शकुंतला से जिस पद का उल्लेख उदाहरण में किया है वह किसी हस्तलिपि में नहीं पाया जाता है (§ १७८) ; स्वयं ललितविग्रहराजनाटक में, जो हेच॰ के नियमों से सबसे अधिक मिलता है, अन्त में —आणं वाला सम्बन्धकारक है (५६५, १४ ; ५६६, ३ ; १० और ११)। इसके विपरीत अप॰ में अपादानकारक

बहुवचन व्यक्त करने के लिए शब्द के अन्त में -आहँ और इसका ह्रस्व रूप -अहँ सबसे अधिक काम में लाया जाता है। इसका सम्बन्ध सर्वनाम की विभक्ति -साम् से है : णिवट्टाहँ = निवृत्तानाम् ; सोक्खहँ = सौख्यानाम् ; तणहँ = तृणानाम् ; मुक्काहँ = मुक्तानाम् ; मत्तहँ मअगलहँ = मत्तानां मदकलानाम् ; सउणाहँ = शकुनानाम् है (हेच० ४, ३३२ ; ३३९ ; ३७० ; ४०६ ; ४४५, ४) ; वंकक-डक्खहँ लोअणहँ = वक्रकटाक्षयोर् लोचनयोः है (वेताल० पेज २१७ संख्या १३) ; महब्भडहँ = महाभटानाम् है (कालका० २६१, ५)। चंड० १, ५ के अनुसार इस कारक को व्यक्त करने के लिए कहीं-कहीं शब्द के अन्त में -हं और इसके साथ-साथ -णं भी आता है : देवाहं और इसके साथ साथ देवाणं तथा ताहं और इसके साथ साथ ताणं रूप चलते हैं [इन शब्दों और विभक्तियों के रूप कुमाउनी में तनन् , हमन् , धावतन् ; आदि काम में आते हैं। -हं का यथेष्ट प्रचार है किन्तु इससे दूसरे कारक का बोध होता है। —अनु०]। चंड० के शेष उदाहरण -आ, -अ और सर्वनाम की रूपावली हेमचन्द्र ४, ३०० में दिये गये हैं, जो हेमचन्द्र ने महा० के रूप बताये हैं।

§ ३७१—महा०, अ०माग० और जै०महा० में अधिकरण बहुवचन के अन्त में -एसु = संस्कृत में -एषु बहुत अधिक पाया जाता है, इसके साथ कभी-कभी एसुं काम में लाया जाता है जैसे, महा० में सचन्दनेसुं आरोविअरोअणेसु (पाठ में सुँ है ; § ३७०) = सचन्दनेष्व् आरोपितरोचनेषु है (गउड० २११) ; वणेसुं = वनेषु (हाल ७७) ; अ०माग० में नायाधम्मकहा § ६१ — ६३ में -सु से नाना रूपों का प्रयोग किया गया है। इस विषय पर हस्तलिपियाँ और कलकतिया संस्करण पेज १०६ और उसके बाद सर्वत्र आपस में नहीं मिलते इसलिए सर्वत्र -सु पढ़ा जाना चाहिए। शौर० के पाठों में आंशिक रूप से -सु मिलता है (ललित० ५५५, ११ और १२ ; मृच्छ० ९, २ ; २४, २५ ; २५, १ ; ३७, २३ ; ७०, ३ ; ७१, १७ ; ९७, २२ ; १००, २ आदि-आदि ; मालवि० १९, १२ ; ३०, ६ ; ४१, १९ और २० ; ६७, १० ; ७५, १ ; विक्रमो० ३५, ६ ; ७५, ३ और ६) और आंशिक रूप में सुं आया है (विक्रमो० २३, १३ ; ५२, १ और ५ तथा ७' ; शकु० ९, १२ ; ३०, २ ; ५०, ११ ; ५१, ५ ; ५३, ९ ; ६०, ८ ; ६४, २ ; ७२, १२ आदि-आदि ; यह बंगाली पाठों में मिलता है जब कि काश्मीरी, द्राविडी और देवनागरी पाठों में केवल -सु मिलता है)। भारतीय छपे संस्करणों में सबसे अधिक -सु मिलता है। माग० में मृच्छकटिक १९, ६ में पाएशु रूप है किन्तु १२१, २० और २२ में पावेशुं रूप दिया गया है। इनके साथ साथ पद्य में १२१, २४ में खलणेशु और १२२, २२ में केशेशु रूप मिलते हैं। वेणीसंहार ३५,१९ में केशेशु रूप आया है। मुद्राराक्षस १९१, ९ में कम्मेशु = कर्मसु है और प्रबोधचन्द्रोदय ६२, ७ में पुलिशेशु पाया जाता है। करण- तथा सम्बन्धकारक की नकल पर जिनके अन्त में सदा -ं आता है, माग में शुं और माग० में शुं शुद्ध माना जाना चाहिए। अप० में अपादान- और अधिकरण कारक आपस में एक हो गये हैं : सअहिँ = शतेषु ; मग्गहिँ = मार्गेषु ;

गअहिँ = गतेषु ; केसहिँ = केशेषु और अण्णहिँ तरुअरहिँ = अन्येषु तरुवरेषु है (हेच० ४, ३४५ ; ३४७ ; ३७०, ३ ; ४२२, ९) । हेमचंद्र ४, ४२३, १ में गवक्खेहिँ के स्थान में गवक्खहिँ पढ़ा जाना चाहिए। ४४५, २ [मेरी प्रति में यह ४४५, १ है। —अनु०] में भी [डुंगरेहिँ। —अनु०] के स्थान पर डुंगरहिँ होना चाहिए। अ०माग० में भी करणकारक का प्रयोग अधिकरण के अर्थ में भी होता है जैसे, अगनिरिसएहिँ भूएहिं तसनामेहि थावरेहिं च नो तेसिम् आरभे दण्डं है (उत्तर० २४८)। § ३७६ की तुलना कीजिए।

१. पिशल, डे कालिदासाए शाकुंतलि रेसेंसिओनिबुस, पेज १३० की तुलना कीजिए।

§ ३७२—प्राकृत भाषाओं में संबोधनकारक कर्त्ताकारक के समान है। अ० माग० में अज्जो और अम्मयाओ शब्द भी संबोधनकारक के बहुवचन रूप में व्यवहृत होते हैं (§ ३६६ ब)। माग० के संबंधकारक बहुवचन के लिए क्रमदीश्वर ५, ९४ में बताया गया है (इस संबंध में लास्सन, इंस्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३९३ की तुलना कीजिए)। इसके अंत में -हु रूप भी आता है और मार्कंडेय पन्ना ७५ में कहा गया है कि -हो आता है और मूल शब्द का -अ जो इस विभक्ति से पहले आता हो वह दीर्घ कर दिया जाता है : बम्हणाहु = ब्राह्मणाः (क्रम० ५, ९७) है। यही संबोधनकारक का रूप भस्टालकाहो में है, जो मृच्छकटिक १६५, १ और ५ में आया है पर भश्टालकाहो छापा गया है। यह भस्टालकाहो पढ़ा जाना चाहिए। यह अप० में भी साधारण रूप है जिसमें संबोधन बहुवचन के अंत में -हों आता है किंतु मूल शब्द का अ दीर्घ नहीं किया जाता : तरुणहों = तरुणाः ; लोअहों = लोकाः है (हेच० ४, ३४६ ; ३५०, २ ; ३६५, १)। अप० में सभी वर्गों के अंत मे -हों लगाया जाता है : तरुणिहों = तरुण्यः (हेच० ३, ३४६) है, अग्गिहों = अग्नयः ; महिलाहों = महिलाः (क्रम० ५, २०) ; चउम्मुहहों = चतुर्मुखाः ; हारिहों = हरयः और तरुहों = तरवः है (पिङ्० पन्ना ६८ और उसके बाद)। लास्सन ने इंस्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३९९ में पहले ही ठीक पहचान कर ली थी कि माग० के रूप -आहु (-आहो) के भीतर वैदिक विभक्ति -आसस् छिपी है। चूँकि उसने क्रमदीश्वर का मागधी का नियम भूल से कर्त्ताकारक बहुवचन पर लगा दिया, इस कारण उसने पेज ४६३ में अप० रूप को मागधी से अलग कर दिया और हो सम्बोधन का रूप हो ढूँढ़ लिया जैसा लोग अबतक मृच्छकटिक १६५, १ और ५ के विषय में कर रहे हैं। अप० में -अ वर्ग के अन्त मे आनेवाली विभक्ति को शेष सभी स्वरों के वर्गों में ले लिया गया है, जो अ०माग० संज्ञाएं -उ वर्ग में चली गयी हैं जैसे, भिसु-, पाणु-, पिलंखु-, मम्बु- और मिलक्खु के लिए § १०५ देखिए।

§ ३७३—पल्लव- और विजयबुद्धवर्मन् के दानपत्रों में अ- वर्ग की रूपावली शौर० से हूबहू मिलती है। कुछ भिन्नता देखी जाती है तो सम्प्रदानकारक एकवचन में, जो शौर० में काम में नहीं लाया जाता। पल्लवदानपत्रों में यह दो रूपों में देखा

जाता है जिसमें से शब्द के अन्त में -आये जोड़नेवाला रूप अ०माग० और जै०महा० के सम्प्रदानकारक के समान है (§ ३६१ और ३६४) ; किन्तु दूसरे रूप के अन्त में -आ आता है जब कि शौर० में सदा इस रूप के अन्त में -आदो लगाया जाता है (§ ३६५) ।

(आ) आ-वर्ग के स्त्रीलिंग की रूपावली

§ ३७४—**माला** ।

एकवचन

कर्त्ता—**माला** ।

कर्म—**मालं** ।

करण—महा० में **मालाए, मालाइ, मालाअ**, शेष प्राकृत बोलियों मे केवल **मालाए** है, अप० में **मालाएँ** ।

सम्प्रदान—**मालाए** ; केवल अ०माग० में ।

अपादान—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **मालाओ, मालाउ** [**मालाहिंतो, मालाइ, मालाअ, मालत्तो**] , शौर० और माग० में **मालादो** तथा **मालाए**, अप० में **मालहे॑** है ।

सम्बन्ध और अधिकरण—महा० में **मालाए, मालाइ, मालाअ** ; शेष प्राकृत बोलियों में केवल **मालाए** पाया जाता है ; अप० मे सम्बन्धकारक का रूप **मालहे॑** और अधिकरण [**मालहिं**] है ।

सम्बोधन—**माले, माला** ।

बहुवचन

कर्त्ता, कर्म तथा सबोधन—महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **मालाओ, मालाउ, माला** ; शौर० और माग० मे **मालाओ**, **माला** है ।

करण—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **मालाहि, मालाहिँ, मालाहिं** ; शौर० और माग० में **मालाहिं** है ।

अपादान—महा० और अ०माग० में **मालहिंतो** [**मालासुंतो, मालाओ, मालाउ**], अप० मे [**मालाहु**] है ।

संबंध—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **मालाण, मालाणँ, मालाणं** ; शौर० और माग० में **मालाणं** ; अप० में [**मालहु**] है ।

अधिकरण—महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **मालासु, मालासुँ, मालासुं** ; शौर० और माग० में **मालासु, मालासुं** है ।

पल्लवदानपत्रों में कर्त्ताकारक एकवचन जैसे **पट्टिका** (७, ४८ और ५१) ; **कड त्ति** = कृतेति (७, ५१) और कर्मकारक एकवचन (अथवा बहुवचन) पाया जाता है । **पिला बाधा** = **पीडां बाधाम्** (अथवा = **पीडा बाधाः**) है (६,४०), साथ साथ कर्मकारक एकवचन **सीमं** = **सीमाम्** मिलता है ।

§ ३७५—आ-वर्ग की रूपावली के विषय में वररुचि ५, १९—२३; चंड० १, ३ ; ९ ; १० ; हेम० ३, २७ ; २९, ३० ; ४, ३४९–३५२ ; क्रम० ३, ७ ; २३ ; २५ ; २७ ; मार्क० पन्ना ४३ ; सिंह० पन्ना १४ और उसके बाद देखिए। अप० के कर्त्ताकारक एकवचन में –आ को ह्रस्व करने के विषय में § १०० देखिए। इस प्रकार से माग० रूप शेविद्=सेविता है (मृच्छ० ११७, १)। इसमें करण–, संबंध– और अधिकरणकारक आपस में मिलकर एक हो गये हैं। व्याकरणकारों के अनुसार आंशिक रूप में अपादानकारक भी इनमें मिल गया है। इसका साधारण रूप मालाए=संस्कृत मालायै है। इसका तात्पर्य यह है कि यह=यजुर्वेद और ब्राह्मणों में काम में आनेवाला संबंध और अपादानकारकों का साधारण रूप, जिसका प्रचलन अवेस्ता में भी है[1]। पद्य में कभी-कभी –आए और –आइ में समाप्त होनेवाले रूप एक दूसरे के पास-पास पाये जाते हैं जैसे, पुच्छिआइ मुद्धाए=पृष्टायाः मुग्धायाः (हाल १५) है। महा० में छंदों की मात्राएं ठीक करने के लिए –आइ रूप की प्रधानता दिखाई देती है। यही रूप सर्वत्र जहां तहां पाठों में –आए पढ़ा जाता हो, रखा जाना चाहिए। अधिकांश स्थलों पर शुद्ध पाठ –आइ पाया जाता है जैसे, गउड० ४४ ; ४६ ; ५६ ; ६५ ; ७१ ; २१२ ; २२२ ; २४३ ; २९० ; ४५३ ; ४७४ ; ६८४ ; ८७० ; ९३१ और ९५४ में। कुछ व्याकरणकार (हेम० ३, २९ ; क्रम० ३, २७ ; सिंह० पन्ना १४) –आअ में समाप्त होनेवाला एक और रूप बताते हैं। कुछ अन्य व्याकरणकार (वर० ५, २३ ; मार्क० पन्ना ४३) इसका निषेध करते हैं। ऐसे रूप बीच-बीच में महा० में पाये जाते हैं। इस प्रकार : जोॅण्हाअ=ज्योत्स्नया है ; णेवच्छकलाअ=नेपथ्यकलया ; हेलाअ=हेलया; हरिद्दाअ=हरिद्रायाः और चंगिमाअ=चंगिमत्वेन (कर्पूर० बंबइया संस्करण ३१, १ ; ८६, ४ ; ५३, ९ ; ५५, २ ; ७१, ४ ; ७९, १२) है। कोनो ने इनके स्थान में यह पाठ पढ़ा है : जोॅण्हाइ, णेवच्छकलाइ, हेलाइ, हलिद्दीअ और चंगिमाइ (२९, १ ; ८६, ९ ; ५१, २ ; ५२, ४ ; ६९, ३ ; ७८, ९) है। कुछ हस्तलिपियों में कभी-कभी अंत में –आअ लगानेवाला रूप भी मिलता है। चूंकि गउडवहो, हाल और रावणवहो यों –आअ से परिचित नहीं हैं इसलिए तिअडाअ=त्रिजटायाः (रावण० ११, १००) और णिसण्णाअ=निषण्णायाः रूपों को एस० गौल्दश्मित्त के मत के अनुसार 'पंडितों का पाठ' न मानना चाहिए परंतु –आइ के स्थान में अशुद्ध रूप समझना चाहिए जैसा चंड ने किया है। यह –आअ रूप संस्कृत के अपादान– और संबंधकारक की विभक्ति –आयाः से निकली है जिस कारण जोॅण्हाअ=ज्योत्स्नायाः है और जिसका पूर्णतया मिलता जुलता रूप *जोॅण्हाआ, वररुचि ५, २३ ; हेमचंद्र ३,३० ; सिंहराज० पन्ना १४ में निषिद्ध है। अप० में –आए का ह्रस्व रूप –आएँ हो गया है : णिद्दए=निद्रया ; चन्दिमएँ=चन्द्रिमया ; उड्डावन्तिअएँ=उड्डापयन्त्या और मञ्जिट्ठएँ=मञ्जिष्ठया है (हेम० ४, ३३०, २ ; ३४९ ; ३५२ ; ४३८, २)। — अ०माग० में शब्द के अंत में –आए लगाकर बननेवाले संप्रदानकारक के विषय में § ३६१ और ३६४ देखिए।

व्याकरणकारों ने अपादानकारक एकवचन के जो-जो रूप दिये हैं उनमें से मैं केवल **–आओ** में समाप्त होनेवाले तथा शौर० और माग० में **–आदो** वाले रूपों के प्रमाण बहुधा पाता हूं : अ०माग० में **पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहं अंसि दाहिणाओ वा दिसाओ...पच्चत्थिमाओ...उत्तराओ...उड्ढाओ = *पुरस्तिमातो वा दिश आगतो 'हम् अस्मि दक्षिणातो वा दिशः...*प्रत्यस्तिमातः... उत्तरातः ..ऊर्ध्वातः** है (आयार० १, १, १, २); **जिब्भाओ = जिह्वातः है** (आयार० पेज १३७,१); **सीयाओ = शिबिकातः** है (नायाध० ८७० ; १०९७; ११८९ ; १३५४ ; १४९७); **छायाओ = छायातः** है (सूय० ६३९); **अट्टणसालाओ = अट्टनशालातः** है (कप्प० § ६० ; ओव० § ४८); **मायाओ = मायातः** (सूय० ६५४ ; ओव० § १२३); **सूणाओ = सूनातः** हैं (निरया० § १०) हैं; शौर० में **बुभुक्खादो = बुभुक्षातः, दक्खिणादो** और **वामादो = दक्षिणातः** और **वामातः** तथा **पडो लिकोदा = प्रतोलिकातः हैं** (मृच्छ० २, २३ ; ९, ९ ; १६२, २३); माग० में **लच्छादो = रथ्यातः** (मृच्छ० १५८, १३) है। शब्द के अन्त में **–आए** लगा कर बननेवाला अपादानकारक (चंड० १, ९ ; हेच० ३, २९ ; सिंहराज० पन्ना १४); शौर० और माग० में पाया जाता है : शौर० में **इमाए मअतण्हिआए = अस्याः मृगतृष्णिकायाः** (विक्रमो० १७,१), जो बौँल्लें नसेन के मत के अनुसार करणकारक नहीं माना जा सकता ; माग० में **शेय्याए** (पाठ में **सेज्जाए** है) **= शय्यायाः** है (चैतन्य० १४९, १९)। **—मालत्तो** रूप हेच० ३, १२४ से निकाला जा सकता है और त्रिविक्रम० २, २,३४ में स्पष्ट ही सिखाया गया है। यह रूप पुलिंग और नपुंसकलिंग की नकल पर बनाया गया है (§ ३६५)। अप० में अपादानकारक एकवचन, सम्बन्धकारक के साथ घुलमिल कर एक हो गया है। समाप्ति में आनेवाला **–हे** सर्वनाम के अन्त के रूप **–स्याः** समान है, इसलिए **तहें धणहें** (हेच० ४, ३५०) = ठीक **तस्याः धन्यस्याः** के **तस्या धन्यायाः** है। हेच० ने ४, ३५० में **बालहें** को अपादानकारक जैसा माना है। इस दृष्टि से **विसमथण** को बहुव्रीहि समास मानना पड़ेगा [मेरी प्रति में यह पद इस प्रकार है : **बालहे** (उच्चारण **हें** होना चाहिए) **जाया विसम थण**। —अनु०] = 'उस बाल स्त्री के सामने जिसके स्तन भयंकर हैं' है। इसी कविता में निम्नलिखित सम्बन्धकारक रूप हैं : **तुच्छमज्झहें, जम्पिरहे, तुच्छअरहासहें, अलहन्तिअहें, वम्महणिवासहें** और **मुद्धडहें = तुच्छमध्यायाः, जल्पनशीलायाः, तुच्छतरहासायाः, अलभमानायाः, मन्मथनिवासायाः** तथा **मुग्धायाः** है (हेच० ४, ३५०); **तिसहें तृषायाः ; मूणालिअहें = मृणालिकायाः** (हेच० ४,३९५,७ ; ४४४) है। —अधिकरणकारक के उदाहरण निम्नलिखित हैं : महा० में **दुक्खुत्तराइ पअवीए = दुःखोत्तरायां पदव्याम्** है ; **गामरच्छाए = ग्रामरथ्यायाम्** (हाल १०७ और ४१९) है ; अ०माग० में **सुहम्माए सभाए = सुधर्मायां सभायां** है (कप्प० § १४ और बहुधा) ; अ०माग०, जै०महा० में **चम्पाए = चम्पायां** (ओव० § २ और ११ ; एर्से० ३४,२५) ;

जै०महा० में **सयलाए नयरीए = सकलायां नगर्याम्** (द्वार० ४९७, २१) है ; **इक्किक्काए मेहलाए = एकैकस्यां मेखलायाम्** (तीर्थ० ५, ११) ; शौर० में **सुसमिद्धाए = सुसमृद्धायाम्** ; **एदाए पदोसवेलाए = एतस्यां प्रदोषवेलायाम्** है ; **रुक्खवाडिआए = वृक्षवाटिकायाम्** (मृच्छ० ४, २० ; ९, १० ; ७३, ६ और ७) ; माग० में **अन्धआलपूलिदाए णालिआए = अन्धकारपूरितायां नालिकायां** है ; **पदोलिआए = प्रतोलिकायाम्** है तथा **सुवण्णचोलिआए = सुवर्णचोरिकायाम्** (मृच्छ० १४, २२ ; १६३,१६ ; १६५,२) है। अ०माग० में **गिरिगुहंसि** जो **गिरिगुहाए** के स्थान में आया है = **गिरिगुहायाम्** है (आयार० १, ७, २,१)। यह इसके पास में ही आये हुए पुल्लिंग और नपुंसकलिंग के अन्त में –सि लगकर बननेवाले अधिकरणों से प्रभावित होकर बन गया है। § ३५५ ; ३५८ ; ३६४, ३६७; ३७९ ; ३८६ में ऐसे उदाहरणों की तुलना कीजिए। सम्बोधन कारक एकवचन के अन्त में नियमानुसार संस्कृत के समान ही –ए आता है। इस रूप का प्रयोग केवल वर० ने ५, २८ में बताया है, जब कि हेच० ३, ४१ ; मार्क० पन्ना ४४ ; सिंह० पन्ना १४ में –आ में समाप्त होनेवाले कर्त्ताकारक के रूप को भी सम्बोधन के काम में लाने की अनुमति देते हैं। शब्द के अन्त मे –आ लगकर बननेवाले ऐसे सम्बोधन निम्नलिखित हैं : महा० में **अत्ता** (= सास : मार्क० पन्ना ४४ , हाल ८ ; ४६९ ; ५४२ ; ५५२ ; ६५३ ; ६७६ ; ८११) ; महा० और अ०माग० में **पिउच्छा = पितृष्वसः** है (हेच० ; मार्क० ; हाल ; नायाध० १२९९ ; १३४८) ; महा० मे **माउआ = मातृके** है (हाल) ; महा० में **माउच्छा = मातृष्वसः** है (हेच० ; मार्क० ; हाल) ; अ०माग० में **जाया** (उत्तर० ४४२), **पुत्ता = पुत्रि** (नायाध० ६३३ और उसके बाद ; ६४८ और उसके बाद ; ६५५ ; ६५८) और महा० तथा शौर० में बार बार आनेवाला रूप **हला** (हेच० २, १९५ ; हाल) है। यह सम्बोधन शौर० मे जब व्यक्तिवाचक संज्ञा के साथ आता है तब अधिकांश स्थलों पर व्यक्ति के नाम के अन्त मे –ए लगता है जैसे, **हला सउन्तले** (शकु० ९, १०) ; **हला अणुसूये** (शकु० १०, १२) ; **हला णोमालिए** (ललित० ५६०, ९ ; पाठ में **नोमालिए** है) ; **हला चित्तलेहे** (विक्रमो० ९, ३) ; **हला मअणिए** (रत्ना० २९३, २९) ; **हला णिउणिए** (रत्ना० २९७, २८) आदि-आदि रूप पाये जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों के साथ भी सम्बोधन का यह रूप आता है जिनके अन्त में अन्य स्वर हों जैसे, **हला उव्वसि** (विक्रमो० ७, १७) अथवा उन विशेषणों के साथ यह **हला** लगता है जो संज्ञा के स्थान मे काम में लाये गये हों जैसे, **हला अपण्डिदे** (प्रिय० २२, ७) ; महा० और शौर० में यह बहुवचन में भी आता है (हाल ८९३ और ९०१ ; शकु० १६, १० ; ५८, ९ ; ६, ११ ; ७, १ ; ११, १; कर्पूर० १०८, ५)। जै०महा० में **हले** रूप भी पाया जाता है (हेच० २, १९५ ; एर्से०)। इस रूप को क्रमदीश्वर ५, १९ में अप० बताता है और अप० में **हलि** के उदाहरण मिलते हैं (हेच० ४, ३३२ ; ३५८, ३)। शौर० रूप **अम्ब** (= माता : बुर्कहार्ड द्वारा सम्पादित शकु० २०१,

१९ ; १०२, २० ; रत्ना० ३१५, २६ ; ३२७, ६ ; महावीर० ५६, ३ ; मालती० १९७, ६ ; २२५, ४ ; नागा० ८४, १५ ; अनर्घ० ११०, १ आदि-आदि) लैसन[1] और बेर्त्टैल[2] की सम्मति में क्रिया से निकली आंशिक संज्ञा है। अप० में अन्तिम -ए ह्रस्व कर दिया जाता है जैसे, सहिएँ = *सखिके ; अम्मिएँ भी पाया जाता है ; बहिणुए = भगिनिके (हेच० ४, ३५८, १ ; ३६७, १ ; ३९६, २ ; ४२२, १४), अथवा यह -इ में परिवर्तित हो जाता है जैसा कि उपर्युक्त हलि में हुआ है और अम्मि तथा मुद्धि = मुग्धे में हुआ है (हेच० ४, ३९५, ५ ; ३७६, १)। अ०-माग० और जै०महा० रूप अय्यो के विषय में § ३६६ ब. देखिए।

१. पिशल, बे०बाइ० ६, २८१ नोटसंख्या ३। — २. इसे इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ४६२ में दी हुई लास्सन की सम्मति के अनुसार अ-वर्ग से परिवर्तन मान लिया जा सकता है। — ३. नौन-इन्फ्लेक्शन, पेज ३६०। — ४. हौएफ्रौब्लेमे, पेज २६५ और उसके बाद।

§ ३७६—सब प्राकृत बोलियों मे कर्त्ता- और कर्मकारक बहुवचन के अन्त मे -ओ लगाया जाता है (§ ३६७) : महा० का कर्त्ताकारक महिलाओ = महिलाः (हाल ३९७) है ; अ०माग० और जै०महा० मे देवयाओ = देवताओ ; शौर० मे देवताः है (ठाणंग० ७६ ; एर्से० २९, ३ ; शकु० ७१, ८) ; अ०माग० मे कर्मकारक कलाओ = कलाः है। उत्तर० ६४२ ; नायाध० § ११९ ; ओव० § १०७ ; कप्प० § २११) ; जै०महा० मे चउव्विहाओवग्गणाओ = चतुर्विधाः है। वर्गणाः (आव०एर्से० ७, ४) ; शौर० मे पदीविआओ = प्रदीपिकाः (मृच्छ० २५, १८) और अप० मे सव्वंगाओ = सर्वांगाः है (हेच० ४, ३४८)। पद्य में -ओ के स्थान मे -उ भी आ जाता है जिसका प्राधान्य रहता है : महा० कर्त्ताकारक मे घण्णउ ताउ आया है जो = धन्यास् ताः (हाल १४७) है। इसके विपरीत शौर० में धण्णाओं क्खु ताओ कण्णाओ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] आओ पाया जाता है (मालती० ८०, १) ; अ०माग० मे थियाउ = स्त्रीकाः (सूय० २२५) ; अप० कर्मकारक में अणुरत्ताउ भत्ताउ = अनुरक्ताः भक्ताः है (हेच० ४, ४२२, १०)। कभी-कभी छंद की मात्रा ठीक करने के लिए दोनों रूप पास-पास पाये जाते हैं जैसे, महा० में दारग्गलाउ जाआओ = द्वारार्गला जाताः (हाल ३२२) ; रइविरमलज्जाओ अप्पत्तणि-अंसणाउ = रतिविरामलज्जिता अप्राप्तनिवसनाः (हाल ४५९) है ; पडिगआउ दिसाओ = प्रतिगता दिशाः (रावण० १, १९) है। कर्त्ता- और कर्मकारक के अन्त मे -आ भी आता है, पर कहीं-कहीं : महा० मे रेहा = रेखाः (गउड० २२ ; हाल २०६), इसके साथ साथ रेहाउ भी चलता है (हाल ४७४) और रेहाओ रूप भी मिलता है (गउड० ५०९ ; ६८२) ; सरिआ सरसपवहा···वूढा = सरितः सरसप्रवाहा·· उढाः (रावण० ६, ५०) रूप है ; मेहला = मेखलाः है (मृच्छ० ४१, २) ; अ०माग० में दोँज्झा = दोह्याः ; दम्मा = दम्याः और रहजोँग्गा = रथयोग्याः है (आयार० २, ४, २, ९) ; पक्का = पक्वाः ; रूढा = रूढाः है (आयार० २, ४, २, १५

और २६) ; भज्जा = भार्या: है (उत्तर० ६६०) ; जधाहि तारिसाओं चि पाणिएँ जस्सिनो घप = यौभिस् *तादिसा इति पानियेया इति नो धवेत् (हस० ६२५, १) है ; शौर० में पूइअन्ता देवदा = पूज्यमाना देवताः ; गणिआ = गणिकाः (मृच्छ० ९, १ और १०) है ; अगहिदत्था = अगृहीतार्थाः है (शकु० १२०, ११) ; अदिट्ठसुज्जपाआ···णागकण्णा विअ = अदृष्टसूर्यपादाः...नागकन्या इव है (मालवि० ५१, २१ ; इस वाक्यांश की इस नाटक में अन्यत्र तुलना कीजिए) । मार्कंडेय पन्ना ६९ में शौर० रूपों के अन्त में केवल –आओ लगाने की अनुमति दी गयी है और इस नियम के अनुसार इसे सर्वत्र सुधार लेना चाहिए । मृच्छकटिक २५, २ में इस –आओ रूप की एक के बाद एक लगातार झड़ी-सी लग गयी है : ताओ···पदीविआओ अवमाणिदणिद्धणकामुआ णिस्सिणेहाओ दाणिं संवुत्ता = ताः···प्रदीपिका अवमानितनिर्धनकामुका इव गणिका निःस्नेहा इदानीं संवृत्ताः । संवुत्ता रूप स्टेन्त्सलर ने ए. और बी. (A and B) हस्तलिपियों के अनुसार संवुत्ताओ रूप में शुद्ध कर दिया है; गणिआ के स्थान में डी. और एच.(D and H) हस्तलिपियों में गौडबोले के संस्करण पेज ७२ में गणिआओ दिया गया है, इस प्रकार कामुआ के स्थान पर भी कामुआओ पढ़ा जाना चाहिए । अ०माग० में भी कभी-कभी दोनों रूप एक साथ रहते है : इन्दभूइपामोक्खाओ चो॑द्दससमणसाहस्सीओ उक्कोसिया समणसंपया = इन्द्रभूतिप्रमुखाश् चतुर्दशश्रमणसाहस्य *उत्कोशिताः श्रमणसंपदः है (कप्प० § १३४; § १३५ और उसके बाद की तुलना कीजिए) । आयारंगसुत्त २, ४, २, ९ ; १५ और १६ की तुलना कीजिए । — करण, सम्बन्ध और अधिकरणकारकों के अन्त में आनेवाले रूपों के लिए § १७८ और ३५० लागू हैं ; § ३६८ ; ३७० और ३७१ की तुलना कीजिए । — माग० में अम्बिकमादुकेहिं = अम्बिकामातृकाभिः है । –आहिं के स्थान में अधिकरणकारक में –एहिं आना चाहिए था (मृच्छ० १२२, ५) किन्तु शकार के मुंह में यह अशुद्धता समझ में आ जाती है, क्योंकि नाटककार ने यहाँ सोच-समझकर लिंगपरिवर्तन चुना है । इसके विपरीत रावणवहो ७, ६२ में अच्छरा वर्ग के अच्छरेहिं = अप्सरोभिः में करणकारक नहीं है (§ ४१०)[1] जैसा पहले विक्रमो० ४०, ११ में भी पढ़ा गया था[2], परन्तु पहला समुच्छरेहिं, सम+च्छरेहिं में बाँटना चाहिए जो = सम + प्सरोभिः बन जाता है (§ ३२८)[3] । — पुलिंग और नपुंसकलिंग के समान ही (§ ३६९) स्त्रीलिंग में भी अपादानकारक में शब्द के अन्त में –हिं लगकर बननेवाला रूप ही काम में लाया जाता है, किन्तु हेमचन्द्र ३, १२७ में इसका निषेध करता है : महा० में धाराहिं = धाराभ्यः है (हाल १७०) और अधिकरणकारक का रूप भी है (§ ३७१) : महा० में मेहलाहिं (कर्पूर० ३६, १) मेहलासु के अर्थ में आया है, जैसा इस शब्द का प्रयोग काव्यप्रकाश ७४, १ में हुआ है = मेखलासु है । अ०माग० में हत्थुत्तराहिं = हस्तोत्तरासु (आयार० २, १५, १ ; २ ; ५ ; ६ ; १७ ; २२ ; २५ ; कप्प०) ; गिम्हाहं (सूय० १६६) रूप भी आया है जिसका अर्थ गिम्हासु है (विवाह० ४६५) = *ग्रीष्मासु (§

३५८) है ; **अणन्ताहिं ओसप्पिणीउस्सप्पिणीहिं विइक्कन्ताहिं = अनन्तासु अवसर्पिण्युत्सर्पिणीषु व्यतिक्रान्तासु** है (कप्प० § १९); **विसाहाहिं = विशाखासु** है (कप्प० § १४९) और **चित्ताहिं = चित्रासु** है (ठाणंग० ३६३ ; कप्प० § १७१ और १७४) ; **उत्तरासाढाहिं** और **आसाढाहिं** रूप भी पाये जाते हैं (कप्प० § २०५ और २११); **छिन्नाहि साहाहि = छिन्नासु शाखासु** (उत्तर० ४३९ ; पाठ मे **छिन्नाहिं साहाहिं** है) है। — अ०माग० में निम्नलिखित अपादानकारक शब्द के अंत में **–हिंतो** जोड़कर बनाये गये हैं : **अन्तोसालहिंतो = अन्तःशालाभ्यः** (उवास० § १९५) और **इत्थियाहिंतो = स्त्रीकाभ्यः** (जीवा० २६३ और २६५) है। अप० में शब्द के अंत में **–हु = भ्यः** *लगा हुआ* अपादानकारक भी है : **वयंसिअहु = वयस्याभ्यः** (हेच० ४,३५१) है। हेमचद्र के अनुसार यहाँ समाप्तिसूचक **–हु** सबधकारक बहुवचन के लिए काम मे लाया जाता है। § ३८१ की तुलना कीजिए। यहा भी अधिकरणकारक में (§ ३७१ की तुलना कीजिए) अत मे **–सु** लगा हुआ रूप सबसे अधिक काम मे आता है। शौर० में शकुंतला २९, ४ मे **विरलपादवच्छाआसुं = वणराईसुं = विरलपादपच्छायासु वनराजिषु है,** यह बगला सस्करण मे आया है, अन्य सस्करणों और पाठो मे **–आसु** और **–ईसु** रूप पाये जाते है। — संबोधनकारक मे शब्द के अंत मे **–ओ** लगकर बननेवाला रूप ही की प्रधानता है : शौर० में **देवदाओ** रूप आया है (बाल० १६८, ७ ; अनर्घ० ३००, १) ; **दारिआओ = दारिकाः** है (विक्रमो० ४५,६) और **अवलोइदाबुद्धरक्खिदाओ = अवलोकिताबुद्धरक्षिते** हैं (माल्ती० २८४, ११)। **हला** के विषय में § ३७५ देखिए। — **अज्जू = आर्या** के विषय मे § १०५ देखिए [कुमाउनी मे अज्जू का **इजू** और **इज्यू** रूप हो गए हैं। —अनु०]।

१. एस. गौल्दश्मित्त द्वारा रावणवहो, पेज २४७, नोटसंख्या ८ में जो प्रश्न उठाया गया है कि क्या हमको एक नपुंसकलिंग का रूप **अच्छर** भी मानना होगा ? इसका उत्तर स्पष्ट ही नकारात्मक है। — २. विक्रमोर्वशी, पेज ३२६ पर बॉ ल्लेनसेन की टीका ; होएफर, डे प्राकृत डियालेक्टो पेज १५० और उसके बाद की तुलना कीजिए ; लास्सन, इंस्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३१६ और उसके बाद तथा § ४१०। — ३. पिशल, त्सा. डे. डौ. मौ. गे. ५२, ९३ और उसके बाद। — ४. यहां करणकारक उपस्थित है इसका प्रमाण निम्नलिखित उदाहरण हैं : **हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगोवगएणं** (आयार० २, १५, ६ और १७ ; कप्प० § २ की तुलना कीजिए) है। कप्पसुत्त § १५७ ; १७४ ; २११ तथा स्पायर, वेदिशे उण्ट सांस्कृतसिण्टक्स (स्ट्रासबुर्ग १८९६ ; मुण्डरिस १, ६) § ४२।

(२) –इ, –ई और –उ, –ऊ वर्ग

(अ) पुलिंग और नपुंसकलिंग

§ ३७७—पुलिंग **अग्गि = अग्नि**।

एकवचन

कर्त्ता—**अग्गी** [**अग्गिं**]।

कर्म—**अग्गिम्**।

करण—**अग्गिणा** ; अप० में **अग्गिण** और **अग्गि** भी।

अपादान—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गीओ**, **अग्गीउ**, **अग्गिणो**, **अग्गिहिंतो** [**अग्गीहि**, **अग्गित्तो**] ; जै०शौर० [शौर०माग०] में **अग्गीदो** ; **अग्गिहे॑** ।

संबंध—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गिणो**, **अग्गिस्स**, [**अग्गीओ**] ; शौर० और माग० में **अग्गिणो** ; अप० में [**अग्गिहे॑**]।

अधिकरण—**अग्गिम्मि**, अ०माग० में सबसे अधिक **अग्गिंसि** ; अ०माग० और जै० महा० में **अग्गिंमि** भी ; अप० में **अग्गिहि॑** ।

संबोधन—**अग्गि**, **अग्गी** ।

बहुवचन

कर्त्ता—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गिणो**, **अग्गी**, **अग्गीओ**, **अग्गओ**, **अग्गउ** ; शौर० में **अग्गीओ**, **अग्गिणो** ।

कर्म—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गिणो**, **अग्गी**, **अग्गओ** ।

करण—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गीहि** **अग्गीहिँ**, **अग्गीहिं** ; शौर० और माग० में **अग्गीहिं** ।

अपादान—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गीहिंतो** [**अग्गीसुंतो**, **अग्गित्तो**, **अग्गीओ**] ; **अग्गिहुँ** ।

सम्बन्ध—महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **अग्गीण**, **अग्गीणँ**, **अग्गीणं** ; शौर० और माग० मे **अग्गीणं** ; अप० में **अग्गिहिँ**, **अग्गिहुँ** ।

अधिकरण—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गीसु**, **अग्गीसुँ**, **अग्गीसुं** ; शौ० और माग० में **अग्गीसु**, **अग्गीसुं** ; अप० में **अग्गिहिँ** ।

सम्बोधन—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अग्गिणो**, **अग्गी** ; अप० में **अग्गिहो॑** ।

नपुंसकलिंग के रूप भी इसी प्रकार चलते हैं जैसे, दहि = दधि ; केवल कर्त्ता- और कर्म- कारकों के एकवचन में महा०, अ०माग० और जै०महा० में **दहिं**, **दहि॑** और **दहि** रूप आते हैं, शौर० और माग० में **दहिं** और **दहि** रूप आते हैं ; सम्बोधन में **दहि** है ; कर्त्ता-कर्म- और सम्बोधनकारकों में के बहुवचन में **दहीइं**, **दहीइँ** (शौर० और माग० में ये रूप नहीं होते), **दहीणि** (शौर० और माग० में यह रूप नहीं आता) और **दही** (शौर० और माग० में यह रूप भी नहीं है) हैं। —पल्लवदानपत्र में कर्मकारक एकवचन नपुंसकलिंग **उदकादिं** रूप मिलता है [६, २९) ; सम्बोधनकारक एकवचन पुलिंग में **सस्सिस्स** रूप मिलता है जो = शक्तेः है (६, १७), **भटिस** = भट्टेः भी आया है (६, १९) और

कर्मकारक बहुवचन पुलिंग में **वसुधाधिपतये = वसुधाधिपतीन्** है (७, ४४) (लौयमान, एपिग्राफिका इंडिका २, ४८४ की तुल्ना कीजिए) ।

§ ३७८—पुलिंग **वाउ = वायु** ।

एकवचन

कर्त्ता—**वाऊ** [**वाउं**] ।

कर्म—**वाउं** ।

करण— **वाउणा** ; अप० में **वाउण** और **वाउं** भी होते हैं ।

अपादान—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **वाऊओ, वाऊउ,** [**वाउणो, वाऊहिंतो** और **वाउत्तो**] ; अप० में **वाउहे॑** है ।

सम्बन्ध—महा०; अ०माग० और जै०महा० में **वाउणो** और **वाउस्स,** [**वाऊओ**]; शौर० और माग० में **वाउणो,** माग० पद्य में **वाउश्श** भी ; [अप० में **वाउहे॑**] है ।

अधिकरण—**वाउम्मि,** अ०माग० में **वाउंसि** भी, अ०माग० और जै०महा० में **वाउंमि** भी ।

सम्बोधन—**वाउ, वाऊ** ।

बहुवचन

कर्त्ता—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **वाउणो, वाऊ, वाऊओ, वाअवो, वाअओ, वाअउ** ; शौर० में **वाउणो, वाअओ** हैं ।

कर्म—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **वाउणो, वाऊ** ; अ०माग० मे **वाअवो** भी ।

करण—महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **वाऊहि, वाऊहि॑, वाऊहिं** ; शौर० और माग० मे **वाऊहिं** है ।

अपादान—[**वाऊहिंतो, वाऊसुंतो, वाउत्तो, वाऊओ**] ; अ०माग० में **वाऊहिं** भी ; अप० मे **वाउहुं** है ।

सम्बन्ध—महा०, अ०माग० और जै०महा० में **वाउण, वाउणँ, वाऊणं** ; शौर० और माग० में **वाऊणं** ; अप० मे **वाउहँ, वाउहुँ** है ।

अधिकरण—महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **वाऊसु, वाऊसुँ, वाऊसुं** ; शौर० और माग० मे **वाऊसु, वाऊसुं** ; अप० में **वाऊहि॑** है ।

सम्बोधन—अ०माग० में **वाअवो** ; अप० में **वाउहो॑** है ।

नपुंसकलिंग की भी रूपावली इसी प्रकार की होती है जैसे, **महु = मधु** ; केवल कर्त्ता- और कर्मकारक एकवचन में **महुं, महुँ** और **महु** रूप होते हैं ; शौर० और माग० में **महुं** और **महु** रूप होते हैं ; सम्बोधन में **महु** ; कर्त्ता- और कर्म- तथा सम्बोधनकारक बहुवचन में **महूइं, महूइँ** (शौर० और माग० में नहीं), **महूणि** (शौर० और माग० मे नही) और **महू** (शौर० और माग० में नहीं) रूप होते हैं । — पल्लवदानपत्रों में उ वर्ग नही पाया जाता ।

§ ३७९— —इ और —उ में समाप्त होनेवाले संज्ञाशब्दों की रूपावली के संबंध में वररुचि ५, १४—१८ ; २५—२७ ; ३० ; चंड० १, ३ और ११—१४ ; हेमचंद्र ३, १६—२६ ; ४, ३४० ; ३४१ ; ३४३—३४७ ; क्रमदीश्वर ३, ८ ; ११ ; १३ ; १५ ; १७—२२ ; २४ ; २८ ; २९ ; ५, २० ; २५—२७ ; ३३—३५ ; ३७ ; मार्कंडेय पन्ना ४२—४४ ; सिंहराजगणिन् पन्ना ९—१२ देखिए। हेमचंद्र ३, १९ के अनुसार कुछ व्याकरणकार बताते हैं कि कर्त्ताकारक एकवचन में दीर्घ रूप के साथ-साथ [जैसे अग्गी, णिही, वाऊ और विहू। —अनु०] उतनी ही मात्रा का अनुनासिक रूप भी आता है (§ ७४) : अग्गिं, णिहिं, वाउं और विहुं। त्रिविक्रम० और सिंहराजगणिन् ने इस रूप का उल्लेख नहीं किया है ; पण्हावागरणाइं ४४८ में सुसाहुं का नपुंसकलिंग मानकर संपादन किया गया है जो अशुद्ध रूप है और सुसाहू के स्थान में रखा गया है, क्योंकि उक्त शब्द सुइसी और सुमुणी के साथ ही आया है जो = स्वृषिः और सुमुनिः है। —ई और —ऊ में समाप्त होनेवाले कर्त्ताकारक के विषय में § ७२ देखिए। सखि का कर्त्ताकारक एकवचन जै०महा० में सही पाया जाता है (कक्कुक शिलालेख १४)। नपुंसकलिंग कर्त्ताकारक में अननुनासिक वाले रूप की प्रधानता है और कर्मकारक में अनुनासिकयुक्त की ; किंतु अ०माग० में कर्मकारक का रूप तउ = त्रपु (सूय० २८२) छंद की मात्रा का हिसाब बैठाने पर निश्चित है, यहां पर संभवतः तउँ पढ़ा जाना चाहिए। अ०माग० और शौर० में कर्त्ताकारक मे दहिं रूप आया है (ठाणंग० २३० ; मृच्छ० ३,१२ ; [दहीं पाठ के स्थान पर दहिं पढ़ा जाना चाहिए]), किंतु अ०माग० में दहि भी पाया जाता है (ठाणंग० ५१४) ; अ०माग० और शौर० में वत्थु = वस्तु है (उत्तर० १७२ ; ललित० ५१६, १२) ; शौर० में णअणमहु = नयनमधु है (मालवि० २२, ३)। अ०माग० रूप अट्ठी और दही के विषय में § ३५८ देखिए। कर्मकारक रूप है : अ०माग० और शौर० में अच्छि (आयार० १, १, २, ५ ; शकु० ३१, १३) मिलता है ; अट्ठिं = अस्थि है (सूय० ५९४) ; अ०माग० में दहिं रूप आया है (आयार० २, १, ४, ५ ; ओव० § ७३ ; कप्प० एस. (S) § १७ ; अ०माग० और शौर० में महुम् रूप देखने में आता है (आयार० २, १, ४, ५ ; ८, ८ ; ओव० § ७३ ; कप्प० एस. (S) § १७ ; शकु० ८१, ८ ; [महु का कुमाउनी में मउ और मौ रूप हैं। मौ रूप उत्तरप्रदेश की सरकार ने मान्य कर लिया है। बंगला में भी मौचाक आदि में मौ वर्तमान है। यह रूप प्राचीन आर्य है। फारसी में मै रूप में इसने अपना राज आज तक जमा रखा है जो उर्दू में भी एकछत्र राज जमाये बैठा है। इसके कोमल रूप मेमौल आदि फ्रेंच और इटालियन भाषाओं में मिलते हैं। अंगरेजी में मधु का रूप भाषा के स्वभाव और स्वरूप के अनुकूल मीड बन गया। जर्मन भाषा में यही हिंगल-सा रूप है। पाठक जानते ही हैं कि मधु का एक रूप मद भी है। अंगरेजी आदि में इसके रूपों का प्रचार है। इसका महु से कुछ संबंध नहीं। प्राचीन हिंदी में मधुमक्खी के लिए मुमाखी रूप पाया जाता है। इसका मु— = महु है। —अनु०])। जै०शौर० में वत्थुं रूप आया है (कत्तिगे० ४००, ३३५)। संस्कृत में बहुत अधिक

आनेवाला रूप **स्वस्ति** शौर० में सदा **सोत्थि** हो जाता है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० ६, २६ ; २५, ४ ; ५४, ११ और १९ ; विक्रमो० १५, १६ ; २९, १ ; ४४, ५ ; रत्ना० २९६, ३२ ; ३१९, १७ ; आदि-आदि), यह भी कर्त्ताकारक समझा जाना चाहिए, ठीक उसी प्रकार जैसे **साहु** (उदाहरणार्थ, मृच्छ० २८, २४ ; ३७, १६ ; ४१, १९ ; विक्रमो० २६, ६ ; रत्ना० ३००, १३ ; ३०९, १) और **सुट्ठु** (उदाहरणार्थ, मृच्छ० २७, २१ ; २८, २४ ; २९, १४ ; ४१, १८ ; प्रबोध० १८, ३) ; माग० में **शाहु** रूप है (वेणी० ३४, ३ और २३ ; ३५, १४ ; मृच्छ० ३८, ७ ; ११२, ९ ; १६१, १५ आदि-आदि)। इसके विपरीत **लहु** के स्थान में (मृच्छ० ७५,८ ; विक्रमो० २८,१०) कलकतिया और गौडबोले के संस्करण के अनुसार **लहुं** पढ़ा जाना चाहिए जैसा शकुंतला ३९, ३ ; ७६, १ ; मृच्छ० २१, १३ ; ५९, ८ ; १०७, ११ ; ११२, ११ ; ११६, ५ ; १६६, १६ ; १६९, २४ ; रत्ना० ३००, ५ ; ३०२, २५ ; ३०३, २० ; ३१२, ८ ; ३२०, ३२ ; आदि-आदि में मिलता है। पद्य में **लहु** रूप शुद्ध है (मृच्छ० ९९, २४ ; वेणी० ३३, १३)। — करणकारक के विषय में यह ध्यान देने योग्य है कि महा० में **पइणा** = **पत्या** (हाल) होता है, जैसा कि पाया जाता है, महा० में **गहवइणा** रूप है (हाल १७२) ; अ०माग० में **गहावइणा** मिलता है (उवास० § ६) = **गृहपतिना** ; माग० में **बहिणीपदिणा** = **भगिनीपतिना** है (मृच्छ० ११३,१९)। **अक्षि** का करणकारक महा० में **अच्छिणा** है, जो = **अक्ष्णा** (गउड० ३२) ; **दधिका** शौर० में **सदहिणा** पाया जाता है जो = **सदध्ना** है (मृच्छ० ६९, ३)। इसके अनुसार यह आशा करनी चाहिए थी कि **अट्ठिणा** = **अस्थ्ना**, **मुट्ठिणा** = **मुष्टिना** और **लेठ्ठुणा** = **लेष्टुना** होगा, किंतु अ० माग० में **अट्ठीण**, **मुट्ठीण** और **लेठ्ठूण** रूप काम में लाये गये हैं जिनमें पृष्ठाधार ध्वनि बलहीन अव्यय **वा** से पहले **आ** ह्रस्व कर दिया गया है और मूल शब्द का अंतिम स्वर दीर्घ कर दिया गया है ; यह इन रूपों के पहले और पश्चात् अंत में **-एन** लगा कर बननेवाले करणकारकों की नकल पर बनाये गये हैं अर्थात् इनके साथ **दण्डेण वा अट्ठीण वा मुट्ठीण वा लेठ्ठूण वा कवालेण वा** रूप में ये करणकारक आये हैं (आयार० २, १, ३, ४ ; सूय० ६४७ ; ६९२ ; ८६३ ; [यहां हिंदी के संबंध में एक बात ध्यान देने योग्य यह है कि इस प्रकार के प्रयोगों का फल यह भी हुआ है कि **अस्थि** का रूप **अट्ठि** और स्वभावतः **हड्डि** होना चाहिए था जो उक्त प्रकार से **अट्ठी** (ण) बन गया और बाद को **हड्डी** रूप में हमारे पास पहुंचा। **हड्डी** रूप की **अस्थिक** = **अट्ठिअ** = **हड्डी** प्रक्रिया भी हो सकती है। **मुट्ठी** की प्रक्रिया भी इसी प्रकार की है। कुमाउनी में इन शब्दों का उच्चारण अभी तक ह्रस्व बना हुआ है। उसमें **हड्डि** और **मुट्ठि** रूपों का चलन है। इससे निर्देश मिलता है अधिक संभावना **-एन** की नकल पर इन शब्दों में दीर्घत्व का आगमन हुआ है। —अनु०]) । इस प्रकार के दूसरे शब्दों की समानता पर बने रूपों के विषय में § ३५५ ; ३५८ ; ३६४ ; ३६७ ; ३७५, ३८६ और अप० में करणकारक के रूप **अग्गिण**, **अग्गिं** और **वाउं** के लिए § १४६ देखिए। अपादानकारक के निम्नलिखित रूप उदाहरण और प्रमाण

रूप में मिलते हैं : महा० में उअहीउ = उदकेः है (गउड० ५६ और ४७०); अ०माग० में कुच्छीओ = कुक्षेः (कप्प० § २१ और १२); दहीओ = दध्नः है (सूय० ५९४; पाठ में दहिओ है); जै०शौर० में हिंसाईदो = हिंसादे है (पव० ३८६, ४; पाठ में हिंसातीदो है); जै०माग० में कम्मग्गिणो = कर्माग्नेः (आव०एर्त्से० १९, १६); अ०माग० में इक्खूओ = इक्षोः (सूय० ५९४; पाठ में इक्खूतो है); जै०महा० में सूरीहिंतो रूप आया है (कालक, अध्याय दो ५०९, ४); अप० में गिरिहे रूप पाया जाता है (हेच० ४, ३४१, १)। — महा०, अ०माग० और जै०महा० में सम्बन्धकारक के अग्गिणो की भाँति के रूप होते हैं अर्थात् ये वे रूप हैं जो संस्कृत में नपुंसकलिंग में आते हैं किन्तु स्पष्ट ही -नान्त वर्ग (अर्थात् वे नपुंसक शब्द हैं जिनके अन्त में न् आता है) से ले लिये गये हैं जो -नान्त वर्ग -इ -वर्ग से घुलमिल गया है (§ ४०५) और अग्गिस्स रूप है जो अ- वर्ग की समानता पर बना लिया गया है। ये दोनों रूप एक दूसरे के पास-पास में काम में लाये जाते हैं ; उ- वर्ग की भी वही दशा है, जै०शौर० में भी : महा० में गिरिणो रूप मिलता है (गउड० १४१) तथा महा० और अ०माग० में गिरिस्स भी चलता है (गउड० ५१० ; सूय० ३१२); महा० में उअहिणो आया है (रावण० ५, १०) और उअहिस्स भी पाया जाता है (रावण० ४,४३ और ६०)। ये दोनों रूप = उदधेः हैं ; महा० में रविणो आया है (गउड० ५० और २७२ ; हाल २८४) और इसके साथ साथ रविस्स तथा रइस्स रूप भी पाये जाते हैं (रावण० ४, ३० ; कर्पूर० २५, १३) = रवेः हैं ; महा० में पइणो (हाल ५४ ; ५५ और २९७) आया है और पइस्स भी काम मे आता है (हाल ३८ और २००) = पत्युः हैं ; महा० में पसुवइणो = पशुपतेः (हाल १) और पआवइणो = प्रजापतेः है (हाल ९६९); भुअंगवइणो = भुजंगपतेः (गउड० १५५); नरवइणो = नरपतेः है (गउड० ४१३) [यह -णो लगा कर संबंधवाचक रूप गुजराती भाषा में वर्तमान है। गुजराती में रणछोडलाल का भाई = रणछोडलालनो भाई है। प्रयागजीभाई की मा = प्रयागजीभाईनी बा रूप चलते हैं। —अनु०]; किंतु अ०माग० और जै०महा० में गाहावइस्स = गृहपतेः (सूय० ८४६ ; विवाह० ४३५ और उसके बाद ; १२०७ और उसके बाद ; उवास० § ४ ; ६ ; ८ ; ११ ; कप्प० § १२० ; आव०एर्त्से० ७, ७ ; अ०माग० में मुणिस्स = मुनेः (आयार० २, १६ ; ५ ; सूय० १३२); इसिस्स = ऋषेः (उत्तर० ३६३ ; निरया० ५१); रायरिसिस्स = राजर्षेः (विवाह० ९१५ और उसके बाद ; नायाध० ६०० ; ६०५ ; ६११ ; ६१३); सारहिस्स = सारथेः (उत्तर० ६६८); अन्धग-वण्हिस्स (अंत० ३) और अन्धगवण्हिणो (उत्तर० ६७८ ; दस० ६१३,३३) = अन्धकवृष्णेः ; अग्गिस्स है (विवाह० ९०९ ; दस०नि० ६५४, ६ ; निरया० ५०); जै०महा० में पञ्चालाहिवइणो = पञ्चालाधिपतेः (एर्त्से० ८, ८); हरिणो = हरेः (आव०एर्त्से० ३६,३० ; ३७,४९) ; नाभिस्स = नाभेः (आव० एर्त्से० ४८, १३ और १४) है। — महा० में पहुणो (गउड० ८४७ ; १००६ ;

१०६५) और **पहुस्स** (हाल २४३) = **प्रभोः** हैं ; अ०माग० में **भिक्खुणो** (आयर० १, ५, ४, १ ; २, १६, ८ ; सूय० १३३ और १४४ ; उत्तर० २८४) और अ० माग० तथा जै०महा० में **भिक्खुस्स** रूप बहुत ही अधिक काम में आता है (आयार० १, ७, ५, १ और उसके बाद ; पव० ३८७, १९) ; अ०माग० में **उसुस्स** = **इषोः** (विवाह० १३८८) ; **मच्चुस्स** = **मृत्योः** (पण्हा० ४०१) ; **साहुस्स** = **साधोः** (उत्तर० ४१८ और ५७१) ; **वत्थुस्स** = **वस्तुतः** (पण्हा० ३९८) है ; जै०महा० में **बन्धुस्स** = **बन्धोः** है (सगर ८, ५) ; महा० में **विण्हुणो** = **विष्णोः** (गउड० १६) ; **चण्डंसुणो** = **चण्डांशोः** (कर्पूर० ३५, ७) और **अम्बुणो** = **अम्बुनः** है (गउड० ११९६) । शौर० और माग० के गद्य में **–स्स** लगाकर बननेवाला संबंध-कारक काम में नहीं लाया जाता : शौर० में **रापसिणो** = **राजर्षेः** (शकु० २१, ४ ; ५०, १ ; १३०, १ ; विक्रमो० ७, २ ; २२, १६ ; २३, १४ ; ३६, ८ ; ८०, ४ ; उत्तररा० १०६,१० ; ११३,१ ; प्रसन्न० ४६,९ ; अनर्घ० १११,१३) ; **विहिणो** = **विधेः** है (विक्रमो० ५२,१८ ; मालती० ३६१,१०) ; **सहस्सस्सिणो** = **सहस्ररश्मेः** है (प्रबोध० १४, १७ ; वेणी० २५,६) ; **पआवदिणो** = **प्रजापतेः** (रत्ना० ३०६, २ ; मालती० ६५, ६) ; **उदरंभरिणो** = **उदरंभरेः** है (जीवा० ४३, १५) ; **दासरहिणो** = **दासरथेः** (महावीर० ५२, १८ ; अनर्घ० १५७,१०) ; **गुरुणो** = **गुरोः** है (शकु० २२, १३ ; १५८, ३ ; विक्रमो० ८३, १ ; अनर्घ० २६७, १२) ; **मुहमहुणो** = **मुखमधोः** (शकु० १०८, १) ; **अधम्मभीरुणो** = **अधर्मभीरोः** है (शकु० १२९, १६) ; **विक्कमबाहुणो** = **विक्रमबाहोः** (रत्ना० ३२२, ३३) ; **सत्तुणो** = **शत्रोः** है (वेणी० ६२, ३ ; ९९, १९ ; जीवा० १९, ९) ; **पहुणो** = **प्रभोः** (प्रबोध० १८, १ ; जीवा० ९, १) ; **इन्दुणो** = **इन्दोः** है (जीवा० १९, १०) ; **महुणो** = **मधुनः** (हास्या० ४३,२३) है ; माग० में **लापशिणो** = **राजर्षेः** (वेणी० ३४, १) ; **शत्तुणो** = **शत्रोः** (शकु० ११८, २) है । माग० पद्य में **विश्शावशुश्श** = **विश्वावसोः** है (मृच्छ० ११,९) । **दधि** का संबंधकारक रूप महा० में **दहिणो** आया है (कर्पूर० १५, १) । पल्लवदानपत्रों में इन रूपों के लिए § ३७७ देखिए । — जैसा –अ– वर्ग के लिए वैसा ही अन्य वर्गों के लिए अप० में संबंधकारक के अंत में वही विभक्ति मानी जानी चाहिए जो अपादानकारक के काम में आती है, इसलिए इस प्रकार के रूप बनेंगे जैसे, **गिरिहें**, **तरुहें** आदि । — महा०, जै०महा० और जै०शौर० में अधिकरणकारक **म्मि** लगाकर बनाया जाता है और जै०महा० में इसके स्थान में **ंमि** का भी प्रयोग किया जाता है : महा० में **पइम्मि** = **पत्यौ** (हाल ३२४ और ८४९) ; **जलहिम्मि** = **जलधौ** ; **गिरिम्मि** = **गिरौ** और **असिम्मि** = **असौ** है (गउड० १४६ ; १५३, २२२) ; **उअहिम्मि** = **उदधौ** और **जलणिहिम्मि** = **जलनिधौ** है (रावण० २, ३९ ; ७, २ ; ७ और १२ ; ५, १) ; जै०महा० में **गिरिंमि** (कक्कुक शिलालेख १७), **विहिम्मि** = **विधौ** और **उयहिंमि** = **उदधौ** है (सागर ७, १ ; ९, १) । अ०माग० में **–सि** लगाकर बननेवाला रूप ही साधारणतः काम में आता है :

कुच्छिंसि = कुक्षौ (आयार० २, १५, २ और उसके बाद ; विवाह० १२७४ ; कप्प०) ; **पाणिंसि = पाणौ** (आयार० २, १, ११, ५ ; २, ७, १, ५ ; विवाह० ११७१ ; कप्प० एस. (S) २९) और **राईसि = रात्रौ है** (आयार० २, १, १,२) । इनके साथ-साथ अ०माग० में निम्नलिखित वाक्यांश भी पाया जाता है : **तंमि रायरिसिंमि नमिंमि अभिनिक्खमन्तंमि = तस्मिन् राजर्षौ नमाव् अभिनिष्क्रामति** (उत्तर० २७९) ; **अग्गिंमि** और **अग्गिमालिंमि** रूप मिलते हैं (विवाह० ४१७) ; **अगणिम्मि** भी पाया जाता है (दस ६२०, २४) और **सहस्सरस्सिंमि** तो बार-बार आता है (§ ३६६ अ) । उ- वर्ग के भी इसी भाँति के रूप होते हैं : महा० में **पहुम्मि = प्रभौ** (गउड० २१०) और **सेउम्मि = सेतौ** है (रावण० ८, ९३) ; जै०महा० में **मेरुमि** रूप आया है (तीर्थ० ५, ३) ; जै० शौर० में **साहुम्मि = साधौ है** (कत्तिगे० ३९९, ३१५ ; हस्तलिपि में **साहम्मि** है) ; अ०माग० में **लेलुंसि = लेष्टौ** है (आयार० २, ५, १, २१) ; **बाहुंसि** और **उरुंसि = बाहौ** और **उरौ** है (दस० ६१७, १२) ; **उउंमि = ऋतौ** (ठाणंग० ५२७ ; पाठ में **उडुंमि**) है । **राओ = रात्रौ** की समानता पर (§ ३८६) अ०माग० में **धिंसु** रूप भी मिलता है जो ***धिंसो = ध्रंसे** के स्थान में आया है (§ १०५ ; सूय० २४९ ; उत्तर० ५८ और १०९)। यह रूप पद्य में पाया जाता है। माग० पद्य में **केदुम्मि = केतौ** रूप देखने में आता है (मुद्रा० १७६, ४) । शौर० में **वत्थुम्मि = वस्तुनि** का प्रयोग मिलता है (बाल० १२२, ११ ; धूर्त० ९, १०) । मार्कंडेय पन्ना ६९ के अनुसार [९, ६३ छपा संस्करण । —अनु०] शौर० में शुद्ध रूप **अग्गिम्मि** और **वाउम्मि** हैं । — अप० में अधिकरणकारक की विभक्ति **-हिँ** है जो **अस्मिन्** के : **कलिहिँ = कलौ** ; **अग्गिहिँ = अग्नौ** ; **संधिहिँ = संधौ** (हेच० ४, ३४१, ३ ; ३५७, २ ; ४३०, ३) है ; **आइहिँ = आदौ** (पिंगल १, ८५ और १४२) है । अप० में उ- वर्ग के उदाहरण मुझे नहीं मिल पाये हैं ; हेमचन्द्र ४, ३४१ में बताता है कि इ- और उ- वर्गों के लिए अधिकरणकारक में **-हि** विभक्ति लगायी जानी चाहिए । — सम्बोधनकारक में ह्रस्व के साथ-साथ दीर्घ स्वर भी पाया जाता है (§ ७१) : महा० में **गहवइ** (हाल २९७) किन्तु अ०माग० में **गाहावई** (आयार० १, ७, २, २ ; ३, ३ ; ५, २ ; २,१,३,१६) = **गृहपते** ; अ०माग० में **मुणी = मुने** (आयार० १, ६, १, ४ ; उत्तर० ७१३ ; ७१४ ; ७१९) है ; अ०माग० और जै०महा० में **महामुणी** रूप पाया जाता है (सूय० ४१९ ; कालका० अध्याय दो ५०५, २५) ; अ०माग० में **महरिसी = महर्षे** (सूय० १८२) ; अ०माग० में **सुबुद्धी = सुबुद्धे** (नायाध० ९९७ ; ९९८ ; १००३) और अ०माग० में **जम्बू = जम्बो** है (उवास० ; नायाध० और अन्य बहुत से स्थानों में) । वररुचि ५, २७ में दीर्घ स्वर का निषेध करता है, इस कारण अधिकांश स्थलों पर केवल ह्रस्व स्वर पाया जाता है : महा० में **खविअसव्वरि = क्षपितशार्वरीक** और **विणवइ = विनपते** है (हाल ६५५) ; महा० में **पवंगवइ = प्रवंगपते** है (रावण० ८, १९) ; जै० महा० में **पावविहि = पापविधे** (सगर ७, १५) और **सुरवइ = सुरपते** है

(कालका० २७६, १९) ; अ०माग० में **मुणि** रूप पाया जाता है (सूय० २९९) ; अ०माग० में **भिक्खु** = **भिक्षो** है (सूय० २४५ और ३०१) ; महा० और जै०-महा० में **पहु** = **प्रभो** (गउड० ७१७ ; ७१९ ; ७३६ ; रावण० १५, ९० ; कालका २६९, ३५) ; शौर० में **रापसि** = **राजर्षे** है (उत्तररा० १२५, ८)। शौर० में **जडाओ** = **जटायो** है (उत्तररा० ७०, ५), पर यह अशुद्ध पाठान्तर है।

§ ३८०—महा०, अ०माग० और जै०महा० में कर्त्ताकारक बहुवचन के रूप **अग्गिणो** और **अग्गी** तथा **वाउणो** और **वाउ** साथ-साथ और एक दूसरे के पास-पास काम में आते हैं : महा० में **कइणो** = **कवयः** (गउड० ६२) और **कई** = **कपयः** है (रावण० ६, ५९ ; ८३) ; **गिरिणो** (गउड० ११४) और **गिरी** (गउड० ४५० ; रावण० ६, ३४ ; ६०) = **गिरयः** है ; **रिउणो** (गउड० ११९५) और **रिउ** (गउड० २४५ और ७२१) = **रिपवः** है ; **पहुणो** (गउड० ८५८ ; ८६१ ; ८७३ ; ८८० ; ९८४) और **पहू** (गउड० ८६८) = **प्रभवः** है ; अ०माग० में **अमुणी** और इसके साथ-साथ **मुणिणो** = **अमुनयः** तथा **मुनयः** है (आयार० १, ३, १, १,) ; ***गीयरईणो*** = ***गीतरतयः*** है। *इसके साथ-साथ* ***गीय-नच्चणरई*** = **गीतनृत्यरतयः** है (ओव० § ३५) ; **णाणारुई** = **नानारुचयः** है (सूय० ७८१) ; **इसिणो** = **ऋषयः** और इसके साथ साथ **मुणी** = **मुनयः** है (उत्तर० ३६७) ; ***इयम्-आई गोण-म्-आई गय-म्-आई सीह-म्-आइणो*** वाक्यांश पाया जाता है (§ ३५३ ; उत्तर० १०७५) ; **विन्नू** = **विज्ञाः** (§ १०५ ; आयार० १, ४, ३, १), **गुरु** = **गुरवः** (आयार० १, ५, १, १) और **पसू** = **पशवः** (आयार० २, ३, ३, ३) है। **अपसू** रूप भी पाया जाता है (सूय० ६०१) ; **उऊ** = **ऋतवः** (सम० ९७ ; विवाह० ७९८ ; अणुओग० ४३२) ; **धाउणो** = **धातवः** (सूय० ३७) है ; जै०महा० मे **सूरिणो** = **सूरयः** (कालका० २६४, ४१ ; २६७, ४१ ; २७०, ६ ; ३६ ; ४२ आदि-आदि), **साहुणो** = **साधवः** (आव०एर्त्से० ९, २२ ; २६, ३६ ; २७, ७ ; ४६, ३ और ९ ; कालका० २७४, ३६) और **साहू** (तीर्थ० ४, २०) भी उसी अर्थ में आया है ; **गुरुणो** = **गुरवः** है (कालका० २७१, ६ ; २७४, २८ और ३६)। अ०माग० में कर्त्ताकारक बहुवचन के रूप में शब्द के अन्त में **-इ** और **-उ** लग कर बने हुए शब्दों की भरमार है। कुछ शब्द तो ऐसे हैं जिनमे अपवादहीन रूप से अन्त में ये ही विभक्तियाँ आती हैं जैसे, **ऊरू** में (उवास० § ९४; सूय० ६३९ और बार-बार यह रूप आया है ; महा० में भी गउड० ४८९ में यही रूप आया है)। इसमें हमें प्राचीन द्विवचन नहीं मानना चाहिए। इसकी उतनी ही कम सम्भावना है जितनी अ०माग० रूप **पाणी** में (कप्प० एस. (S) § ४१), अ०माग० में **इन्दग्गी** = **इन्द्राग्नी** (ठाणंग० ८२), अ०माग० में **दो वाऊ** = **द्वौ वायू** (ठाणंग० ८२) ; महा० में **बाहू** = **बाहू** (गउड० ४२८) है। ऊपर दिये गये रूपों के अतिरिक्त उक्त तीन प्राकृत भाषाओं में अन्य रूप बहुत कम मिलते हैं। इस प्रकार : अ०माग० में **नायओ** = **ज्ञातयः** (सूय० १७४ ; १७९ ; ६२८ ; ६३५) ; **अनायओ** रूप भी

आया है (सूय० ६२८) ; अ०माग० में रागद्दोसादयो = रागद्वेषादयः है (उत्तर० ७०७) ; जै०महा० में भवसादयो रूप पाया जाता है (एर्त्से० १७, २८) ; अ०-माग० में रिसओ = ऋषयः है (ओव० § ५६, पेज ६१, २९) ; जै०महा० में महरिसओ रूप आया है (एर्त्से० ३,१४); अ०माग० में –प्पभियओ = प्रभृतयः है (ओव० § ३८, पेज ४९, ३२ ; ७३ यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस ग्रन्थ में अन्यत्र भी यह शब्द देखिए) ; अ०माग० में जन्तवो रूप आया है (पद्य में है ! आयार० १, ६, १, ४ ; उत्तर० ७१२ ; ७९८ ; ७९९ ; सूय० १०५), इसके साथ-साथ जन्तुणो रूप भी मिलता है (आयार० २, १६, १) ; अ०माग० में साहवो = साधवः है (उत्तर० २०८) । बहु (= बहुत) का कर्त्ताकारक बहुवचन का रूप अ०माग० में सदा बहवे होता है (§ ३४५ ; आयार० १, ८, ३, ३ ; ५ और १० ; २, १, ४, १ और ५ ; २, ५, २, ७ ; २, १५, ८ ; सूय० ८५२ ; ९१६ ; उत्तर० १५८ ; १६९ ; उवास० ; नायाध० ; कप्प० आदि आदि) । जै०महा० में भी यह रूप आया है (एर्त्से० १७, २८), किन्तु यह अशुद्ध है । इस स्थान में बहवो होना चाहिए (एर्त्से० ३८, २४) अथवा बहू होना चाहिए (एर्त्से० ३८, २१) । शौर० में जिन शब्दों के अन्त में –ई और –ऊ आता है और जो अपना कर्त्ताकारक बहुवचन अ–वर्ग की नकल या समानता पर बनाते हैं, काम में नहीं लाये जाते । इ–वर्ग के संज्ञाशब्द अपना कर्त्ताकारक बहुवचन स्त्रीलिंग शब्दोंकी भाँति बनाते हैं जो कुछ तो शब्द के अन्त में –ईओ लगा कर बनाये जाते है जैसे, इसीओ = ऋषयः, गिरीओ= गिरयः है (शकु० ६१, ११ ; ९८, ८ ; ९९, १२ ; १२६, १५) ; रिसीओ = ऋषय (मृच्छ० ३२६, १४) है ; और कुछ के अन्त में –णो लगता है जैसे, कइणो = कपयः है (बाल० २३८, ५) ; महेसिणो = महर्षयः है (बाल० २६८, १) ; इसिणो = ऋषयः है (उन्मत्त० ३, ७) ; चिन्तामणिपहुदिणो = चिन्तामणिप्रभृतयः है (जीवा० ९५, १) । शौर० में उ–वर्ग में शब्द के अन्त में –णो लग कर बननेवाले रूपों के जैसे, पंगुणो = पंगवः (जीवा० ८७, १३) ; बालतरुणो = बालतरवः (कर्पूर० ६२, ३) ; तरुणो (कर्पूर० ६७, १) ; बिन्दुणो (मल्लिका० ८३, १५) के साथ-साथ बिन्दओ = बिन्दवः (मृच्छ० ७४, २१) के समान रूप भी पाये जाते हैं । बंधू = बंधवः (शकु० १०१, १३) शौर० रूप नहीं है प्रत्युत महा० है । माग० प्राकृत के साहित्य में से केवल एक शब्द दीहगोमाओ जो *दीहगोमाअओ से निकला है (§ १६५) = दीर्घगोमायवः एक पद में आया हुआ मिलता है (मृच्छ० १६८, २०) अन्यथा इ– और उ– वर्ग के उदाहरण नाम को भी नहीं मिलते ।

§ ३८१—वर० ने ५,१४ में बताया है कि कर्मकारक में अग्गिणो और वाउणो की भाँति के रूप ही काम में लाये जा सकते हैं । प्राकृत बोलियों में किन्तु वे सभी रूप इसके लिए काम में लाये जाते हैं जो कर्त्ताकारक के काम में आते हैं : महा० में पइणो = पतीन् है (हाल ७०५) ; जै०महा० में सूरिणो = सूरीन् (कालका० २६७, ३८ ; २७०, २) ; अ०माग० में महेसिणो = महर्षीन् है (आयार० १,

५, ५, १); किन्तु अ०माग० में **मित्तनाई** = **मित्रज्ञातीन्** (उवास० § ६९ ; ९२; **मित्तनाई** के स्थान में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) है ; **मल्लई** और **लेच्छई** = **मल्लकीन्** और **लिच्छवीन्** है (विवाह० ४९० और उसके बाद ; निरया० § २५) ; **नायओ** = **ज्ञातीन्** (आयार० १, ६, ४, ३ ; सूय० ३७८ [पाठ में **णाइओ** है]) ; अ०माग में **पसवो** = **पशून्** है (सूय० ४१४) ; जै०महा० में **गुरुणो** = **गुरून्** है (कालका० २६९, ३५) ; जै०महा० में **साहुणो** = **साधून्** (कालका० २७१, १५) है ; अ०माग० में **बाहू** = **बाहू** (सूय० २२२ ; २८६) है ; अ०माग० में **सत्तू** = **शत्रून्** (कप्प० § ११४) ; अ०माग० मे **बहू** = **बहून्** (आयार० १, ६, १, ४ ; उत्तर० २१६) । इसके साथ साथ **बहवे** रूप भी चलता है जैसा कर्त्ताकारक मे होता है (आयार० २, २, २, ८ और ९ ; उवास० § ११९ और १८४) । इन सभी रूपों के साथ साथ पल्लवदानपत्र का **वसुधाधि-पतये** भी है । — नपुसकलिंग, *जिसके कर्त्ता– और कर्मकारक एक समान होते हैं,* के उदाहरण नीचे दिये जाते हैं : महा० में **अच्छीइं** = **अक्षिणी** (हेच० १, ३३ ; २, २१७ ; गउड० ४४ ; हाल ४० ; ५४), **अच्छीइँ** रूप भी पाया जाता है (हाल ३१४) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **अच्छीणि** रूप मिलता है (हाल ३१४ को मार्क० पन्ना ४४ में उद्धृत किया हुआ है ; इस ग्रन्थ में अन्यत्र भी यह शब्द देखिए और उसकी तुलना कीजिए ; आयार० २, २, १, ७ ; उवास० § ९४ ; आव०एर्त्से० ८, २० ; ३०, ४) ; अ०माग० में **अच्छी** देखने में आता है (विवाग० ११) । शौर० में भी यह रूप मिलता किन्तु अशुद्ध है (जीवा० ८९, ३) ; अ०माग० में **अट्ठीणि** = **अस्थीनि** (सूय० ५९०) है ; अ०माग० में **सालीणि** = **शालीन्** (आयार० २, १०, १०) ; **वीहणि** = **व्रीहीन्** (आयार० २, १०, १० ; सूय० ६८२) और **दरीणि** = **दरीः** है (आयार० २, १०, ११) ; जै०महा० में **आईणि** = **आदीनि** (कालका० २७४, ४) है ; जै०शौर० में **आदीणि** रूप पाया जाता है (पव० ३८४, ४८) ; महा० में **अंसूइं** = **अश्रूणि** (गउड० ११० ; १२०८) है ; **पण्हूइं** = **पण्हूनि** है (गउड० ३८४ ; ५७७) और इसके साथ-साथ **पण्हूइं** रूप भी चलता है (गउड० ; ४६२) ; **बिन्दूइं** = **बिन्दून्** है (गउड० २२३) ; अ०माग० में **मंसूइं** = **श्मश्रूणि** है (उवास० § ९४) । इसके साथ-साथ **मंसूणि** रूप भी काम में आता है (आयार० १,८,३,११) ; **दारूणि** भी मिलता है (सूय० २४७) ; **पाणूणि** = **प्राणान्** (अणुओग० ४३२ ; विवाह० ४२३) ; **कंगूणि** = **कंगवः** है (सूय० ६८२) ; **मिलक्खूणि** = ***म्लैच्छाम्मिनि** (आयार० २, ३, १, ८) ; अप० में **अंसू** रूप पाया जाता है (पिंगल १, ६१) । वररुचि ५, २६ के अनुसार केवल **दहीइं**, **महूइं** जैसे रूप ही काम में लाये जाते हैं । क्रमदीश्वर ३, २८ में बताता है कि **दहीइँ** काम में आता है । करण–, संबंध– और अधिकरणकारकों के अंत में लगनेवाली विभक्तियों के लिए § १७८ और १५० लागू होते ; § ३६८ ; ३७० और ३७१ की भी तुलना कीजिए । करणकारक के उदाहरण नीचे दिये जाते हैं : महा० में **कईहि**ँ और **कईहि** = **कविभिः** (गउड० ८४ और ८८) और साथ ही = **कपिभिः**

भी है (रावण० ६, ६४ ; ७८ और ९४) ; अ०माग० में किमीहिं = कृमिभिः है (सूय० २७८) ; जै०महा० में आईहिं = आदिभिः है (आव०एर्त्से० ७, १२) ; शौर० में इसीहिं = ऋषिभिः है (शकु० ७०, ६) ; माग० में -प्पहुदीहिं = -प्रभृतिभिः है (शकु० ११४,२) ; महा० में अच्छीहिं, अच्छीहिँ और अच्छीहि रूप मिलते हैं (हाल ३३८ ; ३४१ ; ४५७ ; ५०२) ; शौर० में अच्छीहिं होता है (विक्रमो० ४८,१५ ; रत्ना० ३१९,१८) ; माग० में अक्खीहिं पाया जाता है (मृच्छ० १२०, १३ ; १५१, २२) = अक्षिभ्याम् है ; महा० में रिऊहिं = रिपुभिः (हाल ४७१ ; गउड० ७१८) ; महा० में सिसुहिँ = शिशुभिः (गउड० १०४६) है ; अ०माग० में वग्गूहिं = वग्नुभिः है (विवाह० ९४६ ; नायाध० § २५ और ७९ ; पेज ३०२ ; ७३६ ; ७५७ ; ११०७ ; राय० २६६ और उसके बाद ; उत्तर० ३०० ; ठाणंग० ५२७ ; ओव० § ५३ और १८१ ; कप्प०) ; अ०माग० में ऊरूहिं = ऊरुभ्याम् है (ठाणंग० ४०१) ; शौर० में गुरूहिं = गुरुभिः (हास्या० ४०, १७) ; शौर० में बिन्दूहिं = बिन्दुभिः (वेणी० ६६, २१ ; नागा० २४, १३ ; कर्पूर० ७२, १) है। — महा० रूप अच्छीहिंतो = अक्षिभ्याम् (गउड० २२३) में अपादान-कारक वर्तमान है ; जै०महा० रूप उज्जाणाईहिंतो = उद्यानादिभ्यः (द्वार० ४९८, २०) और अ०माग० रूप कामिड्ढीहिंतो = कामर्द्धेः में भी अपादानकारक है (पूर्ण बहुवचन ; कप्प० टी. एच. (T. H.) § ११)। जैसा अ- वर्ग में होता है वैसे ही इ- और उ- वर्ग में भी करणकारक का उपयोग अपादानकारक की भांति होता है : सन्ति एगेहिं भिक्खूहिं गारत्था संजमुत्तरा = सन्त्य् एकेभ्यो भिक्षुभ्यो गृहस्थाः संयमोत्तराः है (उत्तर० २०८)। — अप० में तरुहुँ = तरुभ्यः (हेच० ४,३४१) वास्तव में तरुहु है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि यह = अधिकरण के जिससे अपादानकारक घुलमिल गया है और जिसके साथ हेमचंद्र ४, ३४० के अनुसार संबंधकारक भी उसमें मिल गया है ; फिर भी इस स्थान में अधिक उपयुक्त यह ज्ञात होता है कि इसे अधिकरणकारक माना जाय जब बिहुँ = द्वयोः (हेच० ४, ३८३, १) सब बातों को ध्यान में रखते हुए संबंधकारक के रूप में आया है। — संबंधकारक के उदाहरण नीचे दिये जाते हैं : महा० में कईणं = कवीनाम् (हाल ८६) ; कईण = कपीनाम् (रावण० ६, ८४) है ; गिरीण रूप भी पाया जाता है (गउड० १३७ ; ४४९ ; रावण० ६, ८१) ; अ०माग० में धम्मसारहीणं = धर्मसारथीनाम् है (ओव० § २० ; कप्प० § १६) ; छंद की मात्राएं ठीक बैठाने के लिए इसीण = ऋषीणाम् है (सूय० ३१७) और इसिँणं भी इसके स्थान में आया है (उत्तर० ३७५ और ३७७) ; उदहिण = उदधीनाम् है (सूय० ३१६) और वीहीणं = व्रीहीणाम् है (विवाह० ४२१) ; जै०शौर० में जदीणं = यतीनाम् (पव० ३८५, ६३) और अईणं = आदीनाम् है (कत्तिगे० ४०१, ३४०) ; शौर० में महीवदीणं = महीपतीनाम् (ललित० ५५५, १४) और अच्छीणं = अक्ष्णोः है (विक्रमो० ४३, १५ ; नागा० ११, ९) ; महा० में उच्छूणं = इक्षूणाम् (हाल ७४०) ; रिऊण = रिपूणाम् (गउड० १०६ ; १६६ ; २३७) और तरूण =

तरूणाम् है (गउड० १४०) ; अ०माग० में **भिक्खूण = भिक्षूणाम्** (आयार० १, ७, ७, २) ; **सव्वण्णूणं = सर्वज्ञानाम्** (ओव० § २०) और **मिलक्खूणं = म्लेच्छानाम्** है (सूय० ८१७) ; माग० मे **बाहूण = बाह्वोः** (यह पद्य में आया है ; मृच्छ० १२९, २) और **पहूणं = प्रभूणाम्** है (कंस० ५०, ४) ; जै०शौर० में **साहूणं = साधूनाम्** है (पव० ३७९, ४) । अप० में संबंधकारक बनाने के लिए शब्द के अंत में **-हुँ** लगता है जो = **-साम्** के और यह चिह्न सर्वनामों का है : **सउणिहुँ = शकुनीनाम्** (हेच० ४, ३४०) है ; **-हुँ** के विषय मे ऊपर लिखा गया है। — निम्नलिखित रूपों में अधिकरणकारक पाया जाता है ; उदाहरणार्थ, महा० में **गिरीसु** रूप पाया जाता है (गउड० १३८) ; महा० और अ०माग० में **अच्छीसु** मिलता है (हाल १३२ ; आयार० २, ३, २, ५) ; शौर० मे **अच्छीसुं** रूप है (शकु० ३०, ५) ; महा० मे **रिऊसु = रिपुसु** है (गउड० २४१) ; जै०शौर० पद्य में **आदिसु = आदिषु** है (पव० ३८३, ६९) ; अ०माग० में **ऊऊसु = ऋतुषु** है (नायाध० ३४४) ; शौर० में **ऊरूसु = ऊर्वोः** है (बाल० २३८, ७ ; पाठ में **ऊरुसु** है) । अप० का **दुहुँ** रूप ***दुण्हु** का समानांतर है (स्त्रीलिंग ; हेच० ४, ३४०) जब **तिहि**ँ (हेच० ४, ३४७) वास्तव में = **त्रिभिः** के है अर्थात् = अ-वर्ग के करणकारक के (§ ३७१) । — नीचे दिये शब्दों में संबोधनकारक वर्तमान है : जै०महा० में **सुयलगुणनिहिणो = सकलगुणनिधयः** है (सगर ७, १२) ; अ०माग० मे **जन्तवो** रूप है (सूय० ३३५ ; ४२४), **भिक्खवो** भी पाया जाता है (सूय० १५७ ; पाठ में **भिक्खुवो** है) । जै०महा० **गुरुओ** (कालका० अध्याय तीन, ५१३, २२) के स्थान मे **गुरूओ** पढ़ा जाना चाहिए । अप० के विषय में § ३७२ देखिए ।

§ ३८२—अ०माग० में **बहु** के बहुवचन रूप जो पुलिंग में काम में लाये जाते हैं वे अधिकांश स्थलों पर स्त्रीलिंग में भी काम में आते हैं : **बहवे पाणजाइ = बहवः प्राणजातयः** (आयार० १, ८, १, २) है ; **बहवे साहम्मिणीओ = बह्वीः *साधर्मिणीः** (आयार० २, १, १, ११ ; २, २, १, २ ; २, ५, १, २ ; २, १०, २) है ; **बहवे देवा य देवीओ य** वाक्यांश मिलता है (आयार० २, १५, ८) ; **बहवे खुड्डाखुड्डियाओ वावीओ = बह्वयः क्षुद्राक्षुद्रिका वाप्यः** है (जीवा० ४७६); **बहूणं समणा णं बहूणं समणीणं बहूणं सावयाणं बहूणं सावियाणं बहूणं देवाणं बहूणं देवीणं** पाया जाता है (कप्प० एस. (S) § ६४ ; नायाध० ४९८ ; ५१८ ; ६१५ ; ६५४ ; विवाह० २४२) ; **बहूहिं आघवणाहि य पण्णवणाहि य विण्णवणाहि सण्णवणाहि य = बह्वीभिर् *आख्यापनाभिश् च *प्रज्ञापनाभिश् च *विज्ञापनाभिश् च संज्ञापनाभिश् च** (नायाध० § १४३ ; पेज ५३९ और ८८९ ; उवास० § २२२ ; विवाह० ८१४) है ; **बहूहिं खुज्जाहिं = बह्वीभिः कुब्जाभिः** है (निरया० § ४ ; विवाह० ७९१ ; नायाध० § ११७ ; पेज ८३२ और ८३७ ; विवाग० २२६) ; **बहूसु वावीसु = बह्वीषु वापीषु** (नायाध० ९१५) है ; **बहूसु विज्जाइरिसु =**

बहुरिसु विज्जाहरीसु (नायाध० १२७५ ; टीका में यह वाक्यांश आया है ; पाठ में बहुसु विज्जासु है) है । ओववाइयसुत्त § ८ की भी तुलना कीजिए । जो संस्कृत रूप रह गये हैं जैसे, गिरिसु और वग्गुहिं उनके विषय में § ९९ देखिए । महा० और अ०माग० में अ– वर्ग में जो उ– वर्ग की रूपावली आ गयी है उसके लिए § १०५ देखिए । अ०माग० में सकहाओ = सक्थीनि के विषय में § ३५८ देखिए ।

§ ३८३—हेमचन्द्र ३, ४३ ; मार्कंडेय पन्ना ४२ और ४३ तथा सिंहराजगणिन् पन्ना १२ के अनुसार –ई और –ऊ में समाप्त होनेवाले रूपावली बनने से पहले ह्रस्व हो जाते हैं और तब –इ और –उ के कर्त्ताकारक की भाँति उनके रूप किये जाते हैं । इसके अनुसार गामणी = ग्रामणीः कर्त्ताकारक है । इसका कर्मकारक गामणिम् ; करण गामणिना ; सम्बन्ध गामणिणो और गामणिस्स तथा सम्बोधन गामणि होता है । कर्त्ताकारक खलपू = खलपूः है ; कर्मकारक खलपु है ; करण खलपुणा ; सम्बन्ध खलपुणो और सम्बोधन खलपु है (हेच० ३, २४ ; ४२ ; ४३ ; १२४) । सिंहराजगणिन् ने कर्त्ताकारक बहुवचन के ये रूप भी दिये हैं ; खलवउ, खलवओ, खलवुणो और खलवू । प्राप्त उदाहरण ये हैं : महा० में गामणी और गामणिणो = ग्रामणीः तथा ग्रामण्यः है (हाल ४४९ ; ६३३) ; गामणीणं (रावण० ७, ६०) ; जै०महा० में असोगसिरी और असोगसिरिणो = अशोकश्री तथा अशोकश्रियः है (आव०एर्से० ८, २ और ३२) ; शौर० में चन्दसिरिणो और चन्दसिरिणा = चन्द्रश्रियः तथा चन्द्रश्रिया है (मुद्रा० ३९, ३ ; ५६, ८ ; २२७, २ और ७) ; शौर० में माहवसिरिणो = माधवश्रियः है (मालती० २११, १) ; शौर० में अग्गाणी = अग्रणीः (मृच्छ० ४, २३ ; ३२७, १) है । सअंभुं और सअंभुणा = स्वयंभुवम् तथा स्वयंभुवः (गउड० १, ८१३) है , सअंभुणो, सअंभुस्स और सअंभुणा (मार्क० पन्ना ४२) का सम्बन्ध स्वयंभू अथवा स्वयंभु से हो सकता है ।

(आ) स्त्रीलिंग

§ ३८४—प्राकृत भाषाओं में कहीं-कहीं इक्के-दुक्के और वे भी पद्यों में –इ तथा –उ वर्ग के स्त्रीलिंग के रूप पाये जाते हैं जैसे, भूमिसु और सुत्तिसु (§ ९९) । अन्यथा –इ और –उ वर्ग के स्त्रीलिंग जिनके साथ –ई और –ऊ वर्ग के शब्द भी मिल गये हैं, एक वर्णवालों और अनेक वर्णवालों में बाँटे गये हैं । इनकी रूपावली –आ में समाप्त होनेवाले इन स्त्रीलिंग शब्दों से प्रायः पूर्ण रूप से मिलती है जिनका वर्णन § ३७४ और उसके बाद किया गया है और इनकी विभक्तियों के विषय में वही नियम चलते हैं जो वहाँ दिये गये हैं । विस्तार में ध्यान देने योग्य बातें नीचे दी गयी हैं ।

§ ३८५—करण–, अपादान–, सम्बन्ध– और अधिकरण–कारक एकवचन के रूप व्याकरणकारों ने निम्नलिखित दिये हैं : णई = नदी के रूप ये हैं, णईइ , णईए, णईअ, णईआ (भाम० ५, २२ ; क्रम० ३, २६ ; मार्क० पन्ना ४३) ; रुइ = रुचि

के, **रुईआ**, **रुईइ**, **रुईए** रूप मिलते हैं (सिंहराज० पन्ना १५) ; **बुद्धि** के रूप हैं, **बुद्धीअ**, **बुद्धीआ**, **बुद्धीइ** और **बुद्धीए** ; **सही** = **सखी** के रूप हैं, **सहीअ**, **सहीआ**, **सहीइ** और **सहीए** ; **धेणु** = **धेनु** के रूप हैं, **धेणूअ**, **धेणूआ**, **धेणूइ** और **धेणूए** ; **वहू** = वधू के रूप हैं, **वहूअ**, **वहूआ**, **वहूइ** और **वहूए** (हेच० ३, २९)। उक्त रूपों में से **–ईआ** और **–ऊआ** के प्रमाण प्रस्तुत नही किये जा सकते और **–ईइ** तथा **–ऊइ** के प्रमाण भी पाठों में नाममात्र के हैं : महा० में **णईइ** = **नद्याः** (गउड० १०००) है ; अ०माग० में **महीइ** = **मह्याः** (सूय० ३१२)। इस ग्रन्थ में यह रूप बहुधा **–ईएँ** के स्थान में शुद्ध आया है जैसे, गउडवहो १३९ ; ८६० और ९२२ मे है। **गब्भिणीइ** = **गर्भिण्याः** के स्थान में जो हाल १६६ मे आया है, वेबर ने इधर ठीक ही इसे **गब्भिणीअ** पढा है। पाठों मे जहाँ-जहाँ **–ईए** और **–ऊए** रूप आये हैं वहाँ-वहाँ छंद में ह्रस्व मात्रा की आवश्यकता है, जैसे, **महीएँ**, **सिरीएँ**, **तरुणीएँ**, **पवित्थरणीएँ**, **णअरीएँ**, **णिवसिरीएँ**, **लच्छीएँ** आदि आदि (गउड० ११२ ; २१२ ; २४७ ; २६८ ; ५०१ ; ९२८) ; **वहूए** (हाल ८७४ ; ९८१) रूप **–ईअ** अथवा **–ईइ** और **–ऊअ** अथवा **–ऊइ** में समाप्त होनेवाले माने जाने चाहिए जैसा कि वेबर ने हाल ६९ संशोधन किया है और हाल[1] पेज ४० में संगृहीत उदाहरणों की हस्तलिपियों ने भी पुष्टि की है। हाल ८६ में एक रूप **हसंन्तीइ** आया है और इसके साथ-साथ इसी ग्रन्थ में **हसंतीअ** और **हसंतीए** रूप भी पाये जाते हैं (इण्डिशे स्टुडीएन १६, ५३ की भी तुलना कीजिए)। **वहूए** के स्थान में (हाल ८७४ और ९८१) काव्यप्रकाश की शारदा लिपि मे लिखी गयी हस्तलिपियाँ ८७४ की टीका में **वहूओ** और **वहूअ** रूप लिखती हैं तथा ९८१ की टीका में **वहूई** और **वहूइ** रूप देती है अर्थात् यह रूप **वहूअ** अथवा **वहूइ** लिखा जाना चाहिए जैसा कि हाल ७८६ ; ८४० और ८७४ में भी होना चाहिए। हाल ४५७ ; ६०८ ; ६३५ और ६४८ में **वहूअ** रूप आया है। ग्रंथ में कहीं-कहीं इन स्थानों में **वहूए** अथवा **वहूए** रूप भी मिलते है। § ३७५ की भी तुलना कीजिए। **–इअ–** और **–उअ–** वाले रूप भी ठीक जैसी दशा **–ईइ–** और **–ऊइ–** वाले रूपों की है, केवल पद्य तक सीमित हैं, किन्तु महा० में **–इ** और **–ई** वर्गों में इस रूप की भरमार है : एक। **वन्दीअ** = **वन्द्या** ; **वाहीअ** = **व्याध्या** और **ललिअंगुलीअ** = **ललितांगुल्या** है (हाल ११८ ; १२१ ; ४५८) ; **आहिजाईआ** = **अभिजात्या** ; **रायसिरीअ** = **राजश्रिया** ; **दिट्ठीअ** = **दृष्ट्या** ; **ठिईअ** = **स्थित्या** और **आणईअ** = **ज्ञानक्या** (रावण० १, ११ ; १३ और ४५ ; ४, ४३ ; ६, ६) ; **सिप्पीअ** = **शुक्त्या** ; **मुट्ठीअ** = **मुष्ट्या** और **वेवीअ** = **वेव्या** (कर्पूर० २, ४ ; २९, ४ ; ४८, १४) है ; सम्बन्धकारक में **कोडीअ** = **कोटेः** ; **घरिणीअ** = **गृहिण्याः** और **गिरिणई** = **गिरिनद्याः** है (हाल ३ ; ११ ; १४ और ३७); **घणरिद्धीअ सिरीअ अ सलिलुप्पण्णाइ वारुणीअ अ** = **घनर्द्ध्याः श्रियश् च सलिलोत्पन्नाया वारुण्याश् च** है (रावण० २, १७) ; **धरणीअ** = **धरण्याः** (रावण० २, २, ७, २८) है ; **सरस्सईअ** = **सरस्वत्याः** और **कडीअ** = **कटेः** (कर्पूर० १, १ ;

५१, ३) ; अधिकरण में **पाणउडीअ = प्राणकुट्याम्** है (हाल २२७ ; इसके अर्थ के लिए पाइय० १०५ तथा देशी० ६, ३८ की तुलना कीजिए ; [देशी० ६, ३८ में पाण का अर्थ श्वपच है । इस दृष्टि से **पाणउडी = श्वपचकुटी** हुआ । —अनु०]) ; दाक्षि० में **णअरीअ = नगर्याम्** है (मृच्छ० १००, २) । अपादानकारक के उदाहरण नहीं पाये जाते । अप० को छोड़ अन्य प्राकृत बोलियों में **-ईए** और **-ऊए** लग कर बननेवाला केवल एक ही रूप है जो एकमात्र चंड० ने १, ९ में बताया है किन्तु जो रूप अपादानकारक में कहीं न मिलने से प्रमाणित नहीं किया जा सकता । करणकारक के रूप ये हैं : **भणतीए = भणन्त्या** (हाल १२३) ; अ०माग० में **गईए** मिलता है, शौर० रूप **गदीए** है = **गत्या** (कप्प० § ५ ; शकु० ७२, ११) ; माग० में **शत्तीए = शक्त्या** (मृच्छ० २९, २०) है ; पै० में **भगवतीए = भगवत्या** है (हेच० ४, ३२३) ; सम्बन्धकारक में **लच्छीए = लक्ष्म्याः** (गउड० ६८) है ; अ०माग० में **नागसिरीए माहणीए = नागश्रिया ब्राह्मण्याः** (नायाध० ११५१) है ; शौर० में **रअणावलीए = रत्नावल्याः** है (मृच्छ० ८८, २१) ; माग० में **मज्जालीए = मार्जार्या** है (मृच्छ० १७, ७) ; अधिकरण में **पअवीए = पदव्याम्** है (हाल १०७) ; अ०माग० में **वाणारसीए णयरीए = वाराणस्या नगर्याम्** है (अत० ६३ ; निरया० ०३ और ४५ ; विवाग० १३६ ; १४८ और १४९ ; विवाह० २८४ और उसके बाद ; नायाध० १५१६ और १५२८) । अ०माग० और जै०महा० में **अडवीए = अटव्याम्** है (नायाध० ११३७ ; एर्त्से० १, ४ ; १३, ३० ; २१, २१) ; शौर० में **मसाणवीधीए = श्मशानवीथ्याम्** है (मृच्छ० ७२, ८) ; माग० में **धलणीए = धरण्याम्** है (मृच्छ० १७०, १६) । यह रूप **-इएँ** ह्रस्व रूप में अप० में भी पाया जाता है : करणकारक में **मरगअकन्तिएँ = मरकतकान्त्या** ; सम्बन्धकारक में **गणन्तिएँ = गणन्त्याः** और **रत्तिएँ = रत्त्याः** है (हेच० ४, ३४९ ; ३३३ और ४४६) ।

§ ३८६—करणकारक में क्रियाविशेषण रूप से प्रयुक्त शौर० रूप **दिट्ठिआ = दृष्ट्या** में (उदाहरणार्थ मृच्छ० ६८, २ ; ७४, ११ ; विक्रमो० १०, २० ; २६, १५ ; ४९, ४ आदि-आदि) **-आ** में समाप्त होनेवाला एक प्राचीन करणकारक सुरक्षित है । पिंगल के अप० में **-ई** में समाप्त होनेवाला एक करणकारक पाया जाता है : **कित्ती = कीर्त्या** (१, ६५ अ, २, ६६) ; **भत्ती = भक्त्या** है (२, ६७) और इसी प्रकार का शब्द **एअवीसत्ती** है जो **एअवीसत्ता** के स्थान में आया है (एस० गौल्दश्मित्त ने यह रूप **एअवीसत्ति** दिया है) = **एकविंशत्या** पढ़ा जाना चाहिए (१, १४२) । — अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **-ईए** लग कर बननेवाले संप्रदानकारक के विषय में § ३६१ देखिए । — अपादानकारक में अप० को छोड़ जिसमें हेच० ४, ३५० के अनुसार सम्बन्धकारक के समान ही समाप्तिसूचक है लगता है, **-ईओ** और **-ऊओ** चिह्न भी जोड़े जाते हैं तथा जै०शौर०, शौर० और माग० शब्दों के अंत में **-ईदो** और **-ऊदो** भी आते हैं : अ०माग० में **अरईओ = अरतितः** है (सूय० ६५४ ; ओव० § १२३) ; **कोसिओ = कोश्याः**

है (सूय० ५९३) ; णयरीओ = नगर्याः है (निरया० § १९ ; पेज ४४ और ४५; नायाध० ११३५) ; पोक्खरिणीओ = पुष्करिण्याः और चोरपल्लीओ = चोरपल्ल्याः है (नायाध० १०६० ; १४२७ ; १४२९) ; गंगासिन्धूओ = गंगासिन्धोः है (ठाणग० ५४४ ; विवाह० ४८२ और उसके बाद) ; शौर० में अडईदो = अटव्याः (शकु० ३५, ८) है ; उज्जइणीदो = उज्जयिन्याः (रत्ना० ३२१, २२ ; ३२२, ९) ; सचीदो = शच्याः है (विक्रमो० ४४, ८) ; माग० में णअलीदो = नगर्याः है (मृच्छ० १५९, १३)। — जैसा अ- वर्ग में होता है (§ ३७५) अप० में भी सम्बन्धकारक बनाने के लिए शब्द के अन्त में -हें लगता है जो स्वरों से पहले ह्रस्व कर दिया जाता है : जोअन्तिहें = पश्यन्त्याः ; मेल-न्तिहें = मुञ्चन्त्याः, गोरिहें = गौर्याः ; तुच्छिणिहें = तुच्छिण्याः है (हेच० ४, ३३२, २ ; ३७०, ४ ; ३९५, १ ; ४२७, १) ; कंगुहें = कंगोः है (हेच० ४, ३६७, ४)। — अ०माग० में अधिकरणकारक में बहुधा राओ = रात्रौ पाया जाता है जो अकेले में भी मिलता है (आयार० १, ८, २, ६ ; सूय० २४७ ; २५५; ५१९ ; नायाध० ३०० और ३७४) और वाक्य के भीतर अन्य शब्दों के साथ भी आता है जैसे, अहो यह राओ (आयार० १, २, १, १ और २ ; २ ; १, ४, १, ३ ; सूय० २९९ ; ४१२ ; ४८५ ; उत्तर० ४३०) अथवा अहो यह राओ य = अहश् च रात्रौ च है (पण्हा० ३७३)। राओ वा वियाले वा वाक्यांश आया है (आयार० २, १, ३, २ ; २, २, ३, २ और २३ [कलकतिया सस्करण पेज १२६ के अनुसार यही पाठ शुद्ध है]), दिया य राओ य = दिवा च रात्रौ च है (आयार० १, ६, ३, ३ ; ४, १ ; उत्तर० ८४७), दिया वा राओ वा भी पाया जाता है (सूय० ८४६ ; दस० ६१६, १३)। कभी-कभी अ०माग० में पुलिंग और नपुंसकलिंग के समाप्तिसूचक चिह्न स्त्रीलिंग शब्दों में भी अपना लिये गये हैं। पिट्ठी से सबधित पिट्ठिंसि रूप है (§ ५३ ; नायाध० ९४०) ; भिंत्तिंसि = भित्तौ (आयार० २,५,१,२१) है ; रायहाणिंसि = राजधान्याम् है (आयार० २, १, २, ६ ; २, १, ३, ४ ; २, ३, १, २)। § ३५५ ; ३५८ ; ३६४ ; ३६७ ; ३७५ और ३७९ की तुलना कीजिए। शौर० में रत्तिम्मि = रात्रौ है (जीवा० ९, २३ ; १७, २३ ; मल्लिका० २२६, ४) ; भूमिम्मि = भूमौ है (मल्लिका० ३३७,२१)। अप० में अधिकरणकारक में शब्द के अंत में -हिं लगता है जो = °याम् के : महिहिं = मह्याम् ; ऋद्धिहिं = ऋद्धौ ; सल्लइहिं = शल्-क्याम् ; वाणारसिहिं = वाराणस्याम् और उज्जेणिहिं = उज्जयिन्यां (हेच० ४, ३५२ ; ४१८, ८ ; ४२२, ९ ; ४४२, १) ; णइहिं = नद्याम् (पिंगल १, ५अ)। पिंगल की अप० में इ- वर्ग में अधिकरणकारक शब्द के अंत में -ई और इसके ह्रस्व रूप -इ लगाकर बनता है : पुहवी = पृथिव्याम् है (१, १२१ ; पाठ में पुहमी है) ; धरणी = धरण्याम् है (१, १३७अ) ; पुहवि = पृथिव्याम् (१, १३२अ) और महि = मह्याम् है (१, १४३अ)। शब्द के अंत में -इ और -उ लगाकर संबोधनकारक बनता है : महा० में माहवि = माधवि ; भइरवि = भैरवि ;

देवि = देवि है (गउड० २८५ ; २८७ ; २९० ; ३३१), थोरत्थणि = स्थूलस्तनि (हाल ९२५) ; शौर० में भअवदि भाईरधि = भगवति भागीरथि (बाल० १६३, १० ; प्रसन्न० ८३, ४) ; जै०महा० और शौर० में पुत्ति = पुत्रि है (आव०एर्से० १२, ११ और १७ ; बाल० १६५, ३ ; १७४, ८) ; शौर० में सहि मालदि = सखि मालति है (मालती० ९४, २) ; माग० में वुड्ढकुट्टणि = वृद्धकुट्टनि है (मृच्छ० १४१, २५ ; १५२, २२) ; कच्चाइणि = कात्यायनि है (चंड० ६९, १) ; महा० में वेवन्तोरु = वेपमानोरु (हाल ५२) और सुअणु = सुतनु है (गउड० १८६ ; हाल) ; करिअरोरु = करिकरोरु (हाल ९२५) ; माग० में प्लुति होती है जैसे, बाशू है (मृच्छ० १२७, ७) ।

§ ३८७— कर्त्ता-, कर्म- और संबोधनकारक शब्द के अंत में -ईओ और -ऊओ लगते हैं जो पद्य में -ईउ और -ऊउ रूप में परिवर्तित हो जाते हैं : कर्त्ता- महा० में कत्तीओ = कृत्तयः (हाल ९५१) और रिद्धीओ = ऋद्धयः है (गउड० ९२) ; लुम्बीओ = *लुम्ब्यः (हाल ३२२) ; णईओ = नद्यः और णअरीओ = नगर्यः है (गउड० ३६० ; ४०३); अ०माग० में महाणईओ = महानद्यः (ठाणंग० ७६ ; ७७ और ७९) ; हिरण्णकोडीओ = हिरण्यकोट्यः (उवास० § ४) है ; इत्थीओ = स्त्रियः (ठाणंग० १२१) है ; महा० मे तरुणीउ = तरुण्यः है (गउड० ११३ ; हाल ५४६); जै०महा० में पलवन्तीओ...अवरोहजुवईओ = प्रलपन्त्यः... अवरोधयुवतयः (सगर ४,१३) ; वसहीओ = वसतयः (तीर्थ० ४,२२) है ; गीदीओ = गीतयः (महावीर० १२१, ७) है ; महुअरीओ = मधुकर्यः है (मृच्छ० २९, ५ और ७ ; ७०, २) ; आइदीओ = आकृतयः है (शकु० १३२, ६) ; पइदीओ = प्रकृतयः (विक्रमो० ७३, १२ ; मुद्रा० ३९, १ ; ५६, ८) है। अप० मे अंगुलिउ = अंगुल्यः (हेच० ४, ३३३) है, इसमें ह्रस्व स्वर आया है जो पद्य में है और छंद की मात्राएं ठीक करने के लिए काम मे लाया गया है। अन्य प्राकृत बोलियों में भी ऐसा होता है (§ ९९) । महा० मे कुलवहूओ = कुलवध्वः है (हाल ४५९) ; अ०माग० में सुरवधूओ भी आया है (ओव० § [३८]) ; रज्जूओ = रज्जवः है (जीवा० ५०३) । — कर्मकारक में : महा० में सहिरीओ = सहनशीलः है (हाल ४७) । अ०माग० मे बल्लीओ = वल्लीः (आयार० २, ३, २, १५) है ; ओसहीओ = ओषधीः है (आयार० २, ४, २, १६ ; सूय० ७२७ ; दस० ६२८, ३३) ; सवत्तीओ = सपत्नीः (उवास० § २३९) ; सयग्घीओ = शतघ्नीः (उत्तर० २८५) है । जै०महा० में गोणीओ रूप पाया जाता है (आव० एर्से० ७, १०) । शौर० में भअवदीओ = भगवतीः (शकु० ७९,१३) है ; अप० में विलासिणीउ = विलासिनीः और -इ के साथ सल्लइउ = शल्लकीः है (हेच० ४, ३८७, १) । अ०माग० में बहूओ चोरविज्जाओ = बह्वीश्चोरविद्याः है (नायाध० १४२१) किंतु इसके साथ-साथ में बहवे साहम्मिणीओ = बह्वीः *साधर्मिणीः भी देखने में आता है (§ ३८२) । — संबोधनकारक में जै०महा० में भयवईओ देवयाओ = भगवत्यो देवताः (द्वार० ५०३,२५) है ; महा० और

शौर० में **सहीओ = सख्यः** है (हाल १३१ ; ६११ ; शकु० १२, १ ; ९०, ८ ; चैतन्य० ७३, ३ ; ८३, १२ आदि-आदि) ; शौर० में **भोदीओ = भवत्यः** (विद्ध० १२१,१) ; **भअवदीओ = भगवत्यः** है (उत्तररा० १९७,१० ; अनर्घ० ३००, १); महा० में **सहीउ** रूप पाया जाता है (हाल ४१२ और ७४३)। अप० में संबोधन-कारक रूप के अंत में **–हों** लगता है : **तरुणिहों = तरुण्यः** (हेच० ४, ३४६)। हेमचंद्र ने ३, २७ और १२४ मे शब्द के अंत में **–ई** और **–ऊ** लगकर बननेवाले जो रूप बताये है उनके उदाहरण और प्रमाण मिलते हैं : कर्त्ताकारक महा० में **असइ-ज्जह = असत्यः स्मः** (हाल ४१७) है ; संबोधनकारक महा० मे **पिअसही = प्रियसख्यः** (हाल ९०३) है ; कर्मकारक अ०माग० में **इत्थी = स्त्रीः** (पद्य में ! ; उत्तर० २५३) है। अन्य शेष बहुवचन कारकों के लिए थोड़े-से उदाहरण पर्याप्त हैं : करणकारक महा० और शौर० मे **सहीहिं = सखीभिः** है (हाल १४४ ; शकु० १६७, ९) ; महा० मे **विट्ठीहिं** रूप मिलता है (गउड० ७५२) ; **सहीहिँ** और साथ साथ **सहीहि** रूप आये हैं (हाल १५ ; ६० ; ६९ ; ८१० ; ८४०) ; जै० शौर० में **धूलीहिं** रूप देखने मे आता है (पव० ३८४, ६०) ; अ०माग० में **चिलाईहिं वायणीहिं वडभीहिं बब्बरीहिं...दमलीहिं सिंहलीहिं... = किरातीभिर् वामनीभिर् वडभीभिर् बर्बरीभिर् द्रवडीभिः सिंहलीभिः** है (ओव० § ५५) ; शौर० में **अंगुलीहिं = अंगुलीभिः** (मृच्छ० ६,७ ; शकु० १२, १) है। आयारंगसुत्त १, २, ४, ३ मे **थीभि = स्त्रीभिः** है ; अप० में **पुप्फवईहिं = पुष्पवतीभिः** है (हेच० ४, ४३८, ३) और ह्रस्व स्वर के साथ : **असइहिँ = असतीभिः** ; **दें न्तिहिँ = ददतीभिः** (हेच० ४, ३९६, १ ; ४१९, ५) है। — सम्बन्धकारक महा० में **सहीण = सखीनाम्** (हाल ४८२) है ; **थुईण = स्तुतीनाम्** (गउड० ८२) है ; **तरुणीणं** रूप भी पाया जाता है (हाल ५४५) ; हाल १७४ की तुलना कीजिए ; अ०माग० मे **सवत्तीणं = सपत्नीनाम्** (उवास० § २३८ ; २३९) ; महा० और शौर० मे **कामिणीणं** रूप पाया जाता है (हाल ५६९ ; मृच्छ० ७१, २२) ; महा० मे **बहूणं = बंधूनाम्** है (गउड० ११५८ ; हाल ५२६ ; रावण० ९, ७१ और ९३) और साथ ही **बहूण** रूप भी पाया जाता है (रावण० ९, ४० और ९६ ; १५, ७८)। अधिकरणकारक महा० में **राईसु = रात्रिषु** है (हाल ४५) ; **गिरिअडीसु = गिरितटीषु** है (गउड० ३७४) ; अ०माग० मे **इत्थीसु = स्त्रीषु** है (आयार० २, १६, ७ ; सूय० ४०५ और ४०१) ; जै०महा० मे **कुजोणीसु = कुयोनिषु** (सगर ११, ४) हैं ; महा० और अ०माग० में **वावीसु = वापीषु** है (गउड० १६६ ; नायाध० ९१५) ; महा० में **–स्थालीसुं** रूप पाया जाता है (गउड० २५६) और इसके साथ ही **–स्थालीसु** रूप भी मिलता है (गउड० ३५० और ४२१) = **–स्थलीषु** है ; शौर० में **वनणराईसुं = वनराजिषु** है (शकु० २९, ४ ; उत्तररा० २२, ११ ; पाठ में **वणराइसु** है) ; **देवीसुं** भी देखने में आता है (शकु० १४१, ९)। अप० में अधिकरण– और करण–कारक एकाकार हो गये हैं : **दिसिहिँ = *दिशीषु =**

त्रिषु किंतु साथ साथ दुहुँ = द्वयोः है (हेच० ४, ३४० ; § ३८१ की तुलना कीजिए)।

§ ३८८—पल्लवदानपत्रों में केवल अधिकरणकारक एकवचन पाया जाता है। आपिट्ठीयं (६, ३७) अर्थात् आपिट्ठियं = आपिट्ठ्याम् है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि यह पाली का रूप है। — शब्द के अंत में -इ, -उ, -ई और -ऊ लगाकर बननेवाले स्त्रीलिंग रूप जब एक समास के अंत में आते हैं तब वे स्वभावतः संस्कृत के समान ही पुलिंग अथवा नपुंसकलिंग के समासिसूचक चिह्न जोड़ लेते हैं जब कि उनका संबंध पुलिंग या नपुंसकलिंग से होता है। इसके अनुसार : महा० में करेण व पञ्चंगुलिणा आया है (गउड० १७) ; महा० में ससिअलासुत्तिणा...कवालेण = शशिकलाशुक्तिना...कपालेन (गउड० ४०) भी पाया जाता है ; शौर० में मए मन्दबुद्धिणा = मया मन्दबुद्धिना (शकु० १२६, १०) देखने में आता है ; शौर० में मोहिदमदिणा = मोहितमतिना है और णीदिणिउणबुद्धिणा = नीतिनिपुणबुद्धिना है (मुद्रा० २२८, १ ; २६१,१) ; शौर० में उज्जुमदिणो = ऋजुमतेः है (प्रबन्ध० ४६, ९)। इसे माग० के मुस्टीए मुस्टिणा = मुष्टामुष्टि, विशेषतः = मुष्ट्या मुष्टिना है (मृच्छ० १७०, १५)।

शब्द के अंत में -ऋ वाला वर्ग

§ ३८९—संस्कृत में जो भेद विशुद्ध कर्त्ताकारक तथा सगे-संबंधियों को व्यक्त करनेवाले शब्दों में किया जाता है वह प्राकृत में सुरक्षित बना रह गया है। संस्कृत के समान ही ध्वनिवाले रूप प्राकृत बोलियों में केवल कर्त्ता- और कर्मकारक एकवचन तथा कर्त्ताकारक बहुवचन में रह गये हैं। अन्यथा ऋ के इ अथवा उ में ध्वनिपरिवर्तन के साथ साथ (§ ५० और उसके बाद) ऋ- वर्ग इ- अथवा साधारणतया उ- वर्ग में चला गया है अथवा कर्मकारक एकवचन का वर्ग नये रूप में सामने आता है और जिसकी रूपावली अ- वर्ग की भांति चलती है : पिइ-, पिउ- और पिअर = पितृ-; भट्टि-, भत्तु- और भत्तार- रूप हैं। सगे-संबंधियों को व्यक्त करनेवाले शब्दों की रूपावली भी आ- वर्ग की भांति चलती है। इस रूपावली का सूत्रपात कर्त्ताकारक एकवचन में हुआ : माआ-, माई-, माऊ- और माअरा रूप हैं [इन रूपों में से माई हिंदी में वर्तमान है और माअरा से बना मैड़ो, मयाड़ो रूप कुमाउनी में चलते हैं तथा माऊ से मौ निकला है जो संयुक्त शब्द मौ-परिवार में मिलता है। इसका अर्थ है मा- और परिवार। इस शब्दके पीछे कुमाऊं के खसों और अन्य अनेक वर्णों का इतिहास छिपा है। —अनु०]। इस कारण व्याकरणकार (वर० ५, ३१—३५ ; हेच० ३, ४४—४८ ; क्रम० ३, ३०—३४ ; मार्क० पन्ना ४४ ; सिंहराज० पन्ना १३ ; १६ ; १८) ऋ- वर्ग के लिए वही रूपावली देते हैं जो अ- वर्ग की होती है और इस दृष्टि से ही आ- वर्ग और उ- वर्ग में चलनेवाले रूप देते हैं जिनमें से अब तक सभी के उदाहरण और प्रमाण नहीं पाये गये है। जिन रूपों के प्रमाण और उदाहरण मिलते हैं वे इस रूपावलीका निम्नलिखित चित्र सामने रखते हैं।

§ ३९०—विशुद्ध कर्त्ता—**भत्तु = भर्तृ** ।

एकवचन

कर्त्ता—**भत्ता** ; अ०माग० में **भत्तारे** भी है ; जै०महा० में **भत्तारो** भी है।
कर्म—**भत्तारं** ; माग० में **भत्तालं** ।
संबंध—**भत्तुणो** ; अ०माग० में **भत्तारस्स** भी है।
अधिकरण—जै०महा० और शौर० में **भत्तारे** ।
संबोधन—**भत्ता** ।

बहुवचन

कर्त्ता—महा० और अ०माग० में **भत्तारो** ; अ०माग० में **भत्ता** भी होता है।
करण—अ०माग० में **भत्तारेहिं** ।
अधिकरण—अ०माग० में **भत्तारेसु** ।
सम्बोधन—अ०माग० में **भत्तारो** ।

'स्वामी' के अर्थ में **भर्तृ** शब्द शौर० में **इ**- वर्ग में चला गया है (§ ५५ और २८९) और इस ध्वनिपरिवर्तन के कारण इसकी रूपावली नीचे दी जाती है : शौर० में कर्त्ता — **भट्टा** (ललित ५६३, २३ ; रत्ना० २९३, ३२ ; २९४, ११ आदि-आदि) ; कर्म— **भट्टारं** (मालवि० ४५, १६ ; ५९, ३ ; ६०, १०) ; करण— **भट्टिणा** (शकु० ११६, १२ ; ११७, ११ ; मालवि० ६, २ और ९ ; ८, ७) ; सम्बन्ध— **भट्टिणो** (शकु० ४३, १० ; ११७, ७ ; मालवि० ६, २२ ; ४०, १८ ; ४१, ९ और १७ ; मुद्रा० ५४, २ ; १४९, २) ; सम्बोधन— **भट्टा** (रत्ना० ३०५, १७ और २३ : शकु० १४४, १४) । यह रूप ढक्की में भी पाया जाता है (मृच्छ० ३४, ११ और १७) । —इक्के-दुक्के कारकों के उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं : कर्त्ता—अ०माग० में **णेया = नेता** है (सूय० ५१९ ; पाठ में **णेता** है) ; **कण्ठच्छेत्ता** रूप पाया जाता है (उत्तर० ६३३) ; जै०महा० में **दाया = दाता** है (एर्त्से० ५८, ३०) ; महा०, जै०महा० और शौर० में **भत्ता** मिलता है (कर्पूर० ४३, ४ ; आव०एर्त्से० ११, २ ; एर्त्से० ; मृच्छ० ४, ४ और ५) ; जै०शौर० में **णादा = ज्ञाता** और **झादा = ध्याता** है (पव० ३८२, ४२ ; ३८६, ७०); **कत्ता = कर्त्ता** है (पव० ३८४, ३६ ; ५८ और ६०) ; शौर० में **सासिदा = शासिता, दाता = दाता** है (कालेय० २४, १६ ; २५, २२) ; शौर० में **रक्खिदा = रक्षिता** है (शकु० ५२,५ ; मुकुन्द० १५,५) ; अ०माग० में **उदगदायारे** [पाठ में **उदगदातारो** है] = **उदकदाता** है (ओव० § ८६) ; अ०माग० में **भत्तारे** रूप पाया जाता है (नायाध० १२३०) ; अ०माग० में **उवदंसेत्तारे** [पाठ में **उवदंसेत्तारो** है] = **उपदर्शयिता** (सूय० ५९३) है ; जै०महा० में **भत्तारो = भर्त्ता** है (आव०एर्त्से० १२, ५ ; १२ ; १६ और १७ ; एर्त्से० ६, ३६ ; ८५, २२) । — कर्म— महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **भत्तारं** रूप पाया जाता है (हाल ३९० ; सम० ८४ ; एर्त्से० ; मालती० २४०, २) ; माग० में **भट्टालं** आया है

(वेणी० १३, ८); अ०माग० में **उदगदायारं** = **उदकदातारम्** (ओव० § ८५); **पसत्थारं नेयारं** = **प्रशास्तारं नेतारम्** (सम० ८४) और **सत्थारं** = **शास्तारम्** है (आयार० १, ६, ४, १); अ०माग० और जै०शौर० में **कत्तारं** = **कर्तारम्** है (उत्तर० ४१२ ; पव० ३७९, १)। — सम्बन्ध — महा०, जै० महा० और शौर० में **भत्तुणो** रूप पाया जाता है (कर्पूर० ७, १ ; एर्त्से० ४१, २३ ; शकु० ८१, १० ; विक्रमो० ५२, १४ ; ८२,६ और १६ ; ८८, १४ आदि-आदि) ; अ०माग० में **उदगदायारस्स** = **उदकदातुः** (ओव० § ८५)। — शौर० में अधिकरणकारक का रूप **भत्तरि** (शकु० १०९, १०) इसी ग्रन्थ में अन्यत्र आये हुए रूप के अनुसार **भत्तारे** पढ़ा जाना चाहिए। यही रूप हेमचन्द्र ३, ४५ में सिखाता है और जै०महा० में भी यह रूप वर्तमान है (आव०एर्त्से० २३, ५)। काश्मीरी संस्करण को (१०५, १५) **भट्टरि** पाठभेद, देवनागरी संस्करण का पाठभेद **भत्तुणि** और द्राविड़ी संस्करण का पाठभेद **भत्तुम्मि** अशुद्ध हैं (बोएटलिंक का संस्करण ७०, १२; मद्रासी संस्करण २४८, ६)। द्राविड़ी संस्करण की हस्तलिखित प्रतियाँ **भत्तुम्मि, भट्टरि, भत्तरि** तथा **भत्तंमि** के बीच में डावाडोल है। सम्बोधन— **भट्टा** है। इससे पहले इसका जो उल्लेख किया गया है वह भी देखिए। — बहुवचन : कर्त्ता— महा० में **सोआरो** = **श्रोतारः** (वज्जालग्ग ३२५, १७) ; अ०माग० में **पसत्थारो** = **प्रशास्तारः** (सूय० ५८५ ; ओव० § २३ और ३८) और **उववत्तारो** = **उपपत्तारः** है (सूय० ६९९ ; ७६६ ; ७७१ ; विवाह० १७९ ; ५०८ ; ६१० ; ओव० § ५६ ; ६९ और उसके बाद) ; **अक्खायारो, आगन्तारो** और **णेयारो** और [पाठ में **णेतारो** है] **पसत्थारो** रूप देखने में आते हैं जो = **आख्यातारः, आगन्तारः, नेतारः** और ***प्रशास्तारः** है (सूय० ८१ ; ४३९ ; ४७० ; ६०३) ; अ०माग० में **गन्ता** = **गन्तारः** है (सूय० १५०) ; **सविया** = **सवितारौ** और **तट्ठा** = **त्वष्टारौ** है (ठाणंग० ८२)। अ०माग० में **भयंतारो** का उक्त रूपों से ही सम्बन्ध है, यह ओववाइयसुत्त § ५६ में **भयन्तारो**[1] रूप में दिखाई देता है और कर्त्ताकारक एकवचन (आयार० २, १, ११, ११ ; २, २, २, ६—१४ ; २, ५, २, ३ ; सूय० ५६२ ; ७६६ ; ओव० § ५६ और १२९) और सम्बोधन में भी (आयार० २, १, ४, ५ ; सूय० २३९ ; ५८५ ; ६०३ ; ६३० ; ६३५) काम में लाया जाता है। इसका अर्थ = **भवन्त** : अथवा **भगवन्तः** है। टीकाकार उक्त शब्द का अर्थ अन्य पर्यायों के साथ साथ इन शब्दों को भी देते हैं तथा यह सर्वनाम रूप से काम में आनेवाला कृदंत रूप **भवन्त** से ठीक उसी प्रकार निकाला गया है जैसे, सम्बोधन का रूप **आउसन्तारो** = **आयुष्मन्तः** है (आयार० २, ४, १, ९ ; यहाँ पर इसका प्रयोग एकवचन में किया गया है) और **आयुष्मंत** से निकाला गया है। इसका सम्बन्धकारक का रूप **भयन्ताराणं** भी पाया जाता है (आयार० २, २, २, १० ; सूय० ६३५)। करणकारक में **दायारेहिं** भी मिलता है जो = **दातृभिः** (कप्प० § ११२)। —अधिकरण में **आगन्तारेसु**[1] = **आगन्तृषु** (आयार० २, ७, १, २ ; ४ और ५ ; २, ७, २, १ ; ७ और ८) और **दायारेसु** = **दातृषु** है (आयार० २, १५, ११

और १७)। — सिंहराज० पन्ना १८ के अनुसार नपुंसकलिंग की रूपावली या तो मूल शब्द को अ- वर्ग बनाकर, उदाहरणार्थ कत्तार- से चलती है या मूल शब्द को उ-वर्ग में परिणत करके चलती है, उदाहरणार्थ कत्तु-से।

१. लीयमान, औपपत्तिकसूत्र में यह शब्द देखिए। वह इस शब्द को भवत् और भवितृ का वर्णसंकर मानता है। —२. स्टाइनटाल का यह कथन कि (स्पेसीमेन डेर नायाधम्मकहा, पेज ४०) जैन-प्राकृत (अर्थात् अ०माग० में) में विशुद्ध कर्त्ताकारक का अभाव है, भ्रमपूर्ण है। ठीक इस मत के विपरीत अ०माग० एकमात्र बोली है जिसमें इसका बहुधा प्रयोग देखने में आता है।

§ ३९१—ज्ञातिवाचक शब्द— पिउ = पितृ।

एकवचन

कर्त्ता—पिआ, [पिअरो]; शौर० और माग० में पिदा।
कर्म—पिअरं; अ०माग० और जै०महा० में पियरं; शौर० मे पिदरं; माग० में पिदलं।
करण—पिउणा [पिअरेण]; शौर० और माग० मे पिदुणा; अप० में पिअर।
सम्बन्ध—पिउणो; अ०माग० मे पिउणो और पिउरस्स; जै०महा० में पिउणो; पिउरस्स; शौर० और माग० मे पिदुणो०; अप० में पिअरह।
संबोधन—[पिअ, पिआ, पिअरं, पिअरो और पिअर]।

बहुवचन

कर्त्ता—[पिअरो][पिउणो]; अ०माग० और जै०महा० मे पियरो; अ०माग० मे पिई भी; शौर० मे पिदरो।
कर्म—[पिअरे, पिउणो]; अ०माग० मे पियरो; शौर० में पिदरो, पिदरे।
करण—अ०माग० मे पिऊहिं और पिईहिं भी [पिअरेहिं]।
सम्बन्ध—अ०माग० मे पिऊणं और पिईणं भी।
अधिकरण—[पिऊसुं]

एकवचन: कर्त्ता के रूप बहुधा निम्नलिखित प्रकार के होते हैं: महा० में पिआ (रावण० १५,२६); अ०माग० और जै०महा० में पिया (सूय० ३७७; ६३५; ७५०; जीवा० ३५५; नायाध० ११९०; एर्त्से० १४, १३) रूप मिलता है; शौर० मे पिदा रूप चलता है (शकु० २१, २; उत्तररा० ११३,६; कालेय० २४,२८); आव० मे भी पिदा रूप है (मृच्छ० १०४, १७); माग० में भी पिदा ही है (मृच्छ० ३२, ११)। अ०माग० और जै०महा० में भाया = भ्रातृ (आयार० २, १५, १५; सूय० ३७७; ६३५; ७५०; उत्तर० २१७; एर्त्से० १४, १३); शौर० और आव० में भादा पाया जाता है (उत्तररा० १२८, १०; प्रसन्न० ८३, ६; वेणी० १०२, ४; १०३, २२; आव० में मृच्छ० १०४, १८); शौर० में जमादा = जामाता (मालती० २३५, ४; मल्लिका० २१०, २३; प्रिय० २७, ४ [पाठ में जामादो है]); माग० में यामादा रूप पाया जाता है (मृच्छ० १३९,

२९)। कर्म : अ०माग० में **पियरं** चलता है (आयार० १, ६, ४, ३ ; सूय० १७६ ; २१७ ; ३१० ; ३४५) ; **अम्मापियरं** रूप भी आया है (ठाणंग० १२६ ; उत्तर० ३७३) ; शौर० में **पिदरं** पाया जाता है (विक्रमो० ८१, १० ; ८२, ८ ; मालवि० ८४, ५ ; वेणी० ६१, ४ ; कालेय० १८, २२ ; कंस० ५०, १२ आदि-आदि) ; माग० में यही रूप है (मृच्छ० १०१, १७) और ढक्की में भी (मृच्छ० ३२,१०) । जै०महा० में **भायरं** और शौर० में **भादरं** रूप पाया जाता है = भ्रातरम् है (एर्से० ८५, ४ ; वेणी० ९५, १४ ; १०४, १२ ; मालती० २४०, २) । — करण : महा० और अ०माग० में **पिउणा** रूप पाया जाता है (गउड० ११९७ ; विवाह० ८२० और ८२७); माग० में **पिदुना** रूप है (मृच्छ० १६७, २४); अप० में **पिअर** काम में आता है (शुक० ३२, ३) । जै०महा० में **भाउणा** आया है (एर्से० ४५, २८); शौर० में **भादुणा** चलता है (मालवि० ७१, २ ; मालती० २४४, २) । शौर० में **जामादुना** रूप पाया जाता है (रत्ना० २९१, २) । — सम्बन्ध : महा० और अ०माग० में **पिउणो** रूप मिलता है (रावण० ८, २८ ; कालका० २६२, २८ ; नायाध० ७८४ ; कप्प० टी. एच. (T. H.) § ३) ; अ०माग० में **अम्मापिउणो** आया है (ठाणंग० १२५), इसके साथ-साथ **अम्मापिउस्स** रूप भी आया है (ठाणंग० १२६) ; जै०महा० में **पिउणो** ही चलता है (एर्से० ९, १९ ; १७, १७) और साथ ही **अम्मापियरस्स** (एर्से० ७७, ३०) ; शौर० में **पिदुणो** का प्रचलन है (मृच्छ० ९५, २ और १५ ; उत्तररा० ७३, १० ; मुद्रा० २६२, ६ ; पार्वती० ११, ४ ; २८,६ ; मुकुन्द० ३४, ३) । शौर० में भाषा के स्वभाव के अनुसार **भादुणो** रूप है (मालती० २४२, १ ; २४५, ५ ; २४९, ४ ; बाल० ११३, ७ ; १४४, १० ; वेणी० ६०, २१ ; ६४, ७ ; मुद्रा० ३५, ९) ; शौर० में इसी प्रकार **जामादुणो** रूप आया है (वेणी० २९, १२ ; मल्लिका० २१, ४ ; २१२, १७ ; विद्ध० ४८, ९) । अप० में **पिअरह** रूप चलता है (पिंगल १, ११६ ; यह कर्मकारक का रूप है) । — बहुवचन : कर्ता— अ०माग० में **पियरो** है (ठाणंग० ५११ और ५१२) । यह रूप समास में बहुत आता है जैसे, **अम्मापियरो** (आयार० २, १५, ११ और १६ ; विवाह० ८०९ और ९२६ ; ठाणंग० ५२४ और ५२५ ; अंत० ६१ ; नायाध० § ११४ ; ११६ ; पेज २९२ ; ८८७ ; ९६५ और बहुत अधिक बार) ; अ०माग० और जै०महा० में **भायरो** रूप है (सूय० १७६ ; सम० २३८ ; कालका० २६७, ३६ ; एर्से०) ; अ०माग० में **भायरा** भी मिलता है (उत्तर० ४०२ ; ६२२) तथा अ०माग० में **दो पिई** = द्वौ पितरौ (तारों के नाम के अर्थ में ; ठाणंग० ८२) ; शौर० में **भादरो** रूप बन जाता है (उत्तर० १२, ७ ; वेणी० ११, ९) । शौर० में **मादरपिअरा** (! ; कंस० ५०, १४) और **भाअरा** (! ; कंस० ५०, १०) अशुद्ध हैं । इनके स्थान में **मादापिदरो** और **भादरो** पढ़ा जाना चाहिए । — कर्म— अ०माग० और जै०महा० में **अम्मापियरो** चलता है (अंत० ४ ; २१ ; ६१ ; नायाध० § ११४ और १३८ ; पेज २६० और ८८७ ; विवाह०

८०८ ; एर्त्से० ३७, २९) ; शौर० में **पिदरो** रूप काम में आता है (विक्रमो० ८७, १७) ; अ०माग० में **अम्मापियरे** रूप भी पाया जाता है (उत्तर० ६४३ ; टीका में **अम्मापियरं** है) ; शौर० में **मादापिदरे** = **मातापितरौ** है (शकु० १५९,१२ ; [यह रूप कर्मकारक में गुजराती में वर्तमान है, उसमें **घेरे जाऊंछूं** = **घर को जाता हूं**। बंगाली में भी चलता है, **आमि कालेजे जाइ** = **मैं कालेज को जाता हूं** आदि आदि। —अनु०]) । — करण — अ०माग० में **अम्मापिऊहिं** रूप पाया जाता है (आयार० २, १५, १७ ; नायाध० § १३८ ; पेज ८८९) और अ०माग० तथा जै०महा० में **अम्मापिईहिं** रूप भी आया है (कप्प० § ९४ ; इस ग्रंथ में अन्यत्र **अम्मापिऊहिं** भी देखिए ; ठाणंग० ५२७ ; विवाह० १२०६ ; आव०एर्त्से० ३७,२ ; ३८, २) ; जै०महा० में **मायापिईहिं** मिलता है (आव०एर्त्से० १७, ३१) ; अ० माग० में **पिईहिं** और **भाईहिं** रूप देखने में आते हैं (सूय० ६९४; पाठ में **पिईइहिं** तथा **भाईइहिं** है); अ०माग० में **पियाहिं** (१०४) और **पिताहिं** रूप अशुद्ध हैं (६९२) ; शौर० में **भादरेहिं** रूप काम में आता है ; यह मृच्छकटिक १०६, १ में है और केवल अटकलपच्चू है। — संबंध — अ०माग० में **अम्मापिऊणं** रूप है (कप्प० § ९० ; नायाध० § १२० ; पेज ९०५ और ९६५) तथा इसके साथ साथ **अम्मापिईणं** रूप भी मिलता है (ओव० § ७२ ; इस ग्रंथ में अन्यत्र **अम्मापिऊणं** रूप भी देखिए ; § १०३ और १०७) ; जै०महा० में **मायापिईणं** पाया जाता है (आव०एर्त्से० ३७, २१) । अ०माग० में व्यक्ति का नाम **चुलणीपिय** = **चुलणीपितृ** और इस मूल शब्द के अनुसार इसकी रूपावली की जाती है : कर्त्ता— **चुलणीपिया**, कर्म— **चुलणीपियं**, संबंध— **चुलणीपियस्स** और संबोधन— **चुलणीपिया** होता है (उवास० में यह शब्द देखिए) ।

§ ३९२—**मातृ** (= **मा**) की रूपावली यों चलती है : कर्त्ता— महा० में **माआ** (हाल ४०० और ५०८) : अ०माग० और जै०महा० में **माया** रूप पाया जाता है (आयार० १, २, १, १ ; सूय० ११५ ; १६१ ; ३७७ ; ६३५ ; ७५० ; नायाध० १११० ; जीवा० ३५५ ; कप्प० § ४६ और १०९ ; एर्त्से० ५, १९ ; १०, ४ और ७) ; शौर०, आव० और माग० में **मादा** रूप है (उत्तररा० १२६, ६ ; वेणी० २९, १२ ; आव० में मृच्छ० १०८, १७ ; माग० में मृच्छ० १२९, ६ ; [**अम्मापिअरो**, **मादरपिअरा**, **मादापिदरो** और **मादा** रूपों की फारसी और उससे लिये गये **अम्मा**, **मादा**, **मादर** और **पिदर** शब्दों की तुलना कीजिए। इनका इतना अधिक साम्य बताता है कि प्राकृत और फारसी रूप एक ही मूल से आये हैं। इस दृष्टि से हमें फारसी के प्रति अपना रुख ठीक करना होगा। अवेस्ता और ऋग्वेद की भाषाओं की समानता भाषाशास्त्र के क्षेत्र में एक आँख खोलनेवाला आविष्कार है। इसका कुछ आभास § ३२६ और उसके बाद के एक दो § में मिलता है। —अनु०]) । हेमचंद्र ३, ४६ के अनुसार जब देवी को मा कहा जाता है तो उस अवसर पर रूपावली का मूल शब्द **माअरा** बन जाता है जिसकी अंत में **-आ** लगाकर बननेवाले स्त्रीलिंग रूप के समान ही रूपावली चलती है। —कर्म— महा० में इसका

रूप मायरं होता है (हेच० ३, ४६), अ०माग० और जै०महा० में मायरं मिलता है ; ढक्की तथा शौर० में मादरम् है (आयार० १, ६, ४, ३ ; सूय० १७६ ; २१७ ; ३३० ; ३४५ ; एत्सें० ; ढक्की में मृच्छ० ३२, १२ ; शौर० में मृच्छ० १४१, ११ ; शकु० ५९, ७ ; विक्रमो० ८२, ३ ; ८८, १६ आदि-आदि) ; महा० में मायं रूप भी पाया जाता है (हाल ७४१) । इस भांति यह शब्द सदा और सर्वत्र आ– वर्ग की रूपावली पर चलता है : एकवचन : करण— जै०महा० में मायाए (आव०एत्सें० ११,३ और ९) ; संबंध— शौर० में मादाए है (कर्पूर० १९,५) ; संबोधन— महा० में माए पाया जाता है (हाल में माआ शब्द और उसके रूप देखिए), शौर० में मादे चलता है (वेणी० ५८,१७ ; विद्ध० ११२, ८) । बहुवचन : करण— अ०माग० में मायाहिं पाया जाता है (सूय० १०४) और संबंध— अप० में माअहँ रूप मिलता है (हेच० ४, ३९९) । कर्त्ता बहुवचन अ०माग० में मायरो है (ठाणंग० ५१२ ; समा० २३० ; कप्प० § ७४ और ७७) । इसके अतिरिक्त अ०माग० और जै०महा० में ई– और ऊ– वर्ग के शब्द हैं (हेच० ३, ४६ [हेच० ने इनके उदाहरण माईण और माऊए रूप दिये है । —अनु०]) ; संबंध और अधिकरण एकवचन में माऊए रूप है (कप्प० § ९३ ; आव०एत्सें० १२,९ ; अधिकरण में विवाह० ११६) ; करण बहुवचन— माईहिं रूप पाया जाता है (सूय० ६९२ ; [पाठ मे माइहिं है] ; ६९४) ; संबंध बहुवचन— माईणं और माईण रूप पाये जाते हैं (हेच० १,१३५ ; ३,४६) । ये रूप समासों में बहुधा दिखाई देते हैं (§ ५५) । संबोधन एकवचन— पिंगल के अप० में माई रूप आया है (१, २ ; [संबोधन एकवचन का यह रूप हिंदी में पिंगल के समय से आज तक चल रहा है । —अनु०]) । दुहितृ का कर्त्ताकारक शौर० मे दुहिदा है (मालवि० ३७, ८ ; रत्ना० २९१, १ ; विद्ध० ४७, ६ और १० ; प्रिय० ५२, ६); शौर० में कर्मकारक का रूप दुहिदरं पाया जाता है (शकु० १२८, २) ; शौर० में संबोधन का रूप दुहिदे मिलता है (विद्ध० ३८, ३ ; कलकतिया संस्करण) । अधिकांश स्थलों पर जै०महा० मे धीया रूप आता है । शौर० और माग० में धीदा है और महा० में धूआ पाया जाता है । अ०माग० और जै०महा० में धूया मिलता है, शौर० और माग० में धूदा भी काम में लाया जाता है (§ ६५ और १४८) । इन सभी रूपों में आ– वर्ग की रूपावली चलती है । जै०महा० धीया और शौर० तथा माग० धीदा विशेषकर समास के भीतर संयुक्त होकर (दासीपउत्त की तुलना कीजिए), जै०महा० में दासीएधीया, शौर० में दासीएधीदा और माग० में दाशीएधीदा जैसे रूप बनाते हैं । हस्तलिपियों और पाठों में शौर० और माग० में अधिकांश स्थलों पर अशुद्ध रूप धीआ पाया जाता है । कर्ता– शौर० में दासीएधीदा मिलता है (रत्ना० ३०२, ८) ; अ०माग० और जै०महा० में धूया का प्रचलन है (आयार० १, २,१, १ ; २,१५,१९ ; सूय० ६३५ और ६५७ ; विवाग० १०५ ; २१४ और २२८ ; अंत० ५५ ; नायाध० ५८६ ; ७८१ ; १०६८ ; १०७० ; १२२८ ; विवाह० ६०२ और ९८७ ; जीवा० ३५५ ; आव०एत्सें० १०, ३३ ; ११, १० ; १२, ३ ; २९, १४ ; ३७, २६ और उसके

बाद ; एत्सें० ५, ३८)। शौर० में **अज्जाधूदा = आर्यादुहिता** (मृच्छ० ५३, २३ ; ५४; ७ ; ९४,११ ; ३२५,१४); कर्म- महा० में **धूअं** रूप है (हाल ३८८), अ०माग० मे **धूयं** रूप चलता है (विवाग० २२८ ; २२९ ; नायाध० ८२०) ; करण- महा० में **धूआइ** रूप पाया जाता है (हाल ३७०) ; **धूआए** भी है (हाल ८६४) ; शौर० मे **दासीएधीदाए** आया है (नागा० ५७, ४) ; माग० में **दाशीएधीदाए** देखा जाता है (मृच्छ० १७, ८) ; सम्बन्ध- शौर० में **दासीएधीदाए** रूप है (मृच्छ० ७७, १२ ; नागा० ४७, १०) ; शौर० में **अज्जाधूदाए** भी पाया जाता है (मृच्छ० ५३, १५ ; ९४, ४) ; अधिकरण- अ०माग० में **धूयाए** आया है (नायाध० ७२७) ; सम्बोधन- जै०महा० में **दासीएधीए** रूप है (एत्सें० ६८, २०) ; शौर० मे **दासीएधीदे** पाया जाता है (मृच्छ० ५१, ७ और १० ; ७२, १९ ; कर्पूर० १३, २ [कोनो के संस्करण मे **दासीएधूदे** है] ; विद्ध० ८५, ११ ; रत्ना० २९४, ३ ; ३०१, १८ ; नागा० ५७, ३ ; चंड० ९, १६) ; माग० में **दाशीएधीदे** मिलता है (मृच्छ० ११७, २३)। बहुवचन : कर्त्ता- और कर्म- अ०माग० और जै०महा० मे **धूयाओ** रूप होता है (आयार० २, १, ४, ५ ; २, २, १, १२ ; विवाग० २१७ ; आव०एर्त्से० १०, २३ ; १२, १ ; एर्त्से० १४, १२) ; करण— जै०महा० मे **धूयाहि** आया है (एर्त्से० १४, १६) ; सम्बन्ध- अ०माग० में **धूयाणं** मिलता है (आयार० १, २, ५, १) ; शौर० में **धीदाणं** पाया जाता है (माल्ती० २८८, ५) ; सम्बोधन- शौर० मे **दासीएधीदाओ** होता है (चैतन्य० ८४, ७)। मूल शब्द **धूयरा** से अ०माग० कर्मकारक एकवचन का रूप **धूयरं** पाया जाता है (उत्तर० ६४१) और करणकारक बहुवचन का रूप **धूयराहि** आया है (सूय० २२९)। -- **स्वस्ट** शब्द के कर्त्ताकारक एकवचन का रूप अ०माग० में **ससा** मिलता है (हेच० ३, ३५ ; पाइय० २५२ ; सूय० १७६)।

(४) ओ और औ वर्ग

§ ३९३—**गो** शब्द की पुरानी रूपावली बहुत थोड़े अवशेष अ०माग० में ऐसे रह गये है जिनके प्रमाण वर्तमान है : कर्त्ता— **सुयगो = अभिनवप्रसूतागौः** (सूय० १८०)। कर्त्ता बहुवचन— **गाओ = गावः** है (दस० ६२८, १५) ; कर्म बहुवचन— **गाओ = *गावः = गाः** (आयार० २, ४, २, ९ और १०) ; करण बहुवचन— **गोहिं = गोभिः** (अणुओग० ३५१) ; सम्बन्ध बहुवचन— **गवं = गवाम्** (सम० ८३ ; उत्तर० २९३) है। अ०माग० मे कर्त्ता एकवचन का रूप **गवे = *गवः** है (आयार० २, ४, २, १० ; दस० ६२८,१०) और यही रूप **सुयगडंगसुत** १४७ में आये हुए रूप **गवं** के स्थान मे पढा जाना चाहिए ; अ०माग० में कर्त्ता बहुवचन का रूप **गवा** है जो **अरग्गवा** मे है और यह = **अरज्ञवाः** है (सूय० १८५)। पुलिंग में अ०माग० और माग० में अधिकांश स्थलों पर **गोणो** रूप काम में लाया जाता है (हेच० २, १७४ ; देशी० २, १०४ ; त्रिवि० १, ३, १०५ ; आयार० २, १, ५, ३ ; २, ३, ३, ८ और ११ ; २, ४, २, ७ ; सूय० ७०८ ;

७२० ; ७२४ और उसके बाद ; ७२७ ; जीवा० ३५६ ; पण्हा० १९ ; सम० १३१ ; नायाध० ; ओव० ; उवास० ; मृच्छ० ९७, २१ ; ९८, २० ; ९९, १२ ; १००, १३ ; १०७, १८ ; ११२, १७ ; ११७, १५ ; ११८, ५ ; १२ ; १४ और २४ ; १२२, १५ ; १३२, १६ ; दो अन्तिम स्थानों में गोणाइं पाठ है जिसमें § ३५८ के अनुसार लिंगपरिवर्तन हो गया है) ; अ०माग० में गोणत्ताए = गोत्वाय (विवाग० ५१) है। स्त्रीलिंग का रूप जै०महा० में गोणी (आव० ७, १० और १२ ; ४३, १०) अथवा महा० में गाई है (हेच० १, १५८ ; हाल), अ०माग० और जै०-महा० में गावी है (चंड० २, १६ ; हेच० २, १७४ ; आयार० २, १, ४, ३ और ४ ; विवाग० ६७ ; जीवा० ३५६ ; दस० ६१८, ३९ ; दस०नि० ६५८, ७ ; आव०एर्त्से० ४३, ११ और २० ; द्वार० ५०४, १२ और १४ ; एर्त्से०)। हेमचन्द्र १, १५८ में पुलिंग रूप गाउओ और गाओ देता है तथा स्त्रीलिंग के रूप गाउआ और गाई देता है। इनमें से गाउओ = गवयः, गोणो या तो = *गोॅण्णो के जो *गुण्णो के स्थान में आया है और = *गूर्णः जो § ६६[1] के अनुसार गुर् धातु से निकला है या = *वाचन है। § ८ और १५२ की भी तुलना कीजिए।

1. बे०बाइ० ३, २३७ से यह रूप अधिक अच्छा है।

§ ३९४—नौ शब्द (= नाव) ध्वनिबलयुक्त मूल शब्द से स्त्रीलिंग का एक रूप णावा बनाता है जिसकी रूपावली नियमित रूप से आ- वर्ग के अनुसार चलती है (हेच० १,१६४ ; सिंहराज० पन्ना १६) : अ०माग० में कर्त्ता, एकवचन में नावा, शौर० में णावा (नायाध० ७४१ और १३२९ ; विवाह० १०५ ; उत्तर० ७१६ ; मृच्छ० ४१, २०) और अप० में णाव रूप है (हेच० ४, ४२३, १) ; कर्म- महा० में णावं रूप है (गउड० ८१२), अ०माग० में नावं आया है और णावं भी (आयार० २, ३, १, १५ और उसके बाद ; सूय० ६८ ; २७१ ; ४३८ ; विवाह० १०५ ; नायाध० ७४१) ; करण और सम्बन्ध- अ०माग० में नावाए रूप है (आयार० २, ३, १, १५ और उसके बाद ; नायाध० १३२९ और उसके बाद ; उवास० § २१८) ; अपादान- अ०माग० नावाओ रूप है (आयार० २, ३, २, २ और ३) ; करण बहुवचन- अ०माग० में नावाहिं रूप पाया जाता है (दस० ६२९, १)।

(५) अंत में -त् लगनेवाले मूल संज्ञा शब्द

§ ३९५—वे संज्ञा शब्द, जिनके अन्त में -त् आता है और जिस त् से पहले कोई स्वर आता हो, वे शब्द के अन्त में आनेवाले त् की विच्युति के बाद जो स्वर रह जाता है उससे मिलती रूपावली में सम्मिलित या परिवर्तित हो जाते हैं : महा० में इन्दइणा = इन्द्रजिता (रावण० १४, १६) ; सम्बन्ध— इन्दइणो रूप आया है (रावण० १०, ५८ और ८४) और साथ ही इन्दइस्स पाया जाता है (रावण० १५, ६१) ; अधिकरण— इन्दइम्मि है (रावण० १३, ९९)। तडी = तडित् (हेच० १, २०२), अप० में तडी = तडितम् है (विक्रमो० ५५, २)। माऊ =

माहत् (क्रम० २, १२३) है ; महा० में **विज्जू = विद्युत् है** (वर० ४, ९ ; भाम० ४, २६ ; हेच० १, १५ ; क्रम० २, १२९ ; हाल ५८५)। **जगत्** का कर्त्ताकारक एकवचन महा० में **जअं है** (रावण० ५, २० ; ९, ७३) ; अ०माग० में **जगे** रूप **है** (सूय० ७४), अप० में **जगु** मिलता **है** (हेच० ४, ३४३, १) ; अ०माग० में कर्मकारक का रूप **जगं** पाया जाता **है** (सूय० ४०५ और ५३७) ; अप० में सम्बन्धकारक का रूप **जअस्सु** आया **है** (हेच० ४, ४४०) ; महा० में अधिकरणकारक में **जअम्मि** देखा जाता **है** (हाल ३६४ ; रावण० ३, १२ ; कर्पूर० ७८, ४ और ८०, ४) तथा इसके साथ-साथ **जए** भी पाया जाता है (गउड० २३९; हाल २०३); अ०माग० में **जगई** रूप है (सूय० १०४ ; पाठ में **जगती है**) और इसके साथ-साथ **जगंसि** भी चलता है (सूय० ३०६) ; जै०शौर० में इस कारक में **जगदि** का प्रचलन है (पव० ३८२, २६ ; पाठ में **जगति है**) और अप० में **जगि** मिलता है (हेच० ४, ४०४ ; कालका० २६१, १)। स्त्रीलिंग के शब्द अधिकांश में शब्द के अन्त में **–आ** जोड़ लेते है : **सरित्** का रूप पाली की भाँति ही **सरिता** हो जाता है, महा० मे **सरिआ** रूप आया है (गउड० ; हाल ; रावण०), जै०महा० मे **सरिया** है (एत्सें०), अप० मे **सरिअ** पाया जाता है (विक्रमो० ७२, ९) ; महा० मे सम्बन्धकारक बहुवचन का रूप **सरिआहँ** है (हेच० ४, ३००) ; अप० में करणकारक बहुवचन का रूप **सरिहिँ = *सरिभिः = सरिद्भिः** है (हेच० ४, ४२२, ११) । सब व्याकरणकारों ने **विद्युत्** के लिए **आ–** रूपावली मे इसका आगमन निषिद्ध माना है । § २४४ की तुलना कीजिए। हेच० १, ३३ के अनुसार **विज्जुए** के साथ साथ **विज्जुणा** भी पाया जाता है और चंड० १, ४ के अनुसार कर्त्ताकारक बहुवचन का रूप **विज्जुणो** भी होता है ।

§ ३९६—जिन शब्दों के अंत में **–अत्** , **मत्** और **वत्** आते हैं उनकी रूपावली आंशिक रूप में संस्कृत के अनुसार चलती है, विशेषतः अ०माग० मे और आंशिक रूप मे सशक्त रूप **–अन्त**, **–मन्त** और **–वन्त** की अ– रूपावली के ढंग पर चलती है । इसके अनुसार संस्कृत रूपावली के ढंग पर : अ०माग० में कर्त्ताकारक एकवचन **जाणं = जानम्** है (सूय० १, ३२२) ; **विज्जं = विद्वान्** है (सूय० १२६ ; ३०६ ; ३८० और उसके बाद) ; **चक्खुमं = चक्षुष्मान्** (सूय० ५४६) ; **दिट्ठिमं = दृष्टिमान्** है (सूय० २०० और ५३१) ; **आयवं नाणवं धम्मवं बम्भवं = आत्मवान् ज्ञानवान् धर्मवान् ब्रह्मवान्** है (आयार० १, ३, १, २), **पुट्ठवं = स्पृष्टवान्** है (आयार० १, ७, ८, ८ ; यह कर्मवाच्य है), **थामवं = स्थामवान्** (उत्तर ५० और ९०), **चिट्ठं** और **अचिट्ठं = तिष्ठन्** और **अतिष्ठन्** है (आयार० १, ४, २, २), **कुव्वं = कुर्वन्** है (सूय० ३६ और ८६३), **किणं, हुणं** और **पयं = क्रीणन् , घ्नन्** और **पचन् है** (सूय० ६०९) ; अ०माग० और जै०महा० में **महं** रूप पाया जाता है (आयार० १, ७, १, ४ ; सूय० ५८२ ; ओव० § ५ ; कालका० २७१, ११) ; जै०महा० में **अरहं = अर्हन् है** (द्वार० ४९५, ९)। इस रूप के उदाहरण और प्रमाण मुझे महा० में नहीं मिले। शौर० और माग० में

इस रूप के उदाहरण केवल **भगवत्** और **भवत्** (सर्वनाम) में ही सीमित हैं (हेच० ४, २६५)। इसके अनुसार शौर० में **भअवं** रूप आया है (मृच्छ० २८, १ ; ४४, १९ ; मुद्रा० २०, ७ ; १७९, ३ ; रत्ना० २९६, ५ और २३ ; विक्रमो० १०, २ ; २३, १९, ४३, ११ आदि-आदि) ; माग० में भी यही रूप है (मुद्रा० १७८, ६ ; चंड० ४३, ७) ; शौर० में **भवं** भी पाया जाता है (मृच्छ० ४, २४ ; ६, २३ ; ७, ३ ; १८, २५ ; शकु० ३७, १ आदि-आदि) ; **अत्थभवं** = **अत्रभवान्** (शकु० ३३, ३ ; ३५, ७), **तत्थभवं** = **तत्रभवान्** है (विक्रमो० ४६, ६; ४७, २ ; ७५, ३ और १५) ; इसी प्रकार पै० में **भगवं** रूप है (हेच० ४, ३१३) जैसा कि अ०माग० में भी है (आयार० १, ८, १, १ और उसके बाद ; उवास० और बहुत अधिक स्थलों पर) ।—अ०माग० में करणकारक का रूप **मइमया** = **मतिमता** है (आयार० १, ७, १, ४ और २, ५) ; **मईमया** भी पाया जाता है (आयार० १, ८, १, २२ ; २, १६ ; ३, १४ और ४, १७ ; सूय० २७३) ; अ०माग० में **जाणया पासया** = **जानता पश्यता** है (आयार० १, ७, १, ३) ; अ०माग० और जै०महा० में **महया** = **महता** (आयार० १,२, ११ ; सूय० ७१८ ; विवाग० २३९ ; नायाध० § १५ ; १३५ आदि-आदि ; कालका० २५९, ३७) ; आगे आनेवाले पुलिंग और नपुंसकलिंगों के रूपों की समानता से स्त्रीलिंग में भी ऐसे ही रूप (§ ३५५) काम में लाये गये हैं : **महया इड्ढीए महया जुईए महया बलेणं**··· = **महत्यर्द्ध्या महत्या द्युत्या महता बलेन**···(जीवा० ५८८ [पाठ में **जुत्तीए** है] ; कप्प० १०२ ; ओव० § ५२) ; महा० में **भअवआ** रूप मिलता है (गउड० ८९६), अ०माग० और जै०महा० में **भगवया** रूप पाया जाता है (आयार० १, १, १, १ और ७ तथा ३, ५ आदि आदि ; उवास० ; और अधिकांश स्थलों पर ; कालका० २६८, १७), शौर० में **भअवदा** = **भगवता** (ललित० २६५, १८ ; शकु० ५७, १७ ; विक्रमो० २३, ६ ; ७२, १४ ; ८१, २) ; शौर० में इसी प्रकार **भवदा** = **भवता** रूप भी पाया जाता है (शकु० ३६, १६ ; विक्रमो० १९, १५), **अत्थभवदा** और **तत्थभवदा** रूप प्रचलित हैं (विक्रमो० १६, ११ ; ३०, ९ ; ८०, १४ ; ८४, १९ ; शकु० ३०, २) । सम्बन्धकारक में भी यह पाया जाता है : शौर० में **भअवदो** रूप मिलता है (शकु० १२०, ५ ; रत्ना० २९४, ५ ; २९५, ६) ; माग० में भी यही रूप चलता है (प्रबोध० ५२, ६ ; चंड० ४३, ६) ; शौर० में **भवदो** आता है (शकु० १८, ६ और ८ ; ३९, १२ ; मृच्छ० ५२, १२ ; विक्रमो० १८, १० ; २०, १९ ; २१, १९ आदि-आदि), **अत्थभवदो** आया है (विक्रमो० २१, १०), **तत्थभवदो** मिलता है (मृच्छ० ६, ४ ; २२, १२ ; विक्रमो० ३८, १८ ; ५१,१३ ; ७९, १६) । व्यक्तिवाचक संज्ञा की भी यही दशा है : शौर० में सम्बन्धकारक **रुमण्णदो** = **रुमण्वतः** है (रत्ना० ३२०, १६) । इसका कर्त्ताकारक **रुमण्णो** उच्चारित होता है अर्थात् यह संज्ञाशब्द न-वर्ग का है (प्रिय० ५, ५) । अन्यथा विशेषणों और कृदंतों में शौर० और माग० में केवल -अ वर्ग के रूप काम में आते हैं। इस कारण शौर० रूप **गुणवदी** (शकु० ७४, ८ संस्करण बुर्क-

हार्थ) जिसके स्थान में बोएटलिंक के संस्करण के ४३, १४, मद्रासी संस्करण के १८६, ११ और काश्मीरी संस्करण के ७२, १५ में अपादानकारक में अशुद्ध रूप **गुणवदे** आया है। दाक्षि० रूप **भवदे** के विषय में § ३६१ देखिए। — अ०माग० सम्बन्धकारक में **महओ** = महतः (सूय० ३१२), **भगवओ** = भगवतः है (आयार० १, १, २, ४ ; २, १५, ९ और उसके बाद ; कप्प० § १६ और २८ ; विवाह० १२७१ ; उवास० ; और अनेक स्थलों पर), **पडिवज्जओ** = *प्रतिपद्यतः, **विहरओ** = विहरतः है (उत्तर० ११६), **अवियाणओ** = अविजानतः है (आयार० १, १, ६, २ ; १, ४, ४, २ ; १, ५, १, १), **अकुव्वओ** = अकुर्वतः (सूय० ५४०), **पकुव्वओ** = प्रकुर्वतः (सूय० ३४०), **करओ** = कुर्वतः (आयार० १, १, १, ५), **हणओ** = घ्नतः (आयार० १, ६, ४, २ ; १, ७, १,३), **कित्तयओ** = कीर्तयतः (उत्तर० ७२६) और **धीमओ** = धृतिमतः है (आयार० २, १६, ८)। शौर० और माग० रूपों के विषय में इससे पहले देखिए। — अधिकरण शौर० में **सदि** = सति (शकु० १४१, ७) ; महा० में **हिमवइ** = हिमवति (मुद्रा० ६०, ९) है। — सम्बोधन : अ०माग० और जै०महा० में **भगवं** और **भयवं** रूप पाये जाते हैं (विवाह० २०५ ; कप्प० § १११ ; एर्त्से० २, ३२ ; ४४, १८ ; द्वार० ४९५, १३) ; शौर० में **भअवं** आया है (रत्ना० २९६, २४ ; २९८, १४ ; ३००, ३३ ; प्रबोध० ५९, ४ ; शकु० ७३, ५ ; विक्रमो० ८६, १० ; उत्तररा० २०४, ८ आदि-आदि) ; पै० में **भगवं** रूप है (हेच० ४, ३२३)। अ०माग० में **आउसं** = आयुष्मन् रूप के साथ-साथ (आयार० १, १, १, १ ; सूय० ७९२ ; सम० १) अ०माग० में **आउसो** रूप बहुत ही अधिक देखा जाता है (आयार० १, ७, २, २ ; २, २, २, ६—१४ ; २, ५, १, ७ और १३ ; २, ६, १, ५ और १० तथा ११ ; २, ७, १, २ ; २, ७, २, १ और २ ; सूय० ५९४ ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; आदि आदि) ; इसके अतिरिक्त **समणाउसो** रूप भी बहुत प्रचलित है (सम० ३१ ; ओव० § १४० ; नायाध० ५१८ ; ६१४ ; ६१७ ; ६५२ और उसके बाद) जो बहुवचन के काम में भी आता है (सूय० ५७९ और ५८२ ; नायाध० ४९७ और ५०४)। लौयमान ने औपपातिक सूत्र में (इस ग्रन्थ में यह शब्द देखिए) **आउसो** रूप को ठीक ही = *आयुष्मस् माना है। इस दृष्टि से यह शब्द के अन्त में -अस् लगनेवाले वैदिक सम्बोधन से सम्बन्धित (ह्विटनी § ४५४) माना जाना चाहिए। बहुवचन में यह रूप बोली की परम्परा के अनुसार कर्त्ताकारक और सम्बोधन में प्राचीन रूपावली के अनुसार बनाया जाता है। कर्त्ता— : अ०माग० में **सीलमन्तो गुणमन्तो वह्मन्तो** पाया जाता है (आयार० २, १, ९, १) ; **मूलमन्तो कन्दमन्तो खन्धमन्तो तयामन्तो सालमन्तो पवालमन्तो** आदि-आदि भी देखने में आता है (ओव० § ४), **भगवन्तो** आया है (आयार० १, ४, १, १ ; २, १, ९, १ ; विवाह० १०३५ ; कप्प० एस. (S.) § ६१) और इसी प्रकार शौर० में कर्त्ताकारक का रूप **भअवन्तो** मिलता है (मुद्रा० २०, ५)। शौर० में **किदवन्तो** = कृतवन्तः के स्थान में **किदवन्ता** पढ़ा जाना चाहिए। इसके विपरीत

सम्बोधनकारक अवम्ता (शकु० २७, १६, बोएटलिंक का संस्करण) के स्थान में मद्रासी संस्करण ११५, ७ के अनुसार अवम्तो पढ़ा जाना चाहिए जैसा कि वेणीसंहार १०२, २ में वर्तमान है। — कर्त्ताकारक बहुवचन नपुंसकलिंग में अ०माग० में परिग्गहावन्ती रूप आया है (आयार० १, ५, २, ४ ; १, ५, ३, १ की तुलना कीजिए) ; बलवन्ति भी पाया जाता है (उत्तर० ७५३) ; एयावन्ति सव्वावन्ति = एतावन्ति *सर्वावन्ति है (आयार० १, १, १, ५ और ७) ; आवन्ती = यावन्ति है (आयार० १, ४, २, ३ ; १, ५, २, १ और ४ ; § ३५७ की तुलना कीजिए ; [यावन्ति का कुमाउनी रूप सौभाग्यवती स्त्रियों के लिए आशीर्वाद में = अवैंति है । —अनु०]) ; इसका एक रूप जावन्ति भी पाया जाता है (उत्तर० २१५) । एकवचन का रूप अभिदुवं = अभिद्रवन् आयारंगसुत्त २, १६, २ में छन्द की मात्राएं ठीक रखने के लिए बहुवचन में आया है । इस सम्बन्ध मे पिशल कृत [यह ग्रन्थ वास्तव में पिशल और गेल्डनर द्वारा लिखा गया है । इसमें वैदिक शब्दों पर उक्त दोनों विद्वान लेखकों के शोधपूर्ण निबन्ध हैं । —अनु०] वेदिशे स्टुडिएन २,२२७ की तुलना कीजिए । सम्बोधनकारक में जै०महा० में पद्य के भीतर भयवं रूप आया है (तीर्थ० ४, १४ और २०) जो बहुत से भिक्खुओं को सम्बोधित करने के लिए काम में लाया गया है । —जैसे अ०माग० रूप समणाउसो बहुवचन के काम में भी आता है उसी प्रकार बहुवचन का रूप आउसन्तो बहुत अधिक अवसरों पर एकवचन के लिए भी प्रयोग में लाया जाता है अर्थात् यह साधारण बहुवचन माना जाना चाहिए । हाँ, गद्य में कर्त्ताकारक एकवचन आवसन्तो होना चाहिए : आउसन्तो समणा = आयुष्मान् श्रमण और आउसन्तो गाहावइ = आयुष्मन् गृहपते है (आयार० १, ७, २, २ ; ५, २ ; २, १, ३, २ ; २, ३, १, १६ और उसके बाद ; २, ३, २, १ ; २ ; १६, २, ३, ३, ५ और उसके बाद आदि-आदि); आउसन्तो गोयमा = आयुष्मन् गोतम (सूय० ९६२ ; ९७२ ; ९८१), इसके साथ साथ आउसो गोयमा रूप भी चलता है (सूय० ९६४) ; आउसन्तो उदगा = आयुष्मान् उदक (सूय० ९६९ ; ९७२ ; १०१२ ; १०१४) है । असंदिग्ध बहुवचन उदाहरणार्थ आउसन्तो नियण्ठा = आयुष्मन्तो निर्ग्रन्थाः है (सूय० ९८२; ९९२) । अशक्त मूल शब्दों से जाणओ और अजाणओ रूप बनाये गये हैं (आयार० २, ४, १, १) । यदि हम टीकाकारों और याकोबी (सेक्रेड बुक्स औफ द ईस्ट, ग्रन्थमाला तेरहवीं, १४९ के मतानुसार इस रूप को कर्त्ताकारक बहुवचन मानना चाहें तो गद्य के सम्बन्ध में यह बात सम्भव नहीं है, इसलिए इन रूपों का स्पष्टीकरण इन्हें सम्बन्धकारक एकवचन मानने से होता है । ऐसा मानने से अर्थ भी अधिकतर उपयुक्त हो जाता है ।

§ ३९७— § ३९६ में दिये गये उदाहरणों को छोड़कर सभी प्राकृत बोलियों में -अन्त, -मन्त और वन्त से बने रूपों की ही प्रधानता है : एकवचन कर्त्ता— महा० में पिअन्तो = पिबन् ; चलन्तो = चलन् ; बहुगुणवन्तो = बहुगुणवान् और कुणन्तो = कुर्वन् है (हाल १३ ; २५ ; २०३, २६५) ; अ०माग० में लासन्तो

और इसके साथ-साथ **सासं = शासत्** है (उत्तर० ३८) ; **अणुसासन्तो** भी पाया जाता है (उत्तर० ३९) ; **किणन्तो** और **विक्किणन्तो = क्रीणन्** तथा **विक्रीणन्** हैं (उत्तर० १०१०) ; **मूलमन्ते** और **कन्दमन्ते = मूलवान्** और **कन्दवान्** हैं (ओव० § ५) ; **वण्णमन्ते** और **गन्धमन्ते = वर्णवान्** और **गन्धवान्** हैं (भग० १, ४२०) ; **विरायन्ते = विराजन्** है (ओव० § ४८); **विसीयन्तो = विसीदन्** और **रमन्तो = रमन्** है (दस० ६१३, १६ ; ६४१, २१) ; **खुल्लहियवन्ते = खुल्लहिमवान्** (ठाणग० १७६) ; जै०महा० में **सन्थुव्वन्तो = संस्तूयमानः** ; **गायन्तो = गायन्** ; **दें न्तो = *दयन** ; **अगूहन्तो = अगूहन्** और **पलोयेन्तो = प्रलोकयन्** है (आव०एर्त्से० ७, २५ ; ८, २६ ; ९, ५ और ६ ; १५, २१) ; **कन्दन्तो = क्रन्दन्** है (एर्त्से० ४२, १२) ; जै०महा० और शौर० में **महन्तो** रूप पाया जाता है (एर्त्से० ८, ५ ; ५०, ५ ; ६३, २८ ; कालका० २७४, ४ ; विक्रमो० ४५, १ ; मल्लिका० २४५, ५ ; मुद्रा० ४३, ८) ; शौर० में **करें न्तो = कुर्वन्** है (मृच्छ० ६, १३ ; ४०, २३), **जाणन्तो** रूप भी मिलता है (मृच्छ० १८, २३ ; १०४, १), **पुलोअन्तो = प्रलोकयन्** (महावीर० ९९, ३) और **चित्तवन्तो = चित्तवान्** हैं (शकु० ८७, १३) ; माग० में **पुश्चन्दे = पृच्छन्** (ललित० ५६५, २०) है ; **महन्ते = महान्** है (मृच्छ० १३२, ११ ; १६९, १८ ; प्रबोध० ५८, ९ ; वेणी० ३५, १७ ; ३६, ३) ; **चोलअन्ते = चोरयन्** है(मृच्छ० १६५, ९) ; **दंशअन्ते = दर्शयन्** है (शकु० ११४, ११) ; **मन्तअन्ते = मन्त्रयन्** है (प्रबोध० ३२, १० ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; बंबइया संस्करण ७८, १२ में **मन्त-अन्तो** आया है) ; ढक्की में **आचक्खन्तो = *आचक्षत्** है (§ ८८ ; मृच्छ० ३४, २४) ; पै० में **चिन्तयन्तो = चिन्तयन्** और **परिब्भमन्तो = परिभ्रमन्** हैं (हेच० ४, ३२३) ; अप० में **हसन्तु = हसन्** तथा **दंसिज्जन्तु = दर्श्यमान्** (हेच० ४, ३८३, ३ ; ४१८, ६) है, **अभन्तो = आप्नत्** (पिंगल १, ६२ अ) है, **वलन्त = वलन्** और **उल्हसन्त = उल्लसन्** तथा **गुणवन्त = गुणवान्** है (पिंगल १, ४ बी ; २, ४५) ; कर्त्ताकारक नपुंसकलिंग में **भणन्तं = भणत्** (हाल २१८) है ; **किरन्तं = किरत्** है (गउड० ११८२) ; शौर० में **दीसन्तं = दृश्यमानम्** है (उत्तररा० ७७, ६) और अप० में **धणमन्त = धनवत्** है (पिंगल २, ४९)। माग० में **दहन्ते** (इसका शुद्धतर रूप **डहडहन्ते** होना चाहिए। इसका यह रूप ग्रन्थ में अन्यत्र पाया जाता है ; वेणी० ३५, २३) नपुंसकलिंग के रूप **शोणिदं = शोणितम्** से सम्बन्ध रखता है। कर्मकारक पुलिंग में संस्कृत का रूप प्राकृत के नवनिर्मित रूप से मिलता है : अ०माग० और शौर० में **महन्तं** रूप आया है (आयार० १, ३, २, ३ ; सूय० ९४४ ; मृच्छ० ४०, २२) ; महा० में **पिअन्तं**, **अणुणिज्जन्तं**, **अवलम्बिज्जन्तं** और **पआसन्तं = पीयमानम्**, **अनुनीयमानम्**, **अवलम्ब्यमानम्** और **प्रकाश्यन्तम्** हैं (गउड० ४६६–४६९) ; अ०माग० में **समारम्भन्तं = समारभमाणम्** , **किणन्तं = क्रीणन्तम्** और **किणहन्तं = खुद्दण-न्तम्** (आयार० १, २, २, ३ ; १, २, ५, ३ ; २, ७, १, १) ; जै०महा० में

अप्पन्तं = अल्पयन्तम् है (कालका० २६२, ५) ; शौर० में आणन्तं, सन्तं और असन्तं रूप पाये जाते हैं (मुद्रा० ३८, २ ; ६३, ९ और १०), कप्पिअन्तं = कल्प्यमानम् है (मृच्छ० ४, १०) और उव्वहन्तं = उद्वहन्तम् है (मृच्छ० ४१, १०)। शौर० में भअवन्तं के स्थान में भअवदं रूप अशुद्ध है (विक्रमो० ८७, १७)। माग० में मालन्तं = मारयन्तम् और यीअन्तं = जीवन्तम् हैं (मृच्छ० १२३ ; २२, १७०, ५) ; अलिहन्तं = अर्हन्तम् है (लटक० १४, १९) ; अप० में धारन्तु = धारयन्तम् है (हेच० ४, ३४५) ; नपुंसकलिंग : महा० में सन्तम् असन्तं रूप पाया जाता है (हाल ५१३) ; शौर० में महन्तं आया है (मृच्छ० २८, ११)। — करण : महा० में पिअन्तेण = पिबता और पडन्तेण = पतता हैं (हाल २४६ और २६४) ; अ०माग० में विणिमुयन्तेणं = विनिमुञ्चता है (ओव० § ४८) ; अणुकम्पन्तेणं = अनुकम्पता है (आयार० २, १५, ४) ; जै०महा० मे अप्पन्तेण = अल्पता (कक्कुक शिलालेख १५ ; एर्त्से० १०, २६) ; कुणन्तेण = वैदिक कृण्वता है (कक्कुक शिलालेख १५) ; वच्चन्तेणं = व्रजता है (आव०एर्त्से० ११, १९) ; जै०शौर० में अरहन्तेण = अर्हता है (पव० ३८५, ६३) ; शौर० में चलन्तेण = चलता है (ललित० ५६८, ५) ; गाअन्तेण = गायता और करेन्तेण = कुर्वता है (मृच्छ० ४४, २ ; ६०, २५ ; ६१, २४) ; हरन्तेण रूप भी पाया जाता है (उत्तररा० ९२, ९); भुत्तवन्तेण = भुक्तवता है (जीवा० ५३, ११) ; माग० में गश्चन्तेण = गच्छता है (मृच्छ० १६७, २४) और आहिण्डन्तेण = आहिण्डमानेन है (चंड० ७१, १२) ; अप० में पवसन्तेण = प्रवसता (हेच० ४, ३३३), भमन्तें = भ्रमता है (विक्रमो० ५५, १८ ; ५८, ९ ; ६९, १ ; ७२, १०) और रोअन्ते = रुदता (विक्रमो० ७२, ११)। है अपादान : अ०माग० में चुल्लहिमवन्ताओ = चुल्लहिमवतः है (ठाणंग० १७७)। — सम्बन्ध : महा० में आरम्भन्तस्स = आरभमाणस्य, रमन्तस्स = रमतः और आणंतस्स = आनतः है (हाल ४२ ; ४४ ; २४३), विसहन्तस्स = *विषहतः और वोच्छिन्दन्तस्स = व्यवच्छिन्दतः है (रावण० १२, २३ ; १५, ६२) ; अ०माग० मे आउसन्तस्स = आयुष्मतः है (आयार० २, ७, १, २ ; २, ७, २, १) ; भगवन्तस्स = भगवतः है (कप्प० § ११८) ; वसन्तस्स = वसतः (उवास० § ८३), चयन्तस्स = त्यजतः है (ओव० § १७०) ; चुल्लहिमवन्तस्स रूप भी मिलता है (जीवा० ३८८ और उसके बाद); कहन्तस्स = कथयतः है (सूय० ९०७) ; जिणन्तस्स = जयतः है (दस० ६१८, १४) ; जै०महा० में अच्छन्तस्स = आच्छतः है, धूवेन्तस्स = धूपयतः और सारक्खन्तस्स = संरक्षतः है (आव०एर्त्से० १४, २५ ; २५, ४ ; २८, १६) ; कारेंन्तस्स और कुणन्तस्स = कुर्वतः है (एर्त्से० १,२४ ; १८,१०); जै०महा० में चिन्तन्तस्स रूप पाया जाता है, शौर० में भी चिन्तन्तस्स = चिन्तयतः है (एर्त्से० ११, ८ ; १८, १६ ; शकु० ३०, ५) ; शौर० में महन्तस्स भी आया है जो = महतः है (उत्तररा० १०५,५); मग्गन्तस्स = मार्गमाणस्य और णिक्कमन्तस्स = निष्का-

मतः (मृच्छ० ९५, ७ ; १०५, २४) और **हणुमन्तस्स = हनुमतः** (महावीर० ११५, १४) ; माग० में **वञ्जअन्तस्श = व्रजतः** (ललित० ५६६, ७) और **अलिहन्तस्श = अर्हतः** (प्रबोध० ५२,७) ; चू०पै० में **नच्चन्तस्स = नृत्यतः** है (हेम० ४, ३२६) ; अप० में **मे ल्लन्तहों = त्यजतः, दें न्तहों = *ददतः, जुज्झन्तहो = *युध्यतः** और **करन्तहो = कुर्वतः** है (हेम० ४, ३७०, ४ ; ३७९, १ ; ४००) । — अधिकरण : महा० मे **समारुहन्तम्मि = समारोहति, हों न्तम्मि = भवति** और **रुअन्तम्मि = रुदति** रूप पाये जाते हैं (हाल ११ ; १२४ ; ५९६) ; **हणूमन्ते** और **हणुमन्तम्मि = हनुमति** (रावण० १, ३५ ; २, ४५), अ०माग० में **जलन्ते = ज्वलति** (कप्प० § ५९ ; नायाध० § ३४ ; उवास० § ६६ ; विवाह० १६९), **सन्ते = सति** (आयार० २, ५, १, ५ ; २, ८, १ ; २, ९, १), **हिमवन्ते = हिमवति** (उवास० § २७७) है ; **अरहन्तसि = अर्हति** (कप्प० § ७४ ; नायाध० § ४६), **अभिनिक्खमन्तम्मि = अभिनिष्क्रामति** है (उत्तररा० २७९) ; शौर० में **महन्ते = महति** है (शकु० २९, ७) ; दाक्षि० में **जीअन्ते = जीवति** है (मृच्छ० १००, ९) और अप० मे **पवसन्तें = प्रवसति** है (हेम० ४, ४२२, १२) । — सम्बोधन : महा० में **आलोअन्त ससन्त जम्भन्त गन्त रोअन्त मुच्छन्तपडन्त खलन्त = आलोकयन् श्वसन् जृम्भमाण गच्छन् रुदन् मूर्छन् पतन् स्खलन्** है (हाल ५४७) ; **महन्त** रूप भी आया है (= इच्छा रखता हुआ) ; **मुअन्त = मुञ्चन्** है (हाल ५१० और ६४३) ; माग० में **अलिहन्त = अर्हन्** है (प्रबोध० ५४, ६ ; ५८, ७ ; लटक० १२, १३) । — कर्ता बहुवचन : महा० में **पडन्ता** और **निवडन्ता = पतन्तः** तथा **निपतन्तः** हैं (गउड० १२२ ; १२९ ; ४४२) ; **भिन्दन्ता = भिन्दन्तः** और **जाणन्ता = जानन्तः** है (हाल ३२६ और ८२१) ; अ०माग० में **सीलमन्ता = शीलमन्तः** (आयार० १, ६, ४, १) और **जम्पन्ता = जल्पन्तः** हैं (सूय० ५०) ; **वायन्ता य गायन्ता य नच्चन्ता य भासन्ता य सासन्ता य सावेन्ता य रक्खन्ता य = वाचयन्तश् च गायन्तश् च नृत्यन्तश् च भाषमाणाश् च शासतश् च श्रावयन्तश् च रक्षन्तश् च** है (ओव० § ४९, पाँच) ; **पूरयन्ता, पेच्छन्ता, उज्जोवेन्ता** और **करेन्ता = पूरयन्तः, प्रेक्षमाणाः, उद्योतन्तः** और **कुर्वन्तः** हैं (ओव० [§ ३७]) ; **बुद्धिमन्ता = बुद्धिमन्तः** है (सूय० ९१६) ; **अरहन्ता = अर्हन्तः** है (कप्प० § १७ और १८) । स्वयं सयुक्त शब्दों में भी यही रूप पाया जाता है जैसे, **अरहन्ता भगवन्तो** रूप पाया जाता है (आयार० १,४,१,१; २,४,१,४ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; विवाह० १२३५) ; इसी प्रकार का रूप **समणा भगवन्तो सीलमन्ता** पाया जाता है (आयार० २, २, २, १०) ; जै०महा० में **किडुन्ता = क्रीडन्तः** है (आव०एर्त्से० ३०, १५) ; **गवेसन्ता = गवेषयन्तः** और **बोहइज्जन्ता = बोध्यमानाः** हैं (कालका० २७३, ४२ ; २७४, ३) ; **सन्ता = सन्तः** और **चरन्ता = चरन्तः** हैं (एर्त्से० १, १२ और १३) ; शौर० में **पूइज्जन्ता = पूज्यमाना** और **सिक्खन्ता = शिक्षन्तः** हैं (मृच्छ० ९, १ ; ७१, २१) तथा **खेलन्ता = खेलन्तः**

सहायता से बनता है जैसे, **कणीयसे** = **कणीयान्** (कप्प० टी. एच. (TH) § १ ; अन्त० १२) है, जै०महा० में **कणीयसो** रूप आया है (द्वार० ५०१,२९), किन्तु यह अ०माग० और जै०महा० कर्मकारक के रूप **कणीयसं** के समान ही = संस्कृत **कनीयस** के रखा जा सकता है, परन्तु यह रूप स्वय वास्तव में गौण है। प्राचीन तुलना– या तर–वाचक रूप **बलीयस्** विशेषण का एक रूप ***बलीय** और शौर० में कर्त्ताकारक का रूप **बलीओ** विकसित हुआ है (शकु० ५०, ५ ; ५१, २) जिसने नियम के अनुसार ई पर प्राचीन ध्वनिबल के प्रभाव से ह्रस्व इ को अपना लिया है : **बलिअ** रूप मिलता है (= मोटा ; सबल : देसी० ६, ८८ ; माग० में : मृच्छ० १४, १० ; जै०महा० और आव० में ३५, १७ ; एर्त्से० ९, १७ ; कालका० २६१, ४२) और इसका नपुंसकलिंग का रूप **बलिअं** 'अधिक' के अर्थ मे व्यवहृत होता है (पाइय० ९०; महा० में : शकु० ५५, १६ ; शौर० में : विक्रमो० २७, २१; ५१, १५ ; मालवि० ६१, ११ ; माग० में : शकु० १५४, १३ ; वेणी० ३४, ३)। — अ०माग० कर्मकारक पुलिंग में **दुम्मणं** रूप पाया जाता है (कप्प० § ३८), **जायवेयं** = **जातवेदसं** है (उत्तर० ३६५), **जायतेयं** = **जाततेजसम्** है (सम० ८१) ; महा० में स्त्रीलिंग रूप **विमणं** मिलता है (रावण० ११, ४९) ; यह कारक नपुंसकलिंग में अधिक देखने में आता है : महा० और अ०माग० में **उरं** पाया जाता है (रावण० १, ४८ ; ४, २० और ४७ ; आयार० १, १, १, ५ ; विवाग० १२७) ; महा० और अ०माग० मे **जसं** = **यशस्** है (रावण० २, ५ ; ४, ४७ ; उत्तर० १७०), ढक्की में **जशं** रूप है (मृच्छ० ३०, ९) ; महा० मे **णहं** और अ०माग० में **नहं** रूप पाये जाते हैं (रावण० १, ७ ; ५, २ और ६४ ; ओव०) ; अ०माग में **तमं** मिलता है (सूय० ३१ और १७०) ; महा० मे **सिरं** काम मे आता है (रावण० ११, ३५ ; ६४ ; ७३ ; ९० और ९४) ; अ०माग० और माग० मे **मणं** आया है (उत्तर० १९८ ; मृच्छ० ३०, २८) ; अ०माग० में **वयं** = **वयस्** है (आयार० १, २, १, २ और ५ ; इसके साथ-साथ कर्त्ताकारक का रूप **वओ** भी पाया जाता है, १, २, १, ३) ; जै०महा० में **तेयं** = **तेजस्** है (एर्त्से० ३, १० ; ८, २४) ; अ०माग० और जै०शौर० मे **रयं** = **रजस** (सूय० ११३ ; पव० ३८५, ६१) ; अप० मे **तउ** और **तवु** = **तपस्** है (हेच० ४, ४४१, १ और २)। — करण : महा० में **वच्छेण** = **वक्षसा** है (गउड० ३०१) और **सिरेण** = **शिरसा** हैं (हाल ९१६) ; अप० में भी यह रूप आया है (हेच० ४, ३६७, ४ [अपनी प्रति मे यह हेच० ४, ३६७, ३ में है]), शौर० में यह रूप पाया जाता है (बाल० २४६, ६), अ०माग० में **शिरेणं** रूप है (ठाणंग० ४०१) ; महा० में **तमेण** = **तमसा** है (रावण० २, ३३) ; अ०माग० मे **तेयण** रूप मिलता है (उत्तर० ३६३) और **तेयणं** = **तेजसा** है (उत्तर० ३४१ ; विवाह० १२५० ; उवास० § ९४) ; महा० और अ०माग० मे **रयण** मिलता है और अ०माग० में **रयणं** = **रजसा** है (हाल १७६ ; उत्तर० १०९ ; ओव० § ११२) ; महा० में **मणेण** रूप पाया जाता है तथा अ०माग० में **मणेणं** = **मनसा** है (गउड० ३४७ ; सूय० ८४१ और उसके बाद ; ८४४ ; पण्हा०

१३४) ; जै०महा० में **परितुट्ठमणेणं = परितुष्टमनसा है** (पुलिंग ; एर्त्से० ३९, ९) ; शौर० मे **पुरुरवेण** आया है (विक्रमो० ८, १४) ; अप० में **छन्देण = छन्दसा** है (पिंगल १, १५) ; महा० स्त्रीलिंग मे **विमणाइ** रूप मिलता है (हाल ११८) ; शौर० मे **तग्गदमणाए = तद्गतमनस्कया** (विद्ध० ४३, ८) । — अपादान : महा० मे **सिराहि** आया है (गउड० ५८) ; **णहाहि** भी पाया जाता है (गउड० ११६४ ; रावण० १३, ५१) ; अ०माग० मे **तमाओ** और पद्य मे छन्द की मात्रा मिलाने के लिए **तमओ** रूप भी = **तमसः** है (सूय० ३१ और १७०), **पेज्जाओ = प्रेयसः** है (ओव० § १२३) । — सम्बन्ध : महा० मे **असुद्धमणस्स = अशुद्धमनसः** है (पुलिंग ; हाल३५) ; शौर० मे **पुरूरवस्स** रूप मिलता है (विक्रमो० २२, १६), **तमस्स** और **रजस्स** रूप भी आये हैं (प्रबोध० ४८, १ ; ५६, १४) ; जै०महा० मे **जसस्स** देखा जाता है (कक्कुक शिलालेख २१) और अप० में **जसहु = यशसः** है (एर्त्से० ८६, १९) । — अधिकरण : महा० और अ०माग० में **उरे** रूप का प्रचार है (गउड० ७३३ ; हाल ३१ ; २७६ ; २९९ ; ६७१ ; रावण० ११, ७६ ; १२, ५६ और ६२ ; १५, ५० ; ५३ और ६४ ; विवाग० १६८), महा० मे **उरम्मि** भी पाया जाता है (गउड० १०२२ ; रावण० ११, १०० ; १५, ४६) तथा अ०माग० मे **उरंसि** रूप भी पाया जाता है (कप्प० एस. (S) § २९ ; उवास०) ; महा० में **णहम्मि** रूप आया है (गउड० १३५ ; ४७६ ; ८१९ ; ८२९ ; रावण० १३, ५३ ; १४, २३ और ८३), **णहे** भी मिलता है (रावण० १३, ५८), अ०माग० मे **णभे** पाया जाता है (सूय० ३१०) ; अ० माग० मे **तमंसि** मिलता है (आयार० १, ४, ४, २) ; शौर० मे **सोत्ते = स्रोतसि** है (कर्पूर० ७१, १) ; अ०माग० मे **तवे = तपसि** है (विवाह० १९४) ; महा० और अ०माग० मे **सिरे** रूप आया है (रावण० ४, ४ ; उत्तर० ६६४) ; जै०महा० मे **सिरम्मि** पाया जाता है (एर्त्से० ५८, १ ; कालका २६८, ३९) ; महा० मे **सरम्मि = सरसि** है (हाल ४९१ और ६२४) ; महा०, जै०महा० और दाक्षि० मे **मणे = मनसि** है (रावण० ५, २० ; एर्त्से० ७९, ३४ ; मृच्छ० १०४, २) ; अ०माग० और अप० मे **चन्दे = चन्दसि** है (विवाह० १४९ ; पिंगल १, ९३) ; अप० मे **मणि** और **सिरि** रूप पाये जाते हैं (हेच० ४, ४२२, १५ ; ४२३, ४) । — बहुवचन : कर्त्ता– महा० मे **सरा = सरांसि** (पुलिंग ; गउड० ५२४) ; अ०माग० में **अहोसिरा = अधःशिरसः**, **महायसा = महायशसः** और **हारविराइयवच्छा = हारविराजितवक्षसः** हैं (ओव० § ३१ और ३३), **थूलवया = स्थूलवचसः** (उत्तर० १५) तथा **पावचेया = पापचेतसः** हैं (सूय० २८९) ; अप० में **आसत्तमणा = आसक्तमनसः** है (कालका० २६१, ४) ; स्त्रीलिंग– महा० में **गअवआओ = गतवयस्काः** है (हाल २३२) ; अ०माग० में **-रइयसिरसाओ = रचितशिरस्काः** (ओव० § ५५) और **मियसिराओ = मृगशिरसि** हैं (ठाणंग० ८१) । — कर्मकारक स्त्रीलिंग : शौर० में **सुमणाओ = सुमनसः** है (मृच्छ० ३, १ और २१) ; नपुंसकलिंग : अ०माग० में **सराणि** मिलता है (आयार० २, १,

३, २)। — करण : महा० में **सरेहि** पाया जाता है (हाल ९५३), **सिरेहि** और **सिरेहिं** रूप भी मिलते हैं (हाल ६८२ ; रावण० ६, ६०), **-मणेहिँ** भी आया है (पुलिंग ; गउड० ८८), **उरेहि** का भी प्रचलन है (रावण० ६, ६०) ; स्त्रीलिंग : महा० में **विमणाहिं** रूप मिलता है (रावण० ११, १७), **मंगलमणाहि** भी पाया जाता है (रावण० १५, ४३)। — सम्बन्ध : महा० में **सराण** रूप पाया जाता है (हाल ९५३) ; जै०महा० में **गयवयाण** मिलता है (कक्कुक शिलालेख १४) ; स्त्रीलिंग : महा० में **गअवआण** आया है (हाल २३३)। — अधिकरण : अ०माग० में **तवेसु** रूप आया है (सूय० ३१८), **सरेसु** भी पाया जाता है (नायाध० ४१२)। जैसे **आपस्** का **आऊ** और **तेजस्** का **तेऊ** रूप बन जाता है, उसी भाँति अ०माग० में **वचस्** का **वऊ** रूप हो जाता है (स्त्रीलिंग में) : **इत्थीवऊ** = **स्त्रीवचः** है (पण्णव० ३६३ ; ३६८ ; ३६९) ; **पुंवऊ** रूप भी आया है (पण्णव० ३६३), **पुमवऊ** भी देखने में आता है (पण्णव० ३६३ ; ३६८ ; ३६९), **नपुंसगवऊ** भी पाया जाता है (पण्णव० ३६३ ; ३६९), **एगवऊ** और **बहुवऊ** रूप भी मिलते हैं (पण्णव० ३६७)। — **-अस्** लग कर बननेवाले शब्दों में **-स** वर्ग बहुत कम मिलता है : अ०माग० में **अदीणमणसो** = **अदीनमनाः** है (उत्तर० ५१) ; जै०महा० में **विउसो** = *विदुषः = वैदिक **विदुः** = **विद्वान्** (एर्त्से० ६९, १८)।

§ ४१०—सभी प्राकृत भाषाओं में **अप्सरस्** शब्द की रूपावली **आ-** वर्ग की भाँति होती है जो स्वयं संस्कृत में भी इसी प्रकार से चलती है : कर्त्ता एकवचन— अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **अच्छरा** पाया जाता है (पण्हा० २२९ ; ठाणंग २६९ और ४८९ ; नायाध० १५२५ ; एर्त्से० ६४, २६ ; शकु० २१, ६ ; विक्रमो० १६, १५ ; कर्ण० १५, २) ; शौर० में **अणच्छरा** रूप मिलता है जो = **अनप्सराः** (विक्रमो० ७, १८) ; कर्त्ता बहुवचन : अ०माग० और शौर० में **अच्छराओ** रूप है (ओव० [§ ३८] ; पण्हा० २८८ ; विवाह० २४५ और २५४ ; बाल० २१८, ११) ; करण : अ०माग० और शौर० में **अच्छराहिं** आया है (विवाह० २४५ ; रत्ना० ३२२, ३० ; बाल० २०२, १३) और विक्रमोर्वशी ४०, ११ के **अच्छरेहिं** के स्थान में भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए। तथाकथित **अच्छरेहिं** के सम्बन्ध में जो रावण० ७, ४५ में **धाराहरेहिं** से सम्बन्धित एक बहुव्रीहि के अन्त में आया है और ठीक है के विषय में § ३२८ और ३७६ देखिए ; मूल शब्द **अच्छरा-** और अ०माग० **अच्छर** के विषय में § ९७ और ३४७ देखिए। हेच० १, २० और सिंहराजगणिन् पन्ना २५ के अनुसार मूल शब्द **अच्छरसा** बनाया जाता है : कर्त्ता एकवचन— **अच्छरसा** है, कर्त्ता बहुवचन— **अच्छरसाओ** होता है। महा० रूप **अच्छरसं** इसी से सम्बन्धित कर्मकारक है जो रावण० १३, ४७ में आया है।

§ ४११—(२) अन्त में **-इस्** और **-उस्** लग कर बननेवाले संज्ञा शब्द। प्राचीन रूप जो प्राप्त हैं वे नीचे दिये जाते हैं : करण एकवचन— अ०माग० में **चक्खुसा** = **चक्षुषा** है (पण्हा० ४६१ ; उत्तर० ७२६ ; ७३४ ; ७७९) ; अ०माग० में **विउसा** = **विदुषा** (हेच० २, १७४ पेज ६८ [भंडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट द्वारा

प्रकाशित 'कुमारपालचरित' परिशिष्टे च सिद्धहैमव्याकरणस्याष्टमाध्यायेन सहितम्' के द्वितीय संस्करण का पेज ४९९ । — अनु०]) । — सम्बन्ध : शौर० में **आउसो = आयुषः** है (विक्रमो० ८०, ४), **धणुहो = धनुषः** है (§ २६३ ; बाल० ११३, १७ ; शुद्ध है ?) । — सम्बन्ध बहुवचन : अ०माग० में **जोइसं = ज्योतिषाम्** है (ओव० § ३६ ; ए०. बी०. [ग्री०] बी. तथा डी. हस्तलिपियों के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), **जोइसाम् अयणे** में (विवाह० १४९ ; कप्प० § १०, ओव० § ७७) **जोइसाम्** रूप भी पाया जाता है । **-ऊ** में समाप्त होनेवाला कर्त्ता एकवचन या तो इस § में या **ऊ-** वर्ग में वर्णित किया जा सकता है : अ०माग० में **विऊ** = वैदिक **विदुः**[1] (सूय० ८९ ; १४७ ; ३४२ ; ५६० ; ६६५ ; उत्तर० ६४४ और ६९१ ; आयार० २, १६, ५[2]), **धम्मविऊ = धर्मविदुः** (आयार० १, ३, १, २), **एग-विऊ = एकविदुः**, **धम्मविऊ = धर्मविदुः**, **मग्गविऊ = मार्गविदुः** और **पारविऊ = पारविदुः** है (सूय० ५६० ; ५६५ ; ६६५), **एक्कारसंगविऊ = एकादशांग-विदुः** है (नायाध० ९६७), **बारसंगविऊ = द्वादशांगविदुः** (उत्तर० ६९१), **चक्खू, एगचक्खू** और **तिचक्खू = चक्षुः, एकचक्षुः, द्विचक्षुः** और **त्रिचक्षुः** है (ठाणंग० १८८) ; **धणू = धनुः** (हेच० १, २२) ; शौर० में **आऊ = आयुः** (विक्रमो० ८१, २० ; **आउओ = *आयुकः** ८२, १३ की तुलना कीजिए) ; शौर० में **दीहाऊ = दीर्घायुः** (हेच० १, २० ; मृच्छ० १४१, १६ ; १५४, १५ ; शकु० १६५, १२ ; विक्रमो० ८०, १२ ; ८४, ९ ; उत्तररा० ७१, ८ आदि-आदि) है । — **इ-** तथा **उ-** वर्ग से निम्नलिखित रूप निकाले गये हैं : कर्त्ता एकवचन– अ०माग० में **सप्पि = सर्पिः** (सूय० २९१ ; नपुंसकलिंग), **जोई = ज्योतिः** (उत्तर० ३७४ और उसके बाद ; पुलिंग) ; § ३५८[3] की तुलना कीजिए । महा० में **हविं = हविः** (भाम० ५, २५) ; महा० में **धणुं = धनुः** (हाल ६०३ ; ६२० ; रावण० १, १८ ; २४ ; ४५) और अ०माग० में **आउं = आयुः** हैं (आयार० १, २, १, २) । — कर्म : अ०माग० में **जोइं = ज्योतिः** है (उत्तर० ३७५ ; ६७७ ; १००९ ; नन्दी० १४६), **सजोइँ = सज्योतिषम्** है (सूय० २७०), **सप्पि = सर्पिः** है (आयार० २, १, ८, ८ ; कप्प० एस. (S.) § १७ ; ओव० § ७३), **चक्खु = चक्षुः** है (आयार० १, ८, १, ४), इसका रूप **चक्खू** भी मिलता है (सूय० २२३), यह कर्त्ताकारक के समान ही है (उवास § ५ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), **परमाउं** रूप भी पाया जाता है (ओव० § ५३ ; सम० ११२) ; महा०, अ०माग० तथा शौर० में **धणुं = धनुः** (हाल १७७ ; ६३१ ; निरया० § ५ ; वेणी० ६२, १७); शौर० में **दीहाउं = दीर्घायुषम्** है (उत्तररा० १३२, ९) । — करण : अ०माग० में **जोइणा = ज्योतिषा** (आयार० २, १६, ८ ; सूय० ४६० और ७३१) और **अच्चीए = अर्चिषा** है जो **अर्चिस्** का एक रूप है और स्त्रीलिंग बन गया है (ओव० § ३३ और ५६) ; शौर० में **दीहाउणा** रूप पाया जाता है (शकु० ४४, ६ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) । — अपादान : अ०माग० में **चक्खूओ** रूप पाया जाता है (आयार० २, १५, ५, २) । — सम्बन्ध : अ०माग० में **आउस्स** (सूय० ५०४)

और **चक्खुस्स** (उत्तर० ९२४ और उसके बाद) रूप पाये जाते हैं। — अधिकरण : अ०माग० में **आउसिम** (सूय० २१२) रूप मिलता है और जै०महा० में **चक्खुसिम** आया है (आव०एर्त्से० १५, १७)। — कर्त्ता बहुवचन पुलिंग : अ०माग० में **वेयविऊ, जोइसंगविऊ** और **विऊ** रूप पाये जाते हैं (उत्तर० ७४३ और ७५६), **धम्मविद्** रूप भी मिलता है (आयार० १, ४, ३, १), **अणाऊ** = **अनायुषः** है (सूय० ३२२); नपुंसकलिंग में : **चक्खूइं** रूप मिलता है (हेच० १, ३३); अ०माग० में **चक्खू** रूप आया है (सूय० ५४९ ; ६३९)। — करण : **धणूहिं** रूप पाया जाता है (निरया० § २७)। — नीचे दिये गये शब्दों में अन्त में **-स** लगाकर बननेवाला वर्ग पाया जाता है : कर्त्ता — **दीहाउसो** = **दीर्घायुः** है (हेच० १, २० ; मालवि० ५५, १३) ; महा० में **अदीहराउसो** रूप काम में आया है (हाल ९५०) ; **धणुहं** = **धनुः** जो वास्तव में कभी कहीं बोले जानेवाले ***धनुषम्** का प्राकृत रूप है (§ २६३ ; हेच० १, २२), इसके साथ-साथ महा० की अधिकरण में **धणुहे** पाया जाता है (कर्पूर० ३८, ११)। इनका मूल शब्द **धणुह-** होना चाहिए (प्रसन्न० ६५, ५) ; जै०महा० में **चिराउसा** रूप मिलता है (तीर्थ० ७, ८ ; स्त्रीलिंग)। त्रिविक्रम १, १, ३, ३ के अनुसार **आशिस्** कर्त्ताकारक का रूप प्राकृत में **आसी** = **आशीः** बनता है अथवा **आशिस्** से निकलता रूप **आसीसा** होता है जिसे हेमचन्द्र भी २, १७४ में सिखाता है। यह जै०महा० में भी कर्मकारक में पाया जाता है। इस प्राकृत में **आसीसं** रूप पाया जाता है (एर्त्से० ८०, ११)। इसके अतिरिक्त **लद्धासीसो** = **लब्धाशीः** भी पाया जाता है (एर्त्से० ८४, २५); शौर० में करणकारक में **आसीसाए** रूप मिलता है (वेणी० २३, १७), करण बहुवचन में **आसीसाहिं** आया है (मल्लिका० ७९, ३)। इसके साथ-साथ **आसिसा** रूप भी निश्चित है जो दुर्बल वर्ग के विस्तार से बना है : शौर० कर्त्ता— **आसिसा** है (शकु० ८३, १) ; कर्म— **आसिसं** (मालती० ३५१, ७) ; सम्बन्ध— **आसिसाए** है (नागा० ८४, १५ ; पाठ में **आसिसं** के स्थान में इसी ग्रन्थ में अन्यत्र मिलनेवाले रूप **आसिसाए** के अनुसार यही रूप पढ़ा जाना चाहिए) ; सम्बन्ध बहुवचन— **आसिसाणं** है (मालती० बम्बइया संस्करण १०७, १२ ; भण्डारकर के संस्करण पेज ३६३ में इस शब्द की तुलना कीजिए ; महावीर० १३३, ५)।

१. पिशल, वेदिशे स्टुडिएन २, २६६। — २. विऊ [पाठ में विदू है] नए धम्मपयं अणुत्तरं शब्द श्लोक ४ के हैं। याकोबी द्वारा अटकल से बनाया गया शब्द विदूणते जो विदुन्वतः के अर्थ में लिया गया है (सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट, खण्ड बाईसवाँ, २१२ नोटसंख्या २) भाषाशास्त्र के अनुसार असम्भव है। नते नये के स्थान में (§ २०३) = नयेत्, अशुद्ध रूप है (§ ४९३, नोटसंख्या ४)। — ३. यहाँ सप्पी को काट डालना चाहिए।

§ ४१२—'पुंस' शब्द के प्राकृत में चार वर्ग हैं : (१) **पुं** जो **पुंस-** से निकला है और महा०, अ०माग० तथा जै०महा० में **पुंनव** में पाया जाता है (गउड० ८७ ; उत्तर० ६६६ ; नायाध० १२६२ ; १२७२ ; एर्त्से० ४, २५) ; अ०माग० में **पुंवेय**

रूप पाया जाता है (सम० ६२ [पाठ में **पुंवेद** है] ; भग०), **पुंवऊ** = ***पुंवचः** भी मिलता है (पण्णव० ३६३) ; (२) **पुमांस** जो अ०माग० के कर्त्ता एकवचन में **पुमं** = **पुमान्** मे पाया जाता है (दस० ६२८, ९) ; (३) उक्त दोनों वर्गों से निकला अथवा आविष्कृत वर्ग **पुम**– अ०माग० के कर्त्ता एकवचन मे **पुमे** रूप आया है (ठाणंग० ४७९ और ४८२), अ०माग० के कर्म एकवचन में **पुमं** देखने मे आता है (आयार० २, ४, १, ८ और ९ ; दस० ६३७, ८), यह रूप इससे व्युत्पन्न शब्दों और समासों में भी पाया जाता है जैसे, अ०माग० मे **पुमवऊ** = ***पुंवच** (पण्णव० ३६३ ; [पाठ मे **पुमवेऊ** है] ; ३६८ ; ३६९) है, **पुमआणमणी** = ***पुमाज्ञापनी** है (पण्णव० ३६३ और उसके बाद ; ३६९), **पुमपन्नवणी** = ***पुंप्रज्ञापनी** (पण्णव० ३६४) है, **पुमित्थिवेय** = **पुंस्त्रीवेद** (उत्तर० ९६०), **पुमत्तं** = **पुंस्त्वम्** (उत्तर० ४२१), **पुमत्ताए** = **पुंस्त्वाय** (ओव० § १०२ ; ठाणंग० ४७९ ; ४८२ ; ५२३) और **पुमवयण** = **पुंवचन** है (पण्णव० ३७० और ३८८ ; ठाणंग० १७४ [पाठ मे **पुम्मवयण** है]) ; (४) **पुंस्**– के विस्तार से बना हुआ वर्ग **पुंस**– जिसके रूप अ०माग० मे **पुंसकोइलग** = **पुंसकोकिलक** है (ठाणंग० ५६८), **नपुंसवेय** रूप भी मिलता है (उत्तर० ९६०)। पल्लवदानपत्रों मे **स्**– वर्गों मे से केवल **भूयो** मिलता है (७, ४१)।

(८) शेष व्यंजनों के वर्ग

§ ४१३— **त्**–, **न्**– और **स्**– वर्ग को छोड केवल **श**– वर्ग के और उसमे से भी विशेष कर **दिश्** के नाना रूप प्राचीन रूपावली के अनुसार बने रह गये हैं और इनमे से अधिकाश परम्परा की रीति से बोले जानेवाले वार्तालाप मे पाये जाते है जैसे, अ०माग० मे **दिसो दिसं** रूप आया है (आयार० २, १६, ६), अ०माग० और जै०महा० मे **दिसो दिसिं** भी पाया जाता है (पण्हा० १९७ ; उत्तर० ७९३ ; नायाध० ३४८ ; एर्त्से० १३, ६ ; ३८, २६ ; ६३,२५) ; महा० और जै०महा० मे **दिसि-दिसि** रूप मिलता है (विद्ध० ९०, ५ ; एर्त्से० ७, २९) ; अ०माग० मे **पदिसो दिसासु** आया है (आयार० १, १, ६, २) ; कई रूप विरल है जैसे, सम्बन्धकारक का महा० का रूप **पुव्वादिसो** = **पूर्वदिशः** है (बाल० १७९, २) और माग० में **णिशि** रूप मिलता है (मृच्छ० १०, ४ ; यह पद्य मे आया है)। अन्यथा इक्के-दुक्के रूप मिलते हैं (§ ३५५), जैसे अ०माग० मे करण एकवचन का रूप **वाया** = **वाचा** है (उत्तर० २८ ; दस० ६३०, ३२) और **कायगिरा** = **कायगिरा** (§ १९६ ; दस० ६३४, २४)। शेष सभी व्यंजनों के वर्ग प्रायः सदा **अ**– रूपावली मे तथा स्त्रीलिंग में **आ**– अथवा **ई**– की रूपावली मे ले लिये गये हैं। इस नियम के अनुसार **वाच्** ***वाचा** के द्वारा महा० मे **वाआ** बन गया है (भाम० ४, ७ ; गउड० ६९), अ०माग० में इसका **वाया** बन जाता है (सूय० ९३१ और ९३६) ; कर्मकारक में **वाअं** और अ०माग० मे **वायं** पाया जाता है (गउड० ६, ७ ; सूय० ९३२) ; करण– महा०,

शौर० और माग० में **वाआए** रूप पाया जाता है (गउड० ६३ ; प्रसन्न० ४६, १४ ; ४७, १ ; माग० में : मृच्छ० १५२, २२), महा० में **वाआइ** भी देखने में आता है (हाल ५७२) ; अ०माग० में **वायाए** रूप मिलता है (दस० ६३१, ३४ ; पण्हा० १३४) ; सम्बन्ध- माग० में **वाआए** पाया जाता है (मृच्छ० १६३, २१) ; अधिकरण- महा० में **वाआइ** पाया जाता है ; कर्त्ता बहुवचन- महा० में **वाआ** और **वाआओ** रूप हैं (गउड० ९३) ; कर्म- अ०माग० में **वायाओ** आया है (आयार० १, ७, १, ३) ; करण- अ०माग० में **वायाहि** मिलता है (आयार० २, १६, २) ; अधिकरण- महा० में **वाआसु** पाया जाता है (गउड० ६२) । इसके साथ साथ अ०माग० में बहुधा **वई** रूप मिलता है जो = ***वची** के और ***वाची** से निकला है । इसमें § ८१[1] के अनुसार **आ** का **अ** हो गया है, इसका : कर्त्ता एकवचन- **वई** है (आयार० पेज १३२, १५ और १७ ; विवाह० ७०) ; कर्म- **वइं** मिलता है (आयार० १, ५, ३, १ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; २, ३, १, २१ ; २, ३, ३, १६ ; पेज १३२, १५ और १७ ; सूय० १६९ [यहाँ **वइं** पढ़िए] और ८६६), **वइ**- भी पाया जाता है (आयार० १, ५, ५, ४ ; १, ७, २, ४ ; २, १३, २२ ; पेज १३३, २ ; सूय० १२८ ; उत्तर० ६४६ ; जीवा० २५ और २७६ ; विवाह० १४३१ ; १४५३ ; १४६२ ; कप्प० § ११८ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । — **त्वच्** की रूपावली निम्नलिखित प्रकार है : कर्त्ता एकवचन- अ०माग० में **तया** = ***त्वचा** है (सूय० ६३९ ; विवाह० १३०८ और १५२९) ; अपादान-अ०माग० में **तयाओ** पाया जाता है (सूय० ६३९) ; सम्बन्ध बहुवचन- अ०माग० में **तयाणं** रूप मिलता है (सूय० ८०६) ; कर्त्ता- अ०माग० में **तयाणि** होता है (§ ३५८) । यह वर्ग बहुधा समासों में पाया जाता है जैसे, अ०माग० में **तयप्पवाल-** = **त्वक्प्रवाल** है (पण्हा० ४०८), **तयासुह** = **त्वक्सुख** है (नायाध० § ३४ ; ओव० § ४८ ; कप्प० § ६०), **तयामन्त** रूप भी मिलता है (ओव० § ४ और १५), **सरित्तया** = **सदृक्त्वचः** है (विवाह० १२३ ; कर्त्ता बहुवचन) । **ऋच्** का केवलमात्र एक रूप शौर० में मिलता है अर्थात् **रिच्चाइं**, जो कर्म बहुवचन है (§ ३५८)। **भिषज्** का कर्त्ता एकवचन **भिसओ** पाया जाता है (हेच० १, १८), **यकृत्** का सम्बन्ध एकवचन का रूप अ०माग० में **जगयस्स** = ***यकृतस्य** है (विवाह० ८६९), **शरद्** का कर्त्ता एकवचन **सरओ** पाया जाता है (§ ३५५) । — **विद्** का कर्त्ता एकवचन में अ०माग० में **सव्वंगवी** रूप देखने में आता है (विवाह० १४९ ; कप्प० § १० ; ओव० § ७७), **वेयवी** = **वेदवित्** है (आयार० १, ४, ४, ३ ; १, ५, ४, ३ ; १, ५, ५, २ ; उत्तर० ७४२) ; **परिषद्** का कर्त्ता एकवचन अ०माग० में **परिसा** पाया जाता है जो ***परिषदा** से निकला है (विवाग० ४ ; १३ ; १५ ; ५८; १३८ ; २४२ ; ओव० ; उवास० और यह रूप बहुत अधिक जै०महा० में भी मिलता है : एर्त्से० ३३, १०), करण-, सम्बन्ध- और अधिकरण कारकों में अ०माग० में **परिसाए** पाया जाता है (कप्प० § ११३ ; ओव० § ५६) ; कर्त्ता बहुवचन-अ०माग० में **परिसाओ** रूप आया है (विवाह० १०३), करण- **परिसाहिं** है (नायाध०

१०२६), सम्बन्ध- **परिसाणं** पाया जाता है (विवाग० २०१)। **संपद्** का कर्त्ताकारक **संपआ है** और **प्रतिपद्** का **पडिवआ** पाया जाता है (हेच० १, १५), जै०-महा० में **संपया** और **आवया** रूप मिलते हैं (एर्से० ८१, ३५); अप० में **संपइ** = ***संपदी** और इसी प्रकार **आवइ = आपद्** तथा **विवइ = विपद्** हैं (हेच० ४, ३३५ ; ३७२ और ४००) ; अ०माग० **आवइकालं = आपत्कालम्** की तुलना कीजिए (ओव० § ८६) ; अप० में कर्मकारक का रूप **संपअ** मिलता है (पिंगल १, ८१ ; गौल्दश्मित्त कृत मगल), महा० में कर्त्ता बहुवचन का रूप **संपआ** पाया जाता है, अ०माग० में **संपया है** (हाल ५१८ ; कप्प० § १३४ और उसके बाद), **आवईओ** रूप भी पाया जाता है (गउड० ९८८)। अ०माग० में **हृद्** का कर्मकारक **हियं** आया है (आयार० १, १, २, ५)। — **क्षुध्** का कर्त्ताकारक में **छुहा** और **खुहा** रूप बनते हैं (§ ३१८)। — **आऊ** के सम्बन्ध मे § ३५५ देखिए। — **ककुभ्** का रूप कर्त्ताकारक मे **कउहा** हो जाता है (हेच० १, २१)। **गिर्** का कर्त्ताकारक **गिरा** है, इस रीति से **धुर्** का कर्त्ताकारक **धुरा** और **पुर्** का **पुरा** बन जाता है (हेच० १, १६) ; दाक्षि० में कर्मकारक में **धुरं** पाया जाता है (मृच्छ० १०२, २) ; कर्त्ता बहुवचन- अ०माग० में **गिराओ** रूप मिलता है (पण्हा० २८७) ; करण- **गिराहिं** है (विवाह० ९४४ ; कप्प० § ४७ ; नायाध० § २३) ; सम्बन्ध- **गिराणं** पाया जाता है (उत्तर० ३५८; [कुमाउनी में इसका रूप **गिरानन्** हो गया है। —अनु०])। **अहर्** (दिन) का कर्मकारक का रूप अ०माग० में **अहो** पाया जाता है (§ ३४२), यह रूप बहुधा निम्नलिखित शब्द के साथ पाया जाता है : **अहो य राओ** अथवा **अहो य राओ य** (§ ३८६)। — बहुत अधिक काम में आनेवाला शब्द **दिश्** सभी प्राकृत बोलियों में **दिसा** रूप ग्रहण कर लेता है। माग० में **दिशा** रूप होता है। ये रूप समासों और रूपावली में भी चलते हैं : कर्त्ता- **दिसा**, कर्म- **दिसं** होता है, करण-, सम्बन्ध- और अधिकरण-कारकों में **दिसाए** रूप मिलता है, अपादान- **दिसाओ** पाया जाता है, अ०माग० में **अहेदिसाओ** और **अणुदिसाओ** रूप भी देखने में आते हैं (आयार० १, १, १, २ ; सूय० ५७४), शौर० में **पुव्वदिसादो** रूप आया है (रत्ना० ३१३, ७) ; कर्त्ता तथा कर्म बहुवचन **दिसाओ** काम में लाया गया है, करणकारक **दिसाहिं है**, सम्बन्ध **दिसाणं** चलता है तथा अधिकरण में **दिसासु** आया है, अ०माग० में **विदिसासु** रूप भी मिलता है (ठाणग० २५९ और उसके बाद)। ***दिशी** शब्द का अ०माग० और जै०महा० में कर्मकारक का रूप बहुधा **दिसिं** पाया जाता है, विशेषतः संयुक्त रूप **दिसो दिसिं** में, अन्य स्थलों में भी यह रूप देखने में आता है जैसे, विवाग० ४ ; ३८ ; कप्प० § २८ ; कप्प० एस. (S.) § ६१ [इस ग्रन्थ में अन्यत्र **दिसं** रूप भी देखिए], **अणुदिसिं** भी पाया जाता है (कप्प० एस. (S.) § ६१), **छद्दिसिं** काम में आया है (विवाह० १४५), **पडिदिसिं** का भी प्रचलन है (ठाणग० १३५ ; टीका में दिया गया है : **इकारस् तु प्राकृतत्वात्**) तथा समासों में **दिसी-** रूप चलता है (विवाह० १६१ ; ओव० § २ ; कप्प० § २७ और ६३ ; उवास० § ३ और ७ ; ओव०एर्से० १४, १०) और कहीं-कहीं **दिसि-**

भी इस काम में आता है (उवास० § ५०); इसी नियम जै०शौर० में संबंधकारक बहुवचन का रूप **दिसीणं** है (कत्तिगे० ४०२, ३६७) और इसके साथ साथ **दिसाण** रूप भी पाया जाता है (४०१, ३४२), अधिकरण- कारक मे जै०शौर० में **दिसिसु** रूप मिलता है (कत्तिगे० ४०१, ३४१), अप० में **दिसिहिँ** है (हेच० ४, ३४०, २)। — **प्रावृष्** का रूप **पाउसो** बन जाता है (§ ३५८); **उपानह्** के स्थान मे शौर० में **उवाणह** वर्ग है (मृच्छ० ७२, ९), कर्त्ता- और कर्म- कारक बहुवचन में अ०माग० में **पाहणाओ** और **वाहणाओ** रूप पाये जाते हैं (§ १४१)।

१. वेबर (भगवती १, ४०४) मूल से **वह्**- की व्युत्पत्ति **वचस्** से बताता है।

-तर और -तम के रूप

§ ४१४—प्राकृत में 'एक से श्रेष्ठ' और 'सब से श्रेष्ठ' का भाव बताने के लिए **-तर**, **-तम**, **-ईयस्** और **-इष्ठ** का ठीक वैसा ही प्रयोग किया जाता है जैसा संस्कृत में : महा० में **तिक्खअर** = **तीक्ष्णतर** है (हाल ५०५); जै०महा० में **उज्जलतर** = **उज्ज्वलतर** (आव०एर्त्सें० ४०, ६), **दढतर** = **दृढतर** (एर्त्सें० ९, ३५); अ०माग० मे **पग्गहियतर** = **प्रगृहीततर** है (आयार० १, ७, ८, ११) तथा **थोवतर** = **स्तोकतर** है (जीयक० ९२); शौर० मे **अधिअदर** = **अधिकतर** है (मृच्छ० ७२, ३ ; ७९, १ ; मालती० २१४, १ ; वृषभ० १०, २१ ; नागा० २४, ५) और **णिहुददर** = **निभृततर** है (विक्रमो० २८,८)। स्त्रीलिंग मे **दिउणदरा** = **द्विगुणतरा** है (मृच्छ० २२, १३), **दिउणदरी** रूप भी मिलता है (प्रिय० २५, ७); जै०महा० और शौर० मे **महत्तर** पाया जाता है (एर्त्सें० ; उत्तररा० ११८, ५), माग० में **महत्तल** आया है (शकु० ११८, ५) : महा० मे **पिअअम** काम में आया है (हाल ; रावण०), जै०महा० मे **पिययम** रूप बन जाता है (द्वार० ४९८, २६ ; एर्त्सें०), शौर० मे इसका रूप **पिअदम** देखने मे आता है (विक्रमो० २८, ९ ; ५२, २० ; ५८, ५ ; प्रबोध० ३९, २), अप० मे भी **पिअअम** का प्रचलन है (विक्रमो० ६६, १६)। ये सब रूप = **प्रियतम** हैं ; अ०माग० मे **तरतम** पाया जाता है (कप्प०); अ०माग० और जै०महा० में **कनीयस्** रूप मिलता है (§ ४०९ ; [इस **कनीयस्** से कुमाउनी में **काँसो** और **काँसी** रूप बन गये हैं, नेपाली मे **काञ्छा** और **काञ्छी**]), शौर० में **कणीअसी** का प्रयोग है (स्त्रीलिंग ; मालवि० ७८, ९) ; अ०माग० मे **कणिट्ठग** रूप है (उत्तर० ६२२) ; अ०माग० में **सेयं** = **श्रेयस्** है (§ ९४), **सेयंस** रूप भी पाया जाता है (§ ४०९); पल्लवदानपत्रों मे **भूयो** मिलता है (७, ४१), अ०माग० और जै०महा० में इसका रूप **भुज्जो** बन जाता है (§ ९१ ; आयार० १, ५, ४, २ ; १, ६, ३, २ ; २, २, २, ७ ; सूय० ३६१ ; ५७९ ; ७८७ ; ७८९ ; ९७९ ; उत्तर० २१२ ; २३२ ; २३८ ; २३९ ; ३६५ ; ४३४ ;८४२ ; विवाह० १८ ; २७ ; ३० और उसके बाद ; १४५ ; २३८ और उसके बाद ; ३८७ आदि-आदि ; उवास० ; नायाध० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्सें०), शौर० में **भूओ** पाया जाता है (शकु० २७,

६ ; १०, १४ ; १२३, १३ ; मालवि० ४८, ७), शौर० में **भूइट्ठ** रूप भी आया है (शकु० २७, ५ ; मालवि० ७१, ८) = **भूयस** और **भूयिष्ठ** हैं। इनके साथ-साथ शौर० में **बहुदर** रूप भी बहुत चलता है (मृच्छ० ३७, २३ ; शकु० ७३, ३ ; उत्तरारा० ६६, १ ; चैतन्य० ४२, २ ; ४३, ५ ; ४५, ११) ; अ०माग० में **पेज्ज = प्रेयस्** (§ ९१ ; आयार० १, ३, ४, ४ ; सूय० ८८५ ; पण्णव० ६३८ ; विवाह० १२५ ; १०२६ ; उत्तर० १९९ ; उवास०), **पिज्ज**- रूप भी पाया जाता है (उत्तर० ८२२ और ८७६) ; अ०माग० में **पावीयंसे = पापीयान्** है (§ ४०९), जै०महा० में **पाविट्ठ = पापिष्ठ** है (कालका०) ; अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **जेट्ठ = ज्येष्ठ** (आयार० २, १५, १५ ; विवाह० ३३३ और ५११ ; उत्तर० ६२२ [पाठ में **जिट्ठ** है] ; उवास० ; कप्प० ; नायाध० ; द्वार० ४९५, २६ ; एर्से० ; विक्रमो० ८८, १६ ; उत्तररा० १२८, १२ ; अनर्घ० २९७, १३) ; अ०माग० में **धम्मिट्ठ = धर्मिष्ठ** है (सूय० ७५७) ; जै०महा० में **दप्पिट्ठ = ＊दर्पिष्ठ** है (कालका २७०, ९) ; शौर० में **अदिबलिट्ठ** रूप पाया जाता है (प्रसन्न० ८३, १०)। अ०माग० रूप **हेट्ठिम** के विषय में § १०७ देखिए। द्वित्व रूप यहाँ दिये जाते हैं : अ०माग० में **उत्तरतर** मिलता है (ओव०), **बलियतरं** पाया जाता है (विवाह० ८३९); **जेट्ठयर** और **कणिट्ठयर** रूप भी मिलते हैं (हेच० २, १७२)। एक ध्यान देने योग्य और मार्के का द्वित्व रूप अ०माग० क्रियाविशेषण **भुज्जतरो, भुज्जयरो** है जिसमें तर-वाचक रूप **भुज्ज = भूयस्** में दूसरी बार **-तर** प्रत्यय जोड़ा गया है, किन्तु साथ ही अन्त में **भुज्जो = भूयस्** का **-ओ** रहने दिया गया है। इसके अनुकरण पर[1], जैसा कि बहुत से अन्य स्थानों में **अप्पतरो** का प्रयोग किया जाता है, यह **अप्पतरो = अल्पतरम्** और इसका प्रयोग निम्नलिखित संयुक्त शब्दावलि में हुआ है, **अप्पतरो वा भुज्जतरो वा** अथवा **अप्पयरो वा भुज्जयरो वा** (आयार० २, ३, १, १३ ; सूय० ६२८ ; ६९९ ; ७५१ ; ९८६ ; विवाह० ४० ; ओव० § ६०)। — कभी कभी साधारण शब्द तर-वाचक शब्द के स्थान में काम में लाया जाता है : महा० में **ओवणाहि वि लहुअं** मिलता है, इसका अर्थ है 'नीचे को पतन से भी शीघ्रतर' (रावण० ६, ७७), **सेउबन्धलहुअं** का अर्थ है 'सेतु बाँधने से भी लघुतर' (रावण० ८ ६५) ; शौर० में **तत्तो वि**···**पिअ त्ति** आया है जिसका अर्थ है 'तुझसे भी प्रियतर' (शकु० ९, १०) **पढुमदंसणादो वि सविसेसं पिअदंसणो** का अर्थ है 'प्रथम दर्शन से भी चारुतर' (विक्रमो० २४, १)।

१. लौयमान, औपपातिक सूत्र में अप्पतरो शब्द देखिए। — २. ३५५ में आऊ।

आ—सर्वनाम

§ ४१५—उत्तमपुरुष का सर्वनाम।

एकवचन

कर्त्ता—अहं, अहअं, जै०महा० में अहये, हं [अम्हि, अम्मि, म्मि, अहम्मि]। माग० में हगे, हगो [हके, अहके] ; अप० में हउँ।

कर्म—**मं, ममं, महं, मे** [**मि, मिमं, अम्मि, अम्हं, अम्ह, मम्ह, अहं, अहम्मि, णे, णं**] ; अप० में **मइँ** ।

करण—**मए, मइ** [**ममए, ममाइ, मआइ**], **मे** [**मि, ममं, णे**] ; अप० में **मइँ** ।

अपादान—[**मत्तो, ममत्तो, महत्तो, मज्झत्तो, मइत्तो**], **ममाओ** [**ममाउ, ममाहि**], **ममाहिंतो** आदि आदि (४१६) ; पै० में [**ममातो, ममातु**] ; अप० में [**महु, मज्झु**] ।

सम्बन्ध—**मम, मह, मज्झ, ममं, महं, मज्झं, मे, मि** [**मइ, अम्ह, अम्हम्**] ; अप० में **महु, मज्झु** ।

अधिकरण—[**मए**], **मइ** [**मे, मि, ममाइ**], **ममम्मि** [**महम्मि, मज्झम्मि, अम्हम्मि**] ; अप० में **मइँ** ।

बहुवचन

कर्त्ता—**अम्हे** [**अम्ह, अम्हो, मो, भे**] ; दाक्षि० में **वअं** ; अ०माग० और जै०महा० में **वयं** भी होता है ; माग० में [**हगे** भी] ; पै० में **वयं, अम्फ, अम्हे**; अप० में **अम्हे, अम्हइँ** ।

कर्म—**अम्हे, अम्ह** [**अम्हो**], **णो, णे** ; अप० में **अम्हे** [**अम्हइँ**] ।

करण—**अम्हेहिं** [**अम्हाहिं अम्हे, अम्ह**], **णे** ; अप० में **अम्हेहिँ** ।

अपादान—[**अम्हत्तो, अम्हाहिंतो, अम्हासुंतो, अम्हेसुंतो, महत्तो, ममाहिंतो, ममासुंतो, ममेसुंतो** ; अप० में **अम्हहँ**] ; जै०महा० में **अम्हेहिंतो** ।

सम्बन्ध—**अम्हाणं, अम्हाण, अम्हं, अम्ह, म्ह** [**अम्हाहँ**], **अम्हे** [**अम्हो, ममाणं, ममाण, महाणं, महाण, मज्झाणं, मज्झ, णं**], **णो, णे** ; अप० में **अम्हहँ** ।

अधिकरण—**अम्हेसु अम्हासु** [**अम्हसु, ममेसु, ममसु, महेसु, महसु, मज्झेसु, मज्झसु**] ; अप० में **अम्हासु** ।

वर० ६, ४०–५३ ; ११, ९ ; १२, २५ ; चंड० १, २६–३१ ; २, २७; ३, १०५–११७ ; ४, ३०१ ; ३७५–३८१ ; क्रम० ३, ७२–८३ ; ५, ४०–४८ ; ९७ ; ११४ ; मार्क० पन्ना ४९ ; ७० ; सिंहराजगणिन् पन्ना ३०–३२ की तुलना कीजिए ।

§ ४१६—व्याकरणकारों द्वारा सिखाये गये रूपों का एक बहुत बड़ा अंश ग्रन्थों में नहीं मिलता, इसलिए अब तक प्रमाणित नहीं किया जा सका किन्तु इससे इनकी शुद्धता पर सन्देह नहीं किया जा सकता[1] । सिंहराजगणिन् द्वारा दिये गये कुछ रूपों के विषय में सन्देह किया जा सकता है क्योंकि ऐसा लगता है कि ये अन्य रूपावलियों के अनुकरण पर आविष्कृत किये गये हैं । सिंहराजगणिन् हेमचन्द्र की भांति ही केवल अपादान एकवचन में ऊपर दिये गये सभी वर्गों के निम्नलिखित रूप ही नहीं बताता : **ममत्तो, ममाओ, ममाउ, ममाहि, ममाहिंतो; महत्तो, महाओ, महाउ, महाहि, महाहिंतो; मज्झत्तो, मज्झाओ, मज्झाउ, मज्झाहि, मज्झाहिंतो; मइत्तो, मईओ,**

मईउ, मईहि, मईहिंतो ; **ममा, मह्य** और **मज्झा** ; अपितु इनके अतिरिक्त और स्त्रीलिंग के रूप **ममाअ, ममाआ, ममाइ तथा ममाए** रूप बताता है। इसी प्रकार **मह, मज्झ** तथा **मइ** वर्गों के नाना रूप देता है, जिसमे अपादानकारक के ३९ रूप पाये जाते है। अधिकरण एकवचन मे उक्त रूपों के अतिरिक्त **अम्हत्थ, अम्हस्सि, अम्हम्मि, अम्हहिं** और **अम्हे** रूप देता है। इनके अतिरिक्त उसने स्त्रीलिंग के रूप दिये हैं, **अम्हाअ, अम्हाआ ; अम्हाइ** तथा **अम्हाए** और **मम, मह** तथा **मज्झ** वर्गों के भी उक्त सब रूप दे दिये गये है अर्थात् ये सब मिलकर ४१ रूप हो जाते हैं। यही दशा द्वितीय पुरुष के सर्वनाम की भी है, जिसमे **तुम, तुव, तुह, तुम्ह, तुब्भ, तुज्झ, तुइ** और **तई** वर्गों के रूप दिये गये है। इसकी शोध भविष्य ही करेगा कि इन रूपों मे से कितने साहित्य मे काम मे लाये जाते रहे होंगे।

१. वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा ३६ में ब्लौख ने अति कर दी है। गो०गे०आ० १८९४, ४७८ में कोनो के लेख की तुलना कीजिए।

§ ४१७—एकवचन : कर्त्ताकारक मे सभी प्राकृत बोलियो मे, स्वय ढक्की मे (मृच्छ० ३२, ७ ; ३४, ३५ ; ३५, १), आव० मे (मृच्छ० १०१, १७ ; १०३, १० ; १०५, १) और दाक्षि० मे (मृच्छ० १०२, २३ ; १०४, १९ ; १०६, १) **अहं = अहम्** है, माग० मे इसके स्थान मे **हगे** आता है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० १२, १४ ; १३६, १६ ; १७५, १५ ; ललित० ५६५, १७ ; ५६६, ६ और १६ ; शकु० ११३, ५ और ९ ; ११४, २ ; मुद्रा० १९३, ८ ; १९४, २ आदि आदि)। वररुचि ११, ९ में यह रूप बताया गया है और इसके साथ **हके** और **अहके** रूप भी दिये गये है। हेमचन्द्र ने ४, ३०१ मे **हगे** रूप दिया है, सिंहराजगणिन् ने पन्ना ६३ मे, क्रमदीश्वर ने ५, ९७ मे इसका उल्लेख किया है तथा साथ साथ **हके** रूप भी दिया है, मार्कंडेय ने पन्ना ७५ में **हगे** और इसके साथ ही **हक्के, हके** तथा **हग्गे** रूप दिये है। मृच्छकटिक में उल्लिखित तीन स्थलो के अतिरिक्त जो पद्य मे है, अन्यत्र सभी स्थानों मे स्टेन्सलर ने **हग्गे** रूप दिया है (१२, ५ ; १३, ४ और ८ ; १६, १८ ; २०, १४ ; २१, २० ; ३७, ४ आदि-आदि), हास्यार्णव ३१, ३ मे भी यही रूप पाया जाता है, प्रबोधचंद्रोदय ३२, ६ और १४ मे भी यही मिलता है किन्तु इस ग्रथ के ५५, १५ ; ५८, १७ में **हग्गो** पाठ के स्थान मे **हक्के** पढा जाना चाहिए ; पूना के सस्करण में ५८, १७ में **हक्के** पाया जाता है, जब कि उसमे ५५, १५ मे **हं** रूप दिया गया है, बंबइया सस्करण में ५५, १५ मे **अहं** मिलता है, ५८, १७ मे **हग्गे** देखा जाता है, मद्रास के संस्करण में दोनो स्थानो मे **अहं** दिया हुआ मिलता है, मुद्राराक्षस १७८, २ मे भी **अहं** आया है (इस ग्रथ मे अन्यत्र **हगे** भी दिया गया है) ; १८७, १ ; १९३, १ (अन्यत्र **हगे** भी है), २६७, २ मे भी **अहं** मिलता है ; वेणीसंहार ३५, ४ मे भी यह रूप पाया जाता है तथा आलोचनारहित सस्करणों मे इसका ही बोलबाला है। गौडबोले द्वारा संपादित मृच्छकटिक की सभी हस्तलिपियों मे सारे नाटक में **हगे** ही आया है, इसलिए इस पुस्तक में यही पढा जाना चाहिए। दोनों रूप शुद्ध हैं क्योंकि ये किसी ***अहकः** से व्युत्पन्न हैं (§ १४२ और १९४) अर्थात् **अहकं** से निकले हैं (व्याकरण महाभाष्य एक, ९१,

११) । अशोक के शिलालेखों में हकं रूप पाया जाता है, जिसमें माग० में बहुधा चलनेवाला लिंगपरिवर्तन दिखाई देता है (§ ३५७) । अप० रूप हउँ भी अपनी व्युत्पत्ति में अहकं तक पहुँचता है (हेच० हउं ; पिंगल १, १०४ अ ; २, १२१ [इन दोनों पद्यों में हउ पाठ है, हउँ नहीं । —अनु०] ; विक्र० ६५, ३ [हइ और हंइं के स्थान में यही पढ़ा जाना चाहिए]) तथा महा० मे अहअं भी इसी से व्युत्पन्न है (हाल ; रावण०) ; जै०महा० में अहयं रूप पाया जाता है (आव०एर्त्से० ७, ३४ ; ३६, ४९ ; एर्त्से०) । स्वरों के बाद (§ १७५) महा०, अ०माग०, जै०महा० और माग० में हं रूप पाया जाता है (रावण० १५, ८८ ; कर्पूर० ७५, २ ; उत्तर० ५७५ और ६२३ ; सम० ८३ ; एर्त्से० १२, २२ ; ५३, ३४ ; मृच्छ० १३६, ११) । शेष चार रूपों में से वररुचि और मार्कडेय मे केवल अहम्मि पाया जाता है, क्रमदीश्वर ने केवल अम्हि दिया है, हेमचन्द्र ने केवल एक रूप म्मि का उल्लेख किया है । इन चारों रूपों को ब्लोख[1] व्याकरणकारों की नासमझी मानता है । किन्तु यह तथ्य निश्चित है कि स्वयं संस्कृत मे अस्मि रूप 'मैं' के अर्थ में काम मे लाया गया है[2] । यह प्रयोग अस्मि के मौलिक सहायक अर्थ 'मैं हूँ' से व्युत्पन्न हुआ है जैसा बहुधा उद्धृत रामो' स्मि सर्वं सहे के अर्थ से स्पष्ट है । बोएटलिंक और रोट के संस्कृत–जर्मन कोश के पेज ५३५ मे १ अस् के नीचे अस्ति पर दिये गये उदाहरणों मे इसके प्रयोग की तुलना कीजिए । यही प्रयोग प्राकृत में भी पाया जाता है : अ०माग० मे अत्थि णं भन्ते गिहिणो ...ओहिनाणे णं समुप्पज्जइ पाया जाता है (उवास० § ८३) ; अत्थि णं भन्ते जिणवयणे...आलोइज्जइ भी मिलता है (उवास० § ८५) ; अत्थि णं भन्ते... सिद्धा परिवसन्ति भी आया है (ओव० § ६२) ; तं अत्थि याइं ते कहिं पि [इसका संपादन वि किया गया है] देवाणुप्पिया परिसप ओरोहे दिट्ठपुव्वे देखा जाता है (नायाध० १२८४) ; नं अत्थि याइं [इसका सम्पादन या किया गया गया है] इत्थ केइ भे [इसका सम्पादन ते किया गया है] कहिं पि [इसका सम्पादन वि किया गया है] अच्छेरए दिट्ठपुव्वे वाक्यांश मिलता है (नायाध० १३७६) ; शौर० में अत्थि एत्थ णअरे... तिण्णि पुरिसा... सिरिं ण सहन्ति पाया जाता है (मुद्रा० ३९, २) । इसी प्रकार का प्रयोग सन्ति का भी है (आयार० २, १, ४, ५ ; सूय० ५८५) और बहुधा सिया = स्यात् (जैसे पाली में सिया और अस्स का है) का भी ऐसा ही प्रयोग किया जाता है (आयार० १, १, २, १ ; १, १, ६, ३ ; १, २, ६, १ ; १, ५, ५, २ ; २, ५, १, ११ ; २, ६, २, २ ; दस० ६१३ २२) । निश्चय ही ठीक इसी भाँति अम्हि = अस्मि का प्रयोग भी किया गया है । अम्मि और म्मि भी नये आविष्कृत रूप नहीं है जैसा अ०माग० रूप मि ; मो और मु (§ ४९८) प्रमाणित करते हैं, यद्यपि भले ही हेमचन्द्र ने ३, १०५ में दिये गये उदाहरण अशुद्ध पाठ भेद पर आधारित हैं[3] । अहम्मि रूप = अहं मि होना चाहिए ।

१. वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज ३८ । — २. गो० गे० आ० १८९४, ४७८ मैंकोमो का मत ; याकोबी, कम्पोजिटुम् उन्ट नेबनज़ास्स (बौन १८९७), पेज ६२, नोटसंख्या २ । — ३. ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज ३७ । हेच० ३,

१०५ में तेण हं दिट्ठा के स्थान में बंबइया संस्करण के पाठ के अनुसार जेण हं विद्धा पढ़ा जाना चाहिए (हाल ४४१ की टीका में वेबर)। किन्तु जेण' अहं (§ १७३) को अलग करके पढ़ना शुद्ध है ।

§ ४१८—कर्मकारक मे अप० को छोड अन्य सब प्राकृत बोलियों में काम में आनेवाला रूप **मं** = **माम्** है (हाल; रावण० ; उवास० मे **म**– शब्द देखिए ; एर्से०; कालका० मे **अहं** शब्द देखिए; ऋषभ० में **म** शब्द देखिए' ; शौर० में : उदाहरणार्थ, मृच्छ० २, २२ और २५ ; शकु० १६, १० ; विक्रमो० १६, ६ ; माग में : मृच्छ० ११, १ ; २९, २३ ; ३२, ५ और १५)। अप० में **मइँ** रूप है (हेच० ४, ३७७ ; ४१४,४ ; विक्रमो० ६९, २) । महा०, अ०माग० और जै०महा० में **ममं** रूप भी पाया जाता है (हाल १६ ; रावण ११, ८४ ; ठाणग० ४७७ ; नायाध० में यह शब्द देखिए; पेज ९३२ ; उत्तर० ७९१ ; विवाह० २५७ और १२१५ ; उवास० § ६८ [**मम** के स्थान मे हस्तलिपियों के अनुसार यही रूप पढ़ा जाना चाहिए] ; १४० ; २१९ ; द्वार० ५००, ८ ; एर्से० ४३, २९) । माग० मे **मम** (मृच्छ० १२९, ४) के स्थान में जो पद्य मे आया है **ममँ** पढ़ा जाना चाहिए । **ममं** के अनुकरण मे अ०माग० में स्त्रीलिंग का एक रूप **ममिं** भी बनाया गया है : उसमे **ममं** या **ममिं** या मिलता है (सूय० ६८०) । कप्प० ३, ७३ में **अस्मि** और **अम्मम्मि** के स्थान मे **अम्हि** और **अहम्मि** पढ़ा जाना चाहिए । महा० और अ०माग मे **महं** विरल है (रावण० १५, ९०; विवाग० २२१) पर यह रूप व्याकरणकारों की दृष्टि मे बच गया है, अ०माग० मे बहुधा **मे** होता है जिसका प्रयोग वेद' मे भी पाया जाता है (आयार० १, १, ६, ५; उत्तर० ३६२ और ७१० , ठाणग० १५८, ३६० और ३६१ , कप्प० § १६) । — अप० को छोड अन्य सभी प्राकृत बोलियों मे करणकारक का रूप **मए** होता है, अप० में **मइँ** रूप है (हेच० ४, ३३०, २ ; ३४६ ; ३५६ आदि आदि ; विक्रमो० ५५, १) । जै०महा० मे करणकारक के अर्थ मे **मे** पाया जाता है (एर्से० ७९, १२ ; ८३, ३२ ; माग० मे : मृच्छ० ४०, ५ ; माग० मे **मइ** रूप भी है, मृच्छ० ११, १ [यहाँ यह पद्य मे आया है]) । — अपादानकारक मे अ०माग० और जै०महा० से केवल **ममाहिंतो** रूप प्रमाणित किया जा सकता है (विवाह० १२४५ ; नायाध० १३२९ ; एर्से० ५४, २०) और जै०महा० से **ममाओ** (आव०एर्से० २५, २५ , द्वार० ४९५, २३) ।— महा० मे सम्बन्धकारक मे **मम** का प्रयोग विरल है । हाल के १२३वें श्लोक में इसी ग्रन्थ मे अन्यत्र मिलनेवाले रूपों के अनुसार **ममं ति** पढ़ा जाना चाहिए (§ १८२) । इसका परिणाम यह निकलता है कि गउड०, हाल और रावण० मे हाल ६१७ के अतिरिक्त **मम** कहीं नहीं मिलता ; यह महा० मे शकु० ५५, १५ मे भी मिलता है । महा० मे **मह**, **महं**, **मज्झ**, **मज्झं** और **मे** काम मे आते हैं, अ०माग० और जै०महा० में इनके अतिरिक्त बहुधा **मम** और **ममं** भी काम मे लाये जाते हैं (विवाग० १२१ और उसके बाद ; उवास० ; भग० ; आव०एर्से० १२, २८), शौर० में **मम** का प्रचलन है (मृच्छ० ९, ७ ; शकु० ९, १३ ; विक्रमो० १६, ५), **मह** भी पाया जाता है (ललित० ५५४, ७ ; प्रसन्न० ८३, ६ ; ; १२३, ३ ; वेणी० ११, २५), **मे** भी काम

में लाया जाता है (मृच्छ० १५, २५ ; शकु० २७, ९ और १० ; विक्रमो० ८, १५), **मज्झ** भी देखने में आता है, पर मार्क० पन्ना ७० में बताता है कि शौर० के लिए यह रूप निषिद्ध है (कर्पूर० १०, १० ; ५८, १) । यह बोली की परंपरा के विरुद्ध है और **मम** अथवा **मह** के स्थान में प्रयुक्त किया गया है ; माग० में **मम** काम में आता है (मृच्छ १४, १ ; २१, ८ और १२ ; ३०, २५), **मह** भी चलता है (मृच्छ० ११४, १८ ; वेणी० ३०, १३), **मे** भी देखने मे आता है (मृच्छ० ९, २५ ; १०, ३ और ५ ; वेणी० ३४, २२ ; ३५, २ ; ८ ; १४) ; ढक्की में **मम** पाया जाता है (मृच्छ० ३१, १ ; ३४, १७), आव० में **मह** का प्रचलन है (मृच्छ० १०२, २५ ; १०३, २२) । इसी प्रकार दाक्षि० मे **मह** चलता है (मृच्छ १०४, २ और ११), अप० मे **महु** रूप मिलता है (हेच० ४, ३३३ ; ३७०, २ ; ३७९, १; विक्रमो० ५९, १३ और १४), **मज्झु** भी काम मे आता है (हेच० ४, ३६७, १ ; ३७९, २), जब किसी पद के अन्त में **पइँ** शब्द आता है तो तुक मिलाने के लिए लाचारी **मइँ** रूप भी देखने मे आता है (विक्रमो० ६३, ४) । — जिस प्रकार **मज्झ** रूप **महाम्** से व्युत्पन्न हुआ है, वैसे ही **मह** भी उससे निकला है। छद की मात्राएं ठीक करने के लिए अ०माग० मे उत्तरज्झयणसुत्त ४८९ में **मे** के स्थान में **मि** पाया जाता है। जै०महा० में **मुज्झ** और **मुह** अशुद्ध पाठभेद है (एर्से०) । पै० के **यति मं** (हेच० ४, ३२३) के स्थान में **मद्-दुमं** पढा जाना चाहिए [§ ४१७ की नोटसख्या ३ मे दी हुई शुद्धि अर्थात् **तेण हं दिट्ठा** के स्थान मे कुमारपालचरित के परिशिष्ट रूप से दिये गये सिद्ध-हेम- शब्दानुशासन के आठवे अध्याय अर्थात् प्राकृत व्याकरण मे के द्वितीय सस्करण मे शुद्ध रूप **जेण हं विद्धा** दे दिया गया है, किन्तु ४, ३२३ मे अशुद्ध **यतिमं** ही बना रह गया है। — अनु०] । अधिकरण मे महा० और जै०महा० मे **ममम्मि** होता है (रावण० ; एर्से०) ; शौर० मे **मइ** मिलता है (मालवि० ४१, १८) ; अप० मे **मइँ** चलता है (हेच० ४, ३७७) ।

१. ये प्रमाण एकवचन के शेष सब कारकों के लिए लागू हैं। इसके अतिरिक्त स्टाइनटाल द्वारा संपादित नायाधम्मकहा में यह शब्द देखना चाहिए । जहाँ कोई विशेष टिप्पणी न दी गयी हो वहाँ पुराने पाठों में जैसे आयारङ्गसुत्त, सूयगडङ्गसुत्त, उत्तरज्झयणसुत्त और आवश्यक एर्त्सेलुङ्गन में वही रूप हैं । शौर० और माग० के बहुत कम उद्धरण प्रमाण रूप से दिये गये हैं क्योंकि अधिकांश रूप बार-बार आते हैं । शेष सर्वनामों के लिए भी यह लागू है । — २. पिशल, त्सा०डे०डौ०मौ०गे० ३५, ७१४ में मत ।

§ ४१९.— कर्ता बहुवचन : सब प्राकृत बोलियो में, जिनमे पल्लवदानपत्र भी सम्मिलित हैं (६,४१), **अम्हे** रूप काम मे लाया जाता है । इसके स्थान मे माग० में **अस्मे** लिखा जाना चाहिए (§ ३१४)= वैदिक **अस्मे** : महा० मे **अम्हे** पाया जाता है (गउड० १०७२ ; हाल मे **अम्ह** शब्द देखिए) ; अ०माग० मे भी इसी का प्रचार है (आयार० २, ६, १, १० ; नायाध० § १३७ ; विवाग० २२९ ; सूय० १०१६ ; विवाह० १३४) ; जै०महा० मे यही चलता है (एर्से० ३, २८ ; १२, १३ और १९ ;

कालका० २७१, ७) ; शौर० में इसका ही प्रयोग है (मृच्छ० २०, १८ ; शकु० १६, १२ ; विक्र० ६, १३) ; माग० मे यही काम में आता है (मृच्छ० १५८, २३ ; १६१, १४ और १७ ; १६८, ११ ; वेणी० ३५, २१) ; अप० में इसका प्रचलन है (हेच० ४, ३७६, १) । अ०माग० में **वयं** = **वयम्** भी बहुधा चलता है (आयार० १,४, २, ५ ; १, ७, १, ५ ; २, १, ९, ११ ; २, २, २, १० ; २, ३, १, १७ ; २, ५, १, १० ; २, ६, १, १० ; सूय० ५८५ : ६०३ ; ६३३ ; ९३५ ; ९४८ ; ९७२ ; उत्तर० ४३२ ; ४४६ ; ७४८ ; विवाह० ११८० , दस० ६१३, ११), जै०महा० में भी इसका प्रचार पाया जाता है (कालका० २७०, १) । वररुचि १२, २५ और मार्कंडेय पन्ना ७० में बताते है कि शौर० मे भी **वअं** रूप होता है । मृच्छकटिक १०३, ५ मे दाक्षि० में भी यह रूप देखा जाता है ; शौर० मे यह केवल अशुद्धियों से पूर्ण पाठों में पाया जाता है (मालवि० ४६, १२ ; ४८, १८ मे भी)[१] । माग० के विषय में हेमचन्द्र ४, ३०१ में बताता है कि बहुवचन मे भी **हगे** काम मे लाया जाता है, जो ४, ३०२ में विक्रान्तभीम से लिए गये एक वाक्यांश [**शुणध दाणिं हगे शक्कावयाल-तिस्त-णिवाशी धीवले** ॥ —अनु०] को उद्धृत कर के प्रमाणित किया गया है ; अप० मे **अम्हइँ** रूप भी मिलता है (हेच० ४, ३७, ६) । क्रमदीश्वर ५, ११४ में बताया गया है कि पै० मे **वयं**, **अम्फ** और **अम्हे** रूप काम मे आते हैं । — चड २, २७ के अनुसार सब कारकों के बहुवचन के लिए **भे** का प्रयोग किया जा सकता है । — कर्म : महा० में **णे** = **नस्**, इसमें अ मे समाप्त होनेवाले संज्ञा शब्दों के अन्त मे **-ए** लगता है (§ ३६७ अ) (रावण० ३, १६ ; ५, ४ ; आयार० १, ६, १, ५ [पाठ मे **ने** है] ; सूय० १७४ ; १७६ ; २३१) किन्तु शौर० मे **णो** पाया जाता है (शकु० २६, १२) ; जै० महा० और शौर० मे **अम्हे** भी देखने मे आता है (तीर्थ० ५, ३ ; मालती० ३६१, २ : उत्तररा० ७, ५ ; वेणी० ७०, ५), माग० मे **अस्मे** है (वेणी० ३६, ५), महा० मे **अम्ह** मिलता है (हाल ३५६) तथा अप० मे **अम्हे** चलता है (हेच० ४, ४२२, १०), हेमचन्द्र ४, ३७६ के अनुसार **अम्हइँ** भी काम मे आता है । — करण : महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **अम्हेहिं** रूप पाया जाता है (हाल ५०९ ; नायाध० § १३७ ; आव०एत्सें० १६, ६ ; एत्सें० ५, १० ; मृच्छ० २३, २३ ; विद्ध० २७, ४ ; मालती० २८३, २), महा० मे **अम्होहि** भी काम मे आता है (हाल ; रावण), यह रूप पल्लवदानपत्र में भी आया है (६, २९) ; माग० में **अस्मेहिं** है (मृच्छ० ११, १९ ; २१, ११) ; अ०माग० मे **णे** भी चलता है (आयार० १, ४, २, ३) ; अप० मे **अम्हेहिँ** का प्रयोग होता है हेच० ४, ३७१) । — अपादान : जै०महा० में **अम्हेहिंतो** पाया जाता है (आव०एत्सें० ४७, २०) । — सम्बन्ध : महा० ; जै० महा० और शौर० ये **अम्हाणं** है (हाल ९५१ [पाठ में **अम्हाण** है] ; एत्सें० २, १७ ; कालका० ; मृच्छ० २, १८ ; १९ ; २४), माग० में **अस्माणं** चलता है ([पाठों मे **अम्हाणं** है] ; ललित० ५६५, १४ ; मृच्छ० ३१, १५ ; १३९, १३ ; शकु० ११६, २) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **अम्ह** रूप है (हाल ; उत्तर० ३५६ और ३५८ ; विवाग० २२७ और २१८ ; नायाध० § २६ और ११६ ; पेज ४८२ ; ६०९ ;

६१६ ; विवाह० २१३ और ५११ ; आव०एत्सें० ८, १७ ; १४, १६ ; १७, १७ ; एर्त्से० ६, ३५ ; १२, ३४), महा० और जै०महा० में **अम्ह** भी काम में आता है (हाल ; आव०एर्त्से० ११, ९ ; १७, ७ ; एर्त्से० ; कालका०) । यह रूप शौर० में भी मिलता है, पर अशुद्ध है (विक्र० ७३, १२), इसके स्थान में पूना संस्करण शुद्ध रूप **अम्हे** पढ़ा जाना चाहिए और वह भी कर्मकारक में (द्राविड़ी संस्करण में रूप की तुलना कीजिए) माना जाना चाहिए अथवा बबइया सस्करण के ११९, ७ के अनुसार **अम्हाणं** पढ़ा जाना चाहिए। महा० में केवल **'म्ह** रूप भी मिलता है (हाल)। अ०माग० और जै०महा० में **अम्हं** रूप की प्रधानता है। यह रूप पल्लवदानपत्रों में भी पाया जाता है (५, ३ ; ७, ४२) । यह संस्कृत के समानान्तर रूप ***अस्माम्** का जोड़ है। इसका अर्थ यह हुआ कि यह **अस्म**- वर्ग का एक रूप है जिसकी समाप्ति अन्त में व्यजनवाले शब्द की रूपावली की भाँति हुई है और यह सम्बन्धकारक है जब कि **अम्हाणं** सूचना देता है कि इसका संस्कृत रूप ***अस्मानाम्** रहा होगा और हेच० ने ४, ३०० में जिस महा० रूप **अम्हाहँ** और अप० रूप **अम्हहँ** का उल्लेख किया है (हेच० ४, ३७९ ; ३८० ; ४३९) वह किसी ***अस्मासाम्** की सूचना देते हैं जिसकी समाप्ति सर्वनाम की रूपावली की भाँति हुई है। अ०माग० रूप **अस्माकं** के विषय में § ३१४ देखिए। अ०माग० और जै०महा० में **अम्हे** भी पाया जाता है (सूय० ९६९ ; तीर्थ० ५, ६), शौर० में बहुत अधिक बार **णो = नः** मिलता है (शकु० १७, ११ ; १८, ८ ; २६, १२ ; विक्र० ५, ११ ; ६, १६ ; १०, ३), अ०माग० में **णे** रूप चलता (विवाह० १३२ और उसके बाद)। — अधिकरण : शौर० में **अम्हेसु** रूप पाया जाता है (शकु० ३०, १ ; मालवि० ७५, १ ; वेणी० ७०, २) । हेच० ३, ११७ में किसी अज्ञातनाम व्याकरणकार के नाम से उद्धृत और सिंहराजगणिन् द्वारा पन्ना ३२ मे उल्लिखित तथा स्वय हेच० द्वारा ४, ३८१ में अप० बताया हुआ रूप **अम्हासु** [= अस्मद्‌ः । —अनु०] महा० मे रावण० ३, ३२ मे पाया जाता है।

१. पिशल, त्सा० डे० डॉ० मॉ० गे० ३५, ७१६ । — २. पिशल, कू० बाइ० ८, १४२ और उसके बाद ।

§ ४२०—द्वितीय पुरुष का सर्वनाम ।

एकवचन

कर्त्ता— **तुमं, तुं, तं** [**तुह, तुवं**] ; ढक्की में **तुहं** ; अप० में **तुहुं** ।

कर्म— **तुमं** [**तुं, तं**], **ते** [**तुह, तुवं, तुमे, तुए**]; शौर० और माग० में **दे** भी ; ढक्की में **तुहं** ; अप० में **तइँ, पइँ** ।

करण— **तए, तइ, तुए, तुइ** [**तुमं**], **तुमए** [**तुमइ**], **तुमाइ, तुमे, ते, दे** [**दि, भे**] ; अप० में **तइँ, पइँ** ।

अपादान— **तत्तो, तुमाहि, तुमाहिंतो, तुमाओ** [**तुमाउ, तुमा, तुमत्तो, तइत्तो, तुइत्तो**], **तुवत्तो** [**तुहत्तो, तुब्भत्तो, तुम्हत्तो** [**तुब्भत्तो और तुम्हत्तो**

रूपों से कुमाउनी में **तु बट** (**बत**) रूप बन गया है। —अनु०], **तुज्झत्तो**, इनके अतिरिक्त इन सब वर्गों के अन्त में **-ओ** और **-उ** लगकर बननेवाले रूप (शौर० और माग० में **-दो** और **-दु** लगकर बननेवाले रूप), **-हि** और **-हिंतो** वाले रूप, इनके साथ **तुमा, तुवा, तुहा, तुब्भा, तुम्हा, तुज्झा, तुम्ह, तुय्ह, तुब्भ** [**तुज्झ, तहिंतो**]; पै० में [**तुमातो, तुमातु**]; अप० में **तुज्झु, तउ, तुध्र**]।

संबंध— **तव, तुज्झ, तुह, तुहं, तुब्भ, तुब्भं, तुम्ह, तुम्हं, ते, दे** [**तइ**], **तु** [**तुव, तुम**], **तुमं, तुम्म** [**तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, इ, ए, उब्भ, उय्ह, उम्ह, उज्झ**]; शौर० में **तुह, दे**; माग० में **तव, तुह, दे**; अप० में **तउ, तुज्झु, तुज्झह, तुध्र, तुह**।

अधिकरण— **तइ, तुमम्मि, तुमे, तुवि, तुइ** [**तुए, तए, तुमए, तुमाइ, तुम्मि, तुवम्मि, तुहम्मि, तुब्भम्मि, तुम्हम्मि, तुज्झम्मि**]; अ०माग० में **तुमंसि**; शौर० में **तुइं, तुइ**; अप० में **तइँ, पइँ**।

बहुवचन

कर्त्ता— **तुम्हे, तुब्भे** [**तुब्भ, तुम्ह, तुज्झे, तुज्झ, तुय्हे, उय्हे, भे**]; अ०माग० में **तुब्भे**; जै०महा० में **तुम्हे, तुब्भे**; शौर० और माग० (?) में **तुम्हे**; अप० में [**तुम्हे, तुम्हइँ**]।

कर्म— कर्त्ता जैसा होता है और **वो**; अ०माग० में **भे**।

करण— **तुम्हेहिं, तुब्भेहिं** [**तुज्झेहिं, तुय्हेहिं, तुमेहिं, उब्भेहिं, उज्झेहिं, उय्हेहिं**], **भे**; अ०माग० में **तुब्भेहिं, तुमेहिं, तुब्भे, भे**; जै०महा० में **तुम्हेहिं, तुब्भेहिं**; शौर० में **तुम्हेहिं**; अप० में **तुम्हेहिँ**।

अपादान—[**तुम्हत्तो** [इस रूप का कुमाउनी में **तुमुँ हांति** हो गया है और कारक बदल गया है। —अनु०], **तुब्भत्तो** [इसका **तुमुँ बट** (**बत**) हो गया है। —अनु०], **तुज्झत्तो, तुय्हत्तो, उम्हत्तो, उब्भत्तो, उज्झत्तो, उय्हत्तो**, इनके अतिरिक्त इन सब वर्गों के अन्त में **-ओ** और **-उ** लगकर बननेवाले रूप (शौर० और मा० में **-दो** और **-दु** लगकर बननेवाले रूप), **-हि, -हिंतो** और **-सुंतो** वाले रूप]; अप० में **तुम्हहँ**।

संबंध— **तुम्हाणं, तुम्हाण** [**तुब्भाणं, तुब्भाण, तुज्झाणं, तुज्झाण, तुहाणं, तुहाण, तुवाणं, तुवाण, तुमाणं, तुमाण**], **तुम्हं, तुम्ह, तुब्भं** [**तुब्भ, तुज्झं, तुज्झ, तु**], **भे, वो**; अ०माग० में **तुब्भं, तुम्हाणं, तुब्भे, भे**; जै०महा० में **तुम्हाणं, तुब्भं, तुम्ह, तुम्हं**; शौर० और माग० में **तुम्हाणं**; अप० में **तुम्हहँ**।

अधिकरण— [**तुम्हेसु, तुब्भेसु, तुज्झेसु, तुहेसु, तुवेसु, तुमेसु, तुसु** [इसका कुमाउनी में **तुसुँ** और **तुवेसु** का **त्वेसुँ** रूप बन गया है], **तुम्हसु** आदि-आदि, **तुम्हासु** आदि-आदि, **तुज्झिसुं, तुम्भिसुं**; अप० में **तुम्हासु**]।

इस सम्बन्ध में वर० ६, २६–३१ ; चंड० १, १८–२५ ; २, २६ ; हेच० ३, ९–१०४ ; ४, ३६८–३७४ ; क्रम० ३, ५९–७१ ; ५, ११३ ; मार्क० पन्ना ४७–४९ ; ७० ; ७५ ; सिंहराज० पन्ना २६–३० की तुलना कीजिए और § ४१६ ध्यान से देखिए।

§ ४२१—एकवचन : कर्त्ता-ढक्की और अप० को छोड़कर सभी प्राकृत बोलियों में सबसे अधिक चलनेवाला रूप **तुमं** है जो मूल शब्द (वर्ग) **तुम** से निकला है : (महा० में गउड० ; हाल ; रावण० ; अ०माग० में, उदाहरणार्थ, आयार० १,५,५,४ [**तुमं सि** पढ़िए] ; उवास० ; कप्प० ; जै०महा० में, उदाहरणार्थ, आव०एर्त्से० ८, ३३ ; १४, २९ ; एर्त्से० ; कालका० ; शौर० में, उदाहरणार्थ, ललित० ५६१, ५ ; ११ और १५ ; मृच्छ० ४,५ ; शकु० १२,८ ; माग० में, उदाहरणार्थ, ललित० ५६५, १५ ; मृच्छ० १९,८ ; प्रबोध० ५८,१ ; मुद्रा० २६७,१ ; आव० में मृच्छ० ९९,१८ और १९ ; १०१, २३ ; १०३, २ ; दाक्षि० में मृच्छ० १०१, १० और २१ ; १०३, १७ और १८)[१]। अ०माग० में कर्त्ताकारक रूप में **तुमे** आता है, ऐसा दिखाई देता है (नायाध० § ६८ **तुमं** के विपरीत § ७० ; पेज ४४८ और ४५०) जिसका सम्बन्ध **तुमं** से होना चाहिए जैसा माग० रूप **हगे** का सम्बन्ध **अहकं** से है (§ ४१७)। महा० में **तं** का प्रयोग बहुत अधिक है (गउड० ; हाल ; रावण०), यह रूप अ०-माग० में भी दिखाई देता है (उत्तर० ६३७ ; ६७० ; ६७८ ; ७१२) और जै०महा० में भी (ऋषभ० ; एर्त्से०) किन्तु पद्य में आया है ; इसके साथ साथ बहुत कम **तुं** भी दिखाई देता है (हाल ; शकु० ७८, ११, बोएटलिंक का संस्करण)। ढक्की में **तुहं** रूप पाया जाता है (मृच्छ० ३४, २४ ; ३५, १ और ३ ; ३९, ८), अप० में **तुहुँ** का प्रचार है (हेच० में **तु** शब्द देखिए ; पिंगल १,४ आ) जिसकी व्युत्पत्ति **त्वकम्** से है (§ २०६)[२]। पिंगल १,५ आ में **तइँ** दिया गया है (गौल्दश्मित्त **तइं** देता है, पाठ में **तइ** है [अनुवादक के पास प्राकृतपिङ्गलसूत्रम् का १८९४ का बंबई से प्रकाशित जो संस्करण है उसमें यह रूप १,५ अ में मिलता है, ५ आ में नहीं, जैसा पिशल ने बताया है। वह पद इस प्रकार है 'तइ इथि णदिहिँ सँतार देइ जो चाहसि सो लेहि।' —अनु०] ; विक्र० पेज ५३० में बौँल्लेँनसेन की टीका की तुलना कीजिए) जिसका व्यवहार कर्त्ता-कारक में हुआ है। —कर्म : उक्त सब प्राकृत बोलियों में **तुमं** का प्रयोग कर्त्ताकारक की भाँति कर्मकारक में भी होता है (शौर० में : मृच्छ० ४,९ ; शकु० ५१,६ ; विक्र० २३, १ ; माग० में : मृच्छ० १२, १० ; मुद्रा० १८३, ६) ; ढक्की में **तुहं** रूप काम में आता है (मृच्छ० ३१, १२) ; अप० में **तइँ** रूप का प्रचलन है (हेच० ४, ३७०) और **पइँ** भी देखने में आता है (हेच० ४, ३७० ; विक्र० ५८, ८ ; ६५, ३)। **प** के विषय में § ३०० देखिए। **ते** अ०माग० में कर्मकारक है (उवास० § ९५ और १०२ ; उत्तर० ३६८, ६७७ ; ६९६), शौर० में भी इसका यही रूप है (मृच्छ० ३, १३) और शौर० में **वे** भी काम में आता है (मृच्छ० ५४, ८) तथा माग० में भी इसी का प्रयोग किया जाता है (मृच्छ० १२८, १२ और १४)[३]। — करण : महा० में **तइ**, **तए**, **तुइ**, **तुए**, **तुमए**, **तुमाए**, **तुमाइ** और **तुमे** रूप पाये जाते हैं (गउड० ; हाल ;

रावण०) ; जै०महा० में **तए**, **तुमए** और **तुमे** चलते हैं ; अ०माग० में **तुमे** आता है (उवास० § १३९ और १६७ मे, इसी ग्रन्थ में अन्यत्र आये हुए रूप के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; शौर० में **तए** का प्रचार है (ललित० ५५४, ६ ; ५५५, ५ ; शकु० १२, १२ ; रत्ना २९९, १ और २), **तुए** भी चलता है (मृच्छ० ७, ५ ; विक्र० २५, ५ ; महावीर० ५६, ३) ; माग० मे **तए** रूप पाया जाता है (ललित० ५६६, ४), **तुए** भी काम मे लाया जाता है (मृच्छ० ३१, २३ और २५ ; वेणी० ३४, ३ ; प्रबोध० ५०, ९) । इस सम्बन्ध मे नाटक कभी कुछ और कभी कुछ दूसरा रूप देते है ; मृच्छकटिक, विक्रमोर्वशी, वेणीसहार तथा अधिकाश दूसरे नाटकों में **तुए** रूप पाया जाता है (विक्र० ४२, ६ मे **तुए** रूप देकर उसका सशोधन किया जाना चाहिए), शकुन्तला और रत्नावली में **तए** दिया गया है । हस्तलिपियाँ एक ही स्थान मे कभी कुछ और कभी कुछ देती है, महा० और आव० मे भी **तुए** रूप मिलता है (मृच्छ० १०२, १ ; १०३, २ ; १०५, १), दाक्षि० मे भी **तुए** पाया जाता है (मृच्छ० १०१, २५) और **तए** रूप भी देखा जाता है (१०५, ४), किन्तु इस स्थान मे गौडबोले के सस्करण पेज २९९, ५ शुद्ध रूप **तुए** दिया गया है । — **ते** और **दे** सर्वत्र सम्बन्धकारक मे माने जाने चाहिए । कभी-कभी, किन्तु, इसे करणकारक मे मानना आवश्यक जान पडता है जैसे, शौर० मे मृच्छ० ६०, २४ मे **ण हु दे**··· **साहसं करेन्तेण** ··· **आचरिदं** = **न खलु त्वया**··· **साहसं कुर्वता**··· **आचरितम्** है अथवा अधिक सम्भव यह भी है कि जैसा शौर० मे मृच्छ० २९, १४ मे **सुट्ठु दे जाणिदं** = **सुष्ठु त्वया ज्ञातम्** हो, २७, २१ और २८, २४ से तुलना करने पर उक्त वाक्याश **सुट्ठु तुए जाणिदं** हो। अप० मे **तइँ** और **पइँ** काम मे आते हैं (हेच० ४, ३७० ; ४२२, १८ ; विक्र० ५५, १८ ; ५८, ९) । कर्मकारक मे भी ये ही रूप हैं । — अपादान : महा० मे **तुमाहि**, **तुमाहिंतो** और **तुमाओ** रूप चलते है (गउड०; हाल) ; शौर० मे **तत्तो**त्वत्तः है (शकु० ९,१०), **तुवत्तो** रूप भी पाया जाता है (मल्लिका० २१९, ८) और इसमे नाममात्र सन्देह नहीं कि यह एकवचन मे है किन्तु यह रूप शौर० बोली के प्रयोग के विपरीत है जिसमे **तुम्हाहिंतो** रूप चलता है (कर्पूर० ५३, ६ ; विद्ध० ७१, ६ ; ११३, ६) ; पै० मे **तुमातो** और **तुमातु** रूप है (हेच० ४, ३०७ ; ३२१) । — सम्बन्ध : महा० में **तुह**, **तुहं**, **तुज्झ**, **तुज्झं**, **तुम्दं**, **तुम्म**, **तु**, **ते** और **दे** रूप काम मे आते है (गउड० ; हाल ; रावण०) ; अ०माग० मे **तव**, **ते**, **तुब्भं** और **तुहं** रूपों का प्रचार है (उत्तर० ४४४ और ५९७ और उसके बाद), **तुमं** भी पाया जाता है (आयार० १, ३, ३, ४ ; उत्तर० ३५८) ; जै०महा० मे **तुह**, **तुम्ह**, **तुज्झ**, **तव** और **तुज्झं** रूप प्रयोग मे आते है (आव०ए०र्से० ७, ११ ; २२, ५), **तुहं** रूप भी चलता है (आव० एर्से० ७, ३३ ; १२, १४) ; शौर० में **तुह** काम मे आता है (ललित० ५५४, ५ ; मृच्छ० २२, २५ ; शकु० १५, १ ; विक्र० २६, ९); शौर० मे **ते** रूप केवल मृच्छ० ३, १६ में मिलता है (इसी ग्रन्थ में अन्यत्र **दे** भी पाया जाता है ; ८०, २० ; विक्र० २४, ७, अन्यथा सर्वत्र और सदा **दे** रूप आया है (§ १८५), कहीं-कहीं **ते** मिलता है

जो रूप अशुद्ध हैं। बोली के व्याकरण के विरुद्ध **तव** तथा **तुज्झ** रूप भी देखने में आते हैं। विक्रमो० २७, २१ में **तव** का प्रयोग पाया जाता है, किन्तु हस्तलिपियाँ बी. और पी. (B. P.) इस स्थान में **तुह** रूप देती हैं। यही रूप बंबइया संस्करण ४८, ५ में छापा गया है ; मृच्छ० १७, २१ तथा २४, ३ में भी यह रूप आया है। यहाँ शकार के शब्द दुहराये गये हैं ; १३८, २३ में भी **तव** आया है। यहाँ संस्कृत शब्द उद्धृत किये गये हैं ; १५१, २१ में भी सम्बन्धकारक में यह आया है। रत्नावली की पहली (= पुरानी) प्रतियों में जहाँ-जहाँ **तव** अथवा **तुह** दिये गये थे कापेलर ने वहाँ-वहाँ **तुह** पाठ पढ़ा है, इस कारण रत्नावली में केवल **तुह** (२९४, २१ ; २९९, ३ ; ३०५,८ ; ३०९,६ ; ३१३,१२ और २७ ; ३१८,२६) और **दे** रूप हैं। प्रबोधचन्द्रोदय ३७, १४ और ३९, ५ में छपे संस्करणों के **तुव** और **तुअ** के स्थान में **तुह** पढ़ा जाना चाहिए, जैसा बंबइया संस्करण में ३९, ५ के स्थान में छापा गया है। नाटकों में **तुज्झ** रूप शुद्ध है ; मृच्छ० १००, ११ (आव०) ; १०४, ९ (दाक्षि०) ; १७ (आव०) ; शकुन्तला ५५, १५ (महा०) ; नागानन्द ४५, ७ (महा०) ; शौर० में यह रूप केवल शकु० ४३, ९ में देखा जाता है जो वास्तव में अशुद्ध। इस विषय में ललितविग्रहराज नाटक ५५४, ४ ; कर्पूर० १०, ९ ; १७, ५ ; नागानन्द ७१, ११ ; कर्णसुन्दरी ५२, १३ तथा अन्य भारतीय संस्करण ध्यान देने योग्य नहीं माने जा सकते। इसके विपरीत माग० में अ०माग० और जै०महा० की भाँति **तव** रूप मिलता है (मृच्छ० १२, १९ ; १३, ९ ; १४, १ ; ११, ३ ; २२, ४ आदि-आदि ; शकु० ११६, ११), **ते** भी पाया जाता है (मृच्छ० ३१, १७ ; ११३, १), इस पर ऊपर लिखी बात लागू होती है, अन्यथा **दे** रूप बहुत अधिक आता है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० २१, २२ ; शकु० ११३, ७ ; मुद्रा० १८४, २)। इस प्राकृत बोली में **तुज्झ** रूप अशुद्ध है (मृच्छ० १७६,६ ; इसके स्थान में गौडबोले द्वारा सम्पादित संस्करण के ४७८, १ में छपे **तुए** रूप के साथ यही शुद्ध रूप पढ़ा जाना चाहिए ; नागा० ६७, १ ; इसके स्थान में भी कलकतिया संस्करण के ६३, १ के अनुसार **ते** [**दे**] पढ़ा जाना चाहिए ; प्रबोध० ५८, १७ ; इस स्थान में ब्रौकहौस ने केवल **उज्झ** रूप दिया है और इसी ग्रन्थ में अन्यत्र पाया जानेवाला रूप **तुह** पढ़ा जाना चाहिए) ; ढक्की में **तुह** रूप चलता है (मृच्छ० ३९, ५) ; अप० में **तउ** और **तुज्झु** रूप काम में आते हैं (हेच० ४, ३६७, १ ; ३७०, ४ ; ३७२ ; ४२५), साथ ही विचित्र रूप **तुध्र** का भी प्रचलन है (हेच० ४, ३७२), **तुज्झह** भी देखा जाता है (विक्र० ७२, १० ; इस पर बौॅल्लें नसेन की टीका देखिए), **तुह** भी मिलता है (हेच० ४, ३६१ ; ३७०, १ ; ३८३, १ ; पिंगल १, १२३ अ), **तुम्ह** भी आया है (पिंगल १, ६० अ), पद्य में **जुज्झे** = **युधि** के साथ तुक मिलाने के लिए **तुज्झे** रूप भी आया है (पिंगल २, ५ ; [यहाँ **जुज्झे तुज्झे सुभं देऊ** = (शंभु) 'तुझे शुभ अर्थात् कल्याण देवें' है, जिससे पता चलता है कि यह **तुज्झे** = **तुझे** है। —अनु०])। अ०माग० में **तुब्भं** = **तुभ्यम्** है ; **तुह**, **तुज्झ** और **तुम्ह** रूपों से यह निदान निकलता है कि इनका रूप कभी ***तुह्यम्** (**मह्यम्** की तुलना कीजिए) रहा होगा।

इससे **तुब्भ, तुय्ह** और **उय्ह** रूप आविष्कृत हुए, जो बहुवचन में दिखाई देते हैं[१]। **तुह्य** और **उय्ह** या तो माग० से अथवा माग० से सम्बन्धित किसी प्राकृत बोली से निकलने चाहिए (§ २३६ और ३३१)। — अधिकरण : महा० में **तइ, तुवि, तुमम्मि** और **तुमे** काम में आते हैं (गउड० ; हाल ; रावण०) ; अ०माग० में **तुमंसि** रूप मिलता है (निरया० § १५) ; जै०महा० में **तइ** और **तुमम्मि** रूप काम में आते हैं ; शौर० में **तइ** चलता है (विक्र० ३०, ३ ; ८४, ४), **तुइ** भी पाया जाता है (मालवि० ४१, १९ ; वेणी० १३, ८ [कलकत्ते के १८७० के संस्करण के पेज २६, ५ के अनुसार यही रूप पढ़ा जाना चाहिए]) ; अप० में **तइँ** और **पइँ** रूप देखे जाते हैं जैसा कर्म- और करणकारकों में पाये जाते हैं (हेच० ४, ३७०)। ऋषभपंचाशिका और जै०महा० में भी धनपाल ने **पइँ** और **पइं** रूपों का व्यवहार किया है[७]।

१. § ४१८ की नोटसंख्या १. देखिए। — २. विक्रमोर्वशी, पेज ५२८ में बौँल्लेँनसेन ने **तूहुं** रूप दिया है और पेज ५२९ के नोट में इसे **तुम्हं** से व्युत्पन्न किया है। — ३. पिशल, गो० गे० आ० १८७७, १०६६ ; बे०बाइ० ३, २५० का नोट ; त्सा० डे० डौ० मौं० गे० ३५, ७१४। — ४. होएर्नले, उवासगदसाओ, अनुवाद, नोट २६२। — ५. बोएटलिंक द्वारा संपादित शकुंतला के संस्करण में १०७, १३ में वाक्य के आरम्भ में हीं दे रूप अशुद्ध है, यह तथ्य विक्रमोर्वशी १७६ में बौँल्लेँनसेन ने ताड़ लिया था। — ६. यारटेलिंग १०२ में कर्न का कुछ दूसरा मत है ; ए० म्युलर, बाइत्रेगे ५५, नोटसंख्या १। — ७. क्लास, त्सा० डे० डौ० मौं० गे० ३३, ४४८।

§ ४२२—बहुवचन : कर्ता- अ०माग० को छोड़ और सभी प्राकृत बोलियों में काम में आनेवाला रूप **तुम्हे** = ***तुष्मे** है : महा० में यह रूप है (हाल; रावण०) ; जै०महा० में (एर्त्से०) ; शौर० में भी है (मृच्छ० २४, १५ ; ७०, १५ ; शकु० १०६, २ ; १०९, ७) ; माग० में यह चलता है (मृच्छ० १६, १९ ; १४९, १७) ; यह अप० में भी आया है (हेच० ४, ३६९)। माग० में ***तुस्मे** अथवा **तुय्हे** रूप भी शुद्ध हो सकता है। बहुवचन के अन्य कारकों में यही वर्ग, इस प्राकृत बोली के लिए यह सूचित करते हैं कि इसके वे रूप हैं जिनमें इस समय के संस्करणों में **म्ह** आया है। अ०माग० में सदा **तुब्भे** रूप मिलता है जो = अशोक के शिलालेखों के **तुफे** के (आयार० १, ४, २, ४ ; २, ३, ३, ५ और ७ ; सूय० १३२ ; १९४ ; ७८३ ; ९७२ : विवाह० १३२ और २३२ ; नायाध० [इसमें § १३८ भी सम्मिलित है जिसके **तुम्हे** के स्थान में इसी ग्रन्थ में अन्यत्र आया हुआ रूप **तुब्भे** पढ़ा जाना चाहिए] ; उवास० ; कप्प० ; निरया०)। अनादरसूचक सम्बोधन में **तुमाइं** का प्रयोग किया जाता है (आयार० २, ४, १, ८)। जै०महा० में **तुम्हे** के साथ-साथ **तुब्भे** रूप भी चलता है (आव०एर्त्से० १४, २८ और ३० ; ४१, २२ ; एर्त्से० ; कालका०), हेच० ४, ३६९ के अनुसार अप० में **तुम्हइँ** भी होता है [भंडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित ग्रन्थ के दूसरे संस्करण में यह रूप **तुम्हइं** दिया गया

है, जो शुद्ध नहीं जान पड़ता। — अनु०], क्रम० ५, १३ के अनुसार पै० में **तुम्फ, तुफ्फ** और **तुम्हे** रूप चलते हैं। — कर्म **तुम्हे** : महा० में **तुम्हे** पाया जाता है (रावण० ३, २७); शौर० में यही रूप मिलता है (मृच्छ० २४, १७ ; नागा० ४८, १३); जै०महा० में **तुब्भे** रूप चलता है (द्वार० ४९७ ; १८ ; ४९८, १८) और **तुम्हे** भी पाया जाता है (तीर्थ० ५, ३) ; अ०माग० में भी **तुब्भे** रूप ही देखा जाता है (उवास०) और दूसरा **भे** मिलता है जो **तुब्भे** की ध्वनिबलहीनता के कारण उससे ही निकला है (नायाध० ९३८ ; ९३९ ; उत्तर० ३६३) ; हेच० ४,३६९ के अनुसार अप० में **तुम्हे** और **तुम्हइँ** रूप होते हैं। —करण : महा० में **तुम्हेहि** पाया जाता है (हाल ४२०) ; अ०माग० में **तुब्भेहिं** आया है (विवाग० १७ ; उत्तर० ५७९ [पाठ में **तुब्भेहिं** है] ; उवास० ; कप्प० ; नायाध० में यह रूप देखिए ; पेज ३५९ ; ३६१ ; ३६३ ; ४१९ आदि-आदि) । इस प्राकृत में **तुम्हेहिं** रूप भी देखा जाता है (नायाध० ४५४, यदि यह पाठभेद शुद्ध हो तो), **तुब्भे** भी है (सूय० ९३२) और **भे** का भी प्रचार है (आयार० १, ४, २, ४ ; नायाध० १२८४ और १३७६ [पाठ मे **ते** है]) ; जै०महा० में **तुम्हेहिं** मिलता है (एर्त्से०), **तुब्भेहिं** भी आया है (आव०एर्त्से० ; ११, २६ ; १८, २७ ; एर्त्से०) ; शौर० में भी **तुम्हेहिं** है (महावीर० २९, ४ ; विद्ध० ४८, ५) ; अप० में **तुम्हेहिँ** रूप हो गया है (हेच० ४, ३७१) । — सम्बन्ध : सब प्राकृत बोलियों में इसका रूप **तुम्हाणं** पाया जाता है ; महा० में यह रूप चलता (हाल ६७६ ; पाठ में **तुम्हाण** है) ; अ०माग० में भी इसका प्रचार है (सूय० ९६४) ; जै०महा० में भी यही पाया जाता है (एर्त्से० ; कालका०) ; शौर० में भी (ललित० ५६८, ५ ; मृच्छ० १७, २३ ; विक्र० ४८, ४ ; मालती० २८५, २); माग० में यही रूप देखा जाता है (ललित० ५६६, ९ ; शकु० ११८, ४ ; मुद्रा० १७८, ४ ; २५८, ४) । महा० में बहुधा **तुम्ह** भी काम में आता है (रावण०) ; अ०माग० में प्रधान रूप **तुब्भं** है (सूय० ९६७ ; १०१७ ; नायाध० § ७९ ; पेज ४५२ और ५९० ; उत्तर० ३५५ ; विवाह० १२१४ ; विवाग० २० और २१ ; उवास० ; इसी प्रकार कप्प० § ७९ में, इसी ग्रन्थ में अन्यत्र आये हुए **तुब्भं** के साथ, **तुम्हं** के स्थान में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) और अ०माग० में बहुधा **भे** भी आता है (आयार० १, ४, २, ६ ; २,१,५,५ ; ९, ६; सूय० २८४ ; ७३४ ; ९७२ ; नायाध० ९०७ ; उत्तर० ५० ; विवाह० १३२) । यह रूप जै०महा० में भी है (आव०एर्त्से० २४, ८ और १२) । महा० और शौर० में बहुधा **वो** = **वः** भी काम में आता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; शकु० २०, ७ ; ५२,१५ ; विक्र० ५१, १६) ; पल्लवदानपत्र में भी यह रूप आया है (७, ४६)। अन्य प्राकृत बोलियों में तथा मृच्छकटिक में मुझे यह रूप नहीं मिला। आवश्यक एर्त्सेलुंगन ४१, १८ में **केण भे किं गहियं** पढ़ा जाना चाहिए। अप० में **तुम्हहँ** है (हेच० ४, ३७३) । हेमचन्द्र ४, ३०० के अनुसार महा० में **तुम्हाहँ** भी पाया जाता है। अधिकरणकारक के किसी रूप के प्रमाण और उद्धरण मुझे नहीं मिले हैं। मार्कंडेय पन्ना ४८ और उसके बाद में यह उल्लेख

मिलता है कि **तुज्झसुं** और **तुब्भसुं** रूप शाकल्य[1] ने बताये हैं और इनका जनता ने स्वागत नहीं किया। हेमचंद्र ४, ३७४ के अनुसार अप० मे **तुम्हहँ** रूप चलता है। चंड० २, २६ के अनुसार **भे** बहुवचन के सभी कारकों मे काम में आता है। कर्म-, करण- और सम्बन्धकारकों मे इसके प्रमाण मिलते हैं। सिंहराजगणिन् के ग्रन्थ की हस्तलिपियों मे **ब्भ** (**म्भ**) के स्थान मे **ह्ह** लिखे जाने के सम्बन्ध में पिशल के डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस का पेज ३ देखिए।

१. भे = संस्कृत शब्द भो के नहीं है (वेबर, भगवती १, ४०४; नोटसंख्या ४; लौयमान, औपपातिक सुत्त में यह शब्द देखिए)। यह तथ्य ए० म्युलर ने पहले ही देख लिया था (बाइत्रैगे, पेज ५५)। — २. पिशल, डे ग्रामाटिकिस प्राकृतिकिस, पेज २ और उसके बाद।

§ ४२३—**स**- वर्ग में से प्राचीन संस्कृत की भाँति केवलमात्र कर्त्ता एकवचन पुलिंग और स्त्रीलिंग रूप ही रह गये है, प्रत्युत बोलियों के भीतर अन्य कारक भी रह गये हैं। ये रूप कई अंशों मे ईरानी भाषाओं[1] से मिलते-जुलते हैं। एकवचन : कर्त्ता पुलिंग मे महा०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर०, आव०, दाक्षि० और पै० में **सो** रूप है (हाल मे **स**- शब्द देखिए ; गउड० ; रावण० ; एर्से० ; ऋषभ० में **त**- शब्द देखिए ; कालका० मे **तद्** शब्द देखिए ; जै०शौर० के लिए : पव० ३८०, ७ ; ३८१, १६ और २१ ; कत्तिगे० ३९८, ३०२ ; ३९९, ३१२ ; शौर० के लिए : ललित० ५५५, १ ; ५६०, १९ ; मृच्छ० ६, ८ ; शकु० ५२, ५ ; विक्र० १०, २ ; आव० के लिए : मृच्छ० ९९, १६ ; १०१, ६ ; दाक्षि० के लिए : मृच्छ० १००, ५ और ९ ; पै० के लिए : हेच० ४, ३२२ ; ३२३)। कभी-कभी और बहुत कम **स** रूप भी देखने मे आता है (हेच० ३, ३ ; पल्लवदानपत्र ७, ४७ ; महा० के लिए : रावण० ११, २२ [किन्तु यहाँ सी. (C) हस्तलिपि के अनुसार **अ** = **च** पढ़ा जाना चाहिए] ; अ०-माग० के लिए : आयार० १, ५, ५, ४ [यहाँ **स च्चेव** पढ़ा जाना चाहिए] ; उत्तर० ३६१ [**स एसो** और इसके साथ-साथ **एसो हु सो** ३६२ में आया है] ; जै०महा० के लिए : एर्से० ६, ३६ ; कालका २५८, ४) ; शौर० के लिए ; मृच्छ० ४२, ११ [यह पाठ केवल अ (A) हस्तलिपि मे पाया जाता है] ; ६३, १८) ; अ०माग० मे **से** रूप चलता है (आयार० १, १, १, ४ और उसके बाद ; उवास० ; नायाध० ; कप्प० मे **त**[1] शब्द देखिए) ; माग० मे **शे** पाया जाता है (ललित० ५६५, ६ ; मृच्छ० १९, १७ ; शकु० ११४, २) ; अप० मे **सु** और **सो** रूप चलते हैं (हेच० मे बार-बार ये रूप दिये गये हैं)। अ०माग० मे आयारगसुत्त १, १, १, ४ में **सो** रूप अशुद्ध है। यह रूप इसी प्राकृत बोली मे अन्यत्र गद्य मे भी मिलता है (§ १७)। लिंगपरिवर्तन के अनुसार (§ ३५६ और उसके बाद) अ०माग० में लेखकों ने लिखा है **से दिट्ठं च णे** = **तद् दृष्टम् च नः** ; **से दुद्दिट्ठं च भे** = **तद् दुर्दृष्टम् च वः** है (आयार० १, ४, २, ३ और ४) ; माग० में यह वाक्यांश मिलता है **एशे शे दशणामके** = **एतत् तद् दशनामकम्** है (मृच्छ० ११, १), **शे मुण्डे** = **तम् मुण्डम्** है (मृच्छ० १२२, ७), **एशे शे शुवण्णके** = **एतत् तद् सुवर्णकम्** (मृच्छ०

१६५, ७), शे कम्म = तत् कर्म है (शकु० ११४, ६) ; अप० में सो सुक्खु = तत् सौख्यम् है (हेच० ४, ३४०, १)। — कर्म : अ०माग० में ये (§ ४१८) और ते (§ ४२१) के जोड़ का से रूप मिलता है जो से स' एवं वयन्तं = स तम् एवम् वदन्तम् में आया है (आयार० २, १, ७, ८ ; ९, ६), जब कि से स' एवं वयन्तस्स (आयार० २, १, २, ४ ; ६, ४ ; ७, ५ ; ९, २ ; २, ५, १, ११ ; २, ६, १०) में दूसरा से सम्बन्धवाचक है, इसलिए यह वाक्यांश श = स तस्यैवम् वदतः है ; अप में सु आता है (हेच० ४, ३८३, ३ ; पुलिंग मे), सो भी चलता है (पिंगल १, ५ अ ; नपुंसकलिंग मे)। — करण : अ०माग० में से रूप पाया जाता है (सूय० ८३८ ; ८४८ ; ८५४ ; ८६०)। — सम्बन्ध : महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में से रूप मिलता है, माग० में यह शे हो जाता है, यह रूप भी मे और ते के समान ही पुलिंग और स्त्रीलिंग दोनों में काम में आता है (वर० ६, ११ ; चंड १, १७ ; हेच० ३, ८१ ; क्रम० ३, ४८ ; सिंहराज० पन्ना २२ ; शौर० पुलिंग के लिए : मृच्छ० १२, २४ ; शकु० ३७, १० ; विक्र० १५, १० ; स्त्रीलिंग : ललित० ५६१, ९ ; मृच्छ० २५, ८ ; शकु० २१, २ ; विक्र० ४६, १ ; माग० पुलिंग के लिए : मृच्छ० ३६, १० ; १६१, ७ ; स्त्रीलिंग : मृच्छ० १३४, ८ ; वेणी० ३४, १२) ; अ०माग० और जै०महा० में छंद की मात्राएं पूरी करने के लिए सें रूप भी पाया जाता है (दस० ६३३, १७ ; ६३५, ४ ; आव०एर्त्से० ८, २ और १६) और अ०माग० मे सि भी देखा जाता है (सूय० २८२)[१]। — बहुवचन : कर्ता– अ०माग० में से रूप मिलता है (आयार० १, ४, २, १ [कलकतिया संस्करण में ते है] ; सूय० ८५९) ; माग० मे शे रूप है (मृच्छ० १६७, १)[२]। — कर्म : जै०शौर० में से रूप पाया जाता है (पव० ३८८, ४ ; साथ-साथ कर्ताकारक मे ते आया है)। — सम्बन्ध : जै०महा० में से रूप है (चंड० १, १७ ; हेच० ३, ८१ ; सिंहराज० पन्ना २२ ; कालका० २७३, २९ ; § ३४ की तुलना कीजिए) और सिं रूप भी पाया जाता है (वर० ६, १२, हेच० ३, ८१ ; सिंहराज० पन्ना २२)। — संबोधन : अ०माग० में से रूप आया है (आयार० १, ७, २, १)। जैसा अथर्ववेद १७, १, २० और उसके बाद ५, शतपथब्राह्मण में (बोएटलिंक और रोट के संस्कृत-जर्मन कोश में पेज ४५२ मे स शब्द देखिए), पाली सचे (= यदि) स मे और सेंय्यथा से में उसी भाँति अ०माग० से में यदि यह रूप सर्वनाम अथवा सर्वनाम से बने क्रिया-विशेषण से पहले आये तो इसके कारण अर्थ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसके बाद यदि त– सर्वनाम का त् आये अथवा य का ज् रहे तो ये द्वित्व कर दिये जाते हैं। इसके अनुसार अ०माग० में सें त्तम् मिलता है (आयार० २, १, १, २ ; ४, ४ ; ५, २ ; ५ ; २, ३, १, १४ ; २, ४, २, ७ और ८ ; जीवा० ३६ और उसके बाद ; ३१६ और उसके बाद; विवाह० १६० और ५९६ ; पण्णव० ७ और उसके बाद; ६३; ४८०) ; से तं रूप भी देखने में आता है (आयार० १, २, ५, ५ ; कप्प० टी. एच. (T. H.) § ७–९) ; से तेण अट्ठेणं भी पाया जाता है (विवाह० ३४ और उसके बाद : २७ और उसके बाद) ; से जं भी है (आयार० १, २, ६, ५ ; २, १, १,

१ ; ४ और ११ ; २, १, २, ३ ; ३, ४ और उसके बाद ; २, ३, १, २ और उसके बाद ; २, ७, २, २ और उसके बाद) ; **से जाइं** आया है (आयार० १, २, १, १४ ; २, २ ; ३, १० ; २, ५, १, ४); **से जाण' इमानि** पाया जाता है (आयार० २, २, २, १०) ; **से जो इमे** (ओव० § ७० ; ७१ ; ७३ और उसके बाद) ; **सें जाओ** चलता है (आयार० २, १, १, ३ ; ओव० § ७२) ; **से जं** (आयार० १, १,१, ४) ; **से किं तम्** (अणुओग० ३५६; नन्दी० ४७१ ; पण्णव० ६२ और ४८०; ओव० § ३० ; कप्प० टी. एच. (T. H.) § ७–९) ; **से के णं** देखा जाता है (नायाध० § १३८) ; **से कहं एयं** भी है (विवाह० १४२) ; **से केइ** मिलता है (सूय० ३०१) और **से किं तु हु** आया है (सूय० ८४६), पाली **सेय्यथा** के नियम के विपरीत अ०माग० में **जहा** का **ज से** के बाद कभी द्वित्व नहीं किया जाता; **से** जहाँ बार-बार आया है (आयार० १, ६, १, २ ; सूय० ५९३ और उसके बाद ; ६१३ ; ७४७ ; विवाह० १३४ ; १६१ और उसके बाद ; २७० ; ९२९ ; उवास० § १२ और २१० ; ओव० § ५४ ; नायाध० § १३३) । टीकाकार बताते हैं कि **से** का अर्थ **तद्** ; उदाहरणार्थ शिलांक[1] ने आयारंगसुत्त के पेज २३० में बताया है **से-त्ति तच्छब्दार्थे** और पेज ३०० में लिखा है **सेशब्दस् तच्छब्दार्थे स च वाक्योपन्यासार्थः** : यह स्पष्टीकरण चाइल्डर्स[1] और वेबर[2] के स्पष्टीकरण से शुद्ध है [हिन्दी में **जो है सो** का मुहावरा कोई विशेष अर्थ नहीं रखता किन्तु बोलते समय काम में आता है ; उल्लिखित **वाक्योपन्यासार्थः** से उपन्यास की व्युत्पत्ति और उसका शुद्ध प्रयोग स्पष्ट होता है अर्थात् **उप = निकट** और **न्यास न्यस्** से निकला है, जो शब्द कोई अर्थ नहीं रखता तथा वाक्य सजाने के काम में आता है। वह वाक्योपन्यासार्थ है। हिन्दी मे उपन्यास कहानी की पुस्तक का वाचक बन गया है । मराठी में अंगरेजी शब्द **नौवेल्** का **नवल कथा** रूप **उपन्यास** के लिए काम में आता है । कोश में भी कहा गया है **उपन्यासस्तु वाङ्मुखम्** , इसका अर्थ है कि उपन्यास भूमिका को कहते हैं। अस्तु, हिन्दी उपन्यास शब्द उस पदार्थ का द्योतक किसी प्रकार नहीं है, जिसके लिए यह प्रयुक्त होता है। वास्तव में यह बिना सोचे समझे बंगला से हिन्दी में ले लिया गया है । —अनु०] । प्राकृत में **त्** और **ज्** का तथा पाली **सेय्यथा** में **य्** का द्वित्तीकरण बताता है कि हमें **से** को अ०माग० का कर्त्ताकारक का रूप **से** नहीं मानना चाहिए । यह तथ्य पाली भाषा में **से** के प्रयोग से असम्भव बन जाता है । यदि यह आशक्य[1] न भी हो तो ; **से** बहुत करके = वैदिक **सेद्** अर्थात् **स + इद्** है, जिसका उपयोग ठीक और सब प्रकार से **स** की भाँति होता है । इसका प्रमाण ऋग्वेद ४,३७,६ में मिलता है : **सेद् ऋभवो यं अवथ यूयम् इन्द्रश् च मर्त्यम्। स धीभिर् अस्तु सनिता मेधसाता सो अर्वता**, जिसमें **सेद् यं··· स** = अ०माग० **से जं से** है (= हिन्दी **जो है सो**)। इसका अर्थ यह हुआ कि पाली **सेय्यथा और सबे** ९ से अ०माग० रूप **से त्तं, सेज्जं** आदि रूप अधिक अच्छे हैं ।

१. वाकरनागल, कू०त्सा० २४, ६०० और उसके बाद । वेद में अधिकरण-कारक का रूप **सस्मिन्** भी पाया जाता है । — २. यह § ४१८, नोटसंख्या

१ में कथित बातों के लिए लागू है। — ३. यह से है, इसलिए बोएटलिंक द्वारा संपादित शकुंतला २५, ६ और (§ ४२१, नोटसंख्या ५) दे पाठभेद अशुद्ध हैं। — ४. शो सम्बन्धकारक एकवचन नहीं हो सकता क्योंकि पेज १६६, २४ के अनुसार दोनों चाण्डाल बोलते हैं। कलकत्ते के छपे संस्करण (कलकतिया संस्करण १८२९, ११६, १० ; शकुंतला का कलकतिया संस्करण १७९२, ३५७, १) और गौडबोले का संस्करण, पेज ४५२,६ में एदो छपा है, जो प्राचीन कलकतिया संस्करण और गौडबोले के संस्करण में एते द्वारा अनुवादित किये गये हैं और यह अर्थ शुद्ध है। — ५. अबतक यह तथ्य किसी के ध्यान में नहीं आया था, स्वयं डेलब्रुक के आल्ट इंडिशे सिन्टाक्स, पेज १४० में इसका उल्लेख नहीं है। — ६. पाली-कोश में स शब्द देखिए। — ७. भगवती १, ४२१ और उसके बाद, जहाँ विवाहपन्नत्ति से कई और उदाहरण दिये गये हैं। — ८. ए० कून, बाइत्रैगे, पेज ९। — ९. वैदिक ध्वनिबल से से की अग्राधारिता और उसमें द्वित्वीकरण मनाने का निषेध प्रकट होता है जो § १९६ के अनुसार होना चाहिए था।

§ ४२४—**तद्**, **यद्** आदि सर्वनाम जिनका कोई पुरुष नहीं होता आंशिक रूप मे सर्वनाम के विशेष समासिसूचक रूप ग्रहण करते हैं जैसा संस्कृत में होता है और आंशिक रूप में उनकी रूपावली सज्ञा शब्दों की भाँति चलती है। अधिकरण एकवचन पुलिंग और नपुंसकलिंग तथा कर्ता बहुवचन पुलिंग में केवलमात्र सर्वनामों के समासिसूचक रूप **एहउं** भी मिलता है = ***एतकम्** (हेच० ४, ३६२)। — कर्म पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग : महा० मे **एअं** है, अ०माग० और जै०महा० मे **एयं** पाया जाता है, शौर० तथा माग० में **एदं** आया है और अप० पुलिंग में **एहु** मिलता है (पिंगल १, ८१)। — करणकारक मे महा० में **एएन** रूप मिलता है (हाल ; रावण०) अ०माग० मे **एएणं** है, जै०महा० मे **एएण** के साथ साथ **एइणा** रूप भी चलता है (शौर० के लिए : मृच्छ० ४२, १२ ; विक्र० ३१, १४ ; उत्तररा० ७८, ३ ; १६३, ३ ; माग० के लिए : मृच्छ० ११८, ११ ; १२३, १९ ; १५४, ९), **एदिणा** रूप बहुत अधिक मिलता है (शौर० के लिए : मृच्छ० ५, ५ ; १८, ३ ; शकु० १०, १२ ; विक्र० ५३, १ ; उत्तररा० १३, ११ ; मालती० ३१, ४ ; ७३, ३ ; १००, ३ ; रत्ना० २९३,२१ ; माग० के लिए : मृच्छ० ३९, २५ ; ४०, ११ ; वेणी० ३६, १), § १२८ देखिए। स्त्रीलिंग में जै०महा० में **एयाए** के साथ-साथ हेमचंद्र द्वारा ३, ३२ मे उल्लिखित रूप **एईए** भी चलता है जो स्त्रीलिंग के वर्ग **एई** = ***एती** से निकला है। ये दोनों रूप अपादान–, सम्बन्ध– और अधिकरणकारकों में भी काम में आते हैं। शौर० और माग० मे करण–, सम्बन्ध और अधिकरणकारकों में केवल **एदाए** होता है। करण के लिए (शौर० में : मृच्छ० ९४, १६ ; ९५, ८ ; विक्र० २७, १९ ; ४१, ७ ; रत्ना० २९९, ८ ; माग० में : मृच्छ० १७३, ८ ; प्रबोध० ६१, ७) ; सम्बन्धकारक रूप में प्रयोग के लिए (माग० में : मृच्छ० १२३, ३) ; अधिकरण रूप में प्रयोग के लिए (शौर० में : मृच्छ० ९, ९ ; ४२, ११)। — अपादानकारक के रूप वररुचि ने ६,

२० में **एत्तो, एदादो, एदादु** और **एदाहि** दिये हैं ; हेमचन्द्र ने ३, ८२ में **एँत्तो, एँत्ताहे, एआओ, एआउ, एआहि, एआहिंतो** और **एआ** दिये हैं ; क्रमदीश्वर ने ३, ११ में **एत्तो, एदो** (!), **एदादु** और **एदाहि** रूप लिखे हैं। इनमें से **एत्तो** = *__एततः__ है (§ १९७) । यह रूप महा०, अ०माग० और जै०महा० में 'यहाँ से', 'वहाँ से' और 'अब' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। अ०माग० में भी यह विशुद्ध अपादान के काम में लाया जाता है : **एँत्तो उवसग्गाओ = एतस्माद् उपसर्गात्** है (नायाध० ७६१) ; **एँत्तो अन्नयरं = एतस्माद् अन्यतरम्** है (आयार० २, १, २, ४ ; ६, ४ ; ७, ८ ; २, २, ३, १८ ; २, ६, १, ५) । शौर० में **एत्तो** का इस भाँति का प्रयोग अशुद्ध है। भारतीय संस्करणों में जहाँ कहीं यह देखने में आता है, जैसा मालतीमाधव के बबइया संस्करण ६९, ९ ; २५५, १ में वहाँ **इमादो** पाठ पढ़ा जाना चाहिए जैसा कलकतिया संस्करण, १८६६ पेज ३७, १३ में प्रथम स्थान में और भण्डारकर के सस्करण में ९२, ३ में पाया जाता है। अ०माग० में **इत्तो** रूप भी देखा जाता है (सूय० ३६० ; उत्तर० ५९९) । **एत्ताहे** किंतु **एत्ता = एतं** वर्ग से निकला है और **ताहे** (§ ४२५) की भाँति स्त्रीलिंग का अधिकरण एकवचन का रूप माना जाना चाहिए। यह महा० में '**इदानीम्**' के अर्थ में काम मे लाया जाता है (हेच० २, १३४ ; गउड० ; हाल ; रावण०), अप० में इस **एत्तहे**ँ का अर्थ 'यहाँ से' होता है (हेच० ४, ४१९, ६ ; ४२०, ६) और इसका दूसरा अर्थ '**इधर**' है (हेच० ४, ४३६) । इसके अनुकरण पर अप० मे **तेत्तहे**ँ रूप बना है जिसका अर्थ '**उधर**' है (हेच० ४, ४३६) । जै०महा० मे **एयाओ** रूप मिलता है (द्वार० ४९५, २७) । — सम्बन्ध : महा० मे **एअस्स** होता है ; अ०माग० और जै०महा० मे **एयस्स** चलता है ; शौर० मे **एदस्स** पाया जाता है (शकु० २९, २ ; विक्र० ३२, ३ ; उत्तररा० ६७, ६) ; माग० में **एदश्श** रूप आया है (ललित० ५६५, ८ ; मृच्छ० १९, ५ ; ७९, १९) तथा **एदाह** भी देखा जाता है (मृच्छ० १४५, ४ ; १६४, ४) । — अधिकरण : हेमचन्द्र ने ३, ६० मे **एअस्सि** रूप दिया है और ३, ८४ मे **एअम्मि** आया है ; अ०माग० और जै०महा० मे **एयम्मि** तथा **एयंमि** रूप मिलते हैं ; अ०- माग० मे **एयंसि** भी चलता है (सूय० ७९० ; विवाह० ११६ ; ५१३ [पाट में **एएसि** है, टीका मे शुद्ध रूप है] ; ११११) ; शौर० मे **एदस्सि** है (शकु० ७८, १२ ; विक्र० ६, ३ ; २३, १७ ; रत्ना० ३०१, ५ ; प्रिय० १३, १६ ; प्रबोध० ३६, १) ; माग० मे **एदश्शि** मिलता है (ललित० ५६५, ६ ; मृच्छ० १३४, २२ और १३७, ४ ; मुद्रा० १८५, १) । **अअम्मि** और **ईअम्मि** के विषय मे § ४२९ देखिए। — बहुवचन . कर्त्ता– महा०, अ०माग० और जै०महा० में **एए** रूप है ; जै०शौर० और शौर० में **एदे** (पव० ३८६, ८ ; ३८९, १ ; मृच्छ० ८, २ ; शकु० ४१, १ ; मालती० २४३, ३ ; २८४, १०) ; माग० में **एदे** चलता है (मृच्छ० २९, २३ ; ३८, १९ ; ७१, २२) ; एक ध्यान देने योग्य वाक्यांश **एदे अक्खलु** है जो मृच्छकटिक ४०, २ में आया है (यह सभी सस्करणों में है) = **एतानि अक्षराणि** है। अप० मे **एइ** का प्रचलन है (हेच० ४, ३३०, ४ ; ३६३) ; स्त्रीलिंग — महा० में

एआओ है ; अ०माग० और जै०महा० में **एयाओ** चलता है ; शौर० में **एदाओ** काम में आता है (चंडकौ० २८, १० ; मल्लिका० ३३६, ८ और १३), जै०महा० में **एया** का भी प्रचलन है ; नपुंसकलिंग — महा० में **एआइ** है और अ०माग० तथा जै०-महा० में **एयाइं** ; अ०माग० और जै०महा० में **एयाणि** भी है। (सूय० ३२१; एर्त्से०); शौर० में **एदाइं** मिलता है (मृच्छ० १२८, ४ ; १५३, ९ और १३) ; माग० में भी **एदाइं** आया है (मृच्छ० १३२, १६ ; १६९, ६)। — कर्म पुलिंग : अ०माग० तथा जै०महा० में **एए** रूप है और अप० में **एइ** (हेच० ४, ३६३)। — करण पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा० और जै०महा० में **एएहिं** और **एएहि** रूप हैं तथा शौर० और माग० में **एदेहिं** (शौर० में : मृच्छ० २४, १ ; प्रबोध० १२, १० ; १४, १० ; माग० में : ललित० ५६५, १३ ; मृच्छ० ११, १२ ; १२२, १९ ; १३२, १५) ; स्त्रीलिंग : अ०माग० और जै०महा० में **एयाहिं** रूप है। — सम्बन्ध पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा० में **एआण** मिलता है (हेच० ३, ६१ ; गउड० ; हाल) ; पल्लवदानपत्र में **एतेसि** आया है (६, २७) ; अ०माग० और जै०महा० मे **एएसिं** तथा **एएसि** रूप चलते हैं ; जै०महा० मे **एयाणं** भी है ; शौर० में **एदाणं** पाया जाता है (मृच्छ० ३८, २२ ; उत्तररा० ११, ४ ; १६५, ३ ; १९७, १०) ; स्त्रीलिंग : महा० में **एआण** है (हाल ८९), हेमचन्द्र ३, ३२ के अनुसार महा० मे **एईणं** और **एआणं** रूप भी काम मे आते है ; अ०माग० और जै०महा० मे **एयासिं** चलता है, जै०महा० में **एयाणं** भी ; शौर० मे **एदाणं** मिलता है (रत्ना० २९३, १३ ; कर्पूर० ३४, ३ और ४)। — अधिकरण : महा० और अ०माग० रूप आयारंगसुत्त १, २, ५, ३ में आया है ; जै०महा० मे **एएसु** और **एएसुं** हैं ; शौर० में **एदेसुं** चलता है (शकु० ९, १२ और १४) और **एदेसु** भी है (मुद्रा० ७२, ३), काम मे लाये जाते हैं। अपादान एकवचन पुलिंग और नपुंसकलिंग अपादान, सम्बन्ध और अधिकरण एकवचन स्त्रीलिंग तथा सम्बन्ध बहुवचन पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग में दोनों प्रकार के समाप्तिसूचक रूप चलते हैं। हाँ, बोली मे इनमे कुछ भिन्नता आ गयी है। **तद्**, **एतद्**, **यद्**, **किम्** और **इदम्** के स्त्रीलिंग के वर्ग में अन्त में **-आ** अथवा **-ई** लगाया जाता है (हेच० ३, ३२ ; क्रम० ३, ४५) : इनके **ता-**, **ती-**, **एआ-**, **एई-**, **जा-**, **जी-**, **का-**, **की-**, **इमा-** और **इमी-** रूप होते हैं। किन्तु **तद्**, **यद्** और **किम्** कर्ता- और कर्मकारक एकवचन तथा सम्बन्धकारक बहुवचन मे केवल **आ** लगाते हैं (हेच० ३, ३३) ; शौर० और माग० में सभी सर्वनामों मे केवल **आ** लगता है। वर० ६, १ और उसके बाद ; हेच० ३, ५८ और उसके बाद ; क्रम० ३, ४२ और उसके बाद ; मार्क० पन्ना ४५ और उसके बाद; सिंहराज० पन्ना १९ और उसके बाद की तुलना कीजिए।

१. एस० गौल्दश्मित्त, प्राकृतिका, पेज २२।

§ ४२५—सर्वनाम **त-**। कर्त्ता और कर्म नपुंसकलिंग में महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर०, माग०, ढक्की, आव०, दाक्षि० और अप० में **तं** रूप पाया जाता है (जै०शौर० में : पव० ३८१, २० और ३८५, ६१ ; शौर० में : ललित०

५६१, १३ और ५६२, २३ ; मृच्छ० २, १८ ; शकु० २७, ६ ; माग० में : ललित० ५६५, १९ ; मृच्छ० ४०, ६ ; ढक्की मे : मृच्छ० ३१, ४ ; ३२, ३ और ८; ३५, ७; आव० में : मृच्छ० १०२,१; दाक्षि० में : मृच्छ० १०२,१९; अप० में : मृच्छ० १०२, १९ ; अप० मे : हेच० ४, ३६०) ; अप० मे 'इसलिए' के अर्थ में त्रं भी मिलता है (हेच० ४, ३६० ; § २६८ देखिए और § ४२७ की तुलना कीजिए ; [इस त्रं सर्व-नाम से मिलकर जर्मन शब्द दारुम् (Darum) है। इसकी तुलना महत्त्वपूर्ण है। —अनु०]) और तं तु शब्द सयोग में तु पाया जाता है (विक्र० ५५, १९) । यह तु § ४२७ मे वर्णित जु के जोड़-तोड का है। — कर्म पुलिंग और स्त्रीलिंग : सभी प्राकृत बोलियो मे तं है। — करण : तेण है, अ०माग० मे तेणं पाया जाता है, अप० तें रूप देखने मे आता है (हेच० में त- शब्द देखिए) ; हेच० ३, ६९ के अनुमार तिणा रूप भी होता है ; स्त्रीलिंग : महा० मे तीए और तीअ रूप आये हैं, अ०माग० और जै०महा० मे तीए तथा ताए रूप हे ; शौर० में ताए चलता है (ललित० ५५५, १ ; मृच्छ० ७९, ३; शकु० ४०, ४ [तए पाठ के स्थान मे यही रूप पढ़ा जाना चाहिए, जैसा डी. (D.) हस्तलिपि के अनुसार मृच्छ० ७७, १० में भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; विक्र० ४५, २१) ; माग० मे ताए का प्रचलन है (मृच्छ १३३, २१) ; पै० में तीए चलता है (हेच० ४, ३२३) और अप० मे ताएँ रूप है (हेच० ४, ३७०,२) । — विशुद्ध अपादानकारक के रूप मे अ०माग० और जै०महा० मे ताओ रूप मिलता है (उदाहरणार्थ, ओव० § २०१ ; उवास० § ९० और १२५ ; आव० एर्त्से० ८, ४८ ; सगर ६, ४) । यह रूप अ०माग० मे स्त्रीलिंग मे भी चलता है (दस० ६१३, २४) । व्याकरणकारों द्वारा (वर० ६,९ और १० ; हेच० ३, १६० ; ३, ६६ और १७ ; मार्क० पन्ना ४६) बताये गये रूप तत्तो और तओ तथा शौर० और माग० मे तदो (क्रम० ३, ५० ; यहाँ तदओ रूप भी दिया गया है), तो और तम्हा का प्रयोग क्रियाविशेषण के रूप मे किया जाता है, तम्हा केवल अ०माग० और जै०शौर० मे काम मे आता है (पव० ३८०, ८ ; ३८१, २० ; ३८२, २३ और २७ ; ३८४, ३६) ; तो जो महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० के अतिरिक्त (हेच० मे यह शब्द देखिए), माग० के पद्य में भी चलता है (मृच्छ० ११, ११), संभवत् = अतस् (§ १४२) । इनके साथ साथ अ०माग० तओहिंतो रूप मिलता है (विवाह० १०४७ ; ११८९ ; १२४० और उसके बाद ; १२८३ ; १२८८ और उसके बाद ; नायाध० ११७८) और महा०, जै०महा० तथा जै०शौर० मे ता भी चलता है (पव० ३९८, ३०३) ; शौर० मे भी यह रूप पाया जाता है (ललित० ५५५, २ और ५६१, १५ ; मृच्छ० २, १६ ; १८ और २२ ; ३, २०) ; माग० में देखा जाता है (ललित० ५६५, ८ और १५ ; ५६७, १ ; मृच्छ० २०, २१ ; २१, १२) ; ढक्की में भी आया है (मृच्छ० २९, १५ ; ३०, १३ ; ३२,८) ; आव० में है (मृच्छ० १०१, २३ और १०५, २) ; दाक्षि० में भी है (मृच्छ० १०१,१ और ९ ; १०२, १८ ; १०३, १६ ; १०४, १९) ; अप० में इसका प्रचलन है (हेच० ४, ३७०, १) । ता = वैदिक तात्' किन्तु भूल से = तावत् बनाया जाता है। अप० में हेच० ४, ३५५ में तम्हां

रूप भी देता है। — सम्बन्ध पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर० और ढक्की में **तस्स** रूप पाया जाता है और पल्लवदानपत्रों में **तस** प्रयुक्त हुआ है (७,४१ और ४५); माग० में **तश्श** चलता है (मृच्छ० १४, १ और ७ ; १९, १० ; ३७,२५) और **ताह** भी मिलता है (मृच्छ० १३, २५, ३६, १३ ; ११२, ९; १६४, २) ; महा० में **तास** भी है (वर० ६, ५ और ११ ; हेच० ३, ६३ ; वेताल० पेज २१८ कथासंख्या १५) ; अप० में **तस्सु**, **तसु**, **तासु** और **तहो॑** रूप काम मे लाये जाते हैं (हेच० में **त-** शब्द देखिए) ; स्त्रीलिंग : महा० में **तिस्सा**, **तीए** और **तीअ** रूप आये हैं ; वर० ६, ६ ; हेच० ३, ६४ के अनुसार **तीआ** और **तीइ** रूप भी होते हैं ; अ०माग० और जै०महा० में **तीसे** है (यह रूप वर० और हेच० में भी मिलता है), **ताए** और **तीए** रूप भी चलते है ; शौर० में **ताए** (मृच्छ० ७९, ३ ; ८८, २० ; शकु० २१, ८ ; विक्र० १६, ९ और १५) ; माग० में भी **ताए** ही चलता है (मृच्छ० १३३, १९ और १५१, ५) ; पै० में **तीए** है (हेच० ४, ३२३) और अप० मे **तहे॑** का प्रचलन है (हेच० में **त** शब्द देखिए), **तासु** भी आया है (यह कर्मकारक में है और **जासु** का तुक मिलाने के लिए पद्य में आया है ; पिंगल १, १०९ और ११५)। — अधिकरण पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा० और जै०महा० में **तम्मि** होता है ; अ०माग० में **तंसि** है, **तम्मि** और **तंमि** भी चलते हैं (आयार० १,२,३,६ में भी) ; शौर० में **तस्सिं** पाया जाता है (मृच्छ० ६१, २४ ; शकु० ७३, ३ ; ७४, १ ; विक्र० १५, १२) ; माग० मे **तश्शिं** चलता है (मृच्छ० ३८, १६ ; १२१, १९ ; प्रबोध० ३२, ७) ; हेच० ३, ११ के अनुसार इस प्राकृत बोली में **तं** रूप भी काम मे आता है। जै०शौर में **तम्हि** रूप अशुद्ध है (कत्तिगे० ४००, ३२२)। इसके पास मे ही शुद्ध रूप **तम्मि** भी आया है। क्रम० ५, ५ के अनुसार अप० मे **तद्र** रूप भी है जो इसके जोड़ के सर्वनाम **-यद्र** के साथ आता है (§ ४२७)। 'वहाँ' और 'वहाँ को' के अर्थ में **तहिं** का बहुत अधिक प्रचार है (वर० ६, ७ ; हेच० ३, ६०) और यह प्रचार सभी प्राकृत बोलियों में है। जैसा संस्कृत में **तत्र** का होता है वैसा ही प्राकृत में **तत्थ** का प्रयोग अधिकरण के रूप मे होता है (वर० ६, ७ ; हेच० २, १६१ ; हेच० ने **तह** और **ताहि** रूप भी दिये हैं)। स्त्रीलिंग मे **तीए** और **तीअ** रूप मिलते हैं तथा हेच० ३, ६० के अनुसार **ताहिं** और **ताए** भी होते हैं ; अ०माग० में **तीसे** चलता है (ओव० § ८३ ; नायाध० ११४८)। महा०, अ०माग० और जै०महा० **ताहे** भी जो **तासे** के स्थान मे है (यह **तीसे** का समानार्थी और जोड का है) अधिकरण स्त्रीलिंग माना जाना चाहिए। यह अधिकांश में **जाहे** के साथ आता है और इसका अर्थ 'तत्र' = **तदा** होता है (वर० ६, ८ ; हेच० ३, ६५ ; गउड० ; रावण० ; एर्त्से० में **ताहे** और **जाहे** शब्द देखिए ; उवास० मे **त-** और **ज-** देखिए ; नायाध० § १४३ ; पेज ७६८ ; ९४४ ; १०५२ ; १४२० ; १४३५ आदि-आदि)। — बहुवचन : कर्त्ता **-ते**, स्त्रीलिंग **ताओ** और नपुंसकलिंग **ताइं** होता है तथा **स** भी प्राकृत बोलियों मे ये ही काम में आते हैं, अ०माग० और जै०महा० में **ताणि** भी

मिलता है। शौर० और माग० में ते के साथ-साथ दे का व्यवहार भी किया जाता है, विशेषतः अन्य सर्वनामों के पीछे[1] : शौर० में एदे दे मिलता है (मृच्छ० ३९, ३ ; उत्तररा० ६८, ८ ; मालती० २४३, ३ [यहाँ एदे क्खु दे है] ; २७३, ४) ; माग० में भी एदे दे मिलता है (मृच्छ० ३८, १९), ये दे भी है (मुद्रा० १८३, २) ; अन्यथा शौर० में ते भी आता है (उत्तररा० ७७, ४ और ५ ; मुद्रा० २६०, १), जैसा कि ताओ भी चलता है (मृच्छ० २५, २० ; २९, ७ ; मालती० ८०, १ ; प्रबोध० १७, ८) और ताइं का भी प्रचार है (उत्तररा० ६०, ५) । — कर्म : ते रूप पाया जाता है, जै०शौर० (पव० ३७९, १ ; ३८१, २१) और अप० में भी (हेच० ४, ३३६) ; वाक्य के आदि में शौर० में दे अशुद्ध है (उत्तररा० ७२, ५); स्त्रीलिंग का रूप अ०माग० में ताओ होता है (निरया० ५९) । — करण : तेहिं है, स्त्रीलिंग में ताहिं होता है जो महा०, अ०माग० और जै०महा० में मिलता है, तेहि और ताहि रूप भी पाये जाते हैं (शौर० पुलिंग में : मृच्छ० २५, १४ ; प्रबोध० १०, ९ ; १२, ११) । — अपादान : अ०माग० में तेब्भो रूप है (सूय० १९ ; क्या यह रूप शुद्ध है ?) ; अ०माग० और जै०महा० में तेहिंतो मिलता है (पण्णव० ३०८ और उसके बाद ; आव०एर्त्से० ४८, १४) और जै०महा० में तेहिं भी होता है (एर्त्से० २२, ५) । — सम्बन्ध : महा० में ताणम् और ताण रूप हैं ; शौर० में केवल ताणं काम में आता है (उत्तररा० ७३, १०), स्त्रीलिंग में भी यह रूप मिलता है (प्रबोध० ३९, १) ; अ०माग० में तेसिं और तेसि चलते हैं, इनके स्त्रीलिंग में तासिं और तासि रूप हैं ; जै०महा० में तेसिं जिसका स्त्रीलिंग का रूप तासिं पाया जाता है और ताणं रूप भी चलता है जो पुलिंग और स्त्रीलिंग दोनों में चलता है ; जै०शौर० में पुलिंग का रूप तेसिं है (पव० ३७९, ५ ; ३८३, ४४) ; अप० में ताण, ताहँ और तहं हैं (हेच० में त- शब्द देखिए) ; हेमचन्द्र ४, ३०० के अनुसार ताहँ महा० में भी चलता है और ३, ६२ के अनुसार तास बहुवचन के काम में भी आता है। — अधिकरण : तेसु है (हेच० ३, १३५ ; महा० में : रावण० १४, ३३ ; जै०महा० में : एर्त्से० ४, ३) ; शौर० में भी तेसु चलता है (विक्र० ३५, ६ ; मुद्रा० ३८, १० ; १६०, २) और तेसुं भी है (शकु० १६२, १३) ; जै०महा० और शौर० में स्त्रीलिंग का रूप तासु है (एर्त्से० १५, १४ ; मालती० १०५, १) ; अप० में ताहिँ मिलता है (हेच० ४, ४२२, १८) । अ०माग० में ताम् और तेणां के विषय में § ६८ देखिए और अ०माग० से सं के विषय में § ४२३ ।

१. हॉएफर, डे प्राकृत डिआएक्टो, पेज १७१ ; पिशल, बे०बाइ० १६, १७१ और उसके बाद । — २. विक्रमोर्वशी, पेज १७६ में बौँ स्लें नसेन दे की सीमा बहुत संकुचित बाँधी है, क्योंकि उसने बताया है कि यह रूप केवल जो के अनन्तर आता है ; यह सम्बन्धवाचक सर्वनाम के रूप में भी नहीं आता ।

§ ४२६—सर्वनाम एत- की मुख्य मुख्य अंशों में त- के समान ही रूपावली की जाती है (सम्बन्धकारक के लिए एतत् देखिए ; हाल ; रावण० में एअ- देखिए ; उवास०, कप्प०, नायाध०, एर्त्से०, कालका० में एय- शब्द देखिए) । कर्ता पुलिंग

एकवचन, महा०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर०, आव० और दाक्षि० में **एसो** रूप है (जै०शौर० में : कत्तिगे० ३९८, ३१४ ; शौर० में : मृच्छ० ६, १० ; शकु० १७, ४ ; विक्र० ७, २ ; आव० में : मृच्छ० ९९, १९ ; १००, २३ ; दाक्षि० में : मृच्छ० १०२, १६), अ०माग० में **एसे** चलता है, पद्य में **एसो** भी आया है (उत्तर० ३६१ और उसके बाद), माग० में **एशे** का प्रचलन है (ललित०५६५ ,६ और ८ ; ५६७, २ ; मृच्छ० ११, १ ; प्रबोध० ३२, १० ; शकु० ११३, ३ ; वेणी० ३३, १५), ढक्की में **एसु** पाया जाता है (मृच्छ० ३१, १२ ; ३४, १७ ; ३५, १५), अप० में **एहों** है (हेच० में **एह** शब्द देखिए) । **स** से भेद करने के लिए (§ ४२३) इसके साथ-साथ बहुधा **एस** (हेच० ३, ३) आता है, जो रूप हेमचन्द्र ३, ८५ के अनुसार स्त्रीलिंग और नपुसकलिंग के लिए काम में आता है : **एस मही ; एस सिरं** । **एस** का प्रयोग संज्ञा शब्दों से पहले विशेषण रूप से ही नहीं होता किन्तु पूर्ण संज्ञा शब्द के रूप में भी होता है और वह भी पद्य तथा गद्य दोनों में होता है (उदाहरणार्थ, जै०शौर० मे : पव० ३७९, १ ; शौर० में : मृच्छ० ५४, १३ ; विक्र० ८२, १४) । माग० मे **एष** है, पर बहुत विरल है (मृच्छ० १३९, १७) ; ढक्की मे : **एस** रूप मिलता है (मृच्छ० ३६, २३) । इसका स्त्रीलिंग का रूप **एसा** है (शौर० में : ललित० ५५५, २); मृच्छ० १५, २४ ; विक्र० ७,१३ ; शकु० १४, ६) ; पै० मे (हेच० ४,३२०) ; दाक्षि० मे भी यह रूप है (मृच्छ० १०२, २३) ; माग० में **एशा** है (मृच्छ० १०, २३ और २, ५ ; १३, ७ और २४ ; प्रबोध० ३२, ९) ; अप० में **एह** (हेच० मे यह शब्द देखिए ; पिंगल २, ६४), पल्लवदानपत्र मे नपुसकलिंग का रूप **एतं** है (६, ३०), महा० मे **एअं** है, अ०माग० और जै०महा० मे **एयं** पाया जाता है, शौर०, माग०, आव० और दाक्षि० में **एदम्** आया है (शौर० में : ललित० ५५५, १८ ; मृच्छ० २, १८ ; विक्र० ६, १ ; कर्मकारक : मृच्छ० ४१, ८ और १४ ; शकु० २५, १ ; विक्र० १३, ४ ; माग० में : कर्ता– मृच्छ० ४५, २१ ; १६८, १८ ; १६९, ७ ; कर्म– मृच्छ० २९, २४ ; १३२, २१ ; आव० मे : कर्ता–मृच्छ० १००, १८ ; दाक्षि० मे : कर्म– मृच्छ० १००, १६) ; अप० मे **एहु = *एषम्** (हेच० में **एह** शब्द देखिए) कर्मकारक मे ।

§ ४२७—सर्वनाम **ज–**, माग० मे **य–** की रूपावली ठीक निश्चयबोधक सर्व-नाम **त–** की भाँति चलती है । कर्त्ता–और कर्म-कारक एकवचन नपुंसकलिंग में अप० में बहुत अधिक काम में आनेवाले **जं** (हेच० मे **जो** शब्द देखिए) के साथ-साथ **जु** भी चलता है (हेच० ४, ३५०, १ ; ४१८, २) ; **जं जु** मे (विक्र० ५५, १९ ; § ४२५ में **तं तु** की तुलना कीजिए) दोनों रूप एक साथ आये है । अप० में इनके अतिरिक्त **ध्रुं** रूप भी काम में आता है (हेच० ४, ३६० ; § ४२५ में **त्रं** की तुलना कीजिए ; [**ध्रुं** और **दाहम्** भी, जिसकी तुलना **त्रं** से की गयी थी, तुलना करने योग्य है । —अनु०]) । क्रम० ५, ४९ के अनुसार कर्मकारक एकवचन में **ज्जुं** रूप भी काम में लाया जाता है और निश्चयबोधक सर्वनाम के लिए **त्रुं** [पाठक देखें कि यह जर्मन **दाहम्** का मिलता-जुलता रूप है । —अनु०] । इसका उदाहरण मिलता है : **ज्जुं**

चित्तेसि द्र ं पावसि = **यच् चित्तयसि तत् प्राप्नोषि**। अ०माग० **जद् अस्थि** और माग० **यद् इश्चशे** में प्राचीन रूप **यद्** बना रह गया है (§ ३४१)। — हेच० ३, ६९ के अनुसार करणकारक एकवचन में **जिणा** भी होता है; अप० में **जें** रूप है (हेच० ४, ३५०, १) तथा इसके साथ-साथ **जेण** भी चलता है [यह रूप बंगला में चलता है, लिखा जाता है **येन** और पढ़ा जाता है **जेनो**। —अनु०] (हेच० में **जो** शब्द देखिए); पिंगल २, २७२ और २८० में **जिणि** रूप आया है, इस स्थान में **जिण** = **जिणा** पढ़ा जाना चाहिए [यह रूप बाद को हिन्दी में बहुवचन **जिन** बन गया। — अनु०]। अपादान में **जाओ, जओ, जदो, जत्तो** और **जम्हा** के (वर० ६, ९; हेच० २, १६०; ३, ६६), जिनका उल्लेख § ४२५ में हो चुका है, के साथ साथ **जा** = वैदिक **यात्** (बे० बाइ० १६, १७२) भी है, अप० में **जहां** भी मिलता है जिसका उल्लेख हेच० ने ४, ३५५ में किया है। — सम्बन्धकारक में माग० में **यश्श** के (मृच्छ० १९, १० ; १६५, ७) साथ साथ **याह** रूप भी मिलता है (मृच्छ० ११२, ९), अप० में **जासु** और **जसु** रूप हैं (हेच० में **जो** शब्द देखिए, पिंगल १, ६८ ; ८१ अ ; ८९ अ ; १३५ आदि-आदि), यह रूप स्त्रीलिंग में भी चलता है (हेच० ४, ३६८ ; पिंगल १, १०९ और १११ तथा उसके बाद), इसके स्थान में महा० में **जीअ** और **जीए** (गउड० ; हाल में **ज-** शब्द देखिए तथा **जिस्सा** रूप आते हैं (वर० ६, ६ ; हेच० ३, ६४ ; कर्पूर० ४९, ४ और ७ ; ८४, ११), वर० और हेच० के अनुसार **जीआ, जीइ** और **जीसे** भी काम में लाये जाते हैं ; अप० में **जाहे** है जो ***जासे** के स्थान में आया है (हेच० ४,३५९); शौर० में **जाए** है (मृच्छ० १७०, २५ ; १७२, ५ ; प्रबोध० ३९, ६)। — अ०माग० में अधिकरणकारक में **जंसि** = **यस्मिन्** है, पद्य में **जंसी** रूप भी पाया जाता है (§ ७५), यह कभी कभी स्त्रीलिंग के लिए भी काम में आता है : **जंसी गुहाए** आया है (सूय० २७३), यह **नई** = **नदी** के लिए (सूय० २९७ में) और **नावा** = **नौः** के लिए भी प्रयुक्त हुआ है (उत्तर० ७१६ में); अप० **जस्सम्मि** = **यस्याम्** आया है (पिंगल १, ५२ में); अ०माग० में **जस्संमि** है किन्तु यह सम्बन्धकारक है (विवाह० २६४)। हेच० ३, ६० के अनुसार **जाए** और **जीए** के साथ-साथ स्त्रीलिंग में **जाहिं** रूप भी काम में आता है जैसे पुलिंग और नपुंसकलिंग में **जहिं** जो सभी प्राकृत बोलियों में बहुत अधिक आता है और जिसके अर्थ 'जहां और जिधर को' है। अप० में **जही** और **जहि** रूप भी है (§ ७५), क्रम० ५, ५० के अनुसार **यद्र्** रूप भी चलता है जैसा मे **तद्र्** (§ ४२५) ठीक यह जँचता है कि **यद्र्** के स्थान में **जद्र्** लिखा जाना चाहिए। **जाहे** के विषय में § ४२५ देखिए। वर० ६, ७ के अनुसार अधिकरण के स्थान में **जत्थ** भी काम में आता है ; इसके साथ साथ हेच० २, १६१ में बताया है कि **यत्र** के अर्थ में **जहि** और **जह** रूप भी चलते हैं। कर्त्ता बहुवचन में अप० में साधारण रूप, **जे** (हेच० **जो** शब्द देखिए) के साथ-साथ **जि** भी मिलता है (हेच० ४, ३८७, १) अ०माग० में नपुंसकलिंग में **जाइं** के साथ-साथ **याइं** भी चलता है (आयार० २, १, ३, ४ ; ५, ५ ; ९, १ ; २, २, २, १० ; २, ३, ३, ८ ; २, ४, १, ८ ; २, ५, १,

१० ; २, ४ ; २, ७, १, १ ; नायाध० ४५० ; १२८४ ; १३७६ की भी तुलना कीजिए), जिसका प्रयोग क्रियाविशेषण के रूप में होता है और **जो** = **यद्** है और नायाध० ४५० के टीकाकारों के अनुसार **आई** समझा जाना चाहिए क्योंकि यह केवल **इ** पहले (**पि, अवि, इव्** और **अत्थि**) आता है, जिसका स्पष्टीकरण **यावि** के **य** से होता है (§ ३३५)। — अपादान बहुवचन में अ०माग० में **जेहिंतो** रूप पाया जाता है (पण्णव० ३०८ और उसके बाद), सम्बन्ध बहुवचन में महा० और जै०महा० **जाण** और **जाणं** रूप मिलते हैं, जै०महा० में जो कि अ०माग० में सदा ही होता है, **जेसिं** और **जेसि** रूप भी चलते हैं, शौर० में **जाणं** है (उत्तर० ६८, ९) और अप० में **जाहँ** आता है (हेच० ४, ३५३ ; ४०९) ; स्त्रीलिंग में अ०माग० में **जासिं** है (विवाग० १८९)। अ०माग० **जाम्** और **जेणां** के विषय में § ६८ देखिए ; अ०-माग० **सेज्जं** और **से जहा** के विषय में § ४२३ देखिए। पल्लवदानपत्र में केवल कर्त्ता एकवचन का रूप **जो** पाया जाता है।

§ ४२८—प्रश्नवाचक सर्वनाम के संस्कृत की भाँति दो वर्ग हैं : **क**- और **कि**- । — **क**- वर्ग की रूपावली **त**- और **ज**- की भाँति चलती है (§ ४२५ और ४२७)। अपादानकारक के रूप **काओ, कओ, कदो, कत्तो** और **कम्हा** (वर० ६, ९ ; हेच० २, १६० ; ३, ७१ ; क्रम० ३, ४९) **त**- और **ज**- की रूपावली के अनुसार विभक्त हो जाते हैं। अप० में **कउ**-(हेच० ४, ४१६-४१८) और **कहां** (हेच० ४, ३५५) रूप भी हैं, अ०माग० में **कओहिंतो** भी है (जीवा० ३४ और २६३; पण्णव० ३०४; विवाह० १०५० और उसके बाद ; १३४०; १४३३ ; १५२२; १५२६ ; १५२८ ; १६०३ और उसके बाद)। सम्बन्धकारक में वर० ६, ५ ; हेच० ३, ६३ : क्रम० ३, ४७ और मार्क० पन्ना ४६ में **कस्स** के साथ-साथ **कास** रूप भी दिया गया गया है (क्रम० के सम्करण में **कासो** छपा है) जो अप० में **कासु** (हेच० ४, ३५८, २) और माग० में **काह** के रूप में सामने आता है (मृच्छ० ३८, १२), हेच० ३, ६३ के अनुसार यह स्त्रीलिंग में भी काम में आता है। अधिकरण, महा० में **कम्मि** है और अ०माग० में **कंसि** (आयार० १, २, ३, १) और **कम्हि** है (उत्तर० ४५४ ; पण्णव० ६३७), शौर० में **कस्सिं** मिलता है (मृच्छ० ८१, २ ; महावीर० ९८, १४), माग० में **कश्शि** का प्रयोग किया जाता है (मृच्छ० ८०, २१ ; प्रबोध० ५०, १३) ; सभी प्राकृत बोलियों में **कहिं** और **कत्थ** रूप बहुत अधिक चलते हैं (१९३ ; [ये रूप **कत्थ-प, कति, कित्थे, कोथा, कुठें** रूपों में कुमाउनी, नेपाली (पर्वतिया), पंजाबी, बंगाल, मराठी आदि में बोले जाते हैं तथा **कहीं, कर्ण** आदि रूपों में हिन्दी और गुजराती में चलते हैं। —अनु०], इनका अर्थ 'कहाँ को' और 'कहाँ' होता है, इनके साथ साथ हेच० ने २, १६१ में **कह** और **कहि** रूप दिये हैं जैसा उसने स्त्रीलिंग के लिए ३, ६० में **काए** और **काहिं** रूप दिये हैं। अ०माग० में **काहे** का अर्थ 'कब' है (वर० ६, ८ ; हेच० ३, ६५ ; क्रम० ३, ४४ ; मार्क० पन्ना० ४६ ; विवाह० १५३) जिसका स्पष्टीकरण **ताहे** और **जाहे** की भाँति ही होता है (§ ४२५ और ४२७)। यह अप० **काहे** में संबंधकारक के

रूप में दिखाई देता है (हेच० ४, ३५९)। कर्त्ता बहुवचन स्त्रीलिंग में शौर० में बहुधा **काओ** के स्थान में **का** का प्रयोग पाया जाता है, जो बोलचाल में मुहावरे की भाँति काम में आता है : **का अम्हे** [का वअं], यह सम्बन्ध– और अधिकरण-कारकों अथवा सामान्य धातु (infinitive) के साथ आता है (शकु० १६, १२ ; मालवि० ४६, १२ ; ६५, ३)। इस दृष्टि से **काओ** का संशोधन किया जाना चाहिए (§ ३७६)[१]। अप० नपुंसकलिंग **काइँ** (हेच० में यह शब्द देखिए ; प्रबन्ध० १०९, ५) **किं** की भाँति काम मे आता है, 'क्यों' और 'किस कारण' के अर्थ में इसका प्रयोग क्रियाविशेषण के रूप मे होता है, इसी भाँति **कइँ** भी काम में आता है (हेच० ४, ४२६ ; विक्र० ६२, ११)। सम्बन्ध- महा० मे **काणं** और **काण है** [कुमाउनी में **काणं** का **कनन्** हो गया है। —अनु०] (गउड० में **किं** देखिए) ; अ०माग० और जै०महा० में **कोसि** रूप है। पल्लवदानपत्र में कर्त्ता एकवचन में **कोचि** में **को** रूप मिलता है (६, ४०)। — सभी प्राकृत बोलियों मे **कि**– वर्ग के कर्त्ता- और कर्मकारक एकवचन नपुंसकलिंग में **किं** = **किम्** पाया जाता है। शौर० **किंत्ति** (ललित० ५५५, ४) जिसे योहान्सोन[२] और कोनो[३] ***किंदृति** (**किंदूति**) का रूप मानते हैं और जो शकुतला १५, ४ में और कहीं-कहीं अन्यत्र भी पाया जाता है, **किं ति**[४] का अशुद्ध रूप माना जाना चाहिए। करणकारक का रूप **किणा** (हेच० ३, ६९ ; क्रम० ३, ५५ ; मार्क० पन्ना० ४५) महा० **किणा वि** (गउड० ४१३) मे मिलता है और अ०माग० में 'किस प्रकार से' और 'किसके द्वारा' अर्थ मे क्रियाविशेषण रूप में काम में आता है (उवास० § १६७)। इसके अनुकरण पर ही **जिणा** और **तिणा** बनाये गये होंगे। अपादानकारक के रूप मे हेमचन्द्र ने ३, ६८ मे **किणो** और **कीस** रूप दिये हैं, हेमचन्द्र २, २१६ मे भी **किणो** आया है, यह रूप क्रमदीश्वर ४, ८३ में महा० की भाँति (गउड० १८२ ; हाल मे यह शब्द देखिए) प्रश्नसूचक शब्द के काम में लाया गया है[५]। **कीस** जिसका माग० रूप **कीश** होता है महा० में देखने में आता है (हाल ; रावण० § किन्तु गउड० मे नहीं), जै०महा० मे यह रूप चलता है (आव०एर्त्से० १८, १४ ; एर्त्से०), अ०माग० मे भी यह काम में आता है (हाल ; रावण० § १३ ; दस०नि० ६४८, २३ और ३३), शौर० और माग० में यह विशेषकर बहुत अधिक आता है (शौर० के लिए : मृच्छ० २९, ८ ; ९५, १८ ; १५१,१२ ; १५२,१२; १६१,१६ ; रत्ना० २९०,३० ; २९५,१९ ; २९९, १ और १५ ; ३०१,२५ ; ३०२,५ ; ३०३,२३ और ३० ; ३०५, २४ ; ३१०, २९ ; ३१४, ३२ ; ३१६, २३ ; ३१७, ३३ ; मालती० २५३, ५ ; २६६, ६ आदि-आदि ; माग० के लिए : मृच्छ० ११३, १७ ; ११४, ८ ; १२१, २ ; १५१, २४ ; १७०, १६ ; वेणी० ३३, १६), किन्तु कालिदास के ग्रन्थों मे यह रूप नहीं है (हेच० ३, ६८ पर पिशल की टीका)। यद्यपि यह **कीस** रूप बाद को अपादानकारक के रूप में काम में लाया गया जैसे, माग० में **कीश कालणादो** = **कस्मात् कारणात्** है (कंस० ४९, ६), किन्तु यह अपने मूल रूप के अनुसार सम्बन्धकारक है और पाली **किस्स** के समान ही है, यह तथ्य क्रमदीश्वर ने ३, ४६ में दिया है। इसका अर्थ क्रियाविशेषण से सम्बन्ध

रखनेवाला 'किस लिए' है, जैसा क्रमदीश्वर ने ४, ८३ में उल्लेख किया है। मृच्छ० ११२, ८ में इसका अर्थ 'क्या' है जो वास्तव में ध्यान देने योग्य है। इसके अनुसार **किणो** सम्बन्धकारक में माना जाना चाहिए। सम्बन्धकारक एकवचन स्त्रीलिंग के रूप वररुचि ६,६ ; हेमचन्द्र ३,६४; क्रमदीश्वर ३, ४६ और मार्कंडेय पन्ना ४६ में **किस्सा, कीसे, कीअ, कीआ, कीइ** और **कीए** रूप दिये गये हैं। इनमें से अन्तिम रूप हेमचन्द्र ने ३,६० में बताया है कि अधिकरणकारक के रूप **कीअ** के स्थान में आता है और हाल ६०४ में भी आया है तथा गउडवहो ११२३ और ११५२ में **कीए** के स्थान में यही रूप पढ़ा जाना चाहिए पर गउडवहो ११४४ में शुद्ध रूप आया है। — अप० में प्रश्नवाचक सर्वनाम **कवण** भी है [इससे हिन्दी रूप **कौन** निकला है। — अनु०], इससे कर्त्ता एकवचन पुलिंग का रूप **कवणु**, स्त्रीलिंग का रूप **कवण**, करण एकवचन नपुंसकलिंग **कवणेण**, सम्बन्ध एकवचन पुलिंग **कवणहँ** (हेच० में **कवण** शब्द देखिए) और कर्म एकवचन नपुसकलिंग मे **कवणु** मिलता है (प्रबन्ध० ७०, ११ और १३)। इस सम्बन्ध में संस्कृत **कवपथ, कवाग्नि, कवोष्ण** और प्राकृत **कवट्टिअ** से तुलना कीजिए (§ २४६)।

१. लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३२० में यह शुद्ध रूप दे गया था ; मालविकाग्निमित्र, पेज १९१ में बौं ल्लें नसेन का मत अशुद्ध है। — इंडिशे स्टुडियन १४, २६२ में वेबर की दृष्टि से यह तथ्य छूट गया है, शकुंतला के देवनागरी-संस्करण की सभी हस्तलिपियों में उन सभी स्थलों में, जो उसने पेज २६३ में उद्धृत किये हैं, केवल आ है और आओ बोएटलिंक की अटकल है। — २. शाहबाजगढ़ी, १, १७६। — ३. गो०गे०आ० १८९४, ४८०। — ४. ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचंद्रा, ३५ में यह शुद्ध रूप में ही दिया गया है। — ५. गउडवहो १८९ की हरिपालकृत टीका से तुलना कीजिए : **किणो इति कस्मादर्थे देशीनिपातः**।

§ ४२९—संस्कृत मे 'इदम्' सर्वनाम के भीतर जितने वर्ग सम्मिलित हैं वे सभी प्राकृत बोलियों में बने रह गये हैं। अ- वर्ग बोलचाल के काम में बहुत ही सीमित रह गया है किन्तु **इम**- वर्ग, अप० को छोड़, जिसमें इसका पता तक नहीं रह गया है, अन्य सभी प्राकृत बोलियों मे प्रधान रह गया है। **अ**- और **इ**- वर्ग से बने निम्नलिखित रूप पाये जाते हैं : कर्त्ता एकवचन पुलिंग में अ०माग० और जै०महा० में **अयं** है (उवास० ; नायाध० ; निरया० में यह शब्द देखिए ; कप्प० ; कालका० में **इम** देखिए) ; शौर० और ढक्की में **अअं** रूप चलता है (शौर० के लिए : मृच्छ० ३, २४ ; शकु० १३,३ ; विक्र० २९,१२ ; ढक्की के लिए : मृच्छ० ३४,९ और १२)। यद्यपि शौर० में **अअं** बहुत अधिक देखने में आता है, महा० से यह रूप सर्वथा लुप्त हो गया है। यह केवलमात्र रावणवहो १४, १४ **अहवाअं कअकज्जो = अथवायं कृतकार्यः** में देखने में आता है। इसी वाक्यांश को हेमचन्द्र ने भी ३,७३ में उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है; अन्यथा इस रूप के स्थान पर **इमो** ने अपना अधिकार जमा लिया है। माग० में इसका नाममात्र नहीं रह गया है। इस बोली में इसके स्थान में **एशे** काम में

आता है। अवश्य ही हेच० ने ४, ३०२ में **अयं दाव शे आगमे** = शकु० ११४, ११ उद्धृत किया है, किन्तु इस स्थान में केवल द्राविडी और देवनागरी संस्करणों में **अयं** दिया गया है जो रूप यहाँ तथा सर्वत्र इस बोली के मुहावरे के विरुद्ध जाता है। बंगला संस्करण में **एॅसके** मिलता है और काश्मीरी में **इसके** है। अ०माग० में **अयं एयारूवे** = **अयं एतद्रूपः** वाक्यांश में पूरा अव्यय बन गया है यहाँ तक कि इस बोली में **अयमेयारूवं**, **अयमेयारूवस्स** और **अयमेयारूवंसि** रूप भी मिलते हैं। पाली के समान ही अ०माग० में भी **अयं** स्त्रीलिंग में भी काम में लाया जाता है : **अयं कोसी** = **इयं कोशी** है और **अयं अरणी** = **इयम्** (?) **अरणिः** है (सूय० ५९३ और ५९४) अथवा यह पुलिंग भी माना जाता है (§ ३५८)। इनके अतिरिक्त **अयं अट्ठी** = **इदम् अस्थि** है और **अयं दही** = **इदं** (?) **दधि** है (सूय० ५९४)। अ०माग० में **अयं तेल्लं** = **इदं तैलं** (सूय० ५९४) में यह नपुंसकलिंग में आया है अर्थात् **अय-** वर्ग से बनाया गया है। स्त्रीलिंग का रूप **इयम्** केवल शौर० में सुरक्षित रखा गया है : **इअं** रूप है (मृच्छ० ३, ५ और २१ ; शकु० १४, १ ; विक्र० ४८, १२) क्योंकि माग० में सदा **एशा** रूप काम में आता है, इसलिए मृच्छ० ३९, २० (सभी संस्करणों) में **इअं** अशुद्ध पाठभेद है। यहाँ पर ठीक इसके अनन्तर आनेवाले शौर० रूप **इअं** के अनुकरण पर आ गया है और यह **कला** के साथ एक ही संयोग में आया है। नपुंसकलिंग **इदं** महा०, अ०माग० और शौर० में सुरक्षित रह गया है और वह भी केवल कर्त्ताकारक में (कर्पूर० ९९, ६ [ठीक है ?] ; सूय० ८७५ [ठीक है ?] ; मृच्छ ३, २० [सी. (C.) हस्तलिपि के अनुसार **इमं** के स्थान में यही रूप पढ़ा जाना चाहिए] ; ७, ८ ; ४२, ८ ; शकु० १५, १ ; विक्र० १९, १५ ; ४५, १५ ; ८६, ६) : निम्नलिखित स्थलों में इसका प्रयोग कर्मकारक में हुआ है (मृच्छ० २४, २१ ; ३८, २३ ; ३९, १४ ; ४२, ३ : ६१, २४ ; १०५, ९ ; १४७, १८ ; शकु० ५७, ८ ; ५८, १३)। विक्रमोर्वशी ४०, २० में जो **इदं** रूप आया है उसके स्थान में ए. (A.) हस्तलिपि के अनुसार **एदं** पढ़ा जाना चाहिए और विक्रमोर्वशी ४७, १० के **इदं** के बदले, जहाँ पुलिंग के लिए यह रूप आया है, बंबइया संस्करण ७९, ३ और शंकर पाडुरंग पण्डित द्वारा सम्पादित विक्रमोर्वशी के संस्करण के अनुसार **इमं** पढ़ा जाना चाहिए। माग० में **इदं**, **तं णिदं** में देखने में आया है जो ललितविग्रहराजनाटक ५६६, २ में मिलता है तथा **तं णदं** का अशुद्ध रूप है। माग० में कर्त्ता- और कर्म- कारक नपुंसकलिंग में केवल **इमं** रूप है (मृच्छ० १०८, ११ ; १६६, २४ ; १६९, २२) जो पै० में कर्मकारक के काम में आता है (हेच० ४, ३२३)। — करण : **महा० में एण** रूप है (रावण० १४, ४७) ; अप० में **एं** रूप मिलता है (विक्र० ५८, ११)। — अपादान : महा० में **आ** है जो = वैदिक रूप **आत्** और यह **तावत्** की भाँति आया है[१]। — सम्बन्ध : महा० और जै०महा० में **अस्स** = **अस्य** है (हेच० ३,७४ ; क्रम० ३, ५६ ; मार्क० पन्ना ४७ ; कर्पूर० ६,५ ; पार्वती० ३०,१५ ; कक्कुक शिलालेख ४, ९) ; संस्करणों और श्रेष्ठ हस्तलिपियों में मिलनेवाले **अस्स** के स्थान में वेबर ने हाल ९७९ की टीका में यह रूप अशुद्ध दिया है। विक्रमोर्वशी २१, १ में शौर० में

भी यह रूप अशुद्ध आया है, यहाँ **—सुहदं अस्स** के स्थान में बी. और पी. (B.P.) हस्तलिपियों के अनुसार और १८३३ के कलकतिया संस्करण के साथ **—सुहदस्स** पढा जाना चाहिए। यह रूप प्रबोधचन्द्रोदय ८,७ में भी अशुद्ध दिया गया है। यहाँ **जदो स्स** (चारों संस्करणों में) के बदले **जदो से** पढ़ा जाना चाहिए। — अधिकरण : **अस्सि** = **अस्मिन्** है (वर० ६, १५ ; हेच० ३, ७४ ; क्रम० ३,५६ ; मार्क० पन्ना ४७), अ०माग० में यह पद्य में आया है (आयार० १, ४, १, २ ; सूय० ३२८ ; ५३७ ; ९३८ ; ९४१ ; ९५० ; उत्तर० २२) और गद्य में भी पाया जाता है (आयार० १, १, २, १ ; १, ५, ३, ३ ; २, २, १, २ ; २, २, ९ ; सूय० ६९५ ; विवाह० १६३ ; जीवा० ७९७ ; ८०१), जैसा पल्लवदानपत्र ७, ४६ में[1] **चसि = चास्मिन्** है। शौर० वाक्यांश **कणिट्ठमादामह अस्सि** (महावीर० ९८, ४) के स्थान में बंबइया संस्करण २१९, ८ के अनुसार **—मादामहस्स** पढा जाना चाहिए। यह शुद्ध रूप शौर० में पार्वतीपरिणय ५, १० और मल्लिकामारुतम् २१९, २३ में आया है। — करण बहुवचन : **एहि** है, अ०माग० और ढक्की में **एहिं** आया है (राय० २४९ ; मृच्छ० ३२, ७), स्त्रीलिंग में **आहि** रूप है। अधिकरणकारक में जै०महा० में **एसु** रूप है (हेच० ३, ७४ ; तीर्थ० ७, १६)। महा० में सम्बन्धकारक का रूप **एसिं** मिलता है (हाल ७७१)। — अधिकरणकारक के **अअम्मि** और **ईअम्मि** रूप इनके साथ ही सम्मिलित किये जाने चाहिए न कि व्याकरणकारो के (हेच० ३,८४ ; सिंहराज० पन्ना २२) **एतद्** के साथ। त्रिविक्रम २, २, ८७ और सिंहराज० पन्ना २२ में **ईअम्मि** के स्थान में इसका शुद्ध रूप **इअम्मि** देते हैं, जैसा हेमचन्द्र ३,८९ में **अदस्** के प्राकृत रूप **अअम्मि** और **इअम्मि** देता है [भण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट के संस्करण में इस स्थान पर **अयम्मि** और **ईअम्मि** रूप है। —अनु०]। इनमें से **अअम्मि** का सम्बन्ध **अद् = अदस्** से भी लगाया जा सकता है और **अअ– = अय–** से भी (§ १२१) जैसा कि अ०माग० अधिकरणकारक एकवचन **अयंसि** (उत्तर० ४९८) तथा अ०माग० कर्त्ताकारक एकवचन नपुंसकलिंग **अयं** (सूय० ५९४ ; इस विषय पर ऊपर भी देखिए) और कम से कम अर्थ के अनुसार अप० रूप **आअ–** भी प्रमाणित करता है। इस **आअ–** के निम्नलिखित रूप मिलते हैं : **आएण = अनेन, आअहों = अस्य, आअहिं = अस्मिन्** और **आअइ = इमानि** (हेच० ४, ३६५ ; ३८३, ३)। **इअम्मि** इद से सम्बन्धित है अर्थात् इसका सम्बन्ध **इअ– = इद–** वर्ग से है। किसी **इ–**वर्ग का अधिकरणकारक का रूप **इह** है जिसका अर्थ (यहाँ) होता है और = ***इत्थ** है (§ २६६ ; वर० ६, १७ ; हेच० ३, ७५ और ७६), अप० में यह पुलिंग और स्त्रीलिंग दोनों रूपों में चलता है = **अस्मिन्** और **अस्याम्**, अप० का **इत्थिँ** रूप जो सब प्राकृत बोलियों में **एँत्थ** है = वैदिक **इत्था** (§ १०७) है ; और महा०, अ०माग० तथा जै०महा० रूप **एँण्हि** जिसका अर्थ 'अभी' है (भाम० ४, ३३ ; हेच० २, १३४) और जो हस्तलिपियों में **इण्हि** लिखा गया है और ग्रंथों में भी कहीं-कहीं आया है (गउड० ; हाल ; रावण० में यह शब्द देखिए) वैसा ही अशुद्ध है जैसा **इत्थ** जिसे वररुचि ६, १७ और हेमचन्द्र ३, ७६ में स्पष्ट शब्दों में निषेध करते हैं। इसलिए

प्रबोधचन्द्रोदय ४६, ८ में स्वयं शौर० में और पै० में भी हेच० ४, ३२३ में आये हुए **एत्थ** के अनुसार उक्त दोनों में **एत्थ** [यह **एत्थ** बंगला और कुमाउनी **ऐथा**, कुमाउनी **एथा, एथां** आदि का मूल रूप है। —अनु०] पढ़ा जाना चाहिए। माग० मे **एण्हिं** [कुमाउनी मे **ण** का **ल** होकर, इसका रूप **ऐल** (=अभी) हो गया है। —अनु०] केवल पद्य में आता है (मृच्छ० २९, २२ ; ४०, ६), शौर० में यह रूप है ही नहीं। इसके स्थान मे **इदाणिं** और **दाणिं** चलते हैं (हेच० ४, २७७ ; § १४४)। इस कारण हास्यार्णव २६, ११ और कर्पूर० ६२, १० तथा भारतीय संस्करणों में बहुधा इनका उपयोग अशुद्ध है। यह शब्द अप० में नहीं पाया जाता। उसमे **एवँहि** रूप है जिसका अर्थ 'अभी' है [भंडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट वाले संस्करण मे **एम्वहिं** है जो कई कारणो मे अशुद्ध लगता है। —अनु०]। देशीनाममाला १, ५० मे आया हुआ रूप **अज्झो** (द्रोण के कोश के उद्धृत) [जिसका अर्थ **एष** अर्थात् 'यह' है तथा इसका स्त्रीलिंग का रूप **अज्झा** [= एषा। —अनु०] जिनके द्वारा अपने सम्मुख उपस्थित व्यक्ति बताया जाता है, सम्बन्धकारक **अस्य** का ***अह्य** होकर निकाला गया होगा ।

१. स्टाइनल, स्पेसिमेन नोटसंख्या ७७। — २. पिशल, बे० बाइत्रैगे १६, १७२। — ३. पिशल, ना० गे० वि० गो० १८९५, २११ और उसके बाद।

§ ४३०—**अन** वर्ग केवल करणकारक के रूप **अणेण** मे बचा रह गया है और वह भी अ०माग० के पद्य में (आयार० १, ६, ४, ३), जै०महा० में भी है (एर्त्से ३०, १४), शौर० मे मिलता है (मृच्छ० ९५, २ ; शकु० १६३, ८ ; विक्र० ४१, ११) और माग० में भी पाया जाता है (मृच्छ० १४९, २४ ; मुद्रा० १९२, ३) ; अ०माग० में **अणेणं** रूप भी देखने मे आता है (उत्तर० ४८७)। — सबसे अधिक काम में लाया जानेवाला वर्ग **इम–** है, जिसका स्त्रीलिंग का रूप **इमा–** अथवा **इमी–** होता है (हेच० ३, ३२); शौर० और माग० मे केवल **इमा–** रूप पाया जाता है, जैसा कि कर्त्ता– और कर्म–कारक एक– और बहुवचन में प्राकृत की सभी बोलियों मे पाया जाता है। यह एक– और बहुवचन के सभी कारकों मे काम मे लाया जाता है (गउड० मे **इदम्** शब्द देखिए ; हाल ; रावण० ; एर्त्से० ; कालका० ; कप्प० ; नायाध० में **इम–** शब्द देखिए)। कर्त्ता एकवचन : **इमो** है ; अ०माग० **इमे** हो जाता है, पद्य मे **इमो** भी देखने मे आता है (उत्तर० २४७ ; दस०नि० ६५४, २६; नन्दी० ८४)। स्त्रीलिंग में **इमा** रूप होता है और **इमिआ** = ***इमिका** रूप भी चलता है (हेच० ३, ७३), नपुंसकलिंग मे **इमं** पाया जाता है। शौर० और माग० में श्रेष्ठ लेखकों द्वारा ये रूप, स्वयं नपुंसकलिंग में भी नहीं (§ ४२९), काम मे नहीं लाये जाते। बाद के बहुत-से नाटकों मे शौर० मे **इमो** रूप भी पाया जाता है और इतना अधिक कि इनके संस्करणों की भूल का ध्यान भी छोड़ देना पड़ता है जैसा कि प्रसन्नराघव ११, ११ और १८ ; १२, ५ ; ९ ; १३ ; १४, ९ ; १७, ९ ; ३४, ६ ; ३५, १ ; ४५, १ : १२ ; १४ ; ४६, १ और २ आदि-आदि ; मुकुन्दानन्द भाण १४, १५ और १७ ; १९, १४ ; ७०, १५ ; उन्मत्तराघव ४, १२ ; वृषभानुजा २३, ९ ; २६,

५ ; ४८, ३ आदि-आदि में मिलता है। ये बोली की परम्परा और व्याकरण की भूलें हैं। अप० में केवल नपुसकलिंग का रूप **इमु** है। अ०माग० में वाक्यांश **इम् एया-रूव** में **इमे** का प्रयोग ठीक अर्थ की भाँति किया गया है (§ ४१९), जिस कारण लेखकों द्वारा **इम्' एयारूवा** (कर्त्ता एकवचन स्त्रीलिंग ; उवास० § ११३ ; १६७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस ग्रन्थ मे अन्यत्र यह रूप देखिए ; १६८]) और **इम्' एयारूवेणं** (उवास० § ७२ में अन्यत्र यह रूप देखिए) का भी प्रयोग किया गया है। इस पर § १७३ मे बताये गये नियम कि अनुनासिक ध्वनि से ध्वनित वर्ण के अनन्तर अनुस्वार का लोप हो जाता है, का भी बहुत प्रभाव पड़ा है। — कर्म पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुसकलिंग का रूप **इमं** है (पुलिंग : शौर० में मृच्छ० ४५, १८ ; शकु० १४, २ ; रत्ना० २९७, २३ ; नपुंसकलिंग § ४२९) ; अप० में नपुंस-कलिंग में **इमु** रूप है (हेच०; क्रम० ५, १०)। — करण पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा० मे **इमेण** है ; अ०माग० में **इमेणं** और **इमेण** मिलते हैं ; जै०महा० में **इमेण** और **इमिणा** चलते हैं ; शौर० और माग० मे केवल **इमिणा** रूप पाया जाता है (शौर० के लिए : मृच्छ० २४, १६ ; शकु० १६, १०; विक्र० २४, १० ; माग० के लिए : वेणी० ३५, १) ; स्त्रीलिंग : महा० मे **इमीए** और **इमीअ** रूप है (शकु० १०१, १३) ; शौर० में **इमाए** रूप हैं (मृच्छ० ९०, १६; शकु० ८१, १० ; रत्ना० २९१, २)। विद्धशालभंजिका ९६, ८ मे अशुद्ध रूप **इमीअ** मिलता है। यह इसी ग्रन्थ में अन्यत्र मिलनेवाले रूप के अनुसार **इअं** पढ़ा जाना चाहिए, जैसा कि **णिज्झाअदि** = **निर्ध्यायति** से पता लगता है। — अपादान : अ०माग० मे (सूय० ६३० और ६३५), जै०महा० मे **इमाओ** रूप है, शौर० और माग० मे **इमादो** मिलता है (शौर० मे : मृच्छ० १२, २५ ; ७४, २५ ; मुद्रा० ५७, ३ ; रत्ना० २९९, ११ ; माग० में : ललित० ५६५, ८), यही रूप स्त्रीलिंग मे भी काम में आता है (अ०माग० में : आयार० १, १, १, ४ ; शौर० मे रत्ना० ३१५, १२ ; माग० मे : मृच्छ० १६२, २३)। शौर० **इमाए** के सम्बन्ध में (विक्र० १७, १) यह वर्णन लागू होता है जो § ३७५ मे किया गया है। — सम्बन्ध **इमस्स** है (शौर० मे : १४८, १२ ; शकु० १०८, १ ; विक्र० ४५, ४) ; माग० मे **इमश्श** चलता है (मृच्छ० ३२, १७ ; १५२, ६ ; शकु० ११८, २) ; स्त्रीलिंग : महा० मे **इमीए** है और **इमीअ** भी चलता है (कर्पूर० २७, १२) ; अ०माग० मे **इमीसे** रूप है ; जै०महा० में **इमीए** और **इमाए** का प्रचलन है ; शौर० मे **इमाए** आया है (शकु० १६८, १४)। — अधि-करण पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा० मे **इमम्मि** है ; अ०माग० के पद्य में **इमम्मि** मिलता है (उत्तर० १८० ; आयार० २, १६,१२), अ०माग० गद्य में **इमंसि** चलता है (आयार० २, ३, १, २ ; २, ५, २, ७ ; विवाह० १२७५ ; ओव० § १०५) ; शौर० में **इमस्सिं** पाया जाता है (मृच्छ० ६५, ५ ; शकु० ३६, १६ ; ५३, ८ ; विक्र० १५, ४) ; माग० में **इमश्शिं** है (वेणी० ३३, ७) ; स्त्रीलिंग : अ०माग० में **इमीसे** है (विवाह० ८१ और उसके बाद ; उवास० § ७४ ; २५३ ; २५७ ; ठाणंग० २१ और ७९ ; सम० ६६) ; जै०महा० में **इमाइ** चलता है (ऋषभ० ७ ; इस स्थान

में आये हुए **इमाइं** के स्थान मे बंबइया संस्करण के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए, जैसा कि एर्त्से० ३५, १८ मे **इमाएं** के लिए भी **इमाइ** रूप पढ़ा जाना चाहिए) ; शौर० मे **इमस्सिं** पाया जाता है (शकु० १८, ५) जिसके स्थान मे **इमाए** की प्रतीक्षा की जानी चाहिए। — बहुवचन : कर्त्ता पुलिग मे **इमे** है (शौर० मे : मृच्छ० ६९, १८ ; विक्र० ४१, १९ ; मालती० १२५, ५ ; माग० मे : मृच्छ० ९९, ८) ; स्त्रीलिंग : **इमाओ** रूप आता है (शौर० मे : मृच्छ० ७०, १ और ७१, ८ मे भी पाठ के **इमा** के स्थान मे **इमाओ** पढ़ा जाना चाहिए) ; महा० मे **इमा** भी चलता है (कर्पूर० १०१, ४) और **इमीउ** रूप भी मिलता है (कर्पूर० १००, ६) ; नपुंसकलिंग : **इमाइं** होता है (शौर० मे : मृच्छ० ६९, १६ ; मालती० १२५, ३), अ०माग० और जै०महा० मे **इमाणि** रूप भी मिलता है (आयार० २, २, २, १० ; आव०एर्त्से० ३१, २१) । — कर्म पुलिंग : **इमे** रूप है ; स्त्रीलिंग में जै०महा० में **इमीओ** मिलता है ; करण पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा० मे **इमेहि** है ; अ०माग० और शौर० मे **इमेहिं** चलता है (सूय० ७७८ ; शकु० ६२, ६ ; विक्र० ४५, ९ ; रत्ना० २९६, २३) ; स्त्रीलिंग मे अ०माग० मे **इमाहिं** रूप मिलता है (आयार० २, २, ३, १८ ; २, ७, २, ७) । — सम्बन्ध पुलिंग और नपुंसकलिंग मे महा० में **इमाण** है और अ०माग० मे **इमेसिं** (हेच० ३, ६१) ; स्त्रीलिंग में महा० में **इमाणं** पाया जाता है और **इमीणं** भी (हेच० ३, ३२) ; अ०माग० मे **इमासिं** रूप है (उवास० § २३८) ; शौर० मे **इमाणं** मिलता है (शकु० ११९, ३ ; वृषभ० १५, ८) । — अधिकरण : महा० मे **इमेसु** है ; शौर० मे **इमेसुं** (शकु० ५३, ९ ; विक्र० ५२, १) और **इमेसु** भी देखने मे आता है (मालती० १२५, १) ।

§ ४३१ — **एन-** वर्ग केवल कर्मकारक एकवचन मे पाया जाता है और वह भी केवल महा०, शौर० और माग० मे, किन्तु इनमे भी बहुत कम देखने में आता है : पुलिंग- महा० मे **एणं** है (रावण० ५, ६) ; शौर० मे भी यही रूप है (मृच्छ० ५१, ९) ; माग० मे भी **एणं** है (मुद्रा० २६५, १) ; स्त्रीलिंग- भी **एणं** है, शौर० मे यह रूप चलता है (मृच्छ० २४, २ ; शकार की माग० बोली के शब्दो को दुहराने मे इस रूप का व्यवहार किया गया है) ; माग० मे (मृच्छ० २१, १२ ; १२४, १७) । पन्ना ४७ मे मार्कडेय बताता है कि इसके करणकारक एकवचन के रूप भी होते हैं [**एइणा, एएण** वा ५, ७५ । —अनु०] किन्तु ये दोनों रूप नपुंसकलिंग के हैं। ध्वनिबल (एनं) के प्रभाव अथवा प्राचीन ध्वनिबलहीन रूप **एन** के प्रभाव के अधीन महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **इण** रूप बन गया है, जिसका कर्त्ता- और कर्म-कारक एकवचन नपुंसकलिंग का रूप **इणं** है (वर० ६, १८ ; हेच० ३, ७९ ; क्रम० ३, ५७) जो बहुत चलता है और विशेषकर अ०माग० मे (गउड० में **इदम्** शब्द देखिए ; हाल ; एर्त्से०, कालका० मे **इणं** शब्द देखिए ; आयार० १, १, २, २ और ४ ; १, १, ३, ४ ; ५, ४ और ६, ३ तथा ७, २ ; १, २, ४, ३ ; १, २, ५, ५ ; १, ३, ३, १ ; १, ४, २, २ आदि-आदि ; उत्तर० २८१ और उसके बाद ; ३५१ ; ३५५ ; ओव० § ९४) । § ८१ और १७३ की तुलना कीजिए। अ०माग० में **इणं**

रूप कर्मकारक पुलिंग में भी काम में आता है (सूय० १४२ ; ३०७)। सम्भवतः यहाँ इमं पढ़ा जाना चाहिए। महा०, अ०माग० और जै०महा० में कर्त्ता– और कर्मकारक नपुंसकलिंग में इणमो भी काम में लाया जाता है (वर० ६, १८ ; हेच० ३, ७९ ; क्रम० ३, ५७ ; मार्क० पन्ना ४७ ; गउड० में इदम् शब्द देखिए और एतत् भी ; सूय० २५९ ; दस०नि० ६५८, ३० ; ६६१, २७ ; ओव० § १२४ ; आव०एर्त्से० ७, २१ और २९ ; १३, ११)। दसवेयालियनिज्जुत्ति ६४७, १२ में इसका प्रयोग बहुवचन में भी किया गया है : उसमें इणमो उदाहरणा आया है। आवश्यक एर्त्सेलुंगन में लौयमान ने इणम्– ओ दिया है जिसका शुद्ध होना कठिन है। इस रूप का स्पष्टीकरण अनिश्चित है। इनके अतिरिक्त इण के द्वारा यह वर्ग दुर्बल होकर ण– और पै० न बन गया है, जो कर्मकारक एकवचन पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग कर्मकारक बहुवचन पुलिंग, करणकारक एकवचन और बहुवचन पुलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग में काम में लाया जाता है (हेच० ३, ७० और ७७)। कर्मकारक एकवचन पुलिंग में णं रूप भी मिलता है (महा० में : गउड० १०७१ ; हाल १३१ ; रावण० में ण शब्द देखिए ; अ०माग० में उत्तर० ६०१ और ६७० ; शौर० में : मृच्छ० ६८, ५ ; शकु० १२, २ ; विक्र० १५, १३ ; माग० में : मृच्छ० १६४, ११ ; प्रबोध० ३२, ११ ; ५३, १२ ; अप० में : हेच० ४, ३९६) ; स्त्रीलिंग में भी णं होता है (महा० में : हाल ; रावण० में ण शब्द देखिए ; शौर० में : शकु० ७७, ९ ; विक्र० १२, १९ ; माग० में : मृच्छ० १२३, ४ ; १३२, २३) ; नपुंसकलिंग में भी णं है (महा० में : रावण० में ण शब्द देखिए ; शौर० में मृच्छ० ४५, २५ ; शकु० ११, १ ; विक्र० ३१, ९ ; माग० में : मृच्छ० ९६, १२ ; ढक्की में : मृच्छ० ३१, ९)। — करणकारक पुलिंग और नपुंसकलिंग : महा०, जै०महा० और अप० में णेण रूप है (रावण० ; एर्त्से० में ण शब्द देखिए ; आव०एर्त्से० ११, २१ ; १५, ३१ ; १६, १५ ; २८, १० ; द्वार० ५०१, ३ ; पिंगल १, १७), पै० में नेन मिलता है (हेच० ४, ३२२)[1] ; स्त्रीलिंग में णाए चलता है (हेच० ३, ७० ; एर्त्से० में ण शब्द देखिए) ; पै० में नाए होता है (हेच० ४, ३२२)। —बहुवचन : कर्मकारक में णे है (हेच० ३, ७७)। — करणकारक पुलिंग और नपुंसकलिंग जै०महा० में णेहिं है (आव०एर्त्से० १८, ४ ; एर्त्से० ३, २८ ; द्वार० ५००, ३१ और ३५ ; ५०५, २७) ; स्त्रीलिंग में णाहिं पाया जाता है (हेच० ३, ७०)। ४, ३२२ में हेमचन्द्र के कथनानुसार यह वर्ग पै० में करणकारक एकवचन तक ही सीमित है। शौर० और माग० में यह वर्ग सुसम्पादित और सुआलोचित संस्करणों में केवल कर्मकारक एकवचन में दिखाई देता है ; शकुन्तला के बोएटलिंक के संस्करण ६८, १० और १०८, ८ में पाठभेद णेण अशुद्ध है।

१. तत्थ च नेन। कतसिना नेन, तत्थ च नेन कतासिनानेन पढ़ा जाना चाहिए = तत्र च तेन कृतस्नानेन [हेमचन्द्र के भण्डारकर इन्स्टिट्यूटवाले संस्करण में तत्थ च नेन कत– सिनानेन छपा है जो शुद्ध है। —अनु०]। § १३३ की तुलना कीजिए।

§ ४३२—सर्वनाम अदस् की रूपावली वररुचि ६, २३ ; हेच० ३, ८८ और

मार्कंडेय पन्ना ४७ के अनुसार निम्नलिखित प्रकार से की जाती है : एकवचन– कर्त्ता पुलिंग और स्त्रीलिंग : **अमू** है ; नपुंसकलिंग मे **अमुं** पाया जाता है ; कर्मकारक में भी **अमुं** रूप मिलता है ; करण– **अमुणा** है ; अपादान– **अमूओ, अमूउ** और **अमूहिंतो** हैं ; सम्बन्धकारक **अमुणो** तथा **अमुस्स** रूप चलते हैं ; अधिकरण– **अमुम्मि** पाया जाता है ; बहुवचन : कर्त्ता– **अमुणो** है, जैसा वर० ६, २३ के **अमूओ** के स्थान मे भी यही रूप पढ़ा जाना चाहिए (वर० मे अन्यत्र यह रूप देखिए); स्त्रीलिंग में **अमूउ** तथा **अमूओ** रूप चलते हैं ; नपुसकलिंग में **अमूणि** और **अमूइं** पाये जाते हैं ; करणकारक **अमूहि** है ; अपादानकारक मे **अमूहिंतो** और **अमूसुंतो** रूप मिलते हैं, सम्बन्ध– **अमूणा** और अधिकरण– **अमूसु** है । ग्रन्थों मे बहुत कम रूपों के प्रमाण मिलते है । अ०माग० कर्त्ता एकवचन **असौ = असौ** है (सूय० ७४), **अमुगे = *अमुकः** है (आयार० २, ४, १, ९ ; नन्दी० ३६१ ; ३६३ ; ३६४), जै०महा० मे **अमुगो** रूप मिलता है (आव०एर्त्से० ३४, ३०) ; अप० मे कर्मकारक पुलिंग का रूप **अमुं** है (हेच० ४, ४३९, ३) ; शौर० मे नपुसकलिंग का रूप **अमुं** (मृच्छ० ७०,२४) ; करणकारक मे महा० मे **अमुणा** है (कर्पूर० २७,४) , अ०माग० मे अधिकरणकारक का रूप **अमुगम्मि** है = ***अमुकस्मिन्** है (पण्हा० १३०) ; बहुवचन : कर्त्ता पुलिंग—महा० मे **अमी** है (गउड० २४६) । वररुचि ६, २४ और हेच० ३, ८७ के अनुसार तीनों लिंगों मे कर्त्ताकारक एकवचन का रूप **अह** भी होता है : **अह पुरिसो, अह महिला, अह वणं** । प्राकृत साहित्य से उद्धृत आरम्भ के दोनों उदाहरण जो हेच० ने प्रमाण के रूप मे दिये है उनका मूल भी मिलता है = गउडवहो ८९२ और रावणवहो ३,१६, इनमे **अह = अथ**, इसी भांति यह रूप गउडवहो मे सर्वत्र आया है (इस ग्रन्थ मे **एतत्** देखिए) और हाल मे भी (इस ग्रन्थ में **अह** देखिए) और टीकाकार इसे = **अयम् , इयम् , एल, एपा, असौ** मानते हैं, जिससे यह निदान निकलता है कि एक सर्वनाम **अह** मानने की कहीं कोई आवश्यकता नही है । क्रमदीश्वर ३, ५८ मे कर्त्ताकारक एकवचन का रूप **अहो** दिया गया है जो § २६४ के अनुसार = **असौ** हो सकता है । अप० मे कर्त्ता– और कर्मकारक बहुवचन मे **ओइ** रूप मिलता है [यह **अह** कुछ अन्य कारणों के प्रभाव से हिन्दी में **यह** और **वह** बन गया है । **ओइ** का कुमाउनी रूप **वी** है । —अनु०] (हेच० ३, ३६४) ; **वह = *अवे** है जो **अव**– वर्ग से निकला है, जो ईरानी भाषाओं मे काम मे आता है । —अधिकरण एकवचन **अअम्मि** और **इअम्मि** के विषय मे § ४२९ देखिए ।

§ ४३३—शेष सब सर्वनामों की रूपावली § ४२४ तथा ४२५ के अनुसार चलती है । उदाहरणार्थ, अपादानकारक एकवचन मे लेखक महा० में **पराहिंतो = परस्मात्** लिखते हैं (गउड० ९७३), अ०माग० मे **सव्वाओ = सर्वस्मात्** है (सूय० ७४३) और स्त्रीलिंग मे भी यही होता है (आयार० १,१,१,४) ; अ०माग० में स्त्रीलिंग का रूप **अन्नयरीओ** आया है (आयार० १, १, १, २ और ४) ; अधिकरणकारक में जै०महा० मे **अन्नम्मि** मिलता है (आव०एर्त्से० २५, ५ ; सगर १०, १५) ; शौर० मे **अण्णस्सिं = अन्यस्मिन्** (महावीर० ९८,१४; मालती० १११, ७ ; रत्ना० २९८,

२४) ; शौर० में **कदरस्सिं = कतरस्मिन्** (अनर्घ० २७१, ९), किन्तु अ०माग० में **कयरंसि** (विवाह० २२७) और **कयरम्मि** रूप पाये जाते हैं (ओव० § १५६ और उसके बाद) ; शौर० में **कदमस्सिं = कतमस्मिन् है** (विक्र० ३५, १३) ; शौर० में **अवरस्सिं = अपरस्मिन्** (चैतन्य० ४०,१०) ; शौर० में **परस्सिं = परस्मिन् है** (ललित० ५६७,१८), किन्तु अ०माग० में **परंसि** रूप है (सूय० ७५०), इसका रूप जै०शौर० में **परम्मि है** (पव० ३८७,२५); अ०माग० में **संसि = स्वस्मिन्** (विवाह० १२५७) तथा इसके साथ-साथ अपादानकारक का रूप **साओ = स्वात्** है (विवाग० ८४) ; अ०माग० में **अन्नयरे = अन्यतरस्मिन्** भी देखने में आता है (ओव० § १५७) । बहुवचन : कर्म—पल्लवदानपत्रों और अ०माग० में **अन्ने** है और जै०शौर० तथा शौर० में **अण्णे = अन्यान्** है (पल्लवदानपत्र ५, ६ ; ७,४३ ; आयार० १, १, ६, ३ ; १, १, ७, २ ; पव० ३८३, २४ ; बाल० २२९, ९) ; अपादान- अ०माग० मे **कयरेहिंतो = कतरेभ्यः** (पण्णव० १६० और उसके बाद; विवाह० २६०; २६२; ४६० ; १०५७ और उसके बाद), **सएहिं = स्वकेभ्यः** , **सव्वेहिं = सर्वेभ्यः है** (§ ३६९) ; सम्बन्ध- अ०माग० और जै०महा० मे **अन्नेसिं = अन्येषाम्** (आयार० १, १, १, ४ और ७, १ ; १, ५, ६, १ ; १, ७, २, ३ ; १, ८, १, १६ ; सूय० ३८७ और ६६३ ; नायाध० ११३८ और ११४० ; कप्प० § १४ ; आव०एर्त्सें० १४, ७) ; अ०माग० और जै०महा० मे **सव्वेसिं = सर्वेषाम्** (आयार० १, १, ६, २ ; १, २, ३, ४ ; १, ४, २, ६ ; १,६,५, ३ ; उत्तर० ६२५ और ७९७ ; आव०एर्त्सें० १४,१८) ; अ०माग० और जै०शौर० मे **परेसिं = परेषां** (उत्तर० ६२५ और ७९७; पव० ३८५, ६५); किन्तु महा० मे **अण्णाणां** रूप है (मुद्रा० ८३,३ ; कर्पूर० १, २), शौर० मे स्त्रीलिंग का रूप भी यही है (प्रिय० २४,८) ; शौर० मे **सव्वाणं** रूप मिलता है (विक्र० ८३, ८) ; **अवराणं = अपरेषाम्** है (मृच्छ० ६९, १०) । हेच० ३, ६१ के अनुसार **अण्णेसिं सव्वेसिं** आदि रूप स्त्रीलिंग मे भी काम मे लाये जाते हैं और इस नियम के अनुसार जै०शौर० मे **सव्वेहिं इत्थीणं = सर्वेषाम् स्त्रीणाम् है** (कत्तिगे० ४०३, ३८४) । अ०माग० और जै०महा० मे नियमित रूप **अण्णासिं** और **सव्वासिं** हैं । अप० मे, अधिकरण बहुवचन का रूप **अण्णाहिँ** है (हेच० ४,४२२, ९ [भंडारकर इन्स्टिट्यूट के सस्करण में यह रूप **अण्णहँ** और **अण्णाहिं** छपा है और ४, ४२२, ८ में है —अनु० ।]) । **कति** के विषय में § ४४९ देखिए ।

§ ४३४—**आत्मन्** (§ ४०१) और **भवत्** (§ ३९६) सस्कृत की भाँति ही काम में लाये जाते हैं । सर्वनामों जिन रूपों के अन्त मे **ईय** लगता है, उनमें से **मईअ=मदीय** का उल्लेख हेच० ने २, १४७ में किया है । इन रूपों के स्थान में अन्यथा **केर, केरअ** और **केरक** काम मे लाये जाते हैं (§ १६७ [इसके उदाहरण हेच० ने **युष्मदीयः तुम्हकेरो ॥ अस्मदीयः । अम्हकेरो** दिये हैं । —अनु०] । **कार्य** का ***कार** रूप बना और इससे अप० में **महार** और **महारउ = *महकार** निकले । यह रूप सम्बन्ध-कारक एकवचन के रूप **मह** (§ ४१८) **+कार** से बना (हेच० ४, ३५१ ; ३५८, १; ४३४) , इसका अर्थ **मदीय है** । इसी भाँति **तुहार = त्वदीय** (हेच० ४, ४३४),

अम्हार = **अस्मदीय** (हेच० ३४५ और ४३४) है। अप० में **हमार** (पिंगल २, १२१) छन्द की मात्राएं ठीक करने के लिए **हम्मार** भी इसी **अम्हार** से निकले हैं (पिंगल २,४३)। यह रूप ***म्हार** (§ १४१) पार करके बना है (§ १३२, **हमार**), ***महार** (§ ३५४)। अप० रूप **तोहर** = **युष्माकम्** (पिंगल २,२५) छन्द की मात्राएं भग न होने देने के लिए ***तोहार** के स्थान में आया है और **तुम्हार**, ***तों म्हार** (§ १२५), **तोँ हार**, **तोहार** हुआ है (§ ७६ ; ८९ ; १२७), ठीक उसी भाँति जिस प्रकार **कूष्माण्डी** से **कोहण्डी** बना है (§ १२७)। **–दृश्** ,**–दृश** और **–दृक्ष** से निकले नाना रूपों के लिए § १२१ ; १२२ ; २४५ ; २६२ देखिए ; **ऍत्तिअ**, **इत्तिअ**, **ऍत्तिल**, **ऍत्तुल**, **तें त्तिअ**, **तित्तिअ**, **तें त्तिल**, **तें त्तुल**, **जें त्तिअ**, **जित्तअ**, **जें त्तिल**, **जेत्तुल**, **कें त्तिअ**, **कित्तिअ**, **कें त्तिल**, **कित्तिल** के विषय मे § १५३ देखिए ; अप० **साह** = **शाश्वत्** के विषय मे § ६४ और २६२ देखिए ; अ०माग० **एवइय** और **केवइय** के विषय मे § १४९ देखिए। **इयत्** के अर्थ में अप० **एवड्** (हेच० ४,४०८) = ***अयवड्** = जै०महा० **एवड्** (§ १४९) जैसे कि **केवड्** (हेच० ४, ४०८) = ***कयवड्** [**एवढा**, **तेवढा** रूप मराठी में चलते हैं। —अनु०]। इनके अनुकरण मे **जेवड्** **तेवड्** रूप बने हैं (हेच० ४, ३९५, ७ ; ४०७)। मृच्छकटिक १६४, ५ में माग० रूप **एवड्ढे** के स्थान मे **एवड्डे** पढ़ा जाना चाहिए।

इ—संख्याशब्द

§ ४३५—**१** सभी प्राकृत बोलियों में **ऍक्क** = **एक** है (§ ९१), स्त्रीलिंग का रूप **ऍक्का** है, अ०माग० और जै०महा० में बहुधा **एग** चलता है। इसकी रूपावली सर्वनामों की भाँति चलती है। इस नियम से महा० में अधिकरण एकवचन का रूप **ऍक्कम्मि** मिलता है (गउड० १५३ ; ४४१ ; हाल ८२७), सज्ञाशब्दों की रूपावली के अनुसार बना रूप **ऍक्के** (हाल ८४६) बहुत ही कम काम में आता है ; अ०माग० में **एगंसि** चलता है (विवाह० १२९४ और उसके बाद) और जै०महा० मे **एगंमि** भी आया है (पण्णव० ५२१ ; एर्त्से० २, २१) ; अ०माग० और जै०महा० मे **एगम्मि** रूप भी है (विवाह० ९२२ और उसके बाद; ९२८; ९३१; १६५८ और उसके बाद ; १७३६ ; १७५२ ; आव०एर्त्से० १०, २२ ; ११, १२ और १८ ; १७, २२ ; १९, ९ और १८; २२,१० आदि आदि); जै०महा० **ऍक्कस्मि** भी आया है (आव०एर्त्से० २७, १९) ; शौर० में **ऍक्कस्सिं** है (कर्पूर० १९,७) ; माग० में **ऍक्कस्शि** हो जाता है (मृच्छ० ८१, १३) ; अप० मे **ऍक्कहिँ** चलता है (हेच० ४, ३५७, २), स्त्रीलिंग में भी यही रूप चलता है (हेच० ४,४२२,९) ; बहुवचन : कर्त्ता पुलिंग में महा० और जै०महा० रूप **एक्के** है (गउड० ७२१ ; ८६६ ; ९०९ ; कालका० २७१, २३) ; अ०माग० में **एगे** है (आयार० १,१,२, २, ३,४ ; ४,६ ; सूय० ७४ ; २०४ ; २४० ; ४३८; ५९७; उत्तर० २१९; § १७४ की तुलना कीजिए); सम्बन्ध पुलिंग में अ०माग० रूप **एगेसिं** है (आयार० १, १, १, १ और २ ; १, १,२,४ ; १, २,१, २ और ४ ; १,२,३,३ आदि-आदि; सूय० ४६ और ८१) और **एगेसि** भी चलता है (सूय० १९ ;

३५ ; ७४)। जो रूप अधिक काम में नहीं आते पर कई बार पाये जाते हैं उनमें से नीचे लिखे रूपों का उल्लेख होना चाहिए : करण एकवचन– अ०माग० में **ऍक्केणं** आया है (विवाह० २५८ और उसके बाद), जै०महा० में **एगेणं** पाया जाता है (आव०एर्त्से० ३३, २४) ; सम्बन्ध– माग० में **एक्काह** चलता है (मृच्छ० ३२, ४)। जै०शौर० और ढक्की साहित्य में **एक्कं** पाया जाता है (कत्तिगे० ४०३, ३७० और ३७७ ; मृच्छ० ३०, ५)। सब संख्याशब्दों से अधिक **एक्क–** वर्ग मिलता है, अ०माग० और जै०महा० में **एग–** वर्ग भी है ; किन्तु **एक्का** रूप भी मिलता है। अ०माग० और जै०महा० में **एगा–** वर्ग भी पाया जाता है, अप० में **एआ–**,**एग्गा–**, **ऍक्कारस** में मिलते हैं, अ०माग० और जै०महा० में **एगारस** होता है, अप० में **एआरह** और **ऍग्गारह** (= ११) और **ऍक्कारसम** (= ग्यारहवाँ) रूप पाये जाते हैं (§ ४४३ और ४४९) ; अ०माग० में **एक्काणउई** (= ९१) रूप भी है (§ ४४६)। **एक्का–** का **आ** § ७० के अनुसार स्पष्ट होता है। पल्लवदानपत्र में **अनेक** रूप पाया जाता है (६, १०) जिसमें के **क** का द्वितीकरण नहीं होता : महा० और शौर० में **अणेअ** रूप मिलता है (गउड० ; हाल ; मृच्छ० २८, ८ ; ७१, १६ ; ७३, ८) ; अ०माग० और जै०महा० में **अणेग** चलता है (विवाह० १४५ ; १२८५ ; नायाध० ; कप्प०; एर्त्से०; कालका०) ; जै०महा० में **अणेय** का प्रचलन है (एर्त्से०); अ०माग० में **’णेग** भी दिखाई देता है (§ १७१) ; शौर० में **अणेअसो** = **अनेकशः** (शकु० १६०, ३) ; अ०माग० में **’णेगसो** भी है।

§ ४३६—२ कर्त्ता– और कर्मकारक में **दो**, **दुवे**, **बे** बोला जाता है, नपुंसकलिंग में **दोंण्णि**, **दुण्णि**, **बेण्णि** और **विण्णि** होता है (वर० ६, ५७, यहाँ **दोणि** पाठ है ; चण्ड० १,१० अ पेज ४१ ; हेच० ३, ११९ और १२० ; क्रम० ३, ८५ और ८६ ; मार्क० पन्ना ४९)[१]। **दो** = **द्वौ** और **दुवे** तथा **बे** = **द्वे** (नपुंसक) पुराने द्विवचन हैं किन्तु जिनकी रूपावली बहुवचन की भाँति चलती और इसी भाँति काम में आती थी। कर्त्ता– और कर्मकारक का रूप **दो** महा० में बहुत अधिक चलता है (गउड०; हाल ; रावण०), अ०माग० में भी यही आता है (उवास० में **दु** शब्द देखिए ; कप्प० में भी यह शब्द देखिए ; वेबर, भग० १, ४२४), जै०महा० में भी (एर्त्से०)[१]; अप० में भी इसके अस्तित्व के प्रमाण मिलते हैं (पिंगल १, ५) और दाक्षि० में भी (मृच्छ० १०१, १३), शौर० और माग० में अभी तक इसके उदाहरण और प्रमाण नहीं मिले हैं। शौर० **दो वि** (प्रसन्न० ८४,४ ; बाल० २१६,२० ; २४६,५) **दुवे वि** के स्थान में अशुद्ध रूप है, शकुन्तला १०६, १ में शुद्ध रूप **दुवे वि** है। **दो** सभी लिंगों के काम में लाया जाता है। स्त्रीलिंग में यह उदाहरणार्थ महा० **दो तिण्णि** [**महिलाओ**] में मिलता है (हाल ५८७), **दो तिण्णि रेहा** = **द्विया रेखाः** (हाल २०६) ; अ०माग० में **दो गुहाओ** = **द्वे गुहे**, **दो देवयाओ** = **द्वे देवते**, **दो महाणईओ** = **द्वे महानद्यौ**, **दो कत्तियाओ दो मिगसिराओ दो अद्दाओ** = **द्वे कार्त्तिकेयौ द्वे रोहिण्यौ द्वे मृगसिरसी द्वे आर्द्रे** है (ठाणंग० ७३ ; ७५ ; ७६; ७७; ७९; ८१), **दो दिसाओ** = **द्वे दिशौ** है (कर्मकारक; ठाणंग० ५५); नपुंसकलिंग में : महा० में **दो वि दुक्खाइ** =

द्वे अपि दुःखे (हाल २४) है ; अ०माग० **दो दो पयाणि = द्वे द्वे पदे** (ठाणंग० २७), **दो सयाइं = द्वे शते** (सम० १५७), **दो खुड्डाइं भवग्गहणाइं समयूणाइं = द्वे क्षुद्रे भवग्रहणे समयोने** है (जीवा० १०२७ और १११०), **दो नामधेज्जा = द्वे नामधेये** है (आयार० २, १५, १५)। समास के आरम्भ में भी **दो** आता है : महा० में **दोअंगुलअ = द्वांगुलक** है (हाल ६२२), अ०माग० और जै०महा० में **दोमासिय = द्विमासिक** है (आयार० २, १, १, १; सूय० ७५८ ; (विवाह० १६६; तीर्थ० ४, ६) ; अ०माग० मे **दोकिरिया = द्विक्रिया** है (विवाह० ५२ ; ओव० § १२२) ; महा० और जै०महा० मे **दोजीह = द्विजिह्व** है (प्रबोध० २८९, १ ; एर्त्सें० ८२ ; १७), **दोमुह = द्विमुख** है (एर्त्सें० ३९, २१), **दोवयण = द्विवदन** है (हेच० १, ९४; एर्त्सें० ३९, १३) । ऐसा ही एक शब्द **दोघट्ट** है (= हाथी : पाइय० ९ ; वर० ४, ३३ पर प्राकृतमजरी ; एर्त्सें० ३५, २८ ; बाल० ५०, १ ; ८६, १२), यह शब्द शौर० मे मल्लिकामारुतम् ५५, ७ मे आया है और १४४, १० में माग० में है जिसका रूप **दो ॅघट्ट** है, देशीनाममाला ५, ४४ मे **दुग्घुट्ट** रूप आया है और त्रिविक्रम २, १, ३० मे **दुग्घो ॅट्ट** दिया गया है ; यह **घट्ट-, घुट्ट-, घो ॅट्ट** (= मीना)[1] से बना है ; **दोहद, दोहळ** (§ २२२ और २४४) = ***द्विहृद**[2] है । ऐसे स्थानों में **दो** के साथ-साथ बहुधा **दु** आता है । यह उन समासों से निकला है जिनमे ध्वनिबल पहले वर्ण पर नहीं पड़ता । इस नियम के अनुसार **दुउण = द्विगुण** है (रावण० ११, ४७); अ०माग० मे **दुगुण** रूप है (आयार० २, २, २, ७ ; सूय० २४१; विवाह० ९६९); **आइ = द्विजातिः** है (हेच० १, ९४ ; २, ७९) ; अ०माग० और जै०महा० मे **दुपय = द्विपद** है (आयार० २, १, ११, ९ ; उवास० § ४९ ; कालका० २६५, ४ और ५ ; तीन (III) ५११, ३२) ; अ०माग० मे **दुविह = द्विविध** है (ठाणंग० ४४ ; आयार० १, ७, ८, २ ; १, ८, १, १५ ; उवास०), **दुखुर = द्विखुर** (उत्तर० १०७५ ; टीका देखिए ; जीवा० ७५), **दुपक्ख = द्विपक्ष** (सूय० ४५६), **दु-य्-आहेण = द्व्यहेन** (आयार० २, ५, २, ३ और ४), **दु-य्-आहं = द्व्यहम्** (जीवा० २६१ ; २८६ ; २९५) और **दुहत्थ = द्विहस्त** (ठाणंग० २०८) है ; जै०महा० मे **दुगाउय = द्विगव्यूत** और **दु-य्-अंगुल = द्व्यंगुल** है (एर्त्सें० मे **दु** शब्द देखिए) । महा० **दोहाइय** और **दोहाइज्जइ = द्विधाकृत** और **द्विधक्रियते** (रावण० मे **दुहा** शब्द देखिए), अ०माग० मे **दोधार = द्विधाकार** आया है (ठाणंग० ४०१), अ०माग० मे **दुहा = द्विधा** है (सूय० ३५१ और ३५८) ; महा० **दुहाइय** रूप भी मिलता है (रावण० ८, १०६); अ०माग० में **दुहाकिज्जमाण** है (विवाह० १३७) ; अ०माग० मे **दुहओ = *द्विधातस्** (=दो प्रकार का ; दो भागों में : आयार० १, ३, ३, ५ ; १, ७, ८, ४ ; उत्तर० २३४ ; सूय० ३५ और ६४० ; ठाणंग० १८६ ; विवाह० १८१ और २८२) आदि-आदि । **द्वि** की नियमित सन्तान **बि** (§ ३००) और **दि** हैं जो कुछ शब्दों में सदा दिखाई देते हैं जैसे, **दिय** और जै०महा० **दिय = द्विज** और **दिरअ = द्विरद** है (§ ९८) और यह रूप शौर० तथा माग० में क्रमवाचक संख्याशब्दों को छोड़ सर्वत्र मिलता है

(§ ४४९)। बोएटलिंक द्वारा संपादित शकु० ७८, ८ में शौर० का **दुधा** रूप अशुद्ध है। इसी भाँति **दुउणिअ** रूप है (मल्लिका० २२४, ५) जो **दिउणिद** पढ़ा जाना चाहिए। नपुंसकलिंग का रूप **दों`ण्णि**, जो कभी-कभी **दुण्णि** रूप में भी आता है, **तिण्णि** के अनुकरण पर बना है[४]। यह पुलिंग और स्त्रीलिंग के साथ भी लगाया जाता है जैसे, महा० पुलिंग रूप **दो`ण्णि वि भिण्णसरूआ = द्वाव् अपि भिन्नस्वरूपौ है** (गउड० ४५०), **दो`ण्णि वि बाहू = द्वाव् अपि बाहू** (हेच० ३, १४२); अ०-माग० में **दो`न्नि वि रायाणो = द्वाव् अपि राजानौ, दो`न्नि वि राईणं अणीया = द्वाव् अपि राज्ञाम् अनीकौ** (निरया० § २६ और २७) तथा **दो`न्नि पुरिस-जाए = द्वौ पुरुषजातौ** है (सूय० ५७५); जै०महा० में **दुन्नि मुणिसीहा = द्वौ मुनिसिंहौ** है (तीर्थ० ४, ४), **ते दो`न्नि वि** पाया जाता है (एर्से० ७८, ३५); शौर० में **दो`ण्णि खत्तिअकुमारा = द्वौ क्षत्रियकुमारौ** है (प्रसन्न० ४७,७ ; ४८,४ की तुलना कीजिए); स्त्रीलिंग : अ०माग० में **दो`ण्णि संगहणगाहाओ = द्वे संग्रहणगाथे** (कप्प० § ११८); शौर० में **दो`ण्णि कुमारीओ = द्वे कुमार्यौ** है (प्रसन्न० ४८, ५)। — **दो** के करणकारक के रूप **दोहिं** और **दोहि** होते हैं (चंड० १, ७ पेज ४० में), इनका प्रयोग स्त्रीलिंग में भी होता है जैसे, महा० में **पंतीहिँ दोहिं = पंक्तिभ्याम् द्वाभ्याम्** है (कर्पूर० १०१,१); अ०माग० में **दोहिं उक्खाहिं = द्वाभ्याम् उखाभ्याम्** है (आयार० २, १, २, १), जै०महा० में **दोहि वि बाहाहिं = द्वाभ्याम् अपि बाहाभ्याम्** (द्वार० ५०७, ३३)। — हेच० ३, ११९ और १३० के अनुसार अपादानकारक के रूप **दोहिंतो** और **दोसुंतो** हैं, चंड० १, ३ पेज ३९ के अनुसार केवल **दोहिंतो** है और मार्क० पन्ना ४९ के अनुसार **दोसुंतो** है। — २–१९ तक के सख्याशब्दों में [बीस से आगे इनमें कुछ नहीं लगता। हेच० के शब्दों में **बहुलाधिकाराद् विंशत्यादेर्न भवति** । — अनु०], वर० ६, ५९ ; हेच० ३, १२३, हेच० के अनुसार **कति** (= कई। — अनु०) में भी [**कतीनाम्** का हेच० ने **कइण्हं** रूप दिया है। —अनु०], चंड० १,६ के अनुसार सब सख्याशब्दों में और क्रम० ३, ८९ के अनुसार केवल २–४ तक में, **-ण्ह** और **ण्हं** लग कर सम्बन्धकारक का रूप बनता है। इस नियम के अनुसार महा०, अ०माग० और जै०महा० में **दोण्ह** और **दोण्हं** रूप होते हैं (आयार० २, ७, २, १२ ; ठाणग० ४७ ; ६७ ; ६८ ; कक्कुक शिलालेख १०), स्त्रीलिंग में भी ये चलते हैं, अ०माग० में **तासिं दोण्हं** (टीका में यही शुद्ध रूप मिलता है ; पाठ में **दुण्हि** है) = **तयोर् द्वयोः** है (उत्तर० ६६१)। इसके विरुद्ध शौर० और सम्भवतः माग० में भी अंत में **ण्णं** लगाया जाता है। यह रूप लेण बोली और पाली की भाँति है : **दो`ण्णं** (शकु० ५६, १९ ; ७४, ७ [स्त्रीलिंग में] ; ८५, १५ [स्त्रीलिंग में] ; वेणी० ६०, १६ [पाठ के **दोहिण्णं** के स्थान में इसी ग्रन्थ में अन्यत्र आये हुए रूप के अनुसार यही रूप पढ़ा जाना चाहिए] ; ६२, ८ ; मालवि० ७७, २० [ग्रन्थ में अन्यत्र आये हुए रूप के अनुसार यही पढ़ा जाना चाहिए]) ; महा० में भी बहुधा पाठभेद देखा जाता है जिसमें यह शुद्ध रूप भी मिलता है (हाल में **दो** शब्द देखिए) और मार्कंडेय पन्ना ४९ में भी हस्तलिपियाँ

यह रूप देती हैं। जहाँ **दोण्णं, तिण्णं = त्रीणाम्** के अनुकरण पर बना है, ऐसा दिखाई देता है कि समासिसूचक –**ण्हं** संज्ञा के अनुकरण पर बने ***दोर्ण** और सर्वनाम के रूप ***दोसं** के मेल से निकला है। इससे सूचना मिलती है कि कभी ***द्वौष्णाम्** रूप भी रहा होगा। — अधिकरण में **दोसुं** और **दोसु** रूप है (चण्ड० १, ३, पेज ३९ में), जै०शौर० में भी ये होते हैं (कत्तिगे० ४०२, ३५९) और स्त्रीलिंग में भी जैसे, महा० में **दोसुं दोकन्दलीसुं = द्वयोर् दोःकन्दल्योः** है (कर्पूर० ९५, १२), अप० में **दुहुँ** है (हेच० ४, ३४०, २)।

१. ये उद्धरण, जब कि उनमें स्पष्ट रूप से कोई विशेष नोट न दिया गया हो तो, सब कारकों पर लागू होते हैं। क्रमदीश्वर ३, ८५ में **दोण्हि** है और ३, ८६ में **दोण्णि** दिया गया है। इस ग्रन्थ में **वे** नहीं पाया जाता। — २. **हेमचंद्र** ४, १० पर पिशल की टीका; क्रमदीश्वर ४, ४६ में भी। — ३. **ल्यूडर्स**, ना०गे०वि०गो० १८९८, २ और उसके बाद। — ४. पिशल, कू०त्सा० ३५, १४४। — ५. पिशल, कू०त्सा० ३५, १४४ और उसके बाद।

§ ४३७—**दुवे = द्वे** सभी प्राकृत बोलियों में कर्त्ता– और कर्मकारक में तथा तीनों लिंगों मे काम मे लाया जाता है : महा० में यह रूप है (हाल ८४६ ; नपुंसकलिंग); अ०माग० में भी आया है (आयार० १, ८, ४, ६ [कर्मकारक में] ; सूय० २९३ [कर्मकारक में] ; ६२० ; ८५३ ; ९७२ ; उत्तर० २०० ; सम० २३८ ; कप्प० टी.एच. (T. H.) § ४ ; उवास० में **दु** देखिए) ; स्त्रीलिंग में **भज्जा दुवे = भार्या द्वे** (उत्तर० ६६०) ; जै०महा० में **दुए वि** मिलता है (आव०एत्सें० ८, ४९), **दुवे वि** भी आया है (एर्त्से० २१, ६) ; **दुवे जणा** देखा जाता है (आव०एर्त्से० १९, १०) ; **दुवे चोरसेणावइणो = द्वौ चोरसेनापती** है (एर्त्से० १३, ४) ; अप० में **दुइ** चलता है (पिंगल० १, ३१ और ४२)। यद्यपि यह इन प्राकृत बोलियों में अर्थात् महा० और अप० में दो रूप की तुलना में, इससे अधिक काम में नहीं आता, किन्तु शौर० और माग० में यही एकमात्र रूप है। इसके अनुसार, शौर० पुलिंग में यही रूप आया है (मृच्छ० २४, १५ ; शकु० २४, १ ; ४१, १ ; विक्र० २१, १९ ; मालवि० १७, ८ ; १८, २२ ; ३०, १ ; मालती० ३५८, १ ; विद्ध० ६६, १ ; मल्लिका० २२३, ५ ; २२७, १२ ; २५०, १ ; कालेय० २५, २०) ; स्त्रीलिंग में (विद्ध० ४४, ७) ; नपुंसकलिंग में (मृच्छ० ६१, १० ; मालवि० ५४, ७) ; नपुंसकलिंग में (मृच्छ० १५३, १८ ; विक्र० १०, ३) ; माग० में यही रूप है (मृच्छ० ८१, १३ ; कर्मकारक नपुंसकलिंग)। शौर० में इससे एक करणकारक **दुवेहिं** भी बनता है (मृच्छ० ४४, १ ; ५१, २३ ; ३२७, ३ ; मुद्रा० २३२, ७) = ***द्वेभिः** ; सम्बन्धकारक का रूप **दुवेणं** भी निकला है। बोएटलिंक की शकुन्तला ३८, ९ ; ४५, २३ ; ५३, १९ [किन्तु काश्मीरी संस्करण में **दोण्हं** दिखाई देता है और बंगला में **दोण्णं**] ; मल्लिका० १०२, ६ ; कालेय० २१, १ ; २३, ११) ; अधिकरण का रूप **दुवेसु** भी बना है (मल्लिका० १३५, १०)। — पल्लवदानपत्र ६, १४ ; २० ; ३१ ; ३९ में **बे** शब्द पाया जाता है, महा० में यह

कभी-कभी देखने में आता है (हाल ७५२), अ०माग० में यह समास के आदि में देखा जाता है जैसे, **बेइन्दिय** और **बेन्दिय** = **द्वीन्द्रिय है** (§ १६२) और **बेदोणिय** = **द्विद्रोणिक** है (उवास० § २३५) ; जै०शौर० में यह मिलता है (कत्तिगे० ३९९, ३१० ; कर्मकारक) ; यह अप० में भी पाया जाता है (हेच० ४३९ ; पिंगल १, ९ और १८) ; अप० में इसका संक्षिप्त रूप **बि** भी चलता है (पिंगल १, १५३)। इसका नपुंसकलिंग **बिण्णि** है (चण्ड० १, १० अ पेज ४१ ; हेच० ३, १२० : अप० में : हेच० ४,४१८,१ ; पिंगल १, ९५) । चण्ड० १,३ पेज ३९ ; १,६ पेज ४० ; १,७ पेज ४०, हेच० ३,११९ के अनुसार **बे** की रूपावली निम्नलिखित प्रकार से चलती है : करण– **बेहि**, अपादान– **बेहिंतो**, सम्बन्ध– **बेण्हं**, और अधिकरण– **बेसु** तथा **बेसुं** हैं। अप० में करणकारक **बिहिँ** है (हेच० ४, ३६७, ५), सम्बन्धकारक का **बिहुँ** होता है (हेच० ४, ३८३, १) और अधिकरण में **बेहिँ** है (हेच० ४, ३७०, ३)। संस्कृत **द्वा**– के स्थान में **बा** है जो अन्य संख्याशब्दों के साथ आता है, उदाहरणार्थ, अ०माग० में **बारस** (= १२), **बावीसं** (= २२ [यह रूप अर्थात् **बावीस** गुजराती भाषा में है। —अनु०]), **बायालीसं** (= ४२) और **बावत्तरिं** (= ७२) । § ४४३ और उसके बाद की तुलना कीजिए।

§ ४३८— **३** का कर्त्ता– और कर्मकारक पुलिंग और स्त्रीलिंग का रूप **तओ** = **त्रयः** है, नपुंसकलिंग में **तिण्णि** = **त्रीणि** है, यह **ण्ण** सम्बन्धकारक के रूप **तिण्णं** की नकल पर है। इसके रूप बिना किसी प्रकार के भेद के तीनों लिंगों मे काम मे आते हैं। प्राकृत व्याकरणकारों ने (वर० ६, ५६ ; हेच० ३, १२१ ; क्रम० ३, ८५ [पाठ मे **तिण्हि** है] ; मार्क० पन्ना ४९) इसका उल्लेख कहीं नही किया है और केवल अ०-माग० मे मिलता है : अ०माग० पुलिंग मे यह है (ठाणग० ११०; ११२ ; ११८ ; १९७ ; कप्प० में **तओ** देखिए ; उवास० मे **ति** शब्द देखिए , सूय० २९३ (कर्मकारक) और बहुधा) ; छन्द की मात्राएँ ठीक करने के लिए **तउ आयाणा** = **त्रीण्य् आदानानि** मे **तओ** के स्थान मे **तउ** रूप आया है (सूय० ६५); स्त्रीलिंग में **तओ परिसाओ** = **तिस्रः परिषदः** है (ठाणंग० १३८ ; जीवा० ९०५ ; ९१२ ; ९१४ ; ९१७) ; **तओ कम्मभूमीओ** = **तिस्रः** ; कर्म– **कर्मभूम्यः** (ठाणंग० १६५ ; § १७६ की तुलना कीजिए) ; **तओ अन्तरणईओ** = **तिस्रो न्तर्नद्यः** (ठाणंग० १७७) ; **तओ उच्चारपासवणभूमीओ** आया है (कप्प० एस. (S) § ५५ ; कर्मकारक) ; नपुंसकलिंग में **तओ ठाणाणि** = **त्रीणि स्थानानि** (ठाणग० १४३) है और साथ साथ **तओ ठाणाइं** (१५८) भी मिलता है और **तओ ठाणा** देखा जाता है (१६३ और १६५) ; **तओ पाणागाइं** = **त्रीणि पानकानि** है (ठाणंग० १६१ और १६२ ; कप्प० एस. (S) § २५) ; **तओ वत्थाहिं** = **त्रीणि वस्त्राणि** है और **तओ पायाइं** = **त्रीणि पात्राणि** है (ठाणंग० १६२) । इसी भाँति **तिण्णि** भी सब प्राकृत बोलियों मे काम में आता है : महा० में **तिण्णि रेहा** = **तिस्रो रेखाः** और **तिण्णि** (महिलाओं) भी मिलता है (हाल २०६ ; ५८७) ; नपुंसकलिंग में भी इसका व्यवहार है (रावण० ९, ९१) ; अ०माग० पुलिंग में **तिण्णि पुरिसजाए** = ***त्रीन् पुरुषजातान्** है

(सूय० ५७५) ; **जामा तिन्नि = यामास् त्रयः** है (आयार० १, ७, १, ४) ; **तिन्नि आलावगा = त्रय आलापकाः** है (सूय० ८१४ और ८१५ [पाठ में **तिण्णि** है]) ; **इमे तिन्नि नामधेॅज्जा = इमानि त्रीणि नामधेयानि** है (आयार० २, १५, १५) ; **तिण्णि वि उवसग्गा = त्रयो ऽप्य् उपसर्गाः** है (उवास० § ११८) ; **तिण्णि वणिया = त्रयो वणिजाः** है (उत्तर० २३३) ; स्त्रीलिंग में **एताओ तिन्नि पयडीओ = एतास् तिस्रः प्रकृतयः** है (उत्तर० ९७०) ; **तिन्नि लेॅस्साओ = तिस्रो लेश्याः** है (ठाणंग० २६) ; **तिन्नि सागरोवमकोडाकोडीओ = तिस्रः सागरोपमकोटाकोट्यः** है (ठाणंग० १३३); नपुंसकलिंग के उदाहरण (आयार० १, ८, ४, ५ ; पेज १२५, २६ ; सूय० ७७८ ; सम० १५७ ; विवाह० ९० ; कप्प० § १३८ टी. एच. (T. H.) § १) ; जै०महा० स्त्रीलिंग में **तिन्नि धूयाओ = तिस्रो दुहितरः** (आव०एर्त्सें० १२, १) ; **तिन्नि भेरीओ = तिस्रो भेर्यः** और **तिन्नि वि गोसीसचन्दणमईओ देवयापरिग्गहियाओ = तिस्रो ऽपि गोशीर्षचन्दनमय्यो देवतापरिगृहीताः** है (आव०एर्त्सें० ३४, ७ और ८); नपुंसक में **ताणि तिण्णि वि = तानि त्रीण्य् अपि** (एर्त्सें० ३७, ११) ; शौर० पुलिंग में **तिण्णि पुरिसा = त्रयः पुरुषाः**, **एदे तिण्णि वि = एते त्रयो ऽपि**, **एदे क्खु तिण्णि वि अलंकारसंजोआ = एते खलु त्रयो ऽलंकारसंयोगाः** और **तिण्णि राआणो = त्रयो राजानः** है (मुद्रा० ३९, ३ ; ७२, १ : १०८, ९ ; २०४, ४), **इमे तिण्णि मिअंगा = एते त्रयो मृदङ्गाः**, **बालतरुणो तिण्णि = बालतरवस् त्रयः** (कर्पूर० ३, २ ; ६२, ३) है ; स्त्रीलिंग में **तिण्णि आइदीओ = तिस्र आकृतयः** (शकु० १३२, ६) ; जै०शौर० नपुंसकलिंग में भी यह रूप चलता है (कत्तिगे० ४०३, ३६३) ; अप० में **दो तिण्णि वि = द्वौ त्रयो ऽपि** और **तिण्णि रेहाइं = तिस्रो रेखाः** मिलते हैं (पिंगल १, ५ और ५२) । करण-कारक का रूप **तीहिं** है (वर० ६, ५५ ; चंड० १, ७ पेज ४० ; हेच० ३, ११८ ; क्रम० ३, ८४ ; मार्क० पन्ना ४९ ; गउड० २६५ ; कप्प० § २२७ ; नायाध० १०२६ ; उत्तर० ९८७), अ०माग० और जै०महा० में इस रूप का सम्पादन **तिहिं** किया गया है (सूय० ९७ ; आयार० २, १, २, १ ; ठाणंग० ११८ ; ११६ ; ११७ ; सम० २३२ ; ओव० § १३६ ; एर्त्सें० ४९, २२), यह ऐसा रूप है जो अवश्य ही छन्द की मात्राएं ठीक बैठाने के लिए पद्य में ठीक है जैसा कि अप० में (हेच० ४, ३४७) ; § ४३९ में **चउहिं** की तुलना कीजिए । — अपादानकारक **तीहिंतो** है (चंड० १, ३ पेज ३९ ; हेच ३, ११८ ; मार्क० पन्ना ४९), क्रम० ३, ८४ और मार्क० पन्ना ४९ के अनुसार **तीसुंतो** भी चलता है । — सम्बन्धकारक के विषय में वर० ६, ५९ ; चंड० १, ६ पेज ४० ; हेच० ३, ११८ और १२३ में **तिण्हं** और **तिण्ह** रूप बताये गये हैं और इस नियम के अनुसार अ०माग० तथा जै०महा० में **तिण्हं** रूप पाया जाता है (ठाणंग० १२५ ; आयार० २, ७, २, १२ ; विवाह० ५३ और १४० ; कप्प० § १४ ; एर्त्सें० २८, २१) ; स्त्रीलिंग में यही रूप चलता है, अ०माग० में **पसत्थलेसाण तिण्हं पि = प्रशस्तलेश्यानां तिसृणाम् अपि** है (उत्तर० ९८६ और उसके बाद); जै०महा०

में तिण्हं परिसाण = तिसृणां परिषदाम् है (कालका० २७५,३१) । मार्क० पन्ना ३९ में एक रूप तिण्णं = त्रीणाम् बताता है जिसके विषय में ऐसा आभास मिलता है कि इसकी प्रतीक्षा शौर० और माग० में की जानी चाहिए (§ ४३६) । —अधिकरण का रूप महा० में तीसु है (वर० ६, ५५; चंड० १,३ पेज ३९; हेच० ३,११८; रावण० ८,५८) और तीसुं भी चलता है (चंड० १, ३ पेज ३९) तथा पद्य में छंदों की मात्राएं ठीक करने के लिए तिसु भी देखा जाता है (हेच० ३, १३५) । —समासों के आरम्भ में सभी प्राकृत बोलियों में ति- रूप आता है, अ०माग० में ते- भी आता है = त्रय–, तेइन्दिय और तेंगिंदिय = त्रीन्द्रिय (§ १६२) और सब संख्या शब्दों से पहले यही आता है जैसे, तेरह = त्रयोदश, तेवीसं = त्रयोविंशति, तेत्तीसा = त्रयस्त्रिंशत् और तेआलीसा = त्रयश्चत्वारिंशत् आदि आदि (§१५३)। अ०माग० में तायत्तीसा रूप भी है (= ३३ : कप्प० : ठाणंग० १२५) और तावत्तीसा भी आया है (विवाह० २१८) तथा अ०माग० और जै०महा० में ३३ देवता तायत्तीसगा, तावत्तीसगा और तावत्तीसगा कहे जाते हैं = त्रयस्त्रिंशकाः हैं (कप्प० § १४ ; विवाह० २१५ ; २१८ ; २२३ ; कालका० २७५, ३४) । § २५४ भी देखिए ।

§ ४३९.— ४ कर्त्ता पुलिंग है । चत्तारो = चत्वारः (वर० ६, ५८ ; चंड० १, ३ पेज ३९ ; हेच० ३, १२२ ; क्रम० ३,८७ ; मार्क० पन्ना ५९ ; शौर० में : उत्तररा० १२,७) । सब व्याकरणकार बताते हैं कि कर्मकारक मे भी यही रूप चलता है । इस भाँति कर्मकारक मे चउरो = चतुरः रूप होगा (चंड० १, ३ पेज ३९ ; हेच० ३, १२२; अ०माग० मे : उत्तर० ७६८), अ०माग० मे कर्त्ताकारक मे भी इसका व्यवहार पद्य मे किया जाता है (हेच० ३, १२२ ; उत्तर० १०३३ ; विवाह० ८२) । हेच० ३, १७ मे बताता है कि चउओ और चउओ जो चउ- वर्ग से बने हैं, कर्त्ताकारक मे काम मे लाये जाते है । शौर० मे प्रबोध० ६८, ७ में कर्त्ताकारक स्त्रीलिंग का रूप सब सस्करणों मे चतस्सो सम्पादित किया गया है, इसके स्थान में कम से कम चदस्सो = चतस्रः लिखा जाना चाहिए । जैसा २ और ३ का होता है (§ ४३६ और ४३८), ४ का नपु सकलिंग का रूप भी चत्तारि = चत्वारि बनेगा (वर० ६, ५८ ; चंड० १, ३ पेज ३९ ; हेच० ३,१२२ ; क्रम० ३,८७ ; मार्क० पन्ना ४९), यह रूप सभी लिंगों के साथ काम में लाया जाता है : पुलिंग– पल्लवदानपत्र में चत्तारि पत्तिभागा = चत्वारः प्रतिभागाः है (६, १८) और अद्धिका चत्तारि = अर्धिकाश् चत्वारः है (६,३९) ; महा० मे चत्तारि पक्कलबइल्ला रूप मिलता है (हाल ८१२) ; अ०माग० में चत्तारि आलावगा = चत्वार आलापकाः है (आयार० २, १, १, ११ ; सूय० ८१२) ; चत्तारि ठाणा = चत्वारि स्थानानि है (सूय० ६८८) ; चत्तारि पुरिसजाया = चत्वारः *पुरुषजाता है (सूय० ६२६); इमे चत्तारि थेरा = इमे चत्वारः स्थविराः है (कप्प० टी. एच. (T. H.) § ५ और ११) ; चत्तारि हत्थी = चत्वारो हस्तिनः है (ठाणंग० २३६) ; कर्मकाकारक में चत्तारि अगणिओ = चतुरो 'ग्नीन् है (सूय० २७४) ; चत्तारि मासे

= **चतुरो मासान्** (आयार० १, ८, १, २) है ; **चत्तारिमहासुमिणे** = **चतुरो महास्वप्नान्** (कप्प० § ७७ ; नायाध० § ४९) है ; जै०महा० में **महारायाणो चत्तारि** = **महाराजाश् चत्वारः** है (एर्त्से० ४, ३६) ; माग० में **चत्तालि इमे** मिलता है (मृच्छ० १५८, ४) ; स्त्रीलिंग में : अ०माग० में **इमाओ चत्तारि साहाओ** = **इमाश् चतस्रः शाखाः** है (कप्प० टी. एच. (T. H.) § ५) ; **चत्तारि किरियाओ** = **चतस्रः क्रियाः** है (विवाह० ४७) और **चत्तारि अग्गमहिसीओ** = **चतस्रो ऽग्रमहिष्यः** (ठाणग० २२८ और उसके बाद) ; कर्मकारक में **चत्तारि संघाडीओ** = **चतस्रः संघाटीः** (आयार० २, ५, १, १) है; **चत्तारि भासाओ** = **चतस्रो भाषाः** (ठाणग० २०३) है ; नपुंसकलिंग में : अ०माग० में **चत्तारि समोसरणाणि** = **चत्वारि समवसरणानि** है (सूय० ४४५) ; **चत्तारि सयाइं** = **चत्वारि शतानि** है (सम० १५८) ; जै०महा० में **चत्तारि अंगुलाणि** मिलता है (एर्त्से० ३७, २) । — करणकारक में अ०माग० में सर्वत्र **चउहिं** आता है (हेच० ३, १७ ; क्रम० ३,८८ ; मार्क० पन्ना ४९ ; विवाह० ४३७ ; ठाणग० २०७ ; सम० १४ ; उवास० § १८ और २१ ; ओव० § ५६) ; स्त्रीलिंग में भी यही रूप चलता है : **चउहिं पडिमाहिं** आया है (आयार० २,२,३, १८ ; २,६,१,४ ; २,८,२) ; **चउहिं किरियाहिं** = **चतसृभिः क्रियाभिः** है (विवाह० १२० और उसके बाद) ; **चउहिं उक्काहिं** = **चतसृभिर् उल्काभिः** है (आयार० २,१,२, १) और **चउहिं हिरण्णकोडीहिं -पउत्ताहिं** = **चतसृभिर् हिरण्यकोटीभि -प्रयुक्ताभिः** है (उवास० § १७) । गद्य में **चउहिं** की प्रतीक्षा होनी चाहिए जो सिंहराजगणिन् ने पन्ना १८ में **चऊहि**, **चउहि** और **चउहिं** के साथ दिया है। हेमचन्द्र ३,१७ में भी **चउहि** के साथ-साथ **चऊहि** रूप दिया है। § ४३८ में **तिहिं** की तुलना कीजिए। अपादान– **चउहिंतो** है (मार्क० पन्ना ४९) और **चउसुंतो** भी चलता है (क्रम० ३,८८ ; मार्क० पन्ना ४९ ; सिंहराज० पन्ना १८), कहीं **चऊसुंतो** भी देखा जाता है (सिंहराज० पन्ना १८) । — सम्बन्धकारक में पल्लवदानपत्र में **चतुण्हं** पाया जाता है (६, १८), महा०, अ०माग० और जै०महा० में **चउण्हं** आया है (वर० ६,५९ ; चंड० १,६ पेज ४० ; हेच० ३,१२३ [यहाँ **चउण्ह** भी है] ; क्रम० ३, ८९ ; आयार० २,७,२, १२ ; कप्प० § १० और १४ ; विवाह० १४९ और ७८७ ; एर्त्से० ९,१८), स्त्रीलिंग में भी यही रूप काम में आता है, **एयाणं (एयासिं) चउण्हं पडिमाणं** = **एतासां चतसृणां प्रतिमानाम्** है (आयार० २, २, ३, २१ ; २. ५, १, ९ ; २, ६, १, ७ ; २, ८, ६) और **पोरिसीणं चउण्हं** = **पौरुषीणां चतसृणाम्** है (उत्तर० ८९३) । **दोण्णं** और **तिण्णं** के अनुकरण पर शौर० और माग० में **चदुण्णं** की प्रतीक्षा करनी चाहिए और ऐसा आभास मिलता है कि मार्कडेय इस रूप को पन्ना ४९ में बताता है। इसके उदाहरण लापता हैं । अधिकरण में अ०माग० और जै०महा० में **चउसु** रूप है (उत्तर० ७६९; विवाह० ८२; एर्त्से० ४१, ३५), **चउसुं** रूप भी चलता है (एर्त्से० ४४,८), स्त्रीलिंग में भी यही रूप आता है, **चउसु विदिसासु** = **चतसृषु विदिक्षु** है (ठाणंग० २५९ ; जीवा० २२८ ;

विवाह० ९२५ और ९२७) ; **चउसु वि गईसु** = **चतसृष्व् अपि गतिषु** (उत्तर० ९९६)। **चऊसु** रूप की भी प्रतीक्षा होती है, इसका उल्लेख हेमचन्द्र ने ३, १७ में किया है और **चउसु** के साथ यह रूप भी दिया है तथा सिंहराजगणिन् ने पन्ना १८ में **चऊसुं**,**चउसुं** और **चउसु** के साथ **चऊसु** भी दिया है। — समास में स्वरों से पहले **चउर्** रूप आता है जैसे, भाग० में **चउरंस** = **चतुरस्र** (ठाणंग० २० और ४९३ ; उवास० § ७६), **चउरंगगुलि** भी आया है (ठाणंग० २७०), **चउरिन्दिय** मिलता है (ठाणंग० २५ ; १२२ ; २७५ ; ३२२ ; सम० ४० और २२८ ; विवाग० ५० आदि-आदि) ; महा० में **चउराणन** आया है (गउड०) ; अन्य संख्याशब्दों से पहले भी **चउर्** आता है जैसे, अ०माग० मे **चउरसिसीइं** (= ८४; कप्प०)। व्यंजनों से पहले आंशिक रूप में **चउर्** आता है जो नियमित रूप से व्यजनादि शब्द के साथ घुलमिल जाता है जैसे, महा० रूप **चउद्दिसं** = **चतुर्दिशम्** है (रावण०), अ०माग० और जै०महा० मे **चउम्मुह** = **चतुर्मुख** है (ओव० ; एर्से०) ; शौर० में **चदुस्सालअ** = **चतुःशालक** (मृच्छ० ६, ६ ; १६, ११ [पाठ मे **चदुसाल** है] ; ४५, २५), **चतुस्समुद्द** = **चतुःसमुद्र** है (मृच्छ० ५५,१६ ; ७८,३ ; १४७,१७), आंशिक रूप से **चउ**- काम में आता है जैसे, महा० मे **चउजाम** = **चतुर्याम** है (हाल ; रावण०), **चउमुह** = **चतुर्मुख** (गउड०), अ०माग० मे **चउपय** = **चतुष्पद** (आयार० २, १, ११, ९), इसके साथ साथ **चउप्पय** भी है (उत्तर० १०७४ ; उवास०), अप० मे **चउमुह** रूप है (हेच० ४, ३३१ ; 'देसी-भासा' का प्राय बारह सौ वर्ष पहले गर्व करनेवाले, हिन्दी में प्राप्त पहली रामायण के रचयिता 'सयभु' **चउमुह सयंभु** कहे जाते थे, दूसरे रामायणकार पुष्पदन्त ने इनके विषय में लिखा है **चउमुह चारि मुहाहिँ आहिँ** । — अनु०]), **चउपअ** भी पाया जाता है (पिंगल १, ११८), दाक्षि० मे **चउसाअर** है (पद्य मे ; मृच्छ० १०१, १२) = **चतुःसागर** है । § ३४० और उसके बाद की तुलना कीजिए । अन्य संख्याशब्दो के साथ लगाते समय दोनों रूप दिखाई देते हैं : अ०माग० मे **चउद्दस**=**चतुर्दशन्** है (कप्प० § ७४), इसके साथ-साथ पद्य मे **चउदस** काम मे आता है (कप्प० § ४६ आ) तथा सक्षिप्त रूप **चोॅद्दस** भी चलता है (कप्प० ; नायाध०), महा० मे **चोॅद्दह** रूप है, **चोद्दसी** भी मिलता है, जैसा कि **चोॅग्गुण** और उसके साथ-साथ **चउग्गुण** = **चतुर्गुण** है। **चोॅव्वार** और साथ साथ **चउव्वार** = **चतुर्वार** है, आदि-आदि (§ १६६ और १४३ और उसके बाद)। अ०माग० मे **चो** रूप देखने में आता है जो केवल समासों और सधियों से पहले ही नही आता किन्तु स्वतन्त्र रूप में भी काम मे आता है (पिंगल १, ६५ ; § १६६ की तुलना कीजिए) । अप० में नपुंसकलिंग का रूप **चारि** है (पिंगल १, ६८ ; ८७ ; १०२) जो **चत्वारि**, ***चात्वारि** (§ ६५), ***चातारि** (§ ८७), ***चाआरि** (§ १८६) रूप ग्रहण कर **चारि** बना है (§ १६५) । यह समासों मे पहले पद के रूप में भी काम में आता है : **चारिपाअ** = **चतुष्पाद** और **चारिदहा** = **चतुर्दश** (पिंगल १, १०२ ; १०५ ; ११८), जैसा कि **चउरो** अ०माग० में आता है, **चउरोपञ्चिन्दिय** = **चतुष्पञ्चेन्द्रिय** (उत्तर० १०५९)। अ०माग० रूप **चउरासीइं** और **चोरासीइं** = **चतुरशीति** तथा

चउरासीइम = चतुरशीत में **चउर**– वर्ग दिखाई देता है (कप्प० : सम० १३९-१४२)। **चाउर** के विषय में § ७८ देखिए।

§ ४४०— **५** की रूपावली निम्नलिखित प्रकार से चलती है : कर्त्ता– और कर्म– कारक— अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **पञ्च है** (विवाह० १३८ और १४१; ठाणंग० ३६१ ; कप्प० ; उवास० ; एर्त्से० ; मुद्रा० २०४, १) ; करण– अ०माग० मे **पञ्चहिं** होता है (उत्तर० ३७४ ; विवाह० १२० और उसके बाद ; ठाणंग० ३५३ ; नायाध० ; उवास० आदि आदि), अप० में **पञ्चहिँ** है (हेच० ४, ४२२, १४) ; सबंध– अ०माग० में **पञ्चण्हं** है (हेच० ३, १२३ ; आयार० २, ७, २, १२ ; सम० १६), अप० मे **पञ्चहँ** है (हेच० ४, ४२२, १४) ; अधिकरण– जै०महा० मे **पञ्चसु** है (एर्त्से० भूमिका का पेज एकतालीस), अ०माग० पद्य में **पञ्चे** भी आता है (उत्तर० ७०४)। लास्सन ने अपने ग्रन्थ इन्स्टिट्यूत्सिओने प्राकृतिकाए के पेज ३१९ की नोटसख्या मे उल्लेख किया गया है कि रामतर्कवागीश ने अपादानकारक के रूप **पञ्चहिंतो, पञ्चसुंतो** भी दिये हैं, सम्बन्धकारक मे **पञ्चन्नं** और अधिकरण मे **पञ्चसुं** तथा अधिकरण स्त्रीलिंग का एक रूप **पञ्चासुं** दिया है, त्रिविक्रम ने पेज १२८ मे कर्त्ता स्त्रीलिंग का रूप **पञ्चा** दिया है, करण मे **पञ्चाहिं** का भी उल्लेख किया है। समासों के पहले पद के रूप मे अधिकाश मे **पञ्च**– आता है, अ०माग० और जै०महा० मे **पञ्चा**– भी मिलता है जो विशेषतः **पञ्चाणउइं** (= ९५) मे पाया जाता है (ठाणग० २६१; सम० १५० और १५१ ; कालका० २६३, ११ ; १६ और १७ ; बहुत बार अशुद्ध रूप **पञ्चणउयं** आया है) ; इसी भाँति **पण्चावण्णा** मे भी आदि मे **पञ्चा** लगा है;(= ५५ ; हेच० १, १७४; देशी० ६, २७ ; त्रिवि० १, ३, १०५ = बे० बाइ० ३, २४५)। **आ** का स्पष्टीकरण § ७० के अनुसार होता है। अन्य सख्याशब्दों के साथ **पञ्च** रूप दिखाई देता है जो अ०माग०, जै०महा० और अप० मे काम मे लाया जाता है, इसका रूप कभी **पण्ण** (**पन्न**), **पण** और **पणु** भी दिखाई देता है (§ २७३)।

§ ४४१— **६ षष्** का § २११ के अनुसार **छ** हो जाता है। इसकी रूपावली निम्नलिखित प्रकार चलती है : कर्त्ता– और कर्मकारक :– अ०माग० मे **छ है** (कप्प० § १२२ ; विवाह० ५४ ; सम० १५९ और १६३ ; उवास०) ; करण– अ०माग० में **छहिं** रूप है (सूय० ३८० और ८४४ ; सम० २३२ ; ठाणग० १९४ ; भग० १, ४२५ ; नायाध० ८३३ ; उत्तर० ७६८ और ७७८); सम्बन्ध– अ०माग० और जै०शौर० **छण्हं** रूप है (हेच० ३, १२३ ; आयार० २, १५, १६ ; विवाह० ८२ ; ८९; १२३ ; उत्तर० ७७६ और ९७९ ; जीवा० २७१ ; नायाध० ८३२ ; ८३४ ; ८४४ ; कत्तिगे० ३९९, ३०९), **छण्ह** रूप भी पाया जाता है (हेच० ३,१२३) ; अधिकरण– **छसु** है (ठाणग० २७ ; उत्तर० ९८७)। पृष्ठाधार शब्दों से पहले कर्त्ताकारक का प्राचीन रूप **षट्** बना रह गया है : अ०माग० में **छप् पि = षड् अपि** है (आयार० १, ८, ४, ६ ; निरया० ८१ ; विवाह० ७९८ ; दस० ६३९, २ ; नायाध० ८२८; ८३०; ८३६; ८४५ और उसके बाद), **छव् चेव** आया है (उत्तर०

१०६५), **छव्** **च** मिलता है (अणुओग० ३९९ ; जीवा० ९१४ ; जीयक० ६१ ; विवाह० १२३७ ; कप्प० टी. एच. (T. H.) § ७)। लास्सन ने इन्स्टिट्यूत्सिओने प्राकृतकाए पेज ३२० में बताया है कि रामतर्कवागीश ने कर्त्ताकारक का रूप **छा** और स्त्रीलिंग में **छाओ** दिया है ; करण– **छएहिं**, स्त्रीलिंग में **छआहिं** और **छाहिं** हैं ; अपादान– **छआहिंतो** है [यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; सम्बन्ध– **छअण्णं** (इस स्थान में **छण्णं** आया है) ; अधिकरण– **छसु** (**छासु**) और **छीसु** है। समासों के पहले पद के रूप में **छ**– का प्रयोग बहुत कम दिखाई देता है, जैसे कि जै०महा० में **छखण्ड** आया है (एर्से० १८,८ ; यह वास्तव में **छक्खण्ड** के स्थान में अशुद्ध पाठ भेद है), अधिकांश में **षट्**– का ही प्रयोग मिलता है जो स्वरों से पहले **छड्** रूप धारण कर लेता है जैसे, **छक्खर** = **षडक्षर** (= स्कन्ध : देशी० ३, २६), अ०माग० **सड्** भी देखने में आता है जो **सडंगवी** = **षडंगविद्** में पाया जाता है (विवाह० १४९ ; कप्प० ; ओव०) अथवा **छळ** आता है जैसे, **छळंस** = **षडश्र** (ठाणंग० ४९३ ; § २४० देखिए), यह रूप व्यंजनों से पहले आता है जिस प्रक्रिया में व्यजन नियमित रूप से आपस में घुलमिल जाते है (§ २७०), जैसे कि महा० और शौर० में **छग्गुण** और **छग्गुणअ** = **षड्गुण** और **षड्गुणक** हैं (मुद्रा० २३३, ९ ; अनर्घ० ६७, ११) ; अ०माग० में **छद्दिसिं** रूप मिलता है (विवाह० ९७ और उसके बाद; १४५) ; अ०माग० में **छब्भाग** = **षड्भाग** (उत्तर० १०३६ ; ओव० [पाठ में **छब्भाग** है]) ; महा० में **छप्पअ** और जै०महा० में **छप्पय** रूप मिलते हैं (चंड० ३, २ ; हेच० १, २६५ ; २, ७७ ; गउड० ; हाल ; कालका०) ; अ०माग० में **छत्तल** = **षड्तल** (ठाणंग० ४९५), महा० और अप० में **छंमुह** = **षण्मुख** हैं (भाम० २, ४१ ; नड० ३, ३ और १४ ; हेच० १, २५ और २६५ ; कर्पूर० १, १० ; हेच० ४, ३३१) ; महा० और जै०महा० मे **छंमास** = **षण्मास** (हाल ; एर्से०) है ; अ०माग० में **छंमासिय** = **षण्मासिक** (आयार० २, १, २, १) ; महा० और शौर० में **छंमासिअ** = **षण्मासिक** (कर्पूर० ४७,१० ; ८२, ८) ; शौर० मे **छच्चरण** रूप आया है (बाल० ६६७)। इसी भाँति यह रूप संख्याशब्दों से पहले जोड़ा जाता है : अ०माग० **छळसीइ** है (= ८६; सम० १४३; विवाह० १९९); अ०माग०, जै०महा० और अप० में **छव्वीसं** आया है (= २६ : उत्तर० १०९२ ; एर्से०; पिंगल १, ६८) ; अ०माग० में **छत्तीसं** और **छत्तीसा** रूप पाये जाते हैं (= ३६ : कप्प०; ओव० ; उत्तर० १०४३), **छप्पण्णं** भी है (= ५६ : § २७३); अ०माग० में **छण्णउइं** है (सम० १५१); जै०महा० **छण्णवई** आया है (कालका० तीन, ५१४, २४)। ४०, ६० और ७० के पहले अ०माग० में **छा**– जोड़ा जाता है, जिसमें **आ** § ७० के अनुसार आता है : **छायालीसं** (= ४६ : कप्प०), **छावट्ठिं** (= ६६: सम० १२३), **छावत्तरिं** (= ७६ : सम० १३३) रूप मिलते हैं। — अप० में **छह** = ***षष** (§ २६३) जो **छहवीस** में दिखाई देता है (= २६ : पिंगल १, ९५ [गौल्दश्मित्त के अनुसार **छव्वीस** है] ; ९७ [गौल्दश्मित्त के अनुसार **चउव्वीस**]) और **छह** में आया है (= ६ : पिंगल १, ९६)। संस्कृत **षोडश** से पूरा मिलता जुलता प्राकृत रूप **सोळस** है और अप० में **सोळह** (§ ४४३)।

§ ४४२—७ की रूपावली निम्नलिखित प्रकार से चलती है : कर्त्ता- और कर्मकारक- महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **सत्त** है (हाल २ ; रावण० १५, २९; आयार० २, १, ११, ३ और १० ; ठाणग० ४४५ ; एर्त्से० १४, ४) ; करण- अ०माग० मे **सत्तहिं** है (ठाणग० ४४६) ; सम्बन्ध- अ०माग०, जै०-महा० और जै०शौर० मे **सत्तण्हं** होता है (हेच० ३, १२३ ; आयार० २, १, ११, ११ ; कप्प० § १४ ; विवाह० २६ और २२२; ठाणग० ४४५; कालका० २७५, ३३; कत्तिगे० ३९९, ३०८), **सत्तण्ह** रूप भी (मिलता है (हेच० ३, १२३) ; अधिकरण- **सत्तसु** है (ठाणंग० ४४५ ; उत्तर० ९०४) । सन्धि और समास मे यह सख्याशब्द **सत्त-**, **सत्ता-** और माग० मे **शत्त** बन जाता है (मृच्छ० ७९, १३ ; प्रबोध० ५१, ८) । **छत्तवण्ण** और **छत्तिवण्ण** = **सप्तपर्ण** के विषय मे § १०३ देखिए । — ८ की रूपावली निम्नलिखित प्रकार से चलता है : कर्त्ता- और कर्मकारक — अ०माग० मे **अट्ठ** है (ओव० ; कप्प० ; उवास०), **अढ** भी चलता है (विवाह० ८२ ; पद्य मे ; पाठ मे **अठ** है ; § ६७ भी देखिए) ; अप० मे **अट्ठाइँ** रूप है (पिंगल १, ९ और ८३) और **अट्ठाआ** भी आया है (१, ११६ ; [यह पद्य मे आया है और तुक मिलने के लिए कृत्रिम रूप लगता है । -- अनु० ।]) ; करण- अ०माग० मे **अट्ठहिं** है (उवास० § २७ ; विवाह० ४४७ ; उत्तर० ७६८ ; ठाणग० ४७५) ; सम्बन्ध- अ०माग० और जै०महा० मे **अट्ठण्हं** रूप है (हेच० ३,१२३; कप्प० § १४ ; विवाह० ४१६ और ४४७ ; एर्त्से० १२, २१), **अट्ठण्ह** भी चलता है (हेच० ३, १२३) ; अधिकरण- अ०माग० मे **अट्ठसु** आया है (विवाह० ४१६ और ४१७) । सन्धि और समास मे **अट्ठ-** दिखाई देता है : अ०माग० मे **अट्ठविह** = **अष्टविध** है (उत्तर० ८९५) , शौर० मे **अट्ठपओ॑ट्ठ** = **अष्टप्रकोष्ठ** है (मृच्छ० ७३,२) और **अट्ठा-** भी काम मे आता है : अ०माग० और जै०महा० मे **अट्ठावय** = **अष्टापद** है (ओव० ; एर्त्से०) । अन्य सख्याशब्दो से पहले **अट्ठ-** रूप जुड़ता है, अ०माग० मे **अट्ठहत्तरिं** आया है (= ७८ : सम० १३४ और १३५) ; जै०महा० मे **अट्ठतीसं** मिलता है (= ३८), **अट्ठसट्ठी** (= ६८ : एर्त्से० भूमिका का पेज एकतालीस), इसके विपरीत निम्नलिखित सख्याशब्दो मे **अट्ठा-** आया है : **अट्ठारस** और अप० रूप **अट्ठारह** (= १८ : § ४४३) ; अ०माग० और जै०महा० रूप **अट्ठावीसं** (= २८), **अट्ठावण्णं** (= ५८), **अट्ठाणउइं** (= ९८) (सम० ७८ ; ७९ ; ११७ ; १५२ ; १५३ ; एर्त्से० भूमिका का पेज एकतालीस) तथा अ०माग० मे **अढ-** भी जुड़ता है, **अढयालीसं** (= ४८ : सम० १११), अ०माग० मे **अढयाल** भी आया है (सम० २१०), **अढसट्ठिं** है (= ६८ : सम० १२६ ; पाठ मे बहुधा **अड** आया है) । इसी प्रकार अप० मे **अढाइस** रूप भी मिलता है (पिंगल १,१२७; [बौँल्लें॑नसेन की विक्र० ५४९ मे पाठ मे यह रूप है, गौल्दश्मित्त ने अठाइस दिया है] : १४४ [पाठ मे **अठइस** है, गौल्दश्मित्त ने **अट्ठाईसओ** रूप दिया है जो पाठ में **अठइस पाअओ है**]), **अढआलिस** भी मिलता है (पाठ में **अठतालीस** है ; = ४८ : पिंगल १,९५), इनके साथ-साथ **अट्ठाइस** भी है (= २८ : पिंगल १, ६४ और ८६) तथा **अट्ठासट्ठा** भी देखने में आता है (=

६८ : पिंगल १,१०६) । § ६७ देखिए । — ९ की रूपावली निम्नलिखित प्रकार से चलती है : कर्त्ता- और कर्मकारक- अ०माग० और जै०महा० में **नव** है (कप्प० § १२८ ; एर्त्से० ४, १४) ; करण- अ०माग० में **नवहिं** होता है (उत्तर० ९९८) ; सम्बन्ध- अ०माग० में **नवण्हं** (हेच० ३, १२३ ; आयार० २, १५, १६ ; ओव० § १०४ ; कप्प० ; नायाध०) और **नवण्ह** भी पाया जाता है (हेच० ३,१२३) । सन्धि और समास के आदि में **णव-** रूप आता है : **णवणवाणण** आया है (गउड० ४-२६), अन्य सख्याशब्दों से पहले भी यही रूप लगता है : अप० में **णवदह** आया है (= १९ : पिंगल १,१११) ; अ०माग० में **णवणउइं** मिलता है (= ९९ : सम० १५४) । — १० महा० में **दस** अथवा **दह** होता है ; अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **दस,** माग० तथा ढक्की में इसका रूप **दश** हो जाता है (§ २६), इसकी रूपावली निम्नलिखित प्रकार से चलती है : कर्त्ता- और कर्मकारक- महा०, अ०माग० और शौर० रूप **दस** (कर्पूर० १२,७ ; उवास० ; सम० १६२ ; १६५ ; १६६ ; प्रसन्न० १९,५) ; माग० में **दश** के स्थान मे **दह** (ललित० ५६६, ११) अशुद्ध है ; करण— अ०माग० और जै०महा० में **दसहिं** रूप है (कप्प० § २२७ ; एर्त्से० ३२,१२), महा० में **दसहि** भी चलता है (रावण० ११,३१ ; १५,८१), माग० में **दशेहिं** हैं (मृच्छ० ३२,१८), सम्बन्ध- अ०माग० और जै०महा० मे **दसण्हं** और **दसण्ह** रूप पाये जाते हैं (हेच० ३, १२३ ; उवास० § २७५ ; एर्त्से० २८, २२), माग० में **दशाणं** है (मृच्छ० १३३, २० [कुमाउनी में यही रूप चलता है : **दसान** ; इस बोली मे अधिकाश में **स, श** बोला जाता है, इसलिए गावों मे **दशाण** रूप चलता है । —अनु०])। अ०माग० मे **उवासगदसाणं** रूप पाया जाता है (उवास० § २ और ९१)। इस संबंधकारक में स्त्रीलिंग का रूप **दसा = दशा** आया है। अधिकरण- महा० और अ०माग० मे **दससु** है (रावण० ४, ५८ ; उवास० पेज १६८, ७), चू०पै० मे **तससु** होता है (हेच० ४, ३२६) । सन्धि और समास मे महा० तथा अप० मे **दस-** और **दह-** रूप लगते हैं, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **दस-** तथा माग० में **दश-** काम में आता है (§ २६२) ; अप० मे अन्य संख्याशब्दों के साथ संयुक्त होने पर **दह-** काम में मे लाया जाता है : **एक्कदह** (= ११ : पिंगल १, ११४), **चारिदह** और **दहचारि** (= १४ : पिंगल १, १०५ तथा ११०), **दहपञ्च** और **दहपञ्चइँ** (= १५ : पिंगल १, ४९ ; १०६ ; ११३), **दहसत्त** (= १७ : पिंगल १, ७९ ; १२३) और **णवदह** रूप मिलते हैं (= १९ : पिंगल १, १११ ; [पिंगल अर्थात् प्राकृत पिंगलसूत्राणि जैसा पिशल ने माना है विशेष विश्वस्त सामग्री नहीं उपस्थित करता, यह ग्रन्थ छन्द में होने के कारण, इसकी अप० भाषा अनगिनत स्थानों में कृत्रिम बन गयी है, संख्याशब्दों को और भी तोड़ा मरोड़ा गया है, उदाहरणार्थ २, ४२ मे **बाराहा मत्ता जं कण्णा तीआ होतम्** को लीजिए । १२ के लिए **बाराह** रूप किसी प्राकृत में नहीं मिलता । ३ के लिए **तीआ** भी दुर्लभ है ; दूसरा उदाहरण लीजिए **अक्खरा जे छआ** में **छआ** देखिए (२, ४६), **लडावणवज्जो** में **लडा** का अर्थ छ है, २, १२७ में ९६ को **छण्णावेआ** कहा गया है, अप० में यह **छण्णवइ** है, आदि-आदि । इसका कारण पिंगल के ग्रंथ का

पद्य में होना भी एक है, दूसरा कारण यह है कि इसके उदाहरणों में ठीक सम्पादन न होने से भाषा का कोई प्रमाणदण्ड नहीं मिलता, इसलिए पिशल ने § २९ में ठीक ही लिखा है 'यह ग्रन्थ बहुत कम काम का है।' —अनु०])।

§ ४४३—११ १८ तक के संख्याशब्दों के रूप निम्नलिखित प्रकार के होते हैं :— **११** अ०माग० में इसका रूप **एक्कारस** और **इक्कारस** हो जाता है (विवाह० ८२ और १६५ ; कप्प० ; उवास०), महा० और अप० मे **एआरह** है (भाम० २, ४४ ; मार्क० पन्ना १९ ; पिंगल ५, ६६ ; १०९–११२) और **एग्गारह** भी मिलता है (पिंगल १, ७७ ; ७८ ; १०५ ; १३४), **गारहाइँ** भी है (२, १११) तथा **एकादह** भी मिलता है (§ ४४२) ; चू०पै० में **एकातस** रूप है (हेच० ४, ३२६)। —**१२** का अ०माग, जै०महा० और जै०शौर० मे **बारस** रूप है [सयभू की रामायण (**पउमरिउ**) मे ११ के लिए इस **बारस** मे मिलता रूप **एयारस** मिलता है। —अनु०] (आयार० २,१५,२३ और २५ ; पण्णव० ५२ ; विवाह० ८२; उत्तर० ६९१ ; उवास० ; कप्प०; एर्त्से०; कत्तिगे० ४०२, ३६९; ४०३, ३७१ [पाठ मे **वारस** है]) ; स्त्रीलिंग मे जै०महा० मे **बारसी** (तीर्थ० ६, ७) है और अ०माग० तथा जै०महा० में **दुवालस** (§ २४४) तथा महा० और अप० में **बारह** है (भाम० २, ४४ ; मार्क० पन्ना १९; पिंगल १, ४९ ; ६९ आदि आदि)। —**१३** अ०माग० में **तेरस** (सूय० ६६९ ; उवास० ; कप्प०), स्त्रीलिंग मे **तेरसी** (आयार० २,१५, ४ ; कप्प०) है ; महा० और अप० मे **तेरह** है (भाम० २, ४४ ; मार्क० पन्ना १९; पिंगल १, ९ ; ११ ; ५८, ६६) । —**१४ चोॅद्दह है** (हेच० १, १७१). अ०माग० और जै०महा० रूप **चोॅद्दस** है (उवास० ; कप्प०; एर्त्से०[१]) तथा **चउद्दस** भी मिलता है (कप्प०), छन्द की मात्राएं ठीक करने के लिए **चउद्दस** काम मे आता है (कप्प० § ४६ आ), अप० मे **चउद्दह** है (पिंगल १,१३३ और १३४), **चाउद्दाहा** भी आया है (२, ६५) और **चारिदहा** तथा **दहचारि** रूप भी चलते हैं (§ ४४२)। —**१५** अ०माग० और जै०महा० मे **पण्णरस** [**ण्ण**–वाले रूप मराठी मे चलते हैं। —अनु०] है (§ २७३), अप० मे **पण्णरह** होता है जैसा वर० और हेच० स्पष्टतया बताते हैं (§२७३), अप० मे **दहपञ्च** और **दहपञ्चाइं** रूप भी आये हैं (§ ४४२) । —**१६** अ०माग० और जै०महा० मे **सोळस** है, अ०माग० मे **सोळसय** भी देखा जाता है (जीवा० २२८), अप० मे **सोळह** है (पिंगल १,१०३ ; १०४ और १०५), **सोळा** भी आया है (२, ६७ और ९७ [अप० के **सोळह** और **सोळा** रूप **सोलह** और **सोला** पढे जाने चाहिए, पिंगल के ग्रन्थ मे **ल** के स्थान मे सर्वत्र **ळ** दिया गया है; **ळ** और **ल** के उच्चारण मे कोई भेद नहीं रखा गया है। —अनु०]) । —**१७** अ०माग० और जै०महा० मे **सत्तरस है** (विवाह० १९८ ; एर्त्से०), अप० मे **दहसत्त है** (§ ४४२)। — **१८** अ०माग० और जै०महा० में **अट्ठारस है**। यही रूप पल्लवदानपत्र ६, ३४ मे भी मिलता है, अप० मे **अट्ठारह** चलता है (पिंगल १, ७९) । **द के** स्थान में **र** के लिए § २४५ देखिए और **द** के स्थान मे **ल** के लिए § २४४ देखिए। उपर्युक्त सख्याशब्दों की रूपावली **दशन्** के अनुसार चलती है (§ ४४२) अर्थात् उदाहरणार्थ

करणकारक में अप० में **एआरहहिँ** होता है (पिंगल १, ६६ [पाठ में **एआरहहि** है]; १०९ और उसके बाद ; बौँल्लेँनसेन, विक्रमोर्वशी पेज ५३८ में **एग्गारहहि** दिया गया है), अ०माग० में **बारसहिं** मिलता है (सूय० ७९०; उत्तर० १०३४) ; अप० में **बारहहिँ** रूप है (पिंगल १, ११३); अ०माग० में **चोँद्दसहिं** भी है (जीवा० २२८ ; ओव० § १६, पेज ३१,२१); अ०माग० में **पण्णरसहिं** भी आया है (जीवा० २२८) ; सम्बन्ध- अ०माग० में **दुवालसण्हं** मिलता है (उवास०) ; अ०माग० में **चउद्दसण्हं** भी है (विवाह० ९५२), **चोद्दसण्हं** आया है (कप्प०); **पण्णरसण्हं** है (हेच० ३ १२३) ; अ०माग० और जै०महा० में **सोळसण्हं** आया है (विवाह० २२२ ; एर्त्से० २८, २०), **अट्ठारसण्हं** है (हेच० ३, १२३) और **अट्ठारसण्ह** भी देखा जाता है (एर्त्से० ४२, २८) ; अधिकरण- **पण्णरससु** है (आयार० पेज १२५, ३३ ; विवाह० ७३४) ।

१. ये उद्धरण, जहाँ-जहाँ दूसरे उद्धरण न दिये गये हों, वहाँ नीचे आयी हुई संख्याओं के लिए भी उपयुक्त हैं। अधिकांश संख्याशब्द ११–१०० तक अ०माग० द्वारा सप्रमाण उद्धृत किये जा सकते हैं, विशेषतः सन्धि और समास में, इसके बाद इनके उदाहरण और प्रमाण जै०महा० तथा अप० में प्राप्त हैं। अन्य प्राकृत बोलियों में उदाहरणों का अभाव है।

§ ४४४— १९ अ०माग० में **एगूणवीसं = एकोनविंशति है** (§ ४४५ की तुलना कीजिए : विवाह० ११४३; नायाध० § १२), अप० में **एगूणविसा** है (पिंगल २,२३८) और **णवदह** भी पाया जाता है(§ ४४२)। इन रूपों के साथ-साथ अ०माग० और जै०महा० में **अउणवीसइ** और **अउणवीसं** रूप मिलते हैं (उत्तर० १०९१ ; एर्त्से० भूमिका का पेज एकतालीस) । ये दोनों प्रकार के रूप अ०माग० और जै०महा० में अन्य दशकों (त्रिशत्, चत्वारिंशत, पञ्चाशत = ३०,४०,५० आदि) के साथ-साथ में चलते हैं। इस नियम से : **एगूणपन्नासइम** (= उनपचासवाँ ; सम० १५३) और **अउणापण्ण** (= ४९ ; ओव० § १६३ ; विवाह० १५८) साथ साथ चलते हैं ; **एगूणसट्ठि** (= ५९ ; सम० ११८) और **अउणट्ठि** हैं (कप्प० § १३६ ; इसी ग्रन्थ मे अन्यत्र दूसरा रूप भी देखिए) ; **एगूणसत्तरिं** (= ६९ ; सम० १२६) और **अउणत्तरिं** दोनों चलते है (कप्प० § १७८ [गुजराती **ओगणीस्** और मारवाडी **गुन्नीस** (=१९), **गुन्तीस** = २९ आदि रूप **इस एगूण-** से निकले है और **उन्नीस, उन्तीस** आदि मे **अउण-** का **उन्** आया है। —अनु०]) । इनके अतिरिक्त जनता अ०माग० में **अउणतीसं, अउणत्तीसं** भी बोलती थी (= २९ : उत्तर० १०९३ ; एर्त्से० भूमिका का पेज एकतालीस), साथ ही अ०माग० **एगूणासीइं** (= ७९ : सम० १३६) और **एगूणणउइं** भी चलते थे (= ८९ : सम० १४६) । ए० म्युलर[1] और लौयमान[1] के अनुसार **अउण-** और **अउणा-** (§ ७०) **एकोन** से निकले हैं, किन्तु यह मत अशुद्ध है तथा **अउण = अगुण** जैसा **द्विगुण, त्रिगुण** इत्यादि में पाया जाता है। महा० में **उउण** है और अ०माग० में **दुगुण** रूप मिलते हैं (§ ४३६), अ०माग० में **अणंतगुण** भी आया है (विवाह० १०३९)। प्राचीन हिन्दी रूप **अगुनीस** और

गुनीस (= १९) और गुजराती **ओगणीस** की तुलना कीजिए जो = ***अपगुण-विंशति है।**

१. **बाइत्रैगे, पेज १७। —२. औपपातिक सूत्र में अउणापन्न देखिए।**

§ ४४८—१९-५८ तक के संख्याशब्द अ०माग० और जै०महा० मे कर्त्ताकारक, नपुंसकलिंग मे शब्द के अन्त मे **-अं** जोड़कर बनाते हैं अथवा अत **-आ** लगाकर स्त्रीलिंग बनाते है, अप० मे **उ-अ** लगाया जाता है तथा ५९-९९ तक के संख्याशब्द नपुंसकलिंग रूप में अन्त मे **-इं** लगकर बनते है अथवा अन्त में **-ई** जोड़कर स्त्रीलिंग बन जाते है। शेष कारकों मे स्त्रीलिंग एकवचन की भॉति इनकी रूपावली चलती है और संस्कृत की भॉति गिने हुए पदार्थ या तो सम्बन्धकारक बहुवचन मे होते हैं अथवा साधारणतः संख्या के कारक में ही बहुवचन मे आते हैं। —**२०** का रूप **वीसइ = विंशति** भी होता है (कप्प० ; उवास०), कर्त्ता- **वीसई** और **वीसइं** हैं (एर्से० भूमिका का पेज एकतालीस[1]), अ०माग० मे **अउणवीसई** (= १९) आया है और **वीसई** भी (= २०), **एक्कवीसइ** है (= २१) और **पणवीसई** (= २५) तथा **सत्तवीसई** भी (= २७ : उत्तर० १०९१-१०९३ तक), अप० मे **चउवीसइ** मिलता है (= २४ : पिंगल १, ८७) । **वीसइ** रूप विशेष करके २१-२८ तक मे जोड़ा जाता है और **वीसम्** रूप में भी मिलता है (कप्प० ; एर्से०) अथवा **वीसा** रूप में दिखाई देता है (हेच० १, २८ और ९२ ; एर्से०), अप० मे **वीस** रूप आता है (पिंगल १, ९५ ; हेच० ४, ४२३,४), इसके ठीक विपरीत **तीसई = त्रिंशत्** है जो अ०माग० मे पाया जाता है (उत्तर० १०९३) और **वीसइ = विंशति** के साथ साथ जुड़ा हुआ आया है। इसके बाद अन्य संख्याशब्द आते हों तो इस प्रकार बोले जाते है : अ०माग० और जै०महा० मे **एक्कवीसं**, **एगवीसा** और **इगवीसं** (= २१ : उत्तर० १०९२; विवाह० १९८ ; एर्से०), **बावीसं** [गुजराती मे २२ को **बावीस** कहते हैं। —अनु०] (= २२ : उत्तर० १०७० ; १०९१ और १०९२ ; विवाह० १९८ ; एर्से०), अप० में **बाइस** है (पिंगल १,६८); **तेवीसं** मिलता है (= २३ : उत्तर० १०९२ ; सम० ६६ ; एर्से०), अप० में **तेइस** है (पिंगल १, १५०) ; **चउवीसं** है (= २४ : हेच० ३, १३७ ; विवाह० १८० ; उत्तर० १०९२ ; ठाणग० २२), **चउव्वीसं** भी है (विवाह० १९८ ; एर्से०), अप० मे **चउवीसइ** मिलता है (पिंगल १, ८७ [बंबई के संस्करण मे **चउवीसइ** है किन्तु गौल्दश्मित्त ने उक्त रूप ठीक माना है]), **चोवीस** भी आया है (२, २९१) और **चौविस** भी पाया जाता है (२, २७९ [पाठ मे **चौविस** है। —अनु०]) ; **पण्ण-वीस**, **पणुवीसं** और **पणुवी**- [पाठ मे **चोवीसा** है। — अनु०] साहि में **पणुवीसा** भी मिलता है (= २५ : § २७३), अप० में **पचीस** रूप है (पिंगल १, १२०) ; **छव्वीसं** मिलता है (= २६ : उत्तर० १०९२; एर्से०), अप० मे **छहवीस** और **छब्बीस** रूप मिलते हैं (§ ४४१) ; अ०माग० मे **सत्तवीसं** रूप है (= २७ : उत्तर० १०९३) और **सत्तावीसं** भी आया है (विवाह० ८५ और उसके बाद) ; **सत्तावीसा** देखने में आता है (हेच० १, ४) ; अप० में **सत्ताईसा** है (पिंगल १, ५१ ; ५२ और

५८) ; **अट्ठावीसं** और **अट्ठावीसा** रूप हैं (विवाह० ८२), अप० में **अट्ठाइस** और **अठाइस** रूप हैं (= २८ : § ४४२) ; **उनतीस** के प्राकृत रूप **अउणतीसं** और **अउणतीसं** रूप आये हैं (= २९ : § ४४४)। — **३०** का रूप **तीसं** है (कप्प० ; नायाध० ; एत्सें०) और **तीसा** भी (हेच० १, २८ और ९२), अप० में **तीसा** चलता है (पिंगल १,५१ और ६०), यह रूप **तीसक्खरा** = **त्रिंशदक्षरा** मे भी आया है (१, ५२), **तीसं** भी है (१, ६१) । इसके बाद आनेवाले संख्याशब्दों के रूप जैसे कि सभी आगे आनेवाले दशकों के होते हैं, ठीक २० के बाद आनेवाले २१-२९ तक के रूपों की भाँति चलते हैं । उनमें केवल ध्वनिनियमों के अनुसार आवश्यक परिवर्तन होते हैं । इसके अनुसार : **बत्तीसं** (= ३२ : विवाह० ८२ ; एर्त्से०) होता है और **बत्तीसा** भी (कप्प०), अप० में **बत्तीस** आया है (पिंगल १,६२ और ६९), **बत्तीस** के लिए महा० में **दोसोळह** = **द्विषोडशन्** भी बोला जाता है (कर्पूर० १००,८) ; **तेंतीस** के **तेत्तीसं** और **तित्तीसं** रूप हैं (= ३३ : कप्प० : विवाह० १८,३३ ; ३९१ ; उत्तर० ९०९ ; ९९४ ; १००१ ; १०७० ; १०९४ ; एर्त्से०), अ०माग० मे **तायत्तीसा** भी मिलता है, अ०माग० में **तावत्तीसग** रूप भी है और जै०महा० मे **तावत्तीसय** (§ ४३८) ; –**३४** = **चो`त्तीसं** (ओव० ; सम० १००) ; –**३५** = **पणत्तीसं** है (विवाह० २००) ; –**३६** = **छत्तीसं** और **छत्तीसा** है (कप्प० ; ओव०) ; –**३८** = **अट्ठत्तीसं** (कप्प०) और **अट्ठतीसं** भी चलता है (एर्त्से०) । — **३९** = **चत्तालीसं** है (कप्प० ; विवाह० १९९ ; एर्त्से०) और **चत्तालीसा** भी आया है (विवाह० ८२), **चायालीसं** भी चलता है (एर्त्से०) जो सक्षिप्त होकर जै०महा० में **चालीस** बन जाता है और **चालीससाहस्स** = **चत्वारिंशत्साहस्य** मे आया है (एर्त्से० १०, ३५) तथा अप० मे स्वतन्त्र रूप मे **चालीस** है (पिंगल १, १५३ और १५५) । यह ऐसा रूप है जो अ०माग०, जै०महा० और अप० मे सर्वत्र देखा जाता है जब कि उसके अनन्तर अन्य संख्याशब्द आते हों जैसे, अप० में **इआलीस** (= ४१ : पिंगल १,१२५) ; –**४२** का अ०माग० और जै०महा० मे **बायालीसं** रूप है (विवाह० १५८ ; कप्प० ; नायाध० ; ठाणंग० २६२ ; एर्त्से०) ; –**४३** = **तेआलीसा** (हेच० २, १७४) ; जै०महा में **तेयालीसं** रूप है (एर्त्से०) ; –**४४** रूप **चउआलीसं** और **चोयालीसं** है, **चोयालीसा** भी मिलता है (सम० १०८ और १०९; विवाह० २१८; पण्णव०; उसके बाद), अप० में **चउआलीस** है (पिंगल १, ९० [गौल्दश्मित्त प [**पञ्चतालीसा**] ; ९७) और **चोआलीसह** है (पिंगल २, २३८) ; –**४५** = अ०माग० **पणयालीसा** (पण्णव० ५५) और **पणयालीसं** है (विवाह० १०९ ; ओव०); अप० **पचतालीसह** (पिंगल १,९३ और ९५) **पचआलीसहि** पढ़ा जाना चाहिए ; –**४६** = **छयायालीसं** (कप्प०) ; –**४७** = अ०माग **सीयालीसं** (विवाह० ६५३)[१] ; –**४८** = अ०माग० और जै०महा० रूप **अढयालीसं** है, **अढआलीस** मिलता है (§ ४४२), अ०माग० में **अट्ठचत्तालीसं** भी देखा जाता है (विवाह० ३७२); –**४९** के लिए माग० में **एँकूणपण्ण** रूप है (जीवा० ६२) । अ०माग० पद्य में संक्षित रूप **चाली** (उवास० § २७७, ६) तथा अ०माग०, महा० में **चत्ता** रूप भी आया है (= ४० । —अनु०] उवास०

§ २७७, ६ ; एर्से०), अन्य संख्याशब्दो के साथ सयुक्त होने पर इस प्रकार के रूप आते हैं, जैसे, जै०महा० में **बिचत्ता** (एर्से०) और अ०माग० **इगयाल** में **याल** रूप में पाया जाता है (पाठ मे **इगुयाल** है ; विवाह० १९९), जै०महा० में **४२** = **बायाल** (एर्से०), अप० मे **बेआल** है (पिगल १, ९५) ; **४५** = अ०माग० में **पणयाल** (सम० १०९) ; **पणयालसयसहस्सा** (= ४५००००० ; उत्तर० १०३४) ; -**४८** = अ०माग० मे **अढयाल** (सम० २१० ; पण्णव० ९९ [पाठ में **अडयाल** है], विवाह० २९० [पाठ मे **अडयाल** है]) । — **५०** = **पण्णासं**, **पण्णासा** और **पन्ना** है, ५१-५९ तक के -**वन** वाले संख्याशब्दों -**पण्णं** और -**वण्णं** लगाकर बनाये जाते है (§ २७३) । ये सक्षिप्त रूप **पञ्चाशत्** , **पञ्चशत्** , ***पञ्चशत्** और **पञ्चत्** से व्युत्पन्न हुए है (§ ८१ और १४८) ।

१. यह उद्धरण पूरे पाराग्राफ और इसके बाद आनेवाले पाराग्राफों के लिए लागू है । याकोबी ने जो निष्कर्ष निकाले हैं वे आंशिक रूप में अप्रकाशित मौलिक सामग्री की सहायता से, इस कारण मैं सर्वत्र उनकी जाँच नहीं कर सकता । — २ § ४४६ में **सयरी** की तुलना कीजिए ।

§ ४४६— **६०** = अ०माग० **सट्ठि** (सम० ११८ और ११९), सन्धि और समास मे **सट्ठि** आता है : **सट्ठितन्त** रूप मिलता है (विवाह० १४९ ; कप्प० ; ओव०) ; जै०महा० मे **सट्ठि** और **सट्ठी** है (एर्से०) ; शौर० मे **छट्ठि** पाया जाता है (कर्मकारक , मृच्छ० ५४, १६), अधिक सभव यह लगता है कि अधिकतर हस्तलिपियों और छपे सस्करणो के अनुसार यह रूप **सट्ठि** पढा जाना चाहिए ; अप० मे **सट्ठि** है (पिगल १, १०५ , दूसरे शब्द से सयुक्त होने मे भी यही रूप है, १, ६१) । अन्य सख्याशब्दो के साथ संयुक्त होने मे -**सट्ठि**, -**वट्ठि** और -**अट्ठि** के साथ बदलते रहता है (§ २६५) : अ०माग० तथा जै०महा० मे **५९** = **पगूणसट्ठि** और **अउणट्ठि**, **इगसट्ठि** और **एगट्ठि** रूप भी है ; **६२** = **वासट्ठि** और **बावट्ठि** ; **६३** = **तेसट्ठि** और **तेवट्ठि** है ; **६४** = **चउसट्ठि** और **चोसट्ठी** (विवाह० ८२) तथा **चउवट्ठि**- ; **६५** = **पणसट्ठि** और **पण्णट्ठि** (कप्प०) ; **६६** = **छावट्ठि** ; **६७** = **सत्तसट्ठि** और **६८** = **अढसट्ठि** और **अट्ठसट्ठि**- है (वेबर, भग० १,४२६ ; सम० ११८-१२६ ;एर्से०) । —**७०** = अ०माग० और जै०महा० मे **सत्तरिं** और **सत्तरि**- है, जै०महा० मे -**सयरी** और **सयरि**- भी है (सम० १२७ और १२८ ; प्रबन्ध० २७९, १२ ; एर्से०) । **र** के विषय मे § २४५ देखिए । अन्य सख्याशब्दों के साथ सयुक्त होने पर कभी -**सत्तरिं**, कभी -**हत्तरिं**, कभी -**वत्तरिं** और कभी -**अत्तरि**- रूप आता है : अ०माग० मे **पगूणसत्तरिं** और **अउणत्तरिं** रूप चलते हैं (= ६९ : § ४४४) ; **७१** = **ऍकसत्तरिं** (सम० ; पाठ मे **एकसत्तरिं** है) ; **७२** = **बावत्तरिं**, जै०महा० मे **बिसत्तरि**- भी है ; **७३** = **तेवत्तरिं** और **७४** = **चोवत्तरिं**, जै०महा० में **चउहत्तरि** भी है ; **७५** = अ०माग० मे **पञ्चहत्तरीए** (करणकारक ; कप्प० § २), **पन्नत्तरि** भी मिलता है (यह रूप सम० मे तीन बार आया है ; इसी ग्रंथ में अन्यत्र **पन्नत्तरिं** रूप भी है) ; जै०महा० में **पणसयरी** है (प्रबन्ध० २७९, १२) ; **७६** = **छावत्तरिं** है ;

७७ = **सत्तहत्तरिं** हैं और ७८ = **अट्ठहत्तरिं** तथा जै०महा० में **अट्ठत्तरि-** है (वेबर, भग० १, ४२६ ; २, २४८ ; सम० १२६–१३५ ; एर्से०)। अप० मे **एहत्तरि** मिलता है (=७१ : पिंगल १, ९५ ; ९७ ; १००) और **छाहत्तरि** भी आया है (=७६ : पाठ में **छेहत्तरि** है ; २,२३८)। — ८० = अ०माग० मे **असीइं** है, जै०महा० मे **असीई** और **असीइ-** (सम० १३७ ; विवाह० ९४ और ९५ ; एर्से०)। अन्य संख्याशब्दों के साथ संयुक्त होने पर : अ०माग० में **एगूणासीइं** है (= ७९) ; जै०महा० में **एँक्कासीई** ; अ०माग० मे **बासीइं** ; अ०माग० में **तेसीइं**, करणकारक में **तेयासीए** रूप मिलता है (सम०), जै०महा० में **तेसीई** ; अ०माग० में **चउरासीइं**, **चोरासीइं** और **चोरासी** रूप मिलते हैं ; जै०महा० में **चउरासीइ-** और **चुलासीइ-** पाये जाते हैं ; अ०माग० में **पञ्चासीइं**, **छलासीइं**, **सत्तासीइं** और **अट्ठासीइं** रूप हैं (सम० १३६–१४५ ; कप्प० ; एर्से०)। अप० मे **असि** (= ८०) भी आया है, **बेआसी** (= ८२) और **अट्ठासि** (= ८८ : पिंगल १, ८१ ; ९८ ; २, २३८)। —९० = अ०माग० **नउइं** और जै०महा० रूप **नउई** है (सम० १४७ ; एर्से०)। अन्य संख्याशब्दो के साथ संयुक्त होने पर : अ०माग० में **एगूणणउइं** (= ८९) और **एँक्काणउइं** रूप आये है (सम० ; पाठ मे **एकाणउइं** है), **बा-**, **ते-**, **चउ-**, **पञ्च-** और **छण्णउइं** तथा **छण्णउई** रूप मिलते हैं (विवाह० ८२), **सत्ताणउइं** और **अट्ठाणउइं** रूप भी पाये जाते हैं ; जै०महा० में **बाणउई**, **तेणउई**, **पञ्चणउई** और **पणणउई** तथा **छन्नउई** रूप देखने में आते हैं (सम० १४६-१५३ ; एर्से०)। अप० में **छण्णवइ** है (=९६ : पिंगल १, ९५)।

§ ४४७ —१९,९९ तक के संख्याशब्दो की रूपावली और रचना के निम्नलिखित उदाहरण पाये जाते है : अ०माग० मे : कर्त्ताकारक मे **तेवीसं तित्थकरा = त्रयोविंशतिम् तीर्थकराः** है (सम० ६६) ; **बायालीसं सुमिणा तीसं महासुमिणा बावत्तरिं सव्वसुमिणा = द्वाचत्वारिंशत् स्वप्नास् त्रिंशन् महास्वप्ना द्वासप्ततिः सर्वस्वप्ना** है (विवाह० ९५१ [पाठ मे **बाविसत्तरिं** है] ; नायाध० § ४६ ; कप्प० § ७४) ; **तायत्तीसा लोगपाला = त्रयस्त्रिंशल् लोकपालाः है** (ठाणग० १२५)। — कर्मकारक में **बीसं वासाइं = विंशतिं वर्षाणि** है (उवास० § ८९ ; १२४ ; २६६) ; **पण्णासं जोयणसहस्साइं = पञ्चाशतं योजनसहस्राणि** है (ठाणग० २६६), **पञ्चाणउइं** (पाठ मे **पञ्चाणउयं** है) **जोयणसहस्साइं = पञ्चनवतिं योजनसहस्राणि** हैं (ठाणग० २६१)। — करण में **पञ्चहत्तरीए वासेहिं···एँक्कवीसाए तित्थयरेहिं···तेवीसाए तित्थयरेहिं = पञ्चसप्तत्या वर्षैः···एकविंशत्या तीर्थकरैः···त्रयोविंशत्या तीर्थकरैः** है ; **तेत्तीसाए**, **सत्तावन्नाए दन्तिसहस्सेहिं = त्रयस्त्रिंशता, सप्तपञ्चाशता दन्तिसहस्रैः** है (निरया० § २४ और २६)। — सम्बन्धकारक मे **एएसिं तीसाए महासुमिणाणं = एतेषां त्रिंशतो महास्वप्नानाम्** है (विवाह० ९५१ ; नायाध० § ४६ ; कप्प० § ७४) ; **चत्तीसाए –समसाहस्सीणं चउरासीइए** [यहाँ यही पढ़ा जाना चाहिए]**सामाणियसाहस्सीणं तायत्तीसाए तायत्तीसगाणं चउहं लोग-**

पालाणं = द्वात्रिंशतः -शतसाहस्रीणां चतुरशीत्याः सामानिकसाहस्रीणां त्रयस्त्रिंशतस् त्रयस्त्रिंशकानां चतुर्णां लोकपालानाम् है (कप्प० § १४ ; विवाह० २११ की तुलना कीजिए)। — अधिकरण में **तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु = त्रिंशति निरयावासशतसहस्रेषु** है (विवाह० ८३ और उसके बाद); **एगवीसाए सबलेसु बावीसाए परीसहे** (पद्य में छन्द की मात्राएं ठीक करने के लिए **परीसहेसु** के स्थान में) = **एकविंशत्यां शबलेषु द्वाविंशत्यां *परीसहेषु** है (उत्तर० ९०७)। — जै०महा० में **पञ्चनउई राईणं** और **गयाणो** आया है (कालका० २६३, ११ और १७)। इन संख्याशब्दों की रूपावली बहुवचन में बहुत कम चलती है। चंड० १, ६ के अनुसार, २-१९ तक संख्याशब्दों की भाँति ही (§ ४३६), सम्बन्धकारक अन्त में **-ण्हं** लगा कर बनाया जाता है : **वीसण्हं, तीसण्हं** आदि। अ०माग० में **तिण्णि तेवट्ठाइं पावादुयसयाइं = त्रीणि त्रयः षष्ठानि प्रावादुकशतानि** है (सूय० ७७८); **पणुवीसाहि य भावणाहिं = पञ्चविंशत्या च भावनाभिः** है (आयार० पेज १३७, २५); **पञ्चहिं छत्तीसेहिं अणगारसएहिं = पञ्चभिः षट्त्रिंशैर् अनगारशतैः** है (कप्प० § १८२); जै०महा० में **तिण्हं तेवट्ठाणं नयरसयाणं = त्रयाणां त्रयःषष्ठानां नगरशतानाम्** है (एर्त्से० २८, २१); महा० में **चउसट्ठिसुसुत्तिसु = चतुःषष्ठ्यां शुक्तिषु** है (कर्पूर० ७२, ६)। यह रूपावली अप० में साधारणतया काम में आती है : **एआसेहिँ** और **बाईसेहिँ** रूप मिलते हैं (पिंगल १, ५८ और ६९), **छहवीसउ** आया है (पिंगल १, ९७); **सत्ताईसाइँ** पाया जाता है (पिंगल १, ६०); **पचआलीसहिँ** है (पिंगल १, ९३ और ९५ § ४४५ देखिए); **पहत्तरिउ** (कर्मकारक) और **पहत्तरिहिं** रूप भी चलते हैं (पिंगल १, ९५ और १००) § । ४४८ की भी तुलना कीजिए।

§ ४४८— १०० महा० में **सअ** (हाल ; रावण०), अ०माग० और जै०महा० में **सय** रूप है (कप्प० ; ओव० ; उवास० ; एर्त्से०), शौर० में **सद** चलता है (मृच्छ० ६, ६ ; १५१, २२ ; विक्र० ११,४), माग० में **शद** मिलता है (मृच्छ० १२,५ ; ११६,८ ; १२२,२० ; वेणी० ३३,८)। इसकी रूपावली नपुंसकलिंग के रूप में अ- वर्ग की भाँति की जाती है। शेष **शतक** [दो सौ ; तीन सौ आदि । —अनु०] इस प्रकार बनाये जाते हैं कि १०० के बहुवचन के रूप से पहले इकाई रख दी जाती है : अ०माग० में **२०० = दो सयाइं, ३०० = तिण्णि सयाइं, ४०० = चत्तारि सयाइं** है (सम० १५७ और १५८), ५०० = **पञ्च सया** मिलता है (कप्प० § १४२), **६०० = छ सयाइं, छ सया** भी पाया जाता है (सम० १५९) और **छस्सया** भी आया है ; अप० में ४०० के लिए **चउसअ** आया है (पिंगल १, ८१)। महा० में **सत्तसअ** पक्का नपुंसक है (हाल)। —**१०००** के लिए महा०, अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर० और शौर० में **सहस्स** है (गउड० ; हाल ; रावण० ; कप्प० ; उवास० ; एर्त्से० ; पव० ३८०, १२ ; मृच्छ० ७२, २२ ; प्रबोध० ४, ४ और ५), माग० में **शहश्श** बन जाता है (ललित० ५६६, १० ; वेणी० ३३, ३; ३४, २१ ; ३५, ८)। इसकी रूपावली भी नपुंसकलिंग के रूप में अ- वर्ग की भाँति चलती है। अ०माग० में

इसके स्थान में **दस सयाइं** भी बोला जाता था (सम० २६२) अथवा **दस सया** भी कहते थे (कप्प० § १६६), जैसा कि ११०० के लिए **एँक्कारस सयाइं** चलता था (सम० १६३) अथवा **एक्कारस सया** भी कहते थे (कप्प० § १६६), १२०० के लिए **बारस सया** आता था और १४०० के लिए **चउद्दस सया** चलता था (कप्प० § १६६) तथा १७२१ के लिए **सत्तरस एक्कवीसे योजनसए** आया है (= १७२१ योजन; कर्मकारक; विवाह० १९८) । शेष **सहस्सक** ठीक शतकों की भाँति बनाये जाते हैं : अ०माग० में २००० = **दो सहस्साइं** है (सम० १६३), कर्मकारक में **दुवे सहस्से** रूप आया है (सूय० ९४०) ; **तिण्णि, चत्तारि,** छ और **दस सहस्साइं** मिलता है (सम० १६३–१६५) ; **अउणट्ठिं सहस्सा** (= ५९००० : कप्प० § १३६) ; जै०महा० में **पुत्ताणं सट्ठी सहस्सा** देखा जाता है (= ६०००० : सगर १, १३) और **सट्ठिं पि तुह सुयसहस्सा** भी मिलता है (७, ७ ; १०, ४ की तुलना कीजिए ; ११, ५), सम्बन्धकारक में **सट्ठीए पुत्तसहस्साणं है** (८, ५); ऐसा वाक्यांश **साहस्सी** = **साहस्री** के साथ भी आया है जैसे, अ०माग० में **चोद्दस समणसाहस्सीओ, छत्तीसं अज्जिआसाहस्सीओ, तिण्णि सयसाहस्सिओ** आदि-आदि (कप्प० § १३४–१३७ ; § १६१ और उसके बाद की तुलना कीजिए ; विवाह० २८७) जब शतकों और सहस्रकों का ईकाई के साथ संयोग होता है तो इकाई आदि में लगा दी जाती है और एक समास सा बना दिया जाता है : **अट्ठसयं** = १०८ है (विवाह० ८३१ ; कप्प० ; ओव०); **अट्ठसहस्सं** = **१००८** (ओव०) । दहाइयाँ उनके बाद निम्नलिखित प्रकार से व्यक्त की जाती हैं : **तीसं च सहस्साइं दो॑ण्णिय अउणापण्णे जोयणसए** = ३०२४९ योजन है (विवाह० १५८) ; **सत्तरस एँक्कवीसे जोयणसए** = १७२१ योजन ; **चत्तारि तीसे जोयणसए** = ४३० योजन ; **दस बावीसे जोयणसए** = १०२२ योजन ; **चत्तारि चउव्वीसे जोयणसए** = ४२४ योजन; **सत्त तेवीसे जो०** = ७२३ यो०; **दस तिण्णि इगयाले जो०** = १३४१ यो० है; **दो॑ण्णि जोयणसहस्साइं दो॑ण्णि य छड़सीए जो०** = २२८६ यो० (विवाह० १९८ और १९९) ; **सीयालीसं जो० यणसहस्साइं दो॑ण्णि य बत्तीसुत्तरं जो०** = ३२३२ यो० है (विवाह० १९८) ; **बावण्णुत्तरं अडयालीसुत्तरं, चत्तालीसुत्तरं, अट्ठतीसुत्तरं, छत्तीसुत्तरं, अट्ठावीसुत्तरं जोयणसयसहस्सं** = १०००५२, १०००४८,१०००४४,१०००३८,१०००३६ और १०००२८ यो० है (जीवा० २४३) तथा **च** के साथ भी आते हैं जैसे, **छक्कोडिसए पणवण्णं च कोडीओ** = ६५५ कोटि (विवाह० २००) । ऊपर सर्वत्र कर्मकारक के रूप हैं। **१०००००** पल्लवदानपत्रों में **सतसहस्स** लिखा गया है (६, ११ ; ७, ४२ और ४८), अ०माग० में **एगं सयसहस्सं** बोला जाता है (सम० १६५) अथवा **इसे एगा सयसाहस्सी** भी कहते हैं (कप्प० § १३६) ; शौर० रूप **सुवण्णसदसाहस्सिओ** = **सुवर्णशतसाहस्रिक**: की तुलना कीजिए (मृच्छ० ५८, ४) ; अ०माग० और जै०महा० में **लक्खं** = **लक्षम्** है (कप्प० § १८७ ; कक्कुक शिलालेख १२ ; एर्त्से०), माग० में यह **लक्के** बन जाता है (ललित० ५६६, ११) ।—

१०००००० = अ०माग० में **दस सयसहस्साइं** है (सम० १६६), माग० में **दह** [यह दश के स्थान में अशुद्ध रूप है] **लश्काइं** मिलता है (ललित० ५६६, ११)। —**१००००००० = कोडी** (= **कोटिः**) है (सम० १६७ ; एर्त्से०) । इनसे भी ऊँचे सख्याशब्द अ०माग० में **कोडाकोडी, पलिओवमा, सागरोवमा, सागरोवमाकोडाकोडी** आदि-आदि हैं (कप्प० ; ओव० ; उवास० आदि-आदि) ।

§ ४४९—क्रमवाचक सख्याए, जिनके स्त्रीलिंग के रूप के अन्त में जब अन्य नोट न दिया गया हो तब **आ** आता है, निम्नलिखित हैं : **पढम, पुढम, पढुम, पुढुम** (§ १०४ और २२१) । अ०माग० में **पढमिल्ल** रूप भी आता है (विवाह० १०८ ; १७७ और ३८०) और **पढमिल्लग** रूप भी चलते हैं (नायाध० ६२४) प्रत्यय **-इल्ल** के साथ (§ ५९५), अप० में **पहिल** रूप है जो स्त्रीलिंग में **पहिली** रूप धारण करता है (क्रम० ५, ९९ ; प्रबन्ध० ६२,५ ; १५७, ३ [पाठ में **पइली** है], जैसा भारत की नवीन आर्य-भाषाओं में है (बीम्स,कम्पैरेटिव ग्रामर २,१४२; होएर्नले, कम्पैरेटिव ग्रामर § ११८ ; ४०० ; ४०१) । यह शब्द बीम्स के अनुसार न तो ***प्राथर** से निकाला जा सकता है और न ही होएर्नले के मतानुसार अ०माग० **पढमिल्ल** और ***पढइल** तक इसकी व्युत्पत्ति पहुँचायी जा सकती है किन्तु यह अपने रूप से बताता है कि कभी पहले इसका रूप ***प्रथिल** रहा होगा । — २ का महा० में **दुइय, बिइय, बीअ** और **बिइज्ज** रूप होते हैं ; जै०महा० में **दुइय** और अ०माग० तथा जै०महा० में **बिइय** तथा **बीय** रूप होते हैं ; अप० में **बीअ** है ; अ०माग० में **दुच्च, दोच्च** भी होते हैं ; शौर० और माग० में **दुदिय** रूप है तथा पद्य में **दुदीय** भी पाया जाता है (§ ८२ ; ९१ ; १६५ और ३००) । — ३ का महा० में **तइअ** रूप होता है, अ०माग० और जै०-महा० में **तइय** ; शौर० में **तदिय** और अ०माग० में **तच्च** रूप भी होता है ; अप० में **तीअ** और स्त्रीलिंग का रूप **तइज्जी** मिलता है (§ ८२ ; ९१ ; १६५ और ३००) । क्रमदीश्वर ने २, ३६ में **तिज्ज** रूप भी दिया है जो अ०माग० **अड्डाइज्ज** में देखने में आता है (§ ४५०)। —**४** का क्रमवाचक रूप महा०, अ०माग०, जै०महा० और अप० में **चउत्थ** है (हेच० १, १७१ ; २, ३३ ; हाल , रावण० ; सूय० ६०६ ; आयार० पेज १३२ और उसके बाद ; उवास० ; कप्प० ; एर्त्से० ; कालका० ; पिंगल १, १०५), हेमचन्द्र २, ३३ के अनुसार **चउट्ठ** भी होता है ; महा० में **चोत्थ** रूप भी है (§ १६६ ; हेच० १, १७१ ; हाल) ; शौर० और माग० में **चदुत्थ** काम में आता है (मृच्छ० ६९, २१ और २२ [इस नाटक में अन्यत्र अन्य रूपों की भी तुलना कीजिए]; माग० रूप : १६९, ७ ; पाठ में सर्वत्र **चउत्थ** है), दाक्षि० में **चउत्थ** है (मृच्छ० १००, ६), शौर० में **चदुट्ठ** भी पाया जाता है (शकु० ४४, ५) । महा० और जै० महा० में इसका स्त्रीलिंग का रूप **चउत्थी** और **चोत्थी** मिलते हैं (हेच० १, १७१ ; एर्त्से० भूमिका का पेज बयालीस), अ०माग० में **चउत्था** रूप है (आयार० पेज १३२ और उसके बाद) । **अद्धुट्ठ** में (= ३½ : § ४५०) एक ***तुट्ठ = *तूर्थ** (**तुर्य** और **तुरीय** की तुलना कीजिए) पाया जाता है । — ५ का सभी प्राकृत बोलियों में **पञ्चम** रूप बनता है (हाल ; कप्प० ; उवास० ; एर्त्से० : शौर० रूप : मृच्छ०

७०, ५ और ६; दाक्षि० रूप : मृच्छ० १००,७ ; अप० में : पिंगल १,५९)। स्त्रीलिंग के रूप के अन्त में **-ई** जोड़ा जाता है, अ०माग० में **-आ** आता है (आयार० पेज १३२ और उसके बाद)। — ६ का रूप सभी प्राकृत बोलियों में **छट्ठ** [यह रूप कुमाउनी बोली में वर्तमान है। —अनु०], स्त्रीलिंग के अन्त में **-ई** लगता है (वर० २, ४१ ; हेच० १, २६५ ; २, ७७ ; क्रम० २, ४६ ; हाल ; सूय० ६०६ और ६८६ ; विवाह० १६७ ; कप्प० ; उवास० ; ओव० ; एर्त्से० ; शौर० रूप : मृच्छ० ७०, २२ और २३ ; शकु० ४०,९ ; दाक्षि० में : मृच्छ० १००,७ और ८ ; अप० रूप : पिंगल १, ५०), अ०माग० में स्त्रीलिंग में **छट्ठा** भी आता है (आयार० २, १, ११, ९), इसका आधार इससे पहले आनेवाले संख्याशब्दों के रूप हैं। माग० रूप **सट्ट** (?) जो प्रबन्धचन्द्रोदय के २८, १६ में मिलता है और इस ग्रन्थ के पूना संस्करण ३१, ४ में आया है तथा जिसके स्थान में बंबइया संस्करण ७३, १ में **सट्ठ** दिया गया है और मद्रास के संस्करण ३६, १३ में केवल **सट्ट** छपा है, सुधार का **छट्ठ** पढ़ा जाना चाहिए। इसका एक महा० रूप शकुन्तला १२०, ७ में **पञ्चब्भहिअ = पञ्चाभ्यधिक** रूप द्वारा व्यक्त किया गया है। — ७ का क्रमवाचक रूप महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और अप० में **सत्तम** है (हाल ; उवास० ; कप्प० ; एर्त्से० ; मृच्छ० ७१, ११ और १२ ; पिंगल १,५९)। — ८ का अ०माग०, जै०महा०, शौर० और दाक्षि० में **अट्ठम** है (विवाह० १६७ ; उवास० ; ओव० ; कप्प० ; एर्त्से० ; मृच्छ० ७२, १ ; दाक्षि० में : मृच्छ० १००, ६)। — ९ का रूप अ०माग० और जै०महा० में **नवम** है (उवास० ; कप्प० ; एर्त्से०), दाक्षि० में **णवम** है (मृच्छ० १००,८)। — १० का महा०, अ०माग० और जै०महा० में **दसम** रूप है (रावण० ; विवाह० १६७ ; उवास० ; एर्त्से०), अ०माग० में स्त्रीलिंग का रूप **दस-** भी है (कप्प०)। ११-१९ तक अंकों के क्रमवाचक रूप क्रमशः अपने-अपने गणनावाचक शब्द में पुलिंग में **-म** और स्त्रीलिंग में **-मी** जोड़ने से बनते हैं। इनके उदाहरण इस समय तक केवल अ०माग० और जै०महा० में उपलब्ध हैं। इस भाँति : **११** का रूप अ०माग० में **एक्कारसम** है (सूय० ६९५ ; विवाह० १६७ ; उवास० ; कप्प०)। — **१२** अ०माग० और जै०महा० में **बारसम** रूप है (सूय० ६९९ ; विवाह० १६७ ; एर्त्से०), अ०माग० में **दुवालसम** रूप भी देखा जाता है (आयार० १, ८,४,७ ; सूय० ६९९ और ७५८)। — **१३** अ०माग० में **तेरसम** रूप बनता है (आयार० २, १५, १२; विवाह० १६७ ; सूय० ६९५ ; कप्प०)। — **१४** का **चउद्दसम** रूप है (सूय० ७५८) और **चोद्दसम** भी होता है (विवाह० १६७)। — **१५** का **पन्नरसम** है (विवाह० १६८)। — **१६** का क्रमवाचक **सोळसम** होता है (विवाह० १६७)। — **१८** अ०माग० में **अट्ठारसम** रूप बनाता है (विवाह० १६७ ; नायाध० १४५० और १४५१) और **अढारसम** भी होता है (विवाह० १४२९ ; नायाध० १४०४)। — **१९** का **एगूणवीसम** रूप है (नायाध० § ११) और **एगूणवीसइम** भी है (विवाह० १६०६)। **सोडसम** के विषय में (= १६ [**सोलहवाँ** । —अनु०]) § २६५ देखिए। — **२०** **वीसइम** अथवा **वीस** रूप होता है ; **३०** का **तीसइम**

और **तीस** है ; ४० का **चत्तालीसइम** है ; ४९ का **अउणापन्न** है ; ५५ का **पणपन्नइम** है (कप्प०) ; ७२ का **बावत्तर** रूप है ; ८० का **असीइम** है और ९७ का **सत्तानउय** है। यदि एक सख्याशब्द के आगे दूसरा अंक आता हो तो कभी दीर्घ और कभी ह्रस्व रूप काम में लाया जाता है जैसे, २३ जै०महा० में **तेवीसइम** है (तीर्थ० ४, २) ; २४ का अ०माग० में **चउवीसइम** रूप मिलता है (विवाह० १६७) और **चउवीस** भी होता है (ठाणंग० ३१) ; ८४ का **चउरासीइम** मिलता है, ८५ का **पञ्चासीइम** है (कप्प०)। वेबर, भगवती १, ४२६ की तुलना कीजिए। **कति** की रूपावली इस प्रकार से चलती है : अ०माग०, जै०महा० और अप० में **कइ** रूप आता है (विवाह० २८९ ; ३०१ ; ४१३ और उसके बाद ; ४१६ ; ८५५ ; ८७८ और उसके बाद ; एर्त्से० १७, २१ ; हेच० ४, ३७६,१ ; ४२०,३) ; करणकारक में अ०माग० में **कईहिं** रूप है (पण्णव० ६६२ ; विवाह० ७४ और ३३२) ; सम्बन्ध में **कइण्हं** चलता है ([कुमाउनी में **कईन** रूप है। —अनु०] ; हेच० ३,१२३) ; अधिकरण में अ०माग० और जै०महा० में **कइसु** है (पण्णव० ५२१ ; ५३० ; विवाह० ७३६ और उसके बाद ; १५३६ ; एर्त्से० ६६, १६)।

§ ४५०—½ को व्यक्त करने के लिए अ०माग० में **अद्ध** अथवा **अड्ढ** = **अर्ध** मिलता है, जैसा संस्कृत में होता है वैसा ही प्राकृत में डेढ, आढाई आदि बनाने के लिए पहले **अद्ध** या **अड्ढ** रूप उसके बाद जो सख्या बतानी होती है उससे ऊँचा गणना-अंक रखा जाता है (§ २९१) : **अड्ढाइज्ज**, **अड्ढ** + **तिज्ज**, ***तीज्ज**, **तिज्ज** से व्युत्पन्न होता है = **अर्धतृतीय** (§ ४४९ ; = २½ ; सम० १५७ ; जीवा० २६८ ; २७० ; ६६० ; ९१७ ; ९८२ ; नायाध० ३४७ ; पण्णव० ५१; ५५ ; ८१; ६११ और उसके बाद ; विवाह० १९९ ; २०२ ; ७३४ ; १७८६ ; नन्दी० १९८ और २००; कप्प०); **अद्धुट्ठ**, **अद्ध** + ***तूर्थ** से बना है = **अर्धचतुर्थ** (= ३½ ; कप्प०) ; **अद्धट्ठम** = **अर्धाष्टम** (= ७½ ; आयार० २, १५, ६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; कप्प० ; ओव०) ; **अद्धनवम** (= ८½ ; कप्प०) ; **अद्धछट्ठेहिं भिक्खासएहिं** (= ५५०), **अड्ढाइज्जाइं भिक्खासयाइं** (= २५०), **अड्ढुट्ठाइं भिक्खासयाइं** (= ३५०) और **अद्धपञ्चमाइं भिक्खासयाइं** (= ४५० : सम० १५६–१५८) ; **अद्धछट्ठाइं जोयणा** (= ५½ योजन ; जीवा० २३१) है। इनके विपरीत १½ अंक **दिवड्ढ** द्वारा व्यक्त किया जाता है (विवाह० १३७ और १११३ ; सम० १५७ ; जीवा० १४९ ; पण्णव० ६८५ और उसके बाद; ६९२; ६९८) जो न तो = **अध्यर्ध**[1] है और न जैसा इसके शब्दों का क्रम बताता है = **द्वितीय** + **अर्ध** है[2], किन्तु = **द्विकार्ध** है (§ २३०)। इस भाँति **दिवड्ढं -सयम्** रूप आया है (= १५० ; सम० १५७)।

१. वेबर, भगवती १, ३९८ ; ४०९ ; ४११ ; अर्नेस्ट कून, बाइत्रैगे, पेज ४१। —२. चाइल्डर्स के पाली कोश में यह शब्द देखिए ; बीम्स, कंपैरेटिव ग्रामर १, २३७ और उसके बाद ; ए० म्युलर, बाइत्रैगे, पेज ३४।

§ ४५१—१ × अ०माग० में **सइं** = **सकृत्** है (§ १८१), जै०महा० में **एकवारं** = **एकवारम्** है (कालका० २६६, २५ ; २७४, २१) और **ऍक्कसिं** रूप भी पाया जाता है (सगर ४, ४), यह रूप हेच० २, ६२ में **एक्कसि** और **एक्कसिअं** लिखा है और यह = **एकदा** के बताया है। शेष गुननेवाली संख्याओं के साथ अ०-माग० में **खुत्तो** = **कृत्वः** रूप लगता है (§ २०६) : **दुक्खुत्तो** और **दुक्खुत्तो** = **द्विकृत्वः** (ठाणंग० ३६४ ; आयार० २, १, १, ६) ; **तिखुत्तो** और **तिक्खुत्तो** = **त्रिकृत्वः** (ठाणंग० ५ ; ११ ; १७ ; ४१ ; ६० और ३६४ ; आयार० २,१, १, ६ ; २,१५, २० ; अंत० ५ ; ११ ; १७ ; ४१ ; ६० ; विवाह० १२ ; १५६; १६१ आदि-आदि ; उवास० ; कप्प०) ; **सत्तक्खुत्तो** और **सत्तखुत्तो** रूप भी मिलते हैं (नायाध० ९१० ; ९२५ और ९४१; जीवा० २६० और ६२१), **तिसत्तक्खुत्तो** = **त्रिसप्तकृत्वः** है (ओव० § १३६ ; विवाह० २३० [पाठ में **तिसत्तखुत्तो** है] ; ४११) ; **अणेगसयसहस्सक्खुत्तो** = **अनेकशतसहस्रकृत्वः** है (विवाह० १४५ और १२८५) ; **अणन्तखुत्तो** भी मिलता है (जीवा० ३०८ ; विवाह० १७७; ४१४ ; ४१६ ; ४१८) ; **पवइखुत्तो** = *__पवतिकृत्वः__ (कप्प०) है। महा० में इस शब्द का रूप **हुत्तं** है : **सअहुत्तं** और **सहस्सहुत्तं** रूप पाये जाते हैं (हेच० २, १५८ ; ध्वन्यालोक ५२, ६)। 'दो बार में' के लिए अ०माग० में **दोच्चं** और **दुच्चं** रूप आये हैं (आयार० २, १५, २१ ; विवाह० १६६ ; २३४ और २३५ ; ओव० § ८५ ; उवास०; कप्प०), 'तीन बार में' के लिए **तच्चं** रूप चलता है (विवाह० १६६; २३४ और २३५ ; उवास०)। '–प्रकार' बताने के लिए प्राकृत में संस्कृत की भाँति काम लिया जाता है, विशेषण में **–विह** = **–विध** से और क्रियाविशेषण मे **–हा** = **–धा** से : अ०माग० मे **दुविह**, **तिविह**, **चउव्विह**, **पञ्चविह**, **छव्विह**, **सत्तविह**, **अट्ठविह**, **नवविह** और **दसविह** रूप आये हैं (उत्तर० ८८५–९००), **दुवालसवि** भी मिलता है (जीवा० ४४ ; विवाह० १५९), **सोळसविह** देखने मे आता है (उत्तर० ९७१; ठाणंग० ५९३ [पाठ मे **सोळसविधा** है]), **अट्ठावीसविह** भी है (उत्तर० ८७७) और **बत्तीसइविह** पाया जाता है (विवाह० २३४) ; जै०महा० में **तिविह** मिलता है (कत्तिगे० ४०२, ३६०) आदि-आदि ; अ०माग० मे **दुहा**, **पञ्चहा** और **दसहा** मिलते हैं (उत्तर० १०४६ ; ८८९ ; ७०४), **दुहा**, **तिहा**, **चउहा**, **पञ्चहा**, **छहा**, **सत्तहा**, **अट्ठहा**, **नवहा**, **दसहा**, **संखेज्जहा**, **असंखेज्जहा** और **अणंतहा** रूप भी पाये जाते हैं (विवाह० ९९७–१०१२)। —अ०माग० और जै०महा० में **एगओ** है (विवाह० २७७ ; २८२ ; ९५० ; आव०एर्त्से० ४६, २४), यह = **एकतः** के, बार-बार काम में आनेवाला रूप **एगयओ** (विवाह० १३७–१४१; १८७; ५१० ; ५१३ ; ९७० ; ९८३ ; ९९६ और उसके बाद ; १४३० और १४३४) = *__एकतः__ है ; **दुहओ** के विषय में § ४३६ देखिए। — जैसा कि संस्कृत में चलता है वैसे ही अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में **दुग** (ठाणंग० ५६८ और ५६९ ; एर्त्से० ; कत्तिगे० ४०३, ३७१) और **दुय** मिलते हैं (उत्तर० ९०३) जो = **द्विक** है ; अ०माग० और जै०महा० में **तिय** = **त्रिक** भी पाया जाता है (उत्तर० ९०२ ;

पल्लें०) ; **छक्क = षट्क** (उत्तर० ९०४) आदि-आदि ; इसी प्रकार जै०महा० में **सहस्सओ = सहस्रशः** है (सगर ६, ५) ; शौर० में **अणेअसो** तथा अ०माग० मे **'णेगसो = अनेकशः** है (§ ४३५) ।

ई–क्रियाशब्द

§ ४५२—प्राकृत में संज्ञाशब्द तो घिसे ही हैं किन्तु क्रियाशब्द **इनसे भी अधिक** घिसकर बहुत अधिक अपभ्रष्ट हुए है । जैसा संज्ञाशब्दों के विषय में कहा जा चुका है (§ ३५५), ध्वनिपरिवर्तन के नियमों के कारण **अ–** वर्ग की ही धूम है जिसका फल यह है कि रूपावली की दूसरी सारणी अपेक्षाकृत कम अपवादों को छोड़ पहले के अनुकरण पर ही बनी है । इससे धातुओ के गण पुछ पुछाकर साफ हो गये है । आत्मनेपद का भी प्राकृत बोलियों मे अंश क्रिया (Participle) का रूप ही अधिक मिलता है ; अन्यथा इसका कुछ प्रयोग महा०, अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० में पाया जाता है किन्तु वह भी एकवचन और तृतीय (अन्य) पुरुषवाचक में साधारण वर्तमानकाल तक सीमित है, शौर० मे पूर्णतया और माग० में प्रायः बिना अपवाद के आत्मनेपद प्रथम (उत्तम) पुरुष सामान्य वर्तमान तक ही सीमित है । शौर० में जो उदाहरण पाये जाते हैं वे व्याकरणसम्मत बोली के उद्गार हैं (§ ४५७) । अनेक क्रियाशब्द जिनकी रूपावली संस्कृत में केवल आत्मनेपद मे चलती है, प्राकृत में उनमें परस्मैपद के समाप्तिसूचक रूप मिलते हैं, यही बात अधिकांश मे कर्तृवाच्य के विषय में भी कही जा सकती है । महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में अभी तक अपूर्णभूत का रूप **आसि** अथवा **आसी = आसीत्** रह गया है जो प्रथम, मध्यम और तृतीय पुरुष एकवचन और तृतीय बहुवचन मे काम में लाया जाता है ; अ०माग० मे **इसके** अतिरिक्त **अब्बवी** रूप भी चलता है (§ ५१५) । व्याकरण के नियमों (§ ५१६) और अ०माग० में सबल और **स्** –वाला भूत तथा आत्मनेपद के कुछ रूप बहुत काम में लाये गये हैं (§ ५१७), पूर्णभूत केवल अ०माग० में दिखाई देता है (५१८) ; हेतुहेतुमद्भूत एकदम उड़ गया है । ये सब काल अंशक्रियाओं में सहायक क्रियाएं **अस्** और **भू** जोड़कर बना लिये जाते हैं [यह परम्परा हिन्दी में भी चली आयी है, (मैं) खड़ा हुआ में **खड़ा = स्थित** और **हुआ = अभूत्** ; यहाँ पिशल का उद्देश्य प्राकृत की इस शैली से है ।—अनु०] अथवा कर्मवाच्य की अंशक्रिया से बनाये गये हैं । परस्मैपद, आत्मनेपद और कर्मवाच्य मे सामान्य भविष्यत् का रूप भी पाया जाता है जो क्रिया के साधारण रूप (Infinitive) से बने कृदन्त से बनाया जाता है । यह कर्मवाच्य मे भी होता है (§ ५८०), कृदन्त का रूप भी मिलता है, परस्मैपद में वर्तमानकालिक अंशक्रिया और आत्मनेपद मे भी यह रूप है तथा कर्मवाच्य मे भी, कर्मवाच्य मे पूर्णभूतकालिक अंशक्रिया भी मिलती है एवं कर्त्तव्यवाचक अंशक्रिया भी है, साधारण वर्तमानकाल के नाना प्रकार (Mood), इच्छावाचक (प्रार्थनावाचक भी) और आज्ञावाचक रूप पाये जाते हैं । नाना शब्दों से निकाली गयी क्रियाओं के रूपों मे संस्कृत की भाँति प्रेरणार्थक, इच्छार्थक, घनत्ववर्धक और बहु–

संल्यक अन्य रूप हैं। द्विवचन की जड़ ही उखाड़ दी गयी है। समाप्तिसूचक चिह्न, अप० को छोड़, अन्य सब प्राकृत बोलियों में साधारणतः संस्कृत से मिलते-जुलते ही हैं। जहाँ-जहाँ संस्कृत से भिन्नता आ गयी है उसका उल्लेख आगे आनेवाले § में किया गया है। प्राकृत की एक मुख्य विशेषता यह है कि अन्य सब कालों से वर्तमानकाल के मूलशब्दों का महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है, इनसे नामधातु (क्रियात्मक संज्ञा) और कर्मवाच्य के रूप बनाये जा सकते हैं। संज्ञा निकालने या बनाने के काम में भी इसका उपयोग है।

(अ) वर्तमानकाल

परस्मैपद का सामान्य रूप

§ ४५३—इस रूपावली में प्रथम गण **वट्ट-** = **वर्त-** की रूपावली का चित्र दिखाया गया है। संस्कृत में इसकी रूपावली केवल आत्मनेपद में चलती है :

	एकवचन	बहुवचन
१	**वट्टामि**	**वट्टामो**
२	**वट्टसि**	**वट्टह**, जै०शौर०, शौर०, माग० और ढकी में **वट्टध**, पै० औ चू०पै० **वट्टथ**, **वट्टन्ति**
३	**वट्टइ**, जै०शौर०, शौर०, माग० और ढकी में **वट्टदि** रूप है, चू०पै० और पै० में **वट्टति**	

अप० में साधारण रूपावली इस प्रकार है :

	एकवचन	बहुवचन
१	**वट्टउँ**	**वट्टहुँ**
२	**वट्टसि** और **वट्टहि**	**वट्टहु**
३	**वट्टइ**	**वट्टहिं**

§ ४५४—अप० को छोड़ प्राकृत की अन्य सभी बोलियों में सामान्य समाप्तिसूचक रूप **-आमि** के साथ साथ व्याकरणकार (वर० ७, ३० ; हेच० ३, १५४ ; मार्क० पन्ना ५१, सिंहराज० पन्ना ४७) **-अमि** भी बताते हैं : **जाणमि** = **जानामि**; **लिहमि** = **लिखामि** ; **सहमि** = **सहे**, **हसमि** = **हसामि** हैं। इसके उदाहरण अप० में भी मिलते हैं : **कड्ढमि** = **कर्षामि** (हेच० ४, ३८५); **पावमि** = ***प्रापामि** = **प्राप्नोमि** ; **भामभि** = **भ्रमामि** (विक्र० ७१, ७ और ८); **भणमि** = **भणामि** (पिंगल १, १५३) है। यहाँ स्वर द्वितीय और तृतीय पुरुष के रूप के अनुसार हो गया है। कुछ उदाहरणों में प्रथमपुरुष बहुवचन के अनुसार (§ ४५५) अ स्थान में **इ** आ गयी है : महा० में **जाणिमि** = **जानामि** (हाल ९०२) ; **अणुणिज्जिमि** = **अनुनीये** (हाल ९३०); अप० में **पुच्छिमि** = **पृच्छामि**, **करिमि** = ***करामि** = **करोमि** (विक्र० ६५, ३ ; ७१, ९) है। **-म्हि** और **-म्मि** में समाप्त होनेवाले

रूप जो कभी-कभी हस्तलिपियों और छपे संस्करणों में मिलते हैं[1] अशुद्ध हैं[2] जैसे, **णिवेदेमि** के स्थान में **णिवेदेम्हि** (नाग० २०, ३ ; २०, १० की तुलना कीजिए), **पसादेमि** के स्थान में **पसादेम्हि** आया है (नाग० ४४, ८) और **गच्छामि** के स्थान में **गच्छम्हि** और **गच्छाम्हि** रूप आये हैं (मालवि० ५, ५; वृषभ० २०, १७)। — अप० में रूप के अन्त में **-अउँ** लगता है : **कड्ढउँ = कर्षामि** है (हेच० ४, ३८५), **किज्जउँ = क्रिये**, यहां इसका अर्थ **करिष्यामि** है (हेच० ४, ३८५, ४४५, ३) ; **जाणउँ = जाणामि** है (हेच० ४, ३९१ ; ४३९, ४ [**जाणउँ** कुमाउनी बोली में **जाणुँ** हो गया है ।—अनु०]); **जोइज्जउँ = विलोक्ये, देक्खउँ = द्रक्षामि** [कुमाउनी में **देखुं** रूप है जिनमें **द्रक्षामि** का अर्थ निहित है । — अनु०] ; **झिज्जउँ = क्षीये** है (हेच० ४, ३५६ ; ३५७,४ ; ४२५) ; **पावउँ = प्राप्नोमि** है [कुमाउनी रूप **पुँ** है । —अनु०]; **पकावउँ = *पकापयामि = पचामि, जीवउँ = जीवामि, चजउँ** (पाठ में **तजउ** है) = **त्यजामि** है (पिंगल १, १०४ अ ; २, ६४) ; **पिआवउँ** (पाठ में **पियावउ** है) = ***पिबापयामि = पाययामि** है [कुमाउनी रूप **पियूं** है । —अनु०] (प्रबन्ध० ७०, ११ और १३) । अप० के ध्वनिनियमों के अनुसार **जाणउँ** रूप केवल ***जानकम्** से उत्पन्न हो सकता है (§ ३५२) । ***जानकम्** के साथ व्याकरणकारों द्वारा दिये गये उन रूपों की तुलना की जानी चाहिए जिनके भीतर **अक्** आता है जैसे, **पचतकि,जल्पतकि, स्वपितकि, पठतकि, अद्दकि** और **एहकि** हैं, इनके साथ ऑफ्रेष्ट ने **कौषीतकि** ब्राह्मण २७, १ में **यामकि = यामि** ढूँढ निकाला है[3] जो प्रथमपुरुष एकवचन का रूप है । यहाँ यह बात स्वीकार करनी होगी कि जैसे भविष्यत्काल में (§ ५२०), मुख्यकाल-वाचक रूप के समाप्तिसूचक चिह्न के स्थान में सहायककाल वाचक समाप्तिसूचक चिह्न आ गया है[4] ।

१. मालविकाग्निमित्र, पेज ३१ में बॉल्लें नसेन की टीका ; हाल ४१७ पर वेबर की टीका । — २. ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचन्द्र, पेज ४७ । उत्तरज्झयणसुत्त ७९० में अ०माग० रूप अणुसासंमि जो *अनुशासामि = अनुशास्मि के स्थान में आया है, कठिनता से ही शुद्ध माना जा सकता है । — ३. त्सा० डे०डॉ०मॉ०गे० ३४, १७५ और उसके बाद । — ४. हॉएर्नले, कंपैरेटिव ग्रामर § ४९७ में इस रूप में आज्ञावाचक का समाप्तिसूचक चिह्न देखता है ।

§ ४५५—द्वितीयपुरुष वर्तमानकाल में अप० में समाप्तिसूचक चिह्न **-सि** के साथ साथ **-हि** भी चलता है (§ २६४) : **मरहि = *मरसि = म्रियसे, रुअहि** = वैदिक **रुवसि = रोदिषि, लहहि = लभसे, विसूरहि = खिद्यसे** और **णीसरहि = निःसरसि** है (हेच० ४, ३६८ ; ३८३, १ ; ४२२, २ ; ४३९, ४) । माग० में स्वभावतः समाप्तिसूचक चिह्न **-शि** है : **याशि, धावशि, पलाअशि, मलीहिदि** और **गश्चशि** रूप मिलते हैं (मृच्छ० ९, २३ और २४ ; १०, ३) । — तृतीय (= अन्य) पुरुष वर्तमानकाल में अ०माग० और अप० के पद्य में **-अइ** का **-ए** बन जाता है (§ १६६) ; शौर०, माग० और ढक्की में समाप्तिसूचक चिह्न **-दि** है, पै० और चू०

पै० में **-ति** : महा०, अ०माग० और जै०महा० में **वट्टइ** है किन्तु जै०शौर० और शौर० में **वट्टदि** मिलता है (§ २८९) ; महा० में **वड्ढइ** = **वर्धते** है किन्तु शौर० में **वड्ढदि** आता है (§ २९१) ; माग० में **चिलाअदि** = **चिरायति** है (शकु० ११५, ९) ; ढक्की में **वज्जदि** = **व्रजति** है (मृच्छ० ३०, १०) ; पै० में **लपत्ति** और **गच्छति** रूप मिलते हैं (हेच० ४, ३१९) । — अ० को छोड़ सभी प्राकृत बोलियाँ प्रथमपुरुष बहुवचन वर्तमानकाल के रूप के अन्त में **-मो** आता है, पद्य में **-मु** तथा **-म** भी जोड़ा जाता है जो वर्तमानकाल का सहायक चिह्न है (वर० ७, ४ ; हेच० ३, १४४ ; १६७ ; क्रम० ४, ७ ; मार्क० पन्ना ५१) : **हसामो, हसामु** और **हसाम** रूप हैं। पल्लवदानपत्र ५, ७ के **वितराम** रूप महाभविष्यत्काल के रूप **दच्छाम** = **द्रच्छामः** (रावण० ३, ५०) और **म्ह** = **स्मः** (§ ४९८) को छोड़, **-म** अभी तक केवल रूपांतर ही प्रमाणित हो सका है' तथा यह रूप गद्य के लिए शुद्ध नहीं है। महा० में **लज्जामो, वच्चामो** और **रमामो** रूप पाये जाते हैं (हाल २६७ ; ५९० ; ८८८), **कामेमो** = **कामयामः** है (हाल ४१७), कर्मवाच्य में **मुसिज्जामो** = **मुष्यामहे** है (हाल ३३५) ; अ०माग० में **वड्ढामो** = **वर्धामहे** है (कप्प० § १९ और १०६), **जीवामो** आया है (नायाध० § १३७), **आविद्धामो** = **आनिघ्नामः** है (सूय० ७३४), **इच्छामु** रूप भी देखा जाता है (उत्तर० ३७६), **उवणेमो** = **उपनयामः** और **आहारेमो** = **आहारयामः** है (सूय० ७३४), **अच्चेमु** और इसके साथ साथ **अच्चिमो** = **अर्चयामः** और **अर्चामः** है (उत्तर० ३६८ और ३६९), भविष्यतकाल में **दाहामु** = **दास्यामः** है (उत्तर० ३५५ और ३५८), भूतकाल में भी **वुच्छामु** = **अवात्स्म** (उत्तर० ४१०) है ; जै०महा० में **ताळेमो** = **ताडयामः** है (द्वार० ४९७, १), **पेच्छामो** = **प्रेक्षामहे** (आव०एर्त्से० ३३, १५) और **वच्चामो** = **व्रजामः** (कालका० २६३, १६ ; २७२, १८) है, **पज्जोसवेमो** रूप भी मिलता है (कालका० २७१, ७) ; शौर० में **पविसामो** = **प्रविशामः** (शकु० ९२, १), **जाणामो** = **जानीमः** (§ ५१०), **सुमरामो** = **स्मरामः** (मालती० ११३, ९), **उवचरामो** = **उपचरामः** (मालती० २३२,२ ; पाठ में **तुवराम** है ; इस ग्रन्थ में ही पाये जानेवाले दूसरे और १८६६ के कलकतिया सस्करण के पेज ९१, १७ में छपे रूप की तुलना कीजिए), **वड्ढामो** = **वर्धामहे** (मल्लिका० १५३, १० ; महावीर० १७, ११ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; बंबइया सस्करण ३८, ३ की तुलना कीजिए]), **चिन्तेमो** = **चिन्तयामः** (महावीर० १३४, ११), **वन्दामो** = **वन्दामहे** और **उवहरामो** = **उपहरामः** है (पार्वती० २७, ११ ; २९, १३) ; दाक्षि० में **वोल्लामो** रूप मिलता है (मृच्छ० १०५, १६)। शब्द के अन्त में **-म्ह** लग कर बननेवाला रूप जो कभी-कभी पाठ में पाया जाता है जैसे, **चिट्ठम्ह** (रत्ना० ३१५, १), **विण्णवे॑म्ह, संपादे॑म्ह, पारे॑म्ह** और **करे॑म्ह** (शकु० २७,७ ; ५३,५; ७६, १० ; ८०, ५) अशुद्ध है। यह आज्ञावाचक क्रिया से सम्बन्ध रखता है (§ ४७०) । महा० और जै०महा० में तथा अ०माग० के पद्य में ध्वनिबलयुक्त अक्षर के पश्चात् आनेवाले वर्ण में **आ** बहुधा **इ** हो गया है। फल यह हुआ कि समाप्तिसूचक

चिह्न **–इमो** बन गया है (§ १०८) : महा० में **जम्पिमो = जल्पामः** (हाल ६५१); महा० और जै०महा० में **णमिमो = नमामः** (गउड० ३५ और ९६९ ; कालका० २७७, ३०) ; महा० और जै०महा० में **भणिमो = भणामः** (हेच० ३, १५५ ; हाल ; प्रबन्ध० १००,८ ; कालका० २६६,१४), इसके साथ साथ **भणामो** भी चलता है (हाल) ; महा० और अ०माग० में **वन्दिमो = वन्दामहे** (हाल ६५९ ; नन्दी० ८१) है ; **पचिमो = पचामः** है (मार्क० पन्ना ५१); महा० में **सविमो = शपामः** है (गउड० २४०); महा० में **सहिमो = सहामहे** है, जो रूप **विसहिमो** में मिलता है (हाल ३७६) और **हसिमो = हसामः** है (भाम० ७, ३१) । इसी प्रकार महा० में **गमिमो = *गमामः** है (हाल ८९२), **जाणिमो, ण आणिमो = *जानामः, न *जानामः** (हाल), **भरिमो = *भरामः** और **संभरिमो** भी मिलता है (= अपने को स्मरण दिलाना; हाल में **स्मर्** शब्द देखिए; गउड० २१९), **आलक्खिमो = आलक्षामहे** है (गउड० १८८) तथा इनका उदाहरण पकड़ कर : **पुच्छिमो = पृच्छामः** (हाल ४५३), **लिहिमो = लिखामः** (हाल २४४) और **सुणिमो = शृणामः** है (हाल ५१८ ; बाल० १०१, ५ में यह शौर० में आया है जो अशुद्ध है)। व्याकरणकार (वर० ७, ४ और ३१ ; हेच० ३, १५५ ; मार्क० पन्ना ५१ ; सिंह-राज० पन्ना ४७) ऐसे रूप भी बताते है जिनके अन्त में **–अँमु, –अँम, इमु–, इम–** लगते हैं : **पढमु, पढम, पचिमु, भणमु, भणम, भणिमु, भणिम, सहमु, सहम, सहिमु, सहिम, हसमु, हसम, हसिमु** और **हसिम** । — अप० में साधारण समाप्तिसूचक चिह्न **–हुँ** है : **लहहुँ = लभामहे, चडाहुँ = आरोहामः** और **मराहुँ = म्रियामहे** है (हेच० ४, ३८६ ; ४३९, १) । यही समाप्तिसूचक चिह्न **अ–** वर्ग के संज्ञाशब्द के अपादानकारक बहुवचन के अन्त में भी लगता है, इस स्थिति में इसकी व्युत्पत्ति **भ्याम्** तक जाती है (§ ३६९) । इस क्रिया के मूल का रूप पूर्ण अन्धकार में है[१] । इन रूपों के साथ **लहिमु** भी पाया जाता है (हेच० ४, ३८६) ।

१. विशेषतः शौर० में जैसे प्रबोधचन्द्रोदय ६८, ८ में **वट्टाम** रूप है, जिसके स्थान में पूना के संस्करण पेज ६९ अ **वसंम** छापा गया है, मद्रास के संस्करण पेज ८४, १५ में **वसम्ह** आया है और बंबइया संस्करण १३७, ७ में **अहिवट्टह्मो** पाया जाता है । हमें इसका संशोधन करके **वट्टामो** अथवा **वसामो** पढ़ना चाहिए, **विरएम = विरचयामः** है, जो बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकुन्तला ४९, १७ ; **तुवराम** मालतीमाधव २३२, २ आदि-आदि । — २. अपने ग्रन्थ कंपैरेटिव ग्रामर § ४९७, पेज ३३५ में हार्नले का स्पष्टीकरण असम्भव है ।

§ ४५५—महा०, अ०माग० और जै०महा० में द्वितीय (= प्रचलित मध्यम) पुरुष बहुवचन के अन्त में समाप्तिसूचक चिह्न **ह** लगता है, शौर०, माग० और आव० में **–ध**, अप० में **–हु** अथवा **–ह** आता है : **रमह, पढह, हसह** (वर० ७, ४); **हसह, वेवह** (हेच० ३, १४३) ; **पचह, संकह** (क्रम० ४, ६) ; **होह** (मार्क० पन्ना ५१) रूप मिलते हैं ; महा० में **ण आणह = न जानीथ** और **दे`च्छिहह = द्रक्ष्यथ** (रावण० ३, १३ और २३) है, **तरह** (= तुम कर सकते : हाल ८९७) ; जै०महा०

में **जाणह** आया है (कालका० २७३, ४४), **कुप्पह** = **कुप्यथ** है और **पयच्छह** भी पाया जाता है (एत्सें० १०, २० ; १५, ३६) ; अ०माग में **आइक्खह**, **भासह** और **पण्णवेह** रूप मिलते हैं (आयार० १, ४, २, ४), **भुञ्जह** आया है (सूय० १९४); **वयह** = **वदथ** है (कप्प० ; ओव० ; उवास० ; नायाध०), **आढाह**, **परियाणह**, **अघायह**, **उवणिमन्तेह** रूप भी पाये जाते हैं (नायाध० § ८३); शौर० में **पेक्खध** = **प्रेक्षध्वे** (मृच्छ० ४०,२५ ; शकु० १४,८) और **णेध** = **नयथ** है (मृच्छ० १६१, ९)[1]; माग० में **पेस्कध** देखा जाता है (मृच्छ० १५७,१३ ; १५८, २ ; १६२,६), **पत्तिआअध** = **प्रत्ययध्वे** (मृच्छ० १६५, ९) ; आव० में **अच्छध** रूप आया है (मृच्छ० ९९,१६) ; अप० में **पुच्छह** और **पुच्छहु** रूप मिलते हैं (हेच० ४,३६४ ; ४२२, ९) ; **इच्छहु** और **इच्छह** भी पाये जाते हैं (हेच० ४, ३८४) तथा **पअम्पह** = **प्रजल्पथ** है (हेच० ४, ४२२, ९) । बहुत सम्भव यह है कि सर्वत्र **-हु** पढ़ा जाना चाहिए । समाप्तिसूचक चिह्न **-इत्था** के विषय में § ५१७ देखिए । — सभी प्राकृत बोलियों में तृतीयपुरुष बहुवचन के अन्त में **-न्ति** लगाया जाता है । महा० में **मुअन्ति** = ***मुचन्ति**, **रुअन्ति** = **रुदन्ति** और **हों न्ति** = **भवन्ति** हैं (हाल १४७) ; जै०महा० में **भवन्ति** रूप मिलता है और **दें न्ति** = **दयन्ते** है (एर्से० ३, १४ और १५); अ०माग० में **चयन्ति** = **त्यजन्ति**, **थनन्ति** = **स्तनन्ति** और **लभन्ति** = **लभन्ते** हैं (आयार० १, ६, १, २) ; शौर० में **गच्छन्ति**, **प्रसीदन्ति** और **संचरन्ति** रूप पाये जाते हैं (मृच्छ० ८, ४ ; ९, १ और ११) ; माग० में **अण्णेशन्ति** = **अन्वेषन्ति** और **पियन्ति** = **पिबन्ति** हैं (मृच्छ० २९, २३; ११३, २१); चू०पै० में **उच्छल्लन्ति** और **निपतन्ति** रूप आये हैं (हेच० ४, ३२६) ; अप० में **विहसंति** = **विकसन्ति** तथा **करन्ति** = **कुर्वन्ति** हैं (हेच० ४,३६५ ;४४५, ४)। तथापि अप० में साधारण समाप्तिसूचक चिह्न **हिँ** है जिसकी व्युत्पत्ति अन्धकार में है[2] : **मउलिअहिँ** = **मुकुलयन्ति**, **अणुहरहिँ** = **अनुहरन्ति**, **लहहिँ** = **लभन्ते**, **णवहिँ** = **नमन्ति**, **गज्जहिँ** = **गर्जन्ते**, **धरहिं** = **धरन्ति**, **करहिँ** = **कुर्वन्ति**, **सहहिँ** = **शोभन्ते** हैं, आदि-आदि (हेच० ४, ३६५, १ ; ३६७, ४ और ५ ; ३८२) । कर्मवाच्य में : **घेप्पहिँ** = **गृह्यन्ते** (एर्से० १५८, १४) । यही समाप्तिसूचक चिह्न अ०माग० **अच्छहिं** = **तिष्ठन्ति** में पाया जाता है (उत्तर० ६६७)[3] । यह रूप पद्य में आया है तथा गद्य में **आढाइं** और **परिजाणाहिं** भी मिलते हैं (विवाग० २१७ ; § २२३ ; ५०० और ५१० की तुलना कीजिए) ।

1. हेमचन्द्र ४, २६८ और ३०२ के अनुसार शौर० और माग० में -ह भी आ सकता है । इस विषय में किन्तु पिशल, कू०बाइ० ८, १३४ तथा उसके बाद देखिए । — २. होएर्नले, कम्पैरेटिव ग्रामर § ४९७, पेज ३३७ में इसका स्पष्टीकरण असम्भव है । — ३. याकोबी, सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट सिरीज ४५, ११९, नोटसंख्या २ के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए । इस संस्करण में पाठ और टीका में अत्थियहिं पाठ है, टीकाकार ने दिया है अइत्थयहि (?) इति तिष्ठन्ति । § ४६१ में अस्साधि की तुलना कीजिए ।

(२) आत्मनेपद का वर्तमानकाल

§ ४५७—रूपावली इस प्रकार है :

एकवचन	बहुवचन
१ **वट्टे**	नहीं है।
२ **वट्टसे**	नहीं है।
३ **वट्टए**, जै०शौर० में **वट्टदे**	**वट्टन्ते**

वररुचि ७, १ ; २ और ५ ; हेमचन्द्र ३, १३९ : १४० और १४५ ; ४, २७४ ; ३०२ और ३१९ ; क्रमदीश्वर ४, २ और ३ ; मार्कंडेय पन्ना ५० की तुलना कीजिए। वररुचि और हेमचन्द्र स्पष्ट बताते हैं कि समाप्तिसूचक चिह्न **-से** और **ए** केवल **अ-** गण के काम में आते है, इसका उल्लेख मार्कंडेय भी करता है। हेमचन्द्र ४, २७४ के अनुसार शौर० में और ४, ३०४ के अनुसार माग० में भी **अ-** गण में **-दे = -ते** समाप्तिसूचक चिह्न भी चलता है, किन्तु उत्तम पाठों में भी इस नियम की पुष्टि नहीं की गयी है। यहाँ तक कि स्वयं हेमचन्द्र ने वेणीसंहार ३५, १७ और ३६, ३ से माग० के जो उदाहरण दिये हैं, उसकी सभी हस्तलिपियाँ और पाठ **शुणीअदे** = **श्रूयते** के स्थान में **शुणीअदि** देते हैं [भण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट के दूसरे संस्करण में जो अनुवादक के पास है ४, ३०२ पेज ५८०, १ में **अतो देश्च** (४, २७४) 'अले कि एशे महन्दे कलयले सुणीअदे' दिया गया है। इससे पता चलता है किसी हस्तलिपि में यह रूप भी मिलता है। **अतो देश्च** में भी इस संस्करण में भी **अच्छदे**'', **गच्छदे**''', **रमदे**''', **किज्जदे**' उदाहरण दिये गये हैं। —अनु०]। इसमें सन्देह नहीं कि अन्य स्थानों की भाँति (§ २१) यहाँ भी शौर० में हेमचन्द्र का अर्थ जै० शौर० से है। वररुचि १२, २७ और मार्कंडेय पन्ना ७० में शौर० और माग० में आत्मनेपद का प्रयोग एकदम निषिद्ध करते हैं। फिर भी पद्य में इसके कुछ प्रयोग मिलते हैं और कहीं कहीं शब्दों में बल और प्रधानता देने के लिए भी आत्मनेपद काम में लाया गया है। प्राकृत की नाना बोलियों से निम्नलिखित उदाहरण दिये गये हैं : महा० में **जाणे** आया है (हाल ९०२), **ण आणे** भी है (रावण० ३, ४४ ; शकु० ५५, १५), **जाणे** शौर० में बार-बार मिलता है (शकु० १३१, ९ ; मालती० ६६, ८ ; ललित० ५६४, ४ , अनर्घ० ६६, ५ ; उत्तररा० २२, १३ ; ६४, ७ ; विद्ध० ६७, १ ; ९६, १) और **ण आणे** है जो ग्रन्थ में आये हुए इस रूप के अनुसार ही सर्वत्र जहाँ जहाँ पाठ में कभी-कभी **ण जाणे** आया है, पढ़ा जाना चाहिए (शकु० ७०, ११ ; १२३, १४ , विक्र० २५, ५ ; मालवि० ३०, ८ ; ३४, ९ ; वेणी० ५९, ५) ; अ०माग० में भी यह रूप मिलता है (उत्तर० ५१२) ; महा० में **मण्णे** = **मन्ये** है (गउड० ; हाल ; रावण०), यह रूप शौर० में भी आया है (मृच्छ० २२, १३ ; मल्लिका० ५६, १ ; ६०, ७ ; ७४, २२ ; ८०, १५ ; ८३, ५ ; अनर्घ० ६१, ३ ; ६६, १० ; विद्ध० २०, ६) और **अणुमण्णे** भी देखा जाता है (शकु० ५९, ११) तथा अ०माग० में **मन्ने** रूप है (उत्तर० ५७१) और महा० में प्रथम गण के अनुसार

भणे रूप भी होता है (हाल ; रावण० ; हेच० २, २०७)। क्रियाविशेषण रूप से काम में लाया जानेवाला रूप **बणे** (हेच० २, २०६) भी ऐसा ही है, आदि में यह प्रथमपुरुष एकवचन आत्मनेपद का रूप था और = **भणे** रहा होगा (§ २५१) अथवा = **बने** भी हो सकता है (धातुपाठ की तुलना कीजिए, जिसका उल्लेख बोएटलिंक और रोट के संस्कृत-जर्मन कोश में 'व' **वन्** के साथ किया गया है)। एस० गौल्दश्मित्त ने इस रूप को हेच० के अनुसार ठीक किया है (रावण० १४, ४३; त्सा० डे० डौ० मौ० गे० ३२, १०३)। वर० ९, १२ में **बले** दिया गया है [इसका रूप कुमाउनी में **बलि** और **बली** बन गया है, जो एक विस्मयादिबोधक शब्द के काम में आता है। यह शब्द प्राकृत में भी प्रायः इसी रूप में देखा जाता है। —अनु०]। अ०माग० में **रमे** आया है (उत्तर० ४४५; शौर० में **लहे** = **लभे** है (विक्र० ४२,७)। **इच्छे** रूप भी मिलता है (मृच्छ० २४, २१ ; २५, १०); माग० में **वाए** = **वामि** और **वादयामि** है तथा **गाए** = **गायामि** है (मृच्छ० ७९, १२ और १३)। —
(२) महा० में **मग्गसे**, **जाणसे**, **विज्झसे**, **लज्जसे** और **जम्पसे** मिलते हैं (हाल ६; १८१ ; ४४१ ; ६३४ ; ९४३), **सोहसे** भी पाया जाता है (गउड० ३१६) ; अ०माग० में **पब्भाससे** = **प्रभाषसे**, **अवबुज्झसे** = **अवबुध्यसे** है (उत्तर० ३५८ और ५०३) ; अ०माग० में **इच्छसे** = **इच्छसे** भी आया है (मृच्छ० १२३, ५) ; पै० में **पयच्छसे** = **प्रयच्छसे** (हेच० ४, ३२३)। — (३) महा० में **तणुआ-अए**, **पडिच्छए**, **वच्चए**, **पेच्छए**, **दावए**, **णिअच्छए**, **पलम्बए**, **अन्दोलए**, **लग्गए**, **परिसक्कए** और **विकुप्पए** रूप मिलते हैं (हाल ५९ ; ७०१ ; १४० ; १६९ ; ३९७ ; ४८९ ; ४०७ ; ५८२ ; ८५५ ; ९५१ ; ९६७), कर्मवाच्य में **तीरए** = **तीर्यते** है (हाल १९५; ८०१; ९३२), **जुज्जए** = **युज्यते**, **झिज्जए** = **क्षीयते**, **णिव्वारिज्जए** = **निर्वृयते** और **खिज्जये** = **क्षीयते** हैं (हाल १२ ; १४१ ; २०४ ; ३६२) ; जै०महा० में **भुञ्जए** = **भुंक्ते** और **निरिक्खए** = **निरीक्षते** मिलते हैं (एर्से० २५, ३० ; ७०, ७) ; **चिन्तए** रूप भी आया है (आव०एर्से० ३६, २५ ; एर्से० ७०, ३५ ; ७४, १७) ; **चिट्ठए** = **तिष्ठते** है और **विउव्वए** = ***विकुर्वते** = **विकुरुते** है (आव०एर्से० ३६, २६ और २७) ; कर्मवाच्य में **मुच्चए** = **मुच्यते** है (एर्से० ७१ ; ७) ; **तीरए** = **तीर्यते** और **डज्झए** = **दह्यते** है (द्वार० ४९८, २१ और २२) ; अ०माग० में **लहए**, **कीळए** और **भञ्जए** रूप मिलते हैं (उत्तर० ४३८ ; ५७० ; ७८९) **तितिक्खए** = **तितिक्षते** है और **संपवेवए** = **संप्रवेपते** है (आयार० २, १६, ३) ; जै०शौर० में **मण्णदे** = **मन्यते**, **बन्धदे** = **बध्नीते**, **जयदे** = **जयते**, **भासदे** = **भाषते**, **भुञ्जदे** = **भुंक्ते** और **कुव्वदे** = ***कुर्वते** = **कुरुते** हैं (कत्तिगे० ३९९, ३१४ ; ४०० , ३२७ ; ३३२ और ३३३; ४०३ , ३८२ और ३८४ ; ४०४, ३९०) ; कर्मवाच्य में : **आदीयदे** रूप मिलता है (पव० ३८४, ६०), ६० **थुव्वदे** = **स्तूयते**, **जुज्जदे** = **जुज्यते** और **सक्कदे** = **शक्यते** हैं (कत्तिगे० ४०१, ३५१ ; ४०३, ३८० ; ४०४, ३८७) ; दाक्षि० में **जाअए** = **जायते** है और **वट्टए** = **वर्तते** पाया जाता है (मृच्छ० १००, ३ और ६)। हेच०

४, २७४ में शौर० में अच्छदे, गच्छदे और रमदे रूप देता है तथा ४, ३१९ में पै० रूप लपते, अच्छते, गच्छते और रमते देता है, शौर० में कर्मवाच्य के लिए कअदे = क्रियते दिया गया है (४, २७४), पै० में गिय्यते, तिय्यते [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए], रमिय्यते और पढिय्यते रूप दिये गये हैं (४, ३१५); ४, ३१६ में कीरते = क्रियते है। — प्रथमपुरुष बहुवचन में कभी-कभी कामम्हे = कामयामेह जैसे रूप पाये जाते हैं जो अच्छी हस्तलिपियों से पुष्ट नहीं होतीं (हाल ४१७ पर वेबर की टीका)। —तृतीयपुरुष बहुवचन में महा० में गज्जन्ते = गर्जन्ते है (हेच० १, १८७ [अनुवाद देखिए]; ३, १४२), बीहन्ते = *भीयन्ते है और उप्पज्जन्ते = उत्पद्यन्ते है (हेच० ३,१४२), उच्छाहन्ते = उत्साहयन्ते (हाल ६३८); अ०माग० में उवलभन्ते रूप मिलता है (सूय० ७५५), रीयन्ते भी आया है (आयार० १, ८, २, १६; दस० ६१३,१२), चिट्ठन्ते = तिष्ठन्ते है (आयार० १, ८, ४, १०)। अ०माग० के सभी उदाहरण और जै०महा० के उदाहरण बहुत अधिक अंश में पद्य से लिये गये हैं।

§ ४५८—समाप्तिसूचक चिह्न –न्ते के साथ-साथ प्राकृत में वैदिक संस्कृत और पाली[1] के समान समाप्तिसूचक चिह्न इरे भी पाया जाता है : पहुप्पिरे = *प्रभुप्यिरे (§ २६८) है जो वाक्यांश दोँण्णि वि न पहुप्पिरे बाहू = द्वाव अपि न प्रभवतो बाहू में आया है; विच्छुहिरे = *विक्षुभिरे है (हेच० ३,१४२); हसइरे, हसइरे और हसिरे = हसन्ते है; सहेइरे, सहइरे और सहिरे = सहन्ते है और हुपइरे, हुअइरे, हुइरे, होपइरे, होअइरे तथा होइरे = भवन्ते है (सिंहराज० पन्ना ४६ और ४७)। सिंहराज० पन्ना ४९ में इन समाप्तिसूचक चिह्नों का प्रयोग धातु के ऐच्छिक रूप के लिए भी बताता है : हुज्जइरे, हुज्जाइरे, हुपेँज्जइरे और हुपेँज्जाइरे = भवेरन् है और पन्ना ५१ में भविष्यत्काल के लिए भी इनका प्रयोग बताता है : हसेहिइरे और हसिहिइरे = हसिष्यन्ते हैं। हेमचंद्र ३, १४२ में बताता है कि तृतीयपुरुष एकवचन में भी –इरे काम में लाया जाता है : सूसइरे गामचिक्खल्लो = शुष्यति ग्रामचिखल्लः। यही नियम त्रिविक्रम २, २, ४ में बताता है और उसने उदाहरण दिया है : सूसइरे ताण तारिसो कण्ठो = शुष्यति तासां तादृशः कण्ठः।

१. ए०कून, बाइत्रैगे, पेज ९४; म्युलर, सिम्प्लिफाइड ग्रामर, पेज ९७; विण्डिश, इयूबर डी फैबलिफ्रॉर्मेन मित डेम काराक्टेर र् इम आरिशन, इटालिशन उण्ट कॅल्टिशन। लाइपत्सिख १८८७, जिसमें इस विषय पर अन्य साहित्य का भी उल्लेख है।

(३) ऐच्छिक रूप

§ ४५९—अ०माग० और जै०महा० में ऐच्छिक रूप असाधारण रूप से बार-बार आया है, महा० में यह बहुत कम पाया जाता है और प्राकृत की अन्य बोलियों में कहीं-कहीं, इक्के-दुक्के देखने में आता है। इसकी रूपावली दो प्रकार से चलती है।

महा०, अ०माग० और जै०महा० में साधारण रूपावली चलती है, पै० में भी यही आती है, माग० और अप० में कभी-कभी देखी जाती है :

एकवचन	बहुवचन
१ वट्टेँआ, वट्टेँअ, वट्टेँआमि	वट्टेँआम
२ वट्टेँआसि, वट्टेँअसि, वट्टेँआहि, वट्टेँअहि; वट्टेँआसु वट्टेँअसु, वट्टेँआ	वट्टेँआह, वट्टेज्जह
३ वट्टेँआ, वट्टेँअ [वट्टेँअइ]	वट्टेँआ, वट्टेँज्ज

इसके साथ साथ इन बोलियों में अर्थात् अ०माग० और जै०महा० में, विशेषतः पद्य में, जै०शौर० में प्रायः सदा, शौर० में बिना अपवाद के तथा माग० और अप० में इसके टुकड़े निम्नलिखित रूपावली चलती है :

एकवचन	बहुवचन
१ शौर० वट्टेअं, वट्टे	नहीं मिलता
२ अ०माग० और अप० में वट्टे [अवधी में बाटे का मूल रूप यही है। —अनु०], अप० में वट्टि	नहीं मिलता
३ अ०माग०, जै०महा०, जै०शौर०, शौर० और माग० में वट्टे	अ०माग० और शौर० में वट्टे

ऐच्छिक काल की इन दोनों रूपावलियों को अन्त में -एयम् लगाकर बननेवाले पहले गण से व्युत्पन्न करना, जैसा याकोबीस ने किया है, ध्वनिशास्त्र के अनुसार असम्भव है। निष्कर्ष स्पष्ट ही यह निकलता है कि अन्त में ए लगकर बननेवाला प्रथमपुरुष का एकवचन द्वितीय- और तृतीयपुरुष के अनुकरण पर बना है। यह रूप ऐसा है जो तृतीयपुरुष बहुवचन के काम में भी लाया जाता है। ठीक इसी प्रकार —एँज्जा और —एँज्ज-वाला रूप भी काम में लाया जाता है। रूप के अन्तिम स्वर की दीर्घता मूल रूप से चली आयी है। गद्य में जो ह्रस्व पाया जाता है वह ऐसे वर्णों से पहले आता है जिनके ध्वनिबल का प्रभाव उसके पिछले वर्ण पर पड़ता है, जैसे : आगच्छेँज्ज वा चिट्ठेँज्ज वा निसीएँज्ज तुयट्टेँज्ज वा उल्लंघेँज्ज वा = आगच्छेद् वा तिष्ठेद् वा निषीदेद् वा शयीत वा उल्लंघेद् वा प्रलंघेद् वा (ओव० § १५० ; विवाह० ११६ की तुलना कीजिए; आयार० १, ७, २, १ ; —अन्य उदाहरण आयार० २, २, १, ८ ; २, ३, २, ७ आदि-आदि), इसके साथ-साथ दीर्घ स्वरवाला रूप भी दिखाई देता है जैसे, अवहरेँज्जा वा विकिरेँज्जा वा भिन्देज्जा वा अच्छिन्देज्जा वा परिट्ठवेँज्जा वा = अपहरेद् वा विकिरेद् वा भिन्द्याद् वा आच्छिन्द्याद् वा परिष्ठापयेद् वा है (उवास० § २००) अन्यथा यह रूप पद्य में ही काम में आता है। महा० में तो सदा पद्य में ही इसका व्यवहार किया जाता है। यदि हम अ०माग० रूप कुज्जा = कुर्यात् (§ ४६४), देँज्जा = देयात् और होँज्जा = भूयात् की तुलना करें तो स्पष्ट हो जाता है कि कुव्वेँज्जा किसी *कुर्यात्, करेज्जा किसी *कर्यात् और हवेज्जा किसी *भव्यात् रूप की सूचना देते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि अन्त में -एज्जा लगकर बननेवाला ऐच्छिक रूप —या समाप्तिसूचक चिह्न से

बननेवाले दूसरी रूपावली से व्युत्पन्न होता है[1]। एँ के स्थान में हस्तलिपियों में बहुत अधिक बार **इ** पायी जाती है जिसका § ८४ के अनुसार स्पष्टीकरण करना सम्भव नहीं है क्योंकि इसका निकास प्रथमपुरुष एकवचन से नहीं हुआ है अर्थात् **–एय** संस्कृत में इस रूप में पाया ही नहीं जाता था। अधिक सम्भव तो यह है कि एँ § ११९ के अनुसार **इ** से व्युत्पन्न हुआ है और यह **इ** अशस्वर है : अ०माग० में **भुञ्जेँज्जा** = ***भुञ्जियात्** = **भुञ्ज्यात्** है, **करेँज्जा** = ***करियात्** = ***कर्यात्** है ; इसी प्रकार अ०माग० में **जाणिज्जा** और **जाणेँज्जा** = **जानीयात्** है। इसमें जो **ए** का प्रमुख प्रभाव दिखाई देता है वह प्रथम गण के प्रभाव से हो सकता है। इसीसे **आ–** तथा **ज्ज**[2] के द्वितीकरण का स्पष्टीकरण होता है। दूसरी रूपावली के प्राचीन रूपान्तरों के अवशेषों के तथा प्रार्थना–(Precative) रूपों के विषय में § ४६४, ४६५ और ४६६ देखिए।

1. कू०त्सा० ३६, ५७७। — २. चाहे हम **कर्यान्** को याकोबी के अनुसार **कर्–** के वर्तमानकाल के रूप से व्युत्पन्न मानें अथवा पिशल, कू०त्सा० ३५, १४३ के अनुसार = प्रार्थना –रूप **क्रियान्** मानें, इसके स्पष्टीकरण में इससे कुछ बनता बिगड़ता नहीं। मैं भी ठीक याकोबी के समान ही मत रखता था इसका प्रमाण कू०त्सा० ३५, १४१ में कर्मवाच्य रूप ***कर्यते** का देना है, याकोबी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अब केवल यह समानता सिद्ध करना रह गया है, **करिज्जइ** : **क्रियते** = **करेज्जा** : **क्रियात्** (कू०त्सा० ३५, १४३)। — ३. पिशल, कू०त्सा० ३५, १४२ और उसके बाद।

§ ४६० — एकवचन : प्रथमपुरुष में अ०माग० में **आओसेँज्जा** वा **हणेँज्जा** वा **बन्धेँज्जा** वा **महेँज्जा** वा **तज्जेँज्जा** वा **तालेँज्जा** वा **निच्छोडेँज्जा** वा **निब्भच्छेज्जा** वा ··· **ववरोवेँज्जा** = **आक्रोशेयं** वा **हन्यां** वा **बध्नीयां** वा **मथ्नीयां** वा **तर्जयेयं** वा **ताडयेयं** वा **निश्छोटयेयं** वा **निर्भर्त्सयेयं** वा ··· **व्यपरोपयेयम्** है (उवास० २००), **पासिज्जा** = **पश्येयम्** है (निरया० § ३), **सच्चेँज्जा** = **मुच्येय** है (कर्मवाच्य ; उत्तर० ६२४), **अइवाएज्जा** और **अइवायावेज्जा** = **अतिपातयेयम्** और **समणुजाणेँज्जा** = **समनुजानीयाम्** है (हेच० २, १७७) ; जै०महा० में **लंघेँज्जा** मिलता है (आव०एर्त्सें० ८, २८) ; महा० में **कुप्पेँज्ज** = **कुप्येयम्** है (हाल १७) ; शौर० में **भवेअं** रूप मिलता है (विक्र० ४०, २१ ; पार्वती० २९, ९) और **भवे** भी देखने में आता है (शकु० ६५, १० ; मालवि० ६७, १०) = **भवेयम्** है, **पहवे** = **प्रभवेयम्** है (शकु० २५, १), **लेहअं** मिलता है (शकु० १३, ९ : ३०, ९ ; पार्वती २७, १६ ; २९, ८) और **लहे** भी आया है (मुद्रा० ३८, २ ; विक्र० २४, ७१ की तुलना कीजिए) = **लभेय** है, **जीवेअं** = **जीवेयम्** है (मालवि० ५५, ११) और **कुप्पे** = **कुप्येयम्** (मालवि० ६७, १०)[1]। इसके अन्त में **–मि** बहुत कम लगता है : महा० में **णेँज्जामि** = **नयेयम्** (रावण० ३, ५५) ; अ०माग० में **करेँज्जामि** = **कुर्याम्** (विवाह० १२८१)। — (२) द्वितीयपुरुष एकवचन में अन्त में **–इज्जा** और **–एँज्जा** लगाकर बननेवाले

रूप विरल हैं : अ०माग० में उवाहरिज्जा = उदाहरेः (सूय० ९३२) ; उवदंसेज्जा = उपदर्शयेः है (आयार० १, ५, ५, ४) और विणएज्जा = विनयेः (दस० ६१३, २७)। अ०माग० में साधारणतया समाप्तिसूचक चिह्न –सि लगता है : पयाए-ज्जासि = प्रजायेथाः है (नायाध० ४२०) ; निवेदिज्जासि = निवेदयेः है (ओव० § २१) ; संमणुवासेॅज्जासि = समनुवासयेः , उवलिम्पिज्जासि = उपलिम्पेः और परक्कमेॅज्जासि = पराक्रामेः हैं (आयार० १, २, १, ५ ; ४, ४ ; ५, ३ ; ६, २ आदि-आदि) ; वत्तेज्जासि = वर्तेथाः (उवास० § २००) है। इसके साथ साथ अन्त में –ए लगनेवाला रूप भी चलता है : दावे = दापयेः तथा पडिगाहे = प्रतिग्राहयेः हैं (कप्प० एस. (S) § १४-१६)। ये रूप प्रायः सदा ही केवल पद्य में पाये जाते हैं : गच्छे = गच्छेः है (सूय० १७८) ; पमायए = प्रमादयेः, आद्दए = *आद्रियेः = आद्रियेथाः और संभरे = संस्मरेः हैं (§ २६७ और ३१३ की तुलना कीजिए), चरे = चरेः है (उत्तर० ३१० और उसके बाद ; ३२२ ; ४४० ; ५०४)। कभी-कभी –एॅज्जासि में समाप्त होनेवाले रूप श्लोकों के अन्त में छन्द की मात्राओं के विरुद्ध, गद्य में आये हुए वाक्यांशों के अनुसार, –ए और –एज्जा में समाप्त होनेवाले रूपों के स्थान में रख दिये जाते हैं[1]। इसके अनुसार आमोॅक्खाए परिव्वएज्जासि आया है जिसमें छन्दोभंग भी है और परिव्वए के स्थान में ऊपर दिया गया रूप आया है (सूय० ९९ ; २०० ; २१६) ; आरम्भं चसुसंवुडे चरे-ज्जासि में छन्दोभंग है और चरे के स्थान में चरेज्जासि है (सूय० ११७) ; नो पाणिणं पाणे समारभेज्जासि में भी छन्दोभंग दोष है और समारभेज्जा के स्थान में ऊपर दिया हुआ रूप आया है (आयार० १, ३, २, ३)। इस विषय में गद्य में निम्नलिखित स्थलों की तुलना कीजिए : आयारंगसुत्त १, २, १, ५ ; ४, ४ ; ५, ३ ; ६, २ ; १, ३, १, ४ ; १, ४, १, ३ ; ३, ३ ; १, ५, २, ५ ; ४, ५ ; ६, १, आदि-आदि। –एॅज्जासि में समाप्त होनेवाला द्वितीयपुरुष एकवचन का रूप जै०महा० में भी है : विलग्गेॅज्जासि = *विलग्येः है (एर्सें० २९, १२), आहणेज्जासि रूप मिलता है (आव०एर्सें० ११, १), वट्टेज्जासि भी पाया जाता है (आव०एर्सें० ११, ११) और पेच्छेज्जासि भी देखने में आता है (आव०एर्सें० २३, १८)।

१. पिशल, डी रेसेन्सिओनन डेर शकुन्तला, पेज २२[2] और उसके बाद ; मालविकाग्निमित्र, पेज २८८ में बौॅल्लें नसेन की टीका। — २. याकोबी ने अपने आयारंगसुत्त के संस्करण में –एॅज्जासि में समाप्त होनेवाले रूप को नहीं पहचाना है। उसका मत है कि सि अलग किया जा सकता है और वह स्ते = अ– सौ के स्थान में आया है (सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट, २२, १७ नोटसंख्या १)। इस विषय पर टीकाकारों ने ग्रंथों में कुछ तथ्य दिये हैं।

§ ४६१—अ०माग० में, एॅज्जासि को छोड़, –एॅज्जासि भी पाया जाता है। आओसेॅज्जासि = आक्रोशेः, हणेज्जासि = हन्याः और ववरोवेॅज्जासि = व्यप-रोपयेः है (उवास० § २००)। इसके अतिरिक्त द्वितीयपुरुष एकवचन में आज्ञावाचक के समाप्तिसूचक चिह्न लगते हैं –हि और महा०, जै०महा० तथा अप० में विशेषतः

–सु (§ ४६७), जिनसे पहले का स्वर भले ही कभी ह्रस्व और कभी दीर्घ आता हो : महा० में **हसेज्जहि = हसेः** (हेच० ३,१७५ ; सिंहराज० पन्ना ५०) ; अ०माग० में **वन्देॅज्जाहि = वन्देथाः** , **पज्जुवासेॅज्जाहि = पर्युपासीथाः** और **उवणियन्तेॅज्जाहि = उपनियन्त्रयेः** हैं (उवास० १८७) ; जै०महा० में **वच्चेज्जसु = व्रजेः** है (आव०एर्त्सें० २५,२०), **भणेॅज्जासु = भणेः** है (आव०एर्त्सें० २५,११ और ४२) ; महा० और जै०महा० में **करेॅज्जासु** रूप है (हाल १५४ ; १८१ ; ६३४ ; एर्त्सें० ८१, १०), जै०महा० मे **करेॅज्जसु** आया है (सगर ७, ५), महा० में **कुणिज्जासु** मिलता है (शुकसप्तति ४८, ४), ये रूप = **कुर्याः** हैं , अप० में **करिज्जसु** है (पिंगल १, ३९ ; ४१ ; ९५ ; १४४ आदि-आदि) ; जै०महा० में **साहिज्जसु = साधय** है, इस **साधय** का अर्थ **कथय** है (कालका० २७२, १९) ; महा० में **गलिज्जासु = गलेः** , **पम्हसिज्जासु = प्रस्मरेः** तथा **परिहरिज्जासु = परिहरेः** हैं (हाल १०३ ; ३४८ ; ५२१) ; अप० में **सलहिज्जसु = श्लाघस्व**, **भणिज्जसु = भण** और **ठविज्जसु = स्थपय** हैं (पिंगल १, ९५ ; १०९ ; १४४) । अप० मे कर्मवाच्य रूप कर्तृवाच्य के अर्थ मे भी काम मे लाया जाता है, इसलिए इन रूपों में से अनेक रूप कर्मवाच्य में आज्ञावाचक अर्थ में भी ग्रहण किये जा सकते हैं जैसे, **मुणिज्जसु** और इसके साथ-साथ **मुणिआसु** (§ ४६७), **दिज्जसु** (§ ४६६) ; यह **इ** आने के कारण हैं, इसके साथ साथ **देँज्जहि** रूप भी मिलता है । पिंगल का एक सुसमालोचित और सुसंपादित संस्करण ही इस तथ्य पर ठीक-ठीक प्रकाश डाल सकता है कि इस स्थान में **इ** पढा जाना चाहिए अथवा **एँ** । हेच० द्वारा ४, ३८७ में **–एँ** और **–इ** मे समाप्त होनेवाले जिन रूपों को अप० मे आज्ञावाचक बताया गया है, इसी भाँति प्राचीन ऐच्छिक रूप भी हैं : **करेँ = करें = करेः = कुर्याः** है (हेच० ४, ३८७) और इससे **करि** रूप हो गया (प्रबन्ध० ६३, ७ ; शुकसप्तति ४९, ४) । यह ध्वनिपरिवर्तन § ८५ के अनुसार हुआ । इस नियम से : अप० मे : **विआरि = विचारयेः**, **ठवि = स्थापयेः** और **धरि = धारयेः** हैं, वस्तुतः = ***विचारेः**, ***स्थापेः** और ***धारेः** हैं (पिंगल १, ६८ ; ७१ और ७२) ; **जोइ = द्योतेः = पश्य** है (हेच० ४, ३६४ और ३६८), **रोइ = *रोदेः = रुद्याः**, **चरि = चरेः**, **मेल्लि** का अर्थ **त्यजेः** है [यह शब्द गुजराती में चलता है। —अनु०], **करि = *करेः = कुर्याः** है और **कहि = *कथेः = कथयेः** है (हेच० ४, ३६८ ; ३८७, १ और ३ ; ४२२, १४) । अ०माग० पद्य में जो **अस्सासि** रूप मिलता है उसमे भी यही बनावट पायी जाती है (पाठ में **असासि** है, टीकाकार ने ठीक रूप दिया है) : **एवं अस्सासि अप्पाणं** है (उत्तर० ११३), टीकाकार ने इसका अर्थ यों बताया है, **एवम् आत्मानम् अश्वास्य** । इस सम्बन्ध में **अच्छहिं**, **आढाहि** और **परिजाणाहिं** की तुलना § ४५६ में कीजिए । **पुण्डे = व्रज** (देशी० ६, ५२) ऐच्छिक रूप का स्पष्टीकरण भी ऐसे ही होता है इस सम्बन्ध में धातुपाठ २८, ९० में **पुडउत्सर्गे** की भी तुलना कीजिए । दुहरी बनावट का एक रूप जिसमे दोनों रूपावलियों का ऐच्छिक रूप रह गया है, हेच० ३, १७५ और सिंहराजगणिन् द्वारा पन्ना ५० में आज्ञावाचक बताया गया **हसेॅज्जे = हसेः** है । सिंहराज-

गणिन् ऐसे तीन रूप और देता है : हसेइज्जइ, हसेइज्जसु और हसेइज्जे।

§ ४६२—तृतीयपुरुष एकवचन में पल्लवदानपत्र में करेय्य कारवेज्जा आया है (६, ४०) ; महा० में जीवेज्जा = जीवेत् है (हाल ५८८), पअवेज्ज = प्रतपेत्, धरेज्ज = ध्रियेत, विहरेज्ज = विहरेत् और णमेज्ज = नमेत् हैं (रावण० ४, २८ ; ५४ ; ८, ४) ; जै०महा० में विवज्जेज्जा = विपचेत, निरिक्खेज्जा = निरीक्षेत और सकेज्जा = शक्येत् है (एर्त्से० ४३, २२ ; ४९, ३५ और ७९, १), अइक्कमिज्जा = अतिक्रामेत् (कालका० २७१, ७) ; अ०माग० में कुप्पेज्जा = कुप्येत् और परिहरेज्जा = परिहरेत् हैं (आयार० १, २, ४, ४ ; ५, ३), करेज्जा = *कर्यात् = कुर्यात् है (आयार० २, ५, २, २ ; ४ और ५; पण्णव० ५७३ ; विवाह० ५७ ; १५२४ ; १५४९ और उसके बाद), करेज्ज भी मिलता है (आयार० २, २, २, १), लभेज्जा = लभेत (कप्प० एस. (S) § १८) ; कर्मवाच्य में : घेप्पेज्जा = गृह्येत है (पण्हा० ४००) ; पद्य में इस रूप के अन्त में बहुधा ह्रस्व स्वर आते हैं : रक्खेज्ज = रक्षेत्, विणएँज्ज = विनयेत् और सेवेज्ज = सेवेत हैं, कर्मवाचक में : मुच्चेज्ज = मुच्येत है (उत्तर० १९८; १९९ और २४७) पै० में हुवेय्य = भवेत् है (हेच० ४, ३२० और ३२३) ; अप० में चएज्ज = त्यजेत् है तथा भमेज्ज = भ्रमेत् मिलता है (हेच० ४, ४१८, ६) । सिंहराजगणिन् पन्ना ५१ में हसेज्जइ रूप भी देता है। –एज्जा और एज्ज में समाप्त होनेवाले रूपों के अतिरिक्त, अ०माग० और जै०महा० में –ए में समाप्त होनेवाला रूप भी पाया जाता है। यह –ए = –एत् : गिज्झे = गृध्येत्, हरिसे = हर्षेत् और कुज्झे = कुध्येत् हैं (आयार० १, २, ३, १ और २), किणे और किणावए = *क्रीणेत् और *क्रीणापयेत् हैं (आयार० १, २, ५, ३) । यह रूप विशेषकर पद्य में आता है : चरे = चरेत् है (आयार० १, २, ३, ४ ; उत्तर० ११० और ५६७), चिट्ठे = तिष्ठेत् और उवचिट्ठे = उपतिष्ठेत् हैं .(उत्तर० २९ और ३०), इनके साथ साथ उवचिट्ठेज्जा और चिट्ठेज्जा रूप मिलते हैं (उत्तर० ३४ और ३५), लभे = लभेत है (उत्तर० १८०) ; कभी कभी एक ही पद्य में दोनों रूप दिखाई देते हैं : अच्छि पि नो पमज्जिया नो वि य कण्डुयए मुणी गायं = अक्ष्य् पि नो प्रमार्जयेत् नो अपि च कण्डूययेन् मुनिर् गात्रम् है (आयार० १, ८, १, १९); जै०महा० में परिक्खए = परीक्षेत, डहे = दहेत् और विनासए = विनाशयेत् हैं (एर्त्से० ३१, २१ ; ३८,१८) । शौर० और माग० में केवल –ए पाया जाता है : शौर० में बार बार भवे = भवेत् के रूप में आता है (मृच्छ० २, २३ ; ५१, २३ ; ५२, १३ ; शकु० २०, ३ और ४ ; ५०, ३ ; ५३, ४ ; विक्र० ९, ३ ; २३, ५ और १६ आदि-आदि), पूरए = पूरयेत् है (मालवि० ७३, १८) और उद्धरे = उद्धरेत् है (विक्र० ६,१६)[१] ; माग० में भवे = भवेत् है (मृच्छ० १६४, ६; १७०, १८ और १९), भूशे = भूषेत् है और खय्ये = *खायेत् = खादेत् है (मृच्छ० ११९, १६ और १७)[१] । एक ही ज्जा रूप को छोड़ (§ ४६६) जै०शौर० में भी ऐच्छिक रूप केवल –ए में समाप्त होता है : हुवे = भवेत् (पव० ३८७, २५ ;

कत्तिगे० ३९८, ३०२ ; ३०९ ; ३१२ ; ३१५ ; ४००, ३३६ ; ४०१, ३३८ ; ३४३ ३४५ और उसके बाद आदि-आदि) तथा णासए = नाशयेत् है (कत्तिगे० ४०१, ३४१)।

१. यह रूप १८३० के कलकतिया संस्करण में अन्यत्र आये हुए रूप, केप्पलर तथा शंकर पाण्डुरंग पण्डित के साथ पढ़ा जाना चाहिए, ६, ७ में उद्धरेदि के स्थान पर समुद्धरे पढ़ा जाना चाहिए क्योंकि अवि णाम केवल ऐच्छिक रूप के साथ (शकु० १३, ९ ; विक्र० १३, १८ ; ४०, २१ ; मालवि० ४४, १ ; महावीर० १७, ९ ; मालती० ५६, २ ; २८९, ४ ; माग० में : मृच्छ० १७०, १८) अथवा भविष्यत्काल के साथ (मालती० ७४, ३ ; १००, १ ; २८४, ९) संयुक्त रहता है जब कोई इच्छा प्रकट करनी होती हो। सामान्य वर्तमानकाल (वेणी० ५८, ७) और आज्ञावाचक रूप (माग० में : मृच्छ० ११४, १६) प्रश्न का निर्देश करते हैं। — २. मृच्छकटिक १२१, ३ की तुलना कीजिए जहाँ मूशेदि के साथ-साथ खज्जे के स्थान में खय्येदि आया है।

§ ४६३—प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप केवल पल्लवदानपत्र में पाये जानेवाले रूप करेय्याम में देखा जाता है (७, ४१)। जै०महा० के लिए याकोबी (एर्से० भूमिका का पेज सैंतालीस) पुच्छेज्जामो और कहेज्जामो रूप बताता है। रक्खेमो की भाँति के रूप (एर्से० ५२, १५) ऐच्छिक नहीं हैं (याकोबी, एर्से० में रक्खइ देखिए), किन्तु सामान्य का समासिसूचक चिह्न जोड़ा जाता है : अ०माग० में भवेॅ-ज्जाह = भवेत है (नायाध० ९१२ ; ९१५ ; ९१८ ; ९२०), विहरेॅज्जाह = विहरेत है (९१५ ; ९१८), गच्छेॅज्जाह = गच्छेत है (९१६ ; ९१८), चिट्ठेज्जाह = तिष्ठेत और उवागच्छेॅज्जाह = उपागच्छेत हैं (९२१) ; जै०महा० में पायॅ-ज्जाह = पाययेत है (एर्से० ३८, १) और ॲ के साथ : खमेॅज्जह = क्षमेध्वम् , ढोॅएज्जह = ढौकध्वम् और दुहेॅज्जह = दुहात हैं (एर्से० २५, २६ ; २६, १६ ; ३७, ३७), कहेज्जह = कथयेत (आव०एर्से० ४७, २३), भरिज्जह = *भरेत (भरना : कालका० २६५, १०) ; दाक्षि० में : करेज्जाह मिलता है (मृच्छ० ९९, २४) ; अप० में रक्खेज्जहु है (हेच० ४, ३५०, २)। — तृतीयपुरुष बहुवचन में अ०माग० में आगच्छेज्जा रूप पाया जाता है (ठाणंग० १२५ : लोगन्तियदेवा··· आगच्छेज्जा है) ; शौर० में भवे = भवेयुः (विक्र० २६, २ : अच्छरा···विसज्जिदा भवे आया है ; रंगनाथ : भवे इत्यत्र बहुवचन एकवचनं च) ; अ०-माग० में मन्ने = मन्येरन् (सूय० ५७५ ; ५७६ ; ५७८ : जहा णं एए पुरिसा [पाठ में पुरिसे है] मन्ने आया है ; यह रूप अनिश्चित है क्योंकि इससे पहले ५७५ में जहा णं एस पुरिसे मन्ने मिलता है), समभिलोए = समभिलोकयेयुः है (विवाह० ९२९ : ते पॅच्छागा तं महिय···समभिलोएँ त्ति। इत्थ मन्ने सम-भिलोए)।

§ ४६४—ऐच्छिक रूप की दूसरी रूपावली की पुरानी बनावट अ०माग० और जै०महा० की कुछ धातुओं में रह गयी है। यह विशेषतः अधिक काम में आनेवाले रूप

अ०माग० **सिया = स्यात्** के विषय में कही जा सकती है (उदाहरणार्थ, आयार० १, १, २, २ ; ६, ३ ; विवाह० ३९ ; ४० ; १४६ और उसके बाद ; आदि-आदि ; कप्प०), **असिया = न स्यात्** रूप भी मिलता है (आयार० १, ५, ५, २) ; अ०-माग० में **कुज्जा = कुर्यात्** (उदाहरणार्थ, आयार० १, २, ६, १ ; उत्तर० २८ ; २९ और १९८ ; दस० ६१३, १५ ; कप्प० आदि-आदि), यह बनावट **पाकुज्जा = प्रादुष्कुर्यात्** में भी देखी जाती है (सूय० ४७४) ; अ०माग० में **बूया = ब्रूयात्** है (उदाहरणार्थ, आयार० १, ४, २, ६ ; १, ५, ५, ३), विशेषतः संयुक्त शब्द **केवली बूया** में (आयार० पेज ७२, ७७ और उसके बाद ; १३२ और उसके बाद), इसके अतिरिक्त अ०माग० पद्य में इक्के दुक्के **हणिया = हन्यात्** काम में आया है (आयार० १, ३, २, ३), इसके साथ साथ **हणिज्जा** (जीवा० २९५ ; उत्तर० १९८) और **हणेज्जा** (पण्हा० ३९६ और ३९७) पाये जाते हैं ; जै०महा० में **आहणेज्जासि** (आव०एर्से० ११, १) और अ०माग० में **हणे** मिलता है (आयार० १, २, ६, ५ ; १, ३, २, ३)। द्वितीयपुरुष एकवचन का एक रूप समाप्तिसूचक चिह्न **-हि** लगकर बनता है और आज्ञावाचक है : अ०माग० और जै०महा० में **पज्जाहि = पयाः** (आयार० २, ५, १, १० ; एर्से० २९, ५)।

§ ४६५—एक प्राचीन ऐच्छिक रूप, अब तक सभी को गोरखधन्धे में डालने-वाला पाली, अ०माग० और जै०महा० **सक्का** है। चाइल्डर्स[1] इसे अंश-क्रिया के रूप **शक्** से बना मानता था जो बाद को अव्यय बन गया। पिशल[2] इसे अपादानकारक एकवचन का संक्षिप्त रूप समझता था। फ्रांके[3], योहानसोन[4] के साथ सहमत था कि यह रूप प्राचीन कर्त्ताकारक एकवचन स्त्रीलिंग है जो बाद को कर्त्ताकारक बहुवचन तथा नपुंसकलिंग बन गया। यह वास्तव में ठीक = वैदिक **शक्यात्** है और प्राचीनतम हस्तलिपियों में अब भी स्पष्ट ही ऐच्छिक रूप में देखा जाता है। इस निष्कर्ष के अनुसार : **न सक्का न सोउं सद्दा सोयविसयं आगया** वाक्य मिलता है जिसका अर्थ है, 'हम लोग ध्वनियाँ नहीं सुन सकते जो श्रुति के भीतर (गोचर में) आ गयी हों' (आयार० पेज १३६, १४) ; **न सक्का रूवं अदट्ठुं चक्खुविसयं आगयं** आया है, जिसका अर्थ है, 'मनुष्य उस रूप को नहीं, नहीं देख सकते जो आँख के गोचर में आ गया हो' [अर्थात् नहीं, नहीं = हाँ है। —अनु०] (आयार० पेज १३६, २२ ; पेज १३६,३१ ; पेज १३७,७ और १८ की तुलना कीजिए); **एगस्स दो ण्ह तिण्ह व संखेज्जाण व पासिउं सक्का दीसन्ति सरीराइं णिओयजीवाण् अणंताणं** आया है जिसका अर्थ है, 'मनुष्य एक, दो, तीन अथवा गिनती करने योग्य ('णिओयजीवों' के)। शरीर देख सकता है, अनन्त 'णिओयजीवों' के शरीर भी देखे जा सकते हैं।'; **किं सक्का काउं जे जं नेच्छह ओसहं मुहा पाउं** मिलता है जिसका अर्थ है, 'कोई यहाँ क्या कर सकता है जब तुम योंही औषध पीना नहीं चाहते' (पण्हा० ३२९ ; दस० नि० ६४४, २८ की तुलना कीजिए)। नायाधम्मकहा § ८७ की तुलना कीजिए। जै०महा० में **किं सक्का काउं** आया है = 'कोई क्या कर सके या कर सकता है' (आवएर्से० ३०, १०) ; **न सक्का एएण उवाएणं** = 'इन उपायों से कुछ नहीं

कर सकते' हैं (आव०एर्त्से० ३५, ११) ; **न या सक्का पाउं सो वा अन्ने वा** ='न तो वह और न अन्य लोग इसे पी सकते हैं (आव०एर्त्से० ४२, ८ ; ४२, २८ में **न वि अप्पणो पिवइ न वि अन्नं सक्केइ जूइं पाउं** की तुलना कीजिए)। **सक्कइ = शक्यते** के साथ ध्वनि की समानता के कारण बाद को इस धातु का सामान्य रूप (infinitive) कर्मवाच्य के अर्थ में काम में आया जाने लगा। इस प्रकार **णो खलु से सक्का केणइ सुबाहुएण वि उरं उरेणं णिगिहित्तए** ='निश्चय ही वह किसी विशाल भुजावाले से भी छाती से छाती मिला सका है (विवाग० १२७) ; **णो खलु से सक्का केणइ...निग्गन्थाओ पावयणाओ चालित्तए वा खोभित्तए वा विपरिणामित्तए वा** = 'वह जैन मत में किसी से डिगाया, हिलाया अथवा उससे अलग न किया जा सका' है (उवास० § ११३) और ऐच्छिक रूप में प्रथमपुरुष एकवचन तथा अन्य वचन में क्रिया के अन्त में **-आ** जोड़ कर भी यही अर्थ निकाला गया है, जिसका एक उदाहरण **णो खलु अहं सक्का... चालित्तए...** (नायाध० ७६५ और ७००) है। इस सम्बन्ध में उवासगदसाओ § ११९ और १७४ ; दसवेयालियसुत्त ६३६, २५ की भी तुलना कीजिए। इसके प्रमाण के रूप में ठीक इसी काम के लिए अ०माग० **चक्किया** का प्रयोग भी किया जाता है जिसके एच्छिक रूप पर नाममात्र सन्देह नहीं किया जा सकता। इस प्रकार : **पर्यंसि णं भन्ते धम्मत्थिकायंसि·· चक्किया केइ आसित्तए वा चिट्ठित्तए वा···** = 'हे भदन्त, क्या इस धर्म की काया में कोई बैठा या खड़ा रह सकता है ?' है (विवाह० ५१३ ; १११९ ; ११२०; १३४६ और १३८९ की तुलना कीजिए) ; **एरावई कुणालाए जत्थ चक्किया सिया एगं पायं जले किच्चा एगं पायं थले किच्चा एवं चक्किया** = 'जब यह (एक नदी है) जो कुणाल की ऐरावती नदी के बराबर है जहाँ वह (दूसरी पार जा) सकता हो। यह भी हो सकता है कि वह एक पाँव जल में और पाँव जल में रख सकता हो और तब वह (पार) कर सके' है (कप्प० एस. (S) § १२ ; § १३ की भी तुलना कीजिए)। § १९५ के अनुसार **चक्किया**, ***चक्किया** के स्थान में आया है जो = ***चक्यात्** है और महा० धातु **चअइ** (= सकना ; किसी काम करने के योग्य होना से बना है : वर० ८, ७० [पाठ के **वअइ** के स्थान में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; हेच० ४, ८६ ; क्रम० ४, ८६ ; रावण०) = ***चकित** है जिससे अशोक के शिलालेखों का **चघति** जो ***चखति** के लिये काम में आया है तथा जिसमें § २०६ के अनुसार **ह**-कार आया है, सम्बन्धित है'। मैं **चअइ** = ***तकति** रखता हूँ जो **तकि सहने** से सम्बन्ध रखता है (धातुपाठ ५, २ [मुझे ब्रूनो लीबिश द्वारा सम्पादित 'धातुपाठ' में **तक् हसने** मिला है **तकि सहने देखने में** नहीं आया। हिन्दी में **तकना** का जो अर्थ है उसका स्पष्टीकरण **तक् हसने** से ही होता है। —अनु०] ; कीलहौन द्वारा सम्पादित २,८२ में पाणिनि ३,१,८७ पर **पतञ्जलि** का भाष्य देखिए), इसमें दन्त्य वर्ण के स्थान में § २१६ के अनुसार तालव्य वर्ण आ गया है। —इसके अनुसार ऐच्छिक रूप पाली और अ०माग० में भी **लब्भा** = ***लभ्यात्** है, जैसा कि अ०माग० **सव्वे पाणा ..न भयवुक्कं च किंचि लब्भा पावेउं** ='किसी

प्राणी को लेशमात्र [= किंचि = कुछ । —अनु०] भी भय और दुख न पाना चाहिए' है (पण्हा० ३६३; अभयदेव ने दिया है : लब्भा योग्यो [!; पाठ में योग्याः है]; न ताइं समणेण लब्भा दट्ठुं न कहेउं न वि य सुमरेउं = 'किसी श्रमण को वह न देखना चाहिए, न उस विषय पर बात करनी चाहिए और उसका स्मरण भी करना चाहिए' है (पण्हा० ४६६ ; अभयदेव लब्भा त्ति लभ्यानि उचितानि); दुगंछावत्तिया वि लब्भा उप्पाएउं पाया जाता है (सम्पादन उप्पातेउ है ; पण्हा० ५२६ ; अभयदेव ने = लब्भा उचिता योग्येत्य् अर्थः दिया है)। इसके स्थान में ५३७ और उसके बाद में निम्नलिखित वाक्य आया है : न दुगुंछावत्तियव्वं लब्भा उप्पाएउं = 'उसे जुगुप्सा की भावना उत्पन्न करनी चाहिए' है।

१. पाली-कोश में पेज ४२० में लब्भो शब्द देखिए। — २. वेदिशे स्टुडिएन १, ३२८। — ३. बे० बाइ० १७, २५६। — ४. बे० बाइ० २०, ९१। — ५. मौरिस, जौर्नल औफ द पाली टेक्स्ट सोसाइटी १८९१–९३, पेज २८ और उसके बाद जिसमें से पेज ३० में भूल से लिखा गया है कि मैंने हेच० ४, ८६ की टीका में चअइ = त्यजति माना है, जब कि मैंने उक्त स्थल पर केवल हेच० का अनुवाद दिया है और चअइ को अन्य पर्यायवाचक शब्दों से पूर्ण रूप से अलग कर रखा है। कर्न यारटेल्लिंग, पेज ९६ की तुलना कीजिए। ग्रियर्सन ने एकेडेमी १८९०, संख्या ९६४, पेज ३६९ में भूल की है। वाकरनागल, आल्टइंडिशे ग्रामाटीक, भूमिका का पेज बीस, नोटसंख्या ९ में इसकी तुलना ग्रीक शब्द तेख्ने से की गयी है।

§ ४६६—प्रार्थना के लिए काम में आनेवाले धातु के वे रूप जो इच्छा व्यक्त करने के अर्थ में काम में लाये जाते थे बहुत ही कम शेष रह गये हैं। ये विशेषकर अ०माग० और जै०महा० में पाये जाते हैं। पल्लवदानपत्र में होज मिलता है (७, ४८) ; महा० में होॅज्ज (रावण० ३, २२; ११, २७ ; २८ ; और १२०) ; अ०माग० और जै०महा० में होॅज्जा और होॅज्ज रूप हैं, ये सब रूप = भूयात् हैं (ठाणंग० ९८ ; विवाह० ७२९ और उसके बाद ; दस० ६२०, २७ तथा २८; ६२१, ३६ ; एर्त्से० ३५, १८ ; ३७, ३७ ; ७०, १४)। जै०महा० में प्रथमपुरुष एकवचन में भी धातु का रूप पाया जाता है : चक्कवट्टी होज्जाइं आया है (एर्त्से० ४, २८) और अ०माग० तथा जै०महा० में तृतीयपुरुष बहुवचन में मिलता है : सव्वे वि ताव होॅज्जा कोहोवउत्ता, लोभोवउत्ता = सर्वे 'पि तावद् भूयासुः क्रोधोपयुक्ताः, लोभोपयुक्ताः (विवाह० ८४ [जहा पाठ में होॅज्ज है ; वेबर, भाग० १, ४३० की तुलना कीजिए] ; ९२ और १०९) ; केवइया होज्जा = कियन्तो भूयासुः है (विवाह० ७३४ और ७३८, ७५३ और उसके बाद की तुलना कीजिए) ; जै०महा० में किह धूयाओ सुहियाओ होॅज्ज = कथं दुहितरः सुखिता भूयासुः है (आव०एर्त्से० १०, २३ ; १२, २ की तुलना कीजिए)। अ०माग० और जै०महा० में किन्तु प्रथमपुरुष एकवचन का रूप होॅज्जामि भी मिलता है (दस० ६२१, ४३ ; एर्त्से० २९, १९) ; जै०महा० में द्वितीयपुरुष एकवचन होॅज्जासि है (एर्त्से० २९,

१४ ; ३७, ९), होॅज्जाहि भी आया है (आव०एर्त्से० १०, ४२) और होॅज्जसु भी देखा जाता है (एर्त्से० २३, ४), जैसा कि ऐच्छिक रूप का वर्तमानकाल का रूप होता है। अ०माग० में होज्जाइ रूप भी पाया जाता है (विवाह० १०४२) और अंशक्रिया का एक रूप होॅज्जमाण भी मिलता है जो वर्तमानकाल के काम में आता है (विवाह० ७३३ और उसके बाद ; १७३६ और उसके बाद ; पण्णव० ५२१)। जै०शौर० में होॅज्जा रूप पाया जाता है (पव० ३८५, ६९ ; पाठ में होॅज्ज है)। शौर० में जहाँ-जहाँ होॅज्ज रूप आया है (मल्लिका० ८४, १ ; ८७, ५ ; १०९, ४ ; ११४, १४ ; १५६, २०) वह इस बोली की परम्परा के विरुद्ध है। अ०माग० में देॅज्जा = देयात् है (आयार० २, १, २, ४ ; ११, ५), जिसके स्थान में जै०महा० में द्वितीयपुरुष एकवचन का रूप देॅज्ज आया है (आव०एर्त्से० १२, ६), देॅज्जासि भी चलता है (एर्त्से० ३७, ९), अप० में देॅज्जहि होता है (हेच० ४, ३८३, १), दिज्जसु भी मिलता है (पिंगल १, ३६ और १२१ ; २, ११९ ; § ४६१ की तुलना कीजिए), जै०महा० में द्वितीयपुरुष बहुवचन में देॅज्जह आया है (एर्त्से० ६१, २७)। अ०माग० में संधेॅज्जा = संधेयात् है (सूय० २२३), अहिट्ठेॅज्जा = अधिष्ठेयात् है (ठाणंग० ३६८) और पहेॅज्जा = प्रहेयात् है (उत्तर० १९९)। अप० रूप किज्जसु संभवतः = क्रियाः है, यदि यह कर्मवाच्य के आज्ञावाचक रूप से उत्तम न माना जाय (§ ४६१ ; ४६७ ; ५४७ ; ५५०)। व्याकरणकार (वर० ७, २१ ; हेच० ३, १६५ और १७८ ; क्रम० ४, २९ और ३० ; सिंहराज० पन्ना ४८) होॅज्जा और होज्ज को छोड़, ग्रन्थों में थोड़ा बहुत मिलनेवाले रूप होॅज्जइ, होॅज्जाइ, होॅज्जउ, होॅज्जाउ, होॅज्जसि और होॅज्जासि भी सिखाते हैं। क्रमदीश्वर ने ४, २९ में होॅज्जईअ और होज्जाईअ रूप दिये हैं। सिंहराज० ने होएॅज्ज, होएॅज्जा, हुएॅज्ज, हुएॅज्जा, हुज्ज, हुज्जा, हुज्जइरे, हुज्जाइरे, हुएॅज्जइरे, हुएॅज्जाइरे रूप दिये हैं (§ ४५८) और हेमचन्द्र ३, १७७ तथा सिंहराज० पन्ना ४९ के अनुसार होॅज्जा और होॅज्ज वर्तमानकाल, इच्छावाचक, आज्ञावाचक, अपूर्ण वर्तमान, पूर्णभूत, प्रार्थनावाचक भूत, भविष्यत्काल प्रथम- और द्वितीयपुरुष तथा हेतुहेतुमद्भूत में काम में आते हैं। इस भाँति वास्तव में अ०माग० रूप देॅज्जा का अर्थ अदात् होता है (उत्तर० ६२१) और सयुक्त शब्दवाली केवली बूया (§४६४) का बूया अब्रवीति और अब्रवीत् दोनों के अर्थ में प्रयुक्त होता है और इसके द्वारा यह सम्भव दिखाई देता है, भले ही इसका स्पष्टीकरण न हो सके, कि निश्चित रूप से भूतकाल में चलनेवाला अ०माग० चरे (उत्तर० ५३२ ; ५४९ ; ५५२), पहणे (उत्तर० ५६१), उदाहरे (उत्तर० ६७४) और पुच्छे भी (विवाह० १४९ और १५० ; रामचन्द्र के अनुसार = पृष्टवान् है) इसी के भीतर हैं। इनके अतिरिक्त वे रूप जिन्हें व्याकरणकारों ने सामान्य-, अपूर्ण और पूर्णभूत के अर्थों में काम में आनेवाला रूप बताया है जैसे, अच्छीअ [= आसिष्ट, आस्त और आसांचक्रे। —अनु०], गेण्हीअ [= अग्रहीत्, अगृह्णात् और जग्राह। —अनु०], दलिहाईअ, मरीअ, हसीअ, हुवीअ और देहीअ (वर० ७,२३ ; हेच० ३,१६३ ; क्रम० ४, २२ ; २३ और २५ ; मार्क० पन्ना ५२) इच्छावाचक वर्तमानकाल के रूप हैं तथा काहीअ, ठाहीअ और

होहीअं (वर० ७, २४ ; हेच० ३, १६२ ; क्रम० ४, २३ और २४ ; मार्क० पन्ना ५१) भूतकाल के रूप हैं । लास्सन ने अधिकांश में शुद्ध तथ्य पहले ही देख लिया था कि (इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज ३५२ और उसके बाद) —ईय में समाप्त होने-वाले रूप प्रार्थनावाचक घोषित किये जाने चाहिए । इसके विपरीत अ०माग० रूप अच्छे और अब्भे (आयार० १, १, २, ५) जो इच्छावाचक रूप में = आच्छिन्द्यात् और आभिन्द्यात् के स्थानों में आये हैं, प्राचीन भूतकाल हैं जो वैदिक छेद्म और अभेत् से निकले हैं । यह रूप भी तृतीयपुरुष एकवचन अपूर्ण– और पूर्णभूत[१] का स्पष्टीकरण उतना अन्धकार में ही रखता है जितना इच्छावाचक के अर्थ का[२] ।

१. वेबर, भगवती १, ४३०, और उसके बाद ए० म्युलर, बाइत्रैगे, पेज ६०; याकोबी, आयारंगसुत्त की भूमिका का पेज १२, ये दोनों लेखक वेबर के अनुसार करे रूप देते हैं, भले ही यह भगवती २, ३०१ के अनुसार स्पष्ट ही करेत्ति के स्थान में अशुद्ध रूप है (हस्तलिपि में करेति है) ; भगवती के संस्करण के पेज १७३ में करेइ है । — २. हस्त्यायुर्वेद २, ६०, २ में प्रब्रूयात् भूतकाल के अर्थ में आया है ; इसके समान अन्य स्थानों में इस रूप के स्थान पर प्रोवाच अथवा अब्रवीत् शब्द आये हैं ।

(४) आज्ञावाचक

§ ४६७—इसका रूप नीचे दिया जाता है :

	एकवचन	बहुवचन
१	[वट्टामु, वट्टमु]	अ०माग० और जै०महा० में वट्टामो ; महा०, शौर०, माग० और ढक्की में तथा जै०महा० में भी वट्टम्ह और वट्टेम्ह वट्टह ; शौर० और माग० [ढक्की] में वट्टध और वट्टेध; अप० में वट्टहु और वट्टेहु ; चू०पै० वट्टथ
२	वट्ट, वट्टसु, वट्टेसु, वट्टेहि अ०माग० में वट्टाहि भी, अप० में वट्टु और वट्टहि	
३	वट्टउ ; शौर०, माग० और ढक्की में वट्टदु	वट्टन्तु, अप० में वट्टहिँ भी

प्रथमपुरुष एकवचन केवल व्याकरणकारों के ग्रन्थों द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है, जो उदाहरण के रूप में हसामु और पेच्छामु (हेच० ३, १७३), हसमु (भाम० ७,१८ ; क्रम० ४,२६ ; सिंहराज० पन्ना ५१) देते हैं । इनकी शुद्धता के विषय में बहुत कम सन्देह हो सकता है और न ही अन्त में —सु लग कर बननेवाले और सभी प्राकृत बोलियों में प्रयुक्त होनेवाले द्वितीयपुरुष एकवचन के विषय में कोई सन्देह है, विशेषतः यह महा० में काम में आता है और स्वयं इच्छावाचक रूप में भी (§ ४६१)। अभी तक लोग इसे आत्मनेपद मानते हैं और समाप्तिसूचक चिह्न —सु = संस्कृत —स्व समझते हैं अर्थात् रक्खसु = रक्षस्व लगाते हैं[१] । यह भूल है कर के यह परिस्थिति बताती है कि यह समाप्तिसूचक चिह्न उन क्रियाओं में भी पाया जाता है जिनकी रूपावली संस्कृत में कभी आत्मनेपद में नहीं चलती । इसके अतिरिक्त यह चिह्न शौर० और माग० में

बहुत काम में आता है, जिन बोलियों में आत्मनेपद कम काम में आता है। ये अधिकांश में समाप्तिसूचक चिह्न -सु, -सु और -उ तथा वर्तमानकाल के रूप -मि, -सि और -इ के समान हैं। महा० में **विरमसु = विरम** और **रज्जसु = रज्यस्व** हैं (हाल १४९), **रक्खसु = रक्ष** है (हाल २९७), **परिक्खसु = परिरक्ष** है (रावण० ६, १५), **ओसरसु = अपसर** है (हाल ४५१) ; महा०, जै०महा० और शौर० में **करेसु = कुरु** (हाल ४८ ; सगर ३, १२ ; कालका० २७३, ४१ ; रत्ना० २९९, ५ ; ३१६, ६ ; ३२८, २४ ; कर्ण० २१, ७; ३०, ५ ; ३७, २० ; वेणी० ९८, १५; प्रसन्न० ८४, ९ आदि-आदि) ; महा० में **अणुणेसु = अनुनय** है (हाल १५२ और ९४६) ; शौर० में **आणेसु = आनय** है (शकु० १२५, ८ ; कर्ण० ५१, १७), **अवणेसु = अपनय** है (विद्ध० ४८, १०) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० में **मुञ्जसु = भुंग्धि** है (हाल ३१६ ; उत्तर० ३६९ ; आव०एर्त्से० १२, १४; मृच्छ० ७०, १२) ; अ०माग० में **जासु = याहि** (सूय० १७७) ; अ०माग० में **कहसु** रूप देखा जाता है, शौर० में **कधेसु** आया है (बाल० ५३, १२; १६४, १७; २१८, १६; कर्ण० ३७, ७ और १२) = **कथय** ; अ०माग० में **सद्दहसु = श्रद्धेहि** है (सूय० १५१) ; जै०महा० में **खमसु = क्षमस्व** है (सगर ३, १२; द्वार० ४९७, १३), **वरसु = वृणीष्व** (सगर १, १५) और **सरसु = स्मर** (आव०एर्त्से० ७, ३४) हैं ; महा० और जै०महा० में **कुणसु = कुरु** (हाल ६०७ और ७७१ ; सगर ६, २ ; ११ और १२ ; कालका० २६६, २६ और २७४, २७) ; माग० में **ल×कशु = रक्ष** (चंड० ६९, १) और **आगश्चेशु** (मृच्छ० ११६, ५)= **आगच्छ है, देशु** रूप मिलता है (प्रबोध० ५८, ८ ; बंबइया संस्करण **देस्सु** ; पूना तथा मद्रास का और बंबइया बी. (B.) संस्करण **देहि**), **दि×कशु** (प्रबोध० ५८, १८; बंबइया संस्करण **दिक्खस्सु**, पूना संस्करण **दिक्खस्स**, मद्रासी संस्करण **दिक्खेहि**, बंबइया बी. (B.) संस्करण **दिक्खय**) = **दीक्षय** है, **धालेशु** (प्रबोध० ६०, १० ; बंबइया संस्करण **धालेस्सु**, पूना और बंबइया बी.(B.) संस्करण **धालेसु** और मद्रासी संस्करण **दावअ = धारय** है ; अप० में **किज्जसु = कुरु** है (कर्मवाच्य जो कर्तृवाच्य के अर्थ में आया है, § ५५० ; पिंगल १,३९ ; २, ११९ और १२०), **मुणिआसु** आया है, जो छन्द की मात्रा ठीक करने के लिए **मुणीअसु** के स्थान में आया है और **मुण्** धातु का कर्मवाच्य है (§ ४८९) तथा कर्तृवाच्य के अर्थ में काम में लाया गया है (पिंगल १, १११ और ११२)। इसके साथ-साथ **मुणिज्जसु** रूप भी पाया जाता है (२, ११९), **बुज्झसु = बुध्यस्व** है (पिंगल २, १२०)। शौर० में पाठों में अनेक बार अन्त में **-स्स** लगकर बननेवाले आत्मनेपद के रूप पाये जाते हैं जैसे, **उवालहस्स** (शकु० ११, ४), **अवलम्बस्स** (शकु० ११९, १३ ; १३३, ८), **पेक्खस्स** (प्रबोध० ५६, १४), **पडिवज्जस्स** (वेणी० ७२, १९) और **परिरम्भस्सु** भी है (विद्ध० १२८, ६) तथा भारतीय संस्करणों में और भी अनेक पाये जाते हैं। इनमें संस्कृताऊपन की छाप देखी जानी चाहिए जो पाठों में से हटा दिये जाने चाहिए। इन संस्करणों के भीतर अन्यत्र शुद्ध रूप भी मिलते हैं। अ०माग० में अन्त में **-सु** लगकर बननेवाला आज्ञावाचक रूप केवल पद्यों में प्रमाणित होता है।

१. कास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज १७९ और ३३८ ; वेबर, हाल' पेज ६१ ; याकोबी, औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन इन महाराष्ट्री § ५४, ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज ४३। — २. रावणवहो के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; ब्लौख की उक्त पुस्तक में पेज ४३ की तुलना कीजिए।

§ ४६८—धातु का यदि ह्रस्व स्वर में समाप्ति हो तो नियम यह है कि संस्कृत के समान ही इसका प्रयोग द्वितीयपुरुष एकवचन आज्ञावाचक में किया जाता है और यदि उसके अन्त में दीर्घ स्वर आये तो उसमें समाप्तिसूचक चिह्न **–हि** का आगमन होता है। अ०माग० में **–अ** में समाप्त होनेवाले धातु अधिकांश में, महा०, जै०महा० और माग० में कभी-कभी अन्त में **–हि** लगा लेते हैं, जिससे पहले का **अ** दीर्घ कर दिया जाता है। ऐसा रूप बहुधा अप० में भी पाया जाता है किन्तु इस बोली मे **आ** फिर ह्रस्व कर दिया जाता है। शौर० और माग० में समाप्तिसूचक चिह्न **–आहि** दिखाई देता है जिसके साथ-साथ नवीं श्रेणी के धातुओं में **–अ** लगता है और इसके अनुकरण पर बने हुए तृतीयपुरुष एकवचन के अन्त में **–आदु** जोड़ा जाता है। ढक्की और अप० में यह समाप्तिसूचक अ, उ मे परिणत हो जाता है (§ १०६) : महा०, अ०माग०, जै०महा०, शौर० और माग० में **भण** रूप आया है, अप० में यह **भणु** हो जाता है (हाल १६३ और ४०० ; नायाध० २६० ; आव०एर्त्से० १५, ३ ; शकु० ५०, ९ और ११४, ५ ; पिंगल १, ६२ ; हेच० ४, ४०१, ४), किन्तु दाक्षि०, शौर० और माग० में **भणाहि** रूप भी चलता है (दाक्षि० मे : मृच्छ० १००, ४ ; शौर० और माग० के विषय में § ५१४ देखिए), अप० मे **भणहि** भी है (विक्र० ६३, ४) ; आव० में **चिट्ठ = तिष्ठ है, एहि** और **वाहेहि** रूप भी पाये जाते हैं (मृच्छ० ९९, १८ और २० ; १००, १८) ; अ०माग० और शौर० में **गच्छ** पाया जाता है (उवास० § ५८ और २५९ ; ललित० ५६१, १५ ; शकु० १८, ३ ; मृच्छ० ३८, २२ ; ५८, २), माग० मे **गश्च** है (मृच्छ० ३८, २२ ; ७९, १४) किन्तु अ०माग० में **गच्छाहि** रूप भी है (उवास० § २०४) ; महा० और जै०महा० में **पेॅच्छ** मिलता है (हाल ७२५ ; आव०एर्त्से० १८, १२), शौर० और दाक्षि० में **पेॅक्ख** हो जाता है (शकु० ५८, ७ ; मृच्छ० १७, २० ; ४२, २ ; दाक्षि० में : १००, १४), माग० में **पेॅस्क** है (मृच्छ० १२, १६ ; १३, ६ ; २१, १५), अप० में **पेॅक्खु** मिलता है (हेच० ४, ४१९, ६) और **पेक्खहि** भी देखा जाता है (पिंगल १, ६१) ; महा० और शौर० में **हस** आया है (हाल ८१८ ; नागा० ३३, ५), माग० में **हश** है (मृच्छ० २१, ४) ; माग० में **पिब = पिब** है (प्रबोध० ६०, ९) और **पिबाहि** रूप भी मिलता है (वेणी० ३४, २ और १५), **पलित्ताआहि = परित्रायस्व** है (मृच्छ० १७५, २२ ; १७६,५ और १०) ; महा० में **रुअ** है (हाल ८९५)। इसके साथ-साथ **रुपहि** भी पाया जाता है (७८४) और **रुअसु** रूप भी मिलता है (१४३ ; ८८५ ; ९०१), शौर० में **रोद** चलता है (मृच्छ० ९५, १२ ; नागा० २४, ८ और १२) = **रुदिहि** ; अ०माग० में **विगिञ्च = *विकृन्त्य = विकृन्त** है (आयार० १, २, ४, ३ ; उत्तर० १७०), **जाणाही = जानीहि** (आयार० १, २, १, ५), **बुज्झाहि = बुध्यस्व**,

वसाहि = वस, हराहि = हर, वन्दाहि = वन्दस्व और **अक्कमाहि = आकाम** (कप्प० § १११ तथा ११४ ; ओव० § ५३ ; उवास० § ५८ और २०४ ; निरया० § २२) ; जै०महा० मे **विहराहि = विहर है** (आव०एत्सें० ११, ६) ; महा०, जै०महा०, अ०माग० और शौर० में **करेहि** रूप है (हाल २२५ और ९०० ; आव-एर्त्से० ११, ४ ; कालका० मे **कर्** शब्द देखिए, ओव० § ४० ; मृच्छ० ६६, १४ ; ३२५, १८ ; ३२६, १० ; शकु० ७८, १४ ; १५३, १३), माग० में **कलेहि है** (मृच्छ० ३१, ८ ; १२३, १० ; १७६, ५), अप० मे **कराहि** और **करहि** रूप है (पिंगल १, १४९ ; हेच० ४, ३८५) और **करु** भी देखा जाता है (हेच० ४, ३३०, २) ; दाक्षि० में **ओणामेहि = अवनामय** है (मृच्छ० १०२, २) ; अ०माग० मे **पडि-कप्पेहि = प्रतिकल्पय, संणाहेहि = संनाहय, उवट्ठावेहि = उपस्थापय** और **कारवेहि = कारय** है (ओव० § ४०), **रोपहि = रोचय** है (विवाह० १३४) ; जै०महा० में **पुच्छेहि = पृच्छ** है (कालका० २७२, ३१), **मग्गेहि = मार्गय** और **वियाणेहि = विजानीहि** है (एर्त्से० ५९, ६ ; ७१, १२) ; शौर० में **मन्तेहि = मन्त्रय** और **कधेहि = कथय** है (ललित० ५५४, ८ ; ५६५, १५), **सिढिलेहि = शिथिलय है** (शकु० ११, १ ; वेणी० ७६, ४), **जालेहि = ज्वालय है** (मृच्छ० २५, १८) ; माग० मे **मालेहि = मारय** है (मृच्छ० १२३, १५ ; १६५, २४) और **घोसेहि = घोषय** है (मृच्छ० १६२, ९) ; ढक्की मे **पसलु = प्रसर** है (पाठ में **पसरु** है ; मृच्छ० ३२, १६) जब कि सभी हस्तलिपियाँ भूल से शब्द के अन्त मे -अ देती हैं : **गें ण्ह** रूप आया है (२९, १६ ; ३०, २), **पअच्छ** मिलता है (३१, ४ ; ७ और ९ ; ३२, ३ ; ८ ; १२ ; १४ ; ३४,२४ ; ३५, ७), **आअच्छ** भी देखा जाता है (३९, ७), **देहि** भी चलता है (३२, २३ ; ३६, १५) ; अप० में **सुणहि = शृणु है** (पिंगल १, ६२) ; महा०, जै०महा० और शौर० मे **होहि = *भोधि = वैदिक बोधि = भव है** (हाल २५१ और ३७२ ; एर्त्से० ११, ३१ और ३९, २४ ; मृच्छ० ५४, १२ ; शकु० ६७, २ ; ७०, ९ ; विक्र० ८, ८ ; १२, १२ ; २३, ६ आदि-आदि) । शब्द के अन्त मे **-ए** और **-इ** लगकर बननेवाले तथाकथित अप० आज्ञावाचक रूप के विषय मे § ४६१ देखिए ।

§ ४६९—तृतीयपुरुष एकवचन क्रिया के अन्त मे -उ लगकर बनता है; शौर०, माग०, दाक्षि० और ढक्की में **-दु** जोड़ा जाता है = **-तु** है : महा० में **मरउ = म्रियताम्** है (हाल में **मर्** शब्द देखिए), **पअट्टउ = प्रवर्तताम्** है (रावण० ३, ५८), **देउ = *दयतु** (गउड० ५८) ; अ०माग में **पासउ = पश्यतु** (कप्प० § १६), **आपुच्छउ = आपृच्छतु** (उवास० § ६८) और **विणउ = विनयतु है** (नायाध० § ९७ और ९८) ; जै०महा० में **कीरउ = क्रियताम्** और **सुव्वउ = श्रूयताम् हैं** (एर्त्से० १५, ९ ; १७, १४) ; **देउ = *दयतु** (कालका० दो ५०८, २९), **सुयउ = स्वपितु** हैं (द्वार० ५०३, ३) ; शौर० में **पसीददु = प्रसीदतु** (ललित० ५६१, ९ ; शकु० १२०, ११), **आरुहदु = आरोहतु** (उत्तररा० ३२, ६ और ७), **कधेदु = कथयतु** (शकु० १२०, १०) और **सुणादु = शृणोतु** हैं (विक्र० ५, ९ ; ७९,

१४ ; ८०, १२ ; वेणी० १२, ५ ; ५९, २३ आदि-आदि) ; दाक्षि० में **गच्छदु** रूप आया है (मृच्छ० १०१,१) ; माग० में **सुश्चदु = सुश्चतु , शुणादु = शृणोतु** और **णिशीददु = निषीदतु** हैं (मृच्छ० ३१, १८ और २१ ; ३७, ३ ; ३८, ९) ; अप० में **णन्दउ = नन्दतु** (हेच० ४, ४२२, १४) है, **दिज्जउ = दीयताम्** और **किज्जउ = क्रियताम्** है (पिंगल १, ८१ अ) ; महा०, जै०महा०, अ०माग० और अप० में **होउ**, शौर०, माग० और ढक्की में **भोदु = भवतु** है (महा० के लिए : हाल ; रावण० ; हेच० में **भू** शब्द देखिए ; जै०महा० के लिए : एर्त्सें० १८, १२ ; कालका० में **हो** शब्द देखिए ; अ०माग० के लिए : कप्प० ; नायाध० में **हो** शब्द देखिए ; शौर० के लिए : मृच्छ० ४, २१ ; शकु० २४, १३ ; विक्र० ६, १७ ; माग० के लिए : मृच्छ० ३८, ८ ; ७९, १८ ; ८०, ४ ; ढक्की के लिए : मृच्छ० ३०, १४ और १८ ; ३१, १९ और २२ ; ३४, २०) ।

§ ४७०—अ०माग० और आंशिक रूप में जै०महा० में भी प्रथमपुरुष बहुवचन।आज्ञाकारक के स्थान में प्रथमपुरुष बहुवचन वर्तमानकाल काम में लाया जाता है : अ०माग० में **गच्छामो···वन्दामो नमंसामो सक्कारेमो संमाणेमो··· पज्जुवासामो = गच्छामः···वन्दामहै नमस्याम सत्कारयाम संमानयाम··· पर्युपासाम** है (विवाह० १८७ और २६३ ; ओव० § ३८), **गिण्हामो = गृह्णाम, साइज्जामो = *स्वादाम = स्वादाम** है (ओव० § ८६) और **जुज्झामो = युद्ध्याम** है (निरया० § २५) ; जै०महा० में **हरामो = हराम** (एर्त्सें० ३७, ११), **गच्छामो = गच्छाम** तथा **पविसामो = प्रविशाम** है (सगर ५, १ और ६) । वर० ७, १९ और हेच० ३, १७६ में केवल एक रूप **–आमो** बताते हैं : **हसामो** और **तुवरामो** उदाहरण दिये हैं, सिंहराजगणिन् ने पन्ना ५१ में **हसिमो, हसेमो** और **हसमो** रूप अतिरिक्त मिलते है, ये भी वर्तमानकाल के ही हैं । इसके अनुसार अ०माग० में **भुञ्जिमो = भुञ्जाम** है (पद्य में ; उत्तर० ६७५) ; जै०महा० में **निक्खामेमो = निःक्षामयाम** है (द्वार० ५०५, ९), **करेमो** मिलता है (एर्त्सें० २, २७ ; ५, ३५), **पूरेमो = पूरयाम** है (सगर ३, १७); अ०माग० में **होमो** रूप पाया जाता है (उत्तर० ६७८ = दस० ६१३,३४)। आज्ञावाचक का अपना निजी समाप्तिसूचक चिह्न **–म्ह** है जो अ०माग० में प्रमाणित नहीं किया जा सकता है और महा० तथा जै०महा० में विरल हैं, इस कारण ही वर०, हेच० और सिंहराज० इसका उल्लेख नहीं करते[१] किन्तु इसके विपरीत शौर०, माग० और ढक्की में एकमात्र यही रूप काम में लाया जाता है । मार्क० पन्ना ७० में बताता है कि यह शौर० में काम लाया जाना चाहिए । ब्लौख ने मृच्छ०, शकु०, विक्रमो०, मालती० और रत्ना० से इस रूप का एक उत्तम संग्रह तैयार किया है[२]। महा० में **अब्भत्थेम्ह = अभ्यर्थयाम** है (रावण० ४, ४८) ; जै०महा० **चिट्ठम्ह = तिष्ठाम** और **गच्छम्ह = गच्छाम** हैं (एर्त्सें० १४, ३३ ; ६०, २१)[१] ; शौर० में **गच्छम्ह** रूप चलता है (मृच्छ० ७५, १ ; शकु० ६७, १० ; ७९, ८, ११५, ३ ; विक्र० ६, १४ और १८, १३ ; मालवि० ३०, १२ और ३२, १३ ; रत्ना० २९४, ८ ; २०५, ११ ; ३०३, २०; ३१२, २४ आदि-आदि), **उवविसम्ह = उपविशाम**

(शकु० १८, ९), **उवसप्पम्ह** = **उपसपमि** (शकु० ७९, ११ ; विक्र० २४, ३ ; ४१, १४ ; नागा० १३, ८ ; बाल० २१६, १), **पे`क्खाम** = **प्रेक्षाम** है (मृच्छ० ४९, १४ ; विक्र० ३१, १४ ; ३२, ५ ; रत्ना० ३०३, २५ आदि-आदि), **करेम्ह** = **करवाम** (शकु० ८१, १५ ; विक्र० ६, १५ ; १०, १५ ; ५३, १४ ; रत्ना० ३०३, २१ ; प्रबोध० ६३, ११ ; वेणी० ९, २३ आदि-आदि), **णिवेदेम्ह** = **निवेदयाम** (शकु० १६०, ७ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; मालवि० ४५, १५; रत्ना० २९३, २९ ; ३०९, २६), **अदिवाहे`म्ह** = **अतिवाहयाम** ( रत्ना० २९९, ३२ और हो`म्ह = **भवाम** हैं (शकु० २६, १४ ; विक्र० ३६, १२) ; माग० में **अण्णेशम्ह**[1] = **अन्वेषयाम** (मृच्छ० १७१, १८), **पिवम्ह** = **पिवाम** (वेणी० ३५, २२) और **पलाअम्ह** = **पलायाम** है (चंड० ७२, २) तथा इनके साथ साथ **कलेम्ह** रूप भी पाया जाता है (मृच्छ० १७९, १९ ; १६८, ७ ; १७०, २१ ; चंड० ६८, १५ ; वेणी० ३६, ६) ; ढक्की में **अणुसले`म्ह** = **अनुसराम** है ( मृच्छ० ३०, १३ ; ३६, १९ ) ; ढक्की, माग० और शौर० में **कीलेम्ह** = **क्रीडाम** ( मृच्छ० ३०, १८ ; ९४, १५ ; १३१, १८ ); ढक्की और माग० में **णिवेदे`म्ह** में पाया जाता है (मृच्छ० ३६, २२ ; १७१, ११)। **-मो** और **-म** में समाप्त होनेवाले रूप जो कभी-कभी हस्तलिपियों और नाना संस्करणों में देखने में आ जाते हैं, जैसे कि **पे`क्खामो** ( मालवि० १९, १७ ), माग० रूप **पे`स्कामो** (मृच्छ० ११९, १), **पविसामो** (मालवि० ३९, १९ ; इसी नाटक में अन्यत्र **पविस्सम्ह** भी देखिए ; शंकर पाण्डुरंग पंडित के संस्करण ७५, २ में शुद्ध रूप **पविसम्ह** आया है ; रत्ना० २९४, १७ ; ३०२, २९ ; नागा० २७, ७ ; महावीर० ३५, १७ की तुलना कीजिए), **अवक्कमाम** (मालवि० ४८, १८ ; शुद्ध रूप **अवक्कमम्ह** मृच्छ० २२, २ में मिलता है), **णिवारेम** (मालवि० ६२, १३ ; इसी नाटक मे अन्यत्र **णिवारेम्ह** है) और माग० रूप **णश्चामो** (प्रबोध० ६१, ७ ; मद्रासी संस्करण ७५, २२ मे शुद्ध रूप **णश्चम्ह** आया है)[1] आज्ञावाचक के स्थान में उतने ही अशुद्ध हैं जितने कि **-म्ह** मे समाप्त होनेवाले रूप सामान्य वर्तमानकाल के लिए (§ ४५५)। इसका तात्पर्य यह हुआ कि **-म्ह** यदि क्रियाओं के आज्ञावाचक रूपों में लगता हो तो इसे **स्मः** (= हम है)[1] से व्युत्पन्न करना भूल है। **-म्ह** = **-स्म** जो पूर्णभूत में लगता है और **पोम्ह** = ***नेष्म** (§ ४७४) केवल आज्ञावाचक रूप के काम में लाये गये वैदिक **जेष्म**, **गेष्म** और **देष्म** की ठीक बराबरी में बैठता है और द्वितीयपुरुष एकवचन भी **नेष** और **पर्ष** की तुलना में जोड़ का है (ह्विटनी, § ८९४ सी. (C.) और ८९६ ; बे० बाइ० २०, ७० और उसके बाद में नाइस्सर के विचारों की भी तुलना कीजिए)। अप० में प्रथमपुरुष बहुवचन वर्तमानकाल में **जाहुँ** = **याम** है (हेच० ४, ३८६)।

१. शौर० और माग० में शब्द के अन्त में **-म्ह** लग कर बननेवाला आज्ञावाचक के रूप बहुत अधिक पाये जाते हैं, व्याकरणकारों ने इस तथ्य को अति संक्षेप में टरका दिया है। इसलिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इन्होंने

इस रूप का उल्लेख नहीं किया है जिस पर ब्लौख ने वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा में बहुत फटकार बतायी है। — २. उक्त ग्रन्थ का पेज ४४, खेद है कि अनेक उद्धरण भ्रमपूर्ण हैं और तीनों बोलियों में कुछ भेद नहीं किया गया है। ऊपर जो उदाहरण दिये गये हैं, इस विषय का ध्यान रख कर चुने गये हैं। — ३. याकोबी ने 'औसगेवैल्ते एर्त्सेलुंगन इन महाराष्ट्री' की भूमिका के पेज ४७ में इस ओर ध्यान ही नहीं दिया है। — ४. हेच० ४, २८९ के अनुसार अणणेशास्म, पिबस्म, कलेँस्म आदि-आदि की प्रतीक्षा की जानी चाहिए, किन्तु § २१४ की तुलना कीजिए। — ५. इस विषय पर अधिक विस्तार ब्लौख की उक्त पुस्तक के पेज ४५ में है। — ६. बोप, फरग्लाइषन्डे ग्रामाटीक एक १, १२० ; बुर्नूफ ए लास्सन, एसै स्यूर ल पाली (पेरिस १८२६), पेज १८० और उसके बाद ; होएफर, डे प्राकृतिका डिआलेक्टो § १८७ नोटसंख्या तीन; लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए ११७, २ ; बुगमान, ग्रुण्डरिस दो १, १३५४, नोटसंख्या १ ; ब्लौख का उक्त ग्रन्थ, पेज ४६ और उसके बाद।

§ ४७१—आज्ञावाचक द्वितीयपुरुष बहुवचन के रूप में द्वितीयपुरुष बहुवचन सामान्यवर्तमान का प्रयोग किया जाता है : महा० में **णमह** रूप पाया जाता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; कर्पूर० १, ७), अप० में **नमहु** आता है (हेच० ४, ४४६) और चू०पै० में **नमथ** (हेच० ४, ३२६) ; महा० में **रञ्जेह** = **रञ्जयत**, **रएह** = **रचयत** और **देह** = ***दयत** हैं (हाल ७८०) ; महा० में **उअह** = ***उपत**[1] = **पश्यत** है (भाम० १, १४ ; देशी० १, ९८ ; त्रिवि० २, १, ७५ ; गउड०, हाल ; शकु० २, १४) ; **उवह** रूप भी मिलता है (सिंहराज० पन्ना ४५ ; कर्पूर० ६७, ८ ; प्रताप० २०५, ९ ; २१२, १० ; हाल में यह रूप देखिए) ; अ०माग० में **हणह खणह छणह डहह पयह आलुम्पह विलुम्पह सहसक्कारेह विपरामुसह** = **हत खनत क्षणुत दहत पचत आलुम्पत विलुम्पत सहसात्कारयत विपरामृशत** है (सूय० ५९६ ; आयार० १, ७, २, ४ की तुलना कीजिए), **खमाह** = **क्षमध्वम्** है (उत्तर० ३६६ और ३६७) और **तालेह** = **ताडयत** है (नायाध० १३०५) ; जै०महा० में **अच्छह** = **ऋच्छत** है (आव०एर्त्से० १४, ३०), **कण्डूयह** मिलता है (एर्त्से० ३६, २१), **चिट्ठह**, **आइसह** और **गिण्हह** = **तिष्ठत**, **आविशत** और **गृह्णीत** हैं (कालका० २६४, ११ और १२), **ठवेह** और **दंसेह** = **स्थापयत** और **दर्शयत** हैं (कालका० २६५, ७ ; २७४, २१) ; शौर० में **परित्ताअध** = **परित्रायध्वम्** है (शकु० १६, १० ; १७, ६ ; विक्र० ३,१७ ; ५,२ ; मालती० १३०, ३), माग० में **पलित्ताअध** रूप हो जाता है (मृच्छ० ३२, २५) ; अ०माग० तथा जै०महा० में **करेह** रूप मिलता है (कप्प० ; उवास० ; नायाध० ; कालका० २७०, ४५), अ०माग० में **कुव्वहा** भी होता है (आयार० १, ३, २, १), अप० में **करेहु** (पिंगल १, १२२), **करहु** (हेच० ४, ३४६ ; पिंगल १, १०२ और १०७), **कुणेहु** (पिंगल १, ९० और ११८) और **कुणहु** रूप होते हैं (पाठ में **कुणह** है ; पिंगल १, १६ ; ५३ और ७९), माग० में **कलेध** है (मृच्छ० ३२, १५ ; १२२, २ ; १४०,२३) ; शौर० में **पअत्तध** = **प्रयत**-

ध्वम् है (शकु० ५२, १२), **समस्ससध = समाश्वसित है** (विक्र० ७, १), **अवणेध = अपनयत, होध = भवत** और **मारेध = मारयत हैं** (मृच्छ० ४०, २४ ; ९७, २३ ; १६१, १६) ; माग० में **ओशलध = अपसरत है** (मृच्छ० ९६, २१ और २३ ; ९७, १ ; १३४, २४ ; २५ ; १५७, ४ और १२ आदि-आदि ; मुद्रा० १५३, ५ ; २५६, ४ [यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए] ; चड० ६४, ५), **सुणाध = शृणुत है** (ललित० ५६५, १७ और ५६६, ५ ; मृच्छ० १५८, १९ ; प्रबोध० ४६, १४ और १६) और **मालेध = मारयत** है (मृच्छ० १६५, २३ ; १६६, १)[१]। ढक्की मे **रमह** (मृच्छ० ३९, १७) रूप स्टेंत्स्लर के अनुसार **रमम्ह** में सुधारा जाना चाहिए ; अप० मे **पिअहु = पिबत** (हेच० ४, ४२२, २०), **ठवहु = स्थापयत** और **कहेहु = कथयत** है (पिंगल १, ११९ और १२२)। दाक्षि० में **आअच्छध = आगच्छत** है और इसके साथ-साथ **जसंह = यतध्वम्** है, **करेजाह = कुरुत है** तथा **जोहह** रूप भी आया है (मृच्छ० ९९, २४ ; १००, ३)। —इसका तृतीय-पुरुष सभी प्राकृत बोलियों मे **—न्तु** मे समाप्त होता है : महा० मे **दें न्तु = ददन्तु है** (गउड० ४४), **णन्दन्तु** और **विलिहन्तु** रूप भी पाये जाते हैं (कर्पूर० १, १ और ४) ; अ०माग० मे **भवन्तु** आया है (विवाह० ५०८), **निज्जन्तु = निर्यान्तु** और **फुसन्तु = स्पृशन्तु** है (ओव० § ४७ और ८७) तथा **सुणन्तु = शृण्वन्तु है** (नायाध० ११३४) ; शौर० मे **पसीदन्तु = प्रसीदन्तु**(मुद्रा० २५३, ४), **पेॅक्खन्तु = प्रेक्षन्ताम्** (मृच्छ० ४, ३) और **होन्तु = भवन्तु** हैं (विक्र० ८७, २१) ; माग० मे **पशीदन्तु = प्रसीदन्तु** है (शकु० ११३, ५) ; अप० मे **पीडन्तु**[२] मिलता है (हेच० ४, ३८५) और सामान्य वर्तमान का रूप **लेंहि** इसके लिए प्रयोग में आया है[४]।

१. हेमचन्द्र २, २११ पर पिशल की टीका। हाल १ पेज २९, नोटसंख्या ४ और हाल २४ में अशुद्ध मत दिया है। — २. शौर० के सम्बन्ध में पिशल, कू०बाइ० ८, १३४ और उसके बाद की तुलना कीजिए। — ३. वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज ४५। — ४. यदि जे के स्थान में जं पढ़ा जाय तो हमारे सामने सामान्य वर्तमान का रूप उपस्थित हो जाता है।

§ ४७२—जैसा की § ४५२ में कहा गया है, प्रथम और द्वितीय रूपावलियों के एक साथ मिल जाने से अ– वर्ग की प्रधानता हो गयी है। इसके साथ-साथ अप० को छोड़ अन्य प्राकृत बोलियों मे ए– वर्ग का विस्तार बहुत बढ़ गया है। वररुचि ७, ३४ और क्रमदीश्वर ४, ३७-३९ तक में अनुमति देते हैं कि सब कालों में ए का प्रयोग किया जा सकता है, हेमचन्द्र जो ३, १५८ मे मार्कडेय पन्ना ५१ से पूरा सहमत दिखाई देता है, इसका आगमन सामान्यवर्तमान, आज्ञावाचक तथा अंशक्रिया वर्तमान परस्मैपद में सीमित कर देता है। भामह ये उदाहरण देता है : **हसेइ, हसइ; पढेइ, पढइ ; हसेॅ त्ति, हसन्ति ; हसेउ, हसउ** ; हेमचन्द्र में **हसेइ, हसइ, हसेम, हसेमु, हसेमो ; हसेउ, हसउ ; सुणेण, सुणउ ; हसेॅ न्तो, हसन्तो** रूप पाये जाते हैं ; क्रमदीश्वर में **हसइ, हसेइ ; चअइ, चएइ** दिये गये हैं[१]; मार्कंडेय में **भणइ,**

भणेइ ; भणासि, भणेसि उदाहरण देखने में आते हैं। ए- वाले ये रूप सभी गणों में ढेर के ढेर पाये जाते हैं। इनके पास-पास में ही अ- वाले रूप भी मिलते हैं। यद्यपि हस्तलिपियाँ इस विषय पर बहुत डावांडोल हैं तोभी यह निर्णय तो निश्चय रूप से किया जा सकता है। इन ए- वाली क्रियाओं को प्रेरणार्थक और इ के साथ एक पंक्ति में रखना, उसकी सर्वथा भिन्न बनावट इसकी अनुमति नहीं देती। कृ धातु के रूप करइ और करेइ बनाये जाते हैं, जै०शौर०, शौर० और माग० में करेदि है किन्तु इनमें प्रेरणार्थक रूप कारेइ पाया जाता है। शौर० और माग० में कारेदि भी पाया जाता है। जै०शौर० में कारयदि भी मिलता है (कत्तिगे० ४०३, ३८५)। हसइ और हसेइ दोनों रूप काम में लाये जाते हैं किन्तु प्रेरणार्थक में हासेइ मिलाता है ; शौर० में मुञ्चादि और मुञ्चेदि रूप देखने में आते हैं किन्तु प्रेरणार्थक का रूप मोआवेदि है, आदि-आदि। इसलिए यह कहना ठीक है कि -ए वर्ण जो प्राकृत में ली गयी क्रियाओं में -अय का रूप हैं, सीधीसाधी क्रियाओं मे भी आ सकता है[1]। ब्लौख के अनुसार रूप जैसे कि शौर० मे गच्छेम्ह (मृच्छ० ४३, २० ; ४४, १८), ढक्की में गेण्हेम्ह (मृच्छ० ३६, २४), अणुसलेम्ह (मृच्छ० ३०, १३ ; ३६, १९), ढक्की, शौर० और माग० रूप कीलेम्ह (मृच्छ० ३०, १८ ; ९४, १५ ; १३१, १८) तथा शौर० में सुचेम्ह (मृच्छ० ४६, ९) को निश्चित रूप से अशुद्ध समझना, मैं ठीक नहीं समझता।[2]

१. याकोबी, औसगेवैल्ते एर्सेलुंगन इन महाराष्ट्री, § ५३, दो, जहाँ नेमि और देमि एकदम उड़ा दिये जाने चाहिए (§ ४६४)। — २. लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए § १२०, ३। — ३. वररुचि उन्ट हेमचन्द्रा, पेज ४५।

§ ४७३— प्रथम गण की क्रियाएं जिनकी धातुओं के अन्त में -इ अथवा -उ आता है उनकी रूपावली अधिकांश मे संस्कृत की भाँति चलती है : जि धातु का रूप महा० मे जअइ बनता है (हेच० ४, २४१ ; गउड० ; हाल में जि देखिए ; कर्पूर० २, ६), अ०माग० और जै०महा० में जयइ रूप है (नन्दी० १, २२; एर्त्से०), शौर० मे जअदि चलता है (विक्र० ४४, ४ ; मुद्रा० २२८, ४ ; ५ और ६)। आज्ञावाचक में शौर० रूप जअदु चलता है (शकु० ४१, १ ; ४४, ३ ; १३८, ६ ; १६२, १ ; विक्र० २७, ८ ; २८, १४ ; ४४, ३ ; ८७, २० ; ८२ ; ८ और ९; रत्ना० २९६,१ ; ३०५, १५ ; ३२०, १६ ; ३२१, २८ आदि-आदि)। जेदु रूप जो बहुधा जअदु के साथ-साथ पाया जाता है, उदाहरणार्थ वेणी० ५९, १३ में जहाँ इसके साथ-साथ २९, ११ में जअदु रूप मिलता है इसके अतिरिक्त प्रबोधचन्द्रोदय ३२, १२ में भी माग० येदु आया है तथा पास ही में ४०, ८ में शौर० रूप जअदु दिया गया है और शकु० के देवनागरी संस्करण में भी देखा जाता है (बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकु० २७, १२ ; ९९,१७ ; ८९,१५ ; ९०,९ ; १०७,८), शुद्ध नहीं जान पड़ता तथा इसके ठीक प्रमाण नहीं दिये गये हैं[1]। महा०, जै०महा०, अ०माग०, ढक्की और अप० जि की रूपावली नवें गण की भाँति भी चलती है। महा०, जै०महा० ; अ०माग० और अप०

में उक्त रूपावली के साथ-साथ यह पहले गण की रूपावली में चला गया : ढक्की में **जिणादि** रूप है (मृच्छ० ३४, २२) ; अ०माग० में **जिणामि** आया है (उत्तर० ७०४) ; महा० मे **जिणइ** पाया जाता है (वर० ८, ५६ ; हेच० ४, २४१ ; सिंहराज० पन्ना ४९), अ०माग० में **पराइणइ** है (विवाह० १२३ और १२४) ; अप० में **जिणइ** चलता है (पिंगल १, १२३ अ) ; महा० में **जिणन्ति** मिलता है (रावण० ३, ४०) ; अ०माग० मे **जिणेज्ज** है (उत्तर० २९१), **जिणाहि** भी आया है (जीवा० ६०२ ; कप्प० § ११४ ; ओव० § ५३) और **जिणन्तस्स = जयतः** है (दस० ६१८, १४) ; जै०महा० में **जिणिउं** मिलता है (= **जित्वा** : आव०एत्सें० ३६,४२); अप० मे **जिणिअ** है (= **जित्** : पिंगल १,१०२ अ) । कर्मवाच्य के रूप **जिणिज्जइ** और **जिव्वइ** के विषय में § ५३६ देखिए । मार्क० पन्ना० ७१ मे शौर० के लिए **जिणद** रूप देता है, पता नहीं चलता कि वह इसकी अनुमति देता है अथवा निषेध करता है [मार्क० पन्ना ७, ८७ = पन्ना ७१ मे मेरे पास की छपी प्रति मे **जि** धातु मे णकारागम का आदेश है, उदाहरण के रूप मे **जिणइ** दिया गया है । —अनु०] । शौर० मे **समस्सइअ** रूप मिलता है (शकु० २, ८) । इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि इसका वर्तमानकाल का रूप ***समस्सअइ = समाश्रयति** रहा होगा । अ०माग० मे **जि** की भाँति ही **श्रि** की भी रूपावली नवें गण की भाँति चलती है : **समुस्सिणामि** और **समुस्सिणासि** मिलते हैं (आयार० १, ७, २, १ और २) । — **चि** और **मि** धातु के सधियुक्त रूप पाये जाते हैं (§ ५०२) । **–उ** और **–ऊ** मे समाप्त होनेवाले धातुओं के विषय में हेच० ४,२३३ मे सिखाता है कि इनमे बिना गण के भेद के **–उ** और **–ऊ** के स्थान मे **अव** आदेश होता है : **निण्हवइ** और **निहवइ = निह्नुते, चवइ = च्यवते, रवइ = रौति, कवइ = कवते , सवइ = सूते** और **पसवइ = प्रसूते** हैं । इस नियम से अ०माग० **पसवइ** रूप पाया जाता है (उत्तर० ६४१), **निण्हवेज्ज** भी मिलता है (आयार० १, ५, ३, १), **निण्हवे** आया है (दस० ६३१, ३१), **अणिण्हवमाण** है (नायाध० § ८३) ; जब कि कर्मवाच्य में महा० रूप **णिण्हुविज्जन्ति** है (हाल ६५७), शौर० में **णिण्हुवीअदि** पाया जाता है (रत्ना० ३०३, ९) और भूतकालिक अशक्रिया शौर० मे **णिण्हुविदो** है (शकु० १३७, ६) । यह छठे गण की रूपावली के अनुसार है = ***णिण्हुवइ** है करके माना जाना चाहिए , महा० मे **पण्हुअइ = प्रस्नौति** है (हाल ४०९ और ४६२ मे **पण्हुअइ** रूप देखिए) ; अ०माग० और अप० में **रवइ** आया है (ठाणग० ४५० ; पिंगल २, १४६) । **रवइ** रूप के साथ-साथ **रु** की रूपावली छठे गण के अनुसार भी चलती है : **रुवइ** आया है (हेच० ४, २३८) ; महा० मे **रुवइ, रुवन्ति** और **रुवसु** रूप मिलते हैं (हाल में **रुद्** देखिए) । **पडिरुअन्ति** भी देखा जाता है (रावण०), कर्मवाच्य में **रुव्वइ** और **रुविज्जइ** रूप काम में आये हैं (हेच० ४, २४९), महा० में **रुव्वसु** भी है (हाल १०) । इससे तथ्य मिला कि प्राकृत में एक नयी धातु **रुव्** भी बन गयी थी जो **धौ** और **स्वम्** की भाँति है (§ ४८२ और ४९७) । इस गौण धातु की रूपावली प्रथम गण में चलती है :

रोवइ मिलता है (हेच० ४,२३८), महा० में रोवन्ति आया है (हाल ४९४); जै०महा० में रोवामि पाया जाता है (द्वार० ५०३,१७)। व्याकरणकार रुव् के इस रूप को अधिक अपनाते हैं क्योंकि इसकी रूपावली औरों के समान ही चलती है (§ ४९५) तथा यह समान अर्थ में काम में आता है। इसके साथ जिप्सी भाषा के रुवाव और रोवाव की तुलना कीजिए जिनका अर्थ रोना है और अंग्रेजी शब्द टु क्राइ (to cry) = रोना और चिल्लाना की भी तुलना कीजिए[1] [क्राइ शब्द लैटिन में कुइरिटारे (उच्चारण किरिटारे) था। अब भी इटालियन में ग्रिदारे, स्पैनिश में ग्रितार तथा पोर्तुगीज में ग्रितार है। अंगरेजी में क्राइ और फ्रेंच में क्रिए (crier) रूप हैं। —अनु०]। — अ०माग० में लुप्पेज्जा = *लुपेज्जा = लुनीयात् है (विवाह० ११८६), पुवन्ति = प्लवन्ते है (विवाह० १२३२)। इनकी रूपावली छठे गण के अनुसार चलती है। ४९४, ५०३ और ५११ की भी तुलना कीजिए।

१. रत्नावली पेज ३६९ में कापेलर की टीका ; इस नाटिका में प्रायः सर्वत्र पाठ के जेड के पास सर्वोत्तम लिपियों में पाया जानेवाला रूप जअद् भी पाया जाता है ; उदाहरणार्थ, मुद्रा० ३८, ४ ; ४१, ४ ; ५४, ६ ; ८४, ७ आदि-आदि की तुलना कीजिए। — २. हाल १४१ पर वेबर की टीका ; हेच० ४, २२६ पर पिशल की टीका।

§ ४७४—अन्त में -इ वाले प्रथम गण के धातु संप्रसारण द्वारा -अय का -ए में परिवर्तन कर देते हैं : णेसि और णेइ = नयसि तथा नयति (हाल ५५३ ; ९३९ ; ६४७), आणेइ रूप भी मिलता है (रावण० ८, ४३) ; अ०माग० और जै०शौर० में नीणेइ = निर्णयति (उत्तर० ५७८ ; एर्से० २९, ६) ; जै०महा० में नेइ रूप आया है (एर्से० ११, ११), महा० में परिणेइ देखा जाता है (कर्पूर० ७, ४), शौर० में परिणेदि है (विद्ध० ५०, १), आणेदि भी पाया जाता है (कर्पूर० १०९, ८)। इसके अनुसार जै०महा० में प्रथमपुरुष एकवचन में नेमि आया है (सगर ९, ६), महा० में आणेमि मिलता है (कर्पूर० २६, १), शौर० में अवणेमि = अपनयामि है, अणुणेमि और पराणेमि रूप भी देखने में आते हैं (मृच्छ० ६, ७ ; १८, २३ ; १६६, १६) ; तृतीयपुरुष बहुवचन में महा० में णेन्ति रूप आया है (रावण० ३, १४ ; ५, २ ; ६, ९२)। आज्ञावाचक में जै०महा० और शौर० में णेहि रूप है (एर्से० ४३, २४ ; विक्र० ४१, २), अ०माग० और शौर० में उवणेहि = उपनय है (विवाग० १२१ और १२२ ; मृच्छ० ६१, १० ; ६४, २० और २५ ; ९६, १४ ; विक्र० ४५, ९), शौर० में आणेहि चलता है (विक्र० ४१, १) तथा आणेसु है (शकु० १२५, ८ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; कर्ण० ५१, १७), अवणेसु = अपनय है (विद्ध० ४८, १०), शौर० में णेदु है (मृच्छ० ६५, १९ ; ६७, ७) ; शौर० और माग० में णेम्ह आया है (मुद्रा० २३३, ५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; इसी नाटक में अन्यत्र और इसके कलकतिया संस्करण में णेम्ह भी मिलता है) ; माग० में (मृच्छ० १७०, १२), जै०महा० में नीणेह पाया जाता है (द्वार० ४९६, ५) ; माग० और शौर० में णेध है (मृच्छ० ३२, १५ ; १६१, ९)। पद्य में जै०महा० में

आणसु (एर्त्से० ७८, ९) और अप० में **आणहि** रूप पाये जाते हैं (हेच० ४, ३४१, २)। ***आणअसु**, ***आणासु**, ***आणअहि**, ***आणाहि** से इनका स्पष्टीकरण होता है। महा० रूप **णअइ** (विद्ध० ७, २) और **णअन्ति** (गउड० ८०३), शौर० रूप **परिणअदु** (शकु० ३९, ३), **णइअ** = ***नयिय** = **नीत्वा** (मृच्छ० १५५, ४) परस्मैपद की वर्तमानकालिक अंशक्रिया के माग० रूप **णअन्ते** = **नयन्** मे (मृच्छ० १६९, १२) संस्कृत की रूपावली दिखाई देती है। **डी** धातु का **उद्** के साथ **उड्डेइ** रूप बनता है जिसका तृतीयपुरुष बहुवचन का रूप **उड्डेॅन्ति** रूप है (हेच० ४, २३७ ; हाल २१८ ; गउड० २३२ [जे. (J) हस्तलिपियों के साथ **उड्डिन्ति** पढा जाना चाहिए]; ७७० ; माग० मे : मृच्छ० १२०, १२), परस्मैपद की अंशक्रिया **उड्डेॅन्त** (गउड० ५४३ ; पी. (P) हस्तलिपि के अनुसार यही पाठ पढा जाना चाहिए) । — **लेइ** = **लयति** जो **ली** धातु का एक रूप है (हेच० ४, २३८ [धातुपाठ में **लीङ्श्लेषण है**, यह **लेइ** उसी का प्राकृत है। —अनु०]); महा० मे **अहिलेइ** भी मिलता है (गउड०; रावण०), **अहिलेॅन्ति** है (हाल), **परिलेॅन्त** रूप भी पाया जाता है (रावण०) जब कि महा० **अल्लिअइ** (गउड० ; हाल ; रावण०), जै०महा० **अल्लियउ** (आव०-एर्त्से० ४७, १६), अ०माग० **उवल्लियइ** (आयार० २, २, २, ४), यह **समल्लिअइ** (रावण०), जै०महा० **समल्लियइ** (आव०एर्त्से० ४७, १७) किसी ***लीयते** रूप की सूचना देते हैं, महा० अंशक्रिया **आलीअमाण** (गउड०) और शौर० **णिलीअमाण** (विक्र० ८०, २०) बताते हैं कि ये रूप संस्कृत की भाँति है (§ १९६) । इसी भाँति **दय**– (= देना : हेच० मे **दा** शब्द देखिए ; क्रम० ४, ३४) की रूपावली भी चलती है : महा० और जै०महा० में **देइ**, **देॅन्ति**, **देहि**, **देसु**, **देउ**, **देह** और अंशक्रिया मे **देॅन्त**– रूप पाये जाते है (गउड० ; हाल ; रावण०;एर्त्से० ; कालका०); अ०माग० में **देइ** (निरया० § २१ और २२), **देमो** (विवाह० ८१९) रूप आये है ; जै०शौर० मे **देदि** मिलता है (कत्तिगे० ३९९, ३१९ और ३२० ; ४०२, ३६० ; ३६५ और ३६६) ; शौर० मे **देमि** आया है (रत्ना० ३१२, ३० ; मृच्छ० १०५,९), **देसि** (मालवि० ५, ८), **देदि** (मृच्छ० ६६, २ ; १४७, १७ ; विक्र० ४३, १४ ; विद्ध० २९, ७) और **देहि** रूप आये हैं (यह रूप ठीक संस्कृत के समान है), **देहि** बार बार मिलता है (उदाहरणार्थ, मृच्छ० ३८, ४ और २३ ; ४४, २४ ; ९४, १७; शकु० ९५, ११ ; १११, ६, आदि-आदि), **देदु** रूप भी देखा जाता है (कर्पूर० ३८, १) ; दाक्षि० मे **देउ** पाया जाता है (मृच्छ० १०५, २१) ; शौर० में **देॅन्त** चलता है (मृच्छ० ४४, १९) ; माग० मे **देमि** आया है (मृच्छ० ३१, १७ ; ४५, २ ; ७९, १८ ; १२७, १२ ; १३१, ९ ; १० और १३), **देहि** रूप भी है (मृच्छ० ४५, १२ ; ९७, २ ; १३२, ४), **देसु** देखा जाता है (प्रबोध० ५८, ८) और **देध** (मृच्छ० १६०, ११ ; १६४, १४ और १६ ; १७०, ६) पाया जाता है ; ढक्की में **देहि** मिलता है (मृच्छ० ३२, २३ ; ३६, १५) ; पै० में **तेति** (हेच० ४, ३१८) और **तिय्यते** रूप चलते हैं (हेच० ४, ३१५ ; यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए) ; अप० में **देसि**, **देइ**, **देॅन्ति**, **देहु** रूप आये हैं और **देॅन्तहो** = **ददत** है , **देॅसिहिं** = **ददतीभिः**

(हेच० में **दा** शब्द देखिए), **क्त्वा**- वाला रूप **करके**- सूचक है ; **देप्पिणु** (हेच० ४, ४४०) आया है तथा **देवं** है (हेच० ४, ४४१) । ***दयइ = दयति** रूपावली इस तथ्य की सूचना देती है कि शौर० में भविष्यत्काल का रूप **दइस्सं = दइष्ये** होना चाहिए (मृच्छ० ८०, २०), इसलिए **दाइस्सं** (बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकु० २५, ६ ; कर्पूर० ११२, ५) अशुद्ध है ; **दइस्सामो** रूप मिलता है (विद्ध० १२१, ३ ; इसमें अन्यत्र अन्य रूप भी देखिए) ; इस सम्बन्ध में वर० १२, १४ की तुलना कीजिए ; माग० में **दइश्शं** आया है (मृच्छ० २१, ६ ; ८ और १५; ३२, ९ और २४ ; ३३, २२ ; ३५, ८ ; ८०, १९ ; ८१, ५ ; ९७, ३ ; १२३, २१ ; १२४, ५ और ९) तथा शौर० और माग० में **क्त्वा**- वाला रूप **दइअ = दयिम = दयित्वा है** (मृच्छ० ३२, १९ [**अ-दइअ है**] ; ३७, १२ ; ५१, १२ ; १६८, २) । **दा** धातु केवल महा० और जै०महा० रूप **दाऊण, दाउं** और **दिज्जइ** (गउड०; हाल ; रावण० ; एत्सें०), अ०माग० में सामान्य धातु के रूप **दाउं** (उवास० ; नायाध०) ; शौर० **दीअदि** (मृच्छ० ५५, १६ ; ७१, ६ ; यही रूप मृच्छ० ४९, ७ के **दिज्जदि** के स्थान में भी पढ़ा जाना चाहिए), **दीअदु** (कर्पूर० १०३, ७), **दादव्व** (मृच्छ० ६६, २ ; २५०, १४ ; कर्पूर० १०३, ६ ; जीवा० ४३, १२ और १५) ; माग० रूप **दीअदि** और **दीअदु** (मृच्छ० १४५, ५) ; महा०, जै०महा० और अ०माग० भविष्यत्काल के रूप **दाहं** और **दास्सं** (§ ५३०), भूतकालिक अंश-क्रिया **दिण्ण** और **दत्त** रूपों में शेष रह गया है (§ ५६६) । अ०माग० में अधिकांश में **दलयइ** रूप चलता है (§ ४९०), जिसके स्थान में बहुधा दूसरा रूप **दलइ** भी पाया जाता है (होएर्नले द्वारा सम्पादित उवास०, अनुवाद की नोटसंख्या २८७) ।

§ ४७५—हेच० ४, ६० में **भू** के निम्नलिखित रूप देता है : **होइ, हुवइ, हवइ, भवइ** और सन्धियुक्त रूप **पभवइ, परिभवइ, संभवइ** और **उब्भुअइ**, जो सूचना देते हैं कि इनका मूल सीधा सीधा रूप ***भुवइ** रहा होगा । यह मूल रूप **भुवदि** में दिखाई देता है जिसे हेच० ४, २६९ में **हुवदि, भवदि, हवदि, भोदि** और **होदि** के साथ साथ शौर० बोली का रूप बताता है । इसके अतिरिक्त अ०माग० **भुवि** (§ ५१६) जो भूतकाल का रूप है यह देखा जाता है तथा पै० रूप **फुवति** में भी यह मिलता है (क्रम० ५, ११५) । वर० ८, १ ; क्रम० ४, ५६ ; मार्क० पन्ना ५३ में **होइ** और **हुवइ** रूप बताये गये हैं और वर० ८, ३ तथा मार्क० ५३ में **भवइ** के संधियुक्त रूप दिये गये हैं जैसे, **पभवइ, उब्भवइ, संभवइ** और **परिभवइ** । क्रम० **नेहवइ** का सन्धियुक्त रूप दिया है जैसे, **पहवइ** । वर० का सूत्र १२, १२ शौर० के विषय में अस्पष्ट है तथा क्रम० ५, ८१ और मार्क० पन्ना ५३ में **भोदि** का विधान करते हैं, जब कि मार्क० के मतानुसार शाकल्य **होदि** की अनुमति देता है और सिंह-राजगणिन् पन्ना ६१ में **भोदि, होदि, भुवदि, हुवदि** इत्यादि सिखाता है । संस्कृत **भवति** से ठीक मिलता-जुलता और उसके जोड़ का रूप **भवइ** है जो अ०माग० में बहुत प्रचलित है (आयार० १, १, १, १ और उसके बाद ; ठाणंग० १५६; विवाह० ११६; ११७ ; ११७; १२६; १३५ और उसके बाद ; नन्दी० ५०१ और उसके बाद ;

पण्णव० ६६६ और ६६७ ; कप्प० एस. (S.) § १४-१६) **भवन्ति** है (विवाह० १२४५ और १४०६), **भवन्ति** रूप भी आया है (विवाह० ९२६ और १३०९ ; ओव० § ७० और उसके बाद कप्प०), **भवउ** भी देखने में आता है (कप्प०) ; जै०महा० में इसके रूप कम नहीं मिलते : **भवइ** आया है (आव०एत्सें० १०, २०; १३, ३७ ; २०, ११ और उसके बाद), **भवन्ति** है (एत्सें० ३, १४), **भवसु** भी मिलता है (एत्सें० ११, १०)। इनके साथ-साथ अ०माग० और जै०महा० में आरंभ में –**हु** वाले रूप भी हैं : जै०महा० में **हुवामि** आया है (एत्सें० ३५, १५), अ०माग० और जै०महा० में **हुवइ** है (पण्णव० ३२ और ११५ ; नन्दी० ३२९ और ३६१ तथा उसके बाद ; उत्तर० ३४२ ; ३४४ ; ७५४ [इसके पास ही **होइ** रूप आया है] ; आव०एत्सें० ३६, ४४) ; अ०माग० में **हुवन्ति** चलता है (सूय० २५३ और २५५ ; विवाह० १३८ ; पण्णव० ४० ; ४२ ; ९१ ; ७४ ; १०६ ; ११५ आदि आदि ; नंदी० ४६१ ; जीवा० २१९ ; ओव० § १३०) ; इसी भाँति इच्छावाचक में भी **भवेॅज्जा** (ओव० § १८२) और द्वितीयपुरुष बहुवचन के रूप **भवेॅज्जाह** (नायाध० ९१२ ; ९१५ ; ९१८ ; ९२०) के साथ-साथ पद्य में **हुवेॅज्ज** (सूय० ३४१ ; विवाह० ४२६ ; ओव० § १७१), **हुवेॅज्जा** (उत्तर० ४५९) और जै०महा० में **हुविज्ज** रूप आये हैं (एत्सें० ७४, १८)। गद्य में आवश्यक एत्सेंलुगन २९, १९ के **हुवेॅज्जा** के स्थान में अन्यत्र आये हुए रूप के अनुसार **होॅज्ज** पढ़ा जाना चाहिए। अ०माग० और जै०महा० में इच्छावाचक रूप **भवे** भी आया है (विवाह० ८५९ ; उत्तर० ६७८ ; नंदी० ११७ ; एत्सें०)। शौर० और माग० में प्रथमपुरुष एकवचन का रूप **भवेअं**, प्रथम–, द्वितीय– और तृतीयपुरुष एकवचन तथा तृतीयपुरुष बहुवचन **भवे** रूप ही केवल काम में आते हैं (§ ४६०–४६२)। संधियुक्त क्रियाओं में शौर० में **पहवे** रूप भी पाया जाता है (शकु० २५, १) ; शौर० में **हुवे** रूप अशुद्ध है (मालवि० ४, १ और ३)। जै०शौर० में **हवदि** रूप बहुत अधिक काम में लाया जाता है (पव० ३८०, ९ ; ३८१, १६ ; ३८२, २४ ; ३८४, ५४ और ५८ ; ३८५, ६५ ; ३८६, ७० और ७४ ; ३८७, १८ और १९, ३८८, ५ ; कत्तिगे० ३९८, ३०३ ; ४००, ३३४), **हवेदि** भी मिलता है (कत्तिगे० ४०१, ३४१ ; हस्तलिपि में **हवेइ** है), इसके साथ-साथ **होदि** आया है (पव० ३८१, १८ ; ३८५, ६४ ; ३८६, ६ ; कत्तिगे० ३९९, ३०८ ; ४००, ३२६ ; ३२८ ; ३२९ और ३३० ; ४०२, ३६८ ; ४०३, ३७२ ; ३७६ और ३८१ ; ४०४, ३९१), **होमि** चलता है (पव० ३८५, ६५), **हुन्ति** है (कत्तिगे० ४०१, ३५२ [इस **हुन्ति** का कुमाउनी में **हुनि** हो गया है। —अनु०]), **होन्ति** देखा जाता है (कत्तिगे० ४०२, ३६३ और ३६४ ; ४०४, ३८७), सामान्य क्रिया **होदुं** है (कत्तिगे० ४०२, ३५७ ; हस्तलिपि में **होउं** है)। इसका इच्छावाचक रूप **हुवे** है (पव० ३८७, २५ ; कत्तिगे० ३९८, ३०२ ; ३९९, ३०९ ; ३१२ ; ३१५ ; ४००, ३३६ ; ४०१, ३३८ और ३४५ तथा उसके बाद आदि आदि)। हेमचन्द्र ने अपने शौर० रूप **हवदि** और **होदि** पाये होंगे (§ २१ और २२)। ऊपर दिये गये रूपों को छोड़ **भव**– वर्ग के अन्य रूप विरल हैं : माग० में **भवामि** है (मृच्छ० ११७,

६); शौर० में भविदव्वं रूप आया है (शकु० ३२, ६ ; कर्पूर० ६१, ११), जिसकी पुष्टि जै०शौर० रूप भविदव्वं (कत्तिगे० ४०४, ३८८ ; हस्तलिपि में भविदविय है) और शौर० भविदव्वता (शकु० १२६, १० ; विक्र० ५२, १३) करते हैं ; सामान्य क्रिया का रूप भविउं है (हेच० ४ ; ६०), शौर० और माग० में भविदुं होता है (शकु० ७३, ८ ; ११६, १ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए], मालवि० ४७, ७ में अशुद्ध पाठ है[1]) । शौर० में त्वा- वाला रूप भविअ बहुत अधिक काम में आता है (मृच्छ० २७, १२ ; ४५, ८ ; ६४, १९ ; ७८, १० ; शकु० ३०, ९ ; ११९, ३ और १३ ; १६०, १ ; विक्र० २४, ५ ; २५, १५ आदि आदि) तथा यह रूप माग० में भी आया है (मृच्छ० १६, १६ ; १२४, २३ ; १३४, २३ ; १७०, ११), जै०शौर० में भविय है (पव० ३८०, १२ ; ३८७, १२), अ०माग० में भवित्ता मिलता है (ओव० ; कप्प०), पाउब्भवित्ताणं भी आया है (उवास०) । भविष्यत्काल के विषय में § ५२१ देखिए । माग० कर्मवाच्य भवीयदि (मृच्छ० १६४, १०) भविष्यत्काल परस्मैपद के काम में आया है (§ ५५०) । महा० रूप अग्गाभवन्तीओं (गउड० ५८८) अग्गभवन्तीउ के स्थान में अशुद्ध रूप है (गउड० पेज ३७६ में इसका दूसरा रूप देखिए) । ऊपर दिये गये अ०माग०, जै०महा० और जै०शौर० के रूपों के अतिरिक्त महा० में हुव- वर्ग का रूप हवन्ति मिलता है (गउड० ९०१ ; ९३६ ; ९७६) । उपसर्ग जोड़े जाने पर भव- वर्ग की ही प्रधानता देखी जाती है । ब्लौख[2] के संग्रह से, जो उसने शौर० और माग० से एकत्र किया है, मुझे केवल दो उदाहरण जोड़ने हैं, शौर० रूप० अणुभवन्तो = अनुभवन् (विक्र० ४१, ९) और अणुभविद् (कर्पूर० ३३,६) । केवल प्र- उपसर्ग के बाद साधारण रूप से हुव- वर्ग काम में आता है । इसके अतिरिक्त संज्ञारूप विहव[3] में ; अन्यथा यह रूप कभी-कभी अनु के बाद दिखाई देता है, वह भी महा० अणुहवेइ (हाल २११), शौर० अणुहवन्ति (मालवि० ५१, २२ ; प्रबोध० ४४, १३) में । अस्तु, मालविकाग्निमित्र में अन्यत्र अणुहों`न्ति रूप है और प्रबोधचन्द्रोदय में अणुभवन्ति भी है जो पाठ पढ़ा जाना चाहिए । इसी प्रकार शकुन्तला ७४, ६ में इसी नाटक में अन्यत्र आये हुए रूप के अनुसार विहावेदि के स्थान में विभावेदि पढ़ा जाना चाहिए । वररुचि वास्तव में ठीक ही बताता है कि सन्धि के अवसर पर भव- का प्रयोग किया जाना चाहिए ।

१. ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचन्द्र, पेज ४१ में मृच्छकटिक, शकुन्तला, विक्रमोर्वशी, मालविकाग्निमित्र और रत्नावली से भू के शौर० और माग० रूप एकत्र किये गये हैं । इस पर पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने के लिए उसे देखना चाहिए । — २. इसी ग्रन्थ के पेज ३९ और ४० । — ३. ब्लौख का उपर्युक्त ग्रंथ, पेज ४० ।

§ ४७६—हुव- की अर्थात् छठे गण के अनुसार रूपावली, महा० रूप हुवन्ति में पायी जाती है (गउड० ९८८ ; हाल २८५) । इसका इच्छावाचक रूप हुवीय मिलता है (§ ४६६) और पै० में हुवें`य्य है (हेच० ४, ३२० और ३२३) । कर्मवाच्य का सामान्य वर्तमान का रूप माग० में हुवीअदि आया है (वेणी० ३३, ६

और ७ ; ३५, ८ ; यहाँ यह रूप परस्मैपद भविष्यत्काल के अर्थ में आया है ; § ४७५ मे **भवीअदि** की तुलना कीजिए) और शौर० तथा माग० में इसका प्रयोग विशेषतः भविष्यत्काल में बहुत चलता है (§ ५२१) । एक अशुद्ध और बोली की परम्परा पर आघात करनेवाला परस्मैपद वर्तमानकालिक अंशक्रिया का स्त्रीलिंग का रूप शौर० में **हुवन्ती** है तथा ऐसा ही रूप कर्तव्यवाचक अंशक्रिया का माग० मे **हविदव्वं** है (ललित० ५५५, ५ ; ५६५, १३) । महा०, जै०महा० और अप० असयुक्त सीधे सादे रूप में प्रधान वर्ग **हव**– से निकला **हो**– आया है जो कभी कभी अ०माग० मे भी आता है और जै०शौर० मे बहुत चलता है : **होमि, होसि, होइ, हों ति** और **हुन्ति** रूप मिलते हैं ; आज्ञावाचक मे **होहि, होसु, होउ, होमो** और **होन्तु** हैं ; कर्मवाच्य के सामान्य वर्तमानकाल मे **होईअइ** और **होइज्जइ** रूप आये हैं ; परस्मैपद मे वर्तमान-कालिक अंशक्रिया मे **हों न्तो** और **हुन्तो** रूप है; आत्मनेपद मे **होयाणो** मिलता है ; सामान्यक्रिया मे **होउं** तथा जै०शौर० मे **होदुं** चलते हैं ; **क्त्वा**– वाला रूप **होऊण** है और कर्तव्यवाचक अंशक्रिया अ०माग० तथा जै०महा० मे **होयव्व** है[1]। **हों ज्जा** और **हों ज्ज** के विषय मे § ४६६ देखिए । उक्त रूपो के अतिरिक्त अ०माग० में प्रार्थनावाचक रूप केवल **होइ** और **होउ** हैं । ये भी वाक्यांश **होउ णं** मे पाया जाता है और भूतकाल का रूप **होत्था** का पर्याप्त प्रचलन है । शौर० प्रयोग निम्नलिखित प्रकार के हैं : **होमि, होसि** और **होम्ति**, आज्ञावाचक मे **होहि, हों म्ह, होध** और **हों न्तु**, माग० आज्ञा-वाचक मे **होध**[2] चलता है; किन्तु शौर०, माग० तथा ढक्की मे केवल **भोदि** और **भोदु** रूप देखने मे आते हैं[3] । पाठों मे अशुद्ध रूप निम्नलिखित है : **भोमि, होदि, भोहि, होदु** और **भों न्तु**[4] । पै० मे **फोति** रूप पाया जाता है (क्रम० ५, ११५) । शौर० और माग० में कर्तव्यवाचक अंशक्रिया का रूप **होदव्व** है[5] ; शौर० और जै०-शौर० रूप **भविदव्व** के विषय मे § ४७५ देखिए और माग० मे **हुविदव्व** के सम्बन्ध मे ऊपर देखिए । महा० मे भूतकालिक अंशक्रिया का रूप **हुअ** मिलता है (हेच० ४, ६४ ; क्रम० ४, ५७ ; मार्क० पन्ना ५३) जो **मण्डणीहुअं** मे आया है (हाल ८), **अणुहुअ** (हेच० ४, ६४ ; हाल २९), **परिहुवण** (हाल १३४ ; इस ग्रन्थ मे अन्यत्र आये रूप तथा बंबइया संस्करण के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), **पहुअ** (हेच० ४, ६४) तथा अप० **हुआ** (हेच० ४, ३८४) और **हुआ** (हेच० ४, ३५१) में यह रूप आया है । शौर०, ढक्की और दाक्षि० में –**भूद** मिलता है (उदाहरणार्थ, शौर० में : मृच्छ० ५५, १६ ; ७८, ३ ; शकु० ४३, ९ ; ८०, २ ; विक्र० २३, १४ ; ५२, २१ ; ५३, १२ [इस ग्रन्थ मे –**भूदो** भी है] ; ढक्की में : मृच्छ० ३६, २१ ; ३९, १६ ; दाक्षि० में : मृच्छ० १०१, १३), माग० में **किअप्पहुद** = **कियत्प्रभूत** है (वेणी० ३४, १६) । — सिंहराज० पन्ना ४७ में ठीक **अ**– वर्ग की भाँति निम्न-लिखित रूप दिये गये हैं : **होअइ, होएइ, हुअइ** और **हुएइ** ।

१. इनके उदाहरण § ४६९ में होउ के साथ दिये गये स्थलों और इस क्रिया से सम्बन्धित § में तथा जै० शौर० के उदाहरण § ४७५ में देखिए । इस सम्बन्ध में वेबर, त्सिर्टुंग्सबेरिष्टे डेर कोएनिगलिशन प्रॉयसिशन आकाडेमी डेर

विस्सनशाफ्ट त्सु बर्लीन, १८८२, ८११ और उसके बाद तथा इंडिशे स्टुडिएन १६, ३९३ की भी तुलना कीजिए। — २. इनके उदाहरण ब्लौख के उपर्युक्त ग्रन्थ के पेज ४१ में हैं। — ३. पिशल, कू० बाइ० ८,१४१ और ऊपर § ४६९ में ; माग० में भोदि आता है, उदाहरणार्थ, मृच्छकटिक १२१, ६ ; १६८, ३ ; ४ और ५, १६८, ६ में होदि अशुद्ध है। — ४. ब्लौख के उपर्युक्त ग्रन्थ का पेज ४१ ; फ्लेक्सिओनेस प्राकृतिकाए, पेज २० और उसके बाद में बुर्कहार्ड ने भी एक संग्रह दिया है। — ५. ब्लौख के उपर्युक्त ग्रन्थ का पेज ४२। भू के रूपों के लिए डेलिउस, राडीचेस प्राकृतिकाए में यह शब्द देखिए और तुलना कीजिए।

§ ४७७—जिन धातुओं के अन्त में ऋ और ॠ आते हैं उनके वर्ग के अन्त में अर आ जाता है : **धरइ**, **वरइ**, **सरइ**, **हरइ**, **जरइ** और **तरइ** रूप बनते हैं (वर० ८, १२ ; हेच० ४, २३४ ; क्रम० ४, ३२)। प्राचीन संस्कृत में कुछ ऐसे धातुओं की रूपावली वैदिक रीति से चलती है अथवा बहुत कम पायी जाती है अथवा केवल व्याकरणकारों द्वारा इनकी परम्परा दी गयी है जैसे, **जृ**, **धृ**, **मृ**, **वृ** और **स्तृ**। प्राकृत बोली में इनकी रूपावली नियमानुसार चलती है। इसके साथ-साथ इनकी रूपावली बहुत अधिक ए-वर्ग की भाँति भी चलती है। इस नियम में : महा० और जै०महा० में **धरइ** और **धरेमि**, **धरेंइ** और **धरेंन्ति** रूप मिलते हैं, वर्तमानकालिक अंशक्रिया में **धरन्त** और **धरेंन्त** आये हैं (गउड०, हाल ; रावण० ; एर्त्से०) ; शौर० में **धरामि** = **ध्रियें हैं** (उत्तररा० ८३, ९) ; अप० में **धरइ** (हेच० ४, ३३४ ; ४३८, ३) और **धरेइ** रूप पाये जाते हैं (हेच० ४, ३३६), **धरहिँ** भी चलता है (हेच० ४, ३८२), आज्ञावाचक में **धरहि** मिलता है (हेच० ४, ४२१ ; पिंगल १, १४९)। — महा० में **ओसरइ** = **अपसरति है**, **ओसरन्त** = **अपसरन्** और **ओसरिअ** = **अपसृत है** (गउड० ; हाल ; रावण०), आज्ञावाचक में **ओसर** और **ओसरसु** रूप चलते हैं (हाल) ; जै०महा० में **ओसरइ** आया है (एर्त्से० ३७, ३०) ; माग० में **ओशलदि** हो जाता है (मृच्छ० ११५, २३), **ओशलिअ** = **अपसृत्य** है (मृच्छ० १२९, ८) ; जै०महा० और शौर० में आज्ञावाचक रूप **ओसर** = **अपसर** है (एर्त्से० ७१, ३१ ; विक्र० १०, १२)। यह रूप माग० में **ओशल** हो जाता है (प्रबोध० ५८, २ ; मद्रासी संस्करण ७३, ६ के अनुसार यही रूप शुद्ध है), **ओसरम्ह** भी मिलता है (उत्तररा० ६६, ७), जै०महा० में **ओसरह** = **अपसरत** है (कालका० २६५, ६ ; दो, ५०७, १), माग० में आज्ञावाचक रूप **ओशलध** है (§ ४७१) ; महा० में **समोसरइ**, **समोसरन्त** आदि आदि रूप हैं (गउड० ; हाल ; रावण०), अ०माग० में आज्ञावाचक रूप **समोसरह है** (नायाध० १२३३ और १२३५) ; शौर० में **णीसरदि** आया है (धूर्त० ८, ६) ; महा० और अ०माग० में **पसरइ** का प्रचलन है (रावण० ; विवाह० ९०९), शौर० में यह **पसरदि** हो जाता है (शकु० ३१, १०), माग० में **पशलदि** रूप देखा जाता है (मृच्छ० १०, १५), ढक्की में आज्ञावाचक रूप **पसलु है** (मृच्छ० ३२, १६), ढक्की में **अणुसलेंम्ह** रूप भी आया है (§ ४७२)। इसके साथ-साथ शौर० में **अणुसरम्ह** मिलता है (विद्ध० १०५, ५)।

§ २३५ की तुलना कीजिए। — महा० और जै०महा० में **मरामि** = **म्रिये है, मरइ** और **मरन्ति** रूप भी मिलते हैं। आज्ञावाचक में **मर, मरसु** तथा **मरउ** रूप आये हैं। वर्तमानकालिक अंशक्रिया में **मरन्त** है (हाल ; एर्त्से०) ; अ०माग० में **मरइ** मिलता है (सूय० ६३५ ; उत्तर० २१४ ; विवाह० ३६३ और उसके बाद), **मरन्ति** भी है (उत्तर० १०९९ और उसके बाद ; विवाह० १४३४), **मरमाण** पाया जाता है (विवाह० १३८५) ; शौर० में **मरदि** रूप मिलता है (मृच्छ० ७२, २२ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; माग० में **मलामि** है (मृच्छ० ११८, १३), इस बोली में **मलेदु** और **मलें न्ति** रूप भी आये हैं (मृच्छ० ११४, २१ ; ११८, १२) ; अप० में **मरइ** और **मरहि** हैं (हेच० ४, ३६८ ; ४२०, ५)। महा० में **मरिज्जउ** = **म्रियताम्** है (हाल ९५०) जो कर्मवाच्य के अर्थ में काम में आया है। अ०माग० में सामान्य क्रिया का रूप **मरिज्जिउं** है (दस० ६२४, ४० ; § ५८० की तुलना कीजिए), यह कर्तृवाच्य के अर्थ में आया है। अ०माग० में **मिज्जइ** और **मिज्जन्ति** रूप आये हैं (सूय० २७५ ; ३२८ ; ३३३ ; ५४० ; ९४४)। टीकाकारों ने ठीक ही इन्हें = **मीयते** और **मीयन्ते** के बताया है। — जै०महा० में **वरसु** = **वृणुष्व** है (सगर १, १५)। — महा० और जै०महा० में **हरइ** मिलता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्त्से०), जै०शौर० में **हरदि** है (कत्तिगे ४००, ३३६), महा० में **हरेमि** भी पाया जाता है (हाल ७०५), अ०माग० में इच्छावाचक रूप **हरें ज्जाह** आया है (नायाध० ९१५ और ९१८), माग० में **हलामि** और **हलदि** रूप हैं (मृच्छ० ११, ८ ; ३०, २१ और २४) ; सभी प्राकृत बोलियों में यह क्रिया सन्धि में बहुत अधिक दिखाई देती है जैसे, महा० में **अहिहरइ** और **पहरइ** रूप हैं (गउड०), जै०महा० में **परिहरामि** है (कालका० २७२, १६), अ०माग० **साहरन्ति** = **संहरन्ति** है (ठाणंग० १५५), **पडिसाहरइ** = **प्रतिसंहरन्ति** है (विवाह० २३९), **विहरइ** रूप भी मिलता है (कप्प० ; उवास० आदि-आदि), शौर० में **उवहर** और **उवहरन्तु** रूप आये हैं (शकु० १८, ३ ; ४०, ९), **अवहरदि** = **अपहरति** है (मृच्छ० ८५, २४), माग० में **पलिहलामि** = **परिहरामि** है (मृच्छ० १२५, १०), **शमुदाहलामि** रूप भी आया है (मृच्छ० १२९, २), **विहलेदि** = **विहरति** भी है (मृच्छ० ४०, ९), अप० में **अणुहरहिँ** और **अणुहरइ** रूप हैं (हेच० ४, ३६७, ४ ; ४१८, ८)। — महा० में **तरइ** है (गउड० ; हाल) ; अ०माग० में **तरन्ति** मिलता है (उत्तर० ५६७), **उत्तरइ** आया है (नायाध० १०६०) और **पच्चुत्तरइ** भी है (विवाह० ९०९) ; शौर० में **ओदरदि** = **अवतरति** है (मृच्छ० ४४, १९ ; १०८, २१ ; मालती० २६५, ६), आज्ञावाचक में **ओदरम्ह** = **अवतराम** है (मालती० १००, ३ ; प्रिय० १२, ४) ; माग० में आज्ञावाचक रूप **ओदल** = **अवतर** है (मृच्छ० १२२, १४ ; १५ और १६), **क्त्वा**-वाला रूप **ओदलिअ** (मृच्छ० १२२, ११) = शौर० रूप **ओदरिय** है (विक्र० २३, १७) ; अप० में **उत्तरइ** आया है (हेच० ४, ३३९)। — **कृ** संस्कृत के अनुसार ही **किरति** रूप बनाता है, महा० **उक्किरइ** आया है (हाल ११९) और **किरन्त-** भी मिलता है (गउड० ; रावण०)।

§ ४७८—हेमचन्द्र ४, ७४ के अनुसार **स्मृ** का प्राकृत में **सरइ** बनता है और इस नियम से जै०महा० में **सरामि** पाया जाता है (आव०एर्त्से० ४१, २०), अ०-माग० पद्य में **सरई** रूप मिलता है (उत्तर० २७७), जै०महा० में **सरइ** आया है (आव० ४७, २७), गद्य में **सरसु** भी आया है (आव०एर्त्से० ७, ३४)। सभी प्राकृत बोलियों में इसका साधारण रूप जिसका विधान वररुचि ने १२, १७ और मार्कण्डेय ने पन्ना ७२ में किया है तथा शौर० के लिए जिस रूप का विशेष विधान है, वह है **सुमर-** जो **स्मर-** के स्थान में आया है। इसमें अंशस्वर है (वर० ८, १८ ; हेच० ४, ७४ ; क्रम० ४, ४९ ; मार्क० पन्ना ५३)। इसके साथ-साथ गद्य में बहुत अधिक **ए-** वर्ग **सुमरे-** मिलता है। इस नियम से महा० में **सुमरामि** आया है (रावण० ४, २० [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]; २२); जै०महा० में **क्त्वा-** वाले रूप **सुमरिऊण** तथा **सुमरिय** हैं, कर्मवाच्य की भूतकालिक अंशक्रिया में **सुमरिय** [= स्मृत : **क्त्वा-** वाला रूप = **स्मृत्वा** है। —अनु०] चलता है (एर्त्से०) ; अ०माग० में आज्ञावाचक रूप **सुमरह** है (विवाह० २३४) ; शौर० में **सुमरामि** आया है (मृच्छ० १३४, १५ ; उत्तररा० ११८, १), **सुमरसि** भी मिलता है (उत्तररा० १२६, ६), शुद्ध रूप में प्रतिपादित **सुमरेसि** है (मृच्छ० ६६, १५ और १८ ; १०३, २० ; १०४, १० ; १०५, १५ ; विक्र० २३, ९), जैसा कि **सुमरेदि** है (शकु० ७०, ७ ; १६७, ८ ; मालती० १८८, ४ ; विद्ध० १२५, ११) और आज्ञावाचक में **सुमरेहि** आया है (रत्ना० ३१७, १७), **सुमरेसु** मिलता है (विक्र० १३, ४), **सुमरेध** चलता है (शकु० ५२, १६), **सुमर** भी काम में आता है (मालती० २५१, २ : सभी पाठों में यही है) तथा अप० में **सुवँरहि** पाया जाता है (हेच० ४, ३८७), इच्छावाचक में **सुमरि = स्मरेः है** (हेच० ४, ३८७, १,) ; शौर० में **सुमरामो** आया है (मालती० ११३, ९) ; माग० में **शुमलामि, शुमलेशि** और **शुमलेदि** रूप मिलते हैं (मृच्छ० ११५, २३ ; १२७, २५ ; १३४, १३), आज्ञावाचक में **शुमल** और **शुमलेहि** रूप आये हैं (मृच्छ० १२८, २० ; १६८, ११ ; १७०, ८) ; कर्मवाच्य की भूतकालिक अंशक्रिया शौर० में **सुमरिद** है (मालती० २४९, ६ ; प्रबोध० ४१, ७); माग० में यह **शुमलिद** हो जाता है (मृच्छ० १३६, १९) ; शौर० में कर्तव्यवाचक अंशक्रिया **सुमरिदव्व** है तथा इसका माग० रूप **शुमलिदव्व** है (मृच्छ० १७०, ९)। हेमचन्द्र ४, ७५ में बताता है कि **वि** उपसर्ग लगकर इसका रूप **विम्हरइ** और **वीसरइ** हो जाते हैं, जिनमें से महा० में **वीसरिअ = विस्मृत** आया है (हाल ३६१ ; शकु० ९६, २), जै०महा० में **विस्सरिय** पाया जाता है (आव०एर्त्से० ७, ३४) ; जै०शौर० में **वीसरिद** है (कत्तिगे० ४००, ३३५ ; पाठ में **वीसरिय** है)। मार्कण्डेय पन्ना ५४ में **वीसरइ, विसुरइ** और **विसरइ** रूप बताता है। यह महा० **विसरिअ** (रावण० ११, ५८) और भारतीय नवीन आर्यभाषाओं में पाया जाता है। शौर० और माग० में वही वर्ग है जो दूसरे में है ; उदाहरणार्थ, शौर० में **विसुमरामि** रूप आया है (शकु० १२६, ८), **विसुमरेसि** भी है (विक्र० ४९, १) ; माग० में **विशुमलेदि** मिलता है (मृच्छ० ३७, १२)। विक्रमोर्वशी ८३, २० में

विम्हरिद् म्हि आया है जो सभी हस्तलिपियों के विरुद्ध है और बौं ल्लें नसेन ने भूल से इसे पाठ मे रख दिया है ; बम्बइया संस्करण पेज १३३, ९ में शुद्ध रूप **विसुमरिद म्हि'** दिया गया है जैसा कि शकुन्तला १४, २ मे **विसुमरिद्** और वृषभानुजा १४, ६ मे भी यही मिलता है। **भरइ** पर § ३१३ देखिए।

१. हेमचन्द्र ४, ७५ पर पिशल की टीका। — २. यह रूप बोएटलिंक ने शकुन्तला ५९, १० में भूल से दिया है। यहाँ पर बंबइया संस्करण १८८३, पेज ६४, ११ के अनुसार कम से कम **विम्हरिओ** होना चाहिए।

§ ४७९ — जिन धातुओं के अन्त मे ऐ रहता है उसकी रूपावली नियमित रूप से संस्कृत की भाँति चलती है (वर० ८, २१ ; २५ और २६ ; हेच० ४, ६ ; क्रम० ४, ६५ और ७५) : महा० मे **गाअन्ति** रूप है (कालेयक० ३, ८ ; बाल० १८१, ६), **उग्गाअन्ति** = उद्गायन्ति है (धूर्त० ४, १४), **गाअन्त-** भी मिलता है (कर्पूर० २३, ४) ; जै०महा० मे **गायइ** है (आव०एर्त्से० ८, २९), **गायन्ति** भी मिलता है (द्वार० ४९६, ३६), **गायन्तेहिं** और **गाइउं** रूप भी चलते हैं (एर्त्से० १, २९ ; २, २०) ; अ०माग० मे **गायन्ति** है (जीवा० ५९३ ; राय० ९६ और १८१), **गायन्ता** भी आया है (ओव० § ४९, पॉच) तथा **गायमाणे** भी पाया जाता है (विवाह० १२५३) ; शौर० मे **गाआमि** मिलता है (मुद्रा० ३५, १), **गाअदि** आया है (नागा० ९, ६), **गाअध** देखा जाता है (विद्ध० १२, ४), आज्ञावाचक रूप भी पाया जाता है जो **ए** वर्ग का है = **गाएध** है (विद्ध० १२२, १० ; १२८, ४), **गाअन्तेण** और **गाअन्तो** रूप भी हैं (मृच्छ० ४४, २ और ४) ; माग० में **गाए** और **गाइदं** रूप मिलते हैं (मृच्छ० ७०, १४ ; ११७, ४)। — शौर० में **परित्ताअदि** = **परित्रायते** है (मृच्छ० १२८, ७), **परित्ताअसु** भी आया है (महावीर० ३०, १९ ; बाल० १७३, १० ; विद्ध० ८५, ५), **परित्ताआहि** पाया जाता है (उत्तररा० ६३, १२), **परित्ताअदु** भी देखा जाता है (रत्ना० ३२५, ९ और ३२) तथा **परित्ताअध** भी भी चलता है (शकु० १६, १० ; १७, ६ ; विक्र० ३, १७ ; ५, २ ; मालती० १३०, ३) ; माग० मे **पलित्ताअध** और **पलित्ताअदु** रूप आये हैं (मृच्छ० ३२, २५ ; १२८, ६)। — जै०महा० में **झायसि** = **ध्यायसि** है (एर्त्से० ८५, २३), **झायमाणी** रूप भी आया है (एर्त्से० ११, १९) , अ०माग० में **झियायामि**, **झियायसि**, **झियायइ**, **झियायह** और **झियायमाण** रूप आये हैं (नायाध०) ; महा० में **णिज्झाअइ** = **निर्ध्यायति** है (हाल ७३ और ४१३) ; शौर० में **णिज्झाअदि** हो जाता है (मृच्छ० ५९, २४ और ८९, ४ ; मालती० २५८, ४), **णिज्झाअन्ति** भी आया है (मृच्छ० ६९, २), **णिज्झाइदो** मिलता है (मृच्छ० ९३, १५) और **णिज्झाइदा** भी देखा जाता है (विक्र० ५२, ११), **संझाअदि** काम में आया है (मृच्छ० ७३, १२)। — शौर० में **णिद्दाअदि** = **निद्रायति** है (मृच्छ० ४६, ५ और ६९, २ ; मालवि० ६५, ८)। — शौर० में **परिमिलाअदि** = **परिम्लायति** (मालती० १२०, २ ; बम्बइया संस्करण ९२, २ तथा मद्रासी संस्करण १०५, ३ के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए)। —प्राकृत में उन धातुओं की,

जिनके अन्त में **आ** रहता है, रूपावली चौथे गण के अनुसार भी चलती है (§ ४८७), इसके विपरीत क्रम से जिन धातुओं के अन्त में –ऐ रहता है, उनकी रूपावली भी कभी-कभी महा०, जै०महा० और अ०माग० में –**आ** –वाले धातुओं के अनुकरण पर चलती है : महा० में **गाइ** है (वर० ८, २६ ; हेच० ४, ६ ; हाल १२८ और ६९१), **गाउ** मिलता है (भाम० ८, २६) और **गन्त**– चलता है (हाल ५४७) ; जै०महा० में **उग्गाइ** रूप देखा जाता है (आव०एर्त्से० ८, २८) ; महा० में **झाइ** = महाकाव्यों के रूप **ध्याति** के है (वर० ८, २६ ; हेच० ४, ६ ; रावण० ६, ६१), जै०शौर० में इसका **झादि** हो जाता है (पव० ३८५, ६८)। इसके साथ साथ **झायदि** भी मिलता है (पव० ३८५, ६५ ; ४०३, ३७२) ; **झाउ** आया है (भाम० ८, २६) और **णिज्झाइ** देखा जाता है (हेच० ४, ६) ; अ०माग० में **झियाइ** (विवाग० २१९ ; उवास० § २८० ; नायाध० ; कप्प०), **झियामि** (विवाग० ११४ और २२० ; नायाध०), **झियासि** (विवाग० ११४) और **झाइज्ज** रूप मिलते हैं (यह रूप पद्य में है ; उत्तर० १४)। इसी प्रकार अ०माग० में **झियाइ** = **क्षायति** है तथा इसके साथ-साथ **झियायन्ति** भी चलता है (§ ३२६) ; अ०माग० में **गिलाइ** = महाकाव्यों के रूप **ग्लाति** के है (आयार० २, १, ११, १ और २), इसके साथ साथ **विगिलाएँज्जा** भी चलता है (आयार० २, २, ३, २८) ; महा० में **निहाइ** और **मिलाइ** मिलते हैं (हेच० ४, १२ और १८), इससे सम्बन्धित महाकाव्यों का रूप **म्लान्ति** है। -- शौर० में बार-बार **परिम्लाहि** रूप देखने में आता है (शकु० १४५, ८ ; प्रबोध० ११, १३ ; उत्तररा० ६०, ४ और ५ ; मालती० २५७, ११), माग० में यह रूप **पलिम्लाहि** हो जाता है (मृच्छ० १७५, ११)। शौर० ग्रन्थों में अन्यत्र तथा दूसरा रूप जो इस बोली के साहित्य में प्रायः सर्वत्र ही पाया जाता है शुद्ध रूप **परित्ताआहि** है। **पलाय**– के विषय में § ५६७ देखिए।

§ ४८०—प्राचीन –**स्क** –गण की क्रियाओं **इष्**, **गम्** और **यम्** की रूपावलियाँ सभी प्राकृत बोलियों में संस्कृत की भाँति चलती हैं : **इच्छइ**, **गच्छइ** और **जच्छइ**। माग० रूप **साम्यम्मध** (§ ४८८) अ०माग० **उग्गाममाण** (पण्णव० ४१) अपने ढंग के निराले हैं। हेमचन्द्र ने ४, २१५ में इनके साथ **अच्छइ** भी जोड़ दिया है जिसे उसने **आस्** और क्रमदीश्वर ने **अस्** (= होना) धातु का रूप बताया है, किन्तु टीकाकार इसका अनुवाद **तिष्ठति** करते हैं। इसके ठीक जोड़ के पाली रूप **अच्छति** को आस्कोली बताता है कि यह भविष्यत्काल का एक रूप था जो **आस्** धातु से निकला है। यह कभी ***आत्स्यति** अथवा **आत्स्यते** था[1], चाइल्डर्स[2] और पिशल[3] इसे **आस्** से निकला बताते हैं तथा इसका पूर्वरूप ***आस्स्कादि** देते हैं, जैसा कि **आस्** से निकला हेमचन्द्र ने भी बताया है। ए० म्युलर का मत है कि यह **गम्** से निकला है जिसके ग[4] की विच्युति हो गयी है, बाद को ट्रेंकनर और टॉर्प के साथ म्युलर का भी यह मत हो गया था कि **आस्**[5] से निकल कर यह उसके भूतकाल के रूप ***आत्सीत्** से व्युत्पन्न है। ए० कून के विचार से यह **अस्**[6] अस्पष्ट है, योहान्सोन के मत से **अस्**[7] के भविष्यत्काल के रूप ***अस्स्यति** और ***अरस्यति** से

निकला है। किन्तु यह ठीक **ऋच्छति** के समान है जो संस्कृत में चौथे गण की रूपावली के **–स्क** –वर्ग का है और **ऋ** से निकला है। इस **ऋ** का अर्थ है 'किसी पर गिरना', 'किसी से टकराना' तथा भारतीय व्याकरणकार इसे **ऋछ्** धातु बताते है और बोएटलिक तथा रोट ने अपने संस्कृत जर्मन कोश मे **अर्च्छ्** धातु लिखा है। धातुपाठ २८, १५ के कथन से निदान निकलता है इसका अर्थ 'रहना' 'खड़ा रहना' है ; उसमें बताया गया है कि यह **इन्द्रियप्रलय** और **मूर्तिभाव** के अर्थ मे काम मे आता था [धातुपाठ मे दिया गया है : गतीन्द्रियप्रलयमूर्तिभावेषु। —अनु०]। इसकी तुलना ब्राह्मण ग्रन्थों[8] मे **ऋच्छति** और **आर्च्छत** के प्रयोग से की जानी चाहिए। इस क्रिया के निम्नलिखित उदाहरण मिलते हैं : महा० में **अच्छसि, अच्छन्ति, अच्छउ** तथा **अच्छिज्जइ** (गउड० ; हाल) ; जै०महा० मे **अच्छइ, अच्छए, अच्छामो, अच्छसु, अच्छह, अच्छन्तस्स, अच्छिउं, अच्छिय** और **अच्छियव्व** (एर्त्से० ; द्वार० ४९८, १२ ; ५००, ९ ; ५०१, ९ ; आव०एर्त्से० १४, २५ और ३० ; २४, १७ ; २६, २८ : २९, २२) ; अ०माग० मे **अच्छइ** (आयार० १, ८, ४, ४ ; उत्तर० ९०२ और उसके बाद), **अच्छाहि** (आयार० २, ६, १, १० ; विवाह० ८०७ और ८१७) और **अच्छेज्ज** आये हैं (हेच० ३, १६० ; विवाह० ११६ ; ओव० § १८५) ; आव० मे **अच्छध** है (मृच्छ० ९९, १६)[9] ; पै० मे **अच्छति** और **अच्छते** मिलते हैं (हेच० ४, ३१९) ; अप० मे **अच्छउ** रूप पाया जाता है (हेच० ४, ४०६, ३)। **अच्छीअ** के विषय मे § ४६६ देखिए।

१. क्रिटिशे स्टुडिएन डेर स्प्राखविस्सनशाफ्ट, पेज २६५, नोटसंख्या ४९। — २. पाली कोश में **अच्छति** शब्द देखिए। — ३. ना० गो० वि० गे० १८७५, ६२७ और उसके बाद हेमचन्द्र ४, २१५ पर पिशल की टीका। — ४. बाइत्रैगे, पेज ३६। — ५. सिम्प्लिफाइड ग्रामर, पेज १००। — ६. ए० म्युलर, बाइत्रैगे, पेज ६३। — ७. शाहबाजगढ़ी रो, २३ ; कु० त्सा० ३२, ४६० नोटसंख्या २। — ८. बोएटलिंक और रोट के संस्कृत-जर्मन शब्दकोश में **अर्च्छ्** देखिए ; पिशल, ना० गो० वि० गो० १८९०, ५३२। योहान्सोन इस व्युत्पत्ति को अशुद्ध बताता है और स्वयं इस विषय में ग्रीक शब्द **ह्लेर्ख्योम्लइ** की ओर ध्यान देता है। — ९. वररुचि १२, १९ के विषय में, कु० बाइ० ८, १४३ और उसके बाद में पिशल का मत देखिए।

§ ४८१—प्रामाणिक संस्कृत के नियमों से भिन्न होकर **क्रम्** धातु, जैसा कि महाकाव्यों की संस्कृत में भी कुछ कम नहीं पाया जाता, परस्मैपद में ह्रस्व स्वर के साथ रूपावली में दिखाई देता है : महा० में **कमन्त–, अक्कमसि, अक्कमन्त–, णिक्कमइ, णिक्खमइ, विणिक्कमइ, विणिक्खमइ** और **संकमइ** रूप हैं (गउड० ; हाल) ; जै०महा० में **कमइ** आया है (ऋषभ० ३८), **अक्कमामो** भी है (एर्त्से० ३५, ३६), **अइक्कमइ** और **अइक्कमेज्ज** देखने में आते हैं (आव०एर्त्से० ४७,२३; कालका० २७१, २ और ७) ; अ०माग० में **कमइ** (विवाह० १२४९), **अइक्कमइ** (विवाह० १३६ और १३७), **अइक्कमन्ति** (कप्प० एस. (S) § ६३), **अवक्कमइ** और **अवक्कमन्ति**

§ ५१४—शौर०, माग० और ढक्की में **भण्** धातु की रूपावली नवें गण के अनुकरण पर चलती है। इस प्रक्रिया में **भणामि** *भ-णा-मि रूप में ग्रहण किया जाना चाहिए। द्वितीय- और तृतीयपुरुष एकवचन वर्तमानकाल, तृतीयपुरुष एकवचन आज्ञावाचक, द्वितीयपुरुष बहुवचन वर्तमानकाल और आज्ञावाचक में प्रथम० एक० और बहुवचन की भाँति दीर्घ स्वर रहने दिया जाता है। इन रूपों के उदाहरण असाधारण रूप से बहुसंख्यक हैं : शौर० में **भणासि** है (मृच्छ० ५१,७ और १०; ५२,११ ; ५३, ५४ ; ५७, ११ ; विक्र० १०, ५ ; २२, १४ ; मालवि० २७, १३ ; मुद्रा० ७१, १ ; २ और ४ ; ७२, २ और ४ ; ७३, २ आदि-आदि), **भणादि** भी आया है (मृच्छ० २३,१९ ; ६७,१४ ; ७४,१३ ; ९४,११ ; शकु० ५१,४ ; १५८,२ ; विक्र० १६,५ ; ४६,५ ; मालवि० १६,१८ ; ६४, २० आदि-आदि) तथा **भणादु** भी पाया जाता है (मृच्छ० १८,२५) ; माग० में **भणादि** (मृच्छ० १३,७), **भणाध** (मृच्छ० ३२,१८ ; ९६, २१ ; ९७, १ ; प्रबोध० ४६, १६ ; चंड० ६४, ६ ; मुद्रा० १५४, १ ; २५७, ६ ; २५८, २ [यही पाठ, उत्तररा० १२३, ७ में शौर० पाठ की भाँति सर्वत्र पढ़ा जाना चाहिए]); ढक्की में **भणादि** मिलता है (मृच्छ० ३४,१२)। शौर० और दाक्षि० में द्वितीयपुरुष एकवचन आज्ञावाचक में **भण** (मृच्छ० ८८, १९ ; शकु० ५०, ९ ; विक्र० ४७, १ ; नागा० ३०, १ ; दाक्षि० के लिए : मृच्छ० १००, ८) अथवा शौर० में **भणाहि** रूप है (विक्र० २७, ७ ; मालवि० ३९, ९ ; वेणी० १०, १२ ; १००, १४ ; नागा० ४४, ३ ; जीवा० १०, ४) ; माग० में **भण** है (शकु० ११४, ५) और **भणाहि** भी आया है (मृच्छ० ८१, १३ और १५ ; १६५, ४)। इनके साथ-साथ इन प्राकृत बोलियों में ए- वाले रूप भी मिलते हैं : दाक्षि० और शौर० में **भणेसि** पाया जाता है (मृच्छ० १०५, ८ ; शकु० १३७, १२ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; माग० में **भणेशि** है (मृच्छ० २१, ८ ; २० और २२) ; ढक्की में **भणेसि** रूप आया है (मृच्छ० ३९, १६) तथा शौर० में **भणेहि** देखने में आता है (मृच्छ० ६१, १३ ; ७९, ३)। प्राकृत की अन्य बोलियों में **भण्** की रूपावली नियमित रूप से -अ पर चलती है ; तो भी जै०महा० में आवश्यक एर्त्सेलुंगन २२, ४१ और ४२ में साधारणतः चलनेवाले **भणइ** के साथ-साथ **भणाइ** भी आया है।

अपूर्णभूत

§ ५१५—एकमात्र अपूर्णभूत का रूप जो प्राकृत में एक से अधिक बोलियों में बना रह गया है वह **अस्** धातु का है (= होना)। यह रूप किन्तु केवलमात्र तृ०एक० में पाया जाता है। **आसी** अथवा **आसि** = **आसीत्** है जो सभी पुरुषों और वचनों

के काम में आता है (वर० ७, २५ ; हेच० ३, १६४ ; क्रम० ४, ११ ; सिंहराज० पन्ना ५४)। इस नियम से अ०माग० में प्र०एक० में **के अहं आसी** आया है (आयार० १, १, १, ३) ; शौर० में **अहं खु·· आसि** मिलता है (मृच्छ० ५४, १६)[1] ; शौर० मे द्वि०एक० में **तुमं···गदा असि** आया है (मृच्छ० २८, १४), **तुमं किं मन्तअन्ति आसी** पाया जाता है (मालती० ७१, ४), **तुमं खु·· मे पिअसही आसी** (मालती० १४१, ११ और उसके बाद), **किलिन्तो आसी** (उत्तररा० १८, १२), **कीस तुमं** [संस्करण मे **तुअं** है] ··· **मन्तअन्ती आसि** (कर्ण० ३७, ७ और उसके बाद)[2] ; तृ०एक० मे महा० में **आसि** है (गउड० ; हाल) ; जै०महा० में **आसि** और **आसी** रूप चलते है (कक्कुक शिलालेख २ ; द्वार० ४९५, ११ ; ४९९, २० ; ५०४, १९ ; एत्सें०) ; अ०माग० मे **आसी** मिलता है (सूय० ८९६ ; उवास० § १९७ ; ओव० § १७०), **आसि** भी आया है (उत्तर० ६६० ; जीवा० २३९ और ४५२) ; शौर० मे इस रूप की धूम मची हुई है, उदाहरणार्थ **आसि** है (ललित० ५६०, १४ ; ५६८, १ ; मृच्छ० ४१, २१ ; शकु० ४३, ६ ; १०५, १० ; ११७, १२ ; १२९, १३ ; १६२, १३ ; विक्र० ११,२ ; २७, २१ ; ३५, ७ और ९), **आसी** भी है (उत्तररा० २०, १२ ; ७८, ४ ; वेणी० १२, १ और ६) ; ढक्की में **आसि** मिलता है (मृच्छ० ३६, १८) ; अ०माग० मे प्र०बहु० मे **आसि मो** और **आसी मो**[3] आये है (उत्तर० ४०२), **आसि अम्हे** भी पाया जाता है (उत्तर० ४०३) ; महा० मे तृ०बहु० मे **जे आसि···महानईपवहा** है (गउड० ४४९), **आसि रद्दा** आया है (रावण० १४, ३३), **जे -गोॅच्छआ आसि···वञ्जुला** भी देखा जाता है (हाल ४२२) ; जै०महा० मे **महारायाणो चत्तारि मित्ता आसि** है (एत्सें० ४, ३६) ; अ०माग० में **उवसग्गा भीमासि** आया है (आयार० १, ८, २, ७), **तस्स भज्जा दुवे आसि** भी मिलता है (उत्तर० ६६०), शौर० में **पसंसत्तीओ आसि** आया है (बाल० २८९, २) । — इसके अतिरिक्त केवलमात्र अ०माग० मे एक और रूप **अब्बवी** = **अब्रवीत्** पाया जाता है (हेच० ३, १६२ ; उत्तर० २७९ और २८१ ; सूय० २५९), इसको तृ०बहु० में भी काम में लाया जाता है : **अबम्भचारिणो बाला इमं वयणं अब्बवी** आया है (उत्तर० ३५१) । — तथाकथित पूर्णभूतकाल **उदाहरे, चरे, पहणे, पुच्छे, अच्छीअ, गेॅण्हीअ** आदि-आदि के विषय में § ४६६ देखिए। बॉल्लेॅनसेन[4] द्वारा प्रतिष्ठित पूर्णभूतकाल अशुद्ध पाठान्तरों और भली-भाँति न समझे हुए रूपों का परिणाम है। § ५१७ भी देखिए।

१. पाली में आसि आने पर भी इस स्थान में ग्रंथ में अन्यत्र पाये जानेवाले दूसरे रूप आसिं के साथ यह रूप नहीं पढ़ा जाना चाहिए, जैसा कि ब्लौख़ वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा में अनुमान लगाता है। — २. हाल ८०५ में आसि आया है जिसे वेबर के अनुसार = आसीः मानना न चाहिए किन्तु टीकाकारों के अनुसार = आशीः समझना चाहिए। — ३. पाठ के आसी के स्थान में इसे इस रूप में सुधार लेना चाहिए। इस तथ्य को तुरन्त इसके बाद आनेवाला रूप आसी अम्हे और अन्य स्थानों में आसि और आसी का जो प्रयोग किया गया

है उससे पुष्टि और प्रमाण मिलते हैं। यह रूप लौयमान, वी०त्सा०कु०मौ० ५, १३४ के अनुसार आसीमो अथवा आसीमु नहीं पढ़ा जाना चाहिए किन्तु टीकाकारों के मतानुसार मो माना जाना चाहिए जो सर्वनाम है। — ४. मालविकाग्निमित्र, पेज १८८ और २३०। — ५. ब्लौख़, वररुचि उण्ट हेमचन्द्रा, पेज ४६।

पूर्णभूत

§ ५१६—सबल पूर्णभूत के रूप अ०माग० में **अच्छे = *आच्छेत् है** जो **छिद्** धातु से निकला है और **अब्भे** = वैदिक **आभेत्** है जो **भिद्** धातु का रूप है (आयार० १, १, २, ५)। ये दोनों रूप इच्छावाचक के अर्थ में काम में लाये जाते हैं (§ ४६६) तथा अ०माग० पद्य में **अभू = अभूत्** पाया जाता है (उत्तर० ११६), यही रूप उदाहरण से पुष्ट किया जा सकता है जो उक्त स्थान में तृ० बहु० के काम में आया है : **अभू जिणा अत्थि जिणा अदुवा वि भविस्सई** मिलता है। इसके विपरीत अ०माग० में परस्मैपद पूर्णभूत के अनगिनत रूप ऐसे हैं जो **स** लगकर बनते हैं और ये भी बहुधा वर्तमानकाल के रूपों से बनाये गये हैं। बहुत ही कम काम में आनेवाला प्र० एक० परस्मैपद का रूप पाली[१] की भाँति **स्स** लगकर बनता है : **अकरिस्सं च' अहं** आया है (आयार० १, १, १, ५); **पुच्छिस्सं' अहं** भी है (पद्य में; सूय० २५९)। **अकासि = अकार्षीः** में द्वि० एक० का रूप दिखाई देता है (सम० ८२); **कासी** (उत्तर० ४१५) और **वयासी = अवादीः** में (सूय० ९२४) ऐसा रूप पाया जाता है जो **अगमासि** के समान पाली रूपों का स्मरण दिलाता है और उनसे संबंधित है[१]। ये दोनों रूप तृ० एक० में बहुत काम में आते हैं। इस प्रकार **अकासी** (आयार० १, ८, ४, ८; २, २, २, ४; सूय० ७४; कप्प० § १४६), **अकासि** (सूय० १२०; १२३; २९८) **मा** के बाद **कासी** भी है (हेच० ३, १६२; सूय० २३४; उत्तर० १४), हेमचंद्र ३, १६२ और सिंहराजगणिन् पन्ना ५४ के अनुसार **काही** रूप और देशीनाममाला १, ८ के अनुसार **अकासि** रूप पाये जाते हैं। इस **अकासि** का देशी अर्थ **पर्याप्तम्** है। ये रूप प्र० एक० में भी काम में आते हैं : **जं अहं पुव्वं अकासि** वाक्यांश आया है = **यद् अहं पूर्वं अकार्षम्** है (आयार० १, १, ४, ३); **अहम् एयम् अकासि = अहम् एतद् अकार्षम्** है (सूय० ६२१) तथा प्र० बहु० में भी इसका प्रयोग किया गया है : **जहा वयं धम्मम् अयाणमाणा पावं पुरा कम्मम् अकासि मोहा** मिलता है (उत्तर० ४३३ और उसके बाद)। यह अपूर्णभूत **आसि** के समान ही काम में लाया गया है (§ ५१५)। तृ० एक० के रूप में : **वयासी** (सूय० ५७८; विवाह० १६५; १२६०; १२६८; ओव०; उवास०; कप्प०), यह बार-बार तृ० बहु० के अर्थ में प्रयुक्त होता है (आयार० १, ४, २, ४; सूय० ७८३; विवाह० १३१; १८६; २३६; २३८; ३३२; ८०९; ९५१; अंत० ६१; नायाध० § ६८ और उसके बाद आदि-आदि); **वयासि** रूप

भी मिलता है (सूय० ५६५ और ८४१ ; ओव० § ५३ और ८४ तथा उसके बाद)। तृ० एक० के अन्य उदाहरण निम्नलिखित है : **टासी** और **टाही** जो **स्था** के रूप हैं (हेच० ३,१६२); **पच्चासी** है जो **अस्** धातु मे **प्रति** लग कर बना है (आयार० १,२, ५, ५) ; **अचारी** (आयार० १,८,३,२) है ; **कहेसि** है जो **कथय-** से निकला है (पण्हा० ३०३ और ३२७)। **भू** का तृ० एक० **भुवि = अभूवीत्** है (विवाह० ७८ और ८४४ [पाठ मे यहा **भुविं** है] ; नंदी ५०१ और ५०२ [पाठ में **भुविं च** है] ; जीवा० २३९ और ४५२ [पाठ मे यहां **भुविं** है]) अथवा वर्तमानकाल के वर्ग से **भव-** आता है : **अहेसि** रूप आया है जो ***अभविपीत्** से निकला है और जिसकी शब्दप्रक्रिया मे ***अभइषीत्** तथा ***अभैषीत्** रूप भी बने (§ १६६ ; हेच० ३, १६४)। हेमचंद्र के अनुसार यह रूप प्र० और द्वि० एक० मे भी काम मे लाया जाता है और इसके उदाहरण मिलते है कि इसका प्रयोग तृ० बहु० मे भी किया जाता है : **समणा...तत्थ विहरत्ता पुट्ठपुव्वा अहेसि सुणएहिं** आया है (आयार० १, ८, ३, ६)। **अन्नेसी = *अज्ञायिषीत्** का स्पष्टीकरण भी इसी प्रकार होता है (§ ४८७ की तुलना कीजिए ; आयार० १, २, ६, ५ ; १, ५, २, १ ; ३, ४ ; १, ८, १, १४)। यह रूप = **अन्वेषी** नही है किन्तु **ज्ञा** का पूर्णभूत है, इस तथ्य का अनुमान याकोबी[1] ने पहले ही लगा लिया था। **वुच्छामु = अवात्स्म** जो **वस्** (= वास करना ; रहना) से बना है, उसमे प्र० बहु० दिखाई देता है (उत्तर० ४१०) जो पूर्णभूत के एक वर्ग ***वत्स** से बनाया गया है । तृ० बहु० के अंत मे **इंसु = इषुः** लगता है। इस नियम से : **परिविचिट्ठिंसु** आया है (आयार० १, ४, ४, ४) ; **पुच्छिंसु** मिलता है (आयार० १, ८, २, ११ ; सूय० ३०१ [पाठ मे **पुच्छिस्सु** है]) ; **चिणिंसु** और **उवचिणिंसु** पाये जाते है (विवाह० ६२ ; टाणग० १०७ और १०८ [पाठ मे **चिणंसु** और **उवचिणंसु** है]) ; **बन्धिंसु**, **उदीरिंसु**, **वेदिंसु** तथा **निज्जरिंसु** देखने में आते है (टाणग० १०८ ; विवाह० ६२ [पाठ मे उक्त सब रूपों के अंत मे **-इंसु** के स्थान मे **-एंसु** है]) ; **सुज्झिंसु** और **बुज्झिंसु** भी हैं (सूय० ७९० , विवाह० ७९) ; **अयाइंसु** है जो **आ-** उपसर्ग के साथ **जन्** का रूप है (कप्प० § १७-१९ ; § ४८७ की तुलना कीजिए) ; **परिणिव्वाइंसु** (सूय० ७९०), **भासिंसु** और **सेविंसु** (सूय० ७०४), **अतरिंसु** (सूय० ४२४; उत्तर० ५६७), **हिंसिंसु** (आयार० १, १, ६, ५ ; १, ८, १, २ ; १, ८, ३, ३), **विहरिंसु** (आयार० १, ८, १, २ ; १, ८, ३, ५), **लुंचिंसु** तथा **निहाणिंसु** (आयार० १, ८, ३, ११ और १२) एवं **कन्दिंसु** जो **क्रन्द्** से बना है, पाये जाते हैं (आयार० १, ८, १, ४ ; १, ८, ३, १०) ; **विणइंसु = व्यनैषुः** है (सूय० ४५४) ; **अभविंसु** (सूय० १५७ और ५५१) और **भविंसु** भी आये हैं (विवाह० १५७)। साधारण रूप **अकरिंसु** (टाणंग० १४९), **करिंसु** (विवाह० ६२ और ७९ ; नायाध० § ११८ ; सूय० ७९० [पाठ में **करेंसु** है]) ; **उवकरिंसु** (आयार० १, ८, ३, ११) के साथ-साथ **विकुव्विंसु** रूप भी पाया जाता है (विवाह० २१४ और २१५) जो वर्तमान वर्ग के **कुव्व-** से बना है (§ ५०८)।

प्रेरणार्थक निम्नलिखित है : **गिण्हाविंसु** (नायाध० § १२३) ; **पट्ठवइंसु** है जो **प्र** उपसर्ग लगकर **स्था** से बना है (कप्प० § १२८) ; **संपहारिंसु है सम्** (**सं ?**) और **प्र** उपसर्ग के साथ **धर्** से निकला है (सूय० ५८५ ; ६२०) ; एक उपधातु का पूर्णभूत **रिक्कासि** है (आयार० १, ८, १, ३) जो किसी ***रिक्कय**- से संबंधित है। तृ० बहु० का यह रूप अन्य पुरुषों के काम मे भी लाया जाता है। इस प्रकार प्र० एक० के लिए : **करिंसु वाहं** आया है (ठाणग० ४७६) ; तृ० एक० के लिए **अहिंसिसु** [पाठ मे **आहिंसंसु है**] **वा हिंसइ वा हिंसिस्सइ वा** मिलता है (सूय० ६८०) ; **पुट्ठो वि नाभिभासिंसु** है (आयार० १, ८, १, ६) ; **आसिंसु** [पाठ में **आसंसु** है] **भगवं** आया है (आयार० १, ८, २, ६) ; **सेविंसु** भी पाया जाता है (आयार० १, ८, ३, २)। एक प्राचीन संस्कृत रूप **अदक्खु** है (विवाह० ३३२), **अदक्खू** रूप भी आया है (आयार० १, ५, १, ३ ; यह एकवचन भी हो सकता है) = **अद्राक्षुः** । यह रूप बहुधा तृ० एक० मे भी काम में लाया जाता है : **अदक्खु** आया है (आयार० १, २, ५, २ ; विवाह० १३०६), **अदक्खु** भी है (आयार० १, ८, १, ९), **अदक्खू** रूप भी मिलता है (आयार० १, ५, २, १ ; ६, १ ; १, ८, १, १६ और १७)[४]। कप्पसुत्त एस. (S) § में **अदक्खु** रूप आया है जो अशुद्ध पाठान्तर है और **अदट्ठु** के स्थान मे आया है जैसा कि इसी ग्रंथ में अन्यत्र मिलता है। इसके अनुकरण मे तृ०एक० में काम में आनेवाला **निण्णक्खु** बनाया गया है (आयार० २, २, १, ४ ; ५ और ६) जो **निः** के साथ **नक्ष्** से सम्बन्धित है।

१. ए० कून, बे०बाइ०, पेज १११ ; ए० म्युलर, सिम्पलिफाइड ग्रैमर, पेज ११४। — २. ए० कून का उक्त ग्रंथ, पेज ११४ ; ए० म्युलर, उक्त ग्रंथ, पेज ११६। — ३. सेक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट, बाईस, पेज ४४ नोटसंख्या २। — ४. कुछ स्थलों में जहाँ इस शब्द का प्रयोग किया है, यह सन्देह पैदा होने लगता है कि यहाँ पर एक विशेषण *आद्राक्षु तो काम में नहीं लाया गया है जैसा कि दक्खु, अदक्खु = *द्राक्षु और अद्राक्षु है (सूय० १२१)। यह तथ्य निश्चित जान पड़ता है।

§ ५१७—अ०माग० में बहुधा एक तृ०एक० आत्मनेपद का रूप अन्त में **-इत्था** और **इत्थ** लगाकर बनाया जाता है। यह रूप बिना अपवाद के वर्तमानकाल के वर्ग से बनाया जाता है। यह तथ्य तथा दन्त्य की प्रधानता जो पाली भाषा मे भी पायी जाती है और जहाँ हमें मूर्धन्य की अपेक्षा करनी चाहिए थी (§ ३०३), हमारे मन में यह शंका उत्पन्न करता है कि क्या हमे यह रूप शुद्धता के साथ **से**- वाले पूर्णभूतकाल से सम्बन्धित करना चाहिए[१] अथवा नही ? इसके उदाहरण निम्नलिखित है : **समुप्पज्जित्था** मिलता है जो **पद्** धातु से निकलता है तथा जिसमें **सम्** और **उद्** उपसर्ग लगाये गये हैं (विवाह० १५१ और १७० ; नायाध० § ८१ और ८७ ; पेज ७, ७१ ; उवास० ; कप्प० इत्यादि) ; **रोइत्था** रूप आया है जो **रुच्** धातु से बना है (हेच० ३, १४३) ; **वड्ढित्था** और **अभिवड्ढित्था** हैं जो **वृध्** से सम्बन्धित हैं

(कप्प०); **रीइत्था रीयते** से बना है (आयार० १,८,१,१ ; १,८,३,१३); **पसित्था** (आयार० १, ८, ४, १२) ; **विहरित्था** (आयार० १, ८, १, १२) ; **भुजित्था** (आयार० १, ८, १, १७ और १८), **सेवित्थ** और **सेवित्था** (आयार० १, ८, २, १ ; १, ८, ४, ९) रूप पाये जाते है ; **अपिइत्थ** और **अपिवित्था** चलते है [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] जो **पा** धातु के रूप है और भूतकाल का चिह्न **अ** भी जुड़ा है (आयार० १, ८, ४, ५ और ६) ; **अणुजाणित्था** (आयार० १, ८, ४, ८), ***कुव्वित्था*** वर्तमान के वर्ग **कुव्वइ** से (§ ५०८) (आयार० १, ८, ४, १५), **उदाहरित्था** (उत्तर० ३५३ और ४०८), **जयित्था, पराजयित्था** (विवाह० ५००) और **दलयित्था** मिलते है (विवाह० ५०२) । **भू** से बना रूप **होत्था** है जो वर्तमानकाल के वर्ग **हो** = **भव** से निकला है (§ ४७६) (विवाह० ५ ; १६८ ; १८२ ; ठाणग० ७९ ; उवास० ; कप्प० ; नायाध० ; ओव० आदि-आदि) । इसके आदि मे पद्य में वर्ण आने पर भी यही रूप रहता है, **अहोत्था** आया है (उत्तर० ६१९) किन्तु **प्रादुः** आदि मे लगने पर **भव-** वर्ग से रूप बनता है, **पाउब्भवित्था** रूप हो जाता है (विवाह० १२०१) । प्रेरणार्थक क्रियाओं के अन्त में **-एत्था** और **एत्थ** जोड़ा जाता है : **कारेत्था कारे-** से बना है = **कारय-** (आयार० १, ८, ४, ८), **पहारेत्था,** इसमें अधिकाश में **-त्थ** आता है, जो **पहारे-** = **प्रधारय-** से बना है (सूय० १०१२ ; विवाह० १५३ और ८३१ ; विवाग० १२३ ; ओव० § ५० ; नायाध० § ८१ आदि-आदि) किन्तु **यापय-** से बना **जावइत्था** रूप भी पाया जाता है (आयार० १, ८, ४, ४) । तृ०एक० के अतिरिक्त अन्य पुरुषो के लिए भी यही रूप काम में लाया जाता है । इस प्रकार द्वि०बहु० के लिए ***लभित्थ*** रूप मिलता है [टीकाकार समादृत यही पाठ है ; पाठ मे **लभेत्था** है] : **जइ मे ण दाहित्थ इह** [टीकाकार समादृत यही पाठ है ; पाठ मे **अह** है] **एसणिज्जं किम् अज्ज जन्नाण लभित्थ लाभं** (उत्तर० ३५९) आया है ; तृ०बहु० के लिए **विप्पसरित्था** मिलता है (नायाध० ३४९) : **बहवे हत्थी**··· **दिसो दिसिं विप्पसरित्था** है ; **कसाइत्था** पायी जाती है जो **कशा** से बनी क्रिया है (आयार० १, ८, २, ११) ; **पाउब्भवित्था** रूप भी चलता है (नायाध० § ५९ ; ओव० § ३३ और उसके बाद) : **बहवे**··· **देवा अन्तियं पाउब्भवित्था** ; यह रूप बहुधा **होत्था** आया है (आयार० २, १५, १६ ; ठाणग० १९७ ; नायाध० ६२८ ; सम० ६६ और २२९ ; उवास० § ४ ; १८४ ; २३३ ; २३४ ; कप्प० टी. एच. (T.H.) § ५ और ६ ; ओव० § ७७) । —§ ५२० की तुलना कीजिए । प्रार्थनावाचक रूप के विषय में § ४६६ देखिए ।

१. इस रूप की व्युत्पत्ति के विषय में जो नाना अनुमान लगाये गये हैं उनके लिए कू०त्सा० ३२, ४५० और उसके बाद के पेज देखिए ।

पूर्णभूत

§ ५१८—अ०माग० में पूर्णभूत के रूपों में से तृ०बहु० परस्मैपद का **आहु** =

आहु: बना रह गया है (आयार० १,४,३,१ ; सूय० ७४ [पाठ में **आह है**] ; १३२ ; १३४ ; १५० ; ३१६ ; ४६८ ; ५००); **उदाहु** भी आया है (उत्तर० ४२४) ; **आहू** (आयार० १, ५, १, ३) और **उदाहू** रूप भी हैं (सूय० ४५४)। किन्तु अधिक चलनेवाला रूप पाली की भाँति नवनिर्मित **आहंसु है** (आयार० २, १,४, ५ ; सूय० ३७ ; १६६ ; २०२ ; २४१ ; ३५६ ; ४४५ ; ४५४ ; ४५६ ; ४६३; ४६५; ७७८; ८४२; विवाह० १३० ; १३९ ; १४२ ; १७९ ; ४३८ ; १०३३ ; १०४२ ; ठाणंग० १४९ और ४३८ तथा उसके बाद ; पण्हा० ९५ और १०६ ; जीवा० १२ और १३ ; कप्प० एस. (S) § २७)। उक्त दोनों रूप अन्य पुरुषों के काम में भी आते हैं। इस प्रकार प्र० एक० के लिए **आहंसु** का प्रयोग किया गया है : **एवम् आहंसु नायकुलनन्दणो महप्पा जिणो वरवीरनामधेज्जो कहेसी य** (पण्हा० ३०३ और ३२७); इसी भाँति तृ० एक० के लिए भी **आहु** आया है (सूय० २२७ और ३०१ ; उत्तर० ३६५ और ६४६ ; कप्प०) और **उदाहु** भी काम में लाया गया है (आयार० १, २, ४, ४ ; सूय० १५९ ; ३०४ ; ३८७ ; ५१८ ; ९७४ ; ९८९ ; ९९२ और उसके बाद ; उत्तर० ७५६)।

§ ५१९— § ५१५-५१८ तक में आये हुए रूपों को छोड़ प्राकृत मे व्यतीत काल को व्यक्त करने के लिए या तो वर्तमानकाल, विशेषतः कथा-कहानियों मे अथवा साधारणतः कर्मवाच्य मे भूतकालिक अंशक्रिया को घुमा-फिरा कर काम में लाया जाता है जिसमे जिस पुरुष या पदार्थ के विषय मे बात कही जाती है वह सकर्मक क्रिया द्वारा और करणकारक मे आता है : महा० मे **अबलाण ताण···वसिओ अंगेसु···सेओ** का अर्थ है 'उन अबलाओं के अंश पर पसीना चिपका था' (गउड० २१०) ; **किं ण भणिओ सि बालअ गामणिधूआइ** का अर्थ है 'ऐ बालक ! क्या ग्रामणी की लड़की तुझसे नही बोली' (हाल ३७०) ; **सीआपरिमट्ठेण व वूढो तेण वि णिरन्तरं रोमञ्चो** का अर्थ है 'उसके (शरीर मे) निरन्तर रोमाच हुआ मानो उसे सीता ने छुआ हो' (रावण० १, ४२) ; जै०महा० में **पच्छा रन्ना चिन्तियं** का अर्थ है 'बाद को राजा ने सोचा' है (आव०एर्त्से० ३२,१९) ; **अन्नया भूयदिन्नेण विन्नायं** का अर्थ है 'एक बार भूयदिन्न को जान पड़ा' (एर्त्से० १, २४) ; अ०माग० में **सुयं मे आउसं तेण भगवया एवम् अक्खायं** का अर्थ है 'मैंने सुना है दीर्घजीविओ ! (कि) भगवान ने यह कहा' (आयार० १, १, १, १) ; **उरालाणं तुमे देवाणुप्पिए सुमिणा दिट्ठा** का अर्थ है 'देवानुप्रिय ! तूने उत्तम सपना देखा है' (कप्प० § ९) ; शौर० में आया है **ता अआणन्तेण एदिणा एव्वं अणुचिट्ठिदं** का अर्थ 'सो, उसने अनजान में इस प्रकार का व्यवहार किया' (मृच्छ० ६३, २४) ; **सुदं खु मए तादकण्णस्स मुहादो** का अर्थ है 'मैंने तात कण्व के मुँह से सुना है' (शकु० १४, १२) ; **सुदं तुए यं मए गाइदं** का अर्थ है 'क्या तूने सुना है जो मैंने गाया है' (मृच्छ० ११६, २०) ; **अध एक्कदिअसं मए लोहिदमच्छके खण्डशो कप्पिदे** का अर्थ है 'एक दिन मैंने रोहू (रोहित) मछली के टुकड़े-टुकड़े बनाये (काटे) थे' (शकु० ११४, ९) ; अप० में **तुम्हेहिं अम्हेहिं**

जं किअउँ दिट्ठउँ बहुजणेण का अर्थ है 'जो तुमने और हमने किया है, बहुत लोगों ने देखा है' (हेच० ४, ३७१) ; **सवधु करेप्पिणु कधिदु मइँ** का अर्थ है 'मैंने शपथ लेकर कहा है' (हेच० ४, ३९६, ३) । इस भाँति प्राकृत बोली में जहाँ पहले **आसि** (= था) का आगमन होता था वहाँ कर्मवाच्य की आसन्न भूतकालिक अंश-क्रिया से भूतकाल का काम लिया गया ।[1] इस प्रकार महा० में **जो सीसम्मि विइण्णो मज्झ जुआणेहि गणवई आसि** का अर्थ है 'वह गणपति जिसने मेरे सर पर नौजवान बिठाये थे' (हाल ३७२) ; जै०महा० में **तया य सो कुम्भयारो···गामं अन्नं गओ आसि** का अर्थ है 'उस समय कुम्हार दूसरे गाँव को चला गया था' (सगर १०, १८); **जं ते सुक्खियं आसि बुद्धिलेण अद्धलक्खं** का अर्थ है 'वह आध लाख जिनका बुद्धिल ने तुझे वचन दिया था' (एर्त्से० १०, ३४) ; शौर० में **अहं खु रदणछट्ठिं उववसिदा आसि** का अर्थ है 'मैंने रत्नषष्ठी का उपवास किया था' (मृच्छ० ५४, १६) ; शौर० में **तुमं मए सह···गदा आसि** का अर्थ है 'तू मेरे साथ गया था' (मृच्छ० २८, १४) ; **अज्ज देवी···अज्जगन्धालीए पादवन्दणं कादुं गदा आसि** का अर्थ है 'आज रानी गाधारी पादवंदना करने गयी थी' (वेणी० १२, ६) ; **पुणो मन्दस्स वि मे तत्थ पच्चुप्पण्णं उत्तरं आसि** का अर्थ है 'यद्यपि मैं मन्द (-बुद्धि) भी हूँ तथापि मेरे पास उसका उत्तर तैयार था' (मालवि० ५७, १६) ; **ताएँ क्खु चित्तफलअं पभादे हत्थीकिदं आसि** का अर्थ है 'मैंने प्रभात (-काल) में ही वह चित्र (-फलक) तुम्हारे हाथ में दे दिया था' (मालती० ७८, ३) ; ढक्की में **तस्स जूदिअलस्स मुट्ठिप्पहालेण णासिका भग्गा आसि** का अर्थ है 'उस जुआरी की नाक घूसा मार कर तोड़ दी गयी थी' (मृच्छ० ३६, १८) । अनेक अवसरों पर अंशक्रिया विशेषण के रूप में मान ली गयी थी ।

१. फिक, सगर, पेज २६ ।

भविष्यत्काल

§ ५२०— प्राकृत बोलियों में व्यंजनों में समाप्त होनेवाले धातुओं के भविष्यत्-काल के जिस रूप का सबसे अधिक प्रचार है तथा शौर० और माग० में जिस रूप का एकमात्र प्रचलन है, वह **-इ** में समाप्त होनेवाले वर्ग का रूप है । किन्तु प्राकृत बोलियों में केवल इसके ही विशुद्ध रूप का व्यवहार नहीं किया जाता वरन् बहुत अधिक प्रचार वर्तमानकाल के वर्ग का है, साथ ही **ए-** वाला वर्ग भी चलता है । प्र० एक० में अ०माग० और जै०महा० में बहुधा तथा अन्य प्राकृत बोलियों में इक्के-दुक्के समाप्ति-सूचक चिह्न **-मि** आता है, अधिकांश में उपकाल का समाप्तिसूचक चिह्न **-म** मिलता है जो अप० में धातु के अन्त में **-अ** के स्थान में **उ** में ध्वनिपरिवर्तन कर लेता है (§ ३५१) । द्वि०एक० में भविष्यत्काल के अन्त में **-इस्ससि** और माग० में **-इश्शशि** तथा तृ०एक० में **-इस्सइ** लगाया जाता है, शौर० और ढक्की में यह समाप्तिसूचक चिह्न **-इस्सदि** है, माग० में इसका नियमित रूप **-इश्शदि** है ; शौर०, माग० और ढक्की में कभी-कभी पद्य को छोड़ अन्यत्र एकमात्र उक्त रूप ही काम में

आते हैं। महा०, जै०महा० और अ०माग० में इनके स्थान में द्वि०एक० में **-इहिसि** और तृ०एक० में **-इहिइ**, संक्षिप्त रूप **-इही** और छंद मिलाने के लिए संक्षिप्त रूप **-इहि** भी आते हैं। यह ध्वनिपरिवर्तन उन धातुओं और वर्गों से निकला है और मिले हुए द्विस्वरों मे समाप्त होते हैं। व्याकरणकार प्र०एक० के लिए समाप्तिसूचक चिह्न **-इहामि** और **-इहिमि** देते हैं : **कित्तइहिमि** और इसके साथ-साथ **कित्तइस्सं** = **कीर्तयिष्यामि** (हेच० ३, १६९) ; **सों च्छिहिमि** तथा **सों च्छिहामि श्रु** के रूप हैं। **गच्छिहिमि** तथा **गच्छिहामि** और इसके साथ-साथ **गच्छिस्सं गम्** से निकले हैं (हेच० ३, १७२) ; **हसिहिमि** और इसके साथ साथ **हसिस्सं** और **हसिस्सामि** रूप मिलते हैं (सिंहराज० पन्ना ५२)। जिन धातुओं और वर्गों के अन्त में दीर्घ स्वर आते हैं उनके लिए **-हिमि** भी दिया गया है : **कृ** का **काहिमि** रूप मिलता है और **दा** का **दाहिमि** (हेच० ३, १७० ; सिंहराज० पन्ना ५२), **भू** का **होहिमि** रूप है (भाम० ७, १४ ; हेच० ३, १६७ और १६९ ; क्रम० ४, १६), **हस्** के **ए-** वर्ग मे **हसेहिमि** और इसके साथ-साथ **हसेहामि** तथा **हसे स्सामि** रूप मिलते हैं (सिंहराज० पन्ना ५२)। इन्हीं से सम्बन्धित एक रूप **हसेहिइ** भी है (भाम० ७, ३३ ; हेच० ३, १५७)। **इ-** वाले ऐसे रूपों के उदाहरण केवल अप० में पाये जाते हैं : **पे क्खीहिमि** = **प्रेक्षिष्ये** और **सहीहिमि** = **सहिष्ये** (विक्र० ५५, १८ और १९)। हेमचन्द्र ४, २७५ के अनुसार तृ०एक० शौर० मे **-इस्सिदि** लगता है : **भविस्सिदि**, **करिस्सिदि**, **गच्छिस्सिदि** आये हैं तथा ४, ३०२ के अनुसार माग० में **इशिशदि** जोड़ा जाता है : **भविश्शिदि** पाया जाता है। दक्षिण भारतीय हस्तलिपियों में बार-बार भविष्यत्काल के अन्त में **-इस्सिदि** देखने मे आता है, किन्तु छपे पाठों मे इनका पता नहीं मिलता। हेमचन्द्र मे शौर० से जै०शौर० का अर्थ है, किन्तु इसमें भविष्यत्काल के उदाहरणों का अभाव है। प्र०एक० के अन्त मे **-इस्सामो** लगता है, पद्य में विरल किंतु कभी कभी रूप के अन्त मे **-इस्साम** देखा जाता है जैसे, महा० मे **करिस्साम** मिलता है (हाल ८९७)। यह रूप **-हामो** के दीर्घ स्वरों के अनुसार बना है, पद्य मे छन्द की मात्रा ठीक करने के लिए **-हामु** रूप भी पाया जाता है। व्याकरणकार **हसिस्सामो** आदि रूपों के साथ **हसिहिमो** का भी उल्लेख करते हैं (भाम० ७, १५ ; हेच० ३, १६७ ; सिंहराज० पन्ना ५२), **हसिहिस्सा** और **हसिहित्था** भी बताते हैं (भाम० ७, १५ ; हेच० ३, १६८ ; सिंहराज० पन्ना ५२), भामह ७, १५ मे **हसिहामो** रूप का भी उल्लेख करता है और सिंहराजगणिन् पन्ना ५२ में **हसेहिस्सा**, **हसेहित्था**, **हसे स्सामो**, **हसेस्सामु**, **हसिस्सामु**, **हसे स्साम**, **हसेहाम**, **हसिहाम**, **हसेहिमो**, **हसेहिमु** तथा **हसिहिमु** और इनके अतिरिक्त **सों च्छिमो**, **सों च्छिमु**, **सों च्छिम**, **सों च्छिहिमो**, **सोच्छिहिमु**, **सों च्छिहिम**, **सोच्छिस्सामो**, **सों च्छिस्सामु**, **सों च्छिस्साम**, **सों च्छिहामो**, **सों च्छिहिस्सा** और **सों च्छिहित्था** हैं (भाम० ७, १७ ; हेच० ३, १७२); **गच्छिमो**, **गच्छिहिमो**, **गच्छिस्सामो**, **गच्छिहामो**, **गच्छिहिस्सा** और **गच्छिहित्था** रूप आये हैं (हेच० ३, १७२) ; **होहिमो**, **होस्सामो**, **होहामो**, **होहिस्सा**

तथा **होहित्था** रूप भी मिलते हैं (भाम० ७, १३ और १५ ; हेच० ३, १६८ ; क्रम० ४, १८), **होहिस्सामो** और **होहित्थामो** भी दिये गये है (क्रम० ४, १८)। इस सम्बन्ध मे § ५२१ ; ५२३ और ५३१ की भी तुलना कीजिए। समासिसूचक चिह्न **–इहिस्सा** की व्युत्पत्ति पूर्ण अधिकार मे है[1]। समासिसूचक चिह्न **–हित्था और –इहित्था** द्वि०बहु० मे काम मे लाने के लिए भी उचित बताये गये हैं : **होहित्था** आया है (हेच० ३, १६६) ; **सो॑च्छित्था, सो॑च्छिहित्था** भी मिलते हैं (भाम० ७, १७; हेच० ३, १७२)। इनके साथ-साथ **सो॑च्छिह, सो॑च्छिहिह ; गच्छित्था** तथा **गच्छिहित्था** (हेच० ३, १७२) और **गच्छिह, गच्छिहिह ; हसेहित्था** तथा **हसिहित्था** रूप भी है (सिहराज० पन्ना ५२)। इनके साथ साथ **हसेहिह** और **हसिहिह** भी हैं। इन रूपों के उदाहरण अ०माग० मे पाये जाते है, **दाहित्थ॑ = दास्यथ** (उत्तर० ३५९)। इस रूप के अनुसार यह द्वि०बहु० होना चाहिए और फिर प्र०-बहु० के काम मे लाया गया होगा। यदि इसका सम्बन्ध समासिसूचक चिह्न **–इत्था** से हो जिसे भूतकाल बताया है, यह अभी तक अनिर्णीत है। द्वि०बहु० का साधारण समासिसूचक चिह्न **–इस्सह** है जो शौर० और माग० मे **–इस्सध** रूप मे मिलता है। तृ०बहु० के अन्त मे **–इस्संति** लगता है, जै०महा० और अ०माग० मे यह रूप बहुत अधिक बार अन्त मे **इहिन्ति** और **–हिन्ति** लगाकर बनाया जाता है। सिंहराजगणिन् पन्ना ५१ मे **–इरे** चिह्न भी बताता है : **हसेहिइरे** और **हसिहिइरे** मिलते हैं।

१. क्रमदीश्वर के **होहित्थामो** रूप के अनुसार लास्सन, इन्स्टिट्यूत्सिओनेस प्राकृतिकाए के पेज ३५३ में अपना मत देता है कि **होहिस्सा** और **होहित्था, होहिस्सामो** तथा **होहित्थामो** के संक्षिप्त रूप हैं क्योंकि **होहित्था** द्वि०-बहु० भी है, इसलिए यह स्पष्टीकरण सम्भव नहीं दिखाई देता। **आसि, अहेसि, आहु** और **उदाहु** के बेरोकटोक प्रयोग और व्यवहार की तुलना की जानी चाहिए और साथ ही अन्त में **–इत्था** लगकर बननेवाले तृ०एक० भूत-काल के रूप की भी। ह्रस्व कोने के कारण ऊपर **इ** सदा समासिसूचक चिह्न में ले लिया गया है।

§ ५२१—भविष्यत्काल के उदाहरण वर्तमानकाल के वर्गों के क्रम के अनुसार रखे जाते हैं (§ ४७३ और उसके बाद), जिससे भूल चूक न होने की सुविधा हो जाती है। जै०महा० मे **जि** का भविष्यत्काल **जिणिस्सइ** होता है (एर्त्से० २२,२९), अ०माग० में **पणजिणिस्सइ** रूप मिलता है (निरया० § ३) ; **नी** धातु का रूप महा० में **णेहिइ** = नेष्यति है (गउड० २२३) ; जै०महा० मे **नीणेहिइ** आया है = **निर्नेष्यति** (एर्त्से० ५२, १३), **नेहिन्ति** भी देखने में आता है (एर्त्से० २९, १५) ; अ०माग० मे **उवणेहिइ** है (ओव० § १०७), **विणेहिइ** (नायाध० § ८७) और **उवणेहिन्ति** रूप है (ओव० § १०६) ; किंतु वर्तमानकालिक वर्ग के शौर० में **अणुणइस्सं** (रत्ना० ३१६, १५), **अवणइस्सं** (शकु० १०२,१४ ; १०४,१३), **उवणइस्सं** (शकु० १३७, ३), **णइस्सदि** (मृच्छ० ५८, ३), **आणइस्सदि** (मालती० १०४, १) और **णइस्सध** रूप पाये जाते हैं (कर्पूर० १३, ८) ; माग०

में **जइश्शं** है (मृच्छ० १६९, १३)। शौर० **दइस्सं** और माग० रूप **दइश्शं** रूप के बारे में, जो **दय**– से निकले हैं, § ४७४ देखिए। — **भू** के भविष्यतकाल के रूपों में सभी वर्तमानकालिक वर्ग प्रमाणित किये जा सकते हैं, हा, इसके प्रयोग के संबंध में नाना प्राकृत बोलिया भिन्नता दिखाती हैं। महा० और अप० केवल **हो**– का व्यवहार करती हैं जिसको शौर० और माग० पहचानती ही नहीं। जै०महा० मे **भविस्सामि** रूप है (द्वार० ५०१,३८); शौर० में **भविस्सं** आया है (मृच्छ० ९, १२ ; शकु० ५१, १३ ; ८५, ७ ; मालवि० ५२, १९ ; रत्ना० ३१५, १६ ; ३१८, ३१ ; कर्पूर० ८, ७ ; ५२, २), **अणुभविस्सं** भी मिलता है (मालती० २७८, ९); माग० में **भविश्शं** पाया जाता है (मृच्छ० ११६,४); शौर० में **भविस्ससि** भी है (मृच्छ० ४, ६ ; रत्ना० २९६, २५); माग० में **भविश्शशि** हो जाता है (शकु० ११६, ४); अ०माग० और जै०महा० में **भविस्सइ** रूप आता है (विवाह० ८४४ ; जीवा० २३९ और ४५२ ; उत्तर० ११६ ; ओव० § १०३ ; १०९; ११४ ; [११५]; कप्प० ; द्वार० ४९५, २७ ; ५०४, ५ ; एर्त्से० ११, ३५ ; कालका० २६८, ३३ ; २७१, १३ और १५) ; शौर० मे **भविस्सदि** है (मृच्छ० ५, २ ; २०, २४ ; शकु० १०, ३ ; १८, ३ ; विक्र० २०, २० ; मालवि० ३५, २० ; ३७, ५ ; रत्ना० २९१, २ ; २९४, ९ ; मालती० ७८, ९ ; ८९, ८ ; १२५, ३ आदि-आदि) ; माग० में **भविश्शदि** हो जाता है (प्रबोध० ५०, १४) ; जै०महा० में **भविहिन्ति** मिलता है (आव०एर्त्से० ४७,२०) ; अ०माग० में **भविस्सामो** आया है (आयार० १, २, २, १ ; सूय० ६०१) ; अ०माग० में **भविस्सह** भी है (विवाह० २३४) ; शौर० में **भविस्सन्ति** आया है (मालती० १२६, ३)। **हविस्सदि** और **हविस्सं** रूप (मालवि० ३७, १९ ; ४०, २२)[१] अशुद्ध हैं क्योंकि **हव**– मूलशब्द केवल **प्र** उपसर्ग के बाद काम में लाया जाता है, जैसे शौर० **पहविस्सं** (उत्तररा० ३२,४)। शौर० और माग० में **हुव**– वर्ग (= मूलशब्द) भी काम मे आता है : माग० मे **हुविश्शम्** आया है (मृच्छ० २९, २४ ; ३२, १९ ; ४०, १ ; ११८, १७ ; १२४, १२) ; शौर० में **हुविस्ससि** है (वेणी० ५८, १८) ; शौर० में **हुवस्सदि** भी है (मृच्छ० २२, १४ ; २४, ४ ; ६४, १८ ; विक्र० ३६, ६ ; ४६, ४ और ६ ; ५३, २ और १३ ; ७२, १९ ; मालवि० ७०, ६ ; वेणी० ९, २१ ; वृषभ० ४७, ११ आदि-आदि) ; माग० मे **हुविश्शदि** होता है (मृच्छ० २१, १४ और १५ ; ११७, १५ ; ११८, १६ और १७ ; वेणी० ३३, ३) ; शौर० मे **हुविस्सन्ति** पाया जाता है (मृच्छ० ३९,४ ; चंड० ८६,१४)। **हो**–वर्ग से निम्नलिखित रूप निकाले गये है : **होस्सामि** (भाम० ७, १४ ; हेच० ३, १६७ ; १६९ ; क्रम० ४, १६) ; महा० में **हो`स्स** मिलता है ( वर० ७, १४ ; हेच० ३, १६९ ; क्रम० ४, १७ ; हाल ७४३ ); अप० मे **होसइ** आया है ( हेच० ४, ३८८ ; ४१८, ४ ) और **होसे** भी मिलता है ( प्रबंध० ५६, ६ ; § १६६ की तुलना कीजिए ) ; **हो`स्सामो, हो`स्सामु** और **हो`स्साम** भी देखे जाते हैं (भाम० ७, १३ और १५ ; हेच० ३, १६९ ; क्रम० ४, १८)। इनमें से अधिकाश का **हु** ष से निकला है (§ २६३) : जै०महा० में

होहामि आया है (भाम० ७, १४ ; हेच० ३, १६७ ; क्रम० ४, १६ ; आव० एर्त्सें० २६, ३६) ; **होहिमि**[१] (भाम० ७, १४ ; हेच० ३, १६७ ; क्रम० ४, १६) और **होहिस्सं** रूप मिलते हैं (क्रम० ४,१७) ; जै०महा० में **होहिसि** भी है (हेच० ३, १६६ और १७८ ; एर्त्सें० ६२, ३१) ; महा० और जै०महा० में **होहिइ** मिलता है (हेच० ३,१६६ और १७८ ; क्रम० ४, १५ ; गउड० ; हाल० ; रावण० ; आव० एर्त्सें० ४३, १३ ; एर्त्सें० ३७, १), **होही** आया है (एर्त्सें० ३, २६ ; द्वार० ४९५, १५ ; तीर्थ० ७, १० ; कालका० २६५, ४१ ; २७०, ४३) ; दो संयुक्त व्यंजनों से पहले होहि रूप आता है : **होहि त्ति** मिलता है (द्वार० ४९५, २४) ; प्र० बहु० में **होहामो, होहामु, होहाम, होहिमो, होहिमु, होहिम, होहिस्सा** और **होहित्था** रूप पाये जाते है (भाम० ७,१३ और १५ ; हेच० ३,१६७ और १६८), **होहिस्सामो** और **होहित्थामो** भी मिलते हैं (क्रम० ४, १८) ; द्वि० बहु० में **होहित्था** है (हेच० ३, १६६ ; क्रम० ४, १५) ; तृ० बहु० में महा० और जै० महा० रूप **होहिन्ति** है (भाम० ७, १२ ; हेच० ३, १६६ ; क्रम० ४, १५ ; हाल ६७५ ; सगर २, १५) । अ०माग० में **हो॑क्ख**-वर्ग बहुत बार मिलता है : **हो॑क्खामि** आया है (उत्तर० ६३,२०२), **हो॑क्ख** है (उत्तर ६३) तथा **हो॑क्खइ** और **हो॑क्खन्ति** पाये जाते है (सम० २४० और उसके बाद) । यह वर्ग विशुद्ध भूल है जिसका आविष्कार किसी पाठांतर ***भोष्य** से किया गया है (§ २६५) । § ५२० की भी तुलना कीजिए । हेमचंद्र ३, १७८ के अनुसार प्रार्थनावाचक रूप से भी एक भविष्यत्काल निकाला गया है : **हो॑ज्जाहिमि, होज्जाहिमि, हो॑ज्जस्सामि, हो॑ज्जहामि, हो॑ज्जस्सं, होज्जहिसि, होज्जहिसि** और **होज्जाहिइ** रूप है। सिद्दराजगणिन् पन्ना ५३ मे बताया गया है कि **होज्जेहिइ, हो॑ज्जिहिइ** तथा **हो॑ज्जाहिइ** रूप भी चलते हैं।

१. ब्लौख, वररुचि उण्ट हेमचंद्रा, पेज ४२ में अन्य उदाहरण दिये गये हैं। — २. वे रूप जो अभी तक उदाहरण रूप में नहीं दिये गये हैं उनकी बोलियों का नाम नहीं दिया गया है।

§ ५२२—जिन धातुओं के अंत में **ऋ** और **ॠ** आते हैं उनकी भविष्यत्काल की रूपावली संस्कृत की ही भांति पहले और छठे गण के अनुसार चलती है : शौर० में **अणुसरिस्सं** आया है (विद्ध० ११५, ६), **विसुमारिस्सं = विस्मरिष्यामि है** (शकु० १४, ३), **विसुमरिस्ससि** (शकु० ८९, ७), **विसुमरिस्सध** (शकु० ८६, ६) रूप पाये जाते हैं ; शौर० में **सुमरिस्ससि** है (रत्ना० ३१३,६) ; शौर० में **परिहरिस्सं** (शकु० २५,१) और **परिहरिस्सदि** रूप आये हैं (विक्र० ७९, ७) ; माग० में **पलिहलिश्शदि** हो जाता है (प्रबोध० ४२, ५ ; ४७, ७) ; **विहलिश्शं** भी मिलता है (मृच्छ० ४०, ६) ; अ०माग० में **विहरिस्सइ** (ओव० § ११४ [§ ११५]), **विहरिस्सामो** (आयार० २, २, ३, ३ ; २, ७, १, १ ; विवाह० ९७९) और **विहरिस्सह** रूप देखने में आते हैं (विवाह० २१४) ; जै०महा० में **विहरिस्सन्ति** रूप मिलता है (कालका० २६९, ३८) ; शौर० में **मरिस्सइ** आया

है (मृच्छ० ७२, १८) ; माग० में **मलीहिशि** रूप है (पद्य में ; मृच्छ० ९, २४) ; महा० में **अणुमरिहिइ** है (रावण० १४, ५५) ; महा० में **हरिहिइ** भी मिलता है (हाल १४३) ; अ०माग० में **तरिहिन्ति** आया है (उत्तर० २५३) और **तरिस्सन्ति** भी (उत्तर० ५६७ ; सूय० ४२४), **निज्जरिस्सन्ति** भी चलता है (ठाणंग० १०८)। अन्त में **ऐ** लगनेवाले धातुओं में **गै** के निम्नलिखित रूप मिलते हैं : अ०माग० में **गाहिइ = गास्यति** है (ठाणग० ४५१) ; महा० मे **उग्गाहिइ** आया है (रावण० ११, ८४) ; इसके विपरीत शौर० में **गाइस्सं** पाया जाता है (शकु० २, ८ ; विद्ध० १२२, ११ ; १२८, ४ ; कंस० ८, १६) ; माग० में यह **गाइश्शं** हो जाता है (मृच्छ० ११६, २० ; ११७, ३) ; **त्रै** का भविष्यत्काल माग० में **पलित्ताइश्शदि** है (मृच्छ० १२, १०) ।

§ ५२३—प्राचीन **स्क**- वर्ग के धातुओ में **ऋ** का जै०महा० में **अच्छिहिसि** रूप मिलता है (आव०एर्त्से० ११, ११), जै०महा० में **यम्** का **पयच्छिस्सामो** रूप आया है (द्वार० ५०३, ४) । **गम्** धातु के रूपों में **गमि**- वर्ग का जोर है, जो शौर० और माग० में तो केवलमात्र एक वर्ग है । हेमचन्द्र ने ४, २७५ मे जो शौर० रूप **गच्छिस्सिदि** बताया है, पाठों मे उसकी पुष्टि नहीं होती । इस प्रकार जै०महा० में **गमिस्सामि** मिलता है (एर्त्से० ६०, १९) ; शौर० मे **गमिस्सं** आया है (मृच्छ० ८, २४ ; ९, ७ ; १५, १० ; ५४, १९ ; शकु० १७, ४ ; रत्ना० २९३, २४ ; २९६, २६ ; २९७, १२ ; ३१४, २६ ; कर्पूर० ३५, ३ ; १०८, ४ ; १०९, २ ; नागा० ४२, ७ और १५ ; ४३, १० ; जीवा० ४२, १७ और २३ ; ४३, १७ आदि-आदि), **आगमिस्सं** है (कर्पूर० २२, ७ ; १०७. ४) ; माग० मे यह **गमिश्शं** हो जाता है (मृच्छ० २०, १० और १४ ; ३२, २ ; ९७, १ ; ९८, २ ; ११२, १८) ; शौर० मे **गमिस्ससि** मिलता है (मृच्छ० ३, १७ ; शकु० २४, १५) ; अ०माग० मे **गमिहिइ** आया है (उवास० § १२५ ; विवाह० १७५ ; निरया० § २७) ; अप० मे **गमिही** पाया जाता है (हेच० ४, ३३०, २) ; महा० में **समागमिस्सइ** चलता है (हाल ९६२) ; शौर० में **गमिस्सदि** है (मृच्छ० ९४, २ ; शकु० ५६, १४ ; मालती० १०३, ७), **आगमिस्सदि** भी है (उत्तररा० १२३, ७ ; कर्पूर० १०५, ३) ; ढक्की मे भी **गमिस्सदि** मिलता है (मृच्छ० ३६, १३) ; अ०माग० और शौर० में **गमिस्सामो** रूप आया है (ओव० § ७८ ; कर्पूर० ३६, ६) ; अ०-माग० मे **उवागमिस्सन्ति** चलता है (आयार० २, ३, १, २ और उसके बाद) । **गच्छ**- वर्ग से निम्नलिखित रूप बनते हैं : जै०महा० में **गच्छिस्सामि** है (आव०-एर्त्से० २१, १०), **गच्छिस्सं, गच्छिहामि, गच्छिहिमि** और **गच्छिहिसि** भी हैं (हेच० ३,१७२) ; अ०माग० मे **गच्छिहिइ** आया है (हेच० ३,१७२ ; सिंहराज० पन्ना ५२ ; ओव० § १०० और १०१ ; उवास० § ९०), **आगच्छिस्सइ** रूप भी है (उवास० § १८८) ; सिंहराजगणिन् के अनुसार **गच्छेहिइ, गच्छिस्सामो, गच्छिहामो, गच्छिहिमो, गच्छिहिस्सा, गच्छिहित्था** और **गच्छिहिइ** भी है (ये रूप अ०माग० के हैं ; आयार० २, ३, ३, ५), **गच्छिहित्था** और **गच्छिहिन्ति** भी

दिये गये हैं (हेच० ३, १७२)। इनके साथ-साथ अ०माग० में भविष्यत्काल का एक रूप **गच्छं** भी देखने में आता है (वर० ७, १६ ; हेच० ३, १७१ ; क्रम० ४, १९ ; सिंहराज० पन्ना ५३ ; ठाणंग० १५६ और २८५)। हेमचन्द्र ने **गच्छिमि** रूप भी दिया है जिसकी रूपावली व्याकरणकारों के अनुसार इस प्रकार चलती है : **गच्छिसि, गच्छिइ, गच्छिमो, गच्छिह** और **गच्छिन्ति** हैं। सिंहराजगणिन के अनुसार **गच्छेइ** रूप भी है। यह मानना कि **गच्छं** रूप **दच्छं, मो`च्छं, विच्छं, रो`च्छं, वे`च्छं** और **वो`च्छं** के अनुकरण में बना होगा (§ ५२५ ; ५२६ ; ५२९), सुविधाजनक है, किन्तु यह सर्वथा असम्भव है। इसे **गच्छइ** से आविष्कार किया गया **गच्छ**- धातु माना जाना चाहिए और **गच्छं** का सम्बन्ध ***गच्छस्यामि** और ***गक्ष्यामि** से जोड़ना चाहिए। § ५३१ में **सोच्छं** की तुलना कीजिए।

§ ५२४—पहले गण के जिन धातुओं में आदि वर्ण का द्विकार होता है उनमें से **पा** [**पा** का **पपौ** आदि द्विकारवाले रूप होते हैं। —अनु०] का जै०महा० में **पाहामि** = **पास्यामि** होता है (आव०एर्त्से० ४२, २७) ; अ०माग० में **पाहं** (उत्तर० ५९३ [पाठ में **पाहिं** है]), **पाहिसि** (कप्प० एस. (S) § १८) और **पहामो** (आयार० २, १, ५, ५ ; २, १, ९, ६) रूप आये हैं ; महा० में **पाहिन्ति** आया है (रावण० ३, २१, पाठ में अशुद्ध रूप **पाहे`न्ति** है)। **स्था** का भविष्यत्काल महा० में **ठाहिइ** मिलता है (प्रचंड० ४७, ४) ; शौर० में **चिट्ठिस्सं** है (शकु० ३०, ९ ; विक्र० १५, ५ ; नागा० ६९, १४ ; कर्पूर० २२, २) ; माग० में **चिष्ठिश्शं** हो जाता है (चंड० ४२, ११), **अणुचिष्ठिश्शं** भी आया है (मृच्छ० ४०, ११ ; इस नाटक में अन्यत्र दूसरा रूप भी देखिए और § ३०३ भी), शौर० में **चिट्ठिसदि** है (विक्र० ४३, ८) ; अ०माग० और शौर० में **चिट्ठिस्सामो** आया है (नायाध० ९०८ और ९३९ ; विद्ध० ६१,८)। — शौर० में **उट्ठिस्सामो** मिलता है (मृच्छ० २०, २२) जो **उट्ठइ** से निकला है, अ०माग० में **उट्ठेहिन्ति** मिलता है (विवाह० १२८०) जो **उट्ठेइ** से बना है (§ ४८३)।

§ ५२५—महा०, जै०महा० और अ०माग० में **दृश्** का भविष्यत्काल का रूप **दच्छं** = **द्रक्ष्यामि** है (वर० ७,१६ ; हेच० ३,१७१ ; सिंहराज० पन्ना ५२)। **गम्** (§ ५२३) के लिए जो नियम चलते हैं वे इस पर भी लगते हैं। निम्नलिखित रूप पाये जाते हैं : महा० में **दच्छामि** (रावण० ११,७७) और **दच्छिमि** (रावण० ११, ८५) आये हैं ; महा० में **दच्छिहिसि** भी है (हाल ८१९ ; रावण० ११, ९३ [सी. हस्तलिपि के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; पेज २८६ नोटसंख्या १ में एच० गौल्दश्मित्त ने अशुद्ध रूप दिया है]) ; अ०माग० में **दच्छिसि** मिलता है (उत्तर० ६७९ = दस० ६१३, ३५, यहाँ ठीक पाठ है) ; जै०महा० में **दच्छिही** रूप है (एर्त्से० २४, १२) ; महा० में **दच्छिहि** (रावण० १४, ५५), **दच्छाम** (रावण० ३, ५०) और **दच्छिह** (रावण० ३, २३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])। इनके साथ-साथ अ०माग० में **पासइ** = **पश्यति** (ओव० § ११५) से निकला रूप **पासिहिइ** भी आया है। शौर०, माग० और ढक्की में उक्त दोनों क्रियाओं का भवि-

ष्यत्काल में पता नहीं मिलता । वे **प्र** जोड़ कर **ईक्ष** धातु काम में लाते हैं। अन्य प्राकृत बोलियाँ भी इस रूप से ही परिचित हैं। महा० में **पे`क्खिस्सं** ( हाल ७४३ ) और **पे`क्खिहिसि** (हाल ५६६) पाये जाते हैं ; जै०महा० में **पे`क्खिस्सामो** आया है (द्वार० ५०५, २८) ; शौर० में **पेक्खिस्सं** हो जाता है (मृच्छ० ४, ११ ; ७७, १२ ; ९३, १६ ; शकु० ९०, १५ ; १२५, १५ ; विक्र० ११, २ ; १३, १९ ; प्रबोध० ३७, १३ ; ३८, १ आदि-आदि), **पेक्खिस्सदि** रूप भी मिलता है (रत्ना० ३००, १ ; उत्तररा० ६६, ७) ; माग० में **पेक्खिश्शं** (मृच्छ० ४०, १०) और **पेक्खिश्शदि** रूप आये हैं (मृच्छ० १२३, २२) ; ढक्की में **पेक्खिस्सं** मिलता है (मृच्छ० ३५, १५ और १७) ; अप० में **पेक्खीहिमि** है (विक्र० ५५, १८) । — वर्तमान काल की भाँति (§ ४८४) भविष्यत्काल में भी **लभ्** धातु अनुनासिक ग्रहण कर लेता है : शौर० में **लम्भिस्सं** = **लप्स्ये** (चैतन्य० ८३, २) पाया जाता है ; शौर० में **उवालम्भिस्सं** = **उपालप्स्ये** आया है (प्रिय० १९, १५) ; किन्तु शौर० में **लहिस्सं** रूप भी देखा जाता है (मृच्छ० ७०, १२) ; शौर० में **उवालहिस्सं** रूप भी है (शकु० ६१, २ ; १३०, ४) ; अ०माग० में **लभिस्सामि** है (आयार० २, १, ४, ५) ; जै०महा० में **लहिस्सामो** मिलता है (एर्त्से० १३, ३०) । अ०माग० में **सह्** का भविष्यत्काल का रूप **सक्खामो** = महाकाव्य का **सक्ष्यामः** (आयार० १, ८, २, १४) देखा जाता है । —संक्षिप्त वर्ग **खा-** और **धा-** के जो **खाद्-** और **धाव-** से निकले हैं, भविष्यत्काल के रूप **खाहिइ** और **धाहिइ** बनते हैं (भाम० ८, २७ ; हेच० ४, २२८) । इस प्रकार माग० में **खाहिशि** (मृच्छ० ११, ११) रूप मिलता है जो पद्य में है और जिसके विपरीत गद्य में **खाइश्शं** आया है (मृच्छ० १२४, १०)।

§ ५२६—छठे गण के धातुओं में से **प्रच्छ्** वर्तमानकाल में **पुच्छइ** = **पृच्छति** के अनुसार भविष्यत्काल में शौर० में **पुच्छिस्सं** रूप बनाता है (मृच्छ० ४, २२ ; ८१, १ और २ तथा १० ; शकु० १९, ३ ; ५०, ४ ; मालती० १३०, १० ; वेणी० ५९, १ ; कर्पूर० ३, ४) ; यह माग० में **पुच्छिश्शं** हो जाता है (प्रबोध० ५०, ४ और ६ ; ५३, १२) ; अ०माग० में **पुच्छिस्सामो** आया है (आयार० १, ४, २, ६ ; ओव० § ३८) । — **स्फुट्** के रूप वर्तमानकाल **फुट्टइ** के अनुसार बनते हैं (§ ४८८ नोटसंख्या १) ; अप० में **फुट्टिसु** रूप है (हेच० ४,४२२, १२), महा० में **फुट्टिहिसि** और **फुट्टिहिइ** रूप मिलते है (हाल ७६८ ; ८२१ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । — **मुच्** का भविष्यत्काल का रूप **मो`च्छं** = **मोक्ष्यामि** होता है ( हेच० ३, १७२ ; क्रम० ४, १९ ; सिंहराज० पन्ना ५३ ) । उक्त नियम **गम्** धातु ( § ५२३ ) पर भी लागू होते हैं। इस प्रकार महा० में **मो`च्छिहिइ** (रावण० ४, ४९) और **मो`च्छिहि** रूप मिलते हैं (रावण० ३, ३० ; ११, १२६) । जै०-महा० में **मुञ्चिहिइ** का भी प्रयोग किया जाता है (द्वार० ५०४, ११), शौर० में **मुञ्चिस्सदि** आया है (विक्र० ७२, २०) ठीक उसी प्रकार जैसे कि शौर० में **सिच्** धातु का रूप **सिञ्चिस्सं** मिलता है (शकु० १५, ४) । **मृ** के सम्बन्ध में § ५२२ देखिए । क्रमदीश्वर ४, १९ में बताता है कि **विश्** धातु का **विच्छं** होता है, जैसा कि

लास्सन ने अपने ग्रन्थ इन्स्टिट्यूत्सिओने प्राकृतिकाए पेज ३५१ में लिखा है। इसके स्थान में वे`च्छं की प्रतीक्षा की जानी चाहिए थी। इस विच्छं का सम्बन्ध अन्य व्याकरणकार **विद्** से जोड़ना अधिक संगत समझते है। अब **इ**– वर्ग के रूपों के उदाहरण, जैसे अ०माग० में **अणुपविसिस्सामि** और **पविसिस्सामि** (आयार० २, १, ४, ५), **पविसिस्सामो** (आयार० १, ८, २, १४); जै०महा० में **पविसिहिइ** (एर्त्से० २९, १६); माग० मे **पविशिश्शं** और **उवविशिश्शं** (मृच्छ० ३६, १ ; १२४, ८) दिये जाते है।

§ ५२७—चौथे गण के धातु वर्तमानकाल के वर्ग का बहुत ही अधिक प्रयोग करते हैं : महा० मे **किलम्मिहिसि** आया है (गउड० ९५४) और **किलम्मिहिइ** भी मिलता है (हाल १९६)। ये दोनों रूप **किलम्मइ** = **क्लाम्यति** से बने हैं (§ १३६); अ०माग० मे **सिव्विस्सामि** का सम्बन्ध **सीव्यति** से है (आयार० १, ६, ३, १), महा० मे **कुप्पिस्सं** (हाल ८९८) आया है ; शौर० मे **कुप्पिस्सदि है** (मृच्छ० ९४, ७ और ८ ; उत्तररा० ६६, ९); किन्तु शौर० मे **कुविस्सं** रूप भी चलता है (उत्तररा० ३२, ३ ; विद्ध० ७१, ३); शौर० मे **णच्चिस्सं** (विद्ध० १२२, ११ ; १२८, ५), **णच्चिस्सदि** (चैतन्य० ५७, १२) **नृत्** से सम्बन्धित है ; अ०माग० रूप **सज्झिहिइ**, **रज्झिहिइ**, **गिज्झिहिइ**, **मुज्झिहिइ** और **अज्झोववज्झिहिइ**, धातु **सज्** , **रज्** , **गृध्** , **मुह्** और **पद्** से बने हैं (ओव० § १११) ; अ०महा० में **बुज्झिहिइ** **बुध्** का रूप है (ओव० § ११६), **सिज्झिहइ** **सिध्** से बना है (विवाह० १७५ ; निरया० § २७ ; ओव० § ११६), **सिज्झिहिन्ति** रूप मिलता है (ओव० § १२८) और **सिज्झिस्सन्ति** भी आया है (आयार० २, १५, १६); जै०महा० मे **सिज्झिही** है (एर्त्से० २८, १६ ; ३४, २० ; द्वार० ५०८, ८) ; महा० और शौर० मे **विवज्जिस्सं** **वि** उपसर्ग के साथ **पद्** धातु से सम्बन्धित है (हाल ८६५ ; मृच्छ० २५, १५) ; अ०माग० मे **पडिवज्जिस्सामि** आया है (उवास० § १२ और २१०) ; शौर० मे **पडिवज्जिस्सं** मिलता है (मालती० ११७, २५) ; शौर० में **पडिवज्जिस्सदि** भी देखा जाता है (शकु० ७०, १२ ; नागा० २२, ७) ; अ०माग० में **पडिवज्जिस्सामो** है (ओव० § ३८) ; महा० मे **पवज्जिहिसि** रूप मिलता है (हाल ६६१) ; अ०माग० मे **उववज्जिहिइ** (विवाह० १७५ ; निरया० § २७ ; ओव० § १०० और १०१), **उववज्जिस्सइ** (विवाह० २३४), **समुप्पज्जिहिइ** (ओव० § ११५) और **उप्पाज्जिस्सन्ति** रूप पाये जाते हैं (ठाणंग० ८० और १३३) ; शौर० मे **संपज्जिस्सदि** मिलता है (विक्र० ४३, १२) ; जै०महा० में **वच्छिहिसि** आया है (एर्त्से० ७७,३३), महा० में **वच्चिहिइ** है (हाल ९१८) जो **वच्चइ** का रूप है (§ २०२), किन्तु जै०महा० में **पव्वइस्सामि** है (आव०एर्त्से० ३२, २७), अ०माग० में **पव्वइहिइ** (ओव० § ११५) **व्रज्** से सम्बन्धित हैं ; महा० में **मण्णिहिसि** (गउड० ९५४ ; हाल ६६३), जै०महा० रूप **मन्निस्सइ** (एर्त्से० १२,३५), शौर० में **मण्णिस्सदि** (उत्तररा० ९५, २ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) रूप देखने में आते हैं ; जै०महा० में **विणस्सिहिसि** (एर्त्से०

१९, १६) और **विणासिही** रूप मिलते हैं (द्वार० ४९५, १७) ; महा० में **लग्गिस्स** और **लग्गिहिसि** (हाल ३७५ ; २१) तथा **लग्गिहिइ** आये हैं (गउड० ७०) ; माग० में **अणुलग्गिश्श** मिलता है (चंड० ४२, १२) ; अप० में **रूसेसु** है जो **रुष्** धातु का **ए**– वाला रूप है (हेच० ४, ४१४, ४) । यह वैसा ही है जैसे जै०महा० में **मन्** धातु से **ए**– वाला रूप **मन्नेही** मिलता है (आव०एर्त्से० १२, १२) । महा० में **श्रम्** धातु से भविष्यत्काल में **विसम्मिहिइ** रूप बनता है जो वर्तमानकाल के वर्ग से दूर चला गया है (हाल ५७६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । **जन्** का भविष्यत्काल का रूप वर्तमानकाल **जाइ** के अनुसार चलता है और अ०माग० में **आयन्ति** और **पच्चायन्ति** मिलता है (§ ४८७) ; अ०माग० में **पयाहिसि है** (विवाह० ९४६ ; कप्प० § ९ ; नायाध० § २६), **पयाहिइ** भी आया है (ओव० § १०४ ; कप्प० § ७९ ; नायाध० § ५१), **पच्चायाहिइ** आया है (विवाह० ११९० ; ठाणंग० ५२३ ; ओव० § १०२) और **आयाइस्सन्ति** रूप भी देखा जाता है (कप्प० § १७) । **शक्** धातु के विषय मे § ५३१ देखिए ।

§ ५२८—दसवें गण की क्रियाएं और इनके समान ही बनाये गये प्रेरणार्थक और नामधातु अधिकाश में सस्कृत ही की भाँति भविष्यत्काल बनाते है जिसमे नियमानुसार **य** का लोप हो जाता है : **कित्तइस्सं** और **कित्तइहिमि = कीर्तयिष्यामि है** (हेच० ३, १६९) ; अ०माग० में **दलइस्सइ** (विवाह० १२८८) और **दलइस्सन्ति** रूप मिलते है (ओव० § १०८) ; शौर० मे **कुट्टइस्सं** है (मृच्छ० १८, ५), **अणुऊलइस्सं = अनुकूलयिष्यामि** है (मालती० २६७, ८), **चूरइस्सं** भी आया है (कर्पूर० २१, २), **वारइस्सादि** और **चिन्तइस्सदि** रूप आये है तथा **णिअत्तइस्सदि = निवर्तयिष्यति है** (शकु० ५५, २ ; ८७, १ , ९१, ६), **पुलोइस्सदि** (वृषभ० २२, ९), **विणोदइस्सामो** (शकु० ७८, १०) और **विसज्जइस्सध** (शकु० ८६, ५) रूप पाये जाते है, **सद्दावइस्स = *शब्दापयिष्यामि** है (मृच्छ० ६०, १), **मोआवइस्ससि = *मोचापयिष्यसि** है (मृच्छ० ६०, १३) ; माग० मे **गणइश्शं** (शकु० १५४, ६), **मडमडइश्शं**, **ताडइश्शं**, **लिहावइश्शं** तथा **दूशइश्शं** रूप मिलते है (मृच्छ० २१, २२ ; ८०, ५ ; १३६, २१ ; १७६, ६), **वावादइश्शदि = व्यापादयिष्यति** है (वेणी० ३६, ५) । मृच्छकटिक १२८, १४ में **मोडइश्शामि** रूप आया है । जिसके अन्त में **मि** है । इसके साथ ही इस नाटक के ११३, १ मे **मोडइश्शं** है जिसके द्वारा श्लोक के छन्द की मात्राए ठीक की गयी है । इनके विपरीत शौर० रूप **णिक्कामइस्सामि** जो मृच्छकटिक ५२, ९ में आया है, **णिक्कामइस्सं** रूप में सुधार दिया जाना चाहिए । महा०, अ०माग० और जै०महा० मे भविष्यत्काल गुणित रूप **ए**– वाला भी पाया जाता है : महा० में **मारेहिसि** मिलता है (हाल ५, ६७) ; जै०महा० में **वत्तेहामि = वर्तयिष्यामि है** (आव० एर्त्से० ४२, २६) ; **विणासेहामि = विनाशयिष्यामि है** (द्वार० ४९५, ३१) ; **नासेहिइ** मिलता है (तीर्थ० ५, २०) ; **मेलवेहिसि = मेलयिष्यसि** (आव० एर्त्से० ३०, ८) ; **आणेही** आया है (एर्त्से० १२, २८) ; **निवारेही** देखा जाता है

(एर्सें० ८, २१) और **कहेहिन्ति** भी पाया जाता है (एर्सें० २६, ३६) ; अ०-माग० में **सेहावेहिइ** = *शैक्षापयिष्यति और **सिक्खावेहिइ** = *शिक्षापयिष्यति है (ओव० § १०७), **चेयॅस्सामो** = **चेतयिष्यामः है** (आयार० २, १, ९, १ ; २, २, २, १०), **सक्कारेहिन्ति**, **संमाणेहिन्ति** और **पडिविसज्जेहिन्ति** रूप पाये जाते हैं (ओव० § १०८), **उवणिमन्तेहिन्ति** (ओव० § ११०), **सद्दवेहिन्ति** (विवाह० १२७६) और **णो ल्लवेहिन्ति** भी आये हैं (विवाह० १२८०) । बिना प्रत्यय के बने के भविष्यत्काल के रूप (§ ४९१) जिनके साथ प्रेरणार्थक रूप भी सम्मिलित हो जाते हैं (§ ५५३) विरल नहीं हैं : शौर० में **कधिस्सं** आया है (मृच्छ० ८०, २५), महा० मे **कहिस्सं है** (हाल १५७) तथा इसके साथ-साथ शौर० में साधारण रूप **कधइस्सं** भी चलता है (मृच्छ० १९,२ ; शकु० ५१, १२ ; १०५,७), माग० में **कधइदशं** और **कधइदशशि** रूप मिलते हैं (मृच्छ० १३९, २३ ; १६५, १५); अ०माग० में **काराविस्सं** = *कारापयिष्यामि = कारयिष्यामि है (आयार० १, १, १, ५) ; शौर० में **खण्डिस्सं** = **खण्डयिष्यामि है** (कर्पूर० १८, ७) ; महा० में **पुलोइस्सं** = **प्रलोकयिष्यामि है** (हाल ७४३) ; आव० में **पलोइस्सं** हो जाता है (मृच्छ० १०४,२१); शौर० में **वड्ढाइस्सं** = *वर्धापयिष्यामि है (शकु० ३७, १०), **विण्णविस्सं** = विज्ञापयिष्यामि और **सुस्सूइस्सं** = **सुश्रूषयिष्यामि** है (मृच्छ० ५८, ११ ; ८८, ११) ; माग० में **मालिश्शशि** = **मारयिष्यसि है** (मृच्छ० १२५, ७) ; शौर० में **तक्किस्सदि** = **तर्कयिष्यति** है (विक्र० ७९, ९ ; इसका रूप अन्यत्र **चिन्तिस्सदि** है), **मन्तिस्सदि** भी आया है (रत्ना० २९९,९) । इसके साथ साथ **मन्तइस्सदि** भी मिलता है (मृच्छ० ५४, १) ।

§ ५२९—दूसरे गण की क्रियाओं मे जिनके अन्त मे –**आ** आता है, उनमे से **ख्या** का भविष्यत्काल का रूप अ०माग० में **पच्चाइक्खिस्सामि** = *प्रत्याचिक्खिष्यामि है (आयार० २, १, ९, २) । **या** का अ०माग० मे § ४८७ के अनुसार **निज्जाइस्सामि** रूप पाया जाता है (ओव० § ४० [क्यू. (Q) हस्तलिपि के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; पाठ मे **निज्जाहिस्सामि है**]), जै०महा० में **जाहिइ है** (एर्सें० २९, १२ ; ३५, ५) । **वा** का अ०माग० मे **परिणिव्वाहिइ** मिलता है (विवाह० १७५ ; नायाध० ३९० [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **परिनिव्वाइस्सन्ति** रूप भी है (आयार० २, १५,१६) । **स्ना** का शौर० में **ण्हाइस्सं** होता है (§ ४८७ के अनुसार) (मृच्छ० २७, १४) । **इ** धातु का भविष्यतकाल अ०माग० मे **एॅस्सामि है** (ठाणंग० १४२), **एॅस्सन्ति** रूप भी आया है (सूय० ४५ ; ५६ ; ७१) : **आ** उपसर्ग के साथ महा० मे **एहिसि** रूप है (हाल ३८५), महा० और अ०माग० मे **एहिइ** मिलता है (हाल १३७ ; ७८४ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; ८५५ ; ९१८ ; रावण० १०, ७९ ; आयार० २, ४, १, २ [यहाँ भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; उवास० § १८७), जै०महा० में **एही** (एर्सें० २४, ११) और **एहिन्ति** रूप आये है (एर्सें० २९, १३), अप० में **एसी है** (हेच० ४, ४१४, ४) । इसके साथ केवलमात्र एक स्थान में महा० में

इच्छावाचक रूप **रुहिस** पाया जाता है (हाल १७)। — **रुद्** का रूप **रो च्छं** बनता है जो = ***रोत्स्यामि** है (वर० ७, १६ ; हेच० ३, १७१ ; सिंहराज० पन्ना ५३), क्रमदीश्वर ४, १९ में **रुच्छं** रूप दिया गया है, परन्तु महा० में **रोइस्सं** है (हाल ५०३), शौर० में **रोदिस्सं** आया है (मृच्छ० ९५, २३ ; नागा० ३, १), **रुविस्सामो** भी मिलता है (मल्लिका० १५४, २३)। — **स्वप्** का भविष्यत् का रूप शौर० में **सुविस्सं** है (मृच्छ० ५०, ४ ; प्रिय० ३४, ३), माग० में यह **शुविश्शं** हो जाता है (मृच्छ० ४३, १२ ; प्रबोध० ६०, १५)। — **विद्** का भविष्यत्काल **वे च्छं** = ***वेत्स्यामि** है (वर० ७, १६ ; हेच० ३, १७१ ; सिंहराज० पन्ना ५३) किन्तु शौर० में **वेदिस्सदि** आया है (प्रबोध० ३७, १५) और अ०माग० में **वेदिस्सन्ति** मिलता है (ठाणग० १०८)। — **वच्** का रूप **वो च्छं** बनता है (§ १०४ ; वर० ७, १६ ; हेच० ३,१७१ ; सिंहराज० पन्ना ५३)। इस प्रकार महा० और अ०माग० में भी **वोच्छं** रूप है (वज्जालग्ग ३२४, १० ; पण्हा० ३३१ ; ओव० १८४ [पाठ मे **वो च्छं** है] ; नन्दी० ९२ [पाठ मे **बो च्छं** है] ; जीयक० १,६०) और **वो च्छामि** भी मिलता है (विवाह० ५९ ; पण्हा० ३३० ; उत्तर० ७३७ और ८९७); किन्तु अ०माग० में **वक्खामो** = **वक्ष्यामः** भी है (दस० ६२७, २३), **पवक्खामि** भी आया है (सूय० २७८ और २८४)। क्रमदीश्वर ४, २१ में **वच्छिहिमि, वच्छिमि** तथा **वच्छि** दिये गये हैं। इस ग्रन्थ के ४, २० की भी तुलना कीजिए। **रो च्छं, वे च्छं** और **वो च्छं** तथा इस प्रकार से बने सब रूप शौर० और माग० में काम मे नहीं लाये जाते जैसा कि मार्कण्डेय ने पन्ना ७० में शौर० के लिए स्पष्ट रूप से विधान किया है और जिसकी पुष्टि पाठ करते है। इनकी रूपावली **गच्छं** के विषय में जो नियम है उनके अनुसार चलती है (§ ५२३)। — **तुद्** के भविष्यत्काल का रूप **तुहिहिइ** है (हेच० ४, २४५)।

§ ५३० — अ०माग० और जै०महा० मे **दा** का भविष्यत्काल **दाहामि** होता है (आयार० २, १, १०, १ ; उत्तर० ७४३ ; एर्त्से० ५९, २३ और ३४)[1] और **दाहं** भी मिलता है (वर० ७, १६ ; हेच० ३, १७० ; क्रम० ४, १९ ; एर्त्से० १०, २४), हेमचन्द्र के अनुसार **दाहिमि** भी चलता है ; अ०माग० में **दाहिसि** आया है (आयार० २, १, २, ४ ; २, २, ३, १८ ; २, ५, १, ७ ; २, ६, १, ५) ; जै०महा० मे **दाही** आया है (आव०एर्त्से० ४३, २२ ; एर्त्से०) ; अ०माग० में **दाहामो** है (आयार० २, ५, १, १०), **दाहामु** (सूय० १७८ ; उत्तर० ३५५ और ३५८) तथा **दाहित्थ** भी आये हैं (उत्तर० ३५९) ; जै०महा० में **दाहिन्ति** रूप मिलता है (एर्त्से० ८०, २२)। शौर० और माग० मे वर्तमानकाल के अनुसार भविष्यत्काल का रूप **देदि** = ***दयन्ति** आया है (§ ४७४) जो **दय**– वर्ग से बनाया गया है (मार्क० पन्ना ७१), शौर० में **दइस्सं** पाया जाता है (मृच्छ० ८०, २०), माग० में **दइश्शं** हो जाता है = ***दयिष्यामि** है (मृच्छ० ३१, ६ ; ८ और १५ ; ३२, ९ और २४ ; ३३, २२ ; ३५, ८ ; ८०, १९ आदि-आदि ; § ४७४)। शौर० **दाइस्सं** (कर्पूर० ११२, ५ ; बोएटलिंक द्वारा सम्पादित शकुन्तला २५, ६ ; प्रिय० २३, २४)

के स्थान में **दइस्सं** और **देइस्सन्ति** के लिए (कालेयक २, १३) **दइस्सन्ति** पढ़ा जाना चाहिए। — **धा** का **अद्** के साथ जो भविष्यत्काल बनता है उसमें प्राचीन दुहरे वर्णवाला वर्ग सुरक्षित रखा गया है (§ ५०० की तुलना कीजिए) : अ०माग० मे **सद्दहिस्सइ** मिलता है (नायाध० ११९४—११९६)। अन्यथा यह उपसर्गों के साथ संयुक्त होने पर अ०माग० के भविष्यत्काल मे **-धइ** और **-हइ** की रूपावली के अनुसार चलता है (§ ५००) : अ०माग० मे पद्य मे **पेहिस्सामि** मिलता है जो **पिहिस्सामि** के स्थान मे आया है जैसा कि कलकतिया संस्करण में दिया गया है (आयार० १, ८, १, १), किन्तु शौर० मे यह चौथे गण के अनुसार इसके रूप बनते है : **पिहाइस्सं** रूप मिलता है (विद्ध० ७०, ८) ; अ०माग० में **संधिस्सामि** और **परिहिस्सामि** आये है (आयार० १, ६, ३, १) ; शौर० मे भी **संधिहिसि** रूप पाया जाता है (बाल० २२, १८)। यह रूप निश्चित ही शौर० बोली की परम्परा के विरुद्ध है और इस स्थान मे ***संधिहाइस्ससि** की प्रतीक्षा करनी चाहिए। **हा** का भविष्यत्काल का रूप अ०माग० मे **विप्पजहिस्सामो** मिलता है (सूय० ६३३ और ६३५), **भी** के रूप **भाइस्सं** और **भाइस्सदि** पाये जाते है (शकु० १४०, ११ ; १३५, १४)।

१. आयारंगसुत्त १, ७, ७, २ मे याकोबी ने हस्तलिपि में दो बार **दासामि** पाठ पढ़ा है ; २, ५, १, ११ और १३ में **दासामो** और उसके साथ-साथ **दाहामो** पढा है। कलकतिया संस्करण पहले स्थान में **दलइस्सामि** देता है जैसा इस ग्रन्थ में अन्यत्र पाया जाता है। दूसरे स्थल में **दास्सामो** पाठ आया है और तीसरे में **दासामो** आया है।

§ ५३१—पाँचवें गण की क्रियाओं मे से **चि** धातु शौर० मे भविष्यत्काल का रूप **अवचिणिस्सं** बनाता है (रत्ना० २९५, २५ ; वृषभ० ५८, २० ; चैतन्य० ७३, १०), अ०माग० मे **चिणिस्सन्ति** तथा **उवचिणिस्सन्ति** रूप आये है (ठाणंग० १०७ और १०८ ; विवाह० ६२)। हेमचन्द्र ४, २४३ के अनुसार कर्मवाच्य का रूप **चिणिहिइ** है ; यह रूप के अनुसार परस्मैपदी है। — व्याकरणकारों के अनुसार **श्रु** का रूप **सोच्छं** होता है (वर० ७, १६ ; हेच० ३, १७१ और १७२ ; क्रम० ४, १९ ; सिंहराज० पन्ना ५३) जिसकी रूपावली **गच्छं** के अनुसार चलती है (§ ५२३)। यह **सोच्छं श्रु** से नहीं बना है परन्तु वैदिक **श्रुष्** का अर्थात् यह ***श्रोक्ष्यामि** के स्थान मे नियमित रूप से आया है। **श्रु** का शौर० में भविष्यत्काल का रूप **सुणिस्सं** (मृच्छ० ६०, ७ और ९ ; शकु० २०, ७ ; विक्र० २४, ५ ; ३१, १ और ९ ; मालवि० ८३, ३ आदि-आदि), **सुणिस्सामो** भी मिलता है (मल्लिका० १२९, ३ ; १३२, ९), माग० मे यह **शुणिश्शं** हो जाता है (मृच्छ० २१, २१), जै०महा० में **सुणिस्सइ** पाया जाता है (कालका० २६५, ४), अ०माग० मे **ए-** वर्ग का रूप **सुणेस्सामि** (ठाणंग० १४३) और **सुणेस्सामो** भी मिलते हैं (ओव० § ३८)। — अ०माग० में **आप्** धातु का भविष्यत्काल का रूप वर्तमानकाल के वर्ग **पाउणइ** से (§ ५०४) **पाउणिस्सामि** मिलता है (आयार० १, ६, ३, १), **पाउणिहिइ**

रूप भी है (उवास० § ६२ ; ओव० § १०० और ११६)[1]। अन्य प्राकृत बोलियाँ इसे वर्तमानकाल के वर्ग **पाव–** से बनाती है : अप० में **पावीसु** रूप आया है (हेच० ४, ३९६, ४) ; शौर० मे **पाविस्सदि** मिलता है (कालेयक० ७, ६) ; महा० में **पाविहिसि** है (हाल ४६२ और ५१०) और इस नियम के अनुसार विक्रमोर्वशी ४२, १० में शौर० बोली की परम्परा के विरुद्ध रूप आया है ; यह माग० मे **पाविहिशि** हो जाता है (मुद्रा० १७७, ६ [**चहेसि** के स्थान में यही रूप पढा जाना चाहिए] ; इसी नाटक में अन्यत्र यह रूप भी देखिए तथा त्सा०डे०डौ०मौ०गे० ३९, १२५ देखिए) ; महा० मे **पाविहिइ** रूप है (हाल ९१८)। — **शक्** चौथे गण के अनुसार भविष्यत्काल बनाता है (§ ५०५) : महा० में **सक्किहिसि** है (विद्ध० ६४, १ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; शौर० में **सक्किस्सामो** आया है (चैतन्य० ७५, १५ ; पाठ मे **सकिस्सम्ह** है) ; जै०महा० में **सक्किस्सह** मिलता है (कालका० २६५, ११) ; इसका **ए–** वाला रूप भी मिलता है : जै०महा० में **सक्केहिइ** आया है (आव०एर्त्से० ४५, ८), **सक्केही** भी देखने में आता है (द्वार० ५०१, ३९)।

1. इस शब्द के विषय में लौयमान ठीक है। औपपातिक सूत्र में **पाउण** शब्द देखिए। होएर्नले ने उवासगदसाओ और उसके अनुवाद की नोटसंख्या १०८ में जो बताया है कि यह वृ धातु से निकला है, वह भूल है।

§ ५३२—**छिद्** , **भिद्** और **भुज्** के भविष्यत्काल के रूप व्याकरणकारों ने निम्नलिखित रूप से बनाये है : **छे`च्छं**, **भे`च्छं** और **भोच्छं** जो संस्कृत रूप **छेत्स्यामि**, **भेत्स्यामि** और **भोक्ष्यामि** के अनुसार हैं (हेच० ३, १७१ ; सिंहराज० पन्ना ५३)। इसकी रूपावली **गच्छं** के अनुसार चलती है (§ ५२३)। **छिद्** के निम्नलिखित रूप पाये जाते हैं : अ०माग० में **अच्छिन्दिहिन्ति**, **विच्छिन्दिहिन्ति** और **वो`च्छिन्दिहिन्ति** रूप पाये जाते है (विवाह० १२७७)। **भिद्** के रूप हैं : अ०माग० मे **भिदिस्सन्ति** आया है ( आयार० २, १, ६, ९ ), इसके स्थान पर हमें **भिन्दिस्सन्ति** की प्रतीक्षा करनी चाहिए थी, जैसे कि **भिदन्ति** के स्थान पर अधिक उचित **भिन्दन्ति** जान पड़ता है। **भुज्** के रूप है : अ०माग० मे **भो`क्खामि** मिलता है (आयार० २, १, ११, १), **भो`क्खसि** (कप्प० एस. (S) § १८) और **भो`क्खामो** है (आयार० २, १, ५, ५ ; २, १, ९, ६)। जै०महा० मे **भुंजिही** (एर्त्से० ६, ३६) और इसी प्रकार **भुञ्जिस्सइ** रूप पाये जाते हैं (तीर्थ० ५, १८)। हेमचन्द्र ४, २४८ के अनुसार **संरुन्धिहिइ** कर्मवाच्य के भविष्यत्काल का रूप है ; रूप के अनुसार यह परस्मैपदी है।

§ ५३३—**कृ** धातु का भविष्यत्काल का रूप सभी प्राकृत बोलियों में संस्कृत की भाँति बनाया जाता है : अ०माग० और जै०महा० में **करिस्सामि** आया है (आयार० १, २, ५, ६ ; ठाणंग० १४९ और ४७६ ; दस० ६२७, २४ ; नन्दी० १५४ ; उत्तर० १ ; एर्त्से० ४६, ७) ; महा०, जै०महा० और शौर० में **करिस्सं** मिलता है (हाल ७४३ और ८८२ ; एर्त्से० ११, ३१ ; मुद्रा० १०३, ६ ; नागा० ४३, ७) ; माग० में यह **कलिश्शं** हो जाता है (मृच्छ० ९६, १३) ; अप० में **करीसु**

है (हेच० ४, ३९६, ४) ; महा० में **करिहिसि** मिलता है (हाल ८४४) ; शौर० में **करिस्ससि** पाया जाता है (मृच्छ० ९, १२ ; शकु० ५८, २) ; अप० में **करीहिसि** आया है (विक्र० ५५, १९) ; अ०माग० में **करिहिइ** देखा जाता है (विवाह० १७५) ; जै०महा० में **करिस्सइ** चलता है (आव०एत्सें० ३२, १९ ; एत्सें० ५,२२); अ०माग० मे **करिस्सई** है (दस० ६२७, २४) ; शौर० मे **करिस्सदि** आया है (प्रबोध० ३९, ९ ; ४२, २ ; उत्तररा० १९७, ११) ; माग० में यह **कलिश्शदि** हो जाता है (प्रबोध० ५१, १ ; ५८, १५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस नाटक मे अन्यत्र दूसरे रूप भी देखिए] ; अ०माग० और जै०महा० मे **करिस्सामो** है (कप्प० § ९१ और १२८ ; ओव० § ३८ ; एत्सें० ३, ११) ; महा० में **करिस्साम** देखा जाता है (हाल ८९७); अ०माग० और शौर० मे **करिस्सन्ति** आया है (विवाह० ६२ ; ओव० [§ १०५] ; नागा० ४३, ११) । वर्तमानकाल मे **क**– वर्ग के प्रयोग के अनुसार (§ ५०९) भविष्यत्काल मे भी इसको काम मे लाया जाता है, बल्कि शौर० और माग० मे तो इसका असक्षिप्त और बिना सन्धि का रूप चलता है : अ०माग० मे **करेस्सं** है (विवाह० १२५५), किन्तु शौर० मे **करइस्सं** आया है (मृच्छ० ६०, ११ ; १२०, ८ ; शकु० ५९, १० ; ६०, १५ ; ७६, २ ; १४२, २) ; माग० मे यह **कलइश्शं** हो जाता है (मृच्छ० ९६, २० ; १२४, ११ और १४ ; १२५, ५ और ८ ; १२७, ६ ; १३४, ८ ; १६५, १ ; चड० ४२, १०), **कलइश्शशि** भी मिलता है (मृच्छ० ३२, १९) ; महा०, जै०महा० और अ०माग० मे **करेहिइ** रूप है (हाल ७२४ ; कालका० २६५, ३ [यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए] ; ओव० § ११६ [टीकाकार ने **काहिइ** दिया है]), किन्तु शौर० मे **करइस्सदि** आया है (प्रबोध० ४२, ८) ; माग० मे यह **कलइश्शदि** हो जाता है (मृच्छ० १४०, ६) ; जै०महा० में **करेस्सामो** (कालका० २७४, २६) और **करेहामो** रूप मिलते हैं (एत्सें० २५, २५) ; अ०माग० और जै०महा० मे **करेहिन्ति** पाया जाता है (ओव० § १०५ और १२८ ; आव०एत्सें० ४३, १८), अ०माग० मे यह **करेस्सन्ति** है (आयार० २, १५, १६) किन्तु शौर० मे इसका **करइस्सन्ति** रूप हो जाता है (शकु० १२४, ४) । अ०माग० मे **कुव्व**– वर्ग मे भी भविष्यत्काल बनाया जाता है (§ ५०८) : **विउविस्सामि** मिलता है (विवाह० १२९७ और उसके बाद), **विकुव्विस्सन्ति** भी है (विवाह० २१४ और २१५) । उक्त रूपों के अतिरिक्त महा०, जै०महा० और अ०माग० मे भविष्यत्काल में बहुधा **काहं** = **कर्ष्यामि* आया है जिसकी रूपावली **गच्छ** के अनुसार चलती है (§ ५२३ ; वर० ७, १६ ; हेच० ३, १७० ; क्रम० ४, १९ ; सिंहराज० पन्ना ५२) । इस प्रकार : महा० और जै०महा० मे **काहं** है (हाल १८७ ; एत्सें० ८०, १८) ; जै०महा० **काहामि** भी आया है (एत्सें० ५, २३ ; ८३, ८) ; हेमचन्द्र और सिंहराजगणिन् के अनुसार **काहिमि** भी होता है ; महा० और अ०माग० में **काहिसि** मिलता है (हाल ८० ; ९० ; ६८३ ; उत्तर० ६७९ = दस० ६१३, ३५) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **काहिइ** भी पाया जाता है (हेच० ३, १६६ ; हाल ४१० और ६८३ , रावण० ५, ४ ; निरया० § २७ ; आव०एत्सें०

३२,७) ; जै०महा० और अ०माग० में **काही** भी है (एर्त्से० ८,२१ ; ७१, ८ ; द्वार० ४९५, १८ [पाठ में **काहिसि** है] ; दस० ६१७, २८) ; जै०महा० में **काहामो** है (एर्त्से० १५, १३ ; ८०, १८ ; सगर ३, १५) और **काहिइ** भी मिलता है (आव० एर्त्से० ३३, २७) ; अ०माग० में और जै०महा० में **काहिन्ति** आया है (ओव० § १०५ ; उत्तर० २५३ ; आव०एर्त्से० ४३, ३६) । अप० में **कीसु** आया है (हेच० ४, ३८९) जो सूचना देता है कि इसका कभी **क्रिष्यामि** रूप रहा होगा ।

§ ५३४—अ०माग० में **ज्ञा** का संस्कृत के अनुसार ही **णाहिसि** = **ज्ञास्यसि** रूप होता है (सूय० १०६) ; **णाहिइ** (ठाणग० ४५१), **नाहिइ** (दस० ६१७, २८) और **नाही** (दस० ६१७, ३२ और ३४) = **ज्ञास्यति** है। प्राकृत की सभी बोलियों में अधिक काम में आनेवाला वर्ग वर्तमानकाल से निकला **जाण–** है । इस प्रकार : महा० और शौर० में **जणिस्सं** है (हाल ८४९ ; मृच्छ० ३,२ ; रत्ना० ३०७, २६); महा० में **जाणिहिसि** आया है (हाल ५२८ ; ६४३), अप० में भी यही रूप मिलता है (विक्र० ५८, ११) ; अ०माग० मे **जाणिहिइ** मिलता है (ओव० § ११५) ; शौर० मे **जाणिस्सदि** है (मालवि० ८७, ९ ; रत्ना० २९९,५ और ७ ; विद्ध० ११४, ५ ; लटक० ६, ६) ; **अब्भणुजाणिस्सदि** आया है (मालवि० ४०, ७), **अहिजाणिस्सदि** भी पाया जाता है (शकु० १०२, १५) ; अ०माग० और शौर० में **जाणिस्सामो** मिलता है (सूय० ९६२ ; विक्र० २३, १८ ; २८, १२) ; माग० में **याणिश्शम्ह** दिखाई देता है जो **याणिश्शामो** के स्थान में अशुद्ध रूप है (ललित० ५६५, ९) । — शौर० मे **क्री** का भविष्यत्काल **किणिस्सदि** है (चड० ५२, ४ और ७) ; माग० मे **किणिश्शं** आया है (मृच्छ० ३२, १७ ; ११८, १४ ; १२५, १०) ; जै०महा० मे **किणिहामो** मिलता है (आव०एर्त्से० ३३, १५) । **ग्रह्** का शौर० में **गे ण्हिस्सं** होता है (मृच्छ० ७४, १९ ; ९५, १२ ; रत्ना० ३१६, २२ ; मुद्रा० १०३, ९), **गे ण्हिस्सदि** पाया जाता है (मृच्छ० ५४, ५ ; ७४, २४ ; कालेयक० ७, ६) और **अणुहिण्हिस्सदि** आया है (पार्वती० ३०, १८) ; अ०माग० में **गिण्हिस्सामो** है (आयार० २, २, ३, २) । जै०महा० रूप **घे च्छामो** (आव० एर्त्से० २३, ६) और **घे प्पइ** (§ ५४८) किसी ***घृप्** धातु से बने है जिसका वर्तमानकाल का रूप ***घिवइ** है (§ २१२) अर्थात् यह **घे च्छामो** = ***घृप्स्यामः** के। **बन्ध्** का भविष्यत्काल अ०माग० **बन्धिस्सइ** होता है (विवाह० १८१० और उसके बाद), **बन्धिस्सन्ति** भी आया है (ठाणंग० १०८) ; शौर० में **अणुबन्धिस्सं** मिलता है (विद्ध० १४, १३) । हेमचन्द्र ४, २४७ के अनुसार कर्मवाच्य में भविष्यत्काल का रूप **बन्धिहिइ है,** रूप के अनुसार यह परस्मैपदी है । **भण्** धातु नियमित रूप से अ०माग० में **भणिहामि** रूप बनाता है (जीवक० सी. ११) ; महा० और शौर० में **भणिस्सं है** (हाल १२ और ६०४ ; मृच्छ० २१, २४ ; २४, २० ; विद्ध० ७२, २ ; मल्लिका० ८३, ४ [पाठ में **फणिस्सं है**] ; मालती० २६५, १ ; २७६, ७) ; शौर० में **भणिस्ससि** भी मिलता है (मृच्छ० ५८, ८) ; महा० में **भणिहिइ** भी आया है (हाल ८५८ ; ९१८) ; शौर० में **भणिस्सदि** भी है (रत्ना० ३०४, १) ;

जै०महा० में **भणिस्सह** रूप है (कालका० २७४, १९) ; शौर० में **भणिस्सध** भी चलता है (मालती० २४६, ७) तथा महा० मे **भणिहिन्ति** पाया जाता है (गउड० ९९६)। माग० मे **ए**- वर्ग से **भणइश्शं** बनाया गया है (मृच्छ० ३२, २०)।

कर्मवाच्य

§ ५३५—कर्मवाच्य प्राकृत मे तीन प्रकार से बनाया जाता है। (१) प्राकृत के ध्वनिपरिवर्तन के नियमों के अनुसार **-य** वाला संस्कृत रूप काम मे आता है ; इस स्थिति मे महा०, जै०महा०, जै०शौर० अ०माग० और अप० मे स्वरों के बाद **-य** का **-ज्ज** हो जाता है और पै० मे इसकी ध्वनि **-य्य** हो जाती है, शौर० और माग० मे यह उड़ा दिया जाता है और यदि इसके बाद व्यंजन हो तो इन व्यंजनों में यह ध्वनि मिला दी जाती है ; अथवा यह **-ईय** हो जाता है जो महा०, जै०महा०, जै०शौर० अ०माग० और अप० मे **-इज्ज** रूप धारण कर लेता है तथा शौर० मे **-ईअ** बन जाता है, पै० मे इसका रूप **-इय्य** हो जाता है। (२) धातु मे ही इसका चिह्न लगा दिया जाता है अथवा बहुधा (३) वर्तमानकाल के वर्ग मे चिह्न जोड़ दिया जाता है। इस नियम से **दा** के निम्नलिखित रूप मिलते है : महा०, जै०महा०, अ०माग० और अप० मे **दिज्जइ** है, जै०शौर० मे **दिज्जदि**, पै० मे **तिय्यते** तथा शौर० और माग० मे **दीअदि** रूप पाये जाते है ; **गम्** के रूप महा०, जै०महा० और अ०माग० मे **गम्मइ** तथा **गमिज्जइ** मिलते है, पै० मे ***गमिय्यते**, शौर० मे **गमीअदि** और **गच्छीअदि** तथा माग० मे ***गश्चीअदि** रूप है। शौर० मे **-इज्ज** तथा माग० मे **-इय्य** वाले रूप (अधिकाश मे छपे सस्करणो मे **-इज्ज** है) जो पद्य मे दिये गये है, शौर० और माग० मे अशुद्ध है[१]। दाक्षि० मे **कहिज्जदि** आया है (मृच्छ० १०३, १५) किन्तु इस स्थान मे **कधीअदि** होना चाहिए और **सासिज्जइ** (मृच्छ० १०३, १६) के लिए **सासीअदि** आना चाहिए (१५५, ६)। इस बोली की परम्परा मे उक्त अशुद्धियाँ मान्य नही की जा सकती (§ २६)। विकृत रूप के कर्मवाच्य के रूप[२] जो रावणवहो मे पाये जाते है जैसे, **आरम्भन्ते** (८, ८२ ; अशक्रिया), **रुम्भइ, रुम्भन्त** (इस ग्रन्थ मे **रुध्** शब्द देखिए), **ओसुम्भन्त** और **णिसुम्भन्त** (रावणवहो में **सुध्** शब्द देखिए) अशुद्ध पाठभेद है। इनके स्थान मे **आरब्भन्ते, रुब्भइ, रुब्भणत, ओसुब्भन्त** और **णिसुब्भन्त** रूप पढ़े जाने चाहिए। इस प्रकार के रूप बहुधा हस्तलिपियों में पाये जाते है। इसी भॉति **उवभुञ्जन्तो** (इण्डिशे स्टुडिएन १५, २४९) अशुद्ध है। इसके स्थान मे **उवभुज्जन्तो** पढा जाना चाहिए। **ओच्छुन्दइ** रूप अस्पष्ट है (रावण० १०, ५५)। इसके स्थान मे हस्तलिपि सी. (C) मे **अप्फुन्दइ** रूप आया है। इच्छावाचक रूप **वेॅज्ज, लहेॅज्ज** और **अच्छेॅज्ज** ; **विज्जेॅज्ज, लहिज्जेॅज्ज** और **अच्छिज्जेॅज्ज** के स्थान मे आये है (हेच० ३, १६०) और पद्य मे छन्द की मात्राएँ ठीक करने के लिए सक्षिप्त रूप माने जाने चाहिए, जैसा कि अ०माग० मे कर्मवाच्य भविष्यत्काल में **समुच्छिहिन्ति** रूप मिलता है जो **समुच्छिजिहिन्ति** के स्थान में काम में लाया गया है तथा **छिद्** से बना है (§ ५४९) ; वररुचि ७, ८ ; हेमचन्द्र ३, १६० ; क्रमदीश्वर

४, १२ और मार्कंडेय पन्ना ६२ में बताते हैं कि बिना किसी प्रकार के भेद के प्राकृत की सभी बोलियों में कर्मवाच्य में **-ईअ** और **-इज्ज** लगाकर भविष्यत्काल बनाया जाता है ; पन्ना ७१ में मार्कंडेय ने बताया है कि शौर० में केवल **-ईअ** लगता है और वररुचि ७, ९ ; ८, ५७ — ५९ तथा हेमचन्द्र ४, २४२ — २४९ तक में दिये गये रूपों को शौर० के लिए निषिद्ध बताता है ; पन्ना ६२ में मार्कंडेय ने शौर० के लिए **दुब्भइ** [यह रूप मराठी में चलता है। —अनु०], **लिब्भइ** और **गम्मइ** रूप भी बताये हैं। सब पाठ इसकी पुष्टि करते हैं। 'अनियमित कर्मवाच्य' के रूपों जैसे, **सिप्पइ, जुप्पइ, आढप्पइ, दुब्भइ, रुब्भइ** आदि-आदि की व्युत्पत्ति कर्मवाच्य के भूतकालिक अंशक्रिया के भ्रमपूर्ण अनुकरण के अनुसार हुई है ऐसा याकोबी[3] ने माना है तथा जिसका अनुमोदन योहान्सोन[4] ने किया है, पूर्णतया अशुद्ध है। § २६६ और २८६ देखिए। वर्तमानकाल इच्छावाचक तथा आज्ञावाचक रूप कर्मवाच्य मे आ सकते हैं ; इसके अतिरिक्त कर्मवाच्य वर्ग से पूर्णभूतकाल, भविष्यत्काल, सामान्यक्रिया, वर्तमानकालिक और भूतकालिक अंशक्रियाएँ बनायी जाती हैं। समाप्तिसूचक चिह्न नियमित रूप से परस्मैपद के हैं ; तो भी महा०, जै०महा०, जै०शौर० और अ०माग० में तथा बहुधा पै० मे भी और व्याकरणकारों के मत से सदा ही आत्मनेपद के समाप्तिसूचक चिह्न लगाये जाते हैं, विशेष कर अंशक्रिया के रूपों में।

१. मालविकाग्निमित्र, पेज २२३ में बौँल्लें नसेन की टीका। आगे आनेवाले पाराओं में अशुद्ध रूपों के उदाहरण दिये गये हैं। — २. रावणवहो ८, ८२ नोटसंख्या ४, पेज २५६ में एस० गौल्दश्मित्त की टीका। — ३. कू० त्सा० २८, २४९ और उसके बाद। — ४. कू० त्सा० ३२, ४४६ और उसके बाद में इस विषय पर अन्य साहित्य का उल्लेख भी है।

§ ५३६—भविष्यत्काल की भाँति ही (§ ५२१ और उसके बाद) कर्मवाच्य के उदाहरण भी वर्तमानकाल के वर्गों के अनुसार दिये गये है (§ ४७३ और उसके बाद)। जिन धातुओं के अन्त मे -उ और -ऊ रहते हैं उनकी रूपावली गणों के बिना भेद के सस्कृत के छठे गण के अनुसार चलती है (§ ४७३) और इसके बाद उनके कर्मवाच्य के रूप बनते है : महा० मे **णिण्हुविज्जन्ति** आया है (हाल ६५७) ; शौर० मे **णिण्हुवीअदि** है (रत्ना० ३०३, ९), ये दोनों रूप **ह्नु** से बने हैं ; **रुव्वइ** और **रुविज्जइ** (हेच० २, २४९) आये हैं, महा० में **रुव्वसु** आया है (हाल १०)। ये रूप **रु** धातु के हैं ; महा० मे **थुव्वसि = स्तूयसे** है (गउड० २९८) और **थुव्वइ = स्तूयते** है (हेच० ४, २४२ ; सिंहराज० पन्ना ५४ ; गउड० २५३) ; जै०शौर० में **थुव्वदे** आया है (कत्तिगे० ४०१, ३५१), अ०माग० में **थुव्वन्ति** [पाठ मे **थुवन्ति** है] = **स्तूयन्ते** है (विवाह० १२३२), जै०महा० में **थुव्वन्त-** मिलता है (एर्त्से० २४, २) और **संथुव्वन्त-** भी है (आव०एर्त्से० ७, २६) ; इनके साथ-साथ **थुणिज्जइ** रूप भी पाया जाता है (हेच० ४, २४२), ये रूप **स्तु** के हैं ; **धुव्वइ** और **धुणिज्जइ** रूप हैं, महा० में **विहुव्वइ, विहुव्वन्त-** और **ओधुव्वन्ति** मिलते हैं (रावण०), अ०माग० में **उद्धुव्वमाणीहिं** है (ओव० ; कप्प०) जो **धू** धातु

से बना है, **पुव्वइ** और **पुणिज्जइ** और अप० मे **पुणिज्जे** रूप मिलते हैं (पिंगल २,१०७) जो **पू** से बने हैं । **लू** के रूप **लुव्वइ** और **लुणिज्जइ** होते हैं । **हु** के **हुव्वइ** और **हुणिज्जइ** रूप हैं (वर० ८, ५७ ; हेच० ४, २४२ ; क्रम० ४,७४ ; मार्क० पन्ना ५८; सिंहराज० पन्ना ५४) । **श्रु** के निम्नलिखित रूप मिलते हैं : महा० और जै०महा० में **सुव्वइ**, **सुव्वन्ति** और **सुव्वमाण** रूप हैं (गउड०; हाल ; रावण० ; आव०एर्त्से० ३७, ४४ ; एर्त्से० ; कालका०), महा० मे **सुव्वन्त**– भी है (कर्पूर० ५१, ३) ; अ०-माग० मे **सुव्वए** (सूय० १५४), **सुव्वई** (सूय० २७७ ; पाठ मे **सुबई है**) आये है और **सुव्वन्ति** मिलता है (उत्तर० २८० ; पाठ मे **सुब्बन्ति है**) ; इनके साथ-साथ **सुणिज्जइ** रूप भी देखा जाता है (वर० ८, ५७ ; हेच० ४, २४२ ; सिंहराज० पन्ना ५४), **सुणिज्जए**, **सुणीअइ** और **सुणीअए** का भी उल्लेख है (सिंहराज० पन्ना ५४) ; शौर० मे **सुणीअदि** (मृच्छ० २९, २ ; ६४, ६ ; ९७, ७ ; शकु० ५०, १२ ; १३९, ६ ; रत्ना० ३१५, २१ ; प्रबोध० १४, ९ ; कर्पूर० ३, ३ ; २४, ३ ; ४५, ३ ; वृषभ० ४७, १४ ; ५१, ७ आदि-आदि), **सुणीयन्ति** (? [यद्यपि पिशल साहब को इस रूप की अनियमितता और विचित्रता पर कुछ आश्चर्य अवश्य होना ही चाहिए था, पर कुमाउनी मे इसी से निकला **सुणीनी** रूप बहुत काम मे आता है । इससे निष्कर्ष निकलता है कि जनता की बोली मे इसका यथेष्ट व्यवहार होता रहा होगा । —अनु०] ; ललित० ५५५, २), **सुणीअन्ति** (शकु० ५८,१ ; उत्तररा० १२७, ६ ; प्रबोध० ८, ८ [शौर० में **सुणीअन्ति** अधिक फबता है, **सुणीयन्ति** जै०महा० और अ०माग० का **य** साथ में लिये हुए हैं यह अनियमित है, इससे पिशल साहब को आश्चर्य हुआ जो ठीक ही है । —अनु०]), **सुणीअदु** भी आया है (विक्र० ४८, ९) ; माग० मे **शुणीअदि** है (मृच्छ० ४५, १ ; १६३, २२ ; १६९, १८ ; मुद्रा० १९१, ५ ; वेणी० ३५, १८ ; ३६, ३) ; अप० मे **सुणिज्जे** मिलता है (पिंगल २, १०७) । जै०महा० मे **सुम्मउ** रूप भी मिलता है (एर्त्से० ११, १६), जो § २६१ के अनुसार एक रूप ***सुमइ** और इसके साथ साथ ***सुवइ** के अस्तित्व की सूचना देता है । — व्याकरणकारों के अनुसार (वर० ८, ५७ ; हेच० ४, २४२ ; क्रम० ४, ७३ ; मार्क० पन्ना ५८) **जि** धातु का कर्मणि भावे इसी प्रकार निर्मित होता है तथा हेमचन्द्र ४, २४३ के अनुसार **चि** का भी : **चिव्वइ** तथा **चिणिज्जइ** रूप मिलते हैं, भविष्यत्काल का रूप **चिव्विहिइ** है । **जि** के **जिव्वइ** और **जिणिज्जइ** रूप आये है । हेमचन्द्र के अनुसार **चिम्मइ** तथा भविष्यत्काल मे **चिम्मिहिइ** रूप भी बनते हैं जिसका स्पष्टीकरण जै०महा० **सुम्मउ** की भाँति ही होता है । याकोबी के साथ, जिसकी सारी विचारधारा और मत भ्रमपूर्ण है[1] और योहान्सोन[2] के साथ यह मानना कि यह –उ और –ऊ के अनुकरण पर बने हैं, अशुद्ध है । **चीव्** (धातुपाठ २१, १५ **चीवृ आदानसंवरणयोः**) का नियमित कर्मवाच्य का रूप **चिव्वइ है** और **जिव्** का (धातुपाठ १५, ८५ **जिवि प्रीणनार्थः**) कर्मवाच्य का सम्भावित रूप **जिव्वइ है** । इसका रूप **जिन्व** बताया जाता है । इस विषय पर तभी कुछ कहा जा सकता है जब इसका अर्थ निश्चित रूप से निर्णीत किया जाय । अ०माग०

में **विज्ञन्ति, उवविज्ञन्ति** और **अववित्तज्ञन्ति** रूप मिलते हैं (पण्णव० ६२८ और ६२९), शौर० में **विच्चीअदु** आया है (विक्र० २०, १५)। — हेमचन्द्र ३, १६० के अनुसार **भू** के कर्मवाच्य के रूप **होईअइ** तथा **होइज्जइ** होते हैं। शौर० में यह रूप **भवीअदि** बोला जाता है और **अणुभवीअदि** (रत्ना० ३१७, ५) मे आया है। **अणुहवीअदु** भी मिलता है (नागा० ४, ५), **अणुहुवीअदि** देखा जाता है (कालेयक० ९, २२) और **अभिभवीअदि** भी पाया जाता है (मालती० १३०, ५)। अंशक्रिया **अहिभूअमाण** है (शकु० १६, १०)। माग० में **भवीअदि** (मृच्छ० १६४, १०) और **हुवीअदि** मिलते हैं (वेणी० ३३, ६ और ७ ; ३५, ८)। उक्त दोनों रूप परस्मैपद में भविष्यत्काल के अर्थ मे आये है (§ ५५०)। **पहुप्पइ** के विषय में § २८६ देखिए। — **नी** का कर्मवाच्य का रूप महा० मे **णिज्जइ** (गउड० ; हाल ; रावण०), जैमहा० में **नीनिज्जन्त–** (आव०एर्से० २४, ४), शौर० मे **णीअदि** (शकु० ७८, ८), **आणीअदि** (विक्र० ३१, ५ ; कर्पूर० २६, ८), **आणीअदु** (कर्पूर० २६, ७), **अहिणीअदु** (शकु० ३, ५) और **अणुणीअमान** रूप आये हैं (मृच्छ० २३, २३ और २५) ; माग० मे **णीअदि** है (मृच्छ० १००, २२)।

१. कू० त्सा० २८, २५५। — २. कू० त्सा० ३२, ४४९। पी० गौल्दश्मित्त, स्पेसिमेन, पेज ७१ का मत भी अशुद्ध है ; ना० गे० वि० गो० १८७४, पेज ५१३ ; एस० गौल्दश्मित्त, त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २९, ४९४।

§ ५३७—जिन धातुओं के अन्त में **ऋ** आता है उनका कर्मवाच्य का रूप वर्तमान के वर्ग से बनता है : महा० मे **धरिज्जइ** है (रावण०), भविष्यत्काल **धरिज्जिहिइ** मिलता है (हाल ७७८ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; माग० में **धरीअदि** आया है (प्रबोध० ५०, १०) ; महा० मे **अणुसरिज्जन्ति** रूप है (गउड० ६२७) ; महा० मे **विस्सरिज्जए** भी मिलता है (हाल २०४) ; महा० तथा अप० में **सुमरिज्जइ = स्मर्यते** है (रावण० १३, १६ ; हेच० ४, ४२६), जैमहा० में **सुमरिज्जउ** आया है (एर्से० १५, ३), शौर० मे **सुमरीअदि** मिलता है (मृच्छ० १२८, १)। **ऋ** मे समाप्त होनेवाले धातु या तो संस्कृत के अनुसार कर्मवाच्य बनाते हैं अथवा वे **ऋ** में समाप्त होनेवाले धातुओं के अनुकरण पर बनाये जाते हैं : **क्री** धातु का शौर० मे **कीरन्त** रूप मिलता है (बाल० १९९, १०) किन्तु यह रूप शौर० बोली की परम्परा के विरुद्ध है, जिसमे **किरीअन्त** की प्रतीक्षा की जानी चाहिए थी ; **जीरइ** (यह = **जीर्यति** भी है) और **जरज्जइ** भी देखे जाते हैं (हेच० ४, २५०), अ०माग० में **निज्जरिज्जइ** आया है (उत्तर० ८८५ ; टीका में यही आदृत पाठ है) ; महा० और जैमहा० में **तीरइ** है (हेच० ४, २५० ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्से०), **तीरए** भी है (हाल ; एर्से० ; द्वार० ४९८, २१) और महा० मे **तीरज्जइ** भी आया है (हेच० ४, २५० ; गउड०)। अ०माग० में **वियरिज्जइ** है (उत्तर० ३५४)। इसके ठीक विपरीत **ह –ऋ** वाली धातु के अनुकरण पर रूप बनाता है : महा० और अ०माग० मे **हीरसि** है (गउड० ७२६ ; उत्तर० ७११) ; महा० और जैमहा० मे **हीरइ** आया है (वर० ८, ६० ; हेच० ४, २५० ; क्रम ४, ७९ और

और ८० ; मार्क० पन्ना ६२ ; हाल ; रावण० ; आव०एर्त्से० ३५, १३), महा० में **हीरन्ति** (गउड०) और **हीरन्त-** रूप भी देखे जाते हैं (हाल), अ०माग० में **अवहीरन्ति** (विवाह० ८९० ; पण्णव० ३९८ और उसके बाद) तथा **अवहीरमाण** रूप पाये जाते है (विवाह० ८९० ; पण्णव० ४०४) किन्तु शौर० मे **अवहरीआमि** रूप आया है (उत्तररा० ९७,१ ; पाठ मे **अवहरिआमि है**), **अवहरीअसि** (नागा० ९५, १४), **अवहरीअदि** (धूर्त० १३, ५) और **अवहरीअदु** रूप भी मिलते हैं (मृच्छ० २५, ६), **उद्धरीअदि** पाया जाता है (मालती० २४६, ५) ; माग० मे **आहलीअदु** आया है (प्रबोध० ६३, ४)। क्रम० ४, ७९ और ८० की तुलना कीजिए। इसलिए शौर० मे **हीरसि** रूप अशुद्ध है (बाल० १७४, ९)। **पृ** धातु का रूप महा० मे **पूरिज्जन्त-** (हाल ११६) पाया जाता है और **अहिऊरिज्जन्ति** = **अभिपूर्यन्ते है** (गउड० ८७२); जै०महा० मे **आउरिज्जमाण** (एर्त्से० २४, ५) और महा० मे **पूरइ**, **आऊरमाण** और **परिपूरन्त-** भी आये है (रावण०) । **वाहिप्पइ** तथा इसके साथ-साथ **वाहरिज्जइ** के विषय मे § २८६ और **कृ** के सम्बन्ध मे § ५४७ देखिए।

§ ५३८— **ऐ** मे समाप्त होनेवाले धातुओं के कर्मवाच्य के निम्नलिखित रूप है : महा० और जै०महा० मे **गिज्जन्ति- है** (हाल ६४४ ; कालका० २६४, २) ; जै०महा० मे **गिज्जन्ति** भी है (एर्त्से० ४०, १९) ; अ०माग० मे **परिगिज्जमाण** मिलता है (नायाध० § ११११७) ; पै० मे **गिय्यते** आया है (हेच० ४, ३१५) ; शौर० मे **णिज्झाईअदि है** (मालवि० ६०, ६) । प्राचीन **स्क-** वर्ग की क्रियाओं के निम्नलिखित रूप हैं : महा० मे **अच्छिज्जइ है** (हाल ८३) ; शौर० में **इच्छीअदि है** (मुद्रा० ५७, ४) ; माग० मे **इश्चीअदि** आया है (शकु० ११८, ६)। जिस प्रकार **रम्** धातु के **रम्मइ**, **रमिज्जइ** रूप बनाये जाते हैं (वर० ८, ५९) और पै० मे **रमिय्यते** होता है (हेच० ४, ३१५), वैसे ही **गम्** के रूप महा० और जै०महा० मे **गम्मइ** = **गम्यते है** (वर० ८, ५८ ; हेच० ४, २४९ ; क्रम० ४, १३ ; सिंहराज० पन्ना ५४ ; हाल ; रावण० ; एर्त्से०), अ०माग० में **गम्मन्ति** (ओव० § ५६ ; पेज ६३, १३), **समणुगम्मन्त-** (ओव० [§ ३७]) और **-गम्ममाण** रूप पाये जाते है (नायाध० § १०३ और १०५) ; महा० मे **गम्मउ है** (हाल ७१५) तथा भविष्यत्काल का रूप **गम्मिहिइ** पाया जाता है (हेच० ४, २४९ ; हाल ६०९), इसका अर्थ कभी-कभी कर्तृवाच्य का होता है ; महा० में **गमिज्जन्ति** भी मिलता है (गउड० ८४६ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; शौर० में **गमीअदु** आया है (मालती० २८५, ५ ; छपा है **गमिअदु**), **गच्छीअदि** (शकु० २५, २ ; विक्र० २२, १० और १५), **अवगच्छीअदि** (मुद्रा० ५८, ४) तथा **आअच्छीअदि** रूप मिलते हैं (नागा० १९, ११)। मृच्छ० २५, १० में दिये गये शौर० रूप **अणुगच्छिज्जन्ति** के स्थान मे शुद्ध पाठ **अणुगच्छीअन्ती है** ; महा० मे **संजमिज्जन्ति** आया है (गउड० २८९)।— **धौ** (= **धोना**) का कर्मवाच्य का रूप ठगे गण की रूपावली के अनुसार (§ ४८२) बनाया जाता है, महा० मे अंशक्रिया **धुव्वन्त- है** (हाल ; रावण०) और **धुव्वमाण** भी (रावण०) ।

§ ५३९— **पा** (=पीना) के कर्मवाच्य के रूप महा० में **पिज्जइ** (हाल), **पिज्जए** (कर्पूर० २४, १२), **पिज्जन्ति** (गउड०) और **पिज्जन्त**– मिलते हैं (कर्पूर० १०, ८) ; शौर० में **पिवीअदि** आया है (मृच्छ० ७१, ७; विक्र० ९, १९), यही रूप मृच्छ० ८७, १३ में आये हुए **पिईअदि** तथा विक्रमो० ४८, १५ में भी इसी नाटक में अन्यत्र आये हुए दूसरे रूप के साथ **पीअदि** के स्थान में उक्त शुद्ध रूप पढ़ा जाना चाहिए। आज्ञावाचक मे शौर० में **पिवीअदु** है (मृच्छ० ७७, ११)। बोली की परम्परा के विरुद्ध शौर० रूप **पिज्जन्ति** है (शकु० २९, ५) जिसके स्थान मे **पिवीअन्ति** अन्ततः शेष पोथियों के अनुसार (काश्मीरी पोथी में **पीअन्ते** है) **पीअन्ति** पढ़ा जाना चाहिए। प्रबोधचन्द्रोदय २८, १५ में माग० रूप **पिज्जए** भी जो बम्बई, मद्रास और पूने के संस्करणों में आया है, अशुद्ध है। इसके स्थान में शुद्ध रूप **पिवीअदि** होना चाहिए था। — **स्था** का शौर० में **अणुचिट्ठीअदि** मिलता है (मृच्छ० ४, १३), आज्ञावाचक में वाचक में **अणुचिट्ठीअदु** है (मृच्छ० ३, ७ ; शकु० १, ९ ; रत्ना० २९०, २८ ; प्रबोध० ३, ५ ; नागा० २, १७)। क्रम० ४, १४ में **ठीअइ** और **ठिज्जइ** रूप भी बताता है।

§ ५४०—**खन्** के साधारण रूप **खणिज्जइ** (हेच० ४,२४४) और जै०महा० अंशक्रिया **खम्माण** (एर्त्से० ३९,७) के अतिरिक्त **खम्मइ** भी दिया गया है (हेच० ४, २४४ ; सिंहराज० पन्ना ५६)। इस प्रकार महा० में **उक्खम्मन्ति, उक्खम्मन्त**– और **उक्खम्मिअव्व** रूप मिलते है (रावण०)। ये रूप **जन्** के **जम्मइ** (हेच० ४,१३६) तथा **हन्** के **हम्मइ** रूपों से अलग नहीं किये जा सकते (वर० ८,४५; हेच० ४,२४४; सिंहराज० पन्ना ५६)। इनके साथ-साथ **हणिज्जइ** भी मिलता है। इस प्रकार महा० मे **आहम्मिउं, णिहम्मइ, णिहम्मन्ति** और **पहम्मन्त**– रूप मिलते हैं (रावण०) ; अ०माग० में **हम्मइ** (आयार० १, ३, ३, २ ; सूय० २८९), **हम्मन्ति** (उत्तर० ६६८ और १००८ ; पण्हा० २८९ [इसमे टीकाकार का पाठ ठीक है] ; सूय० २९४ तथा ४३१) और **हम्मन्तु** रूप आये हैं (पण्हा० १२९), **पडिहम्मेज्जा** (ठाणंग० १८८) और **विणिहम्मन्ति** देखे जाते हैं (उत्तर० १५६६) ; अ०माग० और जै०महा० में **हम्ममाण** रूप आया है (सूय० २७८ ; २९७ ; ३९३ ; ६४७ ; ८६३ ; पण्हा० २०२ ; विवाग० ६३ ; निरया० ६७ ; एर्त्से०) ; अ०माग० में **विहम्ममाण** (सूय० ३५०) और **सुहम्ममाण** मिलते हैं (सूय० २७०)। याकोबी[1] और योहानसोन[2] के साथ यह मानना कि **गम्** धातु से बने **गम्मइ** की नकल पर ये रूप बने हैं, सोलह आने असम्भव है। **जम्मइ** रूप निर्देश करता है कि यह **जन्मन्** से बना नामधातु है। इसका रूप प्राकृत में **जम्म**– है। इसी प्रकार **हन्मन्** प्राकृत मे **हम्म**– हो गया है [यह **हम्मन्** कुमाउनी में वर्तमान है। बच्चों की बोली मे '**हम्मा**' करेंगे का अर्थ है 'मारेंगे'। —अनु०] और ***खन्मन्** का प्राकृत रूप **खम्म**– मिलता है[3]। § ५५० की तुलना कीजिए। **खुप्पइ** के विषय में § २८६ देखिए।

१. कू०त्सा० २८, २५७। — २. कू०त्सा० ३२, ४४९। — ३. मार्कंडेय पन्ना ५७ में बताया गया है कि **खम्मिहि** तथा **हम्मिहि** (§ ५५०) कर्म-

वाच्य में काम में आते हैं [खम्म– का एक आज्ञावाचक रूप खमकावौ कुमाउनी में कर्तृवाच्य में चलता है। —अनु०]।

§ ५४१—**दृश्** का कर्मवाच्य नियमित रूप से संस्कृत रूप **दृश्यते** के अनुसार ही बनाया जाता है : महा० और जै०महा० में **दीसइ** है (हेच० ३, १६१); सिंहराज० पन्ना ५६ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; एत्सें० ; कालका०) ; महा० में **दीसए** (कर्पूर० ५४,१०) और **अईसन्त**– (हाल ; रावण०) आये हैं ; महा० और अ०माग० में **दीसन्ति** मिलता है (कर्पूर० ४, १० ; दस० ६३५, १२) ; अ०माग० में **दिस्सइ** है (आयार० १, २, ३, ३) ; **अदिस्समाण** (आयार० १, २, ५, ३ ; सूय० ६४६) भी पाया जाता है ; शौर० में **दीसदि** है (मृच्छ० ५०, २४ ; १३८, २३ ; १३९, ८ ; विक्र० ७, ३ ; १०, ४ ; ३९, ६ ; ४०, ६ ; रत्ना० २९५, १० ; नागा० ५२, ८ आदि आदि), **दीसध** (कर्पूर० ३, ८), **दीसन्ति** (शकु० ९९, १२ ; विद्ध० ७१, ९ ; ११९, १३ ; मालती० २०१, २) और **दीसदु** रूप पाये जाते हैं (कर्पूर० ५४, ४) ; माग० में यह **दीशदि** हो जाता है (ललित० ५६५, ८ ; मृच्छ० १३८, २४ ; १३९, १० और ११ ; १४७, ४ और १५ ; १६८, १८) और **दीशन्ति** भी है (मृच्छ० १४, १०) । — **लभ्** महा० मे **लब्भइ** = **लभ्यते** बनाता है (हेच० ४, २४९ ; हाल ; रावण० ; मृच्छ० १५३, १७), जो रूप जै०महा० **लज्झइ** (एत्सें० ६०, १६) के स्थान में पढ़ा जाना चाहिए क्योंकि **लज्झइ** में पढ़ने मे अशुद्धि हो गयी है ; अ०माग० मे भविष्यत्काल का रूप **लब्भिही** है जो कर्तृवाच्य में काम में आता है (दस० ६२४, १४) ; शौर० में **लब्भदि** मिलता है (शकु० २३, १४) ; इसके साथ-साथ **लहिज्जइ** भी देखा जाता है (हेच० ४, २४९), यह ठीक अप० की भाँति (पिंगल १, ११७) । शौर० और माग० मे वर्तमान काल के सानुनासिक वर्ग से भी इस धातु के रूप बने है (§ ४८४ और ५२५): शौर० मे **लम्भीअदि** (मालती० २१७, ३), **लम्भीआमो** (मालती० २४०, ४) और **उवालम्भीअदि** रूप आये हैं (पाठ मे **उवालम्भिज्जइ** है ; मल्लिका० २१८, ८) ; माग० मे **आलम्भीअदि** (मुद्रा० १९४, २ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; इस नाटक मे अन्यत्र दूसरे रूप देखिए और संवत् १९२६ के कलकतिया संस्करण के पेज १६२, ८ भी) । — महा०, जै०महा० और अ०माग० मे **वह्** का कर्मवाच्य का रूप **वुब्भइ** है (हेच० ४, २४५ ; क्रम० ४, ७९ [पाठ मे **वब्भइ** है] ; मार्क० पन्ना ६२ ; गउड० ; हाल ; एत्सें०), महा० मे **णिव्वुब्भइ** है (रावण०) । हाल २७५ में छपे **उज्झसि** के स्थान मे भी यही रूप अर्थात् **वुब्भसि** पढ़ा जाना चाहिए (इस सम्बन्ध में वेबर की तुलना कीजिए) तथा दसवेयालियसुत्त ६३५, ८ में अशुद्ध पढ़े हुए रूप **वुज्झई** के स्थान में भी **वुब्भई** पढ़ा जाना चाहिए । § २६६ की तुलना कीजिए । हेमचन्द्र ४, २४५ में **वहिज्जइ** रूप भी बताता है । मार्कण्डेय ने पन्ना ७२ मे लिखा है कि शौर० मे केवल **वहीअदि** रूप काम मे आता है ।

§ ५४२—छठे गण के धातुओं मे से **प्रच्छ** निम्नलिखित रूप से कर्मवाच्य बनाता है : महा०, जै०महा० और अ०माग० में **पुच्छिज्जई** है ; महा० मे **पुच्छिज्जन्ती**

मिलता है (अंशक्रिया० ; हाल); जै०महा० में **पुच्छिज्जामि** आया है (एर्त्से०); अ०माग० में **पुच्छिज्जन्ति** है (पण्णव० ३८८) शौर० में **पुच्छीअसि** पाया जाता है (विद्ध० ११८, ८) और **पुच्छीअदि** रूप भी आया है (मृच्छ० ५७, १८ ; ७२, २५)। — **कृत्** का अ०माग० में **किच्चइ** होता है (उत्तर० १७७)। — महा०, जै०महा० और अ०माग० में **मुच्** धातु **मुच्चइ** = **मुच्यते** होता है : महा० में **मुच्चइ**, **मुच्चन्ति** (गउड०), **मुच्चन्त**- (रावण०) रूप मिलते हैं, जै०महा० में **मुच्चामि** और **मुच्चए** आये हैं (एर्त्से०); अ०माग० में **मुच्चइ** (विवाह० ३७), **मुच्चए** (उत्तर० २४३), **मुच्चन्ति** (कप्प० ; ओव०), **मुच्चेज्जा** (प्र०एक०, उत्तर० ६२४), **मुच्चेज्ज** (तृ०एक० ; सूय० १०४ ; उत्तर० २४७), **पमुच्चइ** और **विमुच्चइ** रूप मिलते हैं (आयार० १, ३, ३, ५ ; २, १६, १२ [यह धातु हिन्दी में नहीं रह गया है, कुमाउनी **मुच्चइ** का **मुचै** तथा **मुच्चन्ति** का **मुचनीं** रूप चलते है। —अनु०]) ; जै०शौर० मे **विमुच्चदि** रूप आया है (पव० ३८४, ६०) ; किन्तु शौर० मे **मुञ्चीअदु** मिलता है (मुद्रा० २४७, ७ [सस्करणों में छपे **मुच्चिज्जदु** और **मुञ्चदु** के स्थान मे यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) जिसके विपरीत भविष्यत्काल का रूप **मुच्चिस्सदि** है (शकु० १३८, १ ; विक्र० ७७, १६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए])। — **लुप्** का रूप महा० मे **लुप्पन्त**- है (गउड० ३८४); अ०माग० मे **लुप्पइ** और **लुप्पन्ति** पाये जाते हैं (सूय० १०४) ; **सिच्** का जै०महा० में **सिच्चन्तो** रूप मिलता है (द्वार० ५०४, १०), अ०माग० मे **अभिसिच्चमाणी** तथा **परिसिच्चमाण** (कप्प०) और **संसिच्चमाण** आये हैं (आयार० १, ३, २, २), शौर० मे **सिच्चन्ती** (मुद्रा० १८२, १ [कलकतिया संस्करण के अनुसार यही पढ़ा जाना चाहिए]) और **सिच्चमाणा** रूप हैं (मालती० १२१, २)। **सिप्पइ** के विषय में § २८६ और **मृ** के सम्बन्ध मे § ४७७ देखिए। **छिप्पइ** और **छिविज्जइ**, जिनकी व्युत्पत्ति हेमचन्द्र ४, २५७ मे **स्पृश्** से बताता है, **क्षिप्** से निकले हैं (§ ३१९)।

§ ५४३—चौथे गण की क्रियाओं के लिए उनकी विशेषता का परिचय देनेवाले उदाहरण नीचे दिये जाते हैं : महा० में **पडिबुज्झिज्जइ** = **प्रतिबुध्यते** है (गउड० ११७२) ; अप० में **रूसिज्जइ** = **रुष्यते** है (हेच० ४, ४१८, ४)। दसवें गण की क्रियाएं, प्रेरणार्थक रूप और नामधातु संस्कृत की भाँति कर्मवाच्य बनाते हैं या तो कर्मवाच्य के सार चिह्न का धातु के भीतर मे आगमन हो जाता है अथवा वर्ग मे बिना –य और –अय के बनाते हैं। प्राकृत के –अ और –ए वाले कर्मवाच्य : **कारीअइ**, **कारिज्जइ**, **करावीअइ**, **कराविज्जइ**, **हासीअइ**, **हासिज्जइ**, **हसावीअइ** और **हसाविज्जइ** पाये जाते हैं (वर० ७, २८ और २९ ; हेच० ३, १५२ और १५३ ; सिंहराज० पन्ना ५५ और ५६)। महा० मे **छेइज्जन्ति** है (गउड० ११९८), शौर० में **छेदीअन्ति** आया है (मृच्छ० ७१, ४) = **छेद्यन्ते** है ; महा० में **तोलिज्जइ** = **तोल्यते** (हाल ५०८), **समत्थिज्जइ** = **समर्थ्यते** है (हाल ७३०), **कवलिज्जइ** = **कवलीक्रियते** है (गउड० १७२) तथा **पहामिज्जन्त** = **प्रभ्राम्यमाण** है (रावण० ७, ६१) ; जै०महा० में **मारिज्जइ** = **मार्यते** है (एर्त्से० ५, ३४), **मारिज्जउ**

और **मारिज्जामि** भी मिलते हैं (एत्सें० ५, २६ ; ३२, २६) ; अ०माग० में **आघविज्जन्ति = आख्याप्यन्ते** है (नन्दी० ३९८ ; ४२७ ; ४२८ ; ४५१ ; ४५४ ; ४५६ ; ४६५ और उसके बाद), **पिडुइ = पीड्यते** है (आयार० १, २, ५, ४) ; शौर० में **पबोधीआमि = प्रबोध्ये** है (शकु० २९, ९), **वावादीअदि = व्यापाद्यते** है (मृच्छ० ४१, ७ ; उत्तररा० ९७, १ ; मुद्रा० २५०, २ ; वेणी० ३५, २०), **संपधारीअदु = संप्रधार्यताम्** है (विक्र० २२, १९), **विण्णवीअदि = विज्ञाप्यते** (विक्र० ३०, २१), **जीवावीअदि = जीव्यते** (मृच्छ० १७६, ७), **अवदारीअदु = अवतार्यताम्** (कर्पूर० २६, ९) और **सुक्खवीअन्ति = शोष्यन्ते** हैं (वास्तव में *शुष्काप्यन्ते है ; मृच्छ० ७१, ४) ; अप० में **ठवीजे = स्थाप्यते** है (पिंगल २, ९३ और १०१) । महा० में नामधातुओं में अपवाद मिलते हैं : **कज्जलइज्जइ** आया है (रावण० ५, ५०) ; **वलइज्जइ** मिलता है (गउड० १०२८) ; **कण्डइज्जन्त** है (हाल ६७) तथा **मण्डलइज्जन्त–** पाया जाता है (गउड० १०३४) । **कथय–** के कर्मवाच्य के नियमित रूप हैं : महा० में **कहिज्जइ** है (हेच० ४, २४९), **कहिज्जन्ति, कहिज्जउ** और **कहिज्जन्त–** आये हैं (हाल) ; अ०माग० में **परिकहिज्जइ** है (आयार० १, २, ५, ५ ; १, ४, १, ३) ; दाक्षि० में **कहिज्जदि** रूप मिलता है (मृच्छ० १०३, १५) ; माग० में **कधीयदु** है (? ; ललित० ५६६, ९) ; अप० में **कहिज्जइ** (पिंगल १, ११७) और **कहीजे** (पिंगल २, ९३ और १०१) पाये जाते हैं । इनके साथ साथ हेमचन्द्र ४, २४९ में **कत्थइ** रूप भी बताता है जो अ०माग० में पाया जाता है (आयार० १, २, ६, ५) तथा ध्वनिपरिवर्तन के नियमों के अनुसार ***कच्छइ** होना चाहिए (§ २८०) । बहुत सम्भव है कि इन रूपों का सम्बन्ध **कत्थ्** से हो । अ०माग० में **पकत्थइ** (सूय० २३४) = ***प्रकत्थते** है । **आढप्पइ, आढवीअइ, विढप्पइ, विढविज्जइ** और **विढप्पीअदि** के विषय में § २८६ देखिए ।

§ ५४४—दूसरे गण की क्रियाओं में से **या** का कर्मवाच्य अप० में **जाइज्जइ** है (हेच० ४, ४१९, ३) ; माग० में **पत्तिआईअदि** (§ ४८७) पाया जाता है । –उ और –ऊ में समाप्त होनेवाले धातुओं के विषय में § ५३६ देखिए । **रुद्** का शौर० में **रोदीअदि** होता है (§ ४९५), **स्वप्** का महा० में **सुप्पउ = सुप्यताम्** है (हाल), शौर० में **सुवीअदि** पाया जाता है (कर्ण० १८, २०) । **वच्** का कर्मवाच्य **वुच्चइ** बनाया जाता है (हेच० ३, १६१ ; § ३३७) : अ०माग० में **वुच्चइ** है (उत्तर० ३ ; विवाह० ३४ ; ३५ ; १८२ ; ९२८ ; कप्प० ; ओव० ; उवास० आदि-आदि), **वुच्चई** (उत्तर० २), **पवुच्चइ** (आयार० १, १, ४, ३ ; ५, १ ; ६, १ ; १, २, २, १ ; ६, २ और ४ ; १, ४, १, २ ; १, ५, ३, ३ ; विवाह० २०२ ; ३७४ और उसके बाद ; ४०९ ; ४४४ ; राय० १४४ और उसके बाद), **पवुच्चई** (सूय० ३५१) ; **वुच्चन्ति** (सूय० ९७८ ; ९७९ ; ९९४ और उसके बाद ; दस० ६२९, २२) और **वुच्चमाण** (सूय० ३९३ ; विवाह० १४९) रूप पाये जाते हैं ; शौर० में **वुच्चामि** (कर्पूर० ३२, ९), **वुच्चसि** (शकु० १२, ८), **वुच्चदि**

(मृच्छ० ७७, १२ ; ७९, २ ; ८७, १२ ; १३८, २ और ९ ; विद्ध० ११८, १ [पाठ में **उज्झदि** है] ; बाल० १६, १२ [पाठ में **उज्झदि** है]) और **बुज्झन्ति** रूप आये हैं (मृच्छ० २९, ७) ; माग० में **उज्झदि** है (मृच्छ० ३६, ११)। — **दुह्** धातु का **दुहिज्जइ** के अतिरिक्त **दुब्भइ** रूप भी बताया गया है [इस **दुब्भइ** का मराठी में **दुभणें** धातु है। —अनु०] और **लिह्** का **लिहिज्जइ** के साथ-साथ **लिब्भइ** भी मिलता है (हेच० ४, २४५ ; क्रम० ४, ७९ ; मार्क० पन्ना ६२ ; इसी प्रकार वर० ८, ५९ में **लिब्भइ** पढ़ा जाना चाहिए। इस ग्रन्थ में अन्यत्र दूसरे रूप भी देखिए)। इस विषय में § २६६ देखिए। जै०महा० मे **दुज्झउ** मिलता है (आव०-एर्से० ४३, ११) तथा भविष्यत्काल का रूप **दुज्झिहिइ** (आव०एर्से० ४३, २०) है, किन्तु उपर्युक्त दोनों रूप **दुब्भउ** और **दुब्भिहिइ** के अशुद्ध पाठान्तर हैं। § ५४१ में **लज्झइ** और **बुज्झइ** की तुलना कीजिए। महा० **सीसइ** तथा दाक्षि० **सासिज्जइ** के विषय में § ४९९ देखिए और **हन्** से बने रूप **हम्मइ** तथा **हणिज्जइ** के बारे मे § ५४० देखिए।

§ ५४५—**दा** का कर्मवाच्य, संस्कृत रूप **दीयते** के अनुसार महा०, जै०महा० और अप० मे **दिज्जइ** होता है (हाल ; रावण० ; एर्से० ; हेच० ४, ४३८, १ ; पिंगल १, १२१), महा० मे **दिज्जए** भी पाया जाता है (हाल ; कर्पूर० ७६, ७ ; ८९, ९), अप० में **दीजे** भी आया है (पिंगल २, १०२ और १०५), **दिज्जउ** (पिंगल २, १०६) कर्तृवाच्य के अर्थ मे है तथा तृ० बहु० **दिज्जइँ** है (हेच० ४, ४२८ ; पिंगल २, ५९ [यहा यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]); जै०शौर० में **दिज्जदि** मिलता है (कत्तिगे० ४०१, ३४५) ; शौर० मे **दीअदि** आया है (मृच्छ० ५५, १६ ; ७१, ६), अशुद्ध रूप **दिज्जदि** देखा जाता है (मृच्छ० ४९, ७ ; कर्पूर० ६१, ९), **दिज्जन्तु** (कर्पूर० ११३, ८), **दिज्जन्दु** (विद्ध० १२४, १४) और इनके साथ साथ शुद्ध रूप **दीअदु** भी मिलता है (कर्पूर० १०३, ७) ; माग० में **दीअदि** और **दीअदु** पाये जाते हैं (मृच्छ० १४५, ५) ; पै० मे **तिय्यते** आया है (हेच० ४, ३१५)।— अ०माग० रूप **अहिज्जइ** = **आधीयते** (सूय० ६०३ ; ६७४ और उसके बाद) तथा **आहिज्जन्ति** (आयार० २, १५, १५ ; जीवा० १२ ; कप्प०) **धा** धातु से सम्बन्धित हैं। टीकाकारों ने इनका अनुवाद **आख्यायते** और **आख्यायन्ते** किया है। **हा** का कर्मवाच्य शौर० में **परिहीअसि** (शकु० ५१, ५), **परिहीअदि** (मालती० २१२, ४) और **परिहीअमाण** मिलते हैं (कर्पूर० ७६, १)। **हु** धातु से सम्बन्धित **हुव्वइ** और **हुणिज्जइ** के विषय मे § ५३६ देखिए। पाँचवे गण की धातुओं में से निम्नलिखित धातुओं के कर्मवाच्य के रूप दिये जाते हैं : **चि** के **चिणिज्जइ** तथा **चिव्वइ** होते हैं, अ०माग० में **चिज्जन्ति** मिलता है और शौर० मे **चिचीअदु** है (§ ५३६)। **धु** के **धुणिज्जइ** और **धुव्वइ** रूप पाये जाते हैं (५३६)। **श्रु** के रूप **सुणिज्जइ** और **सुव्वइ** हैं, जै०महा० में **सुम्मउ** आया है तथा शौर० में **सुणीअदि** मिलते हैं, माग० में **शुणीअदि** हो जाता है (§ ५३६)। **अप्** का शौर० **पावीअदि** होता है (विद्ध० ४३, २) तथा अप० में **पाविअइ** हैं (हेच० ४, ३६६)। **शक्** के

रूप शौर० में **सक्कीअदि** (विद्ध० ८७, २ ; चैतन्य० ८४, ५ ; ८५, १३ ; २५८, १६) और माग० में **शक्कीअदि** पाये जाते हैं (मृच्छ० ११६, ६)।

§ ५४६—सातवें गण के धातु अधिकांश मे संस्कृत की ही भाँति कर्मवाच्य बनाते हैं, वर्तमान वर्ग से बहुत कम : महा० मे **छिज्जइ छिज्जन्ति** और **वोच्छि-ज्जइ** आये हैं (रावण०), जै०महा० और अप० में **छिज्जइ** रूप है (एत्सें० ; हेच० ४, ३५७, १ ; ४३४, १) ; शौर० मे **छिज्जन्ति** मिलता है (मृच्छ० ४१, २), भविष्यत्काल का रूप **छिज्जिस्सदि** है (मृच्छ० ३,१६) । — महा० और जै०महा० में **भज्जइ, भज्जन्ति** और **भज्जन्त**– रूप मिलते है (गउड० ; रावण० ; एत्सें०), महा० मे भविष्यत्काल का रूप **भज्जिहिसि** है (हाल २०२) ; माग० में **भय्यदि** है तथा आज्ञावाचक **विभय्य** है (मृच्छ० ११८, १२ और २१ ; § ५०६ देखिए) । — महा० मे **भिज्जइ, भिज्जन्ति** और **भिज्जन्त** रूप मिलते हैं (गउड० ; हाल ; रावण०) ; अ०माग० मे **भिज्जइ** (आयार० १, ३, ३, २); **भिज्जउ** (विवाह० १२३०) और **भिज्जमाण** आये है (उवास० § १८) ; शौर० में **उब्भिज्जदु** (कर्पूर० ८३, १) और **उब्भिज्जन्ति** है (विद्ध० ७२, ३ ; पाठ मे **उब्भिज्जन्दि** है) । — महा० में **भुज्जन्त** और **उवहुज्जन्त** है (गउड०); जै०महा० में **भुज्जइ** आया है (एत्सें०) ; अ०माग० में **भुज्जई** मिलता है (उत्तर० ३५४) किन्तु **भुञ्जि-ज्जइ** भी आया है (हेच०, ४, २४९) ; जै०महा० मे **परिभुञ्जिज्जइ** है (द्वार० ५००, ३६) ; शौर० में **भुञ्जीअदि** पाया जाता है (शकु० २९, ६) । — महा० में **जुज्जन्त**– है (रावण०) और इसका अर्थ है 'यह योग्य है ; यह जँचता है' = संस्कृत **युज्यते** है ; महा० मे सदा **जुज्जइ** मिलता है (हाल ९२४), **जुज्जए** है (हाल १२); जै०शौर० मे **जुज्जदे** आया है (कत्तिगे० ४०३, ३८०) ; शौर० मे **जुज्जदि** रूप पाया जाता है (मृच्छ० ६१, १० ; ६५, १२ ; १४१, ३; १५५, २१ ; शकु० ७१, १० ; १२२, ११ ; १२९, १५ ; विक्र० २४, ३ ; ३२, १७; ८२, १७ आदि-आदि), इसके विपीत साधारण अर्थ में : शौर० में **णिउञ्जीआमि** और **णिउञ्जीअसि** (कर्पूर० १८, ३ और २) ; **णिउञ्जअदि** (मालती० २२, ५ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; पेज ३७२ देखिए]) ; **पउञ्जीअदि** (कर्पूर० १९, ८) और **पउञ्जीअदु** रूप पाये जाते हैं (मृच्छ० ९, ७) । **जुप्पइ** के सम्बन्ध में § २८६ देखिए । हेच० ४, २४५ में **रुध** के **रुन्धिज्जइ** और **रुब्भइ** रूप बताता है तथा **अनु, उप** और **सम्** उपसर्गों के साथ (४, २४८) : **अणु, उव**– और **सं**– –**रुज्झइ** तथा –**रुन्धिज्जइ** रूप सिखाता है । महा० रूप **परिरुज्झइ** का दूसरा उदाहरण नहीं मिलता (गउड० ४३४) ; शौर० में **उवरुज्झदि** मिलता है (विक्र० ८२, १५ नाटक मे अन्यत्र दूसरा रूप देखिए ; बंबइया संस्करण में १३१, १० की तुलना कीजिए) । महा० में **रुब्भइ, रुब्भन्त**– तथा **रुब्भमाण** (रावण०) और जै०महा० में **रुब्भइ** (आव०एत्सें० ४१, ९) **रुध्** के कर्मवाच्य के रूप हैं (§ ५०७) ।

§ ५४७—महा० और जै०महा० में **कृ** का रूप साधारणतः **कीरइ** होता है (वर० ८, ६० ; हेच० ४, २५० ; क्रम० ४, ७९ ; मार्क० पन्ना ६२ ; सिंहराज०

पन्ना ५४) अर्थात् यह इ के रूप की भाँति है जो अ में समाप्त होनेवाली क्रियाओं के अनुकरण पर बनाया गया है (§ ५३७)। इस प्रकार महा० मे **कीरइ, कीरए, कीरन्ति, कीरउ** और **कीरन्त-** रूप मिलते हैं (गउड० ; हाल ; रावण०) ; जै०-महा० में **कीरइ** (एर्त्से० ; आव०एर्त्से० ९, २३ ; १३, २६ ; द्वार० ४९७, ७), **कीरउ** (कालका० २६९, ३७ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; जै०शौर० में **कीरदि** है (कत्तिगे० ३९९, ३२० ; ४०१, ३५०)। अ०माग० में भी कभी-कभी यही रूप आया है (विवाह० १३५ और ७९६ ; ओव० § ११६ ; १२७ और १२८), **कीरमाण** (दस० ६२९, ५) तथा **कीरन्त-** (पद्य मे ; आयार० १, ८, ४, ८) पाये जाते हैं ; हेच० ने ४, ३१६ मे **कीरते** रूप मे इसे पै० बताया है और राजशेखर ने इसका व्यवहार किया है (उदाहरणार्थ, बाल० १७६, १६ (**कीरदि**) ; २२४, १७ (**कीरउ**) ; २२८, ८ (**कीरइ**); कर्पूर० बंबइया संस्करण २२, ४ (**कीरदि**) और बाद के कवियों में ये रूप मिलते है जैसे, विल्हण, कर्णसुन्दरी ५३, १६ मे **कीरदि** आया है; शौर० मे भी यह रूप काम में आता है जो सम्भवतः संस्करणों की भूलें हैं जैसे कि कोनो द्वारा सम्पादित कर्पूर० २२, ४ में (पेज १९, ७) शुद्ध रूप **करीअदि** आया है। हेच० ४, २५० में **करिज्जइ** का उल्लेख करता है और इस प्रकार अप० में **करीजे** (पिंगल २, ९३ ; १०१ ; १०२ और १०५) और **करिज्जसु** रूप मिलते हैं (पिंगल १, ३९ ; ४१ ;९५ ; १४४ ; २, ११९)। हेच० १, ९७ में इसके अतिरिक्त **दुहाकिज्जइ** और **दोहकिज्जइ** में **किज्जइ** = **क्रियते** रूप पाया जाता है तथा हेच० ४, २७४ के अनुसार **किज्जदि** और **किज्जदे** रूप शौर० में काम मे लाये जाने चाहिए। इस प्रकार शौर० में ललितविग्रहराज नाटक ५६२, २४ में **किज्जदु** पाया जाता है अन्यथा यह किसी ग्रन्थ में नहीं दिखाई देता। **किज्जइ** महा० मे आया है (रावण० १३, १६) और अप० में यही साधारण तौर पर चलता है : भविष्यत्काल कर्तृवाच्य के रूप में (§ ५५०) **किज्जउँ** मिलता है (हेच० ४, ३३८ ; ४४५, ३), **किज्जउ** आया है (पिंगल १, ८१ अ) जो कर्तृवाच्य में है और **किज्जहिं** है (यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; पाठ में **किज्जही** आया है [यह रूप पद्य मे है इसलिए छन्द की मात्रा ठीक करने के लिए दीर्घ कर दिया गया है। —अनु०] = **क्रियन्ते** है (पिंगल २, ५९)। अप० **किज्जसु** और **करिज्जसु** के विषय मे § ४६१ तथा ४६६ देखिए। अ०माग० गद्य में **कज्जइ** = ***कार्यते** (आयार० १, २, १ ४ ; १, २, २, ३ ; ५, १ ; सूय० ६५६ ; ७०४ ; ८३८ और उसके बाद ; ठाणग० २९१ ; विवाह० ५२ ; ९९ ; १३६ ; १३७ ; १८२; ३४६ ; ४४४ ; १४०६ ; पण्णव० ६३६ और उसके बाद) का एकच्छत्र राज्य है। **कज्जन्ति** आया है (आयार० १, २, ५, १ ; विवाह० ४७ ; ५० ; ५२ ; १३०२ ; ओव० § १२३ और १२५), **कज्जमाण** (सूय० ३६८ ; विवाह० ८४०), **दुहा-कज्जमाण** और **तिहाकज्जमाण** (विवाह० १४१) भी पाये जाते हैं। शौर० मे बिना अपवाद के **करीअदि** काम में लाया जाता है (मृच्छ० १८, ११ ; ६९, १० ; शकु० १९, ६), **अलंकरीअदि** (शकु० १९, ५), **करीअन्ति** (शकु० ७७, ४ ;

रत्ना० २९३, २१) और **करीअदु** (शकु० ५४, १ ; १६८, १५ ; कर्पूर० २२, ९ ; २६, १ ; ६३, ६ ; ६८, २ ; ११३, ८ ; विद्ध० ९९, ५) रूप पाये जाते हैं ; माग० में यह **कलीअदि** हो जाता है (मुद्रा० १५४, ४ ; १७८, ७) और **कलीअदु** भी मिलता है (मृच्छ० ३९, २१ ; १६०, ६)।

§ ५४८—हेमचन्द्र ४, २५२ के अनुसार **ज्ञा** के रूप **णज्जइ, णाइज्जइ, जाणिज्जइ** और **णव्वइ** बनते हैं ; क्रमदीश्वर ४, ८१ के अनुसार **जाणीअइ, आणीअइ, णज्जीअइ, णव्वीअइ, णज्जइ** और **णव्वइ** होते है। इनमें से **णज्जइ** = **ज्ञायते** है जो महा० में (गउड० ; हाल ; रावण०), जै०महा० मे (एर्त्से०) और अ०माग० में (उवास० ; निरया०) साधारणतः व्यवहार मे आनेवाला रूप है (जै०-महा० और अ०माग० में **नज्जइ** है) । शौर० मे **जाणीअदि** चलता है (रत्ना० ३००, ८ ; ३१८, १२ ; वृषभ० ४५, १० ; ४७, १० ; कर्पूर० २८, २ ; विद्ध० ११९, ४), **जाणीअदु** आया है (नागा० ८४, ५) तथा **ण** (= नहीं) के अनन्तर **आणीअदि** पाया जाता है (§ १७० ; मृच्छ० ७४, ९ ; ८८, २५ ; मालती० २८५, ५ ; नागा० ३८, ३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; इसके अनुसार ही अप० मे **जाणीअइ** मिलता है (हेच० ४, ३३०, ४)। **णव्वइ** के स्थान में त्रिविक्रम २, ४, ८४ और सिंहराजगणिन् पन्ना ५६ मे **णप्पइ** रूप दिया गया है जो **आढप्पइ** तथा **विढप्पइ** से सम्बन्धित है अर्थात् = **ज्ञाप्यते** है। इसके अनुसार प्रेरणार्थक क्रियाओं में से जैसे शौर० के **आणवेदि** और **विण्णवेदि** से एक मूलधातु ***णवइ** का आविष्कार हुआ जिसका नियमित कर्मवाच्य का रूप **णव्वइ** है। — शौर० में **क्री** के रूप **विकिणीअदि** (कर्पूर० १४, ५) और **विकिणीअन्ति** पाये जाते है (मुद्रा० १०८, ९ [यहाँ यही रूप पढ़ा जाना चाहिए]) ; **पू** के रूप **पुव्वइ** और **पुणिज्जइ** हैं ; अप० में **पुणिज्जे** मिलता है ; **लू** के रूप **लुव्वइ** तथा **लुणिज्जइ** है (§ ५३६) ; **ग्रन्थ्** का शौर० मे **गन्थीअन्ति** पाया जाता है (मृच्छ० ७१, ३ [पाठ मे **गत्थीअन्ति** है])। **ग्रह्** के कर्मवाच्य **घेप्पिहिज्जइ** (हेच० ४, २५६ ; क्रम० ४, ८२) और **गहिज्जइ** रूप हैं (सिंहराज० पन्ना ५६) ; शौर० मे **अणुग्गहीअदु** आया है (विक्र० ३१, १०)। महा०, जै०महा०, अ०माग० और अप० में इसके स्थान में **घेप्पइ** = पाली **घेप्पति** है और जिसे भारतीय व्याकरणकार (हेच० ४, २५६ ; क्रम० ४, ८२ ; मार्क० पन्ना ६२ ; सिंहराज० पन्ना ५६) तथा यूरोप के विद्वान् **ग्रभ्** से निकला बताते हैं, किन्तु जो वास्तव में इसके समान ही दूसरे धातु ***घृप्** से सम्बन्धित है (§ २१२)। इसके महा० में **घेप्पइ, घेप्पए, घेप्पन्ति** और **घेप्पन्त**– रूप मिलते हैं (गउड० ; हाल ; रावण० ; ध्वन्यालोक ६२, ४ में आनन्दवर्धन ; विश्वनाथ, साहित्यदर्पण १७८, ३) ; जै०महा० में **घेप्पइ** (कालका० २७३, ३७) और **घेप्पन्ति** आये हैं (एर्त्से० ६७, १२ ; आव०एर्त्से० ३६, ४२) ; अ०माग० में **घेप्पेज्जा** है (पण्हा० ४००); अप० में **घेप्पइ** (हेच० ४, ३४१, १) तथा **घेप्पन्ति** पाये जाते हैं (हेच० ४, ३६५) । इस रूप का शौर० में अशुद्ध प्रयोग भी मिलते हैं (मल्लिका० १०१, ६ ; १४४, ८)। अ०माग० पद्य में **गेज्झई** = **गृह्यते** मिलता है (दस०नि० ६५५, ५

और ६)। क्रमदीश्वर ने ४, ८२ में घेप्पिज्जइ भी दिया है। — बन्ध् का रूप बज्झइ बनता है = बध्यते है (हेच० ४, २४७) ; अ०माग० में बज्झई आया है (उत्तर० २४५) ; जै०शौर० में बज्झदि है (पव० ३८४, ४७) ; शौर० में बज्झन्ति मिलता है (मृच्छ० ७१, २); हेमचन्द्र में बन्धिज्जइ भी है। — नवे गण के अनुसार वर्तमान वर्ग से बननेवाले भण् धातु का (§ ५१४) कर्मवाच्य महा० में भण्णइ = भण्यते है (हेच० ४, २४९ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए] ; क्रम० ४, ११ ; हाल ; रावण०), भण्णउ (गउड० ; रावण० ; शकु० १०१, १६), भण्णमाण (हाल), भण्णन्त– (रावण०), भणिज्जइ (हेच० ४, २४९) और भणिज्जउ रूप आये हैं (हाल) ; अप० मे भणीजे मिलता है (पिंगल २, १०१), सम्भवतः भणिज्जसु भी है (पिंगल १, १०९ ; § ४६१ की तुलना कीजिए) ; जै०महा० में भण्णइ है (एर्त्से० ; कालका०) ; शौर० में भणीअदि पाया जाता है (मृच्छ० १५१, १२ ; प्रबोध० ३९, ३)। शौर० में भणिज्जन्ती (प्रबोध० ४२, ५ ; पै० में भणिज्जन्ती और महा० मे भणिज्जमाण) अशुद्ध है। इसके स्थान मे भणीअन्ती आना चाहिए जैसा कि बम्बइया संस्करण १२, ४ में दिया गया है (पाठ भूल से भणिअन्ती छपा है)।

१. एस० गौल्दश्मित्त त्सा०डे०डौ०मौ०गे० २९, ४९। में सौ सैकड़ा अशुद्ध है ; याकोबी, कू०त्सा० २८, २५५ और योहान्सोन कू०त्सा० ३२, ४४९ और उसके बाद।

§ ५४९—अ०माग० में कर्मवाच्य से सम्बन्धित एक भूतकाल पाया जाता है : मुच्चिसु आया है (सूय० ७९०) और प्रायः सभी प्राकृत बोलियों में एक भविष्यत्‌काल है जो ठीक इसी प्रकार कर्मवाच्य के वर्ग से बनाया जाता है जैसे, परस्मैपद के वर्तमानकाल के वर्ग से परस्मैपदी भविष्यत्‌काल बताया जाता है। इस नियम से : महा० में पहले गण के कल् का रूप कलिज्जिहिसि (हाल २२५ और ३१३), खद् का खज्जिहिइ (हाल १३८), दह् का डज्जिहिसि (हाल १०५) और डज्जिहिइ (हेच० ४, २४६) और दीसिहिइ (हाल ६१९ ; रावण० ३, ३३ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) और धरिज्जिहिइ (हाल ७७८) रूप आये हैं ; जै०महा० मे उज्झिहिइ (आव०एर्त्से० ३२, २५) तथा खन् से निकला खम्मिहिइ पाये जाते हैं (हेच० ४, २४४)। — अ०माग० मे छठे गण मे मुच्चिहिइ है (ओव० § ११६ ; नायाध० ३९० [पाठ में मुच्चिहिंति है] ; विवाह० १७५), मुच्चिस्सन्ति भी आया है (आयार० २, १५, १६), किन्तु साथ ही पमोँक्खसि = प्रमोक्ष्यसे है (आयार० १, ३, १, २ ; १, ३, ३४) ; शौर० में मुच्चिस्सदि मिलता है (शकु० १३८, १ ; विक्र० ७७, १६ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; अ०माग० में उवलिप्पिहिइ पाया जाता है (ओव० § ११२)। जै०महा० में चौथे गण के खुट्टइ (हेच० ४, ११६) का खोँट्टिज्जिहिइ हो जाता है (आव०एर्त्से० ३२, २)। प्रेरणार्थक तथा नामधातु : दसवें गण के रूप अ०माग० में मारिज्जिस्सामि आया है (उवास० § २५६) ; जै०महा० में छिद्रय का छिड्डि-

ज्जिहिइ होता है (आव०एर्त्सें० ३३, २), **वावाइज्जिस्सइ** भी मिलता है (एर्त्सें० ४३, २२)। दूसरे गण के धातुओं में **हन्** का **हम्मिहिइ** मिलता है (हेच० ४, २४४ ; § ५४० ; ५५० और ५५७ की तुलना कीजिए) ; अ०माग० मे **पडिहम्मिहिइ** रूप आया है (नायाध० § ३०) ; **दुब्भिहिइ** है (हेच० ४, २४५) तथा जै०महा० में **दुज्झिहिइ** पाया जाता है (आव०एर्त्सें० ४३, २० ; किन्तु § ५४४ की तुलना कीजिए)। — पाँचवें गण के धातुओं मे **चि** के **चिव्विहिइ** और **चिम्मिहिइ** रूप मिलते हैं (हेच० ४, २४२ और २४३ ; § ५३६ की तुलना कीजिए) ; महा० में **छि** का **झिज्जिहिसि** होता है (हाल १५२ और ६२८) ; महा० मे **समप्पिहिइ** भी देखा जाता है (हाल ७३४ और ८०६ ; रावण० ५, ४)। — सातवें गण मे महा० में **भज्** का **भज्जिहिसि** मिलता है (हाल २०२) ; अ०माग० मे **छिद्** का **वो च्छिज्जिहिन्ति** रूप आया है, **व्युद्** साथ मे है (सूय० १०११ [यह **व्युद्** = वि + उद् उपसर्गों के है। —अनु०]), **समुच्छिज्जिहिन्ति** के स्थान में छन्द की मात्राएं ठीक करने के लिए **समुच्छिहिन्ति** आया है (सूय० ८६९) ; शौर० मे **छिज्जिस्सदि** मिलता है (मृच्छ० ३, १६) ; शौर० में अहिउज्जदि है जो **अभि** उपसर्ग के साथ **युज्** से बना है (उत्तररा० ६९, ६) ; **संरुज्झिहिइ** भी आया है (हेच० ४, २४८)। — आठवें गण के अ०माग० में **कज्जिस्सइ** (विवाह० ४९२) और जै०महा० मे **कीरिहिइ** रूप पाये जाते हैं (आव०एर्त्सें० १६, ९)। — नवें गण के **बज्झिहिइ** (हेच० ४, २४७) और शौर० में **बज्झिस्सामो** रूप **बन्ध्** से सम्बन्धित है (मृच्छ० १०९, १९ ; § ४८८, नोटसख्या ४ देखिए) ; जै०महा० मे ***घृप्** का रूप **घो प्पिहिइ** (आव०एर्त्सें० ७, ५)।

§ ५५०—कर्मवाच्य कभी-कभी परस्मैपद के अर्थ मे काम मे लाया जाता है। ऐसी क्रियाओं को वेबर ने लैटिन के 'डेपोनेण्टिआ' से समानता दी है'। इस प्रकार : महा० मे **गम्मिहिसि** आया है (हाल० ६००)', **गम्मसु** अनिश्चित है (हाल ८१९), सम्भवतः यह प्रेरणार्थक रूप मे काम मे लाया गया है ; महा० मे **गलिज्जिहिइ** आया है (हाल ८०४) ; महा० मे **दीसिहिसि** भी है (रावण० १५, ८६) किंतु इस स्थान मे हस्तलिपि (C) मे **दक्खिहिसि** फलतः **दच्छिहिसि** है (§ ५२५) ; महा० में **पिज्जइ** आया है (हेच० ४, १० ; हाल ६७८) ; महा० में **भण्णिहिसि** मिलता है (हाल ९०२) ; **हम्मइ = हन्ति** है (वर० ८, ४५ ; हेच० ४, २४४ ; क्रम० ४,४६ ; मार्क० पन्ना ५७ ; सिंहराज० पन्ना ५६ ; § ५४० की तुलना कीजिए)। आत्मनेपद की वर्तमानकालिक अशक्रिया का रूप अ०माग० में **विहम्ममाण** रूप आया है (उत्तर० ७८७) ; अ०माग० में भविष्यत्काल **हम्मिहन्ति है** (ठाणग० ५१२) ; अ०माग० मे **लब्भिही** पाया जाता है (दस० ६२४, १४) ; अप० में **दिज्जउ** और **किज्जउ** रूप मिलते हैं (§ ५४५ ; ५४७; § ४६१ और ४६६ की तुलना कीजिए)। भविष्यत्काल मुख्यतया कर्तृवाच्य के अर्थ में काम में लाया जाता है। इसमें बहुधा पद्य में छन्द की मात्राएं ठीक करने के लिए भी इसका प्रयोग किया गया होगा। यह तथ्य बहुत मनहर है कि माग० और अप० में कर्मवाच्य का वर्तमानकाल कभी-

कभी परस्मैपद के भविष्यत्काल के काम में लाया जाता है अर्थात् 'मैं बनाऊँगा' के स्थान में 'मैं बनाया जाऊँगा' बोला जाता है। मार्कण्डेय पन्ना ७५ में बताया गया है कि माग० में परस्मैपदी भविष्यत्काल के रूप **भविस्सदि** और **भुवीअदि** हैं। इस प्रकार माग० में **भुवीअदि** (मृच्छ० १६४, १०) और **हुवीअदि** (वेणी० ३३, ६ और ७ ; ३५, ८) का अर्थ 'वह होगा' है, **वावादीअशि** का अर्थ है 'तुझे मारना चाहिए' (मृच्छ० १६७, २५), **पिवाशीअदि** (यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; वेणी० ३४, ६) का अर्थ 'कि तुझे प्यासा रहना चाहिए' है ; अप० में **किज्जउँ** का अर्थ है 'मैं बनाऊँगा' (हेच० ४, ३३८ ; ४४५, ३)।

१. वेबर, हाल, पेज ६४, किन्तु इस स्थान में सभी उदाहरण अशुद्ध हैं। इसी भाँति एस० गौल्दश्मित्त, त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २९, ४९२ में **समप्पिहिइ** और **दीसिहिसि** को छोड़ और रावणवहो १५, ८६ पेज ३२५ में नोटसंख्या १० के सब उदाहरण अशुद्ध हैं। — २. हाल ६०९ में वेबर की टीका।

§ ५५१—प्रेरणार्थक संस्कृत की भाँति ही प्रेरणार्थक वर्धित धातु (= वृद्धिवाला रूप) में **-ए-** = संस्कृत **-अय** के आगमन से बनता है : **कारेइ** = **कारयति** है और **पाढेइ** = **पाठयति**, **उवसामेइ** = **उपशामयति** और **हासेइ** = **हासयति** हैं (वर० ७, २६ ; हेच० ३, १४९ ; क्रम० ४, ४४ ; सिंहराज० पन्ना ५५)। § ४९० की तुलना कीजिए। **-आ** में समाप्त होनेवाले धातुओं में **-वे-** = संस्कृत **-पय** का आगमन होता है : महा० में **णिव्वावेन्ति** = **निर्वापयन्ति** है (गउड० ५२४ ; [इसका प्रचलन कुमाउनी में है। —अनु०]) ; शौर० में **णिव्ववेदि** है (मालती० २१७, ५), भविष्यत्काल में **णिव्वावइस्सं** मिलता है (मालती० २६६, १), कर्मवाच्य में भूतकालिक अंशक्रिया का रूप **णिव्वाविद** है (मृच्छ० १६, ९) ; अ०माग० में **आघावेइ** = **आख्यापयति** है (ठाणंग० ५६९) ; माग० में **पत्तिआवइश्शं** मिलता है (मृच्छ० १३९, १२)। यह **प्रति** उपसर्ग के साथ **या** धातु से बना है (§ २८१ और ४८७) ; पल्लवदानपत्र में **अणुवट्ठावेति** = **अनुप्रस्थापयति** है (७, ४५) ; अ०माग० में **ठावेइ** = **स्थायति** है (निरया० § ४ ; कप्प० § ११६) ; जै०महा० में **ठावेमि** आया है (एर्त्से० ४३, ३२) ; शौर० में **समवत्थावेमि** = **समवस्थापयामि** (विक्र० २७, ६) और **पज्जवत्थावेहि** = **पर्यवस्थापय** है (विक्र० ७, १७), **पट्ठाविअ** (कृदन्त ; मृच्छ० २४, २) और **पडिट्ठावेहि** मिलते हैं (रत्ना० २९५, २६) ; माग० में **स्तावेमि**, **स्ताविअ** (कृदन्त), **स्तावइश्शं** (मृच्छ० ९७, ५ ; १२२, ११ ; १३२, २० ; १३९, २) और **पस्टाविअ** (कृदन्त ; मृच्छ० २१, १२) पाये जाते हैं ; अप० में **पट्ठाविअइ** रूप है (कर्मवाच्य ; हेच० ४, ४२२, ७) ; अ०माग० में **ण्हावेइ** = **स्नापयत** है (विवाह० १२६१)। **ज्ञा** का प्रेरणार्थक रूप वर्तमानकाल के वर्ग से निकला है : जै०महा० में **जाणावेइ** (हेच० ३, १४९ ; एर्त्से०) और **जाणावियं**, **जाणाविउं** (कालका०) रूप मिलते हैं ; महा० में **जाणावेउं** (हाल) आया है। उपसर्गों के साथ ये रूप ठीक संस्कृत की भाँति धातुओं के स्वर ह्रस्व करके बनाये जाते हैं : अ०माग० और जै०महा० में **आणवेइ** आया है

(निरया० ; कप्प० ; एर्से) ; अ०माग० में **आणवेमाण** (सूय० ७३४) और **पण्णवेमाण** रूप मिलते हैं (ओव० § ७८) ; शौर० मे **आणवेसि** (मृच्छ० ९४, ९), **आणवेदि** (ललित० ५६३, २१ और २९ ; ५६४, २३; ५६८, ११ ; मृच्छ० ४, १९ ; ७, ३ ; १६, २ तथा बार-बार यह रूप मिलता है) और **आणवेदु** पाये जाते हैं (मृच्छ० ३, ७ ; शकु० १, ८ ; नागा० २, १६ आदि-आदि), किन्तु **आणा-विदव्वं** (मृच्छ० ५८, १३) आया है और इसके साथ साथ **विण्णइदव्वा** भी मिलता है (५८, १२), इसलिए इनके स्थानों मे गौडबोले १६७, ८ के अनुसार **आणविदव्वं** और **विण्णवेमि** (मृच्छ० ७८, १०) रूप पढ़े जाने चाहिए, **विण्णवेदि** (मृच्छ० ७४, ६ ; ९६, ५ ; शकु० १३८, १० ; विक्र० १२, १३ आदि-आदि), **विण्णवेमो** (यहॉ § ४५५ के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; शकु० २७, ७), **विण्णवेहि** (मृच्छ० २७, १४ ; ७४, २१, विक्र० १६, २०, माल्ती० २१८, १), **विण्णविस्सं, विण्णइदव्वा** (मृच्छ० ५८, ११ और १२) ; **विण्णविदं** (यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; विक्र० ४८, ८) और **विण्णवीअदि** रूप पाये जाते हैं (विक्र० ३०, २१) ; माग० मे **आणवेदि** (शकु० ११४, १) और **विण्णाविअ** आये हैं (कृदन्त; मृच्छ० १३८,२५ ; १३९,१)। महा०, जै०महा० और अ०माग० में **ज्ञा** की भाँति ही अन्य धातु भी, जो **-आ-** मे समाप्त होते हैं, अपने स्वर ह्रस्व कर देते हैं। इस प्रकार यहाँ पर बहुधा अपना स्वर ह्रस्व करनेवाला धातु **स्था** लीजिए : महा०, जै०महा० और अ०माग० में **ठवेइ** रूप मिलता है (गउड० ; हाल ; रावण० ; एर्सें० ; कालका० ; उवास०; कप्प० आदि-आदि ; हेच० १, ६७ की तुलना कीजिए) ; महा० में **ठवि-ज्जन्ति** (गउड० ९९५), **उट्ठवेसि** (हाल ३९०) और **संठवेहि** रूप मिलते हैं (गउड० ९९७) ; अ०माग० मे **उवट्ठवेइ** (नायाध० § १३०) आया है ; अप० मे **ठवेहु** है (पिंगल १, ८७ ; १२५ और १४५)। — महा० मे **णिम्मवेसि = निर्मापयसि** है (गउड० २९७) ; अ०माग० मे **आघवेमाण = आख्यापयमान** (ओव० § ७८), **आघविय = आख्यापित** (पण्हा० ३७६ ; ४३१ ; ४६९) और **आघ-विज्जन्ति = आख्याप्यन्ते** है (नन्दी० ३९८ ; ४२७ ; ४२८ ; ४५१ ; ४५४ ; ४५६; ४६५ और उसके बाद), सामान्यक्रिया का रूप **आघवित्तए** है (नायाध० § १४३)। **-इ** और **-ई** में समाप्त होनेवाला कई धातुओं के रूप भी संस्कृत की भाँति बनाये जाते हैं : शौर० कर्मवाच्य **जआवीअसि = जाप्यसे** है (शकु० ३१, ११) ; अ०माग० मे **ऊसवेइ** आया है (विवाह० ९५७), **उस्सवेइ** (कप्प० § १००) = **उच्छ्रापयत** है ; शौर० मे **भाआवेसि** से भी सम्बन्धित है (§ ५०१ ; मृच्छ० ९१, १९)। अ०-माग० मे **किणावेइ** (ठाणंग० ५१६), **किणावए** (आयार० १, २, ५, ३) तथा **किणावेमाण, क्री** के रूप हैं और वर्तमानकाल के वर्ग से बने हैं ; शौर० में **विक्किण्वा-वेदि** (यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; मुद्रा० ५४, १) **चि** से सम्बन्धित है ; अ०-माग० मे **अल्लियावेइ** (नायाध० ४३४) मिलता है जो **ली** का रूप है।

§ ५५२— **-वे-** अक्षर = संस्कृत **-पय-** प्राकृत बोलियों में प्रेरणार्थक रूप बनाने के काम में -आ, -इ और -ई में समाप्त होनेवाले धातुओं के अतिरिक्त अन्य

धातुओं के लिए भी प्रयुक्त होता है जिनके अन्त में दूसरे स्वर, द्विस्वर और व्यंजन आते हों। इसका आगमन -अ में समाप्त होनेवाले धातुओं के वर्तमानकाल के वर्ग में नियमित रूप से होता है, जो दीर्घ कर दिया जाता है। ऐसा ज्ञात होता है कि इस प्रक्रिया मे -आ में समाप्त होनेवाले धातुओं के अनुकरण ने भी कुछ सहायता पहुँचायी होगी। **-ए-=-अय-** से बननेवाले प्रेरणार्थकों से ये अल्पतर हैं। इस नियम से : **हसावेइ** (वर० ७, २६ ; हेच० ३, १४९ ; सिंहराज० पन्ना ५५), **हसाविय** रूप (हेच० ३, १५२) आये हैं, महा० में **हसाविअ** रूप भी पाया जाता है (हेच० ३, १५३ = हाल १२३) ; अ०माग० में **पच्** धातु से **पयावेमाण** बनाया गया है (सूय० ६०९); महा० में **रमावें न्ति** और **सहावें न्ति** आये हैं (हाल ३२५ और ३२७) ; आव० में **क्लृप** का **कप्पावेमि** रूप है (मृच्छ० १०५, ३) ; शौर० में **घडावेहि** है (मृच्छ० ९५, २१), महा० में **विहडाविअ** आया है जो **घट्** से बना है (गउड० ८) ; शौर० में **जीवावेहि** (उत्तररा० ६३, १४), **जीआवेसु** (विद्ध० ८४, ४), **जीवावेदु** (मृच्छ० ३२६, ३), **जीवावीअदि** (मृच्छ० १७६, ६), **जीवाविअ** (कुदन्त ; मालती० २१५, १) और **जीवाविदा** (मृच्छ० १७३, ४ ; १७७, १६) रूप पाये जाते हैं ; माग० में **यीवाविदा** मिलता है (मृच्छ० १७१, १४) ; अ०माग० में **दलावेइ** (विवाग० १६८) आया है ; अ०माग० में **समारम्भावेइ** (आयार० १, १, २, ३ ; १, १, ३, ५) और **समारम्भावेज्जा** मिलते हैं (आयार १, १, २ ६ ; १, १, ३, ८) ; शौर० में **निं णिवत्तावेमि** देखा जाता है (मृच्छ० ७७, १५) ; माग० में **पलिवत्तावेहि** चलता है (मृच्छ० ८१, १७ और १९) ; शौर० मे **वड्ढावेमि** काम में आता है (कर्ण० २१, ८) ; शौर० में **धोवावेदि** भी है (मृच्छ० ४५, ९) ; जै०महा० में **अभि** और **उप** उपसर्गों के साथ **गम्** से निकला रूप **अब्भुवगच्छाविअ** पाया जाता है (आव०एर्त्से० ३०, ९) ; अ०माग० में **पा** से बना **पियावए** है (=पीना : दस० ६३८,२६) । अ०माग० में **निच्छुभावेइ** आया है (नायाध० ८२३ ; ८२४ ; १३१३) जिसका सम्बन्ध **निच्छुभइ** से है और जो **नि** उपसर्ग के साथ **क्षुभ्** धातु से निकला है (नायाध० १४११ ; विवाह० ११४ ; पण्णव० ८२७ ; ८३२ ; ८३४) ; शौर० में **इष्** धातु का **प्रति** उपसर्ग के साथ **पडिच्छावीअदि** रूप आया है (मृच्छ० ६९, १२) ; शौर० मे **प्रच्छ्** का रूप **पुच्छावेदि** है (विद्ध० ४१, ४) ; जै०महा० में **मेलवेहिसि** आया है (आव०एर्त्से० ३०, ८ ; शौर० मे **मोआवेमि** और **मोआवेहि** हैं (शकु० २७, ११ ; २४ [! —अनु०], २) ; महा० में **मोआविअ** पाया जाता है, ये रूप **मुच्** के हैं ; माग० में **लिख्** से बना **लिहावेमि** मिलता है (मृच्छ० १३३, १) । — शौर० मे **लोहावेदि** भी है (शकु० ६१, ३) । — अ०माग० में **वेढेइ** § ३०४ और ४८० से सम्बन्धित **वेढावेइ** रूप है (विवाग० १७०) । — महा० में **रुआवेइ**, **रुआविअ** और **रोआविअ** रूप मिलते हैं (हाल), शौर० में **रोदाविद** हो जाता है। उक्त दोनों बोलियों के रूप **रुद्** के हैं (मृच्छ० २१, १) । — **दा** का जै०महा० एक दुहरा रूप है **दवावए** जिसका अर्थ 'अवसर देना' होता है (एर्त्से०) । शौर० मे **शुणाविदा** आया है (मालवि० ३१, ८) । — अ०-

माग० में **छिन्दावए** है (दस० ६३८, ३०) । — **करावेइ, कराविअ** और **कारावेइ** रूप पाये जाते हैं (वर० ७, २७ ; हेच० ३, १४९ ; १५२ ; १५३ ; क्रम० ४, ४४) ; अ०माग० में **कारवेमि** है (उवास० § १३ ; १४ और १५), **कारवेइ** भी आया है (कप्प० § ५७ और १००) ; जै०महा० में **कारवेइ** (एर्त्से० ३०, ७) और **काराविय** मिलते है (एर्त्से०) । जै०महा० मे **गे ण्हावेमि** भी देखने मे आता है (आव०एर्त्से० ३४, १९) ।

§ ५५३ — **-ए** के स्थान मे कुछ प्राकृत बोलियों मे **-वे** पाया जाता है, विशेषत अप० मे, जिसमे कभी-कभी **-आ -वा** आते है । इन अवसरों पर नामधातुओं की भाँति रूप बनते है अथवा इनकी रूपावली उन धातुओं की भाँति बनती है जो मूल मे ही सक्षिप्त कर दिये गये हों और जिनमें द्विस्वर से पहले नियमित रूप से स्वर ह्रस्व कर दिये गये हों । इस प्रकार यह रूप निकला (§ ४९१) । इस प्रकार : **हसावइ** है (हेच० ३, १४९ ; सिंहराज० पन्ना ५५) ; **घडावइ** आया है (हेच० ४, ३४०) और **उग्घाडइ** मिलता है (हेच० ४, ३३), इसके साथ-साथ शौर० में **घडावेहि** पाया जाता है (मृच्छ० ९५, २१) ; **विप्पगालइ = विप्रगालयति** है (हेच० ४, ३१) ; **उद्दालइ = उद्दालयति** है (हेच० ४, १२५) ; **पाडइ = पातयति** है (हेच० ३, १५३) । इस रूप के साथ-साथ महा० में **पाडेइ** भी देखा जाता है (रावण० ४, ५०), माग० में **पाडेमि** मिलता है (मृच्छ० १६२, २२) ; **भ्रम्** का **भमावइ** रूप है (हेच० ३, १५१) ; अप० मे **उत्तारहि** है (विक्र० ६९, २) तथा इसके साथ-साथ शौर० मे **ओदारेदि** (उत्तररा० १६५, ३) और **पदारेदि** (यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए ; प्रबोध० १५, १०) पाये जाते हैं ; जै०महा० और अप० मे **मारइ** रूप है (हेच० ३,१५३ ; एर्त्से० ५,३२ ; हेच० ४, ३३०,३) और इसके साथ-साथ महा० मे **मारेसि, मारेहिसि** (हाल) और **मारेइ** रूप मिलते हैं (मुद्रा० ३४, १०) ; शौर० मे **मारेध** (मृच्छ० १६१, १६ ; १६५, २५) ; माग० में **मालेमि** (मृच्छ० १२, ५ ; १२३, ३), **मालेहि** (मृच्छ० १२३, ५ ; १२४, २ और १७ ; १६५, २४), **मालेदु** (मृच्छ० १२५, ८) और **मालेध** रूप पाये जाते हैं (मृच्छ० १६५, २३ ; १६६, १ ; १६८, ८ ; १७१, १८) ; माग० में **मालन्तं** के स्थान मे (मृच्छ० १२३, २२) **माले न्तं** पढ़ा जाना चाहिए ; अप० में **मारेइ** आया है (हेच० ४, ३३७), **हारावइ** भी है (हेच० ४, ३१) ; अप० में **वाहइ** मिलता है (पिंगल १, ५ अ), इसके साथ साथ आव० में **वाहेहि** देखा जाता है (मृच्छ० १००, १८) ; माग० में **वाहेशि** हो जाता है (मृच्छ० १२२, १५) ; **मिल्** (§ ४८६) का **मेलवइ** रूप पाया जाता है (हेच० ४, २८) । इसके साथ साथ जै०महा० में **मेलवेहिसि** आया है (§ ५२८) ; **नश्** धातु के **नासवइ** और **नासइ** रूप मिलते हैं ; अ०माग० मे **वेदन्ति** (पण्णव० ७८६ और उसके बाद) आया है, **वेयन्ति = वेदयन्ति** है (जीवा० २८१ और उसके बाद) ; **निम्मवइ = निर्मापयति** है (हेच० ४, १९), इसके साथ-साथ महा० में **णिम्मवेसि** है (गउड० २९७) ; **धा** के (§ २८६ और ५००) रूप **आढवइ** और **विढवइ** मिलते हैं ;

महा० में **ठवइ** (गउड० ९८०) और **संठन्ती** मिलते हैं (हाल ३९) ; **पट्ठवइ** और **पट्ठावइ** भी हैं (हेच० ४, ३७) ; अप० में **परिठवहु** और **संठवहु** मिलते हैं (पिंगल १, १० और ८५), इनके साथ-साथ **ठावेइ** तथा **ठवेइ** रूप भी चलते हैं (§ ५५१) ; **करावइ** देखा जाता है (हेच० ३, १४९) ; **विण्णवइ** आया है (हेच० ४, ३८), इसके साथ साथ शौर० में **विण्णवेदि** देखने में आता है (§ ५५१), **लू** धातु का **प्र** उपसर्ग के साथ **पलावइ** रूप मिलता है (हेच० ४, ३१) ।

§ ५५४—हेमचन्द्र ४, ३२ में बताता है कि **दश्** धातु के प्रेरणार्थक रूप **दावइ, दंसइ, दक्खवइ** और **दरिसइ** होते हैं । इनमें से **दावइ** (सिंहराज० पन्ना ५७ में भी) पाया जाता है ; महा० में **दावन्तेण** आया है (हाल) । **-ए** -वाले रूप इससे अधिक चलते हैं : महा० में **दावेमि** है (रत्ना० ३२२, ५ ; **तं ते दावेमि** धनिक ने दशरूप ४२, ६ की टीका में दिया है जो छपे संस्करणों में **तं तं दंसेमि** छपा है), **दावेइ, दावेॅन्ति, दावए, दावेह, दावेॅन्ती** और **दाविअ** रूप मिलते हैं (हाल ; रावण०), **दाविज्जउ** (रत्ना० ३२१, ३२) और **दाविआइँ** रूप भी मिलते हैं (कर्पूर० ५६, ७) ; जै०महा० में **दाविय** (एर्त्से०), **दाविअ** और **दावि-ज्जसु** पाये जाते हैं (ऋषभ० १०, ४९) ; शौर० में **दाविद** मिलता है (मुद्रा० ४४, १) । यह शब्द = मराठी **दवणें** के । इसकी व्युत्पत्ति **दी** से बताना अशुद्ध है । **दावेइ** और **दावइ, दृप् संदीपने** से बने **दर्पयति** और **दर्पति** के स्थानों में आये हैं (धातु-पाठ ३४, १४) और § ६२ के अनुसार इसका यह रूप हुआ है । इसी धातु से संस्कृत शब्द **दर्पण** भी बना है (= आरसी ; आयना) और महा० में **अद्दाअ**, अ०माग० और जै०महा० **अद्दाग** और **अद्दाय** (= आरसी) ; § १९६ जहाँ इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए = ***आदापक = *आदर्पक** । अ०माग० **दंसन्ति = दर्शयन्ति** में **दंसइ** वर्तमान है (सूय० २२२), महा० में **दंसॅन्ति = दर्शयन्तीम्** है (गउड० १०५५) ; इसका **-ए** वाला रूप बहुत दिखाई देता है : महा० में **दंसिॅन्ति** आया है (गउड० १०५४); जै०महा० में **दंसेइ** और **दंसेह** रूप मिलते हैं (एर्त्से०; कालका०) ; शौर० में **दंसेमि** (मृच्छ० ७४, १६ ; मालती० ३८, ९), **दंसेसि** (मृच्छ० ९०,२१ ; शकु० १६७, १०), **दंसेहि** (रत्ना० ३२१, २०) और **दंसेदु** रूप आये हैं (मुद्रा० ८१, ४) ; द्विस्वरों से पहले (§ ४९०) : **दंसअन्तीए** और **दंसअम्ह** रूप पाये जाते हैं (प्रबोध० ४२, ७ ; उत्तररा० ७७, ३ ; ११३, २) ; भविष्यत्काल के रूप **दंसइस्सं** (शकु० ६३, ९ ; रत्ना० ३११, ४), **दंसइस्ससि** (शकु० ९०, १०) और **दंसइस्सदि** मिलते हैं (मालती० ७४, ३ ; ७८, ७) ; माग० में **दंसअस्से** पाया जाता है (शकु० २१४, ११) । — **दरिसइ** (हेच० ३, १४३ में भी आया है [इसी स्थान के नोट में **दरसइ** पाठांतर भी मिलता है । —अनु०]), यह शब्द जै०महा० में **दरिसेइ** बोला जाता है (एर्त्से०) । मार्कंडेय पन्ना ७४ में दिया गया है कि यह आव० में विशेष चलता है, उक्त बोली में इसका रूप **दरिसेदि** है । मृच्छकटिक के जिस भाग में पात्र आव० बोली में नाटक खेलते हैं, उसमें ७०, २५ में विदूषक काम में लाता है : **दरिसअन्ति** ; १००, ४ में दाक्षि० में रूप आया है : **दरिसेसि** —

दक्खवइ जो सिंहराजगणिन् ने पन्ना ५७ मे **दक्खावइ** दिया है **दक्खइ** का प्रेरणार्थक रूप है और = मराठी **दाखविणें** तथा गुजराती **दाखवचुं**[१] ; अप० में **देॅक्खावहि** (विक्र० ६६, १६) **देॅक्खइ** का प्रेरणार्थक रूप है। दक्षिण भारतीय नाटकों की हस्तलिपियाँ **दक्खइ** रूप देती है, किन्तु नागरी हस्तलिपियां और आंशिक रूप से दक्षिणभारतीय हस्तलिपियां भी **देॅक्खइ** पाठ देती है[२]। हेमचन्द्र ४, १८१ मे यह रूप भी देता है तथा यह रूप अप० मे बार बार काम में लाया गया है (हेच० में **देॅक्खहि** शब्द देखिए ; पिंगल १, ८७ अ), शौर० के लिए अशुद्ध है जिसमें **पेॅक्खदि**[३] का प्रचार है। **दक्खइ** और **देॅक्खइ** अशोक के शिलालेखो मे मिलते है। **दक्खइ** रूप सिंहली भाषा मे **दकिनव** मे सुरक्षित है। **देॅक्खइ** को सभी नवीन भारतीय आर्य-भाषाएं मये जिप्सियों की भाषा के काम मे लाती है[४]। दोनों रूपों की व्युत्पत्ति ***द्रक्षति** से है जो **अमूदृक्ष, ईदृक्ष, एतादृक्ष, कीदृक्ष, तादृक्ष** और **सदृक्ष** मे वर्तमान है[५]। भविष्यत्काल[६] से इसकी व्युत्पत्ति निकालने का प्रयास इसमें **एॅ** आने के कारण जो **इ** से निकला है व्यर्थ हो जाता है, नाना भांति से इस रूपो के स्पष्टीकरण[९] का यत्न भी असम्भव है। इसी प्रकार **पेक्खइ** के अनुकरण पर **देक्खइ** का रूप बना है, यह कहना भी भूल है[१०]। अ०माग० रूप **देहइ** के विषय मे § ६६ देखिए। **भ्रम्** के प्रेरणार्थक रूपों मे **भामेइ** और **भमावइ** के साथ-साथ हेमचन्द्र ३, १५१ के अनुसार **भमावेइ** भी चलता है ; ४, ३० मे **भमाडइ** और **भमाडेइ** भी मिलते हैं, जिसकी तुलना मे रूप के विचार से इसी भ्रमण के अर्थ में आनेवाला **ताडइ** ठीक बैठता है (हेच० ४, ३०)। गुजराती में भी प्रेरणार्थक की बनावट ठीक ऐसी ही है[११]। हेमचन्द्र ४, १६१ मे **भम्मडइ, भमडइ** और **भम्माडइ** रूप भी सिखाता है, जो उसके विचार से उपसर्ग और प्रत्यय से रहित स्वय **भ्रम्** के स्थान में भी आये हैं। — प्रेरणार्थक के भविष्यत्-काल के विषय मे विशेष रूप से § ५२८ भी देखिए तथा कर्मवाच्य के सम्बन्ध मे § ५४३ देखिए।

१. जू०आ० १८७२, २०, २०४ में गारेज का मत। — २. **वेबर**, त्सा० डे०डॉ०मॉ०गे० २६, २७१ ; २८, ४२४ ; हाल ३१५ की टीका। — ३. **हेमचन्द्र** ४, ३२ पर पिशल की टीका। — ४. पिशल, गौ०गे०आ० १८७३, ४६ और उसके बाद ; विक्रमोर्वशीय, पेज ६१६ और उसके बाद ; डी **रेसेन्सिओनन** डेर शकुंतला, पेज ११ और उसके बाद। — ५. पिशल, **डे कालिदासाए शाकुन्तलि रेसेन्सिओनिबुस**, पेज ३२ और उसके बाद ; कू०बाइ० ७, ४५३ और उसके बाद ; ८, १४४ और उसके बाद। — ६. पिशल, कू०बाइ० ७, ४५८ ; ८, १४६ ; योहान्सोन, कू०त्सा० ३२, ४६३ ; बीम्स०, **कम्पैरैटिव ग्रैमर** १,१६१ ; पौट, त्सिगौयनर २, ३०४ ; मिक्लोजिश, **द्यूबर डी मुण्डआर्टन उण्ट डी वाण्डरुंगन डेर त्सिगौयनर आयरोपाज** ७, ४३। — ७. **वेबर**, कू०बाइ० ७, ४८६ ; इस विद्वान् ने किन्तु भगवती १, ४१४, ३ में अशुद्ध मत दिया है ; इण्डिशे स्ट्राइफन ३, १५० ; हाल १ पेज २६० ; कू०बाइ० ७, ४८६ ; इण्डिशे स्टुडिएन १४, ६९ और उसके बाद में 'एक प्राचीन किन्तु इस पर भी द्विकार से रहित

इच्छावाचक रूप' इसके भीतर देखता है। — ८. म्यूर, ओरिजिनल सैंस्कृट टेक्स्टस् २, २३ नोटसंख्या ४० में चाइल्डर्स का मत ; कू०बाइ० ७, ४५० और उसके बाद ; चाइल्डर्स के पाली कोश में पस्सति देखिए ; पिशल, कू०- बाइ० ७, ४५९ ; ८, १४७। — ९.पी० गौल्दश्मित्त, ना०गे०वि०गो० १८७४, ५०९ और उसके बाद ; योहान्सोन, कू०त्सा० ३२, ४६३ और उसके बाद ; शाहबाजगढ़ी २, २४। — १०. बीम्स, कम्पैरैटिव ग्रैमर ३, १६२ ; किन्तु ३, ४५ और उसके बाद की तुलना कीजिए। — ११. बीम्स, कम्पैरेटिव ग्रैमर ३, ८१ ; होएर्नले, कम्पैरेटिव ग्रैमर, पेज ३१८ और उसके बाद।

इच्छावाचक

§ ५५५—इच्छावाचक रूप संस्कृत की भाँति ही बनाया जाता है : अ०माग० मे **दिगिच्छन्त = जिघत्सत्-** (आयार० १, ८, ४, १०) ; **जुगुच्छइ** और **जुउ-च्छइ** (हेच० २, २१ ; ४, ४) = **जुगुप्सते** हैं ; महा० में **जुउच्छइ** तथा **जुउच्छसु** रूप आये हैं (रावण०) ; अ०माग० में **दुगुच्छइ**, **दुगुंछइ**, **दुउच्छइ** और **दुउंछइ** मिलते है (हेच० ४, ४ ; § ७४ और २१५ की तुलना कीजिए), **दुगुंछमाण** (आयार० १, २, २, १ ; सूय० ४७२ और ५२५), **दुगंछमाण**, **दुगंछणिज्ज** (उत्तर० १९९ और ४१०) तथा **अदुगुच्छिय** रूप आये है (आयार० २, १, २, २) ; शौर० में **जुगुच्छेदि** और **जुगुच्छसि** (मालती० ९०, ५ ; २४३, ५), **जुउच्छिद** (अनर्घ० १४९, १० ; बाल० २०२, १३), **अदिजुउच्छिद** (मल्लिका० २१८, ७ और १२) तथा **जुगुच्छणीअ** रूप पाये जाते हैं (विद्ध० १२१, १० ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), माग० में **अदियुउश्चिद** (मल्लिका० १४३, ४ और १५ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) है : **चिइच्छइ** (हेच० २, २१ ; ४, २४०) = **चिकित्सित** है ; अ०माग० में **तिगिच्छई** (उत्तर० ६०१), **तिगिच्छिय** (उत्तर० ४५८), **वितिगिंच्छय** (ठाणग० १९४), **वितिगिच्छामि** (ठाणग० २४५), **वितिगिंछइ** (सूय० ७२७ और उसके बाद) और **वितिगिंछिय** (विवाह० १५०) रूप मिलते हैं ; शौर० मे **चिकिच्छिदव्व** आया है (शकु० १२३, १४)। § ७४ और २१५ की तुलना कीजिए। माग० मे **पिवाशीअदि** है (वेणी० ३४, ६ ; § ५५० की तुलना कीजिए) ; शौर० मे **बुभुक्खिद = बुभुक्षित** है (वृषभ० १९, ५) ; **लिच्छइ = लिप्सते** है (हेच० २, २१) ; अ०माग० और जै०महा० में **सुस्सूसइ** (दस० ६३७, ३० और ३२ ; एर्से० ३१, १३) = **शुश्रूषते** है ; अ०माग० में **सुस्सूसमाण** मिलता है (दस० ६३६, ६ और १० ; ओव०) ; शौर० में **सुस्सूसइस्सं** (मृच्छ० ८८, ११), **सुस्सूसइदुं** (मालवि० २९, १२) और **सुस्सूसिदव्व** (मृच्छ० ३९, २३) ; माग० में **शुश्शूशिद** पाया जाता है (मृच्छ० ३७, ११)।

घनत्ववाचक

§ ५५६—घनत्ववाचक रूप संस्कृत के समृद्धिकाल की संस्कृत की भाँति बनाया

जाता है। व्यंजनों के द्विकार के साथ स्वर भी गुणित हो जाते हैं : ***चाकम्मइ** = ***चाक्रम्यते** के स्थान में **चङ्कम्मइ** रूप हो जाता है (हेच० ४, १६१)। — अ०-माग० में **क्षुभ्** **खोक्खुब्भमाण** आया है (पण्हा० १६९ और २१० ; ओव० ; कप्प०)। — अ०माग० मे **जागरइ** = **जागर्ति** है, **जागरमाणीए** (विवाह० ११६), **जागरित्त** (आयार० १, ३, १, १), **जागरमाणस्स** (विवाह० १७०), **पडिजागरेॅज्जा** (दस० ६३६, ६) और **पडिजागरमाणी** रूप पाये जाते हैं (उवास० ; कप्प०) ; महा० मे **जग्गन्ति** (दूता० ५, १२), **जग्गेसु** आये हैं (हाल ३३५), **पडिअग्गिअ** = ***प्रतिजगृत** है (गउड०) , शौर० मे **जग्गेध** है (मृच्छ० ११२, ३) ; अप० में **जग्गेवा** मिलता है (हेच० ४, ४३८, ३) ; अ०माग० में प्रेरणार्थक रूप **जग्गावई** है (१, ८, २, ५) ; महा० मे **जग्गाविअ** पाया जाता है (रावण० १०, ५६) ; अ०माग० में **भिब्भिसमीण** ***भेमिसमीण**, ***भेब्भिसमीण** के स्थान मे आया है जो **भिसइ** = **भासति** के रूप है (§ ४८२ ; नायाध० § १२२ ; जीवा० ४८१ [पाठ में **भिज्झमाण** है] ; ४९३ [पाठ मे **मिज्झिमाण** है] ; ५४१ [पाठ मे **मिज्झिसमाणी** है]), **भिब्भिसमाण** भी मिलता है (जीवा० १०५ ; नायाध० § १२२ मे दूसरा रूप भी देखिए) ; अ०माग० **लालप्पई** (सूय० ४१४) तथा **लालप्पमाण** रूप मिलते है (आयार० १,२, ३, ३ ; १, २, ६, १)। निम्नलिखित रूपों मे द्विकार व्यजनों के भीतर अनुनासिक आया है : महा० में **चंकम्मन्त-** (हाल), **चंकम्मिअ** (रावण०) और **चंकमिअ** (कर्पूर० ४७, १६) आये है ; जै०महा० मे **चंकमियव्व** (आव०एर्त्से० २३, १२) = सस्कृत **चंक्रम्यते** है ; **ढुंढुल्लइ** (हेच० ४, १६१ और १८९) और **ढंढल्लइ** (हेच० ४, १६१) भी पाये जाते है, **ढंढोलइ** भी आया है (हेच० ४, १८९)। **ढुण्ढुण्णन्तो** के स्थान मे (काव्यप्रकाश २७१, ५ = हाल ९८५) विश्वसनीय हस्तलिपियों तथा टीकाकारो द्वारा समादृत पाठो मे, जिसमे ध्वन्यालोक ११६, ७ की टीका भी सम्मिलित है, **ढुंढुलन्तो** दिया गया है। इस पाठान्तर की पुष्टि अलकारशास्त्र के अन्य लेखक, जिनके ग्रन्थ अभी नहीं छपे है, अपने ग्रन्थों में उद्धृत श्लोकों मे भी करते है।

नामधातु

§ ५५७—नामधातु सस्कृत की भाँति बनाये जाते है। जिस प्रक्रिया में या तो क्रियाओं के समाप्तिसूचक चिह्न (१) सीधे नामो अर्थात् सज्ञाओं में जोड दिये जाते हैं, (२) अन्त मे -अ = सस्कृत -य वाली सज्ञाओं मे इस अन्तिम स्वर का दीर्घीकरण कर दिया जाता है अथवा (३) क्रियाओं के समाप्तिसूचक चिह्न प्राकृत के प्रेरणार्थक के चिह्न -**ए**-, -**वे**-और -**व**-मे लगाये जाते हैं। इनमे से प्रथम श्रेणी के नामधातु प्राकृत मे सस्कृत से अधिक हैं : महा० मे **अप्पिणामि** = ***अर्पणामि** है (निरया० § २३ ; नायाध० १३१३ ; पाठ में **अप्पणामि** है) ; जै०महा० में **अप्पिणइ** है (आव०एर्त्से० ४४, ३) जो **अर्पण** से बना है ; अ०माग० में **पच्चप्पिणामि** = ***प्रत्यर्पणामि** है जो **प्रत्यर्पण**' से बना है (निरया० § २०), **पच्चप्पिणाइ**

(विवाग० २२२ ; राय० २३१ ; कप्प० § २९ ; ओव० § ४२ ; ४४ ; ४६ [इन सब में यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]), **पच्चप्पिणामो** (निरया० § २५), **पच्चपिणन्ति** (विवाह० ५०३ और ९४८ ; जीवा० ६२५ और ६२६ ; उवास० § २०७ ; कप्प० § ५८ और १०१ ; नायाध० § ३३ और १०० ; पेज ६१० ; निरया० § ४ और २४), **पच्चप्पिणेज्जा** (पण्णव० ८४४ ; ओव० § १५०), **पच्चप्पिणाहि** (ओव० § ४० ; ४१ ; ४३ ; ४५ ; निरया० § २२ ; कप्प० § २६), **पच्चप्पिणह** (विवाग० २२२ ; विवाह० ५०३ और ९४८, जीवा० ६२५ और ६२६ ; कप्प० § ५७ और १०० ; निरया० २० ; २१ ; २४ ; उवास० § २०६), **पच्चप्पिणिज्जइ** (निरया० § २५) और **पच्चप्पिणित्ता** (नायाध० ६०७ ; ६१० ; ६१४) रूप पाये जाते हैं ; **खम्मइ** = *खन्मति, **जम्मइ** = *जन्मति तथा **हम्मइ** = *हन्मति हैं (§ ५४०) ; महा० में दुःख से **दुक्खामि** रूप बना है (रावण० ११, १२७), जैसे **सुख**[1] से **सुहामि** बना है ; **धवलइ** मिलता है (हेच० ४, २४) ; **निर्माण** से **निम्माणइ** रूप निकला है (हेच० ४, १९ ; क्रम० ४, ४६ ; मार्क० पन्ना ५४) ; अप० में **पडिबिम्बि** आया है (हेच० ४, ४३९, ३) ; अप० में **पमाणहु** = **प्रमाणयत** है (पिंगल १, १०५) ; **पहुप्पइ** = *प्रभुत्वति है (§ २८६) ; महा० में **मण्डन्ति** पाया जाता है (गउड० ६७) ; **मिश्र** से **मिस्सइ** बना है (हेच० ४, २८) ; **विक्रेय** से **विक्केअइ** निकला है (हेच० ४, २४०), अप० में **शुष्क** से **सुक्कहिँ** रूप आया है (हेच० ४, ४२७, १)। अन्य उदाहरण § ४९१ में देखिए और § ५५३ की तुलना कीजिए।

१. लौयमान ने **पच्चप्पिण्** में वर्तमान वर्ग का रूप **प्रत्य्-अर्प** ढूँढ निकाला है। याकोबी, कू० त्सा० ३५, ५७३, नोटसंख्या २ में **इणइ** क्रिया का चिह्न है अर्थात् उसका भी मत वही है जो लौयमान का है। **पच्चप्पिण** रूप की कोई संज्ञा नहीं पायी जाती, यह मेरे स्पष्टीकरण के विरुद्ध कोई आपत्ति नहीं समझी जा सकती। — २. ये और इस प्रकार के अन्य रूप **दुक्खआमि** तथा **सुहआमि** (§ ५५८) के संक्षिप्त रूप भी समझे जा सकते हैं।

§ ५५८—संस्कृत की भाँति प्राकृत में भी नामधातु का निर्माण **-अ-** = संस्कृत **-य-** जोड़ने से होता है। महा०, जै०महा० और अ०माग० में **-आअ-** वर्ण कम बार संक्षिप्त भी कर दिये जाते हैं : महा० में **अत्थाअइ** और **अत्थाअन्ति** = *अस्तायते और *अस्तायन्ते जो **अस्त** के रूप हैं (गउड० ; रावण०) ; महा० में बार-बार काम में आनेवाले रूप **अत्थमिअ** से (गउड० ; रावण०) जो = **अस्तमित** के, **अत्थमइ** (रावण०) और एक संज्ञा **अत्थमण** का आविष्कार किया गया है (हाल ; रावण०) ; अ०माग० में **अमरायइ** पाया जाता है (आयार० १, २, ५, ५) ; महा० में **अलसाअइ** और **अलसाअन्ति** रूप पाये जाते हैं (हाल) ; महा० में **उम्हाइ**, **उम्हाअन्त** और **उम्हाअमाण** पाये जाते हैं (गउड०)। ये **ऊष्माय-** से बने हैं ; शौर० में **कुरवआअदि** = **कुरवकायते** है (मृच्छ० ७३, १०) ; **गरुआइ** और **गरुआअइ** रूप भी मिलते हैं (= गुरु बनना ; गुरु के समान आचरण

दिखाना : हेच० ३, १३८) ; माग० में **चिलाअदि = चिरायति है** (शकु० ११५, ९) ; महा० में **तणुआइ**, **तणुआअइ** और **तणुआअए** = ***तनुकायति है** (= दुबला पतला बनना : हाल) ; महा० मे **धूमाइ** आया है (हाल) ; अ०माग० में **मम** से **ममायमाण** और **अममायमाण** रूप बने है (आयार० १, २, ३, ३ ; १,२, ५, ३) ; **लोहिआइ** और **लोहिआअइ** भी मिलते है (हेच० ३, १३८) ; महा० में **संझाअइ** आया है (गउड० ६३२) ; शौर० मे **संझाअदि है** (मृच्छ० ७३, १२) = **संध्यायते** है ; शौर० मे **सीदलाअदि** = **शीतलायति** है (मालती० १२१, २); महा० मे **सुहाअइ** (हाल) और शौर० मे **सुहाअदि** (शकु० ४९, ८) = **सुखायति** है । उन बहुसंख्यक नामधातुओं का उल्लेख विशेष रूप से करना है जो किसी ध्वनि का अनुकरण करते है अथवा शरीर, मन और आत्मा की किसी सशक्त हलचल आदि को व्यक्त करते है । नवीन भारतीय आर्य भाषाओं में भी इनका प्राधान्य **है**, सस्कृत मे इनमे से अनेक पाये जाते है, किन्तु इनमें कुछ मूलरूप मे हैं जिनमें इनकी व्युत्पत्ति पायी जाती है[१] । इस जाति का परिचायक एक उदाहरण **दमदमाइ** अथवा **दमदमाअइ है** (हेच० ३, १३८) जिसका अर्थ है 'ढमाढम करना' । यह ढोल या दमामे की ध्वनि का अनुकरण है = मराठी **दमदमणें** । कभी-कभी ये प्रेरणार्थक की भाँति बनाये जाते हैं । इस प्रकार : शौर० मे **कडकडाअन्त**- आया है (मालती० १२९, ४) । — शौर० मे **कुरुकुराअसि** (यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए ; इसी प्रहसन में अन्य रूप भी देखिए ; हास्या० २५, ७), **कुरुकुराअदि** (मृच्छ० ७१, १६ ; रत्ना० ३०२, ८), **कुरुकुराअन्त**- (कर्पूर० १४, ३ ; ७०, १) ; **कुरुकुरिअ** (= देखने की प्रबल इच्छा , सुध ; धुन : देशी० २, ४२ [यह शब्द **कुरकुरि** रूप मे कुमाउनी मे चलता है । —अनु०]) । इसके अनुसार हेमचन्द्र के उणादिगण-सूत्र १७ मे **कुरुकुर** दिया गया है ; अ०माग० मे **किडिकिडियाभूय** मिलता है (विवाग० २०१ और २४२ [यहाँ पाठ मे **किडिकिडिभूय** है]) । — अ०माग० मे **कुउकुवमाण** मिलता है (विवाग० २०१) ; जै०महा० मे **खलक्खलइ** आया है (एर्से० [इसकी सज्ञा का रूप **खलखल** कुमाउनी मे पाया जाता है । —अनु०]); अ०माग० मे **गुमगुमायन्त**- आया है (कप्प० § ३७), **गुमगुमन्त**- मिलता है (ओव० § ४), **गुमगुमाइय** भी देखने मे आता है (ओव० § ५) ; शौर० मे **घुमघुमाअदि** पाया जाता है (जीवा० ४३, ३)[१] ; अ०माग० में **गुलगुलेन्त** (हाथियों की चिग्घाड़ : ओव० § ४२) और **गुलगुलेन्त** (उवास० § १०२) आये हैं ; अ०-माग० और जै०महा० मे **गुलुगुलाइय** मिलता है (पण्हा० १६१ [पाठ में **गुलगुलाइय** है] ; विवाह० २५३ ; ओव० § ५४ पेज ५९, ७ ; एर्से०) ; जै०महा० में **घुरुघुरन्ति** आया है (= गुर्राना : एर्से० ४३, १०) ; माग० मे **घुलघुलाअमाण** पाया जाता है (मृच्छ० ११७, २३) जिससे सस्कृत रूप **घुरुघुर** (हेच० शब्दानुशासन) ; **टिरिटिल्लइ** जिसका अर्थ वेश बदलकर भ्रमण करना है (हेच० ४, १६१) ; महा० मे **थरथरेइ** (हाल १८७ ; इस ग्रंथ में अन्यत्र आये हुए इस रूप के साथ यहाँ भी यही पढा जाना चाहिए ; ८५८) और **थरथरेन्ति** आये हैं (हाल

१६५ [आर. (R) हस्तलिपि के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) ; जै०-महा० में **थरथरन्ती** रूप है (आव०एर्त्से० १२, २५ ; पाठ मे **थरहरन्ति** है) ; शौर० में **थरथरेदि** मिलता है (मृच्छ० १४१, १७ ; गौडबोले द्वारा सम्पादित संस्करण के ३८८, ४ के अनुसार यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) । **थरथराअन्त**- भी है (मालती० १२४, १) = संस्कृत **थरथरायते**, मराठी **थरथरणें**, उर्दू [= हिंदी । — अनु०] **थरथराना**[१] और गुजराती **थरथरवुं** है । अ०माग० में **धगधगन्त** पाया जाता है जिसका अर्थ **जाज्वल्यमान है, धगधगाइय** भी है (कप्प० § ४६) ; शौर० मे **धगधग्गअमाण** आया है (जीवा० ८९, २) ; जै०महा० और अ०माग० में **धमधमें न्त**- है (एर्त्से० ; उवास०) ; शौर० में **धमधमाअदि** आया है (नागा० १८, ३), जै०महा० मे **फुरफुरन्त**- मिलता है (एर्त्से० ८५, ५) ; शौर० मे **फुरफुरा-अदि** पाया जाता है (मृच्छ० १७, १५) ; अ०माग० में **मघमघें न्त- है** (ओव० § २ ; नायाध० § २१ [पाठ मे **मघमघिन्त है**] ; राय २८ और १११ ; जीवा० ५४३ ; सम० २१०), **मघमघन्त**- भी आया है (कप्प० [यहाँ भी पाठ मे **मघ-मघिन्त है**] ; राय० ६० और १९० ; जीवा० ४९९ ; विवाह० ९४१) ; महा० में **महमहइ** आया है (हेच० ४, ७८ ; हाल) ; जै०महा० मे **महमहिय** (पाइय० १९७) = मराठी **मघमघणें** और गुजराती **मघमघवुं**[२] है [यह रूप कुमाउनी में भी है । —अनु०] ; अ०माग० मे **मसमसाविज्जइ** (विवाह० २७० और ३८३) ; अ०-माग० और जै०महा० मे **मिसिमिसन्त-, मिसिमिसें न्त-, मिसिमिसिन्त-** (ओव० ; नायाध० ; कप्प० ; राय० ४४ ; आव०एर्त्से० ४०, ६) रूप मिलते है, साधारणतः **मिसिमिसिमाण** अथवा **मिसिमिसेमाण** का प्रचार है (विवाग० १२१ और १४४ ; नायाध० ३२४ ; ४५६ ; ६१२ ; ६५१ ; ११७५ ; विवाह० २३६ ; २३७ ; २५१ ; २५४ ; ५०५ ; १२१७ आदि आदि ; निरया० ; उवास०) । इसका अर्थ टीकाकारों ने **दंदीप्यमान** दिया है और यह शब्द **मिषमिषायते** रूप मे संस्कृत में भी ले लिया गया है ; शौर० में **सिलसिलाअदि** आया है (जीवा० ४३, ३) ; महा० मे **सिमिसिमन्त**- है (हाल ५६१) ; शौर० मे **सिमिसिमाअन्त**- (बाल० २६४, २) ; महा० मे **सुरसुरन्त** (हाल ७४) = मराठी **सुरसुरणें**[३] है [हिन्दी में **सुरसुराना, सुरसुराहट** और **सुरसुरी** इसी के रूप हैं । —अनु०] ; जै०महा० में **सुलुसुलें न्त** रूप है (एर्त्से० २४, २९) । — दीर्घ स्वरवाले रूप महा० में **धुकाधुकइ**[१] (हाल ५८४) = मराठी **धुकधुकणें** और अ०माग० **हराहराइय** हैं (पण्हा० १६१) । शौर० रूप **सुसुआअदि** (मृच्छ० ४४, ३) जिसका अर्थ 'सु सु करना' है और **सा** तथा **का** से बनाये गये शौर० **सासाअदि** और माग० **काका-अदि** (मृच्छ० ८०, १४ और १५) की भी तुलना करें ।

१. बीम्स, कम्पेरैटिव ग्रैमर ३, ८९ और उसके बाद ; त्साखारिआए गो० गे० आ० १८९८, ४६५ और उसके बाद, इसमें प्राकृत उदाहरण, विशेष कर हाल और औसगेवैल्ते महाराष्ट्री एर्त्सेलुंगन से संग्रहीत किये गये हैं । — २. हेमचन्द्र ३, १३८ पर पिशल की टीका । — ३. कप्पसुत्त० § ३६ पेज १०५

पर याकोबी की टीका ; त्साखारिआए, गो० गे० आ० पेज ४६६ नोटसंख्या २ की तुलना कीजिए। — ४. मृच्छकटिक १४१, १७ पेज ३०९ में स्टेन्सलर की टीका। — ५. हेमचन्द्र ४, ७८ पर पिशल की टीका ; कप्पसुत्त० § ३२ पेज १०४ में याकोबी के मत की तुलना करें। — ६. हाल ७४ पर वेबर की टीका। — ७. हाल ५८४ पर वेबर की टीका।

§ ५५९—प्रेरणार्थक के ढग से बनाये हुए नामधातु निम्नलिखित हैं : अ०माग० में **उच्चारेइ** (प्रेरणार्थक) **वा पासवणेइ वा खेलेइ वा सिंघाणेइ वा वन्तेइ वा पित्तेइ वा** आया है (विवाह० ११२) ; अ०माग० मे **उवक्खडेइ = *उपस्कृतयति** है (नायाध० ४२५ और ४४८), **उवक्खडिन्ति** (नायाध० ८५६), **उवक्खडेज्ज, उवक्खडिए** (आयार० २, २, २, २), **उवक्खडेउ** (उवास० § ६८), **उवक्खडेह** (नायाध० ४८३), बार-बार **उवक्खडावेइ** (विवाग० १२४ ; १३३ ; १९५ ; २०४ ; २०५ ; २३१ और २३३ ; नायाध० ४३० ; ६३२ ; ७३४ ; ७३६ ; १४३२ ; १४९६), **उवक्खडाविन्ति, उवक्खडावेॅन्ति** (कप्प० § १०४ ; नायाध० § ११४) और **उवक्खडावेत्ता** रूप पाये जाते हैं (नायाध० § ११४ ; पेज ४२५ ; ४४८ ; ४८२ ; विवाह० २२८) ; अ०माग० मे **ण्हाणेइ = *स्नानयति** है (जीवा० ६१०), **ण्हाणेॅन्ति** भी मिलता है (विवाह० १२६५) ; **तेअवइ = *तेजपयति** है जो **तेअ = तेजः** से निकला है (हेच० ४, १५२) ; जै०महा० मे **दुक्खावेइ** मिलता है जो **दुक्खामि** का प्रेरणार्थक है (§ ५५७) ; **दुहावइ = *द्विधापयति** है (फाड़ना ; दो टुकडे करना : हेच० ४. १२४) ; जै०महा० में **धीराविअ** आया है (सगर ८, १४) ; अ०महा० मे **पिणद्धेइ है** (नायाध० ७७५ [पाठ मे **पिणद्धइ है**] और ७७९) ; शौर० मे **पिणद्धाविद** मिलता है (शकु० ७४, १) ; महा० मे **विउणेइ** (पाठ मे **विउणेइ** है ; हाल ६८५) = **द्विगुणयति** है ; महा० मे **भस्मन्** से निकला रूप **भसणेमि** आया है (यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए ; हाल ३१२) ; अ०माग० मे **मइलिन्ति** (पण्हा० १११) और **मइलिय** (विवाह० ३८७) मिलते हैं ; महा० मे **मइलेइ, मइलेॅन्ति, मइलन्त** और **मइलिज्जइ** पाये जाते हैं जो **मइल** (= काला)[1] के रूप हैं ; महा० में **लहुएइ = लघयति है** (गउड० ११४८) ; महा० मे **सच्चवइ = सत्यापयति है** (हेच० ४, १८१ ; डेल्लिउस राडीकेस पेज ११ मे उद्धृत क्रम० १४ ; सस्करण मे ४, ६६ है और अशुद्ध पाठ **सच्छर** है), **सच्चविअ** (पाइय० ७८ ; गउड० ; हाल ; रावण०; शकु० १२०, ७) ; शौर० मे **सद्दामेमि = शब्दापयामि है** (मृच्छ० ५०, २४), **सद्दावेसि** (शकु० १३८, २) भी है ; अ०माग० मे **सद्दावेइ** मिलता है (कप्प० ; ओव० ; नायाध० ; निरया० आदि-आदि) ; शौर० मे **सद्दावेदि** आया है (मृच्छ० ५४, ८ ; १४१, १६), **सद्दावेहि** (मृच्छ० ५४, ५), **सद्दावइस्स** (मृच्छ० ६०, १) तथा **सद्दावीअदि** रूप मिलते है (मृच्छ० १५०, १७) ; जै०महा० और अ०माग० मे **सद्दावेॅत्ता, सद्दाविता** और **सद्दाविय** पाये जाते हैं (एर्त्से० ; कप्प० आदि-आदि), ये रूप **सद्देइ = शब्दयति** के प्रेरणार्थक है ; अ०माग० में **सिक्खावेइ**

(नायाध० १४२१ और उसके बाद) और शौर० मे **सिक्खावेहि** (रत्ना० २९३, १७) **शिक्षा** से निकले हैं ; शौर० मे **शीतल** से **सीदलावेदि** निकला है (उत्तररा० १२१, ७) ; शौर० में **सुक्खवीअन्ति** आया है (मृच्छ० ७१, ४) और माग० मे **शुस्कावइश्शं** (मृच्छ० १३३, १५) **शुष्क** से बने है ; महा० मे **सुख** से **सुहावेसि, सुहावेइ** और **सुहावेन्ति** मिलते हैं (गउड० ; हाल), शौर० **सुहावेदि** पाया जाता है (मल्लिका० २०१, १७) ।

१. त्साखारिआए ना० गो० वि० गे० १८९६, २६५ और उसके बाद की तुलना कीजिए जिसमें विद्वान लेखक ने मृदिल से मड्ल की व्युत्पत्ति बतायी है । § ५९५ की नोटसंख्या ५ भी देखिए ।

धातुसधित संज्ञा

(अ) अंशक्रिया

§ ५६०—परस्मैपदी वर्तमानकालिक अशक्रिया वर्तमानकाल के वर्ग से बनायी जाती है जिसके अन्त मे सबल समाप्तिसूचक चिह्न **-अन्त्** का वर्धित समाप्तिसूचक चिह्न **-अन्त** जोडा जाता है और इसका रूप **-अ** मे समाप्त होनेवाले धातु के समान चलता है (§ ३९७ ; ४७३—५१४) । बोली के हिसाब से, विशेष कर अ०माग० मे, बहुसख्यक ऐसे रूप मिलते है जिनमे सस्कृत रूप दिखाई देते हैं (§ ३९६), कभी-कभी एक धातुवाले सज्ञा की भाँति भी बनाया जाता है (§ ३९८) । स्त्रीलिंग का रूप सभी श्रेणियों के लिए **-अन्ती** मे समाप्त होता है : अ०माग० मे **असन्तीए = असत्याम्** (ओव० § १८३), जै०महा० मे **सन्ती** मिलता है (एर्त्से० ८, २२), किन्तु सती-साध्वी के अर्थ मे, महा० मे **सई** (हाल) = **सती** और 'छिनाल' **असई** (हाल) = **असती** ; अ०माग० मे **एज्जन्ति** = ***एयन्तीम्** है (§ ५६१ की तुलना कीजिए ; दस० ६३५, १०), **विणिमुयन्ति** = **विनिमुञ्चन्तीम्** है (जीवा० ५४२) और **अणुहोन्ती** = **अनुभवन्ती** है (पण्णव० १३७) ; महा० मे **अपावन्ती** = **अप्राप्नुवती** है (हाल ४८३) ; शौर० मे **हुवंती, पेक्खंती** और **गच्छंती** मिलते हैं (ललित० ५५५,५ ; ५६०, ११ ; ५६१, १४), **पसंसन्तीओ** = **प्रशंसन्त्यः** (बाल० २८९,२), **उद्दीवन्ती, भणन्ती** और **पढन्तीए** रूप आये है (मृच्छ० २,२२; ४१,२०; ४४,२) आदि-आदि । वररुचि ७,११ और हेमचन्द्र ३,१८२ के अनुसार स्त्रीलिंग का रूप पहले गण की निबल क्रियाओं से बनाया जा सकता है : **हसई** = ***हसती** = **हसन्ती** है और **वेवई**=***वेपती**=**वेपमाणा** है (हेमचन्द्र ३,१८२ सूत्र है **'ई च स्त्रियाम्'**। —अनु०]। परस्मैपदी **भविष्यत्कालिक** अशक्रिया के रूप निम्नलिखित है : अ०माग० मे **आगमिस्सं** (कर्ता- नपुसकलिंग और कर्मकारक पुलिंग ; आयार० १, ३, ३, २) और **भविस्सं** = **भविष्यत्** है (कप्प० § १७) किन्तु यह रूप **भविष्य** से भी सम्बन्धित किया जा सकता है जैसे कि जै०महा० मे **भविस्सचक्कवट्टी** (एर्त्से० १२, २५) और शौर० में **भविस्सकुट्टणि** रूप मिलते हैं (विद्ध० ५१, ११ ; कर्पूर० १३, २) । यही

समाप्तिसूचक चिह्न प्रेरणार्थक (§ ५५१-५५४), इच्छावाचक (§ ५५५), घनत्ववाचक (§ ५५६) और नामधातुओं की परस्मैपदी अंशक्रियाओं में आता है (§ ५५७-५५९)।

§ ५६१—आत्मनेपदी वर्तमानकालिक अंशक्रिया बिना गणों के भेद के वर्तमानकाल के वर्ग से (§ ४७३-५१४) अधिकांश में अन्त में **-माण** = संस्कृत **मान** जोड़कर बनाया जाता है (वर० ७, १० ; हेच० ३, १८१)। अ०माग० में यह विशेषकर बहुत चलता है, इस बोली में इसके सामने परस्मैपदी वर्तमानकालिक अंशक्रिया बहुत दब गयी है[1]। यह रूप अ०माग० में बहुधा परस्मैपदी पूर्ण क्रिया के साथ पाया जाता है। इस प्रकार के उदाहरण **अडमाने अडइ है** (विवाह० १९१); **फुसमाणे फुसइ** (विवाह० ३५४ और ३५५) मिलता है ; **पचक्खाइ पच्चक्खमाणे** (विवाह० ६०७) है ; **हणमाणे हडइ, सद्दहइ असद्दहमाणे, संवेॅल्लमाणे संवेॅल्लेइ** मिलते हैं (विवाह० ८४९ और उसके बाद ; १२१५ ; १३२५) ; **पेहइ पेहमाणे** आया है (पण्णव० ४३५) ; **विगिञ्चमाणे विगिञ्चइ** देखा जाता है (आयार० १, ३, ४, ३) ; **पासमाणे पासइ, सुणमाणे सुणेइ** और **मुच्छमाणे मुच्छइ** रूप पाये जाते हैं (आयार० १, १, ५, २ और ३), **आइक्खमाणा आइक्खइ** भी मिलता है (ओव० § ५९)। पाली भाषा की भाँति अ०माग० और जै०महा० में भी **अस्** से एक आत्मनेपदी वर्तमानकालिक अंशक्रिया **समाण** बनायी गयी है (आयार० २, १, १, १ और उसके बाद ; ठाणग० ५२५ और ५२६ ; विवाग० १३ ; ११६ ; २३९ ; पण्हा० ६७ ; विवाह० २६३ ; २७१ ; १२७५ ; १३८८ ; पण्णव० ४३६ ; उवास० ; कप्प० ; निरया० ; एर्से० ; सगर ४, ९ ; आव०एर्से० २९, १६, ३५, २५ आदि-आदि)। **पमाण = प्रविशन्** (देशी० १, १४४) है = **अयमाण है,** अ०माग० में **पॅज्जमाण** आया है (उवास० § ८१ ; २१५ ; २६१ ; विवाग० २२९; नायाध० ४८७ ; ४९१ ; ५१४ ; ५७५ ; ७५८ ; ७६० आदि आदि ; विवाह० १२०७) = **एयमाण** है ; § ५६० में **पॅज्जन्ति** की तुलना कीजिए। — **हॉज्जमाण** (§ ४६६) का सम्बन्ध प्रार्थनावाचक से है।

१. वेबर, भगवती १, ४३२।

§ ५६२—यही समाप्तिसूचक चिह्न आत्मनेपदी भविष्यत्कालिक अंशक्रिया में आता है : अ०माग० में **एस्समाण** आया है (ठाणग० १७८) जो प्रेरणार्थक है (§ ५५१-५५४), इच्छावाचक भी है (§ ५५५), घनत्ववाचक (§ ५५६) और नामधातु भी (§ ५५७-५५९)। कर्मवाच्य में आंशिक रूप से परस्मैपद का समाप्तिसूचक चिह्न काम में लाया जाता है, विशेषतः शौर० और माग० में और आंशिक रूप से आत्मनेपद का समाप्तिसूचक चिह्न लगता है, विशेषकर अ०माग० में (§ ५३५-५४८)। — **माण** के स्थान में कभी कभी अ०माग० में **मीण** काम में लाया जाता है : **आगममीण** है (आयार० १, ६, ३, २ ; १, ७, ४, १ ; १, ७, ६, २ ; १, ७, ७, १); **समणुजाणमीण** (आयार० १, ६, ४, २ ; १, ७, १, ३) आया है ; **आढायमीण** (आयार० १, ७, १, १ ; १, ७, २, ४ और ५) ; **अणाढायमीण** (आयार० १,

७, १, २) ; **अपरिग्गहमीण** पाया जाता है (आयार० १, ७, ३, १) ; **अममायमीण** मिलता है (आयार० १, ७, ३, २) ; **आसाएमीण = आस्वादयमाण है** (आयार० १, ७, ६, २) ; **अणासायमाण** भी आया है (आयार० २, ३, २, ४); **निकायमीण** (सूय० ४०५), **भिसमीण** (नायाध० § १२२ ; जीवा० ४८१ और ४९३ [टीकाकार द्वारा आदृत पाठ **भिसमाण** है ; § ५४१ में **भिसमाणी** की तुलना कीजिए [इसका रूप ***भिसवाणि** बनकर कुमाउनी में **भिसौणि हो** गया है । —अनु०]) ; **भिब्भिसमीण** रूप भी मिलता है (§ ५५६) । यह रूप जो अशोक के शिलालेखों में पाया जाता है[1] वह भी आयारंगसुत्त तक ही सीमित है और कई स्थलों मे इसका दूसरा रूप का अन्त **-माण** मे होता है । § ११० की तुलना कीजिए । —समाप्तिसूचक चिह्न **-आण** विरल है = सम्कृत **-आन** : अ०माग० में **बुयाबुयाणा = ब्रुवन्ती** 'ब्रुवन्तश्च' है (सूय० ३३४) । **विहम्ममाण = विघ्नन्** के स्थान में **विहम्माण** आया है (उत्तर० ७८७) । यदि हम इसे ***विहन्माण** के स्थान मे न रखना चाहें तो (§ ५४० और ५५० की तुलना कीजिए), **वक्कममाण** के स्थान मे **वक्कमाण** आया है (नायाध० § ४६–५०), जैसा कि कप्पसुत्त § ७४, ७६ ; ७७ मे मिलता है किन्तु वहाँ भी § ७४ और ७६ मे दूसरा रूप **वक्कमाण** मिलता है । **-आण** के स्थान में महा० मे **-ईण** है जो **मेलीण** मे पाया जाता है (हाल ७०२) और **मिल्** के **मेलइ** का रूप है (§ ४८६) । सस्कृत **आसीन** की तुलना कीजिए जो रूप प्राकृत मे भी पाया जाता है ।

१. ब्यूलर०, त्सा०डे०डौ०मौ०गे० ४६, ७२, इसका स्पष्टीकरण किन्तु शुद्ध नहीं है । § ११० देखिए ।

§ ५६३—वररुचि ७,११ के अनुसार स्त्रीलिंग का समाप्तिसूचक चिह्न **-माणा** है किन्तु हेमचन्द्र ३, १८२ के अनुसार यह **-माणी** है । अ०माग० मे सर्वत्र समाप्तिसूचक चिह्न **-माणी** का ही प्राधान्य है : **समाणी, संलवमाणी, आहारेमाणी, अभिसिञ्चमाणी** और **उद्धुव्वमाणीहिं** रूप है (कप्प०) ; **भुञ्जमाणी, आसाएमाणी** और **उवदंसेमाणी** आये हैं (उवास०) ; **पच्चणुभवमाणी, परिहायमाणी** और **उद्धुव्वमाणीहिं** मिलते है (ओव०) ; **विसट्टमाणि** (ठाणंग० ३१२), **रोयमाणी** (विवाग० ८४ ; विवाह० ८०७), **सूयमाणीए** (विवाह० ११६), **देहमाणी** (विवाह० ७९४ और ७९५), **विणिम्मुयमाणी** (विवाह० ८२२), **एँज्जमाणीओ** (निरया० ५९), **दुरुहमाणी** (दस० ६२०, ३३), **जागरमाणीए** (विवाह० ११६), **पडिजागरमाणी** (कप्प० ; उवास०), **डज्झमाणीए** और **दिज्जमाणि** (उत्तर० २८४ और ३६२), **धिक्कारिज्जमाणी** और **थुक्कारिज्जमाणी** (नायाध० ११७५) रूप भी पाये जाते हैं । जै०महा० में यही स्थिति है : **समाणी** है (कालका० २६०, २९ ; एर्त्से० ३६, १४ ; ५३, ५ में **समाणा** रूप अशुद्ध है) ; **करेमाणीओ** और **पेहमाणीओ** आये हैं (आव०एर्त्से० ११, १४ ; १७, १०) ; **पडिक्खमाणी, झायमाणी, पलोएमाणी, कुणमाणी, खज्जमाणीए, निवडमाणी** और **रुयमाणी** मिलते हैं (एर्त्से० ८, १४ ; ११, १९ ; १७, ८ ; २३, १३ ; ३९, ७ ; ४३, १९), **करेमाणी** भी पाया जाता है (द्वार० ५०३, ३०) । वेबर ने महा० से हाल के निम्नलिखित उदा-

हरण दिये हैं : **पसूअमाणाए** (१२३), **भणमाणा** (१४५), **जम्पमाणा** (१९८), **मज्जमाणाए** (२४६), **वेअमाणाए** (३१२) किन्तु **जमामाणीए** भी है (३८९)। आर. (R) हस्तलिपि के पाठ मे केवल १९८ मे **–माणा** मिलता है अन्यथा सर्वत्र **माणीए** आया है, स्वयं १४५ में भी जहाँ **भणमाणीए** पढा जाता है, भुवनपाल की हस्तलिपि के पाठ में (इण्डिशे स्टुडिएन १६, और उसके बाद) सर्वत्र ही **–माणी** और **–माणीए** मिलता है, जैसा कि एस. (S) और टी. (T) हस्तलिपियों में भी अधिकांश मे पाया जाता है। इसका अर्थ यह हुआ कि **–ई–** वाला रूप आर[1]. (R) और भुवनपाल की हस्तलिपियो मे ही अर्थात् दोनों जैनहस्तलिपियो के पाठों में ही नहीं मिलता, ऐसा नही है, यह विशेषता उनमे ही नहीं पायी जाती। महा० की जै०महा० और अ०माग० से अन्य कई बातों मे जो मेल है, उन्हे देखकर महा० के लिए भी **–ई** शुद्ध माना जाना चाहिए, न कि **–आ**। अन्य महा० ग्रथों मे उदाहरण नहीं मिलते। शौर० में स्त्रीलिंग का रूप सदा **–आ** मे समाप्त होता है : **निवसमाणा, वत्तमाणा** और **वत्तमाणाए** (विक्र० ५, ११ ; ३५, ११ और १२) रूप आये है ; **अपडिवज्जमाणा** (विक्र० ५२, १४) मिलता है : **अहिभूअमाणा, आउलीअमाणा** तथा **अहिणन्दीअमामाणा** रूप पाये जाते है (शकु० १६, १० ; १७, १२ ; ७९, १०); **बाधीअमाणा** है (विक्र० २८, १) ; **अणुणीअमाणा** चलता है (मृच्छ० २३, २३ और २५) और **सिञ्चमाणा** मिलता है (मालती० १२१, २)। पै० में **चिन्तयमाणी** देखा जाता है (हेच० ४, ३१०)।

१. वेबर, हाल २ भूमिका का पेज उनतीस ; हाल १२३ की टीका की तुलना कीजिए।

§ ५६४—कर्मवाच्य की भूतकालिक अशक्रिया सस्कृत की भाँति ही शब्द के अन्त मे **–त** और **–न** प्रत्यय लगाकर बनायी जाती है। सस्कृत से केवल इतना ही भेद कहीं-कहीं पर देखने में आता है कि प्राकृत मे कुछ स्थलों पर सीधे धातु मे ही **–त** जोड दिया जाता है, किन्तु सस्कृत मे यह **इ–** वर्ग मे लगाया जाता है : **ओहट्ट** (= हास : देशी० १, १५३) = ***अपहस्त = अपहसित** (§ १५५) ; **खुट्ट** (= तोड़ा हुआ ; त्रुटित : देसी० २, ७४ ; § ५६८ की तुलना कीजिए) ; **लट्ठ** (= अन्यासक्त ; मनोहर ; प्रिय वचन बोलनेवाला : देशी० ७, २६) = ***लष्ट = लषित** है। यह **लट्ठ** शब्द अ०माग० में **लाढ** है जो § ६६ और ३०४ के अनुसार बना है (आयार० २, ३, १, ८ ; सूय० ४०१ ; उत्तर० ७६ ; ४५३ ; ४५४) जिसका अर्थ टीकाकारो ने **साधु, साध्वनुष्ठाने तत्पर, सदनुष्ठानतया** प्रधान तथा इसी प्रकार के अन्य अर्थ बताये है। संस्कृत **राढा** की तुलना कीजिए। महा० में **वुत्थ** (पाइय० २२५ ; रावण० ११, ८८ और ९०), **उव्वुत्थ** (गउड० ५३८) और **पउत्थ** रूप आये हैं (हाल ; रावण०); जै०महा० मे **पवुत्थ** (आव०एर्त्सें० २३, ७ ; २५, ७) तथा **पउत्थ** रूप मिलते हैं (एर्त्सें०) ; महा० मे **पडिउत्थ** (रावण० ४, ५०) पाया जाता है जिसके स्थान में सी. (C) हस्तलिपि मे **परिउत्थ** (देशी० ६, १३) पढ़ा जाना चाहिए अथवा **परिवुत्थ** रूप होना चाहिए (गउड० ५४०) जो **वस्** (= वास करना) से निकला

है = *वस्त, अ से फिर दूसरी बार इसका उ में परिवर्तन हुआ है (§ १०४ और ३०३)। इसके साथ-साथ महा० का नियमित रूप **उसिअ** = **उषित** पाया जाता है (गउड० ४८४ और ९३३) और वर्तमानकाल के वर्ग से महा० मे **वसिअ** (पाइय० २२५ ; गउड० ; हाल) तथा **उव्वसिअ** और **पवसिअ** भी आये हैं (हाल) ; शौर० में यह **उववसिद** हो जाता है (मृच्छ० ५४, १६) । — महा० मे **णिअत्थ** = ***निवस्त** है (कर्पूर० ४६, १२), यह **वस्** से बना है (= कपड़े पहनना), अ०माग० में **पणियत्थ** = ***प्रनिवस्त** है (ओव० § [३८]) । जै०महा० मे **नियत्थिय** (एर्से० ५९, ३१) = **निवस्त्रित** है । § ३३७ की तुलना कीजिए । जै०महा० में **तुट्ट** = **त्रुटित** है (एर्से० ७१, २८), अप० में **तुट्टउ** है (हेच० ४, ३५६) । — अ०माग० मे **अणालत्त** = ***अनालप्त** है (उवास० § ५८) ; जै०महा० में **संलत्त** मिलता है (एर्से०) । — अप० मे **तिन्त** = **तिमित** है (हेच० ४, ४३१, १ ; [यह शब्द **तिनो** रूप में कुमाउनी मे प्रचलित है । —अनु०]) । — महा० में **गुरथ** = ***गुत्फ** = **गुफित** (हाल ६३ ; कर्पूर० ६९, ८ ; ७३, १०)[1] **ग्रह्** सामान्यक्रिया (§ ५७४) और कृदन्त की भाँति **–ई–** वाले रूप नहीं बनाता है बल्कि **–इ–** वाले बनाता है (हेच० १, १०१) : महा० मे **गहिअ** रूप है (गउड० ; हाल ; रावण० ; शकु० १२०, ६) ; जै०महा० मे **गहिय** मिलता है (उवास० ; ओव० ; कप्प० ; नायाध०) ; जै०शौर० और शौर० में **गहिद** पाया जाता है (पव० ३८९, १ : मृच्छ० ३, २३ ; १५, ५ ; ५०, २) ; ५३, १० ; शकु० ३३, १४ ; ४०, ४ ; ९६, ९ ; विक्र० १९, १६ ; ३१, १३ ; ८०, १५ और २०) ; माग० में **गहिद** (मृच्छ० १६, १४ ; १७ और २१ ; १३३, ७ ; १५७, ५) तथा **गिहिद** (मृच्छ० ११२, १०) रूप पाये जाते हैं । नाटकों के पाठों में बहुत अधिक बार **गहीद** और **गिहीद** रूप पाये जाते है जो केवल पद्य मे शुद्ध है जैसे अ०माग० में **गहीद** (मृच्छ० १७, १ ; १७०, १५) ।

१. हाल ६३ पर वेबर का मत भिन्न है ।

§ ५६५—सभी प्राकृत बोलियों मे परस्मैपदी आसन्न भूतकालिक अंशक्रिया बार बार वर्तमानकाल के वर्ग से बनायी जाती है । वर्तमानकाल के वर्ग के क्रमानुसार निम्नलिखित हैं : **तविअ** (हेच० २,१०५) और शौर० मे **संतप्पिद** आये है (मृच्छ० ७, १८ ; ८, १६), ये चौथे गण के हैं और साधारण रूप से **तत्त** = **तप्त** है ; अ०माग० मे **तसिय** और इसके साथ साथ **तत्थ** = **त्रस्त** है (विवाह० १२९१) ; शौर० में **जाणिद** = **ज्ञात** (ललित० ५६१, ३ ; मृच्छ० २८, ८) ; महा० **असहिअ** = **असोढ** है (गउड०) ; अ०माग० में **जढ़** = **हृष्ट्र** (= यज्ञदत्त : उत्तर० ७५३) ; अप० में **जिणिअ** मिलता है (§ ४७३) ; शौर० में **अणुभविद** (कर्पूर० ३३, ६) = **अनुभूत** है, महा० में **वाहरिअ** = **व्याहृत** (शकु० ८८, १) ; महा० मे **ओसरिअ** = **अवसृत** है (गउड० ; हाल ; रावण०), **समोसरिअ** भी मिलता है (गउड० ; हाल) ; अ०माग० और जै०महा० में **समोसरिय** = **समवसृत** है (हाल ; विवाग० १५१ ; उवास० ; निरया० ; आव०एर्से० ३१, २२ ; § २३५

की तुलना कीजिए) ; माग० में **णिश्शलिदश्श = निःसृतस्य है** (ललित० ५६६, १५) ; शौर० में **सुमरिद** तथा माग० में **शुमलिद = स्मृत** ; महा० में **वीसरिअ, विसरिअ,** जै०महा० में **विस्सरिय,** जै०शौर० में **वीसरिद** और शौर० रूप **विसुमरिद = विस्मृत है** (§ ४७८) ; माग० में **गाइद** रूप आया है (मृच्छ० ११७, ४) ; शौर० में **णिज्झाइद** मिलता है (मृच्छ० ९३, १५ ; विक्र० ५२, ११) ; जै० महा० में **ऋ** से **अच्छिव** बना है (आव०एर्त्से० २६, २८ ; एर्त्से० ३३, ३०) ; महा० में **इच्छिअ** रूप है (हाल ; रावण०) ; अ०माग० और जै०महा० में **इच्छिय** हो जाता है (उत्तर० ७०२ ; विवाह० १६१ और ९४६ ; ओव० § ५४ ; उवास० ; कप्प० ; आव०एर्त्से० ३९, ६ ; कालका० २७४, २६ ; एर्त्से०) ; शौर० में **इच्छिद** आया है (विक्र० २०, १९) ; अ०माग० और जै०महा० मे **पडिच्छिय** मिलता है (ओव० § ५४ ; विवाह० १६१ और ९४६ ; आव०एर्त्से० ३९, ६) ; यह रूप शौर० मे **पडिच्छिद** हो जाता है (मृच्छ० ७७, २५ ; १६१, ५ ; शकु० ७९, ९ ; मालती० १४०, ९ ; २५०,५) । ये दो **इष्** से बने है न कि **ईप्स्** धातु से (§ ३२८) ; **जिग्घिअ = घ्रात है** (देशी० ३, ४६) ; शौर० मे **अणुचिट्ठिद** पाया जाता है (मृच्छ० ५४, २ ; ६३, २५ ; विक्र० ८०, १५ ; मालवि० ४५, १४ ; ७०, ३ ; मुद्रा० २६६, ३) ; महा० मे **पुच्छिअ** है (हाल), जै०महा० मे यह **पुच्छिय** हो जाता है (एर्त्से० ; सगर २, ८), शौर० मे **पुच्छिद** बन जाता है (मृच्छ० २८, २१ ; मालवि० ६, १०) । इसके साथ साथ अ०माग० मे **पुट्ठ** रूप पाया जाता है (उत्तर० ३१ और ११३) ; शौर० मे **णिण्हुविद** मिलता है (शकु० १३७, ६) ; महा० मे **णच्चिअ** और **पणच्चिअ** है जो **नृत्** से बने हैं (हाल), अ०माग० मे **पडियाइक्खिय** है (कप्प० , ओव० § ८६) तथा इसके साथ साथ **पच्चक्खाअ** रूप भी चलता है = **प्रत्याख्यात** है (ओव० § ५७) ; अ०माग० में **बुइय** आया है (आयार० १, ८, १, २० ; १, ८, २, १ ; उत्तर० ५०९) = ***ब्रुवित है, अहाबुइय = *यथाब्रुवित** है (सूय० ५३१) । ये वर्तमानकाल के वर्ग **ब्रुव-** से बने हैं (§ ४९४) ; **दुहिअ = दुग्ध** है (देशी० १, ७) ; अप० मे **हणिय = हत है** (पिंगल १, ८५ ; १४६ अ [यह **हणिय** कुमाउनी मे **हाणिय** रूप मे वर्तमान है । --अनु०] , इसके साथ-साथ **हत्त** भी चलता है (§ १९४) ; शौर० मे **आचक्खिद** पाया जाता है (§ ४९९) ; महा०, अ०माग०, जै०महा० और शौर० मे **आहत्त** रूप आया है (पाइय० २४० ; हेच० २, १३८ ; गउड० ; हाल ; रावण० ; इनमें **रभ्** देखिए ; ठाणंग० ५११ ; विवाह० ३४ और ४३३ ; पण्णव० ५४० ; राय० ७८ ; एर्त्से० ; द्वार० ४९६, १३ ; ४९८, १४ और ३७ ; सगर ४, ५ ; ७, ११ ; तीर्थ० ६, २० ; ७, ३ और १५ ; आव०एर्त्से० १२, २४ ; ४४, २ ; मल्लिका० २२३, १२ ; २५२, १३) ; महा० मे **समाढत्त** है (हाल) ; महा०, जै०महा० और शौर० में **विढत्त** मिलता है (हेच० ४, २५८ ; गउड० ; रावण० ; एर्त्से० ; मृच्छ० २, २३ ; अनर्घ० २७५, ७ ; २९०, २), अप० मे **विढत्तउँ** है (हेच० ४, ४२२, ४) । ये सब **दध्-** के रूप हैं जो **धा** से निकला है = **धत्त** जो **हित** के स्थान मे आया है, यदि **हम इसे**

प्रेरणार्थक की ओर खींचें तो (§ २८६) । § २२३ की तुलना कीजिए । यह *घत्त, बहुत सम्भव है, अ०माग० निघत्त (इसका दूसरा रूप अन्यत्र निहत्त पाया जाता है ; ठाणंग० ४९६) और इसका टीकाकार द्वारा आदृत अर्थ निकाचित (!) और निश्चित है ; जढ भी मिलता है (= त्यक्त : हेच० ४, २५८), अ०माग० में विजढ भी आया है (उत्तर० १०४५ ; १०४७ ; १०५२ ; १०५५ ; १०५८ ; १०६६ ; १०७१ ; १०७४ ; १०७७ ; १०९५ ; जीवा० २३६ और उसके बाद), विप्पजढ देखा जाता है (आयार० १, ६, १, ६ ; निरया० § १६ ; विवाग० २३९ ; नायाध० ४३५ ; ४४२ ; ११६७ ; १४४४ ; विवाह० ४५४ ; अणुओग० ५० और ५९६ [यहाँ पाठ मे विप्पजड्ड है]) । ये सब वर्तमानकाल के रूप जहइ से बने हैं (§५००), इस प्रकार *जाढ और उसके ह्रस्व रूप के लिए § ६७ के अनुसार जह् धातु का आविष्कार हुआ, अ०माग० मे विप्पजहिय भी आया है (नायाध० १४४८) ; अ०माग० मे तच्छिय है (उत्तर० ५९६) ; जै०महा० मे वित्थरिय = विस्तृत है (एर्त्से०) , शौर० मे विचिणिद = विचित है (माल्ती० २९७, ५) ; अप० में पाविअ देखने मे आता है (हेच० ४, ३८७, १) ; अप० मे भज्जिअ भी मिलता है (पिंगल १, १२० अ) ; अ०माग० और जै०महा० मे विउव्विय (ओव० ; नायाध० ; आव०एर्त्से० ३०, १८) और वेउव्विय भी पाये जाते है (आयार० पेज १२७, १४ ; द्वार० ५०७, २८) जो विउव्वइ से बने हैं (§ ५०८) ; विकुर्वित की तुलना करं ; महा० मे जाणिअ है (हेच० ४, ७), शौर० मे जाणिद आया है (मृच्छ० २७, २१ ; २८, १७ और २४ ; २९, १४ ; ८२, १५ ; १४८, २३ ; १६६, ९ ; मुद्रा० १८४, ४ ; विद्ध० २९, २), अणभिजाणिद मिलता है (मृच्छ० ५३२, २) और पच्चभिआणिद पाया जाता है (उत्तररा० ६१, ७ ; ६२, ७) ; माग० मे याणिद हो जाता है (ललित० ५६६, ८) ; अप० मे जाणिउ मिलता है (हेच० ४, ३७७ ; ४२३, १ ; विक्र० ५५, १ [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) । महा० मे णाअ रूप आया है (रावण०), जै०महा० मे नाय हो जाता है (एर्त्से०; कालका०), शौर० मे संधि– समास में णाद = ज्ञात है, जैसा कि अब्भणुण्णाद आया है (शकु० ८४, ११ ; विक्र० १२, १४ ; २९, १३ ; ३९, २० ; ४६, ३ ; ८४, २ ; मुद्रा० ४६, ८), विण्णाद (मृच्छ० ३७, २१ ; शकु० ७३, ५ ; १६८, १५ ; विक्र० २९, २१ ; ८०, ४ ; मालवि० ४६, १६ ; ४७, ३), अविण्णाद (मालवि० ३४, ७) और पड्डिण्णाद रूप भी पाये जाते हैं (मालवि० १३, ९ ; ८५ २) ; शौर० मे क्री से बने किणिद और विक्किणिद रूप मिलते हैं (§ ५११) । णिअ = नीत तथा सन्धिवाले रूपों के विषय मे § ८१ देखिए । खा और धा के विषय मे § १६५, आअ के सम्बन्ध मे § १६७, छड़ तथा उसके स– सन्धि रूपों के सम्बन्ध में § ६६, उव्वीढ के बारे में § १२६, *वुत्त, वूढ तथा इनके स– सन्धि रूपों के लिए § ३३७, अन्त में –इा लगाकर बननेवाली अ०माग० और माग० की अंशक्रिया के सम्बन्ध में § २१९, उसढ, निसढ, विसढ और समोसढ के लिए § ६७ और प्रेरणार्थक, इच्छावाचक, घनत्ववाचक तथा नामधातुओं के विषय में § ५११–५५९ देखिए । स्त्रीलिंग के अन्त

में **-आ** लगता है, केवल अप० मे **-ई** जोड़ा जाता है जैसे, **रुद्धी = रुद्धा** और **विट्ठी = इष्टा** हैं (हेच० ४, ४२२, १४ ; ४३१, १)।

§ ५६६— **-न** प्रत्यय केवल उन स्थलों पर ही जिनमें संस्कृत में इसका प्रयोग किया जाता है, काम में नहीं लाया जाता किन्तु प्राकृत बोलियों मे इसका प्रयोग-क्षेत्र बहुत अधिक विस्तृत हो गया है[1] : **खण्ण** (= छेद : देशी० २, ६६ [यह **खण्ण** कुमाउनी में **खड** और **खड्ड** तथा हिन्दी मे **खड्ड** और **खड्डा** बन गया है ; **गड्डा** प्राकृत रूप है जो संस्कृत **गर्तक** से निकला है। —अनु०]) ; अ०माग० और जै०- महा० मे **खत्त** भी उक्त **खण्ण** के साथ-साथ चलता है (देशी० २, ६६ ; विवाग० १०२ ; एर्त्से०[2] [**खत्त** कुमाउनी मे **खत्त** ही रह गया है ; इसका अर्थ है ढेर, इसे कुमाउनी मे खत भी कहते हैं ; देशी प्राकृत मे **खड्डा** रूप भी है जो खान का पर्यायवाची है। —अनु०]), अ०माग० मे **उक्खत्त** भी मिलता है (विवाग० २१४), महा० मे **उक्खाअ** (हाल), **उक्खअ** (गउड० ; रावण०) और **समुक्खअ** रूप पाये जाते हैं (हाल) ; वररुचि १, १० ; हेमचन्द्र १, ६७ की तुलना कीजिए ; जै०महा० मे **खय** (एर्त्से०) और **खणिय** रूप मिलते है (एर्त्से०), **उक्खय** भी आया है (एर्त्से०) ; शौर० मे **उक्खणिद्** पाया जाता है (उत्तररा० १००, ७ ; यहाँ यही पाठ पढा जाना चाहिए)। — महा० और शौर० मे ***चुक्न** से **चुक्क** रूप बना है (पाइय० १९१ ; हाल ; रावण० ; विद्ध० ६३, १) जो **चुकइ** का रूप है (हेच० ४, १७७), शौर० मे **चुक्कदि** मिलता है (विद्ध० ९३, २) जो भारतीय नवीन आर्यभाषाओ मे साधारणतः प्रचलित है[3] और स्वय धातुपाठ मे **चुक्क** [= व्यथने। —अनु०] के रूप मे मिलता है[4]। — महा० मे **छिक्क** मिलता है (= छुआ हुआ : पाइय० ८५ ; हेच० २, १३८ ; हाल ४८१ [आर. (R) हस्तलिपि के अनुसार यही पाठ पढा जाना चाहिए]) = ***छिक्न** जो ***छिक्** धातु से बना है, यह ***छिक्** धातु ***छिप्** और **छिवइ**[5] का कठ्यसह रूप है। — महा०, जै०महा० और अ०माग० में **डक्क** है (= काटा गया : हेच० २, २ ; हाल मे **दश** शब्द देखिए ; एर्त्से० ; पण्हा० ६५ और ५३७ ; ठाणग० ४३१) = ***दक्न**, इसका दूसरा अर्थ 'दाँतों से पकड़ा हुआ' भी है (देशी० ४, ६)। — प्राकृत मे **दिण्ण** रूप है जो जै०महा० और अ०माग० में **दिन्न** हो जाता है। यह ***दिद्न** से निकला है जिसमें प्राचीन द्विकार का स्वर **इ**[6] भी आया है। यह प्राकृत की सभी बोलियों मे बहुत चलता है (वर० ८, ६२ ; हेच० १, ४६ ; २,४३; पाइय० १८४) : महा० में यह मिलता है (गउड० ; हाल ; रावण०) ; जै०महा० मे इसका प्रचलन है (कक्कुक शिलालेख ११ और १५ ; आव०एर्त्से० १७, २० ; २७,१३ ; एर्त्से०; कालका० ; ऋषभ) ; अ०माग० में चलता है (उवास०; कप्प० ; ओव० आदि-आदि) ; जै०शौर० में पाया जाता है (कत्तिगे० ४०२, ३६३ ; ३६४ और ३६६) ; शौर० में आया है (मृच्छ० ३७, ८ ; ४४, ३ ; ५१, २३ ; शकु० ५९, ७ ; १५९, १२ ; विक्र० ४८, २ ; रत्ना० २९१, १) ; माग० में है (मृच्छ० ११३, २० ; ११७, ७ ; १२६, ७ ; शकुं० ११३, ८) ; अप० में भी इसका खूब प्रचलन है (विक्र० ६७,१९ ; हेच० में दा शब्द देखिए)। हेमचन्द्र १,४६ में दत्त

रूप का भी विधान करता है और यह रूप पल्लवदानपत्र ७, ४८ में **दत्ता** = **दत्ता** में मिलता है अन्यथा केवल व्यक्तिवाचक संज्ञाओं में पाया जाता है जैसे, **दत्तजस** (पल्लवदानपत्र ६, २१), **देवदत्तो** (हेच० १, ४६) ; शौर० में **सोमदत्तो** पाया जाता है (विक्र० ७, २)* । — महा० में **वुड्ड, आवुड्ड, णिवुड्ड** (हाल ३७ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) और **विणिवुड्ड** रूप मिलते हैं (गउड० ४९०) जो **ब्रुड** और **ब्रुड्** से बने हैं, इससे निकले नामधातु **वुड्डइ, आउड्डइ** और **णिउड्डइ** हैं (हेच० ४, १०१ ; वर० ८, ६८ की तुलना कीजिए) । — ***मुल्ल** के स्थान में **मुल्ल** आया है (कर्पूर० ११३, ६) । इसका सम्बन्ध भारतीय नवीन आर्यभाषाओं में बहुत चलनेवाले **भुल्लइ** से है (हेच० ४, १७७) । — महा० में **उम्मिल्ल** (गउड० ; हाल ; रावण०), **णिमिल्ल** (गउड० ; रावण०) और **ओणिमिल्ल** (रावण०) = ***उम्मील्ल, णिमिल्ल** और **ओणिमिल्ल** हैं जो **मील्** धातु से बने हैं । — प्राकृत की मुख्य बोलियों में **मुच्** से **मुक्त** रूप होकर **मुक्क** बना है, जो बार-बार देखा जाता है (हेच० २, २) : महा० में **मुक्क, अवमुक्क, आमुक्क, उम्मुक्क, पामुक्क, पडिमुक्क** और **परिमुक्क** मिलते हैं (गउड० ; हाल ; रावण०) ; जै०महा० में **मुक्क** (आव०एर्त्से० २३,२१ ; एर्त्से० ; ऋषभ० ; कालका०), **आमुक्क** (आव०एर्त्से० ३८, १२), **पमुक्क** और **परिमुक्क** (एर्त्से०) तथा **विमुक्क** पाये जाते हैं (एर्त्से० ; ऋषभ०); अ०माग० में **मुक्क** (उत्तर० ७०६ और ७०८ ; उवास० ; कप्प०), **उम्मुक्क** (पण्णव० १३६ ; उत्तर० १०३७), **विणिमुक्क** (उत्तर० ७५५), **विप्पमुक्क** (विवाह० १८६ ; २६३ ; ४५५ ; १३५१ [पाठ में **अविप्पमुक्क** है] ; उत्तर० १ ; पण्णव० १३४ और ४८३), **विमुक्क** (पण्णव० १३४ ; १३६ ; १३७ ; ८४८) रूप मिलते हैं ; शौर० में **मुक्क** (मृच्छ० ७१, ९ ; १०९, १९ ; विक्र० ४३, १९ ; ४७, २ ; प्रबोध० ४५, ११; बाल० २४, ९ ; १९५, ९ ; २०२, १६ ; २०४, १९ आदि-आदि), **पमुक्क** (बाल० २४६, १३ ; उत्तररा० ८४, २) और **विमुक्क** आये हैं (बाल० १७०, १४ ; २०३, १४ ; २१०, २ ; प्रसन्न० ३५,२ ; वेणी० ६२,७ ; ६३, ११ और १२ ; ६५,८ ; ६६, ९) ; माग० में **मुक्क** पाया जाता है (मृच्छ० २९, १९ और २० ; ३१, २३ और २५ ; ३२, ५ ; १३६, १६ ; १६८, ४ ; प्रबोध० ५०, १४ ; ५६, १०) ; ढक्की में भी **मुक्क** ही मिलता है (मृच्छ० ३१, २४ ; ३२, १) ; अप० में **मुक्काहँ** है (हेच० ४, ३७०, १) । हेमचन्द्र ने २, १२ में **मुत्त** का उल्लेख किया है जो अशुद्ध है और शौर० में **पमुत्त** में वर्तमान है (उत्तररा० २०, १२) । **मुक्ता** (= मोती) का रूप सदा ही **मुत्ता** होता है और **मौक्तिक** का नित्य **मोत्तिय** ९ ; शौर० में **मुक्क-मोत्तिय** (बाल० १९५, ९) की तुलना कीजिए । — **रग्ग** (हेच० २, १०) = ***रग्ण** = संस्कृत **रक्त** है, इसी से सम्बन्धित **रग्गअ** है (= कौसुम्भ वस्त्र : पाइय० २६१ ; देशी० ७, ३) ; उदाहरण केवल **रत्त** के मिलते हैं : महा०, जै०महा० और शौर० में यह रूप आया है (हाल ; एर्त्से० ; मृच्छ० ७१, ३ ; ७३, १२ ; शकु० १३४, १३ ; मालवि० २८, १७ ; ४५, ११) ; महा० में **लत्त** भी पाया जाता है (मृच्छ० १२९, १ ; नागा० ६७, ६) । — **रिक्क** = ***रिक्ण**

जो **रिच्** से बना है (पाइय० २१८ ; देशी० ७, ६ = स्तोक ; बहुत कम : हाल) ; **अइरिक्क** रूप मिलता है (हाल) और **पइरिक्क** तथा **पविरक्क** = ***प्रविरिक्ण** हैं (गउड० ; हाल ; रावण०) ; महा० और जै०महा० में **विरिक्क** मिलता है (गउड० ; आव०एर्त्से० ४७, २१ ; एर्त्से०), देशीनाममाला ६, ७१ के अनुसार इसके अर्थ 'विशाल' और 'एकान्त' हैं [देशीनाममाला के पूना संस्करण ६, ७१ में **विरिक्क** के स्थान मे **पइरिक्क** शब्द मिलता है, इसमें दिया गया है **पइरिक्कं च विसाले एगन्ते तह य सुण्णम्मि** । इतना ही नहीं, छठे वर्ग का श्रीगणेश ॥ **अथ पादिः** ॥ से किया गया है और इस सारे वर्ग मे पवर्ग अर्थात् क्रम से **प** से **म** तक देशी शब्द दिये गये है । हेमचन्द्र ने ७, ६४ मे **विरिक्क** शब्द भी दिया है और लिखा है **फाडिए विरिक्कं** अर्थात् **विरिक्क** का अर्थ 'फाड़ना' है वैसे टीका मे **विरिक्कं पाटितम्** है । — अनु०] ; **अणरिक्क** और **अवरिक्क** भी पाये जाते है (= बिना शुभ अवसर [देशीनाममाला मे **खणरहिये अवरिक्कअणरिक्का** है, इसके अर्थ के लिए १, २० मे उदाहरण रूप मे उद्धृत श्लोक की तुलना कीजिए । — अनु०] ; देशी० १, २०) ; उक्त रूपो के साथ साथ महा० मे **रित्त** = **रिक्त** है (पाइय० २१८ ; देशी० ७, ६ = थोड़ा : हाल) और **अइरित्त** रूप भी चलता है (रावण० १४, ५१ ; इसी काव्य मे अन्यत्र **अइरिक्क** भी है) । — महा० मे **रुण्ण** आया है (वर० ८, ६२ ; हेच० १, २०९ ; गउड०, हाल ; रावण०), **ओरुण्ण** और **परुण्ण** भी है (रावण०) किन्तु शौर० में **रुदिद** है (शकु० ३३, ४ ; रत्ना० ३१४, ३२ ; उत्तररा० २०, १२ ; चड० ९५, १० ; वृषभ० ५०, ५ ; धूर्त० ११, १२) । महा०, जै०-महा०, अ०माग० और शौर० मे **लुक्क** मिलता है जो **लुञ्च्** का रूप है (= फटा हुआ ; अलग फेका हुआ ; उपाड़े हुए बालवाला ; अलग किया हुआ और छिपाया हुआ) = ***लुक्क** है (हेच० २, २ ; हाल ; रावण० ; एर्त्से० ; कप्प० ; विद्ध० २७, ४) ; **उल्लुक्क** पाया जाता है (= टूटा हुआ : देशी० १, ९२) ; महा० और शौर० मे **णिलुक्क** मिलता है (हाल ; रावण० ; विद्ध० ५१, ७) ; जै०महा० मे **निलुक्क** हो जाता है (आव०एर्त्से० २३, १४) । इस बोली मे इसके नामधातु **लुक्कइ**, **उल्लुक्कइ** और **निलुक्कइ** भी देखने में आते हैं (हेच० ४, ५५ और ११६), जै०महा० में **निलुक्कन्तेहिं**, **निलुक्कन्तो** भी आये हैं (आव०एर्त्से० २३, १७ और १९) । — महा० मे **लिहक्क** है (= नष्ट : हेच० ४,२५८ ; गउड०), इसके साथ साथ ***लिक्क** भी आया है = ***श्लिक्क** है (§ २१०), इसके नामधातु **लिहक्कइ** और **लिक्कइ** भी मिलते हैं (हेच० ४, ५५) । — महा० में **सिच्** धातु का रूप **सिक्क** = **सिक्त** पाया जाता है (कर्ण० १४, १४), इसके साथ-साथ साधारण रूप **सित्त** = **सिक्त** भी चलता है । — **सक्क** = ***ष्वष्क**[११] है जो **ओसक्क** मे मिलता है (= खिसकना ; अपसरण : पाइय० १७८ ; देशी० १, १४९), इसके साथ-साथ महा० में **परिसक्किअ** भी देखा जाता है (हाल ६०८) । — अ०माग० में **सोॅल्ल** = **सूद** + **न** = **सूदित**, **सोॅल्लिय** है (§ २४४) । — **जुण्ण** और उसके संधियुक्त रूपों के लिए § ५८, **णुमण्ण** के विषय में § ११८, **उव्वेॅल्ल** के सम्बन्ध में § १०७ और **हूण** तथा उसके संधियुक्त रूपों

के लिए § १२० देखिए। स्त्रीलिंग का रूप –आ में समाप्त होता है, केवल अप० में कभी-कभी इसके अन्त में –ई देखी जाती है जैसे **दिण्णी** (हेच० ४, ४०१, ३)।

१. प्राकृत में –न प्रत्यय के अधिक विस्तार के विषय में एस० गौल्दश्मित्त, प्राकृतिका पेज ८, नोटसंख्या २ तथा योहानसोन, शाहबाजगढ़ी १, १८५ में ठीक निर्णय देते हैं। अन्यथा, जैसा कि योहानसोन ने पहले ही बता रखा है, एस० गौल्दश्मित्त की सभी व्युत्पत्तियाँ, जो इस सम्बन्ध में अपने काम की हैं, अशुद्ध हैं, स्वयं पी० गौल्दश्मित्त की जिनका उल्लेख ना० गे० वि० गो० १८७४, ५२० और उसके बाद के पेजों में है। पिशल, बे० बाइ० ६, ८५ और उसके बाद के पेज की तुलना करें। — २. याकोबी ने महाराष्ट्री एर्त्सेलुंगन में यह शब्द = खात्र दिया है जो अशुद्ध है ; § ९० भी देखिए। — ३. हेमचन्द्र ४, १७७ पर पिशल की टीका। — ४. हाल ४६५ पर वेबर की टीका। — ५. हाल ४८१ पर वेबर की टीका अशुद्ध है। — ६. पिशल, बे० बाइ० १५, १२६। — ७. हेमचन्द्र १, ४६ पर पिशल की टीका। — ८. हेमचन्द्र ४, १७७ पर पिशल की टीका। — ९. मृच्छकटिक २९, २० पर स्टेन्त्सलर की टीका ; हेमचन्द्र २, २ पर पिशल की टीका। § ६१ अ की तुलना कीजिए। — १०. हाल ४९ पर वेबर की टीका अशुद्ध है। — ११. हाल ६०८ पर वेबर की टीका।

§ ५६७—**पला** के साथ **इ** धातु की रूपावली संस्कृत की भाँति पहले गण के अनुसार चलती है : महा० मे **पलाअइ** (रावण० १५, ८ ; सी. (C) हस्तलिपि के साथ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), **पलाअन्त-** (गउड० ; हाल), **पलाइअव्व** (रावण० १४, १२ ; इस काव्य में ही अन्यत्र आये हुए दूसरे रूप के अनुसार यह पाठ पढ़ा जाना चाहिए), **विवलाअइ, विवलाअन्ति, विवलाअन्त-** और **विवलाअमाण** रूप भी पाये जाते हैं (गउड० ; हाल ; रावण०) ; जै०महा० मे **पलायइ** मिलता है (आव०एत्सें० १९, २२ ; एत्सें०), **पलायमाण** (आव०एत्सें० १८, १ ; एत्सें०), **पलायसु** (एत्सें० ९, ३७) और **पलाइउं** रूप भी आये हैं (आव०एत्सें० १९, १६) ; शौर० मे **पलाइदुकाम** आया है (मल्लिका० २२५ ; ११) ; माग० मे **पलाअशि** है (मृच्छ० ९, २३ ; ११, ७ ; १३२, ३), आज्ञावाचक मे **पलाअह्** मिलता है (चंड० ७३, २), वर्तमानकालिक अंशक्रिया **पलाअन्ती** है (मृच्छ० १६, २२), कृदन्त **पलाइअ** देखा जाता है तथा भविष्यत्काल का रूप **पलाइश्शं** आया है (मृच्छ० १२२,१३ ; १७१,१५)। –ऐ तथा **–आ** में समाप्त होनेवाले धातुओं के अनुकरण पर (§ ४७९ और ४८७) इसका संक्षिप्त रूप भी मिलता है : माग० में **पलामि** (मृच्छ० २२, १०) और **पलाशि** (मृच्छ० ११, २१) मिलते हैं ; ढक्की मे **पलासि** आया है (मृच्छ० ३०, ७) ; महा० में **विवलाइ** है (गउड० ९३४)। इसके अनुसार साधारण रूप महा० में **पलाइअ** (हाल ; रावण०), शौर० में **पलाइद** (विक्र० ४६, ५) और माग० में **पलाइद** (मृच्छ० १२, १९) = संस्कृत में **पलायित** है, किन्तु इन रूपों के साथ-साथ संक्षिप्त रूप **पला** एक कर्मवाच्य में भूतकालिक अंशक्रिया बनती है जिसका रूप महा० में **पलाअ** = *पलात और **विवलाअ** = *विपलात हैं

(रावण०), जै०महा० में **यह पलाय** हो जाता है (आव०एर्त्से० २३, १५ ; ३२, ५ ; एर्त्से०) । इससे ही सम्बन्धित **पलाअ** भी है (= चोर : देशी० ६, ८) । § १२९ और २४३ की तुलना कीजिए । जै०महा० मे अशक्रिया मे **-न** प्रत्यय भी लगता है : **पलाण** रूप पाया जाता है (एर्त्से०) जिसके **आ** के स्थान मे ढक्की में **ई** दिखाई देती है और जो **पपलीणु = प्रपलायित** मे आया है (मृच्छ० २९, १५ ; ३०, १) जैसे कि वर्तमानकालिक अशक्रिया **-मीण** और **-ईण** मे समाप्त होती है (§ ५६२) ।

§ ५६८—प्राकृत मे कुछ धातुओं की भूतकालिक अशक्रिया कर्मवाच्य में अन्त मे **-त** लगाकर बनती है । सस्कृत मे ऐसा नही होता । उसमें से रूप **-न** लगाकर बनाये जाते हैं : महा० मे **खुडिअ** (हेच० १, ५३ ; गउड० ; हाल ; रावण०) मिलता है, शौर० मे **खुडिद** है (मृच्छ० १६२, ७ ; अनर्घ० १५७, ९ ; उत्तररा० ११, १० [यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए]) = ***क्षुदित** = सस्कृत **क्षुण्ण**[1] ; महा० **उक्खुडिअ** (हाल ; रावण०) आया है ; **खुट्ट** भी मिलता है (= चूर चूर किया हुआ [खोटा ; त्रुटित ; टूटा हुआ । —अनु०] ; देशी० २, ७४), इसके साथ साथ जै०-महा० मे **खुत्त** भी पाया जाता है तथा महा० मे **खुण्ण** (पाइय० २२२ ; हाल ४४५)। **खुण्ण** (मढा हुआ : देशी० २, ७५) और आव० का **खुडिद** (= भगा दिया गया : मृच्छ० १००, १२)[2] दूसरी धातुओं से निकले है । **छइअ** (= छाया हुआ : हेच० २, १७ ; त्रिवि० १, ४, २२) = ***छदित** है । इसे व्याकरणकारो ने = **स्थगित** बनाया है[3] । इसके साथ साथ **छन्न** = सस्कृत **छन्न** के है [**छइअ** कुमाउनी मे प्रचलित है । —अनु०] । — **विद्दाअ** (हेच० १, १०७) तथा जै०महा० रूप **विद्दाय** (आव०-एर्त्से० १७, ३२) = ***विद्रात** = सस्कृत **विद्राण** है । — अ०माग० का **अमिलाय** (कप्प० § १०२) = ***अम्लात** = संस्कृत **अम्लान** है । महा० का **लुअ** (हेच० ४, २५८ ; देशी० ७, २३ ; रावण०) = ***लूत** = सस्कृत **लून** है ।

1. पिशल, बे०बाइ० १५, १२५ और उसके बाद । — २. मृच्छकटिक १००, १२ पेज २८८ में स्टेन्सलर की टीका । — ३. पिशल, बे०बाइ० १५, १२५ ।

§ ५६९—अ०माग० रूप **पुट्ठवं = स्पृष्टवान्** में एक परस्मैपदी भूतकालिक अंशक्रिया पायी जाती है (आयार० १, ७, ८, ८) किन्तु कर्मवाच्य के अर्थ में अन्यथा यह रूप केवल बाद के लेखकों और आलोचनाहीन संस्करणों में देखा जाता है : शौर० में **किदवन्तो** [!], **सुदवन्देण** [!], **भुत्तवन्तेण** और **उत्तवन्तो** पाये जाते हैं (जीवा० ४०, २६ ; ४२, १५ ; ५३, ११ ; ८७, ३) ; **भणिदवन्तो, गविदवन्तो** और **चलिदवन्तो** भी हैं (चैतन्य० ३८, १३ ; १२८, ५ ; १३०, १८) ; **पेंक्खिदवन्तो** [पाठ मे **पें स्खिदवन्तो** है], **आअदवन्तो, अदिवाहिदवन्दो** [!] और **अणुभूदवन्दो** भी मिलते हैं (मल्लिका० १५५, १८ ; २०९, १ ; २२२, १२) ; **संपादिअवन्दो** [!] और **पेसिदवन्तो** भी आये हैं (अद्भुत० ५८, १० ; ११९, २५) ; माग० में **गविदवन्तो** [!] और **गिलिअवन्ते** रूप मिलते हैं (चैतन्य० १५०, ५ और ६) ; स्त्रीलिंग का रूप शौर० में **पडिच्छिदवदी** (विद्ध० ४३, ६) और **जीवदवदी** (मल्लिका० २५९, ३) आये हैं ।

§ ५७०—कर्तव्यवाचक अंशक्रिया जिसके अन्त में -तव्य जोड़ा जाता है बहुत बार वर्तमानकाल के वर्ग से बनायी जाती है : **हसेअव्व** और **हसिअव्व** = **हसितव्य** है (हेच० ३, १५७ ; क्रम० ४, ३९) ; अ०माग० और जै०महा० में **होयव्व** = **भवितव्य** है (कप्प० ; एर्से०), शौर० तथा माग० में यह **होदव्व** हो जाता है, जै०शौर० और शौर० मे **भविदव्व** भी मिलता है, माग० में **हुविदव्व** भी है (§ ४७५ और ४७६) ; जै०महा० में **अच्छियव्व** (द्वार० ५००, ९ ; ५०१, ८) आया है ; शौर० में **अवगच्छिदव्व** मिलता है (मृच्छ० ६६, ३) ; अ०माग० मे **चिट्ठियव्व** (विवाह० १६३) और शौर० में **अणुचिट्ठिदव्व** रूप देखा जाता है (मुद्रा० ५०, ४) ; अ०माग० मे **पुच्छियव्व** = **प्रष्टव्य** है (सूय० ९८६ ; ९८९ ; ९९२), **पुच्छेयव्व** भी मिलता है (कप्प०) ; शौर० में **पुच्छिदव्व** (शकुं० ५०, ५ ; हास्या० २७, १३) आया है ; अ०माग० मे **विकृत्** धातु से **विगिञ्चियव्व** बना है (§ ४८५; दस०नि० ६४६, ३) ; महा० में **हसिअव्व** है (हाल) ; अ०माग० मे **पश्** धातु से **पासियव्व** निकला है (पण्णव० ६६७ ; कप्प०) ; शौर० मे **संतप्पिदव्व** पाया जाता है (मृच्छ० ९४, ३) और **णच्चिदव्व** भी है (प्रिय० १९, ११ और १२ ; २६, ६ ; २७, ५ ; कर्पूर० ४, १) ; अ०माग० में **परितावेयव्व** = **परितापयितव्य** है और **उद्दवेयव्व** = **उद्रावयितव्य** है (आयार० १, ४, १, १), **दमेयव्व** = **दमयितव्य** है (उत्तर० १९) ; शौर० मे **सुमराइदव्व** (प्रिय० १४, ७) मिलता है ; शौर० में **आसिदव्व** भी है (प्रिय० १४, ३) ; जै०महा० में **सोयव्व** = **स्वप्तव्य** है (आव०एर्से० ३९, १६) ; शौर० में यह **सुविदव्व** बन जाता है और **सुइदव्व** भी (मृच्छ० ९०, २० ; शकु० २९, ७) ; शौर० में **दादव्व** (चैतन्य० ८४, ६ और १३ ; जीवा० ४३, १०) और **सुणिदव्व** रूप हैं (मुद्रा० २२७, ६) और इसके साथ-साथ **सोदव्व** भी आया है (शकु० १२१, १०), महा० मे यह **सोअव्व** हो जाता है (रावण० २, १०) तथा जै०महा० मे **सोयव्व** (आव०एर्से० ३३, १९) ये सब रूप **श्रु** के है ; अ०माग० में **भिन्दियव्व** आया है (पण्हा० ३६३ और ५३७) ; अ०माग० मे **भुञ्जियव्व** भी मिलता है (विवाह० १६३) किन्तु इसके साथ-साथ **भोत्तव्व** भी चलता है (हेच० ४, २१२ ; क्रम० ४, ७८) ; अ०माग० मे **जाणियव्व** (पण्णव० ६६६ ; कप्प०) तथा **परिजाणियव्व** पाये जाते हैं (आयार० १, १, १, ५ और ७ ; शौर० रूप **जाणिदव्व** हो जाता है (प्रिय० २४,१६) ; माग० में इसका रूप **याणिदव्व** है (ललित० ५६५, ७) ; जै०शौर० में **णादव्व** है (कत्तिगे० ४०१, ३५२ ; पाठ मे **णायव्व** है) ; जै०शौर० मे **मुणेदव्व** भी आया है (पव० ३८०, ८ ; पाठ में **मुणेयव्व** है) ; शौर० में **गेण्हिदव्व** मिलता है (मृच्छ० १५०, १४ ; विक्र० ३०, ९) जब कि **घेत्तव्व** (वर० ८, १६ ; हेच० ४, २१०) का विधान है ; अ०माग० में **परिघेत्तव्व** (आयार० १, ४, १, १ ; १, ५, ५, ४ ; सूय० ६४७ और उसके बाद ; ६९९ ; ७८३ ; ७८९) और **ओघेत्तव्व** (कप्प०) आये हैं जो ***घृप्** के रूप हैं (§ २१२) । हेमचन्द्र ४, २११ के अनुसार **वच्** की कर्तव्यवाचक अंशक्रिया का रूप **वोत्तव्व** होना चाहिए तथा इस विधान के अनुसार शौर०

में विक्रमोर्वशी २३, १५ में यही रूप मिलता है। इस कारण कि शौर० में **वच्** की सामान्यक्रिया का रूप कभी **वोत्तुं** नहीं बोला जाता किन्तु सदा **वत्तुं** रहता है (§ ५७४) इसलिए बम्बइया संस्करण ४०, ९, पिशल द्वारा सम्पादित द्राविडी संस्करण ६३०, १४ = पण्डित का संस्करण ३९, ४ के अनुसार **वत्तव्व** पढ़ा जाना चाहिए, मृच्छकटिक १५३, १५ मे भी यही रूप है तथा जै०महा० और अ०माग० में भी यही पाया जाता है (एर्त्से० ; सूय० ९९४ और ९९६ ; विवाह० १३९ और २०४ ; कप्प० ; ओव०)। महा० मे इसका रूप **वोॅत्तव्व** होना चाहिए। — वररुचि ८, ५५ तथा हेमचन्द्र ४, २१२ के अनुसार **रुद्** की कर्तव्यवाचक अशक्रिया का रूप **रोॅत्तव्व** बनाया जाना चाहिए। किन्तु उदाहरण रूप मे महा० मे **रोइअव्व** मिलता है (हाल)। **कृ** का रूप महा० मे **काअव्व** आया है (वर० ८, १७ ; हेच० ४, २१४ ; हाल ; रावण०), अ०माग० और जै०महा० मे यह **कायव्व** हो जाता है (आयार० २, १, १०, ७ ; दस० ६३०, ११ ; एर्त्से०), जै०शौर० और शौर० में **कादव्व** है (पव० ३८६, ११ [पाठ मे **कायव्व** है] ; ललित० ५५४, ६ ; मृच्छ० १६६, ४ ; ३२७, १ ; विक्र० ४८, १३ ; प्रबोध० ११, ७ ; प्रिय० ११, १०), माग० रूप **कादव्व** = **कर्तव्य** है (§ ६२)। **मुच्** के विषय मे हेमचन्द्र ४, २१२ में सिखाता है कि **मोॅत्तव्व** = **मोक्तव्य** है। — अप० मे इसके समाप्तिसूचक चिह्न **-इएॅव्वउँ**, **-एॅव्वउँ** और **-एवा** है : **करिएॅव्वउँ** = **कर्तव्यम्** है ; **मरिएॅव्वउँ** = **मर्तव्यम्** है और **सहेॅव्वउँ** = **सोढव्यम्** है ; **सोएवा** = **स्वप्तव्यम्** तथा **जग्गेवा** = **जागर्तव्यम्** है (हेच० ४, ४३८ ; क्रम० ५, ५२ की तुलना कीजिए)। इसका मूल या बुनियादी रूप **-एॅव्व** माना जाना चाहिए जिससे **-एवा** निकला है और **-एॅव्वउँ** मे **-क** प्रत्यय लगा कर नपुसकलिंग कर्त्ता- और कर्मकारकों का **-कम्** बन जाता है। **-एॅव्व** = संस्कृत **-एय्य**, इसका **य** का प्रमाणित ढग से अप० मे **व** मे परिवर्तन हो जाता है (§ २५४)। वैदिक रूप **स्तुषेय्य** और बहुत सम्भव है कि **शपथेय्य** अंशक्रिया के अर्थ में आये है ; **दिदृक्षेय** की तुलना कीजिए। क्रमदीश्वर ५, ५५ के अनुसार **-एव्वउँ** का प्रयोग सामान्यक्रिया के लिए भी किया जाता है।

§ ५७१—महा०, जै०महा० और अ०माग० में **-अणीय** का रूप **-अणिज्ज** होता है, कर्मवाच्य के रूप के अनुसार (§ ५३५ ; § ९१ की तुलना कीजिए), शौर० और माग० में **-अणीअ** हो जाता है : अ०माग० में **पूयणिज्ज** आया है (कप्प० ; ओव०), शौर० और दाक्षि० में यह **पूअणीअ** हो जाता है (मृच्छ० २८, ७ ; १०१, १३) ; अ०माग० मे **वन्दणिज्ज** मिलता है (उवास० ; कप्प०), शौर० में **वन्दणीअ** रूप हो जाता है (मृच्छ० ६६, १७) ; महा०, अ०माग० और जै०महा० में **करणिज्ज** चलता है (हाल ; आयार० २, ३, ३, १६ ; २, ४, २, ५ ; एर्त्से०), शौर० मे इसका रूप **करणीअ** हो जाता है (विक्र० ३६, ८ ; नागा० ४, १५), शौर० में **करणिज्ज** अशुद्ध है (शकु० २, ५ ; विक्र० ४३, ६)। इन नाटकों में अन्यत्र **करणीअ** दिया गया है जो शुद्ध है ; जै०महा० में **सारक्खणिज्ज** (आव०एर्त्से० २८,१६ और १७) = **संरक्षणीय** है, शौर० मे **रक्खणीअ** मिलता है (शकु० ७४, ८) ;

अ०माग० में **दरिसणिज्ज** आया है (आयार० २, ४, २, २ ; ओव०) और **दंसणिज्ज** भी मिलता है (उवास० ; ओव०), शौर० में यह **दंसणीअ** हो जाता है (शकु० १३२, ६ ; नागा० ५२, ११)। किन्तु अ०माग० में आयारंगसुत्त २, ४, २, २ में **दरिसणिज्जं** के ठीक अनन्तर **दरिसिणीए** (! ; कलकतिया संस्करण मे शुद्ध रूप **दरिसणीए** दिया गया है) तथा § ४ मे **दरिसणीयं** आया है और सूयगडंग ५६५ में **दरिसणिय** [!] पाया जाता है और जै०महा० में **दंसणीओ** (एर्त्से० ६०, १७) तथा महा० में **दूसहणीओ हैं** (हाल ३६५ [यहाँ पर इस उदाहरण का प्रयोजन समझ मे नहीं आता है ; **दृश्** धातु के रूपों के साथ उक्त **सह्** के रूप की संगति नहीं बैठती। खेद है कि निर्णयसागर प्रेस, बम्बई से प्रकाशित गाथासप्तशती में उक्त स्थान पर इस सम्बन्ध का शब्द ही नहीं मिला तथा वेबर द्वारा सम्पादित हाल देखने में नहीं आया। —अनु०])। उक्त नियम के विरुद्ध शौर० तथा माग० मे बहुधा ऐसे रूप मिलते है जिनके अन्त में **–इज्ज** लगता है जैसे, माग० मे **पलिहलणिज्ज** मिलता है (प्रबोध० २९, ८), किन्तु बम्बइया सस्करण ७४, २, पूनेवाले सस्करण पेज ३२ तथा मद्रास में प्रकाशित सस्करण पेज ३७ मे शुद्ध रूप **पलिहलणीअ** दिया गया है, जैसा कि शौर० में भी **परिहरणीअ** पाया जाता है (शकु० ५२, १५)। मालविकाग्निमित्र ३२, ५ मे सभी हस्तलिपियों में शौर० रूप **साहणिज्जे** दिया गया है किन्तु इसी नाटक के सभी अन्य स्थलों पर हस्तलिपियाँ डाँवाडोल हैं, कहीं कुछ और कहीं कुछ लिखती है (मालवि० पेज २२३ में बौँल्लें नसेन की टीका)। निष्कर्ष यह निकला कि हस्तलिपियों के जो रूप नियम से थोड़े भी हटे हुए हैं वे अशुद्ध हैं, जैसा कर्मवाच्य मे हुआ है। ये शुद्ध किये जाने चाहिए। वर्तमानकाल के वर्ग से बने रूप अ०माग० मे **विप्पजहणिज्ज** (नायाध० § ११८) और शौर० मे **पुच्छणीअ** हैं (मृच्छ० १४२, ६)।

§ ५७२— **–य** मूलतः संस्कृत की भाँति काम मे लाया जाता है : **कज्ज** का रूप माग० में **कय्य है = कार्य है** जो सभी प्राकृत बोलियों मे बहुत काम मे आता है ; जै०महा० में **दुल्लंघ = दुर्लंघ्य है** (सगर ३, १६) ; **दुज्झ = दोह्य** है (देशी० १, ७) ; जै०शौर० में **णेय** तथा जै०महा० रूप **नेय = ज्ञेय** हैं (पव० ३८१, २० ; एर्त्से०) ; अ०माग० में **पेँज्ज = पेय है** (उवास० ; दस० ६२९, १), **कायपिज्ज = काकपेय** (दस० ६२८, ४८ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए), जब कि **पिब्ब** (= पानी : देशी० ६, ४६ ; इस ग्रंथ की भूमिका का पेज ७ की तुलना कीजिए ; त्रिवि० २, १, ३०) = ***पिब्य** है जो वर्तमानकाल के वर्ग **पिबसे** निकाला गया है ; अ०माग० मे **भव्व = भाव्य है** (कप्प० § १७ और २२) ; अ०माग० मे **आणप्प** और **विण्णप्प = आज्ञाप्य** और **विज्ञाप्य हैं** (सूय० २५३ और २५६) ; अ०माग० में **वज्ज = वाच्य है** (सूय० ५५३ और उसके बाद [यह **वज्ज** कुमाउनी **एकवचा, द्विवचा, तिर्यचा** आदि में वर्तमान है। —अनु०]) ; अ०माग० में **वोँज्झ है** जो ***वह्य** से निकला है और **= वाह्य** है (§ १०४ ; नायाध० § ६५), यह भी वर्तमानकाल के वर्ग से निकला है, जैसे कि महा०, अ०माग० और शौर० **गेँज्झ है** (हेच० १,

७८ ; कर्पूर० २९, ४ ; ८१, ४ ; जीवा० ५०० ; बाल० ७५, १९), महा० में **हत्थ-गेज्झ = हस्तग्राह्य है** (रावण० १०, ४३), महा० में **दुग्गेज्झ** भी मिलता है (रावण० १, ३ ; साहित्यदर्पण ३३२, १३ = **काव्यप्रकाश** ३३०, ८ [सर्वोत्तम हस्त-लिपियों के अनुसार **दुःखंजं** के स्थल में छपे संस्करण में भी यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए], यह बहुत अधिक उद्धृत किया जाता है ; सरस्वती० १५५, ३ [पाठ में **दुग्गेज्झं** है] ; अच्युत० ६२ [पाठ मे **दुग्गज्झ** है]), शौर० मे **अणुगेज्झ** आया है (मृच्छ० २४, २१), माग० मे **दुग्गेय्ह** मिलता है (चड० ४२, ८ ; पाठ में **दुग्गेज्झ** है, इसी ग्रंथ मे अन्यत्र **दुग्गेज्झ** भी आया है), अप० में **दुग्गेज्झ** (एर्त्से० ७६, १९) = ***गृह्य** जो वर्तमानकाल के वर्ग **गृह्–** (§ ५१२) के रूप हैं।

सामान्यक्रिया

§ ५७३—अन्त मे **–तुं** लगाकर सामान्यक्रिया बनायी जाती है। इस सम्बन्ध में संस्कृत और प्राकृत मे यह भेद है कि प्राकृत मे बहुत अधिक बार समासिसूचक चिह्न स्वय विशुद्ध वर्ग में ही अथवा वर्तमानकाल के वर्ग में **इ** जोड़कर लगाया जाता है। इस प्रकार वर्तमानकाल के वर्ग में : जै०महा० मे **गाइउं** रूप है (एर्त्से०), शौर० मे **गाइदुं** आया है तथा ये दोनों = **गातुम्** है (मुद्रा० ४३, २) ; शौर० में **गच्छिदुं** (शकु० ६२, ११), **अणुगच्छिदुं** (मुद्रा० २६१, २) और इसके साथ साथ **गमिदुं** रूप हैं (वृषभ० १९, ११) और सब प्राकृत बोलियों में काम में आनेवाला **गन्तुं** भी है ; जै०महा० मे **पिविउं** (आव०एर्त्से० ४२, ८) तथा इसके साथ साथ **पाउं** मिलता है (आव०एर्त्से० ४२, ८ ; ४५, ६), अ०माग० में भी ये ही रूप है (आयार० १, १, ३, ७), महा० मे भी ये ही चलते हैं (हाल ; रावण०) और शौर० में **पादुं** आया है (शकु० १०५, १४) ; शौर० मे **अणुचिट्ठिदुं** मिलता है (मृच्छ० १०२, १९), साथ-साथ **टादुं** रूप भी है (नागा० १४,९) तथा जै०महा० मे **उट्ठिउं** आया है (आव०एर्त्से० ३३, १४) ; माग० मे **खादुं** है (मृच्छ० १२३, ७) जो ***खाधि** = **खादति** से निकले ***खादि** से बना है। इसके साथ-साथ जै०महा० मे **खाइउं** (एर्त्से०) और शौर० मे **खादिदुं** रूप हैं (विक्र० २५, १९) ; जै०महा० मे **णिह-णिउं = निखातुम्** है जो **खन्** से बना है (एर्त्से० ६६, २), **हसेउं** आया है जो **ए-**वर्ग का है और इसके साथ-साथ **हसिउं** भी है ; महा० में **पुच्छिउं** पाया जाता है (सरस्वती० १४, १७), शौर० मे **पुच्छिदुं** (मृच्छ० ८८, २० ; मालवि० ५, ४ और १७) और माग० में **पुश्चिदुं** (चंड० ४२, ९) = **प्रष्टुम्** है ; महा० में **पडिमुञ्चिउं** मिलता है (रावण० १४, २), इसके साथ-साथ **मोत्तुं = मोक्तुम्** है (हेच० ४, २१२) ; महा० में **णच्चिउं** है (हाल) ; इसके साथ ही **ए-** रूपावली का **रूसेउं** भी है (हाल)। **भू** धातु की सामान्यक्रिया के सम्बन्ध में § ४७५ तथा ४७२ देखिए। दसवें गण की क्रियाएं तथा इसके अनुसार बने हुए प्रेरणार्थक रूप और नामधातु से सामान्यक्रिया बनाने के लिए पहले वर्तमानकाल के वर्ग में **–ए** या **–वे** लगाकर उसमें **–तुम्** जोड़ देते हैं : महा० मे **आणावेउं** है और **णिव्वाहेउं = निर्वा-**

इयितुं है, पासाएउं = प्रसादयितुम् और **लंघेउं = लंघइतुम्** हैं (हाल) ; अ०-माग० में **वारेउं=वारयितुम्** है (सूय० १७८) ; **परिकहेउं = परिकथयितुम्** है (ओव० § १८३) ; **परिभाएउं = परिभाजयितुम्** मिलता है (नायाध० § १२४); जै०शौर० में **चालेदुं = चालयितुम्** है (कत्तिगे० ४००, ३२२) ; शौर० में **कामेदुं = कामयितुम्** है (मालती० २३५, ३) तथा **कारेदुं** (मुद्रा० ४६, ९) और **धारेदुं** भी आये हैं (मृच्छ० १६६, १४ ; ३२६, १२), **दंसेदुं = दर्शयितुम्** है (मुद्रा० ८१, ४) ; माग० में **अंगीकलावेदुं, शोशावेदुं, शोधावेदुं, पॉस्टावेदुं** और **लुणावेदुं** रूप पाये जाते हैं (मृच्छ० १२६, १० ; १४०, ९) । असंक्षिप्त रूप विरल ही मिलता है : शौर० में **णिअत्ताइदुं = निवर्तयितुम्** है (विक्र० ४६, १७), **ताड-यिदुं** (मालवि० ४४, १६), **सभाजइदुं** (शकु० ९८, ८) और **सुस्सूसइदुं** रूप भी पाये जाते हैं (मालवि० २९, १२) ; माग० में **मालइदुं** आया है (मृच्छ० १६४, १९) । इसके विपरीत **अ**– वर्ग से निकाले गये रूप प्रचुर परिमाण में पाये जाते हैं (§ ४९१) : महा० में **धारिउं** है (हाल), शौर० में यह **धारिदुं** हो जाता है (विक्र० १५, ३ ; ४०, ७) ; शौर० में **मारिदुं** है (मृच्छ० १६०, १४ ; शकु० १४६, ८), यह रूप माग० में **मालिदुं** हो जाता है (मृच्छ० १७०,२) । इसके साथ साथ **मालेदुं** मिलता है (मृच्छ० १५८, २४), जै०महा० में **मारेउं** रूप है (एत्सें० १, २५) ; महा० में **वण्णिउं = वर्णयितुम्** है तथा **वेड्आरिउं = वितारयितुम्** मिलता है (हाल) ; अ०माग० में **संवेदिउं** आया है (आयार० पेज १३७, १८) ; जै०महा० में **चिन्तिउं, पडिवोहिउं** और **वाहिउं** रूप मिलते हैं (एत्सें०), शौर० में **कधिदुं** (शकु० १०१,९ ; १४४,१२) है, **अवत्थाविदुं = अवस्थापयितुं** है । (उत्तररा० ११२, ९), **णिवेदिदुं** भी पाया जाता है (शकु० ५१, ३) ; माग० में **पत्थिदुं = प्रार्थयितुम्** है (ललित० ५६६, ८) ।

§ ५७४—दूसरी रूपावली के उदाहरण निम्नलिखित हैं : शौर० में **पञ्चाचक्खिदुं = प्रत्याचष्टुम्** है (शकु० १०४,८) ; शौर० में **अवचिणेदुं** रूप मिलता है (ललित० ५६१, ८) और इसके साथ साथ महा० में **उच्चेउं** आया है (हाल) ; जै०महा० में **पावेउं = प्राप्तुम्** है (एत्सें०) ; शौर० में **सुणिदुं** पाया जाता है (विक्र० २६, ५ ; मुद्रा० ३८, २ ; वेणी० ९९, ६ ; अनर्घ० ६१, ६ ; ११०, ४), इसके साथ साथ महा०, अ०माग० और जै०महा० में **सोउं** चलता है (हाल ; आयार० पेज १३६, १४ ; एत्सें० में कृदन्त अर्थ में है § ५७६) ; शौर० में **भुञ्जिदुं** मिलता है (धूर्त० ६, २१) और इसके साथ-साथ महा० और अ०माग० में **भोत्तुं = भोक्तुम्** है (वर० ८, ५५ ; हेच० ४, २१२ ; क्रम० ४, ७८ की तुलना कीजिए ; नायाध० § १२४ ; दस० नि० ६४९, १६) ; अ०माग० में **उब्भिन्दिउं** आया है (दस० ६२०, १५) इसके साथ-साथ **भेत्तुं** रूप भी है (दस० ६३४, ९) ; शौर० में **जाणिदुं** है (ललित० ५६७, १८ ; शकु० ११९, २ ; रत्ना० ३०९, २२), इसके साथ-साथ जै०महा० में **नाउं** चलता है (एत्सें० ; कृदन्त के अर्थ में § ५७६), शौर० में **विण्णादुं** भी मिलता है (विक्र० २४, १३) ; अ०माग० में **गिण्हिउं** है (निरया० § २० ;

कृदन्त के अर्थ में § ५७६), जै०महा० में **गे`ण्हिउं** हो जाता है (एत्सें०), शौर० में **गेण्हिदुं** रूप आया है (मृच्छ० ९४, १२), महा० मे **गहिउं** मिलता है (हाल)। इसके साथ-साथ महा० में **घेत्तुं** भी है (वर० ८, १६ ; हेच० ४, २१० ; रावण०)। ये रूप * से सम्बन्धित हैं (§ २१२) ; शौर० मे **अणुबन्धिदुं** है (मालवि० ६, १८) और इसके साथ-साथ महा० मे **बन्धेउं** रूप पाया जाता है (हेच० १, १८१ में एक उद्धरण)। **रुद्** की सामान्यक्रिया महा० मे **रोत्तुं** है (वर० ८, ५५ ; हेच० ४, २१२ ; क्रम० ४, ७८ की तुलना कीजिए ; हाल), किन्तु शौर० मे **रोदिदुं** आया है (शकु० ८०, ८) ; वररुचि ८, ५५ के अनुसार **विद्** धातु का **वे`त्तुं** रूप होता है ; **वच्** का महा०, अ०माग० और जै०महा० मे **वो`त्तुं** मिलता है (हेच० ४, २११ ; हाल ; एत्सें० ; दस० नि० ६४६, २१), किन्तु शौर० मे **वत्तुं** पाया जाता है (शकु० २२, २ ; ५०, ९ ; विक्र० ३०, २ ; ४७, १) ; **स्वप्** का महा० रूप **सो`त्तुं** है (हाल) = **स्वप्तुम्** , जै०महा० मे **सोउं** हो जाता है (द्वार० ५०१, ७) । ये रूप ***सोतुं** से **सोवइ** हो कर निकले है (§ ४९७) ; महा०, जै०महा० और अ०माग० मे **कृ** का रूप **काउं** = **कर्तुम्** है (§ ६२ ; वर० ८, १७ ; हेच० ४, २१४; गउड०; हाल ; रावण० ; एत्सें० ; आव०एत्सें० ३०, १० ; दस० नि० ६४४, २८), महा० मे **पडिकाउं** मिलता है (हाल), शौर० मे **कादुं** पाया जाता है (ललित० ५६१, १३ ; मृच्छ० ५९, २५ ; शकु० २४, १२ ; विक्र० २९, १४ ; कर्पूर० ४१, ६ ; वेणी० १२, ६) और **करिदुं** भी है (शकु० १४४, १२) ; माग० मे भी **कादुं** है (मृच्छ० १२३, ७) ।

§ ५७५—संस्कृत से सर्वथा भिन्न रूप से **इ**- वर्ग के रूप बनाये जाते हैं : महा० और जै०महा० में **मरिउं** = **मर्तुम्** है (हाल ; एत्सें०), शौर० में यह रूप **मरिदुं** हो जाता है (रत्ना० ३१६, ५ ; ३१७, १५ ; चंड० ९३, ९) ; जै०महा० मे **परिहरिउं** (एत्सें० ५८, २४), शौर० मे **विहरिदुं** (विक्र० ५२, ६) रूप हैं और इनके साथ-साथ महा० में **वाहत्तुं** = **व्याहर्तुम्** है (रावण० ११, ११६) ; जै०महा० मे **समाकरिसिउं** = **समाकष्टुम्** है (द्वार० ४९८, ३१) ; महा० मे **उक्खिविउं** = **उत्क्षेप्तुम्** है (हाल), शौर० मे **खिविदुं** पाया जाता है (विक्र० २५, १६), **णिक्खिविदुं** भी आया है (मृच्छ० २४, २२) ; महा० और जै०महा० मे **दहिउं** है (रावण० ; एत्सें०), शौर० में यह रूप **दहिदुं** हो जाता है (शकु० ७२, १२) = **दग्धुम्** है ; जै०महा० में **संधिउं** = **संधातुम्** है जो वर्तमानकाल के रूप ***संधइ** से निकला है (§ ५००), शौर० में **अणुसंधिदुं** मिलता है (मृच्छ० ५, ४) ; शौर० में **रमिदुं** = **रन्तुम्** है तथा **अहिरमिदुं** = **अभिरन्तुम्** है (मृच्छ० २८, ४ ; ७५, २) ।

§ ५७६—अ०माग० मे **-तुम्** वाला रूप थोड़ा बहुत विरल है। ऊपर के § में जो उदाहरण दिये गये हैं उनके सिलसिले में नीचे कुछ और दिये जाते हैं : **जीविउं** मिलता है (आयार० १, १, ७, १) ; **अवटुं**, **अग्घाउं** और **अणासाउं** मिलते हैं (आयार० पेज १३६, २२ और ३१ ; पेज १३७, ७) ; **अणुसासिउं** भी

आया है (सूय० ५९) ; दाउं = दातुम् है (आयार० २, १, १०, ६ ; २, ५, १, १० ; उवास० § ५८ ; नायाध० § १२४) ; अणुप्पदाउं = अनुप्रदातुम् है (उवास० § ५८) = जै०शौर० दादुं (कत्तिगे० ४०३, ३८० ; पाठ में दाउं है) ; भासिउं = भाषितुम् है और पविउं = प्लवितुम् है (सूय० ४७६ ; ५३१ ; ५८०) । उक्त सामान्यक्रियाओं में से अधिकांश पद्य में आये हैं । बहुत अधिक बार यह रूप कृदन्त में काम में लाया जाता है : उज्झिउं, उज्झित्वा के अर्थ में आया है (सूय० ६७६) ; इस अर्थ में तरिउं है (सूय० ९५०) ; गन्तुम् आया है (सूय० १७८ ; आयार० २, ४, २, ११ और १२ ; कप्प० एस. (S) § १०) ; दट्ठुं = द्रष्टुम् है (आयार० १, ४, ४, ३ ; सूय० १५०) ; निद्दट्ठुं = निर्देष्टुम् (दस० नि० ६४३, ३८) ; लद्धुं = लब्धुम् है (आयार० १, २, ४, ४ ; १, २, ५, ३ ; पेज १५, ३२ ; सूय० २८९ और ५५० ; उत्तर० १५७ ; १५८ ; १६९ ; १७० ; दस० ६३१, २६ ; ६३६, २०) ; भित्तुं = भेत्तुम् है (कप्प० § ४०) ; काउं = कर्तुम् है (सूय० ८४ ; दस० नि० ६४३, ३४), पुरओकाउं भी आया है (नन्दी० १४६ ; कप्प० एस. (S) § ४६ और ४८ ; ओव० § २५ और १२६) ; आहन्तुं मिलता है (आयार० १, ८, ३, ४) ; परिघेत्तुं पाया जाता है (पण्हा० ४८९ और ४९५), गहेउं भी है (सूय० २९६) । यह रूप इस अर्थ में मुख्यतया पद्य में काम में लाया गया है किन्तु यह अ०माग० तक ही सीमित नहीं है । इसका जै०महा० में भी बार बार उपयोग पाया जाता है । महा० में यह कम पाया जाता है और यह यह कृदन्त के काम में लाया जाता है[१] । हेमचन्द्र इस अर्थ में दट्ठुं, मोत्तुं (२, १४६), रमिउं (३, १३६) और घेत्तुं देता है (४, २१०) । जै०महा० के उदाहरण नीचे दिये जाते हैं गन्तुं है (आव०एर्त्से० ७, ३१ ; एर्त्से० ५, २२ ; कालका० दो, ५०८, १८) ; दट्ठुं मिलता है (आव०एर्त्से० २४, ४ ; कालका० तीन, ५१०, ३१ और ३८) ; जिणिउं = जेतुम् है (आव०एर्त्से० ३६, ४२) ; कहिउं = कथयितुम् है (एर्त्से० ७, १०) ; कहेउं पाया जाता है (एर्त्से० ७४,३०) ; ठविउं = स्थापयितुं है (एर्त्से० ७, ५) ; विहेउं = विधातुम् है (कालका० में यह शब्द देखिए) ; सोउं = श्रोतुम् है (एर्त्से० २,९ ; ११,३४ ; १२,५ ; कालका० में यह शब्द देखिए) ; काउं है (आव० एर्त्से० ७,१७) ; नाउं = ज्ञातुम् है (एर्त्से० १२, ९१) ; घेत्तुं = *घृप्तुम् है (आव० एर्त्से० २२, २९ ; २३, ७ ; ३१, ७) । महा० में निम्नलिखित रूप हैं : पलीविउं = प्रदीपयितुम् है ; भणिउं, भरिउं, मोत्तुं, वलिउं, लहिउं और पाविउं रूप पाये जाते हैं (हाल ३३ ; २९८ ; ३०७ ; ३३४ ; ३६० ; ३६४ ; ४८४ ; ४९० ; ५१६ ; ५९५) ; आणिउं = ज्ञातुम् है (रावण० १४, ४८) । इस रूप की व्युत्पत्ति हम अन्त में -ऊण लगाकर बननेवाले कृदन्त से भी निकाल सकते हैं (§ ५८६) अर्थात् काउं को काऊण से सम्बन्धित कर सकते हैं जिसमें ण की विच्युति हो गयी है जैसे, अप० रूप पुत्तें = पुत्रेण है । अप० में भी इसी के समान अर्थपरिवर्तन होने के कारण (§ ५७९) यह अधिक सम्भव प्रतीत होता है कि वास्तव में इन बोलियों में सामान्य-क्रिया कृदन्त के काम में भी लायी जाती रही होगी जैसे कि इसके ठीक विपरीत कृदन्त

भी सामान्यक्रिया के स्थान में काम मे लाया जाता था (§ ५८५ ; ५८८ ; ५९०)।

१. वेबर, भगवती १, ४३३ ; हाल १ पेज ६६ ।

§ ५७७—संस्कृत की भाँति प्राकृत में भी **काम** और **मनस्** शब्द से पहले सामान्यक्रिया के अन्त मे केवल **-तु** लगता है : अ०माग० मे **अक्खिविउकाम = आक्षेप्तुकाम है, गिण्हिउकाम = ग्रहीतुकाम** और **उद्दालेउकाम = उद्दालयितुकाम** है (निरया० § १९), **जीविउकाम** रूप पाया जाता है (आयार० १, २, ३, ३), **वासिउकाम = वर्षितुकाम** है (ठाणग० १५५), **पाउकाम** (**पा** = पीने से बना है : नायाध० १४३०), **जाणिउकाम** और **पासिउकाम** आये हैं (पण्णव० ६६६ और ६६७), **संपाविउकाम** मिलता है (कप्प० § १६ ; ओव० § २० ; दस० ६३४, ३९) ; जै०महा० मे **पडिबोहिउकाम = प्रतिबोधयितुकाम है** (एर्त्से० ३, ३७), **कड्ढिउकाम** भी देखा जाता है (द्वार० ५०६, ३६) ; शौर० में **जीविदुकाम** (मुद्रा० २३३, ३), **वत्तुकाम आलिहिदुकाम** (शकु० १३०, ११ ; १३३, ११), **विण्णविदुकाम** (महावीर० १०३, ९) तथा **सिक्खिदुकाम** (मृच्छ० ५१, २४) आये हैं, **पमज्जिदुकाम = प्रमार्ष्टुकाम है** (विक्र० ३८, १८), **दट्ठुकाम** भी पाया जाता है (मालती० ७२, २ ; ८५, ३) ; महा० मे **ताडिउमणा = ताडयितुमनाः है** (कर्पूर० ७०, ७)। **-क** प्रत्यय आने पर यह स्वतन्त्र रूप में भी काम मे लाया जाता है : **आलेद्धुअं = *आलेब्धुकं = आलेद्धुम्** है (§ ३०३ ; हेच० १, २४, २, १६४) ; अ०माग० मे **अलद्धुयं = *अलब्धुकम्** है। यह कृदन्त के अर्थ मे आया है (दस० ६३६, १९)। इस अन्तिम रूप मे यह अधिक सम्भव ज्ञात होता है कि कृदन्त के स्थान मे काम मे लाये गये और अन्त मे **-ट्ठु** या **-इत्तु** लगाकर बनाये गये रूप अ०माग० और जै०महा० मे मूल रूप मे सामान्यक्रियाए है अर्थात् **इनकी** व्युत्पत्ति **-त्वा** मे सम्बन्धित नहीं है और यह **-त्वा** नियमित रूप से प्राकृत मे **-त्ता** रूप में दिखाई देता है (§ ५८२)। इस प्रकार अ०माग० मे : **कट्टु = कर्तु- है** जिसका अर्थ है **कृत्वा** (हेच० २, १४६ ; आयार० १, ६, ३, २ ; २, १, ३, २ ; ११, १ ; २, २, २, ३ ; २, ३, १, ९ ; २, २१ ; ३, १५ और १६ ; सूय० २८८ और ३५८ ; भग०' ; उवास० ; कप्प० ; ओव० ; दस० ६३१, २९ ; ६४१, ३७ आदि-आदि) ; **पुरओकट्टु** आया है (ओव०) ; **-अवहट्टु = अपहर्तु- है** (आयार० २, ६, २, १ ; सूय० २३३ ; ओव० ; भग०) ; **अभिहट्टु** पाया जाता है (आयार० २, ६, २, २), **आहट्टु** (आयार० १, २, ४, ३ ; १, ७, २, १ ; २ और ३ ; १, ७, ७, २ ; १, ८, २, १२ ; २, १, १, ११ ; २, १, २, ४ ; २, १, ५, ५ ; ६, ४), **समाहट्टु** (सूय० ४१०), **अप्पाहट्टु** (सूय० ५८२), **नीहट्टु** (आयार० २, १, १०, ६ ; २, ६, २, २) और **उद्धट्टु** रूप आये हैं (आयार० २, ३, १, ६ ; सूय० २२२ और २४३), **साहट्टु = संहर्तु- है** (आयार० २, ३, १, ६ ; विवाह० २३७ और २५४ ; विवाग० ९०, १२१ ; १४४ ; १५७ ; उवास० ; कप्प० ; ओव० ; निरया० आदि-आदि) ; **अवट्टु = अव्रष्टु है** (कप्प० एस. (S) § १९ ; यहाँ यही पाठ पढ़ा जाना चाहिए) ; **बन्धित्तु** भी देखा जाता है (कप्प०) ;

चइत्तु = त्युकु– है (उत्तर० ४५ और ४११) ; साहंन्तु आया है (दस० ६१४, २७) ; पविसित्तु = प्रवेष्टु– है (दस० ६३१, ५) ; आहयते का रूप आइत्तु मिलता है (आयार० १, ४, १, ३ ; टीका में = आदाय, गृहीत्वा) ; तरित्तु = तरितु– है और खवित्तु = क्षपयितु– है (दस० ६३६, ३ और ४) ; पमज्जित्तु = प्रमार्ष्टु– है (दस० ६३०, २०) ; विजयंत्तु आया है (आयार० १, ५, ६, २) ; उवसंकमित्तु चलता है (आयार० १, ७, २, १ और ३ ; १, ७, ३, ३) ; हा से बने विजहइ का रूप वियहित्तु पाया जाता है (§ ५०० ; आयार० १, १, ३, २) ; सुणित्तु = श्रोतु– है (दस० ६४२, १६) ; दुरूहित्तु भी आया है (सूय० २९३) ; छिन्दित्तु, भुञ्जित्तु मिलते हैं (दस० ६४०, २१ ; ६४१, ३६) ; जाणित्तु पाया जाता है (आयार० १, २, १, ५ ; १, २, ४, २ ; १, ४, १, ३ ; १, ५, २, २ ; १, ६, २, १ ; दस० ६३०, ३४) । — जै०महा० में गन्तु आया है (कालका० दो, ५०६, ३४) ; कड्ढित्तु है (एर्त्से० १०, ३८) ; पणमित्तु है और ठवित्तु = स्थापयितु– है, वन्दित्तु आया है (कालका० २६०, ११ ; २६८, ४ ; २७६, ७) ; उत्तरित्तु मिलता है (कालका० ५०६, २५ ; ५११, ७) ; जाणित्तु है, पयडित्तु = प्रकटयितु– है और थुणित्तु = स्तोतु– है (कालका० तीन, ५१४, १६ ; १७ और २०), विणिहत्तु = विनिधातु– है (एर्त्से० ७२, २३) । उक्त सब रूप प्रायः निरपवाद पद्य में आये हैं । त का द्वित्त इसलिए किया गया है कि अ०माग० की सामान्यक्रिया के अन्त में –त्तए = –तवे आता है (§ ५७८) जो यह फिर से प्रकट हो गया है । इस रूप का कृदन्त के समाप्तिसूचक चिह्न –त्ता = –त्वा के आधार पर स्पष्टीकरण होना कठिन है । इससे अधिक उचित तो यह जान पड़ता है कि इन पर उन शब्दों का प्रभाव पड़ा हो जिनमें ध्वनिपरिवर्तन के नियमों के अनुसार द्वित्त आया है जैसे, कट्टु और साहट्टु अथवा इनमें ध्वनिबल का स्थान इधर से उधर खिसक गया हो । § ५७८ की तुलना कीजिए ।

१. वेबर, भगवती १, ४३३ और उसके बाद ।

§ ५७८—अ०माग० में सामान्यक्रिया का सब से अधिक काम में आनेवाला रूप वह है जो –त्तए अथवा –इत्तए में समाप्त होता है । सामान्यक्रियाएं जैसे पायए (आयार० २, १, १, २ ; २, १, ९, १ और २ ; २, १, १०, ७ ; २, १, २, १ ; २, ६, १, १० ; २, ७, २, ४ ; ५ और ६ ; नायाध० § १४४ ; ओव० § ९६) = वैदिक पातवे है, इसके साथ-साथ पिवित्तए भी मिलता है (ओव० § ८० और ९८), भोत्तए (आयार० ; नायाध० ऊपर देखिए ; ओव० § ९६ ; सूय० ४३०) = वैदिक भोक्तवे, इसके साथ-साथ भुञ्जित्तए रूप भी आया है (ओव० § ८६), वत्थए (आयार० २, २, २, १० ; कप्प० एस. (S) § ६२) = वैदिक वस्तवे [अ०माग० में किन्तु यह वस् = 'रहने' से सम्बन्धित है] निश्चित रूप से प्रमाणित करते हैं कि इन्हें वेबर[1] के साथ कि ये अन्त में –त्वाय लगाकर बननेवाले वैदिक कृदन्त से निकले हैं कर के न मानना चाहिए, वरन् ए० म्युलर०[2] के अनुसार हमें मानना चाहिए कि ये लेण बोली और पाली में मिलनेवाली वैदिक सामान्यक्रिया से निकले हैं जिसके अन्त में –तवे

आता है और जिसमें समासिसूचक चिह्न वर्ग मे इ– और ई– जोड़कर लगाया जाता है। ये रूप हैं : अवितवे, चरितवे, स्रवितवे और हवीतवे[1]। तु का द्वित्वीकरण बताया है कि अन्तिम वर्ग मे ध्वनिबल है (§ १९४)। इस कारण और भी शुद्ध यह होगा कि इस सामान्यक्रिया का मूल आधार –तवइ लिया जाय जिसपर वेद में दुगुना ध्वनिबल है। अ०माग० इत्तए (कप्प० एस. (S) § २७) इसलिए = वैदिक एतवई माना जाना चाहिए। इसी भाँति पायवे = पातवई है, गमित्तए की तुलना में वैदिक यमितवई है, पिणिधत्तए की (ओव० § ७९) वैदिक दातवई है। यह सामान्यक्रिया मुख्यतः वर्तमानकाल के वर्ग से बनायी जाती है : हो त्तए रूप मिलता है किन्तु इसके साथ-साथ पाउब्भवित्तए भी आया है (विवाह० ; नायाध०) जो भू से बने हैं ; विहरित्तए देखा जाता है (भग० ; उवास० ; कप्प० ; नायाध० आदि-आदि) ; सुमरित्तए, सरित्तए आये हैं (आयार० पेज १३५, १७ और २०) ; तरित्तए है (आयार० १, २, ३, ६), उत्तरित्तए भी आया है (नायाध० १३३९ ; ओव० § ९६) ; परिवइत्तए पाया जाता है (उवास० § ९५) ; गच्छित्तए (ओव० § ७९), आगच्छित्तए (ठाणंग० १५५) और उवागच्छित्तए रूप मिलते हैं और इनके साथ-साथ गमित्तए भी चलता है (आयार० १, २, ३, ६ ; भग०) ; चिट्ठित्तए पाया जाता है (विवाह० ५१३ ; कप्प०), इसके साथ साथ ठाइत्तए रूप भी आया है (आयार० २, ८, १ और उसके बाद ; कप्प०), सद् धातु का नि के साथ निसीत्तए रूप मिलता है (विवाह० ५१३) ; अणुलिम्पित्तए है (ओव० § ७९) ; पुच्छित्तए काम में आया है (भग० ; नायाध०) : पासित्तए पाया जाता है (नायाध०) ; कहइत्तए का चलन है (आयार० पेज १३५, ६) ; दूतय– से दूइज्जित्तए बना है (कप्प० ; ठाणंग० ३६५) ; परिट्ठावित्तए आया है (कप्प०); अभिसिञ्चावित्तए मिलता है (निरया०) ; पूरइत्तए का प्रचार है (आयार० १, ३, २, २) ; आख्यापय– से आघवित्तए बना है (नायाध०) ; धारित्तए काम मे आया है (आयार० १, ७, ७, १ ; २, ५, २, ५) ; धारेत्तए भी है (आयार० २, ५, २, ३) ; एसित्तए आया है (आयार० २, २, ३, १४ और १८) ; शी के रूप आसइत्तए और सइत्तए पाये जाते हैं (विवाह० ५१३) ; पडिसुणेत्तए है (आयार० २, ५, १, १०) ; धुणित्तए (सूय० १३९) आया है ; भञ्जित्तए (उवास०), भिन्दित्तए (विवाह० १२२८) मिलते हैं ; वि के साथ कृ का रूप विउव्वित्तए बना है (भग०) तथा इसके साथ साथ करित्तए और करेत्तए रूप पाये जाते है (ओव० § ७९ और ८ ; नायाध० ; भग० ; कप्प०) ; गिण्हित्तए और गेण्हित्तए (भग० ; निरया० ; ओव० § ८६) तथा जागरित्तए मिलते हैं (कप्प०)।

1. भगवती १, ४३४ ; पञ्चाइत्ताए अशुद्ध पाठभेद है। — २. बाइत्रैगे, पेज ६१। — ३. डेलब्रुक, आल्ट इंडिशे वैर्बुम § २०३।

§ ५७९ – हेमचन्द्र ४, ४४१ के अनुसार अप० की सामान्यक्रिया के समासि-सूचक चिह्न –अण, –आणहँ, –अणहिँ और –एवँ हैं। क्रमदीश्वर ५,५५ में –एवि,

–एप्पि, –एप्पिणु, अणं, –अउं और एव्वउं बताता है। अन्त में –अन वाली संज्ञा की तुलना कीजिए जिनके अन्त में –अणहँ लगाने से उसका रूप संबंध बहु० का बन जाता है, –अणहिँ लगाने से अधिकरण एक० हो जाता है अथवा करण बहु० बन जाता है। इस प्रकार : एँच्छण = एष्टुम् है जो इष् से बना है (= चाहना : हेच० ४, ३५३); करण = कर्तुम् है (हेच० ४, ४४१, १); यह –क प्रत्यय के साथ भी आया है जो अक्खाणउँ = आख्यातुम् में पाया जाता है, यह वास्तव में = आख्यानकम् है (हेच० ४, ३५०, १); भुञ्जणहँ और भुञ्जणहिँ भी मिलते हैं (हेच० ४, ४४१, १) तथा लुहणं भी पाया जाता है (क्रम० ५, ५५)। देवं = दातुम् में समाप्तिसूचक चिह्न –एवं देखा जाता है (हेच० ४, ४४१, १)। यह रूप स्पष्ट ही वर्तमानकाल के वर्ग दे– = दय– (§ ४७४) तथा निकाले गये समाप्तिसूचक चिह्न –व से बनाया गया है। यह –वं –वन से आया है जो वैदिक वने से सम्बन्धित है, जिससे यह अप० का देवं वैदिक दावने का समरूपी हो सकता है। इन उदाहरणों के विषय में निश्चित निदान तभी निकाला जा सकता है जब अधिक उदाहरण प्राप्त हो सकें। –तु वाली एक सामान्यक्रिया भज्जिउ है (हेच० ४, ३९५, ५), जो भज् के कर्मवाच्य के वर्ग से कर्तृवाच्य के अर्थ में बनाया गया है। यह अप० में अन्यत्र भी पाया जाता है (§ ५५०)। यदि हम पूना की एक हस्तलिपि के अनुसार भंजिउ = भञ्जिउ पाठ उचित न समझें तो। सामान्यक्रिया का यह रूप कृदन्त के अर्थ में भी काम में लाया जाता है (हेच० ४, ४३९) जैसा कि इसके ठीक विपरीत कृदन्त के कई रूप सामान्यक्रिया के स्थान में काम में लाये जाते हैं (§ ५८८)। क्रमदीश्वर ने ५, ५५ में लहउं (पाठ में लहलुं है) भी दिया है।

§ ५८०—प्राकृत में कर्मवाच्य की एक अपनी अलग सामान्यक्रिया है[1] : महा० में दीसइ = दृश्यते से दीसिउं रूप बनाया गया है (रावण० ४, ५१ ; ८, ३०), घेप्पइ = *घृप्यते से घेप्पिउं निकला है (रावण० ७, ७१), हन् धातु के रूप हम्मइ से आहम्मिउं बनाया गया है (§ ४४० ; रावण० १२, ४५) ; जै०महा० में दिज्जइ = दीयते से दिज्जिउं निकला है (एर्त्से० ६, ७)। इनके साथ अ०माग० रूप मरिज्जिउं भी रखा जाना चाहिए जो म्रियते से निकला है (दस० ६२४, ४०), साथ ही साधारण व्यवहार का रूप मरिउं भी चलता है, शौर० में मरिदुं है (§ ५७५)। अप० रूप भज्जिउ के विषय में § ५७९ देखिए।

1. एस० गौल्दश्मित्त, त्सा० डे० डौ० मौ० गे० २८, ४९१ और उसके बाद के पेज।

कृदन्त (–त्वा और –य वाले रूप)

§ ५८१—संस्कृत में –त्वा और –य अन्त में आने पर कृदन्त के प्रयोग में जो भेद माना जाता है वह प्राकृत में नहीं मिलता। ये प्रत्यय क्रियाओं में समान रूप से जोड़ दिये जाते हैं, भले ही उनमें उपसर्ग लगा हो अथवा वे बिना किसी उपसर्ग के हों। महा० में –त्वा का प्रयोग किसी दशा में नहीं किया जाता और शौर०, माग०

तथा ढक्की में दोनों प्रकार के कृदन्त कृ धातु के **कदुअ** और **गम्** के **गदुअ** रूपों तक ही सीमित है, वररुचि० १२, १० ; क्रमदीश्वर ५, ७४ और ७५ ; मार्कण्डेय पन्ना ६८ के अनुसार इन रूपों का व्यवहार शौर० में नित्य ही किया जाना चाहिए और इस विधान के साथ सब ग्रन्थ मिलते हैं[१]। इस प्रकार : शौर० रूप **कदुअ** है (मृच्छ० ७२, ६ ; ७४, ६ और ९ ; ७७, २५ ; ७८, ९ ; ९५, ८ ; शकु० २०, ६ ; ३३, ३ ; ५४, २ ; ७७, १३ ; १४०, ६ ; विक्र० १५, ८ ; ४४, १० ; ४५, २० ; ५२, ११ और २१ ; ८४, २ आदि-आदि) ; शौर० में **गदुअ** मिलता है (मृच्छ० २, १७ ; ५१, ४ ; ५३, १५ ; ७४, २४ आदि-आदि ; शकु० २३, ७ ; विक्र० १६, १८ ; ३०, ३) । हेमचन्द्र ४, २७२ और सिंहराजगणिन् पन्ना ६१ में शौर० में **करिअ** तथा **करिदूण**, **गच्छिअ** और **गच्छिदूण** काम मे लाने की अनुमति देते हैं जिनमें से **करिअ** और **गच्छिअ** निकृष्ट हस्तलिपियों और पाठों में मिलते हैं[२] तथा **करिदूण** जै०शौर० रूप ज्ञात होता है (§ २१) । **करिअ** और **गच्छिअ** का व्यवहार सन्धि में शुद्ध माना जाता है अथवा नहीं, यह सन्देहात्मक है : **आअच्छिअ** आया है (रत्ना० ३०८, ३०) ; **आगच्छिअ** मिलता है (वेणी० ३५, २१) ; **समागच्छिअ** पाया जाता है (मुद्रा० ४४, ५) ; **अलंकरिअ** भी आया है (मृच्छ० १५०, १३) । इनके अतिरिक्त **आअ...** भी देखा जाता है (चैतन्य० १२८, १३ ; मल्लिका० २२५, १) ; **आगदुअ** आया है (मल्लिका० १५३, २४ ; १७७, २१) ; **णिग्गदुअ** मिलता है (मल्लिका० २१५, ५ ; २२६, १० ; २२९, १५ और २०) । ये रूप बाद के तथा निकृष्ट पाठों मे पाये जाते है । उक्त दोनों रूप माग० के भी अपने हैं । **कदुअ** लीजिए (मृच्छ० १९, ६ ; ८१, १३ ; १०८, १७ ; ११५, २ आदि आदि ; शकु० १३३, ७ ; मुद्रा० १९३, ८ आदि आदि) ; माग० में **गदुअ** भी मिलता है (मृच्छ० ४०, १० [गौडबोले के सस्करण के अनुसार यही पढ़ा जाना चाहिए] ; ४३, १२ ; ११८, २२ ; १३६ ; २१ ; १६४, १० ; शकु० ११६, ९ आदि-आदि) । इसी भाँति ढक्की में भी है (मृच्छ० ३६, २२) । मृच्छकटिक १३२, २५ मे माग० रूप **गच्छिअ** दिया गया है, इसके स्थान में अन्ततः इसी नाटक में आया हुआ दूसरा रूप **गड्डिअ** पढ़ा जाना चाहिए ; १२७, ५ मे सब हस्तलिपियों में **गड्डिअ** मिलता है । यह रूप = **-गत्य** रखा जाना चाहिए । हेमचन्द्र की हस्तलिपियों में भी ४, २७२ और ३०२ में मूर्धन्यीकरण की अनुमति पायी जाती है [हेमचन्द्र ४, २७२ इस प्रकार है : **कृ-गमो डडुअः ॥ २७२ ॥** इसकी व्याख्या यह है : **आभ्यांपरस्य क्त्वाप्रत्ययस्य डित् अडुअ इत्यादेशो वा भवति ॥ कडुअ । गडुअ ।** ··· । [यही सूत्र और उदाहरण ४, ३०२ में माग० के सम्बन्ध में भी उद्धृत किये गये हैं । —अनु०] । इनके अनुसार **कडुअ** और **गडुअ** रखे जाने चाहिए क्योंकि त्रिविक्रम और सिंहराजगणिन् **कडुअ** और **गडुअ** रूप सिखाते हैं, इसलिए हेमचन्द्र में हस्तलिपि की भूल मालूम पड़ती है । [भण्डारकर इन्स्टिट्यूट की पी० हस्तलिपि में **गडुअ** के स्थान में **अडुअ** आया है और **कडुअ** के स्थान में **कदुअ** दिया गया है । **गडुअ** के स्थान में भी **गदुअ** पाया जाता है । —अनु०] । ये रूप ***कडुवा** और ***गडुवा** से व्युत्पन्न हैं जिनमें अंश-स्वर

और अन्तिम स्वर आ निबल हो गया है (§ ११३ और १३९)। **काऊण, आअच्छिऊण, आगन्तूण** तथा इनके समान अन्य रूपों के विषय में § ५८४ देखिए।

१. पिशल, कू० बाइ० ८, १४० । — २. पिशल, उक्त पत्रिका । मालविकाग्निमित्र ६७, १५ की इ हस्तलिपि में शुद्ध रूप गउुअ दिया गया है।

